सचित्र विशेषांक।
ॐ
दिगम्बर जैन
सम्पादक—मूलचंद किसनदास कापड़िया–सूरत।
वर्ष २१ वाँ
अंक १-२
वीर सं० २४५४
कार्तिक मार्गशीर्ष
श्री १०८ आचार्य श्री शान्तिसागरजी मुनि महाराज।
(श्री सम्मेदशिखरजीकी यात्राकेलिये पैदल विहारमें)
उपहारके पोस्टेज सहित वार्षिक मूल्य २-२-० व विशेषांक मू० ॥।)

विषयानुक्रमणिका ।

चित्र-सूची।

श्री ऋषभदेवजी (केशरियाजी) के मंदिरका आगेका दृश्य।

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

नाना कलाभिर्विविधैश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्ततताम्, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष २१ वाँ ‖ वीर सम्वत् २४५४, कार्तिक-मगसिर विक्रम सम्वत् १९८४ ‖ अङ्क १-२

आओ त्रिशलानंदन आओ !

पपीहा 'पिउ पिउ' चिल्लाया,
कोकिलाने स्वागत गाया
दक्षिणमें मलयानिलने आ सुरभित किया दिगन्त ।
विटपदल नवदल ले आया
कुसुम कुल सहसा मुसकाया,
पक्क धान्य मिस धरा हस पड़ी, नचने लगा वसन्त ॥१॥
प्राणियोंमें प्रहर्ष छाया,
अचेतनमें चेतन आया,
कौन कहेगा किया प्रकृतिने किसका स्वागत साज ?
चन्द्रने अमृत बरसाया
मधुर मधुमास आज आया,
हा, हा, इसी समय जन्मे थे तुम सन्मति जिनराज ॥२॥
यही दिवस था, यही रात थी
यही बाप था, यही मात थी
ममता, ममताके वक्षोंपर, चलती थी करवाल ।
सत्रधारियोंका चारा था
यज्ञविदोंका पौबारा था
निर्बल, नारी, खग, मृग-गणका जीवन था जंजाल ॥३॥
तुमने आकर उन्हें प्रचारा
उत्सत्रीदल तुमसे हारा,
विश्व-कर्ण-कुहरोंमें फूंका, तुमने समता मंत्र ।
फिर करुणाका सबक सिखाया-
मुक्तिमार्ग पर विश्व बढ़ाया,
कह डाला हे देव ! तुम्हींने हैं सब जीव स्वतंत्र ॥४॥
अब अपने जीवनसे ऊबे
दुःख सिंधुमें डूबे ! डूबे !!
त्राहि ! त्राहि !! कर रहे दयामय ! करो शीघ्र उद्धार !
जन्मदिवस पर पुन पधारो,
जैनधर्मको पुनः प्रचारो,
जीवमात्रको पुनः खोलदो देव, धर्मका द्वार ॥५॥
हो सर्वज्ञ बतावें क्या क्या ?
लखलो स्वयं लखावें क्या क्या ?
स्थापित करदो देव ! विश्वमें शान्ति सौख्य-साम्राज्य ।
आओ त्रिशलानंदन ! आओ !
हे सिद्धार्थ ! दरश दे जाओ,
कर जाओ पर-इह-लोकोंमें सुलभ सुमुक्ति-स्वराज्य ॥६॥

भगवंत गणपति गोयलीय-जबलपुर ।

"तमे यश मेळवो भाइ"

(गजल)

नविन वर्षे वाग्या हर्षे, सहु आनंदमां म्हाली,
हरी दुखडां गरीबोना, तमे यश मेळवो भाइ;-१
दयाने दिलमां धारी, क्षमाने साथमां राखी,
भरी भाथु सुकृत्योनु, तमे यश मेळवो भाइ;-२
वधारी ज्ञानमां वृद्धि, करो कंइ ज्ञातिनी सिद्धि,
बजावी धर्मनी सेवा, तमे यश मेळवो भाई,-३
भणावी बाळको रुडां, अहो आशिष अंतरनी,
स्थपावी पाठशाळाओ, तमे यश मेळवो भाइ,-४
करी शुभ धर्मना कार्यो, लइ ल्यो जन्मनो ल्हावो,
सुबुद्धि नेहथी मागी, तमे यश मेळवो भाइ,-५
सुकीर्ति सद्‌गुणो लेई, नविन वर्षे करो वृद्धि,
कुसंपे प्रेमथी मळीने, तमे यश मेळवो भाइ,-६
करो तत्वो तणी शोधो, धरी श्रद्धा हृदय मांही,
प्रभुने प्रार्थना म्हारी, तमे यश मेळवो भाइ-७

के० एन० मीठावाला, ईडर.

दिगम्बरजैन ।

भाषा जुदी हर प्रान्तकी, गुजरात गुजराती कहै ।
सूरत बसा गुजरातमें, जहांसे प्रगट यह पत्र है ॥
प्रगटा "दिगम्बर जैन" जब था जो दशा थी हालमें ।
उसमे कछुक सुधरी दिखाई दी कछुक ही कालमें ॥
खास वर्षारंभके जब अंक देखो पूर्वके ।
बुद्धि होती चकित है, क्योंकि दीखते नहिं हालके ॥
वर्षमें पहले दिए हैं, इसने दश उपहार तक ।
दानियोंकी खोटने, संकोच कीना एक तक ॥
प्रगटा दिगम्बर जैन जब था, देश-भाषा ही रही ।
कुछ कालतक, जबलों बना गुजरात इस साथी रही ॥
गुजरातका यह पत्र होकर, आज दिखता हिंदमय ।
गुजरातके ग्राहक घटे, जिसमे बना यह हिंदमय ॥
आज जितने बचरहे, गुजरातके ग्राहक कहें ।
हिन्दी हुआ बहु भाग है, इस पत्रका सब ही कहें ॥
इतनेसे छोटे क्षेत्रमें, हम आज क्या लिख पढ़ सकें ।
ग्राहक बढ़ा दो आप गर, स्थान बहुता बढ़ सके ॥
इतना नहीं, विश्वास कर लो, आप अब इस बातका ।
ग्राहक बढादो आप गर हो जाय फिर गुजरातका ॥
प्रगटे दिगम्बरजैनको, विंशति बरस पूरे भये ।
आजसे परवेश है इकवीसवें शुभ वर्षमें ॥
आज वर्षारंभका शुभ अंक भी यह देखलो ।
सेवा बजाता शक्तिमाफक आज भी यह देखलो ॥
बस "दास"की यह एक अरजी, आज बारंबार है ।
जीवे "दिगम्बरजैन" युगतक, भावना कई बार है ॥

"दा-स" ।

(श्री० नारायणप्रसाद 'बेताब' अर्जन देहली द्वारा महावीर जयन्ती उत्सव, देहलीमें पठित)

धन्य धन्य कुण्डलपुरेश सिद्ध अर्थ भूप।
धन्य पुण्य राज, धन्य पुण्य राजधानी है॥
लोकमें विख्यात मात त्रिशलाकी कोख धन्य।
धन्य श्री त्रिशला माननीया महारानी है॥
जिनके सुगर्भ भगवान वर्द्धमान स्वामी।
पावन दरस दिखलावनकी ठानी है॥
पीड़ितकी हरे पीर दुःखमें बँधावे धीर।
शांतिकी कुटीर महावीरकी कहानी है॥१॥

× × ×

भूख प्यास, राग द्वेष, जन्म जरा, रोग क्लेश।
चिन्ता भय रहित तीर्थंकर निशानी है॥
अहिंसाका मित्र दया-भावका है चित्र पूर्ण।
पावन पवित्र सच्चरित्र निर्वाणी है॥
शैशवकी लीला नागराजको भी कीला-किया।
पांव राख ठीला भीति नेक हू न मानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बंधावे धीर।
शांतिको कुटीर महावीरकी कहानी है॥२॥

× ×

हाथी मदमातो एक आतो जो दिखाई दियो।
टोली बालकोंकी ताहि देख अकुलानी है॥
मूर्तिमान धीर-वीर जाय बाघ लियो।
वीर महावीर कियो साहस लासानी है॥
क्रीड़ा सु पुनीत मीत सङ्ग करें याहि रीत।
शैशव व्यतीत भयो आई नौ जवानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बंधावे धीर।
शांतिको कुटीर महावीरकी कहानी है॥३॥

× × ×

यम नियमासनादि अष्ट अंग योग विधि।
पतञ्जलि मुनिने सुनाई पुण्य वानी है॥
यमके बताये सांच प्रथम ही पांच भेद।
जांच देखो तिनमें अहिंसाकी प्रधानी है॥
यही उपदेश दियो, वर्द्धमान महाराज।
प्राण सम चाहो चाहे कोई क्षुद्र प्रानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बंधावे धीर।
शांतिकी कुटीर महावीरकी कहानी है॥४॥

× × ×

हिंसासे न दूर है तौरैत या जबूर ग्रन्थ।
देखो इनजील पढ़ी आयत कुरानी है॥
नरक नजारा न हो कैसे स्वर्ग द्वारा जहां।
खंजर दुधारा और पशु कुरबानी है॥
भक्त भगवानको मिलाप बिना शुद्धि कहां।
शुद्ध कहां भक्त जहां रक्तकी रवानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बंधावे धीर।
शांतिकी कुटीर महावीरकी कहानी है॥५॥

× × ×

मनसे, वचनसे, शरीरसे न हिंसा करे।
वेद अनुकूल यह नीति वर्द्धमानी है॥
याहीते नवाय सीस मान लई विसे वास।
जीवको असीर रूप हो मुनास बानी है॥
आर्य या सनातनी हैं जैनियोंके साथ साथ।
मुक्ति हेत तीनोंने अहिंसा मुख्य मानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बन्धावे धीर।
शांतिको कुटीर महावीरकी कहानी है॥६॥

× * ×

कहे हों कठोर शब्द कछु तो न क्रोध कीजे।
कारण कि मो अबोधकी असावधानी है॥
जानत हैं आप हैं "बेताब" महा मंद मति।
जैन-धर्म ग्रन्थनकी महिमा न जानी है॥
मानस अजन बोल रह्यो जैन वेदोपर।
नहीं सत्य कथनमें न कोई आनाकानी है॥
पीड़ितको हरे पीर दुःखमें बन्धावे धीर।
शांतिको कुटीर महावीरकी कहानी है॥७॥

"बेताब"

"वीर" की वीरता।

(रचयिता-श्री० साहित्यरत्न पं० दरबारीलालजी न्यायतीर्थ-बम्बई।)

यद्यपि न किसीको ज्ञात रहा तू कब कैसे आजावेगा।
अंधोंकी आंखोंमें अंजनकी सींक तुरन्त लगावेगा॥
अज्ञान-तिमिरको दूर हटाकर नव प्रकाश फैलावेगा।
रोते लोगोंके अश्रु पोंछ गोदीमें उन्हें उठावेगा॥ १॥

तोभी अपना अंचल पसार अबलाएं ऊंची दृष्टि किये।
करती थीं तेरा ही स्वागत हाथोंमें स्वागत पुष्प लिये॥
अधिकार छिने थे सब उनके उनको कोई न सहारा था।
तेरी ही आशा थी तू ही उनकी आंखोंका तारा था॥ २॥

पशुओंके मुखसे दर्दनाक आवाज सदैव निकलती थी।
उनकी आहोंसे जगत व्याप्त था और हवा भी जलती थी॥
था "यज्ञार्थ पशवः सृष्टाः" यह मंत्र जगतने मान लिया।
फिर धर्म नामपर ही लोगोंने सत्य धर्मका खून किया॥ ३॥

पशुओंका रोना सुनकर तो पत्थर भी कुछ रो देता था।
पर ढोंगी अक्षर म्लेच्छोंका तो वज्र हृदय रस लेता था॥
था उनका मन मरुभूमि जहां करुणा रसका था नाम नहीं।
थे तो मनुष्यपर था मनुष्यतासे उनको कुछ काम नहीं॥ ४॥

शूद्रोंको पूछे कौन? जाति मदमें डूबे थे लोग जहां।
"वे प्राणी हैं कि नहीं" इसमें भी होता था संदेह वहां॥
उनकी मजाल थी क्या कि कानमें वेद मंत्र आने पावे।
आवे तो पिघला शीसा उन कानोंमें डाला जावे॥ ५॥

था कर्मकांडका जाल बिछा पड़ गये लोग थे बन्धनमें।
था आडम्बरका राज्य सत्यका पता न था कुछ भी मनमें॥
ले लिये गये थे प्राण धर्मके थी बस मुर्दाकी चर्चा।
होती थी केवल धर्म नामपर अत्याचारोंकी अर्चा॥ ६॥

पशु, अबला, निर्बल शूद्र मूक आहोंसे तुझे बुलाते थे।
उनके जीवनके क्षण क्षण भी वत्सर सम बनते जाते थे॥
तेरे स्वागतके लिये हृदय पिघलाकर अश्रु बहाते थे।
आखोंसे अश्रु चढ़ाते थे आंखें पथ बीच बिछाते थे॥ ७ ॥

तूने जब दीन पुकार सुनी दिल पिघला तू दौड़ा आया।
रोगीने सच्चा वैद्य दीनने मानों चिंतामणि पाया॥
पशुओंका तू गोपाल बना पाया सबने निज मन भाया।
तूने फैलाया हाथ सभीपर हुई शान्त शीतल छाया॥ ८ ॥

तू गर्ज उठा अत्याचारोंको ललकारा सब चौंक पड़े।
सब गूंज उठा ब्रह्मांड न रहने पाये हिंसाकांड खड़े॥
फहरादी तूने विजय वैजयन्ती जग बीच अहिंसाकी।
हिंसाकी हिंसा हुई सहारा रहा नहीं कोई बाकी॥ ९ ॥

सारे दुर्बंधन तोड़ मोड़ दुष्कर्मकांड सब नष्ट किया।
उन्मत्त धर्मके ठेकेदारोंको तूने पद भ्रष्ट किया॥
तूने स्वतंत्रताका झंडा अपने हाथोंसे फहराया।
समताका डंका पिटा लोक सब तेरे चरणोंमें आया॥ १० ॥

ढोंगी, स्वार्थी तो "धर्म गया हा! धर्म गया" यह चिल्लाने।
तेजस्वी रविके लिये कहे कुवचन घूकोंने मनमाने॥
लेकिन तूने पर्वाह न की ढोंगोंका भंडाफोड किया।
स्वातन्त्र्य सत्यका पाठ पढ़ाकरके सुधारका मंत्र दिया॥ ११ ॥

तू महावीर था वर्द्धमान था और सुधारक नेता था।
तू वीतरागता अनेकान्त स्वातंत्र्य सुधर्म प्रणेता था॥
पर हम कायर हैं, हीयमान हैं, धर्म बिगाड़क बने हुए।
हैं एकान्ती पूरे गुलाम विद्वेष-पंकमें सने हुए॥ १२ ॥

लड़चुके खूब, मरमिटे रूढ़ियोंके चक्करमें खूब पड़े।
सब वैभव खोकर बने भिखारी अब फिर तेरे द्वार खड़े॥
भिक्षादे जिससे रहे न जीवन मृतक तुल्य अथवा फीका।
हम वीर सुधारक बनें मनावें उत्सव वीर जयन्ती का*॥ १३॥

* जैन मित्रमंडल देहलीके 'वीर जयति' उत्सवमें पठित।

वीर-महिमा।

दे-कर सत्-उपदेश वीरने, सोये जीव जगाये थे।
ह-र मिथ्यातमको मोक्ष-मार्गपर, भूले जीव लगाये थे॥
लि-या जन्म था इसी दिवस, तब त्रिभुवनमें छाया था हर्ष।
मे-रु इन्द्रने न्हवन करापर, वही मोद छाया इस वर्ष॥
वी-र तथा अतिवीर सन्मती, वर्धमान महावीर कहो।
र-क्षक रहो स्व-गुणके हरदम, तथा धर्मके तीर रहो॥
ज-गो जगो अब जगो शीघ्र ही, पड़े समय मत खर्च करो।
यं-त्रण हरो जातिका जल्दी, बाधाओंमे नहीं डरो॥
नी-नो गुणका करो संगठन, वीर-उपासक सब बनो।
म-हावीरका सुमरण करके, सतमार्गके पथिक बनो॥
ना-हक कलह करत दिन बीते, अब आपसमें मिल जाओ।
ई-र्षित भाव त्यागकर मित्रो, "वीरजयंती" फल पाओ॥
ग-णनामें घटते जाते हो, दश वर्षोमें साठ हजार।
ई-प्सा बढ़नेकी करते हो, पर सोते हो पैर पसार॥
जि-न बातोका महावीरने, करवाया था हमको ज्ञान।
स-ही वही शास्त्रोंमें मिलती, किन्तु न देते उनपर ध्यान॥
मे-ट दिया मिथ्यात्व जगतसे, देकरके सम्यक-उपदेश।
वी-र भक्त बन रहे किन्तु हम, भूल गये उनका उद्देश॥
र-त अति भये विषयभोगोंमें, धर्म कर्म सब छोड़ दिया।
भ-ले बुरेका विवेक तजकर, पापोसे दिल जोड़ दिया॥
ग-फलत नींद न छोड़ी अबतक, नहीं हुआ सम्यक श्रद्धान।
या-रण हुआ इसीसे अबतक, पाया नहीं स्व पद-निर्वान॥
न-ही हुआ यह ज्ञान आजतक, हम हैं कौन? और क्या काम।
की-मत नही समयकी करते, इससे हुये बहुत बदनाम॥
जी-ना व्यर्थ हमारा जगमे, किया न कुछ आतम कल्यान।
व-जह यही, दुख भोग रहे है, पाते नही नेकु उत्थान॥
न-मस्कार कर वीर प्रभूको, कमर कसो अपनी मतिमान।
ज्यो-ति जगाओ जैनधर्मको, मिथ्या तिमिर होय अविसान॥

ति-मिरावित्तर होगई शक्ति सब, उसका करो संगठन आज।
ज-न्मोत्सव यह महावीरका, इसमें कीजे उत्तम काज॥
गा-य वच्छ सम प्रीति प्रकट कर, बिछुड़े भ्रात मिला लीजे।
ई-र्षा तज समभाव जगाकर, ऐक्यामृतको पीलीजे॥
ग-र उन्नतिकी बाट जोहते, तब तो करो फूटका नाश।
ई-श्वरत्व गुण प्राप्त करो तुम, आत्मशक्तिका कर परकाश॥
ज-गमें जैनधर्म फैला दो, तन, मन, धन सब करो निछार।
य-ही श्रेष्ठ कर्तव्य तुम्हारा, वीर वचनका करो प्रचार॥
वी-र बनो परपीर निवारो, विघ्नोंसे नहिं भय खाओ।
र-खो सदा विश्वास यही उर इक दिन उन्नति कर जाओ॥
की-र्ति जगतमें जैनधर्मकी, इस प्रकारसे फैलाओ।
हो-वे "प्रेम" जातिकी उन्नति, जब आपसमें मिल जाओ॥

ब्रह्मचारी प्रेमसागरजी द्वारा 'महावीर जयन्ती' उत्सव-देहलीमें रचित व पठित।

नमहुँ मंगलमय सिंधु मुनिंद!

तुमने पंच महाव्रत धारे।
जग जीवनको भवते तारे॥
घोर परीषह जीतन हारे।
जैवंतो मुनि चन्द॥ नमहुँ॥ १॥
कलिमें जैन-तत्व दरशाये।
नर नारी मग मोक्ष लगाये॥
घरघरमें आनंद बरसाये।
नासक जगके फन्द॥ नमहुँ॥ २॥

कवि कोविद कथ कथ कर हारे।
तुम गुण सिंधु तरत नहिं तारे॥

हौ "सरोज" के सदा सहारे।
जै जै जै सुखकंद॥ नमहुँ॥ ३॥

(इटावामें श्री आचार्य १०८ मुनीन्द्रसागरजीके केशलोंचके समय श्री० जातिभूषण कविशिरोमणि प० स्वरूपचन्द्रजी सरोज द्वारा पठित)

નૂતન વર્ષે અભ્યર્થના.

હરિગીત છંદ

૧

ઓ જૈન વીરા ધર્મઘેલા, વાત મારી માનજો,
તમ અંતરે ઉતરે કદિ જો, સ્નેહથી સ્વીકારજો
ગત વર્ષ આજે પૂર્ણ થય, નવ વર્ષની શરૂઆત છે,
વીરા પ્રભુ મહાવીરના નિર્વાણનો દિન આજ છે.

૨

ગુરૂવર્ય ગૌતમ વીર જે, ગણધર હતા મહાવીરના,
જ્ઞાનલક્ષ્મી મેળવીને, નાશ કીધો ઘાતીઆ.
વળી વીર જે વિક્રમ થયા, તેણે જીત્યા શક લોકને,
એ ત્રણેના સયોગથી, લોકો પૂજે દીવાળીને

૩

પ્રભુ પૂજીને આનંદથી, પનાર કરવો દીન આ,
નિજ દેહને શણગારી દાને લાવવી પ્રફુલ્લતા
સગા સંબંધી મિત્રને આનંદથી બોલાવવા,
સતકાર્યથી સત્કારીને વળી પ્રેમથી જમાડવા.

૪

આનંદ ને આનંદમા, આનંદથી દિન ગાળવો,
આનંદનો અવસર રૂડો, આનંદથી શણગારવો.
આપના સમાજમા, જે જે રિવાજો દુષ્ટ છે
તેહને પકડી પછાડો, તેજ હમણા ઇષ્ટ છે

૫

ઉતરેલ છોડા બાળ લગ્નો વૃદ્ધ લગ્ન પિશાચ જે
મતનું મિષ્ટાન્ન ને વેચાય જ્યા કન્યાય છે,
મિથ્યાત્વ રૂઢી અંધ શ્રદ્ધા, દુષ્ટનું દુષ્ટત્વ જે.
છોટી દીએ મોટી હશુ, મોટી દીએ છોટાયને.

૬

આચાર ને વિનય ચળીથી, ધર્મ પ્રેમ જણાય ના,
વીરના વચનો રૂડા જે, પ્રેમથી પળાય ના
એવા અને એથી અધિક, જે દુષ્ટ પેઠા કોમમા
મોહન હવે તે દુષ્ટને, ફેકો ત્રીજા પાતાળમા

મોહનલાલ મથુરાદાસ કાણીસાકર.
કમ્પાલા. (આફ્રિકા)

'નૂતન આ સાલનો સંદેશ.'

પ્રભાતે આજની મંગળ
ઉગ્યો ભાનુ નૂતન વર્ષનો;
ચાહી મંગળ દીયે આશીશ,
વળી સંદેશ ચેતનનો;
નૂતન વર્ષના રૂડા દીન સો,
હો મંગમય તમો સૌને;
સદા સૌ કાર્યમા સિદ્ધિ,
હો મંગળ મન મુરાદોને,
ઉપાધિ આધિ ને વ્યાધિ,
ટળી રહેજો સદા સુખી,
ટળો ભય શત્રુ ને સંકટ,
પ્રભુની સ્નેહિ હો ઝાંખી,
પ્રભુ સંસાર વાડીમા,
સદા આનંદ સૌ ઝુલજો;
કુટુંબી સ્નેહ સંબંધીમા,
સદા સ્નેહ ઐક્યતા હોજો;
જગે કીર્તિ અમર પામી
વધો સંતતી સંપત્તિ
પ્રભુ ગુણ ગાનમા રહી નિત,
નડો ન અન્ય આપત્તિ
તમારા ધર્મ સંભાળી
સદા સન્માર્ગે ચાલજો,
ગણી પ્રિય પ્રાણથી પ્યારા
સ્વરાની દાઝ દીલ ધરજો.
અધર્મી જુલ્મી પાપીનુ
વધ્યું છે જોર જ્યા આજે;
રહો તયાર સદા ચેતી,
સ્વધર્મ રક્ષવા કાજે,
વિજય હોજો સદા મંગળ,
સત્કૃત્યનો રૂડો આવેશ,
પ્રભુ છે સત્યનો સહાયક
નૂતન આ સાલનો સંદેશ

રામચંદ્ર માધવરાવ મોરે-સુરત.

संपादकीय वक्तव्य।

नूतन वर्ष। श्री महावीरनिर्वाण सं० २४५३ पूर्ण होकर वीर सं० २४५४ का प्रारम्भ हुआ है उसी प्रकार इस "दिगम्बर जैन" मासिक पत्रने भी २० वर्ष निर्विघ्नतया पूर्ण कर २१वें वर्षमें कार्तिक सुदी १से पदार्पण किया है अर्थात् 'दिगम्बर जैन' पत्रको एक वीसी पूर्ण करके दूसरी वीसीमें प्रवेश करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज तो हमारे अनेक पत्रोंके विशेषांक निकलने लगे हैं, परंतु १५वर्ष पहिले ऐसा समय था जब कि दिगम्बर जैन समाजके पत्रोंमें बहुत शिथिलता थी, न समाजके श्रीमानो, विद्वानो व सस्थाओंके चित्र व परिचय भी न प्रकट होते थे, उससमय इस पत्रने सचित्र विशेषांक निकालनेका प्रथम प्रयास किया था जिसकी उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई और आज इसका बहुत कुछ अनुकरण हो रहा है अर्थात् 'वीर', स० हितेच्छु, जैन बोधक, गजट, परवार-बन्धु आदिके अनेक उपयोगी सचित्रांकोंके प्रकट होनेसे समाजमे अनेक प्रकारकी जागृति मालूम पड रही है। इसवार इस विशेषांकमे हिंदी, अंगरेजी व गुजराती भाषाके कुल ९३ लेख व कविताओंका सग्रह १६२ पृष्ठोमे ८ नवीन व उपयोगी चित्रो सहित हम प्रकट करसके हैं, इनमें प्रो० वि० बा० बेरिस्टर चम्पतरायजी, मि० हर्बर्ट वॉरन व ताराचन्द पांड्याके अंगरेजीके लेख इतने महत्वके प्रगट हुए हैं कि उनका हिन्दी अनुवाद भी हम क्रमशः प्रगट करनेकी व्यवस्था करेंगे। हिन्दी लेखोंमें जैनधर्म व ज्योतिषविद्या, वरदान, श्वे० जैनोंके आगम ग्रन्थ, स्वास्थ्य आदि लेखोंसे जैनसमाजमें साहित्यके क्षेत्रमें कुछ विशेष प्रकाश पडेगा। पृ० सं० बढ़ानेपर भी कई लेख व कविताएँ छपनेसे रह गये हैं उनको आगामी अंकोंमें क्रमशः स्थान दिया जायगा। जिन२ लेखकोंने इस विशेषांकके लिये परिश्रम-पूर्वक लेखादि भेजनेमें कष्ट उठाया है उनका हम आभार मानते हैं व इसीप्रकार वे 'दिगम्बर जैन' की सेवा करते रहेंगे ऐसी उम्मेद रखते है तथा ग्राहकोंसे इतना निवेदन करते हैं कि वे इस विशेषांकके प्रकट होनेपर उसको समय निकालकर आद्योपांत अवश्य२ पढ़ें व उसपर मनन करें ताकि लेखकोंका व हमारा श्रम सफल हो।

***

उपहार-ग्रन्थ। गत १७ वर्षोंकी तरह इस वर्षके ग्राहकोंको वीर संवत् २४५४ का जैन तिथिदर्पण स्वर्गीय बेरिष्टर जुगमंदिरलाल जैनीके चित्र सहित आश्विनके अंकके साथ भेंटमें भेजा जाचुका है व नवीन ग्राहकोंको इस अंकके साथ भेजा गया है उसे पाठक सग्रहीत रक्खें तथा इस वर्षके ग्राहकोंको भी प्रसिद्ध ऐतिहासज्ञ बा० कामताप्रसादजी लिखित "**भगवान पार्श्वनाथ**" पूर्वार्ध नामक नवीन ऐतिहासिक ग्रंथ उपहारमें देनेका निश्चित किया है जो दो तीन माहमें तैयार होनेपर सब ग्राहकोंको भेज दिया

जायगा। विशेषांक, तिथिदर्पण व उपहार ग्रन्थ परिमित संख्यामें ही छपाये गये हैं इसलिये नवीन ग्राहक होनेवाले शीघ्रता करें ताकि उनको इन सबका लाभ मिलसके व पीछेसे पछताना न पड़े।

* *

वियोग। गत वर्षमें दि० जैन समाजको श्री० बेरिस्टर जुगमंदिरलालजी जैनी इन्दौर व पं० बिहारीलालजी चैतन्य अमरोहाके वियोगसे दो अंग्रजी पढ़े लिखे संस्कृतज्ञ विद्वानकी कमी हुई है जिसकी पूर्ति होना अतीव कठिन है। बेरिस्टर साहब अनेक जैन ग्रन्थ अंग्रेजी भाषामें प्रकट कर गये हैं व कितनेक छपने योग्य तैयार कर गये हैं व आपकी लाख डेढ़लाख रुपयेकी मिलकत इसी जैन साहित्य प्रचारके लिये दान करनेका विल कर गये हैं जो जैन इतिहासमे सुवर्णाक्षरोंसे अंकित रहेगा। अब आवश्यकता यही है कि आपके विलके ट्रस्टी आपकी मिलकतकी योग्य व्यवस्था करके बेरिस्टर साहबकी इच्छानुसार उनका उपयोग करनेकी व्यवस्था जहांतक हो शीघ्र ही प्रारंभ करें।

पं० बिहारीलालजी चैतन्यकी अनेक कृतियोंमें "जैनशब्दकोष" का कार्य अतीव आदरणीय है व उनके शेष भाग उनके सुपुत्र शांतिचंद्रजी शीघ्र प्रकट करें यह जैन समाजकी आकांक्षा है। आप संस्कृत, उर्दू, अंगरेजी भाषाके ऐसे बेजोड़ विद्वान थे कि आप इस विद्वत्तासे जैन साहित्यका बहुत कुछ उपकार करगये हैं। आप दोनोंकी आत्माओंको शांति लाभ हो यही हमारी भावना है।

हत्याकांड। गत वर्ष अक्षयतृतीयाके परम पवित्र दिन हमारे परम पूज्य अतिशय क्षेत्र श्री ऋषभदेवजी (केशरियाजी) में उदैपुर राज्यके सैनिकोंकी प्राईवेट सहायता लेकर श्वेताम्बर जैनों द्वारा मंदिरके भीतर मारपीट करवाके जो ६-७ दि० जैनोकी हत्या करवाई गई व अनेक दि० जैनोंको जखमी कर डाला था उसका न्याय उदैपुर राज्यसे अभीतक नहीं हुआ है न ध्वजादंड केसका निवटारा ही हुआ है जिसकी दि० जैन समाज टकटकी लगाकर राह देख रहा है। जैन मंदिरके भीतर ऐसा अमानुषिक हत्याकाड होना उदैपुर राज्यके लिये भी कलंकरूप है तथा श्वेतांबर जैनोंने प्रेरणापूर्वक यह कार्य कराया था यह भी जैन इतिहासमें काले अक्षरोंसे अंकित रहेगा। अब तो हम यही चाहते है कि इसका न्याय शीघ्र ही प्राप्त हो व केशरियाजी तीर्थमें भविष्यमे किसी प्रकार भी टंटा उपस्थित न हो ऐसा स्थायी प्रबन्ध ही उदयपुर राज्यकी तरफसे हो।

* *

तीर्थरक्षाका सुलभ उपाय। गत वर्षमें दो हर्षजनक बात जैन समाजके लिये ये हुई कि राजगिरि केस जो श्वेतांबर जैनोंने दिगम्बर जैनोंपर दायर कर रक्खा था तथा तारंगाजी केस जो श्वे० जैन व दि० जैन तथा महीकांठा तालुकेदारोंके बीचमें चलता था उन दोनो केसोंका निवटेरा आपसमे इस तरह हो गया है कि अब राजगिरि या तारङ्गाजीमें दि०

व श्वे० जैनोंके बीचमें किसी प्रकारका झगड़ा ही उपस्थित नहीं होसकेगा। इस कार्यका श्रेय हमारी भारत० दि० जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी व उसके कार्यकर्ता श्री० सरसेठ हुकमचन्दजी, ला० देवीसहायजी, बा० अजितप्रसादजी, बा० निर्मलकुमारजी, रा० ब० बा० लखीचन्दजी, भाई रतनचन्दजी चुन्नीलाल जरीवाले आदिको है तथा हमारे इन अगुओंको हम इतना और भी निवेदन करते हैं कि वे इसी प्रकार शिखरजीके शेष दो केस अतरीक्षजी, मकसीजी, केशरियाजी, पावापुरीजी आदिके केस भी आपसमें निवटानेकी पूर्ण कोशिष करें ताकि कोर्ट व वकीलोंमें जैन समाजके हजारो बल्कि लाखो रुपये जानेसे बच सकें व जैन समाजकी शक्ति जो ऐसे कार्योंमे खर्च होरही है वह दूसरे कार्यमें लग सके। इसके लिये अर्थात् स्थायी तीर्थरक्षाके लिये सुलभ उपाय यही है कि दिगम्बर जैनसमाज व श्वेतांबर जैनसमाजमेंसे ५-५ प्रतिनिधियोंका स्थायी चुनाव होजाय जो किसी भी तीर्थपर किसी भी प्रकारका दि० श्वे० जैनोंमें झगड़ा उपस्थित हो तो उसका निर्णय करते रहें व जो सबको मान्य हो। आशा है दि० श्वे० जैन अगुए हमारे इस निवेदनपर ध्यान देंगे।

*

ब्र० सीतलप्रसादजीका अनुचित कार्य।

श्री० ब्र० सीतलप्रसादजीने गत चातुर्मास खंडवामें किया था व वहां धर्मोन्नतिके अनेक कार्य किये थे व विदाईके समय आपको "खण्डवा हिन्दू समाज व खंडवा दि० जैन समाजकी ओरसे अलग२ मानपत्र भी दिये गये थे वहांतक कि खंडवा समाजको या हमको यह नहीं मालूम था खंडवासे वर्धाको विदा होते ही आप अपना रूप पलट डालेंगे व अपनी अगली कीर्तिपर पानी फेरनेवाला अनुचित कार्य कर डालेंगे। खेद है कि आपने अस्वस्थताका कारण बताकर 'जैनमित्र' व 'वीर'की संपादकीसे एक वर्षकी छुट्टी लेली व जिन२ संस्थाओंमें आपका हाथ था उनसे भी अलग होकर व हमको भी अजान रखकर वर्धा जाकर "विधवा विवाह" पर अपना मत प्रकट कर दिया, "सनातन जैन समाज" नामक सस्था इस हेतुके प्रचारार्थ स्थापित करके उसके सभापति बने व उसकी ओरसे "सनातनजैन" नामक एक पाक्षिक पत्र वर्धासे निकालने लग गये तथा वर्धामें एक खंडेलवाल विधवाका विवाह कराया गया जिसमे आपने शामिल होकर आशीर्वाद दिया जिसके समाचार जब हमको कोई ८-१० दिनके बाद मालूम हुए तबसे हमें बड़ा दुःख होरहा है कि आपने यह बहुत ही अनुचित व शास्त्रविरूद्ध कार्य प्रारंभ किया है। 'जैनमित्र' (साप्ताहिक पत्र)की संपादकीका कार्य १ वर्षके लिये सेठ ताराचंदजीने हमें सुपुर्द किया है उसमें भी हमने प्रकट करदिया है कि ब्रह्मचारीजीके ऐसे मतसे हम कतई सहमत नहीं है, न ब्रह्मचारीजीके इस विषयके लेख ही हम प्रकट करेंगे, सिर्फ आपके अन्य उपकारी लेख जैसे पहिले छपते थे वैसे ही प्रकट होते रहेंगे तथा विधवाविवाह प्रचारकी आपकी युक्तियोंके खंडनके जो लेख सभ्य भाषामें आवेंगे उनको अवश्य स्थान दिया जायगा

जिसका उत्तर ब्रह्मचारीजीको देना हो तो अपने पाक्षिक पत्र 'सनातन जैन' में दे सकते हैं अर्थात आपका इस विषयका एक भी लेख मित्रमें या दिगम्बर जैनमें स्थान नहीं पासकेगा।

वास्तवमें आपने यह बहुत ही अनुचित प्रयास प्रारम्भ किया है और आपकी इस अनुचित कृतिसे हमें बहुत ही खेद है। अब आपके लिये गालीगलोंज व बहिष्कारकी नीतिसे काम नहीं चलेगा परन्तु विद्वानोंको आपकी युक्तियोंका सप्रमाण खंडन करते रहकर जैन समाजको जाग्रत रखना होगा।

* * *

ગુજરાતમાં ધાર્મિક શિથિલતા. જ્યારે હિંદના બીજા ભાગોમા મેળા, પ્રતિષ્ઠાઓ તેમજ અનેક સભાઓના અધિવેશનો થવાની વાતો સાભળવામા આવે છે ને અનેક સ્થળે નવીન પાઠશાળાઓ, આશ્રમો, બોર્ડિંગો, વિદ્યાલયો ખુલવાના સમાચાર મળતા રહે છે ત્યારે આપણા ગુજરાતમા તેમાનું કશુએ જણાતુ નથી માત્ર હમણા ઇડરમા શ્રી ૧૦૮ મુનિશ્રી શાતિસાગરજીના કેશલોચ સમયે ત્યા બોર્ડિંગ ને શ્રાવિકાશ્રમ ખોલવાના વિચારો થાય છે જે જલ્દી આમલમા આવે એમ આપણે ઇચ્છીશું પણ એટલાથી બેસી ન રહેતા સોજીત્રાના શ્રાવિકાશ્રમને મોટા પાયા ઉપર લાવવા પ્રયાસ થવો જોઇએ તેમજ ગુજરાતના દિ જૈનોમા જાગ્રતિ આવે તે માટે એ જરૂરનુ છે કે ગુજરાતના દિગબર જૈનોની એક મોટી સભા—કોન્ફરન્સ સ્થાપન કરવામા આવે આવો પ્રયાસ કરવા માટે ઘણી વખતે લખાઇ ગયુ છે પણ હજુ સુધી તેવો પ્રયાસ થઇ શક્યો નથી, એ શોચનીય છે ગુજરાતમા પંડિતો, ઉપદેશકો ને જૈનધર્મના જાણકાર વિદ્વાનો ઉત્પન્ન કરવા માટે એક વિદ્યાલય બ્રહ્મચર્યાશ્રમના રૂપમા સ્થાપવાની જરૂર વર્ષોથી છે તે પર ખાસ લક્ષ આપવાની જરૂર છે, આ માટે જો માહ માસમા પાવાગઢમા મેળા પ્રસગે ગુજરાતના સર્વે દિ જૈનભાઇયોને આમત્રણ કરી બોલાવવામા આવે તો ત્યા પુખ્ત વિચાર થઇ ગુજરાત દિ જૈન કોન્ફરન્સ અને તે દ્વારા એક વિદ્યાલય સ્થાપન કરવાની કોશિશ થઇ શકે આથી એ બાબત ઉપર પાવાગઢના પ્રબધકર્તાઓ, શેઠ તારાચદ નવલચદ ઝવેરી, શેઠ છોટાલાલ ઘેલાભાઇ ગાધી વગેરે આગેવાનોનુ લક્ષ ખેચીએ છિયે

*

ગુજરાતી જૈન સાહિત્ય. ગુજરાતમા ગુજરાતી ભાષામા અનેક હસ્તલિખિત ગ્રન્થો અનેક ગ્રન્થભડારોમા પડેલા છે તેનો ઉદ્ધાર ને પ્રચાર કરવા માટે સુરતમા "દિગબર જૈન પ્રાચીન ગુજરાતી સાહિત્યોદ્ધારક ફડ" સ્થાપન થયુ છે જેનો ઉદ્દેશ પ્રાચીન ગુજરાતી ભાષાના દિ જૈન ગ્રન્થો લઇ તે ભાષામા પ્રકટ કરી તેનો લાગત (પડતર) કિમતે પ્રચાર કરવાનો છે તેમજ આ ફડમા ઓછામા ઓછા ૫૧) ભરનારને બધા પડતા પુસ્તકો ભેટ તરીકે મળે છે આ ફડ તરફથી "પ્રદ્યુમ્નકુમાર રાસ તેમજ શ્રીપાળરાસ અને કર્મ વિપાકરાસ" જેની કિમત અનુક્રમે માત્ર આઠ ને ચાર આના છે તે બહાર પડી ચુક્યા છે તેનો લાભ લેવા અમો ગુજરાતના ભાઇઓને નિવેદન કરીયે છિયે તેમજ આ ફડને પગભર કરવા એના ફડમા ૫૧) ૫૧) ભરી એના સ્થાયી સહાયક થવાની જરૂર છે કે જેથી ધીમે ધીમે ગુજરાતી ભાષાના સર્વ દિગબર જૈન હસ્તલિખિત ગ્રન્થોનો ઉદ્ધાર થઇ શકે

જૈન થયા—સીતવાડા નિવાસી મુલસિહ રાઠોડ રજપૂત જે વૈષ્ણવ ધર્મ પાળતા હતા ને ઇડરની સ્કુલમા માસ્તર છે તેમણે જૈનધર્મના સિદ્ધાતો જાણી જૈનના વ્રત નિયમો ગ્રહણ કરી આસો સુદ ... યજ્ઞોપવિત પણ ગ્રહણ કર્યુ હતુ

जैन समाचारावलि।

श्री शिखरजीकी यात्राके चतुर्विध संघके समाचार—परतापगढ़ नि० सेठ पूनमचद घासीलालजी बम्बईने कुम्भोज (कोल्हापुर)से श्री १०८ आचार्यश्री शान्तिसागरजी आदि मुनिसघ सहित श्री शिखरजीकी यात्राके लिये पैदलसंघ मगसिर वद १से निकाला है उसमें ४ मुनि, ३ ऐलक, २ क्षुल्लक, २ क्षुल्लिका, १ ब्रह्मचारिणी, ९ ब्रह्मचारी तथा एक दो प्रतिमाधारी ८—१० उदासीन त्यागी मिलकर करीब ३०—३५ त्यागियोंका समुदाय है तथा सघपतिके अतिरिक्त सेठ रावजी सखाराम, जीवराज गौतमचन्द, माणिकचन्द मोतीचन्द, प० उल्फतरायजी आदि करीब १०० श्रावक श्राविकाओंका समुदाय है। साथमें ३०००)के चांदीके समवसरण सहित जिनेन्द्र भगवान हैं व सामान आदि लेजानेको ४ मोटरलारी व २० बैलगाड़िया हैं। जो मुनियोंको आहारदानका प्रबध करते हैं उनको भोजन सामान व बैलगाडी मुफ्त दी जाती है। मुनिसघ नित्य ७॥ बजे सामायिकसे निवृत्त होकर ८ मील चलते हैं व जहां श्रावकोंने आगेसे जाकर विश्राम किया हो वहां ठहरकर करीब १०॥ बजे आहारको निकलते हैं। फिर दोपहर बाद २ से ५ तक चलते हैं। श्रावक लोग भी भोजनसे निवृत्त होकर मोटर लारी द्वारा दूसरे मुकामपर चले जाते हैं। प० उल्फतरायजी यात्रासघके मत्री हैं।

यह चतुर्विध यात्रासंघ कुम्भोजसे जयसिंहपुरा होकर सांगली पहुंचा था जहां अपूर्व सत्कार हुआ। ५००० आदमी थे। पचायतीने संघपतिको मानपत्र दिया व अनेक प्रकारका उपदेश हुआ। यहांसे सघ मीरज पहुचा जहां भी ऐसा ही सत्कार हुआ। खुद महाराजा साहब अपने राजकीय ठाठसे दर्शनार्थ पधारे थे। अनेक धर्मदेशना हुई। यहासे सघ अथणी, बाबानगर (अतिशयक्षेत्रजी) होकर बीजापुर वदी १४को पहुचा था। अपूर्व स्वागत व मानपत्र आदि दिया गया। यहासे इडी, नागणसुर होकर अकलकोट पहुंचा जहां दो त्यागियोंका केशलोच हुआ। ८०००) चदा होकर गौरक्षिणी सभा स्थापित हुई। यहां महाराणी शासनकर्त्री हैं। दीवान साहब दर्शनको पधारे थे। यहासे संघ बागदरी, गुलबर्गा होकर आलन्द पहुचा यहां निजामका कट्टर मुसलमानी राज्य है जहां भी मुनि-विहारकी आज्ञा औरगजेब व अकबरके समयके प्रमाण मिलनेपर मिल गई। सब अधिकारी पधारे थे। सब हिन्दू, मुसलमान दर्शनसे प्रसन्न हुए। मुनि वीरसागरजीका केशलोच हुआ। ३०००) चदा अनाथालयको हुआ। कई मुसलमानोंने मांस भक्षणका त्याग किया। एकदिन तो सब मुसलमानोंने जीवोंकी कतल करना व मांस भक्षण करना बद रखा था। यहां गुलबर्गाके कलेक्टरका पत्र आया कि मै योगबलनिष्ठ मुनिसंघके विहारकी सफलता चाहता हू आदि। यहासे लातुर तक १०० मीलका आलंदवालोंने रास्ता ठीक कराया था। आलदसे १२ मीलपर रोशनशाहके खेतमें मुकाम हुआ जहां इस फकी-

रने आजन्म मांस खानेका व जीवहिंसा करनेका त्याग किया। यहांसे संघ गुंजेटी पहुंचा। खब स्वागत होकर मानपत्र दिया गया। अनाथालयको ५००१) का दान सेठ रेवचन्द धनजीसे मिला। आलंदमें ब्र० सीतलप्रसादजीके विधवाविवाहके मतप्रकाशन पर घृणा व खेदका प्रस्ताव हुआ था। यहांसे संघ अब लातुर पहुंच चुका होगा तथा यह भी खबर मिली है कि आगे रायपुरके मार्गसे न जाकर नादेड, कारंजा, बदनेरा, व नागपुर होकर ही सम्मेदशिखरजी जायगा।

रोहतकसे शिखरजीका सुलभ संघ—ला० हरप्रसाद तुलसीराम जैन अग्रवाल रोहतकसे रेलद्वारा श्री शिखरजीकी यात्राका संघ माघ सुदी १५ ता० ५–२–२८ को निकालेंगे जो दिल्ली, मथुरा, सोनागिर, कानपुर, अयोध्या, बनारस, आरा, पटना, राजगृही, कुंडलपुर, पावापुर, मंदारगिरि, सम्मेदशिखरजी (ता० २२–२–२८ से ता० ६–३–२८ तक) कलकत्ता, इलाहाबाद होकर रोहतक ता० ११–३–२८ को वापिस पहुंचेगा। शिखरजीमें मुनिसंघके दर्शनका भी लाभ होगा। संघपति स्पेशल ट्रेनका प्रबंध करनेवाले हैं इसलिये इस संघमें जानेवाले पौष सुदी १५ तक संघपतिको रोहतक मंडी (पंजाब) के पतेसे अपनी संख्या सहित सूचित करें। बहुतसा खर्च संघपति ही उठावेंगे इसलिये करीब १। मासमें सुलभतासे शिखरजीकी यात्रा सानंद करनेवाले भाई बहिन अवश्य पधारनेकी तैयारी करें।

मुनि शांतिसागरजी (छाणी,–ने पौष वदी २ को ईडरमें केशलोंच किया था।

बावनगजाजीका मेला—पौष सुदी ८ से १५ तक होगा।

वेणूरमें महाभिषेक—तीन गोम्मटस्वामीमेंसे वेणूरके श्री गोम्मटस्वामीकी महाभिषेक पूजा माघ सुदी २ से १५ तक होगी। जैनबिद्री मूडबिद्रिकी यात्रा भी साथ २ हो सकेगी।

जयंति व दान—समाजके नामी विद्वान् पं० जुगलकिशोरजी मुख्त्यारने अपने ५०वें वर्षकी जयंती मगशिर सुदी १५को मनाकर २५१) का दान भिन्न२ संस्थाओंको कियाथा जिसमें १००) इतिहासविषयक एक पारितोषकके लिये है।

जारखीमें विद्यालय खुला—पद्मावती पुरवाल महासभाकी ओरसे जारखी (आगरा)में पन्नालाल दि० जैन विद्यालयकी स्थापना मगसिर सुदी १५को ला० प्रद्युम्नकुमारजी रईस सहारनपुरके करकमलोंसे हो गई। साथमें सभाका अधिवेशन भी न्यायाचार्य पं० माणिकचन्दजीके सभापतित्वमें हुआ था व अनेक प्रस्ताव पास हुए। पं० बाबूरामजीने सभाको १०१) दिये। यह सभा पद्मावती परिषदसे अलग स्थापित हो गई है व अच्छा कार्य कर रही है।

दानकी व्यवस्था—रा० ब० सेठ केशरीमलजी गयाने अपनी बीमारीके समय १५०००) की जायदाद दानमें निकाली थी उसका आपने अभी ट्रस्ट कर दिया है। इसकी ९०) मासिक आय आती है जिसमेंसे ४०) मासिक स्कोलरशीप देनेमें व शेष सदाव्रत, मंदिर जीर्णोद्धार आदिमें खर्च होगा।

कम्पिलाजी—में माघ सुदी ४–६ को वार्षिक मेला होगा।

सुसारीवाले-सेठ रोडमल मेघराजजीने छगनलालजीकी पुत्रीके वियोगमें ७१४)का दान किया है।

गिरनारजीका मुनिसंघ-श्री १०८ मुनि मुनींद्रसागरजी, मुनि धर्मसागरजी आदिका मुनिसंघ इटावासे चातुर्मास करके मगसिर वदी ८को श्री गिरनारजीकी पैदल यात्राके लिये विहार कर रहा है। शिकोहाबादसे आगे निकल चुका है।

पावापुरी-में माघ सुदी ५ को नवीन मन्दिरकी प्रतिष्ठा होगी।

श्री केशरियाजीमें हत्याकांड-की स्मृतिके लिये बम्बईके गुलालवाडीके मन्दिरमे सुदी ३को सभा होकर अनेक प्रस्ताव होते है। इस प्रकार आश्विन, कार्तिक व मगसिर सुदी ३को सभायें समयसार वाचनालयकी ओरसे बडे उत्साहसे हुई थीं। यह वाचनालय सुबह ६॥ से ९ व सामको ६से ८तक खुला रखनेका मन्दिरके ट्रष्टियोने स्वीकार कर लिया है। ब्र० शीतलप्रसादके विधवाविवाहके मतपर इसमें खेद करनेका प्रस्ताव भी हुआ था।

प्रशंसनीय दान-ला० मुसद्दीलालजी अमृतसरने जापान व कोरियामें बेरिस्टर चंपतरायजीकी असहमतसंगमकी (अंग्रेजी) ३०० पुस्तकें भेजनेको १००) प्रदान किये हैं।

परवार महासभा बीनाजीमें-अतिशयक्षेत्र बीनाजी (सागर) में परवार महासभाका नवमां वार्षिक अधिवेशन ता० २७-२८-२९ दिसम्बरको श्री० बा० पचमलालजी तहसीलदार जबलपुरके सभापतित्वमें होगा। यह स्थान सागरसे ४० मील व करेलीसे ३५ मीलपर है।

शांतिनिकेतनमें जैनधर्म-रवींद्रनाथ ठाकुरके शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय (बोलपुर) में जैनधर्म सिखानेके लिये उपरोक्त लाला मुसद्दीलालजीने अपने खर्चसे पं० मथुरादासजी शास्त्रीको भेज दिये हैं। धन्य!

पं० सुंदरलालजी वैद्य-को उदैपुर अकलंक विद्यालयसे अन्यत्र जाते समय आपको उदैपुर पचानकी ओरसे मानपत्र देकर 'वैद्यरत्न' की उपाधि दी गई थी।

भक्तामर स्तोत्र-के ४२ काव्य प्रचलित करने या न करनेकी चर्चा चल रही है।

उदयपुर-मे कार्तिक सुदी १५के दिन पचास भाइयोने विधिपूर्वक यज्ञोपवीत ग्रहण किया था।

काशी-मे समग्र जैन विद्यार्थी संमेलन स्थापित हुआ है इसमे हरकोई सभासद होसक्ता है व १॥) वार्षिक फीस है। ऑफिस भदैनी घाट, काशी है।

ब्र० आश्रम कारंजा-का वार्षिकोत्सव प्रॉ० हीरालालजी अमरावतीके सभापतित्वमे गत ता० २९-३०को बडे ठाठसे हुआ था। यह आश्रम उत्तरोत्तर उन्नति कर रहा है।

आगरा-में वार्षिक रथोत्सव व जीवदया सभाका नै० अधिवेशन होगया। इस समय विद्यावारिधि बेरिष्टर चम्पतरायजी पधारे थे व आपके अभूतपूर्व व्याख्यान हुए थे।

रामटेक-मे कार्तिक सुदी १५ को वार्षिक मेला होगया। इस समय यहा नागपुर प्रा० दि० जैन खडेलवाल सभा होनेवाली थी। वह उसके सभापति सेठ हजारीलालजीके अकस्मात् वियोगके कारण बद रही थी।

श्राविकाश्रम बम्बई–का १९वां वार्षिकोत्सव कार्तिक सुदी १५को सौ० सगुणाबाईके सभापतित्वमें हुआ था तब अनेक उपयोगी सवाद, गरबे आदि हुए थे।

परिषदकी परीक्षा होगी–भारत दि० जैन परिषदके परीक्षालयकी ओरसे इसवार भी बोर्डिंग, स्कूल व कालेजोंमें पढ़ते हुए विद्यार्थियोंकी धार्मिक परीक्षा ता० २२–२३ जनवरीको प्रश्नपत्रों द्वारा हरएक स्थानपर ली जायगी। इसके मंत्री पं० चद्रकुमारजी शास्त्री–मरठ हैं।

नागौर–में कार्तिक सु० १५ को पारमार्थिक औषधालय खुलगया। इसकेलिये २००००) निकाले गये हैं।

महाराजा सीकर–ने अपने कुल स्टेटमें कानूनन बलिहिंसा बद करा दी है। धन्य! यह दानवीर सेठ सुखानंदजीके प्रयासका ही फल है।

"दया"–नामक मासिकपत्र जीवदया सभा–आगरासे प्रकट होने लग गया है। वार्षिक मूल्य १) है।

'वीर' को इनामी लेख चाहिये–परिषदके 'वीर' पत्र बिजनौरने ता० १–१–२८ तक १२ पृष्ठोंका एक लेख मांगा है। सर्वोत्तमको बे० चम्पतरायजीकी ओरसे २५) इनाम मिलेगा। विषय निम्न ५ विषयोंमेंसे कोई एक–(१) जिनेन्द्रकी दिव्यध्वनि, (२) प्रतिक्रमण व शुद्धि, (३) पार्श्वनाथ व महावीरका पारम्परिक सबध (४) जैनधर्मकी व्यवहारिक उपयोगिता, (५) जैनधर्म व समाजव्यवस्था।

कुंथलगिरि ब्रह्मचर्याश्रम चालू–हर्ष है कि मगसिर सुद १५के मेलेपर ७५ गामोंके ५०० भाइयोंने मिलकर वदी १को श्री० भगवतराय माहुले सोलापुर नि०के सभापतित्वमें सभा करके देशभूषण कुलभूषण ब्रह्मचर्याश्रम फिर चालू करनेका प्रस्ताव होगया। ब्र० पार्श्वसागरजी व सेठ रावजी सखाराम भूमवालोंमें समझौता होगया है। ब्र० पार्श्वसागरजी यहां ही है। अब इसकी कमेटीमें ११ मेम्बर रहेंगे जिनमें सेठ रावजी सखाराम भूम व सेठ जीवराज कस्तूरचद परंडा अवश्य रहेंगे ऐसा प्रस्ताव भी हुआ है व आश्रमका सर्व सामान ब्र० पार्श्वसागरजीको सुपुर्द करनेका भी प्रस्ताव हुआ है। अब दो वर्षोंसे बद हुआ उपयोगी ब्र० आश्रम फिर चालू होनेके शुभ समाचार मिलरहे हैं।

मुनि श्री चन्द्रसागरजी–ने मुक्तागिरिमें मगसिर सुदी १४ को केशलोंच किया था तब आसपासके बहुत लोग उपस्थित हुए थे।

रतलाम–में माणिकचन्द पानाचन्द दि० जैन बोर्डिंगका वार्षिकोत्सव ता० [illegible] को दीवान सा०के सभापतित्वमें हुआ था।

रीठी–में ब्र० [illegible] लोगोंके [illegible] प्रकाशसे धर्मलाभ होरहा है।

शिकारपुर ([illegible])–में नवीन मंदिर अधूरा पड़ा है [illegible] सहायताकी [illegible] आवश्यकता है।

स्वर्गीय बेरिस्टर जुगमंदिरलालजी जैनी–के सबन्धमें लंडन टाइम्स ता० [illegible] सितम्बर २७में जो लेख छपा है वह [illegible] जैन (Herbert Warren [illegible]) लंडन द्वारा प्राप्त होनेपर नीचे प्रकट करते हैं कि जिससे पाठकोंको मालूम होगा कि श्री० [illegible] लिये

विलायतके अग्रगण्य पत्रको भी कितना मान था—

MR. JAGMANDER LAL JAINI.

A leading figure in Jainism has been removed by the recent death, at the age of 46, of Rai Bahadur Jagmander Lal Jaini, Law Member and President of the Legislative Council, Indore, and late Chief Justice of the High Court of the State. In 1903 he stood first in the M. A. examination of the Allahabad University, and was appointed Assistant Professor of English and superintendent of the Government boarding house for the students. In 1906 he came to this country to study for the Bar, and became a member of Exeter College Oxford. With the assistance of Dr. F. W. Thomas and other Sanskritists, he founded the Jaina Literature Society of London. Returning to India, he practised at the Allahabad High Court, and later at Bankipur, and in 1914 he was appointed a Judge of the Indore High Court. In 1922 he was selected for the Chief Justiceship, and later became Law Member and President of the Legislative Council.

To the study, exposition, and promotion of Jainism he devoted the greater part of his leisure. His versatility as a writer also found expression in articles, books and pamphlets on literary, social and political topics. His best known work in the field he made peculiarly his own was his "Outlines of Jainism," edited by Dr. Thomas and published in 1916. It was described at the time as the best handbook available "on the whole circle of Jaina history, theology, metaphysics, ethics, and ritual." In the same year was published his "Jaina Law" based on the very old Sanskrit work, the "Bhadrabahu Samhita." He translated many standard Jain Shastras, both Sanskrit and Prakrit, and he published in 1918 his convenient Jaina Gem Dictionary. He was the author of the exposition of Jainism read at the Conference of Religions of the Empire held in London three years ago. He has left many unpublished works, but these will appear in due course under the provisions of his will, whereby his substantial property, after various deductions and charges, is to be employed by his executors "in preservation and propagation of Jainism for the good of mankind."

ઇડરમાં કેશલોચ ને અપૂર્વ પ્રભાવના—

શ્રી ૧૦૮ મુનિ શ્રી શાંતિસાગરજી (છાણીવાળા) પરતાપુરમાં ચાતુર્માસ કરી ત્યાંથી વિહાર કરતા કરતા ઇડર પધાર્યા હતા જ્યાં માગસર વદ ૪ ની બપોરે બે વાગતે જૈન અજૈનોની ભારે મેદની વચ્ચે કેશલોચ કર્યો હતો તે પ્રસંગે ઠાકોર સા. મેહતાબસિંહજી, મેજીસ્ટ્રેટ વગેરે પણ પધાર્યા હતા તેમજ મુંબઇવાળા શેઠ લલ્લુભાઇ લક્ષ્મીચંદ ચોકસી તેમજ ઓરાણવાળા શા. લલ્લુભાઇ રાયચંદ પણ હાજર હતા. આ પ્રસંગે મુનિમહારાજના ઉપદેશથી ઇડરમાં મુનિમહારાજના નામથી એક બોર્ડિંગ અને એક શ્રાવિકાશ્રમ ખોલવાનું નક્કી થયું તથા તે માટે કેટલીક રકમો પણ ભરાઇ છે. વળી આ પ્રસંગે નાદગાવવાળા મોતીલાલજી ત્યાગી બ્રહ્મચારી થયા તેમજ ભીલોડાવાળા લલ્લુભાઇ ગુલાબચંદ પણ સાતમી પ્રતિજ્ઞા ધારણ કરી ફતેહસાગર બ્રહ્મચારી થયા છે તથા કેટલાકે આજન્મ શીલવ્રતની પ્રતિજ્ઞા લીધી તેમજ અનેકોએ બીડી, અભક્ષ્ય વગેરેનો ત્યાગ કર્યો હતો. કેશલોચ સમયે ફોટો પણ લેવાયો હતો તે પછી ગડીયા પાનાચંદ ગુલાબચંદ જેઓ મુનિમહારાજના અનેરી થાય છે તેમણે આપની ભક્તિમાં એક કવિતા બનાવીને ગાઇ હતી વળી ભાણુદાની પાઠશાળાને કેવળભાઇ રાવજીભાઇ તરફથી ૨૦૦૧) ની મદદ મળી હતી. બોર્ડિંગ ને શ્રાવિકાશ્રમના ધારા ધોરણ ને ફંડની રકમ એકઠી થયેથી જાહેર થશે વળી એજ રાત્રે આદિનાથના મંદિરમાં સભા થઇ હતી જેમાં બ્ર. ફતેહસાગર, લલ્લુભાઇ રાયચંદ, ગડીયા પાનાચંદ ગુલાબચંદ

વગેરેના કેળવણીની આવશ્યકતા પર વ્યાખ્યાનો થયાં હતાં. અત્રેથી મુનિ મહારાજ તારંગાજી વિહાર કરનાર છે. **દોશી કસ્તુરચંદ અમથાલાલ.**

કેશરિયાજીના હત્યાકાંડ—બાબત સપ્ત માસિક સભા માગશર સુદ ૩ ની રાત્રે મુંબઈમા ગુલાલવાડીના મંદિરમા સમવસાર વાચનાલય તરફથી શેઠ સુરચંદ શીવરામ ગાંધીના પ્રમુખપણા નીચે મળી હતી જેમા જગમોહનદાસ હીરાલાલ, કંચનલાલ, પં. રામપ્રસાદજી, મલુકચંદભાઈ વગેરેના વિવેચન પૂર્વક નીચેના ઠરાવો થયા હતા—

(૧) હત્યાકાંડ પર શોક ને સમવેદના (૨) સમવસાર વાચનાલય મંદિરમા ખુલ્લું રાખવા દેવાની પરવાનગી માટે ટ્રસ્ટીઓનો આભાર (૩) સાર્વજનિક પત્રોમા જૈન નામથી ન લખતા શ્વે. દિ. કે સ્થા. જૈનના નામથીજ લેખ લખવાની સૂચના (૪) બ્ર. સીતલપ્રસાદજીએ પુનર્વિવાહ બાબત મત દરશાવ્યો છે તે પર ખેદ (૫) તારંગાજીના ઝઘડાની પતાવટ થવા માટે તીર્થક્ષેત્ર કમેટી ને મેજર મિકનો આભાર

દાહોદ—થી ખડકની પાઠશાળાઓના મહામંત્રી ફતેચંદભાઈ તારાચંદ જણાવે છે કે સપ્ટેમ્બર માસમા અમો ભાણુદા, સાગવાડા વગેરે સ્થળે જઈ પાઠશાળાઓનું નિરીક્ષણ કરી પરતાપુર જઈ મુનિ શાંતિસાગરના દર્શનનો લાભ મેળવી ત્યાની પાઠશાળાની ઉન્નતિ માટે પ્રયત્ન કર્યો હતો ને ઇનામ માટે કેટલીક રકમો ને પુસ્તકો મળ્યા હતાં. વળી બાવળવાડામા દોશી થાવરચંદ ઝવેરચંદ ૧૬ વર્ષની વયમા ગુજરી જવાથી તેમની માએ રૂ. ૨૯૩।।) નુ દાન કર્યું હતુ જેનો ઘણો ખરો ઉપયોગ ખડકની પાઠશાળાઓ માટે વિદ્યાદાનમાજ થયો છે. વળી ગત માસમા અમે નાગજીભાઈ, કપુરચંદભાઈ ને વીરચંદભાઈને તેડી ભુદેર જઈ પાઠશાળાની પરીક્ષા લીધી ફળ ઠીક છે. સભા કરી ઉપદેશ આપવાથી ૩૧) મદદ ને ઇનામ ફંડમા મળ્યા. પરતાપુર પંચ તરફથી બાળબોધ જૈનધર્મ ભાગ ૧ ની ૫૦૦ પ્રતો ભેટ વેંચવા મળી છે.

અઉ (ભીલોડા)માં—કાર્તક વદ ૧ થી ૮ સુધી અનંત વ્રત અને રવિવાર વ્રતનું ઉદ્યાપન બ્ર મોતીલાલના ઉપદેશથી સારા ઠાઠથી થઇ વરઘોડો પણ નીકળ્યો હતો, ને કેટલાક નિયમો પણ લેવાયા હતા.

વીસામેવાડા મદદ ફંડ—મોરડ નિવાસી શેઠ શીવલાલ તુલસીદાસ સં. ૧૯૭૮ મા મરતા પહેલા એક વીલ કરી તેના ૭ ટ્રસ્ટીઓ નીમી ગયેલા છે તેની નકલ તના એક ટ્રસ્ટી શ્રી મોહનલાલ કાળીદાસ સોલીસીટરે મોકલી છે તે જોતા જણાય છે કે એ વીલમા દર્શાવ્યા મુજબ નાણાની વ્યવસ્થા કર્યા પછી ૫૦૦૦) મેવાડાફંડ ને ૧૦૦૦) મોરડમા ધર્મશાળા બંધાય તે માટે મળી ૬૦૦૦) બાકી છે તે પૈકી ૪૪૨૫) ના પોસ્ટલ કેશ સર્ટીફિકેટ લીધેલા છે ને ૨૦૦૦) મુંબાઈમા એક મકાન પર ધીર્યા છે. હવે **વીસામેવાડા મદદ** ફંડનુ વ્યાજ કોઇપણ વીસામેવાડા ગૃહસ્થ કે વિદ્યાર્થીને વ્યાપારાર્થે અથવા અભ્યાસ માટે મદદની જરૂર હોય તેમા વાપરવાનુ છે માટે જેને મદદની જરૂર હોય તે અથવા ખાસ મદદ કરવા જેવા લાગતા માણસોના નામ કોઈ મેવાડાભાઈ એના બે ટ્રસ્ટીઓ—શા. ત્રીભોવનદાસ રણછોડદાસ ચોકસી મુંબાદેવી મુંબાઇ અથવા મોહનલાલ કાળીદાસ સોલીસીટર તારદેવ પુલ સામે, મુંબાઇને લખી જણાવવાથી બનતી મદદ કરવામા આવે છે માટે આ ફંડનો લાભ મેળવવા તરફ અમો વીસામેવાડા બંધુઓનુ ધ્યાન ખેંચીએ છિયે.

સુરતમાં જૈન લગ્નવિધિ ને દાન—સુરતમા માગસર વદ ૭ ની રાત્રે શા કપુરચંદ હીરાચંદ (ખેરગામ)ની પુત્રીના લગ્ન જેઠાલાલ જીવરાજને ત્યા જૈન વિધિથી પં. છોટેલાલજી પરવારે કરાવ્યા હતા સુરતના દશાહુમડ ભાઇયોમા હાલ આ વિધિ પ્રથમજ થઇ હતી લગ્નની ખુશાલીમા કન્યા પક્ષ તરફથી ૫૧) ચાર દાન ને ૨૫) દિ.જૈન પાઠશાળા સુરત તેમજ વર પક્ષ તરફ ૨૫) પાઠશાળાને તેમજ બીજા આશરે ૫૦) મળી કુલે ૧૫૦)નુ દાન થયુ હતુ. વળી એ નિમિત્તે આગલે દિને રાત્રે શા. મલુકચંદ કસ્તુરચંદના પ્રમુખપણા નીચે પં. છોટેલાલજીએ સ્યાદ્વાદ સભા તરફથી જૈન ધર્મ પર એક જાહેર વ્યાખ્યાન પણ આપ્યું હતુ.

चित्र-परिचय ।

इस विशेषांकमें प्रगट किये हुए चित्रोंका संक्षिप्त परिचय इसप्रकार है—

(१) श्री १०८ आचार्य श्रीशांतिसागरजी महाराज—आपके परिचयसे तो हमारे पाठक अच्छी तरहसे परिचित है इसलिये वार २ लिखनेकी आवश्यका नहीं है। आपने गत चातुर्मास कुंभोज (कोल्हापुर)में किया था व वहासे फिर आप मगशिर वदी १से श्री शिखरजीकी पैदल यात्राको करीब २९-३० मुनि, ऐलक, क्षुल्लक, अर्जिका ब्रह्मचारीगण तथा २००-२५० श्रावक, श्राविकाओं सहित विहार कर रहे है (जिसका सारा श्रेय इस संघको चलानेवाले संघपति सेठ पूनमचन्द घासीलालजी परतापगढ़ निवासीको है) जो करीब १ वर्ष बाद फिर दक्षिण प्रातमें लौटेंगे। आपकी शात प्राभाविक मुद्राका वर्षभर हमें स्मरण रहे इसलिये इस वार आपका यह नवीन चित्र मुखपृष्ठपर प्रगट किया गया है।

(२) श्रीऋषभदेवजीका मंदिर-रिखबदेव। मेवाड प्रातके पाटनगर उदयपुरसे ३० मीलकी दूर आये हुये धुलेव नामक ग्राममें दि० जैनोंका बनाया हुआ एक अतीव प्राचीन विशाल मंदिर श्री ऋषभदेवजीका ५२ जिनालयोसे युक्त है, जिनके अनेक अतिशयोके कारण यह प्राचीनकालसे अतिशयक्षेत्र माना जाता है। इस मंदिर व ऋषभदेवजीका यहा इतना प्रभाव है कि जैन तो क्या चारों वर्णोके लोग श्रीऋषभदेवजीको मानते हैं व उनकी भक्ति करते है तथा उदयपुर राज्य पर भी इसका इतना प्रभाव है कि धुलेव आदि ग्राम भी इस मंदिरको अर्पण किये गये हैं व धुलेव ग्रामका नाम भी रिखबदेव नगर रख दिया है।

यहां केशर अत्यधिक पढती है इसलिये इस मंदिरका नाम भी श्रीकेशरियानाथजीका मंदिर सर्वत्र प्रसिद्ध है। यद्यपि यह मंदिर दिगंबर जैनोंका बंधाया हुआ है व उसमें मूलनायक श्री ऋषभदेवजीकी प्रतिमा तथा अन्य सभी प्रतिमाए दिगंबरी थीं परन्तु पीछेसे श्वेतांबरजैनोंका उदैपुर राज्यमें प्रभाव होजानेसे व दिगंबरियोंकी गरीबावस्थाके कारण श्वेतांबर जैनोंने क्रमशः इस मंदिरमें अपना पैर जमाया व थोडीसी मूर्तियें श्वेतांबरी रख दीं जिससे आज इसमें १०-१२ श्वेतांबरी मूर्तियें हैं जबकि मूलनायक सहित कुल करीब १००-१२५ दिगबरी मूर्तियॉ हैं। इसका प्रबंध राज्यकी ओरसे होता है जिसमें विशेष कारोबारी श्वेतांबरी ही होनेसे इस मंदिरकी सारी व्यवस्था जैसे श्वेताबरी करते हों ऐसा मालूम पड़ता है। इस मंदिरमे श्वेतांबरोंने थोड़ासा नवीन कार्य भी कर दिया था उसका हवाला देकर वे यहांतक कहने लग गये है कि "कुल मंदिर हमारा है व मूर्तियां भी हमारी हैं—दिगबरियोका कुछ भी हक नहीं है" इसपर वर्षोंसे दोनोंमें मनमुटाव चल रहा है व ध्वजादड जो प्रारंभसे दिगबरी आम्नायानुसार दिगबरियों द्वारा चढ़ाया जाता था उसमें हस्तक्षेप करके श्वेताम्बरी अपनी रीतिसे अपने द्वारा चढ़ाना चाहते थे जिसका राज्यमें केस चलता था, उसका फैसला न होनेपर भी

श्वेतांबर जैनोंने सैनिकोंकी प्राईवेट तौरपर सहायता लेकर जोरजुल्मसे गतवर्ष वैशाख सुदी ३ को ध्वजा दंड चढ़ानेका पैतरा रचा था तब निर्भीक दिगंबरोंने अपने हककी रक्षार्थ उसपर सत्याग्रह किया था तब अत्यंत निर्दयी मारपीट दिगंबरियोंपर करवाई गई थी जिसमे ५—६ दिगंबरोंकी हत्या* मंदिरके भीतर ही हो गई थी व ५०—१०० आदमी कम ज्यादे घायल हुये थे जिससे सारे हिन्दमें हाहाकार मच गया था व श्वेतांबरों व राज्य कर्मचारियोंके इस कृत्यपर सर्वत्र खेद प्रकट कियागया था (सिर्फ श्वेतांबर जैनोंके सिवाय) व न्याय २की पुकार मच गई थी तब बहुत समयकी कोशिषके बाद इस हत्याकांडकी जांचके लिये उदयपुर राज्यने एक जांच कमीशन चार माह हुए नियुक्त किया था जो इसकी जाच कर रहा है। क्या जाने यह कमिशन कब अपनी जांच पूर्ण करता है व कब दिगम्बरियोंको न्याय मिलता है! वास्तवमें यह हत्याकांड उदयपुर राज्यमें एक कलंकरूप हुआ है व उसका अतीव शीघ्र ही न्याय करना उदयपुर राज्यका कर्तव्य है। इस हजारो बल्कि लाखोंकी लागतके इस प्राचीन भव्य मंदिरके आगेके द्वारका यह दृश्य है जो करीब १४—१५ वर्ष पहिले जब सोलापुर निवासी सेठ रावजी नानचन्द गांधी सकुटुम्ब यहां यात्रार्थ गये थे तब उनके पुत्र मोतीलालजीने लिया था जिसको देखकर पाठकोंको मालूम होगा कि यह कितना भव्य व विशाल होगा।

* केशरियाजीका हत्याकांड नामक पुस्तक हिन्दी दश आनेमे व गुजराती छह आनेमे दि० जैन पुस्तकालय सूरतसे मिल सकती है।

(३) कानपुरमें मुनिसंघका दृश्य।

श्री १०८ मुनिश्री शांतिसागरजी (छानीवाले) से दीक्षित मुनिश्री मुनींद्रसागरजीने थोडेसे अर्सेमें अपने प्रभावसे इतनी ख्याति प्राप्त करली है कि आपके अनेक शिष्य होगये है व आप गत वर्ष जब कानपुरमें शिष्यगण सहित पधारे थे तब बडा भारी उत्सव हुआ था व आपको आचार्यकी पदवी दी गई थी उस समयका यह एक दृश्य है जो कविशिरोमणि प० सरोजने लिया था। आपने गत चातुर्मास इटावामें व्यतीत किया था व वहासे अब विहार करके श्री गिरनारजीकी यात्राको सघ सहित पैदल विहार कर रहे है।

(४) स्वर्गिय उदासीन त्यागी लालारामजी।

आपने गत वर्ष परतापगढमें चातुर्मास किया था व वहा ही आपका मुनि अवस्थामें आदर्श समाधिमरण हुआ था तबका अतसमयका यह चित्र है। पासमे इन्दौर उदासीनाश्रमके अधिष्ठाता उदासीन त्यागी पं० पन्नालालजी गोधा शिरपर हाथ रखे बैठे हुए हैं। आपका संक्षिप्त परिचय श्रीयुत जवाहिरलाल जैन वैद्य परतापगढने हमको एक उपयुक्त कवितामें (कवि चुनीलालरचित) भिजवाया था जो नीचे प्रकट करते है—

त्यागी लालारामजीका मुनि अवस्थामें—समाधिमरण।

धनि धन्य है फरिहा नगर फिर मैनपुरिके देशको।
धनि धन्य है पद्मावती--परवार दस्सा वेशको॥
फिर माह श्रीवर चौधरी श्रम्मन वहाके धन्य हैं।
उनकी बृहत् भार्या भी भाजन धन्यवाद अनन्य हैं॥१॥
सम्वत शतक उनईस पर चौवीसको निज उदरसे।
कीने प्रसव नररत्न लालाराम सद्गुण—निकरसे॥

वह निःकषायी सरलचित्त पुनि शांतता-सम्पन्न थे।
सम्यक्त युत श्रद्धानसे जिन ध्यानमें सु प्रसन्न थे ॥२॥
यद्यपि पितावर आपके सुप्रसिद्ध और धनाढ्य थे।
पर यह सदा संन्तोष गुण भूषित विचित्र गुणाढ्य थे ॥
इनको विवाहित करके जननी चल बसी ससारसे।
करते रहे सेवा पिताकी धर्मयुत अति प्यारसे ॥३॥
विषय आतपको क्वचित् जन सहन करते हैं कभी।
द्वितीय भार्या ढूँढकर लाए पिताजी घर तभी ॥
माता विमाता भेद वि उपसर्गहीसे जान लो।
वश औ विवशका ज्यौं प्रत्यन्तर स्पष्टतासे मानलो ॥४॥

निजधर्ममें सक्लेश होगा समझकर इस न्यायको।
घरसे पृथक होकर रहे करते निजी व्यवसायको ॥
विद्या-पठन, शास्त्राध्ययनमें प्रेमसे संलग्न थे।
दम्पति सदा सन्तारम रहते विराग निमग्न थे ॥५॥
दैवात् जब अर्धांगिनी तज स्वर्गपुरमें जा बसीं।
वैराग्य भाव तरंगिनी फिर अधिक हियमें उलसी ॥
तब छोड़कर निज नग्रको अन्यत्र कहिंको चल दिये।
ससारके सुख पांवोंके तलवोंसे तब ही मल दिये ॥६॥
आए थे घर पन्द्रह बरसके पूव पितुके मरणमें।
कुछ मोहके आवेशमें निज जन्मभू की शर्णमें ॥
त्यौंही विमाताकी कड़ी प्रतिभास उनको होगई।
वचनशैली मातकी सुनकर उदासी होगई ॥ ७ ॥
ससार सुख है क्षणिक फिर यह चञ्चला है लक्ष्मी।
चक्रि हरि हरके लिये नहिं साथ देनेको थमी ॥
अह! आत्मसुख अनुपम्यका आनन्द यह कुछ और है।
झझट सभी ससारके यह अमित दुखकी ठौर है ॥८॥

ऐसा समझ करके बपौतीकी लिखी फारग खती।
चल दिये राजी खुशी वहांसे लगा रम्बत सिती ॥
करते हुए सब तीर्थ वन्दन आगए इन्दौरमें।
सम्वत उनीसौ था बहत्तर मास फागुन दौरमें ॥९॥

रहकर उदासीनाश्रमी इक वर्षतक ठहरे वहां।
श्रीवर्य पन्नालाल गोधा हैं अधिष्ठाता जहां ॥
सम्वत् तहत्तर नग्र कुण्डलपुरके आश्रममें रहे।
वहां त्यागि गोकुलचन्दके अधिपत्यमें व्रतको गहे ॥१०॥
द्वितिय प्रतिमाके हुए धारक श्री लालारामजी।
निज आत्मके कल्याणके अतिरिक्त नहिं कुछ कामकी ॥

आए पुन इन्दौर गोधा महत् जनके निकटमें।
त्रुटि रहित व्रत प्रतिमा धरी अति शुद्धता युत स्वघटमें ॥११॥
असन पान विशुद्ध किरियाकोषके अनुसार थे।
खाते थे अठ पहरी घिरत करते न खांड अहार थे ॥
पशु वाहनादिकके लिये आजीव त्यागी बन गए।
रेल छुए आई आदिकसे विरागी बन गए ॥१२॥

अपनी प्रतिज्ञा प्रौढ पालनमें बड़े कटिबद्ध थे।
वपुसे विमोही थे निजात्मामें सदा सम्बद्ध थे ॥
इस वर्ष चातुर्मासमें परतापगढ़में आए थे।
त्यागि तत्वानन्दजीको साथ अपने लाए थे ॥१३॥
भाद्रपद सित अष्टमी निशिमें हुए यह ज्वर परे।
प्रात क्रिया पश्चात नवमीको वे यों कहने लगे ॥
वपु-शक्ति मेरी घट गई अब आयु भी निकटस्थ है।
करना समाधीमरण ऐसा भाव मेरा प्रशस्त है ॥१४॥
श्रीमान् गोधाजी बुलाओ तार कर इन्दौरसे।
रहेगा न अब यह देह लिख देना हमारी ओरसे ॥
इन दिनों व्रत लीन श्रीमान् सोलहकारनमें थे।
लखि व्याधि वे विगते न थे दृढ नेमके पारनमें थे ॥१५॥
बढ़ती गई व्याधी षडावश्यक क्रिया करते ही रहे।
घटती गई तन शक्ति तो भी ध्यान जिन धरते रहे ॥
ग्रहण की नहि औषधी लेपन न तन करने दिया।
कहते रहे तन है न मेरा है मेरा केवल जिया ॥१६॥
कोर पड़वा प्रात श्री गोधा महाशय आगए।
दर्शन उन्हे पुलकित हुए मनु आत्म-सम्पति पागए ॥
यद्यपि कुपित थी वायु रसना बचन करके शांत थी।
स्मरणशक्तिमें न उनके रचभर भी भ्रान्त थी ॥१७॥

रट लगाई थी हृदयमें एक सोऽहम् शब्दकी।
विधि कालिमा जिनने खिपाई थी असम्मित अब्दकी ॥
ससारमें विधि अरु विधिमें आपका संग्राम था।
शिवगढ विजयकी प्राप्तिको उत्सुक श्रीलालाराम था ॥१८॥
मरणका भय था नहीं, नहिं व्याधिकी परवा रखी।
क्या जौहरी श्रीमान् थे वे स्वात्म-मणिके पारखी ॥
सम्वत् उनीसौपर चौरासी क्वार द्वितिया श्यामको।
धरकर मुनिव्रत चल बसे वे स्वर्गपुरके धामको ॥१९॥
जय २ ध्वनी गुँजने लगी महिमा बटी सब नग्रमें।
यह सूचना देदी गई प्रत्येक समाज नगरमें ॥

शिविका रची सुन्दर दिगम्बर नग्न मुनिकी देहको।
बैठाल वृद्धिंगत किया परभावनाके स्नेहको ॥२०॥
बाजारसे बाजे सहित लेकर चले थे धूमसे।
पुष्पादि वरमाते हुए जन थे अगण्य हजूमसे॥
सुन्दर सरोवर तट निकट कर भूमिको प्राशुक वहां।
रचना चिताकी चन्दनादिकसे कराई थी जहां ॥२१॥
वर धूप घृत कर्पूरसे अग्नी ज्वलित कर दी गई।
अस विधि पुनीता देहकी संस्कार किरिया की गई॥
धन्य धन्य लालाराम तुम शिव रमानिके भागी बने।
कलिकालमें आदर्शरूपी जैनके त्यागी बने ॥२२॥
जुग हाथ जोरे माथ ना शिवनाथ हम विनती करें।
औसर मिले ऐसा समाधिमर्ण कर हम भी मरें॥
संसार आर्णवके लिये नौका समाधीमरण है।
पतवार, सोऽहम्, 'चुन्नि'को हो सहज प्रभुका शरण है॥२३

कवि चुन्नीलाल टोडिया, परतावगढ।

(५) जैनमित्रमण्डल देहली।

यह मण्डल सन् १९१५से स्थापित होकर आजतक बड़ी सजीवतासे काम कर रहा है। इसके कार्योंका दिग्दर्शन, समय २ पर उनकी निकाली हुई रिपोर्टों और सूचनाओंसे होसक्ता है। भारतकी जीवित संस्थाओंमें इसकी गिनती है, और इसका उल्लेख केवल बड़ी सरकारी रिपोर्टोंमें ही नहीं वरन् पाश्चात्य देशोंकी उन सोसाइटियों और ख्यातियोंके वर्णनोंमें भी है जो भारतीय धर्मों और प्राच्यसाहित्य प्रगतिमें तनिक भी दिलचस्पी लेते हैं। सन् २१की भारत सर्कारकी Cencus Reportमें इसे एक chief Litrary Agency(मुख्य साहित्यिक समिति) कहा गया है।

मण्डलने कुछ काम बहुत ही गौरव और महत्वके किये हैं जिनके कारण यह केवल दि० नहीं वरन् समस्त जैन समाजका प्रिय और कृतज्ञताका पात्र है। डाक्टर गौरने अपने हिन्दू-कोडमें जिन भ्रमपूर्ण बातोंको स्थान दिया था, उसके सम्बन्धमें जबर्दस्त क्रांति उठाना, उनका जोरदार और सयौक्तिक निराकरण करना, समाचारपत्रों, ट्रेक्टों सभाओंके द्वारा और जैनमतको जगाकर उक्त डाक्टरको संशोधनके लिये बाध्य करना, यह सब मण्डलकी ही कार्य-शीलताका परिणाम है। इस सम्बन्धमें मण्डलका भगीरथ परिश्रम और अमूल्य सेवाएं समाजकी ओरसे बधाईकी पात्र हैं। इस विषयमें मंडलको कितने व्यापक क्षेत्रमें, कितनी कठिनाइयोंमें और कितनी लगनके साथ काम करना पड़ा, हम क्या उसकी उपयुक्त सराहना भी कर सकते है?

स्वतंत्र जैन-लॉके संग्रह और प्रकाशनका कार्य भी बड़ा श्रमापेक्षी कार्य है। इसे पूर्ण करनेका श्रेय भी 'मण्डल'को ही है।

देहली शास्त्रार्थ, जिसका शोर प्रत्येक जैन अभिमानी तक पहुंच चुका है, और जो वास्तवमें दिल्लीके इतिहासमें एक मार्केकी और अमरवस्तु है वह 'मित्रमण्डल'की धर्मप्रचारकी उत्कृष्ट वृत्तिके कारण ही हुआ था।

Reforms Enquiry Committee (रिफॉर्म इन्क्वायरी कमेटी)के सन्मुख, जैनसमाजके स्वत्वोंका प्रदर्शन और मांग, Baby week (बेबीवीक)के बारेमें प्रयत्न, दिल्लीकी प्रसिद्ध बिम्बप्रतिष्ठामें उत्कृष्ट सामाजिक सेवा, समयोचित राजनैतिक कार्य, औषधालय, लायब्रेरी और वाग्वर्द्धिनी सभाओं द्वारा सामाजिक उत्थानमे प्रयत्न आदि आदि, इसके कार्य जितने ही उपयोगी है उतने ही बहु संख्यक भी हैं। हालहीमें इसी 'मण्डल' के प्रयत्नसे अनन्तचतुर्दशीकी सर्कारी

छुट्टी होने लग गई है। यह बात यद्यपि दो शब्दोंमें कह दी जा सकती है, पर वास्तवमें बहुत ही श्रम-साध्य है। इस बारेमें मण्डलने बहुत ही तत्परता और संलग्नतासे काम किया था।

'मंडल'-का यह नवीन-तम कार्य, मंडलके ही योग्य, बहुत ही महत्वपूर्ण और विशाल है। गत २ वर्षोंसे दिल्लीमें जिस भगीरथ पैमानेपर और जिस सज्जित समारोहसे 'श्रीमहावीर जयंती' का पुण्य अवसर मनाया जारहा है वह किसी भी जागृत समाजके लिये गौरवकी वस्तु होसक्ती है। हमारे पाठक पत्रों द्वारा अवश्य इसके सम्बन्धमें पढ़ते रहे होंगे। गत महावीर जयंतीके उत्सवपर यह ग्रूप चित्र लिया गया था।

मण्डलका सबसे मार्केका काम है ट्रैक्टों द्वारा जैनधर्मके सनातन और अकाट्य सिद्धान्तोंका दिग्दिगांतरोंमें प्रचार। इसके ट्रैक्ट कोनेसे कोनेके देशमें पहुचते हैं। ट्रैक्टोंके सम्बन्धमे श्लाघाकी सम्मतियां और उनके प्राप्त करनेके कामनापत्र यूरोपके प्रतिष्ठित विद्वानोंसे मण्डलको प्राप्त होते है। अबतक ४८ ट्रैक्टोंकी २ लाख प्रतिया इसकी ओरसे प्रकाशित होकर वितरण की गई है। मण्डलके इस समय २००से ऊपर सदस्य हैं जिनमें समाजके बहुत बडे२ श्रीमान् और धीमान् व्यक्ति सम्मिलित है।

मण्डलके कार्यकर्ताओंमें श्री० पन्नालालजी संयुक्त मंत्री और श्री० उमरावसिंहजी मंत्रीका नाम उल्लेखनीय है। इसके सभापति श्रीमान् महावीरप्रसादजी एडवोकेट, बाबू भोलानाथजी मुख्तार बुलन्दशहर उपसभापति हैं जो एक उच्च कोटिके कवि व उर्दू लेखक हैं, सहायक मन्त्री बाबू विशनचंदजी, खजाची ला० विश्वंभरदासजी व आडीटर बाबू बनारसीदासजी हैं। यह 'मंडल' अधिकाधिक कार्य करके जैनधर्म व समाजकी अधिकाधिक उन्नति करे यही हमारी भावना है।

(६) श्रीमहावीर ब्रह्मचर्याश्रम (जैनगुरुकुल)—कारंजा—जिनधर्मप्रेमी, विद्वान् और चारित्रवान् युवकोंको उत्पन्न करनेके लिये इस संस्थाका जन्म वीर निर्वाण संवत २४४४ में अतिशयक्षेत्र कारंजामें हुआ है। आश्रमका स्थान स्टेशनके पास उपवनमें है जो करीब १ लाख रुपयेकी लागतसे बना है उसीका यह दृश्य है। वर्तमानमें इस संस्थामें १२५के करीब बालब्रह्मचारी छात्र विद्यालाभ लेरहे हैं। अनिवार्य रूपसे उच्च धार्मिक शिक्षणके साथ संस्कृत, इंग्लिश, मराठी और गणित आदि विषयोंका अभ्यास मैट्रिककी योग्यतातकका कराया जाता है तथा व्यायामके द्वारा शारीरिक शिक्षण भी अच्छी तरहसे दिया जाता है। पढ़ाईके लिये १२ सुयोग्य शिक्षक है जिनमें २ ग्रेज्यूएट हैं। जैनसमाजके सुप्रसिद्ध विद्वान् व्याख्यानवाचस्पति श्री० पं० देवकीनन्दनजी सिद्धांतशास्त्री धर्माध्यापक हैं व अधिष्ठाता ब्रह्मचारी देवचंदभाई बी० ए० हैं जिनको ही आश्रमकी सारी उन्नतिका श्रेय है। व्यवहारकुशल बनानेके लिये संस्थाके प्रबंध विभागका कार्य मॉनिटरोंके रूपमें प्रत्येक छात्रको कुछ न कुछ बांट दिया जाता है जिससे कि उन्हें स्वयं प्रबन्धादिकी योग्यताका अच्छा ज्ञान होजाता है और संस्थाके प्रबंध विभागमें खर्चेकी बचत होजाती है। जैनसद्गृहस्थके लायक धार्मिक आचरण (पूजन स्वाध्यायादि) प्रत्येक

छात्र प्रतिदिन करते हैं तथा तिथिपर्वमें विशेष रूपसे करते हैं।

वक्तृत्वशक्ति सम्पादनके लिये साप्ताहिक सभा तथा लेखनकला सिखानेके लिये एक "वीर तनय" नामक हस्तलिखित मासिकपत्रका सपादन भी छात्रों द्वारा ही कराया जाता है। ब्रह्मचारियोंके योग्य स्वच्छ सादा रहनसहन आदिकी व्यवस्थापर पूर्ण ध्यान दिया जाता है। श्री जिनमंदिर, छात्रालय, विद्यालय, भोजनालय, औषधालय, आरोग्यमंदिर, व्यायामशाला आदिका सस्थामें अलग२ प्रबन्ध है। संस्थाका मासिक खर्च ११००)के करीब है और उपज करीब ८००) मासिक है अर्थात् शेष चालू सहायतासे पूरा करना पड़ता है। सस्थाका ध्रुवफण्ड ८१००४)का है जिसका ट्रष्टडीड होचुका है। गत दो सालसे संस्थाका कार्य बढ़ जानेसे व खर्चसे आमदनी कम होनेसे घाटा पड रहा है जिसकी पूर्ति समाजकी सहायतापर ही निर्भर है जिसपर हम धर्मवत्सल, उदार, धनिक समाजका ध्यान आकर्षित करते हैं कि वह आश्रमके ध्रुवफंडको कमसेकम ३–४ लाख रु०का बनाकर संस्थाको समुन्नत और स्थायी बनावे। दूसरी समाजोंके गुरुकुलोंको देखनेसे पता चलता है कि उनकी समाज उनका कैसा आदर करती है, हर प्रकारकी सहायता करती है परतु अपनी धनिक जैनसमाज इस परमोपयोगी कार्यकी तरफ अभीतक जितना चाहिये उतना ध्यान नहीं देरही है नहीं तो बातबातमें १०–५ गुरुकुल तैयार होजाते। गुरुकुल व्यवस्थासे ही धार्मिक निष्ठावान धार्मिक आचरणवाले विद्वानोंका जन्म हो सकता है इसलिये अपने इस गुरुकुलको अपनाइये और तन मन धनसे यथाशक्ति सहायता कर धर्मप्रेमपूर्वक आश्रमरूपी धर्मवृक्षको सिंचित करते रहिये तथा विवाह, मरण आदि शुभाशुभ अवसरोंपर दान करते समय इस गुरुकुलको भी न भूलिये।

(७) स्वर्गीय पं० बिहारीलालजी चैतन्य-अमरोहा–आपका चित्र व परिचय हम आगे प्रगट कर चुके हैं परन्तु इसवार आपका अतिम चित्र इसलिये प्रगट किया है कि आपका गत वर्षमे हमें असह्य वियोग हुआ है जिससे सारे दि० जैन समाजको एक अंग्रेजी पढ़े लिखे संस्कृतज्ञ विद्वान व साहित्यसेवककी कमी हुई है। आपके रचित व प्रकाशित अनेक ग्रन्थोंमें "जैन शब्दकोश" प्रथम भाग अमूल्य रत्न है जिसका प्रचार जैनसमाजमें होजावे तो उसके शेष भाग भी उनके सुपुत्र शांतिचन्द्रजी प्रगट कर सकें। आपकी आत्माको शांति व कुटुम्बको धैर्य प्राप्त हो यही हमारी भावना है।

(८) पं. मोतीलालजी वर्णी–पपौरा (झांसी)।

आपका जन्म सं० १९२८में जतारा (टीकमगढ)में हुआ था। अल्पवयमें ही आपके पिताका वियोग होगया था। वे साधारण श्रेणीके गृहस्थ थे। आपने जतारामें ही हिन्दीका खासा अभ्यास किया। फिर स० १९५० में श्री० पं० गणेशप्रसादजी न्यायाचार्यके साथ ब्रह्मचर्य व्रत ले लिया और आपके साथ मथुरा महाविद्यालयमें विद्याध्ययनके लिए चले गये थे। अध्ययनके बाद आपने महरौनी (झांसी)में अध्यापकका कार्य किया। फिर सं० १९६७में दक्षिणयात्राके

समय तारंगाजी क्षेत्रमें आपने नियम लिया कि अब अवैतनिक ही अध्यापकका कार्य करेंगे—सवैतनिक नहीं। आप पंचकल्याणक प्रतिष्ठाकार्यके अच्छे अनुभवी होगये थे। कुछ समय बाद आपने नियम लिया कि २५००)के सिवाय अब हम ज्यादा द्रव्य अपने पास न रक्खेंगे व उसीसे अपनी आजीविका चलायंगे। प्रतिष्ठाका कार्य करेंगे परन्तु उसमें जो प्राप्ति होगी वह बुन्देलखण्डमें विद्याप्रचारके कार्यमें व्यय करेंगे। फिर सं० १९७५में उसीके फलस्वरूप आपने 'पपौराजी अतिशयक्षेत्रमें वीरविद्यालय स्थापित किया और अबतक उसे अपने तन, मन, धनके सहायरूपी जल द्वारा पल्लवित, कुसमित तथा सफलित बना रहे हैं। आप ही इस विद्यालयके संस्थापक व संचालक हैं। समाजको बुन्देलखण्ड प्रांतके कौनेमें आये हुए इस विद्यालयको भी अन्य संस्थाओंको दान करने समय याद रखना चाहिये।

विविध जातिभेद।

(रचनार.—शा० हाथीभाई माणेकचंद—सोनासण.)

१ २ ३ ४
खंडेलवाल, अग्रवाल, जैसवाल, अने दशा;
५ ५
परवार पद्मावतीपरवार, जाणीए,
६ ७
दशापरवार अने, परवार चउसके;
८ ९ १०
पल्लीवाल, गोलालारे, विनैक्या वखाणीए।
११ १२ १३
ओसवाल नूतनजैन, वीशा ओसवाल अने;
१४ १५ १६
गंगेरवाल, बडेले, बरैया वखाणीए,
कथे हाथीचंद दिन, प्रतीदिन वाडा वधे;
कुसंपे मचाव्यो केर, शी रीते समेटिये ॥१॥
१७ १८ १९ २०
फतेपुरी दि० जैन, पोरवाल, बुढेले जे;
२१ २२ २३
गोलसिंघारे लोहिया, गोलापूर्व मानीए,
२४ २५ २६
खरौआ, लमेचू अने, पचवीसे गोलापूर्व,
२७ २८ २९
चरनागरे धाकड, कठनेरा धारीए।
३० ३१ ३२
पोरवाड कासार ने, पोरवाड जांगडा जे;
३३ ३४
जांगडा वीशापोरवाड, लाडने संभारीए,
३५ ३६ ३७ ३८
काम्भोज ने कृष्णपक्षी, धवल बघेरवाल;
कथे हाथीचंद भेद, केटला बतावीए ॥२॥
३९ ४० ४१ ४२
सैमैय्या असाटी, दशाहूमड वीशाहूमड,
४३ ४४
अयोध्यावासी निवासी, तारणपंथी धारीए,

४५ ४६ ४७ ४८ ४९

पंचम चतुर्थ चदनेरा, नैमा गुजर ने;

५० ५१ ५२

भवसागर पापडीवाल, नागदा निहारीए ।

५३ ५४ ५५ ५६

नर्सीपरा दशा वीशा, सेतवाल मेवाडा ने:

५७ ५८

दशामेवाडा ने दशा, नागदा सभारीए,

कथे हाथीचद शुद्ध, सरोवर पाणी भाळो,

मलीन बंधेल जळ, नजरे निहाळीए ॥३॥

५९ ६० ६१ ६२

चितोडादशा ने वीसा, श्रीमाल, श्रीमालदशा;

६३ ६४ ६५

सेळवार श्रावक ने, सादर जैन मानीए,

६६ ६७ ६८ ६९ ७०

वैस्य, इन्द्र, बोगार ने, पुरोहित क्षत्रिजैन;

७१ ७२ ७३ ७४

तगर चौघले मिश्र, दिगम्बर भाळीए ।

७५ ७६ ७७ ७८

सकवाल खुरसाले, हरदर, उपाध्याय;

७९ ८० ८१

टगर, बोगार, गाधी, ब्राह्मण जैन जाणीए,

८२ ८३ ८४ ८५ ८६

बदई, पोकरा नाई, सुकर महेश्री जैन:

८७

कथे हाथीचंद अन्य, जाति जैन मानीए ॥४॥

चारनी सत्याशी पंच, राशी गया त्राशी बहु,

केवारनी लेणदेण, करे क्यां बतावीए,

९४ ९ ३३ ८ ८०

कैकमां चोराणु नव, तेतरीश के आठ एंशी:

१५ ४५

पंदर के पीस्तालीश, जनसंख्या भाळीए ।

वीरना तनुजो मळी, भोजन भावे जमाय,

वरमाळा रोपवामां, केम अचकाईए:

लंकाथी हिमाल्यकोट, कलकत्ताथी कच्छदोट;

नथी भरती के ओट, शा माटे रिबाइए ॥५॥

वर्द्धमान समयमां, चालीश करोड जैन;

सांकडी वृतिए आज, विनाश जणाय छे,

के पलटाई इस्लाम, कई ईसाई बन्या,

कैक आर्यसमाजमा, हाल उभराय छे ।

शैव संप्रदाय कैक, वैश्य रामानंदी कैक,

कैक धर्मधतिंगोथी, श्रामी नाशी जाय छे,

श्रीमानो धीमानो कोई, गेज्युएटो खोलो कान;

कथे हाथीचद हाय, आर्यता हणाय छे ॥६॥

लाख अगीआर अने, सत्तावन सहस्र;

बसो आडत्रीश, त्रण, फिरके मनाय छे,

लाख चार ने पच्चाश, हजार पांचसो वळी:

चोरासी दिगंबरजैन, गणती गणाणी छे ।

बाबुओ, पंडितो मळी, गोळ तोड फोड करी.

क्षमातणी रीत धरी, ऐक्यता वधारशो,

कथे हाथीचद बधु, कैक पड्या गाम नाम

कैक रोजगारे भेद, जुडा पड्या भाळीए ॥७॥

कानपुरमें मुनि-संघका एक दृश्य।

बैठे हुए—(१) श्री १०५ ऐलक चन्द्रसागरजी (२) श्री १०८ मुनि श्री धर्मसागरजी, (३) श्री १०८ **आचार्य श्री मुनीन्द्रसागरजी महाराज,** (४) श्री १०८ मुनि श्री भुनसागरजी, (५) ब्र० आदिसागरजी। **पीछे खडे हुए**—(१) ला० दुर्गाप्रसादजी नार्नौलवाले, (२) ला० नेमिचन्द्रजी रईस, (३) जातिभूषण कविशिरोमणि ब्र० स्वरूपचन्द्रजी जैन सरोज एम० बी० एच०, (४) ला० कपूरचन्द्रजी जैन, (५) बा० नरायनदासजी जैन, (६) जातिशिरोमणि रा० सा० ला० **रूपचंद्रजी** आ० मजिस्ट्रेट कानपुर, (७) ला० चिम्मनलालजी देहली।

Jaan Vijay Press, Surat,

HOW I CAME TO BELIEVE THE JAIN DOCTRINES
AND
THE HELP I HAD FROM THE LATE MR. J. L. JAINI.

(By—Herbert Warren Jain, 84 Shelgate road, Battersea London S W. 11)

Nothing in this world is isolated everything is in some way related to something else. The writing of this article is not an isolated event taking place spontaneously without any cause It is written in answer to a request from Mr M K Kapadia, the Editor of this journal

How did I come to believe the doctrines? To make a foolish reply would be to say by exercising this particular function, by believing them! But perhaps a better reply will be to give the events which took place and the circumstances in which I came to believe them.

I first had them presented to me in the years 1900 and 1901 by *Mr Virchand R Gandhi* here in London who most unfortunately died in about the middle of the year 1901 and [illegible] in the middle of taking us (—for there were two other people beside myself, two Americans who went back to the United States and whom I have never met or heard of since) the Karma theory and the Jain metaphysics, so that both courses were left unfinished

It was, as we say, quite by chance that I happened to hear Mr Gandhi I belonged to the Theosophical Society, and one of the other members with whom I was acquainted asked me if I would like to attend a series of twelve lectures on 'Concentration', to which question I replied that I would They were by Mr Gandhi, and they pleased me so much that after he had finished them and begun another series on 'Karma' I also went to those Only four were given publicly, I then found him out privately and with the two above mentioned Americans induced Mr Gandhi to continue the subject at his own residence, which he did until he had to leave London on account of illness in about May 1901.

The reason probably for believing the teachings was that they seemed to me to be true I liked especially the idea of 'Samyaktva' and the 'Nishchaya' point of view Also the six Dravyas made an understanding of the universe very clear, giving a solid foundation to work upon, and the Syadvada also I was very gl-d to have

After Mr Gandhi had left London I was out of touch with Jainism until Mr *J. L. Jaini* came here in 1907 I saw him a few times, and it was on one of these occasions that I undertook to become entirely *vegetarian*, which I have remained ever since Some two years after, in about the summer of 1909 Mr Jaini returned to London and it was during this stay of his that he told me more about the Jain doctrines Especially he put forward the seven Tattvas as a subject by itself and made it very clear Mr Gandhi had incidentally mentioned the seven Tattvas but had not given them to us set out as one subject by itself These Tattvas seem to me to give a complete outline of Jain doctrines, both as regard theory and practice, and on that account are very important to my mind It is impossible for me to say what else Mr. Jaini told me of the doctrines, a considerable amount of new matter to me was found in the manuscript of his "Outlines of Jainism", and I have gained information also from his translations and from his articles in the Jain

(By – *Vidyavaridhi Jain Darshandiwakar Babu* Champatraiji *Jain, Bar-at Law*)

Perhaps no other cause of error in metaphysics is quite so fruitful as the failure to realize that all seemingly contrary statements are not necessarily hostile to one another. For instance, when it is said that the world is ***nitya-anitya*** (permanent-impermanent), the bewilderment of the untrained mind is great, and it is apt to reject the statement as a piece of bufoonery, if not the outcome of an unsound brain. Nevertheless true metaphysics can only describe the world as ***nitya anitya***. For it is ***nitya*** in so far as the substances of which it is composed are eternal and indestructible, and certainly it is also constituted by things that are seen one day and gone the next ! In a word, the world is unperishing and eternal in so far as the substances composing it are concerned, but perishing and non-eternal with regard to the forms in which those substances manifest themselves from time to time. This simple truth when rolled into the form of the pilule formulæ which metaphysicians delight to indulge in, is apt to cause a great deal of confusion, and has to be guarded against by means of certain well defined safe-guards to that aim at ensuring the consistency of subtle abstract thought.

The Jaina doctrine of ***Syādvāda*** is the system of safe guards which aims at maintaining the proper consistency in metaphysical thought. It proceeds to unravel the theory of contradiction strictly scientifically, and points out that contradictory speech is resolvable ultimately into seven limbs or forms, as follows —

1. affirmance (of a proposition),
2. denial (of a proposition),
3. indescribability (simultaneous affirmance and denial),
4. affirmance + denial,
5. affirmance + indescribability,
6. denial + indescribability.
7. affirmance + denial + idescribability.

The above are all the possible forms of contradiction that can occur in thought. They may be contradictory in reference to any another or their own contents, as is the case with the compound forms, especially the seventh. It will be noticed that the first three of these forms are simple judgments or predications, and the remaining four their compounds or combinations formed by combining the simple statements in different ways.

The first three are also the possible modes of predication in human speech, for when talking we only talk about some thing

---

Gazette, as well as from the talks we had while he was again in London in the summer of 1913.

It seems to me that all the chief problems concerning life and the universe are solved by the Jain doctrines, and this gives a quiescence or resting place into which we can come whenever the occasion arises to require it. It might be a fitting ending to these few remarks to say that presumably we should not yet have been so fortunate as to discover the truth about the whole universe by ourselves, and had it not been our good fortune to have come into touch with what has been told by those who took the trouble to develop their own science, we should not now have been able to be in this settled state of mind regarding the fundamentals of life.

H. Warren.

London Oct 1927

or object, and in talking about an object or thing we either affirm something about it or deny something with reference to it, or say that it is incomprehensible altogether, which means that it presents, at one and the same time, the two contrary aspects of existence and non-existence, which make it impossible absolutely either to affirm or deny its being To illustrate, the world is unperishing and eternal with reference to its substances; it is perishing and non eternal with reference to the forms that the substances assume from time to time, and it is incomprehensible, or rather indescribable, when taken into consideration with respect to its dual constituents, namely, substance and form, *both* For, when we think of both substance and form at the same time the world presents to the view both perishability as well as unperishingness at once, and as there is no word in our language except indescribability that can represent the existence—non-existence thought that rises uppermost in the mind at the time, we must say that it is indescribable These three—affirmance, denial and indescribability—then, are the three simple forms of predication in human speech Their combinations give rise to four other forms which have been enumerated at numbers 4 to 7 in the list given above

It may be pointed out that the distinction between simultaneous affirmance and denial and in what is out down as affirmance denial is rather important, for in the former the view is held *simultaneously* from both the stand-points (e g the reference to substance and form in the example of the world), while in the latter there is a *summing up* only of the results obtained by viewing things *successively* from the two view-points

The Jaina metaphysician is warned against falling into error by the mere appearance of contradiction in form, for, as is evident from the illustration regarding the nature of the world, not all contradictions are real In order to constitute a real contradiction the affirmance and denial will both have to proceed from the same stand-point, For instance, of the statements "A is dead" and "A is not dead", when they proceed from the same standpoint, one, or may be both are bound to be false, for it cannot well be that A is both alive and dead, when the question of his death is considered from one and the same point of view. But when taken from different stand-points, there is no necessary contradiction involved in them; for A may be dead as A, but not dead from the point of view of the soul which is immortal For this reason the student of metaphysics in Jainism is advised to mentally insert the word *syāt* (literally, in some way) before every statement of a fact that he comes across, to warn him that it has been made from one particuler point of view which he should engage himself to ascertain. In this way he is not frightend by the contradictions he sometimes encounters in the course of his study, and is not baffled by them. In other words, where an untrained novice is likely to lose his head in dumb-founding bewilderment produced by such seemingly irreconcilable statements as " the world is *nitya-anitya,*" and to spurn or to turn away from truth, the Syadvadist, that is to say, the Jaina Metaphysician, is sure to acquire the true insight into the nature of things, and, ultimately, also mastery over the empire of nature, inasmuch as knowledge is power whereby men have subdued and are now subdueing nature !

The Glory of Jainizm.

(By —*Tarachandra Pandya Jain, Jhalrapatan City*)

How difficult it is to find out the true beauty of a thing! How much more difficult it is to know wherein the real glory of a religin consists! Religion, the way to happiness in the life as well as in the life beyond, may be easily defined as the means of self-realisation, but its description cannot be so easily put off. Religion is easy to those who follow it, but difficult to those who merely discuss, and are afraid of putting it into practice. It is simple to the simple and the earnest, but complex to the questioner and the learned. Their minds were wholly wrapped up in the science of Grammar. Their have been many prosodists who had the whole science of Prosody at their fingerends, but who themselves could not write a single line. Their minds were engrossed wholly with Prosody and scansion. Similarly there have been many learned men who knew all the scriptures by heart but whose hearts ever remained davoid of the light of Faith with the result that while the ignorant but simple-hearted pilgrims have reached the end of their souls' journey, the learned arguers have not advanced a step.

Religion does not consist of one thing. It treats of the soul as well as of the body. It teaches us how to live, how to earn, how to move about in this world, how to discharge the various duties with respect to various objects, and at the same time, how to refine our souls. It estabilishes a happy harmony between the wants of the soul and the wants of the body. It lays down rules of condect for all ages, and for all living beings. It has its own History, own Geography, own Philosophy and Science own Sociology in short, it has its own world—a world which includes our world and also much more, a world which is far greater than the world we know of by means of our senses. Even the outward features of such a vast world cannot be set forth, and yet, as the saying goes, it is the feathers which float on the surface, while the pearls lie deep in the caverns. Under such circumstances to talk of beauty and glory would be to hear corm lecturing on philosophy. But a bird may sit upon a window-sill and look at the mountion in front with its dim eyes, and thus form some conjecture of its shape and size, and in the same way, a writer, even without being well posted up in the subject, may enumerate the most obvious peculiarities of a religion. Below are given a few of such characteristics of Jainism as may be seen even by a casual observer.

To begin with, Jainism says that a thing is to be considered from different points of view. One sided view cannot give complete knowlege. A is A in one respect, but A is not A in another respect. Soul changes in size and form according to the body it occupies, but its essential nature is never changed. From the point of view of its embodiment, a soul is changing, but from the point of view of its nature, it is changeless and immortal. From point of view of its connection with a soul, a body is perishable, but from the point of view of its nature, it is indestructible. A gold necklace is melted and tsansformed into a bunch of gold rings. From the point of view of ornament, gold has changed, but from the point of view of gold,

it is still gold. Water at 50°C. is cold in comparison with boiling water, but warm in comparison with ice,—and so on *ad infinitum*.

Question may arise that such a consideration would lead to a great confusion and render everything indescribable But confusion arises only when the words in this respect are omitted, and we need not mention all the qualities of a thing simultaneously We mention only those which are suited to our purpose at a particular place and time A man is father to one, son to another, uncle to a third, nephew to a fourth But when his daughter approaches him, she does not address him as ' Father, Son, Uncle, Nephew ' all together, but calls him merely "Father" She is right in doing so, because the relation between the man and her is that of father and child, but they would be wrong if they were to assert that the man is only father in relation to all men

This is the essence of the septifluous Logic of Jainism-the Sapt-bhangi Naya, which is so much celeberated and at the same time so much misunderstood It is on account of this Logic that Jainism is named the *Anekantnaya* religion

This shows how tolerant of other religions Jainism is In fact it is the most liberal of the liberal It never denounces any religion as utterly false All religions are true in one or another respect, but they are in holding that they are true from all points of view It is right to say, ' An elephant has a trunk,' but it is wholly wrong to say, " An elephant has *only* a trunk" The first great lesson of Jainism is to clear away all narrow mindedness There is no absolute 'only' in Jainism A thing is to be considered in various aspects, and while asserting one aspect of a thing, we should not deny its other aspects A perfect religion describes a thing from all stand points All views and opinions meet in an Omniscient Being.

If the world were to understand this truth, half of the causes of its miseries would disappear. The germ of our discords and feuds lies mostly in our regarding partial truths as entire truths, and in believing ourselves to be the sole bearer of the Golden key of Truth Misunderstandings arise partly from the omission of the words in this respect, and partly from taking an insuitable view of things, as in talking of the body as everlasting, though in relation to the soul, it is perishable

Some maintain that Belief and Devotion alone can lead a man to salvation, regardless of his state of knowledge and conduct Some hold that a man can attain to Redemption by Knowledge alone though his deeds may be sinful, and though he may not believe even in the soul and salvation. Others persist that only good conduct is required, and that a man can surely reach his destination even by walking blindly and unwillingly on an unknown path But Jainism harmonises all these views and says that Right Belief, Right Knowledge and Right Conduct combined lead a soul to salvation. Of these, Right Belief is by far the most important Though knowledge is a cause of Right Belief, yet it is only after Right Belief that knowledge becomes Right knowledge and conduct becomes Right Conduct Without Right Belief, Knowledge and conduct may give worldly pleasures, but cannot advance the soul, as they are liable to be forgotten But Right Belief once got is never lost, and leads the soul at once to Right knowledge, and sooner or latter to Right Conduct The importance of knowledge also is considerable It is said that the *Karmas* that cannot be got rid of even with the penances and austerities of thousand lives can be removed in a moment by the help of Right knowledge Conduct also is not a thing to be dispensed with, But no one of these, nor even two,

earning money, earn for the sake of others. If you cannot cease fighting, fight for justice against injustice Jainism says that a king causing the death of thousands of men in a war for justice does not commit *so much* of sin as a man crushing by his feet an unoffending ant It is not our deeds, but our motives and passionate thoughts that subject us to the bondage of Karmas A soul inclines towards the Right Path only when its passions of anger, deceit, pride and avarice become weak. A man who is under the influence of intense passions, a man having great lust for wars, for kingdoms, for worldly objects and sensual pleasures cannot observe the full vow of Ahinsa We can follow the Right Path only so much as our passions have subsided

In the modern Age, the doctrine of Renunciation has been made the scapegoat for bearing all the iniquities of the world But renunciation is not idleness. It is the development of love for limited circles into universal love. In it efforts are made not for momentary and false peace, but for lasting and real peace But it is not for all men Renunciation is renunciation not so much of worldly objects as of the desires and attachment for them, and such renunciation is not easy for all It is true that a soul has power to subdue all passions and destroy all Karmas within a moment but the manifestation and knowledge of such power requires a long practice of self-contemplation and self control Those men whose past life or lives have been devoted to such a practice may easily renounce the world suddenly and successfully, but such souls are rare and the rest are advised to prepare themselves for renunciation by following the rules for householders, by serving their neighbours and country, by offering donations to the needy and in similar other ways.

Step by step. How difficult it is to give up an one—year old habit ! How still more difficult it must be to emancipate the soul from the Karmas that have enchained it from times without beginning ! Step by step, but go on striving, and success will crown your efforts No cause is without effect Sow the seed of Right or Wrong, Good or Evil, and it will gradually but surely grow to a corresponding tree, but the tree of Right being suited to the nature of soul (whose very nature is Right and Good), it will outgrow and uproot the tree of Evil sooner or later, if once implanted firmly If you cannot be Pure and Perfect in this life, do not be disappointed go on making progress, and you will realise your object in the next life, in the life after the next life—surely one day. O you Believers in the transmigration of soul, your pitcher of Hope and Joy is inexhaustible why should you be sad and disappointed ? This is the great message of Hope, Joy, and Perseverence which Jainism gives to the world

Then Jainism teaches the great lessons of Self—help and Self—confidence Since our own actions and thoughts are the cause of our bondage, only we ourselves can free ourselves from the fetters of the Karmas. The *Tirthankars*—the Great Masters simply show us the way, but we shall have to make the efforts The Jain Method of worship in temples is not for craving salvation from God, but for expressing gratitude for the Great Masters, for purifying the thoughts by seeing the image of the Pure Ideal, and for receiving inspiration and stimulus, as its sight awakens a longing for peace and perfection We worship not the Idol, but the Ideal

Then since we are free in forming motives, and our own actions become Karmas, we are the architects of our fate We make our future life according to the actions we do in the present life, and as for the present, though it is determined by the actions of our

past which we can not undo, yet it also can be affected to a great extent by our present actions, as the Karmas capacity of giving fruits being dependent upon the intensity of the passions under which the actions-their causes-were done, the fruits of some Karmas are fixed, while those of some are variable; and the latter can be changed according to our present good or bad actions. Not only this, but by understanding our true nature we can destroy the whole Karmas All souls by nature are Gods All souls have the same qualities, and the difference between the soul of God and that of an animal of even the lowest order consists merely in the degree of manifestation. That one soul is God, shows that all souls can be Gods That we can be perfect shows that our very nature is perfect, since one's nature may be obscured, but neither anything can be subtracted from itself nor anything can be added to itself from outside We all are by nature, omniscient, omnipotent and blissful The glory of the whole universe is insignificant before the glory that lies within ourselves. We are immortal and intangible What power can humiliate us ? What want can disturb our peace? What force can do the slightest harm to us ? Even the Karmas cannot destroy us Why should we fear anything ? We are ever Perfect, Pure, and Free, The gold is covered over with dust Is it not still gold ? Is it not even then different from the dust ?

Then lastly, the Jain Scriptures have no myths The stories of the Jain *Purans* are illustrations of the Laws of the Karmas They are ennobling and instructive, and yet as true as natural They relate nothing incredulous There is no ten headed Ravan, and no monkey—shaped Hanuman A modern reader may find the Jain Geography unwarranted by the modern Geography, and the Jain accounts of ancient times with men having very tall bodies and very long life as insupportable by the modern History But almost every religion corroborates the Jain accounts, and says that the more backward we look into the past, the taller and more long—lived we find the man. However, a thing is not false merely because the imperfect, fickle, and short-sighted Modern History and Science do not know it Modren History does not know many things even of the Mughal Period, not all events even of the yesterday's Great War are known to it Is it not itself a fable agreed upon, to an extent ? A historian scientist of a decade ago would have sneered even at the Jain accounts of hell and heaven, mantras and miracles, super-human souls and living vegetation, spirits, ghosts, and transmigration of soul etc But now all these are admitted to be true History and Science made by human methods can not be the touchstone of knowledge gained by the spiritual power, rather the latter ought to be the touchstone of the former. How can we believe in the conjectures of history made as regards the state of the world millions and trillions of ages ago, when it does not know properly even the events of a century ago ?

These few characteristics are pointed out in the modest hope that the reader will understand the necessity of studying Jainism It may be mentioned that most of the Jain Scriptures have been lost, and that whatever fragment of knowledge still remains is in comparison with the lost knowledge not even so much as a ray compared with the whole radiance of the Sun. Still Jainism claims to be the most logical, scientific, clear, consistent and explanatory of all religions, and it can be confidently asserted that any impartial and well-made perutsal of its Scriptures justify this claim

Victory to the Scientific, beneficial and Universal Religion True Knowledge to all

Tarachandra Pandia.

The Ideal of Human Existence.

(By—Manubhai Bahubhai Shah Jain B A, Surat)

The Problem—whether life has anything to teach or is it worth living—has disturbed the mental vision of many great psychologists and there, being non-plussed in many intricate problems have given out a judgment of their own accord

It has been well said by a writer that "Man is but a shadow and life a dream," showing thereby the shortness of life and the momentary existence of man on the stage of the world He comes on the stage, plays his part like an actor, and disappears from the world's stage As two clocks do not tally, so also the two minds cannot tally, and the same is the case with many great writers and thinkers Some take life in a brighter aspect while some take a gloomy aspect of the same Generally at the present time we find very little of optimism, but the cup of pessimism with its bitter poison is drunk to the very dregs by the modern thinkers

When we are alive, we all enjoy life to the full thinking it to be a happy boon But it is here that we are blinded and deceived We don't understand the real mission of life By experience in life, we get to know many things, which we realise latter in life Before death, there comes a moment for all, when we understand that the world with its prosperity is a mere bondage and the only thing possible for a man is to return to his self—centred unique temper This world is full of strifes and struggles which only unnerve and exhaust us The shades of prison house begin to close upon us, yet knowing this we never lose the deep love of life

The real mission of life is an appeal to not to be lost in the ephemeral joys of this world, not to forget the ultimate fate to which a man must come, namely that of disappointment at the vanities of earthly joys On the life, there may be brightness of joys interspersed between sorrows of life, but everyone will realise in the end that the ultimate goal for him is grief before death

Then what should be done when a man is placed in such a critical position? He beeing placed in such circumstances must assume a calm, serene, self-scentred temper, and look on life in silent continuity Like Matthew Arnold's "Gipsy Child" he must realise that there is a majesty in grief—the ultimate go for all before death—which far transcends the earthly joys and prosperity It is all strange to note that we all foreknow the vanity of hope still we plunge in the sea of life and proceed to live

Men sometimes think of doing certain acts but being enable to do them, get exhausted and disappointed But we must understand that there is some spirit working behind us, so can not create enthusiasm at our own will Then men think that they are done gross injustice, but instead of being disappointed should return to their innerself Soul

So what a man should do in such cases is to view life steadily and view it whole, and viewing it remain satisfied with his own inner excellance, all indifferent to all external things of life He should not mourn for what is inevitable The final goal is there, it is to be reached at any rate, so a man must live as long as he is destined to do good acts, and ultimately succumb to the icy hands of death And then at the end he will realise what life has given him by way of remunciation

May Lord Mahavir infuse in us all Joy, peace and enthusiasm, and direct us on the path of truth and bliss

जयचन्द्र और अमृतसागरका संवाद ।

(लेखक-धर्मरत्न पं० दीपचंद्रजी वर्णी उप० अधिष्ठाता, ऋ० ब्रह्मचर्याश्रम-जयपुर ।)

प्रतिवर्षके अनुसार भादोंका महीना निवृत्तिपूर्वक धर्मध्यानमें बितानेकी इच्छासे मित्र संघ चौरासी (मथुरा)की यात्रा करता हुआ जैनपुरी (जैपुर) आया और सर्वसुखदास खजानचीकी नसियांमें जहां अभी श्री ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रम (दिगम्बर जैन गुरुकुल) है, ठहरा। यद्यपि यह स्थान शहरसे बाहर स्टेशनके निकट है तो भी निरापद नहीं है, इसलिये मित्रसंघ कुछ दिन यहां ठहरकर खांनियाकी नसियांमें चला गया और वहां ही दशलक्षण पर्वके अंततक ठहरा। त्यागमूर्ति बाबा भागीरथजी वर्णी और सच्चे उदासीन व्रती बाबा मोतीलालजी भी इन दिनों वहीं थे इसलिये विघ्नबाधाओंके विना इनके व्रत विधान अच्छी तरहसे हुए।

इस समय जैचंद्रका द्वितीय पुत्र अमृतसागर (जो एफ० ए० में पढ़ता है) साथ था सो आश्विन वदी १ को जब कि खाँनियासे लौटकर पुनः ऋषभब्रह्मचर्याश्रममें घर जानेके लिये आकर ठहरे तब रात्रिको उनमें इसप्रकार चर्चा हुई—

अमृतसागर—पिताजी, ये जो ब्र० आ० के विज्ञापन बटे हैं, इनमें लिखा है कि "दिगम्बर जैन गुरुकुल" सो गुरुकुल शब्दका क्या अर्थ होता है? गुरुकुल किसे कहते हैं?

जयचंद्र—चिरंजीव रहो बेटे! तुम्हारा प्रश्न समयानुकूल है। वास्तवमें जहां जाना वहांकी सब व्यवस्था जानना उचित ही है, अच्छा सुनो! मैं इसका वास्तविक रूप कहता हूँ।

जयचंद्र—गुरुकुल उसे कहते हैं, जिसमें विद्यार्थीगण रहकर विद्योपार्जन करें और वे कुमारकाल तक संसारके विषयजनित प्रलोभनोंसे बचे रहकर अर्थात् ब्रह्मचर्य पूर्वक सादा जीवन बिताकर सच्चे गृहस्थ अथवा सन्यासी बन सकें।

ये गुरुकुल दो प्रकारके होते थे—एक तो सागारों (गृहीजनों) का और दूसरा अनगारों (साधुजनों) का। इन गुरुकुलोंमें रहनेवाले छात्रगण निरंतर गुरु (आचार्यों तथा उपाध्यायों) जनोंके साथ रहकर उनकी ही आज्ञानुसार चर्या करते हुए विद्याऽभ्यास करते हैं। इनका ध्येय मात्र एक विद्याऽध्ययन करना ही रहता है। ये लोग श्रीपूज्यपादस्वामीके निम्नलिखित आदेश पर पूर्णतया लक्ष्य रखते हैं।

तद्ब्रूयात्तत्परान्पृच्छेत् तदिच्छेत्तत्परो भवेत्
येनाऽविद्यामयं रूपं त्यक्त्वा विद्यामयं व्रजेत् ॥१॥

अर्थात्—उसीको कहना चाहिये, उसीको पूछना चाहिये, उसीके प्राप्तिकी इच्छा करना चाहिये और उसीमय होजाना चाहिये जिससे अज्ञान अवस्था छूटकर केवलज्ञानमई अवस्था होजावे।

सब लोग—अहहा! धन्य हैं वे गुरु और वे शिष्य जो इसप्रकार पठन पाठन करते कराते हैं।

जय०—भाइयो, ऐसा था तभी सद्विद्या प्राप्त होती थी, क्योंकि विद्याके साथ सदाचार और शुद्ध आहार विहार व सादगीका अत्यन्त घनिष्ट सम्बन्ध है इसलिये उन गुरुकुलोंमें छात्रोंको

आदर्श बनानेके हेतु गुरुजन स्वयं आदर्श होते थे, इसीलिये वे छात्र भी उत्तरकालमें आदर्श गुरु बन सके थे, क्योंकि यह सिद्धान्त है कि गुरु वही बनसक्ता है जो स्वयं सच्चा शिष्य बन चुका हो, जो आज्ञा मानता, अपराध स्वीकार करना, गुरुओंकी विनय भक्ति करना जानता है, वही औरोंसे भी उक्त बातें करा सक्ता है।

आपलोग जानते हैं कि क्यों आजकल गुरुओंमें शिष्योंकी भक्ति व आदर नहीं और शिष्योंमें भी अनेकों ग्रन्थोंका अध्ययन करलेने पर भी कुछ योग्यता नहीं देखी जाती ?

सब लोग—इसका कारण यही होसक्ता है कि "गुरुजी खायँ काकडी, औरोंको देवें आकड़ी"

जय०—बिलकुल ठीक बात है, यही बात है।

अमृत०—पिताजी यह विषय बहुत रोचक और समयोपयोगी है, कृपया और भी कहिये कि उन विद्यार्थियोंकी चर्य्या कैसी होती थी और उनके भोजनादिकी व्यवस्था क्या कैसी रहती थी ?

जय०—बेटा, आजकलके लोग उसे पसंद नहीं कर सक्ते, और पाश्चात्य विद्याप्रेमी तो Nonsense (अज्ञानी) कहकर घृणा प्रगट करेंगे तो भी मैं तुम्हारी रुचि देखकर कहता हूं और मेरी यही श्रद्धा है कि विद्याऽध्ययन करनेका वास्तविक उपाय यही है। अच्छा सुनो ?

जैन शास्त्रोंमें गर्भाधानादि सोलह संस्कार बताये हैं, उनमें चौदहवीं क्रियाको उपनीति संस्कार कहते हैं सो जब बालक ८ वर्षका होजाता है, तबसे १२ वर्षकी अवस्था तकके बालकको अष्ट मूलगुण धारण और सप्त व्यसनों (महापापों) का त्याग कराकर देव, गुरु शास्त्र, द्विज, अग्नि और गुरुजनोंकी साक्षीसे मंत्रविधान पूर्वक रत्नत्रयका चिह्न यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहिराते हैं, और फिर जिस प्रकारकी विद्या पढ़ाना हो, और बालककी जैसी रुचि देखी जाय उस प्रकारके सागार अथवा अनगार गुरुकुलमें भेज दिया जाता है। वहांपर वह बालक १२ या १६ वर्ष तक अक्षुण्ण शीला रहकर विद्याऽभ्यास करता है और पश्चात् किसी एक विषयमें निष्णात (आकण्ठ) और शेष विषयोंमें यथायोग्य (जानुपर्यन्त) अभ्यास करके गुरुके प्रमाणपत्र सहित आज्ञा लेकर घर आता है और फिर पाणिग्रहण करके गृह व्यवहार चलाता है तथा समय व कारण पाकर विरक्त होकर यथाशक्ति व्रत तपश्चरणादि करके स्वयोग्यगतिको प्राप्त करता है।

आगममें पांच प्रकारके ब्रह्मचारी (विद्यार्थी) लिखे हैं (ये ब्रह्मचारी नैष्ठिक ब्रह्मचारियोंके भेद नहीं समझना चाहिये, किन्तु इन्हें अव्रती समझना चाहिये। ये तो मात्र विद्याऽध्ययनार्थ ब्रह्मचर्यव्रत रखते हैं और इनमेंसे नैष्ठिकके सिवाय शेष (उपनय, अवलंब, अदीक्षा और गूढ़) चारों प्रकारके ब्रह्मचारी अध्ययन कर चुकने पर अपने पितादि जनोंकी आज्ञासे लग्न करके गृहस्थाश्रम चलाते हैं। एक नैष्ठिक मात्र ऐसा होता है, जो आजन्म ब्रह्मचारी रहकर स्वपर हितमें प्रवृत्ति करता है। यह (१) नैष्ठिक ब्र० मस्तकपर चोटी, हृदयपर गणधर सूत्र और सफेद अथवा अधिकतर लाल रंगका लंगोट व चादरादि वस्त्र रखते और सीये हुए वस्त्र नहीं पहिरते हैं। (२) उपनय ब्र० यज्ञोपवीत (गणधर सूत्र)

धारण करके चोटी, लंगोटी और चद्दरादि सफेद रंगकी रखकर विद्या अध्ययन करते हैं। (३) अवलंब ब्र० क्षुल्लकके भेषमें कोपीन और खंड वस्त्र धारण करके मुनिसंघमें रहकर पढ़ते हैं। (४) गूढ़ ब्र० जो मुनिभेष धारण करके अभ्यास करते हैं और मुनिसंघमें रहते हैं (५) और अदीक्षा ब्र० जो यज्ञोपवीत धारण करके सामान्य गृहस्थोंके ही भेषमें गुरुकुलोंमें जाकर अध्ययन करते हैं।

इन ब्रह्मचारियोंमें ब्राह्मण, क्षत्री, और वैश्य (द्विज अर्थात् द्विजन्मा=जिनका द्वितीय जन्म संस्कारोंसे होता है) वर्णके छात्र रहते थे, और राजपुत्रके सिवाय शेष छात्र गुरुकुलोंमें रहकर पढ़ते और भिक्षासे भोजन करते हैं। पूर्वकालमें सभी लोग शुद्ध प्राशुक भोजन करते थे, यही कारण है कि उस समय त्रिवर्णोंमें परस्पर रोटी बेटी व्यवहार था। पश्चात् कालकी कुटिल गतिसे लोगोंके आचार विचारोंमें शिथिलता आती गई और यह परस्पर त्रिवर्णका समूह छिन्नभिन्न होगया। इतना ही नहीं किन्तु एक एक वर्णमें भी अनेकों अंतर्जातियां, कोई प्रदेशके नामसे—कोई ग्रामके नामसे, कोई धंधेके नामसे, और कोई अपने पूर्व पुरुषोंके प्रतिष्ठितपनेसे वा राज्य व पंचोंकि प्रदान किये हुए पदोंके नामसे बन गई व बनती जाती हैं, तथा इनमें परस्पर रोटी बेटी बंद होगई, जैसा कि हालमें देखा जाता है।

अब समझे, इस प्रकार हजारों विद्यार्थी जहां तहां विद्याभ्यास करते थे और उनके लिये किसीको किसी प्रकारका चन्दा (रुपया एकत्र) करना नहीं पड़ता था, न कोई कमेटी प्रबन्ध करनेके लिये बनाना पड़ती थी।

अमृत०—पिताजी, उनके रहनेको मकान और प्रकाश तो लगता ही होगा।

जय०—बेटा, उनको ऐसी बड़ी२ इमारतोंकी आवश्यकता न थी, उनका सादा जीवन होता था। मुनियोंके संघ (गुरुकुल)को तो मकान बिलकुल भी नहीं लगता था, वे तो वनों उपवनों, छोड़े हुए सूने मकानों व पर्वतकी गुफाओं आदिमें चलते२ ठहर जाते थे। वे चौमासेके सिवाय अन्य समयोंमें किसी भी स्थानमें अधिकसे अधिक ५ दिन ही ठहरते थे, ताकि स्थान अथवा व्यक्तियोंसे मोह न बढ़ जावे, और न उन्हें वस्त्र व प्रकाश ही लगता था, वे सच्चे स्वाधीन थे। रहे गृही गुरुकुल सो इनका स्थान नगरसे दूर किसी जलाशयके निकट उपवन आदिमें घास फूसके झोपड़ोंमें छात्रगण रहते थे, भिक्षा समयमें कर जाते, दिनको पाठ पढ़ लेते और उसीका मनन किया करते। उन्हें चिरागकी जरूरत ही न थी, कभी जरूरतपर सूखे पत्ते जलाकर उपयोग कर लेते थे। उस समय सब लिखकर पढ़ते थे, इससे पाठ स्मरण अच्छा होजाता था और अपनी पुस्तकपर प्रेम, भक्ति व विनय भी रहती थी। इसके सिवाय वे पुस्तकोंके भरोसे नहीं रहते थे, वे अपनी कंठ विद्याको ही विद्या समझते थे, कंठ विद्या न कोई चुरा सका न उसे सूर्य, चन्द्र व दीपकादिका प्रकाश ही लगता था। जो लिखते वह भी स्वाधीन सूखे ताड़के पत्तोंपर कांटोंसे लिख लेते या बहुत हुवा तो कागज भर्रूकी कलमसे अथवा प्राय:

काठकी पाटीपर लिखकर कंठ कर लेते थे यही समीचीन सरल पद्धति है। उनके अल्प और सादे वस्त्र जिसमें दर्जीकी जरूरत नहीं थी, रहते थे। सिरपर बाल नहीं रखते थे जिससे तेल व कंघीकी भी जरूरत न पड़ती थी। उनके पास धन सम्पत्ति न रहती जिससे चोरोंका भय हो। वे और उनकी पुस्तक १-२ बर्तन व वस्त्र मात्र रहते थे तब निराकुल हो (संसारिक चिंताओंसे रहित हो) कर पढते थे।

सब—वाह कैसा सादा जीवन था !

अमृत—यह तो ठीक है, पर गुरुओंका खर्च कैसे चलता था ?

जय०—ठीक है सुनो, मुनियोंके गुरु आचार्योंको तो कुछ चाहिये ही न था, और गृहस्थाचार्योंको गृहस्थजन सीधा (भोजन सामान और वस्त्रादि) भेंट दिया करते थे तथा उनके बच्चोंके लग्नादिके समय गृहस्थजन सहायता किया करते थे और कहीं२ राज्य व पंचोंकी ओरसे इनको कुछ जागीर रहती थी, इसलिये वे लोग पढ़ाईके बदले कुछ भी द्रव्य न लेकर विद्याका मूल्य कायम करते थे। आजकल जैसा न था—गुरु लोग गुरु ही थे, नौकर न थे। नौकरीमें दीनता होती है। महत्त्व व भक्तिभाव नहीं रहता।

अ०—पिताजी ! समझा, अब इस ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रमकी बाबत कुछ परिचय पानेकी इच्छा है।

जय०—अच्छा सुनो ! श्री वीर नि० सं० २४६७ में अक्षयतृतियाके शुभ अवसरपर ऐलक पन्नालालजी महा०के करकमलों द्वारा श्री हस्तिनापुर क्षेत्रमें यह आश्रम खुला था। उस समय त्यागमूर्ति बाबा भागीरथजी वर्णी, महात्मा भगवानदीन व ब्र० गेंदनलालजीने इसे सम्हाला, पश्चात्, बाबाजी स्वस्वाभावानुसार विरक्त हो चले गये। कई कारणोंसे म० भगवानदीनजीको भी छोड़ना पड़ा। ब्र० गेंदनलालजीका स्वर्गवास होगया। तात्पर्य—प्रारम्भमें ही संरक्षक विना होगया। बाद ब्र० शीतलप्रसादजीने सम्हाला, परन्तु भ्रमणके कारण फिर भी व्यवस्था न बनी तब ब्र० ज्ञानानन्दजीने बागडोर सम्हाली, परंतु उन्हें भी कालने अपना महिमान बना लिया। तबसे फिर भी डावाडोल स्थिति होगई, सवैतनिक कार्य करनेवालोंमें ऐसा कोई इस बीचमें न मिला जो इसे अपनाकर सच्चे हृदयसे चलाता। हर्ष इतना ही है कि जीवित अभीतक है।

अमृत०—तब जयपुर कब व कैसे आया ?

जय०—आजसे लगभग ९ वर्ष पहिले जलवायु फेरफार करनेको चौमासेमें यहां आया था, क्योंकि वर्षातमें वहां (हस्तनापुर) का जलवायु बिगड़ जाता है, सो तबसे यहीं रहा, यहांवालोंने इतने दिन तक चलाया परन्तु अब आगे.... इसलिये किसी योग्य स्थानकी खोजमें हैं।

अ०—तब अभी इसका कार्य कैसे चलता है ?

जय०—गत ज्येष्ठ मासमें पंडितवर्य गणेशप्रसादजी वर्णी न्यायाचार्यने इसकी संरक्षकी स्वीकार करके, त्यागमूर्ति बाबा भागीरथजी वर्णी और धर्मरत्न पं० दीपचन्दजी वर्णीको क्रमशः अधिष्ठाता तथा उपअधिष्ठाता पदकी स्वीकारता कराकर भेजा है। परन्तु......

अमृ०—परन्तु क्या ?

जय०—बेटा ! ये लोग त्यागी व्रती कहाते हैं,

सो घर छोड़ा और फिर आकुलतामें पड़ना यह तो विपरीत बात है। त्यागी और आश्रम (संस्था)से क्या सम्बंध? इसीसे ये लोग इसे छोड़कर जानेवाले हैं। वास्तवमें ये कार्य गृहस्थ जनोंके हैं। त्यागियोंके माथे डालना अनुचित है।

सब—निःसंदेह त्यागी व्रतियोंको ऐसे जिम्मेदारीके कार्योंमें फंसकर अपने धर्मध्यानमें बाधा नहीं डालना चाहिये।

अमृ०—तब इसका कार्य कैसे चलेगा?

जय०—यदि किसी मथुरा जैसे तीर्थपर कायम होकर रहे और वहांके सज्जन सम्हाल करना स्वीकार कर लेवें तो बराबर चलता रहेगा। अभी इसमें लगभग २० बालक हैं, और आरहे हैं, कार्य ठीक चल रहा है। १ अंगरेजी मेट्रिकवाले मास्टरकी और जरूरत है सो आजावेगा।

अमृ०—आश्रमका उद्देश क्या है?

जय०—छात्रोंको १८ या २१ वर्षकी अवस्था तक ब्रह्मचारी रखकर तथा उनको उच्च धार्मिक संस्कृत और अंगरेजी (व्यावहारिक) शिक्षा देकर सद्गृहस्थके योग्य बनाना।

अमृ०—उद्देश तो अच्छा है।

जय०—हां! अच्छा तो है, परन्तु समाज जब पूरा पाड़े तब न।

अमृ०—क्यों?

जय०—क्योंकि प्रथम तो इसमें लोग २१ वर्षकी उमर तक अपने बालकोंको कुंवारे रखकर रखना नहीं चाहते, दूसरे तीव्रबुद्धि बालक कम आते हैं और आते भी हैं, तो जहां कुछ आगे बढ़नेके योग्य हुए कि भागकर अन्य संस्थाओंमें चले गये। तीसरे निःस्वार्थी सच्चे सेवक (कार्यकर्ता सवैतनिक व अवैतनिक) नहीं मिलते, जो स्वयं आदर्श चरित्र बनकर पुत्रवत् शिक्षा दें व इसे अपना ही समझें, चौथे योग्य स्थानकी कमी, पांचवे द्रव्य (खर्च चलाने)की चिन्ता इत्यादि कारणोंसे उन्नति नहीं पारहा है।

अमृत—तब क्या ये बातें सुधर नहीं सक्तीं?

जय०—बेटा असंभव कुछ नहीं, समाज दृष्टि दे तो ऐसे कई आश्रम चल सके हैं। लोग तीव्रबुद्धि बालकोंको २१ वर्षकी उमर तक नियमपूर्वक रक्खें, अन्य संस्थाएं यहांके छात्रोंको भर्ती न करें, लोग द्रव्यकी मदद करते रहें, व ध्रौव्यफंड करदें, योग्य सम्हाल रक्खें, सदाचारी वयोवृद्ध चिरपरिचित विद्वान् अल्प वेतन पर कार्य करें, और स्थान मथुरा जैसा हो, बस चल जायगा। असलमें निःस्वार्थ सदाचारी विद्वान् कार्यकर्ताओंकी आवश्यकता सब जगह होती है। सब संस्थाएं समाजसे चलीं व चलेंगी, जहां कहीं बिगाड़ हुआ है, वह कार्यकर्ताओं और कर्मचारियोंके प्रमाद, चाटुकारी व स्वार्थ आदि दुर्वासनाओंके कारणसे ही हुआ है। त्यागी विद्वानोंकी देखरेख मात्र ही काफी है उनपर किसी उत्तरदायित्व पूर्ण पदका भार या द्रव्यादिकी चिंता नहीं डालना चाहिये।

सब लोग—भैया ठीक है, त्यागियोंकी देखरेख रहनेसे और उनकी आज्ञा प्रमाण कार्य चलानेसे धर्माचारकी रक्षा रहती है और कार्य तो ये सब गृहस्थोंके ही चलानेके हैं। अच्छा अब रात्रि बहुत हुई, सोजाइये, बोलो पंचपरमेष्ठी भगवानोंकी जय। दीपचन्द्र वर्णी।

श्वेताम्बर जैनोंके आगम ग्रन्थ।

[ले०—बा० कामताप्रसादजी जैन, सम्पादक "वीर" अलीगंज।]

अपने गत लेखमें हम श्वेतांबरोंके सातवें अंग 'उपासकदशा सूत्र' के प्रथम व्याख्यानका दिग्दर्शन कर चुके हैं। दूसरे व्याख्यानका प्रारंभ चम्पाके गृहस्थ कामदेव और उसकी स्त्री भद्राके कथानकसे होता है। जम्बूस्वामी सुधर्मास्वामीसे प्रश्न करते हैं और उसके उत्तरमें यह व्याख्यान कहा जाता है।

कामदेवने भी आनन्दकी तरह बारह व्रत श्रावकके ग्रहण किये और वह यथाविधि उनका पालन करता रहा। एकदा रात्रिके समय उसको धर्मसे चलित करनेके लिए एक देवने उसपर विशेष उपसर्ग किए। वह चतुर्दशीका दिन था और कामदेव प्रोषधोपवासमें लीन था। उसने धीरतासे देवकृत उपसर्ग सहन किये। देव हताश हुआ और उसने प्रगट होकर कामदेवसे क्षमा याचना की और कहा कि 'देवलोकमें उसके धर्माचरणकी प्रशंसा सुनकर वह परीक्षा निमित्त आया था।' देवके चले जानेपर कामदेव भगवान महावीरकी वंदनाके लिए बाहर 'पुण्णभद्द चैत्य' में गये। वहां भगवानने उसके ऊपर जो घटना घटित हुई थी वह बतला दी। यहां भी भगवानको पुण्णभद्द नामक चैत्य (मंदिर)में अवस्थित बतलाया है; परन्तु चंपाके इस खास मंदिरमें भगवानके समवशरणकी रचना किस तरह होजाती होगी? सारांशतः दिगम्बर शास्त्र इस विवरणसे सहमत नहीं हैं।

अगाड़ी कहा गया है कि उपरान्त भगवानने निर्ग्रन्थ साधु और साध्वियोंसे जोकि उनके साथ थे, कामदेवसे बढ़कर दृढ़ता रखनेका उपदेश दिया। ("अज्जो" इ समणे भगवं महावीरे बहवे समणे निग्गन्थे य निग्गन्थीओ य आमन्तेत्ता एवं वयासी। "जइ ताव, अज्जो, समणो वासगा गिहिणो गिहिमज्झा वसन्ता दिव्व माणुसतिरिक्खजोणिए उवसग्गे सम्म सहंति जाव अहियासेंति, सक्का पुणाइं, अज्जो, समणेहिं निग्गन्थेहिं दुवालसङ्ग गणिपिडगं अहिज्जमाणेहिं दिव्वमाणुसतिरिक्खजोणिए सम्मं सहित्तए जाव अहियासित्तए" ॥ ११९ ॥) इससे यह प्रगट होता है कि श्वेताम्बरोंके अनुसार भगवानके साथ केवल मुनि और आर्यिका ही रहते थे। व्रती श्रावकोंको उनके साथ रहनेकी आवश्यक्ता नहीं थी परन्तु दिगम्बर शास्त्र इससे सहमत नहीं हैं। उनके अनुसार भगवानके संघके साथ मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविका चारों ही रहते थे। अस्तु, वह व्रती गृहत्यागी श्रावक श्राविका भगवानके सामान्य श्रद्धानी अनुयायियोंसे अलग समझना चाहिए।

अगाडी कहा गया है कि भगवान महावीरका विहार अन्यत्र होगया और कामदेवने समाधि मरणसे मरण करके स्वर्गलाभ किया। इसपर गौतमस्वामीने भगवान महावीरसे उसकी बाबत पूछा तो मालूम किया कि वह वहांसे चयकर

विदेहक्षेत्रसे मुक्त होगा। इसके साथ ही दूसरा व्याख्यान पूर्ण होता है। इस व्याख्यानसे भी प्रकट है कि गौतमस्वामी भगवानके साथ सदैव रहते थे। उनके लिये यह उचित नहीं था कि वह भगवानसे अलग रहकर विहार करते, जैसे कि श्वे०के 'उत्तराध्ययनसूत्र'में है, जिसका उल्लेख हम पहिले कर चुके हैं।

तीसरे व्याख्यानमें बनारसका उल्लेख है और वहांके भी राजा जितशत्रु बताए गए हैं। बनारसके पास ही 'कोट्टग' नामक चैत्य (मंदिर) था। वहीं चूलनीपिया नामक गृहस्थ निवास करता था, जिसकी पत्नी सामा थी। एकदा भगवानका समवशरण बनारसमें आया और बहुतसे लोग दर्शनार्थ बाहर गए। इनके विषयमें भी वे सब बातें घटित हुईं जो कि आनन्दके साथ हुई थीं। गौतमस्वामीने इसकी बाबत भी भगवानसे पूछा था। वह भी धर्म नियमोंका पालन दृढ़ताके साथ करता बताया गया है। एक रात्रिको एक देवने आकार इनपर भी उपसर्ग किए और इनके पुत्रादिको मारनेका भय दिखाया। इसपर यह ध्यानसे विचलित होगए। मोहके आवेशमें रोषसे यह उस देवको पकड़नेके लिए उठे परन्तु देव लुप्त होगया। उसके चीत्कारको सुनकर उसकी मां वहां आई और सब बातें सुनकर उससे प्रायश्चित्त लेनेके लिए कहा। चूलणीपियाने प्रायश्चित्त स्वीकार किया और धर्म साधन करके स्वर्गलाभ किया। इस तरह यह तीसरा व्याख्यान समाप्त किया गया है।

चौथे व्याख्यानमें भी वहीं बनारसके एक अन्य गृहस्थ सुरादेव और उसकी स्त्री धन्नाकी कथा है। भगवानके समवशरणमें इस गृहस्थने भी आनन्दकी तरह व्रत लिए थे और इसके भी वैसे ही सब बातें घटित हुई थीं, जो कि हम पहिले देख चुके हैं। सुरादेवके समक्ष भी रात्रिके समय एक देव उपसर्ग करने आया था, जिससे वह ध्यानसे चलित होगया अतः अपनी स्त्री धन्नाके कहनेपर प्रायश्चित्त स्वीकार करने और धर्माचरण करनेसे उसने स्वर्ग लाभ किया। विदेहसे वह मुक्तिलाभ करेगा यह कहा गया है। इस तरह यह व्याख्यान भी पूर्ण होता है।

पांचवे व्याख्यानमें आलभिया नगरके चुल्लसयग गृहस्थ और उसकी स्त्री बहुलाका कथानक दिया हुआ है। इसमें भी चुल्लसयगके श्रावकके व्रत ग्रहण करने, देवका धन सम्पदा ले जानेका भय दिखानेसे ध्यानसे चलित होने पुन धर्म साधन कर स्वर्गसुख पानेका उल्लेख है।

छट्ठे व्याख्यानमें कंपिलपुरके कुंडकोलिय और उनकी स्त्री पूसाकी कथा वर्णित है। कंपिलपुरके भी राजा जियसत्तु बतलाए गए हैं। इस ग्रंथमें सर्वत्र जियसत्तु राजाका ही उल्लेख आया है जो ठीक नहीं है। तथापि कंपिलपुरके पास 'सहस्र आम्र वन' भी बतलाया है। कनिंघम साहबने कंपिलपुरको दक्षिण पाचाल देशकी राजधानी बतलाई है और लिखा है कि यहां अब भी कई जैनमंदिर हैं—

(See Cunningham's Arch. Reports, Vol. I. p 255 (Plate II), & Vol. XI p. p. 11, 12. Also Ind. Ant. Vol IV. p. 111).

वह कुंडकोलिय जैन श्रावक था। एक रोज

दोपहरके समय इसने उपाश्रयके पवित्र पदपर अपने नामकी अंकित मुद्रा और दुपट्टा रख दिया। उपरांत वह भगवान महावीरसे ग्रहण किए हुए व्रतोंको पालता हुआ आनन्दसे रहा। फुटनोट द्वारा बतलाया गया है कि इस तरह मुद्रा रखनेका रिवाज पहिले था। जैन स्तूपों आदिकी खुदाई होनेपर ऐसी मुद्रायें निकली हैं। डॉ० हार्नलेने पंजाबसे प्राप्त मुद्राओंका विवेचन 'Proceedings of the Asiatic Society of Bengal for Sept. 1884में किया है। उससे भी यह बात प्रकट है तथापि कनिंगघम साहबकी Arch: Survey Reports Vol. XI. pp. 35, 89, Vol. III, p. 157, Vol. X, p. 5 से भी यही प्रकट है। आजकल भी ऐसे पट्ट (चबूतरे) शत्रुंजय आदि तीर्थोंपर मिलते हैं। अस्तु,

इस तरह जब कुन्दकोलिय धर्मसाधन कररहा था तब एक देव उसके समक्ष आया बतलाया गया है। इस देवने कुण्डके रक्खे हुए मुद्रा और दुपट्टा उठा लिए थे। उसने कुन्दसे कहा कि 'मक्खलिगोशालका धर्म अच्छा है। तू उसका अनुयायी बन जो पुरुषार्थको नहीं मानता है—सब वस्तुओंको परिणामाधीन बतलाता है। महावीरका धर्म अच्छा नहीं है जो पुरुषार्थको मानते हैं। इसपर कुन्दने देवको युक्तियोंसे पुरुषार्थका होना आवश्यक बतलाया। देव लाजवाब हुआ और उसने मुद्रा और दुपट्टा वहीं रख दिया और वह विदा हो गया। इससे यह विदित होता है कि यह मुद्रा आदि शास्त्रार्थकी घोषणारूपमें उसी तरह जाती होंगी जिस तरह वादके लिए नाद करना। डॉ० हार्नलेने फुटनोट द्वारा मक्खलिगोशाल और महावीरका पारस्परिक संबन्ध प्रकट किया है और श्वे०के भगवतीसूत्र १५ का अनुवाद भी दिया है जिसमें गोशालका विवरण है। इसका दिग्दर्शन भी यथावसर करना आवश्यक है। अस्तु;

अगाडी कहा गया है कि इसी समय भगवान महावीरका आगमन कंपिलपुरमें हुआ। कुण्डकोलिय उनकी वंदना करने गया। भगवानने उसे देवकृत वार्ता ज्योंकी त्यों बतला दी। पुन. आपने 'साथियों' (his venerable companions)को लक्ष्यकर उनसे कहा, जिनमें मुनि और आर्यिका थे, कि 'तुमको भी इसी तरह विधर्मियोंकी मिथ्या मानताओंका खण्डन करना चाहिये।' यहां भी भगवानके समवशरण व विहारमें साथ रहनेवाले केवल मुनि और आर्यिका ही बतलाये गये हैं। श्रावकोंको घरमें रहनेवाला (गिहिमज्झावसत्ता) बतलाया गया है किन्तु यह समझमें नहीं आता कि श्रावकोंका आदर्श विशेष चारित्रके धारी निर्ग्रन्थ मुनियोंके समक्ष रखना किस तरह उचित था? जिस संघके श्रावक इतने दृढ़ थे उस संघके मुनिजन तो और अधिक दृढ़ होना चाहिये। उनके चारित्रका प्रभाव श्रावक, श्राविकाओंपर पड़ना चाहिये, परन्तु यहांके उक्त वर्णनसे ऐसा मालूम होता है कि जिन मुनिजनोंको लक्ष्य कर यह कहा गया है, उनमें इतनी दृढ़ता नहीं थी। और यह है भी ठीक क्योंकि यह शास्त्र उन आचार्यों द्वारा संकलित हुआ है जो प्राचीन मार्गसे स्खलित होगये थे और जिनमें पूर्वापेक्षा

स्वर्गीय उदासीन त्यागी लालारामजी–उदासीनाश्रम, इन्दौर।

(मुनि अवस्थामें गत वर्षमें परतावगढ़में समाधिमरण; पासमें उदासीन त्यागी पं० पन्नालालजी गोधा बैठे हुए हैं।)

Jain Vijaya Press, Surat.

शिथिलाचार आगया था। यदि यह बात इस प्रकार न होती तो उक्त प्रकारका उपदेश होना असंगत था। अस्तु;

उपरान्त कुन्दकोलियने धर्मसाधन करके इस गंभुखलाभ किया, जिस प्रकार आनन्द आदिने किया था, यह कह गया है और इसके साथ ही यह व्याख्यान पूर्ण किया गया है।

इसके बाद डॉ०सा०ने संक्षेपमें 'भगवतीसूत्र' के सय १५ उद्देश १का संक्षिप्त अनुवाद दिया है, जिससे मंखलिगोशालका चरित्र प्रकट है। कहा गया है कि गोशाल मंखलिपुत्रका जन्म श्रावस्तीके निकट स्थित सरवण सन्निवेसमें हुआ था। इसका बाप मंखलि और मां भद्दा थी। गऊशालामें जन्म हुआ इस कारण माता पिताने इसका नाम गोशाल रक्खा था। बड़े होकर वह भी 'मंख' (भिखारी) बन गया। इसी समय भगवान महावीरने भी गृह त्यागकर मुनिभेष धारण किया था। मुनि अवस्थाके दूसरे वर्षमें वे राजगृहके निकट नालन्दामें विराजमान थे। गोशाल भी घूमता फिरता वहीं पहुंच गया। राजगृहके परुयात धनिक विजय द्वारा भगवानका विशेष आदर होता देखकर गोशालने भगवानका शिष्य होनेकी अभिलाषा प्रगट की, परन्तु भगवानने इन्कार कर दिया। भगवान कोल्लाग पहुंचे जहां ब्राह्मण बाहुलने उनको आहार दिया। गोशाल उनको राजगृहके आसपास ढूंढ़ता रहा। उनको न पाकर उसने अपने कपड़े-लत्तों आदिका त्याग करके बाह्मण विदाई ली। रास्तेमें उसे कोल्लाग भी पड़ा और वह वहां ठीक उसी समय पहुंचा जिस समय बहुतसे लोग बहुलके उक्त आहार दानकी प्रशंसा कर रहे थे। यहां फिर गोशालने भगवान महावीरसे अपना शिष्य बना लेनेकी प्रार्थना की। उनकी यह प्रार्थना भगवानने स्वीकार कर ली और फिर वे दोनों जने साथ २ छः वर्षतक पणियभूमिमें रहे। डॉ० सा० कहते हैं कि 'भगवती' का यह कथन कल्पसूत्र (१२२)से ठीक नहीं बैठता। वहां कहा गया है कि भगवानने पणियभूमिमें केवल एक वर्ष ही व्यतीत किया था। इसके अतिरिक्त यह भी ठीक नहीं है कि भगवान जब स्वयं छद्मस्थ थे तब उन्होंने गोशालको अपना शिष्य बनाया हो। श्वे०के एक अन्य मान्य ग्रन्थसे हम पहिले देख चुके हैं कि भगवान छद्मस्थ अवस्थामें बोलते नहीं थे, मौनव्रतका अभ्यास करते थे। इस अवस्थामें उनके इस अन्य अंग ग्रन्थका उक्त कथन बाधित होता है और इन मतभेदोंसे भी हम यह कहनेको बाध्य होते हैं कि उपलब्ध श्वे० आगम ग्रन्थ वास्तवमें द्वादशांग श्रुत नहीं हैं।

उपरांत 'भगवतीसूत्र' में बतलाया गया है कि एकदा वे दोनों जने सिद्धत्थगामसे कुम्मगामको जा रहे थे। मार्गमें उन्हें एक लताविशेष फूली हुई मिली। इसे देखकर गोशालने भगवानसे पूछा कि 'लताका नाश होगा या नहीं और फिर उसके बीज कहां प्रकट होंगे' महावीरजीने उत्तरमें कहा कि 'लताका नाश होगा, किंतु उसके बीजोंसे फिर उसकी उत्पत्ति होगी।' गोशालने इसपर विश्वास नहीं किया। उसने लौटकर लताको नोंचकर फेंक दिया। होनीके सिर इसी समय वर्षा भी होगई, जिससे उसकी

मह हरी होगई और उसमें बीज लग आए। उधर महावीर और गोशाल कूर्मग्रामको चले गए। ग्रामके बाहिर उन्होंने वेश्यायण नामक तपस्वीको उल्टे खड़े हुए धूपमें तपने और जुओंसे भरा देखा। गोशाल इस दृश्यसे भीत हुआ और उसपर कटाक्ष किया। वेश्यायणने क्रोधमें आकर उसे मंत्रसे नष्ट करना चाहा, परन्तु महावीरजीने दया लाकर उसको बचा लिया। दिगम्बर शास्त्र इस कथनसे सहमत नहीं होंगे और न उनमें गोशालकी कथा इस ढंगपर दी हुई है। खैर!

यहांपर भगवानने गोशालको तपस्याके बल मंत्रादि जाननेका रहस्य समझाया। उपरान्त वे सिद्धार्थग्रामको लौटे तो रास्तेमें वही लताविशेष फिर दृष्टि पड़ी। गोशालने भगवानको उनके कथनकी याद दिलाई [illegible] नहीं हुई हैं और [illegible] रहे हैं। महावीरने कहा कि उनका कथन ठीक उतरा है। गोशालने ही उसको नष्ट किया था, किंतु वर्षाके कारण वह लता पुनः जीवित होगई और उसमें बीज भी पड़ गए हैं। सब पेड़ोंकी यही हालत है।" गोशालने इसपर भी विश्वास नहीं किया और पेड़के बीजोंको खुद देखा तो वहां प्रत्युत्पन्न बीजके दाने मौजूद थे। इस प्रकार भगवानका कथन ठीक पाकर उसने यह परिणाम निकाला कि केवल वृक्षलता ही नष्ट होनेपर फिर उसी शरीरमें जीवित होती हों यही बात नहीं है [illegible] अनेक जीवित प्राणी इसी तरह पुनः उसी शरीरमें जीवित (Re animate) होसक्ते हैं। भगवान महावीर गोशालकी इस मान्यतासे सहमत नहीं हुए। गोशाल इसपर उनसे अलग होगया और तपश्चरणका अभ्यास करके उसने मंत्रवाद (magic)में कुछ योग्यता पाली। इसपर वह अपनेको 'जिन' कहने लगा और आजीविक सम्प्रदायका मुखिया बन गया। उसका मुख्य स्थान श्रावस्ती था। गोशाल जब अपने साधुजीवनके २४ वें वर्षमें वहां ठहरा हुआ था तो छह दिशाचर उसके निकट आए थे। उनके साथ उसने सिद्धांतोंके विषयमें निश्चय किया था। उसने अपने सिद्धांत 'पूर्वों'के एक भाग 'महानिमित्तों'से लिया था। इस सम्बंधकी खबर भगवान महावीरको उनके मुख्य शिष्य इन्द्रभूति गौतमने दी थी, जब वे श्रावस्तीमें आगए थे। गोशालने महावीरजीसे कहला भेजा था कि यदि वे उसके शिष्योंसे छेड़छाड़ करेंगे तो वह उनको मंत्रशक्तिसे नष्ट कर देगा। भगवानने उसको जिनत्व स्वीकार नहीं किया था और उन्होंने अपने अनुयायियोंको उससे मिलनेको मनाई कर दी थी, यह कहा गया है।

उपरान्त बतलाया गया है कि गोशालने स्वयं भगवानके निकट आकर कहा था कि "तुम मुझे अपना शिष्य मानते हो; परन्तु वह तुम्हारा गोशाल शिष्य तो मृत्युको पा चुका है। मैं जो हूं सो वास्तवमें कुन्डियायणीय हूं जो अपने सातवें और अंतिम भवमें है और जो गोशालके शरीरमें प्रविष्ट होगया है। उसी शरीरको मैं अभी भी धारण किये हुए हूं।" फिर उसने अपने मन्तव्यों आदिको प्रगट किया, भगवानने उसके इस कथनको स्वीकार नहीं किया इसपर गोशाल भगवानको गाली देने लगा।

भगवानके शिष्य सुवणभुइने गोशालको इस नीचतासे रोका; जिसपर गोशालने उसे अपनी मंत्रशक्तिसे नष्ट कर दिया। इसी कारण भगवानके एक अन्य शिष्य सुणक्खत्तको भी उसने नष्ट कर दिया था। यह देखकर स्वयं भगवान महावीरने उसको रोका, बतलाया गया है। जिसपर गोशालने अपनी नाशकारिणी विद्याका प्रयोग उनपर भी किया; किंतु विद्याने भगवानका कुछ न बिगाड़कर स्वयं उसको ही जला दिया। गोशालने समझा कि उसकी विद्या कारगर हुई है सो वह कहने लगा था कि भगवान छह मासके भीतर ही बुखारसे मृत्युको प्राप्त होंगे किन्तु भगवानने कहा कि उनकी मृत्यु होना कठिन है वह अभी १६ वर्ष और जिनरूपमें जीवित रहेंगे, पर गोशाल सात दिनमें जीवनान्त कर जायगा। दिगम्बर जैनशास्त्र श्वे०के इस ग्रन्थके उक्त कथनसे किसी अंशमें भी सहमत नहीं होंगे। जैन सूत्र और दिगम्बर तीर्थंकर भगवान-का चारित्र इष्ट-अनिष्ट, शत्रु-मित्र, सबमें सम और समान और हितपूर्ण होता है। वह रोषसे परे और बदला लेनेके भावसे दूर हैं। यह बात श्वे०के आचाराङ्गसूत्रके कथनसे भी स्पष्ट है। वहां जैन मुनिके लिए समभाव रखनेका स्पष्ट उपदेश दिया हुआ है, जैसे कि हम पहिले अपने एक लेखमें देख चुके हैं। किन्तु यहांपर उसका कुछ भी ध्यान नहीं किया गया है और भगवानको एक साधारण पाखंडीकी भांति लड़ते-झगड़ते प्रगट किया गया है। इसलिए श्वे०के इस ग्रन्थ-भगवतीसूत्र के वर्णनके याथातथ्यको स्वीकार करना यथार्थताका गला घोंटना है। हम नहीं समझते श्वेताम्बराचार्यका इस तरह पूर्वापर विरोधित और तीर्थंकर भगवानकी अवज्ञा करनेवाले वर्णन लिखनेमें क्या भलाई इष्ट है? श्वे०के अन्य प्राचीन ग्रंथों—आचाराङ्गसूत्र, कल्पसूत्र आदिमें जहां भगवानका चरित्र दिया गया है, वहां उपरोक्त बातोंका कहीं जरा भी उल्लेख नहीं है। इससे यही समझ पड़ता है कि उक्त श्वे० सूत्रके रचयिताने अपने मनोनुकूल गोशालकी नीचता जाहिर करनेके लिए इसप्रकारकी रचना की है। वैसे दिगंबर और बौद्ध ग्रंथोंसे प्रमाणित है कि गोशाल भगवान महावीरका शिष्य नहीं था। वह पहले पार्श्वनाथजीकी शिष्य-परंपराका एक जैनमुनि था। इस विषयका विवेचनात्मक वर्णन 'वीर' वर्ष ३ अंक १२-१३, और 'दिगम्बर जैन' के २४५१ के विशेषांकमें तथा हमारी "भगवान महावीर" नामक पुस्तकमें देखना चाहिए। अस्तु;

आगे ही कहा गया है कि गोशाल और महावीरजीके उक्त झगड़ेकी शुहरत तमाममें होगई। सभ्यपुरुष भगवानके कथनको मान देने लगे। भगवानने अपने शिष्योंको गोशालके पास जाकर वाद करनेको कहा, क्योंकि वह इस समय अस्वास्थ्य अवस्थामें था। इसपर वे गये और उनने शास्त्रार्थ किया। गोशालको क्रोध तो बहुत आया, परन्तु वह अपने पक्षकी पुष्टि नहीं कर सका। इसपर उसके आजीविक अनुयायियोंने आकर भगवानकी शरण ली। भगवतीसूत्रके इस सूत्रसे भी हमारे उक्त कथनकी पुष्टि होती है। श्वेताम्बराचार्यको गोशालको हरतरहसे नीचा दिखाना इष्ट है और अपनी इस धुनमें वह

योग्य अयोग्य बातोंको भी भूल गए हैं। क्या यह सम्भव है कि भगवान महावीर जो कि तीर्थंकर थे, वह गोशालकी अस्वस्थावस्थामें उसे खिजाने और दिक करनेके लिए अपने शिष्योंको उत्साहित करते ? क्या यह उनके लिए शोभनीय और उनके चारित्रके अनुकूल था ? सचमुच श्वेताम्बर लेखक गोशालके ऐसे जानी दुश्मन मालूम होते हैं कि वह अपनी दुश्मनीके कषैले रंगमें सत्यको भी रंग गए हैं। अनुचित वर्णन करते भी नहीं हिचके हैं। ऐसी दशामें उनके कथनपर विश्वास करना भी कठिन हो जाता है। दि० शास्त्रोंकी समानतामें गोशालका यह वर्णन बिल्कुल असत्य दीखता है। इतना कहनेका साहस हमको उसके अयथार्थ, पूर्वापरविरोधित और अनुचित वर्णनोंको देखकर होगया है। वरन् हम सहसा ऐसी कोई भी बात नहीं कह सकते थे।

अन्तः गोशालके बावत कहा गया है कि वह श्रावस्तीमें जाकर बुरी तरहसे नाचते, गाते, सुरापान करते, हालाहला नामक कुम्हारिनसे प्रेमालाप करते आदि रीतिसे अपनी अंतिम गतिको प्राप्त हुआ। इस समय आजीविकोंके 'अट्ठचरमाइम' आदि सिद्धांत भी गोशालके ऐसे ही कृत्योंसे स्वीकृत हुए थे। गोशालने अन्तमें अपने जिनत्वसे अस्वीकारता भी प्रगट कर दी थी, और कह दिया था कि भगवान महावीर ही अंतिम तीर्थंकर हैं। इस घटनाके बाद कहा गया है कि भगवान श्रावस्तीसे विहार कर गए और वे घूमते फिरते मिंधियगामके निकट अवस्थित साळकोट्टय नामक चैत्यमें आए। इस ग्राममें रेवती नामकी एक गृहस्थिन रहती बतलाई गई है। यहींपर कहा गया है कि भगवानको एक प्रकारका संक्रामक ज्वर चढ़ आया था। इसपर लोग यही समझने लगे थे कि गोशालका कहना ठीक होगा। श्रावक भयभीत होगए। सीह नामक उत्कृष्ट श्रावकको इतना भय हुआ कि वह फूट २ कर रोने लगा। इसपर भगवानने उसको सान्त्वना दी और कहा कि अभी तो हम १६ वर्ष तक और जीवित रहेंगे। इस कथनसे यह स्पष्ट है कि इस समयके पहिले ही भगवान सर्वज्ञावस्थाको प्राप्त होगए थे। क्योंकि श्वे० और दि० दोनों ही शास्त्र भगवानकी कुल आयु ७२ वर्षकी और उनका सर्वज्ञ होना करीब ४२ वर्षकी अवस्थामें मानते हैं। डॉ० हार्णले साहिबने 'भगवतीसूत्र' के अनुसार भगवानका जीवनक्रम इस तरह बतलाया है:—

भगवानने गृह त्याग किया....३० वर्षकी अवस्थामें
,, का गोशालसे समागम....२ , के बाद
,, और गोशालके साथ रहना....६ वर्ष तक
गोशाल जिन होनेतक अकेला रहता है....२ ,,
,, जिनरूपमें रहता है........१६ वर्षतक
भगवान गोशालके उपरांत जीवित रहे....१६ ,,
भगवानकी पूर्ण आयु........७२ वर्ष

इसके डॉ० सा० कल्पसूत्रकी गणनासे ठीक बैठते बतलाते हैं तथापि वे यह भी कहते हैं कि छद्मस्थावस्थाके १२ वर्षोंमेंसे भगवानने एक वर्षसे कुछ अधिक समय तक वस्त्र धारण किया था, उपरान्त वे नग्न होगए थे। यह कथन 'कल्पसूत्र' (११७) के अनुसार है, जिसका विवेचन हम पहले कर चुके हैं। इसी समय

गोशालका समागम हुआ था और भगवानने उसको शिष्य बनाया था यह 'भगवतीसूत्र'का कथन है। बाकीके १० वर्षोंमें भगवानने ६ वर्ष गोशालके साथ बिताये और फिर वे अलग हो गए। अलग होनेके ४ वर्ष बादतक भगवान छद्मस्थ ही रहे। दूसरी ओर प्रकट है कि भगवानसे अलग होनेके दो वर्षके भीतर ही गोशाल ने अपनेको 'जिन' प्रकट किया था। अतएव इससे स्पष्ट है कि जिस समय भगवान सर्वज्ञ हुये थे उस समय गोशालको अपने आपको 'जिन' प्रकट किए हुए २ वर्ष होचुके थे। इस तरह इस विवरणसे स्पष्ट है कि भगवानने छद्मस्थ अवस्थामें ही गोशालको शिष्य बनाया था, जो ठीक नहीं है जैसे कि हम पहले देख चुके हैं। दूसरे यहांपर यह भी दृष्टव्य है कि कतिपय विद्वानोंका कहना है कि जब दूसरे वर्षमें महावीर गोशालसे मिले तब उनने नग्न भेष धारण किया था, इसलिए गोशालसे ही उनने यह नग्न भेष स्वीकार किया था। परन्तु उनका यह कथन 'भगवतीसूत्र'के उपरोक्त वर्णनको जरा होशियारीसे पढ़नेसे बाधित होता है क्योंकि वहां कहा गया है कि जबतक गोशाल भगवानको मिला नहीं था तबतक वह नग्न नहीं था—भगवानसे मिलनेके बाद ही उसने कपड़े लत्तोंका त्याग किया था। यथा:

"Gosala thinking that Mahavira had again gone into Rājagṛha, vainly sought him in the city and its suburbs. Failing to find any trace of him, he returned to the weaver's shed, gave away his clothes vessels shoes and pictures to a brahman, shaved off his hair and beard and in despair Departed" p 1212 Uvasag: App p 2.

इस दशामें वह नग्न नहीं माना जासक्ता, जिसका प्रभाव भगवान पर पड़ा हो। अन्य श्रोतोंसे अवश्य ही यह प्रमाणित है कि आजीवक नग्न रहते थे; परन्तु 'भगवती' में गोशालको आजीवक संप्रदायसे संबंधित भगवानसे अलग होनेके उपरान्त बतलाया है अतएव गोशालका प्रभाव भगवानपर पड़ा स्वीकार नहीं किया जासक्ता। अस्तु;

ऊपर जो 'भगवतीसूत्र' में सर्वज्ञ भगवानको बुखार आया लिखा है, वह "दिगम्बर जैन मान्यताके खंडनरूपमें है।" दि० शास्त्रोंका कथन है कि तीर्थंकर भगवानके उदयमें वेदनीय कर्मका अभाव होजाता है, इसलिए वे रोग, शोक, भूख, प्यास आदिसे परे हैं।

अगाड़ी कहा गया है कि भगवान महावीरने सीहसे यह भी कहा था कि वह रेवतीके पास जाकर उससे कहे कि दो कबूतरोंकी आवश्यक्ता नहीं है जो वह भगवानके लिए पका रही है, बल्कि वह उन मुर्गोंका मांस भेजदे जिसको एक रोज पहले एक बिल्लीने मार डाला है। यह कथन जैनधर्मके अहिंसा सिद्धान्तके बिल्कुल विरुद्ध है। दि० और श्वे० दोनों संप्रदायोंके गृहस्थ इसप्रकारके हिंसा उपदेशसे आज सहमत नहीं होंगे। सचमुच अपने शैथिल्यको पुष्टि देनेके लिए एवं अपने शास्त्रोंको प्राचीन सिद्ध करनेके लिए ही इस तरहका विवेचन किया मालूम होता है। हम अपने एक पहलेके लेखमें

यह कह चुके हैं कि श्वे० के आगम ग्रंथ बौद्धोंके त्रिपिटक ग्रंथोंके ढापर लिखे गए हैं और यहांपर भी वही सदृशता है। बौद्धोंके यहां मृतपशुओंका मांस खानेकी मनाई नहीं है। म० बुद्धने कईबार मांसाहार किया था। वही नकल यहां भगवतीके उक्त कथनमें दृष्टि पड़ रही है, परन्तु यह बात स्वयं बौद्धग्रन्थोंके जैनधर्मके अहिंसा सिद्धान्तके वर्णनसे भी बाधित है, जैसे कि हमने अपनी पुस्तक "भगवान महावीर और म० बुद्ध" में प्रकट किया है तथापि 'भगवती' का उक्त कथन कि मृतमांस भगवानने मंगवाया था, वह श्वे० के 'आचाराङ्गसूत्र' और सूत्रकृताङ्ग' के कथनसे भी बाधित है। आचाराङ्गसूत्रमें 'औद्देसिक' आहार ग्रहण करना मना है और यहां 'भगवती' में भगवानने खास अपने लिए आहार बनवाते दिखाया गया है। और 'सूत्रकृताग' मे बौद्धोंके मृतमांस ग्रहण करनेका निषेध किया गया है। इस दशामें 'भगवती' का यह कथन बिल्कुल ही अटपटासा दीखता है। इसी कारण शायद श्वेताम्बर संप्रदायमें भी इस विषयपर मतभेद है। डॉ० सा० फुटनोटद्वारा बतलाते हैं कि उक्त प्रकारका भाव है वह शब्दार्थ है, जिससे कतिपय विद्वान् सहमत हैं परन्तु कतिपय विद्वान ऐसे भी हैं जो इसका भाव और तरह बतलाते हैं। वे शब्द 'कवोय' (सं० 'कपोत'=कबूतर)का अर्थ कुष्मांडसे लेते हैं और 'मज्जार' (सं० 'मार्जार'=बिल्ली)को एक प्रकारका पौधा बतलाते हैं तथापि 'कुक्कुड़' को 'बीजपुर' का समवाची ठहराते हैं। इस तरह वे यहां मांसका निषेध करते हैं, परन्तु औद्देशिक और बासी शाक ग्रहण करनेकी ओर वे भी चुप हैं। एक तीसरा मत 'कुक्कुड़' का अर्थ 'वायु' का लगाता है और कहता है कि 'बीजपुर' वायुके शमन करनेके लिए आवश्यक है। सारांश यह कि टीकाकार मूलको सुधारनेका प्रयत्न करते हैं। इससे भी यह स्पष्ट है कि जैन अहिंसामें किसी प्रकारका भी मांस किसी अवस्थामें भी ग्रहण करना उचित नहीं बतलाया गया है और जैनमुनि तथा भगवान महावीर उस प्राचीनकालमें भी इसका पालन इसी तरह करते थे, यह बौद्ध पुस्तकोंके उद्धरणोंसे हमारी 'भगवान महावीर और म० बुद्ध' नामक पुस्तकमें प्रमाणित किया गया है। इस दशामें भगवतीसूत्र अथवा श्वेताम्बरोंके अन्य किसी ग्रंथका ऐसा वर्णन कि प्राचीन जैन मुनि मांस खाते थे, कभी भी ठीक नहीं कहा जासक्ता। दिगम्बर शास्त्रोंके यह बिलकुल विरुद्ध है। एक तरहसे यहां खुल्लम खुल्ला हिंसा और शिथिलाचारका पोषण किया गया है, जो जैन धर्मको कलंकित करनेवाला है। जिन भगवान महावीरने हिंसाकाण्डका अन्त भारतसे कर दिया, उन्हीं अहिंसाके अवतार भगवान महावीरको हिंसा कार्य करते दिखलाना उनका घोरतम अपमान करना है। यदि जैनियोंको उनमें विनय है तो उनके प्रति इस अपमानको शीघ्रतम धो डालना चाहिये।

श्वेतांबर भाइयोंको यह भी ध्यानमें रखना चाहिए कि वेदनीय कर्मके उदयाभावमें तीर्थंकर भगवानको रोग, शोक भूख, प्यास आदि साधारण कमजोरियां कैसे सता सक्ती है, जो

उन्हें अमुक२ प्रकारके भोजनकी आवश्यकता हो? इसलिये उनको दृढ़ताके साथ ऐसे कथनोंका सुधार कर देना उचित है। साथ ही यह भी न भुला देना चाहिये कि इन श्वेताम्बर आगम ग्रन्थोंकी पुनरावृत्ति ईसाकी सातवीं शताब्दिमें की गई बतलाई जाती है तो उस समय अपने शिथिल आचरणको पुष्टि देनेके लिए किसीने ऐसे विवरण रख दिये हों तो कोई आश्चर्य नहीं। इसपर गम्भीर विचार करके हमारे श्वे० भाइयोंको भगवान महावीरके अतिशय पवित्र और दिव्य जीवनपर जो झूठा धब्बा लगता है, वह मेट देना चाहिये—अपने शास्त्रोंका सुधार कर देना लाजमी है; क्योंकि उनके यह कथन दि० सम्प्रदायके शास्त्रोंमें ही नहीं, बल्कि स्वयं उनके और बौद्धशास्त्रोंके कथनोंसे असत्य सिद्ध होते हैं, जैसे कि हम ऊपर और अन्यत्र अपने 'भगवान महावीर और म० बुद्ध" नामक पुस्तकमें प्रमाणित कर चुके हैं। अस्तु!

उपरान्त 'भगवती'में कहा गया है कि सीहने वही किया और रेवतीका बनाया हुआ माल भगवानको लाकर दे दिया, जिसको खाकर वे एकदम स्वस्थ हो गये। किन्तु क्या यह सत्य वर्णन है? जब एक सामान्य साधु भी अपने रोगको शमन करनेकी चिन्तासे औद्देशिक वस्तु ग्रहण नहीं करता है, तो फिर भला तीर्थङ्कर भगवानके लिए यह कैसे संभव है? और फिर भी मांस! संभव है इसका ठीक अर्थ वही शाकादि हो जैसे कतिपय विद्वानोंका कथन है; परन्तु इस दशामें भी भगवानका यह कार्य उनके आदर्शके अनुकूल नहीं है।

आगाड़ी मक्खलिगोशालका स्वर्गलाभ और वहांसे चयकर पुण्ड्रदेशके सयद्वार नामक नगरका महापद्म नामक राजा होना, निर्ग्रन्थ साधुओंको त्रसित करने और अन्तः सुमंगल नामक जैनसाधु द्वारा उसका नष्ट होना वर्णित है। फिर उसके अनेक भवोंका उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि वह विदेहसे 'मुक्तिलाभ करेगा'। इसतरह 'भगवतीसूत्र' में गोशालका कथानक वर्णित है, जिसकी रचना गोशालको नीचा दिखानेके लिए अच्छे ढंगसे की गई है। इस रूपमें उसको ऐतिहासिक सत्य स्वीकार करना मुश्किल है। यही मत आधुनिक विद्वानोंका है। (देखो डॉ० बाहआकी 'आजीवकस' नामक पुस्तक)। अस्तु;

ज़िंदगी।

किस कामको भला है, तुझको ये प्यारी ज़िंदगी?
क्या कभी सोचा है यह, यों ही गुज़ारी ज़िंदगी?
इश्क़में फंसकर बुतोंके, दरबदर मारा फिरा।
हाथ क्या आया तेरे? आख़िर बिगारी ज़िंदगी॥
छोड़कर भगवद्भजन, दुनियांके धंधोंमें फंसा।
आजकल करते हा करते, खोई सारी ज़िंदगी॥
क्या देशकी तरक्की. क्या कौमकी भलाई।
कुछ भी करी न तूने, नाहक़ गुज़ारी ज़िंदगी॥
क्या पता दमका अरे, जाने निकल कब जायगा।
तो भी खबर कुछ भी नहीं, क्या है हमारी ज़िंदगी?
सैकड़ों आए यहांपर, और यों ही चल बसे।
लेकिन न कुछ उनका निशां है कैसी ख़्वारी ज़िंदगी॥
यों तो कुत्ता भी भरै है, पेट अपना देख लो।
पेट ही बस भरचुके तो. क्या तुम्हारी ज़िंदगी॥
बस तुझे लाज़िम है 'प्रिय', नेकी करनेपै उतर।
ताकि हो तेरी जहांमें, सबसे प्यारी ज़िंदगी॥

पन्नालाल जैन "प्रिय",
पार्सल क्लर्क–सम्बावन।

नवयुवकोंकी जिम्मेदारी।

(लेख०- ब्रा० जैनधर्मभूषण धर्मदिवाकर ब्र० शीतलप्रसादजी महाराज)

जैन समाजकी दशा अतिशय शोचनीय है, यह बात सर्व जैनियोंको मान्य है। बड़े-बूढ़े भी कहते हैं कि हमारे ग्राममें इतने घर थे अब इतने रह गए। हम लोग बड़े मजबूत थे। हमारे लड़कोंमें दम नहीं—हम लोक बड़े निराकुल थे, अब तो बड़ी आकुलता है।

किसी शोचनीय दशाका सुधार करनेके लिये साहस और पुरुषार्थकी जरूरत है। यदि किसी संगमर्मरके घरमें कूड़ा करकट बहुत भरा हुआ हो जिससे वह घर महान् गंदा दिखता है तो उस घरको शुद्ध करनेके लिये यदि साहस और पुरुषार्थ किया जायगा तो वह सारा कूड़ा घरसे बाहर फेंक दिया जायगा और वह घर साफ होजायगा। इसी तरह जैन समाजमें जो अविद्या, अनैक्य, घोर जातिमद, घोर कुलमद, घोर विद्यामद, व्यर्थ व्यय, मिथ्यात्व, कुरीति आदि कूड़ा भरा हुआ है इसके निकालनेके लिये भी घोर साहस और पुरुषार्थकी जरूरत है।

यह साहस और पुरुषार्थ शिथिल खूनवालोंमें नहीं होसक्ता है। ये उनहीमें पाया जासक्ता है जिनका बहता हुआ, खौलता हुआ, चचल तरंगें लेता हुआ जोशवाला रुधिर है।

अर्थात् नवयुवक ही इस साहस और पुरुषार्थके अधिकारी हैं, उनहीके आश्रय हैं व उनहीकी जिम्मेदारी है कि वे कमर कसें और शिथिल शरीरवालोंकी आलस्ययुक्त बातोंको न सुने कि कूड़ा पड़ा है तो क्या होता है, यह घर तो ऐसा ही चला आया है। हम तो इसी ही घरमें रहते हुए सुखी हैं किन्तु उनकी ढीली पोची प्रमादयुक्त बातोंको अनसुनी कर दें और वे यदि तिरस्कार करें, गालियां दें, दंड दें व अपने पास बैठनेसे मना करें तौभी उनकी बकवादमें न आवें किन्तु जिस तरह हो कूड़ा समाजसे बाहर कर दें। जैसे स्वच्छ संगमर्मरका घर देखकर कौन ऐसा है जिसको आनन्द व सन्तोष न होगा? उसी तरह निर्मल समाजको देखकर कौन ऐसा है जो प्रसन्न न होगा?

चीन देशमें जो क्रांति होरही है और स्वातंत्र्य अपना उदय जमा रहा है, उसके कर्ता धर्ता वहांके विद्यार्थी नवयुवक ही हैं। अतएव जैन समाजके नवयुवकोंको निर्भीक होकर उठना चाहिये और कमर कसकर इस सब कूड़ेको निकाल बाहर करना चाहिये। सबसे पहिले अविद्याको मिटाना चाहिये क्योंकि सर्व बुराइयोंका जड़ अविद्या है। ज्ञान ही हमें सत् असत् विचार करनेकी शक्ति प्रदान करता है। ज्ञानहीसे मनमें दृढ़ता आती है जिससे हम किसी बुराईका छोड़ सकें व किसी गुणको ग्रहण

कर सकें। बिना उच्च विद्याके उच्च विचार नहीं होसकते। धर्मकी रक्षा धार्मिक ज्ञानसे तथा धनका आगम लौकिक ज्ञानसे होता है इसलिये उच्च धार्मिक और लौकिक ज्ञानके लिये एक किसी मध्यस्थानमें एक सेन्ट्रल जैन कालिज या महाविद्यालय स्थापित कराना चाहिये जिसमें उभय प्रकारकी विद्या लेनेके उच्च साधन हों। जैन कौमके प्रवीण विद्वानोंको उचित है कि इसकी सेवामें अपना जीवन अर्पण कर दें। या तो बिना कुछ लिये ही सेवा करें या अपना निज खर्च मात्र लेकर काम करें। इस महाविद्यालयमें ऐसा नियम किया जावे कि किसी भी छात्रसे फीस नहीं ली जायगी इस कारण जैन छात्र व अजैन छात्र अधिक संख्यामें आयेंगे। रहनेको आश्रम हो चाहे झोंपड़ियें ही क्यों न हों जिसमें सर्व भारतके छात्र आकर सुखसे रह सकें व विद्या लाभ कर सकें। जैनधर्म सीखना सबके लिये आवश्यक रक्खा जावे। स्वतंत्र विद्यालय हो, सर्कारसे सम्बंध न रक्खा जावे। भिन्न२ विभागोंके द्वारा शिक्षा अनेक प्रकारकी ऐसी आवश्यक दी जावे जिससे विद्यार्थी स्वतंत्रतासे अपनी आजीविका कर सकें। इसमें दो विभाग हों—एकमें ऐसे छात्र तैयार हों जिनको धार्मिक मुख्य व लौकिक गौण शिक्षा दी जावे, दूसरे लौकिक मुख्य व धार्मिक गौण शिक्षा दी जावे। जो जैन छात्र हों उनको धर्माचरण भी कराया जावे। यदि हमारी समाजके विद्वान भाई तैयार होजावें तो यह कार्य कुछ भी कठिन नहीं है। इस कार्यमें सर्व जनोंको मिल जाना चाहिये। मिल करके ही इस महान कार्यको सम्पादन करना चाहिये। दिगम्बर व श्वेताम्बर अपनी२ आम्नायके अनुसार धर्म मार्वे ऐसी स्वतंत्रता कर देनी चाहिये। इस कार्यके साधनमें कालोंके धनकी भी जरूरत है जो भिन्न२ सम्प्रदाय कदाचित् न पूरा कर सके किंतु यदि सब मिलके करेंगे तो अवश्य पूर्णता हो जायगी। दि० व श्वे० कुछ पूर्ण विद्वान नवयुवकोंको इस कामका बीड़ा उठाकर ऐसे कार्यकी योजना (scheme) तय्यार करके भारतमें एक दौरा लगा देना चाहिये। पर्याप्त धन संग्रह होना दुर्लभ नहीं है।

२—समाजमें ऐसा उद्यम करना चाहिये कि हरएक लड़का व लड़की विद्याभ्यास करे, उनका शरीर दृढ़ बनाया जावे। उनका मन साहसी व वीर बनाया जावे, उनकी आत्मामें आत्मज्ञान भरा जावे, उनको आत्म—रक्षाका उपाय बताया जावे।

३—योग्य सम्बंध मिलानेके लिये विवाहका क्षेत्र विशाल करना चाहिये। जितने जैन हैं वे परस्पर सम्बंध कर सकें, ऐसा मार्ग खोल देना चाहिये। लड़की लड़केको भी परस्पर अपना भेद समझा देना चाहिये जिससे जीवनमें अनमेल न हो। ११ वर्ष व २० वर्षके पहिले क्रमसे लड़की व लड़केकी शादी नहीं करनी चाहिये।

४—शादीमें विवाहकी एक रस्म करनी चाहिये, और उसमें यह नियम होजाना चाहिये कि एक मासकी आमदनीसे अधिक कोई खर्च न करे। यदि कोई २५) माह कमाता है वह इतने हीमें सर्व काम पूरा करे। एक दफे अपने सम्बंधियोंको जिमावे। यदि २५) में न

होसके तो केवल उनको जलपान ही करावे। अधिक धनशाली व्यक्ति मामूली विवाहकी रस्ममें कम खर्च करे व शेष धनको लड़की व लड़केको दें तथा विवाहकी स्मृतिमें दान करें।

५–यदि कोई इस उम्रसे पहले विवाह करे उसमें तथा यदि कोई अनमेल विवाह और वृद्ध विवाह करे व पैसाका ठहराव करके विवाह करे या मरणका जीमन करे तो ऐसे कार्योंमें कोई नवयुवक बिलकुल शामिल न होवे। यदि घरमें भी ऐसा काम हुआ हो तो उस दिन कहीं बाहर चला जावे। अन्याय व अयोग्य वर्तावसे असहयोग किये विना समाजकी आंखें नहीं खुल सकी हैं।

६–सर्व नवयुवक यह नियम करें कि हम स्वदेशी वस्तु ही यथासम्भव काममें लेंगे। यथा संभवका अर्थ यह है कि जो वस्तु आवश्यक है पर वह देशमें नहीं बन रही है उसको छोड़कर सर्व स्वदेशी वस्तु ही काममें लेवें। कपड़े तो वे ही पहनें जो हाथके बुने हुए हों–मिलोंकी परतंत्रताका जिनमें सम्बन्ध न हो। ऐसे ही कपड़े स्त्रियोंको पहनावें। रेशमी, विदेशी व मिलके कपड़ोंका त्याग करें।

७–परदेका रिवाज बिलकुल हटा दें। स्त्रियोंका मन स्वच्छ करावें। उनको साहस देवें कि वे अपना काम स्वयं कर सकें व अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। दो चार स्त्रियें मिलकर स्वच्छ हवामें घूमने जाया करें। घरका कैदखाना उनके शरीरको पनपने नहीं देता है। उनमें परिश्रमकी आदत डलवावें। बाजारकी पनचक्कियोंके पिसे आटेका त्याग करें। मांसाहारी, मद्यपायी धीवरोंके हाथके भरे पानीका त्याग करें। स्त्रियोंके ही आधीन यह काम करें कि वे स्वयं पानी भरकर लावें, आहार तय्यार करें व रसोई बनावें, इससे शरीर परिश्रमी होगा, पराधीनता मिटेगा व शुद्ध आहारपान प्राप्त होगा।

८–वासी भोजन–पानकी प्रथाको हटावें। बालकोंको भी ऐसा भोजन दें। ताजा मर्यादाका भोजन ही लाभकारी होता है।

९–घरमें गाय भैंस पालें, उनहींसे जो दूध पैदा हो उसीको ही पियें व उसीसे ही घृत आदि निकालकर खायें। बाजारका अशुद्ध घी, दूध त्याग करें, ये शरीरको लाभकारी नहीं होते क्योंकि मिश्रित व अशुद्ध होते हैं। नवयुवकोंको कमर कसना चाहिये और ये सारे सुधार जो आवश्यक हैं उनको बलपूर्वक जारी कर देना चाहिये। जैसे तुर्कमें मुस्तफा कमालपाशाने अपने समाजकी काया पलट कर डाली, परदा हटा दिया, शिक्षाका प्रचार किया आदि आदि। उसने आज्ञासे किया। नवयुवक नमूना बनकर करा सक्ते हैं। हरएक नवयुवक अपने कुटुम्बमें सुधार करे, देखादेखी रीतियें प्रचलित होजायंगी।

नवयुवकोंको यह ध्यान रखना होगा कि वे निन्दासे न डरें। बिलकुल निडर होकर अपना कर्तव्य पालन करें। जो अपनी स्त्री किसी बातको न माने उसके साथ सत्याग्रह करके उसे ठीक करदें।

हम पहले ही कह चुके हैं यदि साहस और पुरुषार्थके साथ नवयुवक तय्यार होजांयगे तो जैन जातिका सुधार १० वर्षके भीतर बिलकुल

कुछसे कुछ होजायगा। इसमें सन्देह नहीं कि उनको बहुत उपसर्ग सहने पड़ेंगे। पंचायतें बहिष्कार करेंगी, इस बातको भी सहकर सर्व देशके नवयुवकोंको अपना अलग ही संगठन कर लेना चाहिये। बहिष्कार पाए हुए ही जब बहुत संख्यामें होजायगे और बलपूर्वक अपना काम करते ही चले जायगे तब उनके वृद्ध पिता माताको भी उनहीकी बातको कबूल करना पड़ेगा और अविचारसे भरा हुआ पंचायती बलका सत्यानाश होगा।

क्या यह अन्याय नहीं है कि छिंदवाड़ेके नाथूलालको जिसने जैनशास्त्रोंकी साक्षीसे विरुद्ध कोई अयोग्य काम नहीं किया है मंदिरमें पूजा करनेसे रोका जावे, जातिसे अलग किया जावे? नवयुवकोंको इसका साथ देना चाहिये व अलग चैत्यालय स्थापित कर इस वीर उपजाति-विवाह करनेवाले नाथूलालके साथ होकर पूजा शुरू कर देनी चाहिये। सब नवयुवकोंको पुरानी पंचायतसे स्तीफा देदेना चाहिये। जब-तक ऐसी दृढ़ता व वीरता नवयुवक न बतेंगे कभी भी समाजका सुधार न होगा। पुरानी लकीर-पर चलनेवालोंका नाकमें दम कर देना चाहिये तब ही वे ठिकाने आयंगे और समाजमें सुधारके सुहावने फूल खिल सकेंगे।

प्यारे नवयुवकों! समाजकी नैय्या तुम्हारे हाथमें हैं। तुम चाहो तो उन्नतिके तटपर पहुंच सक्ता है अन्यथा अवनतिके गर्तमें डूब तो रही ही है—१००वर्षमें डूब जायगी। बौद्धोंके समान जैनियोंके मंदिर व मूर्तियां तो मिलेंगी परन्तु जैनी कोई नहीं मिलेगा। यदि इस जैन समाजको मरणसे बचा-नेकी कुछ भी दया है तो कमर कसो—और अपना संगठन बना डालो। बातें न बनाकर काम शुरू करदो, रहन सहन सादा रखके अपना मन मात्र समाजको शिक्षित बनानेमें ही व्यय करडालो—समाजको बलपूर्वक घसीटकर उन्नतिके मार्गमें लेजाओ। जो रोके उसकी बात मत सुनो। कष्ट दें कष्ट सहो पर अपने सच्चे संकल्पको वीर आत्माओंकी तरह पूरा करो। यदि तुम श्री महावीरस्वामीके सच्चे भक्त हो तो वीर बनो और जैसे श्री महावीरस्वामीने उपसर्ग सह किसी भी तरह कर्मशत्रुओंका संहार करके स्वा-त्मोन्नति कर डाली वैसे तुम भी कष्ट सहकर समाजोन्नतिके विरोधियोंका दमन करके समाजो-न्नति करडालो, प्रमादको त्यागो, बाट मत देखो, संकोच मत रक्खो, सत्य मार्गपर आरूढ़ होजाओ और वीर भगवानका नाम लेते हुए बढ़े चले जाओ।

कवित्त घनाक्षरी।

क्योंरे मस्ताना दिल, देखि क्या लुभाना,
ये जाना ना जमाना, पलदमका ना ठिकाना है॥
खाना नहिं देत दाना, ओढ़त है तू खजाना,
सो यहीं छोड़ जाना, सङ्ग खाना नहिं जाना है॥
तेरो दिल जाना, और भाई बन्धु नाना,
सब चाहत कमाना, प्यार झूठा दिखलाना है॥
यातें समझाना ठीक आनो, चेत जाना 'प्रिय',
फेरिहु न माना तो, काम ना बनाना है॥

पन्नालाल जैन "प्रिय"।

स्वास्थ्य ।

(ले०—आयुर्वेदाचार्य पं० सत्यंधरजी जैन वैद्य, छपारा)

"शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनं"

वास्तवमें दुनियांमें सब प्राणियोंके शरीरसे उत्कृष्ट मनुष्यका शरीर ही है। अधिकतर मनुष्य शरीरहीके साधन संसारमें बहुत पदार्थ हैं क्योंकि समस्तप्राणियोंकी अपेक्षा मनुष्य ही सबसे अधिक ज्ञानवान् है क्योंकि मनुष्य शरीरसे ही निराकुलतामय मोक्ष-सुख प्राप्त होता है इसलिये समस्त प्राणियोंको चाहिये—कि इस मनुष्य शरीरकी सदैव रक्षा करते हुए निरोग रहें तथा मोक्षाभिलाषी होकर ज्ञानपूर्वक संयम पालते हुए इस मनुष्य जीवनको सफल बनावें, क्योंकि मोक्ष प्राप्ति करना ही मनुष्य जीवनकी सार्थकता है। यदि हमने इस उत्तम मनुष्य जन्मको पाकर भी मोक्ष प्राप्ति तथा उसके उपायोंको नहीं खोजा तो यह मनुष्य जीवन पाना वृथा ही है।

शरीरको स्वस्थ रखनेका सबसे पहिला उपाय ब्रह्मचर्य ही है। ब्रह्मणि=आत्मनि चर्यते इति—ब्रह्मचर्यम्—अर्थात् अपने उपयोगको, मनकी प्रवृत्तिको, आत्मध्यानको विषयवासनाओंसे तथा संसारके इतर पदार्थोंसे हटाकर केवल अपने आत्मामें ही रमण कराना सच्चा ब्रह्मचर्य है। इसका खुलासा इसप्रकार है कि अपने और परायेका स्वरूप जानकर अपनी वस्तुको ही अपनी वस्तु मानकर उसीमें रमण करना और दूसरी वस्तुको दुखदायी जानकर उससे सदैव पृथक् रहना—बस इसीका नाम ब्रह्मचर्य है।

वास्तवमें दुनियांमें प्राणी तब ही दुःखी होता है जबकि दूसरेकी वस्तुमें अपनापना करता है। लोकव्यवहारमें ब्रह्मचर्य दो प्रकारसे पालन होता है—पहिला पूर्ण ब्रह्मचर्य, द्वितीय अर्ध-ब्रह्मचर्य। जो मनुष्य अपनी मनोवृत्तिको वशमें करके संसारभरकी स्त्रीजाति मात्रको पुत्री, बहिन माताके समान समझता है तथा स्त्री संबन्धी कथा, राग बढ़ानेवाली कथाएं कहना, कामोद्दीपक पदार्थोंका सेवन करना, शरीरका श्रृंगार करना इत्यादि बातोंका सम्पूर्ण त्यागकर अपने आत्मामें ही रमण करता है वह पूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत पालनेवाला है। तथा दूसरा जो अपनी स्त्रीमें ही सन्तोष धारण करता है और यथाशक्ति बाह्य साधनोंको भी पालन करता है वह दूसरा ब्र०व्रत पालनेवाला कहलाता है।

वास्तवमें संसारमें ब्रह्मचर्य ही एक ऐसी वस्तु है जो इस लोक तथा परलोक सम्बन्धी दोनों सुखोंको देनेवाला है। अद्यावधि यावत् प्राणियोंने मोक्ष सुख प्राप्त किया है तथा संसारमें प्रतिष्ठा प्राप्त की है वह सब ब्रह्मचर्यके माहात्म्यसे ही। आज स्वामी अकलंक निकलंकदेवजीका नाम संसारमें समस्त प्राणियोंके हृदयमें अंकित है। सेठ सुदर्शनका नाम आज संसारमें जाग्रत है। श्रीसीताजी, राजुलजीका इत्यादि सतियोंका नाम संसारमें क्यों २ प्रख्यात है? बस ब्रह्मचर्यहीके माहात्म्यसे। हम प्रत्यक्षमें अनुभव करते हैं कि जितने भी इन्द्रियोंके विषय हैं वे सब आपातरम्य हैं—अर्थात् सेवन करनेके आरंभमें ही कुछ भ्रमात्मक अच्छे मालूम होते हैं। जैसे शहद लपेटी तलवारकी धार परन्तु

अंतमें जैसे तलवार जिह्वाका छेदन करती है उसी प्रकारसे ये विषय भी हमारे शरीरको नष्ट करते हैं इसलिये इन विषयोंसे बहुत दूर रहना चाहिये। जबतक हम इनको बुरी वस्तु समझकर इनका परित्याग न करेंगे तभीतक हमको असली आत्मीक सच्चे सुखकी प्राप्ति नहीं हो सक्ती इसवास्ते मानवसमाजका कर्तव्य है कि इन इंद्रियजनित विषयोंको दुखदायी जानकर दूरसे ही इनका परिहार कर देवें और अपनी मनोवृत्तिको वशमें करके सच्चा जो निराकुलतामय मोक्ष सुख है उसको प्राप्त करें।

स्वास्थ्य ठीक रखनेका दूसरा साधन शुद्धता तथा स्वच्छता अर्थात् सफाई है। वास्तवमें हमारा देश धार्मिक स्थान है और इसी तरह धार्मिक शुद्धता तो बहुत है किन्तु सफाईका तो बिलकुल ध्यान नहीं है, बल्कि बिना सफाईके हमारी वह धार्मिक शुद्धता भी व्यर्थ होकर अनेक तरहके विकार पैदा करती है और वास्तवमें विचार किया जाय तो सफाई और शुद्धताका अविनाभावी सम्बन्ध है—अर्थात् बिना सफाईके शुद्धता हो ही नहीं सक्ती और जहांपर स्वच्छता बिना शुद्धता है वह वास्तवमें शुद्धता नहीं है। वह केवल दिखावा मात्र है। स्वास्थ्य ठीक रखनेके लिये शुद्धता और सफाई भी बहुत प्रधान कारण है। बिना सफाईके स्वास्थ्य ठीक रहता ही नहीं है, जैसे—१ शरीर शुद्धि, २ भोजन शुद्धि, ३ वस्त्र शुद्धि इत्यादि अनेक प्रकार शुद्धि हैं किन्तु मुख्यतया ऊपर लिखी तीन प्रकारकी ही शुद्धि पालन करनेसे तथा व्यायाम करनेसे ही हमारा स्वास्थ्य ठीक रह सक्ता है।

१—शरीर शुद्धिको ही लीजिये। मल त्याग करके मल निःसरण स्थानको अच्छी तरहसे साफ करना चाहिये। चाहे वह बड़ा पुरुष हो चाहे स्त्री हो चाहे वह बच्चा हो, और बाद हाथोंको स्वच्छ मट्टीसे, स्वच्छ जलसे या उष्ण जलसे साफ करना चाहिये। बहुतसी स्त्रीसमाज प्रायः बच्चोंके मलस्थानको अच्छीतरह जलसे साफ न करके केवल कपड़ेसे ही साफ कर देती हैं जिससे पूर्ण सफाई नहीं होसकी। दूसरे मलक्षेपण स्थान हमारे रहनेके स्थानसे बहुत दूर होना चाहिये जहांसे कि अपने रहनेके स्थानमें वहांसे गंध भी नहीं आ सके क्योंकि वह मलकी गंध हमारे घरोंकी शुद्ध वायुको भी मलीन कर देती है।

हमलोग मूत्र त्याग करके तो प्रायः शुद्धि भी नहीं करते। मूत्र त्याग करनेपर मूत्रका कुछ अंश मूत्रके स्थानपर अवश्य ही लगा रहता है। जबतक वह स्थान जलसे साफ न किया जाय तबतक सफाई व शुद्धि नहीं होसक्ती इसलिये जिस तरह हम लोग मल द्वारको जलसे स्वच्छ करके बाद फिर अपने हाथोंको शुद्ध करते हैं उसी तरह मूत्र त्याग करके भी करना चाहिये तभी हमारी शुद्धता ठीक है। मुखकी स्वच्छतामें प्रति मानव प्राणीको प्रतिदिन बबूलकी या नीमकी दतोनसे अपने दांतोंको साफ करके जिह्वाको भी साफ करना चाहिये। तथा समस्त मुखको साफ करना चाहिये। स्नानकी रीति भी हमारे देशमें नाम मात्रको रह गई है।

स्नानका मतलब यह है कि संपूर्ण शरीरका अच्छी तरह प्रक्षालन करना जिससे शरीरपर जो मैल हो वह सब साफ होजावे । वह ऋतुके अनुसार उष्णकालमें शीतल जलसे और शीतकालमें उष्ण जलसे स्नान करे—इत्यादि । प्रकारसे तो प्रति मानव प्राणीको नित्यप्रति शरीरशुद्धि करना चाहिये तभी उसका मन भी पवित्र रह सक्ता है।

२—दूसरी भोजन शुद्धि—भी परम आवश्यक है क्योंकि इसका प्रभाव मनपर भी होता है। मनका परिणमन भोजनके अनुसार होता है। अतएव मनुष्यको चाहिये कि भोजन बहुत शुद्ध और स्वच्छ ही काममें लावे। जैसे बीघा हुआ अन्न नहीं काममें लाना चाहिये। अनवींधे अन्नका आटा भी वर्षाकालमें तीन दिन तकका, उष्णकालमें ५ दिनका, शीतकालमें ७ दिनका ही काममें लाना चाहिये। इस अवधिसे अधिक अवधि होजानेपर उस आटेमें असंख्यात छोटे २ कीड़े पैदा होजाते हैं। ऐसी अवधिपूर्वक आटेसे बनी पानी मिश्रित जो पुरी कचौडी इत्यादि जो भी कुछ भी पक्वान्न हैं वह भी १२ घंटे तक ही शुद्ध है और स्वास्थ्यको हितकारी है। १२ घंटेके बाद उसमें भी नानातरहके विकार पैदा होजाते हैं और उससे स्वास्थ्यमें हानि होती है। भोजन जलमें सम्मिलित है इसलिये जलशुद्धि भी यहांपर बता देना उचित समझकर लिख देता हूं कि जल समस्त कार्यमें शुद्ध स्वच्छ वस्त्रसे (जो वस्त्र किसी कार्यमें नहीं लिया जाय) छानकर ही काममें वर्तना चाहिये ऐसा जल ४५ मिनट तक ही शुद्ध रहता है बाद फिर छानकर काममें लाना चाहिये। जिस जलका स्वाद लवंग कालीमिर्च वगैरह औषधिसे यदि परिवर्तन कर दिया हो ऐसे जलकी शुद्धता ६ घंटे तक है तथा जिस जलको थोड़ा औंट लिया जाय अर्थात् उबाल लिया जाय उसकी अवधि १२ घंटेकी है। तथा जो जल अच्छी तरह खूब उबाल लिया जाय उसकी अवधि २४ घंटेकी है। अतएव इस विधिसे ही जल व्यवहारमें लाना ठीक है।

३—वस्त्र—शुद्धि—पर तो हमारे देशमें बहुत कम ध्यान देते हैं। कपड़ा चाहे वह कम कीमती हो चाहे खादी हो किन्तु यदि वह स्वच्छ और साफ है तो वह अति श्रेष्ठ है। मैले वस्त्र पहिननेसे मनुष्यकी बुद्धिपर बुरा असर पड़ता है उसकी मनोवृत्ति स्वच्छ नहीं रहती। अतएव जहांतक होसके शुद्ध स्वदेशी वस्त्र ही धारण करना चाहिये—जिनमें कि पशुओंकी चर्बीका समावेश न हो। ऐसे वस्त्रोंके पहिरनेसे हमारा कल्याण तथा हमारे देशका कल्याण है।

४—व्यायाम—भी एक स्वास्थ्यके लिये परम आवश्यकीय वस्तु है। व्यायाम करनेसे शरीर सुडोल बनता है, पाचनशक्ति अच्छी रहती है, मन प्रसन्न रहता है, आलस नहीं रहता इत्यादि व्यायाम करनेसे अनेक लाभ हैं अतएव सब मानवोंका प्रधान कर्तव्य है कि वह नित्यप्रति कसरत करे। इस प्रकार मैंने जिन२ बातोंका दिग्दर्शन कराया है यदि मानव अपना स्वास्थ्य ठीक रखना चाहता है तो अवश्य उन बातोंपर अमल करें। आगे समय मिलनेपर फिर कभी इस लेखको विस्तृत करूंगा। (सम्पूर्ण)

अधिष्ठाता कैसे हो ?

(ले०-म० ओ० कंकुबाई-सागवाड़ा)

हितचिन्तक मुख्य अधिकारी हो उनको अधिष्ठाता कहते हैं। सम्पूर्ण देशोंका स्वामित्व जिसको हो वह देशाधिकारी महाराजा कहलाता है, जो प्रान्तका अधिकारी हो उसको राजा कहते हैं, समाजका अधिष्ठाता हो उसको गृहस्थाचार्य अथवा पट्टाचार्य या भट्टारक कहते हैं और जातिके अधिकारियोंको सेठ व संस्थाके अधिकारीको संचालक तथा मुनिसंघके धर्माधिकारीको आचार्य नामसे संबोधते हैं लेकिन ये सब एकार्थवाची शब्द हैं अर्थात् अधिष्ठाता पदको ही सूचित करनेवाले हैं।

यह पद बड़ा जिम्मेदारीका है। उपर्युक्त जिस२ पदके जो २ पदाधिकारी होते हैं उनमें नीचे लिखे हुए मुख्य आठ गुणोंकी बड़ी भारी आवश्यकता है—१ आधारवान, २ आचारवान, ३ व्यवहारवान, ४ प्रकर्ता, ५ अपायोपायदर्शी, ६ अपरस्रावी, ७ अवपीड़क तथा ८ निर्यापक। इनका विशेष खुलासा इस प्रकार है:—

१—आधारवान—प्रत्येक अधिष्ठाता अपने२ योग्य कार्योंको तथा शास्त्रोंके व परंपराके कानूनके आधारको जाननेवाला हो क्योंकि आधारके साथ काम न करनेवाला हो तो मनमानी ऊटपटांग चलाने लग जाय।

२—आचारवान—अधिकारी स्वयं सच्चारित्री, सन्मार्गी और पापभीरु होना चाहिये। विचारके साथ आचार पालनेवाला होना चाहिये और ऐसा होनेपर ही दूसरोंको उन्मार्गसे रोक सकता है क्योंकि जो कोई अपनेको बनाना जानता हो वही दूसरोंको बना सकता है।

३—व्यवहारवान—वर्तमान द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावको जाननेवाला हो अर्थात् देशपद्धति, ऋतुमान तथा व्यक्तिकी परिणती व उनकी स्थिति इत्यादि बातोंका जानकार न हो तो स्वयं भ्रष्ट होकर आश्रितोंको भी भ्रष्ट कर देता है।

४—प्रकर्ता—जो अपने आश्रितोंका हितचिंतक होकर अहर्निश उनका हित करनेमें दत्तचित्त हो, उनको दुःखोंके समय सहायता पहुंचानेवाला हो कि जिसको देखते ही दूसरे भी सहायता करने लग जांय। आपत्तियोंपर घबरानेवाला न हो, कष्ट सहनेमें धीरवीर हो, दूसरोंका कष्ट दूर करनेमें समर्थ हो। उसका असर इतर सज्जनोंके मनपर जरूर होता है और वह अनुकरणीय होता है।

५—अपायोपायदर्शी—आश्रितोंको उनसे बने हुए बुरे कामोंसे होता हुआ अपाय (नुकसान) बताकर उससे सुधरनेका उपाय बतानेवाला हो। मार्गदर्शीके विना सामान्य जनताको सन्मार्ग सूझता ही नहीं। अहितको समझाना तथा हितका उपाय बताना यह भी एक बड़ा भारी गुण है।

६—अपरस्रावी—आश्रितोंके दोषोंको सुनकर अपने मनमें रख लेना, मुंहसे बाहर नहीं निकालना, उन दोषोंका गुप्त रीतिसे प्रायश्चित्त देकर शुद्ध निर्दोषी करना, फिर कभी भी उस दोषोंका स्राव न करना क्योंकि विश्वास दिलाकर पूछे हुए गुप्त दोषोंको प्रगट करनेसे विश्वासघातका दोष लगता है और फिर आगे ऐसे दोषोंको कह नहीं सकता और दोष नहीं कहनेसे निर्दोष होनेका उपाय भी नहीं बन सकता इसलिये प्रेमके साथ विश्वास दिलाकर पूछे हुए

दोषोंको सुनकर प्रसिद्ध नहीं करना यह अधिकारियोंका आवश्यक गुण समझा जाता है।

७—अवपीड़क—आश्रितोंके दोष सरल उपायसे नहीं निकल सकें तो जबरीसे निकालनेमें प्रभावशाली हो; रौबदार, तेजस्वी होके धमकी देकर हितकी इच्छासे दोषोंको निकालनेमें समर्थ हो। जैसे कि "सिंहको देखते ही स्याल अपना खाया हुआ मांस वमन कर देता है" वैसे ही प्रभावशाली अधिष्ठाताको देखते ही अपराधी अपने किये हुये अपराधको उगल देवें।

निर्यापक—यह आठवां निर्यापक नामा गुण अत्यंत आवश्यक है, जो अपने आश्रितोंको ऐहिक तथा पारमार्थिक सुखके साधनमें निर्विघ्नता प्राप्त करनेवाला हो अर्थात् धर्म, अर्थ और काम ये तीनों पुरुषार्थोंको साधकर इस दुःखमय संसार रूपी समुद्रसे पार करनेवाले मोक्ष पुरुषार्थका साधन करनेमें खेवटियाके समान निर्वाहक हो, इस गुणके प्रसादसे जनताको लौकिक और पारमार्थिक याने धार्मिक कार्योंमें सफलता होकर परम सुख होता है।

इन उपर्युक्त आठ गुणोंके न होनेसे यह छः सात मुख्याधिकारियोंके अपने २ अधिकारमें रहनेवाले जीवोंको इह लोक संबंधी तथा परलोक संबंधी सुखका साधन नहीं बनसक्ता है। एक कहावत भी है "जिसका अगुआ अंधा उसका कटक कुएमें" इसलिये जिसको जिस२ कामका अधिष्ठाता बनाया जाय उसके कुलपरंपराको और आचार विचारको तथा उसके शारीरिक, मानसिक तथा वचनकी सुदृढ़ताको देखके और आगे पीछेकी परिस्थितिकी जांच करे।

जोकि लोकप्रिय, प्रभावशाली, जगमान्य, इत्यादि गुणोंकर सहित होनेपर अनुभवी विद्वानोंके द्वारा ही अधिकार दिया गया हो वही अधिकारी अपना राज्य तथा देश, ग्राम, समाज, संस्था और मुनि संघ इत्यादिकी रक्षा करके अपने इष्टसाध्यकी सिद्धि करता हुआ आगेके लिये अनुकरणीय होता है।

उपर्युक्त गुणोंके बिना जांच किये, विधिसे—जैसे तैसे किसीको कोई भी अधिकारी बना देवे, ग्राम या नगरका मुखिया बना देवे और संस्थाओंके संचालक कर देवे तथा आचार्य सरीखे ऊंचे पदको कि जिसको बड़े विद्वान् अनुभवी, संघाधिपति आचार्य ही अपने संघमें परिचित शिष्यको प्रभावशाली देखके उसकी परीक्षा करके और संघकी संमतिसे सबको मान्य ऐसे व्यक्तिको आचार्यपद देकर आत्मध्यानमें लग जाते हैं अथवा संल्लेखना धारण करनेके लिये अन्य संघमें जाते हैं और उनकी आज्ञानुसार ही नूतन आचार्य अपने संघका निर्यापक गुणके द्वारा निर्वाह कर सकता है, नहीं तो वे पदाधिकारी अपनी पदवीको पाकरके जनताको नुकसान पहुंचाते हैं। आजकल पदवियों और अधिकार देनेवाले तथा लेनेवाले बहुत बढ़ गये हैं परंतु शास्त्राधारसे पुरानी पद्धतिका विचार करनेवाले बहुत कम नजर आते हैं। अपनी नामवारीके लिये विशेष विचार न करते हुए जैसे तैसे अधिकारी बना देनेसे समाजका नुकसान हुआ है, हो रहा है, और आगामी अधिकतर होनेवाला है इसलिये अब "गई सो गई, अब राख रहीको" सोच विचार करके अधिकारी बनानेकी कोशिश करें।

जैन मित्र मंडल–देहलीके महावीर जयंती उत्सव (वीर सं० २४५३) के समयका ग्रूप।

कुर्सीपर बैठे हुए–१–ब्र० भगवानसागरजी, २–मनोहरलालजी, ३–गेंदनलालजी, ४–पं० रामचंद्रजी, ५–पं० जुगलकिशोरजी मुख्त्यार, ६–ब्र० शीतलप्रसादजी, ७–रलाराम जज, सभापति (ता० १३–४–२७, ८–रा० बा० मोतीसागरजी, सभापति (ता० १५–४–२७, ९–महावीरप्रसाद एड्वोकेट, सभापति मंडल, १० नहारसिंह ऑडिटर, ११–ज्योतिषरत्न पं० जियालालजी, १२–भोलानाथ मुख्त्यार सभापति, १३–महावीरप्रसाद उपसभापति, १४–पं० व्रजवासीलालजी, १६–रा० ब्र० पारसदासजी।

कुर्सीके पीछे खडे हुओंमें ११वें–उमरावसिंहजी ऑ० सेक्रेटरी, १३वें–हीरालाल पन्नालाल, जोइन्ट सेक्रेटरी, मंडल।

(लेखक:—आयुर्वेदमार्तंड ज्योतिषरत्न पं० जोयालाल चौधरी राजवैद्य रईस फर्रुखनगर)

आज हम अपने प्यारे पाठकवृन्दोंको एक ऐसा नवीन समाचार सुनाते हैं, जो आजतक उनके देखने और सुननेमें भी नहीं आया होगा और इसको देखकर सर्वसाधारण क्या बड़े बड़े विद्वान् भी आश्चर्य्य करेंगे, परन्तु जो कुछ लिखा जाता है, वह पुरातन और सनातन ही है, नवीन या मनोक्त इसमें एक अक्षर तक भी नहीं है।

ज्योतिषविद्या जो ससारमें प्रचलित है, और भूत, भविष्यत्, वर्तमान तीन कालका पता देती है, यह तीर्थंकर भगवानकी ग्यारह अङ्ग चौदह पूर्वके ग्यारहवें कल्याणवादपूर्व (जिसमें छब्बीस करोड़ पद हैं) की कथित विद्या है, और यह आठ ग्रहोंके आधार पर ही निर्भर है।

और निमित्तके स्वप्न-(१) अतरिक्ष, (२) पृथ्वी (भौमि), (३) अंग, (४) व्यजन, (५) लक्षण, (६) स्वर, (७) छिन्न, (८) ये आठ भी ज्योतिषके ही अंग हैं, और इनका ही नाम अष्टाङ्गनिमित्त है। हिन्दूमात्र ज्योतिषविद्याको ब्रह्माका चक्षु कहते हैं और मुसल्मान नजूम व अंग्रेज इम्टरलोजी कहते हैं, और असख्य प्राणी इस विद्याद्वारा आजीविका भी करते हैं, परन्तु आजकल इस विद्याका विश्वास इसके यथार्थ स्वरूपको न जाननेवालोंकी भूलसे कुछ कम होगया है, इसका कारण हम इसके दूसरे भागमें दिखलावेंगे। यहां तो हमको यह दिखलाना है कि यथार्थमें ज्योतिषविद्या क्या वस्तु है? और इसमें तीन कालका ज्ञान प्रकट करनेकी शक्ति क्यों है?

उपरोक्त प्रकार विचार करनेपर हमको अधिक दिनोंकी खोज और बडे२ महात्माओंके सत्संगसे जो कुछ प्राप्त हुआ उसको विद्वानोंके समीप रख निवेदन करते हैं कि इसको पक्षपात रूपी अज्ञानका चश्मा हटाकर निर्मल शुद्ध भावसे अवलोकन कर मेरे परिश्रमपर ध्यान देवें।

कोई ऐसा भी उत्तम समय था जब सर्व संसारमें जैनधर्मका सूर्य ही प्रकाश करता था, और मिथ्या अज्ञानरूपी अमावस्याकी डरावनी रात्रिका सर्वथा अभाव ही था, कारण कल्पवृक्षोंके उजालेमें सूर्य, चंद्र, तारागण कोई भी दृष्टिगोचर नहीं होता था।

आज हमारा यह कहना कि पुराना और सनातन यह जैनधर्म ही है, तो इसको सब कोई स्वीकार करे ऐसा कब निश्चय है।

धर्मार्थकाममोक्षाणाम्!

भावार्थ—धर्म १, अर्थ २, काम ३, मोक्ष ४, ये चार साधन मनुष्य मात्रको अपनी जीवन लीलाके अन्ततक क्रमश: करने योग्य हैं, सो प्रथम ही धर्मका लाभ मुख्य है, परन्तु धर्म क्या वस्तु है? इसको ही ध्यानपूर्वक विचारना

चाहिये। संसारी प्राणी दान देना, दया पालना, पवित्र रहना, तपस्या करना इत्यादिकको ही धर्म समझते हैं, यह उनकी बहुत बडी भूल है। क्योंकि दानादिक देना, व्रत नियमादिकका करना यह धर्मकी आज्ञा पालन मात्र है। ऐसा करनेवाला प्राणी दयावान सुशील धर्मात्मा तो कहा जासकता है परन्तु उसको धर्म शब्दका जानकार नहीं कह सकते, यह बलपूर्वक कहना ही पड़ता है, क्योंकि " वस्तु स्वभावो धर्म " भावार्थ–जिस वस्तुका जो स्वभाव है, वही उसका धर्म है। संसारमे जीव १, पुद्गल २, धर्म ३, अधर्म ४, आकाश ५, काल ६' ये षड्द्रव्य सनातन हैं, इनमें केवल रूपी पुद्गल ही दृष्टिगोचर होता है, शेष पांचोंका जानना केवलज्ञानचक्षुके द्वारा ही निर्भर है। अब हमको यहां पुद्गलहीकी चर्चा करनी है, इसलिये प्रथम उसहीका कथन करते हैं। यद्यपि पुद्गलके सिवाय हमको इस लेखमें कालद्रव्यका भी सहारा लेना होगा, परन्तु प्रथम पुद्गलका विषय पूराकर फिर काल द्रव्यकी भी यथोचित व्याख्या करेंगे।

पुद्गल नाम उस वस्तुका है, जिसको हम संसारमें अपने चर्मचक्षुओंसे देख उसके स्पर्श रस गंधादिक गुणोंका उपयोग निज इंद्रियोंद्वारा लेते रहते है, परन्तु इसका उपयोग जीव आत्मा शरीरमे निवास करता हुआ ही ले सकता है, और पौद्गलिक शरीरका आत्मासे कर्म्मोंके संयोगसे सम्बन्ध है और कर्म्म जड़ हैं। इनके छूटनेपर जीव निर्मल सिद्ध स्वरूप होजाता है, इसमे जड़ कर्म्मोंका पौद्गलिक स्वरूप दिखलाना ही हमारे इस लेखका मुख्य हेतु है।

पुद्गलको नाना रूप रंगवाला देखते हुए भी हम यहां उसको आठ भागोंमें विभाजित करते है और ऐसा करना सनातन कुदरतका ही काम है। हम अपनी कल्पनासे नहीं कहते हैं– "भावार्थ" पीत १, श्वेत २, रक्त ३, हरित ४, पांडव ५, धूसर ६, नीला ७, काला ८, यह उसके मुख्य रंग हैं और पीत १, श्वेत २, रक्त ३, हरित ४, पाडव ५, धूसर ६, नीला ७, काला ८, यह उसकी मृतिकाके भी रंग और गुण हैं। जैसे पीली मृतिका गोपीचन्दन १, श्वेत मृतिका श्वेत सुरमा २, रक्त माटी लाल गेरू ३, हरित जगार ४, पाडव मैनसिल ५, धूसर खड़िया ६, नीली कर्दम माटी ७, काली कोयल ८ तथा पुष्प–सूर्य्यमुखी १, चन्द्रमुखी कुमुदनी २, लाला ३, नागर ४, गैंदा या हारशृङ्गार ५, मोतिया ६, अलसी ७, धन्वन्तरी ८, औषधि-केशर १, कमल २, कुशुम ३, तिलक ४, जावित्री ५, सिन्दूरिया ६, नीलोफर ७, नीला ८, तथा पीत जड १, श्वेत चन्दन २, रक्त चन्दन ३, आमलकी ४, मंजिष्ठ ५, असगन्ध ६, अगस्त ७, अमलतास ८, तथा धातु–स्वर्ण १, चान्दी २, ताम्र ३, मयूरतुत्थ ४, सार ५, पारद ६ नीला सुरमा ७, लोहा ८, तथा उपधातु–स्वर्णमाक्षी १, रूपामाक्षी २, हिङ्गुल ३, तूतिया ४, हरिताल ५, फटकडी व सुहागादि ६, शिलाजीत ७, काला अभ्रक ८, तथा रत्न–माणिक १, मुक्ता २, लाल ३, पन्ना ४, पुखराज ५, हीरा ६, नीलम ७, लहसनियां ८, इत्यादि कहांतक लिखें। अष्टप्रकार पुद्गल विभागका संबध आकाशमें विचरनेवाले ज्योतिषी

देवोंके विमानों (व्योमयानों) से इस प्रकार है। जैसा—कागज़का पतङ्ग (गुड्डी) बना आकाशमें उड़ानेवालेके हाथमें उसकी डोरी रहती है। और सूर्य्य १, चन्द्र २, मंगल ३, बुध ४, बृहस्पति ५, शुक्र ६, शनि ७, राहु ८ ये आठों ही क्रम क्रमसे अपनी अपनी पूर्वोक्त वस्तुओंसे मिश्रित हैं। भावार्थ—ऊपर जो हमने पुद्गलके आठ भाग किये, वे आठो ही ज्योतिषी देवोंके विमान भी क्रमशः उन ही पुद्गल द्रव्योंसे बने है। और यह तो मानी हुई बात है कि जीव चैतन्य और कर्म्म जड हैं। बस ज्ञानावरण सूर्य्य १, दर्शनावरण चन्द्रमा २, वेदनीय—मङ्गल ३, मोहनीय बुध ४, आयु बृहस्पति ५, नाम शुक्र ६, गोत्र शनि ७, अंतराय राहु ८ ये आठों ही हानि, लाभ, सुख, दुःखका बोध करानेवाले जीवोंके साथ अनादि कालसे लगे हुए हैं और जीव शरीरमें—ज्ञान १, दिव्यदृष्टि २, रक्त ३, बुद्धि ४, प्राण ५, वीर्य्य ६, मृत्यु ७, रोग ८ तथा प्रकाश—सूर्य्य १, मन चन्द्रमा २, शरीर मङ्गल ३, ज्ञान बुध ४, जीव बृहस्पति ५, काम शुक्र ६, विनाश शनिः ७, कष्ट राहु ८ ये आठो ही प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हैं।

हमारा इतना विस्तारपूर्वक लिखनेका तात्पर्य यह है कि जिस शरीरमें प्रथम कर्म ज्ञानावरणीयकी विशेषता होगी—भावार्थ इस कर्मका अधिक सद्भाव पाया जायगा, उस शरीरमें सूर्यांश विशेष होगा। इसी प्रकार आठों कर्मोंका आठों ही ज्योतिषी विमानोंसे सम्बन्ध है, और इन ज्योतिषी विमानोंकी उंचाई तथा विस्तार तो बहुत है परन्तु हम सूक्ष्मरूपसे अपने कार्यके योग्य नीचे लिखते हैं—

पृथ्वीतलके सम भागसे सातसौ नव्वे (७९०) योजनकी दूरीपर आकाशमें सबसे नीचे तारागण हैं, और उससे नौसौ (९००) योजनकी दूरीपर ज्योतिष पटलका अन्त हुवा है। यह ज्योतिष पटल एकसौ दश (११०) योजन मोटा है, और इसके चारों ओर बनोदधि है। तारागणके पटलसे दश योजनकी ऊंचाईपर सूर्यविमान है। उससे अस्सी ८० योजनकी ऊचाई पर चन्द्रमाका विमान है। इससे चार योजनकी ऊंचाईपर नक्षत्र पटल है, इससे चार योजन ऊंचाईपर बुद्धका पटल है, बुद्धसे तीन योजन ऊंचाईपर शुक्र विमान है, शुक्रसे तीन योजनकी उंचाईपर बृहस्पति और बृहस्पतिसे तीन योजन ऊंचा मंगल और मगलसे चार योजन ऊंचा शनिश्चर है।

सूर्य, चन्द्र नक्षत्र जो जो नाम ऊपर लिखे गये वे नाम उक्त विमानोमें रहनेवाले ज्योतिषी देवोके हैं। यह सब सूर्य १, चद्रमा २, नक्षत्र ३, तारा ४, ग्रह ५, ऐसे पाचों ही प्रकारके हैं, इनमें चद्रदेवकी आयु एक लाख वर्ष अधिक एक पल्यकी है, सूर्यदेवोंकी एक सहस्र वर्ष अधिक एक पल्यकी है, और शुक्रदेवोंकी सौ वर्ष अधिक एक पल्यकी है, और बृहस्पतिदेवोंकी पौन पल्यकी तथा मङ्गल, बुध, शनि आधा पल्य, तारागणकी पाव पल्य उत्कृष्ट आयु है सो यह आयु देवोंकी है, विमान तो पौद्गलीक रत्नमई जड ही हैं।

यह हम तुम सब प्रत्यक्ष देख रहे है कि कमल वा सूर्यमुखी पुष्प सूर्यके उदयमें प्रफुल्लित

होते हैं, कुमुदिनी चन्द्रमांको देखकर खिलती है, अगस्तका फूल अगस्त मुनिके उदय होनेपर खिलता है, आतशी शीशा सूर्यके प्रकाशमें सूर्यसे अग्निका आकर्षण करता है, चुम्बक पाषाण लोहेको खेंचता है तथा सूर्य्यक्रांतमणिसे अग्नि, चन्द्रक्रांतिमणिसे मिष्टजल टपकने लगता है। पार्श्वपाषाण लोहेका स्पर्श मात्रसे ही स्वर्ण बना देता है यह सब पुद्गलहीका स्वाभाविक विचित्र गुण है।

शब्द जड है, पौद्गलिक है। छन्दोग्रन्थ "पिङ्गल" में आठ गण—मगण १, भगण २, जगण ३, सगण ४, नगण ५, यगण ६, रगण ७, तगण ८, और इनके स्वामी-मङ्गल१, चन्द्रमा २, सूर्य ३, शुक्र ४, बृहस्पति ५, बुध ६, शनि ७, धूम्र ८, इनका वासा—भूमि १, चन्द्रमां २, सूर्य ३, वायु ४, स्वर्ग ५, जल ६, अग्नि ७, भानु मंडलमें। इनका फल लक्ष्मी १, कीर्ति २, रोग ३, देशाटन ४, आयु ५, वृद्धि ६, मृत्यु ७, उन्माद ८ हैं।

तथा रागमालामें सात स्वर १ खरज (स), २ ऋषभ (र), ३ गन्धार (ग), ४ मध्यम् (म), ५ पंचम् (प), ६ धैवत् (ध), ७ निषाद (नि), यह हैं, इनके स्वामी—१ चन्द्रमां, २ बुध, ३ शुक्र, ४ सूर्य, ५ मगल, ६ बृहस्पति, ७ शनिश्चर ये माने गये हैं।

यहां कोई यह शंका करे कि जब पृथ्वीपर कल्पवृक्षोंके सद्भावमें ग्रहादिक तारागण थे ही नहीं उस समय पुद्गलका स्वभाव रूप धर्म कहा था उसका उत्तर यही है, कि यह ज्योतिषचक्र उस समय कल्पवृक्षोंके प्रकाशमें दबा हुआ था परंतु इसका अभाव नहीं था। जैसे—सूर्यके प्रकाशमें तारागण नजर नहीं आते तो उनका अभाव नहीं माना जाता।

प्रत्येक वस्तु अपने स्वभावको लिये हुए सदा सर्वदा उपस्थित रहती है, कालचक्रके द्वारा उसमें उलट पलटका होते रहना वा स्थूलता सूक्ष्मता दृष्ट पडना यह उसके स्वभाव धर्ममें बाधक नहीं होसकता, इस समय काल द्रव्यका वर्णन करना उचित जान पडता है।

रूप, रस, गन्ध, स्पर्श इन मूर्तीक गुणोंसे रहित अमूर्तीक न भारी न हलका एवं वर्तना लक्षणका धारक, कालद्रव्य है। इसके निश्चय और व्यवहार ये दो भेद हैं। जिस प्रकार जीव और पुद्गलके गमन करनेमें धर्मद्रव्य, ठहरनेमें अधर्मद्रव्य और समस्त द्रव्योंको अवकाश देनेमें आकाशद्रव्य सहकारी कारण है, उसी प्रकार समस्त द्रव्योंके परिवर्तनमें कालद्रव्य सहकारी कारण है और जिस प्रकार धर्म अधर्म और आकाश इंद्रियगोचर न होनेपर भी आगम प्रमाणसे माने गये हैं उसी प्रकार कालद्रव्यका भी आगम प्रमाणसे सद्भाव मानना।

जीव और पुद्गलोंका परिवर्तन सदा भिन्न२रूपसे होता रहता है, उसका कारण निश्चय कालद्रव्य है, और घंटा मिनट, सैकिंड, घडी, पल, विपल आदि उसीकी पर्यायें हैं।

समस्त द्रव्योंके परिणमन आदि व्यापार अंतरंग और बहिरंग दो कारणोंसे हुआ करते हैं, उनमें अन्तरंग कारण वस्तुका स्वभाव (योग्यता) है, और बहिरग कारण निश्चयकाल है।

कालपरमाणुओंको निश्चयकालद्रव्य कहते हैं,

सो यह कालाणु एक दूसरेमें प्रवेश न कर असंख्यात प्रदेशी इस लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशमें स्थित हो समस्त लोकाकाशमें व्याप्त हैं। द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षा कालाणु विकृत नहीं होते इसलिये ये उत्पाद और नाशसे रहित होनेके कारण कथंचित् नित्य हैं और सदा अपने स्व-स्वभावमें ही स्थित रहते हैं। कालाणुओंमें अगुरुलघु नामका गुण रहता है, उसमें प्रति समय इनकी पर्यायें पलटती रहती है। इसलिये पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा समस्त कालाणु कथचित् अनित्य भी हैं। समयोंका व्यापार भूत, भविष्यत् और वर्तमानके भेदसे व्यवहार कालके भी तीन भेद होजाते हैं। कालाणु ये अनत समयोंकी उत्पादक हैं इसलिये वे अनन्त शब्दसे पुकारी जाती है। ये कालाणुयें समयकी उत्पत्तिमें कारण हैं, इसलिये इनसे समय उत्पन्न होते रहते हैं, क्योंकि विना कारणके कार्य कभी भी नहीं होता।

कोई कहे कारण विना स्वत. ही कार्य उत्पन्न होजाते हैं तो गधेके शृंग भी होने चाहिये क्योंकि वहां भी कारणोंकी आवश्यकता नहीं है।

समय आदि काल द्रव्यके कार्योंकी यदि काल द्रव्यसे भिन्न किसी अन्य कारणसे उत्पत्ति मानें सो ठीक नहीं क्योंकि चावलके बीजसे मूग, उडद उत्पन्न नहीं होसकते। यदि कहींपर कार्यकी उत्पत्तिमें अन्य कोई विजातीय कारण हो भी जाय तो वह सहकारी कारण ही होता है, उपादान कारण नहीं। इस प्रकार व्यवस्था पूर्वक निश्चय कालका सद्भाव माना है।

समय, आवलि, उच्छ्वास, प्राण, स्तोक और लव आदि व्यवहार काल हैं, उनमें गमनशील पुद्गलका परमाणु मन्दगतिसे जितने कालमें अपने प्रदेशसे दूसरे प्रदेशमें जाय और जिसका भाग दूसरा न होसके उसे समय कहते हैं।

असंख्यात समयकी एक आवलि होती है, संख्यात आवलियोंका एक उच्छ्वास और निश्वास होता है, इन्हींको प्राण कहते हैं। सात प्राणोंका एक स्तोक, सात स्तोकका एक लव, सात लवोंका एक मुहूर्त, तीस मुहूर्तोंका एक अहोरात्र, पंद्रह अहोरात्रका एक पक्ष, दो पक्षका एक मास, दो मासकी एक ऋतु, तीन ऋतुओंका एक अयन, दो अयनोंका एक वर्ष, पांच वर्षका एक युग, दो युगके दश वर्ष, इनके दशगुणे सौ (१००) सौके दशगुणे लाख, इनके सौगुणे करौड़ और चौरासीलाख वर्षका एक पूर्वांग और चौरासीलाख पूर्वांगका एक पूर्व होता है। इसी प्रकार गणितका विशेष विस्तार लिखनेकी यहां आवश्यकता नहीं। कालाणुओंके विषयमें एकमत ऐसा भी माना जाता है।

आंखके अष्टादश (१८) टिमकारेका समय एक काष्टा कहलाता है, तीस (३०) काष्टाकी एक कला, तीस (३०) कलाकी एक क्षण तथा बारा (१२) क्षणोंका एक मुहूर्त इत्यादि। शेष पूर्ववत्।

अब कालद्रव्यकी संख्या कहांतक लिखें।

आदि, मध्य और अंतरहित अविभागी, अतीन्द्रिय मूर्त और एक प्रदेशी परमाणु कहा गया है। इस परमाणुमें एक समयमें एक रस एक वर्ण एक गन्ध और दो स्पर्श रहते हैं, और यह अभेद्य अर्थात् दूसरोंसे भेदा नहीं जासकता है। शब्दका कारण है, किन्तु स्वयं शब्दका धारक नहीं है और इसके सूक्ष्म होनेका एक यह साधारण

दृष्टांत है कि एक हजार नागरपान ले एक दूसरेके ऊपर रख एक लोहेकी सलाईसे उनमें एक प्रहारसे छिद्र करे तब यह निश्चय मानना पडेगा कि सलाई एक पानसे दूसरेमें होती हुई क्रमशः अन्ततक पहुंची। बस ख्याल करो एक पानसे दूसरे तक पहुंचनेका समय कितना सूक्ष्म है?

संसारमें पुद्गलका परिवर्तन जो प्रकट देखनेमे आता है, उसको ही ध्यानपूर्वक विचारनेसे पाया जाता है कि कुदरतके खेल सनातन नियमानुसार चलते हैं, उनसे अनुभव करिये। जैसे पुरुष स्त्रीके योगसे संतान उत्पन्न होती है, परन्तु गर्भ स्त्री ही धारण करती है पुरुष नहीं कर सकता, तथा प्रथम बतलाया गया वस्तुका स्वभाव वही उसका धर्म उसमें फेरबदल नहीं होसकता। ऊपर जो हमने कालविभागमें पुद्गलके एक समय आवलि आदि बतलाकर दिन, रात्रि, पक्ष, मास ऋतु, अयन, वर्षका वर्णन किया, उसका कर्मोंसे क्या क्या सम्बन्ध है, सो भिन्न भिन्न बतलाते है!

एक वर्षके १२ मास, २४ पक्ष, ५२ सप्ताह, ६ ऋतु, २ अयन होते हैं। इनका नाम अपनी अपनी बोलीमें देश भेदसे पृथक२ माना जाता है। जैसे—हमारे क्षेत्रमें चैत्र शुक्लपक्षसे वर्षारम्भ करके चैत्र कृष्णा ३० तक इसप्रकार पूरा करते हैं कि चैत्र शुक्लपक्ष १ से वैशाख कृष्णा ०)) तक इसप्रकार पूरा करते हैं। कि चैत्र शुक्लपक्ष १ वैशाख कृष्ण तथा शुक्ल ३ ज्येष्ठ कृष्ण व शुक्ल ५, आषाढ कृष्ण व शुक्लपक्ष ७ श्रावण कृष्ण व शुक्लपक्ष ९, भाद्रपद कृष्ण व शुक्लपक्ष ११, आश्विन कृष्ण व शुक्लपक्ष १३, कार्तिक कृष्ण व शुक्लपक्ष १५, मार्गशीर्ष कृष्ण व शुक्लपक्ष १७, पौष कृष्ण व शुक्लपक्ष १९, माघ कृष्ण व शुक्लपक्ष २१, फाल्गुन कृष्ण व शुक्लपक्ष २३, चैत्र कृष्णपक्ष २४,। दक्षिणके देशोंमें एक भिन्न भेद है, भावार्थ—जिसको हम चैत्र शुक्ला कहते हैं उसको तो वह भी चैत्र शुक्ला ही कहते हैं, परंतु जिसको हम वैशाख कृष्णा कहते हैं, उसको वह चैत्र कृष्णा कहते हैं। इसी रीतिसे हमारा उनका शुक्लपक्ष तो एक परतु कृष्णपक्षमे एक मासका अंतर रहता है।

और सूर्य राशिसे मेष वैशाख, वृष ज्येष्ठ, मिथुन आषाढ, कर्क श्रावण, सिंह भाद्रपद, कन्या आश्विन, तुल कार्तिक, वृश्चिक मार्गशीर्ष, धन पौष, मकर माघ, कुम्भ फाल्गुन, मीन चैत्र, यह बारह महीने विभाजित है, परन्तु यह दक्षिणवालोंके हिसाबसे ठीक होते हैं। भावार्थ—इसके लिये हमको चैत्र शुक्लपक्ष और वैशाख कृष्णपक्ष मिलाकर मेषका सूर्य मानना होगा, और यह चन्द्रमासका स्थूल मत है। सूर्यसंक्रातिके हिसाबसे तो मेषसे लेकर मीन पर्यंत १२ मास तथा वृष मिथुन ग्रीष्म, कर्क सिंह पावस, कन्या तुला शरद, वृश्चिक धन हेमंत, मकर कुंभ शिशिर, मीन मेष वसंत, ये ६ ऋतु हैं, और कर्क, सिंह, कन्या, तुल, वृश्चिक, धन, इन ६ राशियोंमें सूर्य दक्षिणायण कहलाता हुआ दक्षिणको झुका हुआ उदय होता है, और मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन इन ६ राशियोंमे सूर्य उत्तरको झुकता हुआ उदय होता है और उतरायणका कहलाता है। सूर्यकी चालपर ३६५$\frac{1}{4}$ दिन ३१ पल ३० विपलका एक वर्ष होता है। यूरुपियन (अंगरेज) लोग भी ३६५$\frac{1}{4}$ दिनका

एक वर्ष मानते है और उनके १२ महीने—जनवरी दिन ३१, फेब्रुवारी २८, मार्च ३१, अप्रैल ३०, मई ३१, जून ३०, जौलाई ३१, अगस्त ३१, सितम्बर ३०, अक्टूबर ३१, नवम्बर ३०, दिसम्बर ३१ दिनके होकर ३६५ दिन पूरे करते हैं। अंगरेजोंका जो वर्ष चारपर पूरा बट जाय उसमें फेब्रुआरी २९ दिनका होजाता है इससे ३१ पल ३० विपलका अन्तर इनकी और सूर्यकी चालमें रहता है। १३ अप्रैलके निकट मेषका सूर्य होता है।

अब देखिये, एक वर्षमें मेषसे लेकर मीन तक १२ सूर्य व्यतीत होते हैं और वही १२ महीने सूर्य मास कहलाते हैं। चन्द्र मासके १२ महीने कभी ३५४ कभी ३५५ दिनके हुआ करते हैं और यह भी कभी तीसरे वर्ष अधिक मास होनेसे कुछ पूरी होजाती है। भावार्थ—३३ वर्षमें १२ अधिक मास होते हैं।

एक सप्ताहके रवि, सोम, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनिश्चर ये ७ दिन होते हैं। अंगरेजीमें इनको वीक और मुसलमानीमें हफ्ता कहते हैं और अगंरजीमें इनके नाम संडे, मंडे, ट्यूसडे, वेडनसडे, थर्सडे, फ्रायडे, सेटरडे और मुसलमानीमें इनके नाम यकशम्ब १, दोशम्ब २ सेशम्बह ३, चहारशब ४, पनशंब ५, जुमअ ६, शंब ७, सात वारोंको सात ग्रह मानकर ही संपूर्ण ज्योतिषको विचारा जाता है। यद्यपि ग्रह नव (९) माने जाते है परन्तु उक्त सातोंके सिवाय एक राहु और है जो यथार्थमें इनका ही एक भेद है जिसका वर्णन हम आगे चलकर करेंगे और दूसरा केतु यह थोड़े कालसे कल्पित बनाया गया है। दर असल तो यह राहुका ही छायारूप भेद है इसका ज्योतिषके नामी वसंततिलकादि अनेक ग्रन्थोंमें नाम तक नहीं है और आजकल राहु, केतु दो कहलाये।

ऊपर जो १२ राशि कही गई उनका विचार ऐसा है कि जैसे एक दिन रात्रिके २४घंटे होते हैं उनमें मेषसे लेकर मीन पर्यंत १२ लग्न व्यतीत हो जाते हैं और इन १२ लग्नोंका समय देशभेदानुसार जुदा२ है। भावार्थ ऊपर जो हमने १२ राशि मेषसे मीनतक बतलाई वे एक दिन रात्रिमें भी अपना भ्रमण पूरा करती हैं, और उनका ही नाम लग्न है और मेष मीनका एक समान काल, वृष कुम्भका समान, मिथुन मकरका समान, कर्क धनका समान, सिंह वृश्चिकका समान, कन्या तुलका समान है और दिल्लीमें मेष, मीन लग्न ३ घडी ३३ पलके होते हैं। वृष कुम्भ ४ घडी ७ पलके होते हैं, मिथुन, मकर ५ घडी १ पलके, कर्कधन ५ घडी ४३ पलके, सिंह वृश्चिक ५ घडी ५१ पलके होते है, कन्या तुल ५ घड़ी ४५ पलके होते हैं, और लङ्कामें मेष मीन ४ घड़ी १८ पलके, वृष कुम्भ ४ घड़ी ५९ पलके, मिथुन मकर ५ घडी २३ पलके, कर्क धन ५ घडी २३ पलके, सिंह वृश्चिक ४ घडी ५९ पलके, कन्या तुला ४ घडी १८ पलके होते है। और सूर्यके उदय अस्तके विचारसे प्रत्येक नगरके लग्न प्रमाणमें अन्तर होता है, और यह तो मानी हुई बात है कि जिस लग्नमें सूर्य उदय होता है। उससे सातवें लग्नमें अस्त होता है, और जिस लग्नमें उदय होता है अगले दिन उसका एक अंश कम होजाता है। यह भी निश्चय है कि १२

अप्रेलके अगले दिन सम्पूर्ण भारतमें प्रातःकाल सूर्योदयके समय मेष लग्न होता है, और वह एक अंश रोज घटता हुआ ३० दिनमें ३० अंश भोगकर रात्रिमें चला जायगा, और अगले दिन सूर्योदय वृष लग्नमें होगा। भावार्थ यह है कि जिस लग्नमें सूर्य उदय होता है अगले दिन उसका एक अंश रात्रिमें चला जाता है, और ३० अंश पूरे होनेपर सूर्यका उदय दूसरे लग्नसे प्रारम्भ होता है और जिस लग्नमें सूर्य उदय होता है, उसीके पोद्गलिक स्वाभावानुसार ही मौसम होता रहता है।

अब और देखो—मेषराशिका स्वरूप मेष (मैंढे) के आकारका माना गया है। इसका तात्पर्य यह है कि मौसममें न शीत न उष्णता सामान रहे इसमें १३ अप्रेलसे १३ मई तक सूर्योदय प्रातःकाल मेष लग्नमें रहता है फिर क्रमशः रात्रिमें चला जाता है, मेषराशिका स्वामी मङ्गल है। इसको वेदनीकर्म माना है। इस महीनेमें सर्व जीवोंके वेदनीकर्मका उदय पाया जाता है और जिस प्राणीके शरीरमें वेदनीकर्मसे सम्बन्ध रखनेवाले परमाणु न्यूनाधिक होंगे वैसा ही उदय आवेगा, इसी प्रकार वृषराशिका स्वामी शुक्र (नाम कर्म), मिथुनका स्वामी बुध (मोहनीय कर्म), कर्कका चंद्रमा (दर्शनावरणीय कर्म), सिंहका सूर्य (ज्ञानावरणीय कर्म), कन्याका बुध, तुलका शुक्र, वृश्चिकका मगल, धन मीनका बृहस्पति (आयु कर्म), मकर कुम्भका शनिश्चर (गोत्र कर्म) ऐसे १२ राशि किंवा १२ महीनोंके स्वामी यह सात ग्रह सूर्यसे शनिश्चर तक जानने, केवल राहु जो उपग्रह है, वह किसीका स्वामी नहीं है।

सूर्य एक वर्षमें १२ राशियोंको भोग करता है, चन्द्रमां २७ दिनमें ११ राशिका भोग करता है। इसी प्रकार मंगल १८ महीनेमें, बुध १२ महीनेमें, बृहस्पति १३ वर्षमें, शुक्र १ वर्षमें, शनिश्चर ३० वर्षमें, राहु १८ वर्ष पीछे फिर उसी राशिपर आते हैं। और ज्योतिषमें २८ नक्षत्र, २७ योग, २८ उपयोग, ११ कर्ण, आदिक अपने अपने स्वरूप स्वभावको लिये पृथक् २ इनके भी अनेक भेद हैं, जिनका विस्तार सहित वर्णन हम किसी दूसरे लेखमें लिखेंगे।

यह हम प्रथम बतला चुके हैं कि २ मासकी १ ऋतु और ६ ऋतुओंका एक वर्ष होता है, और ऋतुओंके नाम और समय भी बतला दिया है, अब यहां यह बतलाना चाहते हैं कि मुनिराज जो ग्रीष्मऋतुमें सरोवरके निकट ध्यान धरते हैं, इसका क्या कारण है? और उसमें कोई गूढ भेद अवश्य है, और क्या समय विपर्यय होनेपर वे भी उसी प्रकारसे तप करते हैं? भावार्थ—वर्षाऋतुमें वृष्टि न हो, शीतकालमें शीत न पड़े, ग्रीष्ममें उष्णता नहीं और शीत पड़ने लगे या जल वर्षे तो वे क्या करें?

सो हमारे इस सम्पूर्ण लेखका साराश इसी स्थानपर निकल आवेगा कि मुनिराज अपने कर्मोंके नाश करनेमें उद्यमी होकर ही तप करते हैं, सो जिस जिस कर्मका उदय होता है, उसीके नष्ट करनेका उपाय मुख्य जान उसीरूप प्रवर्तते हैं।

हमने ऊपर बतलाया है कि ग्रह नाम कर्मका है और कर्मोंका सम्बध सूर्यादिक ज्योतिषीदेवोंके विमानों (व्योमयानों)के स्वभावसे है उन विमा-

नोंमें निवास करनेवाले देवोंसे नहीं है। विमानोंकी चाल ही अपने स्वभावसे भला बुरा करनेका उपादान होजाती है। जिस सूर्यका प्रकाश ज्येष्ठ मासमें कष्टकारी होता है वही प्रकाश माघमें अधिक प्यारा जान पड़ता है। इन विमानोंका स्वभाव निज नामानुसार दिन दिन भी प्रकट होता रहता है।

इन सात विमानोंसे जुदा एक राहुका विमान भी माना जाता है यह चर्म चक्षुसे नहीं दीखता। गुप्त सातों दिन भ्रमण करता है, जिसको काल राहु कहते हैं। दूसरा भेद इसका दिक्शूल भी है। दिक्शूल रविवार तथा शुक्रवारको पश्चिम दिशामें, चंद्रवार शनिश्चरवारको पूर्वमें, मगल बुधको उत्तरमें, बृहस्पतिको दक्षिणमें तथा काल, राहु, रविवारको उत्तरमें, चंद्रवारको वायव्यमें, मंगलवारको पश्चिममें, बुधको नैऋत्यमें, बृहस्पतिवारको दक्षिणमें, शुक्रको अग्निकोणमें, शनिश्चरको पूर्व व ईशानमें रहता है फिर योगिनी, चन्द्र, तारा, आदि अनेक भेद हैं और इन सबमें सूर्य ही प्रधान माना जाता है। यह सूर्यरूपी अंजन सर्व सांसारिक रचना रूपी मशीनको चलाता है। यद्यपि चद्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, अपना२ कार्य करते दृष्टि पड़ते हैं। यह सब पुद्गलका ही इंद्रजाल है जिसको हम पुनः पुनः फिर विस्तारपूर्वक लिखेंगे। अब यह लेख यहां ही समाप्त किया जाता है।

दोहा—

अंक खंडं ग्रहं चन्द्रमा चैत्र स्याम दशतीन।
गुरु दिन ज्योतिषरत्नने रचना लिखी नवीन॥

वीरकी सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे।
परसे पिटें धर्मी हुये अरु निबल होके लुप रहे॥
नित पार्टियां तैयार कर बाबू विशारद बन रहे।
वीरकी सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥१

पार्टियोंका सुलह सुन अति हर्ष हो चकरा रहे।
ऐक्य हो हममें सदाका भावना यह भी रहे॥
हा! खेद है इस फूटपर ये 'मित्र" जो दर्शा रहे।
वीरकी सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥२

ज्ञात नहीं कब नष्ट हो संग्राम जैन समाजका।
प्रोवासे प्रोवा कब मिले चमके सितारा धर्मका॥
दोनों तरफके द्वेषसे अब कृष्ण कालम हो रहे।
वीरकी सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥३

पर दोष-दर्शनके लिये प्रतिदिन समस्या कर रहे।
भक्ति बगुलेसे बड़ी कर धौत चिन्ह दिखा रहे॥
परको कपटसे खुश करें विषयाभिलाषी बन रहे।
वीरको सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥४

प्रभु वीरने वर्णन किया विकराल पंचमकाल है।
ह्रास होगा धर्मका उद्योग करना व्यर्थ है॥
थोडे हो उत्तम हम सभो जो वीर संतति बन रहे।
वीरको सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥५

उद्देशको हद शेष है कौन किसका क्या करे।
उद्योग क्या अब धर्ममें हो द्रव्यमें दिन दिन रहे॥
ढोंगका हग हद्द है बस पठन व्यय क्यों कर रहे।
वीरको सन्तान हम घर वीरता दिखला रहे॥६

श्रीमान् हम धीमान् हम, हम धर्म-ठेकेदार हैं।
यह मान सूझा सब हमारा सर्व ताबेदार हैं॥
क्यो 'मनोहर' वाक्य ये सज्जन हृदयपर बस रहे।
वीरको सन्ताण हम घर वीरता दिखला रहे॥७

मनोहरलाल जैन म० वैद्य (शिवपुरकर)।

जैन समाजका सुधार कब होगा ?

[लेखक-ब्र० प्रेमसागरजी रैपुरानिवासी-पिपरईगांव।]

" सोचते सोचते तीन वर्ष व्यतीत होगये किन्तु आजतक इच्छाकी पूर्ति न हुई " इस बातको राजाराम बार बार विचार रहा था, कि आभ्यन्तरसे ही यह "क्या सोचते सोचते?" किसीने कहा, राजारामने सुना और फिर अपने पूर्व विचारमें निमग्न होगया। कुछ देरके बाद ही फिर वही शब्द सुनाई दिया। राजारामने उसे विस्मरण कर दिया किन्तु जब तीसरी बार भी वही शब्द सुनाई दिया, तब तो राजारामको निश्चय हुआ और समझ गया कि-सचमुच ही कोई मुझे यह "क्या सोचते सोचते" कहकर पुकार रहा है। आभ्यन्तरकी उस तीसरी आवाजने राजारामपर अपना असर जमा दिया तब तो राजारामको उसका उत्तर देना पड़ा। उत्तर था-"जैन समाजका सुधार कब होगा" बस यही सोचते सोचते मुझे तीन वर्ष बीत गये किन्तु आजतक किसीने भी मेरे इस प्रश्नका समाधान न किया। राजाराम यह कह ही रहा था कि उसी समय उसका प्यारा मित्र रामेश्वर आगया और क्षणएक बैठकर बोला- मित्र! आज आप किस विचार-सागरमें गोते लगा रहे हो? क्योंकि आपके चहरेसे ही मुझे ऐसा प्रतीत होता है।

मित्रकी बातको सुनकर राजाराम बोला- प्रियवर, मैं बराबर तीन वर्षसे इस बातको सोच रहा हूं कि-"संसारकी समग्र जातियां जगकर सचेत होगईं और अपनी अपनी तरक्की कर रहीं हैं, लेकिन जैन जाति ही एक ऐसी जाति है जो इस जाग्रतिके जमानेमें भी नहीं जगी, न मालूम इसका होनहार क्या है? इसे इतना भी ज्ञान नहीं है कि-संसार किस अवस्थामें जारहा है और मैं उसीमें रहती हुई किस अवस्थामें पड़ी अपने दिन काट रही हूं।" इस मेरे प्रश्नका समाधान अभीतक किसीने नहीं किया और मैं बराबर इसी सोचमें हूँ, आशा है आप इसका कुछ प्रयत्न करेंगे।

ऐसा कौन होगा जो अपने प्यारे मित्रको अप्रसन्न रक्खे? नहीं नहीं, यह प्रत्येक मानवका कर्तव्य है कि वह अपने मित्रके साथ "दुग्ध पानी जैसा" प्रेम रक्खे और समयपर उसके दुःखमें सहायक बने।

रामेश्वर इसी प्रकारका मित्र था, वह अपने प्रिय मित्र राजारामके साथ दुग्ध पानी सी ही मित्रता रखता था और चाहिये भी ऐसा, क्योंकि ऐसे मित्रोंके द्वारा ही दूसरोंका उपकार होता है। अतएव राजारामका प्रश्न सुनकर रामेश्वर

उसका किस प्रकारसे समाधान करने लगा—

प्रिय मित्रवर!, आपका प्रश्न अत्यंत प्रशसनीय और उपयोगी है। मैं उसका हृदयसे स्वागत करता हूं तथा जोर देकर कहता हूं कि वर्तमानमें ऐसे ही प्रश्नोंकी आवश्यक्ता है क्योंकि योग्य प्रश्नोंके द्वारा ही धार्मिक व सामाजिक त्रुटियोंका सुधार होता है व एक बहिरात्मा मानव अन्तरात्मा होकर मोक्षका पात्र बनजाता है।

आपके शुभ प्रश्नका समाधान करना वास्तवमें कठिन है किन्तु मैं जो समझा हूं उसे कहता हूं, आप ध्यानपूर्वक सुनिये।

जिन लोगोंने ऐसा समझ रक्खा है कि—"जैन समाजकी नींद महानींद है, उसे जगाना टेढ़ी खीर है" ऐसा समझनेवालोंकी भूल है। हां, यदि यह कहा जावे कि "जैन समाज सोती हुई जग सकती है, परन्तु उसे जगानेकी कोरी दम भरनेवालोंके पास वह शक्ति नहीं है जो उसे जगा सके और जो जगा सकते हैं वे उसे जगानेका भरसक प्रयत्न करते हैं, किन्तु जगानेकी कोरी दम भरनेवाले हुल्लड़बाज लोग जगानेवालोंके मार्गमें रोड़े अटकाते हैं इस कारण समाजके जगनेमें देर होरही है।

आपको ज्ञात होना चाहिये कि वर्तमानमें श्रीमान् पू० ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी समाजकी कितनी सेवा कर रहे हैं? प्रत्येक वर्ष १—२ प्राचीन ग्रन्थका अनुवाद व नवीन पुस्तक लिख कर जैन समाजको उसका सच्चा मार्ग दर्शा रहे हैं तथा दो पत्रोंकी सम्पादकी व अन्य कई उपयोगी कार्य ब्रह्मचारीजी कर रहे हैं परन्तु विरोधी लोग उनकी इस सेवाकी कदर न करते हुए उनका स्वागत गालियोंसे व निंदक वचनोंसे कर रहे हैं। ये लोग ब्र०जीके सर विधवाविवाहका टीका लगानेको जीतोड़ परिश्रम कर रहे हैं तथा अपने "जैनगजट" में उन्हें "बाबू शीतलप्रसाद" ऐसा लिखकर उनकी इज्जतको घटाना चाहते हैं। प्रियवर! जिस प्रकार ये लोग भी ब्र०जीको कोसते हैं उसी तरह सभी सुधारकोंके पीछे पड़े हैं किन्तु सुधारक लोग इसी "श्वानोंके भूखनेपर हाथी पीछे नहीं लौटता" नीतिका अवलम्बन कर इन हुल्लड़बाजोंकी बातोंपर ध्यान न देते हुए अपने मार्गपर बढ़ते हुए जारहे हैं। बस, समाजके न जगनेका यही एक प्रबल कारण है।

राजाराम—प्रियवर! जगानेकी कोरी दम भरनेवाले कौन हैं? और वो जगानेवालोंके मार्गपर कैसे रोड़े अटकाते हैं? सो सविस्तार सुननेकी उत्कण्ठा है। आशा है कि आप मुझे इसका ठीक और सरलतासे समाधान करावेंगे जिससे मैं यह समझ सकूं कि समाजके न जगानेमें कोई दूसरा ही बाधक कारण है।

रामेश्वर—समाजको जगानेकी कोरी दम भरनेवाले वे सज्जन हैं जो अपनेको समाजका सर्वेसर्वा समझ चुके हैं, और कष्टतासे उसे अपने ही आधीन रख उसके द्वारा अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। इनमें कुछ इनेगिने पंडित महाशय हैं जो कि—अपने ही भक्तों द्वारा नाम धारी बड़ी बड़ी पदवियोंकी डिगरी हासिल कर चुके हैं और जो शास्त्री, धर्मरत्न, धर्मवीर, धर्मधीर आदि नामोंसे उनके भक्तों द्वारा पुकारे जाते हैं। ये लोग सदा अपने जालमें भोली

समाजको फंसानेकी चेष्टा करते हैं किन्तु उन्हें इस अटूट परिश्रम करते हुए भी फलकी प्राप्ति नहीं होती।

ये लोग धनवान वर्गको अपने हाथमें रख उसके द्वारा अपना काम निकालते रहते हैं। इत्यादि कहां तक कहूं। तात्पर्य यह कि इन नामधारी पंडितोंने सुधारकोंके मार्गमें ऐसा रोड़ा अटका रक्खा है कि जिससे समाजके जगनेमें देर होरही है।

समाजको जगानेवाले सुधारक लोग हैं। इनमें इंग्रेजी पढ़े हुए विद्वान् तो हैं ही किन्तु कई दर्जन संस्कृत पढ़े न्यायतीर्थ और धर्मशास्त्री पंडित भी हैं तथा कई त्यागी ब्रह्मचारी भी शामिल हैं। इस पार्टीमें परोपकारकी बुद्धि रखनेवाले, स्वार्थकी बूसे रहित, सच्ची सेवा करनेवाले ही लोग हैं।

सुधारक लोग समाजको आर्ष वचनानुकूल ही उन्नतिके मार्गपर ले जानेका प्रयत्न कर रहे हैं, किंतु उनको ये नामधारी धर्मके ठेकेदार उन्हें विधवाविवाह पोषक, जातिपांति लोपक, धर्मभ्रष्ट(!) आदि नामोंसे पुकारते हैं और जैनगजट, स्याद्वादकेशरी आदि पत्रोंमें उनकी मनमानी निन्दा करते नहीं हिचकते।

प्रियवर! सुधारक लोगोंका सिद्धांत है कि जैनसमाजकी बड़ी तेजीसे घटती होरही है। यहां तक कि २१ आदमी दिन प्रतिदिन घटते हैं। इस हिसाबसे १०० या १५० वर्षमें समाजकी इतिश्री होजावेगी। अतः उसको सजीवित रखनेके उपाय प्रत्येक समाजसुधारकको सोचने चाहिये।

सुधारकोंने निम्न उपाय शास्त्रानुकूल और आर्ष वचनोंके पोषक सोच रक्खे हैं। जैसे कि-
१—अन्तर्जातीयविवाह, २—जैनधर्मको सर्वव्यापी धर्म बनाना, ३—समाजमें एक उच्च शिक्षाका कालेज खोलना। बस, इन उपायोंके द्वारा ही सुधारक लोग समाजको तरक्कीके शिखरपर चढ़ाना चाहते हैं किन्तु स्थितिपालक लोग उनके मार्गको रोकते हैं। बताइये ऐसी अवस्थामें यदि समाजका पतन होता है तो कौनसी आश्चर्यकी बात है।

प्रियवर! पहिला उपाय अन्तर्जातीयविवाहका है। यह प्रथा नवीन नहीं है और न नवीन चलानेको कहते हैं। यह तो बहुत ही प्राचीन प्रथा है जिसके साक्षी आदिपुराण आदि आर्ष ग्रन्थ हैं। शास्त्रोंमें तो यहांतक वर्णन है कि पहिले जमानेमें तीन वर्णोंमें याने ब्राह्मण, क्षत्री और वैश्योंमें परस्पर विवाह सम्बन्ध होता था जिसका प्रमाण श्री धर्मसंग्रहश्रावकाचारमें इस प्रकार है कि—

परस्परं त्रिवर्णानां विवाहः पंक्तिभोजनम्।
कर्तव्यं न च शूद्रैस्तु शूद्राणां शूद्रकैः सह॥

प्रियवर! प्रथम जमानेमेंकी तो यह बात है। आज तो सुधारक लोग केवल एक ही वर्णमें और उसमें भी जिनके साथ परस्पर कच्चे पक्के भोजनका खाना पीना है तथा जो सह धर्मके पालनेवाले हैं उनमें ही परस्पर वैवाहिक संबंध होनेको कहते है किन्तु स्थितिपालक दलके स्वार्थी नेता इस बातको नहीं मानते। उनका मत शास्त्रोंकी बातको न मानकर भी समाजके कर्णधार और धर्मके ठेकेदार बन बैठनेका है। हा? लक्ष्लोग ? ? ?

समाजको अन्तर्जातीय विवाहकी अत्यन्त आवश्यक्ता है किन्तु स्वार्थी पंडितोंके द्वारा विचारी उसका लाभ नहीं उठाने पाती।

राजाराम—अन्तर्जातीयविवाहके द्वारा समाजको कौन २ लाभ होंगे, कृपया दो एकके नाम बताइये?

रामेश्वर—मित्रवर? यह आपका प्रश्न बुद्धिमानीको लिए हुए है। सुनिये—

अन्तर्जातीयविवाहके द्वारा अनेक लाभ होंगे किन्तु समय ज्यादे न होनेके कारण कुछके नाम बताता हूं, आशा है आप उन्हें सुनेंगे और उनपर विचार करेंगे। अन्तर्जातीयविवाहसे पहिला लाभ तो यह होगा कि अनमेल विवाह रुकेंगे, दूसरे निर्धनोंके बालक जो कुवांरे रह जाते हैं वे विवाहे जा सकेंगे, तीसरे परस्परमें प्रेमकी वृद्धि होवेगी जिससे एकताकी जड़ मजबूत होवेगी और फूट रोगका पतन होकर समाजमें एक नवीन सुखका संचार होगा, आदि लाभ होंगे।

राजाराम—और दूसरा उपाय कौनसा है जिसके द्वारा सुधारक लोग समाजको उन्नतिके सिंहासन पर विराजमान करना चाहते हैं।

रामेश्वर—मित्रवर, दूसरा उपाय है अपने धार्मिक क्षेत्रको विस्तृत करना। श्री १००८ महावीर भगवानके झंडेके नीचे जीव मात्रको आश्रय देना और जैनेतर लोगोंको श्री महापुराणमें लिखी दीक्षान्वय क्रियाके अनुसार उनका वर्ण स्थापित करके उन्हें जैनी बनाना। सुनिये—श्री महापुराणके ३९वें अध्यायके नीचे लिखे श्लोक इसी बातकी पुष्टि करते हैं:—

वर्णलाभस्ततोऽस्य स्यात्संबन्धं संविधित्सतः।
सामानाजीविभिर्लब्ध वर्णैरन्यैरुपासकैः॥६१॥

भावार्थ—तब उस अजैनको वर्णलाभ दिया जाता है जो समान आजीविका करनेवाले अन्य समान वर्णके उपासकोंके साथ सम्बधको कर सके।

इत्युत्युक्त्वैनं समाश्वास्य वर्णलाभेन युज्यते।
विधिवत्सोऽपि तं लब्ध्वा याति समकक्षताम्॥७१

इसका भाव आदिपुराणमें यह दिखाया है कि "तुम सारिखे सम्यग्दृष्टीनिके अलाभ विषे मिथ्यादृष्टिनिसों सम्बंध होय है। इस तरह कहे और फिर वे श्रावक इसको वर्णलाभ क्रियासे युक्त करें।"

आदिपुराणकी यह आज्ञा होते हुए यदि किसी क्षत्री कर्मवालेको व किसी वैश्य कर्मवालेको अजैनसे जैनी बनाया जावे तो क्या यह बात शास्त्रके विरुद्ध है?

यदि ऐसी आज्ञा न होती तो गौतम ब्राह्मण अजैन, जैनधर्मका द्रोही उसी दिन जैनी होकर मुनि न होता और शीघ्र ही सर्व मुनिसंघका शिरोमणि गौतम गणेश न होगया होता।

परन्तु इसको सुनता कौन है, यहां तो अपने स्वार्थको सिद्ध करनेकी पड़ी है। जो धर्मके ठेकेदार बन बैठे हैं वे इस कामको भी नहीं होने देते, और श्री महावीरके बताये हुए सच्चे मार्गपर (जिसपर सुधारक लोग गमन कर रहे हैं) रोड़े डालते हैं। ऐसा करनेवालोंसे सवाल है कि क्या श्री महावीर भगवानने समवशरणमें उन्हीं जीवोंको उपदेश दिया था जो उस समय उनके अनुयायी थे? नहीं नहीं। शास्त्र तो इस विषयमें यही बताते हैं कि श्री महावीर

भगवानने अपने समवशरणमें जीवमात्रको धर्मो पदेश दिया और उन्हें वस्तुका यथार्थ स्वरूप समझाकर उसका सच्चा ज्ञान कराया। अतएव श्री महावीर भगवानके उपदेशको सुनकर तिर्यञ्च भी व्रतोंमें लीन हुए, उन्हें भी जैनधर्मने अपनेमें स्थान दिया।

जैनधर्म आत्मा मात्रका धर्म है, तब समझमें नहीं आता कि इन लोगोंने उसके संकोच करनेमें क्यों आर्षवाक्योंकी लीपापोती करना शुरू कर दी है? क्या इसमें भी इन लोगोंका कुछ स्वार्थ सिद्ध होता है। जब कि एक चांडाल भी जैनधर्मका पात्र हो सकता है तब समझमें नहीं आता कि महा मिथ्यात्वरूपी आतापसे संतप्त प्राणियोंको यदि श्री महावीरकी अमृत वाणीका पान कराया जावे तो कौनसी शास्त्रीय आज्ञाका लोप करना है?

धर्मकी दुहाई देनेवाले धर्मके ठेकेदार श्री प्रातःस्मरणीय स्वामी समन्तभद्राचार्यके इस "न धर्मो धार्मिकैर्विना" वाक्यकी भी अवहेलना करते नहीं डरते। जब यह बात भली भांति निश्चित होचुकी है कि—जैनधर्मके माननेवाले केवल ११॥ लाख ही हैं और उनमेंसे दि० करीब ६-७ लाख हैं तथा इन सबमें प्रतिदिन २१ आदमीकी घटी होती जाती है। यदि यही क्रम कुछ दिनों और जारी रहा तो सचमुचमें १०० या १५० सौ वर्षमें जैनियोंका भारतसे कूच होजावेगा और उनके साथ यह जैनधर्म भी चला जावेगा कारण यह कि—धर्मात्मा जीवोंके आश्रित ही धर्म ठहरता है। ऐसी अवस्थामें यदि हम श्री महावीर भगवानके बताये हुए धर्मरत्नको तिजोड़ीमें रखे रहें तो हमारे समान और कौन मूर्ख होगा किन्तु नहीं, धर्मके ठेकेदारोंको यह बात भी पसंद है। हम उनसे केवल यही एक बात पूछना चाहते हैं कि क्या आप लोग अपने इस पवित्र और उदार धर्मको केवल ११॥ लाख ही मनुष्योंमें रखना चाहते हैं? यदि हां, तो मैं कहूंगा कि आप अभीतक श्री महावीर भगवानके पवित्र उद्देशको नहीं समझ पाये। यदि समझे हो तो इसवक्त स्वाभिमानी बन "भगवान महावीरके बताए हुए मार्गके ठेकेदार हो।" सच तो कहिये क्या आप इस सार्वधर्मके सचमुच ही ठेकेदार हैं? या आपने इसकी रजिष्ट्री करा ली है?

अरे भाइयो! जरा होश सम्हालो और अपनी मान कषायको मन्द कर सच्चे दिलसे श्रीमहावीरकी वाणीका प्रचार संसारमें करो और उसके प्रचारमें हमारा साथ दो तभी आपका यह पवित्र धर्म दुनियांमें रहेगा, नहीं तो २१ की घटीमें यह भी घटता हुआ एक दिन न मालूम कहां चला जावेगा।

राजाराम—प्रियवर! सुधारक दलके दो उपाय तो मैं समझ गया किन्तु अब तीसरा उपाय भी शीघ्र सुनानेकी कृपा कीजिये क्योंकि अब समय अधिक होगया है।

रामेश्वर—मित्रवर! घबड़ाइये नहीं, अभी तो घड़ीमें १० बजके ७ मिनट ही हुए हैं, सुनिये—तीसरा उपाय है समाजके अन्दर एक "जैन कालेज" की स्थापना करना। यदि इस उपायको समाज शीघ्र स्वीकार करले तो उसकी उन्नति अति निकट है। देखिये बड़ कालेजोंका

ही फल है, जो आज आर्यसमाज दुनियांमें अपनी जागृतिका चमत्कार दिखा रहा है।

एक महर्षि दयानन्दने लाखों मनुष्योंको आर्य धर्मका अनुयायी बना दिया। इसी थोड़ीसी समाजने थोड़ेसे कालमें वह चमत्कार जनताके समक्ष उपस्थित कर दिया कि, प्रत्येक प्राणीके मुखसे यही निकलता है—आर्यसमाजने अल्प ही कालमें बहुत ही उन्नति कर ली है। पढ़े लिखे मनुष्योंको आर्यसमाजसे च्युत नहीं होने दिया तथा अनेकों गुरुकुल और कालेज स्थापित कर दिये जिनमें लाखों छात्र विद्याध्ययन कर रहे हैं।

मुसलिम समाजमें एक सर सय्यदको देखिये कि जिसने अपने ही पुरुषार्थसे अलीगढ़में मुसलिम विश्वविद्यालय स्थापित कर दिया। आज जिसके द्वारा वह कार्य हो रहा है जो बड़ी बड़ी बादशाहतें न कर सकीं। देवबन्दमें उनके धार्मिक कालिजको देखिये, हजारों मुसलिम छात्र वहांपर मुसलिम धर्मकी उत्तम शिक्षा पा रहे है। कहांतक लिखें अरबस्तान, मिश्र, रूसके भी छात्र वहांपर मुसलिम सिद्धान्तोंके जाननेको आते है।

एक अद्वितीय पुरुषरत्न मालवीयजीको देखिये कि जिन्होंने ससार मात्रकी विद्याओंके पढ़नेका सुभीता हिन्दू यूनीवर्सिटीमें कर दिया। कोसोंमें जिसकी बिल्डिंग है, २००० से अधिक छात्र वहांपर विद्याध्ययन कर रहे है।

कहनेका तात्पर्य यह है कि इस समय समाजको 'जैन कालेज"की अत्यन्त आवश्यक्ता है किन्तु अफसोस है कि आपसके कलहसे वह भी स्थापित नहीं होने पाता। स्वार्थी लोग उसके स्थापित करनेमें भी रोड़े अटकाते हैं। मित्र समझे, उक्त तीनों उपाय ही सुधारक लोग जनताके साम्हने रखते हैं और उन्हींके द्वारा उसका उद्धार करना चाहते हैं किन्तु स्थितिपालकदल बीचमें रोड़े अटकाकर समाज हित नहीं होने देता। मित्र, मैं दावेके साथ कहता हू कि स्थितिपालकदलकी अब दाल नहीं गल सकती। कारण, समाज उसकी करतूतोंसे सचेत होगई है। समाज अब पडे२ अपने दिन नहीं काटना चाहती, वह चाहती है कि मैं भी अन्य समाजोंकी तरह अपनी तरक्की करू किन्तु क्या करे? उसे इस (बाबू पडितकी फूट) आपसके कलहने कमजोर बना दिया है। समाजकी दशा इस कहावतको चरितार्थ कर रही कि—

"सांड सांड लड़ें बाड़ीके धुर्रे उड़ें।"

रामाराम—मित्रवर ठीक है; दर असलमें यही बात ख्यालमें आती थी कि संसारकी समग्र जातियां सचेत होगई किन्तु यह जैन जाति क्यों अभीतक अचेत होरही है? मेरा यह भ्रम आज साफ होगया। मुझे अब निश्चय होगया कि सुधारक दल वास्तवमें समाजका सुधार सच्चे रूपमें चाहता है जब कि स्थितिपालक दल उसमें रोड़े अटकाकर समाजके उठनेमें बाधा डाल रहा है किन्तु इतना और जानना चाहता हूं कि ऐसी दशामें सुधारक दलका क्या कर्तव्य है, आशा है आप इसका भी शीघ्र समाधान करेंगे।

रामेश्वर—मित्रवर, इसमें कोई आश्चर्यकी बात नहीं है कि सुधारकोंकी निंदा की जा रही है,

उन्हें गालियां दी जा रही हैं, उनके सर झूठे दोष मढ़े जा रहे हैं क्योंकि यह बात तो स्वाभाविक है। जब तीर्थंकर सरीखे लोकोत्तर पुरुषोंके प्रयत्नमें भी विघ्न बाधाएं उपस्थित हुईं—अनेक मिथ्यादृष्टि लोग उनकी निन्दासे नहीं चूके, तब आजकलके सुधारकोंको भी इन विघ्न बाधाओंका साम्हना करना ही पड़ेगा।

अतएव सुधारकोंको विघ्न बाधाओंकी परवा न करते हुए अपने उद्देशपर कायम रहना चाहिये—उससे किंचित् भी नहीं चिगना चाहिये। सुधारककी अब सभा उस सेनापतिके समान होना चाहिये, जो सेनाको पीछे किये हुए गोलीकी परवा न करता हुआ शत्रुका साम्हना करता है।

सुधारक लोग भी जंगके मैदानमें हैं। उनके हाथमें श्री १००८ महावीरके पवित्र उद्देशोंका झण्डा है, उन्हें विघ्न—शत्रुओंसे विजय करना है। अतएव उन्हें निर्भय होकर आगे बढ़ते जाना चाहिये।

सुधारक लोगोंको सर्वस्व अर्पण कर इस भोले समाजकी सेवा करनी चाहिये। उनके भोलेपनसे अपने स्वार्थको पूर्ण करनेवाले लोग तो "धर्म डूबा, धर्म डूबा" चिल्लावेंगे ही। ईसाईयोंकी एक कहावतका मतलब है कि 'दुनियांको ठगनेके लिये शैतान भी ईश्वरका नाम ले लेता है" अगर इस चालको आज सुधारके विरोधी भी चलें तो कुछ आश्चर्य नहीं है।

प्रियवर! अब आप तो समझ ही गये होंगे कि सुधारकोंका ऐसी अवस्थामें क्या कर्तव्य है।

रामाराम—मित्रवर, आपने जो बताया है वह मैं भली भांति समझ गया। मुझे विश्वास है कि समाजका सुधार सुधारकवर्गोंके द्वारा अवश्य ही होगा और इसके सुयशकी पताका उन्हींके हाथमें रहेगी। अच्छा, अब मैं जाता हूं और आशा करता हू कि आप फिर भी कभी इसी तरह सम्बोधन करेंगे। जुहारु।

फिर कहाँ ?

तू याद कर भगवानकी,
नर तनका पाना फिर कहां?
यह चन्दरोजा ज़िंदगी है,
हाथ आना फिर कहां?
खेलमें खोया लड़कपन,
ऐशमें जवानी गई।
बूढ़ा हुआ बेकार है,
तेरा ठिकाना फिर कहां?
बोल शीरीं बात हरदम,
सबसे हिल मिलकर रहो।
भूलकर, इतरा न हरगिज़,
यह ज़माना फिर कहां?
राम कहां? रावन कहां?
कौरव कहां? पांडव कहां?
कूंचका जब हो नक़ारा,
यां ठिकाना फिर कहां?
नेकी करो, धर्मी बनो,
साबित रहो ईमानपर।
नाम कर जाओ जहांमें,
होगा आना फिर कहां?
मत सता 'प्रियवर' किसीको,
सबको प्यारी जान है।
जान ही जब ले चुके तो,
जानजाना फिर कहां?

पन्नालाल "प्रिय", विंद्रावन।

श्री महावीर ब्रह्मचर्याश्रम—कारंजा (बरार)

(इसके इस छात्रालय, भोजनालय, जैन मंदिर, औषधालय, आरोग्य मंदिर व व्यायामशालाके भवनमें करीब १०००००) रु० लगे हैं

(ले०—श्री सा०रत्न पं० दरबारीलालजी न्यायतीर्थ)

प्रथम दृश्य।

(मिथ्यात्वका प्रवेश–आर्तस्वरमें गायन)

क्या करूं ? जाऊँ कहाँ ? किसका शरण लूं आज मैं।
भाग्य फूटा, खोचुका, साम्राज्यके सब साज मैं॥
फिर रहा दर दर भिखारी–सा बना मैं आजकल।
हा! खड़ा होना कठिन है, होगया इतना निबल॥
ढोंग सारे उड़ गये हैं, रूढ़ियां भी मिट चुकीं।
बेवकूफीसे भरीं, थोथी क्रियायें पिट चुकीं॥
अब न आडम्बर रहे, सर्वत्र सम्यग्ज्ञान है।
हाय मेरी मौतका, सर्वत्र ही सामान है॥

आह! क्यासे क्या होगया। मेरी सारी शान धूलमें मिल गई। अब न पशुयज्ञ होते हैं, न शूद्रोंके साथ घृणा की जाती है न स्त्रियोंके अधिकार छीने जाते हैं, न गिरोंको गिराया जाता है, उस महावीरने सर्व नाश कर दिया! सुनते हैं उसकी सभाओंमें सब पशुओंके लिये एक ही सभा है, वहीं शेर बैठते हैं, वहीं हरिण, वहीं बिल्लियां, वहीं चूहे। मनुष्योंमें भी ऐसी ही संकरता फैलाई है, सब एक ही कोठेमें बैठते हैं। जहां ब्राह्मण वहीं शूद्र, जहा घृत वहीं अमृत। आह! लोगोंके हृदयमें बैठे हुए घमडको उसने इस तरह चूरचूर कर दिया है, फिर भी दुनियां उसे मानती है और मुझे पैरोंसे कुचलती है।

(मूर्खताका प्रवेश)

मूर्खता—प्राणनाथ! बचाइये! बचाइये!! मैं मारीमारी फिर रही हूं, मुझे सहारा दीजिये। अपनी गोदमें मेरे बैठनेलायक जगह कीजिये!

मिथ्यात्व—आह! प्रिये! प्रिये!! तुम्हारी भी यही दशा! हाय! मैं आज अपनी प्रियाको थोड़ीसी जगह भी नहीं देसकता? प्रिये! जगह कैसे दूं? मैं बैठ सकूं तो तुम्हें गोदीमें बिठलाऊं परन्तु आज तो सुखसे मरनेके लिये भी जगह नहीं है।

मूर्खता—हाय! अब मैं कहां जाऊं? यज्ञमंडप उजड़ चुके हैं। लोगोंके हृदयमें अंधकार नहीं है, धर्मको सब लोग अपनी चीज समझने लगे हैं। न अब कोई ढोंगोंकी पर्वाह करता है और न मेरे आधारपर जीवित रहनेवाले क्रियाकांडकी कहीं पूँछ है। सर्वत्र ज्ञान और विवेककी दुन्दुभि बज रही है। वह महावीरकी छोकरी जिनवाणी आज इठलाती फिरती है उसने आज संसारको पागल बना दिया है।

मिथ्यात्व—प्रिये! सचमुच प्रलय काल उपस्थित हो गया है। अब न संस्कारोंकी धूम है न पितृ तर्पण, न यज्ञपूजा न आडम्बर, न कन्यादान, न गोदान। सर्वत्र स्वतन्त्रता और विवेक राज्य कर रहे हैं।

हमने सद्धर्म छिपा करके जो झूठा धर्म बताया था।
संकुचित बनाकर लोगोंको ढोंगोंसे मन बहलाया था॥
सब छिन्न हो गया जाल न उसका एक तन्तु बचने पाया।
हा! सारा भंडाफोड़ हुआ खुल गई हाय! मेरी माया॥

मूर्खता—प्राणनाथ! सत्य है—

नहीं अब मूर्ति पूजाकी क्रियायें भी दिखातीं हैं।
न झूठीं कल्पनाएं अब हृदयके पास आतीं हैं॥
न मृतक पातकोंकी रीति अब धार्मिक कहानी है
न हमने मृतनेमें अब सुरोंकी पाति आती॥
नहीं अब अन्धश्रद्धाशील पंडित भी दिखाते हैं।
जहां देखो वहीं ज्ञानी विवेकी तम हटाते हैं॥

न यक्षोंकी न वृक्षोंकी न भूतोंकी कहीं अर्चा।
जहां देखो वहीं है आज सम्यग्ज्ञानकी चर्चा॥

मिथ्यात्व–प्रिये, अब इस दुर्दशासे हमें कौन बचायेगा ? अब किसकी आशा करें ?

मूर्खता–प्राणनाथ ! कुदेव ही आजतक हमारे रक्षक रहे हैं, उन्हींके पास चलकर फर्याद करना चाहिये।

मिथ्यात्व–(गहरी सांस लेकर) प्रिये ! तुम्हें नहीं मालूम कि आजकल उनकी कौन सुनेगा ? परन्तु अब वहां तो चलना ही पड़ेगा, जैसी सलाह होगी वैसा काम किया जायगा।

(प्रस्थान)

दूसरा दृश्य।

(कुगुरुका प्रवेश)

कुगुरु–सन्ध्या होनेवाली है। दिनभर चक्कर लगाते लगाते थक गया लेकिन एक मुट्ठीभर आटा न मिला। जहां जाता हूं धुतकारा जाता हूं। जहां धर्मके नामपर मनमानी मौज करता था वहीं भीखके नामपर सूरत दिखलाना भी मुश्किल होगया है। (साम्हने देखकर) अरे ये कौन लोग हैं ? कहीं सुधारक न हों नहीं तो मेरा कचूमर निकाल लेंगे (भागनेका नाट्य करता है फिर गौरसे देखकर) नहीं ! नहीं ! ये सुधारक नहीं हैं। ये लोग भी किसी विपदाके मारे हुए हैं, तभी तो मुंह लटका हुआ है।

(मिथ्यात्वियोंका प्रवेश)

सब–महाराज ! महाराज ! देखो ! अपने भक्तोंकी दुर्दशा देखो !

कुगुरु–क्या देखूं ! जब मैं स्वयं मर रहा हूं तब भक्तोंकी दुर्दशाका क्या कहना ? दैव बिल्कुल प्रतिकूल है।

एक भक्त–महाराज ! अब तो हम लोग भूखों मर रहे हैं। अगर पीठपर मार होती तो सह लेते परन्तु पेटपर मार तो नही सही जाती। विवाह शादियोंमें, जन्म मरणपर सैकड़ों ढोंग प्रचलित थे इसलिये हम लोगोंकी गुजर होती थी, अब सब मिट गया है—न पितृतर्पण है न गृहदेव-पूजा, न देवता तर्पण है न कुलदेव पूजा। अब तो विद्यादेव, यक्षदेव, वास्तुदेव, तिथिदेव, वार-देव, दिक्पाल आदि सभी धक्का खाते हैं। पहिले हम बात बातमें लोगोंको अपवित्र बना देते थे, मूर्खता देवीके प्रतापसे वे लोग मिथ्या भयके चक्करमें आजाते थे तब हमारी मौज थी। अब उन्होंने यह मिथ्यात्व दूर कर दिया है, स्त्रियाँ भी दुष्टा जिनवाणीके प्रतापसे समझदार हो गई हैं, उनने सब ढोंगोंको धता बता दी है, अब वे शास्त्र बांचती हैं, मर्दोंके साथ बैठकर धर्मचर्चा करती हैं, सामाजिक व्यवस्थामें पुरुषोंके साथ मिलकर बराबरीसे काम करती हैं। अब कहिये हम लोगोंकी दाल कैसे गले ?

कुगुरु–किसी तरह इनको कुराहपर लाना चाहिये।

भक्त–ये लोग किसीकी नहीं सुनते।

कुगुरु–फिर भी कोशिष तो करनी चाहिये।

भक्त–कीजिये ! देखिये, ये साम्हनेसे श्रावक लोग आरहे हैं। छिपकर इनके रंगढंग तो देखना चाहिये।

कुगुरु–बहुत अच्छा।

(छिपनेके लिये सबका प्रस्थान)

तीसरा दृश्य।

(श्रावकोंका प्रवेश)

सर्वज्ञ त्रिलोकीश्वरके दर्शन पाये।
अब खुले हमारे भाग्य वीर प्रभु आये॥

जगमें मिथ्यामत अन्धकार था छाया।
मदमस्त जनोंने जगको था भरमाया॥
सद्धर्म छिपाकर झूठा धर्म बताया।
हा! क्रियाकांडका कैसा जाल बिछाया॥

बहकेंगे अब हम किसीके न बहकाये।
अब खुले हमारे भाग्य वीर प्रभु आये॥

कृत्रिम बंधनमें अखिल जगत जकड़ा था।
हो मंत्रमुग्ध सा पैरों तले पड़ा था॥
सब जगह एक जातीय घमंड बड़ा था।
सद्गुणसे भी ब्राह्मणका नाम बड़ा था॥

अन्धेर देखकर थे सब ही घबराये।
अब खुले हमारे भाग्य वीर प्रभु आये॥

छिन गये रहे सारे अधिकार हमारे।
अधिकार मांगने गये, गये बस मारे॥
पिघले शीसकसे दोनों कान बिदारे।
निश दिन विप्रोंसे पिसे शूद्र बेचारे॥

थे दुष्ट धर्मको भी कैदी कर लाये।
अब खुले हमारे भाग्य वीर प्रभु आये॥

प्रभुका है सच्चा धर्म सभी पा सकते।
उसमें पशु, अबला, शूद्र सभी आ सकते॥
प्रभुके चरणोंके पास सभी जा सकते।
सुनकर दिव्यध्वनि धर्म रत्न ला सकते॥

हां! रविने आकर उल्लू मार भगाये।
अब खुले हमारे भाग्य वीर प्रभु आये॥

जय! भगवान महावीरकी जय!

(भक्तोंके साथ कुगुरुका प्रवेश)

कुगुरु-(श्रावकोंसे) भाई! हमारी दो बातें सुनोगे?

एक श्रावक-माफ करो बाबा! सुनते सुनते जनम बीत गया है, अब कुछ चैन लेने दो।

दूसरा-अजी सुन लो! बिचारा नम्रतासे बोल रहा है।

तीसरा-बिलकुल गौ है।

चौथा-थोंद पिचक गई है। अब गौ न होगा तो क्या होगा?

पांचवां-अजी सुननेसे क्या हानि है। देखें तो क्या कहता है?

(कुगुरुसे) कहो बाबा क्या कहते हो?

कुगुरु-क्या कहें? तुम्हारे ढंग देखकर कहनेको जी नहीं चाहता।

पांचवा-खैर! यह आपकी खुशी (साथियोंसे) चलोजी चलें।

कुगुरु-अरे भाई! क्यों इतनी जल्दी करते हो?

पांचवा-आप तो बात भी नहीं कहना चाहते।

कुगुरु-मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना है। बात इतनी ही है कि तुम लोग एक सुधारककी बातोंमें फसकर प्राचीन धर्मको खो रहे हो। जब पुराने रिवाज नष्ट होजावेंगे तो फिर बचेगा क्या? तुम्हारी इन करतूतोंसे समाज रसातलमें चली जायगी।

पांचवां-माफ कीजिये! हम ऐसा पुराणपंथी बनना पसंद नहीं करते। हम परमार्हत परम सुधारक भगवान महावीरके शिष्य हैं। भगवानने हमको ऐसा रास्ता बता दिया है कि अब हमें कोई भुला नहीं सकता। धर्म अधर्मका निर्णय हम स्वयं कर सकते हैं। अब हम कोल्हूके बैल नहीं हैं कि आंखोपर पट्टी बधवाकर एक ही जगह चक्कर लगाते रहें।

कुगुरु-इस तरहकी स्वतंत्रता स्वच्छन्दता है इससे तुम्हारा अनिष्ट होगा। हमने सुना है कि

अब तुम लोग पितृतर्पण, देवतर्पण आदि नहीं करते हो। गृहदेव, कुलदेव, विद्यादेव, यक्षदेव, वास्तुदेव, तिथिदेव, वारदेव, दिक्पाल आदिकी पूजा तुमने बंद कर दी है, परन्तु याद रक्खो! जब ये कुपित होजावेंगे तो सर्वनाश कर देंगे।

पांचवां–ऊह! हम लोग ऐसे कल्पित देवोंसे नहीं डरते। हम लोग अपने पुरुषार्थके भरोसे जीते हैं, किसी देवी देवताके आगे सिर फोड़कर नहीं। अगर ये देवता सच भी होते तौभी हम इनकी पूजा नहीं करते। रास्तेसे अभी कोई डाकू हमको सताता है या सता सकता है तो क्या हम उसे देव समझकर पूजने लगेंगे? उसको तो सजा देनेकी और दिलानेकी कोशिष करेंगे यही बात उपर्युक्त देवोंके विषयमें भी है।

कुगुरु–अरे भाई! पितृतर्पण तो न दूर करो! जिनकी तुम सतान हो परलोकमें तुम उन्होंको भूखा मारना चाहते हो?

पांचवां–बस! बस! इन गप्पोंको रोको! अपने २ कर्तव्यके अनुसार सभी जीव नाना योनियोंमें जन्म ले लेते हैं। वे हमारी रोटियां खानेके लिये पितृलोकमें जाकर नहीं बैठते। अपने भक्तोंका पेट भरनेके लिये तुम चाल चलते हो लेकिन हम लोग अब ऐसे मूर्ख नहीं है कि पितृ तर्पणके जालमें पड़कर तुम्हारे भक्तोंका और पचोंका पेट तर्पण करने लगें।

कुगुरु–अरे! तो कुछ शौचधर्मका भी ख्याल है।

पांचवां–हां! उसका तो पूरा ख्याल है। जहांतक बनता है लोभको दूर हटानेकी कोशिष करते हैं।

कुगुरु–अरे भाई! लोभ त्यागका शौच नहीं, लौकिक शौच।

पाचवां–अभी तो तुमने शौच धर्म कहा था न? अब लौकिक शौच कहने लगे। लौकिक शौच तो जरूरत और सुविधाके अनुसार करते रहते है। उसका धर्मके साथ क्या सम्बंध?

कुगुरु–शास्त्रोंमें तो लिखा है।

पांचवा–लिखा होगा! अब उन शास्त्रोका मलीदा बनाकर पेट पूजा कर डालो! शास्त्रोंका क्या ठिकाना? जिसको जहां जब जैसी जरूरत हुई वहीं वैसे शास्त्र बना दिये और बिलकुल लौकिक बातोको भी धर्मका रूप दे दिया तथा अन्धश्रद्धाके जालमें फंसाकर सबको पथभ्रष्ट कर दिया, परन्तु मनुष्य तो मनुष्य है वह पशु नहीं है कि शास्त्रोंमें अगर दुनियाभरका कूड़ा कचरा आजाय तो भी आंख मीचकर मानता रहे। वह अपनी बुद्धिसे विचार करता है फिर सत्यासत्यका निर्णय करके मानता है। भगवान महावीरकी शिक्षाका यही मूल मत्र है। भगवानका धर्म वैज्ञानिक है। विज्ञानकी इस झांकीके साम्हने उल्लुओको अधा ही होना पडेगा।

कुगुरु–(गहरी सांस लेकर) खैर भाई, जैसा तुम्हें सूझे वैसा करो। कमसे कम एक बातका ध्यान अवश्य रक्खो! नहीं तो समाजमें अव्यवस्था पैदा हो जायगी।

पांचवा–कहो?

कुगुरु–जो धर्म तुम्हें रुचे वही मानो! लेकिन ब्राह्मणोंकी आजीविका क्यों छीनते हो? अध्ययन अध्यापनका काम तुमने अपने हाथमें ले लिया है, पूजा अर्चा भी अब तुम्हीं कर लेते हो, यहां तक कि इस विषयके सर्वाधिकार तुमने स्त्रियोंको भी दे दिये हैं। इससे वर्णव्यवस्था बिगड़ती है

उसके बिना धर्म बिलकुल भी नहीं बच सकता।

पांचवा—नहीं महाराज ! अब धर्मकी ओटमें रोटियाँ खानेका मौका नहीं दिया जा सकता। वर्णव्यवस्था लौकिक रिवाज है। जिस तरह सुविधा होगी हम उसे रक्खेंगे। एक लौकिक बातके लिये हम धर्मकी हत्या नही कर सकते हैं। खासकर ब्राह्मणोंका कार्य तो सभी वर्णोंका कार्य है उन्हें उसका ठेकेदार कैसे बनाया जा सकता है ? महाराज भरतने भूलसे कुछ लोगोंको यह ठेका दे दिया था लेकिन भगवान ऋषभदेवके वाक्योंसे जब उन्हें मालूम हुआ कि ये ठेकेदार नुकसान पहुँचायेंगे तो वे ठेका छीननेकी तैयारी करने लगे। उस समय कुछ नुकसान नही था इसलिये वे लोग बच गये, नहीं तो उसी दिन ब्राह्मणोंका ब्राह्मणपन मिट्टीमें मिल जाता। अब उनका समय बीत चुका है इसलिये अब सुखके साथ ब्राह्मणत्वको समाधिमरण करने दीजिये।

कुगुरु—तो क्या तुम जातिपांति नहीं मानते हो ? कमसे कम ऋषभदेव तीर्थंकरका अपमान तो न करो।

पांचवा—भगवान ऋषभदेवके मानापमानका हमें ख्याल है। यह बात तुमसे सीखनेकी नहीं है। वर्णव्यवस्था अर्थात् जातिव्यवस्था तीर्थंकर ऋषभदेवने नहीं की थी, किन्तु महाराजा ऋषभदेवने की थी। अगर यह तीर्थंकर प्रणीत व्यवस्था होती तो एक भरत तो क्या, हजारों भरत भी उसमें परिवर्तन नहीं कर सकते थे।

कहा जाता है कि दान देनेके लिये भरतने ब्राह्मण बनाये, क्या इतने विशाल परिवर्तनका सिर्फ इतना ही कारण था ? दान देनेके तो सैकडों उपाय हैं और तब भी थे लेकिन इस तरह परिवर्तन करनेका खास उद्देश यह था कि वर्णव्यवस्था ऐसी सनातन न हो जावे कि जरूरत पड़नेपर बदल न सके। दूसरी बात यह कि महाराज भरतने इस प्रकार परिवर्तन करके सिद्ध करना चाहा था कि वर्णव्यवस्थाका बनाना बिगाडना धर्माचार्योंका नही, किन्तु समाजके नेताओंका काम है।

कुगुरु—अरे बाबा रे बाबा। हम नहीं समझते थे कि तुम लोग ऐसे नास्तिक हो। तुम्हारे पास तो खडे होनेका धर्म नहीं है। ऐसी बातें करके तुम समाजसे माफी मांगो और अपने शब्द वापिस लो नहीं तो ठीक नहीं होगा।

पांचवा—जैसा होगा हम भोगेंगे, अब आप प्रस्थान कीजिये ! नहीं तो लेनेके देने पड जांयगे।

(सबका प्रस्थान)

चौथा दृश्य।

(महिलाओंका गाते हुए प्रवेश)

चलो सखी दर्शन कर आवें महावीर प्रभुजी आये।
वीतराग सर्वज्ञदेवके सब ही ने दर्शन पाये॥
हैं वे परम वीतरागी प्रभु उनमें नहीं मोहमाया।
परम शत्रुओंपर भी करते शान्तिमयी शीतल छाया॥
जगत धर्मका प्यासा था प्रभुने धर्मामृत बरसाया।
ऊचनीच नरनारी खग पशु सारा जगत वहां आया॥
ज्ञान और चारित्ररूप मणिजटित हार हमको लाये।
चलो सखी दर्शन कर आवें महावीर प्रभुजी आये॥
कानोंमें सन्मत्र रूप वे कर्णफूल पहिराते हैं।
आखोंमें अज्ञान विनाशक अजन ज्ञान लगाते हैं॥
दान धर्म रूपी कँकण हाथोंके लिये बताते हैं।
मन मनके आभूषण पाकर लोग खुशी होजाते हैं॥
चलो सखी पहिने हम, प्रभुजी शीलमयी साड़ी लाये।
चलो सखी दर्शन कर आवें, महावीर प्रभुजी आये॥

समदर्शी हैं पुत्र पुत्रियोंमें प्रभुको कुछ भेद नहीं।
सबको किया स्वतंन्त्र जगतमें रहा किसीको खेद नहीं॥
जन्म जन्मके पाप नाथके पास कटेंगे नही कही।
दर्शन, ज्ञान, चरित्र रूपशिव-पथ मिलेगा चलो वहीं॥
सर्व सिद्धियां वहीं खड़ी हैं प्रभु हमको देने लायं।
चलो सखी दर्शन कर आवें महावीर प्रभुजी आयं॥

(कुगुरुका प्रवेश)

कुगुरु-(स्त्रियोंसे) तुम लोग किसकी उपासना करने जा रही हो?

एक वृद्धा-भगवान महावीरकी।

कुगुरु-लेकिन वह सुधारक है उसके कहनेमें लगोगी तो तुम्हारा मनुष्य जीवन नष्ट होजावेगा।

वृद्धा-अर्थात् स्वर्गीय जीवन प्राप्त होजावेगा, यह तो कोई बुरी बात नहीं है।

कुगुरु-हैं! तुम लोग चार दिनमें ही इतनी बाचाल होगई! जो रीतिरिवाज या धर्म, जन्मसे आरहा है उसे तोड़कर क्या तुम समझती हो कि तुम्हारा कल्याण होगा?

वृद्धा-जन्मकी रीतियोंको कौन पाल सकता है? जन्मसे लोग नङ्गे पैदा होते हैं, लेकिन जीवन-भर नङ्गे नहीं रहते, जन्मसे भाषा ज्ञान नहीं रहता है, फिर भी वह सीखा जाता है, जन्मसे मनुष्य कमजोर, परावलम्बी और अज्ञानी रहता है है लेकिन पीछे वह बलिष्ठ, स्वावलम्बी और ज्ञानी बनता है। अगर मनुष्य जन्मकी स्थितिका पालक बना रहे तो मानव जीवनमें और पाशव जीवनमें क्या अन्तर रहे?

कुगुरु-देखो! यह तुम्हारी स्वच्छन्दताका परिणाम है जो तुम मर्दोंके साम्हने इस तरह मुंह चला रही हो, यह स्वच्छन्दता तुम्हें अभी अच्छी मालूम होती होगी, लेकिन इसका फल बहुत बुरा होगा। तुम्हारा जीवन अपवित्र हो जायगा। अच्छा! मै पूछता हू तुम अपने भगवानकी पूजा करती हो?

वृद्धा-अवश्य!

कुगुरु-प्रक्षाल या अभिषेक भी अपने हाथसे करती हो?

वृद्धा-अवश्य! इसके लिये भाडेतू आदमीकी क्या जरूरत है?

कुगुरु-अब तुम्ही सोचो! तुम एक नग्न मनुष्यके दर्शन करती हो, उसकी मूर्तिका अभिषेक करती हो क्या इसतरह तुम्हारा ब्रह्मचर्य्य सुरक्षित रह सकता है?

वृद्धा-आः! अपनी मा बहिनोंके विषयमे मिथ्या कलङ्क लगाने वाले नादान! मैं पूछती हूं कि जब तुम बाल्यावस्थामे नगे रहते थे और तुम्हारी माताएं तुम्हें गोदमें लेकर, छातीसे लगाकर खिलाती थी तब क्या उनका शील नष्ट होजाता था? क्या तुम सब शीलभ्रष्ट माताओंकी सन्तान हो? क्या तुमसे मिलनेवाली तुम्हारी बहिनें और पुत्रिया शीलभ्रष्ट हैं? धिक्कार है तुम्हारी इस कल्पना बुद्धिको और पंडिताईको। ऐसी कल्पना करनेके पहिले तुम्हारा हृदय फट जाना चाहिये, ऐसी बात करते समय तुम्हारी जिह्वाके सैकड़ों टुकड़े हो जाना चाहिये और अब भी अगर कुछ लज्जा हो तो पानीमें डूब मरो और पापका प्रायश्चित्त करलो! (कुगुरुका और उनके भक्तोंका सिर नीचा हो जाता है)

एक भक्त-माताजी! आप उत्तेजित न हों। हम लोगोंने किसी बुरे अभिप्रायसे यह बात नहीं कही थी। आपने जो बालकोंका उदाहरण दिया

है वह विषम है, बालकमें और बड़े आदमीमें बड़ा अन्तर है ।

वृद्धा—क्या बड़ी उमरमें बहिनसे भाई, पितासे पुत्री, मातासे पुत्र आदि नहीं मिलते ?

भक्त—मिलते हैं ! परंतु उनके भावोंमें अतर है ।

वृद्धा—तो क्या भगवानके दर्शनोंमें और पूजन प्रक्षालमें भावोंका अन्तर नहीं है ? जरा तुम अपने ही ग्रंथोंको देखो ! जिन अप्सराओंने वृद्ध ऋषिको सवस्त्र देखकरके भी परदा कर लिया था वे ही युवक और नग्न शुकदेवको देखकर नङ्गी खेलती रहीं । क्या शुकदेव बच्चे थे या अप्सराएं बच्चियां थीं ? आश्चर्य है कि भावोंके माहात्म्यकी यह मोटी बात पंडित होकर भी तुम्हारी समझमें नहीं आती ! आखिर यह पंडिताई है किस मर्जकी दवा ?

भक्त—माताजी ! हम लोग आपकी विद्वत्ताका लोहा मानते हैं । फिर भी इतनी प्रार्थना अवश्य करते हैं कि स्वतन्त्रतासे भारतीय संस्कृतिको धक्का लगेगा ।

वृद्धा—भाई ! हमें संस्कृति मात्रका पुजारी न होना चाहिये । पुजारी होना चाहिये हमें सत्य, शिव और सुन्दरका । अगर हमारी संस्कृतिमें सत्यता, शिवता (कल्याणकारिता) और सुन्दरता नहीं है तो वह हेय है । हमें उस संस्कृतिको दूर हटाकर सत्य शिव सुन्दर संस्कृतिको पैदा करना चाहिये । खैर ! मुझे जो कहना था सो कह चुकी; अब जाती हूं (साथकी स्त्रियोंसे) चलो बहिनो ।

भक्त—माताजी ! हम अन्धोंकी आंखें खोलकर कहां जाती हो ? आंखें खोली हैं तो सत्पथपर भी ले चलो । मेरे धन्यभाग्य ! कि आज मैं इस कुगुरुके जालसे निकल रहा हूं ।

कुगुरु—(चौंककर) एं ! तुम लोग एक औरतकी ही बातोंमें आगये ?

भक्त—महाराज ! धर्म और विद्वत्ताका ठेका सिर्फ पुरुषोंको ही नहीं मिला है । अब आप यहां अरण्यरोदन न कीजिये ! और अपना रास्ता नापिये ।

(कुगुरुका प्रस्थान, थोड़ी देर निस्तब्धता)

वृद्धा—बेटा !

भक्त—मां !

वृद्धा—चलो ! भगवानके दर्शनोंको चलें ।

भक्त—चलिये !

(सबका प्रस्थान)

पांचवां दृश्य ।

(कुगुरुका प्रवेश, आर्तस्वरमें गायन) ।

हाय मेरे राज्यका होता यहीं अवसान है ।
पहुंचता हूं मैं जहां होता वहीं अपमान है ॥
उदित होते सूर्यके होती दशा जो धूककी ।
हो रही वह आज मेरी धूल होती शान है ॥
भक्त लोगोंकी मुझे आशा जरा थी बच रही ।
वे निराशा दे गये अब तो तपड़ती जान है ॥
राज्य होगा सत्यका पर मैं मरूंगा भूखसे ।
हाय ! ढोंगोंका यहां दिखता न एक निशान है ॥
हाय ! खानेके लिये विष भी यहां मिलता नहीं ।
है पिचकती तोंद यह हा ! पेट पीठ समान है ॥
क्या करूं जाऊं कहां मैं किस तरह जीवित रहूं ।
कौन दे सकता मुझे हा ! आज जीवनदान है ॥

(मिथ्यात्व और मूर्खताका प्रवेश)

मिथ्यात्व—फिर चुका हूं सब जगतमें पर कहीं आश्रय नहीं ।
भक्त मेरे मिट गये कोई न दिखता है कहीं ॥
मूर्खता—नाश हो जिनवाणि तेरा क्यों सताती है मुझे ।
दिन फिरेंगे दुष्टताका फल चखाऊंगी तुझे ॥

(कुगुरु इन दोनोंको थोड़ी देर तक आश्चर्य-चकित होकर देखता है फिर मिथ्यात्वके पैरों-पर गिरकर कहता है)

कुगुरु–कौन ? मेरे परमाराध्य पिताजी ?

मिथ्यात्व–हां ! बेटा।

कुगुरु–आपकी यह दशा !

मिथ्यात्व–और तेरी ?

कुगुरु–हाय ! हम सबका भाग्य एक ही साथ फूट गया।

मिथ्यात्व–बेटा ! अब इसका क्या उपाय है ?

कुगुरु–पिताजी ! मैं तो किंकर्तव्यविमूढ़ होरहा हूं, जी चाहता है आत्मघात करलूं।

मिथ्यात्व–नहीं बेटा ! ऐसा भूलकर भी न करना। नहीं तो मेरी कमर टूट जायगी।

कुगुरु–तो क्या करें ? कैसे जियें ? किसके शरण जायें ?

मिथ्यात्व–अब एक ही उपाय है।

कुगुरु–वह क्या ?

मिथ्यात्व–कुदेवोंकि दर्बारमें जाना।

कुगुरु–क्या कुछ सफलता होगी ?

मिथ्यात्व–कुछ न होगा तो आश्वासन तो मिलेगा।

कुगुरु–अच्छा ! चलिये !

(सबका प्रस्थान)

❦ ❦ ❦

छठवां दृश्य।

(पर्दा उठता है, कुदेवोंका दर्बार, सब कुदेव यथास्थान बैठे हैं)

(रूढ़ियोंका गायन)

जय कुदेव ! जय कुदेव ! जगत करत सेव,
हमारी न खबरें विसारियो !
दुनियाको ढोंगोंमें फास रखो देव।
भूखों न दासियोंको मारियो ॥ जय० ॥
तुम ही हो राजाधिराजा हमारे,
अँखियोंके तारे।
आवे सुधारक जो घात करें देव !
विपदासे हमको उबारियो ! ॥ जय० ॥
आवे सुधारक विघातक हमारे,
उन्नतिके प्यारे।
तब पुराण पथियोंकी सृष्टि करो देव।
रक्षा हमारी विचारियो ! ॥ जय० ॥

(मिथ्यात्वादिका प्रवेश, कुदेवोंका स्वागत करना)

कुदेव–कहिये ! आज तो आप बहुत रंजीदे मालूम होते है।

मिथ्यात्व–देव ! क्या कहें ? अब तो हम लोगोको प्राण बचाना भी मुश्किल है।

कुदेव–आप इतनी चिन्ता न करें, हम सब लोग अमर हैं पराजित होसकते हैं, मगर मर नहीं सकते।

मिथ्यात्व–लेकिन हमारा यह जीवन तो मर-नेसे भी बुरा है।

कुदेव–संसारमें ऐसा होता ही है, सबके दिन एकसे नहीं जाते। एक समय घूरेके भी दिन फिरते हैं।

मिथ्यात्व–फिर भी कबतक इस तरह दिन कटेंगे? हमारी दुर्दशापर नजर डालिये ! कुगुरु और मूर्खतापर दया कीजिये ! और हमें समुन्नत होनेका वरदान दीजिये।

कुदेव–देखो ! अभी दो चार सौ वर्षतक तो कुछ नहीं हो सकता, इसके बाद धीरे२ तुम्हारी विजय होने लगेगी। दो हजार वर्षके बाद तुम्हारा साम्राज्य पूरा जम जायगा जो कि सैकड़ों वर्षों तक रहेगा।

मिथ्यात्व—महाराज ! इन लोगोंने मुझे परेशान किया है, घरमें घुस घुसकर मुझे मारा है। इसलिये इनका योग्य बदला लेनेकी इच्छा है।

कुदेव—एवमस्तु ! इसके लिये हमलोग खुद इनके घरमें अवतार लेंगे और अनेक देवी देवताओंके रूप धरकर वीतरागकी उपासनाको ढीला कर देंगे उस समय तुम काफी बदला लेसकोगे।

मूर्खता—महाराज, जिनवाणीने मुझे बुरी तरह मारा है इसलिये मैं चाहती हू कि भविष्यमें मैं इसके घरमें घुस जाऊ।

कुदेव—एवमस्तु । सिर्फ तुम ही नहीं किन्तु तुम्हारे साथी ढोंग भी जिनवाणीके अंग बन जावेंगे, उसकी चेतना नष्ट हो जावेगी, उसका संस्थान हुडक हो जावेगा, उसके शरीरसे दुर्गंध आने लगेगी।

कुगुरु-महाराज ! हमारे लिये भी ऐसा ही वरदान दीजिये !

कुदेव—एवमस्तु ! तुम उत्तम, मध्यम, जघन्य वेषोंको धारण करके अपने शत्रुओंसे पूजित होगे, उस समय तुम्हारे अच्छे बुरे नाना रूप होंगे, उन सबसे तुम अपमानका बदला लेसकोगे और मिथ्यात्व तथा मूर्खताको सहायता देसकोगे।

मिथ्यात्वादि—धन्य है देव ! धन्य है !

जय ! कुदेवमहाराजकी जय !

(पटाक्षेप)

सातवां दृश्य।

(मूर्खताका प्रवेश।)

मूर्खता—

दो दिनका उत्थान फिर, बहो पतनको बात।
चार दिनाकी चांदनी, फेर अँधेरी रात॥

(नेपथ्यमें)

है न अँधेरी रात बहु, चमक नेको बात।
सूर्य चन्द्र बदले कमें फिरते हैं दिन रात॥

मूर्खता—आह ! मेरे मर्मको छेदनेवाली, मेरी आशापर पानी फेरनेवाली यह आवाज कहांसे आई ? चिंता नहीं ! अभी इन लोगोंके दिन हैं इसलिये चकलेने दो फिर देखा जायगा। (नेपथ्यकी ओर देखकर) देखिा यह साम्हनेसे कौन आ रही है ? अरे ! यह तो जिनवाणी आ रही है। अब कहां जाऊं ? अब यह मुझे न छोडेगी (भय नाट्य करती है)

(जिनवाणीका प्रवेश)

जिनवाणी—कौन री ! अभीतक तू जीवित है ?

मूर्खता—जिनवाणि, इतना न इठलाओ ! सबके दिन एकसे नहीं जाते, तुम्हारे पतनका समय भी आनेवाला है।

जिनवाणी—हमारे पतनका ?

मूर्खता—हां ! हां तुम्हारे पतनका। जिस समय तुम्हारा अंग सड़ जायगा, उसके भीतर दुनियां भरका मवाद इकट्ठा हो जावेगा, तुम्हारी सूरत हुंडक होजावेगी, उस समय तुम्हारी छातीपर बैठकर मैं कोदों दलूंगी।

जिनवाणी-जा, जा ! (पैरोंकी ठोकरसे मूर्खताको गिरा देती है) छोटे मुह बड़ी बात ! मानों किसीने वरदान दे दिया हो !

मूर्खता—सताले ! सताले ! इस विपदाके समय खूब मनाले ! परन्तु मुझे वरदान ही मिला है। गिन गिनकर बदला लूंगी।

जिनवाणी—वरदान ! किसका वरदान ?

मूर्खता—जाकर अपने बाप महावीरसे पूछ !

(जल्दीसे प्रस्थान)

जिनवाणी—भाग गई! हत्या टली। (कुछ विचार कर) लेकिन यह वरदान क्या बला है, चलूं पिताजीसे पूछूं।

(प्रस्थान)

आठवां दृश्य।

(भगवान महावीर गौतम आदि यथास्थान बैठे हैं. श्रावक लोग स्तुति कर रहे हैं)।

जय! जय! जय! वीरदेव।
सुरनर मुनि करत सेव॥
मिथ्यातम नाशक दु:खापहारी।
हिंसाको दूर किया।
पापोंको चूर किया॥
जय! जय! जिनेन्द्रदेव सौख्यकारी।
पतितोंके उद्धारक।
समताके सचारक॥
निबल बलदायक, सुज्ञानधारी।
पाखण्ड दूर किया।
रूढ़ियोंको चूर किया॥
तोड़ डाले बन्धन, विनाशकारी।

× × ×

जय! जय! जय महावीर!
जय! जय! जय! महावीर!!
दूर करो जगत पीर!
जय! जय! जय!
सबका उद्धार करो!
मिथ्यामय बुद्धि हरो!!
जीवनमें शान्ति भरो!
जय! जय! जय!!

(जिनवाणीका प्रवेश)

गौतम—बहिन! आज तुम्हारा मुख उदास क्यों है?

जिनवाणी मुझे अपने भविष्यके विषयमें बुरी आशंका होरही है।

गौतम बहिन! तुम्हारे ऊपर कौन अंगुली उठा सकता है?

महावीर-गौतम! सबके दिन एकसे नहीं जाते।

जिनवाणी—(महावीरसे) पिताजी! तो क्या जो कुछ मूर्खताने कहा है वह सत्य है?

महावीर—बिलकुल सत्य।

जिनवाणी—हाय! तो आपने इस क्षणिक जीवनके लिये मुझे क्यों पैदा किया?

महावीर—बेटी! तुम्हारा जीवन क्षणिक नहीं है, परन्तु किसीका भी जीवन आपत्तियोंसे रहित नहीं होता। दिन और रात कैसा चक्कर लगता ही रहता है।

जिनवाणी—पिताजी! अगर कुदेव उन पापियोंको वर देसकते हैं तो क्या आप मुझे नहीं देसकते?

महावीर-बेटी! भविष्यको बदलकर कोई किसीको वर नहीं दे सकता।

जिनवाणी माना! लेकिन भविष्यको न बदलकर तो आप वरदान देसकते हैं। जिसे आप भविष्य कहते हैं वही मुझे वरदान है।

महावीर-'एवमस्तु"

जब मिथ्यात्व रूढ़ियाँ तुझको करदेंगी पूरा हैरान।
तेरे पुत्र मूर्खता वश हो छोड़ चुकेंगे सम्यग्ज्ञान॥
तब तेरे सुपुत्र कुछ तेरे लिये करेंगे जीवन दान।
उन सुधारकोंसे ही होगा तेरी विपदाका अवसान॥

गौतम—धन्य है प्रभो! धन्य है।

सब—भगवान महावीरकी जय!

जैनधर्मकी जय!

दरबारीलाल।

सती दर्शन—

कुमारी चंदना।

[लेखक-पं० मूलचन्द्र जैन "वत्सल"]

महाराजा चेटक धर्म तथा न्यायके साथ २ अपनी प्रजाका पालन करते थे, अपनी न्यायशीलतासे वे अत्यंत ही प्रसिद्ध थे।

राजकन्या चंदनाकुमारी परम स्वरूपवान थी। वह नवयौवन संपन्ना सुन्दरी अपनी मनमोहक सुन्दरतासे रतिके सौन्दर्यको लज्जित करती थी। सद्‌विद्या, दया, क्षमा, लज्जा तथा विनय आदि अनेक उत्तमोत्तम गुणसे भूषित वह सुन्दरी धर्मादि कार्योंके संपादनमें सदैव निरत रहती थी।

वह सत्पात्रोंको सदैव दान देती, दुःखित और दीन प्राणियोंके ऊपर दयाभाव धारण करती हुई, जिनपूजन, दर्शन और स्वाध्याय आदिक नित्य कृत्योंका योग्यतासे परिचालन करती थी।

अनेक सिद्धांत ग्रन्थोंका उसने उत्तमतासे अध्ययन किया था, तथा चारित्रके महत्वको प्रदर्शन करनेके लिए उसने ब्रह्मचर्य व्रतको धारण किया था।

वह सुन्दरी एक दिन संध्यासमय अपनी उच्च अट्टालिकाके छतपर सरलभावसे क्रीडा कर रही थी। वह प्रकृतिकी अद्भुत छटाका दिग्दर्शन करती हुई, अनेक दिव्य विचारोंमें तन्मयसी होरही थी।

उसी समय आकाशमार्गसे क्रीड़ा करता हुआ, एक सुन्दर विद्याधरकुमार अपने विमान द्वारा जा रहा था। अनायास उसकी दृष्टि मनको मोहित करनेवाली सुन्दरी चंदनाके ऊपर जा पड़ी। उस रति सदृशी युवतीका अवलोकन करते ही वह कामके तीक्ष्ण बाणोंसे जर्जरित होकर उसे प्राप्त करनेकी इच्छा करने लगा।

वह विचारने लगा—अहो! संसारमें ऐसी सुन्दर रमणीका दर्शन अत्यंत दुर्लभ है। अस्तु, इस रमणीरत्नको किसी उपायसे प्राप्त कर इसके द्वारा स्वर्गीय भोगोंका संपादन करना चाहिए।

उपर्युक्त विचारको अपने हृदयमें धारण करता हुआ वह दुर्बुद्धि उस बालिकाके हरण करनेकी चेष्टा करने लगा। किसी विद्वान्‌ने सच कहा है कि-"कामके बाणों द्वारा वेधित पुरुषके हृदयसे ज्ञान, विवेक, सद्‌बुद्धि और लज्जा भाग जाती है, वह कार्याकार्यके विचारसे सर्वथा शून्य होजाता है।" अस्तु, वह मदांध विद्याधर आकाशसे अपने विमानको नीचे लाकर, सरल स्वभाववाली उस कुमारिकाको बलात् उस शीघ्रगामी विमानमें बैठाकर आकाशमार्गमें चलने लगा।

इस दैविक दुर्घटनासे पवित्रहृदया चंदनाका मन भावी विपत्तिकी आशङ्कासे व्यथित होने लगा। वह अपने हृदयमें विचार करने लगी—अहो! यह दुरात्मा मुझे बलात्कार लेजाकर मेरे ब्रह्मचर्य व्रत भंग करनेका दुष्प्रयत्न अवश्य करेगा। देखो यह पापी अपने अमूल्य धर्मको नष्टकर अपने हाथोंसे दुर्गतिका बीज बोरहा है, किन्तु मैं प्राण जाते हुए अपने ब्रह्मचर्यका रक्षण करूंगी।

अहा! देखो, पूर्वमें सीता आदि सतियोंके ऊपर कितनी घोर आपत्तियां आईं, उन्हें कितनी मनोभावनाओंका सामना करना पड़ा, भय, क्रोध और अनेक अत्याचारों द्वारा उनका मन विकम्पित

करनेका कुप्रयत्न किया गया, किंतु वे सतियां किंचित् भी अपने दृढ़ व्रतमे चलायमान नहीं हुई थीं। अहा! ऐसी सतियोंके द्वारा ही महिलाओंका गौरव विश्वमें विस्तीर्णताको प्राप्त होता है। वास्तवमें नारियोंका महत्व अपने पुनीत धर्मके पालनमें ही है। वे स्त्रियां कितनी नीच और दुर्गतिकी उपासिनी हैं, जो कि चन्द विषय सुखोंके लिए, थोडे समयकी इन्द्रिय तृप्तिके लिए अपने अमौलिक रत्न पतिव्रत धर्मको नष्ट कर अनंत संसारकी दुःखज्वालामें पड़नेका प्रयत्न करती हैं। जो नारियां नश्वर प्रलोभनोंमें पड़कर, आपत्तियों अथवा भयके सम्मुख अपने धर्मपर दृढ़ नहीं रहतीं वे संसारमें घोर अपयशको प्राप्त होती हैं। ऐसी नारियोंकी कायरता और विषयचेष्टाओंको धिक्कार है तथा उस कामदेवको भी धिक्कार है जिसके वश होकर मनुष्य अपने समग्र धर्मकृत्य और लोकलज्जाको तिलांजुलि दे बैठता है।

अस्तु, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं अपनी इस परीक्षाके समय अपनेको अत्यन्त दृढ़ रक्खूं। वह इस प्रकार अपने हृदयमें विचार कररही थी, उधर उस विद्याधर कुमारने उसे अनेक प्रकारकी कामचेष्टाएं करके तथा बहुतसे प्रलोभनों द्वारा उसके हृदयमें काम विकार उत्पन्न करनेका अनुचित प्रयास किया किन्तु उसकी इन चेष्टाओंसे चंदनाका हृदय तनिक भी विचलित नहीं हुआ।

तब वह उसकी बहुत प्रकारसे विनय एवं शुश्रूषा करता हुआ बोला—देवी! मैं तुम्हारी किंचित् कृपाका अभिलाषी हूं। मुझ अकिंचनके ऊपर प्रसन्न होकर मुझे संतोषित कीजिए। हे सुन्दरी! तुझ कोमलांगीको मुझपर इतनी निष्ठुरता धारण नहीं करना चाहिए। मैं तेरी तनिक प्रसन्नतासे ही जीवित रह सका हूं। अन्यथा यह जीवन कुछ समय पश्चात ही नष्ट हो जावेगा।

उसके इसप्रकार कौशलपूर्ण वचनोंका भी उसपर तनिक प्रभाव नहीं पड़ा। वह बोली- हे भाई, तू किंचित् लालसाके वश होकर क्यों इसप्रकार निंद्य कृत्य करनेके लिए उद्यत होरहा है? यह कार्य तेरे दोनों लोकोंके लिए घोर आपत्तिप्रदायक है। तुझे एक कुमारी बालिकाको इसप्रकार हरण कर उसके ब्रह्मचर्य नष्ट करनेका उद्योग करना अत्यन्त निंदनीय है। अस्तु, तेरा कर्तव्य है कि तू मुझे शीघ्र मेरे स्थानपर पहुंचा दे।

कुमारीकी इन शिक्षापूर्ण बातोंसे उस विद्याधरको किंचित् भी संतोष नहीं हुआ। वह और कुछ कहना चाहता था कि उसकी दृष्टि साम्हने आते हुए एक विमान पर पड़ी। उसको देखते ही उस निष्ठुरने भयभीत होकर शीघ्रतापूर्वक उस कोमलांगी कुमारिकाको विद्याद्वारा नीचेके घोर जंगलमें छोड़ दिया।

पाठकगण समझ गए होंगे कि उस विमानमें उसकी पत्नी इसके समीप आरही थी। अस्तु, विद्याधरने अपने इस घृणित कार्यका भेद प्रकट होजानेके भयसे उसे भयानक अटवीमें गिरा दिया!

(२)

कुमारी चन्दना क्रूर जंतुओंसे व्याप्त उस भयानक वनमें पूर्वकृत कर्मोंके अशुभ फलोंको चिंतवन करती हुई अपने हृदयको आश्वासन देने लगी। वह विचार करने लगी—अहो! कर्मोंकी लीला बड़ी विचित्र है। संसारी प्राणियोंके

ऊपर इसका अरोक चक्र निरन्तर चल रहा है। यह अनेक महामण्डलेश्वर राजाओंसे सेवित अधिपतियोंको क्षणमात्रमें पथ२ का भिखारी बना देता है।

मानव जो पूर्व शुभ, अशुभ कार्य करते हैं उनका फल देनेमें यह कर्म बड़ा ही निष्ठुर है।

यह चक्रवर्ती महाराजा आदि किसी पर किंचित् भी दया नहीं करता, पूर्व कर्मफल भोगना प्रत्येक व्यक्तिके लिए अनिवार्य है।

खेद है मनुष्य इस प्रकार जानते हुए भी, कि उपार्जित कर्मोंका फल भविष्यमें अवश्यमेव भोगना पड़ेगा, पाप कृत्योंसे मुंह नहीं मोड़ते। देखो, कुछ समय प्रथम मैं अपने शोभापूर्ण राजप्रासादमें सानंद विनोद कर रही थी, किंतु कुछ समय पश्चात् ही मुझे इस भयानक अटवीमें पड़ना पड़ा। अस्तु, अब मेरा कर्तव्य है कि इन पूर्वोपार्जित कर्मफलोंको शांतिपूर्वक सहन करूं। क्योंकि जो आपत्ति मानवोंके ऊपर जिस समय आकर पड़ती है उसे वह अवश्य ही भोगना पड़ती है। कर्मफल भोगनेमें व्यक्ति पराधीन है। यदि हृदयमें खेदपूर्वक उसे सहन किया जावे तो आपत्ति किंचित् भी न्यून नहीं होती किन्तु उत्कटता ही प्राप्त होती है।

इत्यादि विचारोंको हृदयमें धारण करती हुई वह किसी योग्य स्थान प्राप्तिकी इच्छासे उस बनमें यत्र तत्र भ्रमण करने लगी। उस बनके समीप ही एक छोटीसी भीलोंकी बस्ती थी। उस भीलपल्लीका एक अधिपति भील था वह अत्यंत क्रूर बुद्धि और धनलोलुप था। उस दिन अनायास वह उपरोक्त बनमें भ्रमण कररहा था। भ्रमण करते हुए उसने कुछ दूरसे लावण्यवती चन्दनाकुमारीको देखा। उसे देखते ही उसके हृदयमें किंचित् करुणा तथा कुछ हर्ष उत्पन्न हुआ। वह दयापूर्वक उस सुन्दरीके समीप जाकर उसे सान्त्वना देता हुआ अपने स्थान पर ले आया।

कुमारी चन्दनाको लानेके पश्चातसे ही उसके हृदयमें एक नवीन भाव उत्पन्न हुआ। उसने विचार किया कि यह अत्यन्त स्वरूपवती कन्या है। यदि यह सुंदरी किसी योग्य धनिक व्यक्तिको सौंप दी जाय तो उसके द्वारा मुझे इच्छित धनकी प्राप्ति हो सकती है। इस भावके उदित होते ही उसका मुख-मण्डल अत्यन्त प्रसन्न हो उठा। वह अपने भावको अत्यन्त सराहने लगा और उसने उसी समय जाकर कौशाम्बी नगरीके प्रसिद्ध धनिक श्रेष्ठी वृषभसेन द्वारा यथेच्छ द्रव्य प्राप्तकर चन्दनाकुमारीको उसके सुपुर्द कर दिया।

श्रेष्ठी वृषभसेन अत्यंत दयालुहृदय तथा सच्चरित्र व्यक्ति था। उसने उस कुमारीको सम्मानपूर्वक लेजाकर अपनी गृहिणीकी संरक्षतामें रख दिया और उससे कहा ! प्रिये ! यह कुमारी कुलीन और सच्चरित्रा प्रतीत होती है, अतः इसे अपने समीप उचित व्यवहार पूर्वक रखना। चंदनाकुमारी श्रेष्ठीके गृहमें कुछ काल पर्यंत सुखपूर्वक समय व्यतीत करने लगी।

अधिकांश नारियोंका हृदय स्वभावतः द्वेषपूर्ण होता है। द्वेषके साथ२ उनके मनमें अविश्वास सदैव निवास किया करता है। वह किसी अत्यंत रूपवती महिलाको देखकर निष्प्रयोजन ईर्षा धारण कर लेती हैं और यदि कोई रूप गुणसम्पन्ना महिला उनके कुटुम्बमें निवास करती हो

और अन्य सुहृद जन यदि उसके साथ योग्य ताका व्यवहार करते हो तो उन्हें कई प्रकारकी आशंकाएं होने लगती हैं। अस्तु, कुछ समय पश्चात् ही कुमारी चंदनाके अभूतपूर्व रूप लावण्यका पूर्ण विकाश होता अवलोकन कर श्रेष्ठीकी पत्नीको उसके प्रति घोर ईर्षा उत्पन्न होने लगी।

उसका हृदय इस घृणित आशंकासे व्याप्त रहने लगा कि कुमारी चंदनाके रूप लावण्यपर संभवतः मेरा पति आसक्त न होजाय। यदि कभी ऐसा हुआ तो मुझे सदैवके लिए घोर दुःखकी ज्वालामें जलना पडेगा। इन असत् विचारोंके उदय होते ही उसने उस कुमारीके रूप लावण्यको नष्ट करनेका संकल्प किया, वह उसे एक प्रच्छन्न स्थानमे रखकर उसे अनेक यातनाएं देने लगीं।

उसे प्रकृतिविरुद्ध तथा अरुचिकारक भोजन दिया जाने लगा। इतना ही नहीं किन्तु उस निर्दय हृदयाने उस कोमलांगीके नम्र हाथ पैर लोहेकी कठोर सांकल द्वारा जकड़वा दिए। इस प्रकार बेचारी चन्दना पुनः नवीन विपत्तियोंके चक्रमें पड़ गई। यह निर्विवाद सिद्ध है कि जो वस्तु मनोज्ञ पुरुषोंके लिए आनंदवर्द्धक तथा सुख देनेवाली होती है वही सुखद सामग्री कभी२ अत्यंत हानिकर होजाती है।

स्त्रियोंमें अनेक गुणोंके साथ२ सुंदर रूपका होना भी प्रशंसनीय है, किंतु चंदनाके दुर्भाग्यसे उसका मनोहर सौन्दर्य ही उसके लिए आपातिका स्थान बन गया। इस असहनीय आपत्तिके संमुख भी वह अपने धार्मिक कृत्योंका किंचित् भी परित्याग नहीं करती थी, प्रत्युत इस घोर संकटमें उसके पवित्र हृदयमें धर्मके प्रति दृढ़ श्रद्धा उत्पन्न होगई। वह अपना प्रत्येक समय आत्मचिंतनमें व्यतीत करने लगी। इस आपत्तिमें भी उसका हृदय गंभीर और मुख सदैव प्रसन्न रहता था सो ठीक है—सज्जन पुरुष विपत्तिमें दृढ़ साहस धारण कर धर्म भावनाका ही चिंतवन करते है।

(३)

ऋजूकूला नदीके किनारे भगवान् महावीर घोर तपश्चरणमें निरत थे। वे सुमेरु सदृश निश्चल और वज्रके समान दृढ़ थे, उनके पवित्र हृदयमें अध्यात्मिक रसका सरस श्रोत प्रवाहित होरहा था, अनेक उपसर्गों और आपत्तियोंके साम्हने उनका हृदय किंचित् भी चलित नहीं हुआ था। वे दृढ योगी अपने आत्मोद्धारमे पूर्ण मग्न थे। मध्याह्नका समय होनेपर उन्होंने अपने ध्यानको समाप्त किया। यद्यपि उन्हें नश्वर शरीरसे किंचित् भी ममत्व नहीं था, तो भी उसके द्वारा पूर्ण आत्मोद्धारकी उत्कट इच्छासे उन्होने आहारार्थ प्रस्थान किया।

समस्त त्रस स्थावर जंतुओंपर पूर्ण करुणा दृष्टि रखते भूमिका निरीक्षण करते हुए उन योगीराजने कौशांबी नगरीमें प्रवेश किया।

लोहेकी दृढ़ सांकलसे जकडी हुई चंदना अपने स्थानपर बैठी हुई थी, भोजनका समय होनेके कारण उसके समीप नित्यप्रतिके अनुसार भोजनकी सामग्री लाकर रख दीगई थी। प्रत्येक दिवसके नियमानुसार वह द्वारपर खडी होकर योग्य पात्रका निरीक्षण किया करती थी।

अनायास ही उसने कुछ दूरसे योगिराज

भगवान् महावीरको आहारार्थ आते हुए अव-लोकन किया । उन्हें देखते ही उसका हृदय अनन्य भक्तिसे गद्‌गद् होउठा। उसका समस्त शरीर हर्षसे रोमांचित हो गया। उसके मनमें शीघ्रतः अत्यंत पवित्र भावनाएं जागृति हो उठीं। प्रबल इच्छशाक्तिके वशवर्ती होकर उसका हृदय बलात् भगवानको आहार देनेके लिए लालायित हो उठा।

वह भोजनकी वस्तुओंको सम्हाल कर भगवानके सन्मुख उपस्थित हुई। उसकी उत्कट भक्ति और ऋषीश्वर महावीरकी दृढ़ आत्मशक्तिके प्रभावसे द्वारके कपाट स्वत. उदघाटित होगए, कठोर सांकलकी कड़िएं क्षणमात्रमें छिन्नभिन्न हो गई और वह उसी समय बधनमुक्त हो गई।

उसने पवित्र भावोंसे, अनन्यभक्तिसे दृढ़ श्रद्धासे योगी महावीरको आहार दिया। भगवान महावीर आहार लेकर वनको चले गए।

इधर पात्र-दानके प्रभावसे उसी समय देवो द्वारा कुमारी चन्दनाका लुलित शब्दोंमें यश कीर्तन किया जाने लगा। मन्दमारुतसे समस्त दिशाएं सुगंधित होउठीं।

सुगंधित पुष्पवृष्टिसे वहाकी पृथ्वी इसप्रकार ज्ञात होने लगी, मानो चंदनाकुमारीकी अविरल वीरभक्ति देखकर हर्षसे प्रफुल्लित ही हो उठी हो, दिव्य नादसे समस्त आकाशमंडल गूंज उठा और देवताओंके द्वारा किए गए जयजय शब्दसे पृथ्वीमंडल ध्वनित होगया।

महारानी मृगावती अपने राजमहलके झरोखे-पर बैठी हुई थी, उसने कौतुकपूर्ण दृष्टिसे यह अभूतपूर्व दृश्य देखा। वह उस महान् व्यक्तिके विषयमें जाननेके लिए उत्सुक हो उठी जिसने भगवान्‌को आहारदान देकर महान् पुण्यका संचय किया था। कुछ समय पश्चात् ही उसे यह जानकर आश्चर्यके साथ २ अत्यंत हर्ष हुआ कि एक सुन्दरी महिलाने यह परम पुण्य कार्य किया है।

अस्तु, उसने सन्मानपूर्वक उस कुमारीके अव-लोकनार्थ उसे अपने राजमहलमें बुलवाया। वह इसकी रूप सुन्दरता तथा शांति एवं गम्भीर आकृतिको देखकर अत्यंत प्रसन्न हुई।

उसने कुमारी चदना द्वारा उसका पूर्व वृत्तांत ज्ञात किया। चदनाने अत्यन्त दारुण शब्दोंमें अपनी पूर्व आत्मकथा कह सुनाई। चंदनाकी घोर दु.ख पूर्ण व्यवस्था श्रवण कर महारानीका हृदय स्नेह तथा करुणासे आर्द्र हो उठा। उसने बडे स्नेहसे उसको अपने गलेसे लगा लिया और मिष्ट मनोहर बचनों द्वारा उसे पूर्ण सान्त्वना दी। वह बोली—आह बहिन! तू तो मुझे किंचित् भी नहीं पहचान सकी मैं तेरी बहिन मृगावती हूं। मुझे इस बातका अत्यंत खेद है, कि तुझे मेरे ही नगरमें रहकर अत्यत आपत्तियोंका साम्हना करना पडा। प्रिये! अब प्रसन्नता पूर्वक इस राजमहलमें निवास कर। कुमारी चदना यह जानकर अत्यंत प्रसन्न हुई और अपनी बहिनके समीप सानंद समय व्यतीत करने लगी।

समयकी गति बडी विचित्र है, रहटकी घटिकाओंके सदृश उसका चक्र प्रति समय चलता रहता है। दु खग्रस्त मानवोंको सुख और सुख-संपन्न व्यक्तियोंको दुःखरूपमें परिवर्तित करना इसका सरल क्रीड़ा विनोद है। जो व्यक्ति

कम गोंको कोमल शय्यापर भी शारीरिक पीड़ाका अनुभव करते हैं, जिनको अनेक सुश्रूषा तथा आग्रह करने पर स्वादिष्ट, मिष्ट और उत्तम पक्वानोंके ग्रहण करनेकी इच्छा नहीं होती है, जिन्हें चित्रामोंसे चित्रित उन्नत राज्य प्रासादोंमें कामनियोंके सरल क्रीड़ा विनोद द्वारा तृप्ति नहीं होती, वही व्यक्ति समयके परिवर्तन होनेपर, घोर अरण्यमें मध्याह्नकी तीव्र धूपमें एकाकी रहकर कठिन श्रम द्वारा प्राप्त हुए वृक्षोंके किंचित् फल और झरनोंका जल पीकर अपने हृदयको संतोषित करते हैं।

जो चंदना समयके चक्रमें पड़कर इसी कौशांबीनगरीमें, कठिन बंदीगृहमें व्यस्त थी, अरुचिपूर्ण और अन्य व्यक्ति द्वारा अवज्ञा पूर्वक दिये जानेवाला भोजन ग्रहण करती थी और परतंत्रतामें बद्ध थी वही उसी कौशांबी नगरीमें समयके परिवर्तनसे सन्मानपूर्वक राज्य प्रासादोंमें अनेक सुखसामग्रियों द्वारा प्रसन्न रक्खी जाने लगी।

(४)

भगवान् महावीरने शुक्लध्यानकी तीव्र ज्वालासे कर्म ईंधनको भस्म कर दिया। सुवर्ण अग्निकी तीव्र ज्वालामें पड़नेसे जिस प्रकार मल रहित होकर निर्मल होजाता है, तीक्ष्ण बेडियोंसे जकड़ा हुआ कठिन बंदीगृहमें पड़ा व्यक्ति बंधनमुक्त होकर जिसप्रकार स्वतंत्र होजाता है, कर्दम मिश्रित जल निर्मली बीजके द्वारा शुद्धकर रत्न पात्रमें रक्षित जिसप्रकार पवित्र होजाता है, भगवान महावीरका आत्मा उसी प्रकार घातिया कर्मों रूपी मैलके नष्ट होनेसे पवित्र होगया।

जिस प्रकार अंधकार पूर्ण निशाके अवसान होते ही प्रचंड किरणोंवाला मार्तंड अखिल विश्वको प्रकाशित कर देता है उसी प्रकार कर्मसमूहके नष्ट होते ही त्रैलोक्य-प्रकाशक दिव्य केवलज्ञान जागृत हुआ। उसके अलौकिक प्रभावसे संसारके समस्त पदार्थ दर्पणवत् प्रतिभासित होने लगे।

कुबेरने उनके अनेक मनोज्ञ उपदेश श्रवणार्थ आए हुए भव्यात्माओंके हितार्थ शोभापूर्ण समवशरणकी रचना की।

देव, मानव, और पशु आदि समस्त प्राणी उनका उपदेशामृत पान करनेके लिए उपस्थित हुए।

कुमारी चंदना भी अपनी बहिन मृगावतीके साथ धर्म श्रवणार्थ भगवान्के समवशरणमें गई और भक्तिपूर्वक स्तुति नमस्कार कर विनीत भावोंसे धर्म उपदेश श्रवण करने लगी।

भगवान् मोक्ष प्राप्तिका उपदेश दे रहे थे। उन्होंने उस दिनके विस्तृत व्याख्यानमें पूर्ण प्रामाणिकताके साथ यह बतलाया था कि यह संसार अनेक दुःख और यातनाओंसे पूर्ण है। इसमें रहनेवाले व्यक्ति निरंतर आशा तृष्णा और और विषयेच्छाओंकी तीव्र ज्वालासे जलते रहते हैं। उन्हें यहांपर किंचित् भी वास्तविक सुख और शान्ति प्राप्त नहीं होती। अस्तु, पूर्ण सुख और शांतिइच्छुक व्यक्तिको अपने आत्मोद्धारका निरंतर प्रयत्न करना चाहिए। किन्तु यह उसी समय होना संभव है, जब मनुष्य इन घृणित विषयोंकी तीव्र वासनाको नष्ट कर दे। उनका उपदेश बहुत विस्तृत रूपसे था कुमारी चंदनका हृदय पूर्वकी अनेक घटनाओंसे संसार तथा विषय से उन्मुख होरहा था, उसने इस अल्प अवस्थामें ही समयके अनेक परिवर्तनोंका

स्वर्गीय पं० बिहारीलालजी चैतन्य-अमरोहा।
(जैन शब्दकोष आदि अनेक ग्रन्थोंके रचयिता अंग्रेजी पढ़ेलिखे संस्कृत विद्वान्)

Jain Vijaya Press, Surat

साम्हना किया था, अस्तु वह संसार उसे क्षणिकसा प्रतीत होने लगा था तथा आध्यात्मिक ग्रंथोंका मनन करते २ उसकी उत्कट इच्छा आत्मोद्धारकी ओर आकर्षित होचुकी थी। अतः भगवान्के इस उपदेशका उसकी आत्मापर विलक्षण प्रभाव पड़ा। उसके हृदयमें वैराग्यकी तीव्र लहरें उदित होने लगीं और उसने विनीत होकर भगवान्से जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करनेकी प्रार्थना की।

भगवान्ने उसे भव्यात्मा समझकर दीक्षा प्रदान की। वह विषयेच्छाओंका दमनकर केवल एक श्वेत वस्त्र धारणकर व्रतोंके पालनमें मग्न हुई। भगवान्के समवशरणकी वह प्रथम आर्यिका हुई। उसके इस पवित्र कार्यका अनेक विदुषी महिलाओंने अनुकरण किया।

कुछ समय पश्चात् ही आर्यिकाओंका एक बृहत् संघ बन गया। तपश्विनी चंदना इस संघकी अधिष्ठात्री बनाई गई। उसने तीव्र तपश्चरणके द्वारा और ज्ञानकी गंभीरताके द्वारा निमग्नताके द्वारा, उस समयकी अखिल महिला समाजमें उच्चपद प्राप्त किया था।

वह अपनी आत्मशक्तिके द्वारा महिलासमाजके गौरवको उज्वल करती हुई, धर्मके महत्वको प्रदर्शित करती हुई, आत्मध्यानमें पूर्णत. मग्न होकर अन्त समयमें स्वर्गके श्रेष्ठ साम्राज्यकी अधिष्ठात्री हुई।

हमारी दृढ़ भावना है कि इस भारतमें ऐसी विदुषी, धर्मशीला कुमारिएं पुनः उत्पन्न होकर महिलाओंकी प्रतिष्ठाको सुरक्षित रक्खें।

दिवालीसे शिक्षा।

[ले० पं० जुगमंदिरदास जैन-सूरत।]

श्री महावीर प्रभुके अनुयायी बंधुओ! आप दीपमालिकाका त्योहार मना चुके, श्री वीरप्रभुके नामपर निर्वाणलाडू चढ़ाकर अपनी भक्ति (!) का परिचय दे चुके, स्वयं भी आपने लड्डुओं एव अन्याय मिष्टान्नोंका रसास्वादन किया होगा, परन्तु बंधुओ! आपने यह भी विचार किया कि यह दीपमालिकाका त्यौहार क्यों तो आया और यह हमको क्या शिक्षा देगया?

हमारा ख्याल है कि ऐसा विचार तो बहुत ही थोडे सज्जनोंने किया होगा। प्रत्येक त्यौहार (विशेष दिवस) कुछ न कुछ महत्वको लिये हुए है इस बातको कोई भी सहृदय व्यक्ति अस्वीकार नहीं कर सकता। इसी प्रकार दीपमालिकाका विशेष दिवस भी हमको बहुतसी शिक्षाएं देगया है। उन शिक्षाओं पर यदि विचार किया जाय तो हमारा विश्वास है कि वह हमारी अल्पज्ञ शक्तिके बाहर है क्योंकि जिस दीपमालिकोत्सवके प्रधान नायक श्री वीर प्रभुके गुणोंका वर्णन करनेको इन्द्रका गुरु बृहस्पति भी समर्थ नहीं है फिर भला हमलोग किसप्रकार उनके गुणोंका विचार कर सकते है? ताहम भी:—

हम वीरप्रभुके गुणोंका अनुसरण करनेके लिये स्वयं भी भावना भाते हैं तथा अपने बंधुओंसे भी निवेदन करते हैं कि आप भी भग-

बान वीरप्रभुके गुणोंके अनुसार चलनेके लिये तैयार होजावें।

बंधुवर्य! आपमें कोई भी ऐसा व्यक्ति न होगा जो अपने देश, जाति व धर्मकी रक्षा व वृद्धि न चाहता हो परन्तु ऐसी भावना होनेपर भी अपने देशको तो रहने दीजिये, अपनी जाति व धर्मकी रक्षा एवं वृद्धि होना भी कष्टसाध्य होरहा है इसका क्या कारण है? यदि आप गंभीरतासे विचार करेंगे तो मालूम होगा कि जिसप्रकार अग्नि वस्तुको जलाती है परन्तु जब उसके समीपमें चन्द्रकान्त मणि रख दी जाती है तो उसकी शक्ति दब जाती है और दग्ध क्रियाका होना बन्द होजाता है उसी प्रकार हमलोग देश, जाति व धर्मकी रक्षा एवं वृद्धिकी इच्छा रखते हैं व तदनुसार कुछ कार्य भी करते हैं परन्तु उसके बीचमें कुछ कारण ऐसे उपस्थित हैं जिनके कारण अपनी अभिलाषा पूर्ण नहीं होती है। उन कारणोंसे पहिला कारण स्वावलंबनका अभाव है।

किसी इतर व्यक्तिकी सहायतापर निर्भर न रहकर स्वयं ही कष्टोंके मार्गको तय करते हुए कार्य करना स्वावलंबन कहलाता है। जो व्यक्ति स्वयं अपने पैरोंपर खड़ा होकर कार्य करता है उसकी अन्य व्यक्ति तो क्या परमात्मा भी मदद करता है। जैसा कहा है कि:—

God helps those who help themselves. भगवान महावीरस्वामीने अपने पैरोंपर खड़े होकर ही अपनी आत्माका उद्धार किया था, उन्होंने अन्य किसी भी व्यक्तिकी मददकी स्वप्नमें भी आशा नहीं की थी।

बंधुओ! स्मरण रखो कि कोई भी किसीकी मदद नहीं करता है। जिन लोगोंने अपनी मददसे ही अपना कार्य किया है उन्होंने ही अपने कार्यमें सफलता प्राप्त की है तथा वे ही अन्य लोगोंको अपना अनुयायी बना सके हैं।

जिन महाशयोंने अमेरिकाका पता लगानेवाले या हिन्दुस्तानमें आनेके मार्गके संशोधक क्रिस्टोफर कोलम्बसका इतिहास पढ़ा होगा वे अच्छी तरह जानते होंगे कि:—उसकी मदद करनेवाला एक भी व्यक्ति नहीं था प्रत्युत उसके कार्यमें विघ्न उपस्थित करनेवाले या उसको मदद देनेका विश्वास देकर, उसको मदद देनेसे इनकार करनेवाले पृथ्वीकलंक, विश्वासघाती मनुष्योंकी ही संख्या अधिक थी, तिसपर भी उस स्वावलम्बी वीर पुरुषने अपने पैरोंपर खड़े होकर अपना कार्य किया व उसमें सफलता प्राप्त की एवं दुनियांमें अपना नाम अमर कर दिया।

यह बात अवश्य है कि जो मनुष्य स्वावलंबी होते हैं उनको बड़े२ कष्टोंका सामना अवश्य करना पड़ता है कारण कि स्वावलम्बी पुरुष दूसरेकी मददकी तो आशा रखता ही नहीं है, वह तो यह विचार करता है कि "मैं यदि स्वयं कष्ट सहनकी परीक्षामें उत्तीर्ण होकर अपना कार्य करूंगा तब ही मेरा कार्य हो सकेगा।" इसीलिये स्वावलम्बी पुरुष अपने ऊपर आये हुए कष्टोंको बड़ी खुशीके साथ सहन करते हुए अपने प्रारंभित कार्यमें संलग्न रहता है।

वीर कोलम्बस जिस समय हिन्दुस्तानका पता लगानेके लिये जहाजोंपर सफर कर रहा था उस

समय उसके साथमें आये हुए लोगोंने उसको समुद्रमें डालकर जहाज वापिस ले आनेका इरादा कर लिया था। कहिये पाठको! इससे अधिक कष्ट और क्या हो सकता है?

स्वावलंबियोंको यह बात भी ध्यानमें रखनी चाहिये कि:—विना कष्ट सहन किये कोई भी कार्य नहीं होसकता है। मामूली कार्य भी जब थोड़े बहुत कष्ट सहनके विना सम्पन्न नहीं हो सकते तो देशोद्धार, जात्युन्नति एवं धर्मरक्षा जैसे महान् कार्योंमें तो विशेष रूपसे कष्टोंका सामना करनेकी आवश्यका है।

बौद्धधर्मका खण्डन करके संसारमें जैनधर्मका सितारा चमकानेवाले स्वामी श्री अकलंकदेवका कौन मददगार था? केवल उनका स्वावलंबन ही ऐसा सहायक था कि उनको अन्य किसी मदद-गारकी आवश्यकता ही नहीं प्रतीत होती थी।

दूसरा कारण स्वार्थ साधना है। जैनधर्म अनेकांतका प्रतिपादक है इसलिये स्वार्थ साधना हानिकारक भी होसकती है और लाभकारक भी। यदि जिस प्रकार दीपमालिकोत्सवके प्रधान नायकने संसारभरका कल्याण करना ही अपना प्रधान लक्ष्य बनाकर अपनी आत्माका उद्धार पहले किया, पश्चात् अपनी दिव्यवाणीके द्वारा जगतके जीवोंका उद्धार किया उसी प्रकार यदि जात्युन्नति तथा धर्म रक्षाके पवित्र उद्देश्यसे अपना स्वार्थसाधन किया जाय तो कुछ हानि-कारक नहीं है परन्तु जिस तरह चींटियां एवं दीमक अपनी बुभुक्षा शांतिकी गरजसे दरख्तों एवं अन्यान्य वस्तुओंका सत्यानाश कर डालती हैं उसी प्रकार जिस स्वार्थ साधनाके कारण समाज रसातलको पहुंच जावे या धर्मका अस्तित्व ही मिट जावे वह स्वार्थ साधना लाभकारक न होकर प्रत्युत हानिकारक ही कहलावगी।

क्रिस्टोफर कोलम्बसने हिन्दुस्तानका पता लगाते समय जिन वस्तुओंको प्राप्त करके स्पेनको भेजकर अपना परिश्रम तत्रस्थ राजाको बतला-नेका प्रयत्न किया था उस समय स्पेन देशके पृथ्वीकलंक कुछ स्वार्थान्ध लोगोंने राजाके समक्ष अनेक प्रकारकी झूठी सच्ची बातें बना-कर उसके परिश्रम पर पानी फेरनेका भरसक प्रयत्न किया था।

अमरकोषके विषयमें यह बात प्रसिद्ध है कि अमरसिंह महाकवि धनंजयके साले थे। धनं जयजीने अमरकोषकी रचना की थी परन्तु अमरसिंह, राजा भोजसे पारितोषिक प्राप्त कर-नेकी गरजसे धनंजयकी धर्मपत्नी (अपनी बहिन) के पाससे अमरकोषको मांग लाये और राज-सभामें उपस्थित कर अपनी स्वार्थसाधना की। धनंजयजीको जब यह समाचार मालूम हुवा तो उन्होंने एक रात्रिमें ही धनंजय नाममालाका निर्माण करके उसे राजसभामें उपस्थित किया। पाठको! इससे बुरा एवं घृणित स्वार्थसाधनाका दूसरा नमूना और क्या होसकता है?

बन्धुओ! स्वार्थ साधनाके और भी घृणित एवं अत्याचार पूर्ण नमूनोंका दिग्दर्शन करना हो तो एकवार टामकाकाकी कुटिया नामक पुस्तकका अवश्य अध्ययन कर जाइये। इस पुस्तकमें उस समयका हाल वर्णित है जिस समय लोग अपने ही जाति भाईको गुलाम (Slave)के तौरपर खरीदते थे और उनके द्वारा

पैसा कमाकर आप तो मौज एवं गुलछर्रे उड़ाते थे तथा उस कौम मुकामपर नाना प्रकारके अत्याचार करते हुए भी नहीं शर्माते थे। यद्यपि वह जमाना बदल गया है तथापि ऐसे२ अत्याचारियोंकी अब भी कमी नहीं है।

जिस समाजके अन्दर अपने इष्टदेवके स्वार्थ-त्यागकी अवहेलना करके अपनी२ स्वार्थ साधनाका प्रयत्न किया जाता हो उस समाजकी त्रिकालमें भी उन्नति होना असंभव है।

इसके अतिरिक्त पारस्परिक वैमनस्य भी समाजोन्नतिमें बाधक है। परन्तु निश्चय रखिये कि यदि समाजमें लोग अपनी स्वार्थसाधनाको एक तरफ रखकर भगवान वीरनाथकी तरह सच्चे एवं पवित्र हृदयसे समाजकी उन्नति एवं धर्मकी रक्षा करनेका प्रयत्न करें और गुहृदल पेटी तलवार न चलावें तथा समाजसेवाके भावसे नेता बननेका इरादा करें तो पारस्परिक वैमनस्य तो एक दिनमें दूर होसकता है।

सज्जनों! इन तीनों अवगुणोंका समावेश दीपमालिकोत्सवके प्रधान नायक भगवान महावीरमें नहीं था, यही कारण था कि वे अपनी आत्माका उद्धार करके जगतका भी उद्धार कर सके थे और इन तीनोंका जैन समाजपर प्रभाव होनेसे प्रयत्न करनेपर भी जैन समाजकी मिट्टी पलीत होती जारही है।

अन्तमें हम अपने बंधुओंसे इतना निवेदन अवश्य करेंगे कि यदि आप भगवान वीरप्रभुके अनुयायी कहलाकर सच्चे हृदयसे जैन समाज व जैनधर्मकी उन्नति एवं रक्षा चाहते हैं तो किसीकी बातोंपर ध्यान न देकर अपने पैरोंपर आप खड़े हों, हानिकारक स्वार्थका त्याग करें और आर्षग्रंथोंका स्वाध्याय करके अपनी आत्माका कल्याण करते रहें। व्यर्थके वितण्डावादमें आपके धन, धर्म, एवं समयकी बड़ी भारी हानि होगी। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी २ उन्नति कर सकेगा तो समाज व देशकी उन्नति एवं धर्मकी रक्षा होनेमें किंचिन्मात्र भी विलम्ब न होगा। यद्यपि दिवालीसे शिक्षा तो बहुत कुछ मिल सकती है परन्तु हमको जो शिक्षा मालूम हुई है व जिसको अपने लिये भी उत्तम एवं आवश्यक समझा है वही आप लोगोंके सामने उपस्थित कर दी है। यदि आप इन शिक्षाओंके साथ ही साथ और भी शिक्षाओंकी खोज करके उनके अनुसार चलेंगे तो हम समझेंगे कि आपने असलमें दीपमालिकोत्सव मनाया। किमधिकम्!

कर्मवीर।

हिल जाते हैं सुमेरु जैसे,
यह भूतल फट जाता है।
मिट जाती है रात अंधेरी,
तपा सूर्य हट जाता है॥
स्वार्थ पङ्क उड़ जाता है जब,
सुन्दर मन बन जाता है।
पाता है संक्लेश जगत जो,
वही चैनको पाता है॥
जब समाजमें कर्मवीर,
बन कोई आगे आता है।
उसकी छायासे समाज,
सब तरह चैन पाता है॥

भुवनेन्द्र,
श्री ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रम-जयपुर।

रात्रि-भोजन।

[ले०-मिलापचन्द कटारिया जैन-केकड़ी]

ऐसा कौन प्राणी है जो भोजन बिना जीवित रह सके। जबतक शरीर है उसकी स्थितिके लिये भोजन भी साथ है। और तो क्या वीतरागी निस्पृही साधुओंको भी शरीर कायम रखनेके लिये भोजनकी आवश्यकता पड़ती ही है, तो भी जिस प्रकार विवेकवानोंके अन्य कार्य विचारके साथ सम्पादन किये जाते हैं उस तरह भोजनमें भी योग्यायोग्यका खयाल रक्खा जाता है। कौन भोजन शुद्ध है, कौन अशुद्ध है, किस समय खाना, किस समय नहीं खाना आदि विचार ज्ञानवानोंके अतिरिक्त अन्य मूढ़ जनके क्या होसक्ता है। कहा है—"ज्ञानेन हीनाः पशुभिः समानाः" वास्तवमें जो मनुष्य खाने-पीने मौज उड़ानेमें ही अपने जीवनकी इतिश्री समझे हुये हैं उन्हें तो उपदेश ही क्या दिया जासक्ता है किन्तु नरभवको पाकर जो हेयोपादेयका खयाल रखते हैं और अपनी आत्माको इस लोकसे भी बढ़कर परजन्ममें सुख पहुंचानेकी जिनकी पवित्र भावना है उनके लिये ही सब प्रकारका आदेश उपदेश दिया जाता है। तथा ऐसोंहीके लिये आगमोंकी रचना कार्यकारी है।

आगममें श्रावकोंके आठ मूलगुण कहे हैं, जिनमें रात्रिभोजन त्याग भी एक मूलगुण है जैसा कि निम्न श्लोकसे प्रगट है—

आप्तपंचनुतिर्जीवदया सलिलगालनम्।
त्रिमद्यादि निशाहारोदुम्बराणां च वर्जनम्॥
धर्मसंग्रह॥

इसमें देव वंदना, जीवदया पालन, जल छानकर पीना, मद्य, मांस, मधुका त्याग, रात्रिभोजन त्याग, और पंचोदंबर फल त्याग, ये आठ मूलगुण बताये हैं। जब रात्रि भोजन त्याग श्रावकोंके उन कर्तव्योंमें है जिन्हें मूल (खास) गुण कहा गया है तब यदि कोई इसका पालन नहीं करता तो उसे श्रावक कोटिमें गिना जाना क्योंकर उचित कहा जायगा? यदि कोई कहे कि रात्रिभुक्ति त्याग तो छठवीं प्रतिमामें है इसका समाधान यह है कि—छठवीं प्रतिमाको कई ग्रन्थकारोंने तो दिवामैथुन त्याग नामसे कही है। हां! कुछने रात्रिभुक्ति त्याग नामसे भी वर्णन की है, जिसका मतलब यही होसक्ता है कि इसके पहिले रात्रि भोजन त्यागमें कुछ अतीचार लगते थे सो इस छठवीं प्रतिमामें पूर्ण रूपसे निरतिचार त्याग होजाता है। यदि ऐसा न माना जावे तो रात्रिभोजन त्यागको मूलगुणोंमें क्यों कथन किया गया बल्कि वसुनंदि श्रावकाचारमें तो यहांतक कहा है कि—रात्रि भोजन करनेवाला ग्यारह प्रतिमाओंमेंसे पहिली प्रतिमाका धारी भी नहीं होसक्ता। यथा—

एयादसेसु पढमं विजदो णिसिभोयणं कुणइ तस्स।
ठाणं ण ठाइ तम्हा णिसिभुत्त परिहरे णियमा॥३१४॥
वसुनन्दिश्रावकाचार॥

छपी हरिवंशपुराण हिन्दी टीकाके पृष्ठ ५२९ में कहा है कि—

"मद्य, मांस, मधु, जूआ, वेश्या, परस्त्री, रात्रि-भोजन, कन्दमूल इनका तो सर्वथा ही त्याग

करना चाहिये। ये भोगोपभोग परिमाणमें नहीं हैं।" मतलब कि हरएक श्रावकको चाहे वह किसी श्रेणीका हो रात्रि भोजनका त्याग अत्यंत आवश्यक है। यहां भोजनसे मतलब लड्डू आदि खाद्य; इलायची, तांबूल आदि स्वाद्य; रबड़ी आदि लेह्य; पानी आदि पेय इन चारों प्रकारके आहारोंसे है। रात्रिके समय उक्त चार प्रकारके आहारके त्यागको रात्रिभोजन त्याग कहते हैं। शास्त्रकारोंने तो यहांतक जोर दिया है कि सूर्योदय और सूर्यास्तसे दो घड़ी पूर्व भोजन करना भी रात्रिभोजनमें शुमार किया गया है यथा—

वासरस्य मुखे चांते विमुच्य घटिकाद्वयम्।
योऽशनं सम्यगाधत्ते तस्यानस्तमितव्रतम्॥

प्रथमानुयोगकी कथनी पद्मपुराणमें कथन है—जिस समय लक्ष्मणजी जाने लगे तो उनकी नवविवाहिता वधू वनमालाने कहा कि—"हे प्राणनाथ! मुझ अकेलीको छोड़कर जो आप जानेका विचार करते हो तो मुझ विरहिणीका क्या हाल होगा।" तब लक्ष्मण क्या उत्तर देते हैं सुनिये—

स्ववधूं लक्ष्मणः प्राह मुंच मां वनमालिके।
कार्ये त्वां लातुमेष्यामि देवादिशपथोऽस्तु मे॥२८॥
पुनरूचे तयेतीशः कथमप्यप्रतीतया।
ब्रूहि चेत्तेमि लिप्येऽहं रात्रिभुक्तेरघैस्तदा॥ २९॥
धर्मसंग्रह॥

भावार्थ—हे वनमाले! मुझे जाने दो, अभीष्ट कार्यके हो जानेपर मैं तुम्हें लेनेके लिये अवश्य आऊंगा। मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि अगर मैं अपने वचनोंको पूरा न करूँ तो जो दोष हिंसादिके करनेसे लगता है उसी दोषका मै भागी होऊं। सुनकर वनमाला लक्ष्मणसे बोली—मुझे आपके आनेमें फिर भी कुछ संदेह है इसलिये आप यह प्रतिज्ञा करें कि—"यदि मैं न आऊं तो रात्रि भोजनके पापका भोगनेवाला होऊं।

देखा पाठक! रात्रिभोजनका पाप कितना भयंकर है। प्रीतंकरके पूर्व भवके स्यालके जीवने मुनीश्वरके उपदेशसे रात्रिमें जल पीनेका त्याग किया था जिसके प्रतापसे महा पुन्यवान् समृद्धिशाली प्रीतंकर हुआ था। वास्तवमें बात सोलह आना ठीक है कि रात्रिभोजन अनेक दोषोंका घर है। जो पुरुष रात्रिको भोजन करता है वह समस्त प्रकारकी धर्म क्रियासे हीन है, उसमें और पशुमें सिवाय सींगके कोई भेद नहीं है। जिस रात्रिमें सूक्ष्म कीटादिका संचार रहता है मुनि लोग चलते फिरते नहीं, भक्ष्याभक्ष्यका भेद मालूम नहीं होता, आहारपर आये हुये बारीक जीव दीखते नहीं ऐसी रात्रिमें दयालु श्रावकोंको कदापि भोजन नहीं करना चाहिये। जगह जगह जैन ग्रन्थोंमें स्पष्ट सख्त निषेध होते भी आज हमारे कई जैनी भाई रात्रिमें खूब माल उड़ाते हैं। कई प्रांतोंके जैनियोंने तो ऐसा नियम बना रक्खा है कि रात्रिमें अन्नकी चीज न खानी—शेष पेड़ा, बरफी आदि खानेमें कोई हर्ज ही नहीं समझते। न मालूम ऐसा नियम इन लोगोंने किस शास्त्रके आधारपर बनाया है। खेद है जिन कलाकंद, बरफी आदि पदार्थोंमें मिठाईके प्रसंगसे अधिक जीव घात होना संभव है उन्हें ही उदरस्थ करनेकी इन भोले आदमियोंने प्रवृत्ति कर अपनी अज्ञानता और जिह्वा लंपटताका खूब परिचय दिया है। श्री सकलकीर्तिजीने श्रावकाचारमें साफ कहा है कि—

भक्षितं येन रात्रौ च स्वाद्यं तेनान्नमंजसा।
यतोऽन्नस्वाद्ययोर्भेदो न स्याद्गात्रादियोगतः॥ ८३॥

अर्थ—जो रात्रिमें अन्नके पदार्थोंको छोड़कर पेड़ा बरफी आदि स्वाद्य पदार्थोंको खाते हैं वे भी पापी हैं क्योंकि अन्न और स्वाद्य पदार्थोंमें कोई भेद नहीं है। तथा और भी कहा है कि—

दंशकीटपतंगादि सूक्ष्मजीवा अनेकधाः।
स्थालमध्ये पतन्त्येव रात्रिभोजनसंगिनाम्॥ ७८॥
दीपकेन विना स्थूला दृश्यन्ते नाङ्गिनः क्वचित्।
तदुद्योतवशादन्ये प्रागच्छन्तीव भाजने॥ ७९॥
पाकभाजनमध्ये तु पतन्त्येवाङ्गिनो ध्रुवम्।
अन्नादिपचनाद्रात्रौ म्रियन्तेऽनन्तराशयः॥ ८०॥
इत्येव दोषसंयुक्तं त्याज्यं सभोजनं निशि।
विषान्नमिव निःशेषं पापभीतैर्नरैः सदा॥ ८१॥
भक्षणीयं भवेन्नैव पत्रपूगीफलादिकम्।
कीटाढ्यं सर्वथा दक्षैर्भूरिपापप्रदं निशि॥ ८४॥
न ग्राह्यं प्रोदकं धीरैर्विभावर्यां कदाचन।
तद्‌घातये स्वधर्माय सूक्ष्मजन्तुसमाकुलम्॥ ८५॥
चतुर्विधं सदाहारं ये त्यजन्ति बुधा निशि।
तेषां पक्षोपवासस्य फलं मासस्य जायते॥ ८६॥

अर्थ—रात्रिमें भोजन करनेवालोंकी थालियोंमें डाँस, मच्छर, पतंगे आदि छोटे२ जीव आपड़ते हैं। यदि दीपक न जलाया जाय तो स्थूल जीव भी दिखाई नही पड़ते और यदि दीपक जला लिया जाय तो उसके प्रकाशसे और अनेक जीव आजाते हैं। भोजन पकते समय भी उस अन्नकी वायु गंध चारों तरफ फैलती है अतः उसके कारण उन पात्रोंमें अनंत जीव आ आकर पड़ते हैं। पापोंसे डरनेवालोंको ऊपर लिखित अनेक दोषोंसे भरे हुये रात्रिभोजनको विष-मिले अन्नके समान सदाके लिये अवश्य त्याग कर देना चाहिये। चतुर पुरुषोंको रात्रिमें सुपारी, जावित्री, तांबूल आदि भी नहीं खानी चाहिये क्योंकि इनमें अनेक कीड़ोंकी संभावना है अतः इनका खाना भी पापोत्पादक है। धीर-वीरोंको दया धर्म पालनार्थ प्यास लगनेपर भी अनेक सूक्ष्म जीवोंसे भरे जलको भी रात्रिमें कदापि न पीना चाहिये। इस प्रकार रात्रिमें चारों प्रकारके आहारको छोड़नेवालोंके प्रत्येक मासमें पंद्रह दिन उपवास करनेका फल प्राप्त होता है।

रात्रिभोजनके दोषोंके वर्णनमें जैनधर्मके ग्रन्थोंके ग्रन्थ भरे पड़े हैं। यदि उन सबको यहां उद्धृत किया जावे तो एक बहुत बड़ा ग्रन्थ हो सक्ता है अतः हम भी इतनेसे ही विश्राम लेते हैं।

रात्रिभोजन खाली धार्मिक विषय ही नहीं है किन्तु वह शरीर शास्त्रसे भी बहुत अधिक सम्बन्ध रखता है। प्रायः रात्रिभोजनसे आरोग्यताकी हानि होनेकी भी काफी संभावना हो सक्ती है—जैसे कहा है कि—

मक्षिका वमनाय स्यात्स्वरभंगाय मूर्द्धजः।
यूका जलोदरे विष्टिः कुष्ठाय गृहकोकिली॥ २३॥
मेधावी।

अर्थ—रात्रिमें भोजन करते समय अगर मक्षिका खानेमें आजाय तो वमन होती है, केश खानेमें आजाय तो स्वरभंग, जूंवा खानेमें आजाय तो जलोदर और छिपकली खानेमें आजाय तो कोढ़ उत्पन्न होती है। इसके अलावा सूर्यास्तके पहिले किया हुआ भोजन जठराग्निकी ज्वालापर चढ़ जाता है—पच जाता है इसलिये निद्रापर उसका असर नहीं होता है। मगर इससे विपरीत करनेसे रातको खाकर थोडी ही देरमें सो जानेसे चलना फिरना नहीं होता अतः पेटमें तत्कालका भरा हुआ अन्न कईबार गम्भीर रोग उत्पन्न कर

देता है। डाक्टरी नियम है कि भोजन करनेके बाद थोड़ा२ जल पीना चाहिये यह नियम रात्रिमें भोजन करनेसे नहीं पाला जासकता है क्योंकि इसके लिये अवकाश ही नहीं मिलता है। इसका परिणाम अजीर्ण होता है। हरएक जानता है कि अजीर्ण सब रोगोंका घर होता है। "अजीर्ण प्रभवा रोगाः" इसप्रकार हिंसाकी बातको छोड़कर आरोग्यका विचार करनेपर भी सिद्ध होता है कि रातमें भोजन करना अनुचित है।

इसतरह क्या धर्मशास्त्र और क्या आरोग्यशास्त्र सब ही तरहसे रात्रिभोजन करना अत्यंत बुरा है। यही कारण है जो इसका जगह २ निषेध जैन धर्मशास्त्रोंमें किया गया है जिनका कुछ दिग्दर्शन ऊपर कराया गया है। अब हिंदू ग्रन्थोंके भी कुछ उद्धरण रात्रिभोजनके निषेधमें नीचे लिखकर लेख समाप्त किया जाता है क्योंकि लेख कुछ अधिक बढ़ गया है।

अस्तगते दिवानाथे आपो रुधिरमुच्यते ।
अन्नं मांससम प्रोक्त मार्कंडेयमहर्षिणा ॥
मार्कंडेयपुराण ।

अर्थ—सूर्यके अस्त होनेके पीछे जल रुधिरके समान और अन्न मांसके समान कहा है यह वचन मार्कंडेय ऋषिका है।

महाभारतमें कहा है कि—

मद्यमांसाशन रात्रौ भोजन कंदभक्षणम् ।
ये कुर्वन्ति वृथा तेषां तीर्थयात्रा जपस्तपः ॥ १ ॥
चत्वारिनरकद्वार प्रथम रात्रिभोजनम् ।
परस्त्रीगमनं चैव संधानानंतकायकम् ॥ २ ॥
ये रात्रौ सर्वदाहार वर्जयंति सुमेधसः ।
तेषां पक्षोपवासस्य फल मासेन जायते ॥ ३ ॥
नोदकमपि पातव्य रात्रावत्र युधिष्ठिर ।
तपस्विनां विशेषेण गृहिणा ज्ञानसपदाम् ॥ ४ ॥

अर्थ—चार कार्य नरकके द्वाररूप हैं। प्रथम रात्रिमें भोजन करना, दूसरा परस्त्री गमन, तीसरा संधाना (अचार) खाना और चौथा अनंतकाय कंद मूलका भक्षण करना ॥२॥ जो बुद्धिवान एक महीने तक निरंतर रात्रिभोजनका त्याग करते हैं उनको एक पक्षके उपवासका फल होता है ॥३॥ इसलिये हे युधिष्ठिर! ज्ञानी गृहस्थको और विशेषकर तपस्वीको रात्रिमें पानी भी नहीं पीना चाहिये ॥४॥ जो पुरुष मद्य पीते हैं, मांस खाते हैं, रात्रिमें भोजन करते हैं और कंदमूल खाते हैं उनकी तीर्थयात्रा, जप, तप सब वृथा है ॥१॥ और भी कहा है कि—

दिवसस्याष्टमे भागे मंदीभूते दिवाकरे ।
एतन्नक्त विजानीयान्न नक्त निशिभोजनम् ॥
मुहूर्तोन दिन नक्त प्रवदंति मनीषिणः ।
नक्षत्रदर्शनान्नक्त नाहं मन्ये गणाधिप ॥

भावार्थ—दिनके आठवें भागको जब कि दिवाकर मंद होजाता है (रात होनेके दो घड़ी पहलेके समयको) "नक्त" कहते हैं। नक्त व्रतका अर्थ रात्रिभोजन नहीं है। हे गणाधिप! बुद्धिमान् लोग उस समयको "नक्त" बताते हैं जिस समय एक मुहूर्त (दो घड़ी) दिन अवशेष रह जाता है। मैं नक्षत्रदर्शनके समयको "नक्त" नहीं मानता हूं। और भी कहा है कि—

अंभोदपटलच्छन्ने नाश्नन्ति रविमंडले ।
अस्तगते तु भुंजाना अहो भानोः सुसेवकाः ॥
मृते स्वजनमात्रेऽपि सूतक जायते किल ।
अस्तगते दिवानाथे भोजन क्रियते कथम् ॥

अर्थ—यह कैसा आश्चर्य है कि—सूर्यभक्त जब सूर्य मेघोंसे ढक जाता है तब तो वे भोजनका त्याग कर देते हैं परंतु वही सूर्य जब अस्त-

दशाको प्राप्त होता है तब वे भोजन करते हैं। स्वजन मात्रके मरजानेपर भी जब लोग सूतक पालते हैं यानी उस दशामें अनाहार रहते हैं तब दिवानाथ सूर्यके अस्त होनेके बाद तो भोजन किया ही कैसे जासक्ता है? तथा कहा है कि—

नैवाहुतिर्न च स्नानं न श्राद्धं देवतार्चनम् ।
दानं वा विहितं रात्रौ भोजनं तु विशेषत. ॥

अर्थ—आहुति, स्नान, श्राद्ध, देवपूजन, दान, और खास करके भोजन रातमें नहीं करना चाहिये।

कूर्मपुराणमें भी लिखा है कि—

न द्रुह्येत् सर्वभूतानि निर्द्वन्द्वो निर्भयो भवेत्।
न नक्तं चैव भक्षीयाद् रात्रौ ध्यानपरो भवेत्॥

२७ वा अध्याय ६४५ वां पृष्ठ ।

अर्थ—मनुष्य सब प्राणियोंपर द्रोह रहित रहे। निर्द्वन्द्व और निर्भय रहे तथा रातको भोजन न करे और ध्यानमें तत्पर रहे। और भी ६९९ वें पृष्ठ पर लिखा है कि—

"आदित्ये दर्शयित्वान्नं भुञ्जीत प्राङ्मुखो नरः"।

भावार्थ—सूर्य हो उस समय तक दिनमें गुरु या बड़ेको दिखाकर पूर्वदिशामें मुख करके भोजन करना चाहिये।

इस विषयमें आयुर्वेदका मुद्रालेख भी यही है कि—

हृन्नाभिपद्मसंकोचश्चण्डरोचिरपायतः ।
अतो नक्तं न भोक्तव्यं सूक्ष्मजीवादनादपि ॥

भावार्थ—सूर्य छिप जानेके बाद हृदयकमल और नाभिकमल दोनों संकुचित होजाते हैं और सूक्ष्म जीवोंका भी भोजनके साथ भक्षण होजाता है इसलिये रातमें भोजन न करना चाहिये।

रात्रिभोजनका त्याग करना कुछ भी कठिन नहीं है। जो महानुभाव यह जानते हैं कि "जीवनके लिये भोजन है भोजनके लिये जीवन नहीं" वे रात्रिभोजनको नहिं करते है।

कर्तव्य—संदेश।

वीरके सदेशको, सबको सुनाना चाहिये।
जैनका झंडा जहांमें, फिर उड़ाना चाहिये॥
महा मिथ्याके तिमिरमें, भूलता जग जारहा।
जैनका दीपक जहांमें, अब जलाना चाहिये॥
ठीक रास्ता भूल प्राणी, वाम मारगमें फँसे।
जैनके रास्ते पै उनको, शीघ्र लाना चाहिये॥
जैनदर्शनका तजुर्बा, जिनको कुछ भी होगया।
उनको उसका तथ्य, दुनियांको सुनाना चाहिये॥
धर्मपर अधिकार, रहता है सभीका एकसा।
वीरका सदेश यह, घर घर पठाना चाहिये॥
जैन युवको तुम उठो, कर्तव्य अपना सोचलो।
बुजदिलीको छोड़कर, आगेको आना चाहिये॥
वीरकी सन्तान होकर, मत बनो कायर कभी।
वीरश्री अकलंकसे, तुमको भी बनाना चाहिये॥
रामसे धर्मात्मा, लक्ष्मणसे भाई तुम बनो।
सज्जनो! श्रीपालसा, साहस बढ़ाना चाहिये॥
कौम मरती जारही है, धर्म गिरता जारहा।
यत्न रक्षाका तुम्हें, अब शीघ्र करना चाहिये॥
नाश हो सारी कुरीती, कौमको करदो सुखी।
जैन तरुवरको सुजन, फिर हरित करना चाहिये॥
धर्मसे च्युत होरहे, जो भाई अपने आज हैं।
बन्धु, उनको शीघ्र ही, तुमको उठाना चाहिये॥
सती सीता द्रोपदी, मैना मंजूषा अञ्जनी।
अरु मनोवति-आदिसी, माताए होना चाहिये॥
सह हजारों वार वीरो! कर चलो कर्तव्यको।
खौफ हर्गिज मत करो, साहस बढ़ाना चाहिये॥
दिल तुम्हारा पाक हो, वचनोंमें होवे सत्यता।
जिस्ममें शुद्धाचरणका, बीज बोना चाहिये॥
शुष्क दिल प्यासे पड़े हैं, फूटकी आतापसे।
"प्रेम" का प्याला उन्हें, भर भर पिलाना चाहिये॥

निवेदक—ब्र० प्रेमसागर, रैपुरा (पन्ना) निवासी।

दिवाली।

(ले-प० शोभाचन्द्र भारिल्ल न्यायतीर्थ बीकानेर।)

दिवाली आ रही है। पत्र सम्पादक अपने अपने पत्रोंके सुन्दर २ विशेषाङ्क निकालनेकी धुनमें हैं, लेखकोंको लेख लिखनेके लिए लिखा जा रहा है, 'ग्राहक' बढ़ानेका यह अच्छा अवसर है। राजा-रंक, सम्पन्न-विपन्न सभी अपने महलों और झोंपड़ियोंकी लीपापोती, झाड़ाबुहारी कर-कराकर कूड़ा कचरा निकाल रहे हैं, लेकिन, कितने सम्पादक दिवालीके तत्त्वको समझनेमें तनतोड़ परिश्रम करते हैं? कौन अपने हृदयका कूड़ा कचरा निकालकर उसे साफ करते हैं? लोग दीपक जलाते हैं। पर कौन कह सकता है अमुकने हृदयके सच्चे 'स्नेह' से प्रेमदीप जगाए हैं? आह! हृदयके अन्धकारको दूर करके कौन प्रकाशित होता है?

भला, बताइये तो, क्या यह दिवाली है? दीपावलिके होते हुए भी कभी अन्धकार रह सकता है? जब अन्धकार, अविवेक, अज्ञान, ज्योंका त्यों बना है तो इसे दीपावलि कैसे कहा जाय? इसे दीवाली न कहकर 'दीपारि' क्यों न कहें? अहा! दीवाली तो वह थी, जब जीते जागते धर्मसूर्य भगवान् महावीरके निर्वाण होनेपर देवोंने-दिव्य पुरुषोंने लोकको 'अलौकिक आलोक' से आलोकित कर दिया था। लेकिन, लोक आज उन मिट्टीके दीपकों-पवित्र हृदयों-में 'स्नेह' भरनेसे जगनेवाली 'ज्योति' के रहस्यको नहीं जानते! आज हम उस ज्योतिको जगाते नहीं, जलाते हैं, भस्म करते, नष्ट करते हैं। बताइये क्या यह दिवाली है?

यदि यह दिवाली होती, तो बार २ आकर हमें इस कदर क्यों चिढ़ाती? सफेद २ दांत निकालकर हमारी अज्ञानदशापर क्यों खिल खिलाती? माता कभी अपने पुत्रोंपर इतनी निष्ठुर होसकती है? यदि यह दिवाली होती, तो दिवालीको पूजनेवाले दिवालिया-ज्ञान-लक्ष्मीसे कोरे कैसे बनते?

हां! यह दिवाली नहीं है। तो क्या है, बच्चोंका खेल? बेशक, यह बच्चोंवालों अज्ञानियोंका खेल ही है। दिवाली मनाते हैं 'दिव्य पुरुष' और बच्चे उससे खेलते हैं। चतुर चित्रकार किसी सुन्दर आदर्शको चित्र द्वारा चित्रित करता है, पर वह बच्चोंका खेल बन जाता है!

बालक! आखिर बालक ही है न! अरे! यही दिवाली है।

हैं, तो हृदयका अन्धकार क्यों नहीं मिटाती?

हृदयमें दिवाली नहीं मनाते, इससे। वह बार-बार आकर चिढ़ाती क्यों है?

चिढ़ाती नहीं, आती है। तुम उसे निराश कर देते हो, वह मन मसोसकर चली जाती है। आखिर माता ही ठहरी, ममता नहीं मरती, फिर चली आती है। यह निष्ठुरता नहीं मातृ सुलभ वत्सलता है। वह हंसती क्यों है?

अरे! हंसती नहीं, अमावास्यके घनघोर धुन्धमें कल्याण पथका अनुसरण करनेके लिए, तुम्हें प्रकाश दिखलाती है।

बालको! जब तुम दीपावलिका हृदय समझोगे, तो वह तुम्हारे हृदयमें आ विराजेगी। समझो उसके स्वरूपको!

याचना।

(रचयिता—ताराचन्द्र पांड्या, "चन्द्र")

द्वार द्वार न भटक कर, मांगू तेरे द्वार।
तुझसे भी ना जो मिले, और कौन दातार॥

पूजें पदोंको अमरेन्द्र आके,
नरेन्द्र योगीजन पूजते हैं।
हूँ नाथ, मैं भिक्षुक जन्मका ही,
क्यों माँगनेमें तुझसे लजाऊँ? ॥१॥

देवे न देवे मुझको सुने ना,
तजूँ न मैं तो मम याचनाको।
आकाश चाहे नट जाय तो भी,
त्यागे पपीहा निज टेकको क्या? ॥२॥

सर्वार्थदाता यह नाम तेरा,
कुहानि होगी तब ही न दे तो।
प्रार्थी न पावे सुर-वृक्षसे तो,
हो वृक्षकी ही अपकीर्ति भारी ॥३॥

हूं तुच्छ, मानूं, मुझसे खड़े हैं,
असंख्य, तो भी दिखला दयाको।
सर्वत्र ही सूरज रश्मि फेंके,
देखे न छोटे जन वा बड़ेको ॥४॥

हूँ घोर पापी यह जानता हूँ,
निष्पाप तू है पर पाप-हारी।
सोना करे पारस हेम तो क्या?
सोना करे लोह तभी बड़ाई ॥५॥

ना भक्ति है किंचित, है न चिन्ता,
न दाम माँगू पर दान माँगू।
दानी न चाहे कुछ भी दियेमे,
दे म्लेच्छको भी पयदान गंगा ॥६॥

ज्ञानी न निष्पाप न पुन्यशाली,
न पास आता यदि होऊँ मैं ये।
ईहा न उद्योग करे कृतार्थी,
लेवे न नीरोग यथा दवाई ॥७॥

आया नहीं मैं स्तुति गान वास्ते,
करूँ प्रशंसा पर वेवशीसे।
सौन्दर्य देखे अनुराग होता,
वाणी न माने कहती उसे है ॥८॥

तारीफ की है तुझको न वांछा,
करूँ स्वयं मैं सुख-लालसासे।
आनन्ददाता यश-गान तेरा,
थोडा करूँ है निज शक्तिसे सो ॥९॥

ना दण्ड दे निंदकको कभी तू,
प्रसन्न ना हो स्तुति गानसे तू।
दे दुःख निन्दा सुख भक्ति तेरी,
देता तरू ज्यो फल योग्य अपने ॥१०

तेरी कृपा मानव जन्म वाणी,
करूँ स्तुती मैं नव वस्तुसे ही।
दूं अर्घ्य गंगाजलका उसीको,
होवे कभी जो मम पूर्ण होवे ॥११॥

है कर्म तेरा जगकी नसोंमें,
कहूँ अनावश्यक सो कथा है।
शोभा उषाकी किसको न भावे?
तोभी करें वर्णन शब्द-शास्त्री ॥१२॥

ना सोच जो ना स्तुति-पद्य अच्छे,
कवीश, जानूँ नही छन्दको मैं।
है नाम तेरा कवि-दोष नाशी,
केन्द्रे बली ज्यों गुरु रिष्टहर्ता ॥१३॥

पी ना सकी पूर्ण सरस्वती भी,
तव स्तुती अमृत; ना सकूँ मैं।
है कौन क्षीरोदधि पूर्ण पीवे?
क्यों ना उसे शक्ति समान पीवे? ॥१४

तेरी करूँ सत्य गुण-प्रशंसा,
न लोक माने गिन चापलूसी।
अर्थी बताते गुन सौगुना ही,
जाने न कोई अपवाद मैं तू ॥१५॥

पूजूँ सराहूँ गुण दिव्य तेरे,
गिनूँ न मैं तो कुछ लोक-निन्दा।
झूँठा कहे मैंढक कूपका तो,
ना हंस छोड़े नदिनाथ माने ॥१६॥

तेरी निराली महिमा विराजे,
समानता ना जिसकी सके हो।
वांछा बढ़ावे सबकी हि वांछा,
वांछा विनासै तव पाद-वांछा॥१७॥

तू क्रोध-हन्ता, मद-लोभ-जेता,
तथापि तू द्वेष-विहीन शोभे।
तू विश्व-रागी फिर भी न रागी,
त्यागीश विश्वाधिप भी सदा है ॥१८॥

है कालमें, काल परे रहे तू,
सदा युवा वृद्ध अनादि भी तू।
साकार तेजोमय है अरूपी,
निष्पाप हो एक अनेक भी तू ॥१९॥

आनन्द भोगे निरबाध पूरा,
न भोग भोगे कुछ लोकके गो।
है कर्म-नाशी, अरु कर्मशाली,
आश्चर्य है देख विचित्रताको ॥२०॥

धूली लगा मस्तकपै पदोंकी,
जगत्रयीका विभुवंद्य होवे।
हो दास तेरा सम शीघ्र तेरे,
कैसी अनोखी समुदारता है ॥२१॥

कैसे बखानूँ उनके सुखोंको,
प्रत्यक्ष देखे छवि जो तिहारी?
तुरन्त पावे मनकामना को,
जो स्वप्नमें ही तव मूर्ति देखे ॥२२॥

सोहै प्रभा शान्त सुदीप्त तेरी,
निरीह योगी-मन जो लुभावे।
पाके असंख्यों अनिमेष आँखें,
ना तृप्त है देख हरी, कथं मैं? ॥२३॥

आश्चर्य क्या जो दिन रात तेरे,
पदाब्जको देव सुसेवते हैं?
देवत्वको भक्ति-विचार ही से,
था पा लिया मैंढक तुच्छसे ने ॥२४॥

दी त्याग तैंने कमला तभीसे,
अनाथ होके निज नाथ ढूंढे।
ना योग्य पाके पति नित्य घूमे,
लक्ष्मी तभी तो चपला कहावे ॥२५॥

हो दीन सेवे वह भक्त तेरे,
तुझे कि पाले उनके सहारे।
राजा कृपार्थी नृप-दास सेवे,-
देखें उसे ना पर भक्त तेरे ॥२६॥

शृङ्गार तू, अद्भुत, वीर, शांत,
बीभत्स योगी, भयकार, रौद्र।
है होठ पै जो करुणात्म नाचै,
सुहास्य है वत्सल लोक पै वो ॥२७॥

तारा-प्रभा कारण सूर्य जैसे,
प्रभाव तेरे रवि इंद्र चक्री।
तू राजसी, सात्विक, तामसी भी,
तू तेज, तू जीवन, शक्ति भी तू ॥२८॥

पूजें तुझे सर्व अनेक भांति,
है भान तेरा मतिमें सभीके।
यों व्याप्त है तू सब विश्वमें ही,
हे विश्वव्यापी वर ज्ञानरूपी ॥२९॥

दे कर्म, ना तू, सुख दुःखको तो,
गया बताया तुझसे सुमार्ग।
उसे न माने दुख, सुक्ख माने,
कर्त्ता कहें यों तुझको हि हर्ता ॥३०॥

सर्वज्ञ आनन्द अचिन्त्य है तू,
जिनेश कालंजय ईश है तू।
ध्यानी विधाता शिव बुद्ध है तू,
चैतन्य आत्मस्थ भवान्त है तू ॥ ३१॥

अल्लाह है, आहुरमज्द तू है,
रहीम, ॐ ह्रीं, हरि गौड तू है।
ना नामका अन्त न ज्यों गुणोंका,
तू निर्विकारी, चित, सत्य, पूर्ण ॥३२

ज्ञानी हुआ दिव्य विलोक चक्री,
न वस्तु जो ना तव भक्त पावे।
तेरा लिया नाम सुमेरु पै तो,
होके सहस्राक्ष सुरेश शोभा ॥३३॥

आनन्द है सन्मुखता पदोंके,
प्रकाश होना रवि सामने ही।
है दुःख होना विपरीत तेरे,
है रात, ना हो जग सूर्य आगे ॥३४॥

हैं भाग्य फूटे उनके नहीं जो,
हैं भक्त तेरे पद-पंकजोंके।
सौभाग्य आवे जब मानवोंके,
सूझे उन्हें है तब भक्ति तेरी ॥३५॥

तू ध्यान, ध्याता, अरु ध्येय भी तू,
तू ज्ञान, ज्ञाता, अरु ज्ञेय भी तू।
आदर्श तू दीपक तू सखा तू,
नेता, पिता तू, जगका हितैषी ॥३६॥

जो देह दाहे तप-दाह मांही,
अपार शास्त्रांबुधि तैर जावे।
ज्ञान-प्रभा जो फिर भी न पावे।
देवे उसीको तव पाद-धूली ॥३७॥

आश्चर्य है क्या भवसिन्धु सोखा?
आश्चर्य है क्या यम-पाश तोड़ा?
आश्चर्य है क्या तृण दाव दा है?
आश्चर्य है क्या करि फूल तोड़े? ॥३८

सम्राट्-सम्राट् हिये पधारो,
हियेश, आह्वानन हूं करूँ मैं।
रक्खूं हियेमें पद-पद्म तेरे,
रक्खूं यथा दीपक अन्धकारे ॥३९॥

शोधे प्रसू-गर्भ तत्वार्थ देवी,
जो इन्द्रने हुक्म दिया, दिया हो।
सकूँ बना ना मन शुद्ध मैं तो,
शुद्ध्यर्थ ही तो तुझको बुलाऊं ॥४०॥

तेरे पदोंने यह विश्व मापा,
कैसे समावे हिय मांहि मेरे?
अनन्त व्यापी कर सूर्यके हैं,
क्या ना समावे लघु ठौरमें वो? ॥४१॥

विश्वेश माँगू तव पादसे क्या?
वरांगना वैभव राज्यको क्या?
दुष्प्राप्य चिन्तामणि पाय माँगू,
क्या काण कोड़ी अति मूर्ख होके॥४२॥

पापी, पराधीन, दुखान्त, मिथ्या,
सशंक हैं, नश्वर हैं, विजाती।
ना तृप्ति देते, थिरता न धारें,
हैं व्यर्थ सारे सुख लोकके तो॥४३॥

माँगू न तेरी कुछ वस्तुको मैं,
सुबोध माँगू मम आत्मही का।
भूला नशेमें निजको सुरा पी,
मोहान्ध घूमूँ भव-चक्रमें हा!॥४४॥

ये द्वेष मोहादि मुझे सतावें,
अशान्त रक्खें निजको भुलावें।
रक्षार्थ आया, कर देव रक्षा,
राजा बचावे खलसे प्रजाको॥४५॥

ना देह मेरी न कुटुम्ब मेरे,
न मौत मेरी दुख ना मुझे है।
दौड़ूँ कराऊँ इन अर्थ तो भी,
आपत्ति कैसी यह नाथ मेरी॥४६॥

त्रैलोक्यके आश्रय, तार तू माम्,
दयानिधे! ईश! उबार तू माम्।
नासै न जो भानु निशान्धको तो,
क्या धूम नासै सघना तमिस्रा?॥४७॥

नाना भवोंमें धर रूप नाना,
अनादि औ शाश्वत लोकमाँहीं।
हूँ घूमता काल अनादिसे मैं,
अनन्तको सान्त बना मुनीन्द्र॥४८॥

तेरे हियेमें रहता सदा मैं,
मेरे हियेमें रहता नहीं तू।
तेरा हिया तो मुझमें कृपालु,
मेरा हिया ना तुझमें परन्तु॥
मेरे हियेमें तुव पाद तो हैं,
मेरा हिया ना तुव पादमें है।
विचित्र दीखें पर सत्य ये है,
वैचित्र्य खोटा कर दूर ऐसा॥४९-५०

जानूं महापाप निदान तो भी,
निशंक माँगू फल मैं थुतीका।
साक्षात हो दर्शन ईश तेरा,
हो भक्ति तेरे पद-पंकजोंमें॥५१॥

हूँ दास जौलौं तुव दास मानूँ,
हूँ मुक्त ज्योंही तव तुल्य जानूँ।
स्वबोध पावे तुव भक्तिसे ही,
माँगू इसीमें तव पाद-सेवा॥५२॥

जो तू मिला तो सब ही मिला है,
जो तू मिला ना, कुछ भी मिला ना।
तेरे विना क्या धन, ज्ञान, सत्ता,
एका विना बिन्दु असंख्यमे क्या?

है मेघ जैसे कृषि-जीवियोंको,
दिनेश है ज्यों नलिनीदलोंको।
है प्राणपोषी पति ज्यों सतीको,
त्यों पाद तेरे मम प्राणको हैं॥५४॥

शोभै पुरी पूर्ण तड़ागसे ज्यों,
तड़ाग शोभै नभ-छत्रसे ज्यों।
शोभै भला ज्यों नभ चन्द्रमासे,
मेरा हिया यों तुझसे सुशोभै॥५५॥

शोभै पुरी सुन्दर बागसे ज्यों,
शोभै सदा बाग सुपुष्पसे ज्यों।
सुशोभते पुष्प सुगन्धिसे ज्यों,
मेरा हिया यों तुझसे सुशोभै ॥५६॥

नाना सुखोंका रस-पान कर्ता,
निशेष की सैर जहां सभीकी।
आसक्त हूँ मैं अब तो तुझीमें,
हे सर्व-शोभे, अलि पद्ममें ज्यों॥५७॥

हे विश्वके मोहन आ पिलादे,
अमूल्य आत्मामृत-पूर्ण प्याला।
छोड़ूँ जिसे पी भय मान चिन्ता,
हो मस्त भूलूँ सब कष्ट काँटे ॥५८॥

चाहे न आवे, मुझको न तारे,
जपूँ सदा मैं तुव नामको ही।
चाहे न हो पास सुपोत मेरे,
नौका ही लेके नाष्टिको तिरूँगा॥५९॥

टारै सभी आपद नाम तेरा,
पिशाच, हाथी, ग्रह, जन्तु भागे।
है शक्ति साधारण मंत्रमें भी,
है मंत्रका मंतर नाम तेरा ॥६०॥

क्रोधादि है शत्रु-चमू तभी लौं,
निराशता दर्द करे तभी लौं।
संसार देवे भयको तभी लौं,
लेती न जिह्वा तव नाम जोलौं॥६१॥

तूफान है अन्ध, पषान भी है,
अथाह अम्भोनिधिमें पड़ा हूं।
लाटें उठें चक्र कुनक्र भी हैं,
निर्भीक तो भी तव नामसे हूं॥६२॥

है सर्प बिच्छू, दुखकार काँटे,
सिंहादि दौड़ें चहुँओर भूखे।
पड़ा हुआ हूं वनमें अकेला,
तथापि खेलूँ तव नाम लेके ॥६३॥

ऐश्वर्य है चँचल, कीर्ति मिथ्या,
असार सत्ता परिवार आशा।
निस्सार संसार शरीर सारा,
है सारसारा बस नाम तेरा ॥६४॥

चाहे पड़ूँ मैं नरकाग्निमें ही,
मनुष्य कोढ़ी कुल नीच पाऊँ।
कीड़ा, मकोड़ा, पशु, वृक्ष, होऊँ,
ना शांति दाता तव नाम भूलूँ ॥६५॥

पूरे करूँ जीवन कर्म सारे,
विचित्र भोगूँ फल भाग्यके मैं।
देखूँ तुझीको सब वस्तुओंमें,
देखे सुमक्षी मधु फूलमें ज्यों ॥६६॥

मृत्यू समै भी जब दर्द पीड़ै,
सुनाम तेरा मन शान्त रक्खे,
नैराश्यके-उन भयके पलोंमें,
हो नाम तेरा निशिचंद्रिकावत्॥६७॥

मैं डूबता सा भव-सिन्धुमें था,
पा पाद तेरे पकड़ूँ प्रभो मैं।
हूँ जोरहीसे पकड़ूँ उन्हें मैं,
कि छूट जावे करसे कहीं ना॥६८॥

जो स्तोत्र तेरा दिलसे पढ़ेगा,
उसे बरेंगीं सब सिद्धि आके।
सो है नरोंमें नर-रत्न वो ही,
तारा सु चन्द्र-द्युति पूर्ण जैसे॥६९॥

दीपावली ।

(१)

अहा ! आया दीपावलि पर्व,—
सभी पर्वोंके शिरका ताज ।
काम, छल, छिद्र, दुःखोंसे व्याप्त,
हृदयको शान्त बनाने आज ॥

(२)

इसी दिन कर्मोंका कर नाश,
गये थे प्रभो ! आप निर्वाण ।
सभी लोगोंने मिल तब खूब,
किया था भक्ति पूर्ण गुणगान ॥

(३)

अहो ! पर इस अवसरपर नाथ,
अश्रुओंकी अविरल अति धार ।
निकलती है नयनोंसे शीघ्र,
दुखीकर मनको विविध प्रकार ॥

(४)

कहो कैसे सब करुणागार,
मनावें दीपावलिको आज ।
भुलाकर तुमको अब विश्वेश,
गमाया अपना सब सुख साज ॥

(५)

प्रभो ! जबसे तुम छोड़ा देश,
मचा तबसे ही हाहाकार ।
द्वेष, दुख, दैन्य, कलहका हाय !
राज्य अति विस्तृत हुआ अपार ॥

(६)

कपट, कायरतासे परिपूर्ण,
होरहा सारा जैनसमाज ।
नष्ट करके वैभव, विज्ञान,
अहो ! सब खोई अपनी लाज ॥

(७)

प्रभो ! इस मृतक जातिमें शीघ्र,
करो नव जीवनका संचार ।
और सब भेदभाव कर दूर,
भरो उसमें अब सुखद विचार ॥

(८)

हृदयको स्वच्छ बनाओ देव !
समझ करके अपना प्रिय वास ।
पढ़ाओ "विश्वप्रेम" का पाठ,
कलुषताका करके ही नाश ॥

(९)

कृपा करके अब हे करुणेश !
पधारो मनमंदिरमें आप ।
दिखाकर सुखका सच्चा मार्ग,
करो सब दूर दुखद संताप ॥

(१०)

सबल जन करके अत्याचार,
सताते दीनोंको दिन रात ।
दुखी होकर वे करें प्रलाप,
तदपि नहीं पूछें उनकी बात ॥

(११)

सतत कर पापाचरण महान,
डुबोया प्रभो ! तुम्हारा नाम ।
छिपाकर "सार्वधर्म" को खूब,
न बतलाया जगको सुखधाम ॥

(१२)

कहानी कहें कहा तक नाथ,
दुखी हर तरह बने हैं आज ।
झटिति आओ अब दया निधान,
सुखी करदो फिर शीघ्र समाज ॥

हजारीलाल जैन न्यायतीर्थ, बीनाइटावा ।

श्रीमान् त्यागी पं० मोतीलालजी वर्णी।
सम्थापक व संचालक "वीरविद्यालय"—पपौरा (टीकमगढ़, झांसी)

Jain Vijaya Press, Surat

નૂતન વર્ષ મુબારક.

(લેખકઃ—મોતીલાલ ત્રી. આલાની, બાકરોલ)

આજે પ્રાતઃસ્મરણીય જગતવંદનીય ઉપકારી મહાનુભાવ મહાવીરસ્વામીને નિર્વાણપદ પામ્યાને ૨૪૫૩ વર્ષ પૂર્ણ થઇ ૨૪૫૪ ના નૂતન વર્ષનો પ્રારંભ થાય છે આ મહાનુભાવે જગતને અહિંસા, સત્ય, દયા, ત્યાગ આદિ નીતિના ઉત્તમ સિદ્ધાંતોનો ઉપદેશ કરી પોતાના આત્માનું અને જગતના લોકોનું કલ્યાણ કરી જૈનધર્મનો પુનરોદ્ધાર કર્યો.

બન્ધુઓ, આખું વર્ષ પૂર્ણ થયું ને આજે નૂતન વર્ષનો પ્રારંભ થાય છે. ગઇકાલના દિવસને આપણે દિવાળી કહેતા, દિવાળીનો દિવસ આ પણને કેવો આનંદ આપે છે, ન્હાના બાળકો પડેલી ચોપડીનો પહેલો પાઠ શીખતા ઘણા આનંદથી ગાય છે કે—' દિવાળીના દિવસમાં ઘરઘર દિવા થાય; ફટાકડા ફટફટ ફુટે, આનંદ બહુ ઉભરાય. પણ એ હરખ એકલા બાળકનોજ નથી, ન્હાના મોટા સ્ત્રી, પુરૂષ, સર્વ કોઇના હૃદયમાં એ દિવસે હર્ષ વ્યાપી રહે છે, વસ્ત્ર ભૂષણ સજીને કંઇક અભિમાન સાથે આમતેમ ફરતા છોકરાઓ જુઓ! નુપુરના ઝણકાર કરતી હરખતી ન્હાની ન્હાની છોકરીઓ જુઓ! રંગ બેરંગી સાડીઓ પહેરીને પિયેરથી સાસરે જતી અને સાસરેથી પિયેર આવતી યુવતિઓની પ્રફુલ્લ મુખ-મુદ્રા નિહાળો! ઉમંગથી સાસરે જમવા જતા યુવાન જમાઇરાજ તરફ દૃષ્ટિ ફેકો! કામની ધમાધમમાં પણ એકાન્ત શોધતા નવ પરિણીત દંપતિના વિશ્રંભ કથાઓ તરફ લક્ષ ફેરવો! કયાં આનંદ નથી? મનુષ્યનો મોટામાં મોટો આનંદ તે દિવાળીના આનંદ સાથે સરખાવાય છે. તમે કોઇ મોટી પરીક્ષામાં પસાર થયા હો, તમને કોઇ સારી નોકરી મળી હોય, તમને કોઇ વ્યાપારમાં લાભ થયો હોય, તમારે ત્યાં વિવાહ યા લગ્ન આદિનો કોઇ શુભ પ્રસંગ હોય, તો તેના આનંદ—"દિવાળીના જેવો" ગણાય છે. એ શુભ દિવસો તે બસ બેસવાના દિવસો નથી, પણ હમેશાના શ્રમથી મુક્ત થઇને જે જનુ, [illegible] છોડી દઇને, નિત્યની નગજમારી ખસેડી [illegible] નિશ્ચિન્ત [illegible] મોજમજા [illegible] હમેશ છે

દિવાળી [illegible] અર્થ શું? એ [illegible] એ ઉત્સવ પાળવો એટલે શું કરવું? અને શું કરવું? એવા પ્રશ્નો શું [illegible]? દિવાળીના દિવસ ધન પૂજન [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] પહેરવા ઘેર ગાડી [illegible] એવા સહેલ મારવી, એટલેથી શું [illegible] ઉત્સાહ પૂર્ણ થાય છે!

નહિજ ત્યારે સાંભળો? દિવાળીના દિવસે જગત વંદનીય ઉપકારી મહાનુભાવ અન્તિમ તીર્થંકર મહાવીર સ્વામી જે આ શુભ દિવસે નિર્વાણપદને પ્રાપ્ત થયા હતા, અર્થાત મોક્ષપદને પામ્યા હતા. જન્મ જરા, મરણને તજી—અજર—અમર પદને પામ્યા હતા, અને ગૌતમ સ્વામીને કેવળજ્ઞાન ઉપજ્યું હતું. આ શુભ દિવસથી આપણે વીર પ્રભુ (મહાવીર સ્વામી)નો સંવત્ ગણવા લાગ્યા છીએ દિવાળીનો સર્વોત્તમ તહેવાર તે આપણા આ મહાન પિતા સમાન શ્રી મહાવીર દેવની "જયતી" રૂપે છે, આજે તે જયતિનું નવું વર્ષ બેઠું છે, એની જયન્તીના ઉત્સવ આપણે જેના અઢીહજાર વર્ષથી ઉજવીએ છીએ જે હજુ સુધી ઉજવાય છે, મોટી ધામધુમથી ઉજવાય છે. આ મહા પુરૂષના નામની જયન્તી કરવી એટલે દિવાઓ કરવા અને ફટાકડા ફોડવા એટલુંજ શું બસ છે? દુનિયામાં પરોપકારી પુરૂષોજ—તારક દુઃખો ટાળનાર પુરૂષો પૂજાયા છે—ધનના ઢગલા પૂજાયા નથી! પણ પૂજવું એટલે શું? કેશર, ચંદન, પુષ્પ આદિથી

તેમની મૂર્તિઓ અને છબીઓની પૂજા કરવી, એટલુંજ નહી પણ ધૂપ, દીપ, નૈવેદ્યના ઉપચારોથી શુષ્ક પુજા (ખરા મનથી નહિ પણ લોકોને દેખાડો કરવાની) કરી, એથી પુજાઓની હદ આવી જાય છે? નહિજ.

પુજા કરવી અથવા માન આપવું, એનો અર્થ તો એ છે કે, એ મહાનુભાવોના ઉત્તમ ચારિત્રનું અનુકરણ કરવું, તેમણે જે પરોપકારનાં કાર્યો કર્યાં, તે કાર્યો કરવા તરફ આપણી વૃત્તિઓને દોરવી અને તેટલા માટેજ આ મહાન પુરૂષોના ઉત્સવ થાય છે, પણ ઉપર ગણાવ્યા મુજબ પ્રમાણે આપણે મિષ્ટાન્ન ઉડાવવું, વસ્ત્રાભૂષણો પહેરવા, એકથી અનેક દિવસોની રોશની પ્રગટાવવી, ઉપરાંત વિશેષ કાંઇ કરતા નથી. ધનતેરસના દિવસે ધનની પુજા કરી, રાત્રે ઘરના ઘરેણાં ઉજળ્યા, દિવાળીની રાત્રે સરસ્વતિ અને લક્ષ્મી—ધનની પુજા કરી અને બેસતા વર્ષને પહેલે દિવસે સારૂં સારૂં ખાવા પીવાના શુકન કર્યાં, ધન લાભ હોજો? કોથળીઓ ભરાજો, એવી રીતે લક્ષ્મી દેવીની પ્રાર્થના કરી! પણ કાંઇ દુઃખી દર્દીઓને મદદ કરવા સબંધી કંઇ તમે કર્યું? જે જ્ઞાનની પ્રજાને હાલ ખરેખરી જરૂર છે, એનો કાંઇ વિચાર કર્યો? જરા ઉભા રહો? વિચાર કરો કે—આપણા મહાન પિતા મહાવીરસ્વામી આવી ઉજ્વળ અને અમર કીર્તિને શી રીતે પામ્યા? તેના ટુંકા શબ્દમાં ઉત્તર આપુ તો કહીશ કે—"યોગપણાથી." યોગ એટલે શું? હૃદયની સમતુલના અને નિરાભિમાનતા. તમારૂં અને મારૂં જુદું નથી એ ફીલસુફી? અહા! આયાવર્ત્તમાં વીરોની આ ફીલસુફી હૃદયને આનંદમાં તરબોળ કરે છે! તમારૂં અને મારૂં જુદું નથી, હું અને તમે એક છીએ. અહા! આ શબ્દોમાં કેવો અદ્વિતીય પ્રભાવ લાગે છે? આપણી પ્રાચીન ફીલસુફીનો આ એક મુખ્ય પાઠ હતો. ગૌરવ હજી છેક નાશ પામ્યું નથી. ત્યારે તે છે ક્યાં? જૈન બંધુઓના—હૃદયમાં હજી તે વારસો છે, પરન્તુ થોડાજ અપવાદ બાદ કરતાં ઘણા જૈન બંધુઓમાંથી એ તત્વજ્ઞાન કેટલેક અંશે નાશ પામ્યું છે, અથવા શૂન્યવત્ થયું છે. જમાના સાથે અને કહેવાતા સુધારા સાથે "મારૂં અને તારૂં" એ એનું પ્રમાણ હદ ઓળંગીને વધી ગયું છે આ માન્યતામાં કેટલેક અંશે અતિશયોક્તિ હશે પણ અસંભવિતતા તો બિલકુલ નથી.

લેવું અને આપવું. To take and to give એ વ્યવહાર અનાદિ કાળથી ચાલ્યો આવે છે, પણ ચડતા ઉતરતા ત્રાજવા સાથે કાંઇ પલ્લામાં લેવાનો ભાર વધી જાય છે અને આપવાનો ભાર ઓછો થાય છે. આધુનિક સુધરેલા સમાજમાં આ ત્રાજવાના બે પલ્લામાંનુ એકજ પલ્લુ લેવાનુ પાતાળ તરફ નમે છે, ત્યારે બીજુ પલ્લુ આપવાનુ આકાશ તરફ ઉંચુ ચડે છે "મારૂં તે મારૂંજ, તમારૂં તે મારૂં મારૂં તમારૂં—હું મારૂં સંભાળું છું, તમો તમારૂંજ સંભાળો, અને ફોડી લ્યો." એ કાયદાની બારીકી જાણનાર સુધરેલા સમાજનુ વર્તજ્ઞાન છે! હાલ તો એમ મનાય છે કે—હું લઉં ને મારૂં અને આપુ તે બીજાનું પ્રાચીન સમયમાં આ ફીલસુફી એથી જુદી હતી "હું આપુ એજ મારૂં અને લઉં તે મારૂં નહિ" બીજાનુ આપણને જે મળે છે તે આપવાના બદલા તરીકે મળે છે, અને જેમ વધારે આપાય તેમ તેમ વધારે મળે છે, આ સિદ્ધાંત હાલમાં ભૂલી જવાય છે, જેઓનો આપણે શક ગણીએ છીએ અને આનંદના જયનાદ સાથે જેઓના નામ આપણે લઇએ છીએ તે મહાપુરૂષો આપવામાંજ બહાદુર હતા, લેવામાં અને બીજાનાં લુટવામાં નહિજ.

બંધુઓ! આ સૃષ્ટિની અંદર ઘણા જીવો એવા હોય છે કે તેઓ નીચ સ્વાર્થ સેવા પસંદ કરે છે, અને આ સ્વાર્થમાં તેઓ ન કરવાનાં અનુચિત કાર્યો પણ કરતાં અચકાતા નથી. આવી રીતની સેવા મનુષ્યને નરકના ઉંડા ખાડામા નાખે છે, આ સેવા પવિત્ર આત્મા કે જે અનંત દર્શન, અનંત જ્ઞાન, અનંત બળ, અનંત વીર્યમય છે તેને તેની પવિત્રતામાંથી હડસેલી મૂકવાને સાધનભૂત બને છે. સ્વાર્થને લીધેજ મનુષ્યોમા ક્રોધ, લોભ, માન, ઇર્ષા, અદેખાઇ વીગેરે દુષ્ટ રિપુઓનું સામ્રાજ્ય સ્થપાવાથી આત્માને અનંતાનંત ભવની ફેરીમા ફરવું પડે છે, કે જ્યાંથી નીકળતાં મહાન યોગીશ્વરોને પણ સોસવું પડે છે. ઉપર બતાવેલી સ્વાર્થ સેવા પ્રાણીયોને દુઃખરૂપ નીવડે છે, ત્યારે પરમાર્થ સેવા સુખને માટે સાધનભૂત થાય છે

પરમાર્થ સેવાનો ઇચ્છુક પ્રથમ પોતાના આત્માની અને પોતાના શરીરની પૂર્ણ રીતે સેવા બજાવે ત્યારેજ તે પરમાર્થ સેવા કરી શકે છે. કારણકે આત્માને જેવી રીતે કેળવવામાં આવે તેવી રીતે તેની ભવિષ્યની પ્રવૃત્તિ હોય છે. આત્માની સેવા એટલે જ્ઞાન સંપાદન કરવું, શાસ્ત્ર સ્વાધ્યાય કરવો, ધર્મ પ્રત્યે સ્નેહ રાખવો, આત્માનું ચિંતવન કરવુ વીગેરે વીગેરે છે. જ્ઞાન સંપાદન કર્યા સિવાય કદાપિ પણ ઉચ્ચ થઇ શકાતું નથી. આ સૃષ્ટિની અંદર જેટલા મહાન પુરૂષો થઇ ગયાં છે અને થતા જાય છે તે દરેક જ્ઞાન પ્રાપ્ત કરીનેજ શુદ્ધ સેવા કરી શકે છે. વળી શાસ્ત્ર સ્વાધ્યાયથી હંમેશાં

નવીન નવીન પવિત્ર વિચારો સ્ફુરે છે. ધાર્મિક અંશોની જાગૃતિ થાય છે. અને તેથીજ બીજા પ્રાણીઓ મારા જેવા છે, મારે આ સંસારમા આવી તેમની સેવા કરવી જોઇએ વીગેરે વીગેરે વિચારો પૈદા થાય છે, વળી આત્મ ચિંતવનથી એ ભાવ પેદા થાય છે કે હું કયાંથી આવ્યો છું, મારે શુ કરવાનું છે, મારે ક્યાં જવાનું છે, હું શું કરું છુ, મારો આત્મા શુદ્ધ, પવિત્ર, અનંત દર્શન, અનંતજ્ઞાન, અનંતબલમય હોવા છતાં જન્મ મરણરૂપ પ્રચંડ અગ્નિમાં દગ્ધ થાય છે, માટે મારે કર્તવ્ય બજાવવુ જોઇએ. દરેક પ્રત્યે દયા ભાવ રાખવો જોઇએ બીજાના દુઃખે દુઃખી અને સુખે સુખી થવું જોઈએ, વીગેરે ભાવ પેદા થતાંજ દુઃખી જીવોનાં દુઃખ દૂર કરવા મન પ્રેરાય છે.

આ વૃત્તિ પરમાર્થ સેવા કરવાની નીરસણી કહો કે મોક્ષ સુખ મેળવવાની મોટર ગાડી કહો તે આજ છે. દરેક બન્ધુઓએ આત્મ ચિંતવન માટે સવારમા ઉઠતાંજ પોતાનું મન સ્થિર કરવું જોઇએ. પરમાર્થ સેવાના ઇચ્છુકને શરીર સેવા પણ જરૂરની છે. શરીર સેવા હમેશા શુદ્ધ, સાદો, તાજો અને પુષ્ટિકારક ખોરાક ખાવાથી તેમજ વ્યાયામ આપવાથી થઇ શકે છે. શુદ્ધ ખોરાક ખાવાથી પોતાના મન તેમજ વિચાર શુદ્ધ બને છે. અત્યારના સમયમાં હોટેલના ખાનપાન, ચાહ, બીડી, વગેરે અશુદ્ધ અને વ્યસની પદાર્થોને લીધેજ મનુષ્યો પોતાનું ધારેલું કાર્ય પુરૂં કરી શકતા નથી. કારણકે અશુદ્ધ ખાનપાન મનને ભ્રષ્ટ બનાવે છે. કહેવત છે કે "જેવું ખાય અન્ન તેવું થાય મન અને જેવું પીએ પાણી તેવી બોલે વાણી." આ ઘરડાં મોટેરાની કહેવતો કંઇ ગટરોમા પધરાવા જેવી નથી, પરંતુ સોનેરી અક્ષરે તેને કોતરી રાખવા જેવા છે. માટે હંમેશા દરેક શુદ્ધ, સાદો અને પુષ્ટિકારક તાજો ખોરાક લેવાની જરૂર છે.

હવે પરમાર્થ સેવા એટલે શું ? કે "પોતાની જીંદગીનો એવો કાર્યક્રમ કે જેથી દરેક પ્રાણીઓ ઉપર સ્નેહભાવ રાખવો, ક્ષમાભાવ રાખવો, બીજાના દુઃખે દુઃખી અને સુખે સુખી થવું, દુઃખી પ્રાણીઓને દુઃખમાંથી મુક્ત કરી સુખી બનાવવા; દરેકને સુખ અને સંતોષ ઉપજે તેવી પ્રવૃત્તિ રાખવી, અજ્ઞાની જીવોને સદુપદેશ દ્વારા જ્ઞાની બનાવી સારાસારનું જ્ઞાન કરાવવું, રોગી પ્રાણીઓને રોગમાંથી મુક્ત કરાવવા, અનાથને આશ્રય આપવો તેમજ દરેકને પોતાનાથી બનતી મદદ કરવી વગેરે પરમાર્થ સેવાનો કાર્યક્રમ છે.

આ દુન્યામાં એવા ઘણા મનુષ્યો દ્રષ્ટિગોચર થાય છે કે જેઓ પોતાના આત્માને મોક્ષ સુખનું આસ્વાદન કરાવવાને પ્રયત્ન કરતા જણાય છે. તેઓને નથી હોતી દુનીયાની પરવા કે નથી હોતી બીજાના દુઃખોની પરવા; પરંતુ તેઓનો એજ ધ્યેય હોય છે કે કયારે તેઓ મોક્ષ સુખને મેળવી શકે, પરંતુ આવી રીતે પોતાના આત્માનું ભલું કરનાર પોતાના આત્માનું ભલું કરી શકતો નથી. પોતાનું ભલુ બીજા દુઃખી પ્રાણીયોના ભલામાજ સમાયેલું છે. પરમાર્થ જીવનથી મનુષ્ય દરેકના પૂજ્ય થઇ શકે છે. દાખલા તરીકે અરહંત ભગવાન કરતા સિદ્ધ ભગવાનનું પદ ઉચ્ચ હોવા છતા પંચ ણમોકાર મંત્રમા અરહંત ભગવાનનું પદ પ્રથમ પંક્તિએ આવે છે તેનું મુખ્ય કારણ એજ છે કે તેઓ આ સૃષ્ટિની અંદર રહી દરેક પ્રાણીઓને સદુપદેશદ્વારા બોધ દઈ પરમાર્થ વૃત્તિનું પાલન કરે છે તેવીજ રીતે મહાત્મા ગાંધીજી પણ પરમાર્થ તેમજ નિસ્વાર્થ સેવાને લીધેજ દરેક કરતા ઉચ્ચ ગણાય છે ભલે મનુષ્ય ચક્રવર્તી હોય કે વિદ્વાન હોય કે મંત્ર તંત્રનો જાણકાર હોય પરંતુ સેવા વિના કદાપિ કોઇ પૂજ્ય થઈ શકતો નથી. જેણે સ્વાર્થ શબ્દને પોતાનાથી હંમેશને માટે અળગો કરેલ છે તેજ ખરેખર સેવા કરવાને ભાગ્યશાળી થાય છે. પરમાર્થ સેવા દરેકનો પ્રેમ જીતી લે છે. જ્યારે તેને દરેક પ્રાણીઓ માનની નજરે અને પૂજ્ય ભાવનાથી જુએ છે ત્યારે તે જે આનંદ અનુભવે છે તેનું વર્ણન કરવું અગમ્ય છે. નિસ્વાર્થ સેવાથી અજ્ઞાની મનુષ્યો તો શું પરંતુ પશુ પક્ષી જેવાં પ્રાણીઓ પણ શત્રુ મટી મિત્ર બને છે.

મને આ વખતે એક બનાવ યાદ આવે છે કે થોડા વરસો પહેલાં દીલ્હી શહેરમા નીચ

ગોકુળના આવાસ આગળ એક કોઈ સર્પ નીકળ્યો. સર્પને જોતાં તે લોકો તેને મારવાની તૈયારીમાં હતા ત્યાં આગળ થઈને પસાર થતા દયાળુ હૃદયના એક જૈન ભાઈએ આ બનાવ જોયો અને મનમાં નિશ્ચય કર્યો કે ગમે તેમ પણ સર્પને મરતાં બચાવવો. તેણે તે લોકોને જણાવ્યું કે સાપને મારશો નહી, મારવાથી પાપ લાગશે. બિચારા અજ્ઞાન સર્પે તમારું શું બુરું કર્યું છે કે તમો તેને મારો છો? આ સાંભળી લોકો તેના તરફ હસીને જવાબ આપ્યો કે જુઓ, આ મોટા દયાના સાગર આવ્યા છે, અને વળી ઝેરી જનાવર હોવા છતાં કહે છે કે 'તમારું શું બગાડે છે?' એવી દયા ભાવના હોય તો હાથમાં પકડીને લઈ જાઓ એટલે જાણી શકાય કે શું બગાડે છે? તુરતજ તે દયાળુ સજ્જને સર્પની પાસે જઈ પાસે રાખવાનો ખેસ તેની આગળ પાથરી તેને કહ્યું 'બેટા, આ ચાદર ઉપર આવી બેસ હું તને નિર્ભય સ્થાને લઈ જઈશ''...સર્પે તેના ભાવમય શબ્દોથી અજાઈ પાથરેલી ચાદરમાં આવી કોકડું વાળી બેસી ગયો. તુરત તે સજ્જને ચાદરના છેડા મજબુત બાંધી ગાંસડી બાંધી પોતાના માથે મુકી ચાલતો થઈ ગયો. આ બનાવ સાચે સાચો બનેલજ છે તેમાં શંકા છેજ નહી

સુહૃદો! આમાં કંઈ આશ્ચર્ય થવા જેવું છેજ નહી. પ્રેમ એવી વસ્તુ છે કે મહાન હિંસક પ્રાણીઓ પણ કુદરતી હિંસક સ્વભાવ છોડી દે છે. અત્યારના સમયમાં ઘણા એવા મનુષ્યો જોઈએ છીએ કે તેઓ પોતાના બાળકોને લગ્નમાં ઠાઠથી જોડી દઈ હજારો રૂપીયા ખર્ચ કરી પોતાની સેવાને સાર્થક માને છે પરંતુ આ તેમની ખરેખરી સેવા તો છોકરા છોકરીઓને ઉચ્ચ કેળવણી આપી તેમની ભવિષ્યની જીંદગી સુખરૂપે પસાર થાય તેવી રીતે કેળવવા તેમાંજ સમાયેલી છે અલબત્ત તેમને યોગ્ય ઉમરે વિવાહિત કરવા પરંતુ યોગ્ય કેળવણી આપ્યા પછીજ.

દેશ સેવા એ પણ પરમાર્થ સેવા છે. દેશીઓને દુઃખમાંથી મુક્ત કરવાં, પરદેશીઓના જુલમી હુમલાઓથી બચાવવાં, તેમને સુખ મળે તેવાં સાધનોની અનુકૂળતા કરવી તે ખરેખરી દેશ સેવા છે. રેંટીઓ કાંતવો, હાથે કાંતેલા સુતરનાં વસ્ત્રો હાથે બનાવી પરિધાન કરવાં તેમાં અહિંસા ધર્મનું પાલન થાય છે કારણ કે મીલોમાં વણાતાં વસ્ત્રો કે જેમાં હજારો જીવોનો ઘાત થાય છે, તેમાં નાખવાની ખેળ તેમજ ચરબી વાપરવાને લાખો જીવોને મારી ચરબી ઉપયોગમાં લેવામાં આવે છે, તે હાથે બનાવેલા વસ્ત્રોના લીધે તેમનો બચાવ કરી શકાય છે. આવી રીતે દરેક કુટુંબો પોતાના વાર્ષિક ખર્ચ માટે પોતાના હાથે તૈયાર કાપડ કરી પહેરે તો લાખો જીવોનો ઘાત થતો બચી જાય અને તેના મહદ્ પુણ્ય પ્રાપ્ત થઈ શકે. મહાનુભાવો! આ સેવા ધર્મ નાના બાળકથી ઘરડા સુધી દરેક કરી શકે છે. સ્કુલમાં ભણતો વિદ્યાર્થી પોતાનાથી નાના તેમજ અભણ વિદ્યાર્થીને શિક્ષણ આપી પોતાનો ધર્મ બજાવી શકે છે. ધનવાન મનુષ્યો પોતાના દ્રવ્યથી ગરીબ નિઃસહાય વિધવાઓને પોષવા માટે મહિલાશ્રમ, નિસ્સહાય બાળકોને માટે સ્કુલો પાઠશાળાઓ ખોલી વિદ્યાદાન દેવામાં તેમજ વાવ કુવા ટાંકા પાંજરાપોળ આદિ અનેક પરોપકારી સંસ્થાઓ ખોલી સેવા કરી શકે છે. દરેક ધનવાન બંધુઓએ પોતાના દ્રવ્યનો આવા માર્ગે સદુપયોગ કરવો જોઈએ. દ્રવ્ય વાપરતા બમણું વધે છે જે માણસ પોતાની પાસે રહેલી ચીજનો સદુપયોગ કરતો નથી તેને માટે કુદરતજ યોગ્ય નસીહત કરે છે. આ દુનીયામાં જેવું વાવે તેવું લણે, એ અબાધ્ય નિયમ છે. પૈસાદાર થઈ પોતાના દ્રવ્યનો વ્યય કોઈપણ સારા કાર્યમાં ન કરે તો તેના દ્રવ્ય કરતાં ગરીબ પરંતુ ભાવનાશાલીના ઘરમાં ભરેલા કાંકરા પણ વધારે શ્રેષ્ઠ છે એક ગરીબ માણસ કહે છે કે "દાનભોગ-ભોગહીનેન, ધનેન ધનીનો યુયમ્, છૃધ્વી જાત નીજાતેન ધનેન ધનીનો વયમ્" ત્યારે પૈસાદાર તેજ કહેવાય કે જે પોતાના દ્રવ્યનો સદુપયોગ કરીને સંતોષ મેળવે. પૈસાદાર મનુષ્ય પોતાના દ્રવ્યથી સેવા કરે છે ત્યારે ધનહીન પણ તન અને મનથી ધનવાન કરતાં પણ વધારે સેવા

તીર્થયાત્રા માટે વિદ્વાનોની પ્રશંસા

વડોદરા વરિષ્ઠ કોર્ટના માજી જડજ સાહેબ પણ હાલ નાયબ દિવાન સાહેબ રા. બા. ગોવિંદભાઈ હાથીભાઇ દેશાઇ. બી. એ. એલ. એલ બી. લખે છે કે હિંદુસ્તાનની તીર્થયાત્રાનું મોટું અને સુશોભીત છપાઇ તથા બાંધણીવાળું પુસ્તક હું ઘણી ખુશાલીથી વાંચી ગયો છું. આવા એક જાત્રાળુના ભોમીયા તરીકે ગરજ સારે એવા પુસ્તકની દેશી ભાષામાં ખોટ હતી તે આપે પુરી પાડી છે, રેલ્વે રસ્તા વિગેરેની માહિતી સંપૂર્ણ છે.

એટલુંજ નહિ પણ દરેક તીર્થસ્થાનનું વર્ણન, જોવા લાયક જગાનો ઇતિહાસ એ વગેરે બાબતની માહિતી પણ જોઇએ તેટલી સંપૂર્ણ સરળ અને વિગતવાર છે આ પુસ્તક જાત્રાએ નીકળતા દરેક સંઘને માટે ખાસ ઉપયોગી છે અને તે દરેકે પોતાની સાથે રાખવા જેવું છે આવા સારાં અને ઉપયોગી પુસ્તક તૈયાર કરવામાં આપને ઘણો શ્રમ પડતો હશે તથા ઘણું ખર્ચ કરવું પડતું હશે તે તમામ ઉઠાવી આપ જનસેવા બજાવો છો તેને માટે આપને ધન્યવાદ ઘટે છે, આપના પુસ્તકોનો બહોળો ફેલાવો થાય અને તેનો લાભ સર્વ કોઇ લેઇ આપનો શ્રમ બર લાવે એમ અંતઃકરણપૂર્વક ઇચ્છું છું.

ભાવનગર સ્ટેટના માજી વિદ્યાધિકારિ સાહેબ મ. કૌશીકરામ વિઘ્નહરરામ મહેતા બી. એ. લખે છે કેઃ—હિંદુસ્તાનની તીર્થયાત્રા એ પુસ્તક વાંચી આનંદ થયો, યાત્રા કરવા ઇચ્છનારને તેમજ સામાન્ય વાચકવર્ગને આપનું પુસ્તક અવશ્ય બહુજ ઉપયોગી થઇ પડશે એમ હું માનું છું. અમારા રાજ્ય માટે ૭ નકલો મોકલાવશો

હિંદુસ્તાનની તીર્થયાત્રામાં આવેલા વિષયો.

જેની અંદર આબુ અંબાજી, અજમેર, પુષ્કરતીર્થ સિંધ, કરાંચી. હીંગળાજમાતા, ઉદેપુર, જોધપુર, બિકાનેર, જેસલમીર, શ્રીનાથદ્વારા, કાંકરોલી, ઉજ્જન, ઓંકારેશ્વર, ઇંદોર, મથુરા, આગ્રા, દીલ્હી, હરદ્વાર, લાહોર, અમૃતસર, પંજાબ, બદ્રિકેદારનાથ શ્રીનગર-કાશ્મીર, લખનૌ અયોધ્યા, કાશી, ગયાજી, સમેતશિખર, વૈજનાથ મહાદેવ, કલકત્તા. જગન્નાથપુરી, મદ્રાસ. શ્રીસેતબંધુ રામેશ્વર, શ્રીરંગજી, શિવકાંચી, વિષ્ણુકાંચી, સાક્ષીગોપાળ, કોચીન, હુબલી, નાશક, ત્ર્યંબક, પુના, મુંબાઈ, ચાણોદ, શુક્લતીર્થ, ડાકોર, દ્વારકા, પ્રભાસપાટણ. ગીરનાર પર્વત, પાલીતાણા વિગેરે યાત્રાના સ્થળોનું વર્ણન, ત્યાં શું શું યાત્રા કરવાનું ધામ છે, શું જોવા લાયક જગ્યાઓ છે, વેપારની કઇ કઇ ચીજો ત્યાં થાય છે, ત્યાં ઉતરવાની શી વ્યવસ્થા છે, ગાડી ક્યાં બદલાય છે વિગેરે જાત્રાળુઓને ઉપયોગી સંપૂર્ણ માહિતીનો આ પુસ્તકમાં સમાવેશ છે

જેમાં—કાશી જગન્નાથપુરી, બદ્રીનાથ, કેદારેશ્વર, શ્રી સેતબંધુરામેશ્વર અને દ્વારકા એ ચારે ધામની યાત્રા. કાશી, કાંચી, (શિવકાંચી અને વિષ્ણુકાંચી) અવંતિકા, ઉજ્જન અયોધ્યા, મથુરા માયા (હરદ્વાર) અને દ્વારકા એ સાતપુરી; ત્ર્યંબકેશ્વર, [illegible] ઓંકારેશ્વર: મહાકાળેશ્વર, સોમનાથ. કેદારેશ્વર, વિશ્વેશ્વર, વૈજનાથ, નાગેશ મલ્લિકાર્જુન રામેશ્વર અને ભીમાશંકર એ બાર જ્યોતીર્લિંગો શ્રી શંકરાચાર્યોના ચાર મઠો, શ્રી વૈષ્ણવોના યાત્રાના સ્થળો, કેશરીયાજી. પાલીતાણા સમેતશિખર, શેત્રુંજય, ગીરનાર, પાલીતાણા વિગેરે જૈનોનાં યાત્રાના સ્થળો તેમજ અજમેર વિગેરે સ્થળનાં મુસલમાનોના યાત્રાના અને પારસીઓના ઉદવાડા વિગેરે સ્થળોનું વર્ણન છે.

દરેક દેવસ્થાનની જાત્રા કરી પછી બીજી જાત્રા કરવા માટે કયે રસ્તે જવાથી સુગમ પડે, તેનું ભાડું રેલ્વે સ્ટેશનોના નામ અને ટાઇમ વચ્ચે ઉતરવા લાયક સ્થળ હોય તો તેનું નામ અને વર્ણન બહુ વિસ્તાર સાથે આપેલું છે. એટલે યાત્રા કરવા જનાર આ પુસ્તક પાસે રાખશે તો હિંદુસ્તાનમાં ગમે ત્યાં વગર પૂછે જઇ શકશે અને ત્યાં દરેક યાત્રાના દેવસ્થાનની સારી રીતે યાત્રા કરી શકશે, એટલુંજ નહિ પણ તે તે સ્થાનોનું શાસ્ત્રાનુસાર માહાત્મ્ય જાણી શકશે તે દેવસ્થાન કોણે સ્થાપ્યું, તેનું મહાત્મ્ય, ક્યા કારણથી આટલું વધ્યું છે, તેની યાત્રા કરવાનું ફળ શું. વિગેરે જાણી શકશે

દરેક માણસે આ ઉપયોગી પુસ્તકને પાસે રાખવાની જરૂર છે જેની અંદરથી યાત્રાનાં સ્થળોનું વર્ણન, ત્યાં જોવા લાયક સ્થળો, જવા આવવાની સગવડ, ઉતરવાની સગવડ વિગેરે છે વળી યાત્રા કરવા લાયક સ્થળો, દેવો, તેના ઐતિહાસીક માહિતી અને તે તે દેવો સંબંધી પુરાણો અને શાસ્ત્રોમાં જેનું મહાત્મ્ય છે તે વાંચવાથી પોતાના દેવતીર્થોમાં શ્રદ્ધા ઉત્પન્ન થવાની. થોડી નકલોજ છે. માટે તુરત મંગાવી લેવું. કીં. રૂ ૭–૦ જાડા ગ્લેઝ કાગળ પર ૮૫૦ પાકું પુંઠું. વિશ્વનાથ વિગેરેના ચિત્રો ન રેલ્વેના નકશા છે.

હાલ તરતમાં મંગાવી લેનારને માત્ર રૂ. ૫ –૦ માંજ [illegible] આપશે.

જેઠાલાલ દેવશંકર દવે, તંત્રીઃ ભાગ્યોદય—ખાડીયા—અમદાવાદ.

એકેએક ઘરમાં ખાસ રાખી મુકવા લાયક, મુસાફરીમાં સાથે રાખવા જેવી ભુલોકના

અમૃતતુલ્ય અનેક વ્યાધિ મટાડનાર માત્ર એકજ દવા

(રજીસ્ટર્ડ)

આ દવા તમારા ઘરમાં રાખી મુકો જેથી ડાકટરો અને વૈદોમાં ખર્ચાતા હજારો રૂપિયાનો બચાવ થશે, કારણકે તે અનેક પ્રકારનાં ઘરગતુ દરદો મટાડવામાં અકસિર અને અનુભવસિદ્ધ છે.

દમ, તાવ, ઉદરસ, ઝાડા, ઉલટી, કોલેરા, પેઢામાં ચુક, માથું ચઢવું, મરડો, દમ, કાનના સણકા, સાંધા દુખવા, છાતીની ગભરામણ, અજીર્ણ, બંધકોશ, અશક્ત, ધાતુની નબળાઇ, બાળકોના તાવ, ઝાડા, વરાધ વિગેરે અનેક દરદો આ એકજ દવા **અમૃતજીવન** ખાત્રીથી મટાડે છે. કોઇ પણ રોગ થાય કે બે ચાર ટીપા દવા પાણી કે દુધ સાથે લે —તરત આરામ થઇ જવાનો.

બાળકોના તાવ, ઝાડા વરાધ; શરીર ગળી જવું વિગેરે દરદો ખાત્રીથી જ મટે છે.

કોલેરા, સંધિવા, માથાનો દુખાવો, દમ, છાતીના અમુંઝણ, ગભરામણ, અજીર્ણ અતીસાર, હીસ્ટીરી આ ઉધરસ, ગરમી, ઉલટી, વા, ઉબકા, કેડનો દુખાવો, દાદર, નપુંસકતા, પ્રમેહ, પ્રદર પાંડુરોગ, બરોળ, પ્લેગ, સાંધાનો દુખાવો મધુપ્રમેહ, ક્ષય, રતવા, લકવો, વીર્યદોષ, વાળો, સસણી વરાધ સંધીવા, હરસ, હેડકી, હાર્ટડીસીઝ, શુળ, અપસ્માર, વમ, દાંત નાક કાનના દરદો, શોજા, વીંછી, ઉંદર કે હડકાયા કુતરાનુ ઝેર, કંઠમાળ, દાઝવુ, ખરજવુ વિગેરે લગભગ તમામ દરદો મટે છે.

આ દવાની એક બાટલી તમારા ઘરમાં રાખી મૂકો, તમે મુસાફરીથી ફરવા જાઓ તો સાથે એક બાટલી રાખો; આ દવા તમને કોઇ વખતે હજારો રૂપીઆ ખર્ચતાં ન મટતા રોગો તાત્કાલિક મટાડવામા સહાયભૂત થશે

ઘરમા તમને, સ્ત્રીઓને, બાળકોને કે તમારા સંબંધી વર્ગને થતાં કોઇ પણ દરદો ઉપર આ દવા રામબાણ નીવડશે વીસ વર્ષના જુના અનુભવની, હજારો દરદીઓએ અજમાવીને ખાત્રી કરેલી આ દવા તમારા ખાસ ઉપયોગમાં લ્યો. અમૃતતુલ્ય; **કોલેરા, મહામારી જેવા** ભયંકર દરદોરૂપી મૃત્યુના મુખમાથી બચાવનાર આ એકજ દવા **સર્વોત્તમ નીવડી છે.**

આ દવા તમારા ઘરમા હશે તો તરત કામ આવશે દરવર્ષે લાખો બાળકો વરાધથી મરે છે. લાખો માણસો કોલેરા, કોગળીયુ—મહામારીના દરદોથી મરે છે આવા દરદો મટાડવામા આ દવાએ રામબાણ કામ કરેલુ છે. કારણ કોલેરા જેવા દરદમા તરત દવાની જરૂર પડે છે અને આ દવા ઘરમા હોય તો તરત જ ફાયદો થઇ જાય છે ચાર ઔંસની બાટલી રૂ ની કિંમત રૂ ૧) ત્રણની કિંમત રૂ ૨-૧૦-૦

પાલીતાણાથી નગરશાહ જૈન પાઠશાળાના **સેક્રેટરી** રા. રા. કેશવલાલ પ્રાગજી લખે છે કે: આપની અમૃતજીવનની દવાથી અમને ઘણો જ સારો ફાયદો થયો છે માટે આ પત્ર વાંચી તરત બીજી **એક ડઝન** બાટલીઓ અમૃતજીવનની વી. પી. થી મોકલી આપશો કોલેરા, ઝાડા, ઉલ્ટી ઉપર રામબાણ નીવડી છે. મરતા માણસો આ દવાથી બચ્યા છે.

આંબલીઆરાના મે ઠાકોર સાહેબ જોરાવરસિંહજી સાહેબ લખે છે કે. **અમૃતજીવનની** અજમાયશ કરતા તે જુદા જુદા રોગો ઉપર બહુ ખાત્રીથી ભરોસાપાત્ર અને ઘણીજ ઉપયોગી દવા નીવડી છે. તેનાથી ઘણા રોગો મટે છે તેનો અમને અનુભવ થયો છે. અમારો અભિપ્રાય છે કે એકે એક ઘરમાં આ દવા રાખી મુકવી જોઇએ.

જયપુરથી મે. ઠાકોરશ્રી વખતસિંહજી બહાદુર લખે છે કે આપની **અમૃતજીવનની** દવા વાપરી તો તે ઘણા દર્દો ઉપર અકસીર જણાયુ છે અને ઘણોજ ફાયદો થયો છે બીજી બાટલીઓ વી. પી થી મોકલશો

દરેક દવાવાળાને ત્યાં દવેનું અમૃતજીવન પાશેરની બાટલી મળશે.

દવે કેમીકલ વર્ક્સ, રીચીરોડ—અમદાવાદ.

સ્ત્રીઓની શક્તિની દવા

સુંદરીસાથી

(રજીસ્ટર્ડ)

સ્ત્રીઓના તમામ રોગને માટે સુંદરીસાથી અકસીર છે. સ્ત્રીઓનાં કોઈ પણ દરદ જેવાં કે કોહીવા, પ્રદર રક્ત અને શ્વેત પ્રદર જેથી ચીકણી, ખાટી, પીળી, મળગુઅળી, અગર લાલ રંગની લોહી જેવી રસી કે ધાતુ વહ્યા કરેછે, પેશાબે અગન બળે, હાથ પગના તળીઆમાં, કેડોમા, બરડામા, માથામા અને કોઇ વખતે આખા શરીરમા સણકા મારે, ફાટ, ચુસ અને કળતર થાય, ઝીણો તાવ હંમેશા આવે, શરીર સુકાઇ જઇ ધોળી પુણી જેવું થાય, આખોનું તેજ કમી થાય, દીવસે દીવસે શરીર સુકાઇ બેહાલ થાય, ગોળો ચઢે અશક્તિ આવે અને કામ થઇ શકે નહી, આખો દીવસ કેડ અને માથુ ફાટયા કરે; તાવ, ઉધરસ, રતવા, દમ, ખાંસી, સોજા ફિક્કી, અરૂચી, માસીક અટકાવ, સ્હી જવો, હીસ્ટીરીયા વગેરે તમામ રોગ અને આવા અનેક દરદોના સમુહને આ સુંદરીસાથી એકદમ મટાડી શકે છે. ડાકટરો અને વૈદ્યો જથાબંધ વાપરે છે.

૧ નાની બાળકીઓને પાવાથી શરીર પુષ્ટ રાખી યુવાન અવસ્થામા પ્રદર વગેરે વ્યાધી થવા દેતુ નથી. ૨ યુવાન સ્ત્રીઓને પ્રદરના વ્યાધીમાથી બચાવી ગર્ભાશયને સુધારી ગર્ભ ધારણ કરી શકે તેવુ બનાવે છે. ૩ ગર્ભ રહ્યા હોય તે વખતે પીવાથી અધુરે માસે ગર્ભ પડતો નથી, ગર્ભનું પોષણ કરી પુર્ણ માસે વીના કસ્ટે પ્રસવ થાય છે, ૪ સુવાવડ પછી પીવાથી સુવારોગ થતા નથી, બાળકને પુષ્ટ કરે તેવુ તંદુરસ્ત ધાવણ બનાવે છે અને બાળકનું ને તેની માનું શરીર પુષ્ટ કરે છે. ૫ સ્ત્રીરોગ તમામ મટાડે છે. હંમેશા પીવાથી સ્ત્રી તંદુરસ્ત રહી શકે છે. પ્રદર વીગેરે વ્યાધી થતા નથી. ૬ વૃદ્ધાવસ્થામાં પીવાથી શરીર તંદુરસ્ત યુવાન જેવુ રહેછે કિં. રૂ.૧) ત્રણ બાટલી પીવી પડેછે. ત્રણનીકિં ૨–૧૦

સુંદરીસાથીથી પુત્રની પ્રાપ્તિ થઇ

આપની દવા સુંદરીસાથી વાપરવાથી રોગ મટી જઇ મારે ઘેર પુત્રની પ્રાપ્તિ થઇ છે. આ કાગળ વાચી તરતજ બીજી ૩ બાટલી વી. પી થી. મોકલો.

મીસ્ત્રી પરશોતમ રાઘવજી કીમાની કરાંચી

સુંદરીસાથીથી ઘણા માણસોને ફાયદો થયો

સુંદરીસાથીની દવા અમે વાપરી તેથી ઘણો ફાયદો થયો, પછી ઘણા માણસોએ વાપરી પણ સર્વેને સારો ફાયદો થઇ ગયો છે બીજી ૨ બાટલી વી. પી થી. મોકલો.

રૂપા નથુ ઝુણાવાડા

કમ્મરનો દુખાવો મટ્યો છે.

સુંદરીસાથી બાટલી વાપરવાથી મારા ધર્મ પત્નીને ઘણોજ ફાયદો થયો છે કમ્મરમાં હરહંમેશ જે દુઃખાવો રહેતો હતો તે મટી ગયો છે તેમા લખ્યા પ્રમાણે સ્ત્રીઓના પ્રદર, લોહીવાને માટે તો તેથી ઘણો જ ફાયદો થયો છે

જાલમસિંહ કેશરીસિંહ દારેસલામ

સુંદરીસાથીથી પ્રજા થઈ.

સુંદરીસાથીની ૩ બાટલી મંગાવી મારી સ્ત્રીને આપવામા આવી તેથી સ્ત્રીના ગર્ભાશયના રોગ પ્રદર અશક્તિ મટયા છે એ દવાથી તે સગર્ભા થઇ અને આપના પુન્ય પ્રતાપથી છોકરો ધાવણો થયો છે.

ત્રિવેદી કાલીદાસ દલસુખરામ પાટણ

સુંદરીસાથીથી ગર્ભાશય સુધારી ગર્ભ રહે છે.

આપની સુંદરીસાથી વાપરવાથી સ્ત્રીઓનાં તમામ રોગ મટયા છે. ને ગર્ભાશય સુધારી ગર્ભ ધારણ કરવામા ઉત્તમ છે તેની ખાત્રી કરી છે. એ દવા વાપરતા અમને ઘણો જ ફાયદો થયો છે

બાવાજી ભગવાનદાસ હરિરામ રેફડા

સુંદરીસાથીથી ગર્ભ રહ્યો

સુંદરીસાથીની દવા મેં વાપરી છે તેથી ગર્ભ રહ્યો છે જેથી આપનો મારા ઉપર મોટો ઉપકાર થયો છે તેનો બદલો વાળવાને તો હું અસમર્થ છું. બીજી ત્રણ બાટલીયો તરત વી. પી. થી મોકલો.

ફુલશંકર નારણજી કરાચી.

એજંટોને ભરપુર કમીશન મળે છે.

મુંબાઈ–એ. એમ ઠક્કર ની કું. પ્રિન્સેસ સ્ટ્રીટ એજંટો **ભરૂચ**–ડાહ્યાભાઇ મકનજી મેડીકલ સ્ટોર

સુરત–દલાલ બ્રધર્સ ભુગાનપુરી બજાર ને સી. એન બ્રધર્સ **વડોદરા**–જી. એન હકીમ એન્ડ સન્સ

નડીઆદ–મુળચંદ જેસંગભાઇ સાથીપાળ **પેટલાદ**–માર મણીલાલ બાપાલાલ

બોરસદ–રેવા દાસકાનામ પરશોતમદાસ **ડભોઈ**–ગાંધી ચુનીભાઇ માણેકલાલ

ભાવનગર–અમીચંદ ડ્યાભાઇની કું. **આણંદ**–ચમનલાલ હરીશંકર દવે

બાકી નાના મોટા સર્વ ગામોમા સુંદરીસાથી આપી અને દવા વેચનારાઓને ત્યા મળેછે. કી. રૂ ૧)

દવે કેમીકલ એન્ડ ફાર્માસ્યુટીકલ વર્કસ અમદાવાદ.

આરોગ્ય પ્રેસ–અમદાવાદ

નૂતન વર્ષાભિનંદન.

મૂ-લચંદ અર્પું નૂતન વર્ષે સ્નેહ આશીષ હૃદયની;
લ-ઇ ધ્યાન હૃદયે ધારજો, આનંદ ને ઉલ્લાસથી.—૧

ચં-દ્ર સમ મનહર પ્રકાશો, રાગ દ્વેશ દૂરે કરો;
દ-મી મન વચ કાયને, અકલંક સમ ગુણીયલ બનો.—૨

સુ-ખ સંપત્તિ આરોગ્ય તનનો, નૂતન વર્ષે સુખકર
ર-હી સંયમી ધરી ખાદીને, આગળ વધો સૌ સત્પથી.—૩

ચં-ચલ વૃત્તિ રાખીને, ઉદ્ધાર કરજો દેશનો,
દ-ઇ છોડીને ગત કર્મને, દુઃખમાંહી પાછા નવ હઠો.—૪

દો-હલા માનવ ભવ આ, કઠીન છે ફરી પામવા;
શી હવે વૃથા ગુમાવવો ? ઉદ્ધાર આત્માનો કરો.—૫

ઉ-પદેશ ધ્યાને લઇ, હૃદય કરજો નિર્મળાં,
દ-ગાનું છોડી [illegible] કરો, તમ ધર્મના કાર્યો રૂડાં—૬

ર-હી સત્પથે મહાવીરનું, શાસન તમે દીપાવજો,
મ-હાવીર પ્રભુના ભક્ત છો, જે દયા ધર્મને પાળજો—૭

હિં-સાદિ પાપો પાંચ છે, ધકેલી જનારાં નર્કમાં;
કાં-[illegible] એ પંથથી, તત્પર બનો એ માર્ગમાં.—૮

[illegible] છોડજો. જે હોય તેજ ઉચ્ચારજો.
[illegible] અચળ સુખને પામજો.—૯

દિગંબર જૈન અપનાઓ.

દિ-વસમાં જૈન શું [illegible], વિચારો આ તમે ભાઇ,
ગ- મનમાં જ્યાં તમે જાઓ. પ્રતા[illegible] સાથ લે જાઇ. ૧.

બ-નાવો આપ મિત્રોને. કરો પરચાર શુભ રીતિ,
ર-માવો આપ અંતરમાં, કરે ઉપદેશ જે રીતિ. ૨.

જૈ-નો ગુજરાતમાં વસતા, હશે હજારો સંખ્યામાં;
ન-થી હજાર ક્રિમ ગ્રાહકો, બનાવો આજ હજારો. ૩.

અ-મારી છે વિનય ઠીક આ, કરો સ્વીકાર તમ ભાઇ:
પ-ડ્યો છે ભાગ્ય દરિયામાં, ઉગારો પત્ર પરચારી. ૪.

ના-વિક બની તેને લગાવો. પાર કહ ઉપદેશ લઇ;
ઓ જ કચ્છ પ્રગટાવ્યા અબ, આ દેશનો પ્રાચીન કઇ. ૫.

"દા-સ"

प्रेम-पुष्पाञ्जलि ।

(ले०—जातिभूषण कविशिरोमणि प० स्वरूपचन्दजी "सरोज"—कानपुर ।)

चातुरमास वास करके प्रभु आज इटावा छोड़ चले ।
कर निराश हम दीन जनोंको सारी आशा तोड़ चले ॥
क्या अपराध हुआ दासोंमे जो हमसे मुख मोड़ चले ।
क्रम २ मे परिपूर्ण प्रेमघट उसको इकदम फोड़ चले ॥
दीनबन्धु ! भवसिंधु पड़े हम ले चलिये गुरुवर सत कूल ।
हे भगवन्त ! हृदयमें रखना कहीं न जाना हमको भूल ॥ १ ॥

दिनकर होने विदा देखकर अब सरोज मुर्झाते हैं ।
तव वियोगमें ये नर-नारी नैनन नीर बहाते है ॥
निरालम्ब हो जानेमे सब असहनीय दुख पाते है ।
तन पिंजरमे प्रान पखेरू मानो निकले जाते है ॥
तव सुमरणमे ही मुनि-नायक शूल होगये सुराभित फूल ।
हे हृदयेश ! हृदयमें रखना कहीं न जाना हमको भूल ॥ २ ॥

सदा सहायक अमृत प्याले बन जायें चाहे विष घूट ।
संचित रत्न-राशिकी क्यों नहिं हो जाये इक क्षणमें लूट ॥
रहे सदा मब विमुख विश्वमें और जाय सारा जग छूट ।
स्वामी सेवकके नातेका नाता कहीं न जाये टूट ॥
तुम स्वामी हम दास रहें अरदास यही बस होय कबूल ।
हे गुरुदेव ! हृदयमें रखना कहीं न जाना हमको भूल ॥ ३ ॥

आंखोंमेंसे जाते हो पर नहीं निकलने पावोगे ।
मेरे हृद-मंदिरमें आसन दृढ़ना साथ जमावोगे ॥
दीन दुखी अपने 'सरोज' को जो न नाथ अपनावोगे ।
"दीनबन्धु" नहिं कहलावोगे अपनी हँसी करावोगे ॥
करो कृपा करुणा कर गुरुवर कट जाय ये कर्म बबूल ।
हे ऋषिराज ! हृदयमे रखना कहीं न जाना हमको भूल ॥ ४ ॥

इटावा कार्तिक सुदी [illegible] आचार्य श्री मुनीन्द्रसागरजी, मुनिश्री धर्मसागरजी, मुनिश्री श्रुतसागरजी [illegible]

'जैनविजय' प्रेस सूरतमें मूलचन्द किसनदास कापड़ियाने मुद्रित किया, प्रकाशक [illegible]

सचित्र विशेषांक।
ॐ
दिगंबर जैन
संपादक-मूलचंद किसनदास कापड़िया, सूरत।
उपहारके पोस्टेज सहित वार्षिक मूल्य २।) विशेषांक मूल्य ॥।)

विषयानुक्रमणिका।

चित्र–सूची ।

श्री १०८ आचार्य श्री शान्तिसागरजी मुनिमहाराज व संघ।

(कर्नाटक [illegible] नवीन चित्र)

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

नाना कलाभिर्विविधैश्च तत्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तनाम, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष २२वाँ ॥ वीर सम्वत् २४५५, कार्तिक-मगसिर विक्रम सम्वत् १९८५. ॥ अङ्क १-२.

महावीरका मोक्षगमन ।

दी–न दुखियोंके थे आधार ।
पा र करनेको पारावार ॥
व–सुन्धरा पर था अत्याचार ।
ली–ना तभी वीर अवतार ॥
आ–र्त ध्वनि सुन जीवोंकी वीर ।
ई–की सुखद चलाई समीर ॥
न–हीं फिर रही तनिक भी पीर ।
व–ही थी दया–दवा अकसीर ॥
सं–सार त्रयके थे वीराधार ।
व–ही थे जीवोंके आधार ॥
त–भी तो छाया सुयश अपार ।
ला–ये थे जगमें नवयुग सार ॥
ई–श थे सच्चे जगदाधार ।
आ–त्म हित सुपथ दिखावन हार ॥
द–लन कर शत्रु वरी शिवनार ।
र–ही तब यही अमावस्यासार ॥
की–जिये स्वागत उसका आज ।
जि–गरमें जगा नया उत्साह ॥
ए–क दिल होकर करो सुधार ।
जी–र्णि करलो सारी तकरार ॥

ब्र० प्रेमसागर, रैपुरा निवासी ।

बलिदान ।

(१)

बात लोक प्रसिद्ध है अरु जानते भी हैं सभी ।
भीरुता अरु स्वार्थसे उन्नति न होसकी कभी ॥
उत्थानमें भारी जरूरत है महा 'बलिदान'की ।
मान मर्यादा तभी रहती सुयश सु-मानकी ॥

(२)

धर्मपर 'बलिदान' हो नहि! कोई मर सका कभी ।
कीर्ति है उसकी अमर यह जानता है जग सभी ॥
धर्म गौरवके लिये मरना नहीं जो जानता ।
उस भीरु नरको कीजिये पशुसे रचित समानता

(३)

धर्म हित निज प्राण देदेना अहो! क्या बात है ।
कीर्ति जैनोंकी इसीसे विश्वमें विख्यात है ॥
धन्य है निकलंक' वे जो वीर ऐसे हो गये ।
देखते ही देखते जो धर्म पर "बलि" होगये ॥

(४)

साहसी अरु स्वार्थत्यागी क्यों न जगको मान्य हो ।
वीर हो निकलङ्क सम जगका न क्यों कल्याण हो ॥
पुत्र ऐसे ही यद्यपि नित गर्भसे उत्पन्न हों ।
क्यों न फिर हम त्याग अरु वीरत्वसे सम्पन्न हों ॥

(५)

स्वार्थ तज उनसे सभी निःस्वार्थ शिक्षा लीजिये
और दृढ़तापूर्वक अनुकरण उनका कीजिये ॥
भीरुताका लेश भी आसन न मनमें दीजिये ।
धर्म गौरवके लिये बलिदान होना सीखिये ॥

× × × ×

—कल्याणकुमार जैन शशि—रामपुर स्टेट ।

भगवान महावीर।

(लेखक:-पं० गुणभद्रजी [illegible]-कलोल)

आओ आओ त्रिशलानन्दन, हम सब शीश झुकाते हैं।
विना तुम्हारे निशिदिन स्वामी, हम कितना दुख पाते हैं॥
छाया सान्द्र तिमिर भूतलमें, ज्ञान भानु क्यों अस्त हुआ।
सुख वैभव सब दूर हुआ है, विपदाओंका खुदा कुआ॥ १॥
व्यापक विश्व धर्मका तेरा, होता जाता नाश यहां।
असली तत्त्व मेटते जाते, है कुरीतिका वास महा॥
पहिना उसे रूढिकी माला, हम अब बहुत सजाते हैं।
धर्म धर्म डूबा कहते हैं, स्वयं डुबाते जाते हैं॥ २॥
परम अहिंसा तत्त्व प्रसारक, कुछ क्षणको तो आजाओ।
हाय दुर्दशा निज सन्ततिकी, आखोंसे अब लख जाओ॥
तू है अद्भुत सुभट प्रतापी, काम सुभट तूने मारा।
त्याग सकल आडम्बर जगका, उपकारी व्रत ही धारा॥ ३॥
हाय धर्मके नाम यहां पर, प्राणी मारे जाते थे।
पकड़ पकड़ कर लाखों योंही, मख (यज्ञ) में डाले जाते थे॥
विना मौतके वे मरते थे, उन्हें न कोई सहारा था।
उनके रक्षण हेतु विश्वमें, प्रभुवर जन्म तुम्हारा था॥ ४॥
होते जगमें आप न स्वामिन? होती जाने कौन दशा!
बहुत संभाल दिया था तुमने, तो भी फिर है वही दशा॥
तेरे उपकारोंका प्रभुवर, जब विचार आजाता है।
उपकारोंके ऋणमें मेरा, नाथ हृदय दब जाता है॥ ५॥
बने हुए थे शत्रु तुम्हारे, शरण ईश वे भी आये।
निज अपराध क्षमा करवाकर, मस्तक चरणोंमें लाये॥
जो तेरी उपदेश वृक्षकी, शीतल छायामें आया।
मिला [illegible] आधार [illegible] सुख तुमने पाया॥ ६॥
[illegible] तुम, [illegible] हृदमे रखते थे
दयानिधे सबके प्रति मनमें, दया भाव तुम रखते थे॥

सरल भावसे सब जीवोंको, दिखलाया सन्मार्ग सदा ।
निज पथमें निश्चल सुमेरुवत, डिगे नहीं प्रभु आप कदा ॥ ७ ॥
आज हृदयकी प्रबल वेदना, सुनने वाला कौन कहो ।
आते क्यो नहीं वीर प्रभो तुम, दर्शन देने आज अहो ॥
प्रभो तुम्हारी राह देखते, काल हमारा जाता है ।
बिना तुम्हारे दर्शनसे यह, हृदय आज अकुलाता है ॥ ८ ॥
हम लोगोंकी सुधि लेनेको, जो न प्रभु तुम आओगे ।
तो कुछ दिन उपरान्त यहांपर, सन्तति नहीं लख पाओगे ॥
द्वेषानलसें जलकर स्वामी, निशि दिन अब हम मरते है ।
न्याय कीजिये आप पदोंमे जीवन हम सब धरते हैं ॥ ९ ॥
हे गुणखान करो करुणा, [illegible] न हमें मत [illegible] बिसारो ।
हे करुणानिधि कौन यहां, तुमको तजके अब नाथ हमारो ॥
पार करो दुखसागरमे, प्रभु आज गहा यह पांव तुम्हारो ।
है जगमें सब जीवनका, निरनाथका नाथ गरीब सहारो ॥ १० ॥

हृदयकी पीर हरो भगवान ।

भूला, भटका, दीन पथिक मैं, फंसा विपतमें आन ॥ टेक ॥
सीधा, सुगम, निकट, निःकंटक, निर्भय मारग छोर ।
ऐसी विकट भयानक अटवी, फंसा न पावे ओर ॥ भूला० ॥ १ ॥
फूल सुवाल, मधुर, प्रिय पावन, तिनसे मुखको फेर ।
चला कंटकाकीर्ण झाडकी ओर लिया निन घेर ॥ भूला० ॥ २ ॥
निर्मल शीतल मधुर सालल तन, फंसा कीचमें आन ।
प्रेमामृत पी "अमर" भयो नहीं, कियो मोह विष पान ॥ भूला० ॥ ३ ॥
आत्महितैषी हित मित भाषी, संत समागम त्याग ।
छली, कृतघ्नी, अघी, स्वारथी, जनमे कीना राग ॥ भूला० ॥ ४ ॥
सत्पथ [illegible] शशिका [illegible] प्रकाश ।
मिथ्यामतके घोर [illegible], भाग [illegible] ॥ भूला० ॥ ५ ॥
ऐसे दुखमय [illegible] तुम बिन, [illegible] न ले [illegible] ।
हरो तात सन्ताप हृदयका, गहो "ज्योति" का हाथ ॥ भूला० ॥ ६ ॥

—ज्योतिप्रसाद जैन कवि, देवबन्द

जातिकी रक्षा करो भगवान ॥ टेक ॥
जैन जातिकी नैया डूबी, पार होनकी नैहा खूबी।
आकर होउ सहाय नाथ अब, जासें बचे प्रिय प्रान ॥
जातिकी० ॥ १ ॥

उगली पर गणना रह गई है, फिर भी फिकर नहीं कोई है।
सोती हुई इस जैन जातिको, शीघ्र दीजिये ज्ञान ॥
जातिकी० ॥ २ ॥

दिगंबरी श्वेताबर भाई, तीर्थ हेतु वे करे लड़ाई।
आपसमें ना करें मिताई, कैसी गति भई आन ॥
जातिकी० ॥ ३ ॥

दिगंबरीके ही फिरकोंमें, बहुत पार्टी हो रही उनमें।
बाबू पंडित बीच कलहमें, अस्त हो रहा भान ॥
जातिकी० ॥ ४ ॥

चक्षु खोलकर जो देखोगे, जाति दशापर फिर रोओगे।
घटते जैनी बाइस प्रति दिन, कैसे हो उत्थान ॥
जातिकी० ॥ ५ ॥

प्रेम भावसे हृदय मिलाओ, द्वेष भावको दूर भगावो।
आपसमें हिल मिल सब गाव', वीर प्रभुका गान ॥
जातिकी० ॥ ६ ॥

'देवकरन'की अरज सुनीजे, नहीं विलब इसमें प्रभु कीजो
जैन जातिकी जरजर नौका, पार करो भगवान ॥
जातिकी० ॥ ७ ॥

छैकोड़ीलाल जैन (देवकरन) मोहपानो।

विद्यार्थी-जीवन।

(लेखकः—परमानद न्यायतीर्थ—सूरत।)

(१)

वीर हुये नरवीर जगतमें किन२ कर्तव्योंको साज।
पतित पुनीत बने वे कैसे, क्यों कहलाये त्रिभुवनराज ॥
कौन अभी हम करते क्या हैं, क्या कर्तव्य हमारे आज।
कौन लक्ष्य है लक्षित करना, क्या है उसका हेतु समाज ॥

(२)

रात दिवसके पूर्ण समयमें, ज्यों सुन्दर है प्रातःकाल।
शारीरिक अंगोपागोंमें, ज्यों प्रधान है मुख अरु भाल ॥
गुणसमूहमें ज्यों विद्वज्जन, विनय प्रधान बताया है।
विद्यार्थी जीवनको त्यों ही उत्तम जीवन गाया है ॥

(३)

जो कुछ तुमको जीवन भरमें, करने अच्छे अच्छे काम।
उन सबके साधन मिलते हैं, करलो आज उन्हें इकठाम ॥
साहस-विद्या-विनय-सुजनता, अरु शारीरिक बलसाज।
प्रेम-सभ्यता आदि युक्त हो करना होगा गृहका राज ॥

(४)

गुरुभक्ति-सहपाठि शिष्टता अरु सहवासी व्यवहार।
बीजभूमि शारीरिक पुष्टि सबसे पहिले है दरकार ॥
आत्मतेजका पहिला साधन, ब्रह्मचर्य है बतलाया।
जगमें यही एक लोकोक्ति, 'पहिले सुःख निरोगी काया' ॥

(५)

नाना भांति क्लेश पाकर भी पा लेते जो अनुभव-ज्ञान।
नाना भांति योग सम्पतिका, पालेते हैं वे वरदान ॥
पाते आदर जगह जगहमें, मिले स्वय जगकी माया।
इस जीवनसे लब्ध समस्या, 'दूजे सुख हो घरमें माया ॥'

(६)

ज्ञानी नम्र प्राण सुत अपना, मात-पिता अरु अधिकारी।
सुखी होत कर्तव्यशील सुत, लख उद्योगी विद्याधारी ॥
फल फूलोंसे सुरभि विपन ज्यों, त्यों यशमय करते घरबारी।
ऐसे पुत्र रत्न लख कहते, 'तीजे सुख पुत्र अधिकारी ॥'

(७)

गृहिणीसे गृह चलता कैसे, कैसे हो वह शीलवती।
गृहको स्वर्ग बनावें केसे, कैसे समझें प्राणपती ॥
ज्ञान करें हम इन बातोंका, कौन धर्म जग नरनारी।
इसी ज्ञानसे साधें समस्या, चौथे सुःख सुशीला नारी ॥'

(८)

जितने उच्च लक्ष्यको लेकर नींव बनाई जावेगी।
उतने ही आदर्श रूपसे, तैयारी वह पावेगी ॥
दुर्गम दुर्ग बने गृह जीवन, रहे अभेद्य जिसका परकोट।
चेतन राजा शान्ति लाभ ले, पहुंचे जिससे लेश न चोट ॥

(९)

विद्यार्थी जीवनसे होती, गृह-सुराज्यकी तैयारी।
सावधान हो! जीवसमरको बनो अन्तमें यशधारी ॥
अनुभव अरु शारीरिक बल ही दानवीर दाता सुखकद।
वांछित दाता कल्पवृक्ष ये देता सबको 'परमानन्द ॥'

नव वर्ष स्वागत ।

आ-ज नव साल सुहावनि आई ।
ज-गतमें नवयुग लाई ॥ टेक ॥
न-हीं पङ्क पृथ्वीपर दीषत, नभ नहीं मेह दिखाई ।
व-रवि किरण नहीं है तीक्षण, दूर भई गरमाई ॥१॥
सा-फ भयो आकाश देखलो, निर्मल सोम सुहाई ।
ल-गत सभी प्रिय असन वसन अरु अग्नि तपन शुभ-भाई ॥
सु-नो सुनो तुम कान लगाकर, प्यारे जैनी भाई ।
हा-र्दिक स्वागत करो इसीसे, होगी आत्म-भलाई ॥३॥
व-ह, यह, हम, तुम करना छोड़ो, छोड़ो सर्व लड़ाई ।
नि-श्चय प्रकट करो आभ्यन्तर, मिललो भाई भाई ॥४॥
आ-ज कौमकी नाव पड़ी मझधार न कोई सहाई ।
ई-र्ष तजो ' प्रेम" प्रकटाओ, यह स्वागत सुखदाई ॥५॥

ब्र० प्रेमसागर-रोडी ।

जैनोनी उन्नति केम थाय ?

જ્યારે વિરામે કટુતા કલેશ, પામે પ્રલય વળી રાગ દ્વેષ;
સુસંપ થાય કૂપણુત્વ જાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય.
શું થાય સુભાષણને વદેથી ' જાયે નહિ જૈન જડતા હૃદેથી,
કૈપાથકી જો હઠ દૂર થાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય
મદાંધથી અંધ બને બધાય, જુવે નહિરે ઉરમાં જરાય;
સંપી સહુ સ્નેહ વડે વસાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય.
સાધુ મળીને કરશે સુધારા, આચાર વિચાર વિષે વધારા;
કદાગ્રહો સાધુ વિષેથી જાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય;
શ્રીમંત લોકો બનશે ઉદાર, કંજુસતાને કરશે ધિક્કાર;
પ્રેમે સુપંથે ધન વાવરાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય,
અર્હતણો પાઠ જશે ભુલાઈ, ઈર્ષ્યા જશે ને વધશે ભલાઈ,
પવિત્ર થાય મનવાણી કાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય,
નીતિતણા પંથ વિષે ચલાશે, અનીતિના મારગને તજાશે;
હાનિકરા જો કુરિવાજ જાય, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય,
શિક્ષા સુણો જૈન બંધુ અમારા, વળી સુપંથે કરજો સુધારા;
વદે બુલાખી પ્રભુનો દાસ, જૈનોતણી ઉન્નતિ એમ થાય;

માસ્તર-બુલાખીદાસ રવચંદ શાહ—નરોડા;

કુસંપમાં સુતેલા જૈનો ?

યોજક:—ત્રીભુવનદાસ ર. માલવી-કરમાલા.

(ગઝલ)

(૧)

અરે ! ઓ ? જૈન બંધુઓ ?, મિથ્યા ઝગડા નહિ સારા,
અરે ! ઝઘડા અને રઘડા, વિષે વર્ષો વિત્યા સઘળાં;
કુસંપીના બની સાથી, અરે ! હા ! શૌર્ય ગુમાવ્યું,
છતા ઓ ? જૈન બંધુઓ !, દયા દિલે જરા લાવો.

(૨)

ધર્મોમા ગુમાવ્યું સૌ, અરે ધૃતરાષ્ટ્રના સુતે,
ડુબાવ્યા પાંડુ પુત્રોને, અને રણવાસ રોળાયા;
અરે ! હા ? સત્યને માટે, શુરાના શિર છેદાયા,
ગયા કંઇ વિરલા એવા, તનુજ તેના છુપાયા છે.

(૩)

ગુમાવો ન્યાય મન્દિરે, હજારો રુપિઆ ભાઇ,
છતા ના શ્રેય કંઇ થાયે, ગઈ બરબાદ જીંદગાની;
અરે ! હા ? જૈન બંધુના, ગયા લક્ષો રૂપૈયા કંઇ,
ખરે ? સરકારની ખાલી, તીજોરી સૌ ભરાઇ ગઇ.

(૪)

લડાઇમા બની મશગુલ, નકામા શિર ફોડો છો,
તમારા બંધુઓ માટે, દયા દિલેજ દર્શાવો;
અરે ! શ્વેતામ્બરી જો હો ! અગર દિગમ્બરી યા હો ?
ભલે સ્થાનકવાસી હો ? હૃદયમા રહેમ વર્ષાવો.

(૫)

તમારો પંથ જુદો છે, અમારો ધર્મ ન્યારો છે,
અરે ! કહેનાર મૂર્ખાઓ, શિતળ કાંઇ ગુજારો છો,
ભલે કો શ્વેત કે ભગવા, અગર વસ્ત્રો પીળા પહેરે;
બધા મહાવીરના કદમે, ન્યાયાશન અર્પનારા છે.

(૬)

દુ:ખી ભ્રાતા તણા સારૂ, અનાથાશ્રમ નિકાલોને,
વિદ્યાલય બાળના સારૂ, ઉઘાડો પાઠશાળાઓ;
અશક્તાશ્રમ વળી કાઢી, અપંગોને અહા ? પાળો,
શ્રાવિકાશ્રમ ખોલીને, રીબાતી શ્રાવિકા પાળો.

(७)

અજ્ઞાન બંધુઓ માટે, ઉઘાડો રાત્રિશાળાઓ,
કળા-કૌશલ્ય ને હુન્નર, તણી શાળા સ્થપાવોને,
બિચારાં બાળકો તેથી, તમોને દે ઘણી આશિષ,
અનાથોની દુવા લઇને, સ્વર્ગમા હા ! સીધાવોને

(૮)

શુભાશિષ દ્વાર વિભુના, લખાશે લેખમા તારી,
ખલકમાં કીર્તિ ફેલાઈ, અહા ! આનંદ રેલાશે,
હૃદયની ઉર્મિઓ મારી, વિભુ ક્યારે સ્ફુરે આવી,
કહે 'ત્રીભુવન' વિભુ વ્હાલા, સર્વમા શાંતિ દે સારી

— ⁂ —

वृथा है जींदगी गाळी.

(યોજક—શાહ મોતીલાલ ત્રી. માલવી (બાકરોલ)

અહિં આ વિશ્વમા આવી, વૃથા હે જીંદગી ગાળી,
પ્રભુને ઓળખ્યા ના રે, વૃથા હેં જીંદગી ગાળી ૧
દુઃખીનું દર્દ ના જાણ્યુ, અરેરે સુખ તો માણ્યુ,
ગરીબ પર લક્ષ ના આપ્યું, વૃથા હે જીંદગી ગાળી. ૨
બાળકપણ ખેલમા ખોયુ, જુવાની નિંદ ભર સુતો,
વિચારી ના જરા જોયુ, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૩
બુઢાપણ ખેદમાં ગાળ્યુ, હૃદયનુ પાપ નહિ બાળ્યુ;
નકામુ દ્રવ્યને પાળ્યુ, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૪
પ્રિયાના પ્રેમમા નાચી, રહ્યો ના ભક્તિમા રાચી,
પ્રભુની મ્હેર ના યાચી, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૫
અધર્મે હા ! વિપથ લીધો, વિલોકયો રાહ ના સીધો;
પ્રભુ આજ્ઞા નહિ માની, વૃથા હેં જીંદગી ગાળી ૬
અભિમાને બની અંધો, કર્યો અતિ પાપનો ધંધો;
પ્રભુ ભજને થયો કાયર, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૭
નીતિનાં બંધનો તોડી, મતિ વ્યભિચારમા જોડી,
ફર્યો સઘળે ઇજ્જત છોડી, વૃથા હેં જીંદગી ગાળી ૮
રહ્યો મોહે સદા રાજી, બગાડીને બધી બાજી,
અરે ઓ ! નીચ નર પાપી, વૃથા હે જીંદગી ગાળી. ૯
રીબાવી દીનને મ્હાલ્યો, વૃથા હે કાળને ગાળ્યો,
દીધેલો કોલ ના પાળ્યો, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૧૦
ન જોયાં જ્ઞાનના પોથા, ગણ્યા સહુ શાસ્ત્રને થોથા,
હવે તુ ખાય છે ગોથા, વૃથા હે જીંદગી ગાળી ૧૧
નહે જે ત્રીકમ સુત મોતી, પ્રભુના પ્રેમની પ્યાલી,
પીધી ના હાથમાં આવી, વૃથા હેં જીંદગી ગાળી, ૧૨

नूतन वर्षनी भावना.

જાગો હવે સૌ જૈનોરે, દિગંબર જૈન સમાજ.—ટેક
નિદ્રા લીધી બહુ ભારી, કંઇ કુંભકર્ણથી ગાઢી,
બહુ કરી ધર્મની હાનિરે, દિગંબર જૈન સમાજ
કર્યાં કામ બહુયે ભારી, પણ ધર્મ મૂકયો વિસારી,
જેથી થઇ બદનામીરે, દિગંબર જૈન સમાજ.
આ સાલ હવે બદલાયે નવું વર્ષ શરૂ પણ થાયે,
તે સાથ તમો બદલાજો, દિગંબર જૈન સમાજ
જ્યા ત્યા વિખવાદો થાયે, એ પંથ બહુ અથડાયે
કંઇ દ્વેષ કમી નવ થાયેરે, દિગંબર જૈન સમાજ.
જ્યા તીર્થ સ્થાન પૂજાના, ત્યા થયા કુંડ હોમોના,
ત્યા હોમાયા કંઇ લોકોરે, દિગંબર જૈન સમાજ
કંઇ રાજ્ય જુલ્મ ગુજારે, દર્શનની બંધી થાયે,
જેથી અંતરાય બહુ થાયેરે, દિગંબર જૈન સમાજ
સહુ સજ્જ થઈ જાવોને. ધર્મોના ક્ષેત્રો માટે,
અર્પો તન મન ધન સઘળું રે, દિગંબર જૈન સમાજ.
આ નવલ વર્ષમા માગો, સહુ શાંતિતણા વરદાનો,
ધર્મ વૃદ્ધિ પણ પામોરે, દિગંબર જૈન સમાજ.
મહાવીર તણા સંતાનો, કંઇ દાઝ ધર્મની આણો,
"મનુ" અરજ કરે સૌ જનનરે, દિગંબર જૈન સમાજ

મનુભાઈ બાલુભાઈ બી. એ.—સુરત.

नूतन वर्षे विभु वंदन.

ગઝલ-કવ્વાલી.

નૂતન આ વર્ષને વ્હાણે, સ્વિકારો શ્રી વિભુ વંદન
દિયો ધન ધાન્ય ને કીર્તિ, સહુને શ્રી અભિવંદન.
દયાળુ રહેમ વર્ષાવી, દયા અમ ઉરમા સ્થાપો,
અમારી વાન્છના છે કે, અમારી ક્રૂરતા કાપો
અપંગો અંધ ને દુખીયા, અનાથો પર દયા લાવી,
નિવારણ તેહનું કરજેત, ક્ષમા ત્યાં દાન વર્ષાવી.
પ્રેરો સુભાવ અમ ઉરમા, કુભાવો મનથી કાપી,
નવલ આ વર્ષના ટાણે, નિરંતર હર્ષ રહો વ્યાપી.
અમારી યાચના વ્હાલા, ગૃહી લેશો વિભુ વંદન,
સ્થળે સ્થળ સ્થાપજો પ્યારા, સકળ આ ભૂમિપર આનંદ.

ત્રીભુવન રણછોડદાસ માલવી;
કમ્પાલા-યુગેન્ડા(બ્રિ. ઈ. આફ્રિકા)

सम्पादकीय वक्तव्य ।

नूतन वर्ष । देखते २ इकवीस वर्ष व्यतीत होगये और हर्ष है कि 'दिगंबर जैन' आज बावीसवें वर्षमें प्रवेश करता है। गत २१ वर्षोंमें 'दिगम्बर जैन' ने अपने पाठकोंको लेख, नये २ समाचार व बहुतसे उपहार ग्रन्थों द्वारा जो २ लाभ पहुचाया है उससे पाठक अपरिचित नहीं हैं। नवीन वीर संवतके प्रारम्भसे ही 'दि० जैन' का नवीन २२वां वर्ष भी प्रारम्भ होता है यह भी एक अपूर्व आनन्दका विषय है। इस वर्षमें भी "दिगम्बर जैन" अपने ग्राहकोंकी बराबर सेवा बजाता रहेगा ही इसलिये इसके पाठकोंका भी कर्तव्य है कि वे भी इसकी ग्राहक संख्या बढ़ानेका पूर्ण प्रयत्न करें।

***

गत वर्ष । गत वर्षमें सारे दि० जैन समाजमें एक अभूतपूर्व कार्य हुआ था वह वर्षोंतक भुलाया न जासकेगा व जैन इतिहासमें अमर रहेगा, वह कार्य है—सम्मेदशिखरजीमें मुनि संघका आगमन व महामेला कि जिसमें करीब पौनलाख आदमी उपस्थित हुये थे व बड़ी भारी धर्मप्रभावना हुई थी। एक समय ऐसा भी आगया था कि दि० जैन मुनिके शायद ही दर्शन होते थे तथा उनको ब्रिटिश राज्य या देशी राज्यमें बिना रोकटोक विचरने नहीं देते थे। परन्तु आज आचार्य १०८ श्री शांतिसागरजी मुनि महाराज आदिके यत्रतत्र विहारसे यह रोकटोक निर्मूल होगई है व मुसलमानी (नीजाम) राज्य तकमें आप बड़े स्वागतपूर्वक विहार कर सके थे। व शिखरजी तक मुनिसंघको ले जानेवाले संघभक्त-शिरोमणि श्री० सेठ पूनमचन्द घासीलालजीका नाम भी हम नहीं भूल सकते क्योंकि आपने करीब २ वर्षभर व्यापार धंधा छोड़कर मुनिसंघकी सेवामें ही लगे रहे थे व तन, मन, धन लगाकर अपूर्व धर्म सेवा की है। ऐसे वीर नर विरले ही होंगे।

दूसरा हर्ष श्री शत्रुंजयकी यात्रा जो दो वर्षसे बंद थी खुली होनेका है। यह अपने हक त्यागका ही परिणाम है। यह तो हुई हर्षकी बात अब शोककी बात सुनिये। गत वर्षमें दिगम्बर जैन समाजमेंसे एक ऐसा नररत्न उठ गया है जिसकी पूर्ति वर्षोंमें भी होना असम्भव है। वह है श्री० आयुर्वेदमार्तंड ज्योतिषरत्न पं० जैनी जियालालजी चौधरी राजवैद्य फरुखनगरका स्वर्गवास। आप सारे जैनसमाजमें जैन ज्योतिष, जैन वैद्यक, जैन मंत्र तंत्र आदिमें अपूर्व नाम पागये हैं। आपका 'जैन कल्पतरु पंचाग' तो अजैन समाजमें भी प्रख्यात है। वास्तवमें गत वर्षमें आपके वियोगसे जैन समाजको एक जैन ज्योतिषी व जैन मंत्र तंत्र शास्त्रोंकी बड़ी भारी कमी हुई है जो भुलाई नहीं जासकती।

*

विशेषांक । सारे जैन समाजमें सबसे प्रथम सचित्र विशेषांक निकालनेका प्रयास इस दिगम्बर जैनने १६—१७ वर्ष हुए किया था जिसको अपूर्व आदर मिला था व हर्ष है कि

यह आजीतक बराबर ऐसे अंक निकाल रहा है। इसके २२वें वर्षका यह सचित्र विशेषांक है जिसमें ७ चित्र व अनेक लेखकोंके व कवियोंके हिन्दी, गुजराती, संस्कृत व अंग्रेजी ऐसी ४ भाषाके करीब ३० लेख व कविताओंका संग्रह इसमें प्रकट होसका है। आशा है कि पाठक इसको अवश्य अपनावेंगे व समय निकालकर आद्यंत पढ़कर लाभ उठाकर हमारे परिश्रमको सफल करेंगे। जिन२ लेखकोंने अपना अमूल्य समय लगाकर इसके लिये लेखादि भेजनेका कष्ट उठाया है उनके हम अत्यन्त आभारी हैं। करीब ८० संख्या १२५ करनेपर भी आये हुये कई लेख व कविताएं हम नहीं प्रकट कर सके हैं उनको आगामी अंकोंमें अवकाशानुसार अवश्य प्रकट करेंगे।

***

जैन तिथिदर्पण। नूतन वीर सं० २४५५का 'जैन तिथिदर्पण' भी गत १८ वर्षोंके अनुसार सचित्र प्रकट कर चुके हैं व आश्विनके अंकके साथ सब पाठकोंको भेज चुके हैं उसको पाठकोंने सम्हाल कर गत्तेपर लगाकर संग्रहित रखा ही होगा। इसवार तो शिखरजीमें मुनिसंघके विहारके कारण आचार्य १०८ श्री शांतिसागरजीका ही नवीन चित्र फिर प्रगट किया है। [इस वर्षके नवीन ग्राहकोंको यह तिथिदर्पण इस विशेषांकके साथ भेजा गया है उसे वे सम्हाल कर संग्रहित रखें।]

***

उपहारग्रन्थ। दिगम्बर जैनके इस २२वें वर्षका उपहारग्रंथ श्री भगवान पार्श्वनाथ उत्तरार्द्ध करीब २५० पृष्ठोंमें छप चुका है व शीघ्र ही तैयार होकर आगामी मासमें सब ग्राहकोंको वार्षिक मूल्य २।)की वी० पी० से भेजा जायगा। जिसको प्रत्येक पाठक अवश्य२ स्वीकार करलें। किसीको नये वर्षमें ग्राहक रहना अस्वीकार हो तो वे इस विशेषांकको बांचकर भी वापिस करें व एक कार्ड द्वारा वैसी सूचना अवश्य२ लिख भेजें ताकी वी० पी० खर्च न मारा जाय। इस वर्षका उपहार ग्रन्थ तो गत वर्षसे डेढा हो गया है जिससे बहुत खर्च लग गया है। आशा है कि ग्राहक संख्या बढ जानेसे इसकी पूर्ति हो जावेगी। २=) वार्षिक मूल्यमें तो विशेषांकके अतिरिक्त यह उपहार ग्रन्थ करीब १॥) के मूल्यका मिलनेवाला है उसको जानकर हमारे पाठक अतीव हर्षित होंगे और दि० जैनको विशेष अपनावेंगे ऐसी पूर्ण आशा है।

***

हत्याकांडका स्मरण। जब२ हमें श्री केशरियाजीके पवित्र मंदिरमें श्वेता० जैनोंकी प्रेरणासे उदयपुर स्टेटके राज्य-कर्मचारी द्वारा दिगम्बर जैनोंपर किये हुये कर्पिण हत्याकांडकी याद आती है तब आखमें अश्रु आये विना नहीं रहते। कैसी अन्धाधुन्धी है कि हत्याकांड जांच कमेटी नियुक्त हुए १॥ वर्ष होचुका तौभी उसकी कुछ रिपोर्ट तक प्रकट नहीं हुई है तथा हमारी ओरसे नियुक्त हत्याकांड निवारक कमेटी क्या जाने

कहां सोरही है कि यह भी १ वर्ष हुवे क्या कर रही है उसका कुछ पता ही नहीं है। हमारी तीर्थ क्षेत्र कमेटीने यह कार्य अजमेरके श्री० रा० ब० सेठ टीकमचन्दजी सोनी डॉ० गुलाबचंदजी पाटनी आदिकी कमेटीको इसलिये सौंपा था कि वे तनतोड़ परिश्रम करके इसका जहां तक हो शीघ्र न्याय प्राप्त करेंगे। परन्तु अतीव दुःख है कि यह अभी कुँतक नहीं करती। क्या हम आशा करें कि इसके मंत्री डॉ० गुलाबचंदजी इस विषयमें आज तककी अपनी रिपोर्ट प्रकट करेंगे? उदयपुर महाराणाका भी क्या फर्ज नहीं है कि दि० जैनोंपर होते हुए ऐसे अत्याचारपर उचित न्याय अतीव शीघ्र प्रकट करें? आशा है अब तो आप भी अपनी जांच कमेटीको सचेत करेंगे।

***

पंजाब-सिंहका वियोग।

स्वर्गीय लोकमान्य तिलक महाराजकी कोटिमें बिठा सके ऐसे एक प्रसिद्ध निडर देशभक्त लाला लाजपतरायजीका गत ता० १६ दिसम्बरको ६३ वर्षकी आयुमें लाहौरमें अकस्मात् वियोग होगया। लाहौरमें सायमन कमीशन आनेके समय उसके बहिष्कार जलूसके आगे आप थे तब पुलिसने आपपर लाठियें चलाई थीं इससे ही १९ दिन बाद आपका अकस्मात् देहावसान हुआ ऐसा माना जाता है। कुछ भी हो आप जैसे प्रतिभाशाली देशनेता आज इस संसारमें नहीं हैं। आप जन्मसे जैन (स्था०) थे परन्तु पीछे आर्यसमाजी होगये थे व कितनेक वर्षोंसे आर्यसमाजको भी छोड़ा था। आपकी देशसेवा अपूर्व थी व विद्याप्रेम अपार था। आपसे ब्रिटिश सरकार इतनी डरती थी कि आपको विना पैरवीके एक दोवार कैद कर दिये थे तथा देशपार भ[illegible] किये थे तब आपने दो वर्ष तक अमेरिकामें रहकर भ[illegible] था। आपका साहित्य सेवा कम न थी। मिस मेयो (अमेरिका) की मदर इंडिया पुस्तकका मुंह तोड़ जवाब आपने अनहेपी इंडिया (दुःखी भारत) नामक पुस्तक लिखकर दिया है जिसके लिये भारत आपका सदा कृतज्ञ रहेगा। यदि आप विशेष जीवित रहते तो आपसे भारतका और भी उपकार होता। आपके स्मरणमें पांच लाख रुपयेका चंदा किया जारहा है। आपकी आत्माको शांतिलाभ हो, यही हमारी भावना है।

***

मनमानी महासभा।

श्रीजम्बूस्वामी (चौरासी, मथुरा) के मेलेपर कार्तिक [illegible] मनमानी महासभा[illegible] वार्षिक नाटक बहुत जल्दी२ होगया। अन्ततक कोई सभापति भी न मिले तब एक दिन आगे बढ़ाया और जैसे तैसे पं० श्रीलालजी पाटनी अलीगढ़को राजी करके सभापति बनाये व मामूली १३ प्रस्ताव पास किये थे। इसका बहिष्कारका हथियार तो बेकाम होगया है इससे अबकी बार तो बहिष्कारका नाम भी सुनाई नहीं दिया। वास्तवमें जहांतक महासभा सर्वांगी नहीं होगी अर्थात् सभी दि० जैनोंको महासभामें प्रवेश करनेका मार्ग खुला न करेगी वहांतक यह मनमानी, एकांगी व पंडितोंकी कठपुतली ही है और इसका प्रभाव नामशेष ही रह गया है।

चित्र-परिचय।

इस विशेषांकमें दिये हुए चित्रोंका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

(१) स्वर्गीय आयुर्वेदमार्तंड ज्योतिषरत्न पं० जीयालालजी जैनी चौधरी राजवैद्य, फर्रुखनगर—आपका जन्म ता० १०-२-१८५२ ई० मिती माघ शु० २ सं० १९०९ को फर्रुखनगरमें एक प्रतिष्ठित घरानेमें चौधरी सुमेरचन्द्र जी अग्रवाल जैनके घरमें हुआ था। उस समय यह नगर एक मुसलमान नवाबके आधीन था और आपके पिता

श्रीमान् चौधरी माणकचंदजी विद्यमान थे जो नवाबके दरबारसे चौधरातके पदसे विभूषित व सर्वमान्य थे। जब सन् १८५७के गदरमें नवाब पकड़ा गया और फर्रुखनगर अंग्रेजी जिला गुरगांवमें शामिल किया गया तो अंग्रेजी राज्यसे भी चौधरात आपके घरानेमें रही जो अबतक है। सन् १८६५में आपके पिताका स्वर्गवास होगया तब आप विद्याध्ययनमें लग रहे थे। आपने १६ वर्षकी उमर तक अच्छी योग्यता प्राप्त करली थी व छन्दशास्त्रके भी आप योग्य जानकार होगये थे। आपने सम्वत् १९१४में कई स्वांग व छन्दके ग्रन्थ रचे जो अबतक प्रचलित हैं। आपने जितनी विद्या पढ़ी है सब निजमें पढ़ी, किसी स्कूलमें नहीं पढ़ी थी।

आपने सं० १९२८ से अबतक कई स्तोत्र रचे जिनमेंसे प्रातःस्मरण मंगलपाठ, बारामासा मुनिराज, चतुर्विंशति स्तोत्र, श्री शीतलनाथ स्तोत्र, नित्यनियम पूजन आदि बहुत ही पाठ छप चुके हैं तथा दिगंबर जैन पुस्तकालय सूरतसे मिलते हैं।

आपको सं० १९२७ में ज्योतिषका शौक हुवा सो आपने उसमें भी अच्छी मिहनत की। तथा सं० १९३२में एक जैन पंचांग रचा जो सं० १९३४का बनाया गया जिसकी ब्राह्मणोने बड़ी मुखालफत की परन्तु जब उसका फल दिन २ का मिला तो आक्षेप ढूंढ़ा भी न मिला। आपके पंचांगकी इतनी उत्तमता देख श्री गुरुमहाराजने आपको ज्योतिषरत्नकी उपाधि प्रदान की। आपने सं० १९२८ से १९५२ तक सरकारी नौकरी कैसी उत्तमतासे की उसकी सनदें काफी हैं जो समय २ उनको मिलती रही हैं।

सन् १८८४ में आप कमेटी फर्रुखनगरके मेम्बर बनाये गये जो सन् १९०२ तक बराबर रहे। बादमें आपने स्वतः छोड़ दी, बीचमें आप चेयरमेन वाइस चेयरमेन भी रहे थे। आपने सन् १८८४में "जैनप्रकाश" नामका अखबार भी निकाला जिसमें आपको बड़ी बड़ी कठिनाइयां उठानी पड़ीं कारण उस समयतक जैनियोंमें

कोई अखबार न था फिर भी आपने हानि उठाते हुए अखबारोंके बराबर भारी रकम लगा सफलता पाई। आपने सं० १९४७से पुस्तक-दयानंदछलकपटदर्पण रचना शुरू किया जिसके लिये आप ९-१० वर्ष गुजरात प्रांतमें रहकर वहांसे आर्यसमाजके कुल हालात लाये और बहुत कष्ट सहकर १९५१में यह पुस्तक छपकर प्रकाशित हुई जिसका उत्तर आजतक आर्यसमाजी भाइयोंसे नहीं लिखा गया। आपने आर्यसमाजके खिलाफ दयानंदमुखचपेटिका, जैन सुधाबिन्दु (सत्यार्थप्रकाश खण्डन) भी रचे। आपने सं० १९५२में निजी चैत्यालय भी स्थापन करके उसका मेला भी धूमधामसे किया था। आप सदैव परउपकारमें तैयार रहते थे। सन् १९०३ के कारोनेशन दरबारमें आप बुलाये गये थे और आपको उस दर्जेका टिकट दिया गया था जिसमें इटली, फ्रांस आदिके मेहमान बैठे थे। आपको सन् १९११ के दरबारमें भी बुलाया गया और प्रायः हर जिलेके सब दरबारोंमें आप बुलाये जातेथे।

बीचमें आपको वैद्यक विद्याका शौक हुआ तो उसमें भी आपने अच्छी योग्यता प्राप्त कर ली। आपने वैद्यकके कई ग्रंथ भी रचे जो अबतक संसारमें प्रचलित हैं। आपकी योग्यता देख वैद्यक सम्मेलन नाशिकने आपको "आयुर्वेदमार्तंड" की उपाधि दी गई। आप अनेक सभा सोसाइटियोंके मेम्बर रहे व हरएक जलसेमें शामिल भी होते रहते थे। सं० १९३७ से १९६७-तक आप अकेले ही रहे और पर उपकार करते रहे। तथा अवैतनिक उपदेशक बन कर बहुत समय आपने धर्मोपदेश दिया। सं० १९६७में आपने एक पुत्र दत्तक लिया उसकी गोदकी रसम सं० १९६९में देहलीमें की थी उस समय तथा दत्तकपुत्रके विवाह समय भी दान किया था, तथा समय२ दान देते रहते थे।

जैन समाजमें आप एक ही मनुष्य थे जो ज्योतिष विद्याको जानते थे। आप नागरी, गुजराती, संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, अरबी, डोगरा, गुरमुखी, कैथी, रोमन, इंग्रेजी आदि अनेक भाषा जानते थे।

आपने सन् १९१०में नसीराबाद छावनी जाकर बहुत बीमारोंका उपकार किया था तथा वहां बिरादरीमें आपसमें कहा सुनी रहती थी उसको मिटाकर १३ पंथ २० पंथका मेल कराया था। वहां ६ मास रहकर जब आप चलने लगे तो सहस्रों मनुष्य आंसू बहाते हुए रेलपर छोड़ने आये तथा आपको वहां भोज व मानपत्र भी दिया। आपको समय २ पर मानपत्र बराबर मिलते रहे हैं जो हरएक जलसे व सोसाइटियोंसे दिये गये थे। सन् १९१०में जिलेसे आप आनरेरी प्लेग एडवाईजर बनाये गये तथा आपने प्लेगके दिनोंमें बहुत उपकार किया था। आपको इन्दौर, अलवर, बिलसी आदि रजवाड़ोंसे भी सम्मान मिलता रहा था।

मंत्रशास्त्र—में भी आप पूर्ण दक्ष थे। आपके समान इस समय दिगम्बर जैन समाजमें शायद ही कोई हो परन्तु आपका नियम था कि मंत्र प्रयोग केवल धर्मकार्यमें ही करेंगे, गृह कार्यमें नहीं करेंगे। आपने बहुतसे उत्सवोंपर मंत्र द्वारा उपद्रवोंको हटाया था। जैनलॉमें आपने अच्छी कोशिश करके दायभागकी पुस्तक खोजी थी जिसका जिकर जैन लॉ कमेटीकी रिपोर्टमें कि-

...ित होता है तथा आपको सदैव दायभागके मामलोंमें बुलाया जाता था तथा आपकी सम्मत्यनुसार फैसला होता था। आपने वैद्यकके भी दो मासिक—जीवाकाल प्रकाश (हिंदी) व रिसाला तदारुक तन्दुरुस्ती (उर्दू) १० सालतक निकाले थे। आपका एक खास नियम था कि भाद्रपदमें बाहर रहेंगे तथा जितना होगा परोपकार करेंगे। आपकी रची हुई पुस्तकें ५०से अधिक हैं इनमेंसे बहुतसे देहली, मथुरा, मेरठ, सूरत, बंबई, बनारस आदिमें छपचुकी हैं। आपने सन् १९२४-२५ में श्री सम्मेदशिखर पूजन केवलके लिये १-१॥ माह अनुष्ठान भी किया था। आप इस वर्ष भी भाद्रपदमें पावागढ़ पधारे थे। आपको तीर्थयात्राका बड़ा शोक था। गत फाल्गुनमें श्री सम्मेदशिखरजी चौथीवार गये थे। आप जब जब पावागढ़ गये और वापसीमें लडवे आपको बुखारकी वेदना हुई उसी वेदनाकी हालतमें आप रतलाम ठहरे और मुनि अनतसागरजीके दर्शन कर फिर फर्रुखनगर लौटे जहां आश्विन सुदी १४को आपका स्वर्गवास होगया।

आपके वियोगसे जैन समाज सूना होगया है। आपकी विमानका हाल पहले लिखा जा चुका है। फर्रुखनगरमें ऐसा विमान किसीका न बना और न इतनी देर बाजारमें रहा था व अनेक स्थानोंपर आपका शोक मनाया गया था।

आपके सुपुत्र श्रीयुत शिखरचन्द्रजी भी ज्योतिष व वैद्यक विद्यामें निपुण हैं व प०जीका सब कारोबार चलाते हैं। आपका जैन कल्पतरु पचांग बराबर निकलता ही रहेगा ऐसा मालूम हुआ है। हम तो कहते हैं कि ज्योतिषरत्नजी जैन समाजमें अपना नाम अमर कर गये हैं। आपकी आत्माको शांति लाभ हो।

(२) श्री १०८ आचार्य श्रीशांतिसागरजी व संघ—आचार्यश्रीका परिचय हम अनेकवार प्रगट कर चुके हैं इससे यहां दुहरानेकी आवश्यकता नहीं है। गत चातुर्मास आपके संघने कटनीमें किया था उस समयका यह कायोत्सर्ग नवीन चित्र है जिसमें प्रथम लाईनमें मुनि नेमिसागरजी, आचार्यश्री शांतिसागरजी व मुनि वीरसागरजी व ऐलक चन्द्रसागरजी हैं तब दूसरी लाइनमें ऐ० पार्श्वकीर्तिजी, ऐ० नेमिसागरजी, ऐ० पायसागरजी व क्षु० अनंतकीर्तिजी हैं। आपका संघ अभी जबलपुरमें विराजित हैं।

(३) श्री० तीर्थभक्त, दयानिधि रा०ब० बाबू लखीचन्दजी जैन कैसरेहिन्द, विहारभूषण, आ० पुलिस कमिश्नर—विहार । पुरी निवासी आप महोदयका परिचय हम क्या लिखें ? आपका नाम व आपकी योग्यता सर्वत्र जगजाहिर है। और जैन समाजमें आपके जैसी पदवियें व योग्यता किसीको नहीं मिलीं। अंग्रेजोंको ही मिलनेवाला आ० पुलिस कमिश्नरका पद आप प्राप्त कर सके हैं। अभी आप रिटायर हुए हैं व समाज-सेवामें संलग्न हैं। हमारी भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषदके गत पांचवें अधिवेशन (श्री सम्मेदशिखरजी) के आप ही सभापति बनाये गये थे व अभी आप ही सभापति हैं। हम आपसे आशा करेंगे कि आप अब रिटायर्ड जिंदगीमें जैन समाजकी विशेष सेवा करें व आप दीर्घायु होकर जैनसमाजकी उन्नतिमें सहायक हों।

(४) श्रीमान् जिनवाणीभक्त ला० उम्मेदसिंह मुसद्दीलालजी जैन सिंहल, अमृतसर—आपका चित्र व परिचय प्रकट करनेको करीब १० वर्षसे हम व अन्य पत्रकार लिखापढ़ी करते थे तौभी कभी भी आपने स्वीकार नहीं किया था परन्तु इसबार तो अतीव आग्रह करनेपर फोटो तो भेज दिया परन्तु जीवन परिचय अनेक चिट्ठियें लिखनेपर भी नहीं भेजा। अंतमें बहुत जोर देनेपर सिर्फ इतना ही लिखा कि—"मैं अपनी नामवरी करना नहीं चाहता हूं। मैं इतना ही लिखता हूं कि मेरा जन्म सं० १९१५ सन् १८५८ में हुआ। ११ वर्षकी आयुमें हिन्दी लिखना पढना सीख गया व जैन धर्मपर श्रद्धा होगई। १३ वर्षकी अवस्थामें तत्त्वार्थसूत्र व गुणस्थानकी चर्चा अपने हाथसे लिखकर उसका अच्छीतरह मनन किया था उसी रोजसे अभीतक धर्म परिणाम बढते ही गये हैं। आप स्वाध्यायमें मेरा विशेष समय व्यतीत होता है। २५ वर्षसे शास्त्रदान, जिनवाणी, जैनधर्म, जीवदया प्रचारका काम यथाशक्ति करता हूं और जबतक जिन्दा हूं इन्हीं तीनों कार्योंको करता रहूंगा। आजतक इन कार्योंमें मैंने कितना खर्च किया मैं प्रगट करना नहीं चाहता हूं।" बस इतना ही परिचय हमें आपसे प्राप्त हुआ है। इससे अनुमान लगाया जासकता है कि आप विद्यादान, शास्त्रदान, व जीवदयामें २५ वर्षसे अपने तन, मन, धनकी अपूर्व शक्ति लगा रहे हैं जिससे ही किसी भी सभा द्वारा आपको पदवी न मिलनेपर भी आप 'जिनवाणीभक्त' सर्वत्र पुकारे जाते हैं। विद्यादान व शास्त्रदानमें जहांतहां आपका नाम तो दृष्टिगोचर होता ही है। हमारे कयासे तो आप प्रतिवर्ष विद्यादान व शास्त्रदानमें चार पांच हजार रुपये तो खर्च करते ही होंगे। आप चिरायु होकर जिनवाणीकी विशेष२ सेवा करनेको भाग्यशाली हों यही हमारी भावना है।

(५) श्रीमती पंडिता चंदाबाईजी आरा—बाबू रामकृष्णदासजी एक प्रतिभाशाली मनुष्य थे, जो पहिले कलकत्तेमें रहते थे। इस समय इनके सुपुत्र बाबू नारायणदासजी बी० ए० वृन्दावनमें रहते हैं। आप श्रेष्ठ देशभक्त, परोपकारी सज्जन हैं, आप अंग्रेजीके सुयोग्य एक लेखक भी हैं, आपकी वक्तृता व लेख जनता बडी उत्सुकतासे सुनती और पढ़ती है। आप एक अच्छे जमींदार गण्यमान व्यक्ति होनेपर भी बहुत ही सादी चालसे रहते हैं। आप असेम्बलीके मेम्बर भी रहे थे। परन्तु स्वराजिष्ठोंके साथ आपने स्तीफा दे दिया है, इन्हीं नर रत्नके घरमें सम्वत् १९४६ अषाढ शुक्ला ३को जेष्ठ पुत्री श्रीमती चंदाबाईजीका जन्म हुआ। बाईजीको संस्कृत विद्यासे व परोपकारसे अनुराग बालकपनसे ही है, और उसी प्रकार गृहस्थीके कार्यमें भी दक्ष हैं। आपका विवाह सुप्रसिद्ध धर्मात्मा और धनिक घरानेमें बाबू चन्द्रकुमारजीके सुपुत्र आरा निवासी बाबू धर्मकुमारजीके साथ हुआ था, परन्तु दैवगतिसे एक वर्ष बाद ही आपको वैधव्य दुःख उठाना पड़ा। आपका यह कुटुम्ब जैन समाजमें सुप्रसिद्ध है और बड़े २ परोपकारी कार्य कर चुका है व कर रहा है। इस प्रकार बाईजी भी इसी लगनमें लग रही हैं,

आपको विद्यासे अति अनुराग है इसका साक्षात् उदाहरण यह है कि आप संस्कृतमें पंडिता है, सिद्धान्त कौमुदीमें परीक्षोत्तीर्ण हैं व आपने अन्यान्य धर्मोंके महाभारत आदि ग्रन्थोंका अध्ययन भी किया है और जैन ग्रंथोंके तत्त्व विवेचनमें तो आप बहुत अच्छी योग्यता रखती हैं। गोमटसारादि बड़े २ ग्रंथोंको देखा है। आपकी वृत्ति सदासे उदासीन है। लक्षाधीश होकर भी आप सादे वस्त्र पहनती हैं—व आभूषण आदि नहीं पहनतीं। आरा विहार उड़ीसा प्रान्तमें पर्देकी कड़ी प्रथा होनेके कारण आपको पढ़नेमें बहुत २ कठिनाइयां उठानी पड़ी थीं। तो भी आप अपनी ज्ञानोन्नतिसे हताश नहीं हुई। आपने सन् १९१२ में उपदेश-रत्नमाला नामकी पुस्तक लिखी जिसका मराठी भाषामें भी उल्था प्रकाशित हुआ था। इसी वर्ष आपने बालिकाओंके लिये बालिकाविनय नामक पुस्तक लिखी फिर १९१४ ई० में सौभाग्य—रत्नमाला लिखी तथा १९२१ में निबंध रत्नमाला लिखी ये तीनों पुस्तकें बड़ी ही उपयोगी हैं। आपने गत वर्ष कर्तव्य-रत्नमाला नामक पुस्तक लिखकर तैयार रक्खी थी परन्तु दुर्भाग्यवश इस देशकी भयंकर बाढ़के कारण नष्ट होगई। आपकी एक और पुस्तक आदर्श निबंध छपकर शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाली है। ७ वर्षोंसे आप जैन महिलादर्श नामक मासिक पत्रका सम्पादन अतीव उत्तमतासे करती हैं। इसमें केवल स्त्रियोंके ही लेख रहते हैं। आप केवल लेखिका ही नहीं हैं समाजकी एक सच्ची सेविका भी हैं। लगभग ७ वर्षसे आपने आरा नगरसे एक कोषकी दूरीपर श्री जैन बालाविश्राम नामक संस्था खोल रक्खी है। वहां पर दक्षिण, पंजाब आदि दूर २ से छात्राएं जा२ कर विद्यालाभ करके जन्म सार्थक करती हैं। बाईजी प्रातःकाल ३ घंटे धर्मसाधनमें लगाती हैं। व सामायिक आदि नित्य नियमोंसे बचा हुआ समय समाज—सेवामें लगाती हैं। आप श्रावकके १२ व्रतोंका पालन बड़ी सावधानीसे करती है। आप सन् १९०७ में सकुटुम्ब मैसूर जिलेमें पधारी थीं वहांपर सभाएं तथा कई पाठशालाएं स्थापित हुई तभीसे आप पंजाब आदि प्रांतोंमें गईं व परोपकारार्थ जाया करती है व समाजसेवा करती रहती हैं। आपको व्याख्यान देनेका अच्छा अभ्यास है। विश्रामकी पाक्षिक सभामें छात्राओंके व्याख्यानोंकी त्रुटियां समझा कर व्याख्यान विषयिक गूढ़ बातोंको बड़ी खूबीसे समझा देती हैं। आपके जेठ स्वनाम धन्य बाबू देवकुमारजी रईस थे। जिनकी स्थापित सिद्धान्तभवनादि कई संस्थाएं समाजहित कर रही हैं। उनके सुपुत्र बाबू निर्मलकुमारजी व बाबू चक्रेश्वरकुमारजी सदा आपकी आज्ञामें रहते हैं तथा सुपुत्रोचित भक्ति करते हैं। बाईजीके प्रतिदिनके कार्य कुछ न कुछ उल्लेखनीय होते हैं। निरंतर समाजसेवा और पत्र सम्पादन व पुस्तक प्रकाशन आदिसे कभी २ स्वास्थ्य खराब होजानेपर भी कुछ परवाह न कर आप अपने कर्तव्योंमें ही लगी रहती हैं। व आश्रममें अपना बहुतसा धन भी लगाया है। यदि ऐसी महिलाएं समाजमें होती रहें तो शीघ्र ही हमारा उत्थान हो सकता है। श्रीमतीजीसे समाज भली भांति

परिचित हैं तो भी अभीतक आपका चित्र अनेकानेकवार पत्र सम्पादकोंके मांगनेपर भी प्राप्त नहीं हुआ था। इस बार आपने श्री० संपादक 'दिगंबर जैन'के आग्रह व हमलोगोंकी प्रार्थनावश अपना चित्र प्रकाशित करनेकी आज्ञा देदी है, जो कि दिगम्बर जैनके इसी अंकमें प्रकाशित है। सितारादेवी।

यों तो असहयोगके जमानेसे भारतके अधिकाश प्रान्तोंमें विस्मर्ण किया हुआ चर्खा पुनः चालू होगया है परन्तु उत्तर प्रान्तके मेरठ जिलेमें उसका काफी प्रचार दृष्टिगोचर हुआ। यहांपर कपासकी पैदावारी भी अच्छे रूपमें होती है। इस प्रान्तके ग्रामोंमें ऐसे बहुतसे मनुष्य हैं जो चर्खा कातकर ही अपनी आजीविका चलाते हैं। मैंने तो यहांतक सुना है कि कपासको औटना और धुनकर उसकी रुई बनाना तथा पोनी बनाना आदि काम यहांके लोग खुद कर लेते हैं।

इस प्रान्तका हाल अन्य प्रान्तों सरीखा व खासकर मध्यप्रान्त सरीखा चर्खेके लिए नहीं है। जहां दूसरे प्रान्तोंमें व हमारे मध्यप्रान्तमें नीच लोग ही चर्खा चलाते हैं ऐसा हाल इस प्रान्तका नहीं है। यहां तो ब्राह्मण, क्षत्री और वैश्य सभी वर्णवाले चर्खा चलाते हैं और उत्साहपूर्वक चलाते हैं।

छपरौली (मेरठ जिला) एक अच्छा कस्बा है जिसकी जनसंख्या सातहजार है उसमें दोहजारसे ऊपर चर्खे चलते हैं इसी प्रकार अन्य ग्रामोंका भी हिसाब समझिये। इसका जबरदस्त कारण यह है कि यहां अमीर और गरीब सभी चर्खासे प्रेम रखते हैं।

पाठकोंके विश्वासके लिए मैं छपरौलीके जैन गृहोंके चर्खोंका कुछ परिचय कराता हूं। तथा वहांकी जैन मा बहिनोंमें चर्खेमे कितना प्रेम है व उनकी दस्तकारी कैसी है इसपर भी कुछ कहनेका साहस करता हूं। आशा है पाठक महाशय उसका मनन करेंगे।

छपरौलीमें जैनियोंकी कुल गृह संख्या ७० है। सभी दालरोटीसे आनन्दमें हैं बाकी कोई इतना मुहताज नहीं है जो चर्खेपर ही अपना बसर करता हो। उनका तो चर्खेका चलना यही बतला रहा है कि—"अकर्मण्यताको छोडो, उद्योग करो। चर्खा भारतवासियोंका पुराना उद्योग है इसलिए इसे अपनाना प्रत्येक भारतीयका प्रथम कर्तव्य है" तभी तो लिखते हर्ष होता है कि छपरौलीके ७० घर जैनियोंमें ९०से ऊपर चर्खे चलते हैं। ऐसे बहुत कम घर हैं जिनमें केवल एक ही चर्खा चलता हो परन्तु अधिकांश घरोंमें २ चर्खे चलते हैं तथा कोई २में तीन तक चलते हैं। अब मैं यह बताऊंगा कि इतने चर्खे घरोंके अंदर कौन चलाता है। चर्खोंको चलानेवाले पुरुष नहीं हैं। उनको चलानेवाली हैं उद्योगशील उन घरोंकी (स्त्रिया) देवियां। वहांपर उन्होंने चर्खेको अपने हाथमें ले रक्खा है। वहां कोई भी ऐसी स्त्री देखनेमें नही आई जो चर्खा चलाना न जानती हो। वे अन्य कामोंको गौणतासे सम्पादन करती हैं परन्तु चर्खेको उन्होंने प्रधानता दे रक्खी है। किसी किसीके घर १ वर्षमें २००)का और किसी२के घर १००)का सूत तैयार होता है। और तय्यार करनेवाली वहांकी उद्योगी स्त्रियां ही हैं।

चर्खेपर सूत निकालनेके अलावा वे दस्तकारीका भी अच्छा काम सम्पादन करती हैं। जैसे—सुजीनी (पलंगपोस), गलीचे, रूमाल—चार तरहके, बनयायन (करसियासे बनाती हैं) और

गणराज गौतम।

(लेखक-पं० मूलचन्द जैन वत्सल-बिजनौर)

(१)

भारत वर्षमें समस्त प्रदेशोंकी सुन्दरता नष्ट करनेवाले मगधदेश अन्तर्गत वेदपाठियोंकी उच्च ध्वनिसे निरंतर ध्वनित रहनेवाले ब्राह्मण नामक रमणीक नगरमें ब्राह्मणोचित कर्तव्योंमें निरत श्रुतविज्ञ शांडिल्य विप्रराज अपनी शील गुण-भूषिता स्थंडिला पत्नी समेत सुख शांति पूर्वक निवास करते थे।

विप्रराज शांडिल्यके ज्योतिष, वैद्यक, अलंकार न्याय, सामुद्रिक, आदि समस्त लौकिक शास्त्रोंके पारंगत, क्रियाकांड और वैदिक धर्म शास्त्रोंमें अद्वितीय ज्ञान और प्रतिभा धारण करनेवाले गौतम, गार्गीय और भार्गव नामक तीन पुत्र थे। यद्यपि तीनों पुत्र समस्त शास्त्रोंमें निपुण थे, किन्तु महात्मा गौतमकी ज्ञान शक्ति, प्रतिभा और विद्वत्ता अत्यन्त हृदयग्राही और सर्वश्रेष्ठ थी। उसने अखण्ड विद्वत्ताके प्रतापसे उस समयके बड़े २ विद्वान् ब्राह्मण पंडितोंको परास्तकर अपनी विद्वत्ताका डंका बजा दिया था। पांचसौके लगभग विद्वानोंने उसके शिष्यत्वको स्वीकार किया था किन्तु ब्राह्मणराज गौतम बड़े अभिमानी और उग्र स्वभावके व्यक्ति थे, उन्हें अपनी चमत्कारिणी विद्याका बड़ा अहंकार होगया था। वह संसारमें अपनी विद्याके सामने किसीके ज्ञानको कुछ समझते ही नहीं थे इस प्रकार वह उच्छृंखल और महा अहंकारको धारण करनेवाले गौतम अपनी शिष्य मंडलीके सम्मुख अपने विद्वतापूर्ण व्याख्यानोंको देते हुए और समस्त शिष्य मंडली द्वारा विनय, नमस्कार पूजा और प्रशंसाको प्राप्त होते हुए कालक्षेपण करते थे।

(२)

प्रातःकालका समय था, प्रकृति निस्तब्ध और शान्त थी, भगवान् महावीर प्रातःकालीन दृश्यका अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने देखा प्रातः-कालीन रक्तलालिमा क्रमशः नष्टप्रायः होगई, इस दृश्यसे अनायास संसारकी नश्वर अवस्थाकी ओर उनका हृदय आकर्षित हुआ। वह विचारने लगे-ओह! यह सांसारिक अवस्थाएं कितनी नश्वर हैं किन्तु यह अज्ञानी संसारीक मानव महा बलवान मोह सम्राटके आधीनस्थ हुए सांसारिक विलास-वासना और विषयप्रलोभननोंमें अनुरक्त हुए-तन्मय हुए-अपने आत्मज्ञानसे-सत्कर्तव्यसे वास्तविक सुख साम्राज्यसे किस प्रकार उन्मुख होरहे हैं-आह! स्वार्थके वशवर्ती हुए-नश्वर धन वैभवमें ही सुख कल्पना करनेवाले यह अज्ञानी प्राणीसमुदाय अपनी किंचित् स्वार्थ-पूर्तिके लिए किसप्रकार अत्याचार, अनाचार और अन्यायको अपना शस्त्र बना रहे हैं, निर्बल, और असहाय जंतुओंपर किसप्रकार कष्टका समुदाय ढा रहे हैं। ओह! केवल मात्र किंचित् पुरित लालसा तृप्तिके लिए ही न यह इतना कुकृत्य कर रहे हैं। वास्तवमें यह मानव समुदाय अत्यन्त अज्ञानी है, यह धर्मके वास्तव रहस्यसे ज्ञानसे अनभिज्ञ है, इन्होंने केवल क्रियाकांडमें ही ज्ञानशून्य कायक्लेशमें ही आत्मोद्धारकी, मानव कर्तव्यकी इतिश्री समझली है।

ओह ! मानव कितना अज्ञ है। वह सांसारिक बंधनोंमें किस प्रकार जकड़ा हुआ है।

तब ऐसी परिस्थितिमें मेरा कर्तव्य क्या है, क्या मैं इन संसारी मानवोंको इस प्रकार अज्ञानताकी गोदमें गाढ़ निद्रा लेते हुए अवलोकन करता रहूं ? इन्हें इस अन्याय इस अत्याचार इस आत्मपतनके पथपर सानंद क्रीड़ा विनोद करने दूं नहीं। मैं यह नहीं देख सक्ता, नहीं मैं अब कदापि देख सका। मैं इन भोले मानवोंको सत्कर्तव्यका दिव्य, सरल पथ प्रदर्शित करूंगा, इनके हृदयोंमें सद्ज्ञानके दिव्य प्रकाशको प्रकाशित करूंगा, इन्हें सच्चे आत्मसुख और सच्चे कल्याणके मार्गपर ले आऊंगा। वह कैसे ? सत्य उपदेशक बनकर सन्मार्ग प्रदर्शक बनकर, हां तब उसके लिए मुझे इन सांसारिक राज्य प्रलोभनोंकी रस्सियोंको चकनाचूर करना पड़ेगा। इस गृहस्थाश्रमके पूर्ण आत्मोन्नतिरोधक सकीर्ण क्षेत्रसे विस्तृत महाव्रतके क्षेत्रमें पदार्पण करना पड़ेगा। तब हां वही होगा कि मैं तपस्वी बनूगा, इस समस्त राज्यवैभवका परित्याग करूंगा।

एक क्षणमें उनका हृदय वैराग्यकी तीव्र तरंगोंसे आविर्भूत होगया। उन बालब्रह्मचारी उन अद्वितीय आत्मविजयी उन प्रबल आत्मबलशाली मदनविजयी महावीरने उसी क्षण सांसारिक माया जाल त्यागनेका सकल्प करलिया। देवताओंने उनके इस जगदोद्धारक कार्यकी इस विश्वकल्याणकारिणी प्रतिज्ञाकी पूर्णरूपसे अनुमोदना की। एक रत्नजड़ित सुन्दर पालकीमें आरूढ़ कराकर महा महोत्सव पूर्वक जय २ शब्दसे गगनको पूरित करते हुए रमणीक काननकी ओर ले चले।

(३)

विशाल पादपों और दीर्घ चोटियोंसे संयुक्त पहाड़ोंसे भूषित विपनमें देवताओंने भगवानकी पालकीको उनकी आज्ञानुसार रख दिया। वह पालकीसे उतरे और समस्त रत्नमंड़ित बहुमूल्य दिव्य आभूषणोंको जीर्ण तृण सदृश अकिंचन समझकर उन्हें उसी समय उतार कर फेंक दिया। अपनी सुकुमार किन्तु बलशाली भुजाओं द्वारा समस्त केश पाशोंको उपाड़कर दिगम्बर मुद्राको धारण कर विशाल शिलाके उपर ॐ नमः सिद्धेभ्यः का उच्चारण करते परम जैनेश्वरी दीक्षाको धारण किया। वह कठिन तपश्चरणमें तन्मय होगए। देवता तथा मानवोंने उन्हें भक्तिपूर्वक प्रणामकर अपने स्थानको प्रस्थान किया।

भयंकर वनजन्तुओंसे परिपूर्ण वनमें भगवान् महावीर तीव्र तपश्चरणमें तल्लीन थे, सुमेरुशिखर सदृश उनका निश्चल, निश्चेष्ट, निर्भय और निर्विकार घोर तपस्याकी उज्वल प्रभासे उद्दीप्त समस्त शरीर दर्शनीय था, उनके मुखमण्डलसे अनिर्वचनीय शांति और प्रकाशकी ज्योति स्फुरित हो रही थी। प्रलय, तूफान, वर्षा, हिम, उष्णकी अनेक असहनीय बाधाओंका उनके अविनश्वर आत्मापर कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता था। तो क्या पाषाण स्तम्भ था नहीं। सम्भव है पाषाण स्तम्भ प्रलयकाल की तीव्र आंधीसे भग्न होजाय ज्वलित होजाए, किंतु उनका हृदय अडिग अडोल और अचल था।

भ्रमण करते हुए रुद्रने उन्हें ध्यानमें इस प्रकार मग्न देखा, वह पूर्व जनित कुसंस्कारसे उनकी इस प्रकार शांति सरलता और निष्कंपताको

सहन नहीं कर सका, पूर्व जन्मके प्रबल प्रकोपके कारण उनका अवलोकन कर उसके कुटिल हृदयमें दारुण द्वेषकी दाह दहकने लगी, वह उन्हें उस निश्चल ध्यानमुद्रासे विचलित करनेका प्रयत्न करने लगा। भगवान् महावीरको ध्यान च्युत करनेमें उसने अपनी समस्त दानवी शक्तिका प्रयोग कर डाला, किंतु उसे अपने समस्त दुरितपूर्ण कुकार्योंमें असफल मनोरथ होना पड़ा। भयानक उपसर्गों और आपत्तियोंकी आंधीके सम्मुख भगवान् महावीरका हृदय सुमेरु अविचल और अडिग बना रहा।

रुद्र पराजित हुआ। उसे अपने दुष्कृत्यपर बड़ी ग्लानि और लज्जा हुई। वह पश्चाताप करता हुआ उनके चरणकमलोंके समक्ष अपने अपराधोंकी क्षमा याचना करता हुआ अपने स्थानको चला गया।

दृढ़ व्रती महावीर अनंत शक्तिशाली भगवान् महावीरने कठिन आपत्तियोंके सम्मुख पूर्ण विजय प्राप्त की और आत्मशक्तिसे बढ़े हुए उन भगवानने अपनी समस्त आत्मीय दिव्य शक्तियोंका कर्मजेता ध्यानकी संरक्षकतामें पददलित हुए—क्षीण हुए, मोह सुभटपर संपूर्ण शक्तिसे आक्रमण किया। ध्यानकी उस महानशक्तिके सम्मुख मोह अपनेको अब एक क्षणभर भी स्थिर नहीं रख सका। वह अपने संज्वलन लोभ सन्मित्र संयुक्त वहां सुरक्षित नहीं रह सका। उसका पतन हुआ, वह समूल नष्ट होगया।

भगवानके निर्मल आत्मामें क्रमश सम्पूर्ण आत्मीय गुणोंका विकाश हुआ, केवलज्ञान और केवल दर्शनकी दिव्यशक्तियोंसे भूषित होकर वह समस्त पदार्थोंकी त्रिकालवर्ती पर्यायोंका अवलोकन करने लगे, उनके ज्ञान दर्पणमें संपूर्ण विश्व पदार्थ स्पष्ट झलकने लगे।

आत्मविजयी भगवान महावीरका अलौकिक केवलज्ञान साम्राज्य प्राप्तिका महा महोत्सव मनानेके लिए स्वर्गाधिपति इन्द्रने समस्त देवताओंके समूह संयुक्त आश्चर्यजनक विभूति भूषित होकर मानवलोकको प्रस्थान किया एवं उनके अभूतपूर्व केवलज्ञान साम्राज्यकी महान महिमा प्रदर्शित करनेके लिए उसने अपने कोषाध्यक्ष कुबेरको भगवानका त्रैलोक्य मनोहर समवशरण रचना करनेकी आज्ञा दी।

कुबेरने क्षण मात्रमें मानवोंके नेत्रों और हृदयोंमें आश्चर्य हर्ष और सुखकी सृष्टि करनेवाले दर्शनीय समवशरणका निर्माण किया। मानव, पशु, पक्षी और देवताओंका समूह भगवानके समवशरणमें आकर उनके संसार तारक चरणकमलोंमें अपने मस्तकको झुकाकर भक्तिमें तल्लीन होने लगा।

समस्त प्राणी भगवानका दिव्य उपदेश श्रवण करनेके लिए लालायित हो उठे। क्रमशः तीन घंटे व्यतीत हुए किन्तु यह क्या? भगवानकी दिव्य ध्वनि प्रकट नहीं हुई। महामना इन्द्रके हृदयमें आशंकाएं उदित होने लगीं, उसने उसी समय अपने दिव्यज्ञान द्वारा इस विषयमें विचार किया, उसे एक क्षणमें इसका कारण विदित होगया। वह अपने हृदयमें कहने लगा—बस यही एक कारण है कि भगवान्की दिव्यध्वनिका व्याख्यान करनेवाला कोई भी गणधर इस स्थानपर उपस्थित नहीं

है। यही कारण है कि उनकी दिव्यध्वनि प्रकट नहीं हुई। तब इसका क्या उपाय है। हां उपाय है और केवल एक ही उपाय है वह यही है कि उस अभिमानी गौतम ब्राह्मणको यहां लाना होगा। वही इस सभाका प्रथम गणधर होगा। तब मुझे यह कार्य शीघ्रतः करना होगा। सुरराज गौतमको अपने कौशलद्वारा लानेके लिए समोशरणसे चल दिए।

(४)

शिष्यमंडलीसे सुशोभित मुखमंडलमें प्रतिभाके प्रचंड तेजसे मंडित पांडित्यका अतुलित अभिमान धारण किए दीर्घ शिखाधारी गौतम अपनी व्याख्यानशालामें विराजमान थे। उनका हृदय अत्यंत प्रसन्न और सुप्रसन्न था। उन्होंने अपनी समस्त शिष्यमंडलीकी ओर गंभीर दृष्टिसे अवलोकन किया। समस्त शिष्यगण सरल और गंभीर भाव धारण किये हुए गुरुराजके मुखारविंदसे निकलनेवाले गंभीरतम उपदेशको श्रवण करनेके लिए उत्सुक दिखलाई पड़े। कुछ समय पश्चात् निस्तब्धताको भग करते हुए ब्राह्मणोत्तम गौतमने अपना पांडित्य पूर्ण व्याख्यान देना प्रारम्भ किया। इसी समय एक जराक्रांत ब्राह्मणने व्याख्यान सभामें प्रवेश किया और व्याख्यान श्रवण करनेकी इच्छासे वह एक स्थान स्थित होकर व्याख्यान श्रवण करने लगा। व्याख्यान प्रारम्भ हुआ, ब्राह्मणराजने अनेक सुयुक्तियों और उदाहरणोंसे अपने व्याख्यानके पुष्ट करनेका पूर्ण प्रयत्न किया था। उनकी व्याख्यान शैली, उनकी युक्तियों साधारण ज्ञानधारी व्यक्तियोंके हृदयोंमें आश्चर्य उत्पन्न करनेवाली थी। सभा स्थित समस्त मंडलीने शांति पूर्ण व्याख्यान श्रवण किया। क्रमश: व्याख्यान समाप्त हुआ, धन्य धन्यकी ध्वनिसे आकाश मण्डल गूंज उठा, समस्त शिष्य गणोंने अपना मस्तक हिलाकर उस विद्वत्ता पूर्ण व्याख्यानकी पूर्ण प्रशंसा और अनुमोदना की। वृद्धब्राह्मण स्थिर रहा। महामानी गौतम अपनी इस अवज्ञाको सहन नहीं कर सका। उसने समझा संभवतः मेरा यह व्याख्यान उसे नहीं रुचा होगा। अस्तु; उन्होंने पुनः व्याख्यान देना प्रारम्भ किया। समस्त शिष्यगण मंत्र मुग्धकी भांति स्तब्ध होकर व्याख्यान श्रवण कररहे थे। ओजस्विनी भाषामें धारा प्रवाह रूपसे व्याख्यान देते हुए वह गौतम सरस्वती पुत्रसे प्रतीत होते थे। भाषण समाप्त हुआ। सभा स्थित मानवोंने पुनः जयघोष करते हुए व्याख्यानका उच्च स्वरसे समर्थन किया। वृद्ध ब्राह्मण स्थिर रहा। इसबार महामना गौतम अपने आश्चर्यकी सीमाको नहीं रोक सके। वह वृद्ध ब्राह्मणकी ओर तीक्ष्ण दृष्टिपात करते हुए तीव्र स्वरसे बोले—

ब्राह्मण, तुमने मेरे इस पांडित्यपूर्ण व्याख्यानका अनुमोदन नहीं किया और न अपनी संमति ही प्रगटकी तब क्या मेरा व्याख्यान तुझे सत्य प्रतीत नहीं हुआ ? तब क्या मेरे सदृश महावक्ता इस भूमण्डलमें कोई विद्यमान है ?

वृद्ध ब्राह्मणने कहा—हां ! है।

समस्त शिष्य अपना मस्तक हिलाते हुए क्रोधपूर्ण स्वरमें कहने लगे—नहीं, कदापि नहीं। गुरुराजके सदृश प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति इस पृथ्वीमण्डलमें अन्य कोई नहीं होसक्ता।

वृद्ध ब्राह्मणने शांति स्थापित करते हुए उसी प्रकार निश्चल स्वरमें कहा—हां है। मैं तुम्हें इसका प्रमाण अभी दे सक्ता हूं।

गौतमने कहा—अच्छा ! मुझे विदित कीजिए वह अपने पांडित्यको स्थिर रखनेवाला कौन व्यक्ति है ?

वृद्ध ब्राह्मणने गंभीरतापूर्ण स्वरमें कहा—गौतम ! अपने पांडित्यका अहंकार मत करो। तुम्हारा ज्ञान है ही कितना ? हां जब तुम जानना चाहते हो वह संपूर्ण श्रुतपूर्ण महान् पुरुष कौन है। अच्छा तब श्रवण करो वह हैं मेरे गुरुराज।

गौतमने उत्कंठापूर्वक कहा—वह कौन हैं ? कहां हैं ? उनकी विद्वत्ताका मुझे परिचय दो, मैं उनसे शास्त्रार्थ करूंगा।

वृद्ध ब्राह्मणने कहा—उनका परिचय ? अच्छा ठहरो। मैं अभी तुम्हें उनका परिचय दूंगा। उनसे शास्त्रार्थ करोगे ? तुम उनसे शास्त्रार्थ करोगे ? अच्छा प्रथम मुझसे शास्त्रार्थ करो मेरे एक प्रश्नका उत्तर दो। फिर मेरे गुरुराजसे शास्त्रार्थ करना।

गौतमने कहा—तुम्हारे प्रश्नका उत्तर ? हां दूंगा विप्रराज कहो ! वह कौनसा प्रश्न है सो महामना गौतमकी तीक्ष्ण बुद्धिके सम्मुख उपस्थित रह सके।

ब्राह्मणने कहा—मेरा प्रश्न ? आप उसका उत्तर देंगे ? अच्छा श्रवण कीजिए। किन्तु इसके प्रथम आपको मेरी एक प्रतिज्ञा स्वीकार करनी होगी।

गौतमने कहा—ब्राह्मण कहो निःसंकोच रूपसे कहो, मुझसे क्या प्रतिज्ञा स्वीकार कराना चाहते हो, कहो। गौतम जिस प्रकार अपनी अखंड विद्वत्ताके विश्वासपर स्थिर हैं, उसी प्रकार आप अपनी प्रतिज्ञापर भी स्थिर रहियेगा।

ब्राह्मण—अच्छा ! तब मेरी प्रतिज्ञा श्रवण कीजिए। "मेरी प्रतिज्ञा यही है कि यदि आप मेरे प्रश्नका प्रमाणीक एवं संतोषजनक स्पष्ट उत्तर प्रदानकर मेरी शंकाएं नष्ट करदें तब मैं आपका बनकर यावज्जीव आपकी सेवा करूंगा अन्यथा आप मेरे प्रश्नका समुचित उत्तर नहीं दे सकेंगे तब आपको निश्चयतः अपनी समग्र शिष्यमंडली समेत मेरे गुरुका शिष्य ही बनना पड़ेगा।" कहिए आप मेरी उक्त प्रतिज्ञा स्वीकार करते हैं ?

गौतमने कहा—ब्राह्मण अपने प्रश्नको निर्भयतापूर्वक कहो। गौतम इस प्रतिज्ञाको सहर्ष स्वीकार करता है। ब्राह्मणने उच्चस्वरसे अपना प्रश्न उपस्थित किया।

त्रैकाल्यं द्रव्य षट्कं नवपदसहितं जीवषट्काय लेश्या-।
पंचान्ये चास्तिकाया व्रतसमितिगतिज्ञानचारित्रभेदाः॥
इत्येतन्मोक्षमूलं त्रिभुवनमहितैः प्रोक्तमर्हद्भिरीशैः।
प्रत्येति श्रद्धाति स्पृशति च मतिमान् यः सवैशुद्धदृष्टिः॥

उपरोक्त काव्य कह चुकनेके पश्चात् ब्राह्मण रूपधारी इन्द्रने कहा—विप्रराज गौतम ? मेरे इस काव्यका आशय स्पष्ट भाष्य समेत प्रकट कीजिए।

प्रश्न श्रवण कर महामानी गौतमका हृदय अचानक विक्षुब्ध होगया, शुष्कपात समूह तीव्र आंधीके वेगसे जिस प्रकार पृथ्वी मंडलके ऊपर चक्कर लगाने लगता है, समुद्रकी तीव्र लहरोंमें जहाज जिस प्रकार झोके खाने लगता है, विप्रराज गौतमका मन उसी प्रकार संशयकी तीव्र तरंगोंमें गोते खाने लगा। वह विचारने लगे—यह छह द्रव्य क्या ? नव पदार्थ कौनसे ? छह कायके जीव कौन ? छह लेश्या क्या ? पंचास्तिकाय

क्या ? ओह ! यह क्या है ? इस प्रश्नका उत्तर इस ब्राह्मणको मैं क्या दूं ? तब क्या मैं वास्तवमें अज्ञान हूं ? हां ज्ञात तो यही होता है। यदि मैं अज्ञान न होता तो क्या प्रश्नका उत्तर न दे सकता। इसी प्रकारके विचारोंमें गौतम एक क्षणको विलीन होगया। उन्हें इस प्रकार विचारमें मग्न और निरुत्तर होते हुए देखकर वृद्ध ब्राह्मणने कहा—महात्मा गौतम ! मेरा प्रश्न श्रवण कर आप मौन क्यों होगए ? विप्रराज, अपनी समस्त बुद्धिकी शक्ति लगाकर मेरे इस प्रश्नका ही उत्तर दीजिए। अथवा क्या आप इसका उत्तर नहीं देसक्ते हैं, तब पूर्व प्रतिज्ञानुसार मेरे गुरुका शिष्यत्व स्वीकार कीजिए।

गर्वित होते हुए गौतमने कहा—ब्राह्मण? इस तुच्छ प्रश्नका उत्तर ! हां इस तुच्छ प्रश्नका उत्तर मैं तुझे क्या दू? चल मैं तेरे गुरुके समक्ष चलकर इस प्रश्नका उत्तर देते हुए उन्हें समझाऊंगा। किन्तु हां यह तो बतला तेरे गुरु हैं कौन ?

ब्राह्मणने कहा—मेरे गुरु? क्या आप मेरे गुरुके नामसे अपरिचित हैं? क्या उनकी विश्वविख्यात कीर्तिध्वनिने आपके कर्णकुहरोंमें प्रवेश नहीं किया ? तब क्या वास्तवमें आप मेरे गुरुका परिचय चाहते हैं? अच्छा तब श्रवण कीजिए। "विश्वके अखिल पदार्थोंको हस्तामलक सदृश प्रदर्शित करनेवाले—अलौकिक दिव्य ज्ञानसे विभूषित, मानव एवं सुरसमूहसे सेवित पाद-पद्म, त्रैलोक्येश्वर भगवान् महावीर मेरे गुरु हैं। कहिए ! उनके विषयमें आपको कुछ शंका है?

गौतमने कहा—अच्छा समझ गया। अरे ! वह अपने इन्द्रजाल विद्याके चमत्कारद्वारा मानवोंको विमोहित करनेवाला अपनेको सर्वज्ञ प्रदर्शित करनेवाला महावीर ही तेरा गुरु है ? अच्छा चल ! मैं उनसे अवश्य शास्त्रार्थ करूंगा और वहीं तेरे प्रश्नका उत्तर दूगा। सुरराज यह तो चाहते ही थे। मन चाही बात श्रवण कर उन्होंने शीघ्रतः विप्रराज गौतमको अपने साथ लेकर समवशरणकी ओर प्रस्थान किया।

(५)

इन्द्रके साथ२ चलते हुए ब्राह्मणराज गौतमने दूरसे ही मानस्तम्भका विलोकन किया। भगवानकी समवशरणकी शोभा बढ़ानेवाले दिग्गज वादिगजोंके अहंकार पर्वतको नष्टभ्रष्ट करनेवाले उस विशाल मानस्तम्भका अवलोकन करते ही उनका समस्त मिथ्यामद विनष्ट होगया। उन्होंने सरलता पूर्वक भगवानके दिव्य समवशरणके अंदर प्रवेश किया। समवशरण मध्यमें विराजे हुए दिव्य कीर्तिधारी भगवानके प्रभापूर्ण मुखमण्डलका अवलोकन कर गौतमका हृदय भगवान् महावीरकी दृढ़ श्रद्धासे आविर्भूत होकर नम्र हो उठा और उनका मस्तक भगवानके चरणोंपर अपने आप झुक गया उसका समस्त ज्ञानगर्व गलित होगया।

मिथ्याभिमान नष्ट होनेके साथ ही उसके हृदयमें सद्विचारकी तरंगें उमड़ने लगीं। वह विचारने लगा—अहो ! जिन महात्माका इतना प्रभाव है, जिनके समवशरणकी इतनी महिमा है, समस्त देव, ऋषि महात्मा तथा मानव समूह जिनकी चरण सेवामें इस प्रकार उपस्थित रहता है—उन महात्मा महावीरसे मैं वादविवाद करके किस प्रकार विजय प्राप्त कर सक्ता हूं ? खेद है, कि मुझे अपने

किंचित् अक्षर ज्ञानका इतना अभिमान था। किन्तु अब मेरा समस्त अभिमान इन दिव्य दीप्तिधारी महात्माके ज्ञानके सम्मुख नष्ट होगया—मुझे ज्ञात होगया। वास्तवमें सत्य ज्ञानसे रहित होते हुए मैं अपनेको पूर्णज्ञानी समझता था, वह मेरा मिथ्या अभिमान ही था। मेरा वह भ्रम इसी प्रकार था जिस प्रकार मैंडकको समुद्र ज्ञानसे शून्य कूपकी विस्तीर्णताका क्षुद्र अभिमान पूर्ण भ्रम होता है। आज मेरा वह भयंकर भ्रम नष्ट होगया। अब मेरा कर्तव्य है कि इनके साम्हने व्यर्थ विवाद करके अपनी किंचित महत्ताको नष्ट न होने दूं क्योंकि यह निश्चय है कि इनसे विवाद करनेको मेरी बुद्धि किसी प्रकार भी समर्थ नहीं है। अस्तु इस विवादमें मुझे हास्य तथा अभिमान प्राप्त होनेके अतिरिक्त कुछ लाभ नहीं होगा। ओह! जब मैं इनके शिष्य पूर्व ब्राह्मणके ही उत्तर देनेमें असमर्थ रहा तब इनके समक्ष मेरे जैसे क्षुद्र ज्ञानीका विसंवाद करना कैसा? अस्तु मुझे अपनी पूर्व प्रतिज्ञानुसार इनका शिष्य बन जाना चाहिए और ऐसे सर्वविद् म०का शिष्य होना भी मेरे लिए बड़े गौरवकी बात है!! उपरोक्त विचार धाराओंके वेगको वह न सम्हाल सका और समस्त शरीरको कमलनाल सदृश झुकाकर भगवान् महावीरको उसने साष्टांग प्रणाम किया। भगवानकी भक्तिसे उसका हृदय एक क्षणमें ही परिपूर्ण होगया। इस महत् पुण्यके प्रभावसे उसके चारित्र मोहनीय कर्मका प्रबल पहरा हट गया और भगवानके सत्य गुणोंमें अविचल श्रद्धा होनेके साथ२ सम्यग्ज्ञानके प्रकाशसे उसका हृदय प्रकाशित होगया। उसने उसी समय भगवान महावीरकी स्तुति, (प्रशंसा) करते हुए उनका शिष्यत्व स्वीकार किया। भगवान महावीरने उसी समय उस महानुभावको जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की, उनके साथ ही उसके अन्य भाई तथा समस्त शिष्योंने भी जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण की। जैनधर्मकी जयके नादसे एकबार समस्त आकाश मण्डल गूंज उठा।

ऋषिराज गौतमके इस सुकृत्यकी समस्त उपस्थित देव विद्याधर मुक्तकण्ठसे प्रशंसा करने लगे। अभिमानी गौतम ब्राह्मण एकक्षण मात्रमें ऋषिराज भगवान महावीरके समवशरणके सर्व प्रथम गणईश बनगए। धन्य भगवान महावीर! आपकी सर्व हितैषिता जो कि स्वधर्मके रहस्यसे शून्य मिथ्याज्ञानमें आसक्त महामानी गौतमको एक क्षणमात्रमें मानवों द्वारा वंदनीय मोक्षलक्ष्मीका पात्र बना दिया! धन्य भगवान महावीर! आपकी सर्व प्रेममयी दृष्टि और धन्य महात्मा गौतम आपका सौभाग्य!

(६)

समस्त पाखंडोंका ध्वंस करनेवाली, मिथ्यावादियोंका मद मर्दन करनेवाली और सत्यार्थ धर्मका रहस्य प्रकट करनेवाली भगवान महावीरकी दिव्य ध्वनि मानवगणोंके कर्णोंमें आनंद अमृतकी वर्षा करने लगी। उनकी दिव्यध्वनि द्वारा क्रमशः सप्ततत्व, पंचास्तिकाय, तीनकाल, नवपदार्थ, षट्कायके जीव, छहलेश्या और मुनियोंके पंचमहाव्रत, पंचसमिति, तीन गुप्ति, श्रावकके बारह व्रत और लोक अलोकका विभेद विवेचन किया जाने लगा। मानवोंके हृदयोंकी समस्त आशंकाएं-समस्त मिथ्या भ्रम विनष्ट होने लगे। "जयतीति

जैन शासन"की पताका अखिल विश्वके प्रतापमय उज्वलाकाशमें फहराने लगी। बड़े बड़े वादी, मिथ्याभिमानी अपना समस्त मिथ्या अभिमान, अज्ञानमद त्याग भगवानके शासनकी शरणमें आए, कोरी क्रियाकांडका भ्रमजाल अज्ञानताकी आंधी और अत्याचार या अनाचारोंका अकांड तांडव समाप्त हुआ, भगवानके उपदेशसे समस्त प्राणी सत्य सुख और शांतिका अमृतपान करने लगे।

महात्मा गौतमने भगवानके दिव्य उपदेशोंका भलीप्रकारसे विवेचन किया और उनकी दिव्य ध्वनिद्वारा प्रकट हुए महान् धर्मके रहस्योंको ग्यारह अंग और चौदह पूर्वके रूपमें प्रकट किया। गणराज गौतम भगवानकी समस्त सरस्वतीरूपी महान् गंगाके अवगाहन करनेमें समर्थ श्रुतसागरके पारगामी और सर्व तत्वोंके वेत्ता होगए थे। वह ऋषिराज गौतम, मुनियों देवताओं और मानवों द्वारा बड़ी पूज्य दृष्टिसे देखे जाते थे।

(७)

कार्तिक कृष्णपक्षकी अमावस्याके नष्टप्राय: रजनीके किंचित अंधकारमय जीवनमें उसके अंधकारमय साम्राज्यके नष्ट होनेका संदेश सुनानेवाले तारागण क्षीण प्रकाश संयुत नृत्य कर रहे हैं, शीतल पवन मंदगतिसे विचरण कर रही थी, पक्षीगण अपनी मूक भाषाके कलरव द्वारा प्रभातके साम्राज्यका गौरव गान करनेको उत्सुक हो रहे थे, ठीक इसी समय सौधर्म इन्द्रका रत्नमई सिंहासन कंपित होने लगा। असमयमें अपने सिंहासनको कंपित होते विलोक सुरराज बड़े आश्चर्यमें पड़ गए। वह शीघ्र ही अवधिज्ञान द्वारा इस विषयमें विचार करने लगे। उन्हें अपने सिंहासन कंपित होनेका कारण विदित होगया, उनका हृदय प्रसन्न होगया। वह अपनी प्रसन्नताको नहीं रोक सके। अनायास उनके मुंहसे निकल पड़ा—"अहा! आज भगवान महावीरके निर्वाणका समय उपस्थित होगया है। भगवानका दिव्य आत्मा आज इस मध्य लोककी स्थिति त्यागकर लोकके अंतिम शिखरमें प्रविष्ट करेगा। आज वह चार अघातिया कर्मोंको भी नष्ट कर अनंत सुखमय अष्टगुण संयुक्त मोक्षस्थानके साम्राज्यमें पदार्पण करेंगे।" उसने शीघ्रत. समस्त देवताओंके समूह संयुक्त शीघ्र पावापुरके उद्यानमें उपस्थित होकर भगवानके चरणकमलोंपर अपना मस्तक झुकाया। उसने ललित स्वरोंमें भगवानकी स्तुतिका यशोगान किया। उसका हृदय भक्तिके वेगसे आविर्भूत होगया, इसी समय अग्निकुमार जातिके उत्तम वेषधारी देवने अपना दिव्यरत्नोंकी प्रभासे प्रकाशित मस्तक भगवानके सन्मुख नम्रीभूत किया। उसके प्रभा पूर्णसे तीक्ष्ण अग्निकी चिनगारियां निकलने लगीं। भगवान अंतिम उन चिनगारियोंके प्रकाशमें विलुप्त होगया—भस्म हो गया। उनका आत्मा कर्मोंसे रहित होकर लोकके अंतिम भागमें निश्चल और अचलरूपसे स्थित होगया। इन्द्र संयुत समस्त देवों और मानव समूहोंने भगवानके उस निर्वाण स्थानका उत्तम रीतिसे पूजन संस्कार किया। उनके गुणोंका स्मरण किया और इस प्रकार निर्वाण कल्याण मनाकर उन्होंने स्वर्गको प्रयाण किया।

संध्या समय हुआ। गणराज गौतम अपने आत्मध्यानमें निश्चल थे। उन्होंने अपने आत्माको अपने आत्म स्वरूपमें तन्मय कर दिया था।

उन्होंने पूर्ण शक्तिके प्रकाशका अवरोध करने-वाले, संसारी मानवोंके चिरशत्रु घातियाकर्मोंको ध्वंस करनेका दृढ़ संकल्प किया। तत्काल ही शुक्लध्यानकी दिव्यज्योति प्रकाशित की, घातिया कर्मरूपी अन्धकार उस दिव्य प्रकाशके सन्मुख विलय होने लगा और शीघ्र ही उन्होंने अपनी अनंत प्रकाशसे विश्वप्रदर्शित करनेवाली केवल-ज्ञान लक्ष्मीको प्राप्त किया।

देवताओंने, मानवोंने दिव्य प्रकाश संयुक्त रत्न दीपकोंको प्रज्वलित कर गणराज गौतमकी केवलज्ञान लक्ष्मीका महा महोत्सव किया, उनकी भक्ति की, उनकी स्तुति की, पूजा की और केव-लज्ञान लक्ष्मीका अनुमोदन किया।

कार्तिक कृष्णा अमावस्या तिथि युगल महात्मा-ओंके महा महोत्सवोंसे विश्व-पूज्या बन गई। कार्तिक कृष्णामावस्या तिथि तू धन्य है। तूने समस्त तिथियोंमें सर्व श्रेष्ठ गौरव प्राप्त किया। तूने अपने सुनहरे प्रभात कालके धूंधले प्रकाशमें चिरस्मर-णीय जगत पूज्य महावीरके निर्वाणका गौरव प्राप्त किया और संध्या समय गणराज गौतमकी दिव्य केवलज्ञान लक्ष्मीसे विभूषित हो संसारको प्रकाशमान किया।

केवलज्ञानके पश्चात् गणराज गौतमने भगवान् महावीरके धर्म शासनका पूर्ण प्रचार किया और अपने संसार तारक उपदेशों द्वारा महावीरके आदर्शको विस्तृत किया। वह केवलज्ञान लक्ष्मी विभूषित गणराज गौतम हमारे हृदयोंमें सम्यक्-ज्ञानका प्रकाश प्रकाशित करें-हमें सद्बुद्धि प्रदान करे। वत्सल।

रोग विज्ञान।

(रोगकी परीक्षा किस तरह करनी चाहिये उसका सरल उपाय।)

(ले०—आयुर्वेदभूषण आयुर्वेदाचार्य पंडित धर्मधर जैन वैद्य काव्यतीर्थ-छपारा)

निदानं पूर्वरूपाणि रूपाण्युपशयस्तथा।
सम्प्राप्तिश्चेति विज्ञानं रोगाणां पंचधा स्मृतम्॥
—माधवाचार्य।

विज्ञवर पाठकगण! तथा समस्त वैद्यगण! आपकी सेवामें जिस विषयकी समालोचना करने आरहा हूं, वह विषय कोई नवीन नहीं है। किन्तु वह हमारे परम पूज्य प्रातःस्मरणीय प्राचीन चरक सुश्रुत आदि महर्षियोंका बताया हुआ, तथा हमारे प्रतिदिन कार्यमें आनेवाला और लाभदायक है। यदि हम लोग उसको अच्छी तरह समझ लें और उस तरीकेपर चलें तो हम कभी रोगी भी न हों जैसा कि वाग्भट्टने कहा है—नित्यं हिताहारविहारसेवी समीक्ष्यकारी विषयेष्वसक्तः, दाता समः सत्यपरः क्षमावान् भवत्यरोगी, इत्यादि। तथा यदि हम पूर्व कर्मवश रोगसे ग्रसित भी होजांय तो उससे शीघ्र ही मुक्त होसकें। तथा साथमें वह व्याधि किस कारणसे हुई इसका भी ज्ञान होसके और वह व्याधि सरलतासे किस प्रकार पृथक् होसकती है, इसका भी थोड़ा बहुत ज्ञान होसके तथा हमारे मान्यवर कुछ चिकित्सक गण भी इस लेखसे लाभ उठा सकें और यदि कुछ त्रुटि हो तो कृपया शीघ्र ही बतलानेकी सत्प्रमाण कोशिश करें, बस इतना ही हेतु इस लेखका है।

जो आर्यश्लोक ऊपर कहा गया है वह महा महोपाध्यायश्री माधवाचार्य (जो कि वाग्भट्टके पीछे तथा भाव प्रकाशके कर्ता भावमिश्रजीके प्रथम हुए हैं) का है और इस लेखमें उसी श्लोकका भावार्थ स्पष्टतया समझाऊँगा। वास्तवमें माधवाचार्यजीने माधवनिदानकी रचना करके वैद्य संसारका जो असीम उपकार किया है उसके लिये वैद्य संसार यावच्चन्द्र दिवाकर ऋणी रहेगा और हम लोग भी त्रिकाल तक उनके कृतज्ञ रहेंगे।

ऊपरके श्लोकका भावार्थ-निदान, पूर्वरूप, रूप, उपशम, संप्राप्ति, इन पांच बातोंसे ही रोगका पूर्ण पूर्ण ज्ञान होसक्ता है।

१-प्रथम निदानका ही विस्तृत व्याख्यान करता हूं। "निदानं त्वादि कारणम्" इत्यमरकोषमें कहा है।

अर्थात सबसे पहिले कारणका नाम है निदान। जैसे किसी पुरुषने पहिले जो कुपथ्य किया और बाद कोई रोग उत्पन्न हो गया तो रोगके पैदा करनेका प्रधान कारण निदान ही कहलाया। व्याधि अर्थात रोग २ तरहसे होता है। १ दोषज, २ कर्मज-दोषज रोगमें तो खाना-पीना ही कारण है, किन्तु कर्मज व्याधिमें अपना पूर्वकर्म ही कारण है। इस तरह निदानके २ भेद होजाते हैं।

तथा दोषज व्याधिमें भी निदानके २ भेद हैं। १ संन्निकृष्ट निदान, २ विप्रकृष्ट निदान, १ सन्निकृष्ट निदान जैसे-किसीने शामको अधिक भोजन कर लिया प्रातःकाल उसको अजीर्ण होकर ज्वर आगया। यह तो सन्निकृष्ट निदानका उदाहरण हुआ।

२ विप्रकृष्ट निदान जैसे "हेमन्ते निचितः श्लेष्मा वसन्ते कफरोग कृत्" अर्थात हेमन्तकाल (अगहन पूष) में इकट्ठा हुआ जो कफ है वह कफ वसन्तकालमें (चैत वैशाखमें) कफ जन्य रोग पैदा करता है। तथा और भी "वर्षासु चीयते पित्तं शरत्काले प्रकुप्यति" वर्षाकाल अर्थात (सावन भादों) में इकट्ठा हुआ जो पित्त है वह क्वार कार्तिकमें वातपित्तज्वर अर्थात् मलेरियाज्वर पैदा करता है। इस तरह ये २ दृष्टांत विप्रकृष्ट निदानके हुए। उपर्युक्त निदानका ज्ञान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि यदि हमको निदानका पूर्ण ज्ञान हो जाय कि हमको अमुक पदार्थके सेवनसे अमुक रोग होगया है तो उस पदार्थका परित्याग कर दें। जिससे उससे होनेवाली व्याधि भी शान्त हो जाय।

अतएव प्रत्येक गृहस्थको इन बातका अवश्य ही ज्ञान होना चाहिये जिससे आने बालबच्चोंकी स्वास्थ्य रक्षामें प्रवीण होसके। क्योंकि छोटे २ बच्चोंको कई रोग ऐसे होजाते हैं जिनका ज्ञान वैद्यको सहसा नहीं होसक्ता। अतएव बच्चोंकी माताओंको निदानके जान लेनेसे बच्चोंके रोगका परिज्ञान करा सक्ती हैं। कारण बच्चे तो अपनी व्याधि अपने मुखसे बता नहीं सके अतएव निदानका जान लेना प्रत्येक गृहस्थ तथा खासकर हमारी माताओंको जान लेना बहुत जरूरी है।

२-पूर्वरूप अर्थात् रोगके लक्षण प्रगट होनेकी

अव्यक्त अवस्था। निदान हो जानेके बाद जब कोई व्याधि उत्पन्न होनेको तय्यार होती है तब उस रोगके कुछ २ अव्यक्त लक्षण होते हैं जिनसे कि रोगका कुछ ज्ञान कर सके हैं जैसे कि जिसको ज्वर आनेको होता है उसको थकावट सी मालूम होती है, मन बिगड़ासा लगना, शरीरमें ग्लानि होना, बदजायका हो जाना, नेत्रोंमें आंसूसे आना, कभी घाममें बैठनेकी इच्छा होना कभी ठंडे स्थानमें बैठनेकी इच्छा होना, जंभाईका आना, शरीरमें पीड़ा होना, रोमोंका खड़ा होजाना, अरुचि होना, आंखोंके साम्हने अंधयारीसी आजाना इत्यादि। प्रायः सभी प्रकारके ज्वरोंमें ये लक्षण होजाते हैं। इसलिये इनको सामान्य पूर्वरूप कहते हैं। विशेष पूर्वरूप वातज्वरमें जंभाई आती है। पित्तज्वरमें नेत्रोंमें जलन होती है, कफज्वरमें अरुचि होती है। इस प्रकार पूर्वरूपसे रोगका सामान्य ज्ञान होजाता है। कई रोग ऐसे भी होते हैं कि यदि उन रोगोंके पूर्व रूप न देखे जाय तो रोगका निश्चय नहीं कर सके। जैसे कि—रक्तपित्त और प्रमेह इन दोनों रोगोंमें रोगीकी पेशाब पीली तथा रुधिर वर्णकी होती है। सो यदि उस रोगीको प्रमेहके पूर्व रूप हैं तब तो उसे प्रमेही कहेंगे और यदि उसे प्रमेहके पूर्व रूप नहीं हैं, तो उसे रक्तपित्त रोगवाला कहेंगे जैसाकि चरक चिकित्सा स्थान अध्याय ६में कहा है " हारिद्रवर्णं रुधिरञ्चमूत्रं विना प्रमेहस्य हि पूर्वरूपैः, यो मूत्रयेत्तन्नवदेत्प्रमेहं रक्तस्यपित्तस्य हि स प्रकोपः" इति। अतएव पूर्व रूपका जानना ही बहुत जरूरी है।

३-तीसरा है रूप—अर्थात् रोगका सम्पूर्ण स्वरूप प्रगट होजाना। इसीको रूप कहते हैं जैसा कि कहा है—"तदेव व्यक्ततां याति रूपमित्यभिधीयते। संस्थानं व्यञ्जनं लिंगं लक्षणं चिह्नमाकृतिः"। अर्थात् पूर्व रूपावस्थामें जो लक्षण अप्रकट झलकमें थे, वे ही जब प्रगट झलकमें होजाते हैं तब उनको रूप कहते हैं। यह रूप तब ही होते हैं जबकि जिस दोषसे ज्वर आनेवाला होता है वह दोष प्रकट होजाता है तब ही वैद्य उस दोषके खास चिन्होंको देखकर यह निश्चय करता है कि यह वातज्वर है या पित्तज्वर है या कफज्वर है—या द्विदोषज है या त्रिदोषज है। जितने दोषके लक्षण मिलते हैं वैसा ही निदान करता है।

जैसे जिस मनुष्यको वातज्वर है तो उसके नीचे लिखे लक्षण होंगे। १—शीत लगकर कंपन होना, २—ज्वरका वेग कभी कम कभी अधिक, ३—कंठ तथा ओठोंका सूखना, ४—निद्राका नहीं आना, ५—छींकका नहीं आना, ६—शरीरका रूखासा होना, ७—शरीरमें पीड़ाका होना, ८—जीभमें स्वादका न होना, ९—पाखाना नहीं होना, १०—पेटमें दर्दका होना, ११—पेटका फूलना, १२—जंभाईका आना। यदि ये १२ लक्षण हों या कुछ कम भी हों तो मानना चाहिये यह वातज्वर है।

जिस मनुष्यको पित्तज्वर है उसको नीचे लिखे लक्षण होंगे। १—ज्वर बहुत जोरसे आना, २—दस्तोंका होना, ३ थोड़ी नींद [illegible], ४—वमनका होना, ५ कंठ ओष्ट मुख नासिका इनका पकासा होजाना, ६—पसीनाका आना,

७–प्रलाप करना, ८–मुखमें कडुआपन होना, ९–चक्करसे आना, १०–दाहका होना, ११–बावलासा होजाना, १२–पियासका लगना, १३–नेत्रोंका पीलापन होना, १४–पेशाब तथा मल भी पीलासा होना, १५–तथा भ्रमसा होजाना। ये सब लक्षण हों या कुछ कम हों तो जानना चाहिये इसको पित्तज्वर है।

जिस मनुष्यको कफज्वर है उसके निम्नलिखित लक्षण होंगे। १–ज्वरका वेग बहुत धीरा होना, २–शरीरमें गीलापनसा होना, ३–बहुत आलसीपन होना, ४–मुख मीठ सा होना, ५–पेशाब पाखाना सफेद रंगका होना, ६–शरीरके सब अंगोंका जकड़सा जाना, ७–भोजनमें अरुचि होना, ८–शरीरमें भारीपन होना, ९–वमन करनेकी इच्छा होना, १०–शरीरमें पीड़ाका होना। ये सब लक्षण हों या कुछ कम भी हों तो जानना चाहिये कि इसको कफज्वर है। या दो दोषके लक्षण हों तो द्विदोषज कहना चाहिये या तीनों दोषोंके लक्षण हों तो त्रिदोषज समझना चाहिये। इस प्रकार दोषोंकी न्यूनाधिकतासे रोगका पूर्ण निश्चय करना चाहिये। यहांपर मैं इस बातका निर्णय और कर देना चाहता हूं कि बहुतसे लोग यह समझते हैं कि केवल नाड़ीकी गतिसे ही रोगका पूर्ण विज्ञान होजाता है, और किसी बातके देखनेकी आवश्यकता नहीं है बल्कि यहांतक एक किंवदन्ती है कि पुराने वैद्य रोगीकी नाड़ीसे सूत बांधकर रोगका निश्चय करते थे। और रोगीको बिना देखे रोगका पूरा स्वरूप केवल सूतपरसे ही कर लेते थे। ऐसी किंवदन्ती पर कमसे कम मेरा विश्वास तो नहीं है और यदि होसका है तो एक ज्योतिषके बलसे अवश्य ही ऐसा जान सके हैं किंतु आयुर्वेदके सिद्धान्तसे तो मेरी समझसे ऐसा नहीं जान सके। क्योंकि प्रथम तो ऐसा वर्णन किसी शास्त्रमें नहीं आया–दूसरे रोगके जाननेके लिये जो शास्त्रोंमें बहुतसे लक्षण बतलाये हैं वे व्यर्थ होते हैं। यथा योगरत्नाकरमें कहा है—

रोगाक्रान्तशरीरस्य स्थानान्यष्टौ परीक्षयेत्।
नाडी-मूत्रं-मलं-जिह्वां-शब्द-स्पर्श-दगाकृती॥

अर्थात्–जिस मनुष्यको जो रोग हुआ हो यदि उसके रोगका ठीक२ निश्चय करना है तो उस रोगीकी ८ बातोंके देखनेसे ही रोगका पूरा ज्ञान होगा।

वर्तमानके अनपढ़े वैद्यगण प्रायः इन सब बातोंको नहीं देखते हैं, केवल नाड़ीसे ही रोगका पूरा ज्ञान करना चाहते हैं–जोकि यथेष्ट हो नहीं सक्ता। और जबतक रोगका ठीक२ निदान नहीं होजाता तबतक उसकी चिकित्सा भी नहीं होसक्ती। यदि चिकित्सा भी की जाय तो उसको यथेष्ट लाभ भी नहीं हो सक्ता। अतएव हमारी समस्त वैद्य महाशयोंसे सादर प्रार्थना है कि वे प्रत्येक रोगका शास्त्रोक्त विधिसे निदान करें। जिससे यथेष्ट लाभ हो तभी आयुर्वेदका व्यापी प्रचार होगा। तथा संसारका कल्याण होगा। मैंने इस लेखमें पंच निदानमेंसे केवल ३ निदानका ही वर्णन किया है बाकी बचे–उपशय और सम्प्राप्ति, इन दोनोंकी व्याख्या आगके उसी दिगंबर जैनके सामान्य अंकमें अवश्य ही करूंगा।

भवदीय–सत्यन्धर।

भरतैरावतमें वृद्धिह्रास किसका है ?

(श्रीमान् पं० मिलापचंद्र कटारिया जैन केकड़ी)

श्री भगवदुमास्वामी कृत तत्वार्थसूत्रके तीसरे अध्यायमें एक सूत्र है कि 'भरतैरावतयो वृद्धि-ह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्याम् ।' इसका शब्दार्थ ऐसा होता है कि—उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके छह कालोंमें भरत और ऐरावतका वृद्धि ह्रास होता है। इस सामान्य वचनके दो अभिप्राय होसके हैं। एक तो यह है कि—'भरत और ऐरावतका क्षेत्र घटता बढ़ता है और दूसरा यह कि 'भरतैरावतमें प्राणियोंके आयुकायादि घटते बढ़ते रहते हैं। 'भरतैराव-तयोर्वृद्धिह्रासौ ..' और 'ताभ्यामपरा भूमयोऽ-वस्थिताः' इन सूत्र वाक्योंसे न मालूम सूत्र-कारका असली अभिप्राय क्या था ? तत्वार्थसूत्र पर जो राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक, सर्वार्थसिद्धि, तत्वार्थसार जैसी विशाल टीकायें हैं वे भी एक-मत नहीं है और इन टीकाओंके अतिरिक्त अन्य जैनग्रंथोंका भी प्रायः यही हाल है। इन सबमें कोई ग्रंथकर्ता तो 'आयुकायादिकी वृद्धि ह्रासका कथन करते हैं किंतु 'भूमिका वृद्धि ह्रास नहीं होसका, या होसका' ऐसा कुछ नहीं कहते। कोई आयुकायादिकी ही वृद्धि ह्रास बताते हैं और भूमिके वृद्धि ह्रासका स्पष्ट खंडन करते हैं। तथा कोई ऐसे भी हैं जो क्षेत्रकी घटाबढ़ीका मुख्य उल्लेख करते हैं व आयुकायादिकी घटाबढ़ी गौणरूपसे बताते हैं और कोई सूत्रकारकी तरह केवल सामान्य ही विवेचन करते हैं। नीचे हम पाठकोंकी जानकारीके लिये इसी बातको ग्रंथोंके उद्धरण देकर स्पष्ट करते हैं। आचार्य नेमिचंद्र त्रिलोकसारमें कहते हैं कि—

"भरहेरावदेसु य ओसप्पुस्सप्पिणित्ति कालदुगा ,
उस्सेहाउबलाणं हाणीवड्ढी य होंतित्ति ॥ ७७९ ॥

अर्थ—भरत और ऐरावत क्षेत्रमें जीवोंके शरी-रकी ऊंचाई आयु बल, इनकी उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीकालमें क्रमसे वृद्धि हानि होती है।

सकलकीर्ति कृत मल्लिनाथपुराणके ७वें परि-च्छेदमें लिखा है—

"उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः षट्कालाः हानिवृद्धिदाः।
आयुःकायादि भेदेन सर्वे प्रोक्ता जिनेशिना ॥ ८८ ॥"

अर्थ—उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके छह काल आयुकायादिकी हानिवृद्धिको लिये हुये हैं ऐसा जिनेन्द्रने कहा है। इन अवतरणोंसे इतना ही सिद्ध है कि 'आयुकायादिकी हानिवृद्धि होती है' किन्तु इससे क्षेत्रकी हानिवृद्धि विषयक कुछ भी विधिनिषेध प्रकट नहीं होता। अस्तु आगे देखिये—

तत्वार्थ राजवार्तिकके तीसरे अध्यायमें उक्त सूत्रकी व्याख्या करते हुये श्रीमद्भट्टाकलंकदेव कहते हैं कि—

"इमौ वृद्धिह्रासौ कस्य भरतैरावतयोर्न तु क्षेत्रे व्यवस्थितावधिके कथं तयोर्वृद्धिह्रासौ अत उत्तरं पठति।"

अर्थ—यह घटना बढ़ना भरत और ऐरावत क्षेत्रोंका है। यदि यहांपर यह शंका हो कि—भरत और ऐरावतक्षेत्र तो अवधिवाले स्थित हैं कभी उनका बढ़ना घटना नहीं होसक्ता फिर यहां उनके वृद्धिह्रासका उल्लेख कैसा ? वार्तिककार इसका उत्तर देते हैं—

"तात्स्थ्यात्ताच्छब्द्यसिद्धिर्भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासयोगः ॥१॥ इहलोके तात्स्थ्यात्ताच्छब्द्यं भवति यथा गिरिस्थितेषु वनस्पतिषु दह्यमानेषु गिरिदाह इत्युच्यते। तथा भरतैरावतस्थेषु मनुष्येषु वृद्धिह्रासावारभमाणेषु भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासावुच्येते।"

अर्थ—संसारमें तात्स्थ्य रूपसे ताच्छब्द्यका अर्थात् आधेयभूतपदार्थोंका कार्य आधारभूत पदार्थोंका मान लिया जाता है, जिस प्रकार पर्वतमें विद्यमान वनस्पतियोंके जलनेसे गिरिदाह माना जाता है उसी प्रकार भरत और ऐरावत क्षेत्रोंके मनुष्योंमें वृद्धिह्रास कह दिया जाता है।

"अधिकरणनिर्देशो वा ॥ २ ॥"

"अथवा भरतैरावतयोरित्यधिकरणनिर्देशोयं स आधेयमाकांक्षतीति भरते ऐरावते च मनुष्याणां वृद्धिह्रासौ वेदितव्यौ।"

अर्थ—अथवा 'भरतैरावतयोः' यह अधिकरणनिर्देश है। अधिकरण सापेक्ष पदार्थ है वह अपने रहते अवश्य आधेयकी आकांक्षा रखता है। भरत और ऐरावत रूप आधारके आधेय मनुष्य आदि हैं इसलिए यहांपर यह अर्थ समझ लेना चाहिये कि भरत और ऐरावत क्षेत्रोंमें मनुष्योंका वृद्धि और ह्रास होता है।

इसी सूत्रका विवेचन करते हुए पूज्यपादाचार्यने सर्वार्थसिद्धिमें ऐसा कहा है—

"वृद्धिश्च ह्रासश्च वृद्धिह्रासौ। काभ्यां षट्समयाभ्यां। कयोः भरतैरावतयोः। न तयोः क्षेत्रयो र्वृद्धिह्रासौ स्तः। असंभवात्। तत्स्थानां मनुष्याणां वृद्धिह्रासौ भवतः। अथवा अधिकरणनिर्देशः भरते ऐरावते च मनुष्याणां वृद्धिह्रासाविति। किंकृतो वृद्धिह्रासौ ? अनुभवायुःप्रमाणादिकृतौ।"

भावार्थ—षट्कालोंमें जो वृद्धि ह्रास होता है वह भरतैरावतके क्षेत्रका नहीं होता, क्योंकि यह असंभव है, किन्तु भरतैरावतमें स्थित मनुष्योंके भोगोपभोग आयुकायादिका होता है। यही अधिकरण निर्देशसे भरतैरावतका कहा जाता है।

इन उल्लेखोंसे साफ प्रकट है कि 'भरतैरावत क्षेत्रकी हानि वृद्धि नहीं होसकती। बल्कि सर्वार्थसिद्धि कर्ताने तो उसे बिल्कुल असंभव बताया है। अब सामान्य कथन देखिये—

महाकवि वीरनंदिने चंद्रप्रभचरित काव्यके १८ वें सर्गमें कहा है कि—

"भरतैरावते वृद्धिह्रासिनी कालभेदतः।
उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यौ कालभेदावुदाहृतौ ॥ ३५ ॥"

तथा अमृताचार्य विरचित तत्वार्थसारमें लिखा है कि—

"उत्सर्पिण्यवसर्पिण्यौ षट्समे वृद्धिहानिदे।
भरतैरावतौ मुक्त्वा नान्यत्र भवतः क्वचित् ॥२०८॥"

इन श्लोकोंमें वही सामान्य कथन किया है जैसा कि तत्वार्थसूत्रमें है। इसी ढंगको लिये हुये ऐसा ही अस्पष्ट कथन हरिवंशपुराणमें जिसमें कि तीन लोकका खूब विस्तृत वर्णन है, जिनसेनने लिखा है। यथा—

सातवें सर्गके ६२वें श्लोकका हिन्दी अनुवाद ऐसा—'उत्सर्पिणी अवसर्पिणीमें भरतैरावतके पदार्थोंका वृद्धि ह्रास होता है' (संस्कृत ग्रन्थ सामने न होनेके कारण श्लोक नहीं दिया गया)।

अब क्षेत्रकी हानि वृद्धि माननेवालोंकी सुनिये। विद्यानंद महोदय अपने श्लोकवार्तिकमें 'तान्याः-मपरामूमयोऽवस्थिताः' सूत्रकी व्याख्या करते हुये कहते हैं कि—

"न हि भरतादिवर्षाणां हिमवदादिवर्षधराणां च सूत्रत्रयेण विष्कंभस्य कथनं बाध्यते प्रत्यक्षानुमानयोस्तदविषयत्वेन तद्बाधकत्वायोगात्। प्रवचनैकदेशस्य च तद्बाधकस्याभावात् आगमांतरस्य च तद्बाधकस्याप्रमाणत्वात्। तत एव सूत्रद्वयेन भरतैरावतयोस्तदपरभूमिषु च स्थिते भेदस्य वृद्धिह्रास योगायोगाभ्यां विहितस्य प्रकथनं न बाध्यते।" (पृ० ३९४)

इसका भाव ऐसा है कि—भरतैरावत क्षेत्रका वृद्धिह्रास माननेपर ऊपर तीन सूत्रोंमें जो भरतादिक्षेत्र और हिमवदादि वर्षधर पर्वतोंका विस्तार वर्णन किया है उसमें बाधा आयगी। शंकाकारकी इस शंकाका उत्तर देते हुये विद्यानंदि लिखते हैं कि—'उसमें कोई बाधा नही आसक्ती क्योंकि वह प्रत्यक्ष अनुमानका विषय नहीं है। रही आगम प्रमाणकी बात सो प्रवचनका एक देश तो उसमें कोई बाधा नहीं देता और जो उसके बाधक आगमांतर हैं वे अप्रमाण हैं इसलिये सूत्रद्वयसे जो भरतैरावत और अपर भूमिके वृद्धिह्रासके योग अयोगका किया कथन है वह अबाधित है।

जो लोग इसका विपरीत भाव निकालते हैं उन्हें श्लोकवार्तिकके पृष्ठ ३७८ की निम्नस्थ पंक्तियोंपर ध्यान देना चाहिये—

"भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्यां इति वचनात् तन्मनुष्याणामुत्सेधानुभवायुरादिभिर्वृद्धिह्रासौ प्रतिपादितौ न भूमेरपरपुद्गलैरिति न मन्तव्यं, गौणशब्दप्रयोगान्मुख्यस्य घटनादन्यथा मुख्यशब्दार्थातिक्रमे प्रयोजनाभावात्। तेन भरतैरावतयोः क्षेत्रयोः वृद्धिह्रासौ मुख्यतः प्रतिपत्तव्यौ, गुणभावतस्तु तत्स्थमनुष्याणामिति तथा वचनं सफलतामस्तु ते प्रतीतिश्चानुल्लंघिता स्यात्"।

भावार्थ—"भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ...." इत्यादि सूत्रकारके वचनोंसे क्षेत्रस्थित मनुष्योंके आयुकायादिका वृद्धिह्रास प्रतिपादन किया है न कि पौद्गलिक भूमिका। प्रतिवादीका ऐसा कहना ठीक नहीं है क्योंकि गौण शब्दके प्रयोगसे मुख्य अर्थ घटित होता है वर्ना निष्प्रयोजन मुख्य शब्दका अर्थ क्यों छोड़ा जावे। अतः भरतैरावतके क्षेत्रका वृद्धिह्रास मानना ही मुख्य है और उन क्षेत्रस्थ मनुष्योंका वृद्धिह्रास मानना गौण है इस प्रकार कहना ही ठीक है और यही प्रतीतिमें आता है।

श्लोकवार्तिकके इस कथनसे साफ है कि विद्यानंदस्वामी भूमिकी घटी बढ़ीको मुख्य रूपसे मानते हैं साथ ही उनकी उक्त कारिकासे यह भी प्रकट होता है कि उस समय क्षेत्रकी हानि वृद्धिको माननेवाले और न माननेवाले दोनों प्रकारके आगम मौजूद थे, जिसे उन्होंने 'प्रवचनैकदेशस्य च तद्बाधकस्याभावात् आगमांतरस्य च तद्बाधकस्याप्रमाणत्वात्' शब्दोंसे प्रकट किया

है और श्रेयकी हानिवृद्धिके कारण आगमको अप्रमाण कोटिमें डाल दिया है। न केवल यही बल्कि श्लोकवार्तिकमें आकाशसे भूमिको पृथक् माननेसे भी इंकार किया है जैसा कि आपकी निम्न पंक्तियोंसे जाहिर किया है—

'न च वयं वर्षणकालमेव भूमिं मन्यामहे ... विरोधात् तस्याः ... ' पृष्ठ १७७।

पुनः—

'तथापि भूमिनिम्नत्वोन्नतत्वविशेषमात्रस्यैव गतेः तस्य च भरतैरावतयोर्दृष्टत्वात्' पृ० १७८

ऐसे ही गुणभद्राचार्यकृत उत्तरपुराणके इस श्लोकसे ध्वनित होता है। यथा—

"ततो धरण्या वैषम्यविगमे सति सर्वतः।
स्वर्णाभा समाभूमिः समाप्तावावसर्पिणी॥ ४५२॥
पर्व ७६"

अर्थ—इसके बाद पृथ्वीका विषमपना सब नष्ट होजायगा और चित्रा पृथ्वी निकल आवेगी तथा यहां ही पर अवसर्पिणी काल समाप्त हो-जायगा।

श्लोकवार्तिकमें अन्य भी कई ऐसी बातें हैं जो ग्रंथान्तरोंसे एकमत नहीं रखतीं, उनका विशेष विवेचन अन्य स्वतंत्र लेखद्वारा बताया जासकता है। श्लोकवार्तिकमें एक खास उल्लेख योग्य विषय यह है कि—'मेरुप्रदक्षिणा नित्यगतयो नृलोके' सूत्रके निरूपण करते हुये भूलोक भ्रमण पर अच्छा विचार किया गया है इसप्रकारका वर्णन अन्य संस्कृत प्राकृत ग्रन्थोंमें नहीं मिलता है। यह खूबी श्लोकवार्तिकमें ही है। ऐसी महान् उपयोगी पुस्तकका हिंदी अनुवाद न होना सचमुच जैनियोंके लिये शर्मकी बात है। यद्यपि श्लोकवार्तिककी रचना दुर्गम है तथापि अगर कोई अच्छासा विद्वान् कोशिश करे तो इसका हिंदी अनुवाद बनना असंभव नहीं है। मगर हमारे जैनपंडितोंको तो इधर उधरके झगड़ोंसे ही फुरसत कहां जो वे ऐसा कर प्रवचनका माहात्म्य प्रसिद्ध करें। हम फिर भी कहते हैं कि—यदि इसका हिंदी अनुवाद प्रकट हो तो कई सैद्धांतिक विषयोंपर अच्छा प्रकाश पड़ सकता है—कई नई बातें जाननेमें आसकती हैं (यदि इसकी लिखित हिंदी टीका कहीं हो तो हमें सूचित करनेकी कृपा करें) इस विषयमें श्वेतांबरोंका आगम निम्नप्रकार है—

आत्मारामजी कृत 'सम्यक्त्व शल्योद्धार' पुस्तकके पृष्ठ ४९ में लिखा है कि—

'शाश्वती वस्तु घटती बढ़ती नहीं है सो भी झूठ है क्योंकि गंगासिंधुका पाट, भरतखण्डकी भूमिका, गंगासिंधुकी वेदिका, लवण समुद्रका जल वगैरह बधते घटते हैं।'

इस सारे विवेचनमें जो ऊपर दि० जैनोंके आगम वाक्य उद्धृत किये गये हैं उनमें करीब२ सब ही विद्यानंदसे सहमत नहीं मालूम होते, खास कर अकलंक और पूज्यपाद तो बिलकुल ही विरुद्ध हैं। हरिवंशपुराणका कथन श्वेतांबरोंके सम्यक्त्व शल्योद्धारसे कुछ समता रखता है। हां, भगवती सूत्रकारके वचन जरूर विद्यानन्दकी तरफ झुकते ज्ञात होते हैं और श्वेतांबरोंके उक्त कथनके साथ तो विद्यानंदका अति साम्य है ही। किंतु दि० जैन ग्रन्थ ऐसा देखनेमें नहीं आता जिसमें विद्यानंदकी तरह

क्षेत्रकी हानि वृद्धिका स्पष्ट उल्लेख हो । विद्वानोंका कर्तव्य है कि वे इस विषयके प्राचीन ग्रन्थ टटोलें । खोज करनेपर जरूर कुछ इस विषयके रहस्यका उद्‌घाटन होगा । विद्यानंदजीके "प्रवचनैकदेशस्य च तद्‌बाधकस्याभावात्" वाक्यसे तो वैसा कथन मिलनेकी और भी अधिक संभावना है ।

स्वामी विद्यानंदजी बड़े नैयायिक विद्वान थे इसलिये तर्क बलसे वैसा कथन कर दिया होगा ऐसी आशंका करना भी ठीक नहीं है । विद्यानन्द जैसे एक ऊँचे आचार्यके प्रति वैसी भावना रखना एक बहुत बड़ा दुर्भाग्य समझना चाहिये । किसी सिद्धान्तकी बातको स्वरुचिसे निरूपण करना स्वयं विद्यानन्दजीने अनादरणीय कहा है । यथा -'स्वरुचिविरचितस्य प्रेक्षवतामनादरणीयत्वात्' श्लोकवार्तिक पृ० २ ।

पुनः—

'न पूर्वशास्त्रानाश्रयं यतः स्वरुचिविरचितत्वादनादेयं प्रेक्षावतां भवेदिति यावत्' श्लोकवार्तिक पृ० २ ।

जिन्होंने विद्यानंदजीके ग्रंथोंका मनन किया है वे मानते हैं कि जिनशासनका जो कुछ भी गौरव है उसका श्रेय विद्यानंद जैसे आचार्य महोदयोंको ही है । अतः विद्यानंदजीकी कृतिपर अश्रद्धा प्रकट करना निःसार है । बल्कि हमें तो उनसे अपनेको धन्य समझना चाहिये कि—ऐसे२ तार्किक दिग्गज विद्वानोंने भी परमपावन जिनेन्द्रके शासनका आश्रय लिया है और जब कि विद्यानंदस्वामीने खुद अपने कथनको प्रवचनके एक देशसे अबाधित लिखा है तो फिर स्वरुचिरचनाकी कल्पना उठानेको स्थान ही कहां है ?

मिलापचंद कटारिया ।

नोट—जैन भूगोलपर अभीतक गवेषणा पूर्ण तुलनात्मक दृष्टिसे किसी भी विद्वान्‌ने अध्ययन किया हो, यह मालूम नहीं है ! इस दशामें पं० मिलापचन्दजीके उक्त लेखके लिये हम आभारी हैं । जो विद्वान् जैन भूगोलमें तनिक भी 'चूं चरा' करनेकी गुंजाइश नहीं बताते उन्हें देखना चाहिये कि इस विषयमें कितना मतभेद आज नहीं पहलेसे चला आरहा है । वे वृथा ही 'धर्मचक्र'का भय दिखाकर पदार्थ निर्णयसे लोगोंको विमुख करते हैं । आशा है—पंडित मिलापचंदजी भूभ्रमण विषयमें भी तुलनात्मक दृष्टिसे प्रकाश डालनेकी कृपा करेंगे । सं० ।

गजल !

इकदिन मिलेंगे सबको, जोरो सितमके बदले ।
आखिर बचै न कोई, ऐसे जुरमके बदले ॥
बनकर हबीब, दुश्मन, वोही हुए हमारे ।
क्या खूब मोविजा है, फजलो करमके बदले ॥
इन्साफकी नजरसे, देखा अगरचै जावे ।
क्या जुल्म ये रवा है, जालिम रहमके बदले ॥
सरपै घटाएँ गमकी, सबके घिरी हुई हैं ।
हंसते हो क्या हमारे, रंजो अलमके बदले ॥
ईसांको ठोकरोंसे, आती है अक्ल देखो ।
पीते हैं छाछ डरकर, शोरे गरमके बदले ॥
भूलेंगे हम न हरगिज, ये भी अदाएँ उनकी ।
कफनी मिली है हमको, जाहो हशमके बदले ॥
कायम रहेंगे "प्रियवर", पीछे नहीं हटेंगे ।
चाहे बलासे जाऐ, जां भी धरमके बदले ॥

भवदीय-पन्नालाल जैन, प्रिय, विन्द्रावन ।

वीर निःकलंकका बलिदान.

(ले०-प्रदी० बा० ज्योतिप्रसादजी जैन सं० जैन-देवबंद)

प्रत्येक धर्माचार्य, धर्मगुरु या धर्मप्रचारकने अपने धर्मकी नींव प्रेम, सत्य, शील, संजम, त्याग और अहिंसा आदि शुभ गुणोंपर रक्खी है। चूंकि धर्मका संबंध आत्मीक उन्नति और कल्याणसे है इसलिये यह गुण आत्मीक हितके सहायक और साधक हैं, हिंसा असत्य, द्वेष, कषाय आदि दुर्गुण आत्महितके नाशक और बाधक हैं इसलिये वे त्याज्य हैं, बस यही धर्मका मूल मंत्र है। संसार परिवर्तनशील है इस सिद्धांतके अनुसार संसारमें हमेशा परिवर्तन होता रहता है। धर्मगुरुओंके अभावसे धर्मका स्वरूप बदल जाता है, उसका मूल मंत्र पक्षपातकी चक्कीमें पिस जाता है। धर्मश्रद्धाकी जगहको धर्मान्धता आ घेरती है और अपने धर्मप्रचारका ऐसा पागलपन छा जाता है कि एक धर्मका अनुयाई अपने अधिकार और पाशविक बलसे अन्य किसी भी धर्मके व्यक्तिकी सत्ताका कुछ भी मूल्य नहीं समझता। वह धर्मके अंधे जोशमें उसको भांति २ की पीड़ा देने और उसकी जीवनलीला समाप्त कर देनेको अपना सौभाग्य और कर्तव्य समझता है और अपनी तमाम शक्तिको इस ही पुण्य कार्यमें लगाकर अपने ईश्वरका प्रशंसापत्र और स्वर्गलोक जानेका टिकट मिलजाना ख्याल करता है।

धर्मान्ध पुरुषोंकी इन काली करतूतोंसे इतिहासके कितने ही पवित्र पन्ने कलंकित हुये दिखाई देते हैं, इन्हीं धर्मान्ध पुरुषोंकी द्वेषाग्निमें वीर निःकलंकने किस प्रकार अपने प्राणोंकी आहुति दी और किस प्रकार धर्मकी यज्ञवेदीपर उनका बलिदान किया गया, यह समाचार "दिगंबर जैन" के सुयोग्य पाठक ज़रा ठंडे दिलसे पढ़े—

यह उस जमानेकी बात है जब कि बौद्ध-मतकी कड़ी दोपहरी भारतवर्षमें विद्यमान थी। महात्मा बुद्धका उच्चादर्श, सत्योपदेश, और प्रेमसिद्धांत, ठुकराये जाचुके थे। बौद्धमतकी अहमन्यता और धर्मान्धता बौद्धोंकी नसर में प्रवेश कर चुकी थी। बौद्धोंके कहे जाने वाले धर्मगुरू केवल धर्मपक्षके कारण हृदयहीन और कठोरचित्त होकर अन्य मतावलंबियोंके प्राण क्षुद्र पशुओंकी भांति लेलेनेकी सम्मति देते हुये जरा संकोच भी नहीं करते थे। इनकी इस सम्मतिका मूल्य वर्तमानकी प्रिवीकौंसिलकी आज्ञासे कहीं अधिक बढ़ा चढ़ा होता था। बौद्धराजा इनकी आज्ञाका पालन करना अपना धार्मिक कर्तव्य समझते थे। बहुतसे धर्माचार्योंने धर्मरक्षार्थ धर्मद्रोही समझे जाने वाले मनुष्योंके प्राण लेलेनेका स्वतः अधिकार प्राप्त था। उस समय जैनधर्मका सूर्य प्रायः अस्तसा होचुका था। जो मनुष्य जैनधर्मके राग गाता देखा जाता था उसके प्राण लेलेना पुण्यकार्य समझा जाता था। जैनोंकी पूज्य प्रतिमायें खंडित और जैनधर्मके ग्रंथोंको जला देनेकी आज्ञा दी हुई थी। अतः धर्मान्धताका पूरा २ साम्राज्य छाया हुआ था। ऐसे निःकृष्ट समयमें "मान्यखेट" नगरीके राजमंत्रीकी सुशीला धर्म-पत्नीके उदरसे दो धर्मवीर उत्पन्न हुये। बड़े

भाईका नाम "अकलंक" और छोटे भाईका "निःकलंक" रक्खा गया। इनके माता पिता श्री वीर भगवानके अनन्य भक्त और जैनधर्मके पूर्ण श्रद्धालु थे। इन दोनों भाइयोंकी प्रारम्भिक शिक्षा भी जैनधर्मके पवित्र सिद्धांतोंके आधारपर हुई थी। इसलिये इनको जैनधर्मसे उतना ही प्रेम था कि जितना आत्मोन्नतिके अभिलाषियोंको होना चाहिये।

जब यह दोनों भाई कुछ बड़े हुए तब जैनोंपर होनेवाले बौद्ध लोगोंके अत्याचारोंपर इनका ध्यान गया। इन्होंने देखा कि जैनोंके विशाल देव मंदिरोंपर बौद्ध लोग अपना अधिकार जमा रहे हैं, पूज्य देव मूर्तियोंका अविनय करनेपर तुल रहे हैं और धर्मग्रंथोंको जलप्रवाह या अग्निदेवकी भेंट चढा रहे हैं तब इनको अत्यंत कष्ट हुआ और आंखोंसे अश्रुधारा बह चली। उस समय जैनोंकी जो धार्मिक दुरावस्था थी उसका अन्दाज केवल इससे लग सकता है कि इन्होंने अपनी पूज्य मूर्तियोंको इन दुष्टोंके हाथोंसे बचानेके लिये पृथ्वीकी गोदमें देना और धर्म ग्रन्थोंको अलमारियोंमें बन्द करके छुपे हुए अंधेरे तहखानोंमें रखना शुरू कर दिया था। उस समयकी दबाई हुई जैन मूर्तियें पृथ्वीकी गोदसे प्रायः अब भी निकलती रहती हैं और शास्त्रोंके उन छुपे भंडारोंपर कीड़ोंने अपना अधिकार जमा लिया है। इन दोनों धर्मवीरोंने धर्म और समाजकी यह दुरावस्था देखकर निश्चय किया और प्रतिज्ञा धारण की कि हम जीवन पर्यंत "ब्रह्मचारी" रहकर और बौद्ध शास्त्रोंकी शिक्षा पाकर श्री वीर प्रभुके धर्मका प्रचार करेंगे और जैनधर्मका झंडा फहरायेंगे।

एक सच्चा वीर पुरुष प्रतिज्ञाबद्ध होकर भला क्या नहीं कर सकता? और फिर उसकी वह प्रतिज्ञा भी धर्मप्रचारके भावोंको लेकर की गई हो तब तो फिर कहना ही क्या है "सोना और सुगंध"। इन वीर बालकोंने अपने व्रतको पूरा करनेके उद्देश्यको लेकर अर्थात् बौद्ध धर्मकी शिक्षार्थ "बौद्ध विद्यालय"में प्रवेश किया और एक प्रसिद्ध धर्माचार्यसे शिक्षा पाने लगे। बालक तीव्र बुद्धि और परिश्रमी थे। इससे धर्माचार्यको बड़ी प्रसन्नता हुई, बड़े ही उत्साहके साथ पढ़ाया, बौद्ध धर्मकी तमाम बातें और सिद्धान्त भलेप्रकार समझा दिये और इन्होने भी समझनेमें कोई कमी नहीं की। हां! यह बात जरूर थी कि अकलंककी बुद्धि अत्यन्त तीक्ष्ण थी वह एकबारके समझनेमें सब कुछ समझ जाता था इससे अकलंकका ज्ञान बहुत कुछ बढ़ गया था। एक दिनकी बात कि धर्माचार्यजी किसी धार्मिक ग्रन्थका स्वाध्याय कर रहे थे। एक तात्त्विक चर्चा जैनधर्म सम्बधी ऐसी विकट समस्याके रूपमें आखड़ी हुई कि बिचारे बहुत कुछ प्रयत्न करनेपर भी न सुलझा सके, ग्रन्थके पन्नेपर निशान लगाकर कुछ देरके लिये बाहर जाकर टहलने लगे। इनके चले जानेपर अकलंकने (जो धर्माचार्यकी इस घबराहटको देख रहे थे और मन ही मन समझ रहे थे कि जरूर कोई न कोई कठिन समस्या उपस्थित है जिसको गुरूजी सुलझानेका प्रयत्न करते हुये भी नहीं सुलझा सके और थक कर बाहर चले गये)

अल्माके पन्नेको उठाकर देखा और समस्याको झट सुलझा दिया और उसकी व्याख्या बाललिपिमें लिखकर वहींपर रख दी। कुछ देर पीछे गुरुजी आये और आते ही उस पन्नेको देखने लगे। देखते क्या हैं कि जिस समस्याको वे बहुत कुछ दिमाग लड़ानेपर भी न सुलझा सके थे वही समस्या किसी व्यक्तिने सुलझा कर रख दी है, तब बड़े घबराये और दिलमें निश्चय कर लिया कि मेरे विद्यालयमें जरूर कोई जैन सिद्धांतका जाननेवाला बालक मौजूद है। अन्यथा इस तरहको गुत्थीको सुलझाना किसी साधारण बोधका काम नहीं है। भय यह हुआ कि यदि कोई जैन बालक बौद्ध ग्रन्थका ज्ञान प्राप्त करके फिर बौद्ध धर्मका खण्डन करनेके लिये मैदानमें आ डटा तो बड़ी मुश्किल पेश आयगी, बौद्ध धर्मको बड़ा भारी धक्का लगेगा। संसारमें जैनधर्मका छिपा हुआ सूर्य फिर उदय होजायगा। इस जैन विद्यार्थीका जीवन बौद्ध धर्मकी मृत्युसे किसी प्रकार भी कम नहीं है, और वह मृत्यु भी कैसी, अत्यंत भयानक। इस विद्यार्थीका जीवन सोनेके लिये कसौटी और बौद्ध धर्मकी पोल खोलने और मायाजाल रूपी अन्धकारको नाश करनेके लिये प्रकाशका काम देगा। इसलिये इस जैन बालकका शीघ्र पता लगाकर इसकी जीवनलीला समाप्त कर देनी चाहिये। क्योंकि दुश्मनको जीनेका अवसर देना अपने जीवनको संकटमें डालना है।

अब वीर बालकोंको पकड़नेके लिये भांतिरके उपाय किये जाने लगे। परन्तु सब व्यर्थ गये। तब एक जैन देवताकी पूज्य प्रतिमा मंगाई गई और तमाम विद्यार्थियोंको उसपरसे लंघनेकी आज्ञा दी गई। बारी२ से कुल विद्यार्थी उलघ गये। हमारे धर्मवीर भी मूर्तिपर सूतका धागा डालकर उसको दिगम्बरत्वसे रहित और परिग्रह सहित पत्थरकी मूर्ति मान कर कूद गये। जब आचार्यजी इसप्रकार भी सफलमनोरथ न हुये तब अत्यन्त विचारके पश्चात् एक उपाय ढूंढ निकाला और वह उपाय था भी बहुत कुछ उपयुक्त अर्थात् विद्यालयमें कांसीके बहुतसे वर्तन मगाये गये और निश्चित किया गया कि रातके पिछले पहरमें यह वर्तन ऊपरकी मंजिलसे पटक दिये जांय। तब बहुत बड़ा धमाका होगा उस समय विद्यार्थीगण भयभीत होकर अपने२ इष्टदेवका नामोच्चारण करेंगे। तब जैनी बालक सुभीतेके साथ पकड़े जा सकेंगे और हुआ भी ठीक ऐसा ही, वर्तन गिरते ही बड़े जोरका धमाका हुआ। सब बालक भयभीत होकर प्रेमके अवतार बुद्ध भगवानका नाम लेते हुये बाहर निकले, हमारे दोनों धर्मवीर भी अपने इष्टदेव श्री वीर भगवानका नाम लेते हुये उठ खड़े हुये। अभी यह उठकर बाहर आना ही चाहते थे कि धर्मांधपुरुषोंके द्वारा फौरन ही बंदीकर लिये गये व धर्माचार्यके सन्मुख पेश किये गये। इस पापी आचार्यने धर्मके अन्धे जोशसे प्रेरित होकर और अपने मजिस्ट्रेटी अधिकारसे काम लेकर आज्ञा देदी कि "इन दोनों विद्यार्थियोंको सात मंज़िलवाले मकानसे रातके समय नीचे पटक दिया जाय" न्यायका अभिनय समाप्त हुआ और दोनों भाइयोंको बन्दीगृहमें डालकर पहरा लगा दिया गया।

बन्दीघरमें बैठे २ छोटा भाई निःकलंक बड़े

भाई अकलंकसे विनम्र होकर कहने लगा—पूज्य भाई, आप बड़े हैं मै आपके सामने कुछ कहते हुये बहुत संकोच करता हूं; परन्तु अब जैनधर्म और जैन समाजके जीवन, मरणका प्रश्न हमारी आंखोंके सामने भयानक रूपमें खड़ा हुआ है। हम दोनों भाई जैनधर्म और समाजके हितार्थ अपना२ जीवन प्रतिज्ञा रूपमें समर्पण कर चुके हैं, हमने बहुत दिनोंतक गुप्तरूपसे बौद्ध विद्या-लयमें शिक्षा पाकर बौद्धधर्मके शास्त्रोंका अध्ययन किया है और उसके कपोलकल्पित सिद्धांतोंसे भलीभांति परिचित होगये हैं और मुझसे आपका ज्ञान बहुत कुछ बढ़ा चढ़ा है, आप जैनधर्मका प्रचार बहुत कुछ कर सकते हैं। अब पूज्य भाई, कुछ ऐसा उपाय करो कि जिससे हमारा वह मनोरथ सिद्ध हो कि जिसके लिये हमने आजन्म ब्रह्म-चारी रहकर सेवा करनेका संकल्प उठाया हुआ है।

यह सुनकर बड़े भाई अकलंकने कहा—प्यारे भाई, तुम्हारा कहना सर्वथा सत्य है। वीरप्रभूने बतलाया है कि जिस मनुष्यने आत्मज्ञान पाकर उसके प्रकाश द्वारा मिथ्याती जीवोंके दुखरूपी अंधकारका नाश न किया—शक्तिशाली और सामर्थ्यवान होकर दीन दुःखी और असहायोंकी सहायता न की और धन पाकर दया दानमें टका खर्च न किया, उस मनुष्यका जीवन नि-ष्फल और निष्काम है। जिस देश या समाजमें ऐसे अधम पुरुषोंका अस्तित्व पाया जाय उसका जीवित रहना सर्वथा आश्चर्यजनक है। भाई निःकलंक, हम पर द्रव्य नहीं है जो दया दानमें लगा सकें। हम ऐसे बलवान भी नहीं हैं कि जो असहायोंकी कुछ सहायता कर सकें। परन्तु हां, किसी शुभके उदयसे कुछ ज्ञान जरूर पाया है यदि इससे भी मिथ्यातके अन्धकारको दूर न कर सके तो हमारा मनुष्य जन्म पाना ही निर-र्थक है। वैसे तो मनुष्य मात्रका कर्तव्य है कि तन, मन, धन, लगाकर धर्मकी सेवा करे और संसारके दुःखी जीवोंको उनके हितका मार्ग दिखलाये। फिर हमने तो इस पुण्यकार्यका बीड़ा ही उठाया हुआ है।

इन बातोंके पश्चात यह दोनों धर्मवीर बंदी-गृहसे निकलनेका उपाय सोचने लगे। कुछ देर पीछे पहरेदारोंके अचेत होनेपर यह दोनों वीर बालक मौका पाकर निकल भागे और भागे भी बहुत कुछ जीतोड़कर। उधर ये भागे जारहे थे इधर यह मालूम होनेपर कि दोनों अपराधी जेलखा-नेसे भाग गये हैं चारों तरफ घोड़ेके सवार दौड़ाये गये। इन सवारोंकी म्यानसे बाहर हुई खूनी तलवारें किसी निरपराधीके रक्तपानकी प्यासी दिखाई देती थीं। अभी२ इन धर्मवीरोंको घोड़ोंकी टापें सुनाई पड़ीं और पृथ्वीकी धूल उड़ती दिखाई दीं। सोचा कि हो न हो अत्याचारि-योंकी फौज आरही है। निष्कलंक बोला—पूज्य भाई, दुष्ट लोग सरपर आगये हैं, अब हमारी मृत्यु निकट है। इन पापियोंकी खूनी तल-वारें जरूर हमारा खून पियेगी। और हम अपने व्रतको पूरा न करके इस असार संसारसे योंही चल बसेंगे। यह अच्छा नहीं है। पूज्य भाई, अब मोहजालको तोड़ दो। मोह ममत्वमें फंसकर धार्मिक कर्तव्यकी इतिश्री न करो। आवो भैय्या आगे आवो। और इस सरोवरके कमल दलमें छुप जाओ। आप विद्वान हैं,

साहसी हैं, पराक्रमी हैं, चतुर हैं, और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावके अनुसार प्रवर्तनेवाले हैं। आपके द्वारा जैनधर्मका बहुत कुछ चमत्कार और समाजका बहुत कुछ उपकार होगा। जाओ भैय्या जाओ, देर न करो, क्योंकि दुश्मनोंका लश्कर बहुत ही निकट आगया है।

अकलंक देव कुछ बोलना ही चाहते थे कि वीर निःकलंकने फिर वीरतापूर्ण शब्दोंमें कहा कि भैय्या, जीवन क्षणभंगुर है, जीवनके साथ मृत्यु लगी हुई हैं परन्तु देखना यह है कि मृत्यु होती किसकी है। आत्मा तो अजर अमर है वह तो मरता ही नहीं। मृत्यु होती है इस अपवित्र और घिणावने शरीरकी। फिर होने दो इसकी क्या चिन्ता। मेरा और आपका इस शरीर सम्बन्धी इतना ही सम्बन्ध था। अब समाप्त होनेवाला है। अतः जाओ जाओ अब भी समय है अन्यथा समय चूककर पछताना पड़ेगा— अत्याचारियोंकी तलवारें हम दोनोंकी जीवन लीलायें समाप्त कर देंगी। फिर धर्मका उद्धार और हमारा पवित्र व्रत कैसे पूर्ण होगा। लीजिये मैं चला। प्रणाम !

यह कहकर वीर निःकलंक भाग पड़ा। अकलंक देव देखते देखते रह गये। भाईके मोहकी प्रबलताने आखोंमें दोचार पवित्र आंसू छलका ही दिये। इधर भ्रातृ वियोगका शोक और उधर धर्मपर बलिदान होनेका सौभाग्य, बस अब इतना भी समय नहीं है कि जो हमेशाके लिये बिछुड़नेवाले भाईसे दो बातें ही कर ली जांय। मन मसोक कर अकलंक देव कमलोंके झुंडमें जा छुपे और प्यारे भाईसे हमेशाके लिये जुदा हो गये।

वीर निःकलंक भागा जारहा है। जो इसको भागकर जाते और पीछे घुड़सवारोंको आते देखता है वही घबराकर जिधर मौका पाता है, भाग पड़ता है। यहां तक कि इस अत्याचारसे जंगलके पशु पक्षी भी न बच सके। उनको भी घबराहटके साथ भाग दौड़ करनी पड़ी। सबने देखा कि जरूर कोई बड़ी भारी मुसीबत आरही है जो सब ही जीव व्याकुल नजर आरहे हैं।

वीर निःकलंकके पीछे एक अपरिचित और गरीब पथिक भी भाग पड़ा। बस फिर क्या था। शिकारियोंने अपना शिकार पा लिया। इनको चाहिये था क्या ? दो आदमियोंका एक साथ होना। बस इन दोनोंको एकसाथ भागते समझ लिया कि भागे हुये बन्दी यही दोनों हैं।

कहते छाती फटती है कि इन जालिमोंकी खूनी तलवारें वीर निःकलंक और दीन पथिकके निरपराधी शरीरोंपर क्षणमात्रमें आपड़ी। देखते ही देखते दोनों जनोंके पवित्र शीस कट कर पृथ्वीकी छातीपर आ गिरे, मृत शरीर धूलमें लौटने लगे और खूनके फव्वारे छूट निकले।

अत्याचारियोंके धार्मिक कर्तव्यकी इतिश्री हुई। दोनों कटे हुये शीस धर्मान्ध और पापी आचार्यके सन्मुख लेजाकर रखे गये। इस दुष्टके आनन्दकी कोई सीमा न रही। इसने समझ लिया कि सचमुच बाजी मारली। और पृथ्वीसे बौद्ध धर्मके विरोधियोंका सर्वथा अंत कर दिया। अब सुख चैनकी नीन्द सोनेका सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

परन्तु जिस प्रकार बन्दीगृहमें कर्मयोगी श्रीकृष्ण जन्मे और लालनपालनके लिये सुरक्षित स्थानपर पहुंचा दिये गये, पापी कंसको ज़रा भी खबर न हुई, इस ही प्रकार इस धर्मान्ध गुरुको क्या खबर है कि बौधधर्मकी धज्जियां उड़ानेवाला अभी संसारमें जीवित है और कमलदलमें विराजमान है। यह निरपराधियोंका खून अवश्य रंग लायगा और वह समय बौद्ध धर्मके लिये शीघ्र आयगा जब कि इसकी सत्ता भारतवर्षसे सर्वथा ही मिट जायगी। क्योंकि—

" अत्याचारका कटुक फल अत्याचारियोंको अवश्य ही भोगना पड़ता है। " "ज्योति"

श्रीवीर-स्तुति।

हे वीर जिनवर आपने जब ज्ञान अनुभवको किया।
तब सुःखके साम्राज्यपर स्वामित्व अपना करलिया
अरु वीर्य तुलनातीत लहकर अजित भूपति होचुके।
तब मुक्ति लक्ष्मीके स्वयं स्तोकृत पती तुम बनचुके
इस वर्षके प्रारंभमें इक प्रार्थना करता विभो।
अब मेटकर अज्ञानरज ज्ञानांशुको विस्तृत करो॥
अरु हृत्सरोवर अब हमारे पङ्क रहित बनाइये।
सद्भाव सरसिजका उन्होंमें द्रुश्यको दिखलाइये। ४
शान्तिके सौन्दर्यकी आभा झलकती नित रहो।
अरु फूटका हो नाश जड़से प्रेमस्रोत बहा करे ॥५
हम ऐक्य बंधन बद्ध होकर भेद भाव न दृष्टि दें।
अरु प्रकृति देवी गोदमें आनंद अनुभव नितलहें॥६
निर्भीक हो स्वातंत्र्य पथसे धर्म प्रसरण हम करें।
अरु नव विवेक विचारसे आत्मोक उन्नति नित करें
हो आत्मत्याग सुभावना उपकार परमें दृढ़ रहें।
मानव जनमके मिष्ट फलको अब विभो हम पासकें॥

रवीन्द्रनाथ जैन वि०, इन्दौर।

मनो-विकार।

प्रहसन।

(ले०—पं० शोभाचन्द्र भारिल्ल न्यायतीर्थ—बीकानेर)

(धनीराम अपनी बैठकमें)

कलिकाल ! घोर कलिकाल ! प्रभो ! बहुत सहा, अब नहीं सहा जाता। दीनानाथ ! दया करो, यह दुःखद दृश्य अब नहीं देखा जाता। हम सब कुछ सह सकते हैं, पर किसी प्रकारका परिवर्तन नहीं सह सकते। यही गनीमत हुई कि आप सर्वज्ञ थे, इस हुंडावसर्पिणी कालके इन आततायी सुधारकोंके मंसूबोंको भलीभांति जानते थे, इसीसे आपने मुक्तिका फाटक बन्द कर लिया। नहीं, तो ये भले मानुस आपके पास पहुंचकर न जाने क्या गजब ढा देते। प्रभो ! आप सर्वज्ञ सर्वदर्शी हैं, लेकिन बिना कहे रहा नहीं जाता। आपने साफ २ बता दिया है कि पांचवें कालमें धर्मकी अवनति होती जायगी। परन्तु ये परम पापी धर्मकी उन्नतिकी डींगें मार रहे हैं। आपकी आज्ञाको मुर्दा समझकर दफना देना चाहते हैं। जिनदेव ! इस समय सुधारोंकी मूसलधार वर्षासे सुधारक नामके कीड़े, डांस, मच्छर और मेंढकोंकी तरह दिन दूने रात चौगुने बढ़ने जाते हैं। इनकी टर्र २ की आवाज कानोंके पर्दे फाड़े डालती हैं। देव ! मैं सर्वज्ञ नहीं हूं—अल्पज्ञ हूं। नहीं जानता इन्हें क्या २ उपमाएं देकर आपकी स्तुति करूं। इनका जाल मकड़ीके जालको मात करता है। मकड़ीके जालमें

मक्खी ही फँसती है पर इनके जालमें बुद्धिमान् और विचारक फँसते हैं। मकड़ीके जालमें फँसनेसे मक्खीका एक ही जन्म बिगड़ता है, पर इनके जालमें फँसनेसे यह जन्म और आगेके सातसौ सत्तर जन्म बिगड़ जाते हैं। मैं इनके जालमें फँसू, इससे पहले ही, हे जगदीश्वर! अनुग्रह करके मुझे यहांसे उठा लो। मुझे अधर लटकना मंजूर हैं, पर इनकी बातें मंजूर नहीं।

(गाता है)

सनातन जो नियम अबतक, चले निर्विघ्न आते हैं।
उन्हींके खूनके प्यासे, सुधारक होत जाते हैं॥
प्रभो! इनको सुमति दीजे, कुमति या शीघ्र हर लीजे।
बने ये आपके दुश्मन, मजा इनको चखा दीजे॥

(दर्वाजेमें खटखट शब्द होता है)

(स्वागत) अरे! कोई सुधारक तो नहीं आमरा है! (प्रगट) ठहरिये, ठहरिये, आता हूँ।

(जाकर दर्वाजा खोलता है, महावीरप्रसादका प्रवेश)

धनीराम—आओ, पधारो। तुम तो नीलकण्ठ होगये। दिखाई ही नहीं देते। किसी मामले मुकद्दमेमें तो नहीं उलझे?

महा०—हाँ, उलझा हुआ तो हूँ, पर मामले मुकद्दमेमें नहीं। समितिका अधिवेशन बिल्कुल समीप आगया है। कार्यकी भरमार है। इसीसे आपके दर्शन न कर सका। अब आपकी सहायताकी भी आवश्यकता है, आशा है आप जैसे बूढ़ोंके अनुभवसे अवश्य ही हमें बहुत सहायता मिलेगी।

धनी०—अजी! आजकल बूढ़ोंको पूछता कौन है! कलियुगी डाक्टर कहते हैं कि बूढ़ोंकी अक्ल मारी जाती है। आखिर उन बुद्धिके सागरोंसे पूछो कि पुराने जमानेमें भी कभी बुद्धि नष्ट होती थी या अभी होने लगी है? कोई भी तीर्थंकर ७०—७५ सालसे कमके नहीं हुए तो क्या उन सबकी बुद्धि मारी गई थी? कलिकाल! घोर कलिकाल!!

महा०—नहीं साहिब! पहली बात तो यह है कि तीर्थंकरोंको कभी बुढ़ापा आता ही नहीं, अतः उनका उदाहरण देना व्यर्थ है। दूसरी बात यह कि, जब लम्बी २ उम्र होती थी तब बुढ़ापा भी देरसे ही आता था। अस्तु, इस वादविवादको यहीं समाप्त कीजिये। हाँ, तो आप मेम्बर हैं न?

धनी०—क्या कहा, मेम्बर हो? छोटी मुँह बड़ी बात? कलिकाल न होता तो तेरी जीभ गलकर गिर जाती। नादान! तेरे जैसे अंग्रेजी पढ़नेवाले सुधारक बनकर पापकी पोटली बांधनेवाले ही मेमोंको वरते हैं—वे ही क्रिश्तानोंकी जूठन चाटते हैं—मैं तो साहब मेमोंको छूता तक नहीं और मुझसे कहता है मेम बर हो!

महा०—ओहो! साहिब, मेरा यह मतलब न था, जो आप समझ गये हैं। मेम्बर तो सभाके एक अंग होते हैं।

धनी०—फिर भी मुझे साहब कहता जाता है? बड़ा बेमतलबी आया कहींका? हम बूढ़े तो बेवकूफ ही हैं जो तुम्हारे मतलबको नहीं समझ सकते। अंग-अनंगकी सफाई रहने दो, नहीं तो वृथा ही अंगभंग हो जायगा।

महा०—आप वृद्ध हैं, मैं नवयुवक—आपके पुत्रके समान हूं। शांति धारण कीजिये। मैं जाता हूं, अधिवेशनके समय दर्शक रूपसे तो पधारोगे।

श्रीमती पंडिता चन्दाबाईजी–आरा।

("जैन महिलादर्श" की सुयोग्य सम्पादिका, जैन बालाविश्रामकी संचालिका, व जैन स्त्रीसमाजमें अनन्य विदुषी पंडिता)।

Jain Vijaya P. Surat

धनी०—फिर वही बात ? तुम सुधारकोंमें ही सर्वेक्ष सर्वदर्शक बननेकी क्षमता है हममें नहीं। हम तो ईश्वरको ही दर्शक समझते हैं। मेरा अपमान किया सो किया, पर भगवानका अपमान न करो। मैं तुम्हारी बातोंमें नहीं फंसनेका।

महा०—आना न आना तो आपकी इच्छापर ही निर्भर है। परन्तु आप स्थानीय संघके पंच हैं। इसीलिए आपका पंचत्व इस समय भी बहुत आनन्दप्रद होगा।

धनी०—क्या कहा, मेरा पंचत्व ? चाहे तुम लोगोंको मेरा पंचत्व आनन्दप्रद हो या न हो, पर मुझे तो यह अवश्य आनन्दप्रद होगा। यह अपवित्र पृथ्वी अब मेरे रहनेलायक है ही नहीं।

महा०—आप तो उल्टा ही उल्टा मतलब निकालते हैं। मेरे कहनेका आशय 'डेलीगेट'से है। हम चाहते हैं आप स्थानीय संघके डेलीगेट बनें तो हमारा बोझा बहुत हल्का होसकता है।

धनी०—तो क्या मुझे देहलीका फाटक बनाता है ? चल हट यहांसे, मेरे घर बैठा हुआ मुझे ही न जाने क्या२ बना रहा है ?

(बाहर निकाल देता है)

ये सुधारक बड़े ही ऊत, कलियुगी भूत, यमराजके दूत, माता-पिताके कुपूत और मुसलमानोंके तावूत हैं। भगवान् इनसे बचावे।

(गाता है)

आओ आओ हे जगदीश !
सुधारक जगको अति दुख देत।
जगको अति दुख देत सुधारक,
धर्म डुबोएं देत ॥ आओ० ॥
सब रूढ़ी रहें निरन्तर,
पड़ने ना पावे अन्तर,
दुष्टोंका चले न मन्तर,
इसमें है हम सबका हेत ॥ आओ० ॥
सब रीति-रिवाज अनोखे,
लगते हैं हमको चोखे,
इनके बिन होवें खोखे,
सुधारक इन्हें मिटाये देत ॥ आओ० ॥

(भोंदूरामका आवाज देना)

धनी०—(स्वगत) हायरे ! सुबह उठते ही किसका मुंह देखा था। फिर कौन आ धमका ? (प्रगट) कौन ?

भोंदू०—मैं हूं भोंदूराम, दर्वाजा खोलिये।

धनी०—अजी, आइये, आपके लिए थोड़े ही दर्वाजा बन्द है। यह तो है खिड़के है।

भोंदू०—सांकल बन्द है, किस प्रकार आऊं?

धनी०—अच्छा अच्छा, आया। पहले ही क्यों न कह दिया ? आओ। भुवनेन्द्रसिंहजी, कहो कुशल मंगल तो है ?

भोंदू०—आज सदा प्रसन्न रहनेवाले चेहरेपर उदासीकी सूक्ष्म रेखा क्यों दिखाई पड़ती है ?

धनी०—कुछ तो नहीं। यों ही। इन सुधारकोंने नाकमें दम कर रखा है।

भोंदू०—हां ! एक सुधारक मेरे पास भी आया था और समितिमें आनेको कहता था।

धनी०—आपने क्या जवाब दिया ?

भोंदू०—(मूछोंपर हाथ फेर कर) अजी, भोंदू कहीं सुधारकोंके चक्करमें आनेवाले हैं। मैंने उसे खूब खदेड़ा, आखिर अपनासा मुंह लेकर नौ दो ग्यारह हुआ। मैंने प्रश्न पूछा—समितिमें क्या२

होगा ? उसने एक छापा पकड़ा दिया । उसमें सामायिक वगैरह धार्मिक कामोंका नाम निशान न था। मैंने कहा—समितिमें धार्मिक काम होंगे नहीं तो मेरे आनेकी जरूरत भी नहीं मैं हर्गिज न आऊंगा। सब आरम्भ परिग्रहकी बातें होंगी।

धनी०—अच्छा फिर क्या हुआ ? वह क्या बोला ?

मौंदू०—फिर क्या कहता अपना सिर ? मरणासन्न रोगीकी तरह दबी जबानसे मिनमिनाते बोला—जब आपको आरम्भका कोई काम पसंद ही नहीं तो घरमें चूला—चक्की क्यों रख छोड़ी है ? वहां चौबीसों घंटे सामायिक क्यों नहीं किया करते ?

धनी०—अच्छा फिर क्या हुआ ? तुम क्या बोले ?

मौंदू०—फिर क्या, कुछ नहीं। मैंने ज्यादा माथापच्ची करना उचित न समझा। मैं चला आया और फिर वह भी चला गया ?

धनी०—तुमने उसकी अंतिम बातका जवाब ही क्यों न दे दिया ?

मौंदू०—आपसे अबतक कोई बात नहीं छिपाई, भला यह बात कैसे छिपा सकता हूं ? बात यह हुई कि इसका उत्तर उस समय सूझा नहीं ?

धनी०—ओहो ! यदि मुझसे पूछ लेते तो ऐसा जवाब देता कि बच्चू गूंगे बन जाते।

मौंदू०—मगर आप तो वहां थे नहीं न ?

धनी०—हां ! यही तो मुश्किल हुई ?

मौंदू०—अब कहीं मिला तो यही उत्तर कह दूंगा। फरमाइये।

धनी०—अभी, ऐसा वैसा उत्तर नहीं है, इसे सुनकर सुधारकोंके गुरु भी चकरायगे। शास्त्रोंका प्रमाण है—शास्त्रोंका। सुनो—जैसे सभा और समिति अभी तीन दिनोंसे होने लगी हैं वैसा चूला नहीं है। चूला बहुत पुराने कालसे चला आया है। पुराने जमानेके लोग मूर्ख तो थे ही नहीं। देखो, कहा भी है—

> मात्रावनामसुरमानवदानवेन ।
> चूलाविलोलकमलालिमाळितानि ।
> सपूरिताभिनतलोकसमीहितानि,
> काम नमामि जिनराजपदानि तानि ॥

इस श्लोकमें चूला आया है। यह श्लोक पुराना है इसलिये चूला भी प्राचीन कालसे चला आ रहा है। पुराने कालमें होता था, इसीलिए अब भी होता है। कहो, कैसा प्रमाण है ?

मौंदू०—वाह ! वाह !! क्या कहना ? धन्य है आपकी बुद्धिको। आजसे आप बुद्धि-वारिधि हुए।

—⊱⊰—

जान देना चाहिये, हंसकर वतनके वास्ते।

है जवानी, ऐ जवानो ! चार दिनके वास्ते ।
क्या लुटाना चाहिये, यों गुलबदनके वासते ॥
काम कर जाओ जहांमें, जिससे पैदा नाम हो ।
वाहवा होती रहै, इस बांकपनके वासते ॥
सब लुटा दो मुल्ककी तुम, बहतरीको मानो ज़र ।
परवाह नहीं, कौड़ो न हो, पीछे कफनके वास्ते ॥
उफ् तलक निकलै न मूंसे, जो मुसीबतें हों हज़ार ।
जान देना चाहिये, हंसकर वतनके वास्ते ॥
देशी चीजें काममें लाओ, जहां तक हो सके ।
ये ही समझ देते रहो, देशी चलनके वासते ॥
होगा भला जब देशका, होगा हमारा भी भला ।
ये ख्याल सबके दिलमें हो, अब मर्दोंजनके वास्ते ॥
देशसे बढ़कर हमें, प्यारा नहीं कोई 'प्रिये' ।
ये है हमारे वासते, हम हैं वतनके वासते ॥

पन्नालाल प्रिय ।

" महाबाहु बाहुबली " ।

(रचयिता-पं० के० भुजबली शास्त्री-आरा)

आराध्यदेवमभिवन्द्य बुधोत्तमानाम् ।
श्री दोर्बलीशचरितं कथयामि भक्त्या ॥
श्रुत्वा त्रिलोकविनुतं चरितं यदत्र ।
मुञ्चन्ति कर्मरजसो भुवि भव्यजीवाः ॥१॥
अस्त्यत्र भारते वर्षे जम्बूद्वीपस्य भूषणे ।
कोशलाख्यो महादेशः सर्वसद्गुणमण्डितः ॥२॥
आसीत्तत्रपुरे रम्ये नाभिराजो महाप्रभुः ।
नृपसद्गुणसम्पन्नो नीतिशास्त्रविशारदः ॥३॥
नियोज्य वृषभं राज्ये वृषदं वृषनायकम् ।
स राजा विरतिं प्राप गुरुसाम्राज्यक्लेशतः ॥४॥
आस्तां तस्य सुनाथस्य वृषभस्य महात्मनः ।
यशस्वती सुनन्दाख्ये पत्न्यौ पत्निगुणान्विते ॥५
अजनिष्ट यशस्वत्याः सूनवो भरतादयः ।
पुत्री च ब्राह्मी संजाता रूपलावण्यमंडिता ॥६॥
सुनन्दापि प्रलेभे हि पुत्रं बाहुबलं बलम् ।
पुत्रीं च सुन्दरीं लब्धा सुशीलगुणभूषिताम् ॥
मत्वा सकलसाम्राज्यमेकदा नश्वरं ध्रुवम् ।
स राजा चिन्तयामास सर्वं हेयं विवेकिना ॥
एवं विचिंत्य तत्सर्वं त्यक्तराज्यो महीपतिः ।
बभार जिनदीक्षां तां लोकद्वयसुखावहाम् ॥
दीक्षोन्मुखेन तातेन प्रदत्ता प्रमुखा मही ।
सुयोग्याय सुजेष्ठाय भरताय विवेकिने ॥१०॥
एवमन्यान्यपुत्रेभ्यो दत्तं राज्यं सुवेधसा ।
सुयोग्यसम्पदं प्राप्य ते सर्वे सुखिनोऽभवन् ॥
एकदा भरतो राजा चिन्तयामास स्वहृदि ।
जित्वा षट्खंडपृथ्वीं तां भविष्यामि नृपोत्तमः ॥
इत्थं विचिन्त्य सन्नाहं विजयार्थं महीपतिः ।
कृतवान् सर्वयत्नेन मंत्रिभिः स्वनृपैः सह ॥१३॥
जित्वा षट्खंडपृथ्वीं तां यदा प्रत्याययौ पुरीम् ।
तदा तस्य पुरीं चक्रं न प्रविष्टं तदाज्ञया ॥१४
दृष्ट्वा भरतराजोऽयमचलं चक्रमद्भुतम् ।
आहूय पृष्टवान् तस्य कारणं स्वपुरोहितम् ॥१५
पुरोहितेन तेनोक्तं भरतं सुविचारिणा ।
स्वारब्धजयसिद्धिस्ते न प्राप्ता नृकुलोत्तम ॥१६
तदा तं भरतेनोक्तं सत्त्वा मम सहोदरान् ।
निर्जिता निखिला भूपा राज्यादिमदगर्विताः ॥
ततो व्यापत्प्रतीकारः किमस्ति सुपुरोहित ।
स्वानुजानान्तु तातेन दत्तं राज्यं पुरैव हि ॥१८
तच्छ्रुत्वा तेन तं प्रोक्तं भरतं भुवि विश्रुतम् ।
उपायेन विजेतव्या विजेया तत्र सोदराः ॥१९
श्रुत्वा विप्रवचो राजा प्रेषयामास तत्क्षणे ।
दूतान्नीतिविदो राज्ये सोदराणां दयानिधिः ॥
ज्ञात्वा भरतसंदेशं सुदूतैः सुविवेकिभिः ।
पुत्रास्सर्वे यशस्वत्याश्चिन्तयामासुस्सत्वरम् ॥
अवश्यं खलु नश्यन्ति भुक्त्वापि विषयाश्चिरम्।
ततस्त्याज्या हि मोक्षाय राज्यादिविषयाः स्वयं॥
इत्थं विचिन्त्य ते सर्वे सुदीक्षां प्रतिपेदिरे ।
सत्यं स्वचलसौख्याय मोक्षाय स्पृहयेन्न कः ॥
मत्वा भरतभूपालः स्वदूतैः वृत्तमीदृशम् ।
अधिकं विह्वलो जातो बन्धुप्रेमा हि तादृशः ॥२४
पश्चादखिलनीतिज्ञः सोऽयं भरतभूपतिः ।
प्रेषयामास संचिन्त्य स्वदूतं पौदनं पुरं ॥२५॥
पौदनेशसभामेत्य स दूतो मर्मभेदकः ।
बोधयामास भूपं तं स्वेष्टसम्पादनेच्छया ॥२६॥
स राजापि तदा मत्वा तंत्रं भरतभूभुजः ।
प्रेरयामास क्रोधेन कथ्यतामिति भूपतिः ॥२७
तवानुजस्तु न्यायेन संग्रामेणैव दास्यति ।
करं दुर्नीतिसम्प्राप्तं नान्यथा दातुमिच्छति ॥
पुनरावृत्त्य दूतोऽयं भरतं भुवनेडितम् ।
प्रार्थयामास तत्सर्वं यदुक्तं पुरुसूनुना ॥२९॥

तच्छ्रुत्वा भरतो राजा स्वानुजे स्वाभिमानिनि ।
क्रुध्यन् चक्रयभिलाषोऽथ घोषयामास संगरम्॥
यथोचिते विशालेऽत्र प्रदेशे पूर्वनिश्चिते ।
सोमई विपुला सेना सज्जिता समरश्रियै ॥
तदोभयविपक्षास्ते मन्त्र्यादिहितकांक्षिणः ।
प्रार्थयामासुरेवं हि सोदरौ समरत्रये ॥३२॥
भुजबल्यैव तं जित्वा दृष्ट्यादिसमरत्रये ।
प्रपेदे जयलक्ष्मीं तां देवमानवसम्मुखम् ॥३३
तदुदृष्ट्वा भरतो राजा महामोहप्रबोधितः ।
चालयामास चक्रं तत् स्वानुजं हन्तुमिच्छुकः ॥
किन्तु तच्चालितं चक्रं पौदनेशस्य सन्निधौ ।
निर्वीर्यमभवल्लोके दुःखदं किं महात्मनाम् ॥३५
अग्रजस्येदृशं कृत्यं दृष्ट्वा बाहुबली मुदा ।
प्रपेदे गुरुनिर्वेगं लोकद्वयसुखप्रदम् ॥ ३६ ॥
तदा तत्र स्थितास्सर्वे प्रार्थयामासुरुन्नतम् ।
संप्राप्तजयलक्ष्मीस्सा भुज्यतामिति सादरम् ॥
नृपस्तावत्समीपस्थान् देशयामास सम्मुदा ।
भुक्तेयं पृथवी भव्या असकृद्बहुजन्मसु ॥३८
तस्मादिदं निजं राज्यं ध्रुवमुच्छिष्टवन्मतम् ।
नातोऽहं प्रतिगृह्णामि दुःखदां राज्यसम्पदम् ॥
विनश्वरशरीरेण लभ्यते यदि शाश्वतम् ।
सौख्यं तत् प्राप्तये लोके यत्नं कुर्वीत सर्वदा ॥
भुक्तपूर्वमिदं सर्वं यन्मया बहुयोनिषु ।
त्यज्यते मोक्षसौख्याय नश्वरं सौख्यमिन्द्रियम् ॥
इत्थं विबोध्य तत्रस्थान् मुदा बाहुबली तदा ।
अग्रजं प्रार्थयामास क्षमस्वेति पुनः पुनः ॥४२॥
स्वयं च क्षमतामेत्य निजं राज्यं स्वसूनवे ।
दत्वासौ त्वरमापेदे दीक्षां तां जिनपोदिताम् ॥
सोऽयं बाहुबली स्वामी पुण्यान्मम समीहितम्।
येन कर्मेन्धनं दग्धं शुक्लध्यानोग्रवह्निना ॥४४

जैनसमाज ?

(लेखकः-पं० परमेष्ठीदासजी जैन-इन्दौर)

हे पतित पावन जैनसमाज ! कहां तो तेरे सपूतोंने धधकती हुई यज्ञ ज्वालाओंसे दीन हीन पशुओंको निकाल कर एवं नरमेध यज्ञ सरीखे अमानुषीक कार्योंका काला मुंहकर समस्त संसारको " सत्वेषु मैत्री " का पाठ पढ़ाया था और कहां आज आपसी कलह यज्ञमें भाई २ बलिदान होकर उस परम पूजनीया कीर्तिमें धब्बा लगा रहे हैं। कहां तो पहिले इस समाजके बच्चे २ की हृदयस्थलीमें " गुणिषु प्रमोदं " का भाव भरा हुआ था और कहां अब अपनी कुनीतियों एवं स्वार्थान्धतासे प्रेरित होकर अनेकों हृदयहीन तुच्छ व्यक्ति उद्भट विद्वानोंके साथ भी अत्यन्त नीचताका व्यवहार करते हैं और गुरु भक्तिपर गोबरलीप कर अपने आपको ही सर्वे सर्वा समझते हैं। कहां तो "क्लिष्टेषु जीवेषु कृपापरत्वम्" का वह पवित्र सिद्धान्त ज्ञानी ध्यानियोंसे लेकर महा अज्ञानियों तक पाया जाता था और कहां अब सच्चे समाजहितैषियों और धर्मके सत्य निःस्वार्थ सेवकोंपर वाग्बाण चला चलाकर उनके विशाल हृदयको भेद किया जाता है और वे व्यर्थ ही महा कष्ट एवं चिन्ताओंकी भट्टीमें पटक दिये जाते हैं।

कहां तो " माध्यस्थभावं विपरीतवृत्तौ " का पालन कर विश्वमें शांतिका साम्राज्य था और कहां आज मतभेद होनेसे ही एक महान धार्मिक व्यक्तिका भी सर्वस्व स्वाहा करनेका भी

जानसे प्रयत्न करते हैं। उन सब शुभ क्रांतिकारी कार्योंका विनाश और अन्याय अत्याचारोंका दिन दिन विकाश होरहा है जिन उदार नेताओंने धर्म एवं समाजके हेतु अपना सर्वस्व अर्पण कर डाला है उनको भी कुछ स्वार्थी एवं ईर्षालु लोग दिन रात भला बुरा कहकर अपनी द्वेषाग्निको द्विगुणित करते हुये उसीमें जलते रहते हैं।

"इस जैन जाति औ धर्महेतु जिनने तन मन धन दे डाला।
हा शोक उन्हें उपहार यही गाली गलौजकी है माला॥
जिनकी साकृतियां देख देख सब देश विदेश खुशी होते।
पर पक्षपात परिपूर्ण हृदय अपने मन ही मनमें रोते॥"
"जैनमित्र ता० १-८-२८"

हा हन्त! अब कुशल नहीं दिखाई देती। चारों ओरसे पक्षपातके पत्थर बरस रहे हैं अब। निराशाकी घनघोर घटा छागई है। अपनी काली करतूतोंके अंधियारमें लोग अन्धे होगये हैं। गदा पचीकी गाज गिरना चाहती है, सुधारका सिंह अपनी गर्जनासे हृदयमें उथल पुथल मचा रहा है। विधवाविवाहकी बिजलीने आंखोंके आगे चकाचौंध मचा दी है, उच्छृंखलताकी हद होचुकी है।

हाय! अब क्या होगा। कहां जावें! कैसी दुर्दशा होगी! वर्तमान परिस्थितिको देखकर तो मालूम होता है कि अब धर्मको पातालमें पहुंचानेके लिये पापका पानी बरसेगा और सर्वोच्च जातियां भी मौढ़विककी गंगामें गोते लगाकर सदाको डूब जावेंगी। अब कोई रक्षक नहीं दिखाई देता, जो हैं भी और स्वाधिकारोंकी रक्षाके निमित्त अनेक प्रयत्न करते भी हैं मगर कुछ कट्टी द्वेषी असहिष्णु लोग उनके उन प्रशंसनीय महान कार्योंको नहीं देख सकते। इतना ही नहीं किन्तु उनपर अनेकानेक दोषारोपण भी किये जाते हैं। जिससे वे हतोत्साह होकर बैठ जाते हैं और कहते हैं कि—"अब मुझे जैन समाजमें रहकर शान्ति नहीं मिल सकती इसलिये अन्यत्र कहीं देखूंगा कारण कि सामाजिक झगड़ोंमें मैं अपनी शान्तिको नहीं खो सकता!"

हा! कैसे हृदयभेदी वाक्य हैं! दुष्टोंके अत्याचारोंसे संतप्त होकर समाजके सामने रखे हुये सज्जनके हार्दिक भाव हैं। अब बात यही है और ऐसा ही पक्षपात एवं वैयक्तिक द्वेष समाजमें रहा तो सचमुचमें सच्चे वीर कार्यकर्ता अपने हाथ ढीले करके बैठ जावेंगे, और हे जैनजाति! तेरा सर्वस्व स्वाहा होजावेगा। कारण कि—

आपसके ही झगड़े तेरा, अब ऐसा नाम मिटावेंगे।
दुनियामें पता लगाने पर, फिर तेरा नाम न पावेंगे॥
कारण जब अत्याचार अधिक, भूमण्डलमें होजाते हैं।
तो "दास" जाति अरु धर्म कर्म स्वयमेव नहीं खोजाते हैं॥

इसलिये हे प्यारी जैन समाज! अभीसे तन तोड़कर पापियोंके विपक्षमें खड़ी होकर उनका युक्ति बलसे सामना कर, और यदि न होसके तो उस बिजली चमकनेके पहिले अथवा गाज गिरनेके पूर्व ही सोजा ताकि तुझे बुरी तरह अपमानित होकर न मरना पड़े।

हा! यह कैसी विकट परिस्थिति है! एकदूसरेका व्यक्तिगत द्वेष सारी समाजको धक्के लगाकर रसा पार धकेलना चाहता है, एक विद्वानकी विद्वत्ता दूसरेको असह्य है, यदि एक व्यक्ति तीन और दो पांच कहता है तो ठीक दूसरा उसके विरुद्ध खड़ा होकर साथ सिद्ध करनेकी धुनमें लगजाता

है । जब ऐसी परिस्थिति है तो—

कौन कहता है कि अब आपकी उन्नति होगी ।
देख ऐसी दशा जब तुमसे खुमारी न गई ॥
आपकी द्वेषमें निज शक्तियां खोते अफसोस ।
कौसिलें होके भी जड़ फूटकी मारी न गई ॥
"जैनमित्र ता० २३-८-२८"

जिस बारहलाख जन संख्यावाली समाजके तेरह लाख टुकड़े होरहे हैं और एक दूसरेको गिरानेकी धुनमें प्रयत्नशील होरहे हैं तो क्या यह विश्वास नहीं किया जा सकता है कि यह बहुत ही शीघ्र छट्ठे कालका तमाशा दिखानेकी तैयारियां हैं । जो हो मगर—

मरणोन्मुख होजानेपर भी रोग दूर होजाता है ।
यथायोग्य औषधि मिलनेपर रोगी सुख फिर पाता है॥
इसी तरह मैत्री प्रमोद औषधि समाज पाजावेगी ।
कलह द्वेष आमय विनाश कर पूर्ण सौख्यको पावेगी ॥

इसलिये हे जैन जातिके सच्चे सपूतो ! विघ्नबाधाओंसे मत डरो, सत्य सिद्धांतोंको बाधाओंसे डरकर मत छिपाओ, जिस तरह भी हो सके, भगवान महावीरस्वामीके "सत्वेषु मैत्री" के सिद्धांतका विश्व प्रचार करो। "श्रेयांसि बहुविघ्नानि" की नीतिको सामने रखकर पापसे भय खाते हुये और वीर भगवानके सच्चे गीत गाते हुये संसारमें फिर उसी शांतिका नाद बजाओ और अन्याय अत्याचारोंको रोकनेके हेतु अपना तन, मन, धन सर्वस्व लगादो ।

फिर देखिये, सत्यकी विजय कैसे नहीं होगी ? सोती हुई जैनसमाज फिर सचेत होगी और इसीकी छत्र छायामें समस्त संसार विश्राम लेकर अपनी आत्माको शांति धाम पहुंचायेगा और एक स्वरसे भगवान वीरके गुण गायेगा ।

बोलो भगवान महावीरस्वामीकी जय ! !

शान्तिकी शोधमें !

(अनु०—बा० कामताप्रसादजी जैन, अलीगंज)

(१)

रायबहादुर रमाशंकर पांड्याकी ज्योंही प्रौढ़ावस्था विलीन होकर जीवनकी संध्याकालरूपी वृद्धावस्था आकर खड़ी हुई कि उनका स्वभाव चिड़चिड़ा होगया । स्वभाव चिड़चिड़ा होनेका कारण भी केवल एक था । अनेक प्रकारके सांसारिक सुख उन्हें प्राप्त थे परन्तु तो भी उनके हृदयमें शांतिका संचार न था । मनुष्य हृदय अति शांति प्रिय है ही ! वह सर्वदा शांतिकी तृष्णामें व्याकुल रहता है । बस इसके सिवाय रायबहादुरके किसी प्रकारकी न्यूनता नहीं थी। धनकी कमताई नहीं थी । कुटुम्ब परिवारसे भरपूर सुखी थे । पुत्र—पुत्री—पौत्र आदि सब ही थे। अभाव था तो केवल शांतिका !

रायबहादुर एक दिवस हृदयको किसप्रकार शांति मिले इस विचारमें मग्न बैठे थे । विचारमग्नतामें वह अपने गत जीवन पर दृष्टिपात करने लगे । विचारोंकी लड़ी प्रारम्भ हुई कि—"मैं एक समय यह कहता था कि जो मैं लखपती होगया तो मेरे दिन शांतिसे कटेंगे; क्योंकि तब मेरे किसी बातका अभाव नहीं रहेगा । किसी प्रकारका अभाव न होना ही मैं शांति समझता था । जब जब शुभोदयसे संपत्ति आई, लखपती होनेकी मेरी इच्छा पूरी हुई तो फिर इच्छाने आ घेरा । मनने कहा, जो कहीं एक उपाधि मिल जाय तो फिर मुझे किसी

बातकी आकांक्षा न रहे। और शेष जीवन शांतिपूर्वक व्यतीत हो। दैवाधीन यह अभिलाषा भी पूर्ण हुई और मैं "रायबहादुर" होगया। मैंने फिर अपने हृदयको टटोला, परन्तु तब भी वहां शांति न पाई। एक वासनाकी पूर्तिके साथ ही दूसरेका जन्म होते मैंने देखा। पुत्रकी अभिलाषा हुई, तो उसकी पूर्तिपर पौत्र सुखदर्शनकी इच्छा उत्पन्न हुई। सब मिथ्या है। लोग कहते हैं सांसारिक सुखमें—विलासमें शांति है—वासनाओंकी तृप्तिमें शांति है—परन्तु सच तो यह है कि इनमें किसीमें भी शांति नहीं है। जो शांति है तो केवल संसार त्यागनेमें है—सन्यास ग्रहण करनेमें है। यदि यह ऐसे न होता तो बड़े २ योगी और ज्ञानी संसार छोड़ क्यों साधुवृत्ति ग्रहण करते? ठीक है। इस संसारको छोड़ देनेमें ही मुझे विश्राम मिलेगा।....

रायबहादुर इस प्रकार अपनी बैठकमें विचारमग्न थे कि बैठकके एक ओरका द्वार खुला और उनका ज्येष्ठपुत्र कृष्णशंकर भीतर आया। रायबहादुर चौंकसे गये। उन्होंने पूछा—कृष्ण, क्या है?

कृष्णशंकर आवेशमें था। पिताके इतने पूछते ही वह कर्कश स्वरमें बोला:—

"है क्या? विष्णु (कृष्णका छोटा भाई) ने नाकमें दम कर रक्खा है। उसकी मर्जी है कि उसका ही हुकुम चले। आज मुझे एक जरूरी कामसे जाना था; सो मैंने कह रक्खा था कि मोटर कहीं न जाय। लेकिन उसे इस बातकी क्या परवा। किसीका काम बनें या बिगड़े—उसे इसकी क्या पड़ी है।"

रायबहादुर—"आखिर उसने क्या किया?"

कृष्ण—"किया मेरी भलमनसाहतका दुरुपयोग! मोटर ले अपनी चलती पकड़ी। ड्राइवरने मना किया, पर नौकरकी कौन सुनता है?

रायबहादुर अति विनम्र भावसे बोले—भाई खैर! अब तो ले ही गया। तुम गाड़ी जुतवाओ या घोड़ा कसवाओ।

कृष्ण—वाह खूब! आपकी ही इन बातोंको देखकर उसका दिमाग चढ़ता जाता है। वह जानता है आप तो कुछ बोलते नहीं—जो मर्जी आवे सो करो!

रायबहादुर—"तो फिर तुम्हारी क्या इच्छा है?"

कृष्ण—"मेरी इच्छा क्या! आप मेरे लिये दूसरी मोटर मंगा दीजिये। गाड़ी—घोड़ा मुझे पसन्द नहीं और मोटरपर विष्णुका अधिकार है। मैं तो गम खाता हूं। वरन् रोज कहाई झगड़ा हो।"

रायबहादुर—ठीक, मैं उसे समझाऊंगा और नहीं मानेगा तो तुझे दूसरी मोटर मंगवा दूंगा बस।

कृष्णशंकरके जाने पश्चात् रायबहादुर एक गहरा निःश्वास छोड़ कहने लगे—"मुझे इतनी भी तो स्वतंत्रता नहीं कि क्षणभर एकांतमें शांतिसे बैठ सकूं। मैं तो इस संसारसे भर गया हूं।" कृष्णशंकरके जाते ही बैठकके दूसरी ओरका द्वार खुला और रायबहादुरकी दो रूपवान पुत्रियां रुमझुम करती अन्दर आईं। वह बातें करतीं आरहीं थीं। एक कहती थी चाहे कुछ हो मैं तो आज ही बाबूजीसे कहकर बनवा लूंगी।

दूसरी बोली—तेरे लिये बनेगा तो क्या मैं रह ही जाऊंगी?

रायबहादुरने जो घूमकर देखा तो दोनों कुमारियें उनके निकट खड़ी थीं। रायबहादुर मुंह बनाकर बोले—"क्या है सविता! क्या बनवानेकी चाह है?"

सविता—बाबूजी, आज मैं दिनकरकाकाके यहां गई थी। उन्होंने सुभद्राके लिये हीराके जड़ाऊ कड़े बनवाये हैं। मैं क्या कहूँ, बाबूजी, बड़े बड़े ही खूबसूरत हैं। मेरे लिये भी बाबूजी, एक वैसे ही कड़े बनवा दो।

दूसरी पुत्री—बाबूजी, मेरे लिये भी बनवादो।

रायबहादुर—तुम दोनोंके पास तो कई जोड़ी कड़े हैं। अब औरका क्या करोगी? उनको भी तो अच्छेसे नहीं पहिनती हो।

सविता—हैं तो जरूर, बाबूजी, लेकिन वैसे नहीं है। (प्यार करती) वैसे जरूर बनवा दो।

रायबहादुर—अच्छा, पहिले उन्हें देख तो लेने दे! नमूना मिलनेसे ही तो बन सकेंगे।

सविता—नमूना मिलना कुछ मुश्किल थोड़े ही है। आदमी भेज दो वह ले आवेगा।

रा० ब—भला, मंगवा लेंगे।

स०—नहीं, बाबूजी, अभी मंगवा लीजिये। फिर आप भूल जावेंगे।

रायबहादुरकी इच्छा इस समय एकांतमें रहनेकी थी, परन्तु कन्याओंने ऐसा हठ पकड़ा कि उन्हें उठना ही पड़ा और कड़ोंका नमूना मंगानेकी व्यवस्था करनी ही पड़ी।

(२)

रायबहादुर रमाशंकर पांड्याने अपने मित्र दिनकरशंकरसे कहा—"आपका यह कहना तो ठीक है कि गृहस्थावस्थासे बढ़कर ऐसी जींदगी कोई नहीं है कि जिसमें किसी प्रकारका कोई अभाव न हो—कोई वस्तु अधिक सुखदायक नहीं, परन्तु मुझे इसमें सुखके बदले दुःख ही अधिक मिलता है। कहीं किसी कामकाजकी चिन्ता होती है तो कहीं किसी जागीरके प्रबंधकी फिकर लगती है। मैं अकेला क्या २ करूँ? क्या २ देखूँ? घरकी दशा ऐसी है कि एक दूसरेकी बनती नहीं। एकका कहना करता हूं तो दूसरा तिउरी बदलता है। रोग—शोगने तो हमारे यहां अड्डासा ही जमा लिया है। किसीको बुखार आता है तो किसीका सिर दुखता है। एक उठता है तो दूसरा पड़ रहता है। मतलब यह कि कोई क्षण चिंता रहित नहीं जाती। घड़ीभर भी मुझे शांति नहीं मिलती। कहो, अब ऐसी स्थितिमें मैं क्या करूँ?"

दिनकर बाबू जरा संभल कर बोले—"भाई, गृहस्थीका सुख ही यह है। इसको दुःख समझना तो मेरे ख्यालमें एक बड़ी भूल है।

रा० ब०—संभव है किन्हीं लोगोंको इससे सुख मिलता हो, परन्तु मुझे तो यह असह्य दुःख प्रतीत होता है।

दिन०—तो आपकी क्या इच्छा है?

रा०ब०—मैं तो इन चिन्ताओंसे छूटना चाहता हूं और चाहता हूं कि शेष जीवन शांतिसे प्रभू-भजनमें व्यतीत करना।

दिनकर बाबू यह सुनकर खूब हंसे और बोले—तो यूं कहो कि मोक्षकी तैयारी करना चाहते हो!

रा०ब० गंभीरतासे कहने लगे—यह हंसनेकी बात नहीं। मोक्षके लिये तैयारी करना तो बड़ी

कठिन बात है। मैं तो केवल यही चाहता हूं कि मेरे हृदयमें शांतिका संचार हो।

दिन०—हृदयको शांति रखनेका आधार मनुष्यकी प्रकृतिपर निर्भर है। बहुतसे ऐसे मनुष्य हैं जो सब ही सांसारिक कार्योंमें फंसे रहनेपर भी कभी अशांतिकी शिकायत नहीं करते। और बहुतसे आप समान हैं जिन्हें किसी भी स्थितिमें शांति नहीं मिलती।

रा०ब०को दिनकर बाबूकी यह बात पसंद न आई। वह बोले—संभव है ऐसे मनुष्य हों जिनको अशांतिकी शिकायत न हो परन्तु मुझे तो आज पर्यन्त ऐसा कोई व्यक्ति मिला नहीं।

दिन०—एक तो मैं ही आपके समक्ष उपस्थित हूं।

रा०ब० मुस्कराते हुये बोले—अभी आपकी अवस्था ही कितनी है! आपको तो अभी संसारका बहुत कुछ देखना है। आपके हृदयमें अभी अभिलाषायें हैं, उमंगें हैं। इसलिये आपको शिकायतका भी कोई कारण नहीं है। जब आप मेरी उमर पर पहुंचोगे और तब भी अशांतिकी शिकायत न होगी तब ही मैं आपको इस प्रकृतिका मनुष्य समझूंगा।

दिन०—खूब, तो आप ही बताइये। आपने क्या निश्चय किया है?

रा०ब०—मेरी तो यह इच्छा है कि सन्यास ग्रहण कर लूं।

दि० (नेत्र खोलकर बोले)—सन्यास क्या कहते हो?

रा० ब०—जो कुछ मैं कहता हूं वह मेरे हृदयकी तीव्र आकांक्षा है?

दिनकर बाबू कुछ क्षण विचार करके बोले—मेरे खयालमें तो यह आता है कि आप थोड़े दिनोंमें अर्थात् तीन चार महीनेमें अपनी जमीनदारीके किसी रमणीक मनोहर स्थानमें आइये। थोड़े दिनों वहां ठहरनेसे आपकी यह सब अशांति दूर होजायगी।

रा० ब०—हां, वहां जाऊँ तो जरूर परन्तु यहांका कारभार कौन संभाले?

दिन०—और जब आप सन्यास ले जायगे तब कौन संभालेगा?

रा० ब०—तब कोई संभाले या न संभाले इससे मुझे क्या! जबतक मैं अपना सम्बंध संसारसे रक्खूंगा तबतक मुझे उसकी देखभालकी अवश्य आवश्यक्ता पड़ेगी।

दिन०—खैर! दो चार महीनेका काम तो आपका कार्यकुशल मुनीम ही चला लेगा। इसलिये आप मेरे कहे मुजिब इस बातकी आजमाइश तो कर लीजिये। उसमें सफलता न मिले तो जो चाहो सो करना। चलो, यह भी सही। मै भी आपके साथ चलूंगा और साथ रहूंगा!

रा० ब०—आप चलें तो यह भी सही।

(३)

शामके पांच बज गये हैं। ग्रामीण किसान दिनभर जीतोड़ परिश्रम करके आनंदमें गीत गाता निजगृह जारहा है। इसी समय रायबहादुर और उनके मित्र दिनकर बाबू वायुसेवन करते विचर रहे हैं। सूरनिवास रायबहादुरकी जमीदारीका ग्राम है। दोनों ही मित्र मंदगतिसे एक ओर जारहे हैं।

रायबहादुर बोले—भाई, इसमें तो तनिक भी

सन्देह नहीं कि जो आनन्द ग्राम्य जीवनमें है उसका सौवां भाग भी शहरमें नहीं है। देखो। कैसा सुंदर दृश्य है। चहुंओर हरियाली ही हरियाली! इसपर सूर्यकी किरणें कैसी शोभा फैला रहीं हैं। पवन कितना मन्द और शीतल है।

दिन०-इसमें क्या शक! शहरमें वह आनंद कहां रक्खे। वहांके बाग बगीचोंमें कृत्रिम ठाठ-बाठ है। यहां बनावटका नाम नहीं जो कुछ है वह प्राकृतिक है।

रा० ब०-निःसंदेह परन्तु इस खेतहरको तो देखो। कितना प्रसन्न है, दिनभरका थका है तोभी राग अलाप रहा है। परन्तु भाई इन लोगोंमें दरिद्रता बहुत है।

दिन०-दरिद्रता न होय तो और क्या होय? सारे वर्षभरमें ज्यों त्यों कर बिचारे जो पैदा करते हैं उसमेंसे कुछ तो लगानमें चला जाता है, कुछको महाजन हड़प लेता है और रचे बचेमें चौकी-दार पटवारीकी पूजा तथा कुटुम्बका पालनपोषण होता है। इस प्रकार बिचारोंको पेट भरना भी मुश्किल है। तो फिर दरिद्रता क्यों न हो? इसके अतिरिक्त वे इतने बुद्धिशाली और साधन-सम्पन्न नहीं कि अपनी भूमिकी उपज अधिक बढ़ा लेवें और बढ़ावें भी तो किस भरोसे पर? आठो पहर मालिकोंके जुल्मका डर लगा रहता है। किसानको मालूम नहीं कि उसके अमुक खेतका पट्टा कब खतम होजाय! फिर भला वह परि-श्रम करके क्या करे? न मालूम जमीन्दार कब उसके खेतपर अपना कब्जा करले तो सब परि-श्रम ही वृथा जाय!

रा० ब०-हां, यह सब बातें हैं तो ठीक। आइये, इस वृक्षकी छायामें बैठें।

निर्दिष्ट स्थानपर दोनों ही मित्र एक पत्थरपर जा बैठे। उनके चारोंओर वृक्षों और झाड़ियोंका समूह था।

दिन०-आपनेको यहां आये करीब १०-२० रोज होचुके हैं। अब कहिये इतने दिनोंमें आपको कुछ शांति मिली?

रायबहादुर कुछ कालतक तो कुछ विचारते रहे परन्तु उपरान्त बोले-सुख तो जरूर मिला परन्तु यह वास्तविक शांति नहीं है। मन किसी तरह उद्विग्न रहता है।

दिन०-खैर, अभी दिन ही कितने हुये हैं। धीरे२ आपको शांति मिल ही जायगी।

रा० ब०-ऐसा होना संभव है परन्तु मुझे आशा नहीं है। मेरा हृदय तो कहता है कि इस तरह शांति नहीं मिलेगी?

दिन०-बस समझा, आप कुछ निराशावादीसे दिखते हैं।

रा० ब०-मेरी जैसी दशा आपकी भी होती तो आप भी जरूर ही निराशावादी होजाते।

दिन०-तो आपकी यह धारणा है कि आ-पको इस प्रकार शांति नहीं मिलेगी?

रा० ब०-हां, मेरी तो यही धारणा है।

दिन०-जो इस प्रकार नहीं तो किस प्रकार शांति मिलेगी?

रा० ब०-जिस प्रकार मैं कह चुका हूं उस ही प्रकार मिलेगी।

दिन०-अर्थात्—

रा० ब०-संसार त्याग कर सन्यास लेनेसे-साधु होजानेसे!

रायबहादुरके यह वाक्य खतम भी नहीं हुये थे कि एक ओरसे किसीके अट्टहासकी आवाज सुनाई दी। दोनों मित्रोंको आश्चर्य हुआ दोनों ही परस्पर एक दूसरेकी ओर ताकने लगे।

रा० ब०—यह हंसनेकी आवाज कहांसे आई?

दिन०—(सामनेकी ओर) इस ओरसे आई मालूम होती है।

रा० ब०—हास्य, परन्तु बड़ा गंभीर प्रतीत होता था।

दिन०—यहां तो कोई किसान भी नहीं—घना जंगल है।

रा० ब०—हंसीपरसे तो यह नहीं कहा जा सकता कि वह कोई ग्रामीण .. ।

ठीक इस ही समय थोड़ी दूरीपर सामने एक वृद्ध पुरुष आता दिखलाई दिया। उसके वस्त्रोंसे प्रगट होता था कि वह कोई भिखारी है। दिनकर धीमे स्वरसे बोले:—

आहा! ठीक है, छह सात दिन पहिले एक गांववालेने कहा था कि इस जंगलमें एक वृद्ध भिखारी कुछ दिनोंसे आकर रहने लगा है। वह सदैव जंगलमें रहता है। मात्र दिवसमें एक बार बस्तीमें......। दिनकर बाबू यह वाक्य पूरा भी न कर पाये कि वह वृद्ध उनके निकट आगया। दोनों मित्र उसकी ओर एकटक निहारने लगे। वृद्धका बहिर्वेश मलिन था। मुख पर एक लम्बी श्वेत दाढ़ी थी। सब बाल भी बढ़ रहे थे। रक्तवर्णी बड़ी२ आंखोंमें एक विचित्र प्रकारकी चमक थी। वर्ण श्याम था, तो भी मुखमण्डलपर इतना तेज विद्यमान था कि वह दोनों मित्र अद्भुत् उनके समक्ष उपस्थित थे। वृद्ध सामने आकर खड़ा होगया और जरा मीठी हंसी हंसकर बोला:—

कौन संसारको झूठा—असार कहता है? कौनसा जीव संसारसे रूठ गया है? कौन संसार छोड़के सन्यासी होना चाहता है? इस कलिमें साधु होनेकी विडम्बना कौन करना चाहता है? मुनिधर्मका कठिन धर्म पालन करनेका कौन दम भरता है?

वृद्धने यह शब्द इतनी निर्भीकता और निश्चलतासे कहे कि मानो कोई पिता अपने बालकोंसे कुछ पूंछ रहा हो। रायबहादुरको वृद्धकी यह धृष्टता अच्छी न लगी। परन्तु उन्हें उसके मुखपर कुछ कहनेका साहस नहीं था। दिनकर चुपचाप बैठे थे। वृद्ध फिर बोला:—

अभी मैंने सुना था कि किसीने संसार छोड़ सन्यासी होनेकी बात कही थी।

अबकी दिनकर प्रयत्न करके बोले:—इन हमारे मित्रका चित्त गृहस्थीके जंजालसे ऊब गया है। यही कहते थे कि सन्यासी होनेको मेरा जी करता है। केवल इतनी ही बात थी और कुछ नहीं। यह कहते है, हमारे हृदयमें शांति नहीं।

वृद्ध कुछ क्षणतक रायबहादुरकी ओर निहारता रहा। उपरान्त हंसकर बोला:—

शांति चाहते हो? संसार त्यागकर जंगलके भटकनेमें अथवा किसी पर्वतकी गुफामें शांति पानेकी इच्छा रखते हो?—मूलमें पड़ी आत्मा है! भ्रममें भ्रमा हृदय है! संसारसे परे और कुछ नहीं है। जो कुछ है वह संसारमें—जगतमें है। जंगल भी संसारमें है। तो पर्वत भी संसारमें है। और तुम भी संसारमें हो। गृहस्थी भी संसारमें है। पहाड़में संसार है, जंग-

कमें संसार है। किसे छोड़ते हो? संसार अलग छूट नहीं सक्ता। गृहस्थी और बस्तीसे अलग रहकर शांति पाना चाहते हो? यह भूल है। इस प्रकार शांति मिलेगी अवश्य परन्तु यह मार्ग अति दुर्गम है। तुम्हारे जैसे मनुष्य कि जिनकी आयुका अधिकांश भाग विषयवासनामें व्यतीत हुआ है इस मार्गको ग्रहण करके कभी भी शांति प्राप्त नहीं कर सके। जिस वस्तुको तुम कदम बकदम चलकर प्राप्त कर सके हो उसके लिये तुम एकदम गांवके गावका लम्बा सपाटा लगाना चाहते हो। आज दुनियांमें ऐसे पाखण्डियोंकी कमी नहीं है। साधुका वेष धारण करके वह अशांति और उपद्रवके बम्ब बने हुये हैं। भला आत्मवंचनासे कहीं काम चलता है? यह भूल है, भारी भूल है। शांति तुम्हारे पास है। तुम चाहो तो तुम्हें मिल सक्ती है। सबसे सरल मार्ग शोधनेकी आवश्यक्ता है। जो तुम्हारे पास धन है तो तुम उसके द्वारा भी शांति प्राप्त कर सके हो! तुम्हारे हजारों देश-बन्धु निर्धन-दरिद्र हैं। उनको धनवान और बलवान बनानेके प्रयत्न करो। उनको औद्योगिक शिक्षा दो—विद्यालय, पाठशालायें स्थापित करो। अनाथोंके लिये अनाथालय और विधवाओंके लिये विधवाश्रम खोलो। गरीब किसानोंकी खेतीके काममें सहायता पहुंचाओ—तुम्हें शांति मिलेगी। यदि तुम्हारे पास विद्या है तो अपने हजारों अज्ञान भाइयोंको ज्ञानवान बनाओ—तुम्हें शांति मिलेगी। जो तुम बलवान हो तो अपने निर्बल भाइयोंको बलिष्ट बनाओ-तुम्हें शांति मिलेगी। कितना सुगम रास्ता है! कितना सरल उपाय है! भूल है, भूल है, संसारसे अलग रहकर शांतिकी शोध करना भूल है, भ्रममें पड़े हृदयकी मिथ्याभावना है। गृहस्थ हो तो पहिले परमार्थ करो—परोपकार करो—शांति तुम्हारे कंठमें वरमाला डालेगी!

इतना कह वृद्ध कईबार हंसा और "भूल है—भूल है" कहता एक ओरको चला गया। दोनोंमित्र एक दूसरेकी ओर देखने लगे। रायबहादुरने सांस छोड़ कहा—बेशक मैं भूलमें था।

* * *

इसके दो वर्ष उपरांत दिनकरबाबूने रायबहादुरसे पूछा—अब तो शांति और उद्वेगकी शिकायत नहीं?

रायबहादुर प्रसन्नचित्त बोले—जरा भी नहीं। इन दो वर्षोंमें मैंने गावोंमें दस-पंद्रह पाठशालायें खोली हैं, छः सात अनाथालय स्थापित कराये हैं। बहुतसे गरीब विद्यार्थियोंको छात्रवृत्तियां दे उनका आगामी अध्ययनका मार्ग साफ किया है। अपने आसामियोंको बिल्कुल निर्भय किया है। किसानोंकी आर्थिक सहायता करके उनकी खेतीकी उन्नति की है। अब मैं अनाथालयमें अनाथ बालकोंको हंसते खेलते देखता हूं, गावोंमें विद्याप्रचार और खेतीकी उन्नति पर दृष्टि करता हूं और जिस समय मैं गरीब विद्यार्थियोंको शिक्षा लेते देखता हूं तब मुझे जो सुख मिलता है—जो शांति मिलती है वह अकथनीय है! उस वृद्धके शब्द—शब्द याद आते हैं।+

+"साबरमती" में प्रकाशित टाल्स्टॉयकी गुजराती कहानीका हिन्दी अनुवाद।

जैन समाज कैसे जगे ?

(रचयिता:-श्री० ब्रह्मचारी प्रेमसागरजी-रीठी)

[१]

मित्र नेमिचन्द्रजी, ज्ञात होता है कि जैन समाजका भविष्य खराब है क्योंकि उसकी वर्तमान अवस्था सन्तोषदायक नहीं है। जब कि अन्य समाजें सजग होकर कर्तव्यके मार्गपर उत्साह एवं वीरताके साथ कदम बढ़ा रही हैं तब जैनसमाज चादर ताने ऐसी सोरही है मानो उसको कुछ करना ही नहीं।

अन्य जातियां उन्नतिके शिखरपर चढ़ती आ रही हैं। जो जातिया बहुत जमानेसे पीछे पड़ी थकित हो रहीं थीं, आज वह भी अपनी ताकतका परिचय संसारको देरही हैं अर्थात् वह भी उन्नतिके शिखरपर चढ़नेकी तैयारी कररही हैं। लेकिन जैन जाति ही एक ऐसी जाति है जो शक्तिहीन सी होकर अपना अस्तित्व खोरही है।

नेमिचन्द्र—प्रियवर, आपने जो कहा है वह अक्षरशः सत्य है—किन्तु मैं इस बातको कदापि स्वीकार नहीं कर सकता कि जैन समाजमें जग जानेकी शक्ति नहीं है। शक्तिका अभाव तो उस अवस्थामें ही कहा जासकता है जबकि वह एक मरीजकी तरह कुछ नहीं कर सके और एक ही साधारण अवस्थामें पड़ी रहे। लेकिन जब वह कुछ करती है और शक्तिके अनुसार अपने कर्तव्य मार्गपर भी गमन करती है, तब उसे यह दोष कैसे दिया जासकता है कि उसमें जगनेकी शक्ति नहीं है एवं वह कुछ कर ही नहीं सकती।

समाजके न जगनेका कोई दूसरा ही कारण है और वह यह है कि जगानेवाले उसे जगाकर नहीं जानते। मेरी ज्ञात अवस्थाके अनुकूल तो मैं यह समझता हूं कि जगानेवाले खुद सोरहे हैं। जगानेवालोंका काम है कि वे खुद अपनी नींदको त्यागदें और अपनेको इतना निरालसी एवं कर्मवीर बनावें कि जो कठिनसे कठिन उपसर्गोंको भी शांतिपूर्वक सहन कर सकें। अगर जगानेवाले इसी प्रकार सोते रहे तो याद रखिये कि समाज भी अपना करवट नहीं बदल सकेगी।

खेमचन्द्र—मैं आपकी बातका समर्थन नहीं कर सकता कारण मैंने समझ रक्खा है कि अधिकांश भूल समाजकी है क्योंकि वह जगानेवालोंकी आवाजको स्वीकार नहीं करती। स्वीकार क्यों नहीं करती ? इस प्रश्नका उत्तर देना मुझ सरीखे अज्ञानियोंकी अक्लके बाहर है परन्तु समझानुकूल कुछ कहता हूं सुनिये—समाज, पहिले कुसंस्कारोंमें इतनी मजबूतीके साथ बंधी है कि उसका छूटना असंभव प्रतीत होता है। तभी तो वह अपनी संतानको न विद्या-अध्ययन कराती, न उसको प्रौढ़ अवस्था तक अविवाहित रखती और न फिजूल खर्चोंको बन्द करती आदि

...ावक हूं। समाजने तो यही समझ रक्खा है कि सन्तानको ज्यादा विद्या अध्ययन कराना उसकी अक्लको बरबाद करना है तथा अपनेसे जुदा करना है क्योंकि जिनकी संतान ज्यादा विद्या—अध्ययन कर जाती है वह अपने मां बापको कुछ नहीं समझती।

समाजका यह कुसंस्कार सबसे बड़ा है कि—वह समझ बैठी है कि—

"मृत्युका क्या भरोसा। आज मरे कि कल इसलिए अपने सामने ही सन्तानकी शादी कर जावें तो अच्छा हो क्योंकि हमारे मरनेके बाद उसकी शादी होती है व नहीं" सन्तानके हितार्थ जैसा गल्तीभाव समाजका रहता है यदि वैसा भाव सच्चा रहे तो मैं दावेके साथ कहता हूं कि समाजका शीघ्र ही उत्थान नजर आने लगे अर्थात् जैसी भावना वह संतानकी शादीकी भाती है अगर वैसी भावना उसे विद्वान बनानेकी भावे तो फिर वह दिन दूर नहीं है जब कि भगवान् महावीरके बताये मार्ग पर अधिकांश संसार गमन करता न दिखे।

नेमिचन्द्र—प्रियवर, आपका कहना तो मेरी समझमें नहीं आया क्योंकि मैं ऐसा मानता हूं कि—तमाम समाजोंको उन्नतिका मार्ग प्रदर्शक कराने वाले उनके—प्रधान, मुखिया, पंच, नेता और चौधरी होते हैं जैसे—जिस समय संसार धर्मको भुला बैठा था और अधर्मको याने हिंसाको ही अपना धर्म समझता था अर्थात् पशुओंको यज्ञोंमें हवन करना एवं मूक जीवोंकी गर्दनोंपर तलवारका वार ही धर्म माना जाता था, उस समय भगवान् महावीरने भूले हुए संसारको सच्चे धर्मका मार्ग बताया था। इसी प्रकार जिस समय दुनिया बौद्धके रंगमें रंग चुकी थी एवं क्षणिकवादियोंके चुगलमें फंस अपने आत्मधर्मको खो बैठी थी राजा और प्रजा सभी बौद्धमतको मानने वाले थे और जैनधर्मके कट्टर विरोधी थे, जैनीका नाम लेना भी दुस्तर था ऐसे जमानेके अंदर स्वामी अकलंकने अवतार किया और भूले हुए संसारको सच्चे धर्म (जैनधर्म) का मार्ग बताया और बौद्धमतके क्षणिक सिद्धान्तोंका जोरोंसे खंडन किया।

मौजूदा जमानेमें हिन्दुस्तान गुलामीकी जंजीरसे जकड़ा है, उसका व्यापार परदेशियोंके हाथमें है इसलिये जो कभी विद्या, व्यापार—आदिमें सबका गुरु था वही आज दूसरोंका शिष्य होकर परतंत्र बन रहा है। हिन्दुस्तान दूसरोंका गुलाम क्यों हुआ, उसके हक्कोंको सरकार कहां तक हड़प गई और उसकी गुलामीकी जंजीर कैसे टूट सकती है अर्थात् हिन्दुस्तान स्वतंत्र कैसे होसकता है इत्यादि सिद्धान्तोंके प्रणेता महात्मा गांधी हुए। उन्होंने सोते हुए हिन्दुस्थानियोंको जगाया, उनका भूला हुआ चर्खा उन्हें प्राप्त कराया और अहिंसात्मक असहयोगका सबसे बड़ा प्रयोग हिन्दुस्तानको स्वतन्त्र होनेमें सहायक बताया।

यह महात्मा गांधीजीके ही सिद्धांतोंका फल है जो कि वर्तमानमें गरीब लोग बेगारकी महान् बीमारीसे मुक्त होकर सुखी होरहे हैं तथा लाखों चरखे चलते नजर आरहे हैं और हजारों मनुष्य गाढ़ेके सच्चे भक्त दिख रहे हैं।

एक जमाना वह था जब कि पाश्चात्य विद्या-

गोंने जैनधर्मको बौद्धमतकी शाखा समझ रक्खा था तथा बहुतोंने नास्तिक समझ रक्खा था लेकिन श्रीमान् विद्यावारिधि दर्शनदिवाकर पं० चम्पतरायजीने लोगोंके इस भ्रमको हटा दिया और जैनधर्मका सिद्धांत अपनी लिखित किताबों द्वारा व भाषणों द्वारा—ऐसी खूबीके साथ संसारके साम्हने रक्खा ! जिसका फल यह हुआ कि वही पाश्चात्य विद्वान जो जैनधर्मको बौद्धकी शाखा और नास्तिक समझते थे आज वे उसे स्वतंत्र आत्मीक एवं बहुत प्राचीन और आस्तिक मानते हैं।

मतलब यह है कि किसी भी धर्म एव राष्ट्र और समाजको उन्नतिके शिखरपर चढ़ाने वाले उनके मुखिया, नेता और प्रधान ही होते हैं इसलिए मानना पड़ेगा कि जैनसमाजको जगाने वाले मुखिया एवं नेता ही होसकते हैं लेकिन हमारी समाजके नेता वर्तमानमें एक ऐसे कलह कीचड़में फंसे हुए हैं कि उनको खुद जगनेकी जरूरत है, खुद अपनेमें एकताका भाव लानेकी जरूरत है—तभी वे समाजको जगा सकते हैं और समाज जग सकती है।

खेमचन्द्र—मैं मानता हू कि समाजको जगानेवाले उसके मुखिया एवं नेता हो सकते हैं और साथमें यह भी मानता हूं कि जैन समाजके नेताओंने भी जैन समाजके जगानेमें कोई कमी नहीं की। सुनिये, जैनियोंके लिए एक जमाना वह था जब कि वे विद्यासे रीते ही दिखा रहे थे, उनमें कोई विद्वान धर्मशास्त्री नहीं था, वे तो इतनी ही विद्या पढ़ेको धर्मशास्त्री मानते थे कि जो मंदिरजीमें पूजनपाठ पढ़ सके और समामें पद्मपुराण व पांडवपुराणकी कथा कह सके लेकिन समाजके नेताओंने इस रोगको दूर कर दिया और मुख्य २ स्थानोंमें विद्यालय और ग्राम२में जैन पाठशालाएं खुलवाईं जिनका फल आज यह दिख रहा है कि दर्जनों पंडित हमारी समाजमें तैयार हैं और होते जारहे हैं।

मोरेनाका विद्यालय, स्याद्वाद विद्यालय काशी, सत्तर्कसुधातरंगिनी पाठशाला सागर, ब्रह्मचर्याश्रम मथुरा, महाविद्यालय ब्यावर, ब्रह्मचर्याश्रम कारंजा आदि कितने ही ऐसे विद्यालय हैं जिनके द्वारा प्रत्येक वर्ष धर्म एवं न्यायके विद्वान उत्पन्न होते हैं तथा ग्रामोंकी पाठशालाएं भी बहुत कुछ जाग्रति कर रही हैं।

दूसरी बात यह है कि उसी अविद्याके जमानेमें जैनी लोग इतने मिथ्यात्वके कीचड़में फंसे हुए थे कि उनका निकलना एक प्रकारसे असंभव था। लोग अजैनोंकी तरह अपने घर ब्राह्मणोंसे मिट्टीके महादेव (रुद्र-शंकर) की मूर्ति बनवाकर उसकी पूजा करवाते थे, हनूमानको नारियल भेट करते थे, पितर जिमाते थे और श्राद्ध भोज्य करते थे तथा उसमें ब्राह्मणोंको भोजन खिलाना पुण्य कार्य समझते थे। ग्रहणको मानते थे और उसमें दान देते थे। इसी तरह स्त्रियां भी देवी, दुर्गा, खेर, वहेर आदिको पूजती थीं तथा उससे सन्तान होनेका वर्दान मागा करती थीं। भादोंवदी ६ को अजैन स्त्रियोंकी तरह उपवासी रहती और उसमें विना बोए (पसईधान्य) धान्यके चावल और दूध खाया करती थी तथा जंगली वेरके दरख्त डाली और ढ़ाक (छोहला) की डाली तथा कांस (एक प्रकारका

बीस-का मूल) के तृण समूहको एकत्रित कर उसकी पूजा करती थीं और ब्राह्मणोंद्वारा उसकी कथा सुनती थीं आदि कहांतक कहें । यदि पूर्ण कहूं तो संभव है कि एक पुस्तक बन जावे ।

आशय यह कि हमारे नेताओं एवं मुखियोंने भी समाजके जगानेका भरसक प्रयत्न किया है और कररहे हैं इतनेपर भी समाज न जगे तो इसमें नेताओंको द्वेषी नहीं ठहराया जा सकता। इसमें तो समाजका ही दुर्भाग्य ज्ञात होता है ।

नेमिचन्द्र—प्रियवर, आप जरा विचारशक्तिसे काम लीजिये, मैं आपकी बात मानता हूं कि मुखियोंने विद्यालय खुलवाए, मिथ्यात्व हटाया और सभाओंकी भी स्थापना कराई, लेकिन जैसी आप उनकी कामयाबी बयान करते हैं, उसे माननेको मैं तैयार नहीं हू। सुनिये—हमारे मुखियोंने विद्यालय खुलवाये और उनमेंसे दर्जनों पंडित पैदा किए लेकिन समाजकी वास्तविक तरक्कीका दर्शन तो अभीतक नहीं हुआ । अब इसमें किसे द्वेषी ठहराया जावे ?

विद्यालयोंके द्वारा तरक्की होना सत्य संभव है लेकिन नेताओंने जैसा रूप विद्यालयोंको होना चाहिये उस रूप उनको नहीं बनाया, उनमें व्यवसाय और कलाकौशलकी शिक्षाको कतई स्थान नहीं दिया गया, तभी तो देखा जाता है कि जितने भी पंडित महानुभाव विद्यालयोंसे उत्तीर्ण होकर आते हैं वे सब नौकरी ही पेशा करते हैं, उनकी जिन्दगी पाठशालाओंकी अध्यापकी करते२ ही पूर्ण होजाती हैं इस लिहाजसे वे अपनी सारी जिन्दगी ३०) या ४०) में विद्यालयोंको बेच देते हैं । उनके पास स्वतंत्रता कभी अपना घर नहीं करती इसलिए उनके भावी विचारोंका घात हुए विना नहीं रहता ।

धर्म एवं समाजका उत्थान विज्ञ महानुभावोंके द्वारा ही होसकता है और उसमें कुछ (धनकी) सहकारिता धनिक वर्गकी भी मानी जाती है लेकिन हमारे विज्ञवर्ग और धनिकवर्गको धर्म एवं समाज उत्थानका अवकाश नहीं है, क्योंकि धनिकवर्ग तो अपने व्यवसायमें ऐसा रक्त होरहा है कि उसे सुखसे भोजन प्राप्त करनेकी भी फुरसत नहीं है । इसी प्रकार अधिकाश विज्ञवर्ग परतन्त्रताकी पक्की जंजीरमें ऐसा जकड़ा है कि कुछ कर ही नहीं सकता ऐसी अवस्थामें हमें कहना पड़ता है कि—धार्मिक एवं सामाजिक उत्थान हमारे लिए कोशों दूर है।

खेमचन्द्र—समाजके अन्दर दो तरहके मनुष्य हैं—एक धनिक दूसरे निर्धन । इनमेंसे धनिकवर्ग तो अपनी सन्तानको विद्यालयोंसे सर्वथा पृथक् रखता है। हां निर्धनवर्गकी सन्तान अवश्य ही विद्यालयोंमें प्रवेश होती है । अब जरा सोचिये जब कि निर्धनवर्गकी ही सन्तान ज्यादातर विद्वान बनती है तो फिर अगर वह-विद्यालयों एवं पाठशालाओंमें अध्यापकीका कार्य सम्पादन तनख्वाह लेकर करती है याने परतंत्र रहती है तो इसमें कौनसी असमवनीय बात है क्योंकि नीतिकारोंने कहा है—"सरस्वती माता और लक्ष्मी माताका आपसमें वैर है, इसलिये जहांपर सरस्वती माता होंगी वहां लक्ष्मी माता नहीं जा सकती और जहां लक्ष्मीजी होंगी वहां सरस्वतीजी नहीं जा सकती । "

धनिक वर्गकी सन्तान विद्वान हो तो संभव

अपूर्व कारीगिरीका प्राचीन दि० जैन मंदिर-केकड़ी।

Jain Vijaya P. Surat.

है कि सन्तानके कार्यमें बहुत कुछ सहायता प्राप्त हो ऐसा होना असंभव है कारण धनवान लोगोंको सन्तानके पढ़ानेकी परवाह नहीं है क्योंकि उन्होंने समझ रक्खा है कि—विद्या केवल नौकरीके लिए ही पढ़ाई जाती है और उनका कहना भी ठीक है क्योंकि ऐसा हो रहा है। कवि मैथिलीशरणजीका कहना भी है—

अब नौकरीके ही लिए विद्या पढ़ी जाती रहा।
बी० ए० न हों तो फिर कहो डिग्रीगिरी रक्खी कहां॥
किस स्वर्गका सोपान है तू हायरी डिग्रीगिरी?
सीमा समुन्नतिकी हमारे चित्तमें तू ही भरी॥

बस, इसी भावको समझकर धनिकवर्ग अपनी सन्तानको ज्यादे नहीं पढ़ाते क्योंकि वे समझते हैं कि हमारे पास काफी धन है, हमें अपनी संतानको पंडित बनाके क्या करना है? क्या कहीं नौकरी कराना है?

नेमिचन्द्र—प्रियवर, आप भूलते हैं। धनिकवर्ग इस भावको लेकर अपनी सन्तानको अपढ़ नहीं रखता कि—अब नौकरीके लिए ही विद्या पढ़ाई जाती है व उससे परतंत्रता उत्पन्न होती है और स्वतंत्रताका नाश होता है। धनिकवर्गके दिमागमें स्वार्थका अंकुर पैदा होगया है इसलिए वह अपनी सन्तानको विद्वान नहीं बना सकता। सुनिये—सबसे ज्यादा फिकर तो धनिकोंको यह रहती है कि अगर हम अपनी संतानको पंडित बना देंगे तो वह हमारे हाथसे चली जावेगी और अन्य पंडितोंकी तरह विद्यालयोंकी नौकरी व सभाओंकी उपदेशकी करेगी क्योंकि—पंडितोंको ज्यादातर नौकरी ही प्रिय मालूम होती है। धनिक वर्गका स्वार्थ केवल यही है कि व्यापारकी वृद्धि हो, बढ़ेर पैसा पैदा करने करें। इसलिये उनको छोटीसी [illegible] व्यापारिक धंधेमें फसा देते हैं, ऐसी अवस्थामें उनके बच्चे थोड़ीसी हिन्दी व गणितकी शिक्षा ही पाकर मूर्ख रह जाते हैं। कहीं२ तो केवल गणित और मुड़िया भाषा ही बच्चोंको सिखाते हैं जिससे वे मात्र भाषा (हिन्दी)में अनुवादित शास्त्रोंका स्वाध्याय भी नहीं कर पाते।

मुड़िया भाषा कोई साहित्य भाषा नहीं और न उसे किसी ऋषीने जन्म दिया। उसे तो स्वार्थ व्यवसायी वर्गने ही स्वार्थसिद्धिकी गर्जसे उत्पन्न किया है, ऐसा ज्ञात होता है। किसीने सच कहा है—"वणिक पुत्र कागद लिखत, काण मात्र नहीं देत। हींग, मिरच, जीरो लिखत, हग, मर, जर लिख देत।

प्रियवर! दूसरी बात आपने जो यह कही है कि मुनियोंने मिथ्यात्वको हटाया, मैं इसे कतई नहीं मान सकता। क्योंकि मिथ्यात्वका किंचित् भी हटना मुझे नहीं दिख रहा है। सुनिये-जैनियोंमें वही गंगा, यमुना आदि नदियोंमें पर्वके दिन स्नान करना अभीतक जारी है। इसी वर्षकी बात है जब कि शिखरजीका बृहत् मेला था, मेरा साथ कटनीसे एक ताजे सिंघईजीके साथ होगया और उनके साथ इलाहाबाद गया तब आप मुझे त्रिवेणी दिखानेको गंगा ले गये वहां आपने गंगामें डुबकी लगाई और गंगामाईको, कुछ पैसे भी चढ़ाये। मैं सिंघईजीकी यह गंगभक्ति देखकर दंग रह गया, कुछ [illegible] नहीं सका। लेकिन मैंने मनमें सोचा कि शायद सिंघईजीने इस अभिप्रायसे शामको ४ बजे गंगा स्नान किया है जिससे पाप मैल धो जावे और

मुक्त होकर शिखरजीकी वंदना की जावे।

स्त्रियोंका वही खेर, बट्टेर, दुर्गा, चण्डी आदिका पूजना व पीर पैगम्बरोंसे सन्तानकी आशा का पूजन जारी है आदि कहांतक कहें, मतलब यही है कि अभी समाजसे मिथ्यात्व घटा नहीं बल्कि बढ़ता ही दिखाई देरहा है।

खेमचन्द्र—आपने तो अपनी कुशाग्र बुद्धिके द्वारा मेरी सारी बातें काट दीं। लेकिन यह मैं दावेके साथ कहता हूं कि सभाओंके द्वारा विद्वानोंने बहुत कुछ समाज हित किया है, आप इसे स्वीकार करें या न करें।

नेमिचन्द्र—प्रियवर! आप कैसी बात कहते हो मेरा अभिप्राय आपको परास्त करनेका नहीं है और न मैं अपनी बातको पुष्ट करना चाहता हूं। लेकिन मैं स्वतंत्र विचारवाला आदमी हूं। इसलिये केवल उन्हींके रखनेका प्रयास सभी समाजसुधारकोंके सामने रखता हूं। कोई उन्हें माने या न माने यह तो उसीके आधीनकी बात है। बस, इसी अभिप्रायसे आपका कुछ हृदय दुखाया है, क्षमा करें।

खेमचन्द्र—आप यह शंका तो दिलसे कतई निकाल दें। मैं किंचित भी बुरा नहीं मानता। आप तो अपने विचारोंको सुनाते जाइये और मेरी शंकाओंका समाधान करते जाइये।

नेमिचन्द्र—जब आपका इतना उदार हृदय है तब मैं भी अपने विचारोंको स्वतंत्रतापूर्वक रखनेको तयार हूं। सुनिये—आप कहते हैं कि मुखियोंने सभाएं स्थापित कर समाजका बड़ा उपकार किया है लेकिन मैं आपको आगे चलकर बताऊंगा कि सभाओंद्वारा मुखियोंने समाजका कितना उपकार किया है।

मैं इस बातको मानता हूं कि मुखियोंने समाजके अंदर सभाओंको जन्म दिया परन्तु इसे कदापि नहीं मान सकता कि सभाओंद्वारा समाजका कुछ उद्धार हुआ है। सभाओंका जन्म समाज हितके लिए ही होता है। लेकिन हमारी सभाओंके मुखियोंके दांत खानेके और दिखानेके और ही रहे। उन्होंने कभी भी निष्कपटतासे किसी सभाका काम सम्पादन नहीं किया। उन्होंने तो सभाओंको एक प्रकारका अभिनय बना दिया जैसे कि अभिनयमें एक्टों व पात्रोंका रूप दिखाकर उन्हें तबदील किया जाता है उसी प्रकार हमारी सभाओंका हाल रहा। नाटकोंमें एक्टोंका रूप बदला जाता है तो यहां प्रस्तावोंका।

मुखियोंने अपनी प्रधानतामें जिन२ प्रस्तावोंका पाठ खेला और जनतासे पास कराया उन्हींको अपने पैरों कुचल डाला। बस, ज्यादे क्या कहूं। सभाओंका तमाम कलेवर इसी प्रकारका है और उनपर दिखाउटी टाइटिलोंकी भरमार है।

अगर मुखियोंने सभाओंके द्वारा कुछ भी समाजका सुधार किसी रूपमें किया होता तो आज उसके जीवन मरणका प्रश्न संसारके सामने उपस्थित न होता। आज समाज मरणासन्न है, उसे कुप्रथाओंके रोगने घर दबाया है जिसके कारण उसकी गोदसे उसके प्रिय २१ लाल रोजीना उठकर मृत्युकी गोदमें चले जाते हैं। यदि मुखियोंने कुप्रथाओंको निकालनेका प्रस्ताव सच्चे रूपमें किया होता और उसपर खुद अमल किया होता तो आज समाज अपने अबोध छोटे २ बच्चोंको जिनके कि दूधके

हाथ भी नहीं छूटे उन्हें विवाहकी वेदी पर बलिदान न करती तथा अपनी छोटी २ अबोध कन्याएं अविंद पशुओंके बुड्ढोंको न देखती और न बुड्ढे भी मरणकालमें-शादीकी इच्छा करते। बड़े दुःखके साथ कहना पड़ता है कि-समाजको कुरीतियोंने इतना तंग किया है, इतना अपना गुलाम बनाया है कि जिसका कुछ ठिकाना ही नहीं है।

कुरीतियां रोग हैं, जो जैन कौमपर आक्रमण किए हुए उसे नष्ट कर रही हैं। इनके द्वारा सन्तानोत्पत्ति मारी गई, विधवाओंकी वृद्धि भई और गरीब घरानेके नौजवान विवाहरहित रह गये। कुरीतियोंका किस्सा बड़ा है अगर मैं साराका सारा बयान करूं तो बहुत समय लगे इसलिए आप इतनेहीमें समझ जाइये कि कुरीतियोंके द्वारा समाज कितनी पतित दशाको प्राप्त होचुकी है।

खेमचन्द्र—मित्रवर, अब मैं समझ चुका कि सचमुच ही समाजको जगानेवाले उसे जगाके नहीं जानते क्योंकि वे खुद सोरहे हैं। अब आप मुझे इस बातको और समझा दीजिये कि—समाजका सुधार कैसे होसकता है?

नेमिचंद्र—समाजसुधारके कई उपाय हैं किन्तु मुख्यतः मेरी समझके अनुकूल ६ उपाय उपयोगी हो सकते हैं। जैसे—१ संगठन, २ कालेज, ३ धार्मिकक्षेत्रको बढ़ाना, ४ कुरीतियोंको हटानेकी असली कार्रवाई करना, ५ वैवाहिक क्षेत्रको विशाल बनाना, ६ स्त्रीशिक्षाका पक्का प्रबंध करना।

खेमचंद्र—अब इनकी पृथक् २ व्याख्या कर दीजिये क्योंकि मैं अभी आपके अभिप्रायको पूरी तौरसे समझ नहीं पाया।

नेमिचन्द्र—जब ऐसी आपकी मंशा है तो सुनिये मैं आपको सुनाता हूं किन्तु यह याद रखिये कि केवल सुनना ही उपयोगी नहीं होता बल्कि मनन करना और आचरण करना ही उपयोगी होता है। अच्छा तो सुनिये—

समाज इस समय मोतियोंके दानोंकी तरह बिखरी पड़ी हुई है उसे एकताके सूत्रमें पुरोनेकी बड़ी भारी आवश्यकता है अर्थात् उसे संगठित बनानेकी खास जरूरत है क्योंकि बिना संगठनके समाजका सुधार होना बालूसे तेलकी आशा करना है। दि० श्वे० और स्थानकवासी आदि कोई भी हों सभी मिलकर रहें और अपने२ धर्म सिद्धांतोंका पालन करते हुए श्रीवीर शासनका सिक्का संसारमें जमा दें लेकिन यह काम तभी होसकता है जब कि हमारे नेता आपसी कलहका अंत कर आपसमें प्रेमपूर्वक मिल जावें।

दूसरा उपाय है—कालेज, जैन समाज राजनैतिक क्षेत्रसे बहुत दूर है, आज सरकारी कौंसलोंमें उसके सुपुत्रोंकी पहुंच नहीं है। इसीसे जैनसमाजके हकोंकी रक्षा नहीं होरही है तथा दुनियां जैनामृत पीनेकी इच्छुक होरही है लेकिन हम उसे वह तबतक नहीं पिला सकते जबतक अपनेमें कालेजकी स्थापना न कर लें क्योंकि उसके द्वारा उस प्रकारके विद्वान तैयार होंगे।

आर्य, ईसाई, फारसी और मुसलमान जो आज तरक्कीके मैदानमें दौड़ लगा रहे हैं यह सब उनके कालेजोंका ही प्रताप है।

तीसरा उपाय है धार्मिक क्षेत्रको बढ़ाना अर्थात् जो जैनधर्मको छोड़ बैठे हैं उन्हें पुनः उसमें लाना और जैनेतर (अजैनों) भाइयोंको जैनधर्ममें दीक्षित करना। आज शिक्षित संसार धर्मके वास्ते परीक्षा-प्रधानी होरहा है। हमको चाहिये कि हम अपने धर्मके अकाट्य सिद्धान्तोंको शिक्षित संसारके सामने रक्खें और संसारको जैनी बना डालें।

मान्यवर बेरिष्टर चंपतरायजीने जो करके दिखाया है उसीका हम समर्थन करें और कालेज खोलकर उन्हीं सरीखे विद्वान पैदा करें तभी जैनधर्मकी वास्तविक तरक्की होसकती है।

चौथा उपाय है—वैवाहिक क्षेत्रको विशाल बनाना, यह इलाज मरणासन्न समाजके लिए रामबाण है क्योंकि यह बहुत पुराना इलाज है, नवीन नहीं। उपश्रेणिक सरीखे क्षत्रिय राजा भीलकी कन्याको परणते हैं जिससे कि चिलाति पुत्रकी प्राप्ति होती है तथा उन्हींके पुत्र श्रेणिक वैश्य पुत्रीको परणते हैं जिससे अभयकुमारजी होते हैं मतलब यह है कि यह "अन्तर्जातीयविवाहकी" प्रथा नवीन नहीं है बल्कि प्राचीन है।

आज जैन समाजकी छोटी छोटी जातियां अपने जीवनको कायम रखनेके लिये क्षत्रिय [illegible]

[illegible]

बेटीव्यवहार शुरू होजावे तो सम्भव है कि समाजके जीवनमरणका प्रश्न बहुत कुछ हिस्सेमें हल हुए विना न रहे।

पांचवां उपाय है-कुरीतियोंके हटानेकी अपनी कार्रवाई करना—देखा जाता है कि ज्यों ज्यों कुरीतियोंका घटानेका प्रयत्न किया जाता है त्यों त्यों वे बढ़ती नजर आती हैं इससे तो वाजिब यही है कि उन्हें हटानेके लिये पंचायतकी तरफसे कुछ दंड नियत किया जावे तभी संभव है कि कुरीतियोंकी चुगलसे समाज बच सके।

छठवां उपाय है—स्त्रीशिक्षाका प्रबंध, समाजकी उन्नतिमें बाधक स्त्रियोंका अशिक्षित रहना भी है अगरचे स्त्रियां पढ़ी हों तो हम बड़ी आसानीसे अपनी धार्मिक एवं सामाजिक तरक्की कर सकते हैं। जिन नवयुवकोंके द्वारा लोग समाजकी भावी उन्नतिकी आशा करते हैं उनको योग्य बनानेवाली माताएं होना अति आवश्यक है। अब हम सीता आदि महा स्त्रियोंकी जीवनीपर विचार करते हैं तो हमें मालूम होता है कि आधुनिक समाजकी स्त्रियां उनकी किंचित् मात्र समानतामें मुकाबला नहीं कर सकतीं।

अगर हम चाहते हैं कि हमारा समाज तरक्की पावे और धर्मात्मा बने तो हमारा फर्ज होगा कि हम बालकोंकी तरह बालिकाओंको भी पढ़ानेकी ठीक व्यवस्था करें।

खेमचन्द्र—आपका कहना अक्षरशः सत्य है। आपने जो जो बातें आजके सम्वादमें समाजके लिए बतलाई हैं। यदि उन सबका उपाय योग्य [illegible]

[illegible] अवश्य होजावे।

नेमिचन्द्र—प्रियवर, अब समय शयन करनेका होगया है अतएव आज्ञा दीजिये मैं घर जाऊं।

खेमचन्द्र—अच्छा मित्रवर, फिर कभी भी ऐसी कृपा करना।

दिवाली व हमारा कर्त्तव्य ।

(ले०-बाबू ताराचन्द्र पांड्या, झालरापाटन)

बेच दिया चिन्तामणि जिनने कौड़ीमें वे मूरख हैं ।
जला दिया इंधन सम जिनने कल्प-वृक्ष वे मूरख हैं ॥
पर वे भी हैं अक्लमन्द उस मूर्ख शिरोमणिके आगे।
जो नरभव विषयोंमें खोवे, मोह-नींदसे नहीं जागे ॥

कोई ढाई हजार बरसोंकी बात है । महावीर भगवान इस असार संसारको छोड़कर परम धामको सिधार गये थे । पावापुरके सरोवरके तीरपर चमकते हुए मुकुटोंको धारण करनेवाले देवगण अंतिम तीर्थंकरका अंतिम कल्याणोत्सव कर रहे थे । उस समय सब ज्ञानी मनुष्योंने विचार किया कि महापुरुषोंका जीवन जैसा चमत्कारिक होता है उनकी राख भी उससे कम चमत्कारिक नहीं होती है । तीनों लोकोंका कल्याण करनेवाले श्री वीरप्रभु आज चले गये हैं । उनकी कीर्ति अमर है । विद्वान लोग तो उनके उपदेशोंको कभी भूलनेके नहीं । परन्तु कालान्तरमें कालचक्रके प्रभावसे सांसारिक कार्योंमें फँसी हुई साधारण जनता उनके उपदेशोंके प्रति उदासीन हो जावेगी । इसलिये आओ हम सब मिलकर आज भगवानके निर्वाणके दिन कोई ऐसा उपाय सोचें कि जिससे लोकका कल्याण होवे अर्थात् लोगोंके हृदयोंमें वीर प्रभुकी पावन स्मृति भलीभांति जागृत रहे और समय २ पर लोगोंका ध्यान भगवानके उपदेशोंकी ओर आकर्षित होता रहे ।

यह विचार कर उन सबने आपसमें सलाह की और सबकी सम्मतिसे दीपमालिकाकी उत्पत्ति की गई । यह नियत किया गया कि दीपमालिका प्रतिवर्ष आकर लोगोंको भी श्री वीर प्रभुकी स्मृति और आज्ञाकी याद दिलाया करे और लोगोंको उपदेश दिया गया कि वे प्रतिवर्ष दीपमालिकाका स्वागत दीपोंसे किया करें । भगवानकी अन्तरंग विभूति सर्व-प्रकाशक केवलज्ञान और बाह्य विभूति समवशरणकी ओर झुकते हुए अमरेन्द्रोंकी कांति इन दोनोंका भान ज्योतिसे होता है, इसीलिये दीपकोंका विधान किया गया ।

भारतके उस समयके सात महाराजाओंने मिलकर इस कार्यका श्रीगणेश किया ।

तबसे श्री वीर स्मृतिकी दूती दीपमालिका सालमें एकबार आती है और सोये हुए अर्थात् सांसारिक कार्योंमें डूबे हुए लोगोंको जगाकर चली जाती है ।

हम इसका स्वागत करनेमें तो कोई कमी नहीं रखते । दीपक ऐसी धूमधामसे जलाते हैं कि रातका दिन होजाता है और आकाशके दीपकोंको लज्जित होजाना पड़ता है । इन दीपकोंको देखकर हमें भक्त अमरोंके झुकते हुए मुकुटोंकी मणियोंकी याद आ जाती है ।

परन्तु दीपमालिकाके उद्देश्यको हम बिलकुल विसार बैठे । कोई तो इसकी उत्पत्ति ही भिन्न प्रकारसे मानते हैं तो कोई इसको सिर्फ वैश्योंका त्यौहार समझते हैं । उत्सव चलाया था सांसारिक भोगोंपरसे चित्त हटानेके लिये और हमने इसको भोगोंका उत्सव बना दिया । इस दिन जुआ खेला जाता है, संयमके स्थानपर भोगविलासकी सामग्रियें जुटाई जाती हैं और सबसे बढ़कर काम यह होता है कि संसार-चक्रकी

[illegible] झण्डा फहराया जाता है। लक्ष्मीकी पूजाको यहां भी घुसेड़ दिया गया। हम सोते हैं। दीपमालिका आकर हमको जगाती है। जैसे किसी चींटीने काटा हो वैसे हम जगते हैं और झाड़ फूंककर हाथमें लड्डू लेकर मंदिरोंको दौड़ते हैं और कुछ पूजापाठ बड़बड़ा कर वापिस सो जाते हैं।

परन्तु इस तरह कुछ काम नहीं होता है। महापुरुषोंकी स्मृतियें इसी उद्देश्यसे मनाई जाती हैं कि उनके गुणोंका स्मरण हो, उनके गुणोंके स्मरणसे उनके गुणोंमें भक्ति हो, उनके गुणोंमें भक्तिसे उन गुणोंको प्राप्त करनेकी इच्छा जागृत हो और उनके गुणोंको प्राप्त करनेकी इच्छासे उनके समान बननेका प्रयत्न किया जावे।

महावीरस्वामी संयमशील, अल्पाहारी, करुणासागर और पतितपावन थे। हमें चाहिये कि कमसेकम दिवालीके अवसरपर तो अवश्य ही उनके चित्र (मूर्ति), चरित्र और चारित्रपर विचार करें। मंदिरोंमें जाकर उनकी पूजा करें, उनके पुराणको पढ़ें और उनके चारित्रपर मनन करें। हम यह सोचें कि किस मार्गपर चलकर उनने नरसे परमात्मत्वका उच्च पद प्राप्त कर लिया।

हमको चाहिये कि उपवास व्रत आदि कर दर्शनविशुद्धि आदि सोलहकारण भावनाओंका, अनित्य अशरण आदि बारह वैराग्य भावनाओंका और मैत्री, प्रमोद आदि चार शुभ भावनाओंका चिन्तवन करें और उत्तम क्षमा आदि दशधर्मोंकी तरफ मन लगावें। जिस तृष्णा और स्वार्थसे संसारमें गरीबों और गुलामोंकी संख्या बढ़ रही है, जिस लोभसे मनुष्य अपने ही जैसे मनुष्यका नौकर बननेको विवश होता है उसको त्याग करें या मंद करें।

समाजमें बहुतसे भाई दुःखी व बेकार हैं। हमको चाहिये कि हम यथाशक्ति उनकी सहायता करें।

जो अज्ञानी हैं उनको ज्ञान-दान करें या करावें, और जो रोगी हैं उनकी सेवा सुश्रूषा करें, और नहीं तो कमसेकम उसके पास जाकर उनसे मीठे और सान्त्वनाके वचन बोलें।

जुआ, शराब और तमाखू सिगरेटके व्यसनसे लोगोंको छुड़ावें। जिस सट्टेने हमारे समाजकी आर्थिक स्थिति खराब कर दी है उसको बंद करें।

मंदिरोंकी उचित व्यवस्था करें और उनकी टीम टाम (सजावट)में लगनेवाले रुपयोंको पाठशालाओं, अनाथालयों, औषधालयों आदि अधिक उपयोगी कामोंमें खर्च करें।

व्यक्तिकी, कुलकी, जातिकी, देशकी और विश्वकी अनैक्यताको दूर करनेका प्रयत्न करें। ब्रह्मचर्य और व्यायामको प्रोत्साहन दें और फैशनसे बाज आवें, चमड़ेको और रेशमको छोड़ें।

स्त्रियोंको भोगकी वस्तु न समझें। यहां ख्याल करें कि उनके भी मन है, हृदय है, सुख दुःख है, विचार और इच्छायें हैं। उनके भी हमारे जैसी आत्मा है और उनको भी आत्म–श्रद्धा, आत्मज्ञान और आत्मकल्याणकी आवश्यक्ता है।

धर्म और दयाके खातिर हम विधवाओंको देवी समझें। गृहस्थाश्रममें रहकर वे दुर्धर शील-व्रतका पालन करती हैं। उनकी लज्जा धर्मकी

जनता है अर्थात् पाप है। वे दरिद्रता, अज्ञान आदिसे दुःखी हैं, उनका तिरस्कार करता है। हम उनमें सादे जीवनको प्रोत्साहन दें, उनको जीवन निर्वाहके लिये उपयोगी निर्दोष हुनरोंको सिखावें और माताके समान समाजसेवा करनेके लिये उनसे कहें। हम सब उनको प्रतिष्ठाके सिंहासनपर स्थापित करें क्योंकि वे शील-धर्मका पालन करती हैं। तारांचंद्र पांड्या।

वीर-विनय।

वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
महावीर मम झंझरी नैया, अटक रही मझधार।
पार लगादो नाथ एक बस, तुम ही हो पतवार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
ज्ञान नेत्र मुंद गये पापका छाया निविड़ अंधकार।
हितका मार्ग सूझता नाहीं कहां मोक्षका द्वार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
हे सन्मति! अब सन्मति दीजे कीजे नहीं अवार।
करुणानिधि लीजे उतार अब भवका बोझ अपार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
मैं तो दीन दुखी हूं स्वामिन्! तुम करुणा भंडार।
इन पापी कर्मोंका भगवन्! कैसे हो संहार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
एक बार हस्तावलंब दो, हो जाऊंगा पार।
हे अतिवीर! वीर होजाऊंगा लो तनिकसम्हार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥
चारशतक जीवन वर्षों पर बीते दोय हजार।
वर्द्धमान भगवान "दास"को अब तो दीजे तार ॥
वीर प्रभु शीघ्र करो उद्धार ॥

परमेष्ठीदास जैन म० वि०-इंदौर।

महावीरस्वामी अहिंसा च।

(रचयिता-परमेष्ठीदासो जैनः-इन्दूरम्।)

सार्द्धद्विसहस्रवर्षपूर्वं भारतवर्षेऽस्मिन् महती विशृंखलताऽसीत, सामाजिकनियमप्रतिबन्धाः ये हि पुरातनमहर्षिभिः प्रदर्शितास्ते विस्मृताः बभूवुः, वर्णाश्रमव्यवस्थाया: सुन्दरस्वरूपमपि काले ऽस्मिन् नष्टप्रायमासीत्। ब्राह्मणाः ब्राह्मणत्वं विस्मृत्य स्वस्वार्थाः-दुरुपयोगं चक्रुर्यो वैरवैमनस्ययोः प्रचुरताऽसीत्, क्षत्रियाश्च स्वकर्तव्याकर्तव्यम् विस्मृत्यात्याचारपूर्वकप्रवृत्तिं स्वीचक्रुः, तेषामत्र राजदंडः अत्याचारस्याधिकारे आसीत, सत्ता चाहंकारस्य दासीत्वं स्वीचकार, सन्मुकुटं चापर्यस्य शिरसि स्थितिमकरोत्।

वैश्याश्च स्वकीयसत्कृत्यं स्वाजीविकां च विस्मृत्यान्यायमार्गं स्वीचक्रुः सर्वत्र त्राहि त्राहीति श्रूयतेस्म। भारतवर्षस्य सामाजिकधार्मिकविहासे च समयोऽयम् भयंकर आसीत्।

तदा मनुष्याः मनुष्यत्वविस्मृता आसन्, सत्ताधारिणः सत्तायाः दुरुपयोगं चक्रुः, निर्बलेषु सबलाः अत्याचार एव स्थिताः बभूवुः, येषामुपरि समाजस्य पवित्रसेवाकार्यमासीत्तेऽत्यन्तदुःखिताः आसन्।

सर्वत्रात्याचारवह्निः प्रज्वलित आसीत्, धर्मे स्वार्थस्य राज्यमासीत्, कर्तव्यम् पापस्य करुणा च पाशविकतायाः दासीभावं स्वीचकार, मनुष्यत्वं तु अत्याचारस्यानुगामि बभूव, मैत्रीप्रमोदकारुण्यादिगुणानां नाममात्रमेव ग्रन्थेषु अवशिष्टमासीत्।

तात्पर्यमिदमेव यत् सर्वे एकस्य महापुरुषस्य

मन्त्रीवां कुर्वन्तः स्थिताः आसन् यो हि जगतो भारस्य प्रज्वलितां ज्वालां शमयेत् शांतिं च स्थापयेत्, यश्च पथभ्रष्टाञ्जनान् सत्पथे प्रवर्तयेत्, तथा च स्वोपदेशामृतेनाज्ञानसंतप्तानां नराणामात्मपिपासां शमयेत् मनुष्येषु च मनुष्यत्वं स्थापयेदिति।

प्रकृतिस्तु समयानुसारेणावश्यकतां परिपूरयत्येव, तदनुसारेणैव एको हि महापुरुषः भारतेऽस्मिन् कुण्डलपुरनाम्नि नगरे त्रिसलादेविनाममहाराज्ञ्याः गर्भेऽवतीर्णो बभूव।

तथा तया षोडशस्वप्नाः दृष्टाः फलेन च ज्ञातं यदि भूभारहरणसमर्थस्य तीर्थंकरस्य श्रीमहावीरस्य जन्म भविष्यति यो हि वर्तमानकालीनाशांतिं शीघ्रमेव दूरीकृत्य सर्वत्र शांतिं प्रदं करिष्यतीति।

एवं ज्ञात्वा सर्वे जनाः हर्षमापुः। पुनश्च स ईसायाः ५९९ वर्षपूर्वचैत्रशुक्लात्रयोदश्यां सोमवासरे उत्तराफाल्गुनिनक्षत्रे जन्मावाप। सौख्येन शैशवावस्थामत्यवाहयत्। भगवानयम् मनुष्य एवासीत् न तु कश्चिद्देवः मनुष्यातीतो वेति।

जन्मतस्सहजेव सः गमने स्थितौ आचारे व्यवहारे प्रवृत्तिं करोतिस्म, जैनधर्मेऽस्मिन् अयमेव विशेषः यत् मनुष्य एव क्रमशः सत्कार्यं कृत्वा परमात्मा भवति न तु कश्चिद्देवादिकः, अन्यथा महावीरस्योपासनमेव कथं स्यात्! मनुष्य एव मनुष्याणां शिक्षकः आदर्शः–सुधारकः भवितुमर्हति। तस्मादेवोक्तं यत् श्रीमहावीरस्वामी मनुष्य एव आसीदिति।

पुनश्च जन्मानन्तरमायुषः ३० वर्षाणि गार्हस्थ्यावस्थायां व्यतीतानि, नानाप्रकारेण सुखसंपत्तादिना मित्रहितैषिभिः विद्वद्भिश्च सहकालयापनं कृतं तेन। अत्यन्तानुरोधेऽपि न हि भवभ्रमणकारकं विवाहबंधनं स्वीकृतम्, किन्तुकारणवशात् वैराग्ये संजाते मार्गशिरशुक्ल–दशम्यां जिनदीक्षां धारयामास।

द्वादशवर्षपर्यन्तं घोरतरं तपः तप्त्वा लोकालोकप्रकाशकं कैवल्यमवाप। तदनन्तरं भगवता समस्तसंसारस्य कल्याणहेतवे दिव्यध्वनिनोपदेशः प्रदत्तः।

तेनोक्तमासीत् यत् प्रत्येकप्राणी य अज्ञानाग्निदुःखज्वालासु ज्वलितस्तिष्ठति सः ममोपदेशं श्रुत्वा कल्याणाधिकारी वर्तते।

अज्ञानचक्रेण ग्रसितः प्राणी मनुष्यः तिर्यग्वा आर्योऽनार्यो वा स्त्री पुरुषो वा ममोदारधर्मशरणं गृह्णातु।

घोषणामुदारामेनां श्रुत्वा सत्यस्य बुभुक्षिताः अनेकप्राणिनः भगवतः महावीरस्वामिनः शरणमापुः। तस्योपदेशं च श्रुत्वा तैरात्मकल्याणं कृतमिति। परिणामस्तस्यैवं संजातः यत् सर्वत्रात्याचारस्य नाममात्रमपि नावशिष्टं, यज्ञस्य पवित्रवेद्यां लक्षाणां पशूनामात्मबलिभवनमपि च रुद्धम्, भारतवर्षस्येतिहासे पुनरपि स्वर्णयुगस्योपस्थितिः संजातेति।

शनैः शनैः बहवोऽनुयायिनः सजाताः आसन् भगवता कैवल्यावस्थायामेव ३० वर्षपर्यन्तं विहारो भारतवर्षे कृतः। तस्योपदेशः सर्वप्राणिकल्याणकारी "सत्वेषु मैत्री" इत्यादिकः "अहिंसापरमोधर्मः" इत्यादिरूपेण वा संजातः। तस्योपदेशसमर्थकास्तु अन्यमतानुयायिनोऽपि संति सर्वे किन्तु तत्रापि न हि सम्यक्प्रकारेण हिंसापरिपाल्यते। यथा–पातंजलयोगदर्शने "अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्संनिधौ वैरत्यागः" इत्युक्तं तथा च व्यासभाष्ये–

" तत्राहिंसा सर्वदा सर्वथा सर्वभूतानामनभिद्रोहः " इत्याद्युक्तं महाभारतानुशासनेऽपि च १४२तमे पर्वणि—

ऋषयो ब्राह्मणाः देवाः प्रशंसन्ति महामते ।
अहिंसा लक्षणं धर्मं वेदप्रामाण्यदर्शनात् ॥

इत्यादिप्रकारेणाहिंसायाः समर्थनं कृतं किन्तु तत्रैव "यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः" इत्याद्युक्तं तस्माद्विचार्यते यत्—

यथाजनाकूतमथ प्रवृत्तः परस्परार्थं प्रतिकूलवृत्तः ।
विधौ निषेधे च न निश्चयोऽस्ति
कथं स वेदो जगतः प्रमाणम् ॥

कस्मिंश्चित्प्रकरणे तु अहिंसायाः समर्थनं वर्तते वेदादौ, कस्मिंश्चिच्च मांसभक्षणेऽपि अदोषः प्रदर्शितः यथा—

क्रीत्वा स्वयं वाप्युत्पाद्य परोपहृतमेव च ।
अर्चयित्वा पितॄन् देवान् खादन्मांसं न दुष्यति ॥

तथा च तदनुयायिभिर्महर्षिभिरपि तत्र प्रवृत्तिः कृता एव यथा—

"गौतमो नाम महामुनिः प्राणत्राणार्थं आत्मोपकारिणमपि वानरं जघान, विश्वामित्रश्च सारमेयमिति एवमन्येऽपि शिविदधीचिवशिष्ठबाणासुरप्रभृतीनामवनिपतीनां सुमितनयादीनामितरेषां च सत्त्वानामुपालम्भनेनात्मनः शान्तिकर्माणि सम्पादयांचक्रिरे ।" यशस्तिलके १२५ तमे पृष्ठे प्रदर्शितं सम्यक् प्रकारेणोदाहरणमेवमेवेति ।

इत्येतेषां कथनतात्पर्यमिदमेव यन्नहि जैनधर्मादन्यत्र हिंसोपदेशः सुस्पष्टरीत्या वर्तते ।

इस्लामादिधर्मेष्वपि अहिंसासमर्थनं वर्तते, यथा शेखशादिनोक्तम्—

"मयाजार मोरे कि दाना कशस्त ।"

इत्यस्यार्थः—यत् सूक्ष्मानपि जन्तून् मा पीडयन्तु, ते वराकाः कणादिकं गृहीत्वा स्वस्य पोषणं कुर्वन्ति तथा चास्मादृशाः एव सन्ति ते। तस्मादेव "अजीमा मुर्गी माहारी म्याजार नवाशीता खनक तु पेशोद्बार" । अर्थात्—

भो प्रियाः ! कुक्कुटमत्स्यादीनपि मा पीडयन्तु येन परमात्मनः समीपे भवन्तो लज्जिताः न भवेयुः । इत्याद्युक्तं किन्तु तत्रापि हिंसा प्रचुरतरा धर्मार्थं व्यवहारार्थं वा समर्थिता दृश्यते चास्माभिः प्रत्यक्षेण । किन्तु भगवता महावीरेण या अहिंसा प्रतिपादिता न हि तत्र पारस्परिकविरोधो वर्तते "प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसा" इत्यादिप्रकारेण भगवता महावीरेण तदनुयायिभिर्महर्षिभिर्वा हिंसालक्षणं प्रतिपादितं तथा च जीवोत्पत्तिकारणं स्थानमपि च प्रदर्शितं येन तत्र प्रवृत्तिं मा कुर्युः दयाप्रतिपालकाः । तदनुसारेणैवाद्यावधि महावीरस्वामिनोऽनुयायिभिर्जैनैरेव सर्वसमाजेभ्यः उत्कृष्टा अहिंसा परिपाल्यते ।

भगवता महावीरेण मिथ्यात्वतमावगाढे निचिते घोरहिंसायुते काले एवाऽनेका अहिंसकाः कृताः आसन्, अधुना पर्यन्तम् २४५४ वर्षेषु गतेष्वपि तस्य मार्गानुयायिनः द्वादशलक्षसंख्यकाः वर्तन्ते ।

किन्तु दुःखेन लिख्यते मया यत् बहुजनानां हृदयहीनानां मकुचितदृष्टिकारणेन नहि तेषां अहिंसा प्रतिपालकानां सत्यजैनानां वृद्धिर्भवति । अन्यथा वीरमार्गानुयायिनः अल्पेष्वेव वर्षेषु कोटिसंख्यकाः भविष्यन्ति ।

वीरनाथस्योपदेशस्तु प्राणिमात्रस्य कल्याणनिमित्तमासीत् नहि कस्योपरि वैश्यानामेव तथापि च परंपरागतानां जैनानामेवाधिकारो वर्तते स तु भगवान् "सार्वः" आसीदिति ।

इत्यादि सर्वम् ज्ञात्वापि तुच्छचेता' नहि तस्योपदेशस्य सिद्धान्तस्य वा प्रचारं कुर्वंति। करोति चेत्कश्चित्सदा ते त बहुप्रकारेण परिनिन्दयंति इति महद्दुःखकरं। अस्तु नाम किन्तु विश्वासो मम वर्तते यदवश्यमेव वीरसिद्धान्तस्य प्रसारो भविष्यति पुनरपि च भविष्यति।

भगवान् महावीरः सर्वप्रकारेणाशांतिमपसार्य अज्ञानान्धान् सदुपदेशदीपके सत्पथमुपदर्श्य समस्तकर्मणां निर्जरां कृत्वा ईस्वीत ५२७ वर्ष पूर्व कार्तिककृष्णामावास्यायाम मोक्षमवाप।

इत्यादिचरित्रादस्माभि शिक्षाग्रहणीया यत् प्रत्येकेषु प्राणिषु महती शक्तिर्वर्तते। यदि कश्चित् सत्प्रवृत्तिं कुर्यात मनसः इंद्रियाणामुपरि चाधिकारं कुर्यात्तदावश्य महावीरपदं प्राप्नुयान्नात्र संशयः।

भोपतितपावनजैनसमाज !—अन्तिमनिवेदनमिदमेव यत् भगवतः महावीरस्य चरित्र विशदरूपेण ज्ञात्वाज्ञात्वा तस्य सिद्धान्तस्य सम्यक्रीत्या प्रचारं करोतु। प्रत्येकप्राणिनो हृदयस्थलयामहिंसा-परमो धर्म " इत्यस्योपदेशस्य बीजारोपण करोतु। यदि सन्ति भवन्तो महावीरानुयायिनस्तदा पारस्परिककलहम् परित्यज्य धार्मिकैर्जनैः सह प्रीतिं कुर्वन्तु।

"सत्वेषु मैत्री" मित्यादिवाक्यस्य स्मरणं कृत्वा मिथ्यात्वसंतप्तजनान् जैनमार्गं दर्शयन्तु तथा च भगवतः महावीरस्याहिंसाछत्रस्यातिशीतलछायायामाह्वयन्तु। इत्यलमतिविस्तरेण—

परमेष्ठिदासो जैनः म० वि०—इन्दूरम।

—⊱⊱✿⊰⊰—

स्वामी समन्तभद्र।

(लेखक-पं० गुणभद्र जैन-कलोल)

वाणी है कृपाणी तीक्ष्ण मिथ्यावादियोंके लिये।
भव्य कुमुदोंके लिये, चन्द्रमा समान हो ॥
छाया अज्ञान तम स्वामी अति भूतल पर।
दूर करनेको तुम भानु दीप्तिमान हो ॥
मदी जो प्रवादी गजराजके समान अति।
मान मर्दनके हेतु केहरि प्रधान हो ॥
पूज्यवर विद्यमान आपमें अनेक गुण।
एक मुख कैसे उन गुणका बखान हो ॥

(१)

विश्वके सहारे नित्य नयनोके तारे आप।
स्वामी हो हमारे हम दास भी तुम्हारे हैं ॥
नहीं हैं कुभाव चित्त नित ही पवित्र भूरि।
शत्रु मित्र है समान कलिमल टारे है ॥
बड़ी बड़ी परिषदोंमें पाई है प्रशंसा महा।
वे भी नर आपसे सदैव शीघ्र हारे हैं ॥
पड़ते दुःख गर्त्त मध्य ज्ञान लवलेश नहीं।
स्वामिन तुम्हारे कर रक्षक हमारे हैं ॥

(२)

मैं हूं मतिमान अति मानते कुवादी गण।
मानके विवश वच कठिन सुनाते थे ॥
आते कवि कुंजरके समाने सदैव वे ही।
सरल स्वभावी मृदु भाषी बन जाते थे ॥
प्रवर समन्तभद्रके विलोकने लिये।
दूर दूर देशसे अनेक भूप आते थे ॥
अद्वितीय विद्वत्ता देखकर महान कवि।
दांतो तले विस्मयसे अंगुली दबाते थे ॥

(३)

सागर समान स्वामी सतत गम्भीर अहो ।
मेरुके सदृश ईश अटल महान थे ॥
शारदा विचरती मन मंदिरमें प्रेमयुत ।
न्याय नभो मण्डलके चन्द्र कांतिमान थे ॥
भद्र व्यवहारी मन भद्रभावसे ही भरा ।
भद्र परिणामी बहु नित्य ज्ञानवान थे ॥
भूषण समन्तभद्र भद्र वचनोंके लिये ।
अनुपम माने जाते एक ही निधान थे ॥

(४)

योगियोंके शिरोमणि स्याद्वाद चूड़ामणि ।
प्राणि हित आपके समस्त शुभ काम हैं ॥
परोपकार, दया, उदारता, सहानुभूति ।
विशद विरागमें सदैव अभिराम हैं ॥
विश्व वस्तुओंसे कभी रागद्वेष लेश नहीं ।
स्वामिन सदैव आप चन्द्रसे ललाम हैं ॥
बीत गया काल बहु आज भी प्रत्यक्ष हमें ।
बारबार बहु अंघ्रि युगमको प्रणाम हैं ॥

(५)

मुनिवंद्य, विश्ववंद्य, योगिराज आओ यहां ।
देखो जग मध्य आप छाया क्या अंधेरा है ॥
मानव मनोंमें बहु तिलके समान तेल ।
उसी भांति किया अब पापने बसेरा है ॥
अज्ञान-रात्रिका नित बढ़ता साम्राज्य महा ।
विस्मय महान नहीं ज्ञानका सवेरा है ॥
जगत-समुद्र बीच तारिये हमें हे ईश ।
अटल भरोसा पूर्ण आज एक तेरा है ॥

(६)

होते अटवीमें ध्यान लीन जब आप योगी ।
स्थाणु जान मृग निज खाजको खुजाते थे ॥
देख शांति मुद्रा मृगराज क्रूर भाव तजे ।
वैरी वैर जन्मका समस्त भूल जाते थे ॥
आता उपसर्ग यदि दैव वश आप पर ।
पा करके क्लेश नहीं लेश अकुलाते थे ॥
ऐसे ऋषिराजके पदारविन्दमें अनेक ।
मानव सप्रेम निज शीशको नवाते थे ॥

(७)

वन पशु-पक्षिवृन्द मानके तुम्हें ही निजी ।
निकट निशङ्क निर्भीक बैठ जाते थे ॥
सुधा भरा शांत उपदेश सुननेके लिये ।
चित्त लालसाको निज कृत्यमें दिखाते थे ॥
जान दुखिया भी उन्हें घोर भव काननमें ।
आननमें आप उपदेशको सुनाते थे ॥
शशीकी किरण सम वचन आल्हादकारी ।
सुना आप प्राणियोंको पंथमें लगाते थे ॥

समस्या-पूर्ति ।*

परम समाधि धार अन्धकारको निवार,
चार चतुरंग चक्रचूर कर डारे हैं ।
ज्ञान-पर ध्यान बर केवलिज्ञान-भान,
उदित भये ही तीनों जगत निहारे हैं ॥
ध्यान ध्येय ध्याता ज्ञान ज्ञेय अरु ज्ञाता गुण,
गुणी पर्याय सब भेद निनिवारे हैं ।
वीर आत्म-सूर्य-जोतिमय जब ऐसे भये,
"नभ नाहि मेघ निशि चंद्र है न तारे हैं ॥"

—शोभाचन्द्र भारिल्ल न्यायतीर्थ ।

* जैनमित्र मंडल देहलीमें महावीरजयन्ती समय किये हुए कवि सम्मेलनमें पठित ।

प्रचलित जैन सम्वत् शुद्ध व सही है।

(लेखक—श्री० भोलानाथ दरखसा जैन कवि, बुलन्दशहर।)

आधुनिक विद्वानोंके लेखोंमें कतीप प्रचलित वीर निर्वाण सम्वत और विक्रम सम्वतके विषयमें संदेह प्रकट किया जाता है। श्री महावीरस्वामी हमारे अंतिम तीर्थंकर थे और विक्रमादित्य जैन धर्मानुयायी मालव देशके एक लोकप्रसिद्ध तथा प्रभावशाली सम्राट होगये हैं। इन दोनों हीके सम्वतोंमें जैन जाति और जैन शासक गौरवान्वित हैं। इन सम्वतोंके परमावश्यकीय विषयका संदिग्ध अवस्थामें अनिश्चित रहना हमारे लिये लज्जाकी बात है। इस विचारसे ही इस विषयकी विवेचना की जाती है।

वीर सम्वतकी अयथार्थताके प्रमाण प्राय. दो दिये जाते हैं—एक यह कि बौद्ध जनता महात्मा बुद्धके परिनिर्वाणका समय ईसासे ५४३ वर्ष पूर्व मानती है। जो कि सर्वमान्य मत यह है कि म० महावीरका निर्वाण म० बुद्धसे पूर्व होचुका था। वीर निर्वाणका समय कुछ नहीं तो २वर्ष पूर्व तथा ५४५वर्ष ईसासे पूर्व अवश्य समझना चाहिये परन्तु उनका ५२७वर्ष पूर्व माना जाता है जो अशुद्ध है और इस हिसाबसे उन विद्वानोंकी अनुमतिके अनुसार प्रचलित वीर नि० सम्वतमें १८ वर्ष और जोड़ देने चाहिये। दूसरा प्रमाण यह दिया जाता है कि विक्रमप्रबन्ध नामक ग्रन्थमें वीर निर्वाण और विक्रम जन्मके मध्य ४७० वर्षका अंतर दिया गया है वह गाथा इस प्रकार है--

> सत्तरचदुसद जुत्तो जिणकाले विक्कमो हवइ जम्मो।
> अठ वरस बालकीडा, सोडसवासेहिं भम्मये देसो॥
> रसपण वीसा रज्जो कुणंति मिच्छोपदेशसंजुत्तो।
> चालीस वरस जिणवर धम्मं पालेय सुरपय लहियं॥

अर्थात्–महावीर भगवानकी मुक्ति प्राप्तिसे ४७० वर्ष पश्चात् विक्रमका जन्म हुवा उसके अठ वर्ष बाल क्रीडामें, १६ वर्ष देशाटनमें व्यतीत हुये। वह २५ वर्ष अन्य धर्मावलम्बी रहा और ४०वर्ष पर्यंत जैनधर्मका पालन करके स्वर्ग पदको प्राप्त होगया।

यह अनुमान लगाकर कि विक्रम महाराजका १८ वर्षकी अवस्थामें राज्याभिषेक हुआ और तब हीसे उनका सम्वत् चालू है, वीर निर्वाण और प्रचलित विक्रम सवतमें ४७० की जगह ४८८ वर्षका अन्तर होना चाहिये। इस हिसाबसे भी प्रचलित वीर स० में १८ वर्ष और जोड़नेकी आवश्यक्ता है। जिन उपरोक्त प्रमाणोंपर विद्वानोंने यह अनुमति प्रकट की है और प्रचलित सम्वतोंकी यथार्थताको संदेहका ग्रास बनाया है वह स्पष्टतः दुर्बलाधारपर ही निर्भर है। मालूम होता है कि उन्होंने कुछ गहरी खोज नहीं की, बल्कि बाह्यदृष्टिसे ही इस अत्यावश्यक विषयको शंकास्पद कर देनेमें ही उन्होंने अपनी मान्यता समझी।

म० बुद्धके परिनिर्वाणका कोई सम्वत चालू नहीं है जिससे कोई तुलना की जासके। उनके दिवंगत होनेकी तिथिकी पाश्चात्य विद्वानोंने पूर्ण गवेषणा की है। मि० स्मिथ साहबने (जिन्होंने पहिले म० बुद्धके निर्वाणका समय ईसासे ५४३ पूर्व दिया था) स्वरचित भारत इतिहासकी तीसरी आवृत्तिके ३९ पृष्ठपर म०बुद्धका परिनिर्वाण ईसासे ४८७वर्ष पूर्व लिखा है और मि० फरगुसनने ६८१ वर्ष, मि० किगहमने ४७८वर्ष, मि० मेक्समूलर तथा मि० वेनरजीने ४७७ वर्ष, डॉ० व्हीलर तथा डा० तुकाराम कृष्ण लाडूने ४८३वर्ष निश्चय किया है। अतः इतिहास वेत्ताओंकी बहुसम्मतिसे अब म० बुद्धका जन्म ५६३ वर्ष ई० पू० और निर्वाण ४८३ वर्ष ई० पू० निश्चय होगया है। जिससे मालूम होता है कि म० महावीरके निर्वाणके समय म० बुद्धकी अवस्था ३६ वर्षकी थी और उनको उस समयतक बोधज्ञान भी प्राप्त नहीं हुवा था। इन दोनों महापुरुषोंके निर्वाणमें ४४ वर्षका अंतर सिद्ध होता है।

म० बुद्धके निर्वाण समय सम्बंधी किम्वदंतियोंके आधारपर वीर नि० सम्वतको अयथार्थ कहना नितान्त निर्मूल है। इसके अतिरिक्त जब म० बुद्धका निर्वाण समय ही अनिश्चित और सदिग्ध है तो वह वीर नि० सं०को निश्चयात्मक करनेके लिये किसी नीतिसे प्रमाणरूप उपस्थित नहीं किया जासकता।

अब दूसरे प्रमाणको लीजिये। जो गाथा विक्रम प्रबंधकी ऊपर दी है उसमें कोई क्रम सुदृढ़ रूपसे विक्रम जीवनीका नहीं दिया। केवल यह बताया है कि वीर मुक्तिसे ४७० वर्ष पश्चात् विक्रमका जन्म हुवा। नहीं मालूम होता कि इसका अभिप्राय क्या है। विक्रम नामक व्यक्तिका शारीरिक प्रसव हुवा या राज्यासन होकर राजारूपसे विक्रमका जन्म हुवा या विक्रम सम्बतका उत्पाद हुवा सो कोई बात निश्चयरूपसे नहीं कही जासकती।

श्री देवसेनसूरिने स्वरचित "दर्शनसार"में जहां कहीं विक्रम संवत दिया है उसके साथ विशेषण रूपसे " विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स " अर्थात् विक्रमराजाके मरण पश्चात् शब्दोंका प्रयोग किया है। जैसे—

एकसये छत्तीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
सोरट्ठे वलहीये उप्पणो सेवडो संघो॥
पत्रसये छव्वीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
दक्खिण महुराजादो दाविडसंघो महामोहो॥
सत्तसये ते वण्णो विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
नदयडे वरगामो कट्ठसंघो मुणेयव्वो॥

इससे ख्याल होता है कि उक्त आचार्यके मतानुसार विक्रम सवतकी गणना विशेषरूपसे विक्रम राजाकी मृत्युसे की गई है। जन्म या राज्याभिषेकके समयसे नहीं।

श्री अमितगति आचार्यने भी "सुभाषितरत्नसंदोह" की समाप्तिपर ऐसा ही जिक्र किया है—

समारूढे पूतत्रिदशवसति विक्रमनृपे।
सहस्रे वर्षाणां प्रभवति हि पञ्चाशदधिके॥
समाप्ते पंचम्या भवति धरणी मुंजनृपतौ।
सिते पक्षे पौषेबुधहितमिदं शास्त्रमनघम्॥

इस पद्यमें आचार्यवरने स्पष्टत: लिखा है कि विक्रम राजाके स्वर्गारोहणके बाद जब

१०५०वां वर्ष बीत रहा था और राजा मुंज पृथ्वीका पालन कर रहा था उस समय पौष शुक्ला पंचमीको शास्त्र समाप्त किया। इन आचार्य महोदयने भी वि० सं० को विक्रमराजाके मरण पश्चात्से प्रचलित होना माना है। इस पद्यमें राजा मुंजके शासनका भी उल्लेख इस विषयको पूर्णरूपसे स्पष्ट कर देता है क्योंकि इतिहासज्ञोंने राजा मुंजका राज्यसमय प्रचलित वि० सं० के अनुसार १०४० से १०७८ तक निश्चय किया है।

पं० वामदेवने भी भाव संग्रहमें निम्नप्रकारसे श्लोक दिया है—

षट्त्रिंशे शतेऽब्दानां मृते विक्रमराजनि।
सौराष्ट्रे वल्लभीपुर्यामभूत्तत्कथ्यते मया॥

अर्थात् राजा विक्रमकी मृत्युके १३६ वर्ष पश्चात् सौराष्ट्रके वल्लभीपुरमें जो कुछ हुआ वह कहा जाता है।

प्रचलित वि० सं० की उत्पत्ति विक्रमादित्यके मरण पश्चात् होनेका समर्थन इस बातसे भी होता है कि राजा विक्रमके शासन समयके दानपत्रों, शिलालेखों तथा ग्रन्थरचनाओंमें या अन्य किसी राजकीय व्यवहारमें विक्रम संवतका कहीं उल्लेख नहीं पाया जाता। यहांतक कि उनके राज्यरत्न वराहमिहिरने अपनी बृहत्संहितामें विक्रम संवत् कहीं नहीं दिया। यदि कोई संवत विक्रमके राज्यकाल या जीवन समयमें प्रचलित हुआ होता तो उनके राज्य सदस्य अवश्य ही उसको अपनी कृतियोंमें प्रयुक्त करते।

प्रत्युत इसके वराहमिहिरने स्वरचित बृहत्संहितामें विक्रमके प्रतिपक्षियों अर्थात् शकोंका पूर्व प्रचलित संवत दिया है। शायद उसकी यह रचना विक्रम संवत्के प्रचारसे पहिलेकी कही जासके परन्तु उस पुस्तकके अवलोकन करनेपर यह संदेह भी नहीं रहता है। वराहमिहिर जैसे दूरदर्शी राज्यरत्न विद्वान ऐसी धृष्टता कदापि नहीं कर सकते थे कि अपने स्वामीका संवत् छोड़कर राज विरोधियोंके संवत्को अपनी प्रसिद्ध रचनामें स्थान देते।

बृहत्संहिता अध्याय १३–१ के २ श्लोक इसप्रकार हैं—

प्रननायकोपदेशान्नरिव पता वोत्ता भ्रमति मश्च।
येऽचार मह्नेपा कथयिष्ये त्र्यगर्गमतात॥
आसन्मघासु मुनय शासति पृथिवीयुधिष्ठिर नृपतौ।
षड्द्विकपञ्चद्वियुत. शककालस्तस्य राज्ञश्च॥

कुछ वेदानुयायी सज्जनोंका यह मत है कि महाराज विक्रमके दिवंगत होनेके बाद उनके राजद्रोही शकोंके बौद्धधर्मानुयायी राजा शालिवाहनका नवीन शाका संवत् अधिक प्रचलित होगया तो उसके भुलानेके लिये इसके प्रतिपक्षियोंने उज्जयिणीमें मालव संवतकी स्थापना की उस नवीन सम्वत्का साभिप्राय विशेषण "शकारि" भी रक्खा गया क्योंकि राजा विक्रमने शकोंको परास्त किया था परन्तु शकोंके उत्कर्षकालने शकारि मालव सम्वत्के प्रचारको अधिकांशमें रोक दिया था। इसका जीवित प्रमाण यह है कि २८१ शाका संवत तथा (२८१+१३५=) ४१८ वर्ष विक्रम मृत्युके पश्चात्के शिलालेखसे पूर्व कहीं और स्थानमें उस मालव सम्वत्का उल्लेख नहीं पाया जाता।

राजा यशोधर्मदेवने जिसका शासन प्रचलित विक्रम संवत्के अनुसार ५८९ से ६२६ तक रहा, विक्रम राजाकी मृत्युसे ५८० वर्ष पीछे फिर शकों और हूणोंको नष्टभ्रष्ट किया और इस समर विजयके उपलक्षमें उसने विक्रमादित्यका विरुद धारण किया तो अपने पूर्वज विक्रमादित्य (शकारि) के नामसे या अपने विरुद प्रत्यय नामसे उस मालव सम्वत्का पुनरुद्धार किया। इन सब विवेचनोंसे सिद्ध होता है कि प्रचलित विक्रम सम्वतकी गणना अद्य विक्रमके स्वर्गारोहणसे की गई। विक्रम प्रबंधमें विक्रम जन्मका अभिप्राय विक्रम संवतके उत्पादसे ठीक मालूम होता है। यदि विक्रमके देहरूपसे जन्म धारण करनेका भाव है तो भ्रमपूरित है। संभव है कि प्रबंधमें विक्रम जन्म तिथि किसी भट्टारककी सोलहवीं शताब्दिमें लिखी हुई पट्टावलीसे उद्धृत की गई हो जो प्रायः किम्वदन्तियों या निराधार स्वनुमानोंसे लिखी गई थी और इस कारणसे वह सहसा अविश्वसनीय है। सिद्धान्त-चक्रवर्ती श्री नेमचन्द्राचार्य रचित त्रिलोकसारकी ८५०वीं गाथासे वीर सम्वतकी यथार्थता प्रमाणित होजाती है वह इसप्रकार है—

पणछस्सयवस्सं पणमासजुदं गमिय वीर णिव्वुइदो।
सगराजो तो कक्की चदुणवतियमहिय सगमासं॥

अर्थात्—वीरनाथके मुक्ति लाभसे ६०५ वर्ष ५ महीने पीछे शक राजा हुवा और उससे ३९४ वर्ष ७ मास पीछे कल्की अवतारित हुवा। यह प्रसिद्ध है कि शक महाराजके राजारूढ़ होनेसे उनका सम्वत् प्रचलित है और इस गाथाके अनुसार शक नामका व्यक्ति वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष पीछे राज्य हुवा था। त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रंथकी निम्न गाथासे भी इसका समर्थन होता है।

णिव्वाणे वीरजिणे छव्वाससदेसु पंचवरिसेसु।
पणमासे सुगदेसु संजादो सगणिओ अहवा॥

इन गाथाओंके अनुसार प्रचलित शाका संवत् और वीरनिर्वाण संवत्में ६०५ वर्ष ५ महीनेका अन्तर होना चाहिये सो ही है।

कल्कीके होनेके विषयमें उक्ताचार्यने गाथा ८५७ दी है—

इदि पडि सहस्स वस्सं वीसे कक्कीण दिक्कमे चरिमो।
जलमथणो भविस्सदि कक्कीसम्मग्ग मत्थणओ॥

अर्थात्—इस प्रकार प्रत्येक सहस्र वर्षमें एक कल्की होता है ऐसे बीस होचुके। अब जलमंथन नामका कल्की भविष्यमें सन्मार्गको मंथन करनेवाला होगा।

इस पहली गाथाका अर्थ और भी स्पष्ट हो जाता है कि वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ महीने पीछे शक राजा हुवा और तत्पश्चात् ३९४ वर्ष ७ मास पीछे कल्की हुवा अर्थात् वीरनिर्वाणसे १००० वर्ष पीछे कल्की हुवा।

इन सब उद्धृत प्रमाणोंसे शाका प्रचलित सम्वत् निःशंकित है चाहे वह शक व्यक्तिके जन्मसे चालू हुवा हो या उसके राज्याभिषेकसे, यह विषय विवादास्पद नहीं है अतः उसकी गणनाके अनुसार प्रचलित वीर नि० सं० भी शुद्ध और सही है उसकी यथार्थतापर शंका करना केवल भ्रम पूरित प्रयास मात्र है तथा विक्रमाब्दिको अविश्वस्त प्रतिपादन करना भी नितांत निर्मूल है।

———

वीर बोनापार्टकी मां सच्ची मां थी। उसकी गर्भ-अवस्था वीरता एवं धर्म-नीतिके भावोंसे भरी थी। उसने अपने पुत्रको शैशव अवस्थामें वीरताकी शिक्षा, वीरताके भावोंसे भरी कहानियां सुनाकर दी थी, तभी तो उसका पुत्र-रत्न (बोनापार्ट) सच्चा वीररत्न हुआ जिसने फ्रांस क्या सारी इंग्लैंडमें अपने बलसे राज्य स्थापित कर लिया।

बोनापार्टकी मां हमारी आधुनिक माताओं सरीखी सन्तानको जूजू और हौवा एवं बाबा और भूतादिकका भय बताकर उसे कायर बनानेवाली नहीं थी ! प्राय: अनन्त माताएं ऐसी हैं जो अपनी सन्तानको हौवा आदिक भय बताकर डरपोक बनाती है।

माताकी दी हुई शिक्षा अन्तरमें मजबूती पकड़ जाती है। इसलिये अच्छी व खराब शिक्षाकी देनेवाली प्राय: माता है। माता चाहे तो सन्तानको योग्य बना सकती है चाहे तो अयोग्य, यह सब उन्हींके अख्त्यारमें है।

पुत्रको सुयोग्य बनानेकी शिक्षा मांद्वारा मांके गर्भस्थ कालमें ही शुरू होती है। गर्भकालमें माताके जैसे भाव रहेंगे उनके ही अनुसार संतानका संस्कार होगा। इसलिए प्रत्येक मांका यह पहिला फर्ज है कि वह अपने गर्भकालके शुरूसे आखरी तक अपने परिणाम ठीक रक्खे क्योंकि माताके परिणामोंका असर गर्भस्थ बालकपर अवश्य पड़ता है। अगर गर्भकालमें माताके परिणाम धर्मरूप हैं तो निश्चय रक्खो सन्तान धर्मात्मा होगी और पापरूप हैं तो पापी होगी।

सन्तानकी शैशव अवस्थामें मांका सावधान रहना अत्यन्त आवश्यकीय है। शैशव कालमें माताको चाहिये कि वह बालकके पालनपोषणमें सदैव तत्पर रहे तथा उसे बीमारियोंके चुंगलसे बचावे। इसके लिये आप ऐसे पदार्थोंका सेवन न करे जिससे उसका दूध विकारी हो बालकको बीमार बनानेका कारण बन जावे। बहुतसी मूर्ख माताएं विकारी पदार्थोंको खाकर बालकको बीमार बना देती हैं जिसका परिणाम यहांतक होता है कि उनकी गोदसे बालक चल बसता है तब तो यही "अब पछिताए होत क्या चिड़ियां चुग गईं खेत" कहावत उनपर लागू होजाती है। बहुतसी माताएं बालकको अफीम खिलाकर उसकी बुद्धिको नाश करती हैं। माताएं बालकोंको अफीम क्यों खिलाती हैं ! इसका उत्तर सिर्फ यही है कि इसमें उनका स्वार्थ सिद्ध होता है याने रोता हुआ बालक, जागता हुआ बालक और खेलता हुआ बालक अफीमके नशेमें मनने लगता है और उसी वक्त निन्द्रादेवीकी गोदमें केल करने लगता है जिससे उनको अपने कार्य सम्पादनमें कोई विघ्न नहीं आता। ऐसी माता यह नहीं विचारती कि जब मादक वस्तुओंका सेवन युवक जवान और बूढ़ों तथा मनुष्य मात्रको हानिकारक बताकर उनसे बचनेका उपदेश विद्वानोंने बताया है तो फिर शिशु जोकि बिल्कुल ही नरम हृदय एवं बुद्धिवाला है उसे क्योंकर हितकर होगा ? माताओंकी इस मूर्खतापर अत्यन्त दुःख होता है इसीसे तो कहता हूं कि स्त्रीसमाज पढ़ी होना चाहिये। अपढ़ स्त्रियां माता बननेकी हकदार नहीं हैं।

अशिक्षित मां पुत्रको हठी, अभिमानी, झूठा, असत्य बोलनेवाला, चोरी करनेवाला, क्रोध करनेवाला आदि दुर्गुण सिखा देती है। पुत्र जब किसी खास बातके वास्ते रीझ जाता अर्थात् अड़ जाता है तो अशिक्षित मां उसे धमकाती, मारती और गाली देने लगती है लेकिन उसके बालकको मिष्ट शब्दों एवं उदाहरणों द्वारा हल करनेका उपाय नहीं करती। पुत्रको मां गाली देकर गाली सिखाती है, गुस्सा एवं क्रोध करके क्रोध करना सिखाती है और झूठ बोलकर झूठ बोलना सिखाती है आदि दुर्गुणोंको पुत्र मांके सिखानेपर ही सीखता है।

लेकिन शिक्षित मां अपनी सन्तानके सुधारक तत्वोंको भली प्रकार जानती है अतएव वह उसे सभी बातोंमें योग्य बनानेका प्रयत्न करती है।

सच्ची मां समझती है कि सन्तानको छोटी उम्रमें विवाहना उसकी आत्मस्वतंत्र एवं बहु शक्तियोंको नष्ट करना है इसलिए उसे वह पहिले विद्या पढ़ाती है याने लौकिक एवं धार्मिक विद्या ज्ञाता बनाती है और प्रौढ़ अवस्थामें उसे विवाहती है। सच्ची मां पुत्रके समान पुत्रियोंको विद्याध्ययन कराती है—उन्हें अपढ़ नहीं रखती।

मां सन्तानकी सच्ची हितैषिणी होना आवश्यक है। उसे चाहिये कि वह सन्तानके सुधारमें किसी प्रकारकी कमी न रक्खे। अन्तमें मैं निवेदन करता हूं कि—प्रत्येक मां इस मेरे छोटेसे लेखका अवश्य ही अवलोकन करे।

—✽✽✽—

जैनसमाजकी वर्तमान दशा और उन्नतिके उपाय।*

ले० बाबू कामताप्रसादजी जैन सं० वीर-अलीगंज

"दाबोगा आह दिलमें जोश ज्यों आतिशके अंगारे।
यह सब जिसके लिये है कुछ खबर उसको नहीं प्यारे॥
यही ये बस है जब तो हम भी चुप बैठे हैं बेचारे।
मगर हमसे तामुल्लक(?) में नहीं कहते हैं ऐ प्यारे॥
कि यह चमी करके गरीबांचाक सहराको निकलती है।
कभी घबराके फिर घरकी तरफ नाचार चलती है॥
लगी है आग जिसके शमियां जलकर पिगलती है।
नुमां करता है आहोंका धुआं गोया गलती है॥
बदनमें देखकर शुअले लहकने हाथ मलती है।
भभूके तनसे उठते हैं सतीकी तरह जलती है॥
मानके अंग हुये झगड़ने उसके जोश है।
यह आग बरपा है कि दिनों ही दिन सुलगती है॥
यम कहांतक हाय गम अब तो गम खाया नहीं जाता।
दिले बेताबको बातोंसे भुलाया नहीं जाता॥
कदम रखती है वह जिस जा वाम सरकाया नहीं आता।
यह पत्थर तिलभर भी हाथसे उकसाया नहीं जाता॥
पड़ी है सहनमें रस्ता कहीं पाया नहीं जाता।
कहूं तदबीर क्या मुश्किलसे कुछ पेश नहीं आता॥
फिर तुम्हारा किस तरह जीना हो कैसे जिन्दगी भावे।
इसीवास्ते क्यों कर न कोई मनको टकावे॥
लगी जो आग दिलमें फिर वह बुझने किस तरह पावे।
गजब है एक तो समझे न दिल और जी भी घबरावे॥
—इसलिये संभल जा ऐ कौम, मरनेसे मत तू घबरावे—
जमाना तेरा मुखालिफ हो रहा है।
तुझे भी खबर है कि क्या हो रहा है?

* स्वर्गीय श्री० रा० ब० दानवीर सेठ कल्याणमलजी इन्दौरकी जांच कमेटीद्वारा प्रथम नंबरपर स्वीकृत और पुरस्कृत निबन्ध।

बच्चोंसे तेरे भिक्षा हो रहा है ।
यह क्या कर रहे हैं यह क्या होरहा है ?
यह अच्छा हुआ है यह अच्छा है ढंग ।
कि चरखा तेरा आ बजा हो रहा है ?

हां, चरखा तेरा बावला होरहा है । तेरे घुन लगे हुये शरीरकी दवा करनेको हरकोई तैयार होरहा है । तेरे आहोजारसे जला हुआ हरएक दिल तेरे दुःखोंको दूर करनेको छटपटा रहा है । तलमलाये हुये दिलको हाथमें लेकर ज्योंही तेरी तीमारदारीके लिये तेरी रोग-शैयाके निकट वह तेरे दुलारे आते हैं कि अपनी उत्सुकता और तीमारदारीके ढंगके पक्षमें मुश्किल हो जाते हैं— तुझे भूल जाते हैं—तेरी दशाको भूल जाते हैं । अपने रंग और अपने ढंगको सर्वतोभद्र स्थान देने और तेरे जर्जरित शरीरसे लागू करनेमें लड़ मरते हैं । कुछ तेरे कपूत, ऐ समाज, ऐसे भी हैं जो बिल्कुल ही तेरी परवा नहीं करते और अपने स्वार्थमें रत रहते हैं तो कुछ ऐसे भी तेरे निरीह भोलेभाले परम्परीण भक्त हैं जो सब ओरसे उदासीन हुये अपनी निराली ही धुनमें मस्त हैं ।

ऐसी दशामें सच पूछो तो तेरा जीवन बड़ा सङ्कटापन्न है । और इसमें आश्चर्य नहीं जो तू उक्त प्रकार विलाप करे—प्रलाप करे—और अपने दुःखोंके आलापमें जीवन नष्ट करे ।

दुनियामें आग लगती है तो उसे बुझानेके लिये सब समझदार दौड़ते हैं । और जो नहीं दौड़ते और वहीं पासमें कुआ खोदने लगते हैं उन्हें उनके पड़ोसी बिल्कुल पागल ही कहते हैं । परन्तु समाज ! आज तेरे लालके इन दोनों नीति कार्योंकी उपेक्षा करके तेरे जलते हुये शरीरपर घी छिड़क रहे हैं ! अब क्या हम इन्हें क्या कहें ? क्या यह तेरे सपूत हैं ? क्या यह तेरे ही लाल हैं ? हाय ! जिनको दुनिया आशा, भरोसा, जीवनका सहारा समझती है वही अब तेरे जलते शरीरको देखकर ताण्डव नृत्य नाचते हैं और उसपर भरभर कटोरा घी डालते हैं, तो फिर तेरा कहां ठिकाना ? तेरे जीवनकी कहां आश ! वह तो मृत्यु-भंवरमें पड़ा मंडरा रहा है । और वह इस ढंगसे भरमा भरमाके तड़फा तड़फाके ऊपर नीचे भटका भटकाके उसको निश्चल—बिल्कुल निर्जीव कर रहे हैं कि यह देखकर स्वयं निष्ठुरताके भी नेत्रोंसे अश्रुओंकी झड़ी लग सकी है । तेरी इस दयार्द्र दशामें हम तेरे वर्तमान जीवनपर एक दृष्टि डालनेका साहस करते हैं और उसे तेरे लाड़ले बिगड़े दिल दुलारोंके समक्ष रखते हैं । मसालाकी आभा और विश्वासकी रेख ऐसा करनेमें यही है कि तेरी दुःखपूर्ण गाथा—करुणाजनक स्थिति उनके होश ठिकाने कर दे । उन्हें वस्तुस्थिति देखनेके लिये बाध्य कर दे । जिससे तेरा कल्याण और उनका उद्धार होसके ।

जैनसमाजके वर्तमान बाह्य शरीरपर दृष्टि डालते ही हमें उसके दो विशाल अंग दिगम्बर और श्वेताम्बर दृष्टि पड़ते हैं । यह दोनों अंग इस समाज रूपी समूचे शरीरमें कबसे हैं यह इतिहाससम्बन्ध बात है । इसलिये उसके विषयमें अधिक कुछ न लिखकर इतना ही लिखना पर्याप्त है कि भगवान महावीरके तीर्थ—संघमें यह दो भेद ईसाकी प्रथम शताब्दिमें हुये थे ।

... समाजमें ही आपसमें इन दोनोंके मतभि- न्नता अवश्य थी, क्योंकि दोनों सम्प्रदायके ग्रन्थ इस विषयमें पूर्ण साक्षी हैं। परन्तु वह मतभिन्नता क्या द्वेष रूपमें थी ? इस प्रश्नके उत्तरमें हमें अवश्य ही कहना होगा कि वह द्वेषरूप नहीं थी। यदि वह विद्वेषरूप होती तो यह कभी संभव नहीं था कि वह एक ही समान दोनोंको पूज्य तीर्थस्थानों और मंदिरोंमें या तो श्वेतांबरोंका ही प्रबन्ध हो या श्वेताम्बर मूर्तियोंके साथ २ दिगम्बर मूर्तियां हों। यही नहीं कतिपय दिगम्बर शास्त्र भंडारोंमें मुझे श्वेतांबर ग्रन्थ भी मिले हैं। कतिपय श्वेतांबर कृतियां तो दिगम्बर रचनाओंके साथ२ लिपि-बद्ध हैं। यह शास्त्रीय सम्मिलन हमें उस समयके परस्पर प्रेमके दिग्दर्शन कराते हैं यद्यपि विचार विभिन्नता दोनों सम्प्रदायोंमें उस समय भी अबसे कुछ कम न थी। परन्तु सम-यके साथ यह प्रेम लुप्त होता गया।

भारतमें जो उच्च भाव परस्पर राष्ट्रीयताके ईसाकी प्रथम शताब्दियोंमें व्याप्त थे वह मध्य-कालमें शंकराचार्य प्रभृति कट्टर स्वमत पक्षपातियोंके आन्दोलनसे करीब २ बिल्कुल ही नष्ट सरीखे होगये। और रहे सहे जो कुछ थे वह ब्रिटिश राज्यके स्थापित होनेके समय मिट्टीमें मिल गये। सारा वातावरण स्वार्थपरतामें लिप्त होगया। और यह मानी हुई बात है कि जहां स्वार्थका प्राबल्य होता है वहीं अनर्थ और अनाचार, ईर्षा और द्वेष अपना साम्राज्य जमा लेते हैं। भारतवर्षमें यही हुआ था, यह इति-हाससिद्ध बात है। उधर जैनसमाज भारतके इन परिवर्तनोंसे बची नहीं रह सकती थी। उसपर भी इनका विशद प्रभाव पड़ा बल्कि एक रीतिसे उसहीको सबसे अधिक परिणाम तत्कालीन दशाका भोगना पड़ा। क्योंकि उस समय इसकी दशा अबसे कहीं अच्छी और समृद्धशाली थी। इस कारण उस उत्कर्षमें उस हीकी ओर सबकी दृष्टि जाती होगी और उसके व्यक्ति अपनी अपनी रक्षामें संलग्न हो धार्मिक सिद्धांतोंको पालन करनेमें असमर्थ रहे होंगे। अपनी सन्तानमें वह पारस्परीण वात्स-ल्यके संस्कार नहीं डाल सके होंगे। जिससे स्वयं संस्कारित हुये थे। उस समय उनको एक मात्र अपनी, अपने संतान और धन—सम्पत्तिकी ही रक्षाकी फिकर रही होगी। जिसका ही परिणाम आज यहां दृष्टि पड़ रहा है कि जो दोनों सम्प्रदाय बिना किसी आपसी विद्वेषके जीवन-यापन कर रही थीं वही आज परस्परमें तुले हुये शत्रु बन रहे हैं। एक ही धर्मवाले, एक ही महान् उत्कृष्ट आत्माके उपासक आज परस्परमें लड़ झगड़ रहे हैं। प्रसंगवश यहांपर हम पाठकोंको यह भी बतला देना चाहते हैं कि जिस संक-टापन्न दशामें भारतके साथ२ जैन समाजके दोनों अंगमें विद्वेष विष फैल रहा था, उस ही समयमें जैनजातिके दिगम्बर सम्प्रदायकी अनु-यायी व्यक्तियोंमें और भी आपसी प्रतिभेद पड़ रहे थे। उस प्रतिभेदके बढ़ानेमें भट्टारकगण ही विशेषरूपसे सहायक थे, क्योंकि वह अपने २ अनुयायियोंको अलग संज्ञा देते थे। करीब २

रूप ही प्रतिमा लेखादिमें बहुतसोंकी वंशावलीके साथ२ "लदमाचे" अथवा "लदुम्बचे" शब्द मिलता है। अन्तमें जब यह शिथिल होगये तो एक२ जातियोंके कई भेद होगये, क्योंकि वह उनकी व्यवस्था करनेमें असमर्थ थे और गृहस्थोंमें अज्ञान और स्वार्थकी मात्रा बढ़ गई थी। इसके पहिले उनके सत्ताकालमें मालूम होता है कि भारतके मध्यकालीन राजकीय परिवर्तनमें जो क्षत्रिय जातियां राज्यभ्रष्ट होती गईं वही क्षत्रिय वृत्तिको त्यागकर अपनी आजीविका वैश्यवृत्ति द्वारा करती गईं, जिसके परिणाम स्वरूप वे वैश्य होगये, अधिकांश ऐसी ही जातियां हमको आज दिखाई पड़ रही हैं, यद्यपि मूल वैश्य वर्णकी भी जातियां अवश्य ही कतिपय होंगी। जिस प्रकार अलग २ क्षत्रिय वंशके वह थे उस ही प्रकार उनकी अलग २ जातियां बन गईं यही सब जातियां फिर आगाड़ी चलकर देशभेद, रीतिभेद और मतभेदके कारण और भी विभाजित होती चली गईं।

जिसप्रकार हरिवंशसे उत्पन्न हुई लम्बकंचुक (लमेचू) जातिमें अब कई भेद होगये हैं। जो पहिले उसके गोत्र थे वह अब स्वतंत्र जातियां बनी हुई हैं। ऐसे ही गोलालारे अथवा गोलापूर्व अपनेको इक्ष्वाकुवंशसे उद्भूत हुये प्रगट करते हैं। कतिपय लेखोंसे भी इसकी पुष्टि होती है। इन्हींका एक गोत्र आज खरुआ जाति बनी हुई है। सारांश यह है कि समयके अनुसार जिसप्रकार मनुष्योंमें पारस्परिक विचार स्वातंत्र्य कम होता गया और वह प्राकृतिक बातोंको देखनेमें असमर्थ होते गये उसी तरह उनमें स्वार्थ और संकोचकी मात्रा तथा आपसी कलहकी बढ़ती गई। जिसके ही फलस्वरूप आज अनेक जातियां दृष्टि पड़ रही हैं। हां! इस विषयमें इतनी बात अवश्य विचारणीय है कि इस व्याख्याकी पुष्टिमें लेखकको जो कुछ प्रतिमा लेख व यंत्रलेखादि मिले हैं वह ईसाकी १२वीं शताब्दिके इधरके ही हैं। इसके पहिलेके उसके देखनेमें अभीतक नहीं आये हैं। इस विषयका पूर्णोल्लेख यहांपर करना दुष्कर है। इसके लिये तो पाठकोंको वर्तमान लेखककी प्रगट हुई "प्राचीन जैन लेख संग्रह" नामक पुस्तक देखनी चाहिये।

हां! तो हम देख चुके हैं कि आजकल जैन जातिके दो मोटे अंगोंमें परस्पर विद्वेषकी अग्नि जोरोंपर धधक रही है। जो तीर्थक्षेत्र पुण्यबंध और कर्मक्षयके कारण होना चाहिये थे वह अब आपसी विद्वेष और कर्मबंधके कारण बनरहे हैं। लाखों रुपया पानीकी तरह इनके नामपर दोनों सम्प्रदायोंका नष्ट होचुका है। इस शोचनीय दशाको देखकर जैनोद्धारक धर्मवत्सल श्री० बा० चंपतरायजी बार-एट-लाने महान् कष्ट सहनकर इस संबंधमें एक मुख्य केसका फैसला बिलकुल न्याय संगत ढंगसे करा दिया है। परन्तु दुःख है कि उसपर भी उभय पक्षोंको संतोष नहीं है। सबसे बड़ा कांटा जातीय ह्रासमें यही है।

अब आगाड़ी चलकर यदि हम दिगम्बर संप्रदायकी ओर लक्ष्य करते हैं, जिसके विषयमें ही पूर्ण जानकारी प्राप्त करनेके लिये शायद यह निबंध लिखाया जारहा है, यद्यपि इसका खुलासा

जिनमतके कोटिसमें नहीं किया गया है, तो हमें दिगम्बर-श्वेताम्बर मतभेद बढ़ाने कुछ कम हठवाले दर्शन यहां नहीं होते।

दिगम्बर जैन समाजपर दृष्टि दौड़ाते ही हमें उसमें पहिले हीसे स्थित तेरापन्थ, बीसपन्थ आदि भेद दिखलाई पड़ते हैं। परन्तु वह समयप्रभावके अनुरूपमें नष्ट प्रायः हो चुके हैं, यद्यपि कतिपय विद्वान् कभी२ उनका पक्ष लेकर बेसुरा राग आलापने लगते हैं। इनके अतिरिक्त समाजमें पारस्परिक उन्नतिमें बाधक अनेक जातियां हैं, जो किस प्रकार स्वार्थ और संकोच भावोंकर अस्तित्वमें आई हैं यह हम पहिले ही देख चुके हैं। यह अग्रवाल, खंडेलवाल, परवार आदि उपजातियोंमें विभक्त दिगम्बर समाज एकत्वरूपमें कोई भी कार्य करनेको इस समय समर्थ नहीं है, क्योंकि इन जातियोंके मनुष्योंमें अपनी जातीय पक्षकी मात्रा बढ़ जाती है और उसमें वह समूचे "जैनत्व" को भूल जाते हैं। इसलिये जातियोंमें परस्पर ऊंच नीचका भेद—डाह और अप्रेम फैल रहा है। इसका परिणाम मनुष्योंके चारित्रोंपर यह पड़ता है कि वह अप्रेम, द्वेष और झगड़ेकी प्रतिमूर्ति ही होते जाते हैं, क्योंकि यह मानी हुई बात है कि संस्कारों—व्यवहारोंका प्रभाव चारित्रपर पड़ता है। Deeds must have their reaction on character इस सबका फल यह होरहा है कि दिगम्बर समाजमें अज्ञानका साम्राज्य व्याप्त है और ईर्षा, द्वेष और डाह मनोमालिन्यका बाजार गरम है। समाजरूपी शरीर इस अग्निसे धधक धधककर जल रहा है।

इस दृष्टिकी उपेक्षा करके अब हम उसको उसकी वर्तमान प्रगतिके ढंगसे देखते हैं तो उस (दि० समाज) के शरीरको एक मोटी रेखासे दो भागोंमें बटा हुआ पाते हैं। इन दो भागोंको हम (१) ग्रामीण पारम्परा भक्त (Masses) और (२) शिक्षित नवयुवक, संज्ञा देंगे। ग्रामीण परम्परा भक्त विभागकी संख्या बहुधा करके हमें ग्रामों और कस्बोंमें ही मिलेगी, जब कि दूसरे विभागके लोग अधिकतर शहरोंमें ही पाये जायगें। ग्रामीण परम्पराभक्त विभागकी प्रगति धार्मिक आचरणोंमें किसी अंशमें दूसरे विभागसे अच्छी है। वह अपने पूर्वजोंके ढंगसे धार्मिक कर्मोंका यथाशक्य पालन करते हैं, यद्यपि वे उनके अर्थ और महत्वसे पूर्णतया वाकिफ नहीं होते हैं। यही कारण है कि अब उनमें भी इस धार्मिक प्रवृत्तिकी ओर शिथिलता धुसती जाती है। उनमें भी हमें पूजन प्रक्षाल तकके लिये "नागिया" बांधनेकी आवाज सुनाई पड़ती है। उनका जातीय और धार्मिक व्यवहारिक गूलता भरा पूर्ण कट्टरताको लिये पक्षपात और मानपर अवलंबित है। इसका कारण उनको उत्तरदायित्वमें मिले साम्प्रदायिक कट्टरताके भाव ही हैं जिनका उल्लेख हम कर चुके हैं। इनके वशीभूत हुए यह आपसमें प्रेमसे नहीं रह सके हैं।

आजकलमें गजरथमहान् धर्म होता है यह अब केवल शास्त्रीय व्याख्या ही है। यह पहिले ही अतीव पक्षपातसे भरे हुये मिलते हैं। फिर इन्हें अपनी शान और अपने मानका भूत आ जाता है। इस कारण यह आपसमें लड़ मरते हैं। यही कारण है कि हमें करीब २ प्रत्येक

ग्राममें और प्रत्येक शहरमें दुकबन्दी और धड़ेवाजी मिलती है। इस पारस्परिक मनोमालिन्यसे यह भाव समाजमें आने ही नहीं पाते जो वह प्रेमसे साथ रह सकें और कोई कार्य कर सकें। मुझे ऐसे कुलोंका—एक ही जातिके-वाला है जो वृथा ही एक दूसरेके कट्टर विरोधी हैं। और उस विरोधसे वह अपनी संतानको भी वाकिफ करते जाते हैं। इसका परिणाम यह है कि उस ग्राममें कोई भी कार्य परस्पर सहयोगसे करना दुष्कर होरहा है। इसके अतिरिक्त दुर्बलताओंका कारण मुख्यतः धार्मिक और लौकिक ज्ञानकी कमताई भी है। उनमें न वह धार्मिक प्रवृत्तियां पाई जाती हैं जो उनके पूर्वजोंमें थी और न उचित ढंगका लौकिक ज्ञान ही उनमें हैं। फलतः वह धर्म, अर्थ काम पुरुषार्थोंका पालन यथोचित रीतिसे नहीं कर सके हैं जिसके परिणाममें समाजमें अनेकों अनर्थ होते हैं। तीनों ही पुरुषार्थोंकी छीछालेदर होरही है। जिसमें बहुधा काम पुरुषार्थको ही लेकर इस विभागमें आपसी धड़े बन जाते हैं, जो एक दूसरेके कट्टर द्वेषी-शत्रु होजाते हैं। इस ही विभागमें कुछ ऐसे परस्परीण अन्ध विश्वास भी घर किये हुये है कि जिनसे सामाजिक कुप्रथायें बलवती होरही हैं। स्त्रियोंको हेय दृष्टिसे देखना, उनको छोटीसी उमरमें ही (अपनेसे अलग करनेके लिये बहुधा) विवाह देना, अथवा रुपये लेकर बेच देना, विधवाओंको दासीसे भी बदतर समझना, उनको धार्मिक ज्ञान तक भी न होने देना, लड़कोंको उच्च प्रकारकी धार्मिक वा लौकिक शिक्षा दिलानेके विरोधी होना, थोड़ा पढ़ाकर दुकानदारीमें डाल लेना और विवाह कराके गृहस्थीमें जूटा देना आदि झूठे अज्ञान दि० समाजकी उन्नतिमें बाधक होरहे हैं।

अब जब हम उसके दूसरे अंगकी ओर दृष्टिपात करते हैं तो वहां भी वही बेढंगा देख पाते हैं। हमने उनको नवयुगी शिक्षित समुदायकी संज्ञा दी है परन्तु वह अपने ग्रामीण भाइयोंसे किसी बातमें पिछड़े हुये नहीं हैं। धार्मिक प्रवृत्तिमें ले लीजिये तो बहुत कम ही महानुभाव ऐसे मिलेंगे जो श्रावकोंके षटावश्यकोंका पालन करते हों। अपनेको विद्वान समझनेवाले तथा पंडितगण तो शायद वर्षभरमें एकबार इन कर्मोंको करके ही छुट्टी पालेते हैं। जब षटावश्यकोंके पालनकी ही यह नौबत है तब पंच अणुव्रतोंका पालन समाजमें होता होगा यह आशा करना तो दुराशा मात्र है। यही कारण है कि शिक्षित होनेपर भी इस अंगमें भी वह धार्मिक भाव और आचरण नहीं है जो एक जैनीमें होना चाहिये। यह अंग भी उस ही जनेमेंसे निकला है जिसमें कि पहिला अंग अथवा भाग संमिलित है। अतएव इनका भी आचरण और पारस्परिक व्यवहार बहुत कम ही उदार सरल और प्रेमपूर्ण पाया जाता है। आपसी मनोमालिन्यकी मात्रा इन्होंमें भी खूब अड्डा जमाये हुये है, यही कारण है कि यह भी अपनेको कई भागोंमें बटे हुये हैं। एक दृष्टि दौड़ाते ही हमें इनके तीन रूप दिखाई देते हैं। (१) पंडित अथवा शिक्षि-

जैसे (१) बाबू अथवा सुधारक प्रगतिशील (२) पंडित अथवा पुराने Newter और सूची नहीं है कि यही तीनों शक्तियां समाजकी बागडोर अपने हाथोंमें थामे रखनेका दम भरती हैं और इस हीके लिये आपसमें खूब लड़ती झगड़ती हैं। इनकी वर्तमान स्थितिसे हम इनका रूप (१) अग्नि (२) पानी और (३) घीसे देंगे। इन तीनोंका मेल होना वर्तमान परिस्थितिमें बड़ा कठिन होरहा है।

इनका स्वभाव एक दूसरेके विभिन्न होरहा है। पंडितदल बहुधा ग्रामीण सामान्य स्थितिके संकीर्ण कुलोंमेंसे आकर समाजकी ओरसे स्थापित विद्यालयोंमें विद्याध्ययन करते हैं, जहां उनकी शिक्षा दीक्षा १६ वीं शताब्दिके ढंगसे की जाती है। धर्मग्रंथों अथवा अन्य विषयकी, जो जो बहुधा तर्क शास्त्र ही होता है उनको खंडनात्मक रूपमें शिक्षा दी जाती है। जिससे उनका स्वभावसा ही कुछ ऐसा पड़ जाता है कि वह दूसरेकी बातका खंडन करनेमें ही अपना महत्व समझने लगते हैं। उनका पहिलेसे ही साम्प्रदायिक प्रभेदसे रंगा हुआ हृदय यहां आकर और भी कटुतामय भेद–विषसे भर जाता है। तिसपर उनकी शिक्षाकी रीति और संरक्षकता ऐसे आदर्शहीन मनुष्योंके हाथमें ही विशेष कर होती है कि उनका चारित्र संगठन उस प्रकारका हो ही नहीं पाता है। विद्यार्थी जीवनमें भी वह आपसमें लड़ने झगड़नेको बुरा नहीं समझते। उनके विद्यार्थी जीवनमें कोई भी ऐसा कार्यक्रम नहीं है जो उनको परस्पर सहयोगिताका महत्व दर्शा सके। इस ही रंगसे रंगे हुये वह जीवन संग्राममें आते हैं और उसमें भी वह उस ही नीतिका पालन करते हैं, जिससे परस्परमें कलह ही बढ़ती है। उधर बाबू लोग आजकलके सरकारी या Aided शिक्षालयोंसे शिक्षा पा करके निकलते हैं जिनमें बहुधा जैनधर्मके ज्ञानसे अनभिज्ञ ही होते हैं, यद्यपि जैन बोर्डिंग हाउससे निकले हुए इस लांछनसे मुक्त होते हैं।

लौकिक शिक्षालयोंमें इतना तो अवश्य है कि वह परस्परमें भेदभावको बहुत कुछ भूल जाते हैं और परस्परमें सहयोग करनेका महत्व समझ जाते हैं। वहांसे उन्हें यह जोश सवार हो जाता है कि हम भी अपनी जातिको संसारकी अन्य जातियोंकी समान कोटिमें ला रक्खें, क्योंकि वह देखते हैं कि अन्य संसार जैन जातिको उतना आदर नहीं देती जो उसको देना चाहिये तथा जैनधर्मके विषयमें उतना भी ज्ञान नहीं रखती जो स्वयं उसके लिये ही लाभप्रद हो। ऐसे भावोंसे प्रेरित होकर वह लोग समाजसेवाके लिये कर्मक्षेत्रमें आते हैं और यहांपर उनसे और पंडितोंसे मुठभेड़ हो जाती है। इसके अन्य कारणोंका उल्लेख हम महासभाका वर्णन करते हुए लिखेंगे। इस दलमें पहिले पहिल तो बहुत कम लोग समाजसेवाकी ओर लक्ष देते थे। परन्तु नींवके जमानेसे (महासभाके) यह विशेष रीतिसे उस ओर आकर्षित होने लगे हैं।

(अपूर्ण)

પુનર્લગ્નના પડઘા.

(લે—ચુનીલાલ વીરચંદ ગાંધી-મુંબઇ.)

આજે સતયુગ નથી પરંતુ કળિ યુગ છે. વર્તમાન યુગનાં ફળ એ આપણીજ કૃતિ છે, એ યુવક અને યુવતિએ સમજી લેવું જોઇએ. જેમ જેમ નીતિનો નાશ થતો જાય છે, જેમ મોજ શોખમાં સ્વછંદતા, અને અતીશયતા સત્તાધીશ બનતી જાય છે, તેમ તેમ આત્માનાં પતન પણ સત્વર થતાં જાય છે.

પુનર્લગ્ન એટલે વ્યભિચાર છે—એમ કોઇ પણ નીતિવાન માનવ સમજી શકે છે આપણે એટલુંજ સમજીને કોઇપણ અપ્રમાણિક પ્રથા ઉપર ઉહાપોહ કરીએ, ઠરાવો કરીએ તો તેની કીંમત અત્યાર સુધી કંઇ અંકાઇ હોય, એમ સમજવામા નથી આવતું. સમાજે કડાનું મૂળ જોયાજ વિના જીભનું જોર ચલાવે રાખશે તો—સમાજ તેનુ સારૂ ફળ મેળવવાને બદલે કડવાં ફળ મેળવે છે. તીરસ્કારથી અશાન્તિ વધે છે. અને જીત પરાજયમા ફેરવાય છે. પંડિતો અને જનતાનો ઘણો ભાગ એમ તો જરૂર માની શકે છે કે—પુનર્લગ્નને આવકાર આપવો એ સમાજની નીતિનુ ખુન કરવા બરાબર છે. હું આ માન્યતા માનવાવાળામાનું એક છું, છતાં એટલીજ માન્યતા માનીને હું અન્યની સાથે ઝઘડા કરવામા માનું ? અને મારી ખામીઓ, મારા ચારિત્રને વીશે ઉદાસીન રહું તો પરિણામ એ આવે કે મારે મૂર્ખતાની પોથીમા નામ લખાવવું પડે.

આપણે તો જે દર્દ જે કારણથી ઉપસ્થિત થાય તે કારણો શોધી તેને નાબુદ કરવા માટે ડૉક્ટર બનવું જોઇએ, તેમજ દરદનુ દુઃખ સમજવા દરદી પણ બનવું જોઇએ. આપણી ચારિત્રતામાં કંઇ ખામી હોય તો તરત સુધારીએ. અંતરાવત લઇએ તો એવો પ્રસંગ કદી ન આવે કે પુનર્લગ્નના ચર્ચા પણ કરવાની આવશ્યતા સમાજને જણાય ?

"આજે સમાજો બે જવાબદાર છે."

"આજે પંચાયતોની નીતિ કલેશમાં સળગી રહી છે"

"આજે દુઃખ [illegible] સાબળાને સમાજને [illegible] માટે યોગ્ય માર્ગ લેવાની સમાજોને [illegible]

વૃદ્ધ-વિવાહનો પ્રતિબંધ નથી ને [illegible] બાળ વિવાહ પર અંકુશ નથી. કન્યાઓ અને માનવ જીવનની સંપૂર્ણતાની પ્રાપ્તીના સાધનો માટે બે દરકારી છે. સમાજો હજુએ ચેવી—વિધવાઓનું પ્રમાણ અટકાવી શકવાના માર્ગો નક્કી કરે, અને વિધવાઓની સંરક્ષણની યોજના વિના નિભાવે પુરી પાડે.

લગ્નની વેદી પર—બાળિકા અને બાળક કહેવાતાં કન્યા વધુ ભાગે મોટીજ હોય. એનું કારણ કુળવાનની અને ધનવાનની મોહીની હતી, કુળવાન અને ધનવાનના દીકરાઓની કન્યાનું વય વધુ ભાગે મોટુંજ હશે. કુળવાનના કુળમાં અને ધનવાનના ધનમા કન્યાના જીવનનો ઉદ્ધાર મનાતો, આજે એ ઘટનાનો મોહ કંઇક ઓછો થતો જાય છે. સમજુવર્ગમાં અને ઘણે સ્થળે કન્યા કરતાં વરની ઉંમર વધુજ જોવામાં આવે છે. અને એનુ પાલન સમાજના થોડા કાયદાથી કરી શકે છે, છતાં આજે ગુણ દોષ અને ચારિત્રતા વિષે ભાગ્યેજ જોવાય છે.

કુંભારને ત્યા મટકી ખરીદનારી યુવતી અને ઘર માટે જોઇતી સામગ્રી ને વેપાર અરથે જોઇએ માલ ખરીદનારો યુવક—ચાલાક અને હુંશીયારીનું સરટીફીકેટ દુનીયાની પાસેથી મેળવવાને ભુખ તરસ વેઠીને ફાયદા પડતો ને સારો માલ ખરીદે છે. મટકીને ટકોરા મારી તપાસી તપાસી લે છે, પરંતુ—

યુવક—સ્નેહવાળી માટે—અને યુવતી પોતાના જીવન [illegible] બને છે, [illegible] રહે છે, [illegible] વડીલો સ્વાર્થતાના [illegible] ભાવનાઓ—લ્હાવાની લ્હાણુ માને છે.

કુમારીકા કુમારીકા મટી યુવતી થવાની, સૌભાગ્યવંતી સૌભાગ્યવતી નીરંતર રહે એવું સૌ કોઈ ઈચ્છે, પરંતુ અશુભ કર્મ બળે એ વિધવા પણ બને છે. એ વિધવા બને તો તેનું રક્ષણ તે કરી શકશે કે કેમ? તેની આજીવિકા પુરતી મળી શકશે કે કેમ? તે પોતાની નીતિ સાચવવા સબળ છે કે કેમ? અથવા તે પોતાની જવાબદારી સમજી શકે તેને માટે ધાર્મીક શિક્ષણ અપાયું છે કે કેમ? તે સ્ત્રી અને પુરૂષ વીચારી જોશે ખરા કે? જે સમાજને સ્ત્રીઓની ઉન્નતિ, તેઓની નીતિ માટે ઉદાશીન છે, જે કુટુંબો પોતાનાજ ઘરની બાળાઓ અને વિધવાઓ પ્રત્યે ક્રૂર છે ફરજ ચૂકેલ છે. તેને વિધવા.. વિવાહનો વિરોધ કરવા સાથે પોતાની ફરજ ભુલે તો તે અસહ્ય કહેવાય (!)

સમાજના આ ધુરંધરોને તો નથી પડી સમાજની કે—નથી પડી શ્રાવકોની ! તેમને તો આ મારો ગચ્છ અને આ બીજાનો ગચ્છ, એવું સંભાળવાનીજ પડી છે. સાથેજ શ્રાવકોમાં પરિભ્રમણ કરી સપૂજ ઉઘરાવી ધન સંચય પણ કરવો તેમને ઠીક આવડે છે. વળી જો કોઇ સ્થળે તેમને ઉપદેશ આપવા સુચવવામાં આવે તો તેઓ કોઇ વ્રત કથા કે રાસ વાંચી બાધાઓ આપી પોતાને કૃત કૃત્ય માને છે.

પહેલાના સમયમાં જૈન સમાજના આ ભડવીરોએજ જૈન સમાજને દુનિયાના આ છેડાથી પેલા છેડા સુધી ઝળકાવ્યો હતો. આ બહાદુર આચાર્યોએજ હિંદુસ્થાન અને તેની બહારના રાજાઓને ઉપદેશો આપી જૈન બનાવ્યા હતા. ત્યારેજ તેમને તે વખતના બાદશાહોએ **જૈનના પાદશાહની** પદ્વિ પ્રદાન કરેલી કે જે હજી પણ પળાતી આવે છે. અત્યારે તો તેમને કયા પદ્વિ લેવા જવું છે કે ઉપદેશ કરે કે સમાજને એકત્ર કરો ? તેમને તો મળેલી પદ્વિ ભોગવવી છે, ને સમાજને પૈસે તાગડધીન્ના કરવા છે.

હજી જો આપણા ગોરજીઓ પોત પોતાના ગચ્છના શ્રાવકોને સમજાવી તીર્થોના ઝઘડાનો અંત આણે તો જૈન સમાજને એકત્ર થતા વાર લાગે નહિ ? બંધુઓ ? તમે તેમને ફરજ પાડો કે જે કથાનું શાસ્ત્ર વાચવું બંધ કરી, આપણામાં સંપ આવે, બીજા દેશોમાં જઇ લક્ષ્મી સંપાદન કરી સાથેજ ધર્મ પ્રચાર કરી શકીએ, એવુ જ્ઞાન આવે એવા શાસ્ત્રો વાચે, ન હોય તો નવા તૈયાર કરે અને જૈન સમાજને તારે ?

રાતની બાધા—ગામ પર ગામ છુટ, સાંજે માટે છુટ.

આઠમ ચૌદશ લીલોતરીની બાધા—ગામ પર ગામ છુટ. સાંજે માટે છુટ.

કંદ મૂળની બાધા—ગામ પર ગામ છુટ. સાંજે માટે છુટ.

એવી અને એવીજ બીજી બાધાઓ આપવી એ શું આપણા આચારની હાસી કર્તા નથી ? (આવો રિવાજ શ્વેતાંબરીમાંજ છે.)

બંધુઓ ? વિચાર કરો કે ગામ પરગામ છુટ એટલે શું ? સાંજે માટે છુટ એટલે શુ ? જો ગામમાંય છુટ અને પરગામમાંય છુટ; સાંજેય છુટ અને માટેય છુટ તો એ બાધા ક્યારે પાળવી ? જ્યારે બાધા પાળવાનું સ્થળ કે ટાઇમ નક્કી નથી, તો પછી એવી નકામી પીંછી હાથ પર ફેરવી શાસ્ત્રનું અપમાન કરવાથી લાભ શો ?

હવે તો સ્થુલ વ્રત લેતાં પહેલા શ્રાવકે આપથીજ વિચારવાનું છે. જમાનો બદલાય છે, તેમ બધું બદલાવું જોઇએ. જેમ ધર્મના મૂળ સિદ્ધાંતોને સમજ્યા પછી માણસ જેમ શાસ્ત્ર વાચનમાં આગળ વધે છે, તેમ આચાર પણ પોતાના હાથેજ સુધારે છે. તેને પછી પીંછી ફેરવવાની કે તેના ઉપર દબાણ કરવાની જરૂર રહેતી નથી. કંદમૂળનો ત્યાગ કરે જૈન થવાતું હોય તો તે ભટ્ટારકો કે તેવા ઉપદેશકોનેજ મુબારક રહે ? આ જમાનો એવો નથી કે—આ ખાવું ને તે ન ખાવુ એ સમજાવેજ માત્ર ધર્મ પ્રચાર થાય ? અત્યારે તો ધર્મના ઉંડા રહસ્યો, તત્ત્વો, વીર પ્રભુના અમુલ્ય ઉપદેશોને સમાજને અને દેશને અનુકૂળ શબ્દોમાં ગોઠવી તેનો ઉપદેશ કરવાનો છે.

પૂર્વે રાવણ, હનુમાન, રામ, કૃષ્ણ એ બધા મહાપુરૂષો જૈન હતા, એમ આપણાં પુરાણો બતાવે છે, પણ કોઇ પુરાણ કે કોઇ શાસ્ત્ર એમ બતાવતું નથી કે શ્વેતાંબર—દિગંબર જુદા હતા. પૂર્વના સમયમાં કેટલાક આચાર્યોના મતભેદને લઇ આપણા સમાજને જે ફટકો લાગ્યો છે, તે અકથનીય છે જ્યારે રાવણ, હનુમાન આદિ નરવીરો જૈન ધર્મનું પાલન કરતા હતા, ત્યારે તેમની રાજ્યધાની રૂપ યુરોપ, આફ્રિકા, અમેરિકા તરફ પણ જૈન ધર્મનો પ્રચાર હશે એ સ્પષ્ટ થાય છે. હાલ તેમાનું કાંઇપણ નજર આવતું નથી.

સુપ્રસિદ્ધ ઇતિહાસજ્ઞ બાબૂ કામતાપ્રસાદજી જૈને લખેલા શ્રી ભગવાન પાર્શ્વનાથના મત મુજબની પાતાળ લંકા અને સીતા માતાએ પવિત્ર કરેલ અશોકવાડીથી દક્ષિણભાગ (આફ્રિકામાં) હજાર માઇલના અંતર પર હાલ હું નિવાસ કરૂં છું. અત્રે રહી મેં તે સ્થાનો તરફ નજર નાખી છે તો મને ત્યાં પૂર્વે સુધરેલી પ્રજા હશે, એ સ્પષ્ટ જણાઇ આવ્યું છે, જેથી માની શકાય કે શ્રી બાબૂ કામતાપ્રસાદનું કથન સત્ય હોય ?

જ્યારે આમ આપણો ધર્મ હિંદુસ્તાનથી પાંચ હજાર માઇલ દૂર સુધી ફેલાએલો હતો ત્યારે અત્યારે ખુદ હિંદુસ્તાનમા પણ વાણીયા સિવાય કોઇ ભાગ્યેજ જૈન ધર્મ પાળે છે. આ બધાનું મૂળ મને તો આપણા આચાર્યોના દ્વેષ ભર્યાં વિચારજ જણાઇ આવે છે.

અત્યારે પણ આપણા પંડિત વર્ગમા ઘણા મતભેદ વધી ગયા છે ને તેમણે જૈન સમાજને કોડીનો બનાવી દીધો છે. દિગંબરના થયા ગુળસંઘ, વીસપંથી, તેરાપંથી, તારનપંથી, નવધરા; શ્વેતાંબરના થયા-તપા ગચ્છી, ખરતર ગચ્છી, ધર્મ ગચ્છી, સ્થાનકવાસી, મુર્તિપૂજક, રાજચંદ્ર પંથી વિગેરે, આમ કરી આપણા સમાજના ટુકડે ટુકડા થઇ ગયા છે, એ બધો પ્રતાપ આપણા પંડિતો ને ગોરજીઓનોજ છે. ને ત્યાર બાદ આપણા અજ્ઞાન સમાજનો કે જેમણે આજ સુધી તેમની દરેક વાતનો સ્વીકાર કરી, પોતાના પગ પર કુહાડી મારવા જેમ કર્યું.

શ્વેતાંબર અને સ્થાનકવાસી ત્યાગી વર્ગને ધન્યવાદ છે કે તેમણે પોતાના સમાજને અનુકૂળ નવાં શાસ્ત્રો છપાવી પોતાના સમાજને ટકાવી રાખ્યો છે. અર્થાત્ પોતે ભાવસાર, પટેલ આદિ કોમોને પણ ઉપદેશ આપી જૈન બનાવ્યા છે, જ્યારે મારા દિગંબરી સાધુઓ અને પંડિતો તો વાડો વાળવામાજ ધન્ય ભાગ્ય સમજે છે. મે સાંભળ્યું નથી કે દિગંબરી વિદ્વાને કોઇ બીજી કોમવાળાને જૈન બનાવ્યા હોય ! પૂર્વે આપણા આચાર્યો અમુક જણને જૈન બનાવ્યા સિવાય આહાર પણ લેતા નહોતા.

મારા પૂજ્ય સાધુ વર્ગને મારી નમ્ર અરજ છે કે તેમણે દીક્ષા લીધા બાદ અમુક કાળ વિહારને છોડી દઇ આત્મ ધ્યાનમા લીન થવું ને ત્યારબાદ યોગ બળે જૈન સમાજનુ ભવિષ્ય જાણ્યાબાદ વિહાર કરવો ને જૈન સમાજને આદર્શ સમાજ બનાવવા પોતાના જ્ઞાનનો ઉપયોગ કરવો.

તીર્થભક્ત ગૃહસ્થો.

આ પાચમી પર્યાયના શ્રાવકોને પોતાના તીર્થનીજ પડી છે. તેઓની હમેશની જીજ્ઞાસા એમ હોય છે કે-આ તીર્થ મારા ગચ્છમા નથી તે કેમ કર્યે મારૂં થાય, આવીજ તેમના અંતરની ભાવના હોય છે ને તેજ મોહનીય કર્મ તેમને નર્કમા ધકેલી જાય છે. તે વખતે તેમની યાત્રાઓ, તીર્થ સેવાઓ કામ લાગતી નથી

હજારો યાત્રાઓ કરી હોય, હજારો નવિન તીર્થ બંધાવ્યા હોય, બીજા ગચ્છના હજારો મંદિર પચાવી પાડયા હોય, હજારો રૂપીયા સંઘ કાઢવામા ખર્ચ્યાં હોય, હજારો રૂપીયા તીર્થના કેસ જીતવામા ખર્ચ્યાં હોય, છતા જો તેનામા **ઉત્તમ ક્ષમા નથી, પ્રાણીમાત્ર પર સમભાવ નથી, વીર પ્રભુનાં વચનો પર વિશ્વાસ નથી**, તો તેના સર્વે પુણ્ય કાર્યો મિથ્યા થાય છે, ને તેની સદ્દગતિ થતા નથી

બીજાનું પચાવી પાડવાની નૈયતવાળા ફિરકાએ ખાસ વિચારવું જોઇએ કે-તીર્થ સ્થાન કોઇના બાપનુ નથી. જૈન તો શું પણ દરેક ધર્મ, દરેક સમાજ, દરેક મનુષ્ય અને પ્રાણી માત્રનો તે તીર્થ પર જન્મસિદ્ધ હક્ક છે, માટે વિચારવું જોઇએ કે જો તીર્થસ્થાનો પર એક સંઘનો હક હોત તો મહાવીરસ્વામી જરૂર તેમની દિવ્યવાણીમા પ્રકાશિત કરત, પણ ઉલટું મહાવીરસ્વામીના સમોસરણમા તો દેવ, દાનવ, માનવ, પશુ, પંખી કોઇનામા ભેદ ભાવ નહોતો ? ત્યા તો દરેક પોતપોતાને લાયક આસન પર બેસી

ધર્મવચન શ્રવણ કરતા હતા. વળી ભગવાને પણ કોઇ સંઘ કે-કોઇ ધર્મને ઉદ્દેશી ઉપદેશ કર્યો નથી પણ દુનિયાને સદ્ધર્મ તરફ વાળી સત્ય પંથનોજ ઉપદેશ કર્યો છે કે-જેને "જૈન" એવું નામ વિદ્વાનોએ આપ્યું જેણે ક્રોધ-માન-માયા-લોભ આદિ શત્રુઓને જીત્યા છે, તેજ જૈન પછી તે ગમે તે કોમનો હોય

સાભળવા પ્રમાણે આપણા શ્વેતાંબર બંધુઓ તરફથી ઘણા તીર્થોમા તે તીર્થ પોતીકા કરી લેવા જબરો હીલચાલ ચાલે છે એ દિલગીરી ભરેલુ છે

જ્ઞાતિજન નિરાધાર હોય તે ટાઇમે મંદિરોમાં લાખો ખરચવા તે મૂર્ખાઇ નહિ તો બીજુ શું સુચવે છે ???

જૈન સમાજની દિન પ્રતિદીન પડતી થાય છે, તેવા ટાઇમે નવા મંદિરો બનાવવાં તે શુ યોગ્ય છે ?

અત્યારે તો પડી જતા મંદિરોને સમારી-નવા ને સાચવી સમાજને સુધારવા તરફ કટ્ટીબદ્ધ થવાની જૈન માત્રની મુખ્ય ફરજ છે.

પશ્ચિમાત્ય વિદ્યાથી વિભૂષિત યુવાનો.

જૈન સમાજમા સેંકડો ગ્રેજ્યુએટ અને પાચ પચાસ કે તેથી વધુ વકીલ-બારીસ્ટર છે. આ બધા વિદ્વાનો જો એક સપી કરી જૈન સમાજને એકત્ર સમાજ બનાવવા ધારે તો અલ્પ સમયમાંજ થઇ શકે, પણ આ વિદ્વાન બધુઓને તો કેટલીક વખત બોલવાનુ જુદું હોય છે ને કરવાનુ જુદું હોય છે એટલે કે ભાઇ સાહેબ કોઇ પ્રાતિક સભા કે જ્ઞાતિ મડળના સભાસદ કે સેક્રેટરી હોય ? કે પછી પ્રમુખ તરીકે ચુંટાયા હોય ? ને પછી સમાજમા પેસી ગએલા કુધારા વિરૂદ્ધ પોતાને બોલવાનું થાય, તો તે વખતે ઉંધું ચત્તું વેતરી નાખે છે ને પછી પોતાને ઘેર તેથી ઉલટુજ ચાલવા દે છે એટલે કે પોતે બાળ લગ્ન વિરૂદ્ધ બોલ્યા હોય, તો પોતાનાજ સંતાનોને આઠ કે દશ વર્ષે પરણાવે છે અર્થાત્ પારણામાંજ ઝડપાવે છે. જો વૃદ્ધ લગ્ન વિરૂદ્ધ બોલ્યા હોય, તો પોતેજ પીસતાળીશ કે-પચાસ વર્ષની ઉમરે લગ્ન કરવા નીકળી પડે છે. એટલે આપણે જેની પાસે સુધારાની આશા રાખીએ તે વ્યર્થ થાય છે કેમકે નેતા જો ચારિત્ર્યવાન હોય, તોજ તેની અસર શ્રોતા ઉપર પડે છે.

બંધુઓ ? ચાલુ સમયમા તમારાથી જેટલો સમાજ સુધારો થઇ શકે તેટલો ભાગ્યેજ શાધુ મુનીઓથી થઇ શકે તેમ છે ? તમો એટલે વિદ્વાનો, ધારો તો જૈન ધર્મને દુનિયાના દરેક દેશમા ફેલાવી શકો તેમ છો. તમારા અંતરના મેલોને દૂર કરી જૈન સમાજને ઐક્યતા શિખરે સ્થાપી બધા ફીરકાને એકત્ર કરો તોજ તમારી લીધેલી ઉંચી કેળવણી સાર્થક થાય.

સમાજમા તમારા જેવા સુધારાને પંથે આગળ ધપવાની આશા વાળા સજ્જનોની હયાતિ છતાં જૈન સમાજ અંદરો અદરના ઝઘડામા લાખો રૂપીયા દરસાલ બરબાદ કરે છે તે શરમાવા જેવું નથી ?

તમે જો અધ શ્રદ્ધાળુ વૃદ્ધોને ફટકારી તેમની પાસેથી સમાજનું નામ વટાવવાના હલેસા રૂપી સત્તા છીનવી લઇ સમાજને એકજ ફિરકા જૈન નામથી જગતમાં જાહેર કરો, તો તમારી લીધેલી ઉંચી કેળવણી સાફલ્ય ગણાય ને સમાજ પડતીમાથી કાઇક ઉન્નતિને પંથે પગ માડી શકે ? બાકી જો આપણા સમાજની વર્તમાન દશા ચાલુ રહેશે, તો આપણી ઉત્તરોત્તર અધોગતિજ થવાની.

સેંકડો સંકટો વેઠી સાચવી રાખેલ જૈન કિલ્લાની દિવાલો દુબળી પડી ગઇ છે, તેને સંપ રૂપી સીમેંટ ચઢાવી રિપેર કરવાની જરૂર છે. તો તમે સુધરેલા કારીગરો તમારા જ્ઞાનનો સાર રૂપી સંપને અગ્ર રાખી તમારા પડી જતા સમાજ-રૂપી કિલ્લાને મજબુત બનાવી, તમારૂ ઐક્યતામય જૈન સમાજ રૂપી એકત્રિત રાજ્ય સ્થાપી સમાજને ચાલુ વાતાવરણને લાયક બનાવો, તમારા

સમાજના શાસ્ત્રોનું શોધન કરી તેને વધુ સરળ બનાવી જુદી જુદી ભાષામા મુદ્રિત કરાવો ? ચાલુ સમયને અનુકૂળ ફેરફાર કરવા ઠીક લાગે તો તેમ કરી જૈન ધર્મને વિશ્વવ્યાપક બનાવો ? તોજ તમારી લીધેલી કેળવણી સાફલ્ય ગણાય ?

અમુક સિદ્ધાંતોને પકડી બેઠેલ ધનિકો.

આ વર્ગના શ્રીમંત ગૃહસ્થો સમાજના સહાને જાણતાય નથી તેમ જોવાની દરકાર પણ કરતા નથી. છતા જો કોઇ ઉત્સાહી યુવક સુધારા બાબત કાંઇપણ આંદોલન કરે તો તરતજ તેઓ તેને દાબી દે છે. આ શાણા વર્ગેજ ચાલુ સમયમા જૈન સમાજની અધોગતી આણેલી છે. તેઓ એટલા તો અંધ-શ્રદ્ધાળુ છે કે પોતે જૈન હોવા છતા કેટલાક મિથ્યાત્વી દેવ–દેવીઓને માને છે,–ભૂત–પિશાચની માન્યતાઓ કરે છે. પૂર્વજ–પિત્રાઇનુ શ્રાદ્ધ કરે અને કાઇક જણ પીર–પેગંબરને પણ માને છે. ખેદ છે કે આ વર્ગ અનેક ઉપદેશો આપવા છતા સુધરતો નથી

વળી જૈન સમાજમા બાળ લગ્ન, વૃદ્ધ લગ્ન, કન્યાવિક્રય, બાળ વિધવાની વૃદ્ધિ, ખોટા આડંબરવાળા જમણો અને વરઘોડાના નાહક ખર્ચો વિગેરે કુચાલો, તેમજ કુળવાન એટલે ધનવાન પણ અનીતિમાનને કન્યા આપવા તથા નીતિમાન પણ ગરીબને કુંવારા રાખવાના અનર્થો પણ તેજ વૃદ્ધ વર્ગ કરે છે કે જે સમાજને હળાહળ ઉંધે રસ્તે લઇ જનારા છે

આવી ખોટી સમજને લઇનેજ તેઓ સમા-જનું સત્યાનાશ વાળી નાખે છે. તેમના આવા વર્તન સંબંધે કે–સમાજમા ચાલતા કુરિવાજો નાબુદ કરવા તે સબંધે જો કોઇ ઉત્સાહી લેખક ખુલ્લા પત્રોમા લખાણ કરે તો તેઓ તેને પહે-લાંજ નીચે પાડે છે.

આ લેખકને પહેલાં વૃદ્ધ લગ્ન નિષેધક લખાણ માટે તેમના આંદોલનનો કડવો અનુભવ પ્રાપ્ત થએલ છે, તે વખતે આ અંધ શ્રદ્ધાળુ વર્ગ ઉપરાંત ગ્રેજ્યુએટ અને વિદ્વાનનો ફાંકો રાખનાર કેટલાક આગેવાનો પણ તે જલસામાં ભળ્યા હતા. તેમ-નાથી મારી ચણેલી એકે ઇંટ ઉખેડી શકાઇ નહિ પણ ગુજરાતમા દિ० જૈનોમાથી વૃદ્ધ લગ્ન નાબુદ થયા તે હું નથી ધારતો કે ફરી દાખલ થાય.

દરેક જ્ઞાતિ કે–સમાજમા સચોટ લખાણ કરનાર હોય છેજ, પણ સાથેજ તેમને દાબી દેનારા તેમની પહેલાજ સમાજમાં જન્મેલા હોય છે, જેથીજ સમાજનો ઉત્સાહિત વર્ગ સમાજ સેવા કરી શકતો નથી, પણ જો તે ઉત્સાહિત યુવાન વર્ગ વૃધ્ધોની જીભને કફડવા દઇ પોતાના કાર્યમા આગળ વધે તો જરૂર જૈન સમાજ ઉત્કર્ષતાને પામે ?

સમાજના આગેવાન અંધશ્રદ્ધાળુ શેઠીયાઓને મારે નમ્ર ભાવે જણાવાનું પડે છે કે–તમે હવે તમારો મમત્વ મુકો, ને ઉત્તમ ક્ષમા ધારણ કરી તમારા બન્ને ફિરકાને એકત્રિત કરો ? અન્યોન્ય ધાર્મિક જોડાણની સાથેજ વ્યવહારીક જોડાણ પણ કરો કે–જેથી અન્યોન્ય વિશ્વાસ ઉત્પન્ન થાય ને તમારો ધર્મ એક સર્વોપરિ ધર્મ બને ?

(વધુ હવે પછી)

—⊱⊰—

દિગંબરો શું કામના ???

જ્ઞાતિવરા મોટા કરી, લ્હાવા ઘણેરા માણીયા.
પણ જ્ઞાતિબંધુ ભુખે મરે, દિગંબરો શું કામના ???–૧

પૈસો અતિશય વાપરી, મંદીર મોટા બાંધીયા.
પણ સહાય ના કરી રંકને, દિગંબરો શું કામના ???–૨

સોના અને ચાંદી થકી, મંદિર ઘણા શણગારીયા.
પણ પાઠશાળા ના કરી, દિગંબરો શું કામના ???–૩

સુંદર અને અતિ ઉચ્ચ કુળની પુત્રવધુઓ મેળવી,
નિજ જ્ઞાતિ જન વહુહીન રહ્યો, દિગંબરો શું કામના ???–૪

પદવી અનેકો મેળવી, બહુ જ્ઞાન સંપાદન કર્યું
નાબુદ કર્યાં ના કુરિવાજો, દિગંબરો શું કામના ???–૫

મોહનલાલ મથુરાદાસ શાહ.–કંપાલા.

शोक ! शोक ! महाशोक !!!

श्री० चवरे वकीलका दुःखदायक वियोग !

अभी तो हम ज्योतिषरत्न पं० जैवी जियालालजीके वियोगको नहीं भूले है इतनेमें ही दि० जैन समाजपर एक और वज्र गिर पड़ा है–वह है–दक्षिणके दि० जैनोंके एक स्तम्भ स्वरूप–सेठ जयकुमार देवीदास चवरे बी० ए० बी० एल० वकील (अकोला) का असमयमें स्वर्गवास !!! समेदशिखरजीके मेलेके बाद आप १० माहसे बिमार थे परन्तु बीचमें स्वास्थ्य अच्छा होगया था तौ भी फिर पल्टा खाया और अतमें ता० २३ जनवरीको दुपहरको करीब ५० की आयुमें आप कालके ग्रास होगये है, यह जानकर सारे दि० जैन समाजको अपार दुःख होगा; क्योंकि आप अंग्रेजी पढे लिखे विद्वान होनेपर भी आपका धार्मिक ज्ञान, धार्मिक श्रद्धा, धर्मसेवा व जातिसेवा अपूर्व थी तथा आप ऐक्यके पूर्ण उपासक थे। आप बम्बई दि० जैन प्रांतिक सभा, दक्षिण महाराष्ट्र जैन सभा, भारतवर्षीय दि० जैन परिषद् आदि अनेक सभाओंके सभापति होचुके थे व महासभाके दोनों पक्षोंमें समझौता करानेके लिये आपने अटूट परिश्रम किया था। आपने अकोलामें निजी खर्चसे जैन बोर्डिंग वर्षोंसे खोल रखा है व खुद ही चलाते थे। आप महावीर ब्रह्मचर्याश्रम कारंजाके तो प्राणस्वरूप ही थे। अंग्रेजी पढे लिखे तो धर्ममें हीन व आचारमें भ्रष्ट होजाते है ऐसे कतिपय पंडितोंके आक्षेपका सीधा उत्तर देनेवाला आपका जीवन साक्षीरूप है। आपने बी० ए० की परीक्षा समय संस्कृतमें अव्वल नंबर प्राप्त किये थे जिससे आपको भा० जैन महामंडलसे बा० देवकुमारजी मेडल मिला था। आपने चार वर्ष तक "जैन भाग्योदय" नामक मराठी मासिक भी चलाया था। आपकी तीर्थभक्ति व तीर्थसेवा भी अपार थी।

अंतरीक्षजी केस २५ वर्षोंसे आप ही निस्वार्थ वृत्तिसे चला रहे थे व प्रिवी कौंसिलतक आप ही लेगये है। दि० जैन समाजको आपका वियोग चिरकाल तक भुलाया नहीं जा सकेगा। आपके जन्मस्थान कारंजामें आपके करीब ५०–६० कुटुम्बीगण हैं वे सब इकत्र व्यापार करते हुए एकसाथ रहते हैं व महावीर ब्र० आश्रमके खास आश्रयदाता हैं। आपकी आत्माको शांति व कुटुंबीगणको धैर्य प्राप्त हो यही हमारी श्रीजिनेन्द्र देवसे प्रार्थना है!

श्रीमती मगनब्हेन जयंति.

श्रीमती मगनब्हेन चीरंजीवो

श्रीमति मगनब्हेन! "चिरंजीवो", अगणित गुणरत्नोनी खाण;
महिलाओनी उन्नति अर्थे, तन मन धननां दीधां दान-श्रीमति० १

तीरथ समजी सकल संघनी, फरज गणीने करो छो सेव;
मन, वच, काया, निर्मल करवा, भजो छो भावे जिनवर देव-श्रीमति० २

भवना गमन निवारण कारण, धरो छो ज्ञान ध्यान पर प्रेम;
नरभव दुर्लभ सार्थक करवा, राखो छो रंको पर रेम-श्रीमति० ३

ब्हेन! विषम आ कलिकाल छे, सुसंगमां रहेजो दिनरात;
नव धरजो दुर्ध्यान कदापि, 'जनता' मां जोजो "जगतात"-श्रीमति० ४

चित्तडुं चंचल अचपल करवा, भक्ति सुधारस करजो पान;
रंक रायमां समचित्त राखी, सम गणजो मानापमान-श्रीमति० ५

जीवननो लई लेवा लहावो, सहायक गणजो त्याग-वैराग;
व्होटर वारि (शाब्दिक) झगडा त्यागी, धरजो 'शिव' पदपर अनुराग-श्री० ६

नोटः—श्राविकाश्रम बम्बईमें ता० ९ जनवरीको श्रीमती जैनमहिलारत्न मगनब्हेन जे० पी० की ४०वीं जयती मनाई गई थी तब उपरोक्त नवीन काव्य श्री० शीवजी देवशीने सुनाया था।

'जैनविजय' प्रेस सूरतमें मूलचन्द किसनदास कापडियाने मुद्रक चन्दावाडी-सूरतमें प्रकट किया।

वर्ष २४
अंक १-२

वीर सं० २४५७
कार्तिक मार्गशीर्ष

सचित्र विशेषांक।

सम्पादक और प्रकाशक

मूलचन्द किसनदास कापड़िया,
सूरत।

श्री० विठ्ठलभाई पटेल।

सरदार वल्लभभाई।

पं० मोतीलाल नेहरू।

पं० जवाहरलाल नेहरू।

पं० मदनमोहन मालवीय।

अहिंसाके आदर्श उद्धारक-
भारतके भाग्यविधाता-
महात्मा गांधीजी।

श्री० सरोजिनी नायडू।

उपहारोंके पोस्टेज सहित वार्षिक मूल्य २॥ विशेषांक मू० १)

विषयानुक्रमणिका।

चित्रसूची।

સુરપોર (ડુંગરપુર)મા માગસર વદ ૯–૧૦ને દિને દોશી મીરાચંદ વેલજી તરફથી રવિવાર ઉદ્યાપન થયું હતું જે પ્રસંગે ૫૦૦–૭૦૦ ભાઇઓએ લાભ લીધો હતો અને સભા ભરેલ હતી તેમા વીંછીવાડાના માસ્તરે કુરીવાજો દૂર કરવા ભાષણ આપ્યું હતું ને વખતે નાગગના પંચ તરફથી વીંછીવાડા પાઠશાળાને ૩૪) મળ્યા હતા. આ પાઠશાળાના સ્વયંસેવકોએ સારી સેવા કરી હતી.

પાલમાં મહોત્સવ-ઇડરની પાસે આવેલા પાલ ગામમા પ્રાચીન નેમીનાથ સ્વામીના મંદિરપર ધ્વજારોહણ અને કલશારોહણ ઉત્સવ મહા સુદ ૫ થી ૮ સુધી થશે જેમા સુદ ૬ મહેતા રેવચંદ અને ગડિયા જહેચરભાઇ તરફથી ધ્વજાદંડ ને છગનલાલ સખમલ તરફથી કલશ ચઢશે સુદ ૭ ટાકાટુકાવાળા શેઠ કેસરીસિંહના પ્રમુખે સુભડ કોન્ફરન્સ મળશે ને સુદ ૮ જલયાત્રાનો વરઘોડો છે. આ સ્થાને ઇડર કે ખેડબ્રહ્માથી મોટર દ્વારા જવાય છે. કેશરિયાજી અહીંથી પાસેજ છે.

लखनऊमें–वार्षिक रथयात्राका मेला माघ सुदी ५से ८ तक होगा।

इटावामें–पं० चन्द्रसेन वैद्यकी पुत्रीका अन्तर्जातीय विवाह फाल्गुन वदी ४ को होगा। तब विनयसागर समाधि स्थान पर मेला भी भरेगा।

कुंडलपुरमें–फाल्गुन वदी १ से ५ तक विमानोत्सव होगा।

चौरासी (मथुरा) में मुनिसंघ (वीर स० २४९६)

(१) मुनि श्री नमिसागरजी, (२) मुनि श्री कुंथुसागरजी, (३) मुनि श्री नेमिसागरजी, (४) आचार्य श्री शांतिसागरजी, (५) मुनि श्री वीरसागरजी, (६) मुनि श्री चन्द्रसागरजी, (७) मुनि श्री श्रुतसागरजी, (८) क्षुल्लक अजितसागरजी, (९) क्षुल्लक ज्ञानसागरजी।

"जैन विजय" प्रेस-सूरत।

मथुरामेंमुनिसंघ सहित रथयात्रामहोत्सवका एक दृश्य।

जैनविजय प्रेस, सूरत।

॥ श्रीवीतरागाय नमः ।

नाना कथाभिर्विविधैश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्तताम, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष २४वां | वीर सम्वत् २४५७, कार्तिक-मगसिर विक्रम सम्वत् १९८७. | अङ्क १-२.

आह्वान।

(रचयिता-पंडित मूलचन्द्र जैन "वत्सल" काव्य-कलानिधि-बिजनौर ।)

पधारो ! आओ दयानिधान !
अनुपम अक्षय पवित्र पुण्यमय, यह शुभ दिवस महान ।
स्वर्णाक्षर अङ्कित स्वधर्मका, उज्ज्वल धवल निशान ॥ पधारो०
आत्मवीर सद्धर्म प्रणेता, सन्मति गुणगण खान ।
हृदयनाथ ! भगवान आपने, पाया था निर्वाण ॥ पधारो०
किया अहा ! निर्वाण महोत्सव, सुरपतिनाथने आन ।
वह अनन्त स्मृति किरण, करती नव जीवन दान ॥ पधारो०
किन्तु आज वह दृश्य न अवगत, नहीं वही सामान ।
क्या ? निर्वाण महोत्सव है यह, अथवा विपत्तिविधान ॥ पधारो०
मानव हृदप्रदीप अन्तर्गत, धर्म स्नेह अवसान ।
दिव्य ज्ञानमय विमल ज्योतिका, प्राप्त न अनुसन्धान ॥ पधारो०
दुरितम मिथ्यातम फैला है !, अन्त आत्मविज्ञान ।
सत सरल पथ विस्मृत है विभु !, करो पुनः कल्याण ॥ पधारो०

[रचयिता-पं० परमेष्ठीदासजी जैन न्यायतीर्थ-सूरत ।]

कब प्रभो ! यह देश स्वतंत्र हो, सुखसमृद्धिमई फिरसे बने ।
कर सके अपने व्यवसायको, भर सके फिर भी निज कोषको ॥ १ ॥
दुख रहे न यहाँ अब अन्नका, जन न चिन्तित हों निज वस्त्रको ।
सब गुणी बनके सुखसे रहें, फिर परस्पर प्रेम बढ़े सदा ॥ २ ॥
अति दुखी अब हैं हम होचुके, सुख मिला न कभी पर-तंत्रसे ।
इस लिये निज तत्र नियुक्त हो, अब न शासन है प्रिय अन्यका ॥ ३ ॥
दुखित हो निजबंधु कराहते, न मिलता उनको जल अन्न है ।
कुछ न ध्यान दिया हमने अहो ! बिगड़ते दिनरात चल गये ॥ ४ ॥
मिट गये अब तो हम खूब ही, लुट गये अपनी अति भूलसे ।
ब्रिटिश वस्तु न जो हम चाहते, न इतने दुखियां बनते कभी ॥ ५ ॥
अब न लें हम वस्तु विदेशकी, उधरसे मम चित्त विरक्त हो ।
प्रिय लगें सब वस्तु स्वदेशकी, गुजर हो इसमें अपनी सदा ॥ ६ ॥
न हमसे जगको दुख लेश हो, न कुछ भी व्यवहार असत्य हो ।
न पर वैभवकी कुछ चाह हो, शुचि सु-संयम शील बना रहे ॥ ७ ॥
हम नहीं पहिले कुछ जानते, इसलिये चुपचाप पड़े रहे ।
लग चुका जब दीमक खूब ही, अजब 'मोहन'-नींद खुली तभी ॥ ८ ॥
फिर जगा उसने हमको दिया, सजग भारतवर्ष किया सभी ।
छिड़ गया तब युद्ध अपूर्व ही, उधर शस्त्र यहांपर शांति है ॥ ९ ॥
अगर युद्ध अहिंसक ही रहा, विजय निश्चय है तब धमकी ।
तुरत "दास" मिटाकर दासता, फिर स्वतन्त्र सु भारतवर्ष हो ॥१०॥

जैनोंने नूतन वर्ष मुबारकबादी ।

जैनीओ निशदिन नूतन वरस सुखमय गाळजो,
आपत्ति जे जे जैननी शान्ति प्रभु निवारजो.
नूतन नरोत्तम वर्षमां रिद्धि अने सिद्धि थजो,
एवा दिगंबर जैन सुखमय नविन वरस निभावजो-१

स्वराज्य केरो वावटो जे जैनीओ ऊंचो धरो,
नाम वंदे मातरम् जे प्रातःकाले समरहरो.
जेवी वृती हम मात प्रत्ये तेवी नित्य धारजो.
एवा नरोवर जैन सुखमय नविन वरस वितावजो-२

विद्या वधारो बाळकोनी वस्त्र पण बदलावजो,
जे विदेशी वस्तुओ छे ते स्वदेशी लावजो
माता तणी भक्ति भुलो नहि स्वादीने सभाळजो,
एवा दिगंबर जैन सर्व कीर्तीने छलकावजो-३

करजो हमेशा सर्व नित्ये हिंदनु दुख टाळवा,
पण नहि हमजो कई गरीबन कमळथी रीबावबा.
जनम्यां तमारा देशमां जे मातृ-भक्ति न भुलजो,
एवा दिगंबर जैननी कीर्ति जग जश जामजो-४

होळी जमण दारु तणा जे कुरिवाजो काढजो,
ए दुर्व्यसन नाटक भवाया चाल चित्त नव लावजो.
धन धान्य करता विद्या ऊंची गणीने पाळजो,
एवा दिगंबर जैननो जश विश्वमां वरतावजो-५

वळी धर्मने सौ पाळजो नहि आत्मथी जुदा गणो,
धर्म यथार्थ [illegible] कापी मोक्ष पथे चालजो.
धर्म धुरंधर बनी हा धर्मनो धाडे वरो,
एवा कृपालु जैन नित्ये मात वंदो उच्चरो-६

धन धान्यनी वृद्धि थजो वृद्धि थजो विद्यातणी,
विपत्ती टळजो न लहेरे लग्नी नूर तणी घणी.
नेक टेक विवेक धारी स्वादीना हित चाहजो,
हिंदी दिगंबर कोईनु जे धर्म छे दीपावजो-७

रहेजो कुशळ वळी क्षेमताथी वस्तीन वधारावजो,
जइ देश वेश विदेशमां हा विद्वताने लावजो.
संप जंपनी सहायता हा निश्चय लेवावजो,
एवा दिगंबर जैनीओ तुम पितृ भक्ति बतावजो-८

आरोग्यताने जाळवी संसारना सुख भोगवो,
वदन वदावा मातृ हा बाळोने केळवो.
इन्कीलाब जीन्दाबाद जे जय जगतमां प्रकटावजो,
एवा दिगंबर जैनीओ तुज विजय जंग बधारजो–९
हे तारनार उगारनार कृपानिधार विचारजो,
कहे लाल चंदु जैनीओ नूतन हरेक नितावजो.
सर्व वाते भरतखंडी जन तणा सुखडां थजो,
हिंदी दिगंबर हरख उरथी खादी अंगे धारजो–१०

चंदुलाल हाथीभाई (सोनासण नि०) वि० इडर बोर्डिंग ।

—⊱⊱❀⊰⊰—

रामराज्यनो चमत्कार ।

उथल पाथल थाय, अवनिमां हाहाकार वरताय.
अरध लाख गया जेल महेलमां, हैयुं फाटी जाय. अवनिमां०–१
मनस्वि कायदा दबाववाने, निशदीन नविन जणाय,
रामराज्य कहेता सौ मुखथी, खुल्लो खेद जणाय. अवनिमां०–२
स्वतंत्रता छे सौने प्यारी, महासभा फरमान,
गेर कायदे आज ठरावी, भारतनुं अपमान. अवनिमां०–३
राष्ट्रध्वज त्रीरंगी झुंडो, फरकावो धरी मान,
हिंदु मुस्लिम जैन पारसी, राखो एज निशान. अवनिमां०–४
धन वैभव आहुति आपो, देह करो कुरबान,
विनय भंग अहिंसामय जंगे, सर्वस्व द्यो बलिदान. अवनिमां०–५
तीर किरच भाला ने तोपो, जोई करो सनमान,
बाल युवक नरनार डरो नहि, भजो राम रहेमान. अवनिमां०–६
भले मरो मारो नहि कोने, खादी पर धरी टेक,
ब्रिटीश गूडस बॉयकॉट करीने, राखी एज विवेक. अवनिमां०–७
घेर घेर कॉंग्रेस हाऊस स्थापना, जंगल झाड तमाम,
नदी नाळां दरीआ पर बांधो, अन्तर राखी हाम. अवनिमां०–८
बत्रिस कोटी आझादी लेतां, भले फना थवाय,
रामराज्य सहेजे सांपडशे, विजय आपणो थाय. अवनिमां०–९

हाथीभाई माणेकचन्द, सोनासण.

नूतन वर्ष ।

शुं कृत्य सुकृत्य कर्यां ! गत वर्ष हाथे ?
शुं देश-प्रेम प्रभुता ! ग्रही प्रेमी साथे ?
शुं आत्मभाव विलस्यो ! वीर तें विचारी,
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

× × ×

शुं रिद्धि सिद्धि बुद्धि धैर्य विद्या वधारी !
शुं शास्त्रथी अधिक शांति बीजी विचारी !
जाण्युं-विचार्युं वीर तें कृतिमां निहाळी,
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

× × ×

आ देह ते धरी करे वधवा विवेके !
शुं सिद्ध ते करी ठर्या सुखना प्रदेशे !
शुं मेळव्युं जीवन आयु सटे विचारी,
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

× × ×

प्रारब्धनी प्रबळता सुखमां वधी शुं ?
शुं योग भूमि पुरुषार्थो थतां मळी शुं ?
शुं आश सर्व सुख इप्सितमां सुहाणी ?
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

× × ×

स्नेहार्द्र अंतर शुचि चितनी वधी शुं ?
शान्ति प्रशान्ति तनु कान्ति वीरा वधी शुं ?
शुं स्नेह भूमि जर आ बनी छे रसाळी ?
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

× × ×

सौन्दर्य सृष्टि सुविचार रूपे प्रसारी,
व्हालो थयो सुजन योगी वियोगी भारी ?
'हुं' मां उपाधि धरी वीर 'हुं' मां विलावी,
दीवाळी आ दिन रुडो कर तुं दीवाळी.

मोतीलाल त्रीकमदास मालवी-वाकरोल ।

प्रबोधन ।

बढ़ो आगे नवयुवक उदार !

शंख बजाओ नव जागृतिका,
अंत करो नाशक अवनतिका।
मोह तजो अब डायन क्षतिका,
कुशल तभी है एक इच अब बढ़े न स्वेच्छाचार ॥
बढ़ो आगे० ॥

आकृति* का अपमान होरहा,
बहिनोंका बलिदान हो रहा।
रथका बन्द पयान हो रहा,
हुआ दीखता है क्षणभरमें सारा बण्टा दार ॥
बढ़ो आगे० ॥

अब तुम पर ही हैं आशायें,
कहती ये मुकुलित भाषायें।
पर-डरना न निरख बाधायें-
आती सदा रहेगी यह तो बन २ कर साकार ॥
बढ़ो आगे० ॥

यदि तुमने खोया ये अवसर,
'अमर कलङ्क' रहेगा तुमपर।
समझदार हो कहो समझकर-
क्या उलाहना 'क्षशि' न तुम्हें ही देगा सब संसार॥
बढ़ो आगे नवयुवक उदार !

कल्याणकुमार जैन 'शशि'।

*-मूर्ति, -उद्धृति न करें, -उधर।

देश[illegible]

(भुजङ्गी वृत्त)

बनीने शुरा वीर सत्याग्रहीओ,
झुक्या देश उद्धारमां आज जेओ;
[illegible] धैर्यथी देशना प्रेमी वीरा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

गुलामी थकी देशने मुक्त करवा,
शुरो साच स्वतन्त्र डङ्को गजववा;
[illegible] सत्यना जंगमां थई अधीरा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

न पर्वा धरी कीधुं सर्वस्व अर्पण,
[illegible] खरा देशना आप्युं जीवन;
[illegible] थई शत्रु ध्रुजावनारा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

[illegible] ज्यां हस्ते शृंखला ने बेडी,
[illegible] बंधनो सर्व अन्यायी तोडी;
सहे दुःख कारागृहे जे अनेरा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

[illegible] रोटला ने सुवा ज्यां मळे त्यां,
[illegible] जोर सत्ता छुंदाय ठोकरे ज्यां;
गणी जेलने म्हेल थतां सौथी न्यारा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

सजी देशनी उन्नति खादी अंगे,
स्वतंत्र करवा हिन्द माताना जंगे;
बलिदानो आप्या वहे रक्त-धारा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

त्रिरङ्गी ध्वजा ने मुखे वंदेमातरम,
गुणो गाय हिंद मातना शौर्य हरदम;
स्वदेश कारणे जाय जे धन्य वीरा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

× × ×

विभु देश सौ दीपकने सहाय थाजो,
दई धैर्यने बुद्धि बळ कष्ट हरजो;
हजो दीर्घ आयु भूमि मातृ प्यारा,
नमस्कार ते देशभक्तोने म्हारा.

रामचन्द्र माधवराव मोरे–सूरत.

निवेदन ।

सुनो जैन वीरो अहिंसाके धारी ।
बनो तुम अहिंसाके सच्चे पुजारी ॥
सताना किसीको महा जुर्म कहते ।
लटो व पिपीलोंकी रक्षा विचारी ॥

× × ×

पियो छान पानी जिवानी बनाते ।
उसीमें छुड़ाते जहांका है पानी ॥
तथा शुद्ध भोजनका करते समर्थन ।
उसीपर बहिश रोज होती तुम्हारी ॥

× × ×

नहीं लेकिन इसपर जरा ध्यान देते ।
पहिनते हो चर्बीसे तर वस्त्र भाई ॥
मिलोंके सभी वस्त्र चर्बीसे तर हैं ।
इसीसे करो छोड़नेकी तैयारी ॥

× × ×

सभी स्त्रियां शुद्ध खादीको धारें ।
न उनके लिये होवे रेशमकी सारी ॥
सभीके ही तनपर हो खद्दर पियारा ।
यही "प्रेम" गांधीकी आज्ञा है जारी ॥

प्र० प्रेमसागर–रीठी ।

नवीन वर्षे ऐक्य करो.

निर्वाणनो छे दिन आ, प्रभु वीरजी जीणंदनो,
लोको बधा दिपमाळथी, उज्वळ करे संसार तो.
जैनो तणा जैनत्वने, जेणे प्रकाश्युं पृथ्वीथी,
एवा प्रभु महावीरने, सौ आज वंदो भावथी-१.
जागी जुओ जैनो तमे, जगमां बधा जागी गया,
जेने गणेला जैनीओ, ते आज तो पाछळ रह्या.
समाजना रणक्षेत्रमां, पंडित अने बाबू पड्या,
जैनो तणी जशवेलने, चीमळाववा शत्रु थया-२
छे समय आजे आपणो, सौ संपथी सुधारवा,
पंडित ने बाबु तणा बे, भेदने संहारवा.
छे वृक्ष एकनी डाळ बन्ने, मानशो जो दिलथी,
एकत्र थई अजमावशो, जैनो तणा सत्त्वनथी-३
वीरे कदी नव भाखीयुं के, पुत्र हे ! लडजो तमे,
पण आपणे अज्ञानताथी सौ भेद पाड्या छे अरे.
जैनो जगे झळकावजो, सौ जैन एकज मुखथी,
दिगम्बरी श्वेतांबरी ए, भेद छोडो स्नेहथी-४
हृदये जरा जो लागणी, होए कदी महावीरनी,
आजे बधा एकत्र थई, गती सुधारो आपणी.
स्वराज्यना रणक्षेत्रमां, आपो वळी फाळो सत्ता,
नूतन बनेला वर्षमां, सौ संपजो मोहन सदा-५

मोहनलाल एम० शाह, कार्णसाकर-भ्पाला (युगर्डा)

मरदाने हैं ।

किसको बताते आप, जेलका कहो तो खौफ़, दारपे चढ़ाओ-दगवाओ तोपखाने हैं ।
लाठियोंसे मारि मारि, प्रान हू निकारि डारो, आह ना करेंगे, हम देशके दिवाने हैं ॥
आफतें हज़ारों-बरदाश्त भी करेंगे सब, आज़माय देखो, यार जैसे अजमाये हैं ।
अब तो अज़ाद होके, हिंदमें रहेंगे 'प्रिय', देख लेना हिंदुवाने, कैसे मरदाने हैं ॥

'प्रिय' वृन्दावन ।

बूढ़े बाबा गांधीने ।

सोते भारतको खूब जगाया, बूढ़े बाबा गांधीने ।
हिन्दू-मुसलिमका प्रेम बढ़ाया, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ टेक ॥
ले सत्य अहिंसाका करमें, और स्वार्थ त्यागको धारण कर ।
निज आत्मिक बल कैसा दिखलाया, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥
जो वस्त्र विदेशीके कारण, दुर्दशा देशकी होती थी ।
इसका परिचय हमको करवाया, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥
आजादी पानेके खातिर, क्या खूब मार्ग बतलाया है ।
तकली चरखाका चक्र बताया, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥
भारतवासी निज कर्म भूल, गहरी निद्रामें सोते थे ।
हठ करके उन्हें जगाया है बस, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥
दासत्व हमारी नस नसमें, फैला था विदेशी शिक्षासे ।
अनुभव इसका हमको करवाया, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥
हे 'हंस' निवेदन है आखिर, हो सफल सत्य संग्राम यही ।
है धर्म अहिंसा बता दिया उस, बूढ़े बाबा गांधीने ॥ सोते० ॥

केसरीमल लायब्रेरियन-डूंगरपुर ।

विपरीत बुद्धि ।

अहा हा ! जुओने विपरीत क्रांति ।
दीसे न आजे हिंद माहि शांति ॥
सरकारने पण नव त्हेनी शुद्धि ।
विनाश काळे विपरीत बुद्धि ॥
ज्यारे जुओने राजाज पोते ।
पाडी रह्यो छे शुं जुल्म आ ते ॥
अन्यायनी ज्यां थई रही छे वृद्धि ।
विनाश काळे विपरीत बुद्धि ॥
स्त्रीओने उपर ज्यां लाठी ने गोळी ।
मारे छूरे छे रहुं हिंद डोळी ॥
सत्ता ने शस्त्र बळ जुल्मे मदांधि ।
विनाश काळे विपरीत बुद्धि ॥
सत्याग्रहीओ शुर सत्य वीरा ।
स्वदेश माटे सहे दुःख अनेरा ॥
रे ! रे ! हवे तो थई रही छे अवधि ।
विनाश काळे विपरीत बुद्धि ॥
बाळक, युवा, स्त्री, वृद्धनुं न भान ।
सौ पर सितम छे भले हो महान ॥
वहे लोही आंसु प्रमाने न सिद्धि ।
विनाश काळे विपरीत बुद्धि ॥

रामचंद्र माधवराव मोरे-सुरत ।

सम्पादकीय व

' दिगम्बर जैन " को सा..

नूतन वर्ष । आज २३ वर्ष निर्विघ्न व्यतीत होचुके हैं और अब यह २४ वें वर्षमें पदार्पण करता है। पाठक इस बातको स्वीकार करेंगे कि आजसे २० वर्ष पूर्व हमने ही दिगम्बर जैन समाजमें विशेषांक निकालनेका प्रारम्भ किया था और अनेक उपहार ग्रन्थ प्रदानकर इस प्रथाको चलाया था, जो आजतक अविकलरूपसे चालू है। वैसे तो दिगम्बर जैनके अनेक बढ़ियासे बढ़िया विशेषांक निकल चुके हैं, मगर इस विशेषांकमें कुछ और ही विशेषता है-कुछ चित्रोंको छोडकर बाकी तमाम फोटो उन दिगम्बर जैन वीर और वीरांगनाओंके दिये गये हैं जिनको वर्तमान अहिंसात्मक सत्याग्रह संग्राममें जेल जानेका अवसर प्राप्त हुआ है। दिगम्बर जैन समाजमें यह हमारा प्रथम ही प्रयास है। हमारी इच्छा तो थी कि ऐसे चित्र सैकड़ोंकी संख्यामें निकाले जावें। इसीलिये दो माह हुये समाजसे जेलगत वीरोंके चित्र भेजनेके लिये सूचित करते रहे थे। मगर खेद है कि करीब १० दिगम्बर जैनोंके ही फोटो प्राप्त होसके हैं। फिर भी जिन महानुभावोंने यह फोटो भेजे हैं उनके हम हृदयसे आभारी हैं। प्रकाशित चित्रोंका यथाप्राप्त परिचय संक्षेपमें अन्यत्र प्रकट किया गया है।

हमारे पास एक फोटोका बनाया हुआ ब्लाक तथा किसी भाई द्वारा भेजा गया एक ब्लाक परिचय (नामादि) न मालूम होनेसे योंही पड़ा रहा है। खेद है कि इसी लिये हम उसे प्रकाशित नहीं कर सके हैं। जिन लेखकों कवियों और उत्साही सज्जनोंने इस विशेषांकमें हमें किसी तरहसे भी सहायता की है, हम उनका हृदयसे आभार मानते हैं। चित्रोंकी आयोजनामें यह अंक निकालनेमें आशातीत विलम्ब हुआ है, इसलिये पाठक क्षमा करेंगे व स्थानाभावसे अनेक विद्वानोंके लेख हम इस अंकमें प्रगट नहीं कर सके हैं, इसलिये भी क्षमा चाहते हैं। अब आगामी पौष और माघका संयुक्त अंक हम बहुत जल्दी निकालनेका प्रयत्न करेंगे। जिसमें खास अंकके लिये आए हुए शेष लेख अवश्य प्रगट होंगे।

***

उपहार । वैसे तो 'दिगंबर जैन' उपहार ग्रन्थ देनेमें प्रसिद्ध है ही, मगर इस वर्ष तो हमने इसकी अच्छी योजना की है। नये तथा पुराने ग्राहकोंको यह १) का विशेषांक दिया जावेगा। साथमें ही "आध्यात्मिक सोपान, ऐतिहासिक स्त्रियां, व सल्लेखना और मृत्युमहोत्सव" इन ३ ग्रन्थोंके देनेका भी निश्चय किया है। जिनका मूल्य करीब १॥) होगा। इस प्रकार मात्र २।) वार्षिक मूल्य लेकर २॥) की भेट तो इस प्रकार आपके पास पहुंचेगी। साथ ही दिगंबर जैनके और १० अंक मुफ्त ही पढ़नेको मिलेंगे। इसलिये आप हमका १-१ नया ग्राहक बनानेका प्रयत्न अवश्य करिये। विशेषांक बहुत थोड़े ही हैं। यदि

ग्राहक बनेंगे तो यह अंक मुफ्तमें ही मिल सकेगा।

***

यह बात तो स्पष्ट ही है कि वर्तमान राष्ट्रीय संग्राम जैनधर्मके मूलतत्व अहिंसापर चल रहा है। इसीलिये जैनसमाजने भी इसमें आशातीत बलिदान किया है। हमारा अन्दाज है कि मात्र ११॥ लाख संख्यावाली जैन समाजमेंसे कमसेकम १००० वीर जेल अवश्य गये होंगे। इनके साथ ही साथ और भी तन, मन, धनसे देश सेवा करनेमें जैन समाज पीछे नहीं है। यह बड़े ही गौरवकी बात है।

जैन समाज और राष्ट्रीय संग्राम।

यह बात आबाल वृद्धको विदित है कि पराधीन देशमें भलीभांति धर्मका प्रतिपालन नहीं होसक्ता और न समाजोन्नति ही होसकती है। कारण कि विदेशी राज्यके होनेसे देशकी आर्थिक परिस्थितिका बिगड़ जाना अवश्यंभावी है। और ऐसा होनेसे दीनता बढ़ती है, समाज अवनत होती है तथा धर्म मार्ग नहीं सूझता। इसीलिये देशमें आज आजादीकी अग्नि प्रज्वलित हुई है। एक ओर सरकारका दमन बढ़ता जाता है तो दूसरी ओर भारतीय सर्वस्व बलिदान करनेको तैयार होरहे हैं। अनेक जगह पुलिसने लाठीप्रहार और गोलीबार किये है, धन और मकान जप्त किये गये हैं, कुटुम्बके कुटुम्ब जेल भेजे गये हैं, करीब पौनलाख वीर कारावासमें जाचुके हैं। जानमालकी खराबी होरही है, अनेकों आजादीके दीवाने लाठीप्रहारादिसे मरणको प्राप्त हुए हैं, फिर भी स्वतन्त्रताकी लड़ाई बड़े ही वेगसे बढ़ती जारही है। हर्ष तो इस बातका है कि एक ओरसे सब तरहका दमन होनेपर भी दूसरी ओर उपसर्ग सहिष्णु भारतवासी अहिंसक और शांत रहकर लड़ रहे हैं। यही तो अहिंसाधर्मकी अपूर्व विजय है!

***

हम जैनसमाजसे निवेदन कर देना चाहते हैं कि ऐसी विकट परिस्थितिमें कमसेकम प्रत्येक घरमें स्वदेशी वस्त्रका प्रचार होजाना चाहिये, किसी भी जैन मंदिरमें हिंसाजन्य अपवित्र विदेशी वस्त्रका एक भी टुकड़ा न रहने पावे। घर२ में चर्खेका प्रचार होजावे। और आपके पड़ोसी या ग्राममें मद्यपानी (शराब आदि पीने वाले) कोई न रहें। प्रत्येक जैनका कर्तव्य है कि दूसरोंको व्यसनोंसे मुक्त करे। क्या हम आशा करें कि आप इतना करके देशकी स्वतंत्रतामें भागी होंगे?

हमारा कर्तव्य।

***

गत प्रत्येक दश वर्षोंकी भांति इस वर्ष भी सर्कार भारतवर्षकी मनुष्य गणना कर रही है। २६ फर्वरी सन् ३१ की रात्रिको सर्वत्र मर्दुमशुमारी होनेकी घोषणा हुई है। बड़े ही खेदके साथ लिखना पड़ता है कि अनेक पत्रकार, हिन्दू महासभा और जाति पांति तोड़क कितनी ही सस्थायें, संगठनके बहानेसे जैनियोंको हिन्दू लिखानेका अनुचित प्रयत्न कर रही

मनुष्य गणना व जैन समाज।

हैं !!! इसलिये हम समस्त जैन समाजसे निवेदन कर देना चाहते हैं कि इस बातको वह कदापि स्वीकार न करें। कारण कि हिन्दू जाति या हिन्दू धर्मसे जैन जाति या जैन धर्म बिलकुल भिन्न है। हिन्दू महासभावादी जैनियोंको हिन्दू लिखाकर 'जैनधर्मको हिन्दू धर्मकी शाखा' कहनेमें फिर बिलकुल ही नहीं हिचकिचायेंगे। हम भी एकताके पक्षपाती हैं, लेकिन संगठनके खोटे प्रलोभनमें जैनियोंको हिन्दू कदापि नहीं लिखा सकते। जो बात यथार्थ हो उसको स्वीकार करनेमें हमें किंचित मात्र भी संकोच नहीं है।

जब हमेशासे जैन जाति व जैनधर्मका खाना भिन्न रहा है और इस वर्ष भी है तब हम जैनियोंको हिन्दू कैसे लिखा सकते हैं? हिन्दू सिख, जैन, बौद्ध और ईसाई आदि धर्म व जातिकी अपेक्षा भिन्न २ हैं, मगर राष्ट्रीयताके नामपर हम सब एक हैं। इसी लिये देश सेवा या वर्तमान राष्ट्रीय संग्राममें जैनियोंने आशातीत बलिदान दिया है। मगर जहां कौमी प्रश्न खड़ा होजाता है वहां तो हम जैन समाजसे स्पष्ट निवेदन कर देना चाहते हैं कि मर्दुमशुमारीके धर्म व जातिके खानेमें 'अपनेको जैन ही लिखावे और किसीके बहकावे या दबावमें आकर हिन्दू कदापि न लिखावे, मर्दुमशुमारीके फार्ममें मनुष्यगणना करनेवालोंको भी जैनियोंको जैन ही लिखनेकी सख्त सूचना सरकारकी ओरसे की गई है। इसलिये यदि आप अपनी परिस्थितिसे परिचित होना चाहते हों, अपनी घटी बढ़ीको जानना चाहते हों, तो अपनेको जैन ही लिखावें। और गांवोंमें जो जैन भाई इस बातको न जानते हों उनको भी प्रयत्न करके यह बात समझा देना चाहिये कि वे अपनेको जैन ही लिखावें।

***

मुनिवेषी मुनीन्द्रसागरजी!

दिगम्बर जैन मुनियोंका परीषहजय, चारित्र और इंद्रियविजय, त्रिगुप्तिसाधन तथा पंच समितिपालन और महाव्रतका धारण करना संसारको आश्चर्यचकित कर देनेवाला है। ऐसे तपस्वियोंको देखकर प्रत्येक मानव हृदय कह उठेगा कि बस, सच्चे साधु तो दिगम्बर जैन मुनि ही हो सकते हैं। इस पदको प्राप्त करके असंख्य महात्मा संसारसमुद्रसे पार होचुके हैं और उनने अनेकोंका कल्याण किया है। लेकिन बड़े ही दुःखके साथ लिखना पड़ता है कि अनुकूल समय और योग्यता न होनेपर भी कोई२ इस महान् पदको ग्रहण करके यथारीति पालन नहीं करते। उदाहरणार्थ मुनिवेषी मुनीन्द्रसागर जबसे गुजरातमें आये हैं तबसे उनकी अनेक लीलायें बाहर आरही हैं। हमें विश्वस्तरूपसे पता लगा है कि उनकी प्रवृत्तियां शास्त्रानुकूल नहीं हैं। फिर भी गुजरातके भोलेभाले....भक्त जैन भाई उनको बराबर पूजते जारहे हैं।

साधारण मनुष्योंसे लेकर साधुओं तकको बिगाड़नेमें प्रधान कारण पैसा ही है। दि० जैन साधुओंको किसी प्रकारसे भी रुपया पैसासे संबंध नहीं रखना चाहिये, ऐसी जैनागमकी आज्ञा है। मगर मुनिवेषी मुनीन्द्रसागरजी भोली समाजसे

रुपयोंकी अपील करते हैं और अमुक रकम न मिलने तक उपवास (लंघन) भी ठान लेते हैं। इसलिये हम जैन समाजसे निवेदन कर देना चाहते हैं कि चाहे मुनि उपवास करे या पारणा, मगर किसी हालतमें भी उनके पीछे एक पाई खर्च न की जावे !

हमें यह भी मालूम हुआ है कि आप पीछीकी बोली बुलाकर रुपया एकत्रित कराते हैं। तथा यंत्र-मंत्र और जादू टोना आदि करते हैं, जो कि मुनिपदके बिलकुल विरुद्ध है। इसके अलावा और अनेक पदबाह्य प्रवृत्तियां इनमें पाई जाती हैं। यह सब बंद होना चाहिये। मात्र पेथापुर (गुजरात) में ही चातुर्मास करके आपने वहांकी भोली जैन जनतासे हजारों रुपया खर्च करवाये हैं। समझमें नहीं आता कि नानाप्रकारकी लीलाओंसे प्राप्त किये हुये यह हजारों रुपया किस२ कार्यमें खर्च किये जाते हैं।

हम गुजरातके दिगम्बर जैन भाइयोंसे सादर निवेदन करते हैं कि आप मुनींद्रलीलासे सावधान रहें! ऐसी अन्धभक्तिसे पूज्य और पूजक दोनों दुर्गतिमें जाते हैं। इसलिये जबतक मुनींद्रसागरकी उच्छृंखल प्रवृत्तियां बंद न होजावें और धर्मानुकूल प्रवृत्ति न करने लगें तबतक उनको कोई मुनि न माने !

हमें मालूम हुआ है कि पावागढ़के मेलेपर मुनींद्रसागर दो मुनि और दो आर्यिकाओं सहित पहुंचनेवाले हैं। वहांपर गुजरातके अनेक जैन भाई एकत्रित होंगे। उस समय समझदार भाइयोंका कर्तव्य है कि उनको शास्त्रानुकूल प्रवृत्ति करनेके लिये समझावें। यदि वे न मानें तो आप भी उनको मानना छोड़ दें। कारण कि एक मुनि वेषीके कारण और भी मुनियोंकी बदनामीका होना संभव है।

मुनींद्रसागर आत्मप्रशंसाके भी इच्छुक हैं। इसी लिये वे अपनेको 'आचार्य' आदि अनेक पदवियोंसे विभूषित बतलाते हैं, जो कि शास्त्रानुसार सर्वथा अयोग्य है। आचार्य जैसे महान पदके लिये बड़ी भारी योग्यताकी आवश्यका है, जो कि मुनींद्रसागरमें बिलकुल भी नहीं है। इस मेलेपर विद्वानोंको ऐसा प्रयत्न करना चाहिये कि जिससे वे अपनी पद विरुद्ध पदवियोंको छोड़ देवें और बाह्याडंबरका परित्याग कर धर्मानुकूल चलने लगे। हमारे इतने निवेदनपर भी यदि समाज सावधान नहीं होगी तो इसका परिणाम बहुत भयंकर आनेकी संभावना है।

* * *

जैन समाजको मालूम होगा कि जबसे भा० दि० जैन महासभाने रोहतकमें परिषद। मनमानी कारवाहियां करना शुरू की हैं तबसे 'भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद' समाज सेवाका आदर्श कार्य कर रही है। इसको स्थापित हुये आज आठ वर्ष व्यतीत होचुके हैं। इसने अपने भिन्न २ विभागों द्वारा समाजकी अपूर्व सेवा की है। इसके मंत्री श्री० बा० रतनलालजी वकील और सभापति सिंघई पन्नालालजी अमरावती देश सेवा करते हुये जेलमें गये हैं! वर्तमानमें ला० राजेन्द्रकुमारजी मंत्रीके

रूपमें अच्छा कार्य कर रहे हैं। परिषद्के प्रचारक विभागसे एकविद्वान देशमें घूमकर धर्मप्रचार दो और समाज सुधारका प्रयत्न करते हैं। इसके स्थापक व संरक्षक श्री० विद्यावारिधि बैरिष्टर पं० चम्पतरायजी सा० आजकल विलायतमें जैन धर्मका प्रचार कर रहे हैं। शिखरजी केसमें आपने ही सफलता दिखाई है। ट्रैक्ट विभागसे अनेक ट्रैक्ट मुफ्त भी बांटे जाते हैं। परीक्षालय विभागसे विद्यार्थियोंकी परीक्षा ली जाती है और पारितोषिक दिया जाता है। स्कालरशिप फंडसे विद्यार्थियोंकी सहायता की जाती है। इत्यादि अनेक कार्य परिषद् द्वारा बराबर हो रहे हैं।

इसका ८ वां वार्षिक अधिवेशन ता० २०-२१-२२ फरवरीको रोहतक (पंजाब) में होनेवाला है। इसी समय वहांपर बड़ा भारी मेला-रथयात्रा उत्सव भी होनेवाला है। आप ऐसी धर्मप्रचारक और समाज सुधारक परिषद्के सभासद बनिये और इस होनेवाले अधिवेशनमें पधारकर उसे सफल बनाइये। आशा है कि परिषद् दिन प्रतिदिन उन्नत होती हुई जैनधर्म और समाजकी उन्नति कर सकेगी।

***

પાવાગઢનો મેળો.

સિદ્ધક્ષેત્ર શ્રી પાવાગઢમા આવતી મહા સુદ ૧૩ થી ૧૫ સુધી વાર્ષિક મેળો ભરાનાર છે જે પ્રસંગે આ વખતે અમારા સાંભળવા પ્રમાણે પેલા મુનિવેશધારી મુનીંદ્રસાગરજીનો સંઘ ત્યા પહોચી ગયો છે જેથી ગુજરતના ભોળા ભાઇયો અને બ્હેનો જે આ મેળામા પહોચે તેમને સચેત કરવાની જરૂર જણાય છે કે એ મુનીંદ્રસાગર ખરા મુનિ નથી. એમણે પેથાપુરમાં ચોમાસું કરી શ્રાવકોનું હજારો રૂપિયાનું પાણી કરાવ્યું છે, એમની રીતભાત, વર્તન, આચારવિચાર, એક દિ. જૈન મુનિને યોગ્ય નથીજ. જે ભાઇઓ શિખરજીના મોટા મેળાના સમય દરમ્યાન મહાવીરજીમાં એનો ગીરનારજીનો સંઘ તુટી ગયો હતો તે વખતના એમના એક ગ્રહસ્થને પણ ન છાજે તેવા વર્તનથી કોણ અજાણ્યું છે! એમની સાથે બે મુનિ બે આર્જિકાઓ વગેરે રહે છે તે પણ પુરા યોગ્ય નથી માટે પાવાગઢના મેળામાં આ વેશધારી મુનિસંઘ પાછળ ભોળાભાઇ જઇ એ નિમિત્તે એક પૈસો પણ ન ખરચવાને અમો ગુજરાત ભાઇઓને નમ્ર સૂચના કરીએ છીએ આ મુનિ નામધારી મુનિને પણ યોગ્ય નથી તો આચાર્ય તો એને કોણ કહે, પરંતુ પાવાગઢક્ષેત્ર કમેટીના મંત્રીએ આમંત્રણ પત્રિકામાં એમને આચાર્ય લખી દેવાની જે ભૂલ કરી છે તે સુધારી લે અને એમનાથી સાવધ રહે એજ ઇચ્છવા યોગ્ય છે.

***

ભ. સુરેંદ્રકીર્તિ ને સુરતની ગાદી.

સુરતની જુની ગાદીના ભટ્ટારક ૧૦૮ શ્રી સુરેંદ્રકીર્તિજીનો પૌષ માસમા સોજીત્રામા લાંબી બિમારી પછી સ્વર્ગવાસ થયો છે એટલે એ ગાદી હાલ ખાલી પડી છે પણ એ ખાલી નં રહે માટે ભ० સુરેંદ્રકીર્તિજી, એક શાંતિલાલ નામે ૧૨ વર્ષના સિવનીથી પરવાર જાતિના એક બાલકને અમુક સારી રકમ આપી બેક માસપર અને તેને માટે માલમિલકતનું વીલ કરી તેના ટ્રસ્ટીઓ નીમી ગયા છે ને આ શિષ્યને યોગ્ય થવે યોગ્ય વયે ગાદીપર બેસાડવા કહી ગયા છે. આ બાબતમા અમારી સુચના માત્ર એટલીજ છે કે હવે ભટ્ટારકોનો જમાનો વહી ગયો છે અને હવે ભટ્ટારકોથી શ્રાવકોને વિશેષ લાભ થતો હોય એમ જણાતું નથી. ઇડરની ગાદીપર સ્વ. ભ. કનકકીર્તિ પછી ખાલી ગાદીપર ઇડરની પંચે મોતીલાલ ઉર્ફે વિજયકીર્તિને અમારા

...વિરોધ છતાં ગાદીએ બેસાડયા હતા તેના પાછળથી કેવા ગંભીર પરિણામ આવ્યા તે ગુજરાતના ભાઇઓ સારી પેઠે જાણે છે ને જે ભાઇ ન જાણતા હોય તે જાણી લે કે એ ભાઇ પોતાના ...ગ્રહીત થયા ને ગાદી છોડી નાશી જવું પડયું ને આજે ગ્રહસ્થ બની ઘણું કરીને મુંબામાં વૈદનો ધંધો કરે છે. આવા દાખલા પરથી ચેતીને અમે આ ગાદીના ટ્રસ્ટીઓને તથા એ ગાદીને માનનારા ભાઇઓને નમ્ર સૂચના કરવાની જરૂર સમજીએ છીએ કે આ શિષ્યને ઓછામાં ઓછી ૨૦-૨૫ વર્ષની વય સુધી કેળવણી આપી યોગ્ય બનાવવો અને પછી એનામાં ભટ્ટારક થવાની-ત્યાગધર્મ પાળવાની પૂર્ણ યોગ્યતા જણાય તોજ એને ભટ્ટારકી અનેક આડંબરોમાં સુધારો કરી સાદા રૂપમાંજ આ ગાદીપર બેસાડવાનો વિચાર કરવો. અમને ખબર મળી છે ત્યાં સુધી ઉપરોક્ત ટ્રસ્ટીઓ પણ એવાજ વિચાર ધરાવે છે ને આ બાળકને ઘણું કરી કારંજા આશ્રમમાં ભણવા માટે મુકવામાં આવનાર છે જે યોગ્યજ ગણાશે.

सुमेरचन्द दि० जैन बोर्डिंग—इलाहाबादमें छात्रोंके लिये २० अधिक कमरे बननेकी शीघ्र आवश्यकता है जिसमें १४ कमरोंके लिये स्वीकारता मिल चुकी है व शेष ६ कमरोंके लिये ६ दानीकी आवश्यकता है। फी कमरा ६००) चाहिये। इसके सिवाय रसोईघर आदिके लिये भी ४०००) की आवश्यकता है।

मालवा प्रां० दि० जैन सभाका अधिवेशन—आगामी माघ सुदी ६ व ८को बड़वानीमें महा मेलेके समय श्री० रावराजा सरसेठ हुकमचंदजीके सभापतित्वमें होगा।

लखनऊ-में वार्षिक रथयात्राका मेला माघ सुदी ९ से ८ तक होगा।

चित्र-परिचय।

इस विशेषांकमें प्रकट किये गये चित्रोंका परिचय नीचे दिया जाता है। अनेक चित्र बहुतसे हैं इसलिये स्थानाभावसे जहांतक हो संक्षेपमें ही लिखना पड़ा है।

(१-७) महात्मा गांधीजी, श्री० विट्ठलभाई, सरदार वल्लभभाई, पं० मोतीलाल नेहरू, पं० जवाहिरलाल नेहरू, मालवियाजी और सरोजिनी नायडू-भारतके भाग्यविधाता इन सात महापुरुषोंसे आज सारा संसार परिचित है। महात्मा गांधीजीने जैनधर्मके मूल सिद्धांत अहिंसाका पुनरुद्धार किया है। उक्त सातों महारथियोंने अहिंसाके बलपर एक विराट् राजसत्ताके सामने अभूतपूर्व युद्ध छेड़ा है। समस्त भारत आपकी आज्ञानुसार सर्वस्व समर्पण करनेके लिये तैयार है। भारतीय स्वतंत्रताके लिये यह सातों महा योद्धा जेल जाचुके हैं। इनमें वयोवृद्ध पं० मदनमोहन मालविया, श्री० विट्ठलभाई पटेल, और प० मोतीलालजी नेहरू असाध्य रोगसे ग्रसित होजानेके कारण सजा पूरी होनेके पहिले ही छोड़ दिये गये हैं और महात्माजी तो अमर्यादित समय तक कारावासमें रखे जावेंगे!!! फिर भी वे प्रत्येक भारतीयके हृदयमें विराजमान है। राष्ट्रपति श्री० पं० जवाहिरलाल नेहरू दुसरीवार २॥ वर्षके लिये और सरदार वल्लभभाई पटेल तीसरीवार ९ माहके लिये जेलमें

गये हैं। तथा भारत-कोकिला श्रीमती सरोजनी नायडू धारासनाकी चढ़ाईके फल स्वरूप ९ माहकी सजा पूरी कर रही हैं। ये भारतीय नर-रत्न चिरायु रहे और भारतको पूर्ण आजाद करें।

(८) चौरासीमें मुनिसंघ—गत वर्ष श्री १०८ आचार्यश्री शांतिसागरजी महाराजने संघ सहित मथुरामें चातुर्मास किया था। यह चित्र उसी समयका है। इसमें ७ मुनि और २ क्षुल्लक विराजमान हैं। इस चातुर्मासमें अच्छी धर्मप्रभावना हुई थी।

(९) रथयात्रा महोत्सव मथुरा—मुनिसंघके चातुर्मासके समय आश्विन मासमें रथयात्रा निकाली गई थी। मथुराके इतिहासमें जैन रथका चौरासीसे शहरमें धूमधामसे आने जानेका यह प्रथम ही अवसर था। इस समय अच्छी धर्म प्रभावना हुई थी। इस चित्रमें आगे मुनिराज और ऊपरको रथ तथा उसमें जिनबिम्ब और आसपास जनसमूह दृष्टिगोचर होरहा है।

(१०) कुडचीकी भग्न प्रतिमा—कुडची (बेलगाव) में १७ जून सन् २९ को मुसलमानोंने ६ दिगम्बर जैन प्रतिमाओंको तोड़ डाली थी। उनमेंसे मूलनायक श्री पार्श्वनाथजीकी खण्डित प्रतिमाको एकत्रित करके लिया हुआ यह हृदयविदारक चित्र प्रगट किया गया है। इसके भिन्न२ खण्डोंका फोटो दिगम्बर जैनके अंक १२ में निकाला जाचुका है। खेद है कि सरकारकी तरफसे अभीतक इस अत्याचारके करनेवालोंको जांचकर उचित दण्ड नहीं दिया गया है। परन्तु इस अत्याचारकी जांच कमेटीने जो रिपोर्ट प्रगट की थी उसको सरकारने क्यों जप्त करली है। यह समझमें नहीं आता।

(११) सेठ पदमराजजी रानीवाले कलकत्ता—आप दि० जैन समाजके एक निर्भीक कार्यकर्ता रहे हैं। तथा हिंदु महासभाके मंत्री हैं। राष्ट्रसेवामें आपका बलिदान अतीव प्रशंसनीय है। ६ माहकी सजा भोगकर कारावाससे मुक्त हो आप अभी आये हैं। आपकी सुकुमार पुत्री इन्दुमती भी वर्तमानमें कारावासके कष्ट सहन कर रही हैं।

(१२) बाबू रतनलालजी जैन वकील—बिजनौर—आप भारतवर्षीय दि० जैन परिषदके उत्साही मंत्री हैं। अनेक वर्षोंसे राष्ट्सेवा करते२ आपको वर्तमान सत्याग्रह संग्राममें १ वर्षकी सजा तथा १००) दण्ड हुये हैं। आपने वकालत छोड़कर देशसेवामें अपना जीवन अर्पण कर दिया है। व आपकी समाजसेवा भी कम नहीं है।

(१३) बाबू नेमीशरण वकील, बिजनौर—यह नरवीर दूसरीवार सरकारी महमान बने हैं। वकालत छोड़कर आप देशकी आजादीके लिये खूब प्रयत्न कर रहे थे। इसीलिये आपको १ वर्षकी सजा तथा १००) दण्ड हुवे हैं। आप रोहतक कांग्रेसके प्रधान कार्यकर्ता हैं।

(१४) श्री० सिंघई पन्नालालजी रईस अमरावती—आप भा० दि० जैन परिषदके सभापति, व परवार समाजके अग्रगण्य नेता हैं। आपने प्रांतीय कौंसिलसे स्तीफा देकर देशसेवाका खूब कार्य किया है। अपने वर्गीयोंमें

सम्राज्य सैनिकोंको उठानेके अपराधमें ही आपको १०००) दण्ड और ६ माहकी कड़ी सजा हुई है। आप अमरावती शहर तो क्या बरार प्रान्तके आभूषणरूप हैं। परवार डिरेक्टरीका आपका कार्य चिरस्थायी होगया है।

(१५) सेठ चिरंजीलालजी वर्धा—आप सुप्रसिद्ध राष्ट्रनेता हैं। दिगम्बर जैन समाजके आप निर्भीक सुधारक हैं। देश आपकी राष्ट्रसेवासे भली भांति परिचित है। आपको जंगल सत्याग्रहमें ६ माहकी सजा हुई है।

(१६) ला० तनसुखरायजी रोहतक—आप एक उत्साही कार्यकर्ता हैं। रोहतकमें आपका व्यक्तित्व बहुत ऊँचा है। आपसे कांग्रेसके जल्लूसमें सम्मिलित होनेके कारण जमानत मांगी गई थी, इसको स्वीकार न करनेसे ९ माहकी सजा हुई है।

(१७) बा० अर्जुनलालजी सेठी—आप पुराने समाजसेवक व निर्भीक समाज-सुधारक और सुप्रसिद्ध राष्ट्रनेता हैं। आप अजमेर कांग्रेस कमेटीके डिक्टेटर थे। एक भाषणके कारण आपको कड़ी सजा हुई है। आप पहिले भी जातिसेवा व देशसेवा करते हुये जेल हो आये हैं।

(१८) श्रीमती पं० लेखवती देवी मुरादाबाद—आप एक श्रीमान् घरानेकी राष्ट्रसेविका दि० जैन महिला हैं। जवाहिर दिनके उपलक्ष्यमें जल्लूस निकालनेके कारण आपको ४ माहकी सजा तथा ५०) जुर्माना अथवा १॥ मासकी अधिक सजा हुई है। और ए क्लासमें रखी गई है। जेल जानेवाली आप दिगम्बर जैन समाजकी दूसरी महिला हैं।

(१९) सौ० इन्दुमती गोयनका—आप देशभक्त श्री० पदमराजजी रानीवाले (कलकत्ता)की सुपुत्री और बा० केशवदेव गोयनका ग्रेजुएट कलकत्ताकी धर्मपत्नी हैं। विवाह हुये अभी ६ माह ही हुये हैं। मारवाड़ी सेठ घरानेकी यह लाड़ली कन्या १५॥ वर्षकी सुकुमार वयमें ही कालेज छोड़कर राष्ट्रीय संग्राममें कूद पड़ी। आपने राष्ट्रीय महिला समितिकी स्थापना की थी। पिकेटिंगके कारण उक्त बालाको ९ माहकी सजा हुई है। बंगालसे और दि० जैनसमाजसे जेल जानेवाली यह प्रथम महिला हैं। आपके पिताकी सेवाका प्रभाव इस सुकुमारीपर पहिलेसे ही पड़ा था। इसीलिये यह भी देश सेवामें जुट गई है।

(२०) श्रीमती अंगूरीदेवी आगरा—आप श्रीयुत 'महेन्द्र' आगराकी वीर धर्मपत्नी हैं। आपने अपनी राष्ट्रसेवाके कार्योंसे आगरामें अपूर्व जागृति उत्पन्न की है। दिन रात आसपासके ग्रामोंमें घूमकर स्वराज्य आन्दोलन करना आपका मुख्य कार्य है। पर्देकी प्रथाको तोड़कर स्त्रीसमाजमें आपने अच्छा सुधार किया है। आपकी देशसेवा प्रशंसनीय है।

(२१) श्रीमती कस्तूरीदेवी, आगरा—आप बाबू कपूरचंदजी जैन, मालिक महावीर प्रेसकी धर्मपत्नी हैं। पर्देकी प्रथाको तोड़कर आप देश सेवामें खूब कार्य कर रही हैं। आगरामें आपने अच्छी हलचल उत्पन्न करदी है। अहर्निश आप राष्ट्रसेवामें समय व्यतीत किया करती हैं।

(२२) कुंवारी कंचनबाई आगरा—आप उपरोक्त बा० कपूरचंदजीकी ही वीर पुत्री हैं।

कुडचीका भीषण अत्याचार।

[मूलनायक श्री पार्श्वनाथकी तोडी गई मूर्तिका, जोड करके लियाहुआ हृदयभेदक चित्र।]

जैनविजय प्रिन्टिंग प्रेस–सूरत।

देशसेवामें इस सुकुमारीने कमाल किया है। आपकी माता श्री० कस्तूरीदेवी और श्री० अंगूरीदेवीके साथ जैन मंदिर पर पिकेटिंग करके दर्शनार्थ आनेवाले भाई बहिनोंको देशी वस्त्र उपयोग करनेकी प्रतिज्ञा लिवाई हैं। आगरेमें यह तीनों दि० जैन महिलायें आशातीत कार्य कर रही हैं। इनकी राष्ट्र सेवा प्रशंसनीय है।

(२३) बा० कपूरचन्द जैन आगरा-आप एक उत्साही देश-सेवक हैं और महावीर प्रेसके मालिक है। आप अपने तन मन धन और प्रेस द्वारा खूब देश सेवाका कार्य कर रहे हैं। आपकी पत्नी तथा पुत्री आश्चर्यकारक देश-सेवाका कार्य कर रही हैं। आप आगराकी कई संस्थाओंके कार्यकर्ता हैं तथा आगरेमें स्वयंसेवकोंके सर्वे-सर्वा आप ही हैं। आप बड़े ही निर्भीक, धर्म-प्रेमी, व समाज सुधारक भी हैं। आपने जमानत मांगनेपर ६ मास तक अपना बड़ा भारी प्रेस बन्द कर दिया था। अर्थात् आपका आत्मभोग भी कम नहीं है।

(२४) श्रीयुत 'महेन्द्र' आगरा-आपने अपने देशसेवाके कार्योंसे मात्र आगरामें ही नहीं किंतु इसके आस पासके ग्रामोंमें भी खूब जागृति उत्पन्न की है। इसीलिये भिवानी ग्राममें आपको सरकारने १४४ दफाके अनुसार जाना बंद किया है। आप सैनिक पत्रके द्वारा भी खूब सेवा कर रहे हैं। वीर संदेश और जैन बाल जैनके संपादक रह चुके हैं। आप एक अच्छे लेखक व भाषणकर्ता भी हैं। आपकी धर्मपत्नी श्री० अंगूरीदेवी तो आशातीत कार्य कर रही हैं। आप आगराकी अनेक जैन संस्थाओंके उत्साही कार्यकर्ता व सार्वजनिक कामोंमें भी अग्रगण्य हैं।

(२५) श्री० बाबू जैनेन्द्रकुमार, देहली-यह उत्साही युवकरत्न हिंदी साहित्यके प्रतिभाशाली लेखक हैं। आप महात्मा भगवानदीनजीके भानजे व पं० रामदेवीबाईके सुपुत्र हैं। आपकी वक्तृता भी हृदयको हिला देनेवाली है। वर्तमानमें आप स्पेशल जेल गुजरातमें ९ माहकी सजा भोग रहे हैं।

(२६) ला० श्यामलालजी जैन एडवोकेट रोहतक-आप एक प्रतिष्ठित दिगंबर जैन वीर तथा जिला कांग्रेस कमेटीके प्रेसीडेन्ट हैं। आपको दो वर्षकी कड़ी सजा हुई थी। मगर आपके भाई द्वारा अपील किये जानेके समाचार सुनकर इस वीरने जेलसे ही एक पत्र वकीलको दिया जो कोर्टमें हाजिर किया गया था। उसका भाव यह था कि 'जबतक महात्माजी जैसे नेता जेलमें हैं, सरकारी दमननीति बढ़ रही है, तबतक मैं अपील करनेका विचार तक नहीं कर सकता, इसलिये मेरी अपील वापिस ली जावे'। इस पत्रको सुनकर भी जजने सजा घटाकर ६ माह कर दी। आप उसे पूरी करके आगये हैं। बधाई!

(२७) बा० अमोलकचन्दजी खंडवा-आप पोरवाड दिगम्बर जैन समाजके उत्साही युवक हैं। वर्तमानमें खण्डवा कांग्रेसके प्रधान कार्यकर्ता हैं। आपके कारण खण्डवमें अच्छी जागृति हुई है। आप बड़ी ही कुशलतासे कार्य कर रहे हैं।

(२८) श्री० वैद्यभूषण डा० अभयकुमार-रजी–मण्डला–आपकी आयु २७ वर्षकी है। आपके मनमें सन् २० से देश सेवाकी लगन लगी है। इसी लिये कुछ दिन साबरमती आश्रममें भी रहे हैं। वैद्य विद्यामें तो आप सिद्धहस्त है। आप जल-चिकित्साचार्य-शिरोमणि, आर० ए०, कविराज, वैद्यभूषण, एच० एम० डी० एल० एम० एम० आदि पदोंसे विभूषित हैं। वर्तमान सत्याग्रह युद्धमें आपने मण्डला जिलेका प्रथम डिक्टेटर पद लिया था और खूब आन्दोलन उठाया। जिसके फल स्वरूप आपको ६ मासका कारावास मिला है। आपका अंतिम फोटो नहीं मिल सका परन्तु यह प्रारंभिक अवस्थाका चित्र मिल सका है। आज तो आप सादे वेशभूषामें ही हैं।

(२९) श्री० बाबूलाल जैन परवार–यह वीर गौरझामरनिवासी है। आप व्यायामकुशल तो हैं हीं, मगर एक घण्टेमें १० मील तक दौड़ते भी हैं। इसीलिये करीब २९ पदक आपने प्राप्त किये हैं। बी० ए० की पढ़ाई छोड़कर आप सत्याग्रह-संग्राममें कूद पडे और धारासणा तथा वडालाके नमकपर चढ़ाई करने गये। वहां घायल होकर बम्बई कांग्रेस हॉस्पिटलमें उपचार कराया। बादमें आप कुछ साथियोंको लेकर ग्राम्य प्रचार करते२ बारडोली आये। वहां आश्रमकी जप्तीके साथ ही साथ आप भी गिरफ्तार करके सूरत लाये गये! और ९॥ महीनेके लिये कारावासमें भेज दिये गये हैं। आप बड़े ही उत्साही और होनहार युवक हैं।

(३०) सेठ गिरधारीलाल हजारीलाल गढाकोटा–आप गोलापूर्व दि० जैन समाजके उत्साही युवक हैं। सन् १९२० से ही आप देशसेवाका कार्य कर रहे हैं। कुछ दिन जिला कांग्रेस कमेटीके स० मंत्री भी रहे हैं। आपको जंगल कानून तोड़नेके अपराधमें १ वर्षकी कड़ी कैद हुई है।

(३१) सेठ छोटालाल घेलाभाई गांधी अंकलेश्वर–गुजरातके दि० जैनोंमें आप बड़े धर्मप्रेमी, समाज सुधारक व राष्ट्रसेवामें अग्रगण्य नेता हैं। अंकलेश्वरमें राष्ट्रीय कार्यके आप ही प्रधान हैं। गुजरातमें दि० जैनोंमें प्रथम धर्म जागृति फैलानेवाले आप भी थे। कई वर्षोंसे आप राष्ट्रसेवामें ही संलग्न हैं। आपको नमक सत्याग्रहमें १ वर्षकी सजा हुई है। आप यरोडा जेलमें धार्मिक व परिश्रमी जीवन व्यतीत कर रहे हैं व बहुत सूत कातते हैं।

(३२) सेठ छगनलाल उत्तमचन्द सरैया सूरत–आप सूरतके दि० जैनोंमें अच्छे कार्यकर्ता हैं तथा म्यू० मेम्बर भी हैं। सूरतमें १५–१७ वर्षसे आप सार्वजनिक कार्योंमें आशातीत योग देरहे हैं। आपने व्यापारकी भी परवाह न की और आप देशसेवामें संलग्न रहे। आपको सूरतके महोल्लोंमें व्याख्यान देनेके कारण १ वर्षकी सजा हुई है व नासिक जेलमें धार्मिक जीवन व्यतीत कररहे है।

(३३) बालवीर साकेरचन्द मगनलाल सरैया सूरत–उपरोक्त सरैयाजीके आप उत्साही भतीजे हैं। दूकानका कारोबार काकाके बाद

आप समालते थे परन्तु अपनी दुकानपर राष्ट्रीय समाचारोंका पाटिया लगानेके कारण आपको १५०) जुर्माना हुआ जो न देनेपर १ मासकी कड़ी सजा हुई। तथा दो राष्ट्रीय फोटो बेचनेके अपराधमें एक वर्षको अधिक अर्थात् १४ मासकी सजा यह वीर बालक यरोडा जेलमें भोग रहे हैं। आपका जुर्माना वसूल करनेको पुलीसने घरकी कुडकी थी जहां कुछ न मिलनेपर पुलिस खाली तीजोरी ही तोड़कर लेगई है।

(३४) श्रीयुत डी० आर० पलमे-आप हिन्दुस्थानी सेवादलके केप्टन हैं। और गढ़वाली डे के जलूसमें अपने संघके अगुवा थे। पुलिसके लाठी प्रहारसे आप बहुत घायल हुये थे! वर्तमानमें आप बड़े ही उत्साहसे कार्य कररहे हैं।

(३५-३६) श्रीयुत पद्माकर रणदिवे-इस दिगम्बर जैन युवकने बम्बईमें रहकर खूब राष्ट्र-सेवा की है। नमक कानून भंग करनेके कारण आप ३ माह बीसापुर जेलमें रह आये हैं। वहांसे छूटकर ग्राम्य प्रचार करते हुये वारडोली आये और वहां रातको सोरहे थे। उसी दिन आश्रम जप्त होनेके साथ ही साथ आप भी गिरफ्तार कर लिये गये और ४ माहकी कड़ी सजा हुई है। आपके बायें हाथकी ओर आपके भाई श्री० रंगनाथ रणदिवे खड़े हुये हैं। यह युवक भी राष्ट्रीय संग्राममें भाग लेरहे हैं।

(३७) श्री०वृन्दावन इमलथा ललितपुर-यह उत्साही युवक श्री परमानन्दजी इमलयाके पुत्र हैं। आपकी आयु मात्र १९ वर्षकी हैं। ललितपुर स्वराज्य आश्रममें कार्य करके आपने अच्छी जागृति उत्पन्न की है। हालहीमें आपको एक वर्षकी सजा हुई है।

(३८) वैद्यभूषण पं० मथुराप्रसादजी ललितपुर-आप एक उद्योगी और उत्साही दि० जैन वैद्य तथा बुन्देलखण्ड आयुर्वेदिक फार्मसीके मालिक हैं। शराब पिकेटिंगके अपराधमें आपको ९ माहकी कड़ी सजा हुई है। इधर आपके पिताजीका अभी ही स्वर्गवास होगया है! हम उक्त वीरके इस इष्ट वियोग-जन्य दुःखमें सहानुभूति प्रगट करते हैं।

(३९) केशवलाल वकोरदास लिम्बासी-गुजरातके परियेज नि० १९ वर्षके इस युवकने लिम्बासीके राष्ट्रीय जीवनमें क्रांति उत्पन्न कर दी है। १० वर्षसे आप खद्दर पहिनते हैं व ४ वर्षसे राष्ट्रीय कार्यमें अपूर्व योग देरहे हैं। आपको ता० १४-८-३० को पुलिसके कार्यमें हरकत करनेके कारण १४३ कलम अनुसार मातरमें १ माहकी सजा व २०) जुर्माना अथवा और दो सप्ताहकी सजा हुई थी। आप १८-१०-३० को छूटकर आये थे और फिर लिंबासीकी जनतामें अपूर्व जाग्रति लानेके कार्यमें संलग्न है।

(४०) सुन्दरलालजी परवार खुरई-आप कुछ समयसे नांदगावमें कार्य करते थे। जंगलकानून तोड़नेके कारण आपको ४ माहकी कड़ी सजा हुई है।

(४१) दीपचन्दजी खण्डेलवाल नांदगांव-आपको जंगलकानून तोड़नेके अपराधमें ४

माहकी कड़ी सजा हुई है। आप एक बड़े उत्साही कार्यकर्ता हैं।

A pure consciousness is concerned only with knowing. It knows and believes in its oneness with itself and the foreign nature of the foreign substances. Being immaterial, it can not be affected by foreign substances nor can its happiness be dependant on objects independant of itself. But, when its pure nature is perverted, then it forgets itself, and feels its oneness with foreign objects. This is called attachment. Under its influence, the soul believes itself to be affected when the object it mistakes to be itself is affected or undergoes any change But, this object being, in fact, independant of soul, is not bound to be or to be affected always in a manner agreeing with the desire of the soul. The result is that the soul feels attachment for those objects also which it believes to be agreeable to its mistaken self and also aversion for those which are believed to be disagreeable. This feeling of agreeableness or disagreeableness also imports attachment and aversion. Thus attachment is the root of all desires which are manifested in various ways. e. g., anger, pride, deceit, greed, sexual passion, sorrow, hatred etc This attachment or misbelief is brought about by the Karmas which themselves are the results of attachment, just as a tree grows from the seed and the seed comes from a tree. These Karmas are nothing but the atoms of a kind of matter which modifies the impure soul and is modified by it. With every movement, whether physical, vocal or mental, the embodied soul also is moved. With every movement of soul, the atoms of Karmas begin to be attracted towards it. If this movement is incited by attachment or aversion, then the Karmas are combined with the soul. the duration and effectiveness of the combination being determined by the intensity of the attachment or aversion. Because, a more intense attachment shows a greater infatuation of the soul which must necessarily bind it with Karmas more strongly, make it more forgetful of its real

nature. and therefore, cause a more impure modification of it, make it more dependant on matter, and thus eventually make it more unhappy. On the other hand a less intense attachment indicates less infatuation of the soul, and so causes it to forget its nature less which makes it less dependent on matter for the manifestation of its qualities and thus eventually makes it less happy. This is why what are popularly called bad actions yield unpleasant fruits, because, thay involve greater infatuation of the soul, while the good actions e g., charity etc bear pleasant fruits, because they involve mild infatuation of the soul (the doer) But, even these good actions are, really speaking, not desirable, because, involving attachment, howsover mild, they do not allow the soul to enjoy its true nature fully. However, these can offer facilities to a willing soul for knowing its own true nature and ultimately rid itself of the Karmas in totality So the good actions are preferable to the bad ones. This further illustrates that unhappiness is not caused by the objects, but, by one's own attachment or aversion, and so, the true way to happiness is not in collecting or removing material things, but, in subduing and destroying one's own desires

The infatuation of the soul indicates also the obscuring of its knowledge, perception, and its power of manifesting and retaining its essence in pure condition This leads us to classify Karmas as infatuating, knowledge-obscuring, perception-obscuring and power-obscuring. These classes of Karmas bring about modifications which are directly connected with the soul. Then the formation of body, the determination of heredity, the duration for which a soul is to remain in a particular body, and the bringing about of the instruments of causing pain or pleasure to the infatuated soul—each of these functions also must be assigned to a particular class of Karmas, but these affect the soul indirectly. So we have eight classess of Karmas, in all, four of which affect the soul directly while the remaining four indirectly Each of these classes can be further subclassed in innumerable ways At the time of bondage, the fructiferous capacity of all Karmas is divided into these eight classes, in definite proportions, excepting the Age Karma which is bound only at definite periods Having been bound with soul, the Karmas lie latent for some time, and then begin to operate till the duration period is completed, and then they shed off But, owing to their operation, the soul undergoes modification and is stimulated to attachment which brings on bondage of fresh Karmas Thus the circle goes on This also should be noted, that the Karmas, whether in a state of latency or of operation, can be changed in quality and quantity of effect by the subsequent motives and actions of the soul, except the Age-Karma which can not be changed in quality after it has been bound and in duration and quality after it has come into operation A pre-mature shedding of Karmas by anticipating their fruits is also possible Thus, the soul makes its future fate, and can alter the decrees of the past also by its present actions or motives. This is the story of the Karmas in brief. But, this is not a full description, nor does it claim to be an introduction. The aim of this article is simply to arouse the interest of the reader for this important subject, and the person who is desirous of understanding the subject well is requested to study the ancient books on the subject

However, before concluding the article, I wish to reply to few objections that can possibly be raised against this theory of Karmas How is it possible for matter to affect a non—matter? In reply, it can be said that in the first place, it is the nature of the

soul in an impure condition to be affected by the Karmas. Secondly, the Karmas also are very fine atoms of matter. Thirdly, in daily life also we see wine and medicines affecting the knowledge of soul.

Then, when the soul has ever been in combination with Karmas then, how can their separation be possible? In reply to it, it may be stated that though the existing embodied souls have never been free from the Karmas, yet their inherent nature, which is different from matter, has not been destroyed, and that although, like the water of a ceaseless stream, the combination of Karmas has ever been in existence, yet the bondage of each individual Karma is only for some time, so much so that every instant an infinite number of Karmas are shed, an infinite number of fresh Karmas are bound, and an infinite number of Karmas remain in bondage with each soul.

Then, how can the actions attract proper Karmas and the Karmas bear proper fruits? This can be answered by pointing out that just as a magnet attracts iron so the actions attract proper Karmas and that just as by natural progess. Food when eaten gradually changes into the elements of body or poison affects the body fatally so the Karmas produce proper results in a definite manner The truth is that every substance is a group of attributes which constitute its nature It automatically functions in accordance with its nature, as it is fundamentally impossible for it to do otherwise Thus there can be no mistake in the laws of nature, nor do they require any other authority to enforce them.

Lastly, if the infatuation is caused by the Karmas and the Karmas breed infatuation, then how is it possible to get freedom from this circle or get more or less freedom than others? In reply to it, it should be noted that it is through attention that soul becomes aware of an object, and then, owing to the infatuating Karma, it feels attachment or aversion for it Now, the attention being not invariably fixed equally on all objects, the soul, while reaping the fruits of Karmas does not always have the same intensity of attachment or aversion, Sometimes it is mild, sometimes it is strong Owing to mild attachment, the soul gets such facilities as good circumstances, good society less obscuring of knowledge etc, and then, if it is willing and exerts itself, It can know its true nature as distinguished from that of other kinds of substances (the very process of study mitigating the force of Karmas), and then believes in itself, thus cutting off the two big heads-Wrong Belief and Wrong Knowledge of the three headed Arch Fiend, Thus at once weakens for ever the third head (Wrong Conduct consisting of attachment and aversion) also, and then the soul sets to destroying it altogether and thus wins its everlasting freedom, as has been done by innumerable souls

This shows that however dependant on matter the soul may be, yet after all soul is soul and matter is matter, and that having once recognised its true nature and understood the laws of Karmas, it can, if it so wills, turn this knowledge to account and rid itself of all Karmas just in a natural way But, this can be achieved only by self help, as others may show the path, but, who can ever be conceived to put Right Belief and Desirelessness in any other soul? Because these are the states of the soul's own nature, and are not like liquids that can be poured from one vessel into another.

Food.

By:—Mr. Herbert Warren Jain—84, Shelgate Road, Battersea, London S W 11.

There are three or four arguments which are brought up every time the question of vegetarianism crops up. People who come across a vegetarian and are themselves not vegetarians use a set of statements which are generally the same. Let us examine them and see if they are valid

First, it is said by Christians that animals were created by God for man to eat, or those particular ones which are generally used for food. Secondly these people say that if we did not eat these animals they would overrun the place. Thirdly, that in those climates where it is generally cold, it is necessary to eat meat. Fourthly, that it may be possible for those who do not do manual labour to do without meat, but that it would be impossible for a man to do labourial work on a vegetarian diet. Fifthly, that the teeth of the human being are adapted for a carnivorous diet. And Sixthly, some say that they have given the non-flesh diet a trial, but that they have found it not suitable to them. And occasionally other arguments are put forward

Is the fact that a vegetarian diet does not agree with a person sufficient reason for eating meat, taking it for granted that the disagreement is a fact? If it did not necessitate the taking of life, it might be a sufficient reason, but as it does mean taking life it is not a sufficient reason. It is not the fault of the animal that the person is ill if he goes without meat, supposing him to be ill when living on a vegetarian diet. And the animal therefore should not suffer death for something for which he is not responsible.

The fact that some of the teeth of human beings are suitable for carnivorous food is another argument frequently put forward. It is like saying that because we find a gun in our house we are obliged to use it. Whatever theory one holds as to the author of the human body,—or rather without introducing this subject we may think the case of the presence of such teeth to be similar to the case of a hunter having a gun in his house after he has given up hunting. His gun is there because he used to hunt the tooth is there because we used to eat meat, possibly at least. It is not necessary to continue using a thing simply because we happen to possess a thing. So this argument falls to the ground as a reason for meat-eating.

The idea that a navvy could not do his work on a vegetarian diet is not based on knowledge. Most navvies if not all in Europe do presumably eat meat, and therefore we do not know what condition they would be in on a vegetarian diet. But there is good evidence to show that muscular strength is not necessarily lost by those who are not carnivorous, and in some cases athletic fitness is greater in the non-flesh eater than in those whose is the ordinary mixed diet. And if we think examples from the animal world can be used as evidence,

there are plenty, the elephant, the horse, the gorilla, as examples of muscular strength on vegetarian food,

With regard to cold climates, if it were not possible to live in them without eating meat, the obvious answer would be that those who wish to avoid meat should not live in cold countries, but should go where they can live without it But as a matter of fact there are many people in the temperate zones who live on a vegetarian diet and are well and strong

Is it likely, with regard to the next argument, that animals would overrun the place if we did not eat meat? There are animals and birds which man does not use for food, and they do not overrun the place, And the assumption that people eat meat in order to keep the animal world sufficiently depopulated is of course not valid, people eat meat because they have been brought up to do so or because they like it or for almost any reason except this particular one. As a rule any particular kind of animal has some other animal or bird that kills and eats it, and so without man entering into this business the end comes about with all the attendant pain and misery.

As to God creating animals for man to eat, this matter may be left for those who wish to think it out

Another point which is sometimes put forward is that vegetarians ought not to wear leather boots and shoes, or other articles made of leather. This of course is correct, but those who put it forward use it to support their own practice, that because vegetarians wear leather boots it proves that meat-eating is right! And while it is true that leather articles should be avoided, it is better to avoid some killing than none at all, better to do one wrong thing than to do two, better to avoid one wrong practice than none at all.

A reflection here comes in which may be expressed, regarding advocating vegetarianism to a meat-eater. If a person has been born and bred in a community where meat eating is the custom, he may go on all his life without ever raising the question as to whether it is right or wrong. His attachment to it in that case will not have the support of his intellect, he will not have excogitated a lot of false reasons for continuing the practice; he will not have called in his intellect to supply him with arguments in favour of his practice. But if someone doing a propaganda work on vegetarianism comes across this person's path, and this person is not yet ready to give up eating meat, the result of advocating vegetarianism may be to make this person find a lot of false arguments to use in defense of eating meat, and so will strengthen rather than weaken his wrong conduct, by finding false intellctual support for the practice. But this reflection needs to be thought about for it must not be argued that, reforms should not be advocated for fear of strengthening existing evils. **H. Warren.**

London, 16th November, 1930.

The All-India Jain Congress.

By :—Ramniklal V. Shah,

Chintamani Building, No 21., 2nd Bhoiwada, BOMBAY 2.

Some thoughtful men among us are writing somthing for the amelioration of the All India Jain Association—Mr Adishwar-Lal Jain being one among them With reference to a request appearing in the Special Supplement of 'The Jain Gazette' by Mr. C. S Mallinath asking for opinions on the above subject—here I am to submit the following few lines for keen consideration —

We know that the present condition of Jains is worth nothing. It has three main sects and each sect has many sub-sects The disunion has made its way-the feeling of dissatisfaction towards each other has crept all along and the arrows of that green eyed Monster Jealousy are piercing all the hearts through. Speak the *word* 'Jains' and it means 'nowhere, nothing and of no use'. Utter the *name* 'Jains' and it means 'quarrels, parties and Jealousy' We look to the different spheres' of 'activities' nothing in 'different literatures'-nothing in 'Indian Society' is a whole-Nothing in 'athletic sports' and nothing for the 'betterment of their own religious institutions'

In this condition of backwardness, the saner section of Jains has to think, ponder and find out the way. And the tongue of that part articulates the dire necessity of having one standard body of Jains which can make amelioration possible & easy.

The All India Jain Association was in existence and is now also in existence It has found its futility due to some causes (I am not for those given out by Mr. Adishwar Lal Jain but I believe the real causes to be those put forward by Mr C. S Mallinath) and has now sent for sugestions to improve it. The association was as though for classes in Jains and not for masses as the whole Even now, many, among us are in ignorance of its presence and it is only due to less publicity and scarcity of fund

My Suggestions.

The name of that Standard body which I speak of should be "All India Jain Congress" and it should be made up of two associations, one "All India Jain Political Association' and the other "All India Jain Betterment Association" The first should have its aims & objets as follows —

(1) To attain and to try for the demands of "The Indian National Congress.

(2) To guard the interest of Jain Community by securing special representation for Jains in all Legislative, Municipal and Educational bodies

(3) To have due reperesentaion of the Jain Community in the public services of the country

(4) To guard the interest so far as economic, religions, social and intercommunal matters are concerned.

(5) To have 'Jain-Law' introduced in the 'Indian Government-showing to them what disadvantages the Jains have to suffer at the hands of 'Hindu Law'

In spite of my first object I am of opinion that our Association should be free from

the control of any other political body of the country The association has to frame its own programme and carry it out in its own way as far as Jains are concerned

Now the Second Association with its aims and objects as follows :—

(1) To propogate Jain Literature.

(2) To try to unite all the three sects—of course the sub-sects will look, then to themselves

(3) To help on the education of Jains and to provide for higher education also.

(4) To remove all the Social evils such as child-marriages, old-marriages, caste prejudies & Bhattarak nuissance, terrible expenses after death &, marriage, first pregnancy etc.

(5) To increase numerical strength of Jains.

Now as regards (1) I am of opinion that among other books, one such book should be published as it would contain the real gist of Jainism The religious fact from all the three branches should be seen and the work of writing should be entrusted to those men whom the working committee of the association thinks fit either by selection or election To disseminate the book-of as much size as 'the New Testament' of Christians for the *Graduates*-the committee should work up as the 'British Indo-Foreign Bible Society.' As regards (4) the social evils should be clearly defined. 'That this is the evil should be inculcated and not forced upon the minds of the people by publishing papers and platform speeches As regards (5) the association should send its learned men for explaining the principles of Jainism to masses who can not read and write much As regards the other four the methods suggested by Mr C S Mallinath are in my opinion advisable.

"The Jain Gazette" should be issued in two parts but in one volume. It should be named as the organ of "All India Jain Congress". The articles and notes as suited should be printed and asked for from the pen of good writers—and the work of honorary (if possible) correspondent entrusted.

For money & men—there should be the least yearly subscription for the members. Those who pay for one year *may* continue the next year. There should be provincial branches of the Congress and this work of enrolling and collecting should be entirely entrusted to it. There must be a permanent office of the working committee of the said Congress. There should be the permanent fund and the scheme for having it suggested by Mr. Mallinath is alright. Every member cannot give 1 percent of his income—the richer section who wants to see the community happy and sound will surely help such efforts Of course, the future development depends upon the work that the Congress is able to put forth before the community

वीर-वाणी ।

वीर भगवानके दरबारमें सर्व प्राणियोंको आश्रय मिलता है—पुरुष, स्त्री; वृद्ध, बालक; शूद्र, ब्राह्मण; पशु, पक्षी; शेर, बकरी; सांप, न्योला; चूहा, बिल्ली; दुखी, सुखी; धनी, निर्धन; बली, निर्बल; कुलीन, कुलहीन; राजा, प्रजा; देव, दानव इस दरबारमें सब बराबर हैं। यह दर्बार सबके लिये खुला है; यहां फ़ीस, टिकट, पास, परवानाकी आवश्यक्ता नहीं। बस निर्मल, शुद्ध, विशुद्ध हृदय चाहिये।

और इस दरबारका उपदेश, यह निरक्षरी वाणी, यह दिव्य ध्वनि, यह सरस्वती गिरा, सबके लिये है। पशु, पक्षी, नर, तिर्यंच सब कोई उसको ग्रहण करके अपना उपकार कर सक्ता है।

वीर भगवानका उपदेश मनुष्य मात्र प्राणीको एक सूत्रमें बांधनेवाला, एक जाति, एक पंक्तिमें करनेवाला है। और वास्तवमें पतित पावन, सौख्य कारण दुःख निवारण है।

प्रत्येक वीर-वाणी-उपासकका कर्तव्य है कि अपने जीवनमें आधुनिक स्वार्थ-प्रणीत रूढ़ियों रुकावटों और आडंबरोंको हटाकर वीर-वाणीका असीम प्रचार करे, सहधर्मीसे प्रेम करे, निकट संबंध करे, पतितोंको हस्तावलम्बन दे, स्वार्थ और कषाय वृत्तिको शमन करते हुये, अपना और अन्य जीवोंका उद्धार करे, जिनवाणीके उपदेशको कर्तव्यशील होकर दैनिक जीवनके व्यवहारमें चरितार्थ करे, जो आत्मोन्नति, जात्युन्नति और जैनधर्म प्रभावनाका निमित्त कारण और अचूक उपाय है।

अजिताश्रम, लखनऊ,
वीर निर्वाण दिवस वीर सं० २४५७ } अजितप्रसाद ।

राष्ट्रीय सत्याग्रहसंग्राममें जेल जानेवाली दि० जैन वीरांगनाएं-

श्रीमती गंगादेवी जैन-मुरादाबाद।

सौ० इन्दुमती गोयन्का,
सुपुत्री, श्री० सेठ पद्मराज रानीवाले—कलकत्ता।

"जैन विजय" प्रेस-सूरत।

राष्ट्रीय सत्याग्रह संग्राममें योग देनेवाली दि०जैन वीरांगनाएं।

श्री० अंगूरीदेवी जैन, धर्मपत्नी, श्री० "महेन्द्र"–आगरा।

श्रीमती कस्तूरीदेवी जैन–आगरा।

कुमारी कंचनबाई जैन–आगरा।

सद्दालपुत्रका नियतिवाद

[लेखक—पं० मूलचन्द्रजी जैन "वत्सल"—बिजनौर।]

अनेक देशोंमें विहार करते हुए श्री महावीर स्वामी एक बार पोलासपुर नगरमें पधारे। इस ग्राममें एक धनिक कुंभकार निवास करता था। वह केवल वैभवशाली ही था इतना ही नहीं किन्तु उत्तम बुद्धिशाली व्यक्तियोंमें उसकी गणना थी। कुंभकारके भक्तिपूर्ण आमंत्रणसे महावीर स्वामी उसके गृहपर पधारे। प्रभुको यह उच्च और यह नीच इस प्रकारका तनिक भी भेदभाव नहीं था। जहां जहां सरलता, नम्रता, विनय-विवेक ज्ञात होता और जहां पधारनेसे धर्मका विशेष प्रचार होता उसी स्थानपर वह सदैव जाते आते रहते।

महावीर स्वामीके समयमें गोशालाके मतवादका पूर्ण प्रभाव था। गोशाला एक समय प्रभुका आज्ञाकारी शिष्य था, किन्तु पश्चात उसने अपना पृथक् मत प्रवर्तित किया और अपने लिए सर्वज्ञ कहकर भोले मनुष्योंको भ्रममें डालने लगा। सद्दालपुत्र भी गोशालाका एक अनुयायी था।

प्रभातके समयमें सुखानेके लिए पड़े हुए मिट्टीके नवीन पात्रोंके सन्मुख दृष्टि डालते हुए महावीर स्वामीने सद्दाल पुत्रसे पूछा—'इतने मनोहर पात्र तुम किस प्रकार निर्माण करते हो?"

"प्रथम चिकनी मिट्टी लाकर उसमें जल डालकर उसे खूब मिलाते हैं, पश्चात उसका पिंड बनाकर चाक ऊपर चढ़ानेसे इच्छानुसार बर्तन उतर आते हैं" कुंभकारने अपनी कलाका विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

"तब इसमें पुरुषार्थ अथवा उद्योग तो अवश्य करना पड़ता होगा" महावीर स्वामीने दूसरा प्रश्न किया।

बुद्धिमान कुंभकार इस प्रश्नका मतलब शीघ्र ही समझ गया। कुंभकार गोशालाका मतानुयायी था और "जिस समय जो वस्तु होना होती है वह स्वयं होजाती है" इस प्रकारके नियतिवादका माननेवाला था। इस सम्बन्धमें श्री महावीर स्वामी उलटपलट कर प्रश्न कर रहे हैं, उसने यह समझ लिया।

कुंभकार प्रश्नको सरलतापूर्वक बदलनेकी युक्ति सोचने लगा। उसने कहा:—'इसमें पुरुषार्थ कुछ भी नहीं करना पड़ता, जब जिस रूप पात्र बनना होता है उसी रूप बन जाता है"।

प्रभुके मुखमंडलपर मंद हास्य उदित होगया। उन्होंने विचार किया कि बुद्धिशाली होते हुए भी कुंभकार किस प्रकार दुराग्रह कर रहा है, अपना मत खंडित होनेके भयसे किस प्रकार कुयुक्तियोंका जाल बना रहा है?

"किन्तु मानलो यदि कोई मूर्ख मनुष्य तुम्हारे इस समस्त चाकको तोड़ डाले तो तुम्हें कितना दुःख होगा"?

"ऐसे मूर्खको मैं सीधी तरहसे तो नहीं जाने

दूंगा उसका एक एक अंग तोड़कर उसे ठीक कर दूंगा।" कुंभकारके शब्दोंसे उसके क्रोधकी परिपूर्ण मात्रा प्रदर्शित होरही थी।

"नियतिवादीके लिए क्या इतना क्रोध उचित है? जिस समय जो होनेयोग्य होगा वही होगा इस प्रकार माननेवालेके लिए क्रोध अथवा रोष किस प्रकार संभव है? यथार्थमें तुम वचनद्वारा तो नियतिवाद स्वीकार करते हो किन्तु तुम्हारा अन्तःकरण पुरुषार्थको माने विना रह नहीं सकता। धर्मजिज्ञासु पुरुषके लिए इतना दंभ शोभा नहीं देता"।

सद्दालपुत्र लज्जित हुआ, वह महावीर स्वामीजीके चरणकमलोंपर पड़ गया और अपना मिथ्याभाव बदलकर निर्मल भावसे क्षमा मांगी।

विशेष प्रतिबोधित करते हुए भगवानने कहा—"पुरुषार्थ विना कोई भी क्रिया अथवा कार्य होना संभव नहीं। केवल अकेला पुरुषार्थ अथवा केवल नियतिवाद मानना यह दोनों एकान्तवाद होनेसे मिथ्या हैं। एकान्तवादी किसी भी पदार्थका यथार्थ निश्चय नहीं कर सकता। स्याद्वाद वास्तविक सिद्धान्त है। अनेकांतवाद विना सत्यका स्पष्ट दर्शन नहीं होता"।

गोशालाका उपदेश कितना एकान्त मतवादी था और भगवान् श्री महावीरका सिद्धान्त अनेकान्तके अचल पाएपर कितना अचल स्थित है यह सद्दालपुत्रकी समझमें आया। उसने गोशालाके एकान्तवादको तिलांजलि देकर अनेकान्त मत स्वीकार किया और अपनी स्त्री समेत स्वयं श्रावकके बारहव्रत ग्रहण किए। महावीरस्वामी वहांसे अन्यत्र विहार कर गए।

गोशालाको यह बात ज्ञात हुई। वह कितने ही समय पश्चात् सद्दालपुत्रके यहां आया और उसने पूछा—"यहां महामान्य पधारे थे?"।

"आप महामान्य किसे कहते हैं" कुंभकारने प्रतिप्रश्न किया।

"अहिंसा और दयाकी साक्षात् मूर्तिस्वरूप श्री महावीरको मैं महामान्यकी दृष्टिसे देखता हूं इतना ही नहीं किन्तु "महानेता" और "महा सार्थवाहक" और "महा नियंता" के रूपमें उनका सम्मान करता हूं। गोशालाके मुंहसे महावीर भगवान्की इस प्रकार प्रशंसा श्रवण कर सद्दालपुत्रका रोमरोम विकसित होगया।

उसने गोशालाका उचित रीतिसे आदरसत्कार किया और अपने भंडारसे भोजन, जल, वस्त्र इत्यादि इच्छित पदार्थ ग्रहण करनेकी प्रार्थना की।

"किन्तु मैं तो महावीर स्वामीका विरोधी। और तू महावीर स्वामीका अनुयायी! मेरा इतना स्वागत किस लिए"? गोशालाने जानना चाहा।

"तुम महावीरके विरोधी हो, भले ही रहो। किन्तु तुम महावीर स्वामीका यशोगान करते हो, मेरे लिए ही इतना बस है। तुम्हारा स्वागत इस यशोगानके आभार स्वरूप है, महावीर प्रभुका गुणगान गानेवाला कोई भी हो। उसके लिए मेरा भंडार सदैवके लिए खुला हुआ है।

सद्दालपुत्रकी इस प्रकार भक्ति और श्रद्धा देखकर गोशालाका हृदय भर आया। उसने कहा—"धर्मानुयायी हो तो ऐसा उदार और विवेकी हो"।*

---

* अर्पणसे अनुवादित।

नूतन वर्षाभिनन्दन।

[लेखिका-जैन महिलारत्न श्री० ललिताबाईजी, श्राविकाश्रम-बम्बई।]

प्यारी बहिनो और बन्धुओ! महावीर स्वामी को निर्वाण पधारे आज २४५६ वर्ष पूर्ण होकर २४५७ का वर्ष शुरू होता है। महावीरने बाल्यकालमें देवोंके साथ आमोदप्रमोदमें खेलते बिताया, और अपनी आयु फक्त ७१ वर्षकी होनेसे आजन्म ब्रह्मचर्य पालन किया। न्यायसे युवावस्थामें राज चलाया और ३० वर्षकी छोटी अवस्थामें ही दीक्षा लेकर घोर तपश्चरण करके अपनी आत्माको कर्म मलसे रहित कर केवलज्ञान प्राप्त कर आश्विन वदी अमावस्याके प्रभातमें मोक्ष प्राप्त कर लिया। उस पवित्र दिनका स्मरण दीपावली है।

असलमें महावीरने कर्म ईन्धनोंको जलानेको ध्यानरूप अग्नि प्रगट कर ज्ञानरूप प्रकाश तीन लोकमें फैलाया था इसलिये ज्ञानरूप प्रकाशके स्मरणमें हम दीपकके प्रकाश करते हैं। यदि योग्य समझसे कार्य किया जाय तो अपने शुद्ध परिणामोंसे अपने आत्माका कल्याण होता है। हम लोगोंको चाहिए कि उस पवित्र दिनका स्मरण करके मंदिरजीमें जाकर निर्वाण लड्डु चढावें, भावपूर्वक निर्वाण-भक्ति व निर्वाणकांड पढें, सिद्धोंकी पूजा करें। उन्होंने कौन २ उत्तम कार्य किये हैं, अपनी आत्मासे विशुद्ध परिणामों द्वारा किस तरह कषायोंको उखाडकर अपने आत्माको पवित्र किया उसका विचार करना चाहिए।

हम लोगोंको महावीरके सत्य मार्ग पर चलना चाहिए। उनके सदाचरणका स्मरण करके अपना जीवन सदाचाररूप बनना चाहिए, अन्याय, अभक्ष मिथ्यात्वका त्याग करना चाहिए। बाजारकी चीजें बहोत कर अभक्ष्य होती हैं क्योंकि उन वस्तुओंको बनानेमें दिन, रातका और सोध आदिका विचार नहीं रहता। आज कल स्त्रियोंमें पाकशास्त्रका ज्ञान कम रहता है। कई बहिनें आलससे विविध जातके व्यंजन नहीं बनातीं व पुरुष लोग होटलमें जाकर अभक्ष्य पदार्थका आहार करते हैं, बाजारकी सड़ी वस्तु भी खा लेते हैं। उससे उनके शरीरमें अनेक रोग होते हैं। अतः बहिनोंको पाक विद्या सीख कर आलसको छोडकर अपने हाथोंसे बनी हुई नाना प्रकारकी रसोई पुरुषोंको जिमाना चाहिए और रोगोंसे व अधर्मसे अपने कुटुम्बियोंको बचाना चाहिए।

"आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्" यह महावीरका मंत्र प्रतिक्षण अपने हृदयसे नहीं बिसराना चाहिए अर्थात् जो जो बातें, क्रियाएँ, चेष्टाएँ अपनेको अच्छी न लगें उनका व्यवहार दूसरोंसे नहीं करना

चाहिए। जैसे अपनेको कोई गाली देवें तो अच्छी नहीं लगती वैसे दूसरोंको भी अच्छी नहीं लगती, ऐसा समझकर किसीको गाली मत दो, तुम्हारा कोई अविनय करे, मान भंग करे, तुमसे द्वेष रखे, तुम्हारा बुरा विचारे तो तुमको अच्छा नहीं लगता, उसी प्रकार विचारकर तुम भी किसीका अविनय न करो, मानभंग न करो, किसीसे द्वेषभाव न रखो और किसीका बुरा मत विचारो। पूर्व पुण्यके योगसे मनुष्य पर्याय, जैनधर्मकी प्राप्ति हुई है तो बेमतलब न गुमाओ। अपने पास धन हो तो खाली अपनी इंद्रियोंके पुष्ट करनेमें ही नहीं गमाओ परन्तु उसका सदुपयोग करो। भूखेको अन्नदान देकर संतुष्ट करो, रोगियोंके लिए औषधालय, होस्पिटल, प्रसूतिगृह खुलवावो। पैसे न हों तो जो शुभ काम करते हों उनकी तन मनसे सहायता करो। अज्ञानियोंके अज्ञान अन्धकार दूर करानेके लिए कन्याशाला, पाठशाला, श्राविकाश्रम, विधवाश्रम, अनाथाश्रम, जैन बोर्डिङ्ग आदि खोलकर पुण्यके ढेर कमाओ। भयवानोंको भयसे छुटादो। असलमें भय मिथ्यादृष्टियोंको ही होता है। इसलिए निर्भय होनेके लिए सम्यग्दर्शनको धारण करो।

समाजको अधोगतिमें पहुंचाने वाले बाल विवाह, वृद्धविवाह, कन्याविक्रय, व्यर्थव्ययको जलांजली देदो। हमेशह सत्समागम रखो। हिंसा झूठ, चोरी कुशील, और अतिशय लोभसे बचनेका यत्न करते रहो। थोड़ी भी गलती महान रूप धारण करके अपनी हानि करती है यह बात हमेशह याद रखकर थोड़ी भी गलती होती हो तो उसको सुधारनेकी कोशिश करो। अपनेको जब समय मिले तब परनिन्दामें न बिताओ परन्तु चरखा चलाकर पवित्र सूत तैयार करो-उत्पन्न करो, अपने देशके पैसे परदेश जारहे हैं उसको बंद करो। अपने जीवनमें सादगी, सच्चाई और सफाई ये आत्मोन्नति करनेवाले पवित्र गुण हैं उनको धारण करो। अपने परिणामोंको निर्मल रखनेके लिए सच्चे शास्त्रोंका मनन करो, भगवानकी स्तुतिमें अपना अमूल्य समय बिताओ।

आज राष्ट्रीय चळवळसे सारा देश गूंज उठा है। उसमें मेरी विधवा बहिनोंको भी भाग लेना चाहिए। वीर माता बनकर वीरताके कार्य करनेका समय आया है, देश और जातिके लिए तन, मन, धन अर्पण करना चाहिए। अबलाके विचार निकाल कर प्रबला बनो तब नारीका कोई न+अरि याने नारीको कोई शत्रु नहीं है।

अंतमें मेरी यही भावना है कि आप अपने कुविचारोंको दीपावलीकी रोशनीमें अर्थात् ज्ञानाग्निमें जला देवे और ज्ञानज्योति प्रगट करके सद्विचारोंके अनुसार आचरण भी करें जिससे अपना कल्याण होवे।

अमोघवर्ष ।

ई० सन् ८१४—८७७.

[लेखकः—बाबू [illegible]प्रसाद जैन, सहारनपुर ।]

पं० भगवानलाल इन्द्रजीने प्राचीन गुजरात-का इतिहास सन् ई० ३१९ पहिलेसे १३०४ तक तय्यार किया था; जिसको जैक्सन साहिबने पूरा किया था। उनके मतानुसार इस गुजरातके प्राचीन विभाग तीन थे:—

(१) आनर्त्त ।
(२) सौराष्ट्र ।
(३) लाट ।

लाट प्रान्त माही नदीसे तापती तक है। टोलिमीने इसे लारिका कहा है। तीसरी शताब्दीके वात्स्यायन रचित कामसूत्रमें मालवाके पश्चिम लाटदेश आया है। छठी शताब्दीमें ज्योतिषी वराहमिहरने भी लाटका नाम लिया है। अजन्ताके पूर्वी शताब्दीके लेखमें भी लाट आया है। मंदसोरका लेख (सन् ई० ४३१) कहता है कि लाट देशमें रेशमके बुनने वाले थे।

यहांके निवासी राजाओंको राष्ट्रकूट वंशी कहते हैं। महाराज अमोघवर्ष इसही वंशके दीपक थे। आपका राज्य सन् ८१४—८७७ ईस्वी तक रहा। ६२ वर्षके राज्यमें आपने अपने राज्यको बहुत विस्तृत किया। गुजरात, महाराष्ट्र कर्णाटक और हैदराबाद आपके राज्यके देश थे। मान्यखेट इस महान् राष्ट्रकी राजधानी था। इसको अब मलखेड कहते हैं। हैदराबादके रेलवे लाइनपर चितापुर नामके स्टेशनसे आगे मलखेड़ ग्राम ४—५ मील है।

उस कालमें मान्यखेटका ऐश्वर्य और पराक्रम बहुत बढ़ाचढ़ा था। 'आसीदिन्द्रपुराधिकं पुरमिदम्' 'इन्द्रपुरोपहसि' की संस्कृत उक्तियां कवियोंने इसके विषयमें कही थीं। इसका प्रतापी राजा महाराज अमोघवर्ष 'ऊर्जिताहितबुधैकबन्धु-दीक्षागुरुः' की उपाधिसे सर्वत्र याद किया जाता था। महाराजकी कोपाग्नि इतनी प्रबल थी कि इन्होंने वेंगीमें किसी चालुक्य राजाको मृत्युधाम पहुंचाकर उसके अपूर्व लाल मांससे यमको तृप्त किया था। यही कारण था कि महाराज अपने राज्यमें अमोघवर्ष, नृपतुंगदेव और शर्वदेवके नामोंसे विख्यात थे। 'वङ्गाङ्गमगधमालववेंगी-शैरर्चितो' का शिलालेख साफ प्रगट करता है कि वंग, अंग, मगध, मालव और वेंगीके राजाओंने महाराजके पराक्रमको स्वीकार किया था। निस्संदेह अमोघवर्ष अपने समयका लासानी राजा था।

राज्यलक्ष्मी जहां नाट्य कर रही थी वहां विद्याका भी चमत्कार कुछ कम नहीं था। भगवत् जिनसेन, महाराजके राज्यासीनके समयमें ६१ वर्षके थे। भगवत्का स्वर्गवास सन् ई० ८४८ में हुआ। जन्म सन् ई० ७५१ में हुआ था। आप ९५ वर्ष लगभग जिवित रहे।

महाराजके १७ वर्षके राज्यकालमें भगवत्‌ने साहित्यका वह उपकार किया जिसकी साक्षी वह साहित्य वर्तमानमें है। भगवत्‌के वंश परिचयका कोई उल्लेख इतिहाससे नहीं मिलता परन्तु गुरुपरंपरा के विषयमें बहुत प्रकाश दृष्टिगोचर होता है।

चित्रकूटपुर निवासी एलाचार्यके शिष्य वीरसेन जिनसेनके गुरु थे। वीरसेन बड़े दिग्गज विद्वान थे। इन्द्रनन्दीने अपने श्रुतावतारमें लिखा है कि "गुरु महाराजकी आज्ञासे वीरसेनस्वामी चित्रकूटपुर छोड़कर वाटग्राममें आये। वहां आनतेन्द्रके बनवाये हुये जिनमंदिरमें बैठकर उन्होंने 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' (बप्पदेवगुरु कृत) को प्राप्त करके उसके पहिले जो ६ खंड हैं उनमेंसे छटे खंडको संक्षेप किया और उसकी बंधनादि १८ अधिकारोंमें प्राकृत संस्कृत भाषा 'धवला' नामकी टीका ७२ हजार श्लोकोंमें रची और फिर दूसरे कषाय प्राभृतके पहिले स्कन्धकी चारों विभक्तियों पर 'जयधवला' नामकी २० हजार श्लोक प्रमाण टीका लिखकर स्वर्गलोकको सिधारे। पीछे उनके शिष्य श्री जिनसेन गुरुने ४० हजार श्लोक और बना कर जयधवला टीकाको पूर्ण की। जयधवला सर्वत्र प्राप्त नहीं है परन्तु उसका अस्तित्व है। मूडबद्रीके सुप्रसिद्ध जैन मंदिरमें उसकी एक प्रति है। जिनसेनने इस कृतिको महाराजके समयमें सन् ई० ८१७में पूर्ण किया।

इसके पश्चात् श्री जिनसेनने जगत् विख्यात 'पार्श्वाभ्युदय' रचा इसमें ३६४ मन्दाक्रान्तावृत्त हैं। भगवान् पार्श्वनाथ जैनोंके २३वें तीर्थंकरके पूर्व भवोंको लेते हुये भगवान्‌ने तपका अभ्युदय एक कथानकके रूपमें कविने बताया है। विलक्षणता इसकी यह है कि कविने कवि सम्राट् कालिदासका प्रसिद्ध 'मेघदूत' सबका सब इसमें वेष्टित कर दिया है। मेघदूत काव्यमें जितने श्लोक हैं और उन श्लोकोंके जितने२ चरण हैं वे सब एक२ दो२ करके इसके नवीन श्लोकोंमें प्रविष्ट कर लिये गये हैं और काव्यको एक नया रूप देदिया है। संस्कृतमें मेघदूतका अंतिम चरण लेकर तो अनेक ग्रन्थ रचे गये हैं—जैसे नेमिदूत—शीलदूत और उत्पादाङ्कदूत आदि परन्तु संपूर्ण ग्रन्थको वेष्टित करनेवाला यह एक ही काव्य है।

रायल एशियाटीक सोसाइटीमें 'कुमारिलभट्ट और भर्तृहरि' के विषयमें निबंध पढ़ते हुये प्रो० के० बी० पाठक इसके विषयमें यों लिखते हैं:—

"Jinasen lived on into the reign of Amoghwarsha, as he tells us himself in the Parshwabhudaya. The poem is one of the curiousities of Sanskrit literature. It is atonce the product and the mirror of the literary taste of the age. The first place among Indian poets is allowed to Kalidass by consent of all, Jinasen, however claims to be considered a higher genius than the author of cloud Messenger."

जिसका अभिप्राय यह है कि जिनसेन अमो-

वर्षके राज्यकालमें हुये हैं जैसा कि उन्होंने पार्श्वाभ्युदयमें बतलाया है। यह काव्य संस्कृत साहित्यमें एक अद्भुत पदार्थ है। उस कालके साहित्यिक स्वादकी उपज और उसका दर्पण है। सर्व सम्मतिसे भारतीय कवियोंमें प्रथम स्थान कालीदासका है। परन्तु जिनसेन 'मेघदूत' के रचयितासे उच्चतर बुद्धि समझे जानेके अधिकारी हैं।

हिन्दी ग्रंथ रत्नाकर कार्यालयके मालिक श्री० प० नाथूरामजी प्रेमीने अपनी 'विद्वद्रत्नमाला' नामक ऐतिहासिक पुस्तकमें इस काव्यके कुछ श्लोक सार्थ लिखे हैं उनमेंसे कुछ पाठकोंके मनोरंजनार्थ नीचे उद्धृत किये जाते हैं—

कल्लोलान्तर्वलितशिशिरः शीकरासारवाही,
धूतोद्यानो मदमधुलिहां व्यञ्जयत्सिञ्जितानि ।
यत्र स्त्रीणां हरति सुरतिग्लानिमंगानुकूलः
शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः ॥११२

त्वत्सादृश्यं मनसि गुणितं कामुकीनां मनोहृत्
कामाबाधां लघयितुमथो द्रष्टुकामा विलिख्य ।
यावत्तावत् किल बहुरसं नाथ पश्यामि कोष्णै-
रस्त्रैस्तावन्मुहुरुपचितैर्दृष्टिरालुप्यते मे ॥३४ सर्ग ४॥

उस नगरीमें पानीकी लहरोंके संयोगसे शीतल रहनेवाला, पानीके बिंदुओंको अपने साथ उड़ानेवाला और बगीचोंको कम्पायमान करनेवाला शिप्रानदीका वायु मतवाले भौंरों सरीखा शब्द करता हुवा चलता है और सुरतक्रीड़ा करनेके लिये चाटुकार (खुशामद) करनेवाले पतिके समान स्त्रियोंके अंगोंसे लगकर उनके (पूर्वकृत) सुरतक्रीड़ाके खेदको दूर कर देता है।

हे नाथ! कामवती स्त्रियोंके मनको हरण करनेवाली, नाना रसमयी और जीमें समाई हुई आपकी मूर्तिको ज्यों ही मैं कामकी पीड़ाको कम करनेके लिये चित्रपटपर लिखती हूं और प्रीति पूर्वक देखना चाहती हूं त्यों ही बारर बहनेवाले गरमर आंसू मेरी दृष्टिको रोक देते हैं। आपकी मूर्तिके दर्शन नहीं करने देते हैं।

दोनों श्लोकोंको पढ़कर पाठक स्वयं अनुभव कर सक्ते हैं कि कविने पहिले श्लोकमें मेघदूतके दो चरणोंको लेकर और दूसरेमें एक चरणको लेकर श्लोक निर्माण करनेमें कितना कवि कौशल दिखलाया है। पहिले श्लोकके अंतिम दो चरण और दूसरे श्लोकका अंतिम चरण मेघदूतके चरण हैं। पाठकोंको ज्ञात होगा कि दूसरे श्लोकका भाव 'अभिज्ञान शकुन्तला' के एक श्लोकमें भी पाया जाता है। नग्न वेशधारी (दिगंबर) श्री जिनसेनने 'पार्श्वाभ्युदय' को मान्यखेटमें ही पूर्ण किया था।

तीसरी कृति श्री जिनसेनकी आदिपुराण है। इसकी श्लोक संख्या १२००० है। पर्व इसमें ४७ हैं, जिनमें ४२ पर्व पूरे और ४३ वें पर्वके तीन श्लोक जिनसेन स्वामीके बनाये हुये हैं। शेष पांच पर्व (१६२० श्लोक) गुणभद्र स्वामी—जिनसेनके शिष्य—के बनाये हुये हैं। भगवान् जिनसेन केवल ४३ वें पर्वके तीन श्लोक ही बना पाये थे कि उनका देहोत्सर्ग होगया। गुणभद्र स्वामीने केवल आदिपुराण ही पूर्ण नहीं किया किन्तु ८००० श्लोक और बनाकर उत्तरपुराणमें जिनसेनका कथानक ही पूर्ण कर दिया है, जिसको उनने अमोघवर्षके पुत्र अकालवर्षका सामन्त लोकादित्य राज्य

शासन था तब सन् ८९८ ईस्वीमें समाप्त किया।

बंकापुर धारवाड़ जिलेमें है। इसको शाह-बाजार भी कहते हैं। धारवाड़से ७० मील है। वर्द्धमानपुराण, पार्श्वस्तुति और द्रौपदी प्रबंध आदि ग्रंथ भी जिनसेन स्वामीकृत हैं परन्तु वहीं अप्राप्य हैं।

जिस कालमें विद्याका वैभव और अभ्युदय इतना महान् रह चुका है, यह समझमें नहीं आता कि उसका प्रभाव स्वयं महाराज अमोघवर्ष पर न पड़ा हो। महाराज अमोघवर्षने स्वयं संस्कृतमें प्रश्नोत्तरमाला व कनड़ीमें कविराज मार्ग अलंकार ग्रंथ रचे हैं। प्रश्नोत्तरमालाके विषयमें अबतक दो उक्तियां थीं। श्वेताम्बर जैन इसको अपने भाई विमलदास कविकी बनाई हुई कहते थे और वैष्णव शंकराचार्यकी बनाई हुई कहते थे परन्तु ईसाकी ११ वीं शताब्दीमें इसका जो तिब्बती भाषामें अनुवाद हुआ था उसके प्राप्त होनेपर यह बात निश्चित होगई है कि राष्ट्रकूटवंशी अमोघवर्ष ही इसके रचयिता हैं। अमोघवर्षने ६२ वर्ष राज्य करके सन् ८११ ईस्वीमें अपने पुत्र अकालवर्षके हकमें राज्य परित्याग कर दिया। इनके पितृव्य इन्द्रराजने कुछ काल राज्य किया और फिर इनके पुत्र अकालवर्ष राज्यासीन हुये।

अमोघवर्ष राज्य पद त्याग कर दिगम्बर जैन मुनि होगये और स्वपर हित साधते हुये मोक्ष मार्गमें तल्लीन हुये। महाराजका जीवन भारत नरेशोंके लिये मुख्यतया प्रभावशाली है।

—⊷◉⊶—

निशान्त शशाङ्क।

(लेखक—प० पन्नालाल जैन 'काव्यतीर्थ'—सागर।)

कुलीन कान्ता: घृत दीप पंक्तिसे,
 सुपूजती हैं जिस ही शशाङ्कको।
विलोकते बालक वृन्द चावसे,
 मचीलता सिन्धु जिसी शशाङ्कको ॥१॥
विकाशते उत्पल वृन्द कंजसे,
 नभोऽङ्क आते जिस ही शशाङ्कके।
हुई मही मोदमयी सभी सही,
 सती सुधाकान्ति जिसी शशाङ्कके ॥२॥
अहो अहो द्रावित पुत्र प्रेमसे,
 उमंगता सिन्धु जिसी शशाङ्कसे।
अपार सत्प्रीति भरे हुये पृषत्,
 विमोचते बाष्प जिसी शशाङ्कसे ॥३॥
सुजन्तु सन्दोह अमन्द मोदसे,
 निसेवते शान्ति-सुधा शशाङ्कसे।
विलोकिये भांति नहीं यथा यहां,
 सुखप्रथामें जिस ही शशाङ्कसे ॥४॥
अहा! अहा! हाय! उसे विलोकिये,
 विनाश होते हततेज पेखिये।
यथा यहां नश्वर हीन कौन है,
 सदा स्थिति लक्षण वस्तु कौन है ॥५॥
सगर्व होते मदमस्त होकर,
 चढ़ें शिखापर गिरते वही हैं।
सदा समान स्थिति देख करके,
 चलैं भला जो गिरते कभी हैं ॥६॥
स्वसौख्यमें था अतिमस्त होकर,
 हमें अरे! प्राण दुखोजनो गए।
मिला उसीका फल आज देखिये,
 नहीं किया है फल शून्य पेखिये ॥७॥
पुनर्निशानाथ यही विचारिये,
 गिरे हुए भी निज शोक छांड़िये।
पड़े हुए भी उठते विलोकिये,
 सदा न रहते दिन सम निहारिये ॥८॥

प्राचीन जैन स्थान ।

[ले०-बा० कामताप्रसादजी जैन, संपादक "वीर" अलीगंज ।]

लोगोंका ख्याल है कि जैनधर्म भारतमें ही सीमित रहा है। भारतके बाहर उसका प्रचार कभी नहीं किया गया। परन्तु यह ख्याल कोरा ख्याली पुलाव ही है। जैन मुनियोंका जीवन इस बातका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि उनके द्वारा बिल्कुल मिशनरी ढंगपर धर्मका प्रचार दूर२ देशोंमें होता रहता है। वे वर्षमें केवल वर्षाऋतुके समय एक स्थानपर नियतरूपमें ठहरते हैं। वरन् हमेशा सर्वत्र विहार और धर्मप्रचार करते रहते हैं। मुनि कल्याण ऐसे ही एक जैन साधु थे जो सुदूर देश यूनानमें पहुंचकर समाधिलीन हुये थे। एक श्रमणोत्तम मुनिकी निषधि आज भी अथेन्स नगरमें जैन मुनिके धर्मप्रचार प्रेमको प्रकट कर रही है। ऐसे ही अन्य देशोंमें भी जैन धर्मका प्रचार हुआ था, यह खोज करानेसे प्रकट होसक्ता है।

यहांपर हम पाठकोंके समक्ष जसवन्तनगरके एक गुटकेसे उन जैन स्थानोंका दिग्दर्शन करायंगे जहां जैन मंदिर अथवा चैत्य विद्यमान थे। यह गुटका श्री 'स्योचंद पाटणी सांगाकी' का मिती भादव वदि ११ सं० १८९२ वि० का लिखा हुआ है। इसमें एक 'नमस्कारस्तोत्र' संस्कृतमें भाषा अर्थ सहित दिया हुआ है। यह स्तोत्र किसकी रचना है और कब रचा गया है, यह उक्त गुटकेसे कुछ मालूम नहीं होता। परन्तु इतना तो स्पष्ट है कि लिपिकर्त्ता न तो इसका रचयिता है और न इसका टीकाकार; क्योंकि उसने लिखनेमें भाषाकी बहुत ही मामूली अशुद्धियां की हैं; जैसे कि उसके निम्न उद्धरणोंसे पाठकोंको ज्ञात होगा। पर जो हो, यह रचना है बहुत महत्वकी। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि जैनधर्मके प्राचीन स्थान कहां२ पर रहे हैं और दिगम्बर जैनियोंके निकट पूज्य वे स्थान प्राचीन समयसे रहे हैं।

स्तोत्रकी प्रतिलिपि ज्योंकी त्योंही हम देना उचित समझते हैं; यद्यपि आवश्यकतानुसार उन पर उचित नोट भी देते जायगे। स्तोत्रका प्रारम्भ इस तरह होता है:—

"सं देवे देवलोके रविशशिभवने ॥ वितराणां निकाये ॥ नक्षित्राणां निवासे ग्रहगणपटले ॥ तारकाणां विमाने ॥ पाताले च नगेंद्रे स्पष्टमणकणे ॥ च्चस्तमिद्यांधकारे ॥ श्रीमततीर्थंकराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चेत्यान वदे ॥ अस्यार्थं ॥ सं देवे कहतां नवग्रैवक ॥ नव निर्जीवरा ॥ पांच पच्चोतरा ॥ ए तेहस विमान उपरिला छे॥ त्यांमे भगवतजीकी अकृतम प्रतमांजी छे ॥ त्यांहने हमारी नमस्कार छे ॥ सोलह स्वंर्गा के विषे ॥ सूर्य चंद्रमाका विमाना के विषै ॥ वितरांका स्था-

चक्र ॥ नक्षत्रोंका समूह ॥ ग्रहोंका समूह ॥ तारोंका समूह ॥ पाताल के विषे ॥ धरणेंद्रका विमानके विषे ॥ इतनी जायगा प्रतिमाजी छे॥ त्याने हमारो नमस्कार छे ॥ १ ॥"

जैन शास्त्रोंमें लोकको तीन भागमें विभक्त किया है। ऊर्ध्व, मध्य और अधो। ऊर्ध्वमें देवलोक व सूर्यचन्द्रादि ज्योतिषचक्र हैं। ज्योतिषचक्रके सूर्यचंद्र व नक्षत्रादि एक तरहके विमान बतलाये गये हैं, जिनमें देवगतिके जीव रहते हैं और उनमें जैन मन्दिरों और अकृत्रिम जैन चैत्योंका होना माना जाता है। इसी विश्वासके मुताबिक यहांपर देवलोक और ज्योतिषचक्र आदिकी जैन प्रतिमाओंको नमस्कार किया गया है। तीर्थंकरभक्त उपासक उन स्थानोंपर पहुंच तो सक्ता नहीं है, इसलिये वह अपने भावों द्वारा उनका स्मरण करता है।

इसी तरह मध्य लोक जिसमेंके असंख्यात द्वीपसमुद्रोंमें हमारी आजकलकी दुनिया भी शामिल है, उसके भी जैन स्थानोंका उल्लेख इस स्तोत्रमें अगाड़ी किया गया है तथा अधोलोकके जैन मंदिरोंको भी भुलाया नहीं गया है। जैनियोंकी इस मान्यताके अनुसार उनके धर्मकी प्राचीन कीर्तियां अवश्य ही भारतवर्षके बाहर मिलना चाहिए। परन्तु आजकल विद्वानोंके मध्य जो यह विश्वास घर कर रहा है कि जैनधर्म भारतके बाहर कभी निकला ही नहीं; इस कारण वे अन्य देशोंसे प्राप्त कीर्तियोंमें जैनत्वको पाना असंभव समझते हैं। जिसपर जैन धर्म व बौद्ध धर्मके बहुत सादृश्यसे ऐसी बहुतसी बातें जो जैनसे सम्बन्ध रखती मिलेंगी वह बौद्धधर्मकी बतला दीजाती हैं। अनाम, कम्बोडियाके सम्बंधमें कुछ ऐसा ही हुआ प्रतीत होता है, किन्तु तो भी वहां जैन प्रभावका होना फ्रेंच विद्वान् सिल्वा लेवी स्वीकार करते हैं। इसके लिए आवश्यक्ता है कि जैन विद्वानोंको विदेशोंमें भेजकर प्राचीन स्थानोंकी खोज कराई जावे और वहांरके चिन्होंको दिखाया जावे।

हालहीमें भारतके सिंध प्रान्तके मोहिनजो डेरो नामक ग्रामकी खुदाईसे जो करीब ईसासे पूर्व ४००० वर्ष पहलेकी चीजें निकली हैं; उनमें जो मुद्रायें हैं उनपरके चिह्न अवश्य ही जैनधर्मसे सम्बन्ध रखते प्रतीत होते हैं। इनमें कई पर तो बैलकी छाप और चित्रित (Pictographic) भाषामें लेख हैं। एक पर हाथी अंकित है। बैल जैनधर्मके प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ अथवा वृषभदेवका मुख्य चिह्न है। तथापि इन मुद्राओंके चित्रित लेखमें एक चक्र ही पहिले पहल अंकित हो संभव है यह चक्र तीर्थंकर भगवानके धर्मचक्रका द्योतक हो। अनेक जैन स्थानोंमें धर्मचक्र अंकित मिलता है। इसके लिये मथुराका जैन स्तूप बहु प्राचीन है (देखो दी जैनस्तूप एण्ड अदर एन्टीक्वटीज आफ मथुरा प्लेट नं० ७ व ११) यही कारण है कि चक्र चिह्नको विद्वान् लोग खास रीतिसे जैनोंका मानते हैं। (देखो प्री० हिस्टारिक इन्डिया पृ० १९१–१९२)।

इसी तरह हाथीका चिह्न दूसरे तीर्थंकर

भगवान अजितनाथका माना जाता है। सारांश यह कि इन मुद्राओंपरके चिह्न जैन चिह्नोंसे मिलते हैं। इन्हीं मुद्राओंमेंसे एकपर जिनमुद्रा-वाली मूर्ति अंकित है। इसे विद्वान भी जैन मूर्तिकी द्योतक अनुमान करते हैं। इस कारण इनपरके लेखोंका भाव प्रकट करते हुए पुरातत्त्व-विदोंको इस बातको भुला देना ठीक न होगा। परन्तु वर्तमान प्रगतिको देखते हुए हमारे इस कथनका उचित उपयोग होना मुश्किल ही दीखता है। किन्तु हमको तो विश्वास है कि इन प्राचीन चीज़ोंसे अवश्य ही जैनधर्मका संबंध होना चाहिये; क्योंकि इन चीज़ोंका सम्बन्ध द्राविड़ लोगोंसे बतलाया गया है और द्राविड़ देशमें जैनधर्मका प्रचार एक प्राचीन कालसे रहा है, यह बात मेजर जनरल फरलांग साहबने अपनी पुस्तकमें स्वीकार की ही है।

साथ ही इस खुदाईमें स्तूप भी निकले हैं; जो भी जैन हो सके हैं, क्योंकि भारतमें जैनों और बौद्धोंके ही स्तूप बनानेकी प्रथा रही है और बौद्धधर्मका अस्तित्व ईसासे पूर्व छठी शताब्दिसे पहलेका सिद्ध नहीं होता। बौद्धोंसे प्राचीन जैनियोंका एक स्तूप ईसासे पूर्व ८ वीं शताब्दिका मथुरामें था। इस अवस्थामें इन स्तूपोंका जैन स्तूप होना बहुत कुछ उचित है। सारांशतः इन चीज़ोंका जैनधर्मसे सम्बन्ध होना संभवित है। उस प्राचीन अमलमें प्रथम और द्वितीय तीर्थंकरोंकी मान्यता होना ठीक ही है। जो हो, इतना कहा जासकता है कि जैनधर्मका अस्तित्व केवल भारतमें ही नहीं रहा है। उल्लि-खित स्तोत्र भी इस विषयका एक प्रमाण है। इस स्तोत्रमें अगाड़ी लिखा है:—

"वैताढे मेरुशृंगे रुचकनगवरे ॥ कुंडले हस्ति-दंते ॥ विक्षारे कूटनाद्रौसुरकनकगिरौ नैषधे नीलवंते ॥ चित्रसैले विचित्रे ॥ यमकगिरिवरे चक्रवाले हिमाद्रौ ॥ श्रीमत्तीर्थ० ॥ वैताढि परवतके विषे ॥ मेरुगिरिका सिषरके विषे ॥ रुचकगिर परवत ॥ कुंडलगिर गजदंत ॥ वखार-गिर पर्वत ॥ देवगिर पर्वत ॥ कनकगिर नैषद-गिर ॥ नीलगिर ॥ चित्रगिर ॥ यमकगिर पर्वत ॥ चक्रवाल पर्वत ॥ हिमाचल पर्वत ॥ ईतला पर्वतके विषे ॥ प्रतिमाजी छे ॥ त्यांइने हमारो नमस्कार छे ॥२॥"

इसमें मध्यलोककी प्रतिमाओंको नमस्कार किया गया है। मेरु आदि जिन पर्वतोंका यहां उल्लेख किया गया है, उनका पूरा पता आज-कलके भूगोलमें नहीं लगता है। मनुष्य अभी तक इन पर्वतोंपर पहुंच ही नहीं सका है। जैनियोंके यह मेरु पर्वतादि कहांपर किस तरह अवस्थित हैं, इसके लिये "वीर" के द्वितीय वर्षका 'महावीर जयंती अंक' (नं० ११-१२) का 'मेरुपर्वत' शीर्षक लेख व 'भगवान पार्श्वनाथ' नामक पुस्तक देखना चाहिए। उपरान्त इस स्तोत्रमें लिखा हुआ है:—

"श्रीशैले विंध्यशृंगे विपुलगिरिवरे अर्बुदे पावनाद्रौ ॥ संमेदे तारके वा कुलगिरिसिखरे-ष्टापदे स्वर्णशैले ॥ रत्नाद्रौ चौमंयंते ॥ विमल-गिरवरे अंजने रोहणाद्रौ ॥ श्रीमत्तीर्थ० ॥—श्री शैलपर्वतके विषे विंध्याचलका शृंगके विषे विपुल-

गिरि नाम पर्वत अर्बुदे कहतां आबु पर्वतके विषे मानवाद्री कहतां मानषोत्तर पर्वतके विषे सम्मेद कहतां सम्मेदशिखरके विषे तारागिर पर्वत कुलाचल पर्वतके विषे प्रतिमाजी छे स्वर्ण शैल नाम पर्वत व तीस रक्तगिरि नाम पर्वत उर्जयंति कहतां गिरिनारि पर्वतके विषे विमल-गिरि कहतां शत्रुंजय पर्वतके विषे च्यारि अंजन-गिरि पर्वत रोहणाचल पर्वत इतनां पर्वतांके विषे प्रतिमाजी छे त्यांने हमारो नमस्कार छे ॥१॥"

इसमें भारतवर्ष एवं आजकलकी दुनियाके आसपासके अज्ञात स्थानोंमें स्थित जैन चैत्योंको नमस्कार किया गया है। मानुषोत्तर पर्वत वह है जिसके परे मनुष्य नहीं जासक्ता है। इसका पता अभी तक आधुनिक भौगोलिकोंको नहीं लगा है। तथापि विपुलगिरि (विपुला-चल), आबू, सम्मेदशिखिर, तारंगाजी (तारा-गिरि), रत्नागिरि, शत्रुंजय आदि जैनतीर्थ आज प्रख्यात ही हैं। विंध्याचल, कुलाचल और स्वर्ण-शैल परके जैन चैत्योंका ठीकतर पता नहीं है। किसी खोजी धर्मप्रेमीको प्रकट करना उचित है।

इन उल्लेखोंसे स्पष्ट है कि इन तीर्थोंपर दिगम्बर जैनियोंका पूज्यपना और हक प्राचीन-कालसे चला आरहा है। इसपर भी यदि कोई व्यक्ति उनपर अपनी मालिकी चलाना चाहता हो तो वह उसका खोटा प्रयास होगा। शत्रु-जय, आबू आदि तीर्थोंको वहांके शासक अपनी मिलकियत समझते हैं और उनसे लाभ उठाना चाहते हैं, यह उनकी मिथ्या धारणा और क्रिया है। सब ही तीर्थ देवोत्तर मिलकियत हैं और उनका प्रबंध जैनियोंके अधिकारमें ही होना चाहिये। इस तरह वहांपर हरएक प्राणी भक्ति-भावसे प्रेरा बिना किसी रोकटोकके जासक्ता है। जो लोग इस प्राकृत प्रथामें बाधक बनते हैं वह सचमुच धर्ममार्गमें रोड़ा अटकाते हैं, जिसका कटुपरिणाम उनको अवश्य ही भोगना पड़ेगा। अस्तु, उक्त स्तोत्रमें अगाड़ी यह बतलाया गया है:—

"सं द्वीपे पंचमेरौ क्षितितटमुकुटे चित्रकूटे त्रिकूटे लाडे नाडे च॥ चाडे विटपिवननटे वेवकूटे विराटे कर्णाटे हेमकूटे विकटतरकटे चक्रकूटे मुटंटे। श्रीमत्तीर्थं० ॥ समीचीन द्वीपांके विषे पांच मेरगिरिपर्वत के विषे चित्रकूटपर्वत ऊंठा आगैं देशाका नांव छे॥ लाडे लाडदेशके विषे नाहडदेश चाडदेश वेवकुटदेश वैराटदेश कर्णाट देश हेमकूटदेश विकटतरकटदेश चक्रकूटदेश मूटटदेश इतनां देशां के विषे प्रतिमाजी छैं सं-नैं हमारो नमस्कार छे॥४॥—अंगे वंगे कलिंगे बहुलजिनगृहे सूरसेने तिलंगे गौंडे चोडे मरुदे-वारतद्रविडे कुंकुणे चापि पुंद्रे व्याघ्रे कुंद्रे कलिंगे विजयजनपदे कन्यकूटे सुराष्ट्रे श्रीमत्तीर्थं० ॥—अगदेश बंगदेश कलिंगदेश सूरसेनदेश तिलंग देश गौंडदेश चोडदेश मारवाडिदेश श्रेष्ट द्रावि डदेश कुंकुणदेश पुंद्रदेश बघेरांको देश कुंदेरां-को देश कलिंग्र कहतां अजमेराको देश जनपद देश कन्यकूटे कहतां कामरुदेश के विषे सोरठ देशके विषे प्रतिमाजी छे त्यांहने हमारो नमस्कार छे ॥५॥ —मेवाडे मालवे वा पुरचुर पुरवरे पुष्कले कच्छले वा॥ नेपाले लाहडे वा कुवंलयतलके॥ टिप्पले पुगले वा॥ पंचाले कौसले वा॥ विर-

हितसकके ॥ अंगके वा समाजे ॥ श्रीमत्तीर्थं० ॥ मेवाडदेश ॥ माळवदेश ॥ संघनपुरदेश ॥ पुष्क-कदेश ॥ कछदेश ॥ नोपाळदेश ॥ बाहडदेश ॥ भमूषणदेश ॥ तिलंकदेश ॥ सिपकदेश ॥ युग कदेश ॥ पंचाळदेश ॥ कौशलदेश ॥ विरहित सलिले कहतां थलीको देश ॥ करमागळदेश ॥ तमाळदेश ॥ इतनां देशांके विषे प्रतिमांजी छे ॥ त्यांहने हमारो नमस्कार छे ॥ ६ ॥—चम्पावां चंद्रपुर्यां ॥ गंजपुर मथुरापावके उज्जयिन्यां कौसंव्या कौशलाया कनकपुरवरे देवपूर्यां तु काश्यां ॥ लंकायः राजग्रिहे दमपुरनगरे ॥ भद्दिले वा विदेहे ॥ श्रीमत्तीर्थं० ॥ ७ ॥ चम्पापुरी चंद्र-पुरी ॥ हस्तनागपुर ॥ मथुरा पावापुरी ॥ उजेणी ॥ कौशांबीपुरी ॥ अजोध्यानगरी ॥ कनकपुर ॥ द्वारिका ॥ वाणारसी ॥ लंका ॥ राजग्रहपुर ॥ मंदसोरपुर ॥ भद्दिलापुरी ॥ विदेहनगरी ॥ इतनां नगरांके विषे ॥ प्रतिमांजी छे ॥ त्यांहनै हमारो नमस्कार छे ॥ ७ ॥—सद्दर्षे अंतरवे गिरसिखरे-स्यते स्वर्नदीनीरतीरे ॥ स्वर्लोके नागलोके जल-निधि पुलिने तरुहाणा निकुंजे ॥ ग्रामे रणे वने वा स्थलजले विषमे दुर्गमध्ये त्रिलोके ॥ श्रीम-त्तीर्थं० ॥ सद्दर्षे कहता येकसो सतिरि क्षेत्र आका-सके विषे परवतांका सिखरांके विषे तिष्टे छे ॥ देवगंगाके विषे स्वर्गलोकके विषे नागलोकके विषै ॥ भवनवासी देवांका विमानाके विषै ॥ समुद्रका तटके विषै ॥ वृक्षांका समूहके विषै गांवांके विषै उजाडिका वन वने कहतां वाग बगुले विषै जलके विषै गढकोटके विषै ॥ त्रीलोक कहतां तीन त्रिलोकके विषै ॥ इतना सतानाके विषै श्री तीर्थंकर देवजीकी अकृतिम प्रतिमांजी छे त्यांहने हमारो त्रिकालु नमस्कार छे।"

इस प्रकार यह प्राचीन स्तोत्र पूर्ण होता है और इसमें आये हुये अनेक देश भारतके बाहर प्रतीत होते हैं। भूटान, लंका आदि देश निस्सन्देह भारतके बाहर हैं। तिब्बत, भूटान, नेपाल, लंका, चीन, जावा आदि देशोंमें जैन धर्मके अस्तित्व अथवा प्रभावको बौद्ध ग्रन्थ प्रकट करते हैं। इसी तरह फारस-ईरान, अरब, अफगानिस्तान आदि देशोंमें जैन मुनियोंका विहार होता था, यह बात यूनानी और चीनी यात्रियोंकी साक्षीसे प्रमाणित है। मिश्रके कई प्रदेशोंमें जैन कीर्तियोंका होना संभव है, यह बात हमने अपने ग्रंथ "भगवान पार्श्वनाथ" में प्रकट की है। अतः इन सब बातोंको देखते हुए, भला यह कैसे माना जासका है कि जैन धर्म भारतमें ही सीमित रहा है—उसका बहुत प्रचार कभी नहीं हुआ! आवश्यकता मात्र जैन विद्वानोंको खोज करनेकी है! क्या हम जैन सेठोंसे आशा करें कि वह अपनी लक्ष्मीका सदुपयोग जैन कीर्तियोंका पता चलाने और उनका उद्धार करनेमें करेंगे? भगवान हमारे धनिक वर्गको यह सुबुद्धि दें। इत्यलम्!

प्राचीन जैनस्मारक ग्रन्थ।

बम्बई प्रान्तके जैनस्मारक ।॥) मद्रास व मैसूर प्रान्तके जैनस्मारक १=), संयुक्त प्रान्तके जैनस्मारक ।=), मध्यप्रान्त मध्यभारत व राज-पूतानाके जैनस्मारक ॥=), एक २ प्रति अवश्य मगाइये। लागतसे भी कम मूल्य है।

मैनेजर—दि० जैन पुस्तकालय—सूरत।

क्रोधका कटुक फल।

(रचयिता-चि० महेन्द्रकुमार जैन काव्यतीर्थ-बिजनौर।)

अति बढ़ा तब हाय! जुकाम था,
बह रहा जलसा मम नाकसे।
बढ़ रहा निज-मस्तक भार था,
कठिन था भरना निज सांसका ॥१॥

जब कभी गल जी महाराज थे—
खड़े, खड़ूँ कर भाषण दे रहे।
न कुछ भी मिलता विसराम था,
बसन, भोजन, पान, हराम था ॥२॥

न मन था लगता कुछ काममें,
पठन—पाठन या स्तुति—गानमें।
इसलिये निज प्राकृत सेज पै,
पड़ रहे कमती करने उसे ॥३॥

शुभ चिकित्सक जो मम मित्र थे,
यह व्यथा सुनके झट आगये।
सहज मित्र वयस्य-विपत्तिमें,
बिन निमन्त्रण होत शरीक हैं ॥४॥

मम दशा यह वे लख आंखसे,
घर गये, अपने अति शीघ्र ही—
फिटकरी करपूर सु सूंघने,
रख शीशीमें झट भेज दी ॥५॥

लख दवा, हम भी अति व्यग्र हो—
त्वरित काग लगे वह खोलने।
पर अहो! वह टूट गया वहीं,
जन लगे हंसने अति जोरसे ॥६॥

न हँसना वह मैं सह था सका,
"चुप रहो" उनसे कह यों उठा।
जब लखा चिढ़ना मम तो सभी,
हँस पड़े फिर पीट स्व-तालियां ॥७॥

पुन लगे कहने "झट खोलिये",
हँस पड़े फिरसे सबके सभी।
लख हँसी फिर मैं अति क्रोधसे,
बक उठा तब तो अति गालियां ॥८॥

व्यवहृती लख कुत्सित ये मम,
उठ गये, तब तो सब शीघ्र ही—
पर अहो! वह बाहिर हो खड़े—
हँस पड़े स्व-बजाकर तालियां ॥९॥

कर लिये जब बन्द किवाड़ थे,
पड़ रहे पुन कोमल सेज पै।
तब हुवा वह स्क्रू स्मृत जो कि था—
लग रहा निज-बोतल-कागमें ॥१०॥

रख रही वह बोतल ताकमें,
हम हुवे पुन आलसके वशी।
कर किया झट ऊपर ताकमें,
पर रहे हम बिस्तर पै पड़े ॥११॥

वह सुबोतल ज्यों करमें गही,
सटकके शिर पै हमरे पड़ी।
बन गये उसके टुकड़े कई,
मुख हुवा मम लोहु-लुहान था ॥१२॥

तब भरी हमने अति चीख भी,
चकित थे जन बाहिर जो कि थे।
खुल गया झट युग्म किवाड़का,
सब लगे कहने यह क्या हुआ? ॥१३॥

जब कहा हमने जल दीजिये,
मुंह करूं जिससे निज साफ मैं।
तब कई जन थे कहने लगे,
प्रथमकी कुछ याद करो सखे ॥१४॥

धक-धक्के दे निकाल दिया जिन्हें,
जल उन्हीं जनसे तुम मांगते।
न कुछ शर्म तुम्हें, अब तो जरा,
फल चखो, अपनी कृतिका भला ॥१५॥

गिड़ गिड़ा कर मैं कहने लगा,
यह खता मम माफ करो, सखे!
अब कभी मुझसे नहिं होयगी,
कर कृपा जलदी जल दीजिये ॥१६॥

"विपतमें जब आकर हो पड़े—
तब क्षमा-बिन है वश और क्या?।
मसखरी! बस भाग चलो! हटो!
वह यही कह हा! चल थे पड़े ॥१७॥

कइ भले जन जो वहँ थे खड़े,
कह उठे, उनसे, "प्रिय भाइयो!—
शरणमें रिपु भी यदि आपड़े,
उचित है करना न उसे दुखी ॥१८॥

फिर किया इसने यह काम क्या!
कि जिससे हम रिपु-सा यों करें।
वह किया, नहि जो कि अयुक्त था,
फल [illegible]का उपयुक्त था ॥१९॥

नाथ अहो! सुन वे मिलके सभी,
त्वरित ही जल लेकर आगये।
पुन निजी कपड़ा वह फाड़के,
धर गये सिर धोकर बांधके ॥२०॥

शयन पै हम लेट गये सभी,
पुन लगे मनमें यह सोचने।
यह विलक्षण क्या घटना घटी?
फल मिला यह हा! किस पापका ॥२१॥

समयकी गति हाय! विचित्र है,
न जिसको विधि भी खुद जानता।
तब मनुष्य उसे किस भांतिसे,
भर सकें अपनी अनुभूतिमें ॥२२॥

तनिक भी धिक! अवकस जो किया,
फल मिला उसका यदि ये सदा।
अधिक जो यह जाय किया कभी,
फल मिले, उसका तब क्या कहे ॥२३॥

कटुक-भाषण भी अति है बुरा,
न जल भी जिसका फल हा! मिला।
नहिं भले जन जो रहते खड़े,
तब सहायक को बनता कहो ॥२४॥

इस प्रकार अनेक विचारकी,
लहरियें बहुधा उठतीं रहीं।
डुबकियां हम भी गहते हुए,
न कुछ ज्ञात कि थे कब सोगये ॥२५॥

आदर्श ब्रह्मचारी।

(ले०-श्री० धर्मरत्न पं० दीपचन्दजी वर्णी)।

लगभग १० बजे होंगे कि मिट्ठनलाल उपाश्रयकी ओर आये, तो क्या देखते हैं कि वहां १ नवयुवक लकड़ीके तख्तपर बैठा हुआ रहंटिया कात रहा है और उसके साथ राग मिलाता हुआ तल्लीन हुआ गा रहा है।

इक साधू वसन बनावे॥ टेक॥
भेद ज्ञानको चर्खा लेकर, तत्व कपास ऊंठावे।
आतम रुईसे पुद्गल बीजा, ओंट २ अलगावे॥इक०
सम्यकित पींजन ज्ञान धुनकना, सुनर२ तान लगावे।
मिथ्या मैल दूर कर पौनी, चारित्र शुद्ध बनावे॥इक०
बारह भावन रहटा लेकर, संयम सूत कतावे।
समिति गुप्तिका ताना बाना, देकर चित हर्षावे॥इक०
यह विधि यथाख्यात अंबर बुन, आपहि पहिर जु भावे।
दीपचन्द्र सो साधु पुंगव तब मुक्ति रमणि ललचावे॥इ०॥
आप बनावे आपहि पहिरे, पहिरत अति हुलसावे।
इक साधू वसन बनावे॥

इस युवकके शरीरपर शुद्ध वस्त्र खादीके हैं, सिर और दाढ़ी मूछ मुंडी हुई हैं, पास ही एक टेबिल पर अनेक पुस्तकें, कागज कलम दावात आदि सामान रखा हुआ है। वह युवक बीच२में कुछ नोट भी करता जाता है और पुनः २ रैंटिया चलाता हुआ गानेमें मग्न हो जाता है।

मिट्ठनको आये लगभग १५ मिनट होगए, वह दो बार "वंदामि महाराज" भी कह चुका। परन्तु इनका ध्यान उस ओर न गया, इतनेमें सूतका तार टूट गया। तब ध्यान भी छूट गया। साम्हने देखा तो मिट्ठनलाल खड़े हुए वंदामि कहरहे हैं। अहहा! मिट्ठनलालजी हैं दर्शनविशुद्धिः भवतु, आप कबसे आये हैं? आओ बैठो!

मिट्ठन–महाराज १५ मिनट होगए। चलिये भोजन तैयार है।

युवक–अच्छा चलो कहकर साथ होलिए, वहां पहुंचकर भोजन करनेके अनन्तर इसप्रकार उपदेश करने लगे, भोभव्यो सुनो! अतिथि संविभाग व्रत प्रत्येक गृहस्थको पालना उचित है, वह इसप्रकार होता है, कि प्रत्येक गृहस्थ अपना चकचौका (रसोड़ा) शुद्ध करें, अर्थात् नित्यप्रति अपने घरमें शुद्ध भोजन बनाकर जीमनेका अभ्यास रक्खे, और जब उसके पुण्योदयसे कोई उत्तम मध्यम या जघन्य सुपात्र मिल जावे, तो उसके पदके अनुसार उत्साह और आदर पूर्वक वही भोजन जो तैयार हुआ है, देकर पुण्योपार्जन करे, यही आर्ष और आदर्श मार्ग है। इसके सिवाय विशेष स्वादिष्ट मिष्ट व पुष्ट भोजन, मेवा और फलादिक एक त्यागी (मुनि श्रावक आदि) को देना और आरम्भ बढ़ाना उचित नहीं है।

मिट्ठन–महाराजजी, यह तो ठीक है, परन्तु हम श्रावकोंकी यह तो भक्ति है कि उत्तमसे

राष्ट्रीय सत्याग्रह-संग्राममें योग देनेवाले दि० जैन वीर–

बा० कपूरचन्द जैन–आगरा।

श्रीयुत महेन्द्र–आगरा।

बाबू जैनेंद्रकुमार, देहली।

बा० शामलाल जैन एडवोकेट, रोहतक।

बा० अमोलकचन्द, खंडवा।

जैनविजय प्रेस, सूरत।

राष्ट्रीय सत्याग्रह—संग्राममें जेल जानेवाले दि० जैन वीर।

वैद्यभूषण डॉ० अभयकुमार एल० एम० टी० एस० एम० ए०—मद्रास।

श्री० आर० सी० नायक उर्फ
[illegible]

[illegible]

उत्तम भोजन हम लोग अतिथिजनोंको देवें ? हमारा ऐसा भाग्य कहां जो ऐसे त्यागीजनोंका लाभ मिले ? आप तो कुछ हमसे कहकर बनवाते नहीं हैं, और यदि हम ही ऐसा न करें तो आप तो कुछ कमाते नहीं है। तब ये वस्तुएं आपके भोजनमें कभी आ ही नहीं सकी, दाल रोटी तो नित्य होती है। इसके सिवाय एक बात यह भी है कि आपके निमित्तसे यदि कुछ बना या लाया गया, हम लोगोंको भी प्रसाद मिल जाता है।

(युवक) आदर्श ब्रह्मचारी—भाई श्रावकों (गृहस्थों) का कर्तव्य अवश्य ही अतिथियोंको उत्तम भोजन देनेका है, मैं इसका निषेध नहीं करता। परंतु उत्तम भोजनका अर्थ "मिष्ट, पुष्ट, गरिष्ट, व स्वादिष्ट नहीं है, किन्तु हित मित और सादा हल्का शुद्ध भोजन है. कि जिससे संयमीके रत्नत्रयकी वृद्धि होवे, वह ध्यान और अध्ययनमें विशेष २ रीत्या प्रवृत्त होते हुए संयमकी वृद्धि कर सके, और यह बात सादे भोजनसे ही हो सकती है, जो गृहस्थ द्वारा ऋतु और प्रकृतिके अनुसार विवेकपूर्वक दिया जाता है, न कि पुष्ट भोजन उत्तम होता है, उससे तो उल्टा विषय और कषाय भावोंकी वृद्धि होकर अंतरंग और बहिरंग संयमका घात होता है। इससे त्यागी अपने आदर्श मार्गसे गिर जाता है, वह लोलुपी हो जाता है, धनिक दाताओंकी खोजमें रहता है। उनसे इच्छित भोजनादि पाकर उनकी अनेक प्रकारसे प्रशंसा करने लगता है, गरीबों या सादा भोजन करनेवालोंसे घृणा करता है। इसके सिवाय प्रबल जिव्हाके वश होकर पीछे मदोन्मत्त हो जाता है और उसकी पूर्तिके लिये "यंत्र मंत्र तंत्रादि" का सहारा लेकर स्वपर धर्मका घात कर बैठते हैं। गृहस्थजन यदि विकारयुक्त होवे, तो उससे धर्म मार्गका विघात नहीं होता, परंतु त्यागीको तो तिल २ भूमि शोधकर चलना चाहिए। शीलव्रतकी भावनामें "पुष्ट रस और स्वशरीरसंस्कार" का भी त्याग बताया है, इसलिये त्यागी (जो वास्तव में ज्ञान वैराग सहित त्यागी हुआ है, जिसे अपना आत्महित करना ही ध्येय है सो तो) अपने आप विचारकर चलता है, परंतु यदि वह ज्ञान वैराग बिना केवल भोले भावोंसे, या गृहकलह आदि कारणोंसे, या बिना कमाये उत्तमोत्तम भोजन और ख्याति लाभ पूजा सत्कारादिके लिये ही त्यागी हुआ है, तो उसकी सम्हाल और रक्षा आप गृहस्थोंके ही आधीन है।

और उसका सरल उपाय यही है, कि तुम्हारे यहां कोई त्यागी आवे तो उसको (१) जीव जंतुकी बाधासे रहित प्रकाश और पवनवाला एकान्त स्थान, (जहां स्त्री बालक नपुंसकादिका प्रवेश न हो, और न एक पाईका भी कोई मोलकी सामान हो, कि जिसके कारण उसे कलंकका भाजन बनना पड़े) देओ। यदि उसके पदके अनुकूल हो, लकड़ी तख्त या घासका आसन दे दो। याद रहे कि गृहस्थोंके उपयोगमें आई हुई कोई भी वस्तु उसे मत

हो, न नरम गद्दे तकिये पलंगादि ही देओ। वह त्यागी है, ये वस्तुएं विकारके हेतु हैं। (२) यदि वस्त्र वास्तवमें जरूरी हो और वह मुनि न हो तो उसके पदके अनुसार पछेड़ी कोपीन आदि शुद्ध खादीके मोटे देओ, (३) भोजन सादा और शुद्ध जो हो, देओ, भले वह रूखा सूखा अलोना, नीरस, केवल अनाजको पानीमें पकाकर ही बनाया गया हो, पर शुद्ध हो देओ (४) जब वह जावे, तो अमुक स्थान तक जानेका प्रबन्ध कर दो, वह प्रबन्ध कमसे कम खर्चमें होवे। किसीको सेकन्ड क्लास रेलवे-का टिकट मत देओ, नवमी प्रतिमासे लेकर ऊपरवाले किसीको रेल मोटर आदि सवारीकी जरूरत नहीं है, इसलिये उसे न पैसा देओ और न सवारीका प्रबन्ध करो, किन्तु एक आदमी मार्ग दिखानेके लिये साथ जाकर अन्य श्राव-कोंके ग्राम तक पहुचा आओ। नीचेकी प्रतिमा-वालोंका यथायोग्य प्रबन्ध कर दो, परंतु लम्बे टिकट लेकर मत दो, क्योंकि लम्बी मुसाफरीमें धर्म साधनमें बाधा पड़ती है। लम्बे टिकटोंको पैसा भी मत दो, किन्तु किसी योग्य श्रावकोंके ग्राम तक पहुंचनेका प्रबन्ध करदो, क्यों कि त्यागियोंकी कोई कोर्ट (अदालत) की पेशी (मुद्दत) नहीं होती कि उन्हें उस दिन अवश्य ही पहुंचना है। तीर्थयात्राकी भी कोई खास तिथि नियत नहीं है, भले वे वर्षोंमें पहुचें, या कदाचित मार्गमें आयुपूर्ण हो जानेसे न भी पहुंचे, इसकी चिं। नहीं है, उनके शुभ भावों-से उनको पुण्य बंध होता ही रहता है। तीर्थ यात्राका फल भी मिल जाता है। इसलिए उनको ग्रामोग्राम मुकाम करते हुए और श्रावकोंको धर्मलाभ देते हुए यथा समय पैदल या स्वाधीन सवारी द्वारा और अनसरते रेल मोटरादिमें अपने सामायिकादि आवश्यकोंकी रक्षा करते हुए आना चाहिए। पैसा बिना गृही और पैसा-से त्यागी बिगड़ जाते हैं। इसलिये यदि महावीर प्रभुका बताया हुआ सन्मार्ग जीवोंके हितार्थ यथार्थ चलाना है, तो उक्त ४ बातोंपर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

दूसरी बातका उत्तर यह है कि हम लोगोंको स्वादिष्ट अनेक प्रकारका भोजन कहांसे मिलेगा? सो भाई हम लोग त्यागी हैं, यदि भोजनकी ही गृद्धता रखें, तो त्यागी क्यों होवें? हम तो घर छोड़नेके साथ ही स्वाद भी छोड़ चुके हैं। केवल संयमकी वृद्धिके अर्थ शरीरको कुछ खुराक देना पड़ती है, सो तो सादेसे सादा और कमसे कम खर्च और कम आरंभसे तैयार किये हुए खुराकसे काम चल सकता है। बिना नमकके मात्र खिचड़ी भी यह कार्य कर सकती है। इसलिये जितने कमसे कम खर्चसे तुम एक त्यागीका भोजन कर सकते हो करो, और बहुत कम आरंभ और समय उसके भोजन बनानेमें लगाओ, यही प्रभुके मार्ग चलानेका उपाय है।

स्मरण रक्खो कि जो त्यागी नाम रखकर धन वस्त्रादि एकत्र करते हैं, स्वादिष्ट भोजन चाहते है, गृहस्थोंसे अधिक हेल मेल रखते हैं, यंत्र मंत्रादि झाड़ाफूंकी करते हैं, हारजीत बताते हैं, धनी जनोंकी हां में हां मिलाते हैं, वे त्यागी नहीं हैं,

धूर्त हैं, ठग हैं, पदभ्रष्ट हैं, वीरके मार्गके कंटक हैं, धर्मकी ओटमें चोट करते हैं। उनसे बचो और सन्मार्गकी रक्षा करो। अब सामायिकका समय हुआ है, इसलिये और चर्चा प्रश्न न होगी, ऐसा कहकर आपने आश्रमको पधार गए।

श्रोतागण—भाइयो! कैसा निष्पृह स्पष्ट उपदेश है? हमने तो ऐसा उपदेश आज तक नहीं सुना, कई त्यागी आये, मुनि भी आये परंतु सिवाय चन्दा फन्दाके और तो बात भी नहीं सुनी, भोजनमें तो हम लोगोंकी आपत्ति आजाती थी, यह नहीं यह लाओ, यह बिगड़ गया यह छूगया, भगवान जाने वे जबतक जीम कर यहांसे नहीं चले जाते तब तक शरीर थर थर कांपता रहता है, लोकलाजसे जिमाना तो पड़ता है, परंतु मनमें तो यही रहता है कि फिर कभी इनका समागम न होवे! भाई सच पूछो तो त्यागीके नामसे ही कपकपी छूटने लगती है। परंतु यदि वीर प्रभुका ऐसा सरल मार्ग है जैसा कि महाराज ब्रह्मचारीजीने बताया है, तो हम सबको अवश्य ही स्वीकार करना चाहिए।

महाराजने उपदेश क्या दिया है? हम लोगोंको खरे खोटेकी पहिचान करनेकी कसौटी ही दी है। इससे जो सच्चे त्यागी होंगे, वे पुजेंगे, संसारसे तिरेंगे और हमको तारेंगे और जो नकली ठग होंगे, वे रस्ते पड़ेंगे, और जब ढोंगियोंका सत्कार न होगा तो वे स्वयं या तो सुधर कर सन्मार्गमें आवेंगे या भेष छोड़कर धर्म मार्गका अपवाद मिटावेंगे। अन्य भेषमें कुछ भी करें उसको हम क्या कर सके हैं? परंतु जैन धर्मके पवित्र भेषमें विपरीत कार्य करना नरक निगोदका मार्ग पकड़ना है।

भाई चलो महाराजको कुछ दिन यहां ठहरनेको निवेदन करें, क्योंकि ऐसे आदर्श ब्रह्मचारी समीचीन उपदेशसे ही हमारा सच्चा हित हो सकता है। अहहा! ऐसे त्यागी प्रत्येक ग्राममें बीसों क्यों न रहें, लोगोंको उनका कुछ भी भार नहीं हो सकता, अपने भोजनमें ही भोजन होजावे और उनके निमित्त अपनेको भी शुद्ध खानेको मिले, यह कैसी सरल और उत्तम बात है! और नित्य घंटे दो घंटे सांझ सवेरे जो समय हमारा गप्पों सप्पोंमें जाता है, उसमें धर्मोपदेश सुनना, शेषकाल अपना यथायोग्य धर्म अर्थ काम पुरुषार्थोंमें लगाना। भाई यदि महाराज थोड़े दिन रहे तो हम लोगोंके बाह्य आभ्यंतर अनेक सुधार होजावेंगे, बुराइएं निकल जावेंगी, भविष्यकी संतानपर अच्छा प्रभाव पड़ेगा, पुण्य वृद्धि होनेसे दुःखोंका भी अंत आवेगा। तात्पर्य यह है कि समय लोक सुधरेंगे।

सब—सत्य है, अपनी प्रार्थना सच्चे मनसे है तो अवश्य ही स्वीकृत होगी, चलो चलें। श्री वीरप्रभुकी जय!

अक्लमन्दी।

तेरे ज्ञान-मुकुरमें जैसा, झलके मोर भविष्य महेश।
वैसा ही होगा, वैसा ही, होने दे प्यारे निःशेष॥
सुख होवे या दुख होवे, पर मुझे नहीं चिन्ता होवे।
नहीं किसीके आगे जाकर, मुख मेरा दुखड़ा रोवे॥

"चन्द्र", झालरापाटन शहर।

रहन सहन और स्वास्थ्य ।

(लेखिका.—पंडिता चन्दाबाईजी, जैन बालाविश्राम, आरा ।)

सब मनुष्य चाहते हैं कि हमारा शरीर अच्छा रहे, परन्तु केवल चाहनेसे ही कुछ नहीं हो सकता है, उसके लिये उचित आहार विहार और रहन सहनकी जरूरत है ।

प्रकाश घरमें होना और शान्ति मनमें होनी भी आवश्यक है । भोजन स्वच्छ और समयपर होना चाहिये । वर्तमान समयमें स्त्रियां भोजनके विषयमें बहुत अनियम करती हैं । रूखा सूखा बेसमय खाना वे अपना कर्तव्य समझती हैं । इसी प्रकार टेढी पीठ कर बैठना लज्जाका अंग समझती हैं । परन्तु इन बातोंसे स्वास्थ्य खराब होजाता है, यह नहीं समझती हैं । मनुष्यको हमेश सीधा बैठना चाहिये । झुक कर बैठनेसे हृदय दब जाता है और श्वास ठीक नहीं चलने पाती । शरीरमें श्वासोच्छ्वास ही एक जीवनका मूल है, इसलिये सदैव सतर बैठना चाहिये, झुकना न चाहिये । बच्चोंको भी सतर सीधे बैठनेका अभ्यास कराना उचित है ।

लोग समझते हैं कि केवल पौष्टिक पदार्थ खानेसे हम बलवान बने रहेंगे । परन्तु यह भ्रम मात्र ही है । पौष्टिक पदार्थोंके हजम करनेके लिये प्रथम पाचनशक्ति ठीक होनी चाहिये अन्यथा वे विषका काम करने लगते हैं। और वह पाचनशक्ति तभी ठीक रह सकती है जब मनुष्य अपनी रहन सहन ठीक रखे । अपने शरीरको स्वच्छ और सीधा रहनेका अवसर दे, तथा श्वासको अच्छी तरह आवागमनका स्थान दे और रोम कूपोंमें सूर्यका प्रकाश जाने दें ।

वर्तमानमें नवीन बहुओंको इस प्रकार बैठाया जाता है कि उनका दम घुटने लगता है, तथा सीने और लिखने पढ़नेका काम भी इसी तरह किया जाता है । यह ठीक नहीं है, खुला प्रकाशवाला स्थान ही नवी बधुओंको देना चाहिये व सीधे बैठकर उजेलेमें सब काम करना चाहिये । रसोईके स्थानमें धुआं निकलनेका पूरा प्रबन्ध रखना चाहिये, जरासे आलस्यके कारण बहिनें मेओंका होम करके रसोई बनाती हैं, फलतः यह होता है कि आंखें खराब होजाती हैं ।

रसोईघरमें खिड़की, झोका रखना या ऊपर घमारा रखना और चिमनी रखना कुछ कठिन कार्य नहीं है । परन्तु स्वास्थ्यका खयाल करनेसे ही ये कार्य हो सकते हैं । अतएव प्रत्येक गृह कार्य और नित्यके कामोंमें स्वास्थ्यका ध्यान रखना चाहिये ।

स्त्री हो या पुरुष स्वास्थ्य दोनोंके लिये परमावश्यक है । इसके अभावमें न कोई दुनियांके काम हो सकते हैं और न धर्म साधन ही हो सकता है ।

आरोग्य रहनेका उपाय।

[लेखक:—पं० शिखरचन्द जैन वैद्य व ज्योतिषी, फर्रुखनगर ।]

मनुष्यको प्रभातमें उठना अत्यन्त गुणदायक है। कारण इसका यह है कि दिन रात्रिके विभागमें यह समय कफसे कोपका है और सोनेसे कफ अत्यन्त वर्द्धित और कुपित होता है, इससे प्रभातमें सोने या पड़े रहनेसे आलस्य शिथिलता मन्द बुद्धि खांसी अजीर्ण प्रमेह मेदवृद्धि आदि अनेक रोग उत्पन्न होते हैं।

सवेरेका उठना केवल भारतवर्षके मनुष्योंको ही उपकारी नहीं है किन्तु समस्त विद्वान इसे स्वीकार करते हैं और उचित जानते हैं। अंग्रेजोंका इस समय उठ खड़े होना तथा मुसलमानोंका सुबा (प्रभात) की नमाज पढ़ना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमने अपने देशके बहुतसे अमीरोंको चार२ घडी पहर दिन चढ़ेतक सोते देखा और सुना है, शायद उनको शिथिलता आलस्य प्रमेह आदिका यही कारण है।

प्रातःकाल समस्त मलोंका त्याग करना वायुकी वृद्धि करता है और पेटकी गड़गड़ाट अफारा आदि और उदरकी कबझाई आदिका नाशक है। यदि प्रभातमें मलोंका त्याग न किया जावे और अधोवायुका निरोध रहै तो इससे अनेक भयंकर रोग उत्पन्न होते हैं। जैसे अधोवायुके निरोधसे वायु और मूत्रका रुकना बद्धकोष अफारा-क्लम (बेचैनी) गुल्मादिक उदररोग तथा अनेक शूलादि वात व्याधि उत्पन्न होती है तथा मलके अवरोधसे आटोप (अफारा), शूल, पेटमें कतरनी, बंद्धकोष आदि होते हैं।

जो प्राणी प्रभात समय शौच नहीं जाते उनको हमने अनेक रोगोंसे पीड़ित देखा है और सवेरे मल त्यागसे शरीर हलका, समस्त इन्द्रिय और मन प्रसन्न, बुद्धि उज्वल और पेटमें पराक्रम होता है।

शंका इसमें यह होसकती है कि बिना वेग (हाजत) सवेरे सवेरे क्योंकर मल त्याग किया जावे? इसका समाधान यह है कि अभ्यास करनेसे सवेरे अवश्य हाजत होती है। संसारका आचरण इसका नियम है। दूसरी बात यह है कि भोजनका नियत समय रखनेसे प्रायः समयपर ही मल त्यागकी हाजत होती है। यदि किसी कारणसे ऐसा नहीं भी हो तो सोते समय एक टंक दूध अथवा त्रिफला चूर्ण या कर्म जलके साथ लेनेसे सब उदरविकार शांत होकर सवेरे सवेरे यथोचित मल त्याग होजाता है। मल त्यागके समय स्थूल वस्त्रादिसे शिर, मस्तक ढक रखना चाहिये, नहीं तो मलके दूषित परमाणु शिरभागकी ओर जाते हैं, जिससे जुकाम, शिरमें दर्द तथा नेत्र रोग आदि होते हैं।

मल त्यागके पीछे अच्छे मलके हाथोंको खूब

शुद्ध करना चाहिये और फिर हाथों और पावोंको भी शुद्ध करना चाहिये, क्यों कि दुर्गन्ध तथा मैलके परमाणु भी मनुष्योंको अनेक रोगोंके होते हैं इसलिये इनसे मनुष्योंको बहुत ही बचा रहना चाहिये । इसी कारण धर्मशास्त्रमें भी शुद्धिको बहुत उत्तम और अशुद्धिको अत्यंत निन्दित माना है ।

प्रातःकाल मलोत्सर्गके पीछे हाथ धोकर दंत धावन दतोन या मंजन करना चाहिये । दतोन चिटली अंगुली बराबर मोटी और १२ आंगुल लम्बी होनी चाहिये । यद्यपि अनेक वृक्षोंकी दतोनके अनेक गुण हैं परन्तु सामान्यतः इन वृक्षोंकी हो तो अच्छा है अर्थात मीठे वृक्षोंमें महुवा, कटुमें करंज, तिक्तमें नीम्बू और कषायमें खदिर उत्तम है । इनके सिवाय बबूल (कीकर)की दतोन तो श्रेष्ठ है । इससे दांत बहुत दृढ होते हैं और जो दांतों या मसूढोंमें दर्द हो तो पीया बांसेकी दतोन गुणकारी है । दंत धावन या मंजन करनेसे मुख और गलेके रोग तथा जिह्वा और दांतोंके मैलका नाश होता है । दंत धावनमें जिह्वा व गले हलकका मैल भी साफ करना चाहिये । फिर कुल्ला खूब करना चाहिये ।

दातन करनेके पीछे शिरपर तेल मर्दन करना चाहिये । इससे शरीर दिव्य स्निग्ध व बलिष्ट होता है, शरीर मुलायम मजबूत होता है, दाद खुजकी कुष्ट आदि त्वचाकी व्याधि नहीं होती, सरदी गरमी सहनेकी शक्ति बढ़ जाती है तथा मच्छर आदि विषैले जन्तुओंका विष और दुष्ट पवनका असर कम होता है और सर्व धातु पुष्ट होजाती है । वाग्भट्टमें कहा है कि-

नित्य तैल लेपन करना त्वचाकी झुर्री और थकान और वायुको नाश करता है, दृष्टिकी प्रसन्नता पुष्टि आयु और बलको बढ़ाता है, त्वचाको दृढ करता है । सर्दीके दिनोंमें नित्य और गर्मीके दिनोंमें चोथे आठवें दिन तैल लेपन उचित है तथा कफ और पित्त प्रकृतियोंकी अपेक्षा वातप्रकृति, रूखेसूखे मनुष्योंको इसकी विशेष आवश्यक्ता है । अमीरोंको सर्दीमें कस्तूरी आदि मसाले और गर्मीमें चम्बेलीका तेल मलना तथा गरीबोंको सदा सरसोंका तेल अच्छा है ।

सारे शरीरकी अपेक्षा शिर चेहरा और हाथ पांवोंमें इसकी अधिक आवश्यक्ता है । तैल लेपनके पीछे किसी उबटनसे ऊपरकी चिकनाई गंधि और मैल दूर करना योग्य है । तैल और उबटन दोनों काम इस समयके शिक्षित जन साबुनहीसे लेते हैं । यदि वह पवित्र और शुद्ध उत्तम हो । तो शायद अच्छा हो । तैल और उबटनके पीछे स्नान करनेकी आवश्यक्ता होती है । परंतु किसी कारण तैल मर्दन-उबटन न किया जावे तो भी स्नान नित्य हमेशा करना चाहिये ।

स्नानको सभी देशोंके लोग गुणदायक जानते हैं और मानते हैं, परन्तु शीत उष्णकी न्यूनाधिकताके कारण इसके समय तथा क्रियामें कहीं २ कुछ भेद पाया जाता है । जैसे गर्म देशोंमें दिनमें कई बार और साधारणमें नित्य एकबार और अति ठन्डे देशोंमें दूसरे तीसरे चोथे दिन स्नान

करना उचित है और हमारे इस क्षेत्रमें बिना किसी विशेष हेतु नित्य एक बार स्नान करना योग्य और उचित है। स्नानके गुण इस प्रकार हैं कि इससे खाज मैल थकान पसीना आलस्य तृषा और गर्मी तथा ग्लानि दूर होती है और जठराग्नि दीपन होती है तथा तेज बल वायु पराक्रम बढ़ता है। आलस्य जाता रहता है तथा भोजनमें रुचि होती है। हृदयका संताप शरीरकी दुर्गंध खून फिसादका नाश करता है। तथा शरीरसे रोग मार्ग और श्वास द्वारा जो एक भांति तरल पदार्थ गैस निकलता रहता है और बल घट जाता है वह भी स्नानसे बढ़ जाता है।

स्नानका समय।

आफ्रिकाके उष्ण देशोंमें मनुष्य: प्राय रात्रिमें स्नान करते हैं और वही उन्हे गुणदायक होता है और इंग्लेण्ड रुस आदि ठंडे देशोंमें लोग मध्यान्तेर नहाते हैं परन्तु भारतवर्षमें प्रातःकाल स्नान करना ही उत्तम प्रतीत होता है।

कारण इसका यह है कि अत्यन्त गर्मीके समय पसीना आये हुए पर जलके पीते ही भोजनके पीछे आग या धूपसे तापनेके पश्चात परिश्रम करते ही तथा अति शीतमें स्नान करनेसे (रुधिरविकार अजीरण वातव्याधि आदि) अनेक रोग पैदा होजाते हैं।

और गर्म देशोंमें दिनमें गरमीकी अधिकतासे रूधिर पिघला (द्रव्य) और स्नायु तथा संधि मृदु (मुलायम) रहती है। इसलिये ऐसे समयमें स्नानसे रुधिरकी गतिमें गर्मीकी उतनी अधिकता नहीं रहती इसीसे अति उष्ण देशोंके लोग रात्रिमें नहाते हैं।

इसी प्रकार शीतल देशोंमें प्रातःकाल शीतकी अधिकतासे रूधिर जमा हुवा होता है तो स्नानसे और भी ठंढ पहोंच कर उसकी गतिके रुक जानेका भय है और मध्यान्तरमें उतनी शीत नहीं रहती तथा उनकी जठराग्नि प्रबल होनेसे भोजन भी शीघ्र पच जाता है इसीसे मध्याह्न पीछे भोजन पच जानेपर ठंडे देश निवासियोंको स्नान करना सानुकूल कहा है।

और हमारे भारत देशमें न उतनी अधिक सरदी होती है कि जिससे प्रातःकाल नहानेसे रूधिरकी गति रुकनेका भय हो और न उतनी गरमी कि जिससे रात्रिमें स्नान करना ठीक हो किन्तु इस देशमें स्नानका मुख्य समय प्रभात है तथा भोजनसे प्रथम मध्यान्ह तक भी स्नान कर सकते हैं इसके अतिरिक्त और किसी समयमें स्नान करना (बिना किसी हेतुके) अनुचित है इसी कारण हमारे शास्त्रमें प्रातःकाल स्नान उत्तम माना है।

बहुधा हमारे देशीय भ्रातृगण भी अन्य देश निवासियोंकी देखादेखी दोपहर दिन चढ़े पश्चात् स्नान करना अच्छा समझते हैं परन्तु यह सर्वथा अनुचित और अनेक रोगोंका कारण है।

इसी कारण न अति गर्म जलसे स्नान करना भला है न अति ठन्डेसे। अत्यंत उष्ण जलसे स्नान करनेसे त्वचा निर्बल होती है। खून पतला पड़नेमें रक्त पित्त आदि खूनी विकार होते हैं तथा शरीरके जोड़ ढीले होते और

आलस्य बढ़ता, जठराग्नि मन्द तथा प्रमेह और नेत्रोंकी ज्योति कम होती है और अति शीतल जलसे शरीर जम कर कई भांतिके रोग उत्पन्न होते हैं।

सारांश यह है कि ऐसे जलसे स्नान करना चाहिये जो न बहुत तेज गर्म हो न बहुत ठन्डा। अर्थात् स्वास्थ्य (तन्दुरस्त) मनुष्यको सदा सामान्यतः शरीरकी गरमाई जैसे जैसे जलसे स्नान श्रेष्ठ है। भावप्रकाशमें कहा है कि अशीते नातिसा स्नानमें अर्थात् जो जल ठन्डा न हो उससे स्नान करना सदा पथ्य है परंतु अशीत (जो ठन्डा न हो) से गरम एवं अधिक गरम न समझिये किन्तु न ठन्डा हो न गर्म हो।

हां प्रकृति विशेष तथा किसी रोगके कारण गरम या शीतल जलका उपयोग किया जावे तो यह बात पृथक् है देखो भाव प्रकाश–

शीतलपयसां स्नानं–रक्तपित्तप्रशान्तिकृत्।
तस्योष्ण न तोयेन बल्य वातकफापहम्॥१॥

भावार्थ–रक्तपित्तके विकारोंमें ठन्डे जलसे स्नान करना तथा निर्बल और कफके रोगोंमें गरमसे स्नान करना चाहिये परन्तु फिर भी जलकी गरमाई और शरीरमें एकाएक बहुत अन्तर न करना चाहिये।

यह रीति ऋतुभेदसे भी उचित है। जैसे सर्दीमें गर्म और गर्मीमें ठन्डे जलसे रुचि होती है तो भी उसमें शीत व उष्णकी थोड़ी२ न्यूनाधिकता होनी चाहिये। अर्थात् ९८ वर्ष शरीरकी उष्णता है तो पांच या सात दरजे कम ज्यादा गर्म सरद जल ले सकते हैं, अधिक ठन्डा या गरम उचित नहीं।

और गरम और ठन्डा पानी मिलाकर स्नान करना सर्वथा अनुचित है और इसी प्रकार किसी अंगपर गरम और किसीपर ठन्डा जल डालकर स्नान करना भी उचित नहीं है।

जैसा जलस्नानके लिये उचित है वे गुण हम लिख चुके हैं। अब केवल इतना ही विशेष लिखा जाता है कि जिस कुएका जल अधिक निकलता रहता है उसका जल उत्तम है।

स्नानके जलमें इतनी बातोंका और भी ध्यान रहे कि मैला गदला दुर्गंधियुक्त खारो बासी कड़वा मिचलाहट। तथा जिसमें कुछ वस्तु मिली हो या झाग या बुद्बुदे अधिक हो ऐसे जल स्नानके लिये उचित नहीं तथा अत्यन्त गरम और अति ठंडा भी न हो, किसी प्रकार अपवित्र न होगया हो एवं कुष्ठी आदि संक्रमक रोगीका उससे संपर्क न हुआ हो।

फलतः निर्मल मीठा ताजा और शुद्ध जल होना चाहिये। हमारे देशमें बहुत। मनुष्य खारी जलसे स्नान करते हैं यह भी अनुचित है कि खारी पानीमें एक प्रकारकी चिकनाई और मल तथा नमक और चूने आदिके परमाणु अधिक मिले होते हैं।

वे रोम मार्गसे शरीरमें घुसकर प्रकृतिको बिगाड़ते हैं तथा शरीरके ऊपर जम जाते हैं जिससे रोम मार्ग रुककर पसीना और स्वान (एक प्रकारकी भमका) वायु जो रोमोंके रास्ते निकलती रहती है) यथावत नहीं निकलने पाते जिससे ज्वर, पवि श्याय (जुकाम) नजला आदि अनेक विकार उत्पन्न होते हैं।

खारी जलसे स्नान करनेवालोंका शरीर कभी स्वच्छ साफ नहीं होता, बल्कि सूक्ष्म मैल और चिपचिपाहट बना रहता है। शरीरकी उष्णताके समान जलसे स्नान करनेमें कुछ अधिक विचार नहीं पर गरम जलसे नहाना हो तो पहिले नीचेका अंग पावोंकी ओरसे भिगोना और ठन्डा जल हो तो पहले ऊपरके अंग मुंहकी तरफसे, परन्तु साधारण क्रिया यही है कि प्रथम शुद्ध हाथ पांव धोकर समस्त शरीर मलना; मलनेके पीछे अधिक जलसे खूब शरीर धोना पश्चात् देशी कपड़े (तोलिये) से शरीर पोंछकर निर्मल धोती पहिरना उचित है।

यदि गर्म जलसे स्नान किया हो तो शीघ्रतासे एकाएकी बाहर ठन्डी पवनमें न आवे, इसी भांति ठन्डे जलसे नहाते ही तीव्र धूप, व अग्नि ताप तथा अति शीतसे बचे।

जिस २ अवसर पर स्नान करनेका निषेध है उसका वर्णन ऊपर कर आये हैं, परन्तु विशेष रूपसे कहा जाता है कि ज्वर अतिसार तथा अभिष्यन्दादि नेत्र रोग एवं कर्ण रोग और वात तथा आध्मान अफारा पीनस जुकाम अजीर्ण और भोजन किये पीछे स्नान करना ठीक नहीं।

अब हम थोड़ासा अनुलेपनका भी वर्णन करते हैं। अनुलेपन अर्थात् चन्दन आदि लगानेके गुणोंसे अभीतक प्रायः और देशोंके लोग परिज्ञात नहीं हैं, हमारे पुरुषाओंने बड़े युक्तिपूर्वक विचारसे इसका आचार किया था। इससे अनुलेपनमें २ बड़े गुण हैं, एक तो सुगंधित द्रव्योंके परमाणुओंसे शरीरकी दुर्गन्ध और २ विकारसे दिमागको हानि नहीं पहुंचती, दूसरे मस्तक आदि ऐसे मृदुमर्म स्थान जिनमें थोड़ा बाहरका शीत उष्ण वायु हानि पहुंचा सकते हैं, उन्हें गर्मीकी धूप लू और जाड़ेकी ठन्डी पवन और हिम ओस और बरफके अणु तथा चतुर्मास्यकी विषैली वायुसे यह लेपन बहुत ही बचाता है।

सरदीमें केशर चन्दनमें मिलाकर तिलक लगाना और गरमीमें चन्दन कपूर, वर्षाऋतुमें केशर कपूर चन्दन तीनों मिलाकरके अनुलेपन (तिलक) के स्थान मस्तक बाहु मूल और हृदय हैं पर सबसे मुख्य मस्तक है जिससे धूप हिम वृष्टिसे बचा रहनेके लिये अंग्रेज लोग भी टोपीका किनारा तीन तीन चार चार अंगुल अगाड़ी बढ़ा रखते हैं।

जिन२ स्थानोंपर स्नान करना वर्जित है प्रायः उन्हीं मौकोंमें तेलाभ्यंग और अनुलेपन भी वर्जित ही समझना। स्नान करनेके पीछे तिलक लगाना और तिलक लगानेके पीछे आंखोंमें अंजन डालना चाहिये, जिसके लगानेसे नेत्रोंकी लाल मल दाह आदि उपाधि नष्ट होती है, नेत्र शोभायमान रहते हैं और धूपकी चमक लू तेज पवन सहनकी शक्ति नेत्रोंमें अधिक होजाती है यहांतककि नेत्रोंमें कोई विकार ही न हो इससे नित्य अंजन लगाना उचित है।

यद्यपि नेत्रोंके लिये चश्मा लगाना कार्यकारी है परन्तु वह अंजनकी बराबरी नहीं कर सकता। अंजनसे नेत्रोंकी सर्व विकार नष्ट होकर दृष्टि सर्वकाल एकसी बनी रहती है।

भगवान महावीरका जीवन।

[लेखकः—डा० भोलानाथ जैन (दरखशां) मुख्तार-बुलन्दशहर।]

ईसासे पूर्व छठवीं शताब्दिमें पूर्वीय भारत स्वर्गधाम बना हुआ था। जहां प्रायः इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रियोंका निवास था। इनमें विशेषतः लिच्छावी वशिष्ट गोत्रजोंकी एक विख्यात, प्रतापवान, समृद्धशाली और वीर्यसम्पन्न जाति थी। उसके गार्हस्थ्य व्यवहार, शासनप्रणाली और धर्माचरण अत्यन्त श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट थे।

वर्तमानका अवध प्रान्त जो सदानीर (सरयू) नदीके पश्चिममें उपस्थित है उस समय कौशल देश कहलाता था। जिसकी राजधानी श्रावस्ती (अयुध्या) में थी। सरयूके पूर्व दक्षावर्ती गङ्गा नदीका उत्तरीय भाग विदेश और दक्षिणीय भाग मगधदेश विख्यात था। जिनके राजस्थान क्रमशः मिथिलापुरी और राजगृहीमें थे। इन समय उपरोक्त विदेह और मगध दोनों देशोंकी संयुक्ति होकर एक विहार प्रान्त बन गया है।

इन मुख्य देशोंके अन्तर्गत कुछ स्वाधीन प्रजातंत्र भी प्रवाहित था और वज्जियन राजसंघको उसका स्वतंत्र आधिपतित्व प्राप्त था।

उस राजसंघकी शासनप्रणाली आधुनिक पार्लीमेंटरी रूपसे थी अर्थात् एक नियत सभागार (विशाल भवन) में वृद्ध राजसभा एकत्रित हुवा करती थी, जिसके द्वारा अन्यान्य विषयक नियम प्रस्तावरूपसे प्रस्तुत होकर व्यवहृत होते थे। प्रत्येक गणके अधिपति, संरक्षक अथवा मुख्यतम व्यक्तिको राजाकी उपाधि साधारणतः दीजाती थी। जैसे आजकल महान राज सदस्योंको आनरेबिल और लार्ड आदिकी उपाधि स्वतः प्राप्त होती है।

उस राजसभामें एक सर्वमान्य, प्रभावशाली, वाचाल तथा नीतिनिपुण व्यक्तिको प्रस्तावादि प्रस्तुत करनेका अधिकार होता था, जिसे उस समयकी प्राकृत भाषामें नाति (ज्ञात्रि) नेता या नाथ कहते थे। शायद यह पद आजकलके सेक्रेटरी आफ स्टेटके तुल्य था, परन्तु ऐसा मालूम होता है कि उस समय इस पदाधिकारीका निर्वाचन आजकलकी भांति कुछ नियत समयके लिये नहीं किन्तु जीवनभरके लिये हुवा करता था।

लिच्छावी गणराजके शक्तिशाली वैशाली मण्डल (वर्तमान जिलेके सदृश देश भाग)के शासक राजा चेटक थे और वैशालीके निकटवर्ती मण्डलके अध्यक्ष राजा सिद्धार्थ थे जिनकी राजधानी कुण्डलपुर (कुण्डग्राम) में थी। आवश्यकीय सर्वगुण सम्पन्न होनेके कारण यही राजा सिद्धार्थ वृद्ध राजसभाके नाति(राज्यमंत्री) भी नियुक्त थे।

वैशाली नरेश राजा चेटककी ज्येष्ठा पुत्री

त्रिशला (उपनाम प्रियकारिणी) का पाणिग्रहण इन्हीं धर्मपरायण कुण्डलपुराधिपति राजा सिद्धार्थके साथ हुआ था। और इन्हीं महारानी त्रिशलाने चैत्र शुक्ला त्रयोदशीको सोमवारकी रात्रिके अंत समय जबकि चंद्रमा उत्तरा फाल्गुणी नक्षत्रपर विद्यमान था भगवान महावीरका आनन्दपूर्वक प्रसव किया था। तात्पर्य—भगवान महावीर लिच्छावीगण नायक नाति पदभूषण कुण्डलपुर नरेश श्रीमान राजा सिद्धार्थके सपुत्र और सौम्य राजकुमार थे। जो अपने पिताके राजसी विरुदकी अपेक्षासे बौद्धशास्त्रोंमें प्रायः नातिपुत्त और जैनशास्त्रोंमें नाथवंशी व्यक्त किये गये हैं।

संसारसृष्टिका यह नियम है कि प्रत्येक जीवात्मा अपने कर्मजनित भावों तथा क्रियाओंके आधीन जगत् गहन वनमें अनादिकालसे भ्रमण कररहा है और जबतक सर्व प्रकारके कर्मावरणसे स्वच्छ होकर मुक्त नहीं होजाता इसी भांति आवागमनके चक्रमें पड़ा हुवा जीवनमरणके संताप सहता रहेगा।

इसी सिद्धान्तके अनुसार भगवान महावीरका जीव भी अनादिसे भ्रमण भंवरमें व्यस्त था परन्तु "होनहार बिरवानके, होत चीकने पात" के चरितार्थ उनके आत्माने उन्नतशील होकर अपने पूर्वभवोंमें पुण्य कृतियों और शुभ भावनाओं द्वारा ऐसे संस्कार संचित कर लिये थे कि इस चरम शरीरमें आकर उन्हें बाल्यावस्थासे ही तत्वनिर्णय तथा अध्यात्ममार्गसे हार्दिक अभिरुचि थी। उनको अकम्प विश्वास था कि जिस अनन्त शांतिकी प्रत्येक जीवात्माको प्रतिक्षण अभिलाषा है उसकी प्राप्ति प्रवृत्ति मार्ग ग्रहण करनेसे न अबतक हुई न भविष्यमें होसकती है। विषयवासनाओंमें संलग्न रहना तथा सांसारिक विभवमें लोलुप होना परिभ्रमणका ही कारण है। वास्तवमें त्यागवृत्तिसे ही इच्छित परमानंद प्राप्त हो सकेगा इसलिये वैराग्यभाव धारण करके निजस्वरूपका चिंतन तथा आत्माकी शुद्धावस्थाका अनुभव करना ही मानवीय जीवनका मुख्योद्देश्य है।

इसी प्रकारके आत्मिक उद्गारोंमें अहर्निश व्यग्र रहते हुये उन्होंने व्रती श्रावककी अवस्थामें अपनी मूल्यवान आयुके प्रथम ३० वर्ष व्यतीत किये। इन्द्रियजन्य सुखोंकी अनित्यतापर विचार करके उन्होंने अपने प्रेम प्रेरित माता पिताके आग्रहसे भी अपना वैवाहिक संस्कार स्वीकार नहीं किया और वह आजन्म ब्रह्मचारी रहे।

३० वर्षकी पूर्ण यौवन अवस्थामें राज्य सम्पदा और गृह भोगोंको परित्याग करके स्वयं दिगम्बरी दीक्षा धारण कर ली और वनखण्डमें जाकर तपस्या करने लगे। संयम तथा मुनिव्रतका पालन करना, उपसर्ग तथा परीषहोंका जीतना, कायोत्सर्ग तथा उपवासादिका धारना, द्रव्य स्वरूप तथा आत्मध्यानमें तल्लीन रहना आदि रूपसे आत्मोन्नतिके लिये द्वादश वर्ष पर्यंत मौन व्रत सहित दुर्द्धर तपश्चरण किया।

भगवानने छद्मस्थ अवस्थामें योग साधन करते हुये भारतवर्षके विविध स्थानोंमें परिभ्रमण किया। अब वह जृम्भक ग्रामके निकट ऋजुकूला नदीके तीर शालि वृक्षके नीचे अपराह्न समयमें

शुक्लध्यान धारण किये हुये आत्मध्यानमें मग्न विराजमान थे तो ज्ञानावरणी, दर्शनावरणी, अन्तराय और मोहनी इन चार घातिया कर्मोंका क्षयकर उन्होंने केवलज्ञान प्राप्त कर लिया जिससे तथा लोकालोकके समस्त पदार्थ यथा-स्थित उनकी भूत भविष्यति वर्तमान पर्यायों सहित उनके आत्मज्ञानमें युगवत् प्रतिबिम्बित हो गई।

धार्मिक क्रियाओंकी अपेक्षा उस समय भारतवर्ष अन्धकाराच्छन्न होरहा था। यों तो यह देश सदासे ही अनेक छोटे मोटे मत मतान्तरोंका विवाद स्थल रहा है, परन्तु उस समय जैनधर्म और वैदिकधर्म दो ही उल्लेखनीय मत यहां प्रचलित थे।

यद्यपि जैनधर्ममें बाह्य आडम्बर शिथिलताका समावेश बहुत कुछ होगया था, तौभी उसमें धार्मिक दृष्टिसे या सैद्धांतिक अपेक्षासे कोई विशेषता नहीं आई थी। परन्तु वैदिक धर्मकी परिस्थिति अवश्य शोचनीय होगई थी। संस्कृत विद्याके ठेकेदार और कर्मकाण्डके प्रतिनिधि ब्राह्मणोंने स्वार्थवश होकर प्रचलित वेदमंत्रके स्वरुचि अनुसार अर्थ बदलकर या अपने कल्पित श्लोक नवीन ग्रन्थ बनाकर धार्मिक क्रियाओंको अपनी आजीविकाका साधन बना लिया था। इतना ही नहीं, परन्तु अन्य अनेक व्यवसायात्मक ग्रन्थ रचकर उस समयकी धर्म पराङ्मुख विषयाभिलाषी मूढ जनताको भ्रष्ट करनेका प्रयत्न कर लिया था। अर्थात् वैदिक मतवाले बहु समाज ब्राह्मणोंके मादक वस्तुओंसे मतवाले बने हुये थे। इस नवीन धर्मप्रणालीके अनुयायियोंमें मद्य, मांस और व्यभिचारका अधिक प्रयोग होगया था। तथा उनके प्रकार गुरुओंने उनको पंच मकारका निम्न श्लोक कण्ठस्थ करा दिया था।

मद्यं मांसञ्च मीनञ्च, मुद्रा मैथुनमेव च।
एते पंच मकाराःस्युर्मोक्षदा हि युगे युगे॥

अर्थात्—मद्य, मांस, मछली, मुद्रा (रुपया) और मैथुन इन पांच मकारोंका सेवन ही युग२ में मोक्षका दाता है।

इसी प्रकारके धर्मनाशक तथा व्यभिचार प्रसारक अनेक श्लोक गढ़कर उस समयके नामधारी धर्मगुरुओंने घोर अन्धकार फैला दिया था। देवी देवताओंकी संख्या भी अनुमान परिमितको लांघ गई थी। देवस्थानोंमें वैदिक यज्ञके नामसे मूक और निर्दोष पशुओंकी बलि हर्षपूर्वक दीजाती थी। इन कल्पित देवताओंको सुराधारासे तृप्त और अन्य प्रकारसे प्रसन्न करनेमें कामनापूर्तिका विश्वास किया जाता था। देवार्पित मद्य, मांसको महाप्रसादके नामसे सप्रेम ग्रहण करके पुरोहित और यजमान तथा उनके मित्रकलत्रादि अपनेको कृतकृत्य समझते थे। वास्तविक वैदिक धर्मके अनुयायी जो यत्रतत्र रह गये थे इस पापात्मक कर्मकाण्डको घृणाकी दृष्टिसे देखते थे और इस नवीन पाखण्ड मतको आत्मोन्नतिके मार्गसे नितांत विपर्यय होनेके कारण वाम मार्ग कहते थे।

भगवान् महावीरने सर्वज्ञ अवस्थाको प्राप्त होकर जब अहिंसाधर्मका प्रचार किया तो सुरापान और मांस भक्षणका एकदम निराकरण

गौतम गौतमको भी उसके शिष्योंने भगवान वीरकी देखादेखी बुद्ध नामसे प्रसिद्ध किया परन्तु पूर्ण ज्ञानी और अध्यात्मचारी होनेके कारण भगवान महावीर ही यथार्थ बुद्ध थे।

बौद्धधर्मके संस्थापक सौगत बुद्ध अवश्य उनसे भिन्न थे परंतु वह बुद्ध जिनको हिन्दुओंने विष्णुका २१ वां" अवतार माना है सौगत बुद्ध नहीं था बल्कि महावीर बुद्ध था। यह कोई आश्चर्यकी बात नहीं है, जब कि जैन धर्मके आदि संस्थापक श्री ऋषभदेवको भी हिन्दुओंने विष्णुका अवतार माना है इसी प्रकार संभव है कि महावीरके आध्यात्मिक उपदेशसे प्रभावित होकर भगवान महावीरको भी विष्णुका अवतार मान लिया हो।

गौतम बुद्धके स्थापित अनात्मवाद और क्षणिक सिद्धांत पर हिन्दुओंको उस समय भी आशंकायें थीं और बादमें रहीं, फिर हिंदू इतने मूर्ख न थे कि ऐसे व्यक्तिको जिसके सिद्धांत और चारित्रसे किसी अंशमें वे सहमत न थे अपने इष्टदेव विष्णु भगवानका अवतार मान लेते। गौतम बुद्ध अपनी प्रारम्भिक त्याग अवस्थामें एक' जैन मुनि पिहिताश्रवसे दीक्षित हुये परन्तु जब उन्हें छ वर्षतक कठिन तपस्या करनेपर भी उस आर्षेय ज्ञानकी प्राप्ति न हुई जिसका चमत्कार वह अपनी आंखसे भगवान महावीरमें देख चुके थे। तो हताश होकर उन्होंने जिनेन्द्र प्रणीत मुनि तपश्चर्या छोड़ दी और यह सिद्धांत स्थापित किया कि !" दुःख बुरा है, इससे बचना चाहिये"। जातिमें दुःख होता है, तप भी एक प्रकारकी जाति है, इसलिये दुःखका कारण है। इसके द्वारा उस अज्ञेय और उत्कृष्ट आर्षेय पूर्ण ज्ञानकी जो मानवी बुद्धिसे बाहर है प्राप्ति कदापि नहीं होसकती। इसपर गौतम मुनिके शिष्य उन्हें गुरुतोषके भावसे बुद्ध कहने लगे जैसा कि उस समय जनता भगवान वीरको उनकी सर्वज्ञतासे चकित होकर और प्रभावित होकर प्रायः कहती थी। अंतमें महात्मा बुद्धने भी अहिंसावादको " सर्वभूतानि " सूत्र देकर प्रचरित किया तथा अनात्म और क्षणिकवादकी स्थापना करते हुये भी महावीर प्रणीत कर्म सिद्धांतको रुचिकर प्रतीत किया और भगवान महावीरके इस सिद्धांतको भी कि ईश्वर नामका कोई विशेष व्यक्ति जगत्कर्ता, कर्म फल दाता, प्रचलित उपासना और कर्मकांडका निर्माता नहीं है, अपने बौद्ध मतका अंग बना लिया। भगवान् महावीरने सर्वज्ञ होनेके पश्चात् अन्यान्य देशोंमें विहार करते हुये ३० वर्ष पर्यन्त प्रभावशाली महत्वपूर्ण तथा सर्व हितकारी उपदेश दिया। और अन्तमें कार्तिक कृष्ण अमावास्याको प्रातः-काल स्वाति नक्षत्रमें श्री पावापुरीके निकट उपवनसे परम निर्वाणपदको प्राप्त किया।

उसी दिन भगवानके मुख्य गणधर श्री गौतमस्वामीको केवलज्ञान लक्ष्मीकी उपलब्धि हुई। इन दोनों भव्य प्रसंगोंमें देवोंने महान् उत्सव मनाया। तथा मगधवासी जनताने अपने आनंदका अनेक प्रकारसे प्रकाश किया। आहार मिष्टान्न वितीर्ण किया। श्रीमानोंने लाखसे भरे हाट बाजार उन लोगोंके आदरसत्कारके लिये अर्पण

कर दिये। इस महान् उत्सवमें दूरवर्ती स्थानोंसे आकर लोग संमिलित हुये थे, गृह वस्तिकाओं हाट, बाजारों, गलीकूचों, देवालय, धर्मशालाओं आदि समस्त स्थानोंको दीपोंकी पंक्तियोंसे जगमगा दिया। और इन कार्योंसे निवृत्त होकर रात्रिको निश्चित समयपर घर२ में स्त्री पुरुषोंने शांत हृदयसे भगवान् महावीरका ध्यान पूजन आदि किया। समोशरणका चित्र घरोंकी भीतोंपर खींचकर भगवानका आह्वानन और गौतम गणेशकी ज्ञान लक्ष्मीका पूजन किया। कुछ भगवानके भक्तोंका ऐसा विचार भी है कि जिस समय वीर प्रभुकी परमोत्कृष्ट दिव्य आत्मा अवशेष चार अघातिया कर्मों–वेदनी, नाम, गोत्र और आयुका नाश करके लोक शिखरकी ओर स्वच्छ आकाशमें ऊर्ध्व गमन कर रही थी तो उस समय कृष्ण पक्षकी रात्रिका अन्धकार होते हुये भी एक अपूर्व देदीप्यमान प्रकाश चहु दिशामें फैल गया था, समस्त लोकमें एक अद्भुत चमत्कार दृष्टिगोचर हुवा था। अत: उस ज्योतिर्मान दृश्यको हृदयांकित करते हुये लोगोंने भगवानकी भक्तिसे प्रेरित तथा उनके निर्वाण लाभसे आमोदित होकर उस दिन बड़े आनंद और समारोहके साथ दीपावलीका उत्सव मनाया था।

कारण कुछ हो, परन्तु इसमें तनिक संदेह नहीं कि भगवान वीरनाथका व्यक्तित्व उपरोक्त उद्धरणोंकी साक्षी होते हुये इतना सर्व प्रिय, सर्वमान्य अवश्य था कि उनके निर्वाणोपलक्षका शुभ स्मारक इस आनन्द विधनके रूपमें स्थापित किया गया और उनके मुक्तिलाभकी स्मृति दीपावलीके नामसे आजतक भारत वर्षमें एक आवश्यक अनिवार्य जातीय त्योहारके रूपमें प्रति वर्ष यथासमय आनंद और हर्षपूर्वक मनाई जाती है।

भगवान महावीरका पूर्ण ब्रह्मचर्य, उत्कृष्ट त्याग, धर्मनिष्ठाचरण, शांतिमय धर्मोपदेश तथा स्वतंत्रक्रियात्मक अहिंसावादका द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक निरूपण उनकी जगत् व्यापक प्रख्याति और लोक मान्यताका मूल कारण है। और जबतक भारतवासियोंके चित्त सागरमें अहिंसा और अध्यात्मकी किल्लोलें आत्मगुण नीरको स्वच्छ करती रहेंगी, विश्वप्रेमी जगदोपकारी महावीर भगवानके प्रति कृतज्ञताका चित्र भी इसी पृष्ठपर चिरस्मरणीय रूपसे अवश्य अंकित रहेगा।

जैन समाजमें दीपावलीके उपलक्षमें महावीर भगवानका लड्डू चढ़ानेकी प्रथा प्रचलित है परन्तु लड्डू द्वारा निर्वाण पूजा कभी दीपावली उत्सवसे पूर्व प्रात:समय और कभी उसके पश्चात् प्रतिपदाके प्रात:कालमें होती है। उसका कोई निश्चय नहीं। शायद पंडित जन यह देखकर समय निश्चय करते होंगे कि जिस दिनके प्रात: समय अमावस्या हो उसी दिन लड्डू विधान किया जाय, चाहे उस प्रात: समयके बादका दिन प्रतिपदा हो चाहे अमावस्या। परन्तु यह मान्यता भ्रम मूलक है। क्योंकि जिस दिनके प्रात:कालमें भगवानका निर्वाण हुवा उसके ही सायंकालमें दीपावली उत्सव मनाया गया। इसलिये निश्चय यह करना चाहिये कि दीपा-

[illegible] उत्सव किस तरहसे मनाया जावेगा। और [illegible] पूर्व प्रातः समय निर्वाण पूजा होनी चाहिये। अन्यथा यह कहना अयथार्थ होजायगी कि निर्वाण होनेके उपलक्षमें दीपावली मनाई जाती है जैसा कि कभी२ दीपावलीके बाद निर्वाण उत्सव किया जाता है।

इसके अतिरिक्त अनेक कविकृत महावीर चरित्रमें भगवानके मोक्षका समय कार्तिक वदी १४की रात्रिका अन्त समय दिया है। जो दीपावलीकी वर्तमान प्रथाको देखते हुये अधिक ठीक जान पड़ता है। भगवान मुक्ति जानेके दो दिन पूर्वसे [illegible] प्रारम्भ [illegible] होगये थे और संभवतः उससे २—३ दिन पूर्व तेरसी व चौदसीको उनके समोशरणकी रचना विघटित होगई थी। यही वह दिन है जो पूर्वीय और उत्तरीय भारतमें अहोई [illegible] के नामसे इस प्रकार मनाया जाता है कि स्त्रियां अपने घरोंमें एकांत स्थानोंकी भीतोंपर [illegible] चित्र बनाती हैं। अन्यान्य प्रकारसे उसकी पूजा करती हैं और दिनभर उपवास करती हैं। यह सब क्रियायें समोशरणके विघटनकी सूचक हैं। और नामसे भी यही ज्ञात होता है। क्योंकि अहोईका अर्थ है न होनेवाला अर्थात् समोशरणकी रचना इस [illegible] में अब होनेवाली नहीं। शायद इसी शोकमें उपवास किया जाता है।

हमारे विचारसे अहोई अष्टमी भी इस बातकी साक्षी है कि दीपावली उत्सव भगवानकी मोक्ष प्राप्तिका ही स्मारक है, और कुछ नहीं।

जैनियोंको प्रयत्न करना चाहिये कि समोशरणका चित्र सरल और समीचीन बनाया जावे तो समोशरणके छपे हुवे चित्र घरोंमें एकांत स्थानपर लटकाये जावें और उनके समक्ष हाट हटरी जो रक्खी जावे और उनमें खील बताशे मेवा पकवानादि भरे जावे। वह स्वयं न खाये जावे। बल्कि दूसरोंको वितीर्ण किये जावे। भगवानका पूजनादि विधिपूर्वक करके समस्त स्त्री पुरुष रात्रिको भगवानका ध्यान करें। मिष्टान्नादि खावें और हर्ष मनावें। उपरोक्त कथनके अनुसार दीपावली उत्सव मनाना और उसका सार्थक रूप देना हम सबका कर्तव्य है। इस महान पर्वमें जो कुप्रथायें रूढ़िवश प्रवेश कर गई हैं उनको दूर करें। ॐ शांति।

समवशरणका नकशा।

यह अनुपम सुन्दर और तिरंगी बड़ा चित्र समवशरणका अच्छा ज्ञान करा देता है। मंदिरों व मकानोंमें जड़ाकर रखने योग्य है। मू॰ ।।)

राष्ट्रीय सत्याग्रह-संग्राममें जेल जानेवाले दि० जैन वीर।

सेठ छोटालाल गांधी।

छगनलाल उ० सरैया।

साकेरचंद म० सरैया।

(१) डी० आर० पलसे। (२) पद्माकर रणदीव। (३) रगनाथ रणदीव।

बिंद्रावन इमलया। वैद्यभू० पं० मथुराप्रसाद। केशवलाल ब० लिंबासी।

राष्ट्रीय सत्याग्रह-संग्राममें जेल जानेवाले दि० जैन वीर—

सुन्दरलाल पावार ।

दीपचन्द खंडेलवाल ।

शान्तिलाल खंडेलवाल ।

विश्वम्भरदास गार्गीय ।

हरिश्चन्द्र पलसपुरे—काटोल ।

चांदबिहारीलाल, अमरोहा ।

बुद्धसेन अमरोहा ।

कल्याणकुमार "शशि" ।

पं० देवेन्द्रकुमार, इन्दौर ।

प्रेत भोजका भक्त और आशाधर पार्टी ।

पं० परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ—सूरत ।

रामलालके मरनेके बाद उनकी धर्मपत्नी विधवा रामदुलारी हृदयविदारक रुदन करती हुई घरमें बैठी थी। माताको इस प्रकार प्रातःकालसे रोता हुआ देखकर उसका नव वर्षका इकलौता पुत्र नारायण माताकी गोदमें शिर रखकर रोरहा था। अभी विधवा हुये पांच दिन ही हुये थे, इसलिये पति वियोगकी चोट रामदुलारीको ताजी ही थी। इसपर भी पतिके मरनेके बाद कारज (नुक्ता) करनेकी चिंताने दुःखको द्विगुणित कर दिया। शोकसागरमें मग्न रामदुलारीको पड़ोसी-जन समझाने लगे कि—"बाई! अब रोनेसे क्या होनेवाला है? अपने पतिका कारज सुधारो। रोनेसे तो व्यर्थमें उनकी आत्मा दुखी होगी, और तुम्हारी भी इसमें देह बिगड़ती है।" इत्यादि कहकर लोग जलेपर नमक छिड़कने लगे। इस बिचारीको कोई आश्वासन देनेवाला नहीं था, उल्टा दुःखमें वृद्धि करनेवाला सब कोई था।

"नारायण! तेरी मांने यह क्या ढोंग रचा है? क्या तेरे बापकी मौत बिगाड़ना है? कल हम कह गये थे सो उसपर क्या विचार किया? ऐसे रोनेसे कोई देनेको नहीं आजायगा। नाहक जातिमें चर्चा चलेगी।" इसप्रकार माधव काकाने आते ही सुनाना शुरू कर दी।

माधव काका सारी जातिके काका थे। छोटे बड़े सब उन्हें काका कहते थे। छोटेका मरण हो या युवकका और उसके घरकी स्थिति चाहे खराब हो, तौभी आप समझा बुझा कर, डाट डपट और धमका कर कारज कराके ही रहते थे। और ऐसे प्रेत भोजनसे अपने उदर भरनेकी माधव काकाको आदत ही पड़ गई थी। इस काममें आपका पहिला नंबर था।

रामदुलारी रोती हुई बोली—"आप तो सबसे बड़े हैं, जातिमें आपका किया हुआ होता है और ऐसे प्रसंगपर आप ही सबको समझाते बुझाते हो। मेरी स्थिति आपसे कुछ छिपी हुई नहीं है। मेरा आधार गया! नारायण अभी बालक है। घरमें खानेको ही मुसीबत है! अब क्या करना चाहिये सो कुछ सूझता नहीं है।"

माधवकाका—"तेरई (नुक्ता) करनेका समय बारबार नहीं आता, तुम्हारा पति क्या तुम्हारे पास मांगनेको आयेगा? गहना बेंचो, मकान बेचो या जैसा सूझो सो करो, परन्तु कारज किये बिना कहीं चल सकता है? क्या घरकी आबरू खोना है? तेरे पास तो दो पैसा भी हैं, नहीं होवें तो लोग कर्ज करके भी जाति जीमन कराते हैं।"

रामदुलारी खुलासा करती हुई बोली—"आपको व्यर्थकी शंका है, छः छः महीना तक तो वे बीमार रहे। उनकी दवा दारूमें जो कुछ था सो सब लग गया। अन्तमें गहने भी बेच डाले। मनमें थी कि अच्छे होकर फिर कमावेंगे। जीते रहते तो सब कुछ था, मगर विधाताने

घोर निर्दयतासे काम लिया। रहनेके घरके सिवाय हमारे पास दूसरा कुछ भी नहीं रहा है।"

माधवकाका—" अरे मकान तो है न ? तो फिर क्या फिकर है ? मकान रखकर कारजके लिये रुपया मैं दिलवा दूंगा। रामलालके द्वारा बनवाया गया मकान उसके काम न आवे तो किसके काम आयगा ? तुझे एक लड़केका पेट भरना है उसमें क्या ? मजूरी करके खाना, परन्तु कारज नहीं किया तो इज्जत सारी मिट्टीमें मिल जावेगी। हमसे तो गांवमें मुह नहीं दिखाया जावेगा और फिर रामलालके जीवको भी असंतोष होगा। अब दिन भी तो थोड़े रहे हैं, इसलिये जल्दी तैयारी करना पड़ेगी। मैं आज ही सेठ लक्ष्मीनारायणसे मिलकर पूछ लेता हूं।"

रामलाल एक गरीब गृहस्थ थे। मामूली दूकान थी। घरमें रामदुलारी फुरसतके समय बीड़ी बनाती थी, रामलाल दिनभर दुकानपर परिश्रम करके चार पैसे कमाते और संतोषपूर्वक जीवन व्यतीत करते थे। नारायण प्रतिदिन स्कूल जाता था। धीरे २ दुकानका कारोबार बढ़ चला और कुछ पैसे हाथमें आगये। इसलिये एक निजी मकान खरीद लिया तथा कुछ दिनोंमें ही रामदुलारीके लिये थोड़ेसे गहने भी बनवा दिये। परन्तु दैव इस गरीब एवं सुखी जोड़ाको न देख सका, करीब दो माह ही इस मकानमें रहा होगा कि रामलालको प्राणघातक क्षयरोगने घेर लिया। दो महीनेमें तो उसका शरीर एकदम क्षीण होगया। अब दुकानपर बैठना अशक्य होगया और वह घरके बिछौनेमें ही पड़ा रहता। नारायणको स्कूल छुड़ाकर दुकानपर बैठानेका विचार किया, मगर रामदुलारीने यह बात अस्वीकार कर दुकान उतनेके लिये बंद रखनेका निश्चय किया जबतक कि पति स्वस्थ न हो जावे।

रामलालका रोग बढ़ता ही गया। अनेक वैद्य और डाक्टरोंकी दवा कराई। लेकिन कुछ लाभ न हुआ। आखिरकार पीर फकीर और गंडा तावीज कराना प्रारम्भ किये। मगर कुछ भी असर नहीं हुआ। रामदुलारीने पैसेकी तंगीके कारण दुकानका सामान कौड़ीके मोल बेच डाला, और इस आशासे कि पति अच्छा होजावेगा, फिर कमाकर सब बन जावेगा, अपने शरीरपरके गहने भी बेच डाले। बहुत दिनों तक बीमारी रहनेसे जब घरमें कुछ भी नहीं रहा, तब इस खाली घरको उसका देहधारी आत्मा भी खाली करके चला गया। एक तरफसे पतिका मरण, दूसरी ओर घरमें कुछ भी पैसा या गहना न रहा और तीसरे नारायणको पढ़ानेकी चिन्ता। इस प्रकार त्रिविध तापको लेकर रामदुलारीका हृदय जलने लगा। पांच पांच दिनसे उसने अन्न नहीं खाया था, और दिनरात रोती रहती थी। ऐसी दयनीय परिस्थितिमें भी उसके अड़ौसी पड़ौसी और कुटुम्बीजनोंने मकान बेचकर काज (नुक्ता) करनेकी सलाह दी।

इधर माधवकाका सेठ लक्ष्मीनारायणके घर पहुंचे और बोले कि सेठजी सा०। आपको तो मालूम होगा कि रामलालका अवसान होगया है। अब उसकी विधवा ढोंग करनेको बैठी है और कहती है कि घरमें कुछ नहीं है। क्या छह

महीनेमें सारी कमाई पूरी होगई होगी ? कुछ भी हो, हमने तो विचार किया है कि उसका मकान आपके यहां गिरवी रख दिया जावे। आप कामके लिये रुपया देदेवें। ठीक है न?

सेठ लक्ष्मीनारायण—यह तो उस रांड़की सरासर बेईमानी है! घरमें काम करनेके लिये पैसा नहीं होगा, यह कौन मान सकता है? फिर भी काकाजी! आप उसके लड़के नारायणको हमारे यहां लाओ, एक वर्षके बायदेकी टीप लिखाकर ३००) हम उसे इस शर्तपर देदेंगे कि एक वर्ष पीछे सवाया रुपया हमारा चुका देवे! माधव काका "ठीक है," कहकर चलते बने!

दूसरे दिन माधवकाका प्रातःकाल रामदुलारीके घर पहुचे और बोले कि देख, मैंने जैसे तैसे सेठ लक्ष्मीनारायणको समझाकर तैयार किया है। नारायणको हमारे साथ भेज दो तो दस्तावेज लिखाकर रुपया ३००) दिलवा देंगे। माधवकाका नारायणको लेकर सेठके घर गये और लिखाने पढ़ानेकी सब विधि कराके ३००) दिलवाये। उसमेंसे १५) सेठने उठा लिये और कहा कि अपनी मासे कह देना कि जब इतना काम करना है तब २५) पुण्य भी करना चाहिये। यह धर्मादा खातेमें रहेंगे! पौने तीनसौ रुपया लेकर नारायण अपनी माके पास गया। और सब बात कह सुनाई। एक वर्ष पीछे पौने तीनसौके पौने चारसौ रुपया देना पड़ेंगे ऐसा विचार कर रामदुलारीका खून जल गया! और इन लोहूके रुपयोंमेंसे २५) इकट्ठे धर्मादा खातेमें गये जानकर आंखोंमेंसे आंसू निकल पड़े!

माधवकाका व्यवस्थाके बहानेसे ५—६ दिन पहिलेसे ही रामदुलारीके यहीं खानेपीने और रहने लगे। नुक्ता किया गया, लोग लाल पीली पगड़ी बांध बांधकर आने लगे और उन खूनी लड्डुओंको गलेमें उतारकर मूछोंपर हाथ फेरते हुये अपने २ घर चलते बने! और सब कार्योंका सफाया होगया! बिचारी रामदुलारी ढोरोंकी भांति खूब जोरसे चीख मार मारकर रोती रही, मगर लोगोंका इधर कुछ भी ध्यान नहीं गया!

आखिरकार रामदुलारीने अपनी गुजर चलानेके लिये चर्खा चलाना प्रारम्भ किया। पौनी बनाकर बेचती, सूत तैयार करती और उसमेंसे चार पैसे पैदा करके अपनी गुजर और नारायणके पढ़ाईका खर्च निकालती। नारायण भी फुरसतके समय मांके काममें मदद करता, और जैसे तैसे अपना गुजारा चलाने लगे।

धीरे २ एक वर्ष समाप्त होगया। सेठ लक्ष्मीनारायणका आदमी रुपया मांगनेको आया। रामदुलारीके होश उड़ गये! वह बोली कि अभी तो एक पैसाका भी सुभीता नहीं है। मगर सेठजी कब माननेवाले थे। उस बिचारी अनाथिनीका मकान कुड़क करवा लिया गया! उस समय न तो लड्डू खानेवाले पंचोंने सहानुभूति बतलाई और न मेलमोलके भक्त माधवकाकाने ही दर्शन दिये!

विधवा रामदुलारीपर आपत्तिका पहाड़ टूट पड़ा! नारायणका पढ़ना छुड़ना पड़ा! अब उसे एक भाड़ेकी कोठरी लेकर रहना पड़ा! लड़केको एक खादी भण्डारमें (१) मासिककी

धार्मिक, सामाजिक व राष्ट्रीय सभ्यता।

(ले०-श्रीमान् ब्रह्मचारी सीतलप्रसादजी)

इस जगतमें मानव सबसे बड़ा प्राणी है अतएव उसका कर्तव्य है कि सभ्यतासे चले। सभ्यता ही मानवका भूषण है। जिससे अधिकाधिक परस्पर लाभ हो व कमसे कम परस्पर हानि हो वही सभ्यता है। जिससे सुख शांति बढ़े व आकुलता मिटे वही सभ्यता है। जिससे Sound mind & healthy body शांत मन व स्वास्थ्य युक्त शरीर रहे वही सभ्यता है। जिससे परस्पर मानवोंमें प्रेम व परोपकार बुद्धि बढ़े व हित करनेकी आकांक्षा जागृत हो वही सभ्यता है। जिससे इस लोकमें सुयश व परलोकमें शुभ गति प्राप्त हो वही सभ्यता है। सभ्यतामें परोपकार और सोपकार दोनोंका रस गर्भित है। सभ्यता विहीन मानव पशुतुल्य है, सभ्यतासे ही मनुष्यताकी महिमा है।

यह सभ्यता तीन प्रकारकी है—धार्मिक, सामाजिक व राष्ट्रीय।

धार्मिक सभ्यता—सबसे अधिक आवश्यक है। क्योंकि इसमें मुख्यतासे अपने आत्माका सम्बन्ध है। धार्मिक सभ्यताके चार लक्षण हैं—प्रशम, संवेग, अनुकम्पा, आस्तिक्य। शांत व विचारशील भावका रहना प्रशम है। धर्मसे प्रेम व अधर्मसे वैराग्य संवेग है। प्राणी मात्रकी तरफ दया गर्भित प्रेम अनुकम्पा है। आत्माकी सत्तापर व उसकी नित्यतापर व उसकी बंध व मोक्ष अवस्थापर विश्वास आस्तिक्य है। इन चार भावोंका समावेश आत्मोन्नति व परोपकार वृत्तिमें हो जाता है। हरएक मानवको उचित है कि वह अपने आत्माको पहचाने व उसकी उन्नति करे। चेतना (Consciousness) एक ऐसा गुण है जो आत्माको अनात्मासे पृथक् करके लक्षित करता है। इसीसे आत्मा सत है, नित्य है। यह सिद्ध है। प्रत्येक आत्मा अपनी सत्ताको भिन्न रखता है क्योंकि प्रत्येकका ज्ञान, सुख, दुःख, अनुभव व इच्छाका प्रवाह भिन्न ही प्रकारका है। यह आत्मा वर्तमानमें अशुद्ध है क्योंकि इसमें अज्ञान व राग-द्वेष पाए जाते हैं। इनसे आत्मामें दोष हैं यह सर्वमान्य है। कोई भी व्यक्ति अज्ञानको व राग द्वेष भय क्रोधादिको अच्छा नहीं कह सक्ता है। जब कि ज्ञान व शांत भाव सबको पसंद है।

अतएव ज्ञानकी व शांतभावकी वृद्धि करना ही आत्मोन्नति है। इसका उपाय अपने ही आत्माका यथार्थ श्रद्धान, ज्ञान व आचरण है। जिसको

नौकरीपर रख दिया और स्वयं नित्य चर्खा कातकर जैसे तैसे अपना गुजारा चलाने लगी। अपने पुत्र नारायणको भविष्यमें सेठ या बड़ा कार्यकर्ता बनानेकी आशापर पानी फिर गया।

(गुजरातीसे परिवर्तित और परिवर्द्धित)।

जैन सिद्धांतने रत्नत्रय धर्म कहा है। आत्माकी उन्नति आत्मा ही के द्वारा होती है। आत्मा ही साधन है, आत्मा ही साध्य है। जो कोई अपने आत्माका ध्यान, चिंतवन, भजन, मनन करता है उसीका अज्ञान व राग द्वेष घटता है, उसीका ज्ञान व शांत भाव बढ़ता है। जैन तीर्थंकरोंने इसी आत्मध्यानका अभ्यास किया था व यही उपदेश जीवमात्रको दिया था।

आत्मध्यानका साधन मुनि धर्म है व उसीका एक देश साधन गृही धर्म है। आत्माका ध्यान आत्माके ही शुद्ध गुणोंपर आकर्षण करनेके लिये अर्हत्‌की भक्ति, गुरुकी सेवा, शास्त्र पठन, सामायिकका अभ्यास है। इन चार उपायोंसे गृहस्थ आत्मध्यानकी सिद्धि कर सक्ता है। इसका तुर्त फल सुख शांतिका लाभ है। यही आत्माकी शुद्धिका साधन है। परोपकार धर्म अहिंसाके सिद्धांतमें गर्भित है। जैसा मुझे कष्ट होता है वैसा ही दूसरोंको होता है, यही भाव अहिंसा है। सब सुखी रहना चाहते हैं, सब कोई जीना चाहते हैं, इसलिये इस जगतमें हमें ऐसा जीवन बिताना चाहिये जिससे हम बहुत कम हानि पहुंचा सके। इसीसे हमें न्याययुक्त रीतिसे असत्य व चोरी न करके धन कमाना चाहिये व आमदके भीतर जीवन निर्वाह करके कुछ बचाना चाहिये। जिसे आहार, औषधि, अभय व विद्यादानमें खर्च करना चाहिये। हमारा आहार शुद्ध व अहिंसक हो। मांस व मद्यका हमको संयम हो, सादा शुद्ध शाकाहार हमारी खुराक हो। प्रकृतिमें धान्य व फलकी उत्पत्ति इसीलिये हो। प्रत्येक मानवको दयावान, सदाचारी, संतोषी व नीतिमार्गी होना चाहिये। परका दुःख सो मेरा दुःख है। परका कष्ट निवारण सो मेरा कष्ट निवारण है। यही भाव परोपकार प्रयोगकी जड़ है।

जो मानव आत्मोन्नति करता हुआ परोपकारका अभ्यास करता है, जगत मात्रसे प्रेम करके जगतका हित करता है, वही धर्मिक सभ्यताका धारी मानव है। हरएक मानव स्त्री या पुरुषको शिक्षा प्राप्त करके इस सभ्यताका अनुयायी होना उचित है। यही श्री ऋषभादि महावीर पर्यन्त सर्व ही तीर्थंकरोंका उपदेश है। यही संक्षेपसे जैनधर्म है। इसी सभ्यताका पालक एक जैनधर्मका अनुयायी है।

सामाजिक सभ्यताका अर्थ यह है कि समाजमें ऐक्य रहे, प्रेम हो, समाज विद्यासम्पन्न हो, धनशाली हो, उदार हो, परस्पर सहायक हो। बहुतसे नरनारियोंका एक विशेष समुदाय एक विशेष समाज कहलाता है। जैसे जैनसमाज, सिक्ख समाज, हिन्दू समाज, मुसलमान समाज। समाजमें स्वाभाविक एकता धर्मकी समानतासे होती है। एक प्रकारका धार्मिक विश्वास सबको एक सूत्रमें बांध लेता है और वे आपसमें पक्के भाईचारेके भावसे परिपूर्ण होजाते हैं। एक विशेष समाजकी सभ्यताके बनानेका अधिकार कुछ समाजके मुख्य नेताओंके ऊपर रहता है। वे पथप्रदर्शक होके सबको अपने साथ लेकर चलते हैं। साधारण समाजका जनसमूह उनहीका अनुकरण करता

है। सामाजिक सभ्यताके नेता बड़े ही विचार शील, देशकालज्ञ, निर्भीक, धर्मके तत्वके मर्मी, व बड़े भारी परोपकारी तथा नीति व न्यायमें निपुण तथा मायाचार रहित होने चाहिये। ऐसे नेताओंका कर्तव्य है कि सामाजिक सभ्यताके लिये नीचे लिखे कार्यपर लक्ष्य देवें:—

(१) समाजके सब बालक बालिकाओंको धार्मिक व लौकिक शिक्षासे विभूषित किया जावे, कोई भी बालक प्राथमिक शिक्षासे बाहर न रहे।

(२) प्रौढ़ उच्च कोटिके धार्मिक व लौकिक विद्वान समाजमें उत्पन्न किये जावें, इसके लिये उत्साह बर्द्धनार्थ योग्य छात्रवृत्तियें नियत की जावें।

(३) समाजमें गरीबोंको काममें लगानेके लिये शिल्प व उद्योगके कारखाने खोले जावें।

(४) समाजके लोगोंका व्यय विवाहादि कार्योंमें बहुत ही परिमित हो, किसीको भी कर्ज लेनेकी जरूरत न पड़े ऐसी रीति-रिवाजोंका चलन जारी किया जावे।

(५) वीर संतान समाजमें पैदा हो इसलिये प्रौढ़ वयमें योग्य सम्बन्धके साथ विवाह किये जावें। ऐसे विवाहोंको रोका जावे जिससे स्त्रीको या पुरुषको या दोनोंको अपने जीवन कष्टप्रद बनाना पड़े।

(६) समाजोन्नतिके लिये समाजके हाथमें एक भंडार होना चाहिये, उसे एकत्र करनेका उपाय है कि जब कोई पुरुष २५ या उससे ऊपरका मरण करे तब उसकी हैसियतके अनुसार जायदादसे लिया जावे। पांच आदमियोंकी एक कमेटी जो नियत करदे उतनी रकम उठावनीके दिन उसकी छोड़ी हुई जायदादमेंसे उसी समय लेजावे। इसी ही फंडसे समाजोन्नतिके लिये शालाएँ चलें, औषधिशालाएँ खुलें, अनाथोंकी सहायता हो। इस फंडका ट्रष्ट हो। किसी गरीबके पास पैसा पूंजी नहीं हो उसको इसमेंसे कर्ज देकर धंधा करा दिया जावे।

(७) समाजमें ऐक्यवर्द्धनार्थ सालमें एक दो दफे समाजका सम्मेलन हो, जब सब मिलें और सामाजिक उन्नतिका उत्साह बढ़ाया जावे व समाजको उन्नतिपर लानेका नवीन नवीन उपाय सोचकर काममें लाया जावे तब ही समाज भंडारका हिसाब प्रगट किया जावे।

(८) कभी कभी सर्व समाजको एक पंक्तिमें मिलकर एक साथ खानपान भी करना चाहिये।

(९) समाजमें कोई कन्या व कोई लड़का व्यर्थ ही अविवाहित न रह जावे, ऐसा प्रबन्ध मुखियाओंको करना उचित है।

(१०) समाजकी संख्या न घटने पावे ऐसा यत्न भी मुखियाओंको करना उचित है। इसलिये हर तीसरे वर्ष समाजकी संख्याकी जांचकर लीजिये व जिन कारणोंसे घटी होती है उनको दूर करना चाहिये।

संक्षेपमें समाजकी संख्या व सदाचारकी रक्षा करना व उसको विद्या सम्पन्न, धन सम्पन्न व कार्यकुशल बनाना ही सामाजिक सभ्यताकी रक्षा करना है।

जिस समाजमें संख्या घटती जावे व दरिद्र व बेकारी व असदाचार बढ़ता जावे वह समाज

सभ्यतासे पतित होगई है; ऐसा कहना होगा। वर्तमान जैनसमाज इसी कोटिमें दिख रही है। यदि जाति मात्रकी सभ्यताको असली सभ्यतामें लाना हो तो समाजके भीतर योग्य नेताओंको कदर करनी चाहिये और जिस तरह जैनसमाज सत्यतामें व सदाचारमें उन्नति करे उसकी योजना करनी चाहिये।

राष्ट्रीय सभ्यता—राष्ट्र एक समान प्रबंधके आधीन होता है। जितना क्षेत्र समान प्रबंधमें हो वह एक राष्ट्र है। राष्ट्रका प्रबन्धक चाहे एक राजा हो या एक सभा हो, उसका यह मुख्य उपाय होना चाहिये कि सर्व ही प्रजा भूखी न रहे, उचित वस्त्र प्राप्त करे, तंदुरुस्त रहे, विद्या सम्पन्न हो, धन सम्पन्न हो, व्यसनी न बने, सदाचारी रहे, वीर हो, स्वतंत्र हो व सुखशांतिकी भोगनेवालीहो, राष्ट्रके प्रबन्धक राष्ट्रके हितार्थ ही हों, वे दूसरे राष्ट्रके लिये एक राष्ट्रको अपना ग्राहक न बनावें।

जैसी बृटिश राज्यकी पद्धति भारतमें होरही है ऐसी पद्धति राष्ट्रीय सभ्यताकी बाधक सर्वथा घातक है। प्रजासे उतना ही कर लिया जाय जिसको प्रजा सुगमतासे देसके। किसानोंके जीवनको पवित्र समझना चाहिये। क्योंकि वे प्रजाके जीवनाधार अन्नके उत्पादक हैं, वे कर्जदार व भूखे न रहें, ऐसी योजना की जावे व उतना ही कर वसूल किया जावे। करका उपयोग किस तरह किया जावे? प्रबंध विभागमें बहुत अधिक वेतन भोगी मंत्री दलको न रक्खा जावे। प्रबंध व रक्षा विभागमें इतना धन खर्च किया जावे कि स्वास्थ्यवृद्धि व शिक्षाप्रचारके लिये उचित धन बच सके।

आजकल जैसे बृटिश राज्यने भारतमें यूरोपियन अफसरोंकी बड़ी ऊंची ऊंची तनखाएं कर रक्खी हैं उसका व पुलिस विभागमें बेहद खर्च कर रक्खा है, यह भारतकी राष्ट्रीय सभ्यताके लिये हानिकारक होरहा है। राष्ट्रीय प्रजाके लोगोंको सैनिक शिक्षा दी जानी चाहिये। वेतन भोगी सेना थोड़ी रखनी चाहिये। काम पड़नेपर घर२ से सैनिक तैयार होजावें, पुलिसकी संख्या भी अल्प रक्खी जावे। गांव गांवके ग्रामपति बना दिये जावें, वे ग्रामीणोंकी कमेटी द्वारा उस ग्रामकी रक्षा करें। द्रव्यको बचाकर राष्ट्रमें ऐसा प्रबंध हो कि हरएक बालक बालिका कमसेकम प्राथमिक शिक्षासे विभूषित हो जो मुफ्त दी जावे। प्राथमिक शिक्षाके सिवाय माध्यमिक व उच्च शिक्षाके लिये भी पुस्तक व फीसका खर्च कम रक्खा जावे ताकि निर्धन मानवोंके बालक भी पढ़ सकें। स्वच्छता व औषधि उपचारका यथेष्ठ प्रबंध हो। औद्योगिक शिक्षा विशेषतया दीजावे। हरएक प्रजाको स्वतन्त्रतासे आजीविका करने योग्य बना दिया जावे।

भोजन वस्त्र व वर्तन इन तीनोंके लिये यंत्रोंसे काम न लिया जावे। इन तीनोंके लिये नर-नारीके हाथरूपी यन्त्र ही काममें लिया जावें तो देशमें कभी बेकारी नहीं हो सकती है। इन आवश्यक चीजोंकी सबको जरूरत पड़ती है। एक राष्ट्रकी प्रजा स्वयं उनको तय्यार करके काममें लेगी तो कोई भूखा नहीं रह

सक्ता है। सबको परिश्रम करनेको मसाला मिल जायगा। यंत्रोंके द्वारा कपड़ा बनानेसे व बर्तन व भोग्य पदार्थ शक्कर आदि पकानेसे व आटा आदि पीसनेसे धनिक वर्ग तो धन संपन्न होजाते हैं परन्तु राष्ट्रमें लाखों मजूर बेकार हो जाते हैं। यही कारण है जो इंग्लैंड, जर्मन आदिमें लाखों बेकार हैं। भारतमें भी करोड़ होंगे। परन्तु यहां तो गणना की ही नहीं जाती है। राष्ट्र द्वारा यह प्रबंध हो कि सर्व कोई लौकिक शिक्षाके साथ २ अपने धर्मकी शिक्षा लेवें। धर्मका भाव प्राणियोंको विषयका गुलाम होनेसे बचाता है। हरएक नरनारीका, जो राष्ट्रमें हो, यह पवित्र कर्तव्य है कि वे अपने स्वदेशका बना अन्न खावें, स्वदेशी औषधि लेवें, स्वदेशी वस्त्र पहरें व स्वदेशी ही बर्तन काममें लेवे।

राष्ट्रके प्रबंधकोंका यह पवित्र कर्तव्य है कि उस राष्ट्रके उद्योग व व्यापारकी वृद्धिमें सहायक हो। मदिरा आदि व्यसनोंकी बंदीका कानून बना दे, तथा सामाजिक व सदाचारके ह्रासमें जिन जिन कारणोंसे क्षति आती हो उन२ कारणोंको कानून द्वारा बंद करादे।

राष्ट्रीय सभ्यताका अर्थ यह है कि प्रजा अंतरंगसे सतोषी रहे। अपनी शारीरिक, वाचिक, मानसिक व आत्मीक उन्नतिको स्वतन्त्रतासे कर सके। यह भारत कभी राष्ट्रीय सभ्यताकी अंतिम सीमापर था। आज यदि यह अत्यन्त पतित होगया है तो उसमें भारतीयोंकी निर्बलता व प्रमाद है तथा राष्ट्रके प्रबंधकोंका कर्तव्यपथसे विमुख होकर अपने देशको मालामाल करनेकी नीति है।

जिस तरहकी राष्ट्रीय कुसभ्यता भारतमें इस समय है वह भारतका सर्वथा नाश करनेवाली है। अतएव भारतके सच्चे हितैषियोंका कर्तव्य है कि इसके स्थानमें सच्ची सभ्यता स्थापित करें। इसलिये पूर्ण प्रयत्नशील हो, तथा इस प्रयत्नमें जो बलि करनी पड़े उसको भी करें। परन्तु सच्ची राष्ट्रीय सभ्यताको स्थापन करें। जिससे देशवासी दरिद्रताकी आगमें जलकर न मरें व मानवी जीवन बिता सकें। अंगरेजोंमें भी यदि मानवीय सभ्यता है तो उनका पवित्र कर्तव्य है कि वे अब भारतको परदेश न समझें। इसे स्वदेश समझकर इसकी उन्नतिमें ही दत्त-चित्त होजावें। स्वार्थ बुद्धिसे राष्ट्रीय प्रबंध कभी हो नहीं सक्ता। वह उस राष्ट्रका प्राण रक्षक नहीं, किन्तु प्राण शोषक होता है।

—⊹—

गुलज़ार बनाना होगा।

काम कुछ करके तुम्हें, यार दिखाना होगा।
कोरी बातोंसे न हो, पार-ठिकाना होगा॥
बात जो मुंसे कही, उसको निभाना होगा।
मादरे हिंदका, उद्धार कराना होगा॥
मिस्ल परवाने हिमम, स्वत्व बढ़ाना होगा।
है जो गाफ़िल उन्हें, यकबार जगाना होगा॥
अपने दुश्मनको तुम्हें, मार भगाना होगा।
सिर्फ हथियार, अहिंसाका चलाना होगा॥
कोने कोनेमें, ये अखबार सुनाना होगा।
खातिरे मुल्क, धुआं धार उड़ाना होगा॥
तौके गुलामीका, 'प्रिये' भार छुड़ाना होगा।
गुलशने हिंदको, गुलज़ार बनाना होगा॥

"प्रिय"

कवि श्री कल्याणकीर्ति और उनका जिनयज्ञ फलोदय।

[लेखक:—पं० के० भुजबली शास्त्री, जैन सिद्धान्तभवन, आरा।]

जिनयज्ञफलोदयके अन्तिम भागसे विदित होता है कि यह कवि कार्कलके प्रसिद्ध जैन राजा भैररस ओडेयरके कुलक्रमागत गुरु श्री ललितकीर्तिके शिष्य थे। अतः यहां सर्व प्रथम उक्त भैररस ओडेयरके वंशका परिचय उपस्थित करना आवश्यक प्रतीत होता है। कार्कलमें लगभग ९०० वर्षों तक शासन करनेवाले ये भैररस ओडेयर होम्बुचके राजा जिनदत्तरायके वंशी थे अतः उक्त शासन एवं अन्यान्य सामग्रियोंसे इस वंशके विषयमें निम्नलिखित उल्लेख मिलता है। उत्तर मधुरा (मथुरा) में उग्रवंश-श्रेष्ठ वीरनारायण आदि अनेक राजा हुए। पीछे इसी वंशज राजा साकारमहाराय उक्त मधुरामें योग्यरीतिसे शासन करता रहा। परन्तु एक समय शत्रुविजयार्थ गया हुआ यह राजा लौटते समय किसी जंगलमें एक पद्मिनी जातिकी भोलकी लड़की पर मोहित हो गया और उसके पितासे उसे मांगा। तब उस लड़कीके पिताने कहा कि अगर मेरी पुत्रीसे उत्पन्न लड़केको राज्य देना स्वीकार हो तो मैं आपको दे सकता हूं अन्यथा नहीं। राजाने इस बातको स्वीकार किया और [illegible]। पीछे साकार महाराज उस कुमारी पर विशेष आसक्त हो उसकी बहु विनयसे मद्य, मांस आदि सभी चीजोंको खाने लगा। एक दिन पद्मिनी राजाकी पूर्व पत्नी सती प्रियकाके पुत्र जिनदत्तरायको देखकर विचार करने लगी कि सर्वोत्तम पुत्र जिनदत्तरायके रहते हुए मेरे पुत्र मारिदत्तको राज्य नहीं मिल सकता है। अतः जिनदत्तरायको मरवाना ही राज्यप्राप्तिका निष्कंटक उपाय है। अन्तमें इस दुष्पापको राजा साकार-

इसी लेखके जैनइतिहास-अन्वेषक विद्वान् लेखक।

...से पद्मिनीको व्यक्त करना ही पड़ा।

विषयलोलुपी दुराचारी राजा भी उसकी इस बात पर सहमत हुआ। एक रोज राजाने अपने रसोईदारको बुलाकर उससे एकान्तमें कहा कि आज एक नीबू लेकर जो कोई अर्थात जिनदत्त हो या मारिदत्त तेरे पास आवेगा उसे तुरत ही कतल कर डालना। पीछे इस कार्यके उपलक्षमें तुझे यथेच्छ पुरस्कार अवश्य मिलेगा।

रसोईदार राजाकी इस कदाज्ञाको पाकर उधर पाकशालामें चला गया। इधर राजाने राजसभामें उपस्थित महा भाग्यशाली जिनदत्तरायको बुलाकर कहा कि तुम स्वयं तुरन्त ही इस नीबूको मेरे रसोई घरमें पहुंचा देना। "भाग्य सर्वत्र बलिष्ट होता है।" पुरुषपुंगव जिनदत्तराय नीबू लेजा रहा था, परन्तु मध्यमार्गमें ही मारिदत्तसे अकस्मात मुलाकात हुई और उन्होंने जिनदत्तरायसे कहा कि हमारा रसोई घर सर्वथा अपवित्र है। ऐसे स्थान पर आपका जाना उचित नहीं है। अतः मैं ही सहर्ष इस फलको रसोईघरमें पहुंचा दूंगा। आप इसपर खिन्न मत होना क्योंकि जैसे आपको पिता पूज्य हैं उसी प्रकार मुझे बड़े भाई आप भी पूज्य हैं। जिस प्रकार पिताकी आज्ञा पालना आपका धर्म है उसीप्रकार भाईकी आज्ञा पालना मेरा भी धर्म है। इसप्रकार अनेक विधसे जिनदत्तरायको समझाकर मारिदत्त स्वयं ही उस नीबूको रसोई घरमें लेगया और जिनदत्तराय वहींसे घर लौट आया।

उसी दिन मारिदत्तके कतलका समाचार नगरमें सर्वत्र फैल गया और प्रत्येक व्यक्तिके मुखसे राजाकी निंदा होने लगी।

श्रीयुत बा० कामताप्रसादजी जैन "वीर" के इसी सालके १४ वें अंकमें प्रकाशित अपने "महारानी वीरादेवी" लेखमें लिखते हैं कि "इतनेमें ही एक बात अनहोनी-सी होगई। राजा साकारने भीलनीके पुत्र मारिदत्तके युवराज बनानेकी घोषणा कर दी। जिनदत्तको राजाका यह अन्याय सहन नहीं हुआ। उसने मारिदत्तको मार डाला और स्वयं राजाके भयके कारण मथुरामें भाग गया।" परन्तु "जिनदत्तराय चरिते" "कार्कल चरिते" आदि किसी जैन ग्रंथमें ऐसा उल्लेख नहीं मिलता है। अतः निःसन्देहरूपसे कह सकते हैं कि मारिदत्तकी हत्या जिनदत्तरायके द्वारा नहीं हुई है बल्कि राजाके रसोईदारके द्वारा हुई थी। प्रायः बा० कामताप्रसादजीने इस लेखको किसी जैनेतर लेखकके लेखके आधारपर तैयार किया होगा। यदि यह मेरा अनुमान यथार्थ हो तो उनसे इसे सुधारनेके लिये मैं साग्रह अनुरोध करूंगा। उक्त बातके अतिरिक्त उस लेखमें और भी आक्षेप्य दो तीन बातें हैं। परन्तु यहां उन बातोंका उल्लेख करना अप्रासंगिक होगा। अस्तु,

रानी श्रियलाने प्राणभयसे कुलदेवी पद्मावतीकी मूर्तिके साथ पुत्र जिनदत्तरायको उसी रातको मथुरासे विदा किया। जिनदत्तराय वहांसे चलकर वर्तमान मैसूर राज्यांतर्गत होम्बुचमें पहुंचा और वहीं उसी जंगलके भीलोंकी सहायतासे राज्य स्थापित कर सुचारुरीतिसे शासन करने लगा। थोड़े ही दिनमें उक्त राज्य दाक्षिणात्यके समृद्धशाली राज्योंकी श्रेणिमें

गिना जाने लगा। आज भी जिनदत्तरायके महलका भग्नावशेष एवं अन्यान्य स्मारक उक्त होम्बुचमें पाये जाते हैं। दक्षिणमें होम्बुच एक अतिशय क्षेत्र माना जाता है, और क्रमागत पद्मावतीकी वह मूर्ति आज भी वहां मौजूद है। उस क्षेत्रमें पद्मावतीका बड़ा भारी अतिशय है। सर्व प्रथम जिनदत्तरायने जिस पेड़ पर पद्मावतीकी मूर्तिको विराजमान किया था उसी पेड़के मूलमें वह मूर्ति आज भी ज्योंकी त्यों विराजमान है। सुना है कि देवीका ऐसा ही आदेश था। पीछे उस वृक्षके अस्तित्वके साथ उसी स्थान पर उसका मंदिर बना। वही मंदिर उस वृक्षके साथ२ आज भी विद्यमान है।

होम्बुचके बारेमें और भी एक विशिष्ट बात सुननेमें आती है। वह यह है कि वहां जिस स्थानपर राजा जिनदत्तरायके महलकी नींव है उसे खोदनेसे आज भी चावल, दाल आदि उस समयकी चीजें मिलती हैं। आजकल जिनदत्तरायके द्वारा निर्मापित मन्दिरोंकी रक्षा उनके क्रमागत कुलगुरु भट्टारकजी ही करते हैं। इनके लिये प्रायः मैसूर राज्यसे भी वार्षिक सहायता मिलती है। फिर भी बहुतसे मन्दिर जीर्ण शीर्ण होकर सघन जंगलकी गोदमें कराल कालकी महिमाको गारहे हैं। अस्तु!

होंबुचके विषयमें यथावकाश अन्वेषणात्मक एक स्वतन्त्र लेख लिखा जायगा।

अब विज्ञ पाठक प्रकृत विषयको लीजिये:— जिनदत्तरायका विवाह दक्षिण मथुराके प्रसिद्ध पाण्ड्यवंशी राजा वीरपांड्यकी पुत्री पद्मिनी और मनोरमाके साथ हुआ था। इनके पार्श्वचन्द्र तथा नेमिचन्द्र नामक दो पुत्र हुए।

पार्श्वचन्द्रने अपने शासनकालमें पहले भैरवी पद्मावतीके द्वारा पिताकी रक्षा हुई थी, अतः अपने नामके साथ भैरव शब्द एवं अपनी माता पाण्ड्य राजाकी पुत्री थी इसलिये पाण्ड्य उपाधि लगाई थी। तभीसे वह राजा "पार्श्वचन्द्र पांड्य भैरव" नामसे विख्यात हुआ। इनके बादके इस वंशके सभी राजा अपने नामके अन्तमें "पाण्ड्यभैरव राजा" लगाते गये (देखो—'द० क० जिल्लेप्राचीन इतिहास" पृ० ३१८)

यह बात सर्व विदित है कि द्वारसमुद्रके होयसलराजा विट्टिदेवने पीछे जैनधर्मको त्यागकर रामानुजाचार्यके वैष्णवधर्मको ग्रहण किया। सन् ११२३के श्रवणबेलगोलाके एक शिलालेखसे ज्ञात होता है कि राजा विट्टिदेवने होम्बुचके जैनराजाको जीत लिया था। प्रायः तभीसे उक्त होम्बुचके जैनराजा उनकी अधीनतामें रहकर शासन करने लगे। उससमय द० कनड़ जिलामें कार्कल, वेणूरु, पड़ंगदि, केर्वाशे, आळदंगडि, नाड्कूरु, मूळूरु प्रांतोंको कापिट्टु हेगाडे शासन करता रहा।

वह हेगाडे प्रजाको बराबर सताया करता था। इसीसे प्रजा बड़ी दुखी थी। इसी समय होम्बुचके भैरवराय आज्ञार्थ मूडबिद्री गये हुए थे। तब उक्त कार्कल आदि प्रांतोंकी प्रजाने राजा भैरवरायसे हेगाडेकी शिकायत की। भैरवरायने सम्मानपूर्वक हेगाडेको बुलाकर बहुत

संगच्छमेस्यमा च तामकीम् । मेणको कुरु मिमे जयंत्यां मनसुणमिमवस्तां गुणस्तुतेः ॥ १२४ ॥ इति मुनिवर्वितविधिः प्रेरितेनामकाभिः । कघु वस्यंतिवत्नाख्किसाआवममामा ॥ अपि च गुरु समीपे अभ्यवारंमि पूर्वम् ननु किमकरणीयं सत्प-रावीनसूसेः ॥ १२५ ॥ चारित्रवाराशिसुधाकरेण कल्याणकीर्त्तिव्रतिना–(मुनिना) व्यधायि । जैने-न्द्रयज्ञस्य फलोदयाख्यं काव्यं जयत्वाक्षितिचन्द्र तारम् ॥ १२६ ॥

इस लेखको समाप्त करनेके बाद मुझे 'पंच-कल्याण" का स्मरण आया। उसमें श्रीयुत एम॰ बी॰ पेगल द॰ कनाडके जैन कवियोंका परि-चय देते हुए कवि कल्याणकीर्तिजीके विषयमें इस प्रकार लिखा है—"यह कवि सन् १४३९ में रहा होगा। इनका दीक्षा गुरु मूलसंघके देशीय गणी ललितकीर्तिजी हैं। यह कवि कार्क-लके जैन राजा पांड्य राजाके समकालीन थे। इन्होंने ज्ञानचंद्राभ्युदय, कामकथे, अनुप्रेक्षे, जिन स्तुति, तत्त्वभेदाष्टक, सिद्धराशि इन ग्रंथोंकी रचना की है।" संभवतः पेगलजीको आपका 'जिनयज्ञफलोदय' ग्रंथ देखनेमें नहीं मिला होगा।

कोल्हूकोसो बैल है।

(कवित्त)

योवनको मद पाय, ज्ञानहू विसारि डार्यो,
जानि बूझि रोज करै, खूब बदफैल है,
चारि दिन चांदनी है, सोचत अनारी नांहि,
निपट अंधारी फेरि, सूझे कहां गैल है;
रतन अमोलिक, यों हाथ आयो खोई रह्यो,
मोह रह्यो, शीश चढ़ि आवै जों चुरैल है,
ऐसे जग धंधनुके, बंधनु पर्यो है 'प्रिय'
"आंखो बनि नाचि रह्यौ, कोल्हूकोसो बैल है"

"प्रिय"

—✣—

क्या इशारा कर दिया ?

गजल।

मार्ने क्या गांधीकी नजरोंने, इशारा कर दिया।
जिसको देखो उसको बस, खद्दरका प्यारा कर दिया॥
हाथसे छूता न कोई, नैन सुख-तनजेबको।
दूरसे सब दुरदुराते, क्या नजारा कर दिया॥
भूखों मरते थे यहां, कोली जुलाहे रात दिन।
डूबतोंको खूब, तिनकेका सहारा कर दिया॥
बच्चा बच्चा हो गया है, अब तो शैदाए वतन।
क्या हुआ मोती-जवाहिर, न्यारा न्यारा कर दिया॥
जिस तरह चाहें, 'प्रिये' वो जेलमें रक्खें हमें।
आराधना करनेको अब, मंदिर हमारा कर दिया॥

"प्रिय", वृन्दावन।

हम अस्वस्थ क्यों होगये हैं ?

[लेखक:—पं० मनोहरलाल जैन वैद्य, शिवपुरकलाँ।]

संसारमें हरएक समाजकी और धर्मकी उन्नति स्वस्थता पर ही निर्भर है, अस्वस्थ (बीमार) समाज सांसारिक और पारमार्थिक उन्नतिकी अधिकारी नहीं। आज हमारी जैनसमाज नाना महा व्याधियों द्वारा ग्रसित हो अस्वस्थ हो रही है और जो कदाचित व्याधियोंका इलाज नहीं किया तो स्मरण रहे कि असाध्य कोटिमें सम्मिलित होनेका रंच मात्र भी संदेह न होगा, और जो अस्वस्थ (बीमार) हैं वह सुतरां निस्तेज और अकर्मण्य होजाता है। जैसे कोई जिह्वा लोलुपी मनुष्य लोलुपतावश प्रकृति विरुद्ध अपथ्य सेवन कर असह्य वेदना द्वारा दुखी बन जाता है पश्चात् अपने विपरीत आहार पर बार २ विचार करता हुआ कुछ समय बाद दुखका शमन होनेसे फिर कुपथ्य सेवनमें लग जाता है और दुखको दुख नहीं समझता है, इसी प्रकार हमारी जैनसमाज भी अविद्या, बालविवाह, कन्याविक्रय, वृद्धविवाह, मृत्यु भोज, अपव्यय, परस्परकी द्वेष द्वेषी आदि अनेक रोगों द्वारा अस्वस्थ होकर घोर असह्य वेदना भोग रही है इन रोगोंने जैनसमाज रूपी शरीरको जर्जरित कर दिया है। इन रोगोंमेंसे अभी किसी अनुभवी वैद्यने एकका भी इलाज नहीं किया और इन रोगोंके न मिटनेके कारण प्रति वर्ष हमारे भाई सहस्रोंकी संख्यामें कम होते जाते हैं, जिसकी हमको कोई परवाह नहीं है।

(१) प्रथम अविद्यारूपी रोगकी वजहसे हम अपनी घातक रूढियोंको नहीं छोड़ सके। समयके अनुसार जो रूढियां चली आती थीं जो कि हमको कोई कष्ट नहीं देती थीं परन्तु अब हम उन्हींके आधीन होकर दुख उठा रहे हैं और छोड़नेमें लाचार हैं क्योंकि वे पुरानी रूढियां हमारे बापदादाओंसे चली आई हैं। क्यों चली आई, कैसे चली आई, ऐसी तर्कणा शक्ति हममें है नहीं, पोलमें पोल चली आनेसे हताश हो हम अवनतिकी पोलमें धस चुके और पड़े २ दुख उठा रहे हैं। परन्तु कोई प्रौढ शक्तिशाली वीर नजर नहीं आता जो इस गर्तमेंसे निकाल कर पतितोंका उद्धार करें।

(२) दूसरा रोग—अबोध बालक बालिकाओंके असमयमें विवाह सम्बंध कराकर क्षीण वीर्य बना दिया, और अल्पायुमें मृत्युके सन्मुख पहुंचाते हुये सेकड़ों अनाथ विधवाओंकी संख्या बढ़ादी, जिनके द्वारा गुप्त पापोंका संग्रह होता चला आता है। बहुतसी तो द्रव्याविकी व भूख प्यासकी तकलीफसे अन्य मतावलंबियोंके चुंगलमें फंसकर धर्मसे विमुख हो पवित्र जैनधर्मकी हंसी करारही हैं। परन्तु हमारे दिलपर रंचमात्र

साथ चारित्रकी भी विशेषता थी। दृष्टान्तमें पूज्यपाद स्वामी अकलंकदेव ही एक पर्याप्त होंगे चौदा वर्ष तक तो विषयवासनाओंका नाम नहीं जानते थे कि वासना किस चिड़ियाका नाम है। सदैव निष्कलंक (निष्पाप) छल कपट रहित सरलतासे घूमते थे। आजकलके जैसे बालकोंकी तरह द्रोही कपटी चटकीले भड़कीले गुंडों जैसे कृत्य नहीं थे। इसीलिये पृथ्वी पर पुण्यकी आधिक्यता थी। सब प्रकारसे स्मृतिवान ज्ञानवान धनवान बलवान चारित्रवान, और समृद्धिशाली थे। समय पर योग्य जलवृष्टि और सुकाल होता था, परंतु अब वर्तमानमें देखते हैं कि समय पर जलवृष्टि नहीं होती, अन्नकी ठीक उत्पत्ति न होनेसे अनेकों जीव भूखों प्यासों मरते हैं प्रतिवर्ष विकट विकराल बीमारियां फैलती हैं जिससे लाखोंका संहार होता जाता है, सहस्रों घर धनहीन, द्रव्यहीन, ज्ञानहीन, व्यापारहीन हो गये। शरीरकी हालतें बिगड़ गईं, परन्तु हमने अपने पतनकी ओर कुछ भी ध्यान नहीं दिया कि इसका क्या कारण है।

भाइयो! यदि विचारपूर्वक देखा जाय तो ये सब हमारे तीव्र पापाचरणोंका ही उदर्क (फल) आंखोंके सामने विकराल रूप धारणकर बुरी तरहसे त्रास दे रहा है और शिक्षा दे रहा है कि अब भी सम्भलो, जरा आंखें खोलकर अपने दुराचरणोंकी ओर नजर डालो, केवल इस पंचम कालको ही मत रोओ। अपने पुरुषत्वकी ओर विचार करो कि मैं कौन हूं किस महात्माका अनुयायी हूं मेरा क्या कर्तव्य है। हम भगवान महावीरस्वामीके भक्त हैं ऐसी कोरी ढोंग मत मारो। सोचो, ध्यान रक्खो, जो कुछ व्याख्यान करो या सुनो उसका खूब बार२ चिन्तवन करो, मुमुक्षुकी तरह प्रभुके उपदेशको ग्रहण करना सीखो। "मत पठितं तदुदरे निवेदितम्" की नीति चरितार्थ मत करो। हृदयसे कपट कालिमा धोनेकी कोशिश करो। "मनमें हो सो वचन उचारिये, वचन होय सो तन सों करिये" इस समीचीन वाक्यपर अधिक बार२ ध्यान रखनेकी कोशिश करो।

(३) तीसरा रोग वृद्धविवाह है, इस रोगने सहस्रों अबलाओंको अनाथ बना डाला, जो घरोंमें बैठी २ गर्म २ श्वासें ले रही हैं और हृदयके अंधे द्रव्यके लोभी पापी मां बापोंको दुहाई दे दे कर बुरी तरहसे आर्तनाद सुना रही हैं, परन्तु इन निर्दयी मांबापोंको जरा भी करुणा नहीं आती। इनको तो रुपयोंकी थैली बिना परिश्रमसे मिलती हैं, दया तो उसको होगी जो कष्ट सहकर कार्य करेगा। कसाईको गरीब बकरीके गलेपर छुरी फेरते क्यों दया आएगी? यदि वही छुरी उसके गले पर रखकर दुखका अनुभव कराया जाय तब तो सम्भव है करुणा होजाय परन्तु इनको तो पैसेसे मतलब तुमको कुछ भी हो। परन्तु स्मरण रहे कि यदि इस रफ्तारको नहीं छोड़ा तो कुछ दिनों बाद समय पर उन गरीब अनाथ अबलाओंकी मुखसे निकलती हुई गर्मज्वाला क्षणभरमें जैसे ज्वालामुखी समुद्रके जलको शीघ्र शोषण कर डालती है उसी प्रकार समाजको भस्म कर डालनेमें कुछ भी विलम्ब न होगा।

(४) चोथा रोग है—परस्परकी द्वेषाद्वेषी।

ये रोग तो अब प्रायः प्रत्येक स्थानमें हमारा धर्म कहाता है। साधर्मी भाइयोंसे निष्कपट प्रेम करो, उनके सुखदुखमें सामिल होओ, किसीकी बढ़तीमें ईर्षाभाव कदापि मत रक्खो, कृतघ्न। अर्थात् किसीके किये उपकारको मत भूलो। ऐसी दूषित बात मत करो जिससे अपने धर्ममें और धर्मात्माओंमें क्षोभ पैदा होजाय। निष्कारण किसीके कार्यमें बाधा मत डालो परन्तु नहीं, हमारी बुरी आदतें नहीं छूटती। मरते २ विरोधी मनुष्यसे वैर नहीं छोड़ते। हरएकसे छलकपटसे काम लेते हैं। हम दूसरोंके दुखमें हर्ष मानते हैं, ताकिआ ठोकते हैं सुखमें बुराईका ही सदैव विचार किया करते हैं कि कब इसका मेरी आंखोंके सामने बुरा होजाय। साथमें हम ये भी जानते हैं कि बुरा होना, उसके दैवाधीन है मेरे द्वारा कुछ भी नहीं हो सकता परन्तु मूर्खतावश आदतें जारी ही रखते हैं, हम अपने मातापिताओंको बुरी तरहसे सताते हैं, उसके उपकारको कुछ भी नहीं समझते फिर अन्यकी तो बात ही क्या कहना, जो मैंने कह दिया वही ठीक है चाहे असत्य और नुकसानदायक क्यों न हो परन्तु कभी नहीं छोड़ना प्रत्युत अपनी गोष्टीका खूब संगठन बनाकर निष्कारण आपसमें क्षोभ पैदा कर लेना अच्छा है, इत्यादि जरा२सी क्षुद्र बातोंपर लड़ना झगड़ा केवल हमारा मुख्य काम रह गया है।

बस अधिक क्या लिखूं? हरएक पत्रमें विरुद्ध विद्वानोंके महत्वपूर्ण समाजोपयोगी लेख प्रकाशित होते हैं परन्तु ध्यान नहीं दिया जाता अतएव लिखनेकी अपेक्षा हम लोगोंको खुद ही आगे बढ़कर समाजके रोगोंका पूर्ण उपाय करना चाहिये। रोगोंका इलाज परोपकारी निस्प्रेही परिश्रमी निर्लोभी सब प्रकारसे समर्थ स्वतंत्र प्रौढ़ विद्वान वैद्य द्वारा होसकता है किन्तु स्वार्थवश श्रीमानोंकी हांमें हां मिलानेवाले विद्वानों-द्वारा लाभ होना बहुत कठिन है। धनी लोग समाजके अगुए कहे जाते हैं उनको न्याय अन्याय करना घरका काम है। इनकी हांमें न कह देना आजीविकासे हाथ धो बैठना है। इसलिये लोभवश हम सत्य समीचीन बात कहनेसे थर२ कांपते हैं फिर भला ऐसे भयवान मनुष्योंके द्वारा निर्भयता कैसे प्राप्त होसकती है, वीर भक्त विद्वानों! समाजके इन रोगोंको दूर करनेकी शक्ति आपलोगोंमें मौजूद है। यदि आप अपनेको थोड़ासा निर्लोभी और सुदृढ़ बनावें तो तुम अपनी आंखोंके सामने वीरप्रभुके स्फटिक सदृश समीचीन मार्गपर समाजकी पोलों द्वारा बट्टा न लगने दो, उनको अन्यायसे रोको समझाओ, गरीबोंके उद्धारका उपाय सोचो।

भगवान महावीरने दुःखोंसे संतप्त प्राणियोंको घोर परिश्रम द्वारा सुखी बनाया था। इसलिये आपको भी अपने दुखी बहिन भाइयोंकी रक्षा करना प्रथम कर्तव्य है। हम सबको मिलकर शीघ्र वर्तमान स्वराज्यके आन्दोलनकी तरह समाजमें अविद्या, बाल्यविवाह, कन्याविक्रय, वृद्धविवाह, मृत्युभोज, अपव्यय आदि जो रोग फैल चुके हैं उनको दूर करनेके लिये सच्चे दिलसे बहुत जल्दी आगे बढ़ना चाहिये। आशा है मेरे तुच्छ निवेदनपर अवश्य ध्यान दिया जायगा। अस्तु।

—>>>><<<<—

पं० आशाधरजीका किंचित् विवेचन!

[लेखक—पं० मिलापचन्द्रजी जैन कटारिया—केकड़ी।]

पं० आशाधरजीने सागारधर्मामृत चौथे अध्यायके श्लोक ५२की टीकामें लिखा है कि—परिगृहीता, अपरिगृहीता और प्रकट स्त्री, इनमें जिसका पति साथमें हो वह परिगृहीता स्त्री है और जो स्वतंत्र हो, जिसका पति परदेश गया हो ऐसी कुलांगना या विधवा कुलांगना अपरिगृहीता स्त्री है। और वेश्याको प्रकट स्त्री कहते हैं। इनमेंसे जो सभीका त्यागकर केवल अपनी स्त्रीमें संतोष रखता है वह स्वदारसंतोष ब्रह्मचर्याणुव्रतका धारी है। तथा जो केवल परिगृहीता अपरिगृहीता रूप परस्त्रीका त्यागी है किंतु प्रकट स्त्री कहिये वेश्याका त्यागी नहीं है वह परस्त्री त्याग नामक ब्रह्मचर्याणुव्रतका धारी है! इस प्रकार ब्रह्मचर्याणुव्रतके दो भेद किये हैं।

जब किसी भी आर्ष ग्रन्थमें ब्रह्मचर्यके इस प्रकारके भेद दृष्टिगोचर नहीं होते तब आशाधरजीको ही ऐसे कथन करनेकी क्यों आवश्यक्ता पड़ी यह विचारणीय है। यद्यपि त्याग सभी भंगसे हो सक्ता है पर इससे किसी खास व्रतका परमागममें वैसा लक्षण नहीं बांधा जा सकता। यों तो कथाग्रन्थोंमें "जो स्त्री मुझे न इच्छे उसे मैं भी न इच्छूं" ऐसा भी त्याग रावणने किया है तथा एक कथामें केवल काक मांसका त्याग भी किया है, तो क्या इससे आचार ग्रंथोंमें भी ऐसा कथन करना योग्य होसकता है? कदापि नहीं।

यही कारण है कि अकलंक, समंतभद्र, विद्यानंदि, जिनसेन, पद्मनंदि, अमितगति, स्वामी-कार्तिकेय, श्रुतसागर, शुभचन्द्र, चामुंडराय, आदि ग्रन्थकर्ताओंने कहीं भी आशाधरजीकी तरह ब्रह्मचर्यके दो भेद नहीं किये है। सोमदेवसूरिने ऐसा कुछ जरूर लिखा है सो वह भी ऋषि प्रणीत ग्रन्थोंके सामने अमान्य ही है। सोमदेवसूरि कोई ऋषि नहीं थे, खुद आशाधरजी ही उन्हें सोमदेव पंडितके नामसे उल्लेख करते हैं। रहा सूरि कहना सो सूरिका अर्थ तो पंडित होता है और इसीलिये कविवर अर्हद्दासने भी आशाधर नामके साथ सूरि शब्दका प्रयोग किया है। यह तो निर्विवाद है कि आशाधर गृहस्थ थे।

यह कहो कि आचार्य समंतभद्रने भी इस तरह "ब्रह्मचर्याणुव्रतके दो भेद किये हैं" ऐसा कहना सरासर झूठ है, बहुत बड़ा छल है। उनके किसी भी वाक्यसे वैसा भाव नहीं निकलता जैसाकि उनके निम्न श्लोकसे प्रगट है—

न तु परदारान् गच्छति न परान् गमयति च पापभीतेर्यत्।
सा परदारनिवृत्तिः स्वदारसंतोषनामापि ॥ रत्न० श्रा०

अर्थ—जो पापभीरु न तो आप परस्त्रीके प्रति

गमन करता है और न दूसरोंको गमन कराता है। यह परस्त्रीत्याग नाम अणुव्रती है, यही स्वदारसंतोषनामसे भी कहा जाता है।

इसमें "वेश्यासेवन करनेवाला भी ब्रह्मचर्याणुव्रती होता है" ऐसा अर्थ कहां निकलता है? श्लोकके उत्तरार्द्धमें जो दो नाम दिये हैं वे कोई व्रतके दो भेद नहीं हैं किंतु एक ही अभिप्रायके दो नाम हैं। वेश्या, कन्या आदि यावन्मात्र स्त्रीका परस्त्रीत्यागमें शुमार करनेके हेतु आचार्यने उसीका स्वदार संतोष यह दूसरा नाम दिया मालूम होता है। इससे ग्रंथकर्ताकी दूरदर्शिता प्रकट होती है और साथ ही उससे आशाधरके उक्त कथनका चकनाचूर भी होजाता है। यही नहीं ग्रंथांतरोंमें वेश्यासेवीको ब्रह्मचर्याणुव्रती माननेसे ही इंकार किया गया है। यथा—

"का वेश्या सेवमानस्य कथं चतुर्थमणुव्रतम्"।

सुभाषितरत्नसंदोह।

वेश्या सेवीके चौथा अणुव्रत कैसा?

भगवज्जिनसेनाचार्यने ऐसी मान्यताको विडंबना पूर्ण बताया है। जैसे—

कामशुद्धिर्मता तेषां विकामा ये जितेन्द्रियाः।
संतुष्टाश्च स्वदारेषु शेषाः सर्वे विडंबकाः ॥४१॥ पर्व ३९

अर्थ—जो काम रहित जितेन्द्रिय मुनि हैं उन्हींके काम शुद्धि समझनी चाहिये। अथवा जो गृहस्थ स्वदारसंतोषी हैं उनके भी कामशुद्धि मानी गई है। बाकी तो सब विडंबना है।

इस लिये आशाधरजीका यह कथन बहुत कुछ विचित्रताको लिये हुये हैं। अस्तु, और भी आगे चलिये।

सागारधर्मामृत—चौथे अध्यायके श्लोक ५८ की टीकामें लिखा है कि 'ब्रह्मचर्याणुव्रती श्रावक किसी वेश्या या दासी आदि व्यभिचारिणी स्त्रीको भाड़े रूप कुछ द्रव्य देकर किसी नियत-काल पर्यंत स्वीकार करता है और उतने समय तक उसमें स्वस्त्रीकी कल्पना कर उसे सेवन करता है। इसलिये उसमें बुद्धिकी कल्पनासे 'स्वस्त्री' ऐसी व्रतकी अपेक्षा होनेसे और उसे थोड़े कालतक स्वीकार करनेसे सार्वकालिक व्रतका भंग नहीं होता। और वास्तवमें वह स्वस्त्री नहीं है। इसलिये व्रतका भंग भी होता है। इस प्रकार भंग और अभंग दोनों होनेसे इत्वरिका गमन (व्यभिचारिणी संभोग) भी अतीचार होता है।"

यह जो ब्रह्मचर्याणुव्रतका अतीचार लिखा है वह तो और भी अधिक गजब ढाता है। जब स्वदार संतोषीके अपनी स्त्रीके सिवा अन्य यावन्मात्र स्त्रीका त्याग हो जाता है तो वह भाड़ा देकर किसी व्यभिचारिणी स्त्रीको या वेश्याको नियत कालतक सेवन करता है तो उसका वह व्रत नष्ट न होकर उसमें अतीचार ही कैसे लगता है? और पैसा दे देने मात्रसे ही वह कैसे परस्त्री सेवनके दोषसे बच जाता है? अगर कोई स्त्री बिना पैसा लिये प्रेमसे ही अनुकूल होजाये तो उसका सेवन भी अतीचार हो सक्ता है या नहीं? क्योंकि पैसा भी उसे अनुकूल बनानेको ही दिया जाता है। और यदि भाड़ा देने तथा नियत कालतक भोगनेकी अपेक्षा वह स्वस्त्री होजाती है तो इस उपायसे अन्य परिगृहीत-स्त्रीका (जिसका पति मौजूद है ऐसी स्त्रीका) सेवन भी अतीचार क्यों न हो सकेगा?

अतः जो स्वदार संतोषी परिगृहीता अपरिगृहीता और वेश्याको सेवनकर भी केवल सातिचार मात्र दोषी ही होगा ? फिर न जाने वह अनाचारी किस क्रियासे होगा ? अनाचारके (व्रतके समूल नष्ट होनेके) फिर कोई सींग पूंछ होते हैं क्या ? इसी तरह परस्त्रीत्याग ब्रह्मचर्याणुव्रतीके लिये यह लिखना कि—'वह किसी विधवा कुलांगना या ऐसी सधवा जिसका पति परदेश गया हो उसका सेवन करे तो इससे उसका ब्रह्मचर्य नष्ट न होकर अतीचार मात्र लगता है !' मानों आशाधरजी ऐसी कुलांगनाओंको परस्त्री ही नहीं समझते हैं। आशाधरजीके मतानुसार तो वह स्त्री परस्त्री कही जाती है जो पुरुषके साथ ही हो। अन्यथा पतिके परदेश जाने मात्रसे ही कैसे वह अपरिगृहीत मान ली जाती है, सो समझमें नहीं आता।

लोगोंकी विवेकशून्यता तो देखो कि वे ऐसे २ कथन भी प्रमाणीक और आर्षसिद्ध करनेकी चेष्टा किया करते हैं। उनकी मोटी अकलमें यह भी नहीं आता कि जो कार्य व्रतको समूल नष्ट करनेवाले हैं उन्हें हम किसीके लिख देने मात्रसे कैसे अतीचार मानते हैं। कमसे कम अतीचारका लक्षण तो इसके साथ घटाना चाहिये। ऐसे लोगोंके लिये तो जो पूर्वकालमें संस्कृत प्राकृतमें लिख दिया गया है वही आगम है, वही पूर्ण मान्य है, फिर उसमें चाहे कुछ भी लिखा हो।

आशाधरके इस अद्भुत सिद्धान्तके अनुसार अगर कोई विधवा विवाह करता है तो उसको भी ब्रह्मचर्याणुव्रतमें मात्र अतीचार ही लग सकता है। इसकी पुष्टि आशाधरके निम्नवाक्य करते हैं—

"अन्ये त्वपरिगृहीतकुलांगनागमनमब्रह्मचारिणोऽतिचारमाहुः, तत्कल्पनया परस्य भर्तुरभावेन परदारत्वाद्भंगो लोके च परदारत्वारूढेरभंग इति भंगाभंगरूपत्वादस्य"। इसमें लिखा है कि "अनाथकुलांगनाके सेवनमें परस्त्री त्यागीके अतीचार यों होता है कि उसका पति तो मौजूद नहीं है, इसलिये उसे परस्त्री तो कह नहीं सकते अतः उसके सेवनसे व्रतका अभंग हुआ और लोकरूढ़िसे वह परस्त्री मानी जाती है अतः व्रतका भंग भी हुआ। इस प्रकार भंगाभंग होनेसे अतीचार ही कहका सकता है।" यही बात विधवा विवाहके मंडनमें भी कही जा सकती है।

यदि कहो कि "किसी नियत कालतक सेवन करनेको ही आशाधरने अतीचार कहा है न कि सार्वकालिक सेवनको और विवाहमें नियत काल नहीं रहता'। इसके उत्तरमें उनकी ओरसे भी कहा जासकता है कि नियत कालका नियम वहां हो सकता है जो वेश्या लेकर ऐसा करती है। क्योंकि जितने भाड़ेसे जितने समय तक दोनोंके ठहराव हुआ है उसके बाद वह उसकी नहीं रहती है, फिर वह स्वस्त्रीसे परस्त्री हो जाती है। किंतु विवाह करानेवाली उमर भरतक उसकी स्वस्त्री बने रहनेकी शर्त करती है। ऐसी अवस्थामें परस्त्री त्यागी ब्रह्मचारीके लिये विधवाको उसकी मर्जीके माफिक घरमें काम लेने या लौकिक रीतिसे विवाह कर घरमें रख लेनेमें आशाधरजीके मतके अनुसार सिवा अतीचारके

और कोई अतीचार नहीं प्रतीत होता है। बल्कि विवाह करनेवालेके तो अतीचार भी नहीं लगता है। क्योंकि पं० आशाधरने लोकमें परस्त्री माने जानेके कारण भंग कहा है सो अब तो लोकमें इसे विवाह किये बाद कोई परस्त्री भी नहीं कह सकेगा। यदि कहो कि 'यह तो आशाधरने अन्य आचार्योंकी सम्मति लिखी है तो उनका नाम लिखना चाहिये था या उनके व श्लोक देने चाहिये थे जैसे कि अन्यत्र भी दिये हैं। तथा अन्यकी सम्मति भी हो तो आशाधर भी तो इसे ठीक समझते हैं तभी तो इसका उल्लेख किया है।

आशाधरके इस 'नियतकाल' रूप अनोखे सिद्धांतके अनुसार तो कोई भी अणुव्रतधारण करना बिल्कुल बच्चोंका खेल होगया है। क्योंकि हत्यारासे हत्यारा भी कौनसा सदा आठ पहर ही खड्गका वार करता रहता है व महा चोर और महा झूंठा भी कौनसा सदा ही चोरी और झूंठ बोला करता है। इससे क्या ये भी अणुव्रती समझे जाने चाहिये?

अगर यही सिद्धांत हम स्त्रियोंके ऊपर घटाने लगें तो यहां भी स्वपतिसंतोष और पर-पुरुष त्याग नामके दो भेद ब्रह्माणुव्रतके करके स्त्रियोंको खुली आज्ञा देदें कि तुम भी किसी परपुरुषको कुछ द्रव्य देकर किसी नियतकाल उसके साथ संभोग करने लगो तो तुमारे स्व-पतिसंतोष और परपुरुष त्याग नाम शील सर्वांशमें नष्ट न होगा!!! साथ ही यहां यह भी पूंछा जा सक्ता है कि आशाधरके इस निरूपण-के अनुसार चलनेवाला पुरुष जिस समय वैसी स्त्रीके साथ समागम करेगा उस समय पुरुषकी तरह वह संभोग करानेवाली स्त्री भी अनाचारसे रहित समझी जायेगी या नहीं? अगर नहीं तो क्यों नहीं? जो कारण पुरुषके ब्रह्मचर्याणु व्रतको कायम रखनेमें हैं वे ही यहां स्त्रीके लिये भी हैं। ऐसा कोई उदाहरण बतलाइये कि स्त्री पुरुषकी रति क्रियामें दोनोंमें कोईएक दोषी हो और दूसरा न हो।

मतलब कि आशाधरका भाड़ा देकर नियत-काल स्वस्त्री बनानेका कथन तो बिल्कुल ही शिथिलाचारका पोषक और बहुत ही आक्षेपके योग्य है। बलिहारी है इसको प्रमाणभूत मानने-वाले पंडितोंकी बुद्धिको जो ऐसे२ कथन भी उनके दिमाग शरीफमें केवली वाक्य तुल्य मान्य किये जाते हैं।

इस प्रकारके वक्तव्यसे यह आप ही सिद्ध होजाता है कि लोक जिसे व्यभिचारिणी और वेश्या कहते हैं वह आशाधरके मतसे ब्रह्मचा-रिणी है। क्योंकि ब्रह्मचारी पुरुष भाड़ा देकर जब इनके साथ समागम करते हैं तब ये किसी नियत कालतक उनकी स्वस्त्री बन जाती है तो इन स्त्रियोंके भी वे पुरुष उस वक्त स्वपति बन जाते हैं। अगर स्वपति न माने जाकर वे पर-पुरुष ही समझे जावें तो ये स्त्रियें भी उनके स्वदार नहीं मानी जा सकती। जहां परपुरुष ऐसी कल्पना है वहां भोगी जानेवाली स्त्री भला कैसे स्वस्त्री समझी जासकती है?

मजा तो यह है कि पं० आशाधरजी अपने इस व्यभिचार पोषक सिद्धांतमें बड़े२ ऋषि मुनि-योंको भी शामिल करना चाहते हैं। वे लिखते

है कि "इत्वरिका परिगृहीतापरिगृहीतागमनं" सूत्रसे उमास्वामीने तत्वार्थ शास्त्रमें भी ऐसा ही कहा है। गमन शब्दका संभोग अर्थ करके आप निज मंतव्यकी पुष्टि करते हैं।

विद्यानंदाचार्यने इसी सूत्रकी व्याख्यामें लिखा है—

चतुर्थस्य व्रतस्यान्यविवाहकरणादयः।
पंचैतेतिक्रमा ब्रह्मविघातकरणक्षमाः॥

"स्वदारसंतोषव्रतविहननयोग्या हि तदतीचारा न पुनस्तद्विघातिन एव पूर्ववत्"

इसमें लिखा है कि "ब्रह्मचर्यनाम चतुर्थ अणुव्रतके ये परविवाह करणादि पांच अतीचार कहे हैं वे ब्रह्मचर्यके नष्ट करनेमें समर्थ हैं। यानी इनमें स्वदारसंतोषव्रतके खंडन करनेकी योग्यता है इसलिये अतीचार कहे जाते हैं। वे स्वयं नष्ट नहीं करते हैं"

इससे सिद्ध है कि विद्यानंदिस्वामी उन्हें अतीचार मानते हैं जो व्रतके नष्ट करनेमें केवल परंपरा कारण पड़ते हों, किंतु स्वयं नष्ट नहीं करते हों। इसीको उन्होंने "न पुनस्तद्विघातिन एव" पदसे कहा है। तथा ऐसा ही व्रतोंके अतीचारोंमें कहा है। इस विवेचनसे गमन शब्दका सेवन अर्थ कभी नहीं होसक्ता है जैसा कि आशाधरजीने लिखा है। क्योंकि "सेवन करना" यह ब्रह्मचर्य व्रतके नष्ट करनेमें कारण नहीं होता है इससे तो व्रत ऐसा नष्ट होता है कि कुछ भी बाकी नहीं बचता है। इसलिये गमन शब्दका श्लोकवार्तिकके अनुसार ठीक अर्थ यही हो सकता है कि स्त्रियोंके यहां राग भावसे आना जाना वार्तालाप करना आदि। स्वस्त्री बिना अन्य सभी स्त्रियोंके साथ ऐसे करनेको श्रीविद्यानंदने अतीचार कहा है क्योंकि परिगृहीत और अपरिगृहीतमें सभी स्त्रियें आगई हैं। पं० आशाधरकी तरह यहां वेश्यादिको बाहर नहीं रक्खा है। तथा विद्यानंदकी तरह अन्य अकलंक, पूज्यपाद, अमृतचंद्र आदि आचार्योंने भी स्वस्त्रीके सिवा अन्य सभी स्त्रियोंके त्यागको ब्रह्मचर्याणुव्रत कहा है। पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें लिखा है कि—स्वस्त्रीके सिवा अन्य सभी स्त्रियोंके सेवनका त्याग करदेना चाहिये। यथा—

"निजशेषयोषिन्निषेवणं तैरपि न कार्यम्"।

इस प्रकरणको नीचे प्रश्नोत्तरोंसे लिखते हैं—

प्रश्न—गमन शब्दका तो अर्थ सेवन निकलता है क्योंकि किसीको कहा जाये कि अमुक परस्त्री गामी है तो इसका यही मतलब होता है कि वह परस्त्री सेवन करता है?

उत्तर—गमन शब्दका प्रसिद्ध अर्थ तो जाना है न कि सेवन करना। फिर भी शब्दोंका अर्थ प्रकरण देखके तदनुसार ही किया जाता है। अहिंसाणुव्रतमें 'वध' नामक अतीचार लिखा है सो वधका प्रसिद्ध अर्थ तो प्राणव्यपरोपण होता है। जैसे कहते हैं कि रामरावणके युद्धमें करोड़ों मनुष्योंका वध हो गया तो इसका यही मतलब निकलता है कि वहां करोड़ों आदमी मारे गये। इससे क्या 'वध' अतीचारका प्राणव्यपरोपण अर्थ लेलिया जाना चाहिये?

प्रश्न—अतीचारोंका प्रकरण है इसलिये यहां वधका दण्ड चाबुकसे पीड़ा पहुंचाना अर्थ लेना चाहिये। क्योंकि प्राणव्यपरोपण अर्थ ग्रहणसे अतीचार न रहकर अनाचार होजाता है।

उत्तर—तो फिर अतीचारोंका प्रकरण ही यहां क्यों है? यहां भी गमन, शब्दका अर्थ जाना जाना चाहिये न कि काम सेवन, क्योंकि इससे ही अनाचारका प्रसंग आता है।

प्र०—अहिंसाणुव्रतमें तो 'बध' अतीचारका वर्णन करते हुये खुलासा लिख दिया है कि बधका प्राणव्यपरोपण अर्थ नहीं लेना। इसतरह गमन शब्दमें क्यों नहीं लिखा कि गमनका अर्थ नहीं लेना।

उ०—आचार्योंको मालूम न था कि आगे ऐसेर, लोगोंका अवतार होगा जो प्रकरणको नहीं देखेंगे और शब्दको पकड़कर यद्वातद्वा अर्थ करने बैठ जायगे। श्री विद्यानंदने बध अतीचारका वर्णन करते हुए लिखा है कि—

'प्राणिपीड़ाहेतुर्बंधः कशाद्यभिघातमात्रं न तु प्राणव्यपरोपणं तस्य व्रतनाशरूपत्वात'

इसमें बध अतीचारका प्राण व्यपरोपण अर्थ नहीं लेनेमें हेतु दिया है व्रतका नाश होना। इस आगे सब अतीचारोंके अर्थ करनेमें भी इसी हेतुको ध्यानमें रखना चाहिये। विद्यानंदने ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतीचारोंके वर्णनमें 'पूर्ववत्' पद देकर खुलासा कर दिया है कि इन अतीचारोंका भी ऐसा अर्थ कदापि न करना चाहिये जो व्रतका नाश करनेवाला हो। इससे बढ़कर और क्या स्पष्ट लिखा जा सक्ता है।

प्र० मगर सभी ग्रंथकारोंने इत्वरिकागमन लिखकर ही क्यों विराम लेलिया? किसीको तो खुलासा करना चाहिये था। क्या इसमें कुछ न कुछ रहस्य नहीं है?

उ० किन्हीं ग्रंथकारोंने खुलासा भी किया है। जैसा कि श्रुतसागरी टीकाकार और स्वामी कार्तिकेयानुप्रेक्षाके टीकाकारके निम्न वाक्योंसे प्रकट है—

"गमनेइति कोऽर्थः—जघनस्तनवदननिरीक्षणं संभाषणंपाणिभ्रूचक्षुरंतादि संज्ञाविधानमित्येवमादि कं निखिलं रागित्वेन दुश्चेष्टितं गमनमित्युच्यते"

सकलकीर्तिजीने भी प्रश्नोत्तर श्रावकाचारमें इत्वरिकाकी इच्छा करने मात्रको इत्वरिकागमन अतीचार कहा है। न कि संभोग करनेको।

प्र० तुम तो कहते हो पर श्लोकवार्तिक, राजवार्तिकमें कामतीव्राभिनिवेशनामके अतीचारमें दीक्षिता, अतिबाला, तिर्यंचिणी आदिका उल्लेख किया है वह कैसे हैं?

उ०—ठीक है उसे भी समझ लीजिये। श्लोकवार्तिकमें वे वाक्ये यों हैं—

"दिक्षिताऽतिबालातिर्यग्योन्यादीनामनुपसंग्रह इति चेत्, कामतीव्राभिनिवेशग्रहणत् सिद्धेः" राजवार्तिकमें भी ठीक इन्हीं अक्षरोंमें कहा गया है किन्तु वहा इतना विशेष और है—'उक्तोऽत्र दोषो राजभयलोकापवादादि'।

इनका भावार्थ ऐसा है कि शंकाकारने शंका की है कि दीक्षिता, अतिबाला तिर्यंचिणी इनका समावेश इत्वरिका गमन नामके अतीचारमें इनको लिया गया है। क्या इनके साथ किया हुआ काम भाव ब्रह्मचर्यके लिये बाधक नहीं है? इसका उत्तर आचार्य देते हैं कि इनका समावेश कामतीव्राभिनिवेश नामके अतीचारमें करना चाहिये। क्योंकि शृंगार विहीन नीरस

राष्ट्रीय सत्याग्रहसंग्राममें जेल जानेवाले दि० जैन वीर–

बाबू कीर्तिप्रसादजी जैन वकील गुजरानवाला।

ला० तिलकचन्दजी जैन-गुजरानवाला।

बा० अयोध्याप्रसादजी गोयलीय जैन 'दास"-देहली।

राष्ट्रीय सत्याग्रहसंग्राममें जेल जानेवाले दि० जैन वीर-

चंदूलाल जमनादास वखारिया (झवेर)-मुंबाई। हीरालाल परशोत्तमदास शाह (झवेर)-मुंबाई।

दाहोद नि० (१) जवेरीलाल कस्तूरचंद जैन (२) पन्नालाल डाह्यचंद जैन और (३) कचरामल पृथ्वीराज जैन।

जैनविजय प्रेस, सूरत।

उदासीन पंडनीका दीक्षिता और अविवाहिता व तिर्यंचनीके प्रति काम विकारके भाव कामकी तीव्रतासे ही हो सकता है।

इन वाक्योंमें तो कहीं भी आशाधरके मतसे अनुकूलता नहीं है। यहां दीक्षिताके साथ संभोगकी कल्पना करना तो असंगत है। दीक्षिता तो क्या तिर्यंचनीका सेवन भी सकलकीर्तिने प्रश्नोत्तर श्रावकाचारमें व्रतसे च्युत होना है। और जो अकलंकाचार्यने इसमें राजभय लोकापवादका दोष कहा है उसका तात्पर्य यह है कि पर विवाहकरण, इत्वरिका गमन आदि किन्हीं अतीचारोंमें राजभयका दोष नहीं है किंतु दीक्षितादिके साथ की हुई प्रवृत्तिसे राजभय लोकापवादादिका भी दोष है। इसी विशेष बातको दिखलानेके लिये अकलंकस्वामीने 'उक्तोऽत्र-दोषो राजभयलोकापवादादि' का उल्लेख किया है, और कोई कारण नहीं है। कुछ भी हो अतीचारके प्रकरणमें किसी वाक्यका अनाचारक अर्थ तो कदापि तीन कालमें भी नहीं हो सकेगा।

हम पूछते हैं कि आशाधरके मतानुकूल स्वदार संतोषी नामका ब्रह्मचर्याणुव्रती तो अन्य स्त्री और वेश्याको भाड़ा देदेकर व किसी नियत कालतक स्वस्त्रीकी कल्पनासे भोग भोगकर काम करता रहेगा तथा दूसरा भेद परस्त्री त्यागी ब्रह्मचर्याणुव्रती भी जिसके वेश्या सेवनकी तो आज्ञा ही है उसके अतिरिक्त अन्य स्त्रियोंको वह भी भाड़ा देकर स्वस्त्रीकी कल्पनासे सेवन करता रहेगा तो यह समझमें नहीं आता कि आशाधरजीने क्या सो ब्रह्मचर्यके भेद किये और कौनसे [illegible] इसमें प्रयोजन निकला? यह तो एक प्रकारसे खाली वाग्जाल हुआ। एक महा विद्वानकी कृतिमें इतनी निःसारता! किमाश्चर्यमतः परं!

अगर कहो कि 'ऐसे अतीचार बताये हैं वे छोड़नेके लिये हैं कोई ग्रहण करनेके लिये थोड़े ही हैं' सो तो ठीक है, किंतु हमारा कहना यह है कि इन्हें अनाचार कहना चाहिये था। ऐसा पापाचार अतीचार कहलानेके योग्य नहीं है। अतीचार कहनेसे मुमुक्षु इन्हें हलके दर्जेका पाप समझकर इनके त्यागमें उपेक्षा कर सकता है।

स्ववचन विघात—

पं० आशाधरने सागारधर्मामृतके चौथे अध्यायके श्लोक १९की टीकामें अहिंसाणुव्रतके अतीचारों-का वर्णन करते हुये लिखा है कि—"अंतरंग व्रतके भंग होने और बहिरंगव्रतके पालन होनेसे बधबंधनको अतीचार संज्ञा दीजाती है" इसी बातसे अब हम आशाधरोक्त ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतीचारोंका विचार करते हैं तो वे अनाचार सिद्ध हो जाते हैं। क्योंकि इनमें ब्रह्मभाव रूप अंतरंग व्रतका नाश तो है ही और त्यागी हुईका सेवन करनेसे बहिरंग व्रतका नाश भी दिख ही रहा है। इसी तरह उसी अध्यायके श्लोक १९में जो पं० आशाधरजीने परस्त्री सेवनमें विशेष द्रव्यभाव हिंसाका सद्भाव बताया वह इन अतीचारोंमें भी प्रकट है। इस प्रकार पं० आशाधरजीके वचन खुद अपने ही सिद्धांतके घात करनेवाले हैं।

पूर्वापर विरोध।

आगे विटत्वादि अतीचारके विवेचनमें आशाधरजी फरमाते हैं कि—"स्वदार संतोषीके मैंने

वेश्यादिमें मैथुन करनेका ही त्याग किया है चिटत्यादिका नहीं' ऐसा समझकर विटत्वादि करे तो अतीचार होता है"। इसमें संभोगके त्यागका उल्लेख है। इससे आशाधरजीने इत्वरिकागमनमें जो कुछ कहा है वह व्यापाघाती हो जाता है।

दूसरे अध्यायके श्लोक ९८ में कन्यादानको महापुण्य बतलाया और आगे चलकर परविवाहकरणको जो कि कारितरूपसे महापुण्य होता है अतीचार बतलाया है, इत्यादि कथन बहुत कुछ पूर्वापर विरोधको लिये मालूम होते हैं।

क्रमभंग कथन।

परस्त्रीत्यागी ब्रह्मचारीके अध्याय ४ श्लोक ५१में 'किसी कन्याके साथ गांधर्व विवाहका निषेध करना और वेश्यासेवनकी छुट्टी देना ऐसा है जैसा कि दिवा भोजनका त्याग कराकर रात्रि भोजन कराना। इससे अधिक और क्या क्रमभंगता होगी?

विलक्षण कथन।

चौथे अध्यायके श्लोक ९८ की टीकामें लिखा है कि 'स्वदारसंतोष व्रतका धारी यदि अपना दूसरा विवाह करता है तो उसके परविवाह करण नामका अतीचार लगता है' आपके इस उपदेशने तो चक्रवर्ति पदके धारी तीर्थंकरोंकी भी खूब खबर की है। हजारों कन्याओंसे विवाह करनेके कारण वे भी स्वदारसंतोष ब्रह्मचर्यसे गिरादिये गये! इसी श्लोककी टीकामें आगे चलकर लिखा है कि–

"जिस दिन अपने पतिकी बारी किसी सौतके यहां हो उस दिन वह उसे सौतके यहां जानेसे रोककर उससे स्वयं संभोग करने लगे तो उस स्त्रीके ब्रह्मचर्याणुव्रतमें अतीचार लगता है। क्योंकि उस दिन वह अपना पति भी परपुरुषके समान है।"

यह कथन भी कैसा अनोखा है! इससे स्त्री भर्तारका संबंध एक तरहसे गुड्डा गुड्डीका खेल होजाता है। जांबवतीने सत्यभामाके यहां जाते हुये कृष्णनारायणको उनसे रोककर उनसे संभोग किया, तो पं० आशाधरजीके कथनसे जांबवती जैसी पतिव्रता रानी भी व्यभिचारिणी हो गई?

इत्यादि निरूपणसे पं० आशाधरजीके वाक्योंका कोई मूल्य नहीं रहता है। और वे आर्ष वाक्योंकी समानता नहीं कर सके। उनका यह ग्रंथ खासकर शिथिलाचारका पोषक है।

आश्चर्य तो यह है कि साधारण ही नहीं कुछ विशेषज्ञ भी ऐसे हैं जो पं० आशाधरजीके परमभक्त हैं और इस ग्रंथको यहांतक चिपटाये बैठे हैं कि इसे विद्यालयोंके पठनक्रममें भी रख दिया है और इस तरह विद्यार्थियोंके लिये उनके प्रारंभिक जीवनमें ही उन्मार्गका बीजारोपण किया है। अगर ऐसा ग्रंथ छात्रोंको व्युत्पन्न बनाता है तो भी कुछ कामका नहीं है। क्योंकि–

'मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयंकरः'

खेद है कि जिस जैनधर्ममें आप्त तककी परीक्षा की जाती है उसीमें ऐसे कथन भी आगमके नामसे आंख मीचकर माने जाते हैं!

चारित्रधर्मः ।

[लेखकः—श्री० पं० रवीन्द्रनाथो जैनः न्यायतीर्थः—रोहतक ।]

अतीतकालेऽस्मिन् ज्ञानिनो बभूवुः बहवः भविष्यन्ति भवन्तश्चेति, परञ्च गीयते तस्यैव महिमा दृश्यते यत्र चारित्रगुणप्रकर्षः ।

जैनसम्प्रदाये चतुर्विंशतिजिनवराः, अन्यत्र बुद्धरामप्रभृतयो येऽपि प्रसिद्धिमगुस्ते चारित्रगुणप्राधान्यतयैव । इदानींतनकालेऽपि महात्मागांधी महाशयोऽपि चारित्रगुणप्रकर्षेणैव पूज्यत्वमवाप । सन्ति ततोऽन्ये बहवः विशिष्टज्ञानिनः भारतवर्षे अमेरिकाप्रदेशे च, परञ्च नास्तीयती विश्रुतिस्तेषां । किमत्र कारणं ? चारित्रप्रकर्षे सत्येव भवत्यात्मोन्नति । सत्यपि विशिष्टज्ञानवति चारित्रोन्नतिमन्तरेण भौतिकज्ञानोन्नत्यां नास्त्यात्मनो प्रसादः । आत्मप्रसादमन्तरेण नास्ति सुखं, सर्वप्रयासः विफल एव । यस्यात्मप्रसत्तिरासीत् तस्य सिद्ध्यन्ति सर्वाणि कार्याणि क्षणेन, शत्रुर्मित्रं भवति । चारित्रप्रकर्षात् अणिमामहिमाद्यो ऋद्धयो जायन्ते । अवधिमनःपर्ययकेवलज्ञानानि अपि चारित्रप्रकर्षादेव भवंति । नहि कस्यचित् पुस्तकाभ्यासेन चावधिकेवलज्ञानादिकं जातं । चारित्रप्रकर्षे सति कर्माणि निर्जीर्यंते । ततो केवलज्ञानादिकं भवति । केवलज्ञानिनोऽपि चारित्रपूर्त्तिमन्तरेण मुक्तिर्नैव जायते, किन्तु अष्टप्रवचनमात्राणाम् (पञ्चसमितयः तिस्रः गुप्तयः) ज्ञानादेव चारित्रप्रकर्षे सति कैवल्यावाप्तिरिति परमागमे श्रूयते ।

प्रवचने यानि च चतुर्दशगुणस्थानानि संति तान्यपि न ज्ञानहेतुकानि प्रत्युत चारित्रहेतुकान्येव । तथा हि भगवत्कुन्दकुन्ददेवैरुक्तं—

चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समोत्ति णिद्दिट्ठो ।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो हु समो ॥

चारित्रमेव धर्मः, धर्मश्च शमरूपः, मोहक्षोभविहीनात्मकः, आत्मनः परिणामो हि शमो भवति । इत्यत्र मोहः मोहनिमित्तकः, क्षोभः योगनिमित्तकः, तयोरभावेन शमो भवति ततश्च चारित्रधर्मः जायते । तत्र मोहनीयो द्विविधः—दर्शनमोहनीयः चारित्रमोहनीयश्चेति । आद्यानि चत्वारि गुणस्थानानि दर्शनमोहनीयहेतुकानि । मिथ्यात्वे मिथ्यात्वोदयः, मिश्रे मिश्रोदयः, सम्यक्त्वे सम्यक्त्वोदयः, सासादने अनंतानुबंधिन उदयः । अष्टौ गुणस्थानानि चारित्रमोहनीयहेतुकानि, त्रयोदशचतुर्दशयोर्न भावाभावहेतुके, इत्येवं प्रकारेण चारित्रविकासहेतुप्रयकम्पक गुणस्थानानि संति, तस्यां चारित्रपूर्त्तौ मोक्षो भवति । ईदृशी चारित्रमहिमा ।

किन्तु इदानीं तत्रैव चारित्रधर्मे बहवः स्वच्छन्दचारिणः स्वविषयवासनापुष्टिं कुर्वाणाः बहा

...न्ति उपदिशन्ति च, सन्ति ते जिन-मार्गस्य कुसुमाः । अमरसा समन्तभद्रेणोक्तं—
स्वच्छन्दवृत्तेर्जगतः स्वभावादुच्चैरनाचारपथेष्वदोषं।
निर्घुष्य दीक्षासममुक्तिमानास्त्वदृष्टिबाह्या बत विभ्रमन्ति ॥१७॥ युक्त्यनुशासनम् ।

किमत्र कारणं ? तत्र वक्ति स्वामी—
कालः कलिर्वा कलुषाशयो वा
श्रोतुःप्रवक्तुर्वचनानयो वा ।
त्वच्छासनैकाधिपतित्वलक्ष्मी
प्रभुत्वशक्तेरपवादहेतुः ॥

श्रीवट्टकेरस्वामिना मूलाचारे प्रोक्तं—
अरसस्स जीवियस्स य जिब्भो वत्थ णकारण जीवो ।
मरदिय मारावेदिय अणंतसो सव्वकालह्मि ॥९८७

जीवोऽयं अर्थस्य प्रयोजनीभूतवस्तुनः जीवितस्य स्वायुषः जिह्वोपस्थयो. कारणं, स्वयं म्रियते अपि च सर्वकालम् अनंतशः प्राणिनाम् मारयति ।
जिब्भोवत्थणिमित्तं जीवो दुक्खं अणादि संसारे ।
पत्तो अणंतसो सो जिब्भो वत्थे जह दाणि ॥९८८

जीवोऽयं अनादिसंसारे जिह्वोपस्थनिमित्तं अनंतशः दुःखं प्राप्तः अतः जिह्वोपस्थस्य इदानीं जयः
चदुरंगुला च जिह्वा असुहा चदुरंगुलो उवत्थो वि ।
अट्ठंगुलदोसेण दु जीवो दुक्खं दु पप्पोदि ॥९८९॥

जीवस्य चतुरंगुला जिह्वाशुभा, उपस्थोऽपि चतुरंगुलोऽशुभः, अष्टांगुलदोषमात्रेणैव जीवः दुःखं प्राप्नोति ।

अधुनापि बहवः विज्ञानिनोऽपि चारित्रमंतरेण जिह्वोपस्थयोरवशीकरणेन कुमार्गं पालयन्ति उपदिशंति च । सन्तु च ते पंडितम्मन्याः ब्रह्मचारिमन्याः पंडितमन्याः परस्योपकारं नो सदृश एव लोकवञ्चनार्थं, स्वख्यातिलाभार्थं, उदरार्थं, ये जिनधर्मविराधना कुर्वंति नास्ति तेषां तरणोपायः ।

अतः एतेषां भगवतोक्त चारणीयचारित्रधर्मः क्रमशः वृद्धिं नीत्वा च मोक्षोपायः करणीयः तदैव नरजन्मनः साफल्यं भवेत् ।

यदार्थिनो ये मुमुक्षुरात्महितेच्छवः तेषां प्रवचने कथितं मार्गं—

भिक्षां चर, अरण्ये वस, स्तोकं जेम, मा बहु जल्प, दुःखं सह, निद्रां जय, मैत्रीं भावय, सुष्ठु वैराग्यं पालय व्यवहारबुद्धिर्मा भव, ज्ञानदर्शन संप्राप्ति एकत्वान्यं मा भज । यतश्च—

ममेदमस्याहमितिग्रहेण ग्रस्तो वराकः कथमेष जन्तुः अनुपमानस्य सुखस्य हेतुः कथं गिरीन्द्रोपममभ्युपैति ॥ चन्द्रप्रभकाव्ये । एकाग्रमनाः भव, निरारंभः वस, कषायपरिग्रहं त्यज, आत्मनि चेष्टां कुरु, श्रेयोमार्गे कस्यचित् संगापेक्षां मा कुरु, तदैव कल्याणावाप्तिर्भविष्यति । अयमेवास्ति परमचारित्रधर्मः ।

—✽—

लाख टकेकी एक एक घड़ी है ।

सोवत ही सोवतमें, आधी आयु बीति चली ।
आधी काम धंधनुमें, आधी हाथ परी है ॥

तो हु तू अजान बनि, घूमि रह्यौ जग बांधि ।
भूलि रह्यौ भगवान, कौनें मति हरी है ॥

सोचै नांहि काहु हाय! मायै-रह्यौ मंडराय ।
फेरि पछिताय, कहा काज तेरो सरी है ॥

सब गुरु ठाढे 'प्रिय' टेरत पुकारि तो हि ।
जागि! जागि!! लाख टकेकी एक एक घड़ी है ॥

"प्रिय"

सुधार पंचक।

[लेखक:—पं० गुलाबचंदलाल जैन चौधरी—उदयपुर ।]

आज भारतकी अवस्था अत्यंत जीर्ण-शीर्ण है। इसीसे भारतवासी जैनियोंकी अवस्था भी अति शोचनीय होती जाती है। हमको इसका जरा भी ख्याल नहीं आता है। जब हम इस दशाका ध्यान करते हैं तो मालूम पड़ता है कि हम केवल नाम मात्रके जैनी हैं। हमारा सर्वोत्कृष्ट धर्म "अहिंसा" है, वह भी हम नहीं पालते हैं! और अहिंसावादी बनते हैं बड़ी विचित्र बात है। अस्तु।

१ अहिंसा—जबसे अहिंसाको छोड़कर हिंसाको अपनाया है तबसे क्या भारत, या जैन समाज सब ही अवनत हैं। हमारे मंदिर, जो कि परम पवित्र, पूज्यनीय धर्म संस्थापक अर्हंतदेवके गृह हैं उनमें अपवित्र वस्त्रोंकी धूम दृष्टिगोचर होती है। पर्दे रेशमके होते हैं। जिनमें हजारों जीवोंकी घात होती है। पवित्र शास्त्रोंके वेष्टन भी विदेशी वस्त्रोंके हैं, उन्हींको आगे रखकर "ॐकार" की ध्वनि छोड़कर जनताको आगमका अर्थ समझाते हैं। जब कभी किसी अपवित्र वस्तुसे हमारा स्पर्श होजाता है तो हाथ धोते हैं पर यहां तो सब कुछ पवित्र है। और पुजारी लोग भी विदेशी वस्त्रोंको पहिनकर ही पूजन-प्रक्षाल करते हुए भी नहीं शर्माते हैं। जब हमारी मर्जी तब उनका क्या दोष! हे पूज्यो! सोचो। इस अहा जरासी भूलसे अपने अमूल्य धर्मरत्नको मत खोओ। फिर इसका पाना दुर्लभ है। अगर कहींपर हिंसा होती है तो हम लोग नाक-भौं सिकोड़ते हैं, और हाय २ चिल्लाते हैं, परन्तु जिन वस्त्रोंमें हजारों जीवोंकी चर्बी लगी है, वहांपर जरा चीं-चपड़ भी नहीं, यह क्यों?

हमारे सुन्दर नवयुवकोंको स्वदेशी वस्त्र पसंद नहीं, शरीरमें चुभते, कष्ट देते हैं! और शरीरका सौंदर्य भी मनमोहक नहीं होता है, इसीसे मुलायम, पतले, चर्बीवाले वस्त्रोंसे शरीर सजाते हैं। इनको देश, धर्म, समाजका जरा भी ख्याल नहीं है। यदि हम लोग इन वस्त्रोंका मोह नहीं छोड़ सकते हैं, तो फिर "अहिंसा" की इतनी लम्बी डींग क्यों मारते हैं? हमारा अब कर्तव्य होना चाहिये कि अहिंसा धर्मको न लजाकर धर्मस्थान, धार्मिक कार्योंके लिये तो शुद्ध स्वदेशी वस्त्र ही काममें लावें। अगर इतना भी नहीं कर सके हैं तो फिर मैं कहूंगा कि जैनी अहिंसावादी वीरकी संतान नहीं हैं, क्योंकि वीर प्रभुने पहिले भारत व्यापी हिंसाको हटाकर अहिंसाका झंडा फहराया था, तो

क्या वीरकी संतानसे इतना भी सूक्ष्म त्याग नहीं हो सका है ? यदि नहीं हो सका है तो वीरकी संतान कहलाना छोड़ देना चाहिये।

अगर और भी विदेशी वस्त्रोंकी धूमका बाजार देखना हो तो पर्यूषणपर्व, दीपावली आदि पर्वों पर देखिये। बिना विदेशी वस्त्रोंके बड़ा आदमी नहीं, इसीसे आज व्यापार भी नष्टप्राय है। लोग दुखी हैं, कपडोंके एजेंट हैं, धनहीन हैं। यह सब एक अहिंसा धर्मको न माननेका फल है। अहिंसा वीरताका पाठ सिखलाती है, शूरवीर बनाती है, देश-धर्मको जाननेवाला बनाती है। यदि भारत और जैनधर्मकी उन्नतिकी जरा भी लगन हमारे हृदयमें है तो अहिंसाको अपनाना होगा। यदि नहीं अपनाया तो फिर सुधार करना दुष्कर है। इसलिये प्रत्येक भारतवासीका प्रधान कर्तव्य है कि वह अहिंसाको सच्चे हृदयसे पालकर सुधार करें।

२-फूट-इसका अर्थ द्वेष, कलह, ईर्ष्या है। इस महारानीका तो भारतवर्षमें राज्य है। जहां पर दो आदमी हैं वहां पर भी कलह, जहां अनेक हैं वहांकी तो बात क्या। भाई-भाई, पिता-पुत्र, पति-पत्निमें अनबन है। एक दूसरेको लकड़ा लगाकर झगड़ा करती है। पर जैन समाज भी इससे छूटा नहीं है। जैनियोंकी संख्या केवल ११॥ लाख है। उसीमें दिगम्बर-श्वेताम्बर ये दो फिरके हैं। दिगम्बरोंमें अनेकों जातियां, जिनकी वजहसे समाजोन्नतिमें बड़ा धक्का पहुंच रहा है। इन जातियोंने बाबू पण्डित पार्टी तैयार की है, जोकि आपसमें एक दूसरेका स्वागत गालियोंसे करते हैं।

एक पार्टीवाले तो लकीरके फकीर रहना ही पसंद करते हैं। जहां सुधारकी बात आई कि "धर्मविरुद्ध धर्मविरुद्ध" चिल्ला २ कर धर्मकी दुहाई देकर समाजको ठगते हैं। समाज भोली है, धर्मको पूरी अंध होकर मानती है, इसी लिये धर्म विरुद्धतासे डरती है। इन धर्म शब्दका भी अर्थ मालूम नहीं होगा। शास्त्रोंके श्लोक उद्धृत करते हैं पर अर्थका अनर्थ किया है। इसीसे ये अबरदस्त दो पार्टीयां जैन समाजकी क्षतिका कारण है। सुधार तो अवश्य द्रव्य, क्षेत्र, काल, समयकी स्थितिको देख करना चाहिये। अगर पूर्वके जमानेका ख्याल करे तो अब कुछ भी उस समयकी स्थिति नजर नहीं आवेगी। फिर सुधारके विरोधियोंको इस प्रकारसे नहीं रहना चाहिये। मैं बकनेकी अपेक्षा करना श्रेष्ठ समझता हूं। भगवान् "आदिनाथ" ने भी समयानुकूल व्यवस्था की थी। इसलिये पार्टियोंका ख्याल छोड़ देना चाहिये।

श्वेताम्बर-दिगम्बरोंमें जबर्दस्त फूट है। तीर्थों, मन्दिरोंके लिये हजारों रुपया पानीकी तरह बहाया जाता है। धर्म तीर्थस्थान, मंदिर, शास्त्रोंमें नहीं है वह आत्माका धर्म है, तीर्थोंके मामलोंमें हजारों रुपयों पर पानी फिर चुका, और फिर भी उम्मीद है। अगर इस विषय पर दोनों पक्षवालोंने गहन विचार किया होता तो इस प्रकारके मामले कदापि नहीं चलते। और धार्मिक मामलोंके लिये अदालतों जैसे स्थानोंका

खाज लेकर धन और समय नष्ट नहीं होता। इसलिये अब भी जो कुछ हुआ सो हुआ, आगेको विचार करना चाहिये। और आपसी फूटको हटाना उचित है।

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक स्थानकवासियोंमें अनहद फूट है। विरोधमें ही हमारों रुपया नोटिसोंमें खर्च किये जाते हैं, जिसका नतीजा कुछ भी नहीं होता है। शास्त्रार्थमें कुछ मजा नहीं है। ये तीन फिरके ही जैनधर्मकी अधोगतिके कारण हैं। यदि ये तीनों समाजवाले अपने धार्मिक अंगोंको पालते हुए एक होकर रहें तो उन्नति शीघ्रही दृष्टिगोचर होगी। जैसे हरमोनियम, तबला, सितार ये तीनों ही अपनी२ जातिसे भिन्न होनेपर भी स्वरसे एक हैं, हजारोंकी भीड़को भी एक स्वरसे अपने ऊपर मोहित करलेते है। फिर हम लोग एक स्वरसे क्या नहीं कर सकते हैं। इस लिये इस दृष्टसे शिक्षा लेकर ही इस फूट पिशाचनीको हटाना चाहिये। और एक स्वरमें होकर जैनधर्मका तन, मन, धनसे सुधार करना चाहिये।

३-शिक्षा-शिक्षासे ही आज जर्मन, जापान आदि विदेश उन्नत दीखते हैं। अशिक्षा ही अधःपतनका कारण है। इस गलतीसे सभी जैन निकम्मे एवं अवनत बन रहे हैं। इसका मुख्य दोषी पुरुष वर्ग है, क्योंकि यह महिला शिक्षाका पूरा प्रबंध नहीं करता है। जिस देश या समाजकी स्त्रियां अशिक्षिता हों भला वह देश या समाज कैसे उन्नतिशील कहला सक्ता है? स्त्रीको अर्द्धांगिनी माना है। फिर आधे देशकी दुर्गति? जो हमारी जन्मदातृ माताएं हैं, वे ही जब अज्ञान हैं तब उनकी सन्तान मूर्ख हो इसमें क्या आश्चर्य है? बिना जड़के वृक्ष नहीं ठहर सकता है, उसी प्रकार मातारूपी शिक्षाकी जड़के बिना संतान वृक्ष कभी फलफूल नहीं सकता है। इससे पहिले माता, बहिनोंके अज्ञानको हटाना चाहिये।

આ શબ્દતીરોએ એવો તો પ્રબળ ઘા કર્યો, અને એની એવી તીવ્ર અસર થઈ કે શાન્તાબેન ખછેડાઈ ગયાં, અને બધીજ સ્ત્રીયો આમ અણચીંતી હાર ખા[illegible]ણી પડી ગઇ. વાતાવરણ ઉગ્ર થઇ ગયું. [illegible]ઇ બોલ્યા તો બોલ્યા પણ રણચંડીશી શાન્તાભાભીની ભયંકર મૂર્તિ જોતા વ્હેંતજ, મ્હને યાદ છે ત્યાસુધી, ઓરડી ભણી વળવાની તૈયારી કરવા લાગ્યા એવામા શાન્તાબ્હેન બોલ્યા, 'પુરૂષ પુરૂષનુંજ ખેંચેને ? આ આપણા માળામા શીરીન બ્હેન નામનાં એક પારસી બાનુ રહે છે, એમને બોલાવી પૂછો એટલે આપણી વાતનો નીકાલ આવી જશે.

કાન્તા બ્હેન તાબડતોડ દોડી ગયા અને શીરીન બ્હેનને બોલાવી લાવ્યા શાન્તાએ પૂછ્યું, "શીરીન બ્હેન, એક વસ્તુનો સાચો ન્યાય કરજો ત્હમે મ્હારા ભાઇને પરણ્યા હતાં કે મ્હારા ભઇ ત્હમને પરણ્યા હતા ?"

જોગજોગે શીરીનબાઇ પોતાના ધણી ઉપર પ્રથમ આકર્ષાયાં હોવાથી અને તેમણેજ તેના પ્રેમની માગણી કરેલી હોવાથી સત્ય વાત વદતાં તે બોલી, "જુઓ, બ્હેન ! મ્હારી પોતીકી વાત કહું તો હું પોતેજ મ્હારા ધણીને પરની હૂતી. અમારા લોકમા મૂરતીયા બહુ થોડાજ હોય છે, અને સારો ભણેલો માટીડો પરણવા માટે અમારા માબાપને સારીશી રકમ આપવી પડે છે. એટલે અમોને પોયરીયોને પરનવાની ગરજ પોયરાઓ કરતા ઘણીજ વધારે હોય છે"

આમ ઉપરાછાપરી હાર ખાવાથી આખોયે પલટણનો દેખાવ નિરીક્ષણ કરવા જેવો થઈ પડ્યો. બીચારી શીરીનબાઈ ઉપર સઘળાં રોષે ભરાયા, અને આખરે હાર ખાવા છતાય પણ તે કબુલ નહીં કરતા સઘળી સ્ત્રીયો પોતપોતાની ખોલીમાં ચાલી ગઈ. જે સ્ત્રીયો પોતાના ધણી હાજર હતા તેમણે તેઓની સાથે ઉપરોક્ત યુદ્ધ આદર્યો. આખાય માળાની રૂમો ગૂંજી રહી. ત્હમે મ્હને પરણ્યા કે હું ત્હમને પરણી ? જે સ્ત્રીયોના પતિદેવ પધાર્યા ન્હોતા તેઓ ત્હેમના આગમનની રાહ ઉત્સુકતાથી જોવા લાગી અને પતિદેવ પધારે કે તુરત આ હોમ યુદ્ધમા ઝંપલાવવા તલપાપડ થઇ રહી.

સારીયે રાત આ યુદ્ધમાં ઘૂમતાં અને ભવિષ્યમાં શા શા મુદ્દા અને કેવા પાયા ઉપર એ લડતને જારી રાખી વિશ્વવ્યાપી બનાવવી તેના સ્વપ્નાં સેવતાં સ્ત્રી પુરૂષોએ ગાળી.

(૩)

બીજે દિવસે સાંજે આખાયે માળાનું વાતાવરણ ગૂંજી રહ્યું કોઇ બ્હેન દોડાદોડ તો કોઇ બ્હેન ટોળાબંધ ઉભેલી સ્ત્રીયોને કંઈ શિક્ષાપાઠ આપી રહી હતી તપાસ કરતા માલુમ પડ્યું કે ૭ વાગે અમારા માળાની સ્ત્રીયોની એક સભા પુરૂષોના અનુચિત આચરણને વખોડી કાઢવા મળવાની હતી પ્રમુખસ્થાને શાન્તાબ્હેન શોભવાના હતાં, અને કાન્તાબ્હેન તીખું અને તમતમાટ ભાષણ કરવાના હતા

જોત જોતામા ૭ના ટંકારા થયા સભાનું કાર્ય ચાલુ થયું ઘણી બ્હેનોએ પુરૂષો તરફ સખત અણગમો જાહેર કર્યો અને તેમની આપખુદીને સખત ભાષામા વખોડી કાઢી બચુબ્હેને નીચેના ઠરાવો રજુ કર્યા જે કોઇ પણ જાતના સુધારા વધારા વીના એકમતે પસાર કરવામા આવ્યા

ઠરાવ ૧ લો—"આથી શ્રી રાયમહેલમા વસતી સઘળી બ્હેનો એકમતે ઠરાવે છે કે ભાઈ કાન્તીલાલે તેમની પત્ની સાથે વાદવિવાદ કરી તેમની લાગણીને દુભવી છે અને તે દ્વારા સારીય સ્ત્રીયોના કાયદેસર હક્કનો અનાદર કરી તેમના સન્માનને ધક્કો પહોંચાડયો છે તે અતિવ શોચનીય છે, અને આ સભા વધુમા ભાઈ કાન્તીલાલને જણાવે છે કે તેમણે ઝટપટ તાબડતોડ એમના શરમભરેલા કૃત્ય માટે એમની પત્નીશ્રીની–રમુ બ્હેનની માફી માગવી"

ઠરાવ ૨ જો—સાથે સાથે ભવિષ્યના પગલા તરીકે આ સભા સૂચવે છે કે યદિ ભાઈ કાન્તીલાલ સીધી રીતે તેમ ન કરે તો સ્ત્રીસન્માનના રક્ષણાર્થે બધી બ્હેનોએ પુરૂષોની સામે પ્રચંડ યુદ્ધના મોરચા માંડવા, અને એ યુદ્ધને સર્વવ્યાપી પ્રશ્ન બનાવવા નીચેની બ્હેનોની એક કમિટિ નીમી તેના કાર્યચલનના સર્વ હક્ક તથા કુલ મુખત્યારી તેને આપવી.

શાન્તાબ્હેન હીંમતવાળા—પ્રમુખ
કાન્તાબ્હેન લોટવાળા —મંત્રી
કનુબ્હેન ખાંડવાળા —સભ્ય
લલીબ્હેન બરફીવાળા —,,
} કમિટિ.

અને આખરે સભા બરખાસ્ત કરવામા આવી.

(૪)

ધીમે ધીમે આ પ્રશ્ન સર્વવ્યાપી થઇ પડયો. આખી મુંબાઇમા ઠેરઠેર એની ચર્ચા થવા લાગી. પુરૂષો કહે કે સ્ત્રીયો પુરૂષોને પરણે છે, ત્યારે સ્ત્રીયો કહેવા લાગી કે નહીં, પુરૂષોજ સ્ત્રીયોને પરણે છે આમ આખાય શહેરની સ્ત્રીયો એક બાજુ અને પુરૂષો બીજી બાજુ કોઇ સ્ત્રી પોતાના પતિ સાથે બોલે નહી અને કોઇ પુરૂષ પોતાની સ્ત્રી સાથે બોલે નહી પુરૂષોએ સ્ત્રીયોના અને સ્ત્રીયોએ પુરૂષોના બહિષ્કારના પ્રચંડ પૂર આણ્યાં. આખીયે મુંબાઇમાં રીસામણાં મનામણાના રાજ્ય ચાલવા લાગ્યા તાજેતર પરણેલા દંપતિઓની બૂરી હાલત થઈ પડી નૃત્યકારીયો–નર્તકીયોના ધંધા તૂટી ગયા. ફીલ્મ અને નાટકશાળાઓવાળા સ્ત્રી–નટો માટે ખમો પાડવા લાગ્યા ટુંકમા સર્વત્ર મહાભિનિષ્ક્રમણ અને વિપ્લવના પૂર પ્રચંડ વેગે ચઢવા લાગ્યા કેળવાએલા પુરૂષો કહેવા લાગ્યા કે આવી નજીવી બાબતમા આવડી ભયંકર ઝુંબેશ શી ? એ અર્થવિહોણી માથાફોડ તો મુર્ખાઓ માટે તેમના કથનને બીન તકસીરવાર ઠરાવી સ્ત્રીઓ કહેવા લાગી, "ગમે તેમ તોપણ અમારે અમારી બ્હેનોના સાથમા ઊભવું જોઇએ અમે તેને અમારો ધર્મ સમજાવીએ છીએ. સારાય હિંદમા જોઇએ તો ભણેલી સ્ત્રીઓ કરતા બીન ભણેલી સ્ત્રીયોની વસ્તી અત્યન્ત વધુ છે. અને આ પ્રશ્ન હમારા કરતા વધુ લાગુ પડે છે. વળી અમારી લઘુમતિ એમના પ્રવાહમા તણાઇ જાય છે, અને અમારો પડઘો તેમના જોરવન્તા ગગનભેદી અવાજને ભેદી જનતાના કર્ણપટે અથડાઇ શકે તેમ નથી. તદુપરાન્ત અમારા પતિ કેળવાએલા

હોવાથી અમોને તેમના તરફથી બહુ કનગડત પણ નહીં. અમને કઇ અરૂચતુ અમારા પતિદેવ આદરે તો અમે તુરત તેનો વિરોધ કરીએ છીએ, અને વખત આવે છૂટાછેડા પણ કરી નાખીએ છીએ, એટલે અમારા સન્માન ક્ષયનો ભય માત્ર અશિક્ષિત સ્ત્રીયો મારફતેજ છે. અને બાપડી ગરીબડી ગાય શી બ્હેનોને અભયદાન આપી તેમના સાથમાં અમો જરૂર ઊભવાનાં અને વર્ષો થયા જે પુરુષોએ તેમણે ઘડેલા કાયદાની ચકકીમાં અમને પીલ્યા છે, તે ચકકીને અને પુરૂષ જાતને આ વખતે તો અમે જરૂર શાસન આપવાના"

આમ એક દિવસ ગયો, બે દિવસ ગયા પણ કોઈ પણ બોલે નહીં કે ચાલે નહીં સ્ત્રીયોએ પોતાના ધણીઓને મૂકી જુદાં ભોજન પકવવા માડયા. રાંધનકળામા અકુશળ પુરૂષોને જમાડવાનુ વીસીવાળા તથા હોટેલવાળાઓએ માથે લીધુ. આમ કરતા અઠવાડિયાં વહી ગયા વ્હેપાર રોજગાર બધ પડી ગયા સરકાર પણ ગભરાઇ ગઈ સર્વત્ર ગભીર વાતાવરણ મચી રહ્યુ !!!

એકબાજુ આમ ચાલી રહ્યું છે ત્યારે બીજી બાજુએ સ્ત્રીયોની કાર્યવાહક કમિટિએ ધૂમધોકાર કાર્ય કરવા માંડ્યુ. મુબાઇમા જેટલાં સ્ત્રી–સમાજો હતાં તેમને ઉપરની હકીકત જણાવ્યા પછી આખાયે મુબાઈની સ્ત્રી શકિતએ સાથે મળી તે કાર્ય ઉપાડી લીધુ. પ્રથમ તો તેમણે કમિટિ મારફત આખા હિંદુસ્તાનની સ્ત્રીયોને ઉપલા પ્રશ્નની મારામારીની હકીકત જણાવી અને તે પ્રશ્નનો જવાબ પોતાના લાભમા લાવવા વાસ્તે પુરૂષોની સ્વાર્થવૃત્તિ સામે પ્રચડ વિરોધ દર્શાવવા, તથા તેમના બહિષ્કારમા સપૂર્ણ મદદભૂત થવા વિનંતિપત્રો પાઠવ્યા. તદુપરાન્ત યુરોપ, અમેરીકા, જાપાન, આફ્રીકા વિગેરે સર્વ દેશોની સ્ત્રીયોને પણ તારદ્વારા ટૂંકમાં સઘળી બીના જણાવી, સ્ત્રી સન્માનના રક્ષણાર્થે એક સાથે ઉભવા તથા એ બાબતમાં યોગ્ય ન્યાય ન મળે ત્યાંસુધી પુરૂષો સામે અણનમ ઉભી જંગ મચાવવા હીમાયત કરી !

(૫)

અને ધીમે ધીમે બધાયે દેશોમાં એક બાજુ પુરૂષો અને બીજી બાજુએ સ્ત્રીયોએ સામસામા યુદ્ધ માંડયા. પુરૂષો સ્ત્રીયો તેમને પરણે છે એમ સાબીત કરવા મથવા લાગી. અદાલતો પણ આ પ્રશ્નનો તોડ આણવા નિષ્ફળ નીવડી. ગામે ગામે અને ઘેરે ઘેરે સ્ત્રી પુરૂષોમાં યુદ્ધો મંડાયા. આમ આખાયે જગતની સ્ત્રી અને પુરૂષ શક્તિ મરી પીટવા લાગી સારા સારા વિદ્વાનો પણ શૂન્ય મૂન્ય થઈ ગયા સર્વેની બુદ્ધિને બિલાડાં ખાઈ ગયાં હોય એમ લાગતુ થોડાક દીવસો પછી તો છોકરીયોએ સભા ભરી જાહેર કર્યું કે પુરૂષોને અમે આથી ચેતવણી આપીએ છીએ કે તેમણે પોતાનું જક્કીપણું તુરત છોડી દેવું અને કબુલ કરવુ કે તેઓજ સ્ત્રીયોને પરણે છે, નહીંતર અમો બાળકીયો પણ હમારી માતાઓનો પક્ષ લઇશું અને એનું પરિણામ સારૂ નહીં આવે.

છોકરીઓ પછી છોકરાઓનો વારો આવ્યો, અને એમણે છોકરીયોની બીજાની વાતમા ડખલગીરી નાખવાની અન્યાયી રીતને સખત વખોડી કાઢી. આમ આ લડત તો દીવસે દિવસે વધુ મક્કમ થવા લાગી. કોઇ રહેજ પણ નમતું ન મૂકે. સ્ત્રીયો મક્કમ, પુરૂષો મક્કમ. છોકરીઓ મક્કમ, છોકરાઓ મક્કમ, સ્ત્રીયોએ વિચાર્યું કે પુરૂષોનો ગૃહ સસાર અમારા સિવાય ચાલશે નહીં, એટલે એમની ગરજે અમારા પગમા પડશે. પુરૂષોએ નિર્ધાર્યું કે આપણી કમાણી વિના સ્ત્રીયોનુ નાવ જતે દહાડે ડૂબવાનું એ નક્કી; ભૂખે મરશે એટલે નમતુ મૂકેજ છૂટકો, પણ તેમની આ માન્યતા ભૂલ ભરેલી નિવડી, કારણ કે યુરોપ અમેરિકાની સ્ત્રીયો પોતાની જાતમહેનતથી સ્વતત્ર રીતે કમાઇ શકતી હતી, એટલે એમણે પુરૂષોની રહેજ પણ પરવા કર્યા વિના હિન્દુસ્તાન જેવા દેશની સ્ત્રીયો કે જેમના ભરણપોષણનો આધાર પુરૂષો ઉપર છે તેમને ખોરાક પૂરતાં નાણા ઉઘરાવી મોકલવા લાગી. વધુમાં

... સ્ત્રીયો કે જેઓ વ્યાપાર ધંધા સ્વહસ્તે ચલાવતી હતી તેમણે પણ ખૂબ પૈસા મોકલી આપવા માંડયા. એટલે સ્ત્રીયોના પગમાં પુષ્કળ બળ આવ્યું.

(૬)

મ્હારા ઘરમા જાગેલ લઢાઇએ આવડું વ્યાપક રૂપ લીધું હોવાથી સારાય જગતના પુરૂષોમા તથા સ્ત્રીયોમા અમ યુગલનું નામ પ્રખ્યાત પામ્યું. કેટલાક દિવસો વહી ગયા. જગત્ આખું વેપાર રોજગારના અભાવે વિલવને પંથે વળ્યું. જોશીઓ જાહેરમા પ્રસિદ્ધ કરવા લાગ્યા કે ટુંક મુદતમા પૃથ્વી રસાતળ જશે, માટે ઉપરોક્ત બાબતનો ઘટતો ઉપાય યોજવો. સ્ત્રીયો અને પુરુષો—ઉભય એકમેક પ્રત્યે ધીક્કારથી વર્તતા હોવાથી કવિયો કરવા લાગ્યા કે રણેને ભૂપરથી પ્રેમઝરણા નષ્ટ થાય તત્વચિંતકો પણ પ્રેમતત્વોનાં વિવેચન કરવાના નહી રહે એમ ધાર્ગી મુઝાવા લાગ્યા. મ્હેટા મ્હોટા રાજ્યોની ઉથલપાથલ થઈ જવા લાગી યુરોપ એમેરીકા જેવા દેશોમા સ્ત્રીયોનુ પ્રાબલ્ય વધુ હોવાથી તેમણે પુરૂષ રાજાઓ તથા પ્રેસિડેંટોને તેમના સ્થાનથી પદભ્રષ્ટ કર્યા, અને તેને ઠેકાણે તેમણે સ્થાન લીધા હિન્દુસ્તાનમા જ્યાં જ્યાં સ્ત્રીઓનુ જોર હતું ત્યાં પુરુષોએ પોતાના હાથ ફેરવ્યા અને તેમના ચલણને ઉંડા દફનાવી દીધાં.

આખરે આખી દુનિયામાથી એક સહમજુ વૃદ્ધ પુરુષ નીકળ્યો એ પુરુષ જગ જુગ જૂનો હતો—એના દીદાર આપણા ઋષિમુનિયો સમા હતાં. ભરનિદ્રામાં ઘોરતો હતો. એવે સમયે સ્વપ્નામા મ્હારા અમચક્ષુ સમીપ તે ખડો થયો. "છોકરા!" મ્હને ઉદ્દેશીને તે બોલ્યો "આ તુ શુ કરવા બેઠો છે? નજીવી બાબતમા આવડાં ભયંકર ધમખાણ શાં? છોકરા, જાણે છે તુ આ નાના દીસતા અગ્નિના ભડકામાથી કેવી પ્રચંડ જ્વાલાના ભુથ તે જગાડયા છે તે? સ્ત્રી અને પુરૂષ એ તો સંસારના આધાર સ્થભ છે. સ્ત્રીપુરૂષ બેલડી એ તો કુદરતની સર્જેલ અદ્ભૂત કૃતિ છે. એકેય વિના સંસાર નાવ શોભે પણ નહીં અને ચાલે પણ નહીં સ્ત્રીપુરુષનાં પવિત્ર મીલન એ તો સૃષ્ટીની વૃદ્ધિના ઉચ્ચતમ કેન્દ્રો છે એમનામાં વિક્ષેપ એતો પ્રભુની કૃતિમા વિક્ષેપ નાખવા સમું છે જગત્ નિયતાના સર્જનજૂના સમયચક્રને તોડવાં જતા મનુષ્યો હમારોજ કચ્ચરઘાણ વળી જશે એ નિશ્ચે જાણજે. "ઉઠ? વત્સ! જલદી જઈ ત્હારી પત્ની સાથે મનામણાની ચેલીશી રમત આદર. ત્હેને સત્કારી કહે કે **'સ્ત્રી પુરુષને પરણે છે અને પુરૂષ સ્ત્રીને પરણે. છે'** અડધુ પરણી સ્ત્રી અને અડધુ પરણ્યો પુરુષ, એટલે બેઉ મળી આખુ પરણ્યા કહેવાય એટલા માટેજ પુરુષ એ સ્ત્રીનુ અને સ્ત્રીએ પુરૂષનુ અર્ધુ અંગ છે, એમ શાસ્ત્રકારો કથી ગયા છે" આટલુ વદી તેમના ચરણમા હુ લોટી જાઉં તે પૂર્વે ના એ વૃદ્ધપુરુષ અનન્તતાની ઊંડી ખીણમા લપાઈ ગયા

સ્હવારે ઉઠી વૃદ્ધ બોલેલાં વચનો તથા તેણે આપેલ ન્યાય મ્હારી પત્નીશ્રીને કહ્યો, અને અમ સખી કરી પછી તો આખાય માળમા આનંદનાં પૂર ચઢયા વાત વાયુવેગ એક પછી એક એમ સર્વત્ર એક યા બીજા સાધનો દ્વારા પસરી ગઇ બધેજ સમાધાનીના ધ્વજ ફરકવા લાગ્યા હિન્દ શાન્ત થયુ યુરોપ શાન્ત થયુ, અમેરિકા અને જાપાનને આગણે પણ સલાહસપતી અમી વૃષ્ટિ થઈ આમ અમારા ઘરેથી ઉદ્ભવેલ યુદ્ધ અમારે આગણેજ સમાયા અને પ્રિય વાચક! જેમ ત્હેના ઉત્પાદક તરીકે અમો યુગલના નામ પૃથ્વીના ત્રણે ખંડમા પ્રખ્યાતી પામ્યાં હતા, તે મીશાલ ત્હેના વિનાશક તરીકે પણ હમારા નામો જગતની બત્રીસીએ ચઢી ગયા બતાવી છે આવી બહાદુરી જગત્ આખાનેયે ચગડોળે ચઢાવવાનાં એક દંપતીએ કો કાળે?

લોકો અને ઇતિહાસકારો કહેવા લાગ્યા—"કાન્તીલાલ! ત્હારૂ અને રમુનુ નામ જગતના ઇતિહાસના પૃષ્ઠો પર સુવર્ણ અક્ષરે લખાશે"

અને એમ થાય તો હમારા જેવા ભાગ્યશાળી અન્ય કોઈ ખરાં?

યુવાનોને હાકલ!

(લેખક—ચંદ્રકાન્ત ચીમનલાલ વકીલ)

હે હિંદવાસીઓ, જાગો અને જુઓ કે દેશ અત્યારે શું માગી રહ્યો છે. હિંદ પોકાર કરી રહ્યું છે કે ઘરદીઠ એકએક સૈનિક થઇ બહાર પડવો જોઇએ અને હેની આઝાદીમાં બનતો પ્રયત્ન કરવો જોઇએ. હું જ હમને પુછું—જ્યારે હમારા જેવા યુવાનો જેલમા સડયા કરે છે, ત્યારે હમે પોતે શું ઘરને ખુણે બેસી રહેવા માગો છો? હમારી ફરજ સંભાળો હમે કોણ છો? હમારૂ ધ્યેય શું છે? શું હમે ઘરમાં બેસી રહેવાને લાયક છો? પં. મોતીલાલ નેહરૂ જેવાએ પોતાના એકના એક પ્રિય પુત્રને આઝાદીની લડતમાં હોમ્યો છે, હેમની સ્થિતિનો વીચાર કરો શું હમારી સ્થિતી તેથી પણ આકરી છે? અત્યારે હમારે તો પ્રતિજ્ઞા કરવી જોઇએ કે જ્યાં સુધી સ્વરાજ્ય મળે નહિ ત્યાં સુધી અમે ઝંપીને બેસવાના નથી અને સરકારને પણ ઝંપીને બેસવા દેવાના નથી. હમે એમ માનીને બેઠા છો કે હમે નિર્બળ છો લડાઇમા જોડાવવા લાયક નથી. યુવાનો—આ હમારી ભૂલ છે. હમારી હિંમત હાથે કરી ઓછી કાં આંકો છો! સ્વભાન તથા સ્વમાન જરા તો રાખો.

હવે બીજી વાત પર આવુ. હમે કેટલાંક જમણવાર બંધ કર્યાં છે વૃદ્ધ લગ્ન તથા બાળ લગ્ન અટકાવવા પ્રયત્ન પણ કરેલો છે તો શું હમે દેશને ગુલામીમાં સડવા દેશો? શું હમે ન્યાતને ઉંચી પંક્તિમા આણવા નથી માગતા? દિગંબર જૈનનું નામ હાલ ઘણુંજ ઓછું સાંભળવામા આવે છે. હમે દેશદ્રોહી નથી. હમે હિંદ માતાના સાચા પુત્રો છો. જુઓ—શ્વેતાંબર યુવાનો લડાઇમા ભોગ આપી રહ્યા છે, હમને હેની અદેખાઇ નથી આવતી? હમારે હમારો આગેવાન ન હોય તો બીજા આગેવાનના હાથ નીચે રહી કામ કરતાં શીખવું જોઇએ. "કામ કામને શીખવાડે છે." જ્યારે હિંદ માતાની મુક્તિની રણગર્જનાથી આરંભાયેલ રણમેદાનમાં અબળાઓ સબળાઓ થઇને ગુંડાઓના હાથનો લાઠી પ્રહાર તથા વાકબાણ સહન કરે છે, ત્યારે હમે શું હેનાથી પણ ગયા? જ્યારે વકીલો, બેરીસ્ટરો અને મ્હોટા અમલદારો પોતાની નોકરીનાં રાજીનામાં આપી દેશને સ્વતંત્ર કરવા બહાર પડી રહ્યા છે ત્યારે હમે ઘરના ખુણામાં બેસી રહેશો? શું હમારામાં દેશદાઝ નથી! કુડચીનો અત્યાચાર વાંચી હમને નથી લાગતું કે સરકારની નીતિ કેવી છે! શું તમો હેને સાથ આપશો? હમને ખાદી પહેરવી ખુંચે છે? રેંટીઓ કાંતતા ખૂંચે છે! યુવાનો થતા રમવાનો વખત હાલ નથી સંગ્રામ ખેલવાનો છે આપણી સ્વતંત્રતામા પત્તાં રમવાનો વખત ઘણો મળી રહેશે આપણે સ્વદેશી ધર્મ છોડયો ત્યારથી આપણું પતન છે. આપણે હેને વળગી રહેવું જોઇએ પ્રથમ તો વેપારાર્થે આવી આપણને સ્વદેશી છોડાવી પરદેશી વપરાવી આખો દેશ આપણો સ્વહસ્તક લીધો અને આપણને ફસાવ્યા યુવાન! સ્વદેશી વાપરીએ તો સ્વરાજ હાથમા છે અને યુવાન! પીકેટીંગ કરીએ તો પરદેશી બંધ થાય અને સ્વદેશી વપરાય અસ્તુ.

તા. ક.—ભાઇ ચંદ્રકાન્ત પાંચમી અંગ્રેજી ભણે છે. પોતે કાંતે છે અને પીકેટીંગ કરે છે, તથાજ ઉપલી સલાહ યુવાનોને આપી શકે છે. હેના જેટલા ન્હાના વિદ્યાર્થીઓને કામ કરતા જોઇ મ્હોટા કંઇક ધડો લે તો ઠીક. **સંપાદક.**

પરિગ્રહ પ્રમાણ.

(લે૦-મોહનલાલ મથુરાદાસ કાણીસાકર-કંપાલા)

આપણાં જૈન શાસ્ત્રોમાં શ્રાવક, અને સાધુ, બન્ને માટે પરિગ્રહનું પ્રમાણ કરવાનો વિધિ બતાવેલો છે. વર્તમાન કાળે સાધુઓ અને કેટલાક શ્રાવકો તે મુજબ વર્તી રહ્યા છે પણ મને આ વ્રત બાબત એક શંકા ઉપજે છે કે-

શું જૈન મંદિરો માટે પરિગ્રહપ્રમાણ વ્રત નહિ હોય ?

આપણાં મંદિરોમાં હજારો રૂપીયાનાં સોના, ચાંદી, જવાહીરનાં ઉપકરણો આપણે જોઇએ છીએ તે ઉપરાંત હર સાલ નવાં નવાં ઉપકરણો તેમા ઉમેરાતા જાય છે, જેથી કરી તેની કિંમત ક્રમશ. વધતી જાય છે, કે પછી તેની ગણત્રી કરવી પણ મુશ્કેલ પડે છે. હવે પ્રશ્ન એ થાય છે કે-

અ. મંદિરોમા ઉપકરણાદિ જંગમ મિલકત કેટલી રાખવી, એવુ કોઈ શાસ્ત્રમા ફરમાન હશે કે નહિ ?

બ. આપણે હર વખત ઉપકરણાદિ ચઢાવી મંદિરનો વૈભવ-દેવની વિભુતી વધારી દઇએ છીએ. તેથી મંદિરને તેમજ તેના માનનારાઓને લાભ શું ? હુ નથી ધારતો કે-કોઇ મંદિરના પ્રબંધ કર્તા, તે ઉપકરણો વેચી તેનાથી જીર્ણ થતા મંદિરો સમારાવતા હોય ઉલટુ કેસરીયાજી જેવાં તીર્થસ્થાનોમાં, તો તે જિનની જવાહીરનો ઉપયોગ, રાજા અને રાજ્યકર્મચારીગણ કરે છે

ક. વ્રતોના ઉદ્યાપન નિમિત્તે સોનારૂપાના વાસણ, રેશમી અપવિત્ર ચદરવા અને શાસ્ત્ર બંધન કરતા શાસ્ત્રનાં ગ્રંથો ભેટ ધરાય, તો શું ધર્મ-વિરૂદ્ધ ગણાય ?

ડ. આપણા કેટલાય પ્રાચીન ગ્રંથો હજી વૃદ્ધ આગેવાનો અને અલ્પજ્ઞ ભટ્ટારકોની અલ્પ બુદ્ધિનો ભોગ થઇ ભોંયરામા પેઢીઓ સેવે છે, તેનો ઉદ્ધાર કરવાના કાર્યમા ઉદ્યાપનના નાણા ખરચાય તોય કાંઇ થાય બાધ હશે ?

વર્તમાન કાળે ઉપરના ખુલાસા જૈન બંધુઓનો લાભાર્થે વિદ્વાન વર્ગ તરફથી પ્રગટ થવાની જરૂર છે.

મારા માનવા પ્રમાણે તો, જો જૈન ધર્મ પાળનારાઓને પરિગ્રહ પ્રમાણ વ્રત રાખવાની આજ્ઞા હોય, તો જૈન મંદિરોની જંગમ મિલકતનુ પણ પ્રમાણ થવાની જરૂર છે.

વર્તમાનકાળ ધર્મની અંધાધુંધીનો છે કેટલેય સ્થળે મંદિરોમાંથી પ્રતિમાઓ અને ઉપકરણો ગુમ થયાની વાતો સંભળાય છે. જે સાંભળી આપણાથી એક હાયનો ધિક્કાર નાખી દેવાય છે માટે આપણા મુનીરાજો, ત્યાગીઓ, વિદ્વાનોને હું વિનંતી સહ જણાવુ છુ કે-તેમણે પરિગ્રહ પ્રમાણ વ્રતને પુરા સ્વરૂપમા પ્રકાશિત કરવું અને સમાજમા એવું આંદોલન ઉભું કરવુ, કે-જેથી કરી જૈન બંધુઓ મંદિરોમાં જવાહીર ઠાલવવા કરતાં શાસ્ત્રે દાન કરી કૃતાર્થ થાય, ૐ શાંતિ.

નવીન વર્ષે આશિષ.

ધન ધાન્યની વૃદ્ધિ થઇ, પુત્રો ઘણેરા પાકજો,
આનંદ ને આનંદની, રેલો સદાએ જામજો.
આશીષ મારી એટલી, નુતન બનેલા વર્ષમા,
પ્રભુ રાખજો સુખી તમોને, ને સદા ઉત્કર્ષમાં-૧
ભારત તણા ઉદય મહી, આનંદથી આગળ પડો,
પરતંત્ર ભારત માતને, છોડાવીને સૌ સુખ લ્યો
જાતિ તમારી આધળી, હણાય દુર્ગુણ દુષ્ટથી,
નવિન વર્ષે સંપથી, સુધારજો સૌ હર્ષથી-૨
સમાજને સુધારવા, શાળા બધે સ્થાપન કરો,
તમ બાળને આપી સુવિદ્યા, દેશને અર્થે ધરો
બંધુ તમારા બાપડા, ભુખ્યા રહે હરનિશ કઇ,
છે ધિક તેથી આપને, હજુએ નહિ જો લાગશે-૩
પરદેશી સત્તા કોલી ખાએ, માત ભારત અંગને,
ત્યુતો તમે ભારત તણા, શાને ધરો અનેકપને.
ગાંધી તણા સાથ સર્વે, સંપથી આગળ વધો
મોહન કહે નવ વર્ષમાં, સ્વરાજ્ય જલ્દી મેળવો-૪

મોહનલાલ મથુરાદાસ કાણીસાકર.

रति और कामदेवका सम्वाद।

बैठे विपिनमें पार्श्व प्रभु चिद्रूपको लखने लगे।
रतिने कहा कन्दर्पसे तुमने न इनको क्यों ठगे॥
ठगिनी रतीने यों कहा हे! नाथ ये सुन्दर पुरुष,
देखो न इनके सम अहो! त्रैलोकमें दूजा मनुष॥१॥
कन्दर्प तुम सुन्दर बदन रखती सदा हूँ गर्वमें,
इनका बता दो नाम तुम लूटें इन्हें हम अर्णमें।
प्रेरित किया कन्दर्पको रतिने विवश होकर कहा,
मुझको बता दे नाम इनका तू खड़ा क्या कर रहा॥२॥
कन्दर्पने परमेश पारसनाथका परिचय दिया,
इनके समीप न ठग रहें, इनने परास्त हमें किया।
कन्दर्प औ रतिके दहनको योग था इनने लिया,
जिनदेव पारसनाथ ये, जगको विजय इनने किया॥३॥
जाना न उनके पास तुम वे भस्म कर देंगे तुमें,
रतिने कहा कन्दर्पसे कायर हुवा तू विश्वमें।
मूर्छित हुई बोली प्रभो! मैं पड़ गई आश्चर्यमें,
इतनी न सुन्दरता कहीं जितनी इन्होंके चर्णमें॥४॥
चकरा गये कन्दर्प तुम रतिने कहा सम्वादमें,
कन्दर्प तनका गर्व तुम करते रहे उन्मादमें।
कन्दर्पने रतिसे कहा इनने तजा है मोहको,
मैं मोहका किंकर हुवा प्रभु पार्श्व पखें चोरको॥५॥
कन्दर्पने अपने अधीश्वर मोहका वर्णन किया,
उस मोहको पारस प्रभू! ने नष्ट कर तप धर लिया।
कन्दर्प किंकर मोहका उसको प्रभूने वश किया,
ठगिया न इनको ठग सके कन्दर्पने परिचय दिया॥६॥
ठगिनी बनी रतिने कहा कन्दर्पसे उस अर्णमें,
करना न अब तुम गर्व रक्खो शीश प्रभुके चर्णमें।
दुर्पन जनक ठग औ ठगनिका हाय! हा! नरलोकमें,
करते पराजय पार्श्व प्रभु फँसते नहीं दुर्योगमें॥७॥

पीताम्बरदास उपदेशक-बांसापथरिया।

अहिंसामयी-राष्ट्र-यज्ञ।

राष्ट्र नदीके विद्रवकारी इस कल कलमें।
बने शहीदोंके मठ लाखों जब थल थलमें॥
राष्ट्रनाद जब गूँजे, मिलकर वायु प्रबलमें।
स्वाभिमानकी मूर्ति! जाग ले, ध्वज करतलमें॥१॥

बन्दी बनकर भूला क्या, निज सत्त्व पुराना।
त्याग गुलामी भेष, धार केसरिया बाना॥
सद्‌गत तूने वीरोंका इतिहास न जाना।
वीर क्षत्रपति शिवा, प्रताप प्रतापी राणा॥२॥

चमक रही हैं अबतक उनकी कीर्तिशिखायें।
देखो! उनके गान गा रहीं चतुर्दिशायें॥
जन्म, मरण अनिवार्य, यथा चक्र क्रम नेमी।
माताके दुख देख द्रवित हो, करुणा प्रेमी!॥३॥

चमके जैनो! नाम तुम्हारा इतिहासों में।
गड़े कीर्तिके स्थंभ, हिमाचल, कैलाशों में॥
"जैन जयति जय" कहें विबुध जन अनुप्रासों में।
फैले परिमल भूमि, गगन, वन उल्लासों में॥४॥

हमने ही तो रक्खा इसका नाम अहिंसा।
हमने ही तो कहा प्रथम, सुखधाम अहिंसा॥
जैनधर्मका अमर रहा है नाम अहिंसा।
क्या न उसीके हेतु करें? संग्राम अहिंसा॥५॥

रामकुमार जैन "स्नातक"-गुजरानवाला।

"जैनविजय" प्रिंटिंग प्रेस, खपाटिया चकला-सूरतमें मूलचन्द किसनदास कापड़ियाने मुद्रित किया और "दिगम्बर जैन" ऑफिस, चन्दावाड़ी-सूरतसे उन्होंने ही प्रकट किया।

वीर विशेषांक

अतिशयक्षेत्र देवगढ़ मन्दिर नं० २८।

सम्पादक और प्रकाशक—

मूलचन्द किसनदास कापड़िया-सूरत।

विषय-सूची।

चित्र-सूची।

अतीव वयोवृद्ध दानवीर श्री० सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी-सोलापुर।

[डायमंड ज्युबिली फोटो १९३१]

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

नाना कलाभिर्विविधैश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तनाम, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष २५वां | वीर सम्वत् २४५८, कार्तिक-मगसिर विक्रम सम्वत् १९८८। | अङ्क १-२.

प्रार्थना ।

[रच०-ताराचंद्रजी जैन पांड्या-झालरापाटन]

विश्व प्राण, विश्व ज्ञान ।
अमर पूज्य, विमल रूप ।
मोह मृत्यु, बल अनूप ॥
सुख निधान, भूप भूप ।
कर्म मुक्त, ध्यान ध्यान ॥विश्व०॥
स्पर्श हीन, स्पर्श ज्ञान ।
गन्ध हीन, गन्ध ज्ञान ॥
स्वाद हीन, स्वाद ज्ञान ।
रूप हीन, रूप ज्ञान ॥विश्व०॥
भारतीय भाग्य आश ।
प्राणि-विश्वका प्रकाश ॥
भव-पिपासका विनाश ।
लघु, महान, शुद्ध ज्ञान ॥विश्व०॥
जय विरक्ति, जय अनाम ।
जय अनन्त, जय अकाम ॥
जय जिनेश, शान्ति धाम ।
आत्म प्राण, आत्म ज्ञान ॥विश्व०॥

स्वागत ।

["वत्सल" विद्यारत्न काव्यकलानिधि ।]

हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
बने शुष्क अन्तस्तल कैसे प्रेम प्रदीप जलाएं ॥
भग्न हृदय हैं, हा! हम कैसे स्वागत साज सजाएं ।
रूठीहुई ज्ञानलक्ष्मीको कैसे आज बुलाएं ॥१॥
हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
भक्तिभावसे शून्य हुए क्या
सरस भावना भाएं ॥
दयित दशा है अहे प्रभो !
क्या स्वागत गायन गाएं ।
सोती मधुर कल्पनाओंको
कसे नाथ जगाएं ॥ २ ॥
हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
बनें पराश्रित वस्तु आपके
योग्य कहांसे पाएं ।
नहीं, नहीं, रहने दो स्वागत,
साज अरे ! क्या लाएं ॥
शुष्क हृदय आसन पर ही,
आओ ! ऐ नाथ ! बिठाएं ।
स्वागत नाथ ! आपका आएं ॥

॥ श्रीवीतरागाय नमः ॥

नाना कलाभिर्विविधैश्च तत्त्वैः सत्योपदेशैस्सुगवेषणाभिः ।
संबोधयत्पत्रमिदं प्रवर्त्तनाम, दैगम्बरं जैन-समाज-मात्रम् ॥

वर्ष २५वाँ | वीर सम्वत् २४५८, कार्तिक-मगसिर विक्रम सम्वत् १९८८. | अङ्क १-२.

प्रार्थना ।

[रच०—ताराचंद्रजी जैन पांड्या-झालरापाटन]

विश्व प्राण, विश्व ज्ञान ।
अमर पूज्य, विमल रूप ।
मोह मृत्यु, बल अनूप ॥
सुख निधान, भूप भूप ।
कर्म मुक्त, ध्यान ध्यान ॥विश्व०॥

स्पर्श हीन, स्पर्श ज्ञान ।
गन्ध हीन, गन्ध ज्ञान ॥
स्वाद हीन, स्वाद ज्ञान ।
रूप हीन, रूप ज्ञान ॥विश्व०॥

भारतीय भाग्य आश ।
प्राण-विश्वका प्रकाश ॥
भव-विपाशका विनाश ।
लघु, महान, शुद्ध ज्ञान ॥विश्व०॥

जय विरक्ति, जय अनाम ।
जय अनन्त, जय अकाम ॥
जय जिनेश, शान्ति धाम ।
आत्म प्राप्त, आत्म ज्ञान ॥विश्व०॥

स्वागत ।

["वत्सल" विद्यारत्न काव्यकलानिधि ।]

हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
बने शुष्क अन्तस्तल कैसे प्रेम प्रदीप जलाएं ॥
भग्न हृदय हैं, हा ! हम कैसे स्वागत साज सजाएं ।
रूठीहुई ज्ञानलक्ष्मीको कैसे आज बुलाएं ॥१॥

हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
भक्तिभावसे शून्य हुए क्या
सरस भावना भाएं ॥
दयित दशा है अहे प्रभो !
क्या स्वागत गायन गाएं ।
सोती मधुर कल्पनाओंको
कैसे नाथ जगाएं ॥ २ ॥

हा ! कैसे निर्वाण मनाएं ।
बनें पराश्रित वस्तु आपके
योग्य कहांसे पाएं ।
नहीं, नहीं, रहने दो स्वागत,
साज अरे ! क्या लाएं ॥
शुष्क हृदय आसन पर ही,
आओ ! ऐ नाथ ! बिठाएं ।
स्वागत नाथ ! आपका आएं ॥

प्रश्नोत्तर संस्तवन।

[रचयिता—पं० गुणभद्रजी जैन—कलोल।]

भव अरण्यमें चक्कर खाते, आज देव तुमको पाया।
हटा मोह मेरा अनादिका, जो हा! अबतक था छाया॥
तुम ही हो सत्यार्थ देव प्रभु, यह मनमें श्रद्धान हुआ।
पूछो, यदि हम सत्यदेव हैं, कैसे तुमको ज्ञान हुआ! ॥ १ ॥

उत्तर यही एक है निश्चित, अगणित दोषोंको चूरा।
वचन निरंतर हैं विरोध विन, और शांत तुममें पूरा॥
यदि फिर आप कहें जड़में भी, क्षुधा तृषादिक दोष नहीं।
उनकी पूजनसे पलभर भी, तुमको क्यों सन्तोष नहीं॥ २ ॥

तो हम कहते नाथ! हमारा उनसे क्या होता उपकार।
और अचेतनमें तिलतुष भी, कहां ज्ञानका है संचार॥
वीतराग सर्वज्ञ और सब, तत्त्वोंका जो वक्ता है।
दृढ मुझको विश्वास लोकमें, देव वही हो सकता है॥ ३ ॥

दोष रहित हम ही हैं जगमें, यह तुमने कैसे जाना?
सत्य तुम्हारी वाणी परसे, हमने तुमको पहिचाना॥
भय न हृदयमें कभी आपके, इससे करमें शस्त्र नहीं।
स्वयं आप रमणीय लोकमें, इससे मण्डन वस्त्र नहीं॥ ४ ॥

तो हम कहते पशुआदिक भी, कभी वस्त्र क्या रखते हैं?
देव मानकर उन्हें विश्वजन, क्यों न पगोंमें पड़ते हैं?
तो हम कहते धनाभावमें, कौन नहीं है वैरागी।
होते हुये अपार सम्पदा, तृणवत् प्रभु तुमने त्यागी॥ ५ ॥

प्रभो! आप ही उच्च त्यागके, हो अपूर्व आदर्श महान्।
सदा तुम्हारी ही सेवासे, होता है जगका कल्याण॥
क्यों होता कल्याण विश्वका, वत्स! हमारे पूजनसे?
देते हम न किसीको किंचित, लेते और न सेवकसे॥ ६ ॥

हमारा देश।

[रचयिता-पं० परमेष्ठीदासजी जैन न्यायतीर्थ-सूरत ।]

देशकी विपति हरो भगवान !

दीन दशा है आज हमारी, संकट विकट छा रहे भारी।
भारत भूमि पुकारे सारी, इधर दीजिये ध्यान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ १ ॥

हमने दुःख अनेकों भोगे, यह सब आप जानते होगे।
कहो ध्यान अब कब तक दोगे, अटक रहे हैं प्रान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ २ ॥

नहीं अन्न घरमें खानेको, तरस रहे दाने दानेको।
तत्पर हैं अब मर जानेको, सात करोड़ किसान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ३ ॥

वस्त्र न उनको मिल पाते है, अर्धनग्न ही रह जाते हैं।
अपनी दुख गाथा गाते है, अशुभ कर्मको मान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ४ ॥

कहा गया वह समय हमारा, बहती थी अमृतकी धारा।
नष्ट हुआ धन वैभव सारा, बिगड़ गया सब काम ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ५ ॥

जो हम सबका प्रतिपालक था, अखिल राष्ट्रका संचालक था।
दीनोंके दुखका भालक था, बना वही दुख खान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ६ ॥

कहां गई वह सम्पति सारी, देश हुआ है हाय! भिखारी।
आती है विपदायें भारी, भारतको पहिचान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ७ ॥

नाथ! सुदिन वह कब आवेंगे, मिलकर सब मंगल गावेंगे।
दुखी न 'दास' यहां पावेंगे, भरा रहे धन धान ॥
देशकी विपति हरो भगवान ॥ ८ ॥

हम कहते हैं नाथ आपकी, महिमा ऐसी है खासी।
सहज टूट जाती है जिससे, भगवन् ! कर्मोंकी फांसी ॥
और दूसरी बात एक यह, तुममें है सच्चा देवत्व।
बतलाया है बाह्य वेश ही, त्रिभुवनका उत्कृष्ट प्रभुत्व ॥ ७ ॥

तुम ही मेरी शुद्ध आत्माके, जगमें अनुपम प्रतिबिम्ब।
पाता शुद्ध स्वरूप विश्व नित, ले करके तेरा अवलम्ब ॥
जबतक जगमें विद्यमान मैं, तेरा बड़ा सहारा है।
तुम बिन ऐसे गहन विश्वमें, बोलो कौन हमारा है ॥ ८ ॥

वत्स ! आजतक जिसको पाकर, हमको तुम थे भूल रहे।
पाकर विषय सम्पदा ऐहिक, मन ही मन थे फूल रहे ॥
उन देवोंका आज सहज ही, करते हो तुम कैसे त्याग ?
तुमने भला विचारा है क्या, जो करते मुझसे अनुराग ॥ ९ ॥

यह अनादि अभ्यास चित्तका, क्या योंही छोड़ा जाता।
कहो दीर्घ सेवित देवोंसे, इस विधि मुख मोड़ा जाता ॥
प्रभो ! आपको लखकर सम्प्रति, कष्टोंका अवसान हुआ।
तेरी विमल कृपासे मुझको, कुछ निजत्वका भान हुआ ॥ १० ॥

नाथ ! कुदेवोंकी सेवासे, पाये मैंने कष्ट महान।
कर न सका निश्चय मैं कुछ भी, कौन विश्वका है भगवान ॥
देव नाम रखनेसे कोई, देव नहीं माना जाता।
सिंह नाम रखनेसे कोई, बचा उसके बलको पाता ॥ ११ ॥

नित प्रति ही उनकी सेवासे, हुआ और यह दृढ़ संस्कार।
बैठ मनुज पाषाण नावमें, पहुंच सके क्या सागर पार ॥
ज्यों ज्यों उन्हें मनाया मैंने, त्यों त्यों यह मिथ्यात्व बढ़ा।
इसी भांति मुझ पर अनादिसे, महा मोहका नशा चढ़ा ॥ १२ ॥

भूल गया अपना स्वरूप तब, पर द्रव्योंने मोह लिया।
होकरके आधीन मोहके, बस, अनिष्टसे द्रोह किया ॥

इसी लिये तुमको भी भगवन ! अबतक नहिं पहिचाना था।
प्रबल शत्रु जो महामोह है, उसको हेय न जाना था॥ १३॥

जिसकी संगतिसे हे भगवन् ! पाये मैंने कष्ट अनन्त।
निज सुखार्थ फिर निश्चय पूर्वक, क्यों नहिं छोडूं उन्हें तुरन्त ?

होके भी वे देव, जगतके सुखकी करते अभिलाषा।
बढ़ी हुई है गगन सदृश ही, विषयोंकी उनकी आशा॥ १४॥

काम विवश जो सदा संगमें, रखते हैं सुन्दर दारा।
दिखलाते जो हृदय भीरुता, अपनी हथियारों द्वारा॥

उन देवोंसे तो हे भगवन ! हम ही हैं सब भांति भले।
क्या तारेगा जीव दूसरोंको, जगमें जो आप रुले॥ १५॥

देनेमें असमर्थ इष्ट हम, फिर पूजनमें है क्या काम।
देते जो धन धान्य सुखादिक, लेते क्यों नहिं उनका नाम॥

पुत्र मित्र परिवार सम्पदा, विनाशीक सम्पूर्ण पदार्थ।
मिलनेमें ऐहिक विषयोंके, होता नहिं कल्याण यथार्थ॥ १६॥

इनके मिलनेसे अज्ञोंका, बढ़ता है अतिशय अविवेक।
जिसके वश आधीन हुये नर, करते हैं जग पाप अनेक॥
लौकिक विषयोंके वियोगमें, जग जन सब अकुलाते हैं।
हा ! हा !! बस विषयार्थ निरन्तर, मानव कष्ट उठाते हैं॥ १७॥

निन्दनीक इन विषयोंका तो, योग्य सर्वथा ही है त्याग।
तुम तो एक अलौकिक ही सुख, देते हो हमको बड़भाग॥

जिस सुखको त्रैलोक्य ज्ञान दे, मनुज प्राप्त नहिं कर सकता।
नर, किन्नर, खेचर, इन्द्रादिक, नहिं कोई भी हर सकता॥ १८॥

प्रभो ! तुम्हारी पूजनसे तो, सधते सभी हमारे काम।
स्व-पर भेद विज्ञान प्राप्त कर, हो जाते हैं हम निष्काम॥

नाथ आपकी यथाजात मुद्रा, मुझको इतनी प्यारी।
उसहीके उत्कृष्ट ध्यानमें, बीते यह आयु सारी॥ १९॥

अत्याचार और प्रतीकार।

(रच०—श्री० पं० राजकुमार जैन 'विद्याभूषण')

सखी! सुनाऊँ किन शब्दोंमें ?
अपने दुखकी बतियाँ।
किन वर्णोंमें लिखूं बता मैं ?
अपने दुखकी प्रतियाँ॥
हाय! दैवकी सर्व जगतमें,
उलटी उलटी गतियाँ।
किन्तु फटा जाता है सीना,
लख समाजकी अवनतियाँ॥१॥

प्रेमामृतके बदले तुमको,
मिली जहरकी प्याली।
छीन लेगये जालिम मेरे,
सुख भवनोंकी ताली॥
चली चली थक जाऊँगी मैं,
इन अनीति राहोंपर।
फिरा प्रलयका पानी आली!
मेरी सुख चाहोंपर॥२॥

हा! बुलबुलके लिये बिछाता,
माली हो दुख जाली।
दिन पहले ही बिगड़े थे,
अब बिगड़ी रातें काली॥
सोचा था सुखसे बीतेंगी,
जीवनकी दो घड़ियाँ।
किन्तु प्रेमकी लड़ियों बदले,
पड़ी कड़ी हथकड़ियाँ॥३॥

क्या समझेंगे व्यथा हमारी,
दौलतके दीवाने।
निकलेंगी अब हमीं हाथमें,
लेकर तीर कमानें॥
अरे ज्योतिषी! खूब मिलाले,
अपने पत्रा पत्री।
रूढ़ियुद्धमें हम भी निकलीं,
बाना धारे क्षत्री॥४॥

अरे धर्मके ठेकेदारो!
ईश्वरके पैगम्बर।
अबलाएं अब यहां रचेंगी,
अपने स्वय स्वयंवर॥
मत बोओ तुम अबलाओंके,
मगमें कंटक झाडी।
यदि बोओगे, हम फेकेंगी,
जली क्रान्ति चिनगारी॥५॥

ऐ बाधाओ! आओ! आओ!!
अरु हम भी आजाएँ।
अपना अपना साहस बल सब,
बढ़ बढ़ कर अजमाएँ॥
हम हारेंगी या जीतेंगी,
तुमको भला फिकर है क्या ?
महा वीर व्रत धारण है,
फिर वहाँ मौतका डर है क्या॥६॥

हृदयोद्‌गार।

रचयिता:-पं० हजारीलालजी जैन न्यायतीर्थ।

(१)

गया प्यारा दीपावलि पर्व,
सभी पर्वोंके शिरका ताज।
काम, छलछिद्र, दुःखोंसे व्याप्त,
हृदयको शांत बनाने आज॥

(२)

इसी दिन कर्मोंका कर नाश,
गये थे मोक्ष वीर भगवान।
सभीने मिलकर उनका खूब,
किया था भक्ति पूर्ण गुणगान॥

(३)

अहो! पर इस अवसरपर नाथ,
अश्रुओंकी अविरल अतिधार।
निकलती है नयनोंसे शीघ्र,
दुखीकर मनको विविध प्रकार॥

(४)

सबल जन करके अत्याचार,
सताते दीनोंको दिनरात।
दुखी होकर वे करें प्रलाप,
तदपि नहिं पूछे उनकी बात॥

(५)

कहो तब कैसे करुणागार!
मनावें दीपावलिको आज।
भुला करके तुमको जब नाथ!
गमाया अपना सब सुख साज॥

(६)

कृपा करके अब हे करुणेश!
पधारो मन मंदिरमें आप।
दिखाकर सुखका सच्चा मार्ग,
करो सब दूर दुखद संताप॥

(७)

प्रभो! इस मृतक जातिमें शीघ्र,
करो नवजीवनका संचार।
हृदयसे भेदभाव कर दूर,
भरो उसमें अब सुखद विचार॥

(८)

हृदयको स्वच्छ बनाओ देव!
समझ करके अपना प्रिय दास।
पढ़ाओ विश्व-प्रेमका पाठ,
कलह, कायरताका कर नाश॥

(९)

सतत कर पापाचरण महान,
डुबोया प्रभो! तुम्हारा नाम।
छिपाकर 'सार्व-धर्म' को खूब,
न बतलाया जगको सुखधाम॥

(१०)

कहानी कहूँ कहांतक नाथ!
हृदय हो उठता अधिक अधीर।
दुखोंका हो जावे अवसान,
शक्ति दो हे सन्मति! हे वीर॥

પ્રાર્થના.

દિન આજનો સોહામણો, ઉગ્યો નૂતન આ વર્ષનો;
ગંભીરતા ત્યાગી દીસે, હર્ષિત સૌ સૃષ્ટિ જનો.
બળ બુદ્ધિ ને યશ કીર્તિ મન, ઇચ્છિત ફળો શુભ કામના;
રહેજો અમી દ્રષ્ટિ સહુ પર, એજ છે પ્રભુ યાચના.
જૈ સત્યનો થઈ સર્વદા, સુખ શાંતિમા સૌ જન રહો;
નવચેતના પ્રગટો ભલા, કાર્યોએ સંકટ દુર હો.
નેક સાચવતા હિતાર્થી, હિંદ બળિદાની જનો;
વિરો જીવો એવા કરો, ઉદ્ધાર ભારત ભૂમિનો.
શેતાન સૌ દૂરે થઈને, શાંતિ સુખમાં સૌ વસો;
ખાંતિ ક્ષમા સાર્થક જીવન, દૈવિ ગુણો હૃદયે વસો.
કરજો કૃપા દ્રષ્ટિ ઉપાધિ, આધિ વ્યાધિ ટાળીને;
આ વર્ષ મુબારક હો પ્રભુ, એ પ્રાર્થના છે આપને.

"મુબારક સાલ દિન આજે."

મુબારક સાલ દિન આજે, મનાવો સૌ ખુશી આજે,
બધે આનંદ હર્ષ ગાજે, મુબારક સાલ દિન આજે.
નવિન શક્તિ નવિન ભક્તિ, નવિનતા ભાવ ને પ્રીતિ,
નવિન ચૈતન્ય ને વૃત્તિ, મુબારક સાલ દિન આજે.
ગયા ગત્ વર્ષના સૌ દિન, કંઈ સુખ દુઃખ તણા આધિન,
ઉગ્યો આનંદનો સુદિન, મુબારક સાલ દિન આજે.
પ્રભુની સ્નેહ દ્રષ્ટિથી, પ્રભુના સૌ પ્રતાપોથી,
ફરો જ્યાં ત્યા મળો સૌથી, મુબારક સાલ દિન આજે.
પ્રભુ ગુણ ગીત નિત ગાવો, શરણતા ચાહીને જીવો,
માગો સ્નેહ દ્રષ્ટિનો મેવો, મુબારક સાલ દિન આજે.
ભલા કાર્યો ભલાઇનો, ભલા આચાર વિચારોનો,
જીવન સાર્થક ને જીંદગીનો, મુબારક સાલ દિન આજે.

રામચંદ્ર માધવરાવ મોરે–સૂરત.

सम्पादकीय-वक्तव्य ।

पाठकोंको यह जानकर अपार हर्ष होगा कि 'दिगम्बर जैन' एक दो

२५वें वर्षमें प्रवेश । करते करते २४ वर्ष निर्विघ्न पूर्ण करके आज पचीसवें वर्षमें पदार्पण करता है व इस समय हिन्दकी राजकीय परिस्थिति अतीव विकट है तौ भी यह अपना सचित्र विशेषांक अनेक सुधारा वधारा सहित प्रकट करनेको भाग्यशाली हुआ है । इस विशेषांकमें कुल २६ चित्र तथा हिंदी गुजराती, अंगरेजी व संस्कृत ऐसी चार भाषाओंके ५७ लेखों व कविताओंका संग्रह पाठकोंको मिलेगा । इस वारके चित्रोंमें विशेषता यह है कि प्राचीन अतिशयक्षेत्र देवगढ़ और समाजके वयोवृद्ध दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी स्थापित संस्थाओंके अनेक चित्र हम प्रकट कर सके हैं। तथा देवगढ़का प्राचीन इतिहास व दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशीका विस्तृत परिचय भी प्रकट किया गया है । लेखोंमें ऐतिहासिक, धार्मिक व सामाजिक ऐसे २ लेख प्राप्त हुये हैं कि जो जैन समाजमें व जैन इतिहासमें नवीन जाग्रति उत्पन्न करेंगे व संस्कृत कवितायें पढकर अन्य संस्कृतज्ञोंको नवीन संस्कृत कविताएँ बनानेका प्रोत्साहन होगा ।

इस विशेषांककी पृष्ठ संख्या १३२ होनेपर भी अनेक लेख व कविताएँ छपनेसे रह गई हैं जिनको क्रमशः आगामी अङ्कोंमें स्थान दिया जायगा । दि० जैन समाजके दानी व उनकी संस्थाओंका सचित्र परिचय प्रगट करनेका समाचार हमने प्रथम प्रकट किया था, उसमें हमें जो कुछ सफलता मिली है वह पाठकोंके सामने है ।

उपहार ग्रन्थ ।

इस वर्षके ग्राहकोंको भी सं० जैन इतिहास दूसरा भाग (बा० कामताप्रसादजी रचित) तथा १ और ग्रन्थ अर्थात् करीब दो रु०के दो ग्रंथ उपहारमें देनेका निश्चय किया गया है । अर्थात् हमारे पाठकोंको सिर्फ २।) वार्षिक मूल्यमें ऐसा विशेषांक व २) के उपहार ग्रन्थ भी प्राप्त हो सकेंगे, यह जानकर हमारे पुराने ग्राहक यथाशक्य नवीन ग्राहक बनाकर भी अवश्य भेजेंगे ऐसी हमें पूर्ण उम्मेद है । दिगम्बर जैनका वीर सं० २४५८ का सचित्र जैन तिथिदर्पण सभी ग्राहकोंको गत आश्विनके अंकके साथ भेज दिया गया था और नवीन ग्राहकोंको इस विशेषांकके साथ भेजा गया है, उनको वे सम्हाल लें व वर्ष भर सम्ग्रहीत रक्खें ।

'दिगम्बर जैन' पचीसवें वर्षमें प्रवेश करता हैं उसपर अनेक महाशयोंकी ओरसे बधाईके पत्र मिले हैं और वे 'दिगम्बर जैन'की सिल्वर (रौप्य) जुबिली हो ऐसी भावना भाते हैं, उनका हम आभार मानते हैं और हमारी उत्कट भावना है कि २५वां वर्ष पूर्ण होते ही जहांतक हो 'दिगबर जैन'का सिल्वर जुबिली अंक निकाला जाय ! अंतमें हम विशेषांकके लिये लेख, कविता, चित्र, परिचय आदि भेजनेवालोंका आभार मानते हैं और आशा रखते हैं कि वे इसीप्रकार लेखादिसे 'दिगम्बर जैन' को हराभरा रखते रहेंगे ।

दुर्भाग्यका विषय है कि जैनसमाजमें पक्षपात और हठवादके कारण कुछ विद्वान या पण्डित कहे जानेवाले व्यक्ति अनेक वेषोंमें धर्मके नामपर अपना स्वार्थ सिद्ध कररहे हैं। कुछ ही दिन हुये हैं कि चर्चासागरका जैनसमाजमें बाइबिलकी तरह मुफ्त प्रचार किया जारहा है। हमने इस विषयमें गतांकमें पृष्ठ ३८८ पर कुछ लिखा भी था। मगर अब इस ग्रंथने जैन समाजमें भारी हलचल मचा दी है। इसलिये अभी तकका संक्षिप्त हाल लिख देना ठीक होगा।

चर्चासागर या मिथ्यासागर?

यह तो निश्चित होचुका है कि चर्चासागरके कर्ता कोई पांडे चम्पालालजी स० १९१०में हुये हैं। इसकी रचना पंथीय पक्ष और मिथ्याचार एवं अज्ञानसे अंध होकर की गई है। इसमें अनेकों अनाचार, मिथ्याचार, भ्रष्ट चरित्र, धर्मविरोध, सैद्धांतिक भूलें और व्यवहारविरुद्ध कथन भरे पड़े हैं। फिर भी पंडित मक्खनलालजीके सगे भाई पं० लालारामजीने कुछ रुपया लेकर इसका ढूंढारी भाषासे हिन्दी भाषांतर किया है। तथा उन्हींके दूसरे सगे भाई क्षुल्लक कहे जानेवाले पं० नन्दनलालजीने श्रीमान् सेठ चैनसुख गंभीरमलजीको धोखा देकर उनसे ५००) छपानेको निकलवाये तथा आ० शांतिसागरजीके संघमें घूम घूमकर मुफ्तमें ही प्रचार कररहे हैं। उक्त दानी सेठजीको जब चर्चासागरकी भ्रष्टताका पता चला तब उनने स्पष्ट घोषित कर दिया कि 'हमको धोखा दिया गया है, यदि हम पहिलेसे जानते होते तो ऐसे ग्रथमें कभी सहायता न देते!' इत्यादि।

इस ग्रन्थकी भिन्न२ बातोंका विवेचन किया जाय तब तो अलग एक चर्चासागरमें क्या है? दूसरा चर्चासागर ही बन जाय! इसलिये पाठकोंकी जानकारीके लिये मात्र उसकी कुछ ही मिथ्या प्रवृत्तियोंका दिग्दर्शन कराया जाता है। उसके साथ ही पृष्ठ संख्या भी दी जाती है। पाठक इसे देखकर चर्चासागरकी भ्रष्टताका अन्दाज लगा सकेंगे।

१—पंचमकालमें मुनियोंको मंदिरमें ही रहना चाहिये (१७) इस विषयमें पद्मनंदि पचविंशतिकाका एक श्लोक उलट पुलट कर रखा है। और उसके अर्थको भी पलट दिया है। २—सोना चांदी मूंगा मोतीकी मालायें हजारों उपवासोंका फल देती हैं। (२२) गोया भावोंकी अपेक्षा मालाओंका दर्जा ऊंचा है। ३—पूजामें वाम और तृणासन तथा पत्थर या खाली जमीनपर बैठनेसे रोग, दुर्भाग्य और अपकीर्ति होती है। (२५) जिन भगवानकी पूजाका आसनके फेरसे ऐसा भयानक फल बताना मूर्खता नहीं तो और क्या है? ४—जप करते समय यदि व्रतभ्रष्ट या शूद्रके दर्शन होजावें या शब्द सुनाई पड़े तो जप छोड़कर आचमन और प्राणायाम करना चाहिये तब शुद्धि होती है (२७) इसमें शूद्रोंसे कितनी घृणा की गई है? जो जैनधर्म पतितपावन है उसमें शूद्रके दर्शन होनेसे या शब्द सुनाई देनेसे ही इतनी अपवित्रता कैसे होसकती है? दूसरे आचमन और प्राणायामकी वैष्णवी रीति भी जैनियोंमें घुसेड़ना चाही है।

५-घरमें ५, ६, ८ और १० अंगुलकी प्रतिमा रखनेसे धन नाश, उद्वेग, हानि और सपत्तिवि-

नाश होता है (१०४) जिनप्रतिमाओंकी ऊँचाईमें फर्क होनेसे विनाश बताना कहांतक उचित है ? ६-शिखरजीकी यात्रा सफेद वस्त्र पहिनकर करनेसे शीघ्र मोक्ष मिलता है, पीलेसे रोग हानि, लालसे लक्ष्मी प्राप्ति होती है (११९) वस्त्रोंसे मोक्षादि मिल जाय, तब तो यह बहुत ही सस्ता सौदा होगया ! यह मिथ्यात्व नहीं तो और क्या है ? ७-पश्चिमकी ओर मुख करके पूजा करनेसे संतान नाश, दक्षिणमें संततिका उत्पन्न न होना, आग्नेयमें धन हानि, वायव्यमें सतानका अभाव, नैऋत्यमें कुल नाश, और ईशानमें दुर्भाग्य होता है (१३७) देखिये, दिशाओंके फेरसे वीतराग भावनाकी पूजाका फल यह घोर अनर्थ बतलाया गया है ! क्या यह मिथ्यात्व और अज्ञान नहीं है ? ८-मंदिरके किवाड अपने मस्तकसे खोलना चाहिये (१४८) मतलब यह है कि जब मंदिर जावे तब किवाड़ोंको हाथ न लगाकर बैलोंकी भांति (!) मस्तकसे खोलना चाहिये । कैसा विचित्र विधान है ?

९-पूजावालेको दर्भासन पर बैठना चाहिये । छोटी चमचीसे मस्तकपर पानी डालना चाहिये, थपेडी और चुटकी बजाना चाहिये (१९८) यह सब वैष्णवी रीति नहीं तो और क्या है ? १०-भगवानकी पूजामें नदी किनारेकी मिट्टी, भूमिमें नहीं पड़ा हुआ गीला गोबर पात्रमें रखकर आरती उतारना चाहिये !!! इससे अष्ट कर्मोंका विनाश होता है । (१७८) तथा गोबर आदि पवित्र पदार्थ हैं यह मंगल द्रव्य है (२७६) पाठक विचार कर सकते हैं कि यह कितना अनर्थपूर्ण विधान है ! क्या कोई भी जैन गोबरसे जिन भगवानकी पूजा या आरती कर सकता है ! पृष्ठ १८० पर आचमनकी विधि भी बताई है जो वैष्णवोंकी रीति है ।

११-जप होम पितृतर्पण आदि विना तिलक लगाये नहीं करना चाहिये (२२१) इससे मालूम होता है कि चर्चासागरके कर्ता जैनियोंमें पितृतर्पण या श्राद्धका भी प्रचार कराना चाहते हैं ! १२-पूजा करनेवाला रूपवान होना चाहिये, बदसूरत न होवे और साहसी न हो ! अन्यथा भक्तिवश होकर भी पूजा करने वालेका, उसके देश और राजा तथा साम्राज्यका भी विनाश होजाता है !!! (१८८) पाडेजीकी यह कितनी विचित्र कल्पना है ? जिनपूजासे विनाश बताना घोर अज्ञान और निन्दाका कारण है । सोचनेकी बात है कि पूजा करनेवाले सभी स्वरूपवान कहांसे आवेंगे ? और यदि काला आदमी पूजा करे तो उससे देश और राज्यका भी विनाश कैसे हो जायगा ? यह कुछ समझमें नहीं आता !

१३-यदि श्रावक मांस खावे तो ३ उपवास और विजातीय ब्राह्मणादिके घर भोजन करले तो ९ उपवास करना चाहिये (१९४) कितना विचित्र कोटिका न्याय है ? १४-यदि कोई सवारीसे गिरकर या सांपके काटनेसे मरजाय तो घरवालोंको ५० उपवास करना चाहिये (३०१) यह भी कैसा अनौखा न्याय है ? १५-जिनमंदिरमें गौदान करनेसे महा पुण्य होता है (३०६) यह भी अन्य मतावलंबियोंकी बात जैन मतमें घुसेडी है । कारण कि जैनधर्ममें न तो गायको पूज्य माना है और न गौदानका ही

आर्षग्रंथोंमें विधान है। १६—यदि मुनि नर-हत्या करे, आर्जिकासे व्यभिचार करे, चोरी, झूठ, परिग्रह आदि पाप करे और ऐसे ही अनर्थ कर डाले तो मात्र कुछ ही उपवास करके शुद्ध हो जाता है (पृष्ठ ३१७के आगे पीछे पूरा प्रायश्चित्त विधान पढ़ जाइये) जब मुनिपद ही इन पापोंसे नहीं रह सक्ता तब मात्र कुछ उपवाससे व्यभिचारी और हत्यारे मुनिकी शुद्धि कैसे होसक्ती है?

१७—शास्त्रसभामें कोई बातें करे तो तमाम सुननेवालोंको वस्त्रसहित स्नान करना चाहिये (११८) यह भी गजबका न्याय है? बातें करे कोई, और स्नान करना पड़े सुननेवालोंको!

१८—रजस्वलाको यदि बालक स्पर्श करे तो १६ बार स्नान कराना चाहिये। १९—यदि अशक्त रजस्वलाको कोई स्त्री दसवार स्नान करके छुए तो वह रजस्वला विना नहाये ही शुद्ध होजाती है (३१९) यह शुद्धिविधान भी लोकाचारसे विरुद्ध है।

२०—श्रावक, क्षुल्लक और ऐलक तथा आर्यिकाओंको भी सिद्धान्त ग्रन्थ पढ़नेका अधिकार नहीं है (९००) यह भी भट्टारकीय फरमान है! पांडे चंपालालजीने स्वयं गृहस्थ होकर भी सिद्धांत शास्त्र देखे हैं! हमेशासे अभीतक श्रावक सिद्धांत ग्रन्थ पढते आये हैं। फिर भी इसे अनधिकार बतलाना भयंकर भूल है।

चर्चासागरमें ऐसे २ अनेकों विचित्र विधान पाये जाते हैं। जो धर्म, सिद्धान्त और लोकाचारके विरूद्ध हैं। इससे मिथ्यात्व, अत्याचार एवं अनर्थोंके प्रचार होनेकी संभावना है। गोबरसे भगवानकी पूजा—आरती करनेकी बात तो एक तरहका घोर अघोर पथ ही है।

चर्चासागर पर लोकमत।

इस चर्चासागरके विषयमें बड़े २ विद्वानों, श्रीमानो और पंचायतोंने घृणा प्रगट की है। जिनमेंसे कुछ नाम प्रगट किये जाते हैं—मुनि श्री सूर्यसागरजी महाराज, प० पन्नालालजी गोधा, न्यायाचार्य प० गणेशप्रसादजी वर्णी, स्याद्वाद-वारिधि प० बंशीधरजी न्यायालंकार इन्दौर, प० गजाधरलालजी न्यायतीर्थ, बैरिष्टर प० चंपतरायजी जैन, व्याख्यानवाचस्पति प० लक्ष्मीचंदजी लश्कर, न्यायाचार्य पं० माणिकचंदजी शास्त्री, प० कैलाशचंद्रजी शास्त्री काशी, पं० मिलापचंदजी कटारिया आदि २।

श्रीमानोंमें—सर सेठ हुकमचंदजी, रा० ब० सर सेठ टीकमचदजी, रा० ब० लाला हुलाशरायजी, रा० ब० सेठ चम्पालालजी रामस्वरूप रानीवाले, सेठ गंभीरमलजी पांड्या, ला० भगवानदासजी महामंत्री बड़नगर आदि २।

पंचायतोंने भी—अनेक जगह चर्चासागरका बहिष्कार किया है। यथा—सतना, बम्बई, रीवां, अम्बाला, पुलगांव, कलकत्ता, देवबन्द, रोहतक, खरगौन, बडवाहा, एत्मादपुर, डीग, ललितपुर, खुरई, मन्दसौर, तथा रीठी आदि२।

इसप्रकार सैकड़ों विद्वानों, श्रीमानों और पंचायतोंकी ओरसे चर्चासागरका बहिष्कार होने पर भी पं० मक्खनलालजी, क्षुल्लक ज्ञानसागरजी, प० लालारामजी यह तीनो सगे भाई तथा इनकी मडली उसे भगवद्वाणी मानती है! खेद!!! पं० मक्खनलालजीने तो 'चर्चासागर ग्रंथपर शास्त्रीय प्रमाण' (!) नामक एक ट्रैक्ट

१७२ पृष्ठका निकालकर उसमें चर्चासागरका समर्थन किया है और आचार्योंके नामसे बनावटी पुस्तकों या श्लोकोंका प्रमाण देकर समाजको धोखेमें डाला है। इस ट्रैक्टका 'शास्त्रीय उत्तर' पं० परमेष्ठीदासजी जैन न्यायतीर्थ सूरत ने जैनमित्रके अंक ५ से ९ तक दिया है। पाठक ।।) की टिकीट भेजकर वे पांचों अंक हमारे यहांसे मगाकर एकवार अवश्य पढ़ जावें। बा० रतनलालजी झांझरी कलकत्ताने भी एक 'मुंह तोड़ उत्तर' लिखा है, जो)।। की टिकिट आनेपर हम मुफ्त भेज देंगे।

⁂ ⁂ ⁂

सावधान ! संक्षेपमें कहनेका तात्पर्य यह है कि कोई भी जैन भाई इस महा भ्रष्ट चर्चासागरको जैन शास्त्र न समझे। और जहां २ पहुंचे हों वहांके मंदिरों या पुस्तकालयोंसे निकालकर किसी गुप्तस्थानमें बाधकर डाल देवें। किसीके बहकानेमें न आवें। दुर्भाग्यसे समाजमें कुछ ऐसे भी पडित हैं कि जो चर्चासागरका समर्थन करते हैं। पाठक उनसे सावधान रहें।

⁂ ⁂ ⁂

देशकी वर्तमान परिस्थिति। यदि आप समाचार पत्र पढ़ते होंगे तो आपको देशकी वर्तमान परिस्थितिका ज्ञान अवश्य होगा। महात्मा गांधीजी जिस प्रकार विलायतकी राउण्ड टेबल कान्फरेंसमें गये थे उसी प्रकार खाली हाथ गत २८ दिसम्बरको बम्बई वापिस आगये। इधर देशका वातावरण भी गरम होने लगा। तथा युवकोंके प्राण पं० जवाहरलाल नेहरू और कुछ अन्य नेता गिरफ्तार कर लिये गये। महात्माजीके आते ही बम्बईमें कांग्रेस कमेटीकी वर्किंग कमेटी बुलाई गई। इसीके बीचमें महात्माजीने लार्ड विलिंग्डनसे मिलनेकी इच्छा प्रदर्शित की। मगर वहांसे साफ इन्कार हो गया। आखिरकार कांग्रेसने सत्याग्रह युद्ध प्रारम्भ करनेकी घोषणा कर दी। बस, फिर क्या था! वायसराय महोदयने ४ आर्डीनेन्स प्रकट किये और देखते ही देखते समस्त भारतमें नेताओंकी गिरफ्तारियोंकी झड़ी लग गई जिनमेंसे खास नेताओंके नाम इस प्रकार हैं— महात्मा गांधीजी, सरदार वल्लभभाई पटेल, विट्ठलभाई पटेल, सुभाषचन्द्र बोश, राजेन्द्र बाबू, अब्बास तैयबजी, डा० अन्सारी, महादेवभाई देशाई, काका कालेलकर, मणीलाल कोठारी, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, कस्तूरबा गांधी आदि।

कहनेका मतलब यह है कि देशके प्रायः सभी गण्य मान्य नेता गिरफ्तार कर लिये गये हैं। सर्वत्र कांग्रेस कमेटियां, और राष्ट्रीय संस्थायें गैरकानूनी करार दीगई हैं। पिकेटिंग आदि करना अपराध घोषित किया गया है और पुराना प्रेस एक्ट चालू होगया है। अर्थात् अभी समस्त देश संकटमें है!

⁂ ⁂ ⁂

हमारा कर्तव्य। ऐसी परिस्थितिमें हमारा क्या कर्तव्य है, यह तो पाठकोंको अपनी विचारशक्तिसे और परिस्थितिको देखते हुये निर्णय करना चाहिये। मगर हम इतना तो अवश्य निवेदन करेंगे कि आप १—सत्य और

अहिंसाका पूर्ण पालन करें। २—भयानकसे भयानक दमन होनेपर भी शांतिसे काम लें और किसी भी पुलिस या अमलदारका हिंसादिसे सामना न करें। ३—अहिंसाधर्म और देशकी रक्षा करनेवाली शुद्ध खादीका ही उपयोग करें। आपके घरमें, मंदिरोंमें तथा सर्वत्र शुद्ध खादीका ही उपयोग किया जाय। ४—जो चीज अपने देशमें बनती है, विशेष करके उसका ही उपयोग करें। ऐसा करनेसे आपके गरीब देशी भाइयोंके पेटमें रोटी पहुँचेगी। ५—चर्खा कातनेका नियम करें और स्वावलम्बी बनें। इस प्रकारसे देशकी सेवा, गरीबोंका पोषण और होगा, धर्मका पालन तथा पराधीनतासे मुक्ति होगी। आशा है कि हमारे पाठकगण इस निवेदनपर ध्यान देंगे।

⁂ ⁂ ⁂

बम्बईमें जैन युवक परिषद्।

जैन युवक संघ बंबईके प्रयत्नसे बबईमें ता० ३१ दिसम्बर व १ जनवरीको दि० श्वे० और स्थानकवासी जैनोंकी एक सम्मिलित 'जैन युवक परिषद्' राष्ट्रभक्त श्री० मणीलालजी कोठारीके सभापतित्वमें बड़ी ही सफलता एवं ठाठबाटसे हुई थी। इसमें तीनों फिरकोंके स्त्री पुरुष एकत्रित हुये थे। प्रतिनिधि टिकिट २) और दर्शक टिकिट १) रखी गई थी। इसमें अनेक विद्वानोंके साम्यभावसे धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय विवेचन हुये थे। तीनों फिरकाओंके ऐक्यका यह स्तुत्य प्रयास कहना चाहिये।

परिषदमें अनेक देशनेता भी पधारे थे तथा जैनोंको सम्बोधित करते हुये भाषण किये थे। जिनमेंसे कुछ शुभ नाम इस प्रकार हैं—सर्दार वल्लभभाई पटेल, विट्ठलभाई पटेल, काका कालेलकर, बाबू राजेन्द्रप्रसाद, गोविंद वल्लभपन्त तथा मोहनलालजी सक्सेना आदि।

⁂ ⁂ ⁂

नेताओंके भाषणका कुछ अंश।

उक्त राष्ट्रीय नेताओंने जो जैन परिषदमें भाषण किये थे उनका कुछ अंश नीचे प्रगट किया जाता है। "विश्वप्रेमका अर्थ ही जैन प्रेम है। अहिंसा वीरोंका धर्म है न कि कायरोंका। जैन धर्म ऊपरी देखनेका धर्म नहीं है, किन्तु उसका अभ्यास भीतर घुसकर किया जाना चाहिये। जैनियोंको अपने जीवनमें त्याग उतारना चाहिये।"

—सरदार वल्लभभाई पटेल।

"जैन धर्म तो सार्वभौम जीवनशास्त्र है। जैन धर्मने तमाम वस्तुओंका उत्तमतासे प्रतिपादन किया है। जैन धर्मने उत्तममें उत्तम समाजवाद बताया है। जैन धर्मके शास्त्र सभीको अद्भुत जवाब देसते हैं। मैं जैन धर्मका विजय देख रहा हूं। जीवन और दुनियाकी सेवा अब जैन लोग बराबर करेंगे यदि वे सच्चे जैनत्वको समझे होंगे तो।" —काका कालेलकर।

"अहिंसा जैनोंकी विशेष संपत्ति है। जगतके किसी भी धर्ममें अहिंसा धर्म इतनी सूक्ष्मतासे नहीं है।" —बाबू राजेन्द्रप्रसाद।

"आज समस्त भारतवर्ष जैन होगया है! हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी आदि सभीमें जैन धर्मका प्रचार होरहा है। सभी सिद्धान्तोंसे उत्तम सिद्धांत जैन धर्ममें है।"

—पंडित गोविन्द वल्लभ पंत।

"हिन्दु, सिक्ख और इस्लाम धर्म जितनी सहनशीलता, बहादुरी और मातृभक्ति सिखाता है उतना ही जैनधर्म सत्प्रेम, सद्भाव और अहिंसा सिखाता है ।" —मोहनलालजी सक्सेना ।

सभापति महोदयका भाषण धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय विवेचन करते हुये हुआ था। आपने ऐक्यपर अधिक जोर दिया था। इस वर्ष परिषदके कार्यकर्ताओंने तीनों फिरकोंको एकत्रित करनेका विचार बहुत देरमें किया था। अब तो नीव डल चुकी है। आशा है कि आगामी वर्ष समस्त भारतमें खूब प्रचार करके किसी योग्य स्थानपर अधिवेशन किया जाय। हम इस परिषदकी हृदयसे उन्नति चाहते हैं। और दि० जैन युवकोंसे आग्रह करते हैं कि "मंत्री जैन युवक परिषद २६-३० धनजी स्ट्रीट बंबई" के पतेसे पत्रव्यवहार करके उसके कार्यमें साथ देवें।

नवीन ग्रन्थ तैयार होगया।

बृहत् स्वयंभूस्तोत्र टीका।

यह अपूर्व ग्रन्थ अभी हालहीमें प्रगट हुआ है। इसमें आचार्यवर्य श्री समन्तभद्रस्वामी विरचित चौवीस तीर्थंकरोंकी भिन्न २ स्तुति है जिसकी विस्तृत एवं सरल हिन्दीमें श्रीमान् ब्र० सीतलप्रसादजीने टीका की है। यह मात्र स्तुतिका ही ग्रन्थ नहीं है, किन्तु स्तुतिके रूपमें जैनसिद्धांत, जैन न्याय और स्याद्वादका अपूर्व विवेचन है। इसकी टीका पढनेसे साधारण जानकार भी जैनसिद्धांतका रहस्य समझ सकेंगे। पृष्ठ संख्या ३१६ मूल्य मात्र १।॥)

मैनेजर, दिगंबरजैनपुस्तकालय—सूरत।

जैनसमाचारावलि।

गिरनारजीमें वेदीप्रतिष्ठा—माघ सुदी ५को होगी तथा पालीताणा व लखनऊमें रथयात्रा होगी तथा छपारामें पंचकल्याणक गजरथ प्रतिष्ठा इसी मितीपर होगी।

दुग—में माघ वदी ९को पंचकल्याणकप्रतिष्ठा व खण्डेलवाल दि० जैन महासभा होगी।

आचार्यश्री—शांतिसागरजीका संघ गुड़गांवकी तरफ विहार करके आगे मारवाड़में विहार करेगा। आचार्यश्रीने मगसिर सुदी ९ को गुड़गांवमें केशलोंच किया था।

संतोकब्हेन—पाठशाला भावनगरका वार्षिकोत्सव सानंद होगया। यहां ९९ छोटे बड़े भाई शिक्षा पाते हैं। उजेडियाकी पाठशालाका द्वि० वार्षिकोत्सव भी होगया।

जैन युवक परिषद—जो बम्बईमें ता० ३१ दिसम्बरको हुई थी उसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पास हुए हैं—१—स्वर्गस्थ वाडीलाल मोतीलाल शाह जो उत्तम लेखक, वक्ता, विचारक व निडर समाज सेवक थे उनके वियोग पर शोक। २—परिषदका उद्देश अपनी राजकीय, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक उन्नति करना और जैन समुदायमें ऐक्यता स्थापन करना, निडर होना, विचारस्वातंत्र्य प्राप्त करना और प्रगतिबाधक रूढिबंधनोंको तोड़ना है। ३—प्रत्येक जैन राजकीय परिस्थिति व हलचलमें पूर्ण सहयोग दें, खादी धारण करें व वर्षमें १०००

चार सूत कमसेकम काते। ७-दि० जैन परिषद, श्वे० जैन कान्फरन्स व स्थानकवासी जैन कान्फरन्स तीनों फिरकोंमें जिस बातकी मान्यतामें भेद न हो उनमें ऐक्यता स्थापन करनेका प्रयत्न करें व तीनों आम्नायकी शिक्षा विषयक संस्थायें प्रत्येक जैनके लिये अपने द्वार खुले रखें। ९-जैन तीर्थोंके संबन्धमें दिगम्बर व श्वेतांबरोंके चलते हुए झगड़ोंको कोर्टमें न लेजाकर उनके निबटेरेके लिये जैन व जैनेतरोंकी एक कमेटी नियुक्त हो जिसका चुकादा दोनोंको मान्य हो। ६-परिषदके उद्देशके प्रचारके लिये १९ महाशयोंकी कमेटीकी नियुक्ति।

जोधपुर-में एक ७ वर्षका ऐसा स्था० जैन बालक है जिसने इतनी ही उम्रमें मेट्रिक तककी योग्यता प्राप्त करली है।

थूबौनजीमें माघ सुदीमें वार्षिक मेला होगा।

सोनागिर-के भट्टारक हरेंद्रभूषणजीका स्वर्गवास होगया और खाली गद्दीपर एक १२ वर्षके अबोध बालकको बिठाया है। उसपर विरोध खड़ा हुआ है।

खुरई-में मगसिर मासमें रथयात्रा व विमानोत्सव होगया। व मुनि सूर्यसागरजीके उपदेशसे ४० वर्षकी दो तड़ें एक होगई।

पूना-में जैन विद्यार्थी संघका तीसरा वार्षिक सम्मेलन ता० ६ दिसंबरको होगया। इसमें तीनों फिरकोंकी बोर्डिंगके विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

जैन समाजका एक नररत्न-श्री०वाडीलाल मोतीलाल शाहका बम्बईमें ता० २१ नवम्बरको स्वर्गवास होगया। केशरियाजी हत्याकांडके समय आपकी जैनसमाजकी सेवा स्मरणीय ही रहेगी।

बड़वाहनि०-दानशीला बेसरबाईजीने समस्त दि० जैन आश्रम व बोर्डिंगोंको मगसिर सुदी १ को जिमाया था।

भूल सुधार-इसी अंकके पृष्ठ ८६ पर 'दर्शन और धर्म' शीर्षक लेखमें लेखकका नाम भूलसे पं० कमलकुमार शास्त्री छप गया है। उसकी जगह 'पं० कैलाशचंद्रजी शास्त्री' पढ़ें।

जैन व्रतकथा संग्रह-के विज्ञापनमें पृष्ठ १२८ पर ||=) भूलसे छप गया है। उसके स्थानपर |||) पढ़ें।

श्री० दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी स्थापित—
जनरल लायब्रेरी—सोलापुर।

श्री० दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी स्थापित—
डायमंड ज्युबिली आरोग्य भवन सोलापुर।

श्री० दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द द्वारा स्थापित—
पशु औषधालयका ऑपरेशन रूम—सोलापुर।

श्री दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द द्वारा स्थापित—
विश्राम। [illegible]—सोलापुर।

चित्र-परिचय ।

इस अंकमें दिये हुये चित्रोंका संक्षिप्त परिचय निम्न लिखित है—

(१-१९से २४) प्राचीन अतिशयक्षेत्र देवगढ़।

यह क्षेत्र ललितपुर (झांसी) से १८ मील और जाखलौन ग्रामसे ७ मील दूर है। ललितपुरसे मोटर तथा बैलगाड़ी दोनों जाती है, मगर जाखलौन (स्टेशन जी० आई० पी० झांसी और बीनाके बीचमें है) से बैलगाड़ी जाती है। देवगढ़ छोटासा ग्राम है। जिसमें ५—७ घर ब्राह्मणोंके और बाकी राउत या भीलोंके हैं। जैनियोंमें मात्र एक पुजारी है। पहिले यहां सौ सवासौ घर जैनोंके थे। ठहरनेके लिये ३—४ वर्ष हुये एक धर्मशाला भी बन गई है। और उसके कोठेके ऊपर एक चैत्यालय भी निर्माण करा दिया गया है। जिससे यात्रियोंको हर समय देवदर्शनका सुभीता रहता है। चढ़नेको टूटीफूटी सीढियाँ हैं। सीढ़ियां पार करनेपर कोटका द्वार मिलता है। जिसको तोरणद्वार कहते हैं। यह भी भग्नावशेष है। इसकी कारीगरी आश्चर्यचकित कर देनेवाली है। आगे चलकर किलेकी दूसरी दीवाल मिलती है। इसको तय करके तीसरे कोटकी दीवाल मिलती है। इन्हीं दो दीवालोंके अन्दर जैन मंदिर हैं। किलेके भीतर देवालय होनेसे ही इसका नाम देवगढ़ पड़ गया है। यह पर्वत ३०० फीट ऊंचा है। और सोनागिरके समान चढ़ाई सरल है।

देवगढ़की प्राचीनता—

किलेकी दीवाल बिना सिमंट गारेके मात्र पत्थरकी ही बनी है। उसकी मोटाई १५ फीट है। किलेके उत्तरी पश्चिमी कोनेसे एक पत्थरकी दीवाल २१ फीट मोटी है, जो ६०० फीट दूरतक पहाड़ीके किनारे चली गई है। मदिरोंके पत्थरोंमें ८, ११ तथा १४वीं शताब्दीके लेख मिलते हैं। इससे क्षेत्रकी प्राचीनताका पता चलता है। कहते हैं कि इनमेंसे कई मंदिरोंके निर्माता देवपत और खेवपत नामके दो निर्धन जैनी भाई थे। इनको पुण्यप्रभावसे कहींसे पारस पत्थर मिल गया था। जिससे सम्पत्तिवान होकर इन्होंने मंदिर निर्माण कराये थे। प्रतिष्ठाके समय जो देशदेशसे श्रावक आये थे उनके भोजनमें ८ मन तो मात्र मिर्च—मसाला ही खर्च हुआ था। तब अन्दाज लगाया जा सकता है कि लाखों जैन भाई प्रतिष्ठामें आये होंगे।

देवालयोंकी कारीगरी—

इन देवालयोकी कारीगरी बड़ी ही अनूठी है। पुरातत्वके डाइरेक्टरका कहना है कि देवगढ़के मंदिरोंके अतिरिक्त भारतमें ऐसी अनूपम कारीगरी कहींके देवालयोंकी नहीं है। मंदिर ही नहीं किन्तु मूर्तियोंका कलाकौशल्य देखकर दांतों तले अंगुली दबाना पडती है। बहुत ही छोटे२ मदिरोंको छोड़कर बाकीके मंदिर ३० हैं। उनमेंसे ६ मंदिरोंके चित्र इस अंकमें प्रकट किये गये हैं। इन्हें देखकर ही पाठक अनुमान लगा सकेंगे कि देवगढ़की कारीगरी कितनी विचित्र है।

मूर्तियोंकी पुनर्व्यवस्था—

मंदिरोंके भीतर तो मूर्तियां हैं ही परन्तु

श्री० दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी स्थापित—
पशु औषधालयका ऑपरेशन रूम-सोलापुर ।

श्री दानवीर सेठ हीराचन्द नेमचन्द दोशी स्थापित—
निरा[illegible] [illegible]गण-सोलापुर ।

चित्र-परिचय।

इस अंकमें दिये हुये चित्रोंका संक्षिप्त परिचय निम्न लिखित है—

(१-१९से २४) प्राचीन अतिशयक्षेत्र देवगढ़।

यह क्षेत्र ललितपुर (झांसी) से १८ मील और जाखलौन ग्रामसे ७ मील दूर है। ललितपुरसे मोटर तथा बैलगाड़ी दोनों जाती है, मगर जाखलौन (स्टेशन जी० आई० पी० झांसी और बीनाके बीचमें है) से बैलगाड़ी जाती है। देवगढ़ छोटासा ग्राम है। जिसमें ६—७ घर ब्राह्मणोंके और बाकी राउत या मीलोंके हैं। जैनियोंमें मात्र एक पुजारी है। पहिले यहां सौ सवासौ घर जैनोंके थे। ठहरनेके लिये ३—४ वर्ष हुये एक धर्मशाला भी बन गई है। और उसके कोठेके ऊपर एक चैत्यालय भी निर्माण करा दिया गया है। जिससे यात्रियोंको हर समय देवदर्शनका सुभीता रहता है। चढ़नेको टूटीफूटी सीढ़ियाँ हैं। सीढियां पार करनेपर कोटका द्वार मिलता है। जिसको तोरणद्वार कहते हैं। यह भी भग्नावशेष है। इसकी कारीगरी आश्चर्यचकित कर देनेवाली है। आगे चलकर किलेकी दूसरी दीवाल मिलती है। इसको तय करके तीसरे कोटकी दीवाल मिलती है। इन्हीं दो दीवालोंके अन्दर जैन मंदिर हैं। किलेके भीतर देवालय होनेसे ही इसका नाम देवगढ़ पड़ गया है। यह पर्वत ३०० फीट ऊंचा है। और सोनागिरके समान चढ़ाई सरल है।

देवगढ़की प्राचीनता—

किलेकी दीवाल बिना सिमेंट गारेके मात्र पत्थरकी ही बनी है। उसकी मोटाई १५ फीट है। किलेके उत्तरी पश्चिमी कोनेसे एक पत्थरकी दीवाल २१ फीट मोटी है, जो ६०० फीट दूरतक पहाड़ीके किनारे चली गई है। मंदिरोंके पत्थरोंमें ८, ११ तथा १४वीं शताब्दीके लेख मिलते हैं। इससे क्षेत्रकी प्राचीनताका पता चलता है। कहते हैं कि इनमेंसे कई मंदिरोंके निर्माता देवपत और खेवपत नामके दो निर्धन जैनी भाई थे। इनको पुण्यप्रभावसे कहींसे पारस पत्थर मिल गया था। जिससे सम्पत्तिवान होकर इन्होंने मंदिर निर्माण कराये थे। प्रतिष्ठाके समय जो देशदेशसे श्रावक आये थे उनके भोजनमें ८ मन तो मात्र मिर्च—मसाला ही खर्च हुआ था। तब अन्दाज लगाया जा सकता है कि लाखों जैन भाई प्रतिष्ठामें आये होंगे।

देवालयोंकी कारीगरी—

इन देवालयोंकी कारीगरी बड़ी ही अनूठी है। पुरातत्वके डाइरेक्टरका कहना है कि देवगढ़के मंदिरोंके अतिरिक्त भारतमें ऐसी अनूपम कारीगरी कहींके देवालयोंकी नहीं है। मंदिर ही नहीं किन्तु मूर्तियोंका कलाकौशल्य देखकर दांतों तले अंगुली दबाना पड़ती है। बहुत ही छोटे२ मंदिरोंको छोड़कर बाकीके मंदिर ४० हैं। उनमेंसे ६ मंदिरोंके चित्र इस अंकमें प्रकट किये गये हैं। इन्हें देखकर ही पाठक अनुमान लगा सकेंगे कि देवगढ़की कारीगरी कितनी विचित्र है।

मूर्तियोंकी पुनर्व्यवस्था—

यही नहीं, बल्कि धर्मशास्त्र-धार्मिक चर्चाका तथा अन्ततः सम्यक्ज्ञान और उसके सम्यक्दर्शन एवं सम्यक्चारित्रका पहला हेतु भी यही जिज्ञासा है।

इहोपपत्तिर्मम केन कर्मणा
कुतः प्रयातव्यमितो भवादिति।
विचारणा यस्य न जायते हृदि,
कथं स धर्मप्रवणो भविष्यति ॥

शास्त्रकार क्या ठीक कहते हैं ? "किस कर्मके कारण मैं उत्पन्न हुआ हूं ? इस भवको छोड़कर कहां जाना है ? जिसके दिलमें ऐसे विचार कभी भी नहीं आते, ऐसे मनुष्य धर्ममें अगाड़ी भला कैसे बढ़ सके हैं ?"

किस कर्मके हेतुसे मैं यहां उत्पन्न हुआ हूं ? यह भव छोड़कर कहां जाना है ?

जिस पृथिवीमें—जिस जगतमें उत्पन्न होकर मैं जीवन व्यतीत करता हूं, जिस जगतको—जिस पृथिवीको चाहे जितनी मेहनत करनेपर

भी अपनी इच्छा प्रमाण में छोड़ नहीं सक्ता, पर जिसको ही एक दिन—चाहे मेरी इच्छा हो या न हो—अन्तकालके वक्त मुझे छोड़ देनी पड़ेगी—वह पृथ्वी—वह जगत् किस प्रकारका एक स्थान है ? वह कैसे और कब उत्पन्न हुआ है ? जगत्में इस पृथ्वीकी स्थिति कैसी है ? और इस पृथ्वी, सूर्य, चंद्र, तारेवाले जगतका अंत कहां है ?

इस पृथ्वीपर जुदी जुदी जातके प्राणी किस रीति और किस कारणसे उत्पन्न हुए हैं ? तथापि उनका सम्बन्ध क्या है ?

इतनी दूर रहे सूरजकी किरणें किस तरह हमारी आंखके अन्दर आ जाती हैं और इस आंखके भीतर आकाश और वनस्पति, पक्षी और पशु, गांव और पहाड़, तथा माता पिता गुरुजनके उत्तम मुख—इत्यादि वस्तुओंके प्रतिबिंब किस रीतिसे उत्पन्न होते हैं और किस रीतिसे आत्माके ज्ञानमें आते हैं ?

बिजली और लोहचुम्बककी गुप्त शक्तिका रहस्य किस प्रकारका है ?

अपने आत्माकी इच्छा, अपने आत्माके निश्चयके कारणसे अपने पैर चलनेको बनाती है, अपने हाथ लिखनेको निर्माण करती है, अपना शरीर चलने या ठहरनेको रचती है। भला यह सब किस रीतिसे होता है ?

हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्मचर्य, लोभ युक्त विचार करके, शब्द बोलकर या काम करके प्रत्येक मनुष्यके मनमें घृणा और पश्चात्ताप उत्पन्न होते हैं और विशेष पवित्र जीवनमें अपन विशेष शुद्ध आनंद अनुभव करते हैं, इसका कारण क्या है ?

इस प्रकारकी अनेकानेक प्रश्न सम्बन्धी जिज्ञासा रखकर उनका जवाब पालेनेके लिये मनुष्य जातिने कितनी मेहनत की है ? षट्दर्शन शास्त्रियोंने अटकल और अनुमान करके और विज्ञानवेत्ताओंने Experiment और Observation द्वारा शोध २ कर बहुतसी विभिन्न मान्यतायें—Theories स्थापन करली हैं। यह सब असंख्यात वर्षोंसे स्थापित होती आई हैं और तीन चार हजार वर्ष हुए कि वह सब लिखावटमें भी आगई हैं। किंतु यह देखिये कि बड़े नामवाले उत्तम बुद्धिके धारी उत्कृष्ट विचार कर्ता सो भी भिन्न देश और भिन्न कालके मनुष्योंने विभिन्न पद्धति प्रमाणसे उस विषयमें जो शोध और जो मेहनत की है, उसका परिणाम कैसा है ? उस परिणामसे पूर्वोक्त सर्व मानुषीय जिज्ञासा रूपी तृष्णाकी यथेष्ट तृप्ति हुई है या नहीं यही हमें यहां देखना है।

बीसवीं सदीकी पाश्चात्य वैद्यकला तथा Biologyके क्षेत्रमें अपना ज्ञान जरूर आगे बढ़ा है। जन्म मरणके समय मानवी शरीरमें जो २ विकार होते हैं, वह अब विशेष स्पष्ट हैं। किंतु तो भी ऐसे प्रश्नोंका उत्तर जैसे कि 'गर्भमें किस रीति और कहांसे चैतन्य शक्ति युक्त आत्मा घुस जाती है, वह कहांसे आती और मरणके वक्त शरीरको छोड़कर कहां चली जाती है ?' अभीतक किसी वैद्य डाक्टर या Biology वेत्ताने नहीं दिया है। इस रहस्यकी गंभीरता असीम, अनंत सदृश प्रतिभासित हो रही है। आत्माका रहस्य अभीतक ऐसा अग्राह्य भास रहा है कि उसके सम्बंधमें एक

महान् जर्मन फिलासफर Wilhelm Wundt ने यह मान्यता प्रगट की है कि जिस प्रकार पवन एक ग्राह्य वस्तु नहीं, परन्तु हवाकी क्रिया Movementका परिणाम है, उसीप्रकार आत्मा कोई ग्राह्य वस्तु नहीं है, बल्कि मस्तिष्कमें जो क्षण प्रतिक्षण क्रिया Activity होती है उसका परिणाम अथवा Sum Total है। बस, इसीलिये जब मरणके उपरांत मस्तिष्क नष्ट भ्रष्ट हो जाता है और उसका काम Activity भी लुप्त हो जाता है, तो आत्माका नाश होता है। * इस मान्यताका स्पष्ट अर्थ यह है कि स्वर्ग नर्क आदिकी बातें मात्र दन्त कथायें हैं। और आत्माकी नित्यता एक शश-शृंग एक खपुष्प है कि जो बालकोंको शांत करनेके लिये अथवा eschatogical शोध करनेके वास्ते कदाचित काममें आता है।

इस पृथ्वी संबधी भूगोल विद्या (Geology) और भूस्तरविद्या (Palacontolgy) आदिके विद्वानोंने विशेष शोध की है और पृथ्वीके भिन्न२ थरोंमें जिस जातिके पत्थर, कंकड, धातु आदि जिस जातिके प्राणियोंकी अस्थियां या शिलीभूत अन्य अवशिष्ट भाग अथवा बनस्पतिके petrifications मिले हैं, उन परसे अनुमान करके यह घोषित किया है कि "करोडों वर्ष पहले यह पृथ्वी अपने सूर्यकी भांति उष्ण और प्रकाशमय एक तारा था, जिसमें पत्थर और धातु तरल (liquid) या gaseous स्थितिमें थे और उसमें किसी प्रकारकी जीवोत्पत्ति नहीं हुई थी। धीरे धीरे उष्णताके कम होनेपर अनेक विकारमय स्थिरता उत्पन्न हुई और एक स्कंधवाले एक इंद्रिय सूक्ष्मजीव उत्पन्न हुए। इन जीवोंके विस्तार (propagation) और विकास (evolution) द्वारा उनसे ऊँची जातिके जीव उत्पन्न हुये हैं। जो एक ओर तो बनस्पति और दूसरी ओर कीड़ा, कीड़ेसे मछली, मछलीसे मगर वगैरह होते होते सिंह, बाघ, बंदर जाति तकके प्राणी बने और फिर सबसे अन्तमें बंदरसे मनुष्य उत्पन्न हो गये। यह डार्विन (Darwin)की प्रसिद्ध मान्यता (theory) है।

इस मान्यताका आधार यह है कि पृथ्वीके नीचे रहे थरोंमें नीची जातिके जीवोंकी अवशिष्ट हड्डियां आदि मिलती हैं; जब कि ऊँचे रहे थरोंमें अनुक्रमसे ऊँची और उनसे ऊँची जातिके जीवोंकी अस्थियां petrifications मिलती हैं। और दूसरी बात यह है कि ऐसे जीवोंके भी अवशिष्ट भाग मिलते हैं कि जो अर्ध मछली और अर्ध मगरके शरीररूप अथवा अर्ध मछलीके और अर्ध पक्षीके शरीरवत् या अर्ध मगर और अर्ध पक्षीका शरीर धारण किये हुये थे। और पृथ्वीके बहुत ऊँचे थरोंमें ऐसी हड्डियां भी मिली हैं जिनमें कुछ मनुष्यके और कुछ बंदरके लक्षण मिलते हैं। बस, इन्हीं आधारोंपर डारविन सा०ने उक्त मान्यता निर्धारित की है।

परन्तु प्राणियोंकी किसी भी जातिसे कोई नई प्राणियोंकी जाति उत्पन्न होसकी हो, ऐसी बात

---

*आधुनिक Experimental Psychology भी अब आत्माको एक अमर और पुद्गलसे भिन्न पदार्थ माननेकी ओर झुकती जाती है। इस विषयमें प्रो० विलियम मैकड्गलकी Physiologic Psychology" नामक पुस्तक देखना चाहिये।

अपने अनुभव और देखनेमें नहीं आती। अर्थात् बिल्ली, कुत्ता, घोड़ा आदि कैसे भी प्राणियोंकी जातिसे दूसरी दूसरी जातिके जानवर उत्पन्न होते हैं, ऐसी भले ही कोई कल्पना करलें; किन्तु प्रत्यक्षमें अभीतक ऐसा होता देखा नहीं गया है। और इस कारणसे ही आज डारविनकी मान्यता (theory) अश्रद्धेय गिनी जाती है। उसपर, भला किस रीतिसे जीव रहित पृथ्वीमें एकदम अपने आप पहलीबार एक स्कंधवाले जीव उत्पन्न हुये, यह भी किसीने बताया है ? हां किन्हींने यह जरूर कहा है कि यह एक स्कंधवाले जीव इस पृथ्वीपर उससे बाहरके एक तारेमेंसे आकर गिरे है। किन्तु सवाल यह है कि वह पहले उस तारेमें किस रीतिसे उत्पन्न हुए थे ? और इसका कोई जवाब नहीं है।

अब जरा और देखिये कि पृथ्वीमें जो उष्णता पहले विद्यमान थी और जो उष्णता आज सूर्यमें विद्यमान है, वह कहासे आई ? तथा पृथ्वी, चद्र और ग्रह जो चलते हैं सो वे किस कारणसे चलते हैं ? Rotation और Revolution उसकी यह द्विविध गति किस कारणसे अभीतक बंद नहीं हुई है ? ये प्रश्न है और इनका कोई उत्तर विज्ञानसे प्राप्त नहीं है।

बाकी, जोकि सूर्य, चद्र, और ताराओंकी परिस्थिति संबंधी बहुशोध चलती है और उनमें उष्णता, हवा, धातु आदिके विषयमें हमारे खगोलवेत्ता बहुत कुछ जानते हैं, तो भी 'पृथ्वी चलती है और सूर्य स्थिर रहता है' या 'सूर्य चलता है और पृथ्वी स्थिर है' इस सम्बंधमें आज नयी शंकायें Keptur की theory के विरुद्धमें उच्चारित की जाती हैं।

सूर्यकी किरणें कितने समयमें पृथ्वी तक पहुंचती हैं ? इन किरणोंकी सफेद रोशनी सात भिन्न रंगवाली किरणोंका Mixture है और यह सातों प्रकारकी किरणें सिवाय ultra-red, ultra-violetके अदृश्य किरणें हैं। छाया और दर्पणका प्रतिबिंब किस तरह होता है ? इन्द्रधनुष कैसे उत्पन्न होता है ? इन सब बातोंके बारेमें हमलोग बराबर सब कुछ जानते हैं और रोशनीके गुणों और नियमोंको Photographic Camera, Telescotse, Microscotse, Stereosape, Cinema, Television आदिमें बराबर प्रयुक्त करते है। और यह भी जानते हैं कि भिन्न रगवाली रोशनी भिन्न प्रकारकी तरंगोंको बड़ा कर आगे चलती है। किन्तु क्या चीज आगे जाती है ? इसका आजतक किसीको पता नहीं है। किन्हीं विद्वानोंने यह जरूर कहा है कि "aether" नामका जो एक पुद्गल है, जिसमेंसे तरंगें उत्पन्न होतीं, वही रोशनी है। किन्तु यह तरंगें किससे उत्पन्न होती हैं, यह किसको मालूम है ? और जो यह "aether" की कल्पना करनेमें आती है सो वह "aether" अदृश्य, अतोल्य, सर्वव्यापी—स्पर्श, जीभ, नाक, कानसे अग्राह्य-बुद्धि और किसी भी यत्र instrumentसे अग्राह्य—सक्षेपमें कल्पना सिवाय सर्वथा अग्राह्य—एक वस्तु है। भला ऐसी भी कोई चीज होसक्ती है क्या ? तो भी उसकी कल्पना करना जरूरी है, क्योंकि इसके बिना रोशनीकी प्रकृति समझना असंभव है।

आज aetherमें भी चलनेवाली, परन्तु भिन्न जातिकी तरंगोंको, विद्वान् बिजलीकी व्याख्यामें और लोहचुम्बककी प्रकृति समझनेके लिए कल्पित करते हैं। बिजली और लोहचुम्बकमें रही हुई शक्तियोंको—जिनको इलेक्ट्रिसिटी और मेग्नीटिज्म् कहते हैं—मनुष्यने अपना गुलाम बना रक्खा है और वे शक्तियां टेलीग्राफ, टेलीफोन, इलेक्ट्रिक लाइट, डिनेमो मशीन, मोटर, रेडिओ आदि विभिन्न वस्तुओंमें मानवोंके लिए दिन-रात काम कर रही हैं। इन भिन्न जातिकी परन्तु एक ही प्रकृतिवाली शक्तियोंका परस्पर स्पर्श होता है। इस तरहपर इलेक्ट्रिसिटि बिजलीमें दृश्य और स्पृश्य होता है, यह विद्वान् मानते हैं। किन्तु यह दोनों शक्तियां कहांसे आगई? किस कारणसे अनन्तवार एकत्र करने पर अलग होजाती हैं? इन प्रश्नों सम्बंधी ज्ञान भी आज किसीको बराबर नहीं है।

जब ऐसी स्थूल बातोंके सम्बन्धमें हमारे ज्ञान विज्ञानके शास्त्री और फिलासफरोंमें इतनी शंकायें और इतना अज्ञान विद्यमान है, तो फिर अपने आत्मबलके कारण किसतरह अपना शरीर काम करता है, किसतरह मनमें चलने वगैरहका निश्चय होनेपर अपने पग चलनेको बनते हैं, किस तरह और क्यों पश्चात्ताप और अकृत्यके लिए घृणा मनुष्यके दिलमें होते हैं? और वे किसीके दिलमें तत्काल और किसीके दिलमें देरसे क्यों होते हैं? इस तरहके सूक्ष्मसे सूक्ष्म प्रश्नोंके संबंधमें हमारे मानसशास्त्र (psychology) वनस्पति (biology) आदि शास्त्रवेत्ता चुपचाप रहें तो इसमें आश्चर्य ही क्या है!

आज हमारे पास बहुतसा ज्ञान है और प्रकृतिकी बहुतसी शक्तियां हमारी सेवा कर रही हैं। वह हमारी गुलाम बन रही हैं। किंतु तो भी इन विशिष्ट शक्तियोंकी प्रकृति अग्राह्य, हमारे लिये अभीतक रहस्यमय है। और ज्यों २ हम अधिक अन्वेषणा करते हैं त्यों २ हमारी आशा क्षीण होती है कि शायद ही इन विषयोंमें हम अधिक गंभीर ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। यही क्यों? बल्कि विज्ञान-कुशल या आशा रहित होकर हमें प्रतिभाषित होने लगता है कि इनका सपूर्ण ज्ञान प्राप्त करना तो इस मनुष्य जीवनमें अशक्य ही है।

प्रसिद्ध जर्मन कवि गेटे (Goethe) ने एक "Doctor Faust" नामका श्रेष्ठ नाटक लिखा है। उसमें उन्होंने 'इस मनुष्य जीवनका अर्थ क्या है?" इस प्रश्नकी चर्चा की है। उस नाटकमें उसके नायक डॉ॰ फॉस्टके मुखसे ये सुन्दर शब्द कहलवाये गए हैं कि "फिलासफी, वैद्यक, न्याय, सिद्धांत समस्त ज्ञान-विज्ञानकी इन चार शाखाओंमें मैंने खूब अभ्यास किया है, खूब शोध की है। किंतु इसका परिणाम क्या है? सच जानिये, पहलेसे जो मेरे पास था, उससे अधिक मैंने कुछ भी वास्तविक ज्ञान प्राप्त नहीं किया। "मास्टर" (M. A) और "डॉक्टर" यह उपाधिया मुझे जरूर मिली हैं और मैं आठ दस वर्षसे अपने शिष्योंको कठोर अभ्यास कराता हूं। किंतु तो भी मुझे यह विश्वास है कि कोई भी वस्तु ठीक २ नहीं जान सक्ता। इससे मेरे दिलमें अत्यन्त दुःख उत्पन्न हुआ है और मेरा आत्मा पीड़ासे दुःखित

है।" ये उस कविके शब्द हैं जो खुद एक बड़े विज्ञानवेत्ता Scientist थे। Du-Bois Reymond एक दूसरे विज्ञान शास्त्री है और उन्होंने भी एक विशाल सभामें निराश होकर यह प्रसिद्ध शब्द् उच्चारण किये थे कि "ignoramus, ignorabimus" अर्थात् हम लोग कुछ नहीं जानते और कभी भी जानेंगे यह बात भी नहीं है।"

जब विद्वान लोग ही ऐसी निराशामें रहे हैं तो साधारण शिक्षित लोगोंकी बात ही क्या है? क्योंकि इन लोगोंका ज्ञान, विद्वानोंके ज्ञान और उनकी मान्यताओंका प्रतिबिंब मात्र है। अब आत्माके संबंधमें पूर्वोक्त मान्यतादि सुनकर यदि कोई मनुष्य आत्माकी नित्यता और मोक्षादिमें संपूर्ण विश्वास रखते हैं तो उसमें आश्चर्य ही क्या है?

Experiment अनुमान आदि साधनोंद्वारा ज्ञान और धर्मशास्त्रोंमें लिखी हुई वार्ताओंमें विशेष विरोध विद्यमान है और धर्मशास्त्रोंमें प्ररूपित अनेक Myths, legends आदि समाचार तो सर्व साधारणके अनुभव और उनके विचारोंसे बहु विरुद्ध हैं। और जब ऐसी बातोंमें ही शंका है, तो फिर इन सिद्धांतोंमें प्ररूपित धार्मिक नियम, धार्मिक commandments के संबंधमें क्या कहना? उनका पालन आत्मा और जगतके कल्याणका मार्ग है, इसे कौन खातरी पूर्वक स्वीकार करे? और जो स्वीकार ही नहीं किया जाता उसका मानना कैसा? किस नियम और किस धर्म प्रमाण जीवन भला किया जाय? भला क्या है हेय, ज्ञेय और उपादेय? जब दूसरों द्वारा निर्णित सिद्धांतोंमें शंका है—अविश्वास है, तो अपने दिलकी भावना, हृदयकी इच्छाको माननेके सिवाय और क्या शेष रह जाता है? इस प्रकारकी धारणा करके किन्हीं लोगोंने "Erlaubt ist waagefaellt" अर्थात "जो अपनेको रुचे उसकी छूट है" का नियम (device) बनाया है। किंतु इसका भी परिणाम क्या है? साधारण मनुष्योंका दिल शुद्ध नहीं है—उनकी भावनायें और इच्छायें अधिकतर स्वार्थी, हिंसाकारक, दूसरोंको हानिकारक, विचित्र और अनियमित होती हैं और दूसरोंकी भावनासे, दूसरोंकी इच्छासे, दूसरोंके स्वार्थसे अधिकांश विरुद्ध होती हैं। जो कहीं आज दिलके सिद्धांतको स्थान दिया जाय तो मनुष्यका समूचा जीवन यही नहीं बल्कि समस्त समाज, संपूर्ण देश और सारी दुनियाके अधिवासियोंका जीवन कितना अशुद्ध, कितना अनियमित और नित्य भयसे भरा हुआ हो जायगा, यह हरकोई सोच सक्ता है। ऐसी अवनति क्या यूरोपके जीवनमें हुई है? यही आओ, हम ढूंढें।

आजकलके और विशेषकर यूरोपीय European समाजके जीवनकी खोज करिये तो यह कहना पड़ता है कि पुरानी यूरोपीय सभ्यता और हिंदू तथा जैनोंकी सभ्यताको देखते हुए, आजकलकी यूरोपीय सभ्यता अवश्य पीछे हटी या अवनति दिशामें पहुचती जारही है। इस विषयमें Oswald Spengler नामक एक जर्मन विद्वानने "Der untergang des Abendlandes" अर्थात "पाश्चात्य देशकी अवनति" नामकी पुस्तक लिखी है। उसमें

उक्त विद्वान् हमारा लक्ष्य इस बातकी ओर आकर्षित करता है कि आजकल जहां एक ओर पाश्चात्य देशके अधिवासियोंने civilisation अर्थात् Natural Science (प्राकृत विज्ञान) Technic, Mechanics (मशीन) आदि ज्ञानविज्ञानके क्षेत्रोंमें अपूर्व उन्नतिके शिखरपर पहुंचे हैं, वहां दूसरी ओर वे Culture अर्थात धर्म Morals आदि सभ्यतामें एक अद्वितीय अवनतिको प्राप्त हुए हैं। इसके विपरीत ऐशियावासी Civilisation में पीछे रहनेपर भी "Culture" की रक्षा उत्साह पूर्वक और दृढ निश्चयसे कर रहे हैं और अपने प्राचीन धर्मके पालनमें एकाग्र चित्तसे लगे हुए हैं।

इसप्रकार यह मानना ठीक है कि Erlaubt ist was gefaellt अर्थात "जो अपनेको रुचे उसकी छूट है"—इस सिद्धात प्रमाण जो मनुष्य आचरण करते हैं, उनकी धार्मिक स्थिति Moral condition अवनतिको पहुचती है। और उनका जीवन नित्य भयसे, नित्य लोभसे, नित्य अशांतिसे भरा रहता है। यह न्याययुक्त ही है। किंतु आश्चर्यकी बात तो यह है कि यूरोपदेशकी जिस moral अवनतिकी ओर Oswald Spengler ने हमारा ध्यान आकर्षित किया है, वह अवनति उतनी गहरी नहीं है जितनी होनी चाहिए।

फिर भी आश्चर्यदायक बात तो यह मालूम होती है कि लोग अपने सिद्धांतोंकी authority सम्बन्धी शका रखते हैं, उन्हीं विलायतके लोगोंके सत्य प्रेम और सरलता, प्रतिज्ञापालनकी स्थिरता और विश्वसनीयता, कामकाजकी एकाग्रता आदि गुण दुनियांमें प्रसिद्ध हैं। और इन गुणोंकी प्रशंसा भारतमें वारम्वार सुनाई पड़ती है।

ऐसी ही आश्चर्यदायक बात यह भी है कि जो लोग पुण्य पापके शुभ अशुभ परिणाम सम्बंधमें संशय रखते हैं, वही लोग परोपकार, जीवरक्षा और जीवनकी शुद्धिके सुधार आदि कार्योंमें अद्भुत उत्साह प्रकट करते हैं और ऐसे अनेक मंडल, अनेक Soeciety या association स्थापित करते हैं कि जिनके द्वारा प्राणियोंकी रक्षा, मद्यपान त्याग, मांसाहार विरमण आदि सम्बन्धमें उद्योग किये जाते हैं। और वही मासिकपत्रों तथा भाषणों द्वारा सीधा सादा जीवन बनानेका उपदेश व सूचना करते हैं।

इसी तरह आश्चर्यदायक बात यह भी है कि जिन लोगोंके दिलकी सच्ची भावना, अपने कठोर कर्तव्यके कामकाजमें, इस जीवनकी क्रूर लड़ाईकी चिंतामें मौजशौकके भोगमें, एशोआरामके क्षणिक आनंदमें और हास्यरस वासित चपल विचारों तथा बातचीतोंमें छुपी रहती है; उन्हीं लोगोंके मनमें जैन सिद्धातके पांच मुख्य नियमोंके प्रति विशेष प्रेम विद्यमान है:—

पंचैतानि पवित्राणि सर्वेषां धर्मचारिणाम।
अहिंसा सत्यमस्तेयं त्यागो मैथुनवर्जनम् ॥

इतना ही क्यों? बल्कि सच जानिये, ये पांचों मुख्य नियम समूची यूरोपीय Society के मूलाधार हैं। इन पांचों नियमोंके अतीचारका परिणाम वहां उत्तम लोगोंकी तरफसे अत्यंत अपमान और सारे समाजसे जाहिर बायकॉट boycott होता है। इसके सिवाय और कुछ नहीं।

आश्चर्यदायक यह भी बात है कि जो लोग

सिद्धांतोंमें प्ररूपित आत्माकी नित्यताके विषयमें विश्वास नहीं रखते, वही पाश्चात्य देशोंके मनुष्य Spiritism, occultism आदि चर्चाओंमें विशेष उत्साह पूर्वक भाग लेरहे हैं और परलोकके संबंधमें ऐसी बातें कर रहे हैं जैसी कोई गप्पी गप्पें हांकता है। इतनेपर भी इन्हीं लोगोंके मध्यमें I. I. Rousseau उत्पन्न हुए हैं, कि जिन्होंने जैनधर्ममें मानी हुई आत्माकी सर्व मिहरबानी और सर्व शुद्धिकी प्ररूपणा की है। इन्हीं लोगोंमें एक Leibnitz उत्पन्न हुए हैं कि जिन्होंकी जैन सिद्धांतसे अदभुत रीति मिलती हुई आत्मा इस प्रकार है। "जीव नित्य है, जिसकी इस संसारमें जुदी २ परिस्थितिमें रहे हुए असंख्यात प्राणियों जैसे कि निगोद, कीडे, मछली, पक्षी, पशु, मनुष्य देव और ईश्वरका समावेश होता है।" फिर वह यह भी मानते हैं कि प्रत्येक जीवमें संपूर्ण आनंद संपूर्ण ज्ञानकी स्थितिमें सिद्धगतिमें पहुंचनेकी शक्ति है।

किंतु उन्होंने इसमें अधिक क्या बताया? हमारे जर्मन कविसम्राट गेटे Goetheका एक सुन्दर वाक्य यह है कि:—

"Ein guter Mensch in seinem dunklen Drange
Ist sich des rechten weges wohl bewusst."

अर्थात् जो कोई साधारण मनुष्य अच्छा भव्य होय, तो वह अपने दिलकी गुप्त भावनासे कल्याणका सच्चा रास्ता जरूर मालूम कर लेता है।"

इस कथनपरसे यह विदित होता है कि विशेष साधारण मनुष्योंके हृदयमें विशेष गुप्त-रीतिसे और उत्तम पुरुषोंके दिलमें विशेष स्पष्ट रीतिसे खास जैनधर्ममें माना हुआ सम्यग्ज्ञान और उससे पुनः सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र अर्थात सम्यक्त्वकी भावनाका एक प्रतिबिंब विद्यमान है, जो कि किसी दफे दृश्य होता है और जिसका प्रभाव सारी दुनियांके सामाजिक जीवनमें सदा ही दिखाई पड़ता है।

इतना ही नहीं, परन्तु जो जो ईसाई धर्ममें, बौद्ध धर्ममें, हिंदू धर्ममें, पारसी धर्ममें, मुसलमान धर्ममें यानी दुनियाके प्रत्येक मुख्य धर्ममें, जो यह खास प्ररूपणा होती है कि 'परोपकार और आत्मशुद्धि द्वारा कल्याणकी ओर पहुंचा जाता है।' वह प्ररूपणा जैनसिद्धान्तमें अद्वितीय विशालता, अद्वितीय सूक्ष्मता, अद्वितीय न्याय और युक्तिपूर्वक तथा अद्वितीय स्पष्टतापूर्वक करनेमें आई है। जैनधर्मकी सारी System इतनी स्पष्ट, इतनी न्याययुक्त है कि चाहे जैसा Critical mind, चाहे जैसा महात्मा, उसके अन्दर प्रवेश करके संपूर्ण संतोष और शांति पा सक्ता है।

जैनसिद्धांतमें प्ररूपित ज्योतिष, प्रमाण, मानस, अर्थतत्व शास्त्र, प्रकृति विद्या, प्राणीविद्या आदि किसी भी शास्त्रमें विद्वान्, सैद्धांतिक गाथाओंकी अत्यन्त रमणीयतामें कविता प्रेमी, स्याद्वाद और नयवादकी Systems में वादी, जीव-अजीव आदि नवतत्त्वोंकी व्याख्यामें फिलॉसफर, पुरुषार्थ free will के सिद्धांतमें शूरवीर और बहादुर मनुष्य, पुण्य-पापकी व्याख्यामें योगी और त्यागी, दान आदि परोपकारका लाभ लेनेकी सूचनाओंमें कक्षाधिपति, तपस्या और त्याग

करनेके उपदेशमें गरीब मनुष्य इस प्रकार भिन्न भिन्न विषयोंमें भिन्न२ लोग अपने आनन्दका मूल अपने कल्याणकी मार्गदेशिका समझ सक्ते हैं।

जैनधर्ममें पुरुष या स्त्री, सेठ या भिक्षु, गृहस्थ या बाबा सब ही वर्णाश्रमके लोग अपनी मानसिक भावना प्रमाण, अपने कर्तव्य प्रमाण सुख और शांति पासक्ते हैं। कोई भी महाराजाधिराज अपने हीरा, माणिक, मोती जडित सोनेके आभूषणोंकी शोभामें और रमणीक भोगोपभोगके आनन्दमें या अपनी राजनीतिके कर्तव्यमें मग्न होकर भी, वस्तुपालकी तरह एक आदर्श जैन होसक्ता है। और कोई उत्तम साधुधर्मको पालनेवाले साधुजी अधिक गहन संवेगमें रहकर जैनधर्मकी मर्यादामें अपना कल्याण कर सक्ते हैं और अपने मनमें शांति संतोष और त्यागवृत्ति सर्वथा भर सक्ते हैं।

कृष्ण और राधा, राम और सीता, लक्ष्मण व हनुमान, शिव और दुर्गा, इन्द्र और इन्द्राणी तथा लोकपाल, लक्ष्मी, सरस्वती, ब्रह्मा आदि किन्हीं भी देवताओंको उनके खास गुणोंको लक्ष्य करके मानना जैनधर्मसे विरुद्ध नहीं है। उल्टे यह कह सक्ते हैं कि कृष्णजी, क्राइस्ट, जरदस्त, मुहम्मद या गुरु नानकका अनुयायी यदि जैनधर्मका अंगीकार करता है तो वह अपने धर्ममें अत्यधिक आगे बढ़ता है। दूसरे शब्दोंमें कहा जा सक्ता है कि जो मनुष्य क्राइस्ट या मुहम्मदके उपदेश प्रमाण सर्व मनुष्यों पर प्रेम रखनेके उपरान्त, श्री महावीरस्वामीके उपदेशके अनुसार पशु पक्षी आदि प्राणियोंपर दयाभाव रखता है अर्थात् जो पारसी जरदस्तके सिद्धांत प्रमाण "humata, huhta, huvarshta" अर्थात् सम्यक् विचार, सम्यक् भाषण, सम्यक् क्रिया करनेके उपरांत, श्री महावीर स्वामीके उपदेश प्रमाण मन, वचन, कायसे सम्यक् आचरण कराता, दूसरोंसे करता और अनुमोदना करता है तो वह व्यक्ति जरूर ही एक ज्यादा ऊँची स्थितिमें पहुच जाता है।

क्रिश्चियन, वैष्णव, शैव, पारसी और मुसलमानके धर्ममें माने हुये नरक और स्वर्ग और उनमें माने हुए इष्टदेवके माननेसे जैनसिद्धांतकी उदार दृष्टिसे कोई अड़चन नहीं। किंतु ध्यानमें यह रखना चाहिए कि अमुक देवकी उच्च स्थितिसे भी रागद्वेष रहित, अनंत सुखमय और अनंत ज्ञानमय आत्माकी सिद्धगति विशेष उच्च है और यह भी कि वह सिद्धगति प्राप्त करना-आत्म शुद्धि करके प्राप्त करना देवता, मनुष्य, पशु और अन्य प्राणियोंके लिये इस जीवनका एक लक्ष्य है—इस जीवनका उत्तम अर्थ है।

इस प्रकार श्री जैनसिद्धांतका विधान अधिक मनुष्योंके लिये अवश्य कल्याणकारक है। कल्याणकारक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिसे वह मनको संतोषदायक है; क्योंकि नवीनसे नवीन शोध खोजका परिणाम श्री अर्हतके सिद्धान्तके साथ अधिकांश अद्भुत रीतिसे ठीक बैठता है। जिस ज्ञानको हमारे विद्वानोंने अब नियमित और सुविहित Experiments और सूक्ष्म नवीन Instruments का व्यवहार करके प्राप्त किया है, उसे ही महावीरस्वामीने अढ़ाई हजार वर्ष पहिले जाहेर किया था।

ऊँचे रहे हुये थरोंमें (आकाशमें) चढ़नेसे

मालूम होता है कि ऊपर ऊपर हवा ज्यादा पतली और ठंडी होती है। पानी असंख्यात सूक्ष्म जीवोंसे भरा हुआ है। जो उबालने या प्रासुक करनेसे निर्जीव होता है। वनस्पति और धातु, पत्थर आदि पृथ्वी काय सजीव चेतन्य शक्ति युक्त है। यह पूर्वोक्त कथनके कतिपय उदाहरण हैं। शेष जिस प्रकार आधुनिक विज्ञानवेत्ताओंने Molecular combinations moleoules, atoms, electrous पुद्गलके ये भेद माने हैं। उसी प्रकार जैन सिद्धांतके अनुसार स्कंध, देश, प्रदेश और परमाणु ये पुद्गलके विभाग हैं। तथा जिस तरह आजकलके प्रकृति विद्याके विद्वान् स्थिति कारणभूत Gravitation और रोशनी वगैरहकी गति समझनेके लिये "Aether"–ये दो रहस्ययुक्त, अस्पृश्य, अतोन्द्रय अदृश्य, सर्वव्यापी वस्तुयें मानते हैं, उसीतरह जैनधर्ममें स्थितिका कारणभूत अधर्मास्तिकाय और गतिका कारणभूत धर्मास्तिकाय–ये दो द्रव्य माने गये हैं। तथापि जिस रूपमें Botany और Zoology (आधुनिक वनस्पति शास्त्र और जंतु विद्या) ऐसे जीव मानती है कि जिसका शरीर-Moss, licher, algae आदिके शरीर सदृश–असंख्यात सूक्ष्म जीवोंका समूह होता है, वैसे ही जैन सिद्धांत भी अनन्तकाय वनस्पतिकी व्याख्या करता है।

जिनके पास अढ़ाई हजार वर्ष पहले Telescope, microscope आदि कोई भी साधन नहीं थे, उन्हीं लोगोंके पास उपरोक्त प्रकार अद्वितीय ज्ञान था। तो भला कहिये कि यह अरिहंत भगवान् महावीरस्वामी और उनके पूर्वज तीर्थंकर विश्वासपात्र क्यों न मानें जांय?

इसपर भी यह ठीक है कि जैन सिद्धांतमें रहीं हुई बहुतसी मान्यतायें नवीन सायन्सके निश्चित परिणामसे मिलती नहींहैं; किन्तु इस सम्बन्धमें विचार करनेकी बात यह है कि सायन्सके जो परिणाम एक समय निश्चित–से माने जाते थे, उन्हींके विषयमें उपरान्त शंकायें उपस्थित होचुकी हैं; जैसे 'सूर्य स्थिर रहता है और पृथ्वी द्विविध रीतिसे चलती है, केपलर (Kepler) की यह थ्योरी (Theory) अथवा संमूर्च्छन जीवोत्पत्ति न हो सकनेकी मान्यता। इसके अतिरिक्त Aether की कल्पना और Darwin की Theory जैसी सायन्सकी अनेक मान्यतायें Contradiction in adjectee अर्थात् वंध्या पुत्र या आकाश पुष्प सदृश प्रगट हुई है। इस दशामें सायन्सकी मान्यताओंपर अति विश्वास कैसे रक्खा जासक्ता है? हां, इतना कह सके हैं कि जो मान्यतायें Macrocosm और microcosm जगत् और मनुष्य सम्बधी अबतक माननेमें आई हैं, उनका अधिकांश भाग जिस प्रमाणसे सायन्स उन्नति करेगा उस प्रमाणके अनुसार समय आनेपर बदल जायगा–और इस रीतिसे बदल जायगा कि वह जैन सिद्धांतमें प्ररूपित सत्योंके साथ एक लाइनपर आकर मिल जायगा। बस, यह विश्वास हमें रखना चाहिए।

दूसरी ओर यह भी विचारणीय है कि महावीर स्वामीके अर्ध मागधी भाषामें लिखे हुए पवित्र शब्दोंका कैसा अर्थ करना चाहिए? उनकी कौनसी व्याख्या ठीक होगी? इस संबधमें अब भी जैन विद्वानोंमें अनेक स्थलोंपर एकमत नहीं

मिलता है। इसलिए सायन्स और सिद्धांतकी तुलनात्मक शोध और परीक्षा विशेष विस्तारके साथ करनेके पहले, आधुनिक फैलॉलॉजीकी Critical सूक्ष्म आलोचनात्मक पद्धतिके अनुरूप श्री० सूत्रजीकी शोध-खोज और व्याख्या (Interpretation) बराबर करना आवश्यक है। क्योंकि जिस तरह सोनेका तेज अग्निकी परीक्षासे बढ़ता है, उसीतरह श्री सूत्रजीकी महिमा फैलॉलॉजीकल शोधकी और सायन्सकी तुलनात्मक (Comparative) परीक्षासे और भी स्पष्ट देखनेमें आयगी।

फिर भी यह तो स्पष्ट ही है कि जैन सिद्धांतके प्ररूपक (author) के पास जगत् और मनुष्य-macrocosm और microcosm सम्बन्धी अद्भुत-अपूर्व ज्ञान था और इसलिए उनके सिद्धांतका संदेश दुनियांमें फैलाना योग्य है।

पाठकगण! क्या आप इस उत्तम कार्यकी सिद्धिके रूपका अन्दाजा कर सके हैं? मेरेमें तो इस सिद्धिकी महिमा बतानेकी शक्ति नहीं है। फिर भी मैं इतना अवश्य कहती हूं कि इस उत्तम कार्यकी सिद्धिके शुभ परिणाम रूप इस दुनियांमें करोड़ों निर्दोष पशुओंकी हिंसा बंद होगी; क्योंकि मांसाहार बंद हो जायगा। शराब भी तब कोई नहीं बनायेगा; क्योंकि तब उसे कोई पियेगा ही नहीं। प्रत्येक मनुष्यको दारु मदकी पशुतुल्य स्थितिसे अत्यंत घृणा लगेगी। हिंसाकारक शस्त्र भी तब कोई नहीं बनायेगा, न मंगायेगा और न किसीको उनकी जरूरत होगी; क्योंकि राग द्वेष प्रकट करनेमें लोगोंको शरम मालूम होगी। लड़ाई और झगड़े भी बंद हो जायगे। असत्य और कपट मिट जायगे; क्योंकि क्रोध, मान, माया, लोभ कि जो लड़ाइयों और असत्य तथा कपटके मूल हैं, नष्ट हो जायगे। पुरुष और स्त्रियां और विभिन्न देशोंके विविध वर्ण आश्रमोंके मनुष्य परस्पर प्रेम और शांतिपूर्वक जैसे महावीरस्वामीके समयमें रहते थे वैसे-रहकर अपने आत्मकल्याणके लिए और मानवीय सभ्यताकी उन्नतिके लिए उत्तम काम करेंगे। बस उस दिन प्राणियोंमें सुख अपूर्व होगा, दुनियांमें शांति होगी और स्वर्गलोक इस दुनियांमें खिंच जायगा, जिस रोज दुनियांमें जैनधर्मका संदेश पहुंच जायगा और दुनियां जैनधर्मके संदेशको सुनने और माननेके लिए तैयार हो जायगी! ॐ शान्तिः!

अनुवादक-कामताप्रसाद जैन,
सं० 'वीर'-अलीगंज।

—>>—<<—

प्यारा हिंदुस्तान।

सभी हम भारतकी सन्तान।
हिंदू, मुस्लिम, जैन, पारसी, सिक्ख और क्रस्तान।
प्रेम भावसे एक रहें मिलि, पानी दूध समान॥
मातृभूमिकी वेदी पै हम, हो जावें बलिदान।
काटि दासताकी बेड़ी सब, बनें सुतंत्र प्रधान॥
सत्य अहिंसा धर्म हमारा, छुटै न जबलग प्रान।
ध्रुवसम अचल रहें जगतीतल, विचलित होय न बान॥
गूंजो करे यही कानूनमें, प्रियवर 'प्रिय' गुंजान।
"देश हमारा प्राणोंसे भी, प्यारा हिंदुस्तान"॥

-प्रिय वृन्दावन।

पाणिग्रहण।

लेखक:—
श्रीयुत पं० गुणभद्रजी जैन, कलोल।

(१)

चार बज चुके हैं, महेन्द्रने दफ्तरसे आकर कपड़े उतारकर यथास्थान रख दिये और एक पुस्तक लेकर पंखा डुलाते हुए पढ़ने लगे। इतनेमें ही मनोरमाने अपना पुराना तकादा शुरू किया—पढ़नेके सिवाय दूसरा भी काम है? अन्य समयमें भी पुस्तकोंके पत्ते फेर सकते हो, न जाने पुस्तकोंमें तुम्हें कौनसा स्वर्गीय आनन्द मिलता है! कदाचित् सुन्दर२ तस्वीरें देखकर ही खुश होते होंगे!

महेन्द्रने जरा मुसकाते हुए उत्तर दिया—तुझे पढ़े लिखे हुए आदमियोंसे बड़ी चिढ़ है। यदि यह बात मैं पहलेसे जानता होता तो कभी भी तुम्हारे साथ शादी न करता।

मनोरमाने कहा—शादी तुमने की या मैंने? मैं यदि यह जानती होती कि तुम पुस्तकोंके कीड़े हो तो मैं कभी भी तुम्हारे साथ मायके (पीयर) से न आती।

महेन्द्रने जरा नाराजीसे कहा—व्यर्थकी बातोंमें क्या रखा है? अपना काम कर! न जाने ये स्त्रियां पुरुषोंके कामोंमें विघ्न करके कौनसा पुण्य कमा लेती हैं।

मनोरमाने कहा—पुरुष पुस्तकोंके चित्र देखकर कौनसे स्वर्गका रास्ता साफ करते हैं? तुम्हें कुछ दुनियादारीकी भी फिकर है?

महेन्द्रने कहा-हां, मुझे तुझसे ज्यादा फिकर है। कमानेकी फिकर पुरुषोंको ही होती है। स्त्रियां तो घरमें गुलछर्रे उड़ाया करती हैं और उस पर भी यह प्रश्न, बलिहारी तुम्हारी अकलकी!

मनोरमाने नाक सिकोड़ी और कहा—धन्य पतिदेव! मैं क्या कहती हूं और आप क्या अर्थ कर रहे हैं? मैं तो कहती हूं कि मधुकांता विवाहयोग्य होगई है, इसकी भी कुछ फिकर है? उसके साथकी लडकियां दो २ तीन २ बच्चोंकी मां हैं, जब कि उसकी सगाई भी नहीं हुई है। क्या अपनी मधुकांता योंही जीवन बितायेगी?

महेन्द्रने कहा—तू तो पागल है, सदैव एक राग आलापा करती है। १५ वर्ष कोई ज्यादा उम्र नहीं है, अन्य देशोंमें बीस २ और पचीस वर्ष तक कन्यायें कुमारी रहती हैं। इस विषयकी मुझे तुमसे ज्यादा चिंता है। पर क्या करूँ? वर मिलना कठिन होरहा है।

मनोरमाने कुछ तीक्ष्ण स्वरसे कहा—मैं एक नहीं हजारों ऐसे लड़के बतला सकती हू जो अपनी पुत्रीके सर्वथा योग्य हैं। तुम तो वरोंके दोष देखने बैठते हो, इससे तुम्हें सब ही दोषी दिखाई पडते हैं। यदि तुमने मेरी बुद्धिसे वरकी खोज की होती तो अभीतक मधुकांता एक लड़केकी मां कहलाती। यह तो एक बहाना है, साफ२ क्यों नहीं कहते कि अभी उसकी शादी नहीं करना चाहते।

महेन्द्रने उत्तर दिया—लड़की अपनी सम्पत्ति नहीं है, एक न एक दिन अवश्य ही दूसरेको

देना पड़ेगी। पुत्रीका जीवन उनके माता-पितापर निर्भर है। उसके लिये योग्य वर ढूंढ़ना माता पिताका परम कर्तव्य है। शादी कोई गुड्डा-गुड्डियोंका खेल नहीं है, सारे जीवनका सवाल है।

मनोरमा बोली—यों न कहो कि उसे पढ़ा२ कर बैरिष्टर बनाना है। मैंने तो अपनी सारी जिंदगीमें इतनी बड़ी कुमारी लड़की कहीं भी नहीं देखी है। लोग मधुकांताको देखकर क्या कहते होंगे, इसका भी कभी ख्याल किया है? अवस्थाके अनुसार लोगोंमें भी कानाफूँसी हुआ करती है। मैं तो भलेके लिये ही कहती हूं।

महेन्द्रने कहा—पढानेमें कौन तुम्हारे बापकी पोटरी खर्च होती है! जैसी तू अपढ है वैसी उसे भी रखना चाहती है। यह सब अशिक्षाका फल है।

मनोरमा उत्तेजित होकर बोली—बापदादा कौन तुम्हारे यहां खाने आते हैं, जो तुम मेरे बापदादा तक पहुंच गये। परमेश्वरने स्त्रीका अवतार दिया, इससे रोटियोंके लिये तुम्हारी भली बुरी बातें सुननी पड़ती हैं।

महेन्द्रने कहा-मैं तुझे समझाता२ हैरान हो गया हूं। एकबार समझाया, दो बार समझाया, अनन्तबार समझाया, परन्तु तू हमेशा अपनी टायर लगाये रहती है। ऐसी औरत तो मैंने दुनियामें कहीं भी नहीं देखी।

मनोरमाने शांतिसे उत्तर दिया-परमेश्वरने लड़की दी है, उसीके पीछे ये सब बातें सहनी पड़ती हैं। अच्छा होता, जो खाली पेट रहती! इतना कहते२ उसकी आंखोंसे आसुओंका झरना बहने लगा।

महेन्द्रने आंसु पोंछते हुये कहा—इतना पागलपन!

मनोरमाने कहा—मैं लोगोंकी बातें सुनते२ तंग आगई हूं। कल ही जब कुएंपर पानी भरने गई थी तब कितनी ही स्त्रियां इस विषयकी चर्चा कर रही थीं। मैं तो अपना मुँह लेकर रीते घड़े लेकर घर चली आई! शहरकी बुढ़ियायें जान खाये लेती हैं, वे कहती हैं कि "हमने अपनी उम्रमें इतनी सयानी लड़की कभी भी नहीं देखी। कोई कहती है मैं तो जब १२ वर्षकी थी तब एक बेटेकी मां होचुकी थी। माई! जमाना बदल रहा है, परन्तु क्या साथमें लड़कियाँ भी बदल रही हैं? कलिकाल है कलिकाल, जो न हो वही थोड़ा है।"

महेन्द्रने शांतिसे उत्तर दिया—लोगोंका मुँह है, जैसा जीमें आता है बोलते हैं। मैं किसीके मुँहपर ताला तो मार ही नहीं सक्ता। लोगोंको कहने दो।

मनोरमा बोली—लोगोंके मुंह बन्द करनेका यही उपाय है कि मधुकांताकी शीघ्र ही शादी करदी जावे। इसके सिवाय दूसरा कोई उपाय नहीं है।

महेन्द्रने कहा—लोगोंके कहनेसे मैं 'प्राणप्यारी पुत्रीका जीवन बर्बाद नहीं कर सक्ता हूं, दुनियां स्वार्थकी सगी है। जब मधुपर किसी प्रकारका दुःख पड़ेगा तब यही लोग अपनेको मूर्ख बनायेंगे और दश पांच जनोंमें मजाक उड़ावेंगे।

(२)

महेन्द्र पक्के सुधारक थे, अन्तमें उन्होंने चुप होजाना ही ठीक समझा। मनोरमाकी इच्छानुसार मधुकान्ताकी सगाई उसी ग्रामके सुप्रसिद्ध सेठके पुत्रके साथ करदी गई। यद्यपि महेन्द्रकी इच्छा कुछ दूसरी ही थी, पर लाचार थे।

मधुकान्ता सगाईकी बात सुनकर फूटफूटकर रोने लगी। उसका रोना अरण्य-रोदन था। सेठके सुपुत्रका नाम था मोहन। मोहन यद्यपि जवान था तो भी बुड्ढासा दिखता था। धनिक था, नौकरों चाकरोंकी कमी नहीं थी, परन्तु बड़ा भारी दोष यह था कि वह व्यसनी था। वह हमेशा यारदोस्तोंके साथ इधर उधर मौज शौख उड़ाया करता था। शरीरपर सौन्दर्य न था, तनमें शक्ति नहीं थी, मनमें वेश्याओंका ध्यान था। बस, दुराचारी मित्रोंके यहा विश्राम था और वहींपर संसारका आराम था। सेठजी खूब ही समझा चुके थे। कुटेवोंके कारण कहीं भी उसका ठिकाना नहीं पडता था। पूर्व पुण्य-वशात् सुन्दर पक्षी सेठजीके जालमें फस गया।

एक शिक्षिता कन्या कैसे ऐसे भद्दे वरको पसन्द कर सकती है? उसे धन नहीं चाहिये था परन्तु पतिका प्यार ही अटूट सम्पदा थी। वह सुन्दर जड़ाऊ आभूषणोंकी भूखी नहीं थी वह हृदयकी इच्छुक थी। मधुकान्तान मोहनकी कितनी ही ऐसी बातें सुनी थीं जिनको विचार कर दुखसे रोम२ खडे होजाते थे। पर क्या कर सकती थी, विवश थी। ज्यों ज्यों विवाहकी तिथि समीप आती जाती थी त्यों त्यों उसका हृदय जलकर क्षार हुआ जाता था। जब सबके हृदयमें आनन्द था तब मधुकान्ता शोकसागरमें गोते खारही थी।

(२)

विवाहकी निश्चित तिथि आगई, बाजोंकी गम्भीर ध्वनि कानोंको फोड़े डालती थी, स्त्रियाँ मंगल गान गारहीं थीं, सर्वत्र कोलाहल मचा हुआ था। मधुकान्ताने जाना कि अब तो मैं अवश्य ही बलात्कार विवाहकी भट्टीमें झोंक दी जाऊंगी, इससे बचनेका कुछ उपाय करना चाहिये। उसने बहुत ही विचार किया, परन्तु कुछ न सूझा। अन्तमें एक विचार आया कि अपना अभीष्ट ललितसे कहना चाहिये, वह अपना उद्धार करनेमें समर्थ है। यदि उसकी तरफसे सहायता न मिली तो फिर दूसरा मार्ग शीघ्रही शोध लूगी।

ललित और मधुकान्ता दोनों बालमित्र थे। दोनों परस्पर विशुद्ध प्रेमी थे। ललितकी उम्र मधुकान्तासे चार वर्ष अधिक थी, शरीर भी सुन्दर था और बुद्धिमान भी था। ज्यों२ दोनों बड़े होते गये त्यों२ प्रेमग्रन्थि अन्यरूप होती गई। आज उसकी पराकाष्ठाकी हद होचुकी थी।

मधुकांतासे न रहा गया, वह रात्रिको चुपचाप अपने घरसे निकली और ललित जहां पढ़ रहा था वहा गई।

ललितने आश्चर्यसे कहा—मधुकांता! इस समय आनेका क्या कारण है? कोई सेवा हो तो कहो।

मधुकांताने लज्जासे मुख नीचा कर लिया। मन ही मन विचारने लगी—क्या कहूं? बोलना चाहती हूं, पर बोलनेके लिये जीभ नहीं उठती है। साहस करके बोली—दो एक दिनमें मेरी शादी होनेवाली है सो तुम जानते ही होंगे। ललितने हंसते हुए कहा—तो क्या तुम निमंत्रण-पत्रिका देने आई हो?

मनोरमाने कहा—मैं कुछ देने नहीं आई हू प्रत्युत आपकी अपूर्व वस्तु लेने आई हूं। यदि वह वस्तु आप मुझे देंगे तो आपकी महती कृपा

होगी। ललितने कहा—क्या कुछ गहनोंकी आवश्यकता है? मधुकांता बोली—तुम्हारी कृपासे गहनोंकी कमती नहीं है। ललित—तो क्या चाहती हो? मधुकांताने कहा—यदि आप वस्तु देनेका वचन दें तो मैं मांगूं, अन्यथा प्रार्थना निष्फल जाय इससे क्या फायदा?

ललितने कहा-हां, हां, मैं जरूर दूगा, ऐसी कौनसी वस्तु है जो तुम्हारे लिये न हो?

मधुकांताने जरा दीनतासे कहा-धृष्टताके लिये मुझे माफ करना। मैंने हृदयको खूब ही संभाला, खूब ही समझाया, परन्तु वह पूर्व प्रेम मुझे लाचार कर रहा है। यदि तुम्हें बुरा लगे तो उसके लिये दण्ड देसकते हो। यह दासी सहर्ष उसे स्वीकार करेगी। बस, एक यही अंतिम प्रार्थना है कि हमारा तुम्हारा हृदय एक होजाना चाहिये, यही तीव्र अभिलाषा है!

ललितने गम्भीरतासे उत्तर दिया—यह बात कैसे बन सक्ती है? तुम्हारी सगाई अन्यत्र होचुकी है, एक दो दिनमें तुम पराई होजाओगी, फिर किस अवस्थामें मैं तुम्हें अपनाऊँ?

मधुकांताने पगके अंगूठेसे जमीन खोदते हुए उत्तर दिया—क्या तुम्हें किसी व्यभिचारिणी और बदसूरत कन्याके साथ विवाह करना स्वीकार होगा? पतिके साथ क्या माता पिताको निभना है? निभना तो मुझे है। दो पैसेके घड़ेको भी ठीक बजाकर लेते हैं यह तो जिन्दगीका सवाल है।

ललितने कहा—लोग जब हमारा तुम्हारा संबंध सुनेंगे तब क्या कहेंगे?

मधुकान्ता बोली—तुम सब कुछ कर सकते हो। तुम स्वतंत्र हो, मुझसे तुम्हारी कोई बात छिपी नहीं है। मैं तुम्हें अपना सर्वस्व देनेके लिये तैयार हूं। तुम क्यों पीछे हटते हो? क्या कोई आती लक्ष्मीको भी लात मारता है?

ललितने कहा—मैं तुम्हें ग्रहण करनेके लिये तैयार हू। लेकिन लोकभय, समाजभय और जातिभय मुझे इस कामके लिये मना करता है।

मधुकान्ता आगे बढ़ी और रोते हुये दोनों पांव पकड़कर बोली—देखो, निराश न करो! मुझे तुमपर पूर्ण विश्वास था कि तुम समयपर मुझे अवश्य हस्तावलम्बन दोगे। आज समयपर तुम क्यों विमुख होरहे हो?

ललितने पांव छुड़ाते हुये कहा—तुम तो पागलसी मालूम होती हो, बच्चोंकी तरह रोनेसे क्या फायदा? तुम कहीं भी रहो परन्तु तुमपर मेरा विशुद्ध प्रेम सदैव रहेगा। तुम अपनी शक्तिसे दुराचारीको भी सुधार सकती हो, नर्कको स्वर्ग बना सकती हो, जगतमें भी मंगल कर देना यह तुम्हारा काम है। फिर भावी पतिके लिये खेद करना उचित नहीं है। तुम्हें मेरी आशा छोड़ देना चाहिये।

मधुकान्ता अत्यन्त अधीर बनी और बोली—यह तुम्हारा अंतिम वाक्य मेरी छाती चीरे डालता है- आजसे मैं निराश्रय हूँ! माता-पितासे तो असहकार है ही और आजसे तुमसे भी असहकार करती हू। पतितपावन त्रिलोकीनाथ मेरा एक मात्र आधार है। प्यारे ललित! तुम्हें अब अंतिम प्रणाम है!

मधुकान्ता यों कहकर घोर अन्धकारमें अदृश्य होगई! माता-पिताने खूब खोज की, पर पता न लगा।

स्त्रीशिक्षाकी आवश्यकता।

(लेखिका:—श्री० सुभद्राबाई जैन श्राविकाश्रम, बम्बई।)

संसारमें प्रत्यक्ष रूपसे इस बातका प्रमाण मिल रहा है कि शिक्षा सर्वोत्तम वस्तु है। वह मनुष्योंके स्वभावको इस तरह पलट देती है कि जिसका वर्णन करना मनुष्यशक्तिसे सर्वथा बाहर है। यहां मुझे केवल यही कहना है कि शिक्षा संसारमें प्राणी मात्रके लिये शुभ फलकी देनेवाली है। शिक्षा मनुष्यके लिये एक अमूल्य रत्न है। जीवनके मार्गमें सफलताके साथ जानेके लिये वाहन है। बहुतसे माता पिताओंका कहना है कि पुत्रोंके लिये शिक्षा देना परमावश्यक है किन्तु पुत्रियोंके लिये नहीं। कहते२ वहांतक कहने लगते हैं कि पुत्रियोंको यदि शिक्षा दी जावे तो वे बिगड़ जाती हैं। लेकिन यह नहीं समझते कि गृहस्थी रूपी गाड़ीके पुरुष, स्त्री रूपी दो पहिये है। जिस प्रकार गाड़ीके दोनों पहिये यदि दृढ़ और समान न हों तो गाड़ीका इष्ट स्थान पर पहुंचना कठिन ही नहीं वरन् असम्भव है। उसी भांति गृहस्थी रूपी गाड़ीके दोनों पहिये अर्थात् पुरुष स्त्री यदि शिक्षित कला-कौशलान्वित ज्ञानी और धर्मात्मा न हों तो यह गृहस्थीरूपी गाड़ी भी अपने इष्ट स्थान अर्थात सुखशांति यश इत्यादि तक नहीं पहुँच सकती है।

जिस घरके पुरुष, स्त्री दोनों अथवा दोनोंमें एक भी अशिक्षित, अन्यायी, व्यभिचारी, धर्मद्रोही हुए तो उस घरका सारा सुख नष्ट होकर मिट्टीमें मिल जाता है। भारतका सुधार, अपनी जाति और समाजका सुधार सब शिक्षापर ही अवलंबित है। जो जो देश और जो जो जाति पहिले स्त्रियोंके अशिक्षित होनेके कारण कमजोर थे, एक एक दानेको तरसा करते थे, शरीर ढकनेको एक हाथ वस्त्र नहीं बना सकते थे और जंगली कहलाते थे, वही देश और जातियों आज स्त्रियोंके शिक्षित होनेके कारण समस्त संसारमें अपना प्रभुत्व जमाये हुए हैं। इसके प्रत्यक्ष प्रमाणके लिये इंग्लिस्थान, जर्मन, फ्रांस, जापान, अमेरिका इत्यादिकी तरफ दृष्टि बढ़ाइये, आपको स्पष्ट रूपसे इसका पता चल जायगा। बात तो सत्य यही है कि विना स्त्रीशिक्षाके कोई भी देश और जाति अपनी उन्नति नहीं कर सकता है। जैसा किसी कविने कहा है कि:—

भाइयो निजजातिको जो जगमगाना है तुम्हें।
चाहिये अर्धाङ्गिनी जनको पढ़ना तो तुम्हें॥
अंगनायें जब जगेंगी देश तब जग जायगा।
कष्ट भारतवर्षका क्षण एकमें भग जायगा॥

संसारमें लोगोंका कहना है कि हीरेकी खानसे हीरा, कोयलेकी खानसे कोयला और सोनेकी खानसे सोना ही पैदा होता है। यथार्थमें उनका कहना सत्य ही है तो फिर बतलाइये कि सुमाताके शुद्ध गर्भसे सुसंतान और कुमाताके कलु-

श्रीमान दानवीर सेठ रामचंद धनजी दावड़ा-नातेपूते।

[आजतक आप ७६००० का दान करचुके हैं]

श्रीमती सिरदार बहू चौधरन-पथरिया (सागर)

[आपने अपनी कुल जायदाद विद्यादानमें देदी है।]

अतिशय क्षेत्र श्री मक्सी पार्श्वनाथजी तीर्थ।

सिद्धक्षेत्र श्री तारंगाजी।

जैनविजय प्रेस–सूरत।

षित हृदयसे कुसंतान क्यों न उत्पन्न होगी ? इसलिये भारतके हितेच्छु भाई बहिनोंका कर्तव्य है कि भारतकी नारी समाजमें विद्याका प्रकाश डाल भारतको मुक्त करनेका उद्योग करें।

एक सुशिक्षिता तथा सदाचारिणी और धर्मात्मा माताकी शिक्षा हजारों गुरुओंकी शिक्षासे कहीं बढ़कर होती है। जिस प्रकार कुम्भकार गिली मिट्टीसे मनमाने बर्तन बना सकता है उसी भांति बाल्यावस्थामें माता बच्चेको चाहे जैसे सांचेमें डाल सकती हैं। लेखकोंने तो यहांतक कहा है कि गर्भस्थित बालक बालिकापर माताके रहन, सहन, चाल, ढाल, आचार, विचारका पूर्ण प्रभाव पड़ता है। यदि माता सुमाता है तो सन्तान भी कुसंतान न होगी। इस विद्यारूपी धनको प्राप्त करनेसे स्त्रियोंको यह ज्ञान प्राप्त होजाता है कि मेरा क्या कर्तव्य है और मुझे क्या करना चाहिये इत्यादि बातोंका विचारकर अपना तथा अपने परिवार और संसारके अन्यान्य प्राणियोंका भी कल्याण कर सकती हैं।

मात्र शिक्षा इसीको न समझ लेना चाहिये कि हमने तो ५-६ पुस्तकें पढ़ लीं अब हमको अधिक पढ़कर क्या करना है। इस संसारमें ऐसा कोई भी पदार्थ न होगा कि जिसका पार न हो सकता हो। लेकिन यह विद्यारूपी धन ऐसा खजाना है कि ज्यों २ निकालें त्यों त्यों बढ़ता ही जाता है। अनेक विद्यार्थिनी यह समझ लेती हैं कि उनका विद्यालय ही उनकी शिक्षाके आरम्भ और समाप्तिका स्थान है। परन्तु विद्वानोंका मत है कि शिक्षाका काम विद्यालय हीमें समाप्त न हो। शिक्षा इतनी ऊंची वस्तु है कि जीवनके अन्त तक इसे बटोरना ही चाहिये। जो बहिनें आनन्द प्राप्त करनेकी कामना रखती हैं उनको शिक्षा प्राप्त करना परम आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा द्वारा ही हम आत्मसंयमी और आत्मनिग्रही बन सकते हैं। परन्तु यह बात जरूर ध्यानमें रखना चाहिये कि शिक्षा प्राप्त होजानेपर मानको स्थान न देना चाहिये। जो अपनेसे अज्ञान हो उनको घृणाकी दृष्टिसे कदापि न देखना बल्कि उनको शिक्षित बनानेका प्रयत्न करना परम आवश्यक है। जो बहिनें इस विद्यारूपी धनसे वंचित रह जाती हैं उनको अनेक प्रकारके नीचसे नीच काम भी करने पड़ते हैं। अपनी गृहस्थीका पालन करना भी उनको भार रूप मालूम होने लगता है। इस संसारमें आकर न तो ये किसीका उपकार कर सकती हैं न अपने आत्माका ही कल्याण कर सकती हैं। क्योंकि शिक्षासे रहित मनुष्यको किसी प्रकारके तर्क वितर्ककी शक्ति नहीं पैदा होती है इस कारण उनकी इंद्रियाँ बुरे मार्गकी तरफ लेजानेका ही प्रयत्न करने लगती है।

इस संसारमें मनुष्य जन्म लेनेका मुख्य प्रयोजन यह है कि वह स्वपर कल्याण कर सके। देखिये शिक्षाहीके कारण रींछ, बन्दर, सांप, बकरे, कुत्ते, हाथी, घोड़े, ऊँट इत्यादि अपनी दुष्टताको छोड़ मनुष्यकी शिक्षा ग्रहण कर अपने नाच गानसे कठोरसे कठोर मनुष्यका भी मन मोहित कर अपने पालनकर्ताका कल्याण करते हैं। जब अज्ञानी पशु भी शिक्षा ग्रहण करनेसे प्रेमी होते हैं तब मनुष्य होकर भी यदि हम शिक्षा न

ग्रहण करें तो कितनी लज्जा और घृणाकी बात है। मैं तो आप लोगोंसे यहांतक कहना चाहती हूं कि पुत्रोंकी अपेक्षा पुत्रियोंको अधिक शिक्षा दी जावे क्योंकि पुरुषोंको तो केवल धन एकत्रित करनेका ही ध्येय रहता है। परन्तु बहिनोंको घरगृहस्थीके कामको सम्हालना तथा पुत्र पुत्रियोंका पालन पोषण करना, उनको शिक्षा देना इत्यादि बातें बहिनोंके आधीन रहती हैं। अगर बहिनें अशिक्षित हों तो उनको यह भी ज्ञान नहीं रहता कि मैं अपने बच्चेका पालन किस प्रकार करूं, पतिकी कमाईको किस प्रकार व्यय करूं। इत्यादि। इसलिये सभी भाई बहिनोंसे युगल करबद्ध बार२ क्या बरन् सहस्रबार मेरी सानुनय प्रार्थना है कि शिक्षा ग्रहणकर मनुष्यजन्मको सफल करें।

— ❧ —

संत परीक्षा।

(रचयिता-पं० नन्हूराम लीलाधर जैन-महाराजपुर)

सच्चे सन्त।

जपते हैं प्रभु नाम, मग्न हो ध्यान जमाते।
काम क्रोध मद त्याग, विषयके पास न जाते॥
करते इन्द्रिय दमन, घर निर्जनमें रहकर।
वर्षा बाधा शीत ताप, सार ही सहकर॥
होकर यदा विरक्त ये, गूढ ज्ञानमें लगकर।
आत्मरूप लखते वही, कहलाते हैं सन्त वर॥

कलियुगी सन्त।

वेष महान महान केश, नख भले बढ़ावत।
करत सदा बकध्यान, समय पर दाव चलावत॥
पहिर गेरूवा वस्त्र, देशमें फिरत फिरावत।
नीच महा बदजात, सबनसे पाव पुजावत॥
बाटत सुत घर२ फिरत, करत कमाई भरत घर।
देखहु कलियुग नीत यह, कहलाते हैं सतवर॥

कुरूढ़िपर एक दृष्टि।

लेखक-पं० गुलजारीलालजी चौधरी-उदयपुर।

भारत रूढ़ि प्रधान देश है, यहांपर अगणित रूढ़ियां प्रचलित हैं, जिनका मतलब किसीको मालूम नहीं होनेपर भिड़चालसे मानकर धर्मका बहाना करते हैं। उन रूढ़ियोंसे हमारी जो हानियां हो रही हैं उनपर हमारा ध्यान गया है, पर दूर करनेकी हिम्मत नहीं है। क्यों? इसमें श्रीमानोंका कुछ नुकसान नहीं, मरना गरीबोंका ही होता है। श्रीमान् धनसंपन्न हैं, इससे उनको यदि रूढ़ि परिपालनामें धन खर्च करना पड़े तो कुछ परवाह नहीं। उनकी यही इच्छा रहती है कि गरीब भी हमारे समान कार्य करें, और अवसर आनेपर उसकी पूर्ति करते हैं। जब यह दशा श्रीमानोंकी है तो फिर समाज सुधार कैसे हो?

बालविवाह आदिको रूढ़ि-अंग कहा जाय तो कोई अत्युक्ति न होगी, उसीका अंश नुकता है। इसको हरदेशमें अनेक नामोंसे कहते हैं, पर इसका असली अर्थ मरनेका जीमन है। यह भी कोई कारणको पाकर किसी समय पर्देकी प्रथाके समान चली होगी। पर रूढ़िभक्त अब उसीका ध्यान करते रहते हैं। और इसको बंद करनेके लिये कहा जाय तो धर्मका अंग है, कैसे बंद करें? अरे! ये नवयुवक तो सभी प्रथाएं बंद करना चाहते हैं, इनकी बुद्धि भ्रष्ट होगई इत्यादि वार्ताएं लोग करते हैं। चाहे धार्मिक कृत्य बंद होजांय पर यह सरकारी

करकी माफिक हर्गिज बंद न होगा। और जबरन मरनेकी जीमन की जाती है। इससे हजारों कुटुम्ब धनहीन होकर कष्ट सहन कर जैन समाजको शाप दे रहे हैं। उन्हीं असहायोंकी हाय सांससे यह समाज-देश गारत होरहा है। इसका जटिल उदाहरण लेखकका प्रत्यक्ष देखा है वह लिखता हूं।

लेखकके ग्राममें एक परवार जैन रहता था उसके ४ पुत्र-पुत्रियां और एक पत्नी थी। उनकी स्थिति साधारण थी, केवल नमक गुडकी दुकानसे कुटुम्बका निर्वाह करता था, पर घरमें कुछ भी नही था। कुछ दिन बाद अपुण्योदयसे वह बीमार होगया, अनेक उपचार करनेपर भी अच्छा न हुआ, और कालकवलित हो गया। उसने अपने कुटुम्बको दुःखित छोड़कर संसार यात्रा पूरी नही की, परन्तु कुटुम्बी अपनी विधवा स्त्रीपर आपत्तिका पहाड़ ढाह दिया। वह क्यों? श्मशानयात्रामें भी पहले बड़े आदमियोंके नुक्तेकी बातचीत होती रही। बादको इसपर भी चोट आई। और सलाह करली गई। तेरहवां दिन आया। उस दिन नुक्तेके लिये पंचोंसे पूछना था। रात्रिमें पचायत लगी, और पुरानी बातें पेश की गईं। और लड्डू-पूरीकी आज्ञा प्रदान की। उस बेचारी विधवाने बहुत हाथ जोड़ीकी पर पंच टससे मस न हुए। मेरी हैसियत नही है कि मै नुक्ता करूँ। हम लोग पतिदेव द्वारा ही उदरपूर्ति करते थे। परन्तु अब मुझे बड़ा दुःख है कि बालबच्चोंका निर्वाह कैसे होगा। और मेरे पास फूटी कौड़ी भी नहीं है, तथा इसमें १००) से ज्यादः लगेगा मैं रुपया कहांसे लाऊँ? इसपर श्रीमान्‌जी कहकर बोले—जा रांड! तेरे पास नहीं है तो हम लोग क्या करें, कहींसे रुपया कर्जा लेकर नुक्ता करो नहीं तो मदिर बंद कर दिया जायगा। इस जवाबसे बेचारी विधवा मन मसोस कर रह गई, और कहा जो हुक्म। इसपर मैंने भी कुछ कहा पर मुझे भी उल्टी सीधी सुनाई गई। मैं भी चुप रह गया। यह मूढ समाज है, इसको जरा भी ज्ञान नहीं है। दूसरे दिन अपना जेवर-गहना रखकर पचोंका सत्कार किया। और रोकर पति गुणानुवादके साथ पंचोंको गिड़गिड़ा कर उनके दुष्कृत्योंके लिये फटकारा। पर कुछ भी न हुआ।

प्रिय पाठकों! आपने पचोंकी काली करतूतें देखो होंगी। यहांपर यह बात विचारनेकी है कि जिस समाजमें खानेके लिये जबर्नी जोरावरी की जाती है, दड दिया जाता है, वह समाज यहां-उन्नति पथपर आरूढ़ हो सक्ता है। वैसे ही आजकल लोगोंकी आमदनी घट रही है, और गुजारा भी कठिनतासे कर रहे है, फिर यदि कहींपर किसीकी मृत्यु होगई तो उसकी आफतमें जान। इस प्रथाका जोर मेवाड़ आदि प्रांतोमें अधिक है। हजारों रुपया व्यर्थमें खोये जाते है। विद्योन्नति देश सेवाके लिये एक पैसा भी नहीं दिया जाता है। और विद्यालयोंकी प्रशसाकी अपेक्षा बुराई की जाती है, ताकि रुपया न देना पड़े ऐसे बहानेसे बचते है। और समाज घातक नुक्ते जैसी प्रथापर हजारों रुपयोंकी धूक कर देते है। और यशके भागी बनते हैं, यह प्रथा न तो शास्त्र सम्मत है, न देश समाजोपकारी है।

यह प्रथा कैसे और कब शुरू हुई इसका

इतिहास उपलब्ध नहीं है। पर मेरी बुद्धिमें यह आता है कि मनुष्यके मरनेपर उसके साथ सहानुभूतिके लिये जो रिश्तेदार आते थे उनका सत्कार घरवाला कर देता था, उसीका रूप यह नुकता होगया है। उस समय इसमें पचोंका हस्तक्षेप नहीं था, जैसा कि आजकल है। उसीकी इच्छापर निर्भर था। यहा बात सोचनेकी है कि एक तो उसका आदमी गया। दूसरे घरका रखा धन भी नष्ट हुआ, ये दो दुखोंका सामना करना पड़ता है। मैं सच कहूगा कि मृत-आत्माकी अपेक्षा नुकतेका दुःख असह्य होता है।

इस प्रथाका प्रचारक पचोंको कहा जाय तो कोई अत्युक्ति न होगी। यही न्यायकी मूर्ति है। पक्षपातकी खानि है। चाहे ये लोग कानूनका एक अक्षर न जाने पर न्यायका गला जरूर घोंटेंगे। अन्याय करते, धनी-निर्धनपर एकसी दृष्टि नहीं, न गरीबोंपर दया, न देशकालके जानकार, फिर न मालूम कैसे न्याय करके फैसला कर देते हैं। यदि ये लोग समाजको सुधारना चाहें तो सुधार कर सकते है। पर गांधीजीके अस्वाद व्रतका पाठ पढ़ाये जानेपर और उसके गुण समझानेपर सुधार कर सकते हैं, अन्यथा नहीं। इनका मंदिर बद करना, जातिच्युत करना ही शस्त्र है। इसीसे आज इन लोगोंने जातिकी संख्या आटेमें नमक बराबर करदी है। फिर भी यदि यही क्रम जारी रखा तो भविष्यमें विनाश ही है। विनाशकाले विपरीत बुद्धिः।

यह समय सुधार शुद्धिका है, इस समय कुप्रथाओंको हटाना चाहिये, उपयोगी सरल नियम बनाना चाहिये। ताकि सर्व साधारण उनका पालन कर सकें। हे प्रभो! ऐसी सुबुद्धि हमारे पंच सरदारोंको प्रदान करो?

हे पंचों! अब तो चेतो, अन्याय मत करो। न्यायकी तलवार पकड़ो, नुक्ते जैसी दुष्ट प्रथा-ओंको निकाल बाहर करो। तभी आप समाजके हितचिंतक बन सकते हैं।

नुक्तेकी प्रथा बद करके ये कार्य करना चाहिये—

१—स्त्री शिक्षाका प्रचार करना, जगह जगह कन्यापाठशालाएं खोलना, और माता बहिनोंको समझाना।

२—दीन अनाथोंकी रक्षा करना, उनके वस्त्र भोजनका प्रबध करना। शिक्षालयमें भेजना।

३—जो असहाय विधवाएं हैं, उनको विधवा आश्रमोमें भिजवाना, शीलरक्षाकी ओर उत्सा-हित करना। पढ़ाईका भी योग्य प्रबध करना।

४—विद्यालयोंमें दान देना, स्वदेशी वस्त्रोंका प्रबध करना, खादी बनानेका काम छात्रोंको सिखलाना व छात्र वृत्तिया देना।

५—असहाय, अपाहिज, लूले लंगड़े ऐसे मनुष्योंका प्रबध करना।

इत्यादि जो उपयोगी कार्य हैं, उनको करना। नुक्तेमें सिर्फ एक दिनमें ही हजारों रुपया नाश होजाता है, पूर्वोक्त कार्योंसे नाम अमर होगा। एक जगह एक सज्जनने अपनी स्त्रीका नुकता नहीं किया। उतने ही रुपयेको हुन्नरशालामें लगा दिया, जिससे स्वदेशी वस्त्रोंकी उन्नति होरही है, ऐसा करनेसे देशका उपकार होता है, बेका-रोंको काम मिलता है। इसलिये मेरी नम्र प्रार्थना है कि नुक्तेकी समाज देश धन घातक प्रथाका दूर कर सुधार करें। और गरीबोंके सहायक बन देशयज्ञमें सामिल होकर पुण्यभागी बनें।

स्वास्थ्यरक्षा ।

प्रत्यक्ष प्रतीत होता है कि धनाढ्य निर्धन विद्वान मूर्ख गृहस्थी अतीत स्त्री पुरुष अर्थात् सब मनुष्य बल्कि जीव मात्र भले चंगे और निरोग रहकर सुखसे आयु व्यतीत करनेकी अभिलाषा रखते हैं। सच भी है कि सबसे बढ़कर आनंद शरीर हीका सुख है और कहावत भी है कि—प्रथम सुख निरोगी काया, दूजा सुख पास हो माया।

यदि विचार कर देखा जावे तो वास्तवमें जिसका स्वास्थ्य (तन्दुरुस्ती) बिगड़ जाता है उसे सर्व प्रकारकी हानि व दरुण दुख सहने पड़ते हैं। यह बात बुद्धि विद्या द्वारा सिद्ध है कि रोग भी किसी न किसी कारणसे पैदा होते हैं तथा बढ़ते हैं। जैसे अधिक गरिष्ट या बासी खानेसे अजीर्ण (बदहजमी) तथा विरुद्ध और उष्ण भोजन और अति माद्य और दूषित जल पीने आदिसे दस्त तथा फिरंग युक्त स्त्रीके सगसे फिरंग (आतशक) रोग उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार अनुचित आहारविहार हीसे और अनेक रोग पैदा होते हैं।

बस यदि विचारकर पहले हीसे रोगोंके कारणका बचाव किया जाय तो हम बलपूर्वक कहते हैं कि कभी रोग उत्पन्न ही नहीं हो और यही परम बुद्धिमानी है।

अंग्रेजी यूनानी देशी अर्थात वैद्यक-इन तीनोंमें हम भारतवासियोंको किसके अनुसार बरताव तथा चिकित्सा करना विशेष गुणदायक है? किसी देशमें शर्दी अधिक पड़ती है, किसीमें गरमी, किसीमें नदीनाले विशेष होते हैं कहीं पहाड़। सूखे मैदान, कहीं वनवृक्षादि होते हैं कहीं नहीं, इससे प्रत्येक देशकी प्रकृति जलपवन (आबहवा) जुदे ही जुदे प्रकारके होते हैं और जिस देशमें जिस जीव व वनस्पतिकी उत्पत्ति है उसी देशका खान-पान आबहवा स्वाभाविकानुकूल (मुवाफिक) होता है अन्य देशका नहीं।

देखो केशर कश्मीरमें पैदा होती है और चन्दन मलयागिर (ट्रावनकोर) में। यहा प्रायः नहीं होते इसका कारण यही है कि यहांकी पृथ्वी व आबहवामें उनके पुष्टिकारक प्रमाण विशेष नहीं हैं।

इसी प्रकार जो मनुष्य जहां पैदा होते हैं और रहते हैं वहा हीकी पृथ्वी जल और वनस्पति आदिके परमाणुओंसे उनके शरीरकी उत्पति वृद्धि होती है और अन्य देशके परमाणुओंसे द्रव्यतरकी न्यूनाधिकताके कारण वहांका खानपान अहार और आबहवा प्रायः सानुकूल नहीं होते।

श्री० वैद्य शिखरचन्दजी जैन ज्योतिषी—फर्रुखनगर।

इससे सिद्ध हुआ कि हरएक मनुष्य क्या जीवमात्रको अपने ही देशके अनुसार खानपान आहार विहारका बरताव तंदुरुस्ती (स्वास्थ्य) कायम रखनेको उत्तम और उपकारी है। सारांश यह कि हम भारतवासियोंको अपना वैद्योक्त सनातन चालका उत्तम बरताव उपयोगी है। अंग्रेजोंको डाक्टरी तथा यूनानियोंको यूनानी।

उपरोक्त विवेचनसे स्वास्थ्यके लिये हम भारतवासियोंको वैद्योक्त आहार विहार उपयोगी सिद्ध हुआ। अब रही चिकित्सा। यह बात प्रमाण योग्य है कि शरीरमें यथोचितके अतिरिक्त किसी पदार्थके अणुवोंकी न्यूनाधिकता तथा विकृतिसे रोग उत्पन्न होते हैं और देशांतरमें शीतोष्ण एवं प्राकृतिक द्रव्यांतर न्यूनाधिकतासे हरएक देश परमाणुओंमें बड़ा भेद है इस हेतु किसी देशमें प्रायः कोई रोग होता है किसीमें कोई अथवा किसी देशमें रोगका कारण कुछ होता है किसीमें कुछ और ही।

और चिकित्सा हरएक रोग और उसके कारण आदिके अनुसार होती है तो हरएक देशकी चिकित्सामें भी भेद होता है अर्थात् स्वीटजरलेन्ड इंग्लेंड जैसे ठण्डे देशको रोग और हेतु चिकित्सासे भारतवर्ष और गर्म देशोंके रोगोंके और कारण हैं तथा चिकित्सामें बड़ा अंतर है। यदि हम देश प्रकृति आदि लिखें तो लेख बहुत बढ़ जाता है। हमको तो स्वास्थ्य रक्षाके नियम दिखाने हैं इससे देशभेदको यहीं छोड़कर स्वास्थ्यरक्षाकी तरफ चलते हैं।

यह हम ऊपर लिख चुके हैं कि भारतसंडका बरताव आयर्लेन्ड फ्रांस जर्मन आदि देशोंमें उपकारी नहीं होता इसी प्रकार इंग्लेंड यूनान आदिका बरताव भारतवासियोंको भी प्रायः सानुकूल नहीं हो सकता।

सबेरे उठना—इसका भलीभांति परिचय तथा दांत धोवन स्नान आदिका वर्णन गतवर्षके खास अंकमें पाठकोंको दिखलाया था, आशा है पाठकोंको स्मरण होगा अन्यथा गत वर्षका खास अंक पेज ९३ से आरोग्य रहनेका उपाय फिर पढ़ जावे।

प्रत्येक मनुष्यके ध्यान रखनेयोग्य १—वायु, २—जल, ३—भोजन, ४—निन्द्रा, ५ वस्त्र, ६—कसरत, ७—महेनत, ८—स्नान, ९—शौच, १०—मकान, जिसमें हो।

प्रथम वायु—ताजी हवा मनुष्यकी जिन्दगीका कारण है। प्रातःकाल तथा शामको ताजी शुद्ध वायुमें फिरना आवश्यकीय है। ग्रीष्मऋतुमें सूर्योदयसे पूर्व और शरदऋतुमें सूर्योदयके समय कमसे कम एक मील धीरे २ टहलना चाहिये। शामको सूर्य अस्तके बाद ऐसी सड़कों और मैदानोंमें जहां बहुत घने वृक्ष न हों फिरना लाभकारी है और बच्चोंको प्रात काल तथा शामको भेजना बहुत आवश्यक है।

पानी—जिस पानीमें गंदकी बू आती हो या शोरे खारा स्वाद आवे वह खराब समझना। जिस कूवे या तालावमें किसी मैली नालीसे पानी पड़ता हो या जिसपर सर्व साधारण कपड़े धोते हो और उसका पानी कूवेमें गिरता हो या वृक्षोंके पत्ते गिरते हों उस कूवेका पानी पीनेयोग्य नहीं। पानी साफ करना हो तो गर्म करो और जब ठंडा होजावे तो फुलालेनके कपड़ेमें छानलो फिर उसे काममें लावो।

भोजन ऐसा करना चाहिये जो जल्दी हजम होजावे और चित्तको रुचे। हमेशा सादी यानी बहुत तरहका न हो। मक्खी इत्यादिको भोजनपर बैठने न देना चाहिये। कच्चे मेवोंसे परहेज रखना चाहिये और पके भोजनके बाद खाना उचित है। दुग्धका अधिक प्रयोग रखना चाहिये।

शाक आदि दिनमें एकवार अवश्य खाने चाहिये। नियत समयपर भोजन करना चाहिये कभी२ मिठाई आदिका खाना भी उत्तम है। भोजनके साथ बार२ और बहुत पानी नहीं पीना चाहिये और न भोजन करके उसी समय कोई कसरत करनी चाहिये।

निन्द्रा—कमसेकम ६ घन्टा दिन रातमें मनुष्यके लिये आवश्यकीय है और ८ घन्टा बहुत ही उत्तम है। जल्दी सोना जल्दी उठना चित्तको प्रसन्न करता है यानी १० बजे सोना ४ बजे उठना चाहिये। छोटे बालकोंको जबतक वह स्वयम् न जागे न जगाना चाहिये। ओसमें सोना हानिकारक है। शरदऋतुमें शिरको किसी टोपीसे ढांककर और पायजामा आदि पहनकर सोना चाहिये और प्रत्येक प्राणी[illegible] सोनेका [illegible] पृथक२ हो। कोमल उज्वल वस्त्र हो। यह शयनागार बड़ा [illegible] भोजनका अर्धभाग हवनीय होना [illegible] शुद्ध [illegible] विशेष ध्यान रखना चाहिये। मकान [illegible] हो जो एक भाग [illegible] साफ होता रहे। [illegible] पर्दा लगा रहे। मच्छरोंसे केवल पलंगके आसपास दूरी रहे पलंगके आस नहीं [illegible]। [illegible] उस स्थानपर जितना भी हो [illegible]। बैठनेकी कुरसियोंपर गद्दे न हो ताकि (गर्दा) न जमें (गरदेका विशेष ध्यान रहे, जमा न हो) कपडे भी उस कमरेमें अधिक न हो, ताजी हवा आती रहे। कभी२ अग्नि जलाकर वायु शुद्ध करदेनी चाहिये।

वस्त्र समयानुसार सदैव रखने चाहिये परन्तु उज्वल अवश्य हो, मेल न जमें। फुलालैनका कुर्ता या बनियान सबसे नीचे पहनना चाहिये। गर्मीमें जब पसीना आया हुआ हो तो फौरन कपड़े न उतारना चाहिये और जब पंखा चलता हो या मकानमें खसकी टट्टी लगी हो और पसीना आता हो तो बदनको शरद हवासे बचावे। गरमीमें शिर या पांव या नंगे शरीर न निकलना चाहिये।

कसरत—मुग्दर उठाना, दण्ड पेलना, गेंद खेलना, गोला फेंकना आदि शरीरको पुष्टाई देता है। थोड़ा२ सब चीजोंका अभ्यास रखनेसे शरीरके सब अंगोंको ताकत आती है। कसरत इतनी करना चाहिये जिससे थकावट मालूम न हो। भोजनसे पहले ही कसरत करना चाहिये।

मेहनत दिमाग—पढ़ना लिखना सोचना और इसी [illegible] ताकतके अनुसार करना चाहिये। बच्चोंको जबतक ताकत अच्छी तरह न आवे पढ़ाईमें अधिक परिश्रम न करना चाहिये। आजकल ऐसा करनेसे दिमाग खराब होना बहुत देखनेमें आता है।

स्नानका समय और कैसे जलसे स्नान करना चाहिये? यह गत वर्ष बतला चुके हैं। यहां इतना और है कि जल न अधिक ठन्डा हो न गर्म हो या जैसेका अभ्यास हो। प्रातःकाल घूमनेके बाद पसीना सुखाकर और भोजन करनेसे पूर्व स्नान करें, शरीरको अंगोछेसे खूब पोंछकर उज्वल वस्त्र पहन लें।

शौच—इसका रोज ध्यान रहे कि कब्ज न होने पावे। सवेरे और शाम या सवेरे ही पाखाने जानेकी आदत रक्खे। जबतक पाखाना अच्छी

तरहसे न हो न उठे। सदैव ठन्डेपानीसे आबदस्त लेना चाहिये, गर्म जलसे कभी नहीं लेना चाहिये।

स्थान—साफ रखना चाहिये। सप्ताहमें २ बार साफ करके गंधक या काफूरकी एकबार धूनी दें। सवेरे या शाम घरकी तमाम खिड़कियां खोलदे जिससे गन्दी वायु निकलकर शुद्ध वायु प्रवेश करें। मकान चाहे छोटा हो या बड़ा परन्तु उसमें सूर्यकी किरण अवश्य पहुंचनी चाहिये क्योंकि सूर्यकी किरण पहुंचनेसे जितने मलीन वस्तु या मलीन बू कृमि (जो रोग उत्पन्न करती है) का नाश होकर मकान शुद्ध होता है बिना उजयालेका मकान स्वास्थ्यको हानिकारक है। इससे विशेष बैठा उठी उसी मकानमें होना चाहिये जिसमें सूर्यकी किरण पहोंचती हों। स्थान सदैव सुगन्धमें रखना चाहिये, दुर्गन्ध न हों।

मकानके आगे (यदि होसकें तो) मोसमी २–४ पोदे लगाने चाहिये। पोदे जैसे तुलसी, सूर्यमुखी, गेंदा आदि। इनके गुणोंका वर्णन फिर कभी किया जावेगा। इसके लगानेसे अनेक प्रकारके रोग नष्ट होते हैं और अनेक प्रकारकी दुषित वायु इन पौदोंपर होते हुए फूल होकर जीव मात्रकी रक्षा करते हैं।

देखिये, अंग्रजोंमें चाहे छोटेसे छोटे दरजेका क्यों न हो परन्तु स्वच्छता और वाटिकाका शौक अवश्य पाइयेगा। यही कारण है कि भारतवासियोंकी अपेक्षा वे लोग निरोगी एवं सुदृढ देखे जाते हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मनुष्य अपने समयका विभाग करले यानी इतने घंटे यह काम करना। इसके नियमित करनेसे भी आरोग्यतामें बहुत कुछ सहायता मिलती है। जैसे भारतवासियोंको स्नान प्रातः समय करना चाहिये परन्तु बहुतसे प्राणी आलस्यके कारण स्नान तो दूर प्रातः उठने भी नहीं। कोई२ तो १० बजेतक सोकर उठते हैं इससे रोगका भय रहता है क्योंकि 'प्रभाते मैथुन निद्रा सद्यः प्राण हरानिच' प्रातःकालमें मैथुन और सोना प्राण हरता है अर्थात् इस देशमें प्रातःकाल स्नान नित पूजन आदिसे निवृत्त होकर कुछ जलपान करके फिर जो कुछ करना हो सो करे। जो मनुष्य इन नियमोंका पालन करता हुआ जीवन व्यतीत करेगा व कदापि रोगी नहीं होगा।

गांधी गान।

आज मिलि गावो मोहन गान ?।
हमें 'अहिंसा मंत्र' सिखाकर।
उत्तम 'मार्ग स्वतंत्र' दिखाकर॥
'प्रेम सुधारस' बुंद चखाकर।
कायरसे रणवीर बनाकर, फूंका हममें जान॥१॥

'खद्दर'की महिमा प्रगटाई।
'समताभाव' रहे मिलि भाई॥
शुद्ध स्वदेशी हो 'चिवसाई'।
'भारतकला' फेरि बगदाई, भारतके कल्याण॥२॥

"मातृभूमिका मान बढ़ाया"।
'कैसे हो बलिदान सिखाया'॥
"गत गौरवका ध्यान कराया"।
वो प्रतापका गान कराया, खड़े होगए कान॥३॥

"विजयी विश्व तिरङ्गा प्यारा"।
"ऊंचा झण्डा रहे हमारा"॥
"बोलो सब ये ही जैकारा"।
'गांधी जीवें बरस हजारा, 'प्रिय' भारतके प्रान'॥

"प्रिय"—वृन्दावन।

मूड़बिद्रीकी अमूल्य जैन मूर्तियाँ।

मूडबिद्री मंगलूरु शहरसे २२ मीलपर मद्रास प्रांतके दक्षिण कन्नड (S. Kanara) जिलेमें अवस्थित है। इस जिलेमें ४०२१ वर्गमील स्थान है। इसकी चौहद्दी इस प्रकार है। उत्तरमें बंबई, पूर्वमें मैसूरु (मैसूर) और कोडगु (कुर्ग), दक्षिणमें कोडगु और मलबार (मलाबार), पश्चिममें अरबि या अरब समुद्र।

पूर्वमें यह जिला कांचीके पल्लवोंके राज्यमें गर्भित था जिसकी पुरानी राजधानी बिजापुर जिलेमें वातापि या बादामिपुर थी। पीछे दूसरी शताब्दीमें बनवासिके प्राचीन कदंब राजाओंने यहां राज्य किया। यह बनवासि उत्तर कन्नडमें उपस्थित है। छठीं शताब्दीके अनुमान पूर्वीय चालुक्योंने कदंबोंको दबा दिया। आठवीं शताब्दीके मध्यमें उन्हें पुनः कदंब राजा मयूरवर्माने भगा दिया जिसने पहले इस जिलेमें ब्राह्मणोंको बसाया था। इस कदंब देशके राजा मलखेड़के राष्ट्रकूटोंके तथा कल्याणि (निजाम) के पश्चिम चालुक्योंके अधीन राज्य करते रहे। बारहवीं शताब्दीमें यहां दोरसमुद्र या हलेबीडुके होयसल बल्लालोंने अधिकार किया। चौदहवीं शताब्दीमें यहांपर मुसलमानोंने अधिकार जमाया, परन्तु विजयनगरके राजाओंने उन्हें यहांसे हटा दिया। पीछे सन् १५६६ में तालिकोटेके युद्धमें दक्षिणके मुसल्मानोंने मिलकर अंतिम विजयनगरके राजाको हटा दिया।

इस समय स्थानीय जैन शासक स्वतंत्र होगये। किन्तु सत्रहवीं शताब्दीके प्रारंभमें इन सबको लिंगायत राजा इक्केरिके वेंकटप्प नायकने दबा दिया। पश्चात् यह जिला १५० वर्षोंतक इक्केरिके राजाओंका आधीन ही रहा। इनकी राजधानी मैसूर राज्यके वेदनूर नगरपर थी। उस समय भी बहुतसे प्राचीन जैन राजाओंने अपनी स्थानीय स्वतंत्रताकी रक्षा की है। सन् १७३७से यहां अंग्रेजोंका आना आरम्भ हुआ।

यह बात विश्वसनीय है कि महाराज अशोकके समयमें भी जैनधर्म कन्नडमें फैला हुआ था। पूर्वमें जैनलोग केरल-पुत्रके राज्यतक फैले हुए थे। प्राचीन कदंबवंशी और चालुक्यवंशी राजा निःसन्देह जैन थे। कतिपय विद्वानोंका मत है कि इस जिलेमें सर्व प्रथम शासन करनेवाले पल्लव भी जैन ही थे। संक्षेपमें यह कहा जासकता है कि सदासे इस जिलेके राजाओंका धर्म जैन धर्म था। इस जैन धर्मका प्रभाव उस समय ब्राह्मणोंके प्रभावसे रुकना प्रारम्भ हुआ, जिस समय राजा विष्णुवर्धन होयसल बल्लाल जैन धर्मसे विष्णुधर्मी हुआ। पीछे सत्रहवीं शताब्दीमें लिंगायत राजा वेंकटप्प नायकने जैनियोंके शेष प्रभावको भी जर्जरित कर डाला अस्तु।

पं० के० भुजबली शास्त्री, जैनसिद्धांतभवन-आरा।

मूडबिद्रीमें बड़े बड़े १८ जैन मंदिर

हैं। इस देशमें मंदिरको बस्ती कहते हैं। यह बस्ति शब्द वसुतिका अपभ्रंश ज्ञात होता है। इन मंदिरोंमें "गुरु बस्ती" नामका मंदिर सर्व प्राचीन एवं एक हजार वर्ष पहलेका है। इसमें श्री पार्श्वनाथस्वामीकी कृष्ण पाषाणकी कायोत्सर्ग प्रतिमा बहुत ही मनोज्ञ है। इसी मंदिरमें धवल, जयधवल, महाधवल नामके तीनों ग्रंथराज विराजमान हैं। इसीसे इसको सिद्धांत मंदिर भी कहते हैं।

लगभग शालिवाहन शक १७४७ सन् १८२६ के "जैनाचार" ग्रंथके कर्ता चंदय्य उपाध्यायने मूडबिद्रि तथा उक्त गुरुबस्तीके विषयमें इस प्रकार लिखा है—"इसका प्राचीन नाम मूडुबिदुरे हैं। इसको जैन काशी भी कहते हैं। कदंबवंशी राजाओंके शासन कालमें यह प्रांत अधिक उन्नतावस्थामें रहा। उस समय इस प्रांतमें जैनधर्मका विशेष प्रभाव था। पूर्वसे ही मूडबिद्रीमें प्रतिवर्ष हजारों यात्री यात्रार्थ बाहरसे आया करते थे। गुरुमुखसे प्रसिद्ध होनेके हेतु उक्त पार्श्वनाथ मंदिरका नाम गुरुबस्ति पड़ा। (देखो प्रथम संधि)

आगे इसी ग्रन्थमें पार्श्वनाथ मंदिर गुरुबस्तिके नामसे कब और क्यों प्रसिद्ध हुआ इस बातका खुलासा इस प्रकार दिया है—बनवासिके प्राचीन कदंबवंशी (७७) राजाओंके पीछे यहां बर्बर नामका नीच जातिवाले (२१ राजा क्रमशः) शासन करते रहे। उनके पीछे पुनः हंगलके कदंबवंशी (७७) राजाओंने यहां राज्य किया। बीचमें अर्थात् बर्बर राजाओंके शासनकालमें इस प्रांतमें जैनधर्म बहुत क्षीण होगया था। उस समय मूडबिद्रीका पार्श्वनाथ मंदिर जंगलमें छिपा हुआ था। पीछे हंगलके कदम्ब-वंशी राजाओंके शासनकालमें जैनधर्म पूर्ववत् जाग्रत हुआ। इसी जमानेमें एक रोज एक मुनिमहाराज घूमते२ पार्श्वनाथ मंदिरकी ओर गये। वहां उन्होंने परस्पर वैर रखनेवाले मूषिक, सर्प आदि जानवरोंका एकत्र सम्मेलन देखा। इस दृश्यसे उनको बड़ा आश्चर्य हुआ और वह इधर उधर चारों ओर खोजने लगे। अन्तमें उनको उक्त दिव्य पार्श्वनाथ मंदिरका दर्शन हुआ। तुरंत ही नगरमें जाकर उन्होंने इन सब बातोंको श्रावकोंसे कही और शीघ्र ही मंदिरका जीर्णोद्धार भी हुआ। इसीसे अर्थात् गुरुमुखसे प्रसिद्ध होनेके कारण इस मंदिरका नाम गुरुबस्ति प्रसिद्ध हुआ। (देखो—प्रथम संधि) परन्तु इस विषयमें विशिष्ट प्रमाणोंकी आवश्यकता है। क्योंकि इतिहाससे विदित होता है कि प्राचीन कदम्बोंके पीछे हंगलके कदम्बोंके पहले मध्यमें चालुक्योंने इस जिलेमें शासन किया है। मगर वे न जैनधर्मके द्वेषी थे न नीच जातिके ही। कुछ विद्वानोंका मत है कि कई वर्ष पहले श्रवणबेलगोलाके भट्टारकजीने इसका जीर्णोद्धार कराया था इसीसे इसको गुरुबस्ति नामसे पुकारते हैं। अस्तु। उपाध्यायजीने लिखा है कि उस समय मूडबिद्रीमें जैनियोंके ७७० घर थे। साथ२ उनका यह भी कहना है कि धवलादि तीनों ग्रन्थ पहले यहां नहीं थे पीछे यहां आये और मुडबिद्रीमें गुरुपीठ शक १७४७ सन् १८२६में श्रवणबेलगोलाके भट्टारकजीके द्वारा स्थापित हुआ। (देखो—क्रमशः संधि प्रथम तथा अठारह)।

अब उक्त गुरुबस्तिमें विद्यमान ३३ अमूल्य जैन मूर्तियोंका विशिष्ट विवरण "दिगंबर जैन" के विज्ञ पाठकोंके सामने उपस्थित किया जाता है:—

क्रम नं०	किनकी मूर्ति	किस चीजकी	अनुमति नाप		वि० विवरण
१	चन्द्रप्रभस्वामी	चान्दी	×		×
२	पार्श्वनाथस्वामी	सुवर्ण	लगभग ४	इंच	×
३	चन्द्रप्रभस्वामी	,,	,, ९	इंच	कायोत्सर्ग
४	पंचपरमेष्ठी	,,	,, ×		बीचमें पार्श्वनाथजीकी मूर्ति अष्टप्रातिहार्य सहित है
५	अर्हंत भगवान्	पन्ना	,, ३	इंच	मूर्ति त्रिमेखलापीठ सहित पद्मासनमें है
६	सिद्ध भगवान्	स्फटिक	,, ६	इंच	×
७	रत्नत्रय	स्फटिक नीलम	, १½	,,	अगलबगलमें स्फटिक और बीचमें नीलमकी मूर्ति है
८	रत्नत्रय	नीलम, पन्ना, माणिक्य	,, १½	,,	×
९	पार्श्वनाथ	ताड़पत्रकी जड़	,, ४½	,,	×
१०	,,	गरुडमणि	,, ८	,,	यह रत्नविषको निवारण करनेवाला है
११	,,	पन्ना	,, ५	,,	सुना है यह रत्न स्पर्शमात्रसे दूधको दही बनाता है।
१२	सिद्धभगवान्	स्फटिक	,, ८	,,	कायोत्सर्ग
१३	अरहंत भगवान्	गोमेधिक	,, ४	,,	पद्मासन
१४	,, ,,	पुष्प राग	,, २	,,	चतुर्मुख
१५	,, ,,	पन्ना	,, २½	,,	×
१६	,, ,,	वैडूर्यमणि	,, ३	,,	कायोत्सर्ग
१७	नेमिनाथ	पन्ना	,, ३	,,	,,
१८	पद्मप्रभ	प्रवाल	,, २	,,	पद्मासन
१९	मुनिसुव्रत	नीलम	,, ३	,,	कायोत्सर्ग
२०	पार्श्वनाथ	प्रवाल (मूंगा)	,, २½	,,	,,
२१	वासुपूज्य	माणिक्य (लाल)	,, २	,,	पद्मासन
२२	नेमिनाथ	नीलम	,, २	,,	,,

२३	अरहंत भगवान्	पन्ना	लगभग ३	इंच	पद्मासन
२४	मुनिसुव्रत	नीलम	,, ४	,,	कायोत्सर्ग
२५	गोम्मटस्वामी	मोती	,, ½	,,	पद्मासन
२६	चन्द्रप्रभ	मोती	,, १½	,,	पद्मासन
२७	पद्मप्रभ	पद्मराग मणि (लाल)	,, १	,,	,,
२८	पार्श्वनाथ	स्फटिक	,, ६	,,	,,
२९	आदिनाथ	माणिक्य (लाल)	,, १½	,,	,,
३०	चन्द्रप्रभ	हीरा	,, २	,,	,,
३१	अरहंत भगवान्	पन्ना	,, ३	,,	,,
३२	पार्श्वनाथ	इंद्रनील (पन्ना)	,, ३	,,	,,
३३	सिद्धभगवान्	स्फटिक	१ फीट २	,,	,,

उक्त मूर्तियां चतुर्थकालकी कहलाती हैं। इनका दर्शन करनेसे बड़ा आनंद होता है। इन मूर्तियोंसे प्राचीन जैनियोंकी धर्मभक्ति और धनबाहुल्यता स्वयं झलकती है। दक्षिणके धनाढ्य जैन व्यापारी इन मूर्तियोंको बनवानेके लिये अन्यान्य रत्नोपरत्नोंको प्रायः बाहरसे लाए होंगे।

इस मंदिरके एक शिलालेखसे ज्ञात होता है कि यह मंदिर शकवर्ष ६३६ में स्थानीय जैनपंचोंके द्वारा बनवाया गया। इस मंदिरकी लागत ६ करोड़की गिनी जाती है। वह इन रत्न प्रतिमाओंको मिलाकर ही होगी। इस मंदिरकी दूसरी मंजिलपर एक वेदी है। उसमें भी कई अनर्घ्य प्रतिमाएं विराजमान हैं। कहते हैं कि इस मंदिरके बीचमें करोड़ों रुपयेकी भूगत द्रव्यनिधि भी है। मंदिरका प्रबंध स्थानीय भट्टारकजीके द्वारा ही होता है। जैन मठमें लगभग तीन लाखका फंड है। वार्षिक आमदनी भी करीब पांच हजारकी है। जीर्णोद्धार फण्डमें करीब पचास हजार जमा है। स्थानीय जैन पाठशाला भी सन्तोषप्रद चल रही है। इसमें २० हजारका फण्ड है। अस्तु, इन स्थानीय संस्थाओंका विशेष परिचय फिर कभी दिया जायगा क्योंकि वह विषयान्तर है।

क्रांतिकारियोंके प्रति।

मोहनसे नेता 'प्रिय' शांतिके उपासक हैं,
भूलहू परत नाहिं, क्रांतिके झकोरेमें।
देशके ही हितकाज, छोड़िकें सकल साज,
भए हैं लंगोटीबाज, देखिलेउ धोरेमें ॥
संकट विपति सब, झेलत प्रसन्नता सूं।
द्वेषता न राखें नेक, कारे और गोरेमें ॥
काहेकूं अनारी तुम, करिके अनर्थ ऐसे।
भारत लजाते, चढि फांसीके हिंडोरेमें ॥

'प्रिय'

जैनधर्मपर भयंकर अत्याचार।

[जर्मन जैन विद्वान प्रोफेसर हेल्मुट ग्लाजेनाप (बर्लिन) द्वारा Jainismus नामक एक विद्वत्ता एवं खोज पूर्ण ग्रंथ लिखा गया है। उसका जैन धर्म प्रसारक सभा भावनगरने गुजराती भाषांतर छपाया है। इस ग्रंथमें जैनधर्म सम्बन्धी भिन्न २ विषयोंपर करीब ५०७ पृष्ठमें विवेचन किया गया है। उसमेंसे 'अवनति' नामक पाठका हिंदी अनुवाद पाठकोंके समक्ष उपस्थित किया जाता है। इस प्रकरणको पढ़कर आपके हृदयकी दीवालें हिल जायगी।]

पं० परमेष्ठीदास जैन न्यायतीर्थ, सूरत।

महावीर स्वामीके समयसे ही जैनधर्मको दो प्रतिस्पर्धी शक्तियोंके सामने युद्ध करना पड़ा है। वैदिक ब्राह्मण धर्मके विरुद्ध और जैनधर्मके विरुद्ध। वेदके सिद्धांतोंके सामने पशुबलिके कारण और समाजमें ब्राह्मण दूसरे वर्णोंके उच्च स्थान दबा बैठे थे इस परिस्थितिके कारण जैनधर्मका ब्राह्मण धर्मके साथ युद्ध चलता था।

बौद्धधर्मने थोड़े समय तक तो जैनधर्म पर ऐसा प्रचंड दबाव डाला कि उनको अपने अनेक प्रदेश खाली करना पड़े थे। इनकी मातृभूमि बौद्धोंका ही प्रदेश हो गया और वहां इतने अधिक विहार बंधवाये गये कि जिससे इस प्रदेशका नाम ही विहार होगया। परन्तु समय बीतनेपर वहांसे उनको खिसकना पड़ा। दक्षिण और पश्चिममें तो वह जैनधर्मकी बराबरी कर ही न सका था।

इसके अतिरिक्त कुमारिलने करीब ई० स० ७००) और शकरने (ई० स० ७८८-८२०) फिरसे ब्राह्मण धर्मकी स्थापना की। और समस्त भारतमेंसे बौद्ध धर्मको विदा किया। इस प्रकार यह अपनी जन्मभूमिमेंसे अस्त हो गया। वैदिक यज्ञकांडके पुनरुद्धारक कुमारिलने और मायावाद ब्रह्मवादके स्थापक महान शंकरने वेदधर्म विरोधी जैनधर्मके विरुद्ध अपने तमाम शास्त्रीय शस्त्रोंके द्वारा युद्ध किया। और यह युद्ध धीरे २ ऐसा बलवान हुआ कि जैनधर्मको नम्रीभूत होजाना पड़ा। हालां कि इसने पूर्ण बलसे अपने रक्षणका प्रयत्न किया था फिर भी अनेक कारणोंसे यह कमजोर होगया और डिग गया।

ब्राह्मणधर्मके पुनरुत्थानके कारण वैष्णव और शैव्यसम्प्रदाय भी नये रूपसे बलवान बन गये, यह दोनों संप्रदाय जैनधर्मके भयंकर शत्रु बन गये और दक्षिण भारतमें इन्होंने जैनधर्मपर भयंकर प्रहार किया।

नानसंबर और अप्पर (७वीं सदीमें) तथा सुन्दर मूर्ति (८ या ९ वीं सदीमें) और माणिकवाचकर (९००के करीब) तथा ऐसे ही अन्य शैव भक्तोंने अपने भजनोंसे अनेकोंको जैनधर्ममेंसे खींच करके शैवधर्ममें ले लिया। अप्परने इसी प्रकारसे पल्लव राना महेन्द्रवर्माको शैवधर्ममें ले लिया। उसके बाद इस राजाने कडकोरका

जैन मंदिर तोड़कर शिव मंदिर बनवाया !

चोलवंशके राजाओंके दरबारमें तो शैवोंको खास सन्मान प्राप्त हुआ। इनके प्रभावका खास कारण तो यह था कि मदुराके पांड्य राजा भी जो अन्ततक जैन थे वे भी शैव बन गये। पाण्ड्य राजा सुन्दरने (११ वीं सदीमें ?) चोल कन्या राजा राजेन्द्रकी बहिनके साथ विवाह किया और रानीके प्रभावसे सुन्दरने शैव धर्म स्वीकार कर लिया। पीछे सुन्दर इतना दुराग्रही शैव हुआ कि जिनने शैवधर्म स्वीकार नहीं किया उनपर अनेक जुल्म किये। जिन लोगोंने जैन धर्म नहीं छोड़ा ऐसे करीब आठ हजार लोगोंको इसने फांसीपर चढ़ानेका हुक्म किया !!! कहा जाता है कि इन इन धर्मवीरोंकी प्रतिमायें उत्तर आर्काटमें आये हुये तिवतूरके देवालयोंकी भीतोंपर अंकित हैं।

जैन धर्मके दूसरे प्रचण्ड शत्रु शैवधर्मके लिंगायत संप्रदायी निकाले। बसव नामक ब्राह्मणने लिंगायत धर्मकी स्थापना की अथवा उसका पुनरुद्धार किया। बसव कलचुरि राजा बिज्जलका (११५६–११६७) अमात्य था। जैनोंका कहना है कि 'बसवने विवेकशून्य बनकर अपने महाप्रचंड बलसे अनेक लोगोंको अपने एकेश्वर संप्रदायका शिष्य बनाया।' लिंगायतोंने जैनोंपर असह्य अत्याचार किये। उनकी जानमालका नाश किया, उनके मंदिर तोड़ डाले और उन्हें स्वधर्मी बना लिया। इस नवीन संप्रदायके प्रचारमें आचार्य एकांत रामय्यका नाम विशेष महत्वशाली है।

लिंगायत अपनेको वीर-शैव कहते हैं। इन्होंने थोड़े समयमें ही कानड़ी और तेलुगु प्रदेशोंमें उत्तम स्थान प्राप्त कर लिया। इन लोगोंका धर्म मैसूर, उम्मतूर, वोडेयर (१३९९–१६१०) तथा केलडीके नायक राजाओंका (१५५०–१७६३) राजधर्म था। अभीतक दक्षिण भारतके पश्चिम किनारेके प्रदेशोंमें बहुसंख्यक लोग यह धर्म पालते है। जैन लोगोंके साथ इन लोगोंका संबंध हमेशासे द्वेष भाव पूर्ण रहा हुआ मालूम होता है। एक शिलालेखसे मालूम होता है कि १६३८ में एक मतांध लिंगायतने हलेबीडके जैनोंके एक मुख्य हस्तिके स्तम्भपर शिवलिंग चिन्हित कराया। जैनोंने इसका घोर विरोध किया। अन्तमें सुलह हुई। सुलहकी शर्त यह हुई कि जैनोंको अपने मंदिरमें शैव क्रियाकाण्डके अनुसार पहले भस्म और ताम्बूल लाना चाहिये और इसके बाद अपने धर्मकी क्रिया करना चाहिये !

जब दक्षिण भारतमें शैवधर्म इस तरह नये रूपसे महत्वशाली बन रहा था उसी समय वैष्णवधर्ममें भी प्रचण्ड विकाश होरहा था।

प्रसिद्ध आचार्य रामानुज (१०५०–११३७) त्रिचिनोपलीके पास श्रीरंगमें वैष्णवधर्मके विशिष्टाद्वैत मतका संपादन करते थे और लोगोंको अपना शिष्य बनाते थे। चोल-राजाने रामानुजाचार्यसे "विष्णुसे शिव बड़े हैं" इस मतके प्रचार करनेको कहा, मगर आपने यह स्वीकार नहीं किया और वहांसे अन्यत्र चले गये। तब होयसल राजा बिट्टिदेवने उन्हें आश्रय दिया और उनका शिष्य होगया। तथा पहिलेके जिन सहधर्मी जैनोंने इस नये धर्ममें आनेसे

इंकार किया उन्हें घानीमें डालकर पिलवा डाला !!!

सन् १३६८ के एक शिलालेखसे मालूम होता है कि इसके बाद भी वैष्णवोंने जैनियोंपर बहुत जुल्म किये थे। इस शिलालेखमें बताया गया है कि—जैनोंने विजयनगरके राजा बुक्करायाके पास फरियाद की थी कि हमें वैष्णव लोग सताते हैं। तिसपरसे राजाने आज्ञा दी कि "हमारे राज्यमें सभी धर्मके लोगोंको समान भावसे रहने और अपने२ धर्म पालन करनेकी संपूर्ण स्वतंत्रता है।" इस शिलालेखमें यह भी बताया गया है कि "श्रवण–बेलगोलमें गोम्मत (गोमट्टस्वामी) की प्रतिमाको कोई भ्रष्ट न करे, इसीलिये वहां २० आदमियोंका पहरा रखा गया था। और खंडित किये गये देवालयोंके पुनरुद्धारकी आज्ञा दी थी।"

रामानुजके सौ वर्ष बाद कानड़ा प्रदेशमें एक दूसरे वैष्णवाचार्य हुये। उनका नाम मध्व अथवा आनंदतीर्थ (११९९ १२७८) था। इनने द्वैत मतका प्रचार किया। पश्चिम किनारेपर इनके अनेक अनुयायी होगये।

इस संप्रदायने भी जैनधर्मपर बड़ा धक्का लगाया। इसके बाद ब्राह्मण कुलोत्पन्न निम्बा चार्यने (१३ वीं सदीमें !) भेदाभेद वादका प्रचार खास करके उत्तर भारतमें मथुरामें किया। परन्तु इनके द्वारा जैनोंकी हानि हुई मालूम नहीं होती है। एक लेखसे तो मालूम होता है कि जैनोंने उनके संप्रदायको उखाड़ दिया था, फिर पीछेसे श्रीनिवासने उसका पुनरुद्धार किया था।

पश्चात जैनोंके जबरदस्त विरोधी तैलुगु प्रदेशमें शुद्धाद्वैत संप्रदायके स्थापक वल्लभ (वल्लभाचार्य) नामक ब्राह्मण हुये (१४७८–१५३१) मथुरा, राजपूताना और गुजरात प्रांतमें इस संप्रदायका खूब प्रचार हुआ। विशेषतः तो अनेक धनिक व्यापारी जैन इस संप्रदायमें चले गये। इसके अतिरिक्त बंगाली आचार्य चैतन्यने (१४८५–१५३३) कृष्ण भक्तिके भजन गाये। उनके आध्यात्मिक उपदेशका प्रभाव समस्त भारतमें फैल गया और उसमें अनेक जैन खिंच गए।

हिंदू धर्मकी उन्नत कलाके कारण आम जैनधर्मके अनेक शिष्य उस धर्ममें चले गये हैं। इतना नहीं, मगर अभी इसके जो शिष्य हैं उनमें भी हिंदुधर्मके अनेक आचार विचार प्रवेश कर गये हैं। इसी प्रकारसे हिंदुधर्मके जिन देवी देवताओंको जैनोंमें किंचितमात्र भी स्थान नहीं था उन देवी देवताओंका प्रवेश हो गया है। [नोट–खेद है कि त्रिवर्णाचार, चर्चासागर आदि ग्रंथोंका मुनिसंघ और पांडोंके आश्रयसे प्रचार होकर इसकी अवनतिमें पूरी सहायता की जारही है। जिसका भयकर परिणाम अभी नहीं कहा जा सकता है!] वेदांतके प्रभावसे अनेक पारिभाषिक शब्द भी जैन साहित्यमें घुस गये हैं। भावनाओं और सामाजिक जीवनमें भी जैन लोग हिंदुभाव स्वीकार करते जा रहे हैं!

मुसलमान राज्यके नीचे जैन।

मुसलमानोंने भारतपर आक्रमण किया और ई० सन् ७१२ में सिंधमें मुसलमान राज्यकी

स्थापना हुई। महमूदगजनवीने (१००१) अनेकबार भारतपर आक्रमण किया। महमूदगोरीने (११७५) भी इस देशपर सवारी की। इस नई सत्ताके बलपर जैन तथा हिंदुधर्मपर अत्याचार होने लगे। सुलतान अलाउद्दीन महमूदशाह खिलजीने (१२९७–९८) गुजरात प्रांत जीत लिया। और वहांपर जो जुल्म किये गये उन्हें वहांके लोग अभी भी याद करते हैं। मूर्तियां खंडित की गई, मंदिर तोड़े गए, उनकी जगह मस्जिदें बनाई गईं, ग्रंथ जलाए गए, खजाने लुटे गए, और अनेक जैन मारडाले गए।

मतांध मुसलमानोंने जब द्राविड़ राज्योंको नष्ट किया तब दक्षिणमें भी उन्होंने ऐसे ही भयंकर अत्याचार किये। यह समय जैनोंके लिये घोर संकटका था। शैव और वैष्णव धर्ममें चले जानेसे जैनोंकी संख्या कम तो हो ही गई थी, उसमें भी इन मुसलमानोंने विनाश करना शुरू कर दिया। इस सङ्कटमेंसे बचनेका उपाय मात्र भाग जानेके सिवाय कोई दूसरा नहीं था। जैनोंने अपने ग्रन्थ भण्डार भौंयराओंमें भर दिये। और वहांपर कुछ साधुओंके अतिरिक्त कोई प्रवेश न कर सके ऐसी व्यवस्था कर दी। तथा अपने (जैन) मंदिरोंको मुसलमानी राजाओंका कुछ बाट देकर मतान्धोंके अत्याचारोंमेंसे बचा लिया।

अनेक मुसलमान राजाओंने जैनोंका विनाश अग्नि तथा तलवारोंसे किया, उन्हें बलात्कारसे भ्रष्ट किया, और अनेक अत्याचार किये। यह सब सत्य है, मगर इससे यही निश्चय न कर लेना चाहिये कि जैन और मुसलमानोंका सदा वैरभाव ही रहा है। किन्तु इससे उल्टा यह भी मालूम होता है कि अनेक जैन उपदेशसे भी मुसलमान हुये थे! पीर महावीर खमदायत नामका आरब उपदेशक १३०४ में भारतमें आया था। उसने अपने वादविवाद और उपदेशके बलसे दक्षिणमें अनेक जैनोंको मुसलमान बनाया था।।

नोट—इस प्रकार न जाने जैनियोंको और कितने ही अत्याचारोंका ग्रास होना पड़ा होगा। एक जर्मन विद्वान द्वारा लिखे गए 'जैनधर्म' नामक ग्रन्थका यह एक उद्धरण है। वर्तमानमें भी जैनियोंका हरतरहसे पतन हो रहा है। अगर अभी भी समाज नहीं चेतेगी—अपनी उन्नतिका उपाय नहीं विचारेगी तो वह समय नजीक है, जब जैनधर्म और जैन समाजका नाम मात्र कागजोंमें ही लिखा रह जायगा!

जैन समाज! सावधान!!!

—⋙⋘—

खादीमें।

मीलके महीन प्हैंन, चरबी लपेटे वस्त्र।
ऐसे बुद्धि हीन, जनि बैठे थे समादीमें॥
नाम मिटि जातो, सब भारत कलाको और।
कोरिया जुलाहे, मरिजाते बरबादीमें॥
थोरेसे ही दाममें, सरोषा बनिजातो कब।
आबरू बढ़ातो, कौन ब्याह और शादीमें॥
मोहनसे नेता 'प्रिय' जो न बतलाते आज।
'समता सुतंत्रताका, सूत्र एक खादीमें॥'

'प्रिय'।

दिगम्बर जैन नवीन मन्दिर-बड़वानीके शिखरका दृश्य।

कलश-ध्वजारोहणके समय अजड नि० श्री० सेठ जीवनलाल चम्पालालजी और उनकी धर्मपत्नी कलश चढारहे हैं।

श्री सतर्कसुधातरंगिणी दि० जैन संस्कृत पाठशाला—सागरके विद्यार्थी व कर्मचारीगण।

कुर्सी पर बैठे हुए—१ छात्र, २-पं० कमलकुमारजी व्याकरणतीर्थ, ३-पं० पन्नालालजी काव्यतीर्थ, ४-पं० दयाचन्द्रजी शास्त्री न्यायतीर्थ, ५-श्री० सेठ पूर्णचन्द्रजी बजाज मंत्री, ६-पं० माणिकचन्द्रजी न्यायतीर्थ, ७-पं० मूलचन्द्रजी जैन सुप्रिन्टेन्डेन्ट, ८-बाबू छोटेलाल असिस्टेन्ट सुप्रिन्टेन्डेन्ट, ९-छात्र।

जैनविजय प्रेस-सूरत।

स्त्री जीवन सार्थक कब है ?

(लेखिका.-काशीबाई, श्राविकाश्रम-बम्बई)

बाल्यावस्था—माता पिता जिन्होंने कि अनेकों कष्ट सहन कर बड़े लाड़ प्यारसे तुमको जन्म दिया और तुम्हारी तन मन धनसे परवरिशकी है, जिनके ऋणसे तुम जीवन पर्यंत निवृत्त नहीं होसक्ती हो, उन माता पिता तथा समस्त कुटुम्बीय आदि गुरुजनोंकी आज्ञा प्रमाण विनय-पूर्वक चलना और अपने समस्त लघुजनोंपर प्रेम बर्ताव करना, सुशीलता सहित अपने आचार विचारोंको बिलकुल निर्मल रखते रहनेका प्रयत्न सीखना, और मन लगाकर शिक्षादि उत्तम २ गुण प्राप्त करना, दीनादि दुःखी. रोगीकी सेवा करना आदि सीखना ही बालिकाका परम कर्तव्य है। क्योंकि यह स्त्री पर्यायको किसी किसीने महा निंद्य माना है। इस लिये हमेश इस निंद्यपनेसे छुटकारा पानेकी कोशिश करनी चाहिये।

युवाकाल—सधवाः—विवाहित होनेपर अपने पतिदेवकी सेवामें दत्तचित होना चाहिये। पतिके सुखसे सुखी और दुखसे दुखी होना प्रत्येक सौ०वती बहिनोंका उत्कृष्ट कर्तव्य है। जैसे कुरूपकी शोभा विद्यासे, तपस्वियोंकी सुन्द-रता क्षमासे और हाथोंकी शोभा कंकणादि गहनोंको छोड़ दान देनेसे तथा मुखकी चमक ताम्बूलादिके सिवाय सत्य मीठी, विनययुक्त कोमल वचनादिके बोलनेसे होती है, वैसे ही कोकिला सदृश विनययुक्त, मीठी बोलीसे तथा मन वचनादिसे गाढ़ी भक्तिपूर्वक पति सेवा करना ही (पतिव्रत धर्म) सधवा बहिनोंका परम भूषण है। यही करना अपना उत्तम कर्तव्य समझें व इसके पथपर चलें क्योंकि पतिको स्त्रीके लिये देवकी उपमा दी है।

सधवा बहिनोंका सुख दांपत्य प्रेमपर ही निर्भर है। जहां दांपत्य-प्रेम समुचित नहीं है अर्थात् मूर्ख स्त्री अपने पातिव्रत धर्मसे अन-भिज्ञ होती हैं वहां सारे ऐश्वर्य, सुखशांति, मान, मर्यादा और दंपतिमें अयोग्य बर्ताव दृष्टिमें आने लगते हैं। इसलिये सब सधवा बहिनोंको चाहिये कि पतिके अतिरिक्त अपने पूज्य सास ससुर आदि सर्व कुटुम्बियोंको अपने मेहर वाले मनुष्योंसे भी ज्यादा मान प्रतिष्ठा करें और तन मनसे उनकी पूर्ण रीतिसे सेवा करती हुई संतान पा-लनमें तत्पर रहें। और सुन्दर, कुरूप, लूला, बहरा, गूंगा, अंधा, कोढ़ी, निर्धन, धनवान, रूपवान, मूर्ख, पंडित कैसा भी पति हो उसीको अपना सर्वस्व समझ सदैव उन्हें गौरवकी दृष्टिसे देखती हुई उनकी आज्ञा शिरोधार्य कर स्वार्थको तिलाजलि देकर उनके सुख दुःखमें भाग लेनेमें तत्पर रहना ही श्रेष्ठ समझें। क्योंकि स्त्री पतिकी अर्द्धांगिनी तथा गृहस्थीके समस्त कार्योंकी जड़ कहलानेवाली देवी समझी जाती हैं।

अगर दुर्भाग्यसे पति व्यभिचारी अन्यायी आदि कुमार्गी मिला हो और स्त्री विद्वान हो

तो वास्तवमें वह पत्नी, अपने पतिदेवको उन मार्गोंसे हटानेके लिये योग्य, वैद्य, गुरू, मित्रादिके समान इलाज कर सुमार्गकी ओर आकर्षित कर लेती हैं। इत्यादि जैसे कि पूर्व सतियोंने समस्त सुखोंको तिलांजलि देकर अपने दांपत्य प्रेमकी रक्षाको ही आवश्यकीय समझा, उन्हींका अनुकरण करती हुई जिस प्रकार पति पूर्णतः संतुष्ट रहें वैसे ही कार्य कर सर्वदा अपने पतिको आनंदित रखनेका उचित उपाय सोचती हुई अत्यन्त पातिव्रतको बढ़ावें और ससुरालवालोंके साथ भी यथायोग्य विनय, और प्रेमभाव रखकर सन्तान पालनपर अधिक ध्यान देते हुए निर्मल रत्नरूपी शीलव्रतको दृढ़ता पूर्वक पालन करें, इसके सूक्ष्म रीतिसे तो कई भेद हैं तथापि मुख्य दो ही प्रकार है उनमेंसे दम्पतिको स्वस्त्री और स्वपति सतोष यह गृहस्थी रहनेमें पालन करना और पूर्ण ब्रह्मचर्य तो कुमारावस्था और विधवापन हीमें विशेष पालन किया जा सक्ता है।

विधवा-दुर्भाग्यसे अगर विधवा हुई तो इस अवस्थामें और भी पूर्णरूप अखण्ड सदगीत तथा उत्तम उत्तम रास्ता दिखलाने तथा विघ्न रहित संसारसे तारनेवाले बहुमुल्य ब्रह्मचर्यको दृढ़तासे पालन करना, धर्मध्यान करना, दानादि सत्कर्म करना, अनाथ, दीनादिकी सेवा करती हुई चारों संघको दान देना, उदासीन भावसे निवास करना, श्रृंगार तथा उत्तम उत्तम वस्त्र मिष्टान्न भोजन करना तथा नाच, गान, तमासे आदिकी ओर मनको न डुलाना, मनमें किसी तरहके बुरे भावोंका विचार न लाना इत्यादि विधवाओंका सबसे श्रेष्ठ कर्तव्य है। क्योंकि कुमार और विधवा कालमें ही निष्कलंक बिना खटके इच्छित धर्मध्यान करनेका अवसर मिलता है।

यह स्त्री पर्याय जीवन पर्यंत पराधीन रहती है। इसीसे यह महा निंद्य है। कहा है कि-त्रिया जन्म जिनादियों प्रभुजी, अरज करूँ दुःख भरी भरम्। जनम गमाया सुख नहीं पाया संकटमें गये तीनोंईपन। क्योंकि जिस समय कन्याका जन्म होता है, उसी समयसे मनुष्य मेरा नाम सुनते ही उदास होजाते और सब अपने २ मुखोंको मोडने लगते हैं। इत्यादि।

वृद्धावस्था-जब प्रत्येक अंग शिथिल पड़ जाते हैं तब कुछ भी उत्तम२ कार्यके करनेमें असमर्थ होजाना तथा दूसरेका मुख देखना पड़ता है। उस समय सब प्रकारसे समान भाव रखते हुये एक धर्मको ही सच्चा हितू समझ उसीमें सब तरफसे मोह छोडकर धर्ममें संलग्न होकर अन्त समयमें समस्त जनोसे क्षमा करवाकर और स्वयं क्षमादि धारण करती हुई दानादि करनेमें अपने मनको लगाना ही उत्तम कर्तव्य समझती रहें। इत्यादि यह स्त्री कर्तव्य अत्यन्त विस्तृत है जिसके वर्णन करनेमें मैं असमर्थ हूं। इसप्रकार यथासमय अपना कर्तव्य पालन करनेमें ही स्त्रीजीवन सार्थक होसकना है।

महात्मा गांधी और गैरिजन।

(प्रो० एच० आर० मस्तके लेखसे अनुवादकः—बाबू अनन्तप्रसाद जैन-देवबन्द।)

इन दिनोंमें जब संसारका ध्यान वेगके साथ भारतकी ओर खींचा जा रहा है और महात्मा गांधीके विचार संसार भरकी उत्तेजना अपनी ओर उत्पन्न कर रहे हैं यह बात नहीं भुलाई जासकी कि अमेरीकनोंको यह स्मरण कराया जावे कि भारतीय देवता उनके स्वतंत्र कराने-वालेके प्रति ऋणी है। इस देशमें यह हमारी प्रकृति होगई है कि हम अपने आपको बुरा भला कहते है। कारण यह है कि हममें आत्मी-यताकी न्यूनता है। यह स्मरण करना अधिक प्रभावशाली है कि हम भी देवता और ऋषि रखते हैं। मनुष्यकी स्वतंत्रताकी दूसरी बड़ी भारी लड़ाईकी उपस्थितिमें यह बतलाना अच्छा होगा कि यह विचार जिसके द्वारा महात्मा गांधी वृटिश राज्यकी जड़े हिला रहे हैं कोई पूर्वीयक्षेत्रका नवीन आश्चर्यशाली टुकड़ा नहीं नहीं है किंतु संसारके इतिहासके सब समयोंकी कुछ विशेष आत्माओंका स्वामित्व है। हम अमेरिकन होते हुये अपने तत्ववेत्ताकी याद करा सके हैं जिनका विचार और सूक्ष्मदृष्टि किसी सीमा तक भारतीय नेताके उपायों और कार्यपर प्रभाव डालनेकी अधिकारिणी है जिसको भारत देवताके तुल्य समझता है।

श्रीयुत सी. एफ. एंड्रूज अपनी नवीन पुस्तक 'महात्माके विचार' में श्रीयुत जे० जे० डोककी अप्रसिद्ध पुस्तक 'दक्षिण आफ्रिकामें भारतीय देशप्रेमी' से एक निराकरण लिखते हैं। जिसमें महात्मा गांधीके अपने अहिंसात्मक और सत्य-मयी विचारकी शक्तिकी विशेषतापर टिप्पणी करते हैं। उसमें वह एक गुजराती कविताको लिखते हैं जिसको उन्होंने बाल्यकालमें सीखा था। अर्थात् यदि कोई व्यक्ति तुम्हें पानी पिलाता है और बदलेमें तुम भी उसको पिलाओ यह कुछ नहीं—बुराईके बदले भलाई करनेमें मुख्य सुन्दरता है। वह लिखते है कि बाल्यकालमें भी कविताका उनपर बलवान प्रभाव पड़ा था। जब उन्होंने 'अचलके उपदेश' को पढ़ा तो वे अधिक प्रसन्न हुये और अपने विचारकी अनु-मोदना पाई, जिसकी उनको आशा नहीं थी। भगवद्गीताने उनके विचारको अधिक प्रभावित किया और टाल्सटायकी पुस्तक 'ईश्वरका राज्य तुम्हारे भीतर है, ने स्थायी आकृति देदी। महात्मा गांधी पुन: पुनः टाल्सटायको धन्यवाद देते हैं और दक्षिण आफ्रिकामें तो वह अपने आपको टाल्सटायका शिष्य मानते हैं—यह कारण था कि अपनी दूसरी 'उपनिवेश' का नाम उन्होंने 'टाल्सटाय फार्म' रखा था।

अतः महात्मा गांधीका स्वतंत्रताका विचार और अहिंसा बड़े अमेरीकन नेतासे मिश्रित है। क्योंकि टाल्सटायने यह क्रम गैरीजनसे प्राप्त

किया था। टालसटाय चरट काफ औ' होलाकी लिखित 'टाल्पटायका संक्षिप्त जीवनचरित्र' नामक पुस्तककी भूमिकामें लिखते हैं—

'मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मेरे पास गैरिजनका जीवनचरित्र भेजा जिसको पढ़कर स्वयं ज्ञानकी नदी द्वारा पुनः सच्चे जीवनको अनुभव किया। जब मैं गैरीजनकी वक्तृता और लेख पढ़ रहा था तो मेरे दिलपर बड़ी आत्मीक प्रसन्नता उत्पन्न हुई जिसका मैंने २० साल हुए आनंद उठाया था जब मुझे मालूम हुआ था कि अहिंसाके नियमके अर्थ मैं ईसा धर्मकी शिक्षाको उसके वास्तविक उद्देश्यमें लाकर समझ सका हू और जिसने मुझपर ईसाई जीवनमें आनद पूर्वक उद्देश्यकी प्राप्ति प्रकाशित की है। केवल गैरीजन (बुलाओके विषयमें मुझे पश्चात् मालूम हुआ) ने ही चालीस साल व्यतीत हुए नहीं माना और उपदेश किया किंतु उन्होंने निस्बत्वोंकी मुक्तिमें अपनी कर्तव्यशील कार्यप्रणालीमें उसको मूलमंत्र माना है।

मनुष्यकी जीवनचर्याकी शिक्षाके लिये गैरीजनने इस विचारको नियम माना है। इसमें ही उनकी बड़ी भारी सराहना है। यदि तब उन्होंने अमेरिकामें निस्वत्वोंकी शांतिमय मुक्ति प्राप्त नहीं की तो भी ऐसा उपाय अवश्य बता दिया है जिससे मनुष्य अमानुषिक शक्तिसे अवश्य मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं अत' गैरीजन सच्ची मानुषिक उन्नतिके सबसे बड़े सुधारक और उन्नति कर्ताओंमें सदा एक गिना जायगा।

इस प्रकार क्रम टालसटाय द्वारा गैरीजनसे गांधीको पहुंचता है। यह बात नहीं कि महात्मा गांधीके विचार और जीवनके लिये अमेरिकन अभिमान खोजनेका प्रयत्न किंयेंगे, ऐसा विचार ही अनुचित होगा परन्तु वे धन्यवाद और नम्रताके साथ भारतीय संतके साथ आत्मीक संबंध यहांतक स्थापित कर सकते हैं जहांतक वे अपने उद्धारकर्ताकी शिक्षाके अनुसार जीवन व्यतीत करते हैं। गैरिजन बहुत सीमातक बिना विचार आदर सम्मान आजकल और हमारे समयमें गत शताब्दीका उत्तमतर अग था। उसके उद्देश्य ही हमारी समाजके जीवनका शरीर और स्वीकार होनेके लिये अब भी युद्ध कर रहे हैं।

हमको एकवार फिर उस नियमको जो गैरिजनने इतना अच्छा देखा और क्रममें टालसटायने स्वीकार किया और जिसको गांधीजी अपने देशवासियोंके जीवन और राज्यसंबंधमें जो उनपर शासनकर्ता हैं स्थित करनेको खोजमें हैं प्रकट कर देना चाहिये। 'भावोंकी घोषणा' नामक पुस्तक जो गैरीजनने 'नई आंगल देश निष्क्रिय प्रतिरोध समाजके लिये सन् १८३८ ई० में लिखी, लिखा है—

'हमारा देश संसार है। हमारे देशवासी मनुष्य मात्र हैं। हम अपने देशका उतना ही प्रेम करते हैं जितना दूसरे देशोंका—अमेरीकनोंके स्वत्व सुख और स्वाधीनताए हमको सब मनुष्य मात्रके सामने अधिक प्रिय नहीं है। हमारा विचार है कि यदि एक जातिको यह स्वत्व प्राप्त नहीं है' कि वह अपने आपको वैरियोंसे बचायें और अपने आक्रमणकारियोंको दड दें तो 'किसी व्यक्तिको अपने

व्यक्तिगत विषयमें भी ऐसा करनेका अधिकार नहीं होगा। जोड़से एक संख्या अधिक महत्त्व नहीं रखती है। यदि एक व्यक्ति अपने स्वत्वोंकी रक्षा और प्राप्तिमें दूसरेके प्राण ले सक्ता है तो यह अधिकार अवश्य उपजातियों, जातियों और राज्योंको प्रदान किया जाना चाहिये। मनुष्य जातिका इतिहास ऐसे उदाहरणोंसे भरा हुवा है कि शारीरिक बल नैतिक प्रकाशके लिये उपयुक्त नहीं है। मनुष्यका दोषी स्वभाव प्रेमसे वश किया जा सक्ता है। संसार क्षेत्रसे बुराई भलाईसे दूरकी जा सक्ती है। यह अच्छा नहीं है कि अपने आपको बचानेके वास्ते मांसके हाथ पर या मनुष्यपर जिसका स्वांस उसके नथनोंमें है भरोसा किया जावे। दयावान, निरुपद्रव, सहनशील और सप्रेम होनेमें रक्षा है। नम्र ही ससारके स्वामी होंगे, बलधारी जो तलवारको काममें लाते हैं तलवारके साथ ही नाशको प्राप्त होजायेंगे अतः पूर्ण नीति, रक्षा, स्वत्व, स्वाधीनता व्यक्तिगत और साधारण और राजाओं और महाराजाओंके स्वामी उस परमात्माको नमस्कारके लिये हम निष्क्रिय प्रतिरोध या वे रुकावटके उद्देश्यको हृदयसे अंगीकार करते हैं। हमें विश्वास है कि इसमें सब सभव फलोंके लिये जगह है। इससे सब आवश्यकीय वस्तुएं मिल जावेंगी। इसमें ईश्वरकी शक्ति संमिलित है और अन्तमें प्रत्येक आक्रमणकारी शक्तिपर यह विजय प्राप्त करेगा।

यदि हम अपने उद्देश्योंपर स्थित रहे तो यह असभव है कि हम हट सकें या कोई धोखा कर सकें या किसी बुरे काममें भाग ले सकें। हम परमात्माके लिये मनुष्यकी प्रत्येक आज्ञापर शिर झुकायेंगे—राज्यकी सब आवश्यक्ताओंकी आज्ञाका पालन करेंगे जो उद्देश्यकी आज्ञाओंके विरुद्ध न होंगी। अतिरिक्त इसके कि नम्रताके साथ आज्ञा भंगके दंडको स्वीकार करते हुये और किसी दशामें कानूनके कार्यको नहीं करेंगे।"

यह निष्क्रिय प्रतिरोधका उद्देश्य है जिसको गैरिसनने इतना अच्छा प्रगट किया और टालसटायने पूर्ण स्वीकार किया और जिसको गांधीजीने अपनी जीवनलीला और युद्ध जो उन्होंने दक्षिण आफ्रीका और भारतवर्षमें प्रचलित की हैं, का मूल बनाया है।

श्रीयुत एंड्रूज कहते हैं 'यह कठिन है कि पश्चिमवासी यह जानें कि सब धर्मका उनके लिये यह हृदय है। यह पूर्णतया उनके मस्तिष्कमें सच्चाईसे घर कर गया है। वे मानते हैं कि इस संसारमें जीवन और परमात्माकी सत्यता इस उद्देश्य—प्राणोंकी पवित्रता और हिंसाकी अवज्ञामें पाई जाती हैं।' यह केवल आज्ञाकारी ही उद्देश्य नहीं है, किन्तु सब सम्बंधोंमें स्वीकृत पवित्रता चाहता है।

म० गांधीजी कहते हैं कि हिंसा निष्क्रिय प्रतिरोधके अवज्ञाकारी दृष्टिकोणने ही हमको हिंसाकी दूसरी घृणाकारी दशाओंसे अनभिज्ञ बना दिया है। उदाहरणतः कटुशब्द, कटु आज्ञायें, अहित कामना, क्रोध, ईर्षा और अदयाकी इच्छा, इसने भुला दिया है कि मनुष्य और पशुके सहज अत्याचार मूल और लूट जिसके लिये वे स्वार्थी ईर्षाके कारण अभियुक्त है, निर्बलोंका इच्छित अत्याचार और आधीनता और उनके भाव स्व सम्मानका नाश जिसको हम

आज कल अपने चहुंओर देखते हैं, मैं सहृदय प्राण होनेसे अधिक हिंसा है। पर निष्क्रिय, प्रतिरोध कर साधारण स्वीकृत उद्देश है जिसको म० गांधीजी त्याग संबंधके भयानक प्रचारमें भारतवर्षमें बृटिश राज्यके दोषोंके विरुद्ध प्रयोग कर रहे हैं। चूंकि हम दूरसे युद्धको—उसकी असफलताको—कष्टको और हिंसाकी घटनाओंको देख रहे हैं, संभव है कि युद्धको जीवन प्रदान करनेवाले भावको वो अधिक समझेंगे, यदि हम गैरिजनके शब्द दोहरायें:—

'जब कि हम उद्देश्य विक्रिय प्रतिरोध और अहिंसाको प्रतिद्वन्दीके विरुद्ध स्वीकार करते हैं तो हम नैतिक और आत्मीक उपायसे परमात्माके नाममें शूरवीर उपायसे जिन्दा और शरीरको काममें लाते हैं। छोटी या बड़ी जगह अन्यायका विरोध करते हैं। सब वर्तमान राजनैतिक कानूनी और धार्मिक दोषोंके लिये अपने उद्देश्योंका प्रयोग करते हैं और वह समय शीघ्र लाते हैं जब सब संसारकी आधुनिक राजसत्ताएं हमारे ईश्वर परमात्मा ईसाकी राजसत्ताएं होजावेंगी और वह हमपर सदैव आज्ञा करेगा।'

[अमेरिका शिकागोके प्रसिद्ध पत्र 'यूनिटी' से अनुवादित]

नोट—उपरोक्त लेखमें अमेरिकावासी श्रीयुत एच० आर० मसीने जो सम्बन्ध म० गांधीजीसे स्थापित करनेका प्रयत्न किया है वह निःसंदेह प्रशंसनीय है। परन्तु 'अहिंसा' उन्होंने टालसटाय वा गैरिजनसे सीखी हो वा इसके लिये उनके ऋणी हों यह असत्य है। अहिंसाकी छाप वैसे तो लोकमान्य म० तिलकके शब्दोंमें 'हिन्दू धर्म' पर भी 'जैनधर्म' की छाप है परन्तु इतना प्रभाव म० गांधीजीके जीवन पर भी है कि अपने सारे जीवनमें मद्य, मांस, और वेश्याका सेवन नहीं किया है। ऐसी प्रतिज्ञा उन्होंने पठनार्थ जाते हुए जैन साधुके समक्ष अपनी माताकी साक्षीमें की थी। विचारोंपर भी म० गांधीजीके बहुत कुछ प्रभाव जैनधर्मका है ऐसा उनके पत्रोंसे मालूम हुआ है, जो पत्रव्यवहार उन्होंने गुजरातके तत्ववेत्ता और शतावधानी श्रीमत् राजचंद्रसे किया था। फिर भी यह लेख पाठकोंको जाननेके लिये दिया जाता है ताकि वे जान सकें कि अन्य देशवाले उनको किस दृष्टिसे देखते हैं।

१

जिन धर्म कहते हैं किसे यह विश्वको बतलायगे।
निज धर्म पालनके लिए निकलंक सम होजायगे॥
गिरसम पड़े यदि विघ्न तो हम वज्र सम होजायगे।
जिन धर्म ही है श्रेष्ठतर यह विश्वको दर्शायगे॥

२

मिथ्यात्व रूपी निशाको हम एकबार भगायगे।
सम्यक्त्व रूपी सूर्यसे फिर सत्स्वरूप लखायगे॥
कहते किसे हैं धर्म यह फिर जगतको दिखलायगे।
वीरानुयायी भीत भी हम विश्वमें कहलायगे॥

३

हे प्रभो वह शक्ति दो कर्तव्य निज पालन करें।
न्यायमगके गमनमें निर्भीकतासे पग धरें॥
वी शासनका अदा तव फर्ज कुछ कर पायगें।
हम जैन शासनकी पताका विश्वमें फहरायगें॥

लक्षीचन्द्र जैन—सागर।

वह आए थे।

ले:-विद्यारत्न पं० मूलचन्द जैन "वत्सल" काव्यकलानिधि।

(१)

वह आए ? हृदय कपाट खुल गए ?
विश्वने उनका स्वागत किया, प्रार्थना की, स्तुति की,
विनय की, भक्ति की।
विश्व गुंजार उठा, एक कंठसे, एक स्वरसे-एक नादसे।
देवताओंने कहा—जगदीश्वर।
अप्सराओंने कहा—परमेश्वर।
मानवोंने कहा—शरणवत्सल।
महिलाओंने कहा—दयानिधि।
वृद्धोंने कहा—तारक।
बालकोंने कहा—परम पिता।
अछूतोंने कहा-शरणागत।
निर्बलोंने कहा-रक्षक।
पशुओंने कहा—पालक।
और किसने क्या क्या कहा, गगन गूंज उठा,
दिशाएं ध्वनित हो उठीं।

(२)

वह आए ? विशाल समोशरण था।
देव, दानव, मानव, पशु प्रत्येकके लिए एक स्थान था।
एक राज्य था, एक शासन था, एक पूज्य था।
एक अराधना थी, एक सिद्धि थी, एक भावना थी,
एक साधना थी।
वह दिव्य छबि, वह मोहक मूर्ति, वह अपूर्व प्रतिभा।
विश्व उनकी उपासनामें तन्मय होगया।

(३)

मेघ ध्वनि हुई और धर्मवर्षा।
सबने अपना २ पात्र भरना प्रारंभ किया।
कोई रोक टोक नहीं थी, कोई भेद भाव नहीं था।
एक मार्ग था, और एक घाट।
देव, मानव, धनिक, निर्बल, सबल, छूत, अछूत।
पुरुष, स्त्री, वृद्ध, बालक। सबके लिए आज्ञा थी।

(४)

जनसमुदाय तृषित था, पात्र भरने लगा।
जिसके समीप जैसा पात्र था।
कांचका और मिट्टीका, स्वर्णका और ताम्रका।
चुल्लूसे और पत्तेसे।
कोई शेष रहने न पाए—कोई कह न दे मिला नहीं।
जो आया, तृप्त होगया, छक गया, कितना
मिष्ट था, कितना मधुर था।
जिसने जितना पाया- उसीमें बेड़ा पार होगया।

(५)

हृद तंत्री झंकरित हो उठी।
रंग चढ़ गया आत्मोद्धारका,
सब उसके रंगमें रंग गए।
सारा विश्व उनका बन गया। सबने उनको अपना
हृदय अधीश्वर बनाया।
उनके पथके पथिक बने, और निर्दिष्ट पथपर
उनकी अगुँलीके इशारेसे चल पड़े।
वह पथ कंटक शून्य था, उसपर चलनेसे दिशा
भूल नहीं होती थी।
उस पथपर चलकर,
उन्होंने प्राप्त किया—
पूर्ण सुख, पूर्ण शांति स्थान।
उनका जीवन उज्वल बन गया।

(६)

हां ब्राह्मण था, उनका प्रति द्वन्दी।

उनके नाम, उनके यश और प्रभुत्वसे घृणा
रखनेवाला।
महान आश्चर्य, अघटित घटना।
चरणोंमें पड़ा था, शरणागत था।
घुल गया था उसका अहंकार और घुल गया
अन्तस्तल।
उनकी शरणागतसे, उनके वात्सल्यसे, उनकी
अनुकंपासे।
वह उनके संघका प्रधान था, उनके गणका
स्वामी था।
वही उनका प्रतिद्वन्दी ब्राह्मण गौतम।
हां संघपति था गौतम ब्राह्मण।
और—
प्रधान प्रश्न कर्ता, प्रधान मुमुक्षु था।
भूतपूर्व कट्टर बौद्ध।
मगधेश्वर बिंबसार क्षत्रिय।
और—और
प्रधान शिष्या थी—
राजकुमारी चंदना।
क्षत्रिय कन्या।
ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्र, पुरुष, स्त्री किसीका
भेद नहीं था।

(८)

उन्होंने पाठ पढ़ाया—
अहिंसाका, सत्याग्रहका, आत्मबलका, स्वतंत्रताका।
उनके अहिंसाका रहस्य था वीरत्व, कायरताकी
उसमें गंध नहीं थी।
उसमें आत्मशक्तिका विकाश था पशुबलका नहीं।
उसमें निर्भयताकी प्रभा थी उद्दडता आताप नहीं।
वह झुकती नहीं थी अन्याय और अत्याचारके
नीचे, किंतु न्याय और सत्य ऊपर।
उसमें स्वार्थ और वंचकताके लिये स्थान नहीं था।
द्वेष और निर्दयताके लिए सहानुमुति नहीं थी।
उनके सत्याग्रहका रहस्य था।
उपसर्गों, यातनाओं, कठिनाइयों और प्रतिकुल-
ताओंके प्रति अडग निश्चलता, अचल धैर्यता,
अक्षय क्षमता,
उनके आत्म बलका रहस्य था।
प्रलोभनाओं, वंचनाओं, वासनाओं और
कामनाओंके प्रति
उपेक्षा दृष्टि संकोच।
उनकी स्वतंत्रता थी, विश्व—बंधन—मुक्ति।
उनका आत्मा अहिंसा, सत्याग्रह, आत्मबल और
स्वतंत्रताका जीता जागता चित्र था।
वह स्वयं ज्वलंत उदाहरण थे।
धन्य है उन्हें और उनके शासनको।

(९)

हा यही आजका दिन था।
कार्तिक कृष्णामावश्याकी रात्रिका अंतिम शासन।
उसी समय—उनका आत्मा संसार बंधनसे
उन्मुक्त होगया था।
उन्होंने वह स्थान प्राप्त किया था।
जो—
अबाधित और अव्यय था।
उन्होंने वह शक्ति प्राप्त की थी, जो—
अनन्त थी, अपरिमित थी।
उनका ज्ञान, उनका सुख, कल्पनातीत था।
वह जीवनमुक्त हो गए थे।
देवताओंने, राजाओंने, और सबने मिलकर
उनका निर्वाणोत्सव मनाया॥

(१०)

आज वही उनके निर्वाणकी स्मृतिका दिन है।

किन्तु—

आज हम समझ कहां रहे हैं उनके गूढ अहिंसा रहस्यको।

हमारे पास स्थान कहां है उनके उस विश्व धर्म धारण करनेका।

हममें क्षमता कहां है उनके निर्दिष्ट पथपर चलनेकी।

आज हमारे हृदय—

संकुचित, भीरु और द्वेषसे ओतप्रोत हैं।

हमारे अन्तस्तल, उनकी वास्तविक उपासनासे रिक्त हैं।

आज प्रयत्न करनेपर भी उनका उज्वल चित्र हमारे नेत्रोंके सन्मुख चित्रित नहीं होता।

क्या हम वही उनके उपासक हैं जो थे?

(११)

वह आए थे और हैं!

कौन कहता है वह चले गए?

नहीं, वह चले नहीं गए।

अब भी उनका वही धर्मचक्र चल रहा है।

अब भी उनका पवित्र अहिंसा शासन विद्यमान है।

उनकी वह उज्वल मूर्ति अब भी उपस्थित है।

अब भी उनके दर्शन हमें सुलभ है।

यदि हम——

पाखंड, दंभ और दुराग्रहको अपने हृदयसे हटा दें तो,

कायरता और निर्बलताका अस्तित्व मिटा दें तो,

सत्यता, पवित्रता और आत्मश्रद्धासे हृदय सजा लें तो।

(१२)

बंधुओ! आओ!

उनकी वास्तविक निर्वाण—स्मृति मनाओ।

भरलो—

हृदयको विशालतासे—

नेत्रोंको विज्ञानतासे—

वचनको सत्यतासे—

आत्माको पवित्रतासे—

और देखो उन्हें—

हां वह आए थे और तुम उन्हें साक्षात् देखोगे।

विश्वप्रेमी कौन है?

(साहित्यरत्न पं० सिद्धसेन जैन-उजेड़िया।)

"भ्रात मेरा है नहीं यह, और वह मम भ्रात है।
मात मेरी है नहीं वह, और वह मम तात है॥"
कल्पना इस भावकी, होती उन्हें जो क्षुद्र हैं।
सर्व ही संसार भ्राता, मानते जो भद्र हैं[1]॥

× × ×

विश्व प्रेमी है वही जो विश्व अपना जानता।
विश्वके दुख-दाहमें दुख, सौख्यमें सुख मानता॥
स्वार्थ परता युत मनुज हो तो भला पशु कौन है?
विश्वका बस एक प्यारा और होता कौन है?

१—अयं निजः परो वेत्ति गणना लघु चेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥
"हितोपदेशे"।

क्या 'पउमचरिय'

लेखक:—श्री० पं० मिलापचन्दजी

"इइ नाइलवंसदिणयर राहुसूरिपसीसेण पुव्वहरेण विमलायरियेण विरइय सम्मत्त पउमचरियं ।"

नागिलवंशके सूर्य जो राहुसूरि उनके प्रशिष्य पूर्वधारी विमलाचार्यरचित पउमचरिय समाप्त हुआ।

अपने दिगंबर संप्रदायमें रविषेणाचार्यकृत पद्मचरितकी भाषा वचनिकाका, जो पद्मपुराणके नामसे मशहूर है काफी प्रचार है। उसके बाबत मैं बहुत दिन पहिलेसे सुन रहा था कि यह प्राकृत पउमचरियसे मिलता हुआ है। अब जब कि वह पद्मचरित माणिकचंद्र ग्रन्थ द्वारा मूल सस्कृतमें छपा तो उसे पउमचरियसे मिलानेका मुझे अवसर मिला। इसीके साथ मैंने हेमचंद्राचार्यकृत श्वेतांबर जैन रामायणका हिंदी अनुवाद तथा स्व० पं० दौलतरामजीकृत पद्मपुराण वचनिकाको भी साथ २ मिलान किया है।

इस प्रकार चार ग्रंथोंको परस्पर निरीक्षण करनेसे मुझे कितनी ही नई बातें जाननेमें आई हैं। और वह भेद भी कितने ही अंशोंमें खुल गया है जो अबतक चला आरहा था कि 'यह पउमचरिय दिगम्बर ग्रन्थ है या श्वेताम्बर'।

जैन हितैषी भाग ११ में जैन समाजके ऐतिहासज्ञ विद्वान पं० नाथूरामजी प्रेमीका इस सम्बन्धमें एक लेख प्रकाशित हुआ था जिसमें इस ग्रन्थको उस समयका अनुमान किया है जिस समय जैनधर्ममें श्वेतांबर दिगंबर भेद ही

'विमलसूरिकृत प्राकृत पद्योंमें एक 'पउमचरिय' नामका ग्रंथ है। जिसे १८ वर्ष पहिले 'जैनधर्म प्रचारक सभा भावनगर' ने छपाया था और जिसका संशोधन प्रोफेसर हर्मनजेकोबी जर्मनने किया था। यह ग्रन्थ ११८ पर्वोंमें विभक्त है जिसमें मुख्यतया रामरावणकी कथा है। एक तरहसे इसे प्राकृत जैन रामायण कहना चाहिये। ग्रन्थके अंतमें उसका निर्माण समय इस प्रकार लिखा है—

पंचेव य वाससया दुसमाए तीसवरिससंजुत्ता ।
वीरे सिद्धिमुवगए तओ निबद्धं इमं चरियं ॥१०३॥

इस गाथापरसे ऐतिहासिक विद्वान इसे वीर निर्वाण संवत ५३० (विक्रम संवत ६०) में बना बताते हैं। इससे यह ग्रंथ बहुत ही प्राचीन मालूम होता है। समग्र जैन संप्रदायमें इतना प्राचीन कथा ग्रंथ अभी कोई उपलब्ध न हुआ होगा। इस ग्रंथके कर्ता अपना परिचय ग्रथांतमें इस प्रकार देते हैं—

राहू नामायरियो ससमयपरसमयगहियसब्भावो ।
विजओ य तस्स सीसो नाइलकुलवसनंदियरो ॥११७॥
सीसेण तस्स रइय राहवचरियं तु सूरिविमलेण ।
सोऊण पुव्वगए नारायणसीरिचरियाइं ॥ ११८ ॥

इन पद्योंमें यह सूचित किया है कि स्वसमय परसमयमें सद्भाव रखनेवाले 'राहू' नामक आचार्यके एक नागिलवंशज 'विजय' नामके शिष्य थे। उनके शिष्य 'विमलसूरि'ने यह रामचरित्र रचा है।

ग्रन्थकी अंतिम संधिसे यह भी प्रकट होता है कि इस ग्रन्थके कर्ता पूर्व धारी थे। वह संधि इस प्रकार है—

दिगम्बर ग्रंथ है ?

कटारिया जैन केकड़ी।

न हुए थे। साथ ही उन्होंने लिखा था कि "मैं इसे रविषेणके पद्मचरितसे मिला रहा हूं। दोनों संप्रदाय संबंधी कोई खास बात इसमें निकलेगी तो वह आगे प्रकट कर दी जायगी"। इसके बाद फिर कभी इस संबंधमें उन्होंने लिखा या नहीं यह मेरे देखनेमें नहीं आया। संस्कृत पद्मचरितकी भूमिका भी उन्होंने लिखी पर वहां भी प्रेमीजीने एतद्विषयक कोई प्रकाश नहीं डाला। इसके अलावा 'खंडेलवाल जैन हितेच्छु'में भी किसी विद्वानने इस सम्बन्धमें लेख छपाया था। जिसमें पउमचरियको दिगम्बर ग्रंथ सिद्ध करनेकी चेष्टा की थी। यह बात उन दिनोंकी है जब 'हितेच्छु' के सम्पादक पं० पन्नालालजी सोनी थे।

मैंने जो इसका यत्किंचित् तुलनात्मक ढंगसे निरीक्षण किया है उससे मैं इस नतीजेपर पहुंचा हूं कि 'यह ग्रन्थ न तो उस वक्तका कहा जा सकता, जिस वक्त कि जैनधर्ममें दिगंबर श्वेतांबर भेद ही न हुए थे, और न यह दिगंबर ग्रन्थ ही है। यही सब खोज आज मैं पाठकोंके सामने रखता हूं।

यों तो पद्मचरितमें जो कुछ है वह सब पउमचरियके अनुसार ही है। दोनों ग्रन्थोंका रचनाक्रम शब्द और भाव विन्यास अधिकांशमें समानरूपसे पाया जाता है। ऐसा मालूम होता है कि पउमचरियको सामने रखकर ही उसकी छायाके आधारपर कुछ अधिक विस्तारसे पद्मचरित रचा गया है। यहांतक कि दोनोंका नाम भी एक ही है। प्राकृतमें जिसे पउमचरिय कहते हैं उसका ही संस्कृतनाम पद्मचरित है। नमूनेके तौरपर दोनोंके कुछ अंश यहां लिख देना ठीक होगा—

देहं रोगाइण्णं जीयं तडिविलसियं पिव अणिच्चं ।
नवर कव्वगुणरसो जाव य ससिसूरगहचक्कं ॥१७॥
अल्पकालमिदं जतोः शरीरं रोगनिर्भरम् ।
यशस्तु सत्कथाजन्म यावच्चंद्रार्कतारकम् ॥ २५ ॥
ते नाम होंति कण्णा जे जिणवरसासणम्मि सुइपुण्णा ।
अन्ने विडुसगस्स व दारुमया चेव निम्मविया ॥१९॥
सत्कथाश्रवणौ यौ च श्रवणौ तौ मतौ मम ।
अन्यौ विदूषकस्यैव श्रवणाकारधारिणौ ॥ २८ ॥
तं चेव उत्तमंगं जं घुम्मइ वण्णणाइ सामन्ने ।
अन्न पुण गुणरहियं नालियरकरंकयं चेव ॥ २० ॥
सच्चेष्टावर्णनावर्णा घूर्णते यत्र मूर्द्धनि ।
अयं मूर्द्धान्यमूर्द्धा तु नालिकेरकरंकवत् ॥ २९ ॥
जे वि य समसुल्लावं भणंति ते उत्तमा इहं ओट्ठा ।
अन्ने सुत्तजलूगा पट्टीवबुक्कसमसरिसा ॥ २४ ॥
श्रेष्ठावोष्ठौ च तावेव यौ सुकीर्तनवर्तिनौ ।
न शम्बूकास्यसंभुक्तजलौकापृष्ठसंनिभौ ॥ ३१ ॥
तं चिय हवइ पहाणं मुहकमलं जं गुणेसु तल्लिच्छं ।
अन्नं बिलं व भण्णइ भरियं चिय दन्तकीडाणं ॥२६॥
मुखं श्रेयः परिप्राप्तेर्मुखं मुख्यकथारतं ।
अन्यत्तु मलसंपूर्णं दंतकीटाकुलं बिलम् ॥ ३३ ॥
जो पढइ सुणइ पुरिसो सामण्णे उज्जमेइ सत्तीए ।
सो उत्तमो हु लोए अन्नो पुण सिप्पियकओ व ॥२७॥
वक्ता यो वाथवा श्रोता श्रेयसां वचसां नरः ।
पुमान् स एव शेषस्तु शिल्पिकल्पितकायवत् ॥३४॥

ये सब पद्य दोनों ही ग्रन्थके प्रथम पर्वके हैं। इनमें जो संस्कृतके हैं वे पद्मचरितके हैं और प्राकृतके हैं वे पउमचरियके। आगेके

पर्वोंका भी प्रायः यही हाल है। इतना सादृश्य होते भी कहीं२ कुछ कथनभेद भी दोनोंमें पाया जाता है। जिसकी तालिका बतौर नमूनेके नीचे दीजाती है—

पउमचरियमें—	पद्मचरितमें—
१—'विद्युद्दंष्ट्र मोक्षगया' 'पर्व ५'	१—विद्युद्दंष्ट्र स्वर्ग गया।
२—अजितनाथको दीक्षा लिये बाद १२ वर्षमें केवलज्ञान हुआ। 'पर्व ५'	२—चौदह वर्ष बाद केवलज्ञान हुआ।
३—केकईके भरत, शत्रुघ्न दो पुत्र हुये, दशरथके तीन ही राणियें लिखी हैं—सुप्रभा नामकी चौथी राणीका उल्लेख नहीं है। 'पर्व २५'	३—सुप्रभाराणीके शत्रुघ्न और केकईके भरतका जन्म हुआ। दशरथके चार राणियें थीं जिनके चारों पुत्र हुये।
४—अतिवीर्यको पकड़नेके लिये रामलक्ष्मणके नृत्यकारिणीका स्वांग भवनवासिनी देवीने बनाया। 'पर्व ३७'	४—नृत्यकारिणीका रूप स्वयने बनाया। भवनवासिनीका उल्लेख ही नहीं है।
५—बाहुबलीकी राजधानी 'तक्षशिला' है। 'पर्व ४'	५—बाहुबलीकी राजधानी 'पौदनापुर' है।
६—संस्थानका जिकर ही नहीं।	६—रामचंद्रजीके न्यग्रोधपरिमंडल संस्थान लिखा है। 'पर्व ४९'
७—रावणकी मृत्यु ज्येष्ठकृष्णा ११को हुई। 'पर्व ७३ के अंतमें'	७—मितीका कोई उल्लेख नहीं है।
८—रावण लक्ष्मण चौथे नरक गये। 'पर्व ११८'	८—तीसरे नरक गये 'पर्व १२३'

इन्हें आदि लेकर कुछ और भी जहां तहां सूक्ष्म फर्क है जो विस्तारभयसे छोड़े जाते हैं। दोनोंकी पर्वसंख्या भी समान नहीं है। पउमचरियमें ११८ और पद्मचरितमें १२३ पर्व हैं। किंतु इसके कारण कथनमें रंचमात्र भी भेद नहीं पड़ा है। सिर्फ कथनके विभाग करनेमें फर्क है। उसमें भी ५६ पर्वतक तो दोनों एक है। आगे ५७, ६७, ६८, ६९ और १०७ वां ये पर्व पद्मचरितमें बढ़ाये गये है।

ये तो हुई अन्यर बातें। अब मैं पाठकोंको पउमचरियमेंसे वे बातें बतलाता हूं जो इसे श्वेतांबर ग्रंथ होना सिद्ध करती हैं।

पुराने विद्वानोंने जो दिगम्बर श्वेताम्बरके ८४ अन्तर छाटे है उनमेंसे कितने ही अन्तर इस पउमचरियमें पाये जाते हैं। जैसे—भगवान्‌की माताको चौदह स्वप्न दीखना, हरिवंशकी उत्पत्ति भोगभूमिज युगलसे होना, स्वर्गोंकी संख्या १२ मानना और चक्रवर्तीके ९६ हजारसे कम राणियें बताना। ये सब बातें पउमचरियके निम्न पर्वोंमें देखिये—

१-अह सा सुह पसुत्ता रयणीए पच्छिमम्मि जामम्मि ।
पेच्छइ चउदस सुमिणे पसत्थजोगेण कल्लाणी ॥१२॥
पर्व २१

अर्थ-मुनिसुव्रतकी माताने रात्रिके पिछले प्रहरमें १४ स्वप्न देखे ।

१-सीयल जिणस्स तित्थे सुमुहो नामेण आसि महिपालो ।
कोसंबीनयरीए तत्थेव य वीरयकुविंदो ॥ २ ॥
हरिऊण तस्स महिलं वणमालं नाम नरवई तत्थ ।
भुंजइ भोगसमिद्धं रईए समय अणगो व्व ॥ ३ ॥
अह अन्नया नरिंदों फासुयदाण मुणिस्स दाऊण ।
असणिहओ उववन्नो महिलासहिओ य हरिवासे ॥४॥
कताविओयदुहिओ पोट्ठिलयमुणिस्स पायमूलम्मि ।
घेत्तूणय पव्वज्जं कालगओ सुरवरो जाओ ॥ ५ ॥
अवहिविसएण नाओ देवो हरिवस×सभवं मिहुण ।
अवहरिऊणय तुरियं चंपानयरम्मि आणेइ ॥ ६ ॥
हरिवाससमुप्पन्नो जेणं हरिऊण आणिओ इहइं ।
तेण चिय हरिराया विक्खाओ तिहुयणे जाओ ॥७॥
पर्व २१ वा ।

अर्थ—शीतलनाथके तीर्थमें कोशावी नगरीमें एक सुमुख नामका राजा हुआ। वहीं 'वीरक' कुविंद* (जुलाहा) रहता था। उसकी बनमाला स्त्रीको राजाने हरकर उसके साथ कामदेवके समान भोग भोगने लगा। एकदिन राजाने मुनिको प्रासुक दान दिया और वह वज्रपातसे मरकर स्त्री सहित हरिवर्ष (भोगभूमिक्षेत्र) में पैदा हुआ। वह वीरक भी स्त्री वियोगसे दुखी हो पोट्ठिल (प्रोष्टिल) मुनिसे दीक्षा ले मरा और देव हुआ। अवधिज्ञानसे जानकर वह देव हरिवर्षमें उत्पन्न उक्त जोड़ेको हरकर चंपानगरीमें लाया। हरिवर्षमें पैदा होने और वहांसे हरकर लानेके कारण वह हरिराजाके नामसे विख्यात हुआ। (आगे उसीसे हरिवंश चला।

३-सो हम्मीसाण सणकुमार माहिंदवभलोगो य ।
लंतयकप्पो य तहा छट्ठो वि य होइ नायव्वो ॥३५॥
एत्तो य महासुक्को सहसारो आणवो तह य चेव ।
तह पाणओ य आरण अच्चुयकप्पो य बारसमो
॥ ३६ ॥ पर्व ७५ ॥

अर्थ-सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, महिंद्र, ब्रह्मलोक, छठवां लांतव कल्प, आगे महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और बारहवां अच्युत, इस प्रकार १२ कल्प हैं।

४-"सगरोवि चक्कवट्टी चउसट्ठिसहस्सजुवइकयविहवो"
॥ १६८ ॥ पर्व ५ ॥

सगर चक्रीके चौसठहजार स्त्रियोंका विभव था (पत्र ७ में भी इतनी ही राणियें लिखी हैं)

इस प्रकारका कथन श्वेताबर सम्मत है। इसीलिये रविषेणके पद्मचरितमें उन्हीं पर्वों और उन्हीं प्रकरणोंमें बदलकर लिखा गया है। जैसे चौदहके स्थानमें १६ स्वप्ने, १२के स्थानमें १६ स्वर्ग, और चौसठ हजारकी जगह चक्रीके ९६ हजार राणियें। हरिवंशकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें भी बदलनेकी चेष्टा कीगई पर वह पूरी तौरसे बदला न जासका। जैसा कि पद्मचरितके निम्न श्लोकोंसे प्रकट है—

जिनेन्द्रे दशमे नीते राजासीत्सुमुखश्रुतिः ।
कौशाम्ब्यामपरोऽप्यैव वणिजो वीरकश्रुतिः ॥ २ ॥

× 'हरिवस' पाठ अशुद्ध है गल्तीसे छप गया मालूम होता है। 'हरिवास' पाठ चाहिये, हरिवंश तो अभी पैदा ही नहीं हुआ तब उसमें जन्म कैसे बताया जासकता है? गाथा ४ व ७ में 'हरिवास' पाठ है अत. यहां भी वही होना ठीक है।

* इसने मुनि दीक्षा ली है, जुलाहा आम तौर पर नीच जाति होता है इसी लिये पद्मचरितमें वीरकको बणिज लिखा जान पड़ता है। शूद्र दीक्षाका यह भी दोनों ग्रंथोंमें साम्प्रदायिक खास भेद होसकता है।

हृत्वा तद्दयिता राजा भुक्त्वा काम यथेप्सितं ।
दत्वा दानं विरागाणां पुरे हरिपुरसंज्ञके ॥ ३ ॥
उत्पन्नौ दंपती क्रीडां कृत्वा रुक्मगिरिं ययौ ।
तत्रापि दक्षिणश्रेण्यां भोगभूमिमशिश्रियत् ॥ ४ ॥
दयिताविरहांगारदग्धदेहस्तु वीरकः ।
तपसा देवतां प्राप देवीनिवहसंकुलम् ॥ ५ ॥
विदित्वावधिना देवो वैरिणं हरिसभवं ।
भरतेऽतिष्ठपद्यात दुर्गतिं पापधीरिति ॥ ६ ॥
यतोऽसौ हरित. क्षेत्रादानीतो भार्यया समं ।
ततो हरिरिति ख्यातिं गतः सर्वत्र विष्टपे ॥ ७ ॥
'पर्व २१ वां'

इनमें लिखा है कि–दशवें तीर्थंकरके तीर्थमें कौशांबीके राजा सुमुखने वीरक सेठकी स्त्रीको हरकर उसके साथ भोग भोगा। फिर मुनिदान दे मरकर हरिपुरमें दंपति हुये, जो विजयार्द्धकी दक्षिणश्रेणीमें क्रीडाकर भोगभूमिमें पहुंचे। उधर वीरक स्त्रीवियोगसे दग्ध हो तप कर देव हुआ। अवधिज्ञानसे हरि (?) में पैदा हुआ। वैरीको जानकर उसे भरत क्षेत्रमें लेआया। इस प्रकार वह पापबुद्धि दुर्गतिको गया। क्योंकि वह हरिक्षेत्रसे भार्या सहित लाया गया जिससे लोकमें 'हरि' इस नामसे विख्यात हुआ।

कहनेकी आवश्यकता नहीं कि पद्मचरितका वह कथन कितना अस्पष्ट और संदिग्ध है। श्लोकोंकी रचना भी विलक्षण होगई है। चौथे श्लोकपदोंका एक दूसरेसे सम्बन्ध ही नहीं मिलता। छठवें श्लोकमें हरिके साथ पुर शब्द भी उड़ गया है। और भी विचारिये–" राजा सुमुख और उसकी रखेल स्त्रीका हरिपुरमें दंपति उत्पन्न होना " यह कथन कितना भ्रमपूर्ण है। मरकर दंपति होना तो भोगभूमिमें ही संभव हो सकता है। कर्मभूमिमें तो दोनों ही अलग२ मातापिताओंके यहां जन्म लेकर फिर विवाह होनेपर दंपति बनते हैं। यहां दोनोंके कौन मातापिता थे ऐसा कुछ भी उल्लेख नहीं है। यह सब गड़बड़ पउमचरियका अनुकरणके कारण हुई मालूम होती है।

यहा मैं इतना और बतला देना चाहता हूं कि दिगम्बर श्वेतांबरमें ८४ बातोंके अतिरिक्त भी अन्य कितना ही अन्तर है जो मुझे इसकी छानबीनमें ज्ञात हुये हैं उनमेंसे भी एक दो यहां लिख देता हूं–

दिगम्बर सम्प्रदायके मामूली शास्त्रज्ञ भी यह जानते हैं कि तीर्थंकर प्रकृतिकी कारणभूत भावना १६ होती हैं जिसे षोड़शकारण भावनाके नामसे बोलते हैं और यही पद्मचरितमें लिखा है किंतु पउमचरियमें उसकी २० भावना× लिखी है। यथा–' वीस जिणकारणाइ भावेओ ' पर्व २ गाथा ८२।

इसी तरह जहा पद्मचरितमें सुमेरु और सौधर्मके बीच बालाग्र मात्र अंतर बतलाया है वहां पउमचरियमें सौधर्मको मेरुकी चूलिकासे स्पर्शित बताया गया है। यथा–

' बालाग्रमात्रविवरस्पृष्टसौधर्मभूमिकः। '
पद्मचरित पर्व ३ श्लोक ३४।

' उवरिं च चूलियाए सोहम्म चेव फुसमाणो। '
पउमचरिय पर्व ३ गाथा २४।

यहांतक तो दिगम्बर मान्यताके प्रतिकूल जो भी कथन ऊपर पउमचरियमेंसे निकालकर बताया गया है उसे एक तरहसे मामूली कहना चाहिये। दिगम्बर श्वेताम्बरमें जो केवलीभुक्ति, स्त्रीमुक्ति

× श्वेतांबरोंके आवश्यक सूत्रादि ग्रन्थोंमें भी २० भावना लिखी है।

और साधुको वस्त्रपात्रादि रखनेका खास भेद है वह पउमचरियमें मिलना चाहिये। इसके लिये मैंने खूब ढूंढ खोज की, आखिर मुझे ऐसा कथन भी मिलगया। केवलीमुक्ति और स्त्रीमुक्तिका कथन तो कहीं न मिला किंतु मुनिके वस्त्र-पात्रादि रखनेका आभास पउमचरियमें अवश्य पाया जाता है जो इस प्रकार है—

पउमचरिय पर्व २२में लिखा है कि—'मांस भक्षी राजा सोदासको राज्यच्युत कर निकाल दिया तो वह घूमता हुआ दक्षिण देशमें श्वेत वस्त्रधारी मुनिको पाकर उनसे श्रावक दीक्षा ली। ग्रन्थके पद्य इस प्रकार हैं—

पेच्छइ परिब्भमंतो दाहिणदेसे **सियंबरं** पणओ।
तस्स सगासे धम्मं सुणिऊण तओ समाढत्तो ॥७८॥
सुणिऊण वयणमेयं मुणिवरविहियं भएण दुक्खाण।
होउ पयत्तहियओ सोदासो सावओ जाओ ॥ ८० ॥

इसमें साफ तौरपर मुनिके लिये सियंबर शब्द है जो सितांबर यानी सफेद कपडेका वाचक है। पद्मचरितमें इस जगह वस्त्राश्रय रहित मुनि लिखा है। जैसे—

दक्षिणापथमासाद्य प्राप्यानंबरसंश्रयं।
श्रुत्वा धर्मं बभूवासावणुव्रतधरो महान् ॥१४८॥

यह तो हुआ मुनिके वस्त्रविधान, अब पात्र रखनेका विधान सुनिये—

अह अन्नया कयाई साहू मज्झण्हदेसयालम्मि।
उप्पइय नहयलेणं साएयपुरिं गया सव्वे ॥ ११ ॥
भिक्खट्ठे विहरन्ता घरपरिवाडीए माहवो धीरा।
ते सावयस्स भवणं संपत्ता अरहदत्तस्स ॥ १२ ॥
चिंतेइ अरहदत्तो वरिसाकाले कहिं इमे समणा।
हिण्डन्ति अणायारी मियय ठाण पमोत्तूण ॥ १३ ॥
ते सावएण साहू न वंदिया गारवस्स दोसेण।
सुण्हाए तस्स नवरं तत्तो पडिलाभिया सव्वे ॥१७॥
दाऊण धम्मलाभं ते जिणभवण कमेण संपत्ता।
अभिवंदिया जुईणं ठाणनिवासीण समणेणं ॥१८॥
ते तत्थ जिणाययणे मुणिसुव्वयसामियस्स वरपडिमं।
अभिवंदियो निविट्ठा जुइणसमयं कया हारा ॥ २०॥

अर्थ—एक दिन वे सप्तर्षि चारण मुनि मध्याह्न कालमें आकाशमार्गसे चलते हुये 'साकेत'पुरीमें आये वहां भिक्षार्थ घूमते हुये अर्हद्दत्त श्रावकके घर गये। उन्हें देखकर अर्हदत्त विचारता है कि—ये अनाचारी साधु नियतस्थानको छोड़कर वर्षाकालमें कैसे विहार करते हैं। आखिर 'अर्हद्दत्त'ने उनकी वंदना तक न की। तब केवल उसकी स्नुषा कहिये पुत्र वधूने उन मुनियोंको पड़गाहा। वे मुनि धर्मलाभ देकर पैदल जिनभवनको गये। तत्स्थाननिवासी द्युति नामके श्रमणने उनकी वंदना की। वे मुनि वहां जिनालयमें मुनिसुव्रतस्वामीकी प्रतिमाको नमस्कार कर बैठ गये और वहीं 'द्युति' श्रमणके समीप उन्होंने आहार किया।

इस कथनसे यह साफ सिद्ध है कि अर्हद्दत्तके घर मुनियोंने भोजन उदरस्थ किया नहीं। सिर्फ वहांसे तो वे भोज्य सामग्रीको अपने साथ ले आये थे। जिसे उन्होंने 'द्युति' श्रमणके उपाश्रयमें आके जीमा। दाताके घरसे भिक्षा प्राप्त कर उसे उपाश्रयमें लेजाकर जीमना ही उनके पात्र रखनेका निश्चित सुबूत है।

यही कथा श्वेतांबर जैन रामायण×में भी इसी

× हेमचन्द्राचार्यकृत 'त्रिषष्ठिशलाका पुरुष चरित्र' के सप्तम पर्वमें जो राम रावणकी कथा है उसीका हिन्दी अनुवाद 'ग्रन्थ भण्डार, माटूँगा, बम्बई' ने जैन रामायणके नामसे छपाया है। अनुवादक हैं कृष्णलालजी वर्मा 'प्रेम'। ग्रंथ बड़ासा है जिसमें १० सर्ग हैं। कथा पउमचरिय और पद्मचरितसे अधिकांशमें मिलती हुई है, कहीं२ थोड़ा बहुत फर्क भी है।

तरह पाई जाती है। उसके अनुवादको यहां मैं ज्योंका त्यों दे देता हूं—

" एकवार वे मुनि पारणा करनेके लिये अयोध्यामें गये। वहां अर्हद्दत्त सेठके घर भिक्षाके लिये गये। सेठने अवज्ञाके साथ उनकी वंदना की और मनमें सोचा कि ये कैसे साधु हैं जो वर्षाऋतुमें भी विहार करते हैं। मैं इनसे कारण पूंछू ? नहीं। ऐसे पाखंडियोंसे बात करना वृथा है। सेठकी स्त्रीने उनको आहारपानी दिया। वे आहारपानी लेकर द्युति नामा आचार्यके उपाश्रयमें गये। द्युति आचार्यने उनको आसन दिया उसी पर बैठकर उन्होंने पारणा किया।" पृष्ठ १८७

पाठक सोचते होंगे कि इस जगह पद्मचरितमें कैसा कथन है ? पद्मचरितमें और तो सब ऐसा ही कथन है किंतु उसमें चारण मुनियोंका द्युति भट्टारकके यहां आकर भोजन जीमनेका कथन नहीं है।

इसके अलावा एक बात और भी विचारणीय है और वह यह है कि-दोनों ही ग्रन्थोंमें सैकड़ों जगह वाचक शब्द आये हैं। किन्तु पद्मचरितमें जहां जातरूप, नग्न, अचेल, पाणिपात्र, गगनांबर, दिग्वास आदि या इन्हीं अर्थवाले अन्य नाम आते हैं वहां पउमचरियमें मुनिके पर्यायवाची ऐसे नाम भूलकर भी न मिलेंगे (उपर्युक्त 'सियंबर' शब्दको छोड़कर) किंतु वहां मिलेंगे निर्ग्रंथ, मुनि साधु, श्रमण, यति आदि सामान्य शब्द। श्वेतांबराम्नायमें जिनकल्पी साधुका स्वरूप नग्न होते भी इतने बड़े भारी पुराणमें जिसमें चतुर्थकालकी आदिसे लेकर अंत तक होने वाली कितनी ही कथाओंका समावेश है एक भी साधुको नग्न नहीं लिखना ग्रंथकर्ताका नग्नत्वके प्रति अवश्य उपेक्षाभाव जाहिर होता है।

इसप्रकार जिस पउमचरियमें इतनी बातें दिगंबर संप्रदायके विरुद्ध पायी जाती हैं यहांतक कि मुनिके वस्त्र और पात्र तक रखना जिसमें प्रमाणित होता है और जिसका कर्ता मुनिके लिये दिगंबर शब्द तकका प्रयोग करना नहीं चाहता उसे दिगंबर ग्रंथ बतलाना भारी भूल है। और यह भी नहीं कह सकते कि 'यह ग्रन्थ उस समय बना है जब जैनधर्ममें दिगंबर श्वेतांबर भेद नहीं हुआ था।' फिर भी इतना तो कहा जासकता है कि—शायद यह ग्रंथ उस वक्तका हो जब जैनधर्ममें दिगंबर श्वेतांबर भेद स्पष्ट तौरपर न होकर उसकी परिस्थिति तय्यार होरही हो। कोई एक दल नया मार्ग निकालनेकी फिराकमें हो जिसके लिये धार्मिक ग्रंथोंमें छिपे तौरपर मिलावट भी की जारही हो। यह अनुमान इसलिये भी ठीक होसकता है कि पउमचरिय जैसे एक बड़े ग्रथमें मुनिके वस्त्र पात्रका उल्लेख सिर्फ एक एक ही मिला है। और वह भी अति संक्षेपसे।

यहांपर 'खंडेलवाल जैन हितेच्छु' के उस लेखपर विचार करना भी आवश्यक प्रतीत होता है, जिसमें पउमचरियको दिगम्बर ग्रन्थ सिद्ध करनेका उद्योग किया गया था। जिसका कि जिकर ऊपर किया गया है। वह लेख जिस अंकमें मैंने पढ़ा था उसमें अपूर्ण था, आगेके अंकोंमें पूरा निकला होगा किंतु वे मेरे देखनेमें नहीं आये। अतः उक्त लेखांशमें जो लिखा था

प्राचीन क्षेत्र देवगढ़-मन्दिर नं० १८।

प्राचीन क्षेत्र देवगढ़ मन्दिर नं०

प्राचीन अतिशय क्षेत्र श्री देवगढ़ के मंदिर नं० १२ का एक बृहत् शिला लेख।

प्रतिलिपिः शिलालेखस्य—ॐ॥ आत्मार्थं श्रय मुञ्च मोहगहनं मित्रं विवेकं कुरु। वैराग्य भज भावयस्व नियत भेद शरीरात्मनः। धर्मध्यानसुधासमुद्रकुहरे कृत्वाऽवगाहं पर। प्रशानन्तसुखस्वभावकलित मुक्ति मुखाम्भोरुह ॥ १ ॥ आयुस्त्व न्यन्तु तुष्टि, विदधतु विविधाश्चापदः प्रन्तु विघ्नान्। कुर्वन्त्वारोग्यमुर्वीवलयविलसितां कीर्तिवल्ली सृजन्तु। धर्मं सम्वर्धयन्तु, श्रियमभिरमयं.........चेष्टि कामान्। कैवल्यश्रीकटाक्षानपि जिनचरणा सजयन्त ...सावः ॥ २ ॥

सम्वत् १४९३ शाके १३५८ वर्षे वैशाष वदी ५ गुरौ दिने मूलनक्षत्रे श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक श्रीप्रभाचन्द्रदेवः तच्छिष्यः वादवादीन्द्रभट्टारकश्रीपद्मनन्दिदेव तच्छिष्य श्रीदेवेन्द्रकीर्तिदेवस्तत्पौरपाटान्वये अष्टशाखे आहारदानदानेश्वरः श्री सिंघई लक्ष्मण तस्य भार्या श्री अक्षयश्री तस्या कुक्ष्यावुत्पन्नः सिंघई अर्जुनतस्य भार्या क्षेमा तत्र जातः खेमराजः तद्भार्या खिउसिणि संघाधिपतिरर्जुनस्तत्पुत्रः सघाधिपतिः सिंघई जुगराजः तस्य भार्या गुणश्रीः सुबान्धवबंधस्तत्पुत्रभार्या पद्मश्रीः तत्पुत्रः बंडव रामदेव तद्भार्या कालश्रीः तत्पुत्र सिंघई चतुर्भुज तद्भार्या रुपश्री. रुपराजः तस्य पुत्रः रुपराजश्च रुपश्रीः तस्य भार्या सघनपति. तत्पुत्र भ्राता घेनुः (श्रीशान्तिनाथ चैत्यालये) सकलकलाप्रवीणः पद्मस्तस्य भार्या पूर्णश्री तस्या पुत्र. पण्डितनयनसिंहस्तेन प्रतिष्ठित संघाधिपतिः सिंघई जुगराजः तेन कर्मक्षयनिमित्तेनेदं कारित नित्य प्रणमन्ति। सूत्रधारः, जैनसिपुत्रककर्मचन्द्रः सघनपतिः तत्पुत्रः जिनः तस्य पुत्र संघ पेनसाखा सूत्रधारः। लेखकयितं चित्र प्रणमन्तीति।

उसीपर मैं यहां विचार करता हूं।

उस लेखमें लिखा था कि—"पउमचरियमें महावीर जिनका गर्भापहरण व उनका विवाह नहीं पाया जाता और केवलीके उपसर्गका अभाव भी उसमें निरूपण किया है इससे यह दिगम्बर ग्रन्थ है।"

बेशक मैं यह मानता हूं कि पउमचरियके दूसरे पर्वमें जो महावीरस्वामीका चरित्र लिखा है, उसमें महावीरका माता त्रिशलाके गर्भमें आना बताया गया है व विवाहका कथन भी नहीं है। जिसका उत्तर यह भी होसकता है कि कथन संक्षेप होनेके कारण वैसा न लिखा गया हो। क्योंकि यहां खासतौरसे महावीरका चरित्र तो कहना ही न था जो सिलसिलेवार पूरा वर्णन करे। यहां तो कथाकी उत्थानिकाके तौरपर मामूली कथन करना था। अथवा संभव है कि गर्भापहरणकी कल्पना श्वेताम्बर ग्रन्थकारोंकी पीछेकी हो। केवलीके उपसर्गका अभाव इसीमें क्या अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें भी पाया जाता है। वीर जिनके केवली अवस्थामें उपसर्गका होना जो श्वेतांबर आगममें पाया जाता है वह एक विशेष बात है जिसे उन्होंने भी आश्चर्य नामसे लिखा है। और वह पउमचरियमें संक्षेपताके कारण नहीं लिखा गया है ऐसा जान पड़ता है। लेखकने एकबात अपनी जानमें बड़े मार्केकी लिखी है। वह पउमचरियके निम्न पद्यको जिसमें पांच तीर्थंकरोंको कुमारावस्थामें दीक्षा लेनेका कथन है महावीरकी अविवाह सिद्धिमें पेश किया है—

······मल्ली अरिट्ठनेमी पासो वीरो य वासुपुज्जो ॥५७॥
एए कुमारसीहा गेहाओ निग्गया जिणवरिंदा।
सेसा वि हु रायाणो पुहई भोत्तूण निक्खंता ॥५८॥
पर्व २०

अर्थ—मल्लि, अरिष्टनेमि, पार्श्व, वीर और वासुपुज्य ये पांच तीर्थंकर कुमारपणेमें घरसे निकले—यानी दीक्षा ली, और शेष तीर्थंकर राजा हो पृथ्वीको भोग दीक्षा ली।

यहां भी लेखकने कुमार शब्दमें गल्ती खाई है। यहां कुमारसे मतलब है राज्याभिषेकके पूर्वकी अवस्था, न कि बालब्रह्मचारित्व। नहीं तो ग्रंथकर्ता यों नहीं लिखते कि—'शेष तीर्थंकर राज भोग दीक्षा ली'। इसी तरहका वर्णन श्वेतांबरोंके 'आवश्यक सूत्र' में भी पाया जाता है। यथा—

वीरं अरिट्ठनेमिं पासं मल्लिं च वासुपुज्जं च।
एए मोत्तूण जिणे अवसेसा आसि रायाणो ॥२४३॥
मय इच्छियाभिसेया कुमारवासंमि पव्वइया।
'आवश्यक सूत्र'

अर्थ—वीर, अरिष्टनेमि, पार्श्व, मल्लि और वासुपुज्य इन पंच तीर्थंकरोंको छोड़कर बाकी तीर्थंकर राजा हो दीक्षा ली। और उक्त पांचोंने राज्याभिषेकको नहीं चाहते हुए कुमारावस्थामें ही दीक्षा ली।

पाठकोंको यह स्मरण रहे कि इसी आवश्यक सूत्रमें महावीर जिनका विवाह ही नहीं उनके संतान तकका उल्लेख है!

इसप्रकार लेखकने पउमचरियको दिगम्बर ग्रन्थ साबित करनेके लिये जो जो दलीलें दीं वे सब निःसार और अकिंचित्कर हैं।

पद्मपुराणकी प्रामाणिकतामें संदेह—

रविषेणके पद्मचरितमें कितना ही कथन ऐसा भी है जो दिगम्बर मान्यताके विरुद्ध पड़ता है। और वह पउमचरियका अनुसरण करते हुये किसी तरह उसमें प्रविष्ट होगया जान पड़ता है। जैसे—

मेरुको कंपित करनेसे महावीर नाम होना× (खण्ड १ पृष्ठ १९) विद्याधर वंशकी उत्पत्ति नमिविनमिसे बताना † (खं० १ पृ० ६८) जंबूद्वीपके अधिपति यक्षकी देवियोंका रावणपर मोहित हो उससे संभोगकी इच्छा करना। (खंड १ पृष्ठ १६४) जिन प्रतिमाके मुकुट धारण, (खंड २ पृष्ठ ३०) दो केवलीका साथ२ रहना और दोनोंकी एक ही गंधकुटी बनना, (खं० २ पृ० १९२) लक्ष्मणका खरदूषणकी स्त्रीपर आसक्त होना,* (खं० २ पृ० २४३) देवोंका परस्पर युद्ध, (खं० ३ पृ० २१) उत्कृष्ट अणुव्रती क्षुल्लकका शस्त्रविद्या सिखाना, (खं० ३ पृ० २४७) मुनिका रात्रिमें मामूली बातके लिये बोलना, (खं० ३ पृ० ३१८)।

इन सबका विशेष कथन लेख बढ़ जानेके भयसे छोड़ा जाता है।

यहां मैं इतना स्पष्ट और कर देता हूं कि पद्मचरितकी उक्त बातें जिन्हें देखना हो उन्हें माणिकचंद्र ग्रन्थमालासे प्रकाशित संस्कृत मूल पद्मचरित ‡ देखना चाहिये उसीके ऊपर खंड, पृष्ठ लिखे गये हैं। स्वर्गीय पं० दौलतरामजी कृत वचनिकामें प्रायः ये बातें न मिलेंगी।

वचनिकार तो येही क्या और भी कितनी ही सैकड़ों बातें उड़ा गये हैं और इस तरह ग्रन्थकर्ताके कितने ही अभिप्रायोंसे पाठकोंको वंचित रक्खा है। किसी अनुवादककी ऐसी कृति प्रशंसनीय नहीं रही जासकती। सच तो यह है कि वचनिकाकारकी इस कृपासे ही यह ग्रन्थ अबतक थोड़ा बहुत प्रमाण माना जारहा है। अन्यथा ऐसी बातोंका दिगंबर संप्रदायमें क्या काम? मुझे आश्चर्य और साथ ही खेद भी है कि दिगंबर मतका कहा जानेवाला एक प्राचीन पौराणिक ग्रंथका यह हाल है। यह सब एक विभिन्न आम्नायके ग्रन्थकी नकल करनेका परिणाम है। नकलका रंग तो यहांतक चढ़ा है कि आप सारे पद्मचरितको देख जाइये सैकड़ों जगह मुनि धर्मके कथनका प्रसंग होते भी उसमें २८ मूल गुणोंके नाम न मिलेंगे क्योंकि जब पउमचरियमें नहीं तो पद्मचरितमें कहांसे मिल सकता है। और इसीलिये हरिवंशकी उत्पत्तिमें भी गड़बड़ी हुई है जैसा कि ऊपर कहा गया है। पद्मचरित पर्व ३२ के अंतमें जो जिनप्रतिमाके पंचामृताभिषेकका विवेचन है वह भी हूबहू पउमचरियकी नकल है। आश्चर्य नहीं जो अन्य दि० ग्रंथोंमें पंचामृताभिषेकका पाया जाना इसीका प्रताप हो—उत्तरोत्तर ग्रन्थकर्ता देखादेखी ऐसा ही कथन करते चले गये हों और इस तरह पर एक भिन्न संप्रदायकी थोथी क्रियाकांडकी परंपरा चल पड़ी हो। तेरहपंथका उसे न मानना भी इस अनुमानको दृढ

× अशग कविकृत महावीर चरित और श्री धर्मचन्द्रकृत गौतमचरितमें भी ऐसा उल्लेख है वह पद्मचरित परसे लिया गया ज्ञात होता है। तथा इसकी भी गणना दिगम्बर श्वेतांबरके ८४ अंतरोंमें है। † क्या पहिले विद्याधर नहीं थे। * यह सिद्धान्त विरुद्ध तो नहीं है किन्तु बात नई सी है।

‡ यह ग्रंथ बहुत ही अशुद्ध छपा है। पं० धरेन्द्रकुमारजी शास्त्री केकड़ीने एक हस्तलिखित प्रतिसे छपी प्रतिको मिलाकर उसकी ढेर अशुद्धियें छांटकर अलग संग्रह किया है। संस्कृत ग्रन्थका इस तरह से बहुत और असावधानीसे छपना अफसोसकी बात है। उन अशुद्धियोंको शुद्ध कर लेनेपर भी प्राकृत लेखमें उठाये गये आक्षेपोंमें कोई फेरफार नहीं होता।

करता है। कुछ भी हो ये बातें हमको सावधान करनेके लिये पर्याप्त हैं कि किसी मार्कन पार्कन ग्रन्थको महज एक प्राचीन होनेकी वजहसे ही मान्य नहीं कर लेना चाहिये। किंतु ऐसे मामलेमें सदसद्विवेक बुद्धिसे पूरा काम लेना चाहिये।

दोनों ग्रंथोंमें एक अत्यंत चिंतनीय स्थल।

चउसट्ठि सहस्साइं वरिसाणं अंतरं समक्खाय।
तित्थयरेहि महायस भारहरामायणाण तु ॥१६॥ पर्व १०५
'पउमचरिय'।

षष्टिवर्षसहस्राणि चत्वारि च ततः परं।
रामायणस्य विज्ञेयमतरं भारतस्य च ॥ २८ ॥
'पद्मचरित' पर्व १०५

इनमें लिखा है कि महाभारत और रामायणमें यानी श्रीकृष्ण पांडवादि और रामरावणादिक समयका अंतर ६४ हजार वर्षका है।" यह अन्तर बहुत ही विचारणीय है। मुनिसुव्रतके तीर्थमें श्रीरामचंद्र हुए और नेमिनाथके वक्त श्रीकृष्ण। तथा दोनों ही ग्रन्थोंके पर्व २० में जो तीर्थंकरोंका अन्तराल कथन है वहां लिखा है कि मुनिसुव्रतके छह लाख वर्षबाद तो हुए नमिनाथ और नमिनाथके पांच लाख वर्ष बाद हुए नेमिनाथ। अर्थात् मुनिसुव्रत और नेमिनाथका अन्तराल समय ११ लाख वर्षका होता है। तब यहां भारत और रामायणका अंतर ६४ हजार वर्ष ही कैसे लिखा है। हमने खूब ही विचार किया पर किसी तरह इस कथनकी संगति नहीं बैठती। अन्य विद्वानोंको भी सोचना चाहिये। इति।

श्वेताम्बर तेरहपन्थ।

(लेखक—श्री० पं० शोभाचन्द्र जैन भारिल्ल न्यायतीर्थ, सम्पादक—'वीर')

आजसे लगभग ८–९ वर्ष पहलेकी बात है। मैं विद्याध्ययन समाप्त कर जब बीकानेर आया तो एक विद्यार्थीने मेरा संप्रदाय पूछा। मैंने बता दिया। उसने फिर पूछा—"दि० संप्रदायमें अवान्तर संप्रदाय हैं या नहीं? आप किस संप्रदायमें हैं?" मैंने तेरापथ बता दिया। "तेरापंथ" नाम सुनते ही वह चौंका और उसकी भावभंगी देख मुझे भी आश्चर्य हुआ। कुछ देर बाद वह कहने लगा—"यदि आपके सामने बिल्ली, चूहेपर झपट रही हो तो आप चूहेकी रक्षा करना धर्म मानेंगे या पाप?" इस प्रश्नको मैंने विद्यार्थीकी अज्ञानताका परिणाम समझा। मैंने उसे अपनी मान्यता बताई। उसीसे पहले-पहल मुझे ज्ञात हुआ कि अहिंसा-प्राण जैनधर्मको माननेवाले समाजमें एक ऐसा भी संप्रदाय है जो हिंसकको एक पाप और रक्षकको अठारह पाप, होना कहता है।

पढ़ते समय इस संप्रदायका मैंने नामतक न सुना था। इससे वर्तमानकालीन शिक्षासंस्थाओंकी पाठनप्रणालीकी बुराई मेरे सामने आई। दि० समाजके अधिकांश विद्वान भी इस संप्रदायके विषयमें कुछ नहीं जानते। वे नैयायिक, वैशेषिक, मीमांसक, सांख्य, बौद्ध आदि मृतकालीन संप्रदायोंका खण्डन मण्डन जानते हैं, पर यह नहीं जानते कि जिस धर्मके हम क्षुद्र अनुयायी

हैं, उसे माननेवाले और कितने हैं। अस्तु।

श्वे० तेरापंथ संवत १८१७में स्थापित हुआ है। स्थानकवासी (ढूंढ़िया) जैन संप्रदायसे पृथक् होकर 'भिक्खु' नामक एक साधुने इसकी स्थापना की थी। 'भिक्खु' कण्ठालिया (मारवाड) के रहनेवाले थे। पहले उन्होंने 'पोतियाबंध' नामक किसी सम्प्रदायकी दीक्षा ली थी। किसी कारणसे जब वह न रुची तो स्थानकवासी संप्रदायमें आये। आचार्य रघुनाथजीके पास उन्होंने सं० १८०८ में स्थानकवासी संप्रदायकी दीक्षा की और जब यह नवीन संप्रदाय भी उन्हें नहीं रुचा तो एक अलग ही संप्रदाय उन्होंने स्थापित कर लिया।

भिक्खुजीके संप्रदायका नाम "तेरापथ" क्यों पड़ा ? इस संबंधमें किसी२ का कहना है और जो ठीक मालूम होता है कि १३ आदमियोंने मिलकर इस संप्रदायको स्थापित किया था इसी कारण इसका उक्त नाम पड गया। परन्तु तेरापंथी लोग और ही कारण बताते हैं। वह यह कि भिक्खुजी अपने गुरुसे पृथक् होकर जोधपुर आये। वहां दीवान फतेचंद सिंघी नामक एक व्यक्तिने देखा कि आज उपाश्रममें 'पोसा' (प्रौषध) न करके लोग बाजारमें पोसा कर रहे हैं। लोगोंने उसे सब वृत्तान्त कह सुनाया। उस समय १३ आदमी पोसा कर रहे थे, और १३ ही साधु थे, अतएव इस संप्रदायका नाम तेरापथ हुआ।

आजकल 'भिक्खुजी' के पदपर कालूरामजी गणी विराजमान हैं। इस संप्रदायके माननेवाले प्राय: बीकानेर प्रांतमें ही हैं और ५०-६० हजार बताये जाते हैं। अन्यान्य जैन सम्प्रदायोंकी तरह इसमें अनेक आचार्य नहीं हैं, इसलिए साधुओंका अच्छा संगठन है। यह समाज शिक्षामें अत्यधिक पिछड़ा हुआ है और अन्ध-श्रद्धा इसके रोम रोममें भरी है। नवीन जागृति न करनेवाले साधनोंका एकदम अभाव है। इन्हीं सब कारणोंसे यह निष्कण्टक अस्तित्व भोगरहा है।

श्वे० तेरापंथके सिद्धांत न केवल धार्मिक दृष्टिसे वरन् सामाजिक दृष्टिसे भी अनुचित है। मालूम होता है वे सर्वोच्च अहिंसाका अनुसरण करने जारहे हैं पर वहांतक पहुँच नहीं सकते और ऐसी ठोकर खाते हैं कि निष्प्राण होजाते हैं। आगे हम थोड़ेसे सिद्धांत उद्धृत करते हैं—

(१) यदि कोई क्रूर जानवर किसी मनुष्यके प्राण लेना चाहता है, तो उसे बचा लेना पाप है। क्योंकि प्रथम तो जानवरके भोजनमें अन्त-राय पडता है, इसलिए बचानेवालेको अंतराय कर्मका बंध होगा। इसके अतिरिक्त अगर वह आदमी बच गया तो नाना प्रकारके पापोंका आचरण करेगा। उन पापाचरणोंका निमित्त कारण बचानेवाला भी होगा। अत: उसे भी पापका बंध होगा। तीसरी बात यह है कि यह "मोह अनुकम्पा" है और मोह त्याज्य है अत. मरते हुएको बचाना भी त्याज्य है।

इसी सिद्धांतके अनुसार माता यदि अपने गर्भस्थ बालककी रक्षाके लिए अत्यन्त तीक्ष्ण आदि अहितकारी पदार्थोंको खाना छोड़ देती है तो वह भी पापिनी है।

(२) साधुके अतिरिक्त और किसीको दान देना पाप है क्योंकि वे कुपात्र हैं। यहांतक

कि साधर्मी भाईको उपवासके बाद पारना करना भी पाप है।

(३) मिथ्यात्वी जीवकी उपवास आदि क्रिया सम्यग्दर्शनके बिना भी मोक्षका कारण है।

(४) मनःपर्ययज्ञानी अवस्थामें भगवान् महावीरने गोशालकको मृत्युसे बचाकर पापाचरण किया। उसे दीक्षा देकर भूल की।

(५) माता-पिताकी आज्ञाका पालन करना अधर्म है। उनकी सेवा करना, उन्हें साता पहुंचाना आदि भी पाप है, क्योंकि वे कुपात्र हैं।

पाठक देखेंगे कि ये सिद्धान्त समाजके लिए कितने भयकर हैं। गर्भस्थ बालककी रक्षा, भूखे प्यासेको भोजनपानी देना, माता पिताकी सेवा सुश्रूषा करना जब पाप है तो गृहस्थका कर्तव्य ही कुछ नहीं रह जाता। ये सिद्धान्त यदि किसीको लागू होसकते थे तो उच्चश्रेणीके पहुंचे हुए साधुओंके लिए ही। मगर इस सम्प्रदायने गृहस्थोंको भी लागू करके अनर्थ कर दिया है। वह एकान्तवादके चक्करमें ऐसी बुरी तरह फॅस गया है कि न इधरका रहा न उधरका। गनीमत यही है कि इस सम्प्रदायके गृहस्थोंने एक "व्यवहारिक खाना" खोल रखा है और व्यवहारके नामपर वे उक्त सिद्धान्तोंके विरुद्ध गर्भस्थ बालककी रक्षा करते कराते हैं, माता-पिताकी सेवा करते हैं तथा और भी ऐसे ही धर्मविरुद्ध (!) कृत्य रहते हैं। अलबत्ता, ऐसे भी कुछ उत्कृष्ट धर्मात्मा हैं जो किसी भी हालतमें धर्मसे विचलित नहीं होते।

इस संप्रदायमें गृहस्थोंको सूत्र पढ़नेका निषेध है। सिवाय साधुओंके कोई गृहस्थ सूत्र नहीं पढ़ सकता और सूत्रोंके सिवाय अन्य किसी ग्रन्थको ये प्रामाणिक नहीं मानते। इस सिद्धांतका आविष्कार बड़ी चतुराईसे किया गया है। साधु लोग मनमाना आचरण करें, सफेदको काला कहें, पर श्रावक अपनी जीभ नहीं खोल सकता क्योंकि उसे शास्त्र पढ़नेका अधिकार नहीं है। 'स्वाध्याय' को यद्यपि इस संप्रदायमें भी आवरणीय वस्तु माना गया है तथापि वह साधुओंके श्रीमुखसे ही सूत्र पाठ सुन सकता है। अलबत्ता साधुओंकी बनाई हुई कुछ मारवाड़ी भाषाकी पुस्तकें ऐसी हैं जिन्हें ये लोग पढते हैं, पर उन पुस्तकोंमें प्रायः वही बातें हो सकती हैं, जिन्हें साधुलोग श्रावकोंको बतानेमें किसी भी प्रकारकी हानि न समझते हों। इस संप्रदायका सबसे बड़ा प्रसिद्ध ग्रन्थ "भ्रमविध्वंसन" है। भ्रमविध्वंसनमें सिर्फ उन्हीं बातोंका विचार है, जो प्रायः इस संप्रदायकी असाधारण मान्यता है।

इस संप्रदायके साधु जमीकंद, शहद तथा बहुबीजा आदिका बना हुआ शाक खानेमें परहेज नहीं करते क्योंकि वह अचित्त हो जाता है। वे इस बातका कोई विचार नहीं करते कि यद्यपि उन्हें निर्दोष मिल जाता है, पर उनके इस आचरणसे श्रावकोंको इन चीजोंके खानेकी उत्तेजना मिलती है। अस्तु।

कोई कैसा ही मतान्तर सहिष्णु क्यों न हो, पर इस सम्प्रदायके मानवप्रकृतिके विरुद्ध, सामाजिक भावनासे शून्य, सिद्धांतोंको सहन नहीं कर सकता। इस सम्प्रदायके युवकोंको हम परामर्श देना चाहते हैं कि वे अपने समाजमें जागृति फैलावें और प्रकाशमें आकर सत्यका निरीक्षण करें।

दर्शन और धर्म।

(पं० कमलकुमारजी शास्त्री न्यायतीर्थ-बनारस)

आजकल दर्शन और धर्मके पारस्परिक असद्भावने दार्शनिक और धार्मिक समष्टिमें एक विचित्र संघर्ष उत्पन्न कर दिया है। दार्शनिक समष्टिमें वह महानुभाव सम्मिलित हैं जिनके जीवनका बहुभाग पूर्वीय तथा पाश्चात्यदर्शनोंकी गुत्थियां सुलझानेमें ही व्यतीत हुवा है। और धार्मिक समष्टिमें वह धर्मभीरु सम्मिलित हैं जो ईश्वरीय कोपसे बचनेके लिये देवी देवताओंके सन्मुख मिन्नत करते तथा भेंट पूजा चढ़ाते देखे जाते हैं। प्रति सहस्र मनुष्योंमें यदि एक दार्शनिक हैं तो नौ सौ निन्यानवें धार्मिक। यदि दार्शनिक महानुभाव धार्मिकोंको अपढ़, गवार, ढोंगी, रूढ़ियोंके दास आदि शब्दोंसे सम्बोधित करते हैं तो धार्मिक दार्शनिकोंको म्लेच्छ, शूद्र, भ्रष्टाचारी आदि नामोंसे पुकारते है। इस पारस्परिक अविश्वास तथा घृणाके भावोंने शिक्षित, अर्द्धशिक्षित और अशिक्षितोंके बीचमें विचार विनिमयका मार्ग ही बन्द कर दिया है जो कि विचारशक्तियोंको पुष्ट एवं संवर्द्धित करनेमें प्रधान सहायक है। इस कलहको मिटानेके लिये हम दोनों पक्षके सन्मुख कुछ समझौतेके स्कीम पेश करते है।

सबसे प्रथम यह प्रश्न उपस्थित होता है कि दर्शन और धर्म दोनों भिन्न २ तत्व हैं या एक ही वृक्षकी दो शाखायें? यदि दोनो भिन्न२ है तो उसके अनुयायियोंमें भेद होना स्वाभाविक है और यदि भिन्न २ नहीं हैं तो द्वेषीभावका कारण अज्ञानता है।

इस प्रश्नको सुलझानेके लिये हमें धर्मका लक्षण जान लेना आवश्यक है। आचार्य कुन्दकुन्द कहते हैं-"वत्थु सुहाओ धम्मो"—वस्तुके स्वभावको धर्म कहते हैं। जैसे अग्निका स्वभाव उष्णता है। यदि अग्निसे उष्णताको पृथक् कर दिया जावे तो अग्निका भी अभाव होजाय। अतः अग्निका धर्म उष्णता है। इस ही प्रकार जिस२ वस्तुका जो कुछ स्वभाव है वही उसका धर्म है।

आचार्य पूज्यपाद "इष्टे स्थाने धत्ते धर्मः" ऐसा कहते हैं जिसका आशय है कि जिसके धारण या पालन करनेसे इष्ट स्थान स्वर्ग मोक्ष आदिकी प्राप्ति हो उसे धर्म कहते है। जैसे राजाका राजधर्म, प्रजाका प्रजाधर्म, गृहस्थका गृहस्थ धर्म और मुनिका मुनिधर्मको पालन करना धर्म कहाता है।

आचार्य समन्तभद्रस्वामी लिखते हैं—

सद्दृष्टि ज्ञानवृत्तानि धर्मं धर्मेश्वरा विदुः। —रत्नकरण्ड.

धर्मज्ञ पुरुष सतदृष्टि सतज्ञान और सदाचारको धर्म कहते है इनमेंसे सतदृष्टिका विवेचन किसी पृथक् लेखमें करेंगे। यहांपर सत्यज्ञान और सदाचारको ही लेते है। जो वस्तु जिस स्वभाव तथा गुणसे विशिष्ट है उसको उसी रूपसे जानना सत्यज्ञान कहाता है इससे "वत्थु सुहाओ धम्मो" इस लक्षणकी पुष्टि होती है। सदाचारका अभिप्राय अपनी २ पद मर्यादाके योग्य अपनेको सदाचारी व्रती—कर्तव्यनिष्ठ बनानेसे है इससे भगवत्पूज्यपादके "इष्टे स्थाने धत्ते धर्मः" लक्षणका सम-

षेन होता है। पुरातन महापुरुषोंके वाक्योंका आलोडन करनेसे यही सारांश निकलता है कि धर्मशब्दका व्यवहार दो अर्थोंमें पाया जाता है। प्रथम वस्तु स्वभाव, दूसरा वस्तु स्वभावके अनुकूल आचरण। वस्तुस्वभावके अनुसार आचरण करना वस्तुके सत्य ज्ञानपर निर्भर है। जबतक हम वस्तुके स्वभावको नहीं जानेंगे तबतक उसके अनुकूल आचरण नहीं कर सकते, और जाननेका साधन ज्ञान है इसलिये वस्तु स्वभावके साथ ज्ञानको भी धर्म कहा है।

धर्म शब्दकी इन दोनों व्याख्याओंका परिशीलन करनेसे दर्शन और धर्म एक ही पिताकी दो सन्तान हैं ऐसा प्रगट होता है। क्योंकि पदार्थोंके गुण, कर्म तथा स्वभावके विषयमें खोजबीन करना दर्शनशास्त्रका मुख्य विषय है और सदुपदेश द्वारा मनुष्योंको शुभकर्ममें निरत करना तथा दुष्कर्मसे बचाना धर्मशास्त्रका मुख्य विषय है।

दर्शन और धर्मतत्वकी एकतामें एक बड़ा प्रमाण और भी है। भारतवर्षके मुख्य२ धर्म संस्थापकोंने केवल आचारशास्त्रका ही उपदेश नहीं किया, किन्तु पहिले अपने२ वस्तु विवेचनका दृष्टिकोण स्थापित करके पीछे उसके अनुकूल आचरण करनेका विधान किया है। इसी लिये वैदिक दर्शनोंमें जहां वस्तुविवेचनमें भेद है वहां धार्मिक क्रियाकांडमें भी अन्तर पड़ गया है। जैनदर्शन तथा बौद्धदर्शन अपना२ एक विशिष्ट धर्मपन्थ रखते हैं क्योंकि दर्शनशास्त्रका प्रधान उद्देश अन्तर्गत तथा बहिरंगतके विवेचन द्वारा जीवकी मुक्तिके साधन खोजना है और धर्म शास्त्रका प्रधान उद्देश्य उन साधनोंके द्वारा आत्माको भव बंधनसे मुक्त करना है।

वस्तु स्वरूपके निरूपणका असर मनुष्यके आचारपर किस प्रकार पड़ता है इसके निर्णयके लिये चार्वाक दर्शनको ले लीजिये। चार्वाक, परलोक आत्मा आदि वस्तुओंको कपोल कल्पित मानता है। यथा—

> न स्वर्गो नापवर्गो वा नैवात्मा पारलौकिकः।
> नैव वर्णाश्रमादीनां क्रियाश्च फलदायिका ॥
> "सर्वदर्शनसंग्रह"

"न स्वर्ग है न मोक्ष, और न कोई परलोकगामी आत्मा ही है। इसी तरह वर्णाश्रम आदिकी क्रिया भी फलदायक नहीं है"।

जिस मतका दृष्टिकोण इस प्रकार है। जो अर्थ और कामको ही परम पुरुषार्थ मानता है उसका आचार कैसा होसक्ता है इस बातका निर्णय हम पाठकोंपर ही छोड़ते हैं।

उक्त बातोंपर विचार करनेसे धर्म और दर्शनकी एकता तथा सद्भावके विषयमें कोई विवाद शेष नहीं रह जाता है। किंतु एक प्रश्न उपस्थित होसक्ता है। वह यह है कि जब दर्शन और धर्म दोनों एक धर्म व्यक्तिकी ही संतान है तो धर्मशास्त्र, आचार शास्त्रको ही अपने पूर्वजका कुल क्रमागत धर्म' नाम क्यों मिला, दर्शन शास्त्रको क्यों इससे वंचित रक्खा गया ?

इस प्रश्नके समाधानके लिए हमें पूर्वोक्त धर्मके उपदेशपर विचार करना चाहिये। धर्मका मुख्य उद्देश्य मनुष्यकी प्रवृत्तिको सुधार कर मोक्षमार्गके अनुकूल बनाना है। और उसके लिये मनुष्यको अपने अस्तित्व तथा अन्य वस्तुओंके साथ उसके संबंधका ज्ञान होना आवश्यक

है क्योंकि आत्म ज्ञानके बिना आचरण सुधारना असम्भव है। अतः धर्मका प्रथम अंश ज्ञान, उसके मुख्य उद्देश्य आचार शुद्धिका एक मार्ग है। ज्ञान साधन है, आचार शुद्धि साध्य है। यदि साधन—ज्ञान, अपना ध्येय—चारित्र साधन करनेमें असमर्थ है तो उसका होना न होना बराबर है। यदि कोई मनुष्य हाथमें दीपक होते हुए भी कूपमें गिरता है तो उसका दीपक लेना निरर्थक है इसलिये धर्मका मुख्य अर्थ सत्यज्ञानके अनुकूल आचरणमें सन्निहित होनेसे 'धर्म' इस नामका उत्तराधिकार दर्शनको न मिलकर आचार मार्गको मिला।

दर्शन और धर्मके इस एकीकरणको ध्यानमें रखनेसे दार्शनिक और धार्मिक समुदायके बीचमें जो भ्रम पैदा हो गया है उसका विनाश तुरन्त होजाता है। प्राचीन समयके दार्शनिक विद्वान वस्तुतत्वके ज्ञाता होनेके साथ ही साथ आचरणमें भी अनुकरणीय होते थे, वे जन समाजके विद्या गुरु तथा आचार गुरु दोनों होते थे। आचार्य श्री कुन्दकुन्द, समन्तभद्र, पूज्यपाद, अकलंकदेव आदि प्रख्यात दार्शनिक शिरोमणि होनेके साथ ही साथ चारित्र मार्गके आचार्य पदको सुशोभित करते थे। आजकल दर्शन और धर्मने यानी ज्ञान और चारित्रने भिन्न२ आश्रय ले लिया है। जो ज्ञानी कहे जाते है वे मुक्ति और संसारकी कार्य कारण परम्पराके मर्मज्ञ होते हुवे भी उससे अपने जीवनका कोई व्यावहारिक लाभ नहीं उठाते है और जो धार्मिक कहलाते हैं वे क्रिया करते हुए भी उसके वास्तविक आशयसे कोसों दूर है। दोनोंकी दशा उन अंधे तथा लंगड़े मनुष्योंके सदृश है, जो जंगलमें आग लगनेपर उससे बचनेके लिये इधर उधर भटकते हैं। लंगड़ा मनुष्य देखते हुए भी दौड़नेमें असमर्थ है। अंधा मनुष्य इधर उधर दौड़ता है किन्तु दृष्टिहीन होनेसे लाचार है। यदि दोनों मिल जाये तो दोनों पार लग सके हैं। इसी लिये पूर्वाचार्य कह गये हैं—

हत ज्ञानं क्रिया हीनं हता चाज्ञानिनां क्रिया।
धावन् किलान्धको दग्ध पश्यन्नपि च पंगुलः॥

यदि प्राचीनकालकी तरह आजकल भी दर्शन धर्मका और धर्म दर्शनका आंचल पकड़ लें तो सोनेमें सुहागा होजाये और अज्ञानके कारण भाई२में जो विभिन्नता उत्पन्न होगई है उसका नामशेष रह जाये।

क्या दार्शनिक और धार्मिक भाई एक दूसरेकी ओर अपना मित्रतापूर्ण हाथ बढ़ानेका प्रयत्न करेंगे?

जैनधर्मका महत्व और उपयोग।

(लेखक:—श्रीमान ब्रह्मचारी सीतलप्रसादजी)

जैनधर्म वीतराग सर्वज्ञ गुणधारी अर्हन्त पद प्राप्त सशरीर जीवनन्मुक्त परमात्मा द्वारा प्रकाशित आत्माकी शुद्धि करनेका एक उपाय है। इसका श्रेष्ठत्व इसीलिये है कि जैसा वस्तुका स्वरूप है वैसा ही इस धर्मके आगममें कथन है।

इस जगतमें देखा जाता है कि हरएक द्रव्य सत् है। सत् उसे कहते हैं जो मूलमें सदासे हो व सदा ही रहे। विज्ञान (Science) की खोज यही सिद्ध करती है कि सत्का विनाश नहीं असत्का उत्पाद नहीं Nothing is created & nothing is destroyed अर्थात् जो मूल द्रव्य हैं उनका कभी नाश नहीं होता है और जो नहीं है उनका कभी जन्म नहीं होता है। किसीमें शक्ति नहीं है कि अभावमेंसे कुछ पैदा कर सके व भावको सर्वथा अभाव कर सके। प्रत्यक्ष परीक्षा इसी तत्वको सिद्ध करती है। यदि रुई पाई जायगी तो रुईके वृक्षसे मिलेगी। रुईका वृक्ष रुईके बीजके संबंध और पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु आदि भिन्न २ जड परमाणुओंके संबंधसे फलता है। पुद्गल द्रव्यके संघात व परिवर्तनसे ही रुईका जन्म है। जो पूरे व गल सके अर्थात् जो मिले व बिछुड़ सके उस द्रव्यको पुद्गल कहते हैं।

स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, गुणधारी मूर्तीक (Material) परमाणुओंमें ही मिलने व बिछुड़नेकी शक्ति है। अर्थात् बन्धरूप होकर एक कार्यरूप बन जानेकी व परमाणुओंके बिखरनेसे कार्यके बिगड़ जानेकी शक्ति है। अमूर्तिक immaterial पदार्थ दूसरे अमूर्तिक पदार्थसे न तो बंधरूप मिल सकता है और न अमूर्तिक पदार्थके कभी खंड २ भिन्न २ हो सक्ते हैं। मूर्तिक पदार्थहीमें यह शक्ति है, इसी कारण रूईके वृक्षका कलेवर परमाणुओंके संघट्टसे बना है। क्योंकि हरएक द्रव्यमें परिणमन शक्ति है, अवस्थासे अवस्थांतर होनेकी शक्ति है। इसीलिये परमाणुओंका संघट्ट बीजके अनुसार रूईके वृक्षरूप परिणमन कर गया अर्थात् रूईकी अवस्थामें हो गया। रूई मात्र पुद्गल सत्रूप द्रव्यकी एक परिवर्तित दशा है; अर्थात् रूई पुद्गल द्रव्यसे बनी है। रूईसे तागे, तागोंसे कपड़ा, कपड़ेसे कुरता बनता है। यह सब अवस्थाका बदलना है। यदि कोई कुरतेका अर्थात् कुरतेके भीतर जिन पुद्गलके परमाणुओंका संघात है उनका सर्वथा नाश करना चाहे तो असम्भव है। कुरतेको जलानेसे राखकी अवस्था बन जायगी, राख मिट्टी व हवामें मिल जायगी।

जगतमें जितने परमाणु हैं उतने ही सदा रहते हैं। एक नया कहींसे नहीं आता। पुराना कहीं नहीं जाता। एक भारी महल लकड़ी पत्थर धूल चूना लोहा आदिके संयोगसे बन

जाता है। वही सब गिर पड़ता है लकड़ी पत्थर आदि सब अलग २ टूट पडता है। जगतमें यह बात साफ२ प्रगट है (It is self-evident) कि द्रव्य सतरूप होकर भी परिवर्तनशील है। यदि परमाणुओंमें परिणमनेकी या अवस्थान्तर होनेकी शक्ति न होती तो उनसे कोई वस्तुका निर्माण न होता और न कोई वस्तुका बिगाड़ होता। द्रव्यमें परिणमन शक्ति है तब ही गेहूंसे आटा, आटेसे रोटी बनती है। रोटीसे रुधिर रुधिरसे वीर्य बनता है। वीर्यसे इंद्रियोंकी पुष्टि होती है। द्रव्यमें परिणमनशक्ति है तब ही दो वायु मिलकर पानी होजाता है। पानी जमकर बर्फ बन जाता है। पानी मोती होजाता है। द्रव्यमें परिणमनशक्ति है तब ही एक उपवनमें पुद्गलके परमाणुओंके बने नाना रूप मनोहर पत्ते, चित्ताकर्षक पुष्प व सुहावने फल दिखते हैं।

ये दो बातें प्रत्यक्ष प्रगट हैं कि द्रव्य सत है तथापि परिणमनशील है। इसीलिये द्रव्य सत होनेकी अपेक्षा नित्य है, परिणमन होनेकी अपेक्षा अनित्य है। हरद्रव्य इसी कारणसे नित्य व अनित्य स्वरूप है। जगत या विश्व अनेक प्रकार जड़ चेतन द्रव्योंका एक समुदाय मात्र है। जगत् कोई एक भिन्न पदार्थ नहीं है, इसी कारणसे यह जगत भी नित्य और अनित्य उभय स्वरूप है अर्थात् सदासे है व सदा रहेगा तथापि परिवर्तनशील है। इस प्रत्यक्ष प्रगट सिद्धांतको जिनवाणी बताती है।

विक्रमसंवत ८१ में प्रसिद्ध श्री उमास्वामी महाराज तत्वार्थसूत्रमें कहते हैं—

सत् द्रव्यलक्षणम् ॥ २९ । ५ ॥
उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥३०।५॥
तद् भावाव्ययं नित्यं ॥ ३१ । ५ ॥
अर्पितानर्पितासिद्धेः ॥ ३२।५ ॥

इन सूत्रोंका यही भाव है कि जो सत हो सदा ही रहे वह द्रव्य है। सत् वही है जिसमें एक ही समयमें एक साथ तीन शक्तियें पाई जावें—जन्म, नाश और स्थिरपना। इसीसे यह झलकाया है कि द्रव्य अपने मूलमें स्थिर या ध्रुव रहता है परन्तु उसमें सूक्ष्म परिणमन समय समय हुआ करता है। नवीन अवस्थाकी उत्पत्ति जन्म है तब ही पुरानी अवस्थाका नाश व्यय है तब ही मूल द्रव्यका रहना ध्रौव्य है।

जैसे गेहूंको जब पीसा तब गेहूंकी अवस्थाका नाश हुआ, आटेकी अवस्थाका जन्म हुआ। तथापि दोनों अवस्थाओंमें जो पुद्गलके परमाणु थे वे स्थिर है। इसीसे द्रव्य नित्य व अनित्य स्वरूप है। अपने स्वभावका व्यय या नाश होना नित्यपना है, अवस्था बदलना यह अनित्यपना है।

जब द्रव्य नित्य व अनित्य दोनों स्वभावोंको एक ही काल रखता है तब इसको समझानेका क्या उपाय है वह स्वामीने सूत्र ३२।५में कह दिया है कि जब नित्यको समझाना हो तब अनित्यको गौण करो, नित्यको मुख्य या अर्पित करो। जब अनित्यको समझाना हो तब नित्यको गौण व अनित्यको मुख्य करो। इसी सूत्रमें स्याद्वादका सिद्धांत गर्भित है हम कहेंगे स्यात् द्रव्यं नित्यं द्रव्य किसी अपेक्षासे नित्य है व स्यात् द्रव्यं अनित्यं-द्रव्य किसी अपेक्षासे अनित्य है। सर्वथा नित्य भी नहीं। सर्वथा

अनित्य भी नहीं। इन दोनों स्वभावोंका एक साथ होना द्रव्यमें सिद्ध है तथापि वचनोंमें शक्ति नहीं है जो एक साथ कह सके इसीलिये स्यात् द्रव्यं अवक्तव्यं किसी अपेक्षासे द्रव्य कथन योग्य नहीं है। इन ही तीन भंगके सात भंग बन जाते हैं। इसीको सप्तभंगी कहते हैं। जो समझते हैं कि जैनोंने स्याद्वादको दूसरोंके खण्डनके वास्ते तैयार किया है उनकी समझ ठीक नहीं है। पदार्थके भिन्न २ प्रकारके भावोंके समझानेका उपाय ही स्याद्वाद है। हम कहते हैं आत्मा है यह अनात्मा नहीं है। इसीसे यह सिद्ध है कि आत्मामें आत्माका तो अस्तित्व है या सद्भाव है परन्तु अनात्माका नास्तित्व या अभाव है तब सिद्ध है कि आत्मामें एक ही समयमें स्यात् अस्तित्व व स्यात् नास्तित्व है व एक समयमें न कह सकनेकी अपेक्षा स्यात् अवक्तव्य है।

इस सत्य वस्तुके स्वरूपको जिन आगम ही बताता है व स्पष्ट समझाता है इसीसे ही जैन-धर्ममें श्रेष्ठत्व है। ऊपरके सत्य तत्त्वको मान लेनेसे सत् पदार्थरूप विश्वके बनानेवालेकी व बिगाड़नेवालेकी आवश्यक्ता नहीं रहती। इसी तत्त्वसे यह बात खंडन हो जाती है कि कोई ईश्वर जगतको बनाता है व जगतको बिगाड़ता है। सत्का जब जन्म नहीं सत्का विनाश नहीं तब कर्ता व हर्ताकी जरूरत नहीं—यही जैन सिद्धान्त मानता है व कहता है।

अवस्थाका परिवर्तन पदार्थोंमें अपने स्वभावसे होता है। निमित्तकारण अनेक बाहरी पदार्थ होजाते हैं। जैसे पानी अग्निके सम्बन्धसे भाफ बन जाता है, मेघ उष्णताके सम्बन्धसे बरसने लग जाते हैं, भूकम्प होना, तूफान आना यह सब प्राकृतिक कार्य एक दूसरेके निमित्तसे हो जाया करते हैं। बहुतसे विश्वके कार्योंका निमित्तकर्ता रागद्वेष सहित इच्छावान संसारी आत्मा है। खेती करना, कपड़ा बनाना, मकान बनाना, बर्तन बनाना आदि काम मनुष्यकृत है।

निर्विकार, कृतकृत्य, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, वीतराग, आनन्दमय, अमूर्तीक, अशरीर, इच्छा व राग या द्वेषसे रहित ऐसा परमात्मा या ईश्वर इस विश्वके किसी पदार्थका न तो उपादानकर्ता है न निमित्तकर्ता है। इसी सत्यको जिन आगम झलकाता है। यह आत्मा अपने भावोंसे पाप व पुण्य कर्मका बन्धन अपने सूक्ष्म शरीरमें करता है वे ही कर्म पककर फल दिखलाते हैं तब दुःख या सुख होजाता है। जैसे स्थूल शरीरमें भोजन पानी हवा हम स्वयं लेते हैं व वे स्वयं पककर वीर्य रूप बनते हैं उस वीर्यका फल हम स्वयं भोगते हैं, वैसे सूक्ष्म शरीरमें होता है। ईश्वर इस प्रपंचमें भी नहीं पड़ता है कि किसीको पापका फल दुःख देवे व पुण्यका फल सुख देवें। उसके संकल्प विकल्प करनेवाला न तो मन है न आज्ञा देनेवाला वचन है न काम करनेवाला शरीर है—वह तो स्फटिक रत्नमई शुद्ध निर्दोष सदा आनन्दमई परम सतुष्ट, जगतके विकारोंसे रहित परमात्मा है।

जिन वचन सर्वज्ञ वीतराग कथित है ऐसा श्री समंतभद्राचार्य स्वयम्भूस्तोत्रमें कहते हैं—

स्थितिजननिरोधलक्षणं चरमचरं च जगत् प्रतिक्षणम्।
इति जिनसकलज्ञलाञ्छनं वचनमिदं वदतां वरस्य ते॥

भावार्थ—हे जिन ! आप वक्ताओंमें श्रेष्ठ हैं व आप सर्वज्ञ हैं इसका चिन्ह यही है कि जैसा यह जीव अजीवरूप विश्व उत्पाद व्यय ध्रौव्य स्वरूप है, हरसमय पाया जाता है वैसा ही आपने कथन किया है। विज्ञान कहता है कि शब्द मूर्तिक है, जैन सिद्धांत भी कहता है शब्द पुद्गलकी पर्याय है। विज्ञान कहता है कि उद्योत मूर्तिक है, जैन सिद्धांत भी कहता है कि उद्योत पुद्गलकी पर्याय है। विज्ञान कहता है कि वृक्ष अल्प जंतुओंके समान हवा लेते, जीते मरते व क्रोधादि कषाय करते है, जैन सिद्धांत भी उनको सजीव कहता है।

वस्तुका स्वरूप सत है-परिणमन शील है—अनेक स्वभाववाला है जिसकी सिद्धि स्याद्वादसे ही हो सकती है। यह सत्य है इसीको प्रति-पादन करनेवाला जिन आगम है। यही जिन-धर्मके श्रेष्ठत्वका एक नमूना है। दूसरा नमूना यह है कि आत्मिक राज्य व आत्म स्वातंत्र्य व मोक्ष किसीको किसीके द्वारा भोगनेसे या प्रार्थनासे या भक्तिसे नहीं मिलता है। जो आत्मा स्वयं पुरुषार्थ करता है वह अपने साध-कतम पुरुषार्थके बलसे अपने बंधनोंको आप ही काटकर स्वयं मुक्त या स्वतंत्र होजाता है। यह स्वतंत्रता या independence का पाठ जिन आगम बताता है। आत्मस्वतंत्रताका लाभ कैसे होता है इसके लिये दसवीं शताब्दीमें प्रसिद्ध स्वामी अमृतचन्द्र महाराज कहते हैं—

विपरीताभिनिवेशं निरस्य सम्यक् व्यवस्य निजतत्त्वम्।
यत्तस्मादविचलनं स एव पुरुषार्थसिद्ध्युपायोऽयम् ॥१५॥

अर्थात्—विपरीत अभिप्रायको दूर करके कि यह आत्मा स्वभावसे रागी द्वेषी है, अज्ञानी है, नर, पशु, देव, नारकी है या इंद्रियसुख सच्चा सुख है तथा अपने आत्माके स्वरूपका पक्का निश्चय करके कि यह आत्मा स्वभावसे परमा-त्माके समान सर्व पूर्ण ज्ञान दर्शन सुख चारि-त्रादि गुणोंसे पूर्ण है तथा यह सत् द्रव्य है। यह अवश्य परतंत्रसे स्वतंत्र होसक्ता है, अशुद्धसे शुद्ध होसक्ता है तथा सच्चा सुख आत्मीक है। फिर अपने ही आत्माके निश्चित स्वभावसे चला-यमान न होकर आत्माके सच्चे स्वभावका ध्यान करना यही मोक्ष पुरुषार्थकी सिद्धिका उपाय है।

वास्तवमें जैन धर्म बताता है कि आत्मानुभव या आत्मध्यान ही कर्मके बेकड़ी काटता है और आत्माको शुद्ध करता है। इसके लिये पूर्ण मार्ग साधुका चारित्र है, जहां निरंतर आत्म-ध्यान व आत्ममननका ही कार्य है। अपूर्ण मार्ग गृहस्थका चारित्र है जहां अर्थ व काम पुरुषार्थका साधन करते हुये धर्म पुरुषार्थका साधन है व शनै २ अर्थ व कामको घटाते हुए धर्म पुरुषार्थमें उन्नति करते जाता है। गृहस्थके लिये आत्मध्यान करनेके उपाय चार हैं—ध्यानमई वीतराग परमात्माकी मूर्ति द्वारा दर्शन पूजन करके अपने ही आत्मीक गुणोंकी तरफ अपना मन रोकना, (२) ध्यानी वैरागी साधुओंकी संगतिसे ध्यान सीखना, (३) ध्या-नको बतानेवाले जैन शास्त्रोंका अध्ययन करना, (४) प्रातःकाल और सध्याकाल कुछ देरतक आत्मध्यानका अभ्यास करना।

तीसरा महत्वका तत्व जैन सिद्धांतमें अहिंसा है। राग द्वेष छोड़कर समता रखना भाव अहिंसा है। वृक्षादि जंतु आदि, पशु आदि

मानव आदि सर्व प्राणी मात्रकी रक्षा करना द्रव्य अहिंसा है। इस अहिंसाका पूर्ण पालन आरंभ परिग्रहके त्याग किये विना नहीं हो सक्ता इसलिये जैन साधु वीरप्रभुकी तरह वस्त्रादि सर्व परिग्रह छोड़कर बालकवत् नग्न दिगम्बर व निर्विकार होकर जीवदया पालते हुए वर्तते हैं। वस्त्र धोने धुलानेका आरंभी हिंसासे भी बचते हैं।

एक श्रावकके लिये जितना हिंसाका त्याग संभव है उतना बचाते हैं। गृहस्थ जन संकल्पी हिंसाको अवश्य त्यागते हैं, जो हिंसा हिंसाके अभिप्रायसे की जाती है जैसे—धर्मके नामसे पशु-बध करना, शिकार खेलना, मांसके लिये हिंसा करना आदि। आरंभी हिंसा जो खेती वाणिज्य, शिल्प काम व न्याय पूर्वक जीव व देशकी रक्षाके अभिप्रायसे की जाती है, उसको गृहस्थी सर्वथा छोड़ नहीं सक्ता किन्तु यथाशक्ति कम करता है व धीरे २ छोड़ता हुआ मुनि पद धारनेकी योग्यता प्राप्त कर लेता है। ये दोनों ही तत्त्व जैन धर्मको जैनोंका बनानेको बस हैं। यदि शास्त्र व साहित्य इस जैन धर्मपर चलें तो अन्याययुक्त सर्व व्यवहार बंद होजावे। राजा व प्रजा सर्व गृहस्थोंको जैनधर्मका उपदेश है कि मांस, मदिरा, मधु न खाओ—संकल्पी हिंसा न करो, झूठ न बोलो, चोरी न करो, परस्त्री न सेवो, संतोष रक्खो यह यथार्थमें राष्ट्रीय धर्म होनेकी योग्यता रखता है। इस धर्मसे पशुतक पार होजाते हैं। पतितसे पतित भी धर्मकी शरणमें आकर पवित्र होजाता है। इसलिये श्री समन्तभद्राचार्यका यह श्लोक प्रमाणमें बस है—

> सम्यग्दर्शनसम्पन्नमपि मातङ्गदेहजम्।
> देवादेवं विदुर्भस्मगूढाङ्गारान्तरौजसम् ॥ २८ ॥

भावार्थ—यदि चंडालकी देहमें पैदा हुआ भी जीव जैनधर्मकी श्रद्धा करलें तो उसे गणधरादि देव देव समान कहते हैं। वह उस अग्निके फुलिंगके समान है जिसपर राख पड़ी है। बड़े २ पापी मानव, मांसभक्षीतक मानव जैनधर्मी होकर शुभ गतिमें पहुचे हैं। किसी समय ५०० कुत्तोंको रखकर शिकार खेलनेवाला राजा श्रेणिक जैनी होकर महावीरस्वामीके समवशरणमें सर्व जैन गृहस्थोंसे ऊंचा माना गया है—इस धर्मको हरएक धारण कर सक्ता है।

वर्णाश्रम व्यवस्था, विवाह केनियम, समुद्रयात्रा, विदेश गमन ये सब लौकिक बातें हैं, लौकिक हरएक पद्धति उतने ही अशमें जैनियोंको मान्य हो सकती है जिससे सम्यक्त व व्रतमें बाधा न होवे।

> सर्वमेव जैनाना प्रमाणं लौकिको विधि।
> यत्र सम्यक्तहानिर्न यत्र न व्रतदूषण ॥

वर्णव्यवस्था धर्मका अंग नहीं है—मात्र लौकिक अवस्था है।

इस जैनधर्मका, उपदेश द्वारा व साहित्य द्वारा जगतमें प्रचार करना चाहिये। यही सच्चा मानवीय धर्म होसक्ता है। जैन व अजैन बंधु मेरे लेखकी सत्यताकी परीक्षाके लिये जैन ग्रन्थोंको पढ़ें। प्राकृत, संस्कृत व हिन्दीके ग्रन्थ तो दि० जैन पुस्तकालय—सूरतसे मिलेंगे। इंग्रेजीके व इंग्रेजी उल्था किये हुए ग्रन्थ पं० अजितप्रसादजी वकील, अजिताश्रम, लखनऊसे व बाबू राजेन्द्रकुमार जैन, जैन पब्लिशिंग हाउस-बिजनौर (यू० पी०)से मिलेंगे तथा छोटे २ ट्रेक्ट हिन्दी, उर्दू व इंग्रेजी जैनमित्र मंडल, धर्मपुरा, देहलीसे व आत्मानद जैन सभा, अंबाला शहरसे मिलेंगे।

कविता-कुञ्ज ।

(श्री० पं० गुणभद्रजी जैन-कलोल)

प्रतीक्षा ।

किसीके भुलाये भरमाये न भुलाऊं तुझे, खोलके कपाट चित्तमें सदा बिठाऊँ मैं ।
भक्ति-वारिधिमें ही निरन्तर लगाऊँ गोते, एकवार वीतराग मूर्ति देख पाऊं मैं ॥
गाऊँ गुणगान बिसराऊँ अन्य काम सब, कोटि बार शीश पद पद्ममें नवाऊँ मैं ।
आके लोचनोंमें बस जाओ वेग दीनबन्धु ! केवल प्रतीक्षामें ही समय बिताऊँ मैं ॥

मेरी पूजा ।

दाता दिव्य वस्तुओंके आप ही कहाते सदा, इससे समस्त वस्तु आपकी ही पाऊँ मैं ।
चाहिये न आपको कदापि स्वर्गीय वस्तु, धृष्टता विवश यदि कोई वस्तु लाऊँ मैं ॥
तो भी नाथ ! चित्तमें विचार एक आता यही, छोड़ी जब सम्पदा उसे ही क्या चढ़ाऊँ मैं ।
लिये थाल कबका खड़ा हूं आप सन्मुख, चित्तमें विचार आता पीछे अब जाऊँ मैं ॥

सरस्वती ।

नन्दिनी जिनेन्द्रकी निकन्दिनी है पाप पुंज, हंसिनी समान करे नीर क्षीर न्यारा तू ।
मेटती है चित्तकी अनादि भ्रान्ति प्राणियोंकी, सतत पिलाती जिन वच रस धारा तू ॥
जान्हवी समान पावनी है सुखदायिनी है, देती है निराश्रितोंको मंगल सहारा तू ।
घोर दुख वारसे उबार तो सवेग अब, कुछ तो विचार कर मनमें हमारा तू ॥

दिव्य-लोक ।

ठौर ठौर चमक चमेलीकी बहार जहाँ, स्वर्ग रमणीक सब भोगोंका निवास है ।
महा सुखदायी ऋतुराज है वसन्त जहाँ, उस दिव्य-लोकमें न शीत-उष्ण त्रास है ॥
रोग शोक भीति नहीं, प्रीति भग क्लेश नहीं, होता अलमयमें जहाँ देवोंका न ह्रास है ।
दिव्यलोक क्या है मानों सर्व सम्पदाका धाम, दृग सुखदायी महारत्नोंका प्रकाश है ॥
देव ललनाओंके विलोक मुखमण्डलको, शशि सरसिज सब आप शरमाते हैं ।
दीर्घ-दृग देखके जिन्होंके भागते हैं मृग, केशोंको विलोक साप बांबीसे न आते हैं ॥
जिनके उरोज हैं सरोजके समान भव्य, कंचन कलश सम सुन्दर सुहाते हैं ।
मृदु सवक्तिमें भरी है चारुता ही जहाँ, जिसको विलोक दृग दोनों फूल जाते हैं ॥

जैन विद्वानोंसे।

(ले०-पं० नाथूलाल जैन, न्यायतीर्थ-इन्दौर)

एक नहीं अनेक लेख जैनधर्मके प्रचारविषयक पत्रोंमें हरसमय प्रगट होते रहते हैं। किन्तु जैन विद्वान् उनपर कभी ध्यान नहीं देते। हम लोग इसी चिंतामें मग्न रहते हैं कि इन जैन समाजके विद्वानोंको किस तरह समझाया जाय कि वे अपनी विद्वत्ता प्राकृतिक, सार्वभौमिक आलमगीर धर्मके विषयमें प्रगट करें जिसे संसारके लोग एकटक दृष्टिसे जानना चाहते हैं।

जब हम किसी क्रिश्चियन और हिन्दू सज्जनसे बात करते हैं और धर्मका प्रकरण आता है उसी-समय बातें करनेवाले सज्जनकी जैनधर्म विषयक जिज्ञासाको किसी ग्रन्थके द्वारा पूरा करनेमें असमर्थ होकर दुःखी होते रहते हैं और अपने अनुपमरत्न कतिपय विद्वानोंका नाम लेकर उन्हें कोसा करते हैं। आजतक ऐसी कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई जिसे जैनेतर विद्वान व साधारण लोग पढ़कर जैन सिद्धांतका मर्म जान सकें। हम उन्हें सर्वार्थसिद्धि, श्री राजवार्तिक अथवा प्रमेयकमलमार्तंड तो दे नहीं सके जिनसे सरलतया वे सभी सिद्धानोंसे परिचित होसकें। आजतक इस उपर्युक्त कमीको किसी विद्वान्ने पूरा करनेका संकल्प नहीं किया और यह भारी कमी जब पूर्ण होजायगी तब जैन जाति व इतर जाति उन विद्वानकी चिरकृतज्ञ रहेगी यह निःसंदेह जानना चाहिये।

विश्वमें बढ़ी हुई अशांतिको दूर करनेके लिए जिस परम धर्मकी आवश्यकता संसारको है वह परमपावन जैनधर्म भूतकालमें जैसा संसारका प्यारा धर्म था आगे भी वही मान्य होगा और विना उसके संसारका दुख दूर नहीं होसकता, इसमें कोई संदेह नहीं। विश्वधर्मके प्रचारकी नींव उन विद्यार्थियोंपर है जो अपनी विद्यार्थी अवस्थामें शिक्षण और आचरणमें परिपक्व रहे हैं और रहेंगे तथा जिन्होंने अपने जीवनका ध्येय एक मात्र "जैनधर्म प्रचार" बना लिया है। विना उपर्युक्त नियमके "जैनधर्मका संदेश" संसारके सामने उपस्थित कर सकना स्वप्न सदृश होगा।

अमेरिकाके कतिपय विद्यार्थी ऐसे ही हैं जो भारतवर्ष, चीन और योरोपमें भेजे जाते हैं उनका यही उपर्युक्त उद्देश रहता है। डॉक्टर स्टेन्ले जोन्स (Dr. Stanley Jhones) जो भारतवर्षमें धर्मप्रचार करनेके लिये भेजे गये हैं; वे अमेरिकाकी प्रचार सोसायटीके व्याख्यानमें प्रथम श्रेणिमें आये थे इसलिये वे भारतवर्षके लिये निश्चित हुये, जिनकी मनोमोहिनी ओज-स्विनी भाषामें वक्तृता हमने सुनी है, उसे देखकर कौन ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जो सहसा उनकी भाषण-शैलीपर मुग्ध नहीं हुआ हो। इसी-प्रकार जबतक जैन समाज ऐसे आदर्श प्रचारक पैदा नहीं करेगी तबतक जैनियोंके विद्यालयोंमें विद्याध्ययन कराकर खर्चा बढ़ानेसे कोई लाभ नहीं होगा। आजकल जो पठयक्रम चालू है उससे केवल परीक्षा पासकर नौकरी तलाश करना ही विद्यार्थियोंका ध्येय रह गया है, क्योंकि विना इसके उनको और कुछ सूझता

नहीं। तब बतलाइये कैसे वे आदर्श विद्यार्थी बनेंगे? जैसा मैं लिख रहा हूं ऐसे ही अनेक लेख पत्रोंमें प्रकाशित हो चुके हैं किंतु हमारी समाजके विद्वान् किसी श्रीमान् सेठ साहूकारको नहीं समझाते, जिससे वे एक ऐसा आदर्शछात्राश्रम व विद्यालय खोलें जिसमें चुनेहुए उपर्युक्त ध्येयवाले तीव्रबुद्धि और नियमबद्ध छात्र रहें।

उन्हें यही शिक्षा दी जावे कि अपने धर्मके तत्वको किस तरह समझाना, कैसा व्यवहार रखना और कैसी विद्वत्ता प्राप्त करना आदि। तथा उस स्थानपर तीन चार दिग्गज विद्वान रहने चाहिये जो इतिहास, व्याख्यान, धर्म और विज्ञानके अच्छे ज्ञाता हों। जबतक यह उपर्युक्त कमी दूर नहीं होगी तबतक अनेक विद्यालयोंसे कोई समाजको लाभ नहीं होगा। हमारा मतलब यह नहीं है कि कोई अधिक व्यय लगाकर नवीन संस्था निर्मापित की जाय, किंतु समाजके इंदौर, बनारस, सहारनपुर आदि मुख्य विद्यालयोंमें जहां एकसा पठनक्रम है, किसी एक विद्यालयको उपर्युक्त ध्येय बनाना चाहिये और फिर यह परवाह नहीं करनी चाहिये कि अमुक विद्यार्थी जो मन्दबुद्धि हो और जिसके द्वारा अन्य विद्यार्थियोंमें संक्रामक रोग होनेकी संभावना हो रखना चाहिये क्योंकि वह दीनहीन दशाका है।

चाहे १५ की संख्यामें विद्यार्थी रहे किंतु ऐसे रहें जो भविष्यमें १५ ही स्थानोंको सम्हालकर जैनधर्मका प्रचार कर सकें। इस तरह १५ प्रांतोंमें प्रचार होनेसे कितना लाभ होगा, यह विद्वान स्वयं विचार लेवें। यदि हमारी इस छोटीसी प्रार्थनाको जैन विद्वानोंने सुना और उसका प्रयत्न किया तो उससे जैनसमाज और देशका भला होगा। अन्यथा जाति और देशका बिना धार्मिक जीवनके भयंकर पतन होना अवश्यम्भावी है। कुछ नवयुवकोंको इसी ओर अपना तन और मन अर्पण कर देना चाहिये कि हम आजीवन जैनधर्मका विश्वव्यापी प्रचार करेंगे तभी यह कार्य सफल होगा। आशा है हमारी सोई हुई समाज अब भी इस नूतन युगमें अपनी चिरनिद्राको दूरकर आगे बढ़नेके लिये प्रयत्नशील होगी। अन्यथा हम नवजवान मिलकर उस भयंकर क्रांतिके मार्गका अनुसरण करेंगे जो सेठों और पंडिताईका दम भरनेवालोंको संभवतः रुचिकर न हो।

प्राचीन क्षेत्र ऊनगांवके श्री शांतिनाथजीके मन्दिरकी दालानका दृश्य।

प्राचीन क्षेत्र देवगढ़ मंदिर नं० ५ सहस्रकूट चैत्यालय।
[इसकी भीतपर सं० ११२० माघ सुदी ८ मंगलवारका लेख है]

आप एक अच्छे होनहार दिगम्बर
जैन वैद्य व ज्योतिषी हैं।

आयुर्वेदके यथार्थ उपदेश।

[लेखक:-वैद्यभूषण वैद्यशास्त्री आयुर्वेदाचार्य पं० अभयचन्द्रजी जैन काव्यतीर्थ-हरदा।]

आयुः कामयमानेन धर्मार्थसुखसाधनम्।
आयुर्वेदोपदेशेषु विधेयः परमादरः ॥ अष्टांगहृदय ॥

जीवित मनुष्य ही सैकडों कल्याणोंको देखता है। संसारमें धर्म, अर्थ, काम, (सुख) ये तीन प्रधान पुरुषार्थ हैं। इनका साधन आयु है। प्रतिक्षण नाशशील आयुकी किस तरहसे रक्षा, वा पोषण करना चाहिये यह आयुर्वेद वा आयुर्वेदके समकक्ष शास्त्रोंसे ज्ञान होता है। अतः प्रत्येक दीर्घजीवनकी कामना करनेवाले मनुष्यको उचित है कि आयुर्वेदके उपदेशों—ग्रंथोंका अध्ययन वा विचार करता रहे।

आरोग्य सर्वस्वदाता और रोग हर्ता है।

धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्।
रोगास्तस्यापहर्तारः श्रेयसो जीवितस्य च ॥चरकसंहिता॥
॥ अ० १७ श्लोक १५ ॥

आरोग्य (तन्दुरुस्ती) धर्म, अर्थ, काम, मोक्षकी उत्तम जड़—मूल कारण है। जैसे कोई वृक्ष विना उत्तम जड़के हराभरा नहीं रह सकता, उसी तरहसे यह जीवन तक भी विना आरोग्यके धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूपी अपनी शाखा—प्रशाखाओंमें फैलकर सफल नहीं हो सकता।

रोग—जीवनका नाश करता है, और साथ२में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष और समस्त कल्याणोंका भी नाश करता है।

आयुर्वेदसे आयुके समस्त अंगोंका प्रकाश।

हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितम्।
मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते ॥
चरक० अ० १ श्लोक ४०।

जिसमें हित-आयु, अहित-आयु, सुखायु, दुःखायु, आयुके हितकर पदार्थ, आयुके अहितकर पदार्थ, आयुका प्रमाण और आयुका स्वरूप अच्छी तरहसे कहा गया हो वह आयुर्वेद है।

मूर्ख वैद्योंकी औषधि नहीं खाना चाहिये।

कुर्यान्निपातितो मूर्ध्नि सशेषं वासवाशनिः।
सशेषमातुरं कुर्यान्न त्वज्ञमतमौषधम् ॥
च० अ० १ श्लो० १२६।

मस्तक जैसे मर्मस्थानपर लगी हुई वज्रकी चोट भी कदाचित् प्राणोंका नाश नहीं कर सकती, परन्तु मूर्ख वैद्यके द्वारा दी हुई अन्ट-सन्ट औषधि अवश्य ही रोगीके प्राणोंका नाश कर देती है। किसी उर्दू कविने क्या ही अच्छा कहा है—"नीम हकीम खतरे जान"।

स्वास्थ्यरक्षाके नियमोंका पालन करे।

नगरी नगरस्येव रथस्येव रथी यथा।
स्वशरीरस्य मेधावी कृत्येष्ववहितो भवेत् ॥
च० अ० ६ श्लो० १००।

जिस प्रकार राजा अपने नगरकी रक्षामें तत्पर रहता है, विशेष करके भीतरी शत्रुओंसे रक्षा करता है। और जिस प्रकार रथी (रथका संचालक) बाहिरी गड्ढे, ऊंची, नीची जगह आदिमें

गिरनेसे रथको बचाता है, उसी प्रकार बुद्धिमान मनुष्यको उचित है कि अपने शरीरको नीरोग रखनेवाले कार्योंके करनेमें सावधान रहे।

सब रोगोंका एक निदान।

रोगाः सर्वेऽपि जायन्ते वेगोदीरणधारणैः। अष्टांगहृदय।

नहीं आये हुए अधोवात, मूत्र, पुरीष (पाखानें) आदिके वेगोंको जबर्दस्ती निकालनेसे और आये हुए वेगोंको रोकनेसे सम्पूर्ण रोग पैदा होते हैं। इसलिये नहीं आये हुए वात मूत्रादि वेगोंको जबर्दस्ती नहीं निकालना चाहिये, तथा आये हुए वेगोंको रोकना नहीं चाहिये। मुख्य वेग १३ हैं।

१ अधोवातका वेग, २ मूत्रका वेग, ३ पुरीषका वेग, ४ छींकका वेग, ५ प्यासका वेग, ६ भूखका वेग, ७ निद्राका वेग, ८ खांसीका वेग, ९ श्रमश्वास (मिहनत करनेसे श्वासका बार२ चलना) का वेग, १० जँभाईका वेग, ११ आंसुका वेग, १२ वमनका वेग और १३ शुक्रका वेग।

धारण करने योग्य वेग।

इमांस्तु धारयेद्वेगान् हितार्थी प्रेत्य चेह च।
साहसानामशस्तानां मनोवाक्कायकर्मणाम् ॥ २६ ॥

लोभशोकभयक्रोधमानवेगान् विधारयेत्।
नैर्लज्जेर्ष्यातिरागाणामभिध्यायाश्च बुद्धिमान् ॥ २७ ॥

परुषस्यातिमात्रस्य सूचकस्यानृतस्य च।
वाक्यस्याकालयुक्तस्य धारयेद्वेगमुत्थितम् ॥ २८ ॥

देहप्रवृत्तिर्या काचिद्विद्यते परपीडया।
स्त्रीभोगस्तेयहिंसाद्या तस्या वेगान् विधारयेत् ॥२९॥

॥ चरकसंहिता ॥

जो मनुष्य इस लोक और परलोकमें हितको चाहता है उसको उचित है कि वह देश, काल, धर्म आदिके विरुद्ध अशुभ मानसिक वाचनिक और कायिक क्रियाओंके करनेके साहसोंके वेगोंके लोभ, शोक, भय, क्रोध, मान, निर्लज्जता, ईर्षा, अत्यासक्ति, परधनको लेनेकी इच्छाके वेगोंको रोके। कठोर, बहुत, परस्परमें कलह पैदा करनेवाला, झूठा, बे मौकेका, ऐसे वाक्यके वेगको रोके। जिस शरीरकी चेष्टासे दूसरेसे पीड़ा होवे ऐसी व्यभिचार, चोरी, हिंसा आदि चेष्टाओंके वेगोंको रोके।

नीरोग मनुष्यकी पहिचान।

समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः।
प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते ॥

सुश्रुत संहिता।

जिसके वात, पित्त, कफ, दोष सम हों, रस, रक्त आदि धातुएँ सम हों, मल सम हों तथा क्रियायें भी सम हों। जिसकी इन्द्रियां मन और आत्मा प्रसन्न हो वह स्वस्थ—नीरोग है।

स्वास्थ्य हमेशा ठीक कैसे रह सकता है ?

दिनचर्यां निशाचर्यां ऋतुचर्यां यथोदिताम्।
आचरन् पुरुषः स्वस्थः सदा तिष्ठति नान्यथा ॥

भावप्रकाश।

आयुर्वेद शास्त्रमें कही हुई अनुभूत, दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्याका जो पुरुष अच्छी तरहसे पालन करता है, वह हमेशा नीरोग रहता है। जो पालन नहीं करता है वह रोगी रहता है।

सोकर किस समय उठना चाहिये ?

ब्राह्मे मुहूर्ते उत्तिष्ठेत् स्वस्थो रक्षार्थमायुषः। अष्टांगहृदय।

प्रत्येक स्वस्थ मनुष्यको आयुकी रक्षाके लिये ब्राह्म मुहूर्तमें जागृत होना चाहिये।

ब्राह्ममुहूर्त किस समयको कहते हैं ?

रात्रेश्चतुर्दशो मुहूर्तो ब्राह्मो मुहूर्तो विषुवति समरात्रिदिवेकाले द्विघटिकालक्षणः। अष्टांगहृदय टीका।

एक रात्रिमें १५ मुहूर्त होते हैं। रात्रिके चौदहवें मुहूर्तका नाम ब्राह्ममुहूर्त है। एक मुहूर्त ४८ मिनिटका होता है इसलिये सूर्योदयसे २ मुहूर्त (१ घंटा ३६ मिनिट) पहिले उठना चाहिये। ब्रह्म शब्दका अर्थ 'ब्रह्मज्ञानं तदर्थमध्ययनाद्यपि ब्रह्म तस्य योग्यो मुहूर्तो ब्राह्मः' ब्रह्मज्ञानको कहते हैं, ज्ञानोत्पत्तिमें सहायक अध्ययन (पढ़ना) आदि भी है। इसलिये ज्ञान संपादनके योग्य जो मुहूर्त हो उसको ब्राह्ममुहूर्त कहते हैं।

ब्राह्ममुहूर्तमें उठनेसे अनेक प्रत्यक्ष वा परोक्ष लाभ हैं। जैसे किसी जलाशयका जल दिनभर पानीके भरते रहनेसे मैला रहता है और रात्रि-भर जल भरने आदिकी क्रिया नहीं होनेसे प्रातःकाल उस जलमें विशेष प्रकारकी शुद्धि और शीतलता आदि गुण आजाते है, उसी तरहसे मनुष्योंके शरीर, मन और आत्मा अनेक प्रकारके शारीरिक और मानसिक परिश्रमोंसे कलुषित होजाते हैं। जिससे कि उनमें उतना किसी कार्यके करनेमें उत्साह तथा निर्मलता नहीं होती है परन्तु जब रात्रिमें निद्रासे पूर्ण विश्राम लेलेते हैं तब वे अपने प्राकृतिक रूपमें आकर अपने२ विषयोंको अच्छी तरहसे ग्रहण करने लगते हैं। संसारमें ज्ञानसे बढ़कर और क्या वस्तु है, जिसको अवश्य प्राप्त करना चाहिये। इसीलिये आचार्योंने ज्ञानको प्राप्त करनेके लिये ही सर्व प्रथम आज्ञा दी है। ज्ञान प्रत्येक पदार्थको प्रकाशित करनेके लिये प्रदीप है। ज्ञान ही पुण्य है, क्योंकि आत्मा, परमात्माकी प्राप्ति भी ज्ञानसे ही होती है। इसीलिये आचार्योंने यहांतक ब्राह्ममुहूर्तमें जागनेको महत्त्व दिया है और सोनेकी निन्दा की है कि–

ब्राह्मे मुहूर्ते या निद्रा सा पुण्यक्षयकारिणी।

ब्राह्म मुहूर्तमें नहीं जागनेसे–सोते रहनेसे पुण्यका नाश होता है।

प्रातःकालमें ही मलमूत्रका त्याग करो।

आयुष्यमुषसि प्रोक्तं मलादीनां विसर्जनम्।
तदन्त्रकूजनाध्मानोदरगौरवकारणम्॥ भावप्रकाश॥

प्रातःकालमें मलमूत्र आदिका त्याग करना चाहिये। वह आयुको हितकर तथा अंतड़ियोंमें गुड़गुड़ ऐसा शब्द (गुड़गुड़ाहट), पेटका फूलना, भारीपन आदिको दूर करता है।

प्रातःकालमें ही मलमूत्रका त्याग करना चाहिये, इस शीर्षकसे कोई महाशय ऐसा अर्थ न लगा लें कि नहीं आये हुए वेगको भी जबर्दस्ती निकालना चाहिये। नहीं, जबर्दस्ती वेगको निकालनेके लिये तो पहिले हीसे निषेध कर आये हैं, परन्तु रात्रिभर विश्राम करनेके बाद स्वयं ही मनुष्य हीको क्या प्रत्येक प्राणीको मल मूत्र आदि त्याग करनेकी प्राकृतिक इच्छा होती है। इस प्राकृतिक प्रेरणाके रहनेपर भी कई एक आलसी मनुष्य उन वेगोंको दबाये बैठे रहते हैं। उनका ऐसा करना अनेक स्वास्थ्य विघातक रोगोंको आमन्त्रण देना है। किसी किसीको प्रातःकालमें मलमूत्र त्याग करनेकी आदत नहीं होती है। उनको जहांतक बन सके प्रातःकालकी ही आदत डालनी चाहिये। अक्सर मल त्यागनेमें ही ऐसी गड़बड़ी देखी जाती है। उसके लिये कुछ समय तक साधारण नियमोंका पालन करना चाहिये। वे नियम निम्नलिखित हैं:–

अच्छी तरहसे चर्वण करके भोजनको निगलना चाहिये।

भोजनमें प्रतिदिन हरी शाकोंका अवश्य उपयोग करना चाहिये।

From the above analysis it follows clearly that all those Persons who have already attained to *nirvana* must have adopted the 'unshaped' garb to do so. Hence if any one will persist in telling me that Bhagwan Parasva Nath retained clothes and became an *arhant* he must not mind if he is told in reply that he is no consistent thinker. As a matter of fact it is easier to preach salvation for the robed in our day than the doctrine of nudity, but philosophy dare not play with i. e., disregard the truth. No amount of historical speculation can ever disprove a scientific fact. The best advice I can give to my friends of the Digambara Faith who think that the "Gotama-Kesi" discourse smacks of history is that they should try to understand the simple fact that Jaina Dharma is *Bastu—swarupa* (scientific) which no *forgeries* may disfigure or falsify

(By—Mr Herbert Warren Jain, London S.W.)

In last year's special number of your magazine I introduced the subject of Major C. H. Douglas's discovery and proposals regarding the present fact of poverty in the midst of the production of plenty of the necessaries of life, food, clothing, shelter, and amusements. The existing poverty is due to a shortage of the necessary money with which to buy the the goods which can be and are produced in abundance and to spare, and is not due to any shortage of these things themselves The goods are there, but they cannot be bought because the money in sufficient quantity to buy them, does not exist actually anywhere.

One of the three jewels is right belief Now, if there is no necessary shortage of money, and we believe that there necessarily is a shortage of money, then our belief will not be right. Is there any necessary shortage of money? It would seem that there is not. it seems that money can be produced in any quantity required.

That there is a shortage of money is a fact of observation and does not need to be proved. But the fact that money can be produced in any quantity required is perhaps not quite so obvious

Money does not exist by nature, it is man made. It is not made by each member of the community, but, like clothing, for instance, is made by some one or more sections of the community. A cotton manufacturer makes cotton goods, he does not manufacture the money he gets by selling the goods. That is done by the government and by the bankers. The government manufactures the coins, and the Bank of England (in England) manufactures paper notes and grants loans. Other banks also grant loans, and these loans are new money as will be seen "Practically all money is actually created by the banks ... There is now no argument possible about this, nor is it, in fact, denied by bankers themselves" This is quoted from a report of Major C. H Douglas's address delivered at the City Hall, Newcastle-on-Tyne, October 7th, 1932 The report appears in The New Age for November 3rd, 1932, a weekly review of politics, literature and art

Nowadays money is made chiefly of paper, and there is no shortage of paper. There are two kinds of paper of which money is made, namely, good paper in the form of banknotes, and cheap paper in the form of cheques, cheques are accepted in payment of debt and are therefore money

The bulk of this cheque money comes into existence as bank loans, and goes out of existence when loans are paid off.

When a bank grants a loan, four compensating entries are made in its books, leaving the cash account even and the books balanced; thus the bank's capital and its customers' cash deposits are untouched, so that the loan is absolutely new money, coming into existence when the borrower draws his cheque, and going out of existence when the borrower pays off the loan

The four entries are (1) a credit in the borrower's current account, (2) a debit in the cash account, (3) a credit in the cash account, (4) a debit in the bank's loan account in which the borrower is debited.

The borrower can now draw a cheque and with it buy goods; the cheque is new

money which did not exist before he drew the cheque. The receiver of the cheque pays it into the banking system and is credited with the amount, while the borrower's account is debited. The bank's cash account is again both debited and credited. No cash has passed in the form of coins or notes. When a loan is granted the borrower is in a position to draw a cheque though he has not deposited any money with the bank, and as has already been seen depositors' money is left to their credit untouched.

Thus it is obvious that money can, by means of bankcredits be produced in any quantity required. (Incidentally if the public at any stage of the transactions require coins or banknotes, then of course the central bank gets them made in sufficient quantity, but this is not the point). The point is that money can be made in any quantity required and that there is therefore no necessary shortage of money.

The question now arises, what is that quantity? What is the quantity required? It is no use producing more money than is required, for then it becomes valueless like the German Marks did at the end of the war.

When consumable goods are produced an equivalent of money should be produced and distributed to purchasers. The goods could then be bought, the borrowed money be recovered by the seller, and the bank loan be paid off. The right amount of money would thus come into and go out of existence as and when the goods came into and went out of existence or were in the hands of consumers.

As there is nowadays no difficulty in producing in abundance the necessaries of life, so that there can be enough and to spare for everybody, there should be no difficulty in devising some method of producing and issuing to consumers the necessary amount of money with which to obtain the goods thus produced, seeing that money can be made in any quantity required.

Paraphrasing from a pamphlet on the subject, every human being is a consumer, he must consume in order to live; he cannot get consumable things without money; therefore, as the goods are there, the money to buy them with should be in his pocket; the problem is how to get it there; and a solution to the problem is given by Major Douglas in his recent book The Monopoly of credit, 3s/6d, Chapman & Hall Limited. London. 1931, a solution which would make the poor rich without making the rich poor.

H. Warren.

The Lord Mahaveer.

(By —Devendra Tanaya, Khot.)

World was under the darkest shade.
There was not a ray of Light !
All the souls were deadly afraid—
Of the time of painful Night !

× × ×

There arose the brilliant Sun !
In the palace at Kundalpur,
King Siddhartha's beloved Son !
So He was The Lord Mahavir !

× × ×

Night expired, and woes ran'way,
Gods of Heaven came to praise,
He was th'only Hope of the Day,
So The Heavens sang the Praise !

Practical Jainizm.

[*By. M. H. Udani Jain M. A. LL B Advocate,—Rajkot.*]

At one time it was believed that Jainism was an offshoot of Budhism. But it is now established beyond any doubt by scholars like Prof. Hermann Jacobi and authorities of Sutras' that Jainism is a very ancient religion. The principles of Jainism are so perfect that if any one were to study and adopt them, he will not only have perfect health and happiness in the present life, but he would gain permanent Bliss

The life of the Tirthankars show how they annihilated the Karmas of several lives and how by a nobler and higher life, austerity and self-denial, they could realize the power of the soul and made the soul free from the Karmas and could attain Moksha. The lives of the Tirthankars show the practical ways by which one can attain Moksha, the final goal of life I would specially request every person interested in Jainism, to read the life of Lord Mahavir, where one can find Jainism in practice and how perfection can be attained In the life of Mahavir, we find living instances of universal Love towards all beings, extreme patience and perseverence, the conquest of his soul over passions and hatred, complete self-denial, pursuit for truth by extreme sufferings, complete mastery over all desires and the final realization of true knowledge and then Moksha.

Ruling Princes of high eminence were amongst his best followers and at a glance of the history of Jainism, it is apparent that it was then the religion of the Ruling races. The lives of other 23 Tirthankars also show the eminence of Jainism and how it made men perfect in everything.

Being an universal faith, which every person can follow, there is no distinction of caste in Jainism Its motto being "Love everyone and Hate none", one can follow its principles without any caste or class distinction and it preaches universal brotherhood There is no distinction of touchables and untouchables amongst the Jains. Any person can go to a Jain Sadhu and can become a Jain and follow Jainism When it is preached by Jainism that we must have love and compassion towards all animals, we cannot have any hatred towards any human being

There is no religion which has analized so accutely the doctrine of Ahinsa as Jainism It preaches Ahinsa by thoughts, words and action in every way towards any Being and the doctrine is explained so minutely in the Sutras that it is worth while to record the same and follow it It preaches the excellent principle of "Doing unto others as you would be done by", not to injure even the feelings of any person, to keep humanity towards all and not to injure even the lowest beings There is life in trees, animals and all sorts of beings, wherever there is life, there is soul, smaller or bigger and we cannot injure the feelings of any life. If the principle of Ahinsa will be properly understood and followed, one will become free from sins, will have no enemies in life and all the disputes and discontent will come to an end. Jainism preaches perfection in life and if perfection can be obtained, there is complete peace of mind and bliss in everything. Then one will feel life as a real bliss on earth.

The Life of a Jain Shdhu is an ideal one.

It is a life of austerity, self-denial and a life of penance and expiation of all sins and we hardly find such a nobler life in any other religions Their life is not a life for their pleasures at all, but a life for simple living, high thinking and dovoted to do good to others The five Vratas of the Sadhus lay down the rituals of an ideal life

The Shrawaks (Jains) are ordained to have twelve Vratas and if any one can observe these Vratas, his life is bound to be highly moral and spiritual and he would be extremely happy throughout his life. I would request every person interesred in Jainism to go through the twelve Vratas prescribed by Jainism for the Shrawaks and to examine the fine threads of every principle, the highest principles of non-killing and morality are prescribed in them and they make a Jain a perfect gentleman in life, who can inspire respect from all

The logic and philosophy of the Jains is too deep and the Sutras have gone thoroughly into all aspects of life The theory of soul is so well explained in it and the relations of soul and body, and how the Karmas are installed and expiated, how life after life, the same Karmas make the soul, to wander, birth and re-birth in human life, Tiryanch, Narki and Deva according as one yields to passions and it is explained how a soul can finally attain to Moksh if he can conquer the desires and expiate all sins. In Jainism we find real Vairagya and how transcient are all the phases of life The philosophy is no difficult to understand and follow, but it is a very interesting subject and many of the well—known scholars have found much to learn from the Jain philosophy.

Gnyan ज्ञान (knowledge), Darshan दर्शन (faith) and Charitra चारित्र (character) are considered as the three necessary ingredients for attaining to the goal of life and on each of these ingredients there are numerous precepts and when we go through these Tatvas (truths) we find real knowledge of truth and highest principles of life, which bring perfection in life in its real aspect

Jainism preaches contentment in every phase of life. It preaches the ways of conquering desires and passions and it shows the means of attaining to perfect peace of mind in every stage of life.

The Jain Sutras are in volumes and in abundance. Some of them are now translated into Hindi, Gujarati and English also, but I still feel that there is practically no propaganda work done by the Jains and hence Jainism has not been brought into light in the civilized countries of the world.

It is at first very necessary that there should be one small book like the Bhagvat Gita, containing a collection of the best principles of Jainism, in English, so that any person interested in Jainism can read and master the principles of Jainism and then it is very likely that many Western scholars might come out to take interest in this ancient religion and would make useful collections from the Sutras

The Missionaries of Christianity have made such a great propaganda work throughout the world and have established so many schools, colleges, hospitals all round and have done so much progress in their Mission work and done much for humanity, there is no reason why the Jains should not take up such propaganda work and make Jain schools, a Central Jain College etc where the principles of Jainism may be taught to the students along with their other subjects and why Jain scholars should not be sent to foreign countries to show the light of this noble faith. I believe, there is a brightest future for Jains and Jainism if they can work unitedly for the good of Humanity.

A Plea for Jain Law.

[By:—Ramnik V. Shah B sc. Bombay]

On the 7th of December 1931, the Jain Students of Poona held a Common Conference and passed certain important resolutions One of them was regarding the introduction of Jain law first into Lagislatures and then into the Indian Courts of law. The resolution there was moved by one D. S. Parwaj M A., LL, B and seconded, if I forget not, most probably by Prof T. K. Tukol M. A., LL. B The speeches made in favour were Somewhat important and exhaustive. There was no opposition and the resolution was unanimously carried

Another time some years before the Conference of the Swetambers alone was held at Junnar and there too, the resolution to the same effect was passed

Now because there is no member of the Indian lagislatures who is a Jain and again if there is any, there is no one who is keen about the pt—the question of Jain law is not at all raised The Jains who are willing to spend money in other matters are not at all fully aware of the hardships and defriments to their honour they suffer at the hands of law under which they are tried I would like to advance the plea of introduction of Jain law and answer the plea "Let the Jains be tried under the existing law as they can be commonly called Hindus"

The Jains want themselves to be called Hindus if by Hindus the meaning is a Community The Jains do not want themselves to be called Hindus if by Hindus is meant an independant Singular religion. There is no religion as 'Hinduism'-'Hinduism' So for as it affects the religion is a misnomer. Hinduism is true so for as it affects the only communal aspect of it Hindus even according to the definition of Hindu Mahasabha can be Jains, Sikhas, Banias, and a host of followers of other branch religions I would pray not to compound religion with a community Hindus is a mass—some following this, some following that Law is based on scriptures If it is framed according to the scriptures (however great majority it may be)—I do not see what earthly reason there is in framing it taking in view the scriptures of only one portion of the Hindus. Why no protection to say, why no honour to the scriptures of other religions ?

My opinion therefore is-let the law be based upon the common social conditions and not upon a particular sectional scriptures. If it based on the latter, there is a clear possibility of doing injustice to the thousand of followers who believe in other religions. It would be much better if the basis of scriptures completely removed but if it cannot be removed, if the orthodox element is so strong, let there be perfect justice and not partial.

All India Jain Graduates Association.

[By —*M B Mahajan B. A, LL. B., Akola* (*Berar*)]

Having consulted many of my friends all over India I am making bold to place before the Jain public the present proposal and I am confident that all business—minded young friends will take the matter quite seriously apart from our differences and factions amongst several sections as Digambaris, Shwetambaris and Sthankwasis, apart from our differences as Pandits and Baboos, there is no gainsaying the fact that all of us are quite unanimous on the point that we owe to the Community and the Country a duty by which the Jain Culture and Jain philosophy Jain History and Jain Literature are to be presented to the world The Culture that had been subjected to several vicissitudes is now decaying in our hands and the danger is very terrible and efforts are necessary immediately It would not be denied that those who have received eductaion and training in the possibly best institutions of our Countly owe to the Community a sacred duty in this respect

But accepting all this, it is always very difficult to meet and awaken all of us. All our young people who have received eductiion in the modern institution are anxious to do their humble bit· but there are no opportunities for cooperation Not only this but the best amongst us are not known amongst us and they do not get the necessary encouragement and opportunity and thus a great deal of our enrgy is being wasted. It is therefore necessary that there should be an institution which is after the educated. They are the people who can agree amongst them very readily and let us call that institution The All India Graduates Association. This institution will enroll all as its members if they have passed the Matriculation or any entrance examination The members will also be made from those who have received special education provided they know English. Thus all the eductated people who have passed matriculation or the equivalent examination will be brought under the banner of this institution The institution will recruit members from all sections apart from their abbeing Digambari, Shwetambari and Sthankwasi. Their line of work will be nonsectarian and at the same time every member will have to do his humble bit in his own way.

The first important work is to make a list of all such graduates I have been supplied a list from the Deccan and I have been collecting the names from C. P and Berar But this is not one man's work and if my graduate friends particularly of all scetions kindly cooperate in the matter much useful work can be done. For this, it is necessary to establish district and provincial institutions and first to fix the Secretaries province by province. *The Delhi Mitra Mandal* is the best institution which can take up th's work. Having thus received the names of the provincial secretaries which should be three—one from; Digambari, one from Shwetambri and one from Sthanakwasi, we shall get all

possible information about our eductated people.

With this material we can do a lot The District Secretaries if necessary can be appointed and then we shall relentlessly pursue the indolent graduates who are unjustly charged to be too *selfish and self sufficient* or *who are too dull headed* to find out any suitable work for them The letter to bo addressed to all these yeople may be as follows —

Dear Brother,

We are proud to count on you as one of the most distinguished member of the Educated Jain Community educted at a great cost and sacrifice to you and to those for whom you feel concerned We are confident that you have in you the keen and active desire of serving the Community in your spare hours and making all of us feel proud of the name of the Jain Community particularly in its comepetition with other communities. You will kindly therefore state your full name the birth date the university career and the years and the degrees and distinctions and any of the subjects in which you are willing to work now For your suggestion the list of such subjects is specified overleaf

Yours Sincerely

Secy

Subjects —

Jain Literature, Ancient history, Philosophy. Psychology, Economic and History as it relates to Jains. Jain Economic elevation, Insurance, Trade, Export and Import Trade Foreign Reserach, Industiles, Service Securing, Unemployment solution, Education, etc

It may be said that it is not necessary to start a new institution There is all India Jain Association. In fact there is nothing in the name. But this work if it is taken up by any institution is welcome. For example if this is taken scriously by the Jain Gazette of Madras it will also increase the circulation of the paper and will also a very useful work. I may again say that the official organ of the institution should be the Jain Gazette as it is an All India cocern and it will also put some life to it

To sum up, this is very urgent We are on only thirteen lakhs. The majority is amongst the states The political future of Community is very dull Its prestige in the Country is sure to be dimmed if it does not assert itself in the Country by its being unquestionable useful The Jains are a nation of leaders. The Jains have been always at the forefront and then there was no anxiety about leadership But for this it is necessary that our educated community who have spent thousands of their parents should realize that they owe a duty not to their family only but to the Community and they must establish the reputation that the Jain youth when an earning unit outside the ednational Institutions is a struggling patriot rather that a *self sufficient hardhearted Samuel Budget* who cares more for the purse than for himself and the Community to which he belongs.

As this has been sufficiently lengthy article, I could not write more by way of its explanation but I fervently request my young friends that for the subsequent work they will write to me so that I may also know and try to work according to their suggestions. After reading this, the reader is requested kindly to drop a card of assent or dissent with his legible postal address of the present writer I also reguest the vernaculer papers to write for or against this suggestion. Again the Shwetambari papers will knidly do well to introduce this idea amongst their readers and thus to help us all.

श्री० धर्मरत्न पं० दीपचन्द्रजी वर्णी–चौरासी ।

आपने अनेक जैन ग्रन्थोंका सम्पादन किया है। आप अपना समय धर्मध्यान व समाजसेवामें ही व्यतीत करते हैं व ऋषभ ब्रह्मचर्याश्रम चौरासी (मथुरा) के अधिष्ठाता हैं।

आप एक उत्तम लेखक व कवि हैं। दानविचार, चर्चासागर आदि धर्मविरोधी ग्रन्थोंका विरोध कर आपकी लेखनीने [illegible] जैन समाजमें अच्छा उपकार किया है।

श्री० पं० परमेष्ठीदासजी जैन न्यायतीर्थ–सूरत ।

भगवान महावीरका समय।

(लेखक:-पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्री, न्यायतीर्थ, धर्माध्यापक, स्या० वि०-काशी)

उपरोक्त शीर्षकका एक ट्रैक्ट "चैतन्य" प्रेस बिजनौरसे प्राप्त हुआ था। जैन समाजके प्रसिद्ध इतिहासज्ञ बा० कामताप्रसादजी उसके लेखक हैं, और उस प्रेसके मालिक बा० शांतिचंद्रजी, प्रकाशक।

इसमें कुछ ऐतिहासिक घटना तथा प्रमाणोंके आधारपर प्रचलित वीर निर्वाण सम्वत्में १८ वर्षकी भूल बतलाई गई है अर्थात् इस समय वीर नि० सं० २४९८के स्थानमें २४७६ प्रचारमें आना चाहिये।

प्रकाशक महोदयके निवेदनसे मालूम हुआ कि उनके पिता स्व० बा० विहारीलालजी चैतन्यका भी यही मत था और उन्होंने इसके समर्थनमें जैन समाचार पत्रोंमें कुछ लेख भी प्रकाशित कराये थे[1]। अपने पिताके प्रारम्भ किये कार्यको पूर्ण करनेके लिए आपने स्वखर्चसे इस ट्रैक्टको प्रकाशित करके विद्वानोंकी सम्मति जाननेके लिए विना मूल्य वितरित किया है। आपकी अभिलाषा है कि यदि विद्वान लोग लेखकके उक्त मतसे सहमत हो तो दीपावलीसे प्रचलित सम्वतमें १९[2] वर्षका सुधारकर दिया जावे! प्रकाशककी इस इच्छाने ही मुझे उक्त ट्रैक्टपर विचार करनेके लिए प्रेरित किया है।

वीर भगवानका समय निर्धारित करनेमें उनके समकालीन महापुरुष तथा जैन शास्त्रोंमें उपवर्णित राज्यकाल गणनाका अनुशीलन करना अनिवार्य समझा जाता है। इस निबन्धमें भी क्रमशः दोनोंके आधारपर प्रचलित तथा संशोधित वीर निर्वाण सं०की जाच की जायगी।

समकालीन व्यक्ति।

भगवान महावीरका समय बहुत दिनोंसे विवादग्रस्त बना हुआ है। अनेक एतद्देशी तथा विदेशी विद्वानोंके ऊहापोह करनेपर भी आजतक कोई निर्णय न होसका। महात्मा बुद्धके समयमें भी विद्वानोंके भिन्न २ मत हैं। किन्तु भगवान महावीर तथा महात्मा बुद्ध दोनों समकालीन थे इसमें किसीको भी आपत्ति नहीं है। कुछ विद्वानोंका मत है कि वीरनिर्वाणके बाद बुद्धका निर्वाण हुआ। कुछ विद्वानोंका मत है कि बुद्ध निर्वाणके बाद वीर प्रभुका निर्वाण हुआ। भगवान महावीरकी आयु लगभग ७२ वर्ष थी और बुद्धकी ८० वर्ष।

वर्तमानमें उपलब्ध अनेक बौद्ध आगमोंमें निग्गठ नाटपुत्तके नामसे भगवान् महावीरका उल्लेख यद्यपि साम्प्रदायिकताके रंगमें रंगे हुए हैं फिर भी किसी अंशमें अपना ऐतिहासिक महत्त्व रखते हैं यह निस्संदेह है।

सिंहल आदि बौद्ध देशोंमें बुद्धका निर्वाण सं० प्रचलित है जो वर्तमानमें २४७६ है और जिसके अनुसार ईस्वी सन्से ५४३ वर्ष पूर्व बुद्धका निर्वाण होना कहा जाता है। जैन समाजमें वीर निर्वाण संवत्के प्रचलित रहते हुए भी उसमें विद्वानोंका

---

[1] खेद है मुझे उन लेखोंके देखनेका सौभाग्य प्राप्त न होसका। —लेखक

[2] इस एक वर्षकी भूलको आगे देखिये।

जितना मतभेद है, उसमें भी अधिक विवाद और मतभेद बुद्धके निर्वाण सम्वत्में मौजूद है। गत-वर्ष ही बौद्धभिक्षु त्रिपिटकाचार्य पं० राहुलजी सांकृत्यापनने त्रिपिटक ग्रंथोंके आधारपर बुद्धकी जीवनचर्या तथा उपदेशोंको क्रमबद्ध करके "बुद्ध-चर्या" नामक एक बृहत् ग्रंथ लिखा है। आपने भी प्रचलित बुद्ध निर्वाण सम्वत्को ठीक न मानकर उसमें ६० वर्षकी कमीकर दी है। त्रिपिटकमें वर्णित घटनाओंके कालक्रमके विषयमें राहुलजी लिखते हैं कि कालक्रममें कहीं२ मुझे भी संदेह है, तथापि आशा है कि दूसरे संस्करणतक कुछ बातें और साफ होजायगी। सभीके लिये तो उसीवक्त आशा छूट गई जब कि पिटकको कंठस्थ करने-वाले, कालपरम्पराको लिपिबद्ध न करके ही इस लोकसे चले गए।

त्रिपिटकको अप्रमाणीक सिद्ध करना इस लेखका उद्देश्य नहीं है किन्तु बा० कामताप्रसादजी प्रचलित बुद्ध निर्वाण सम्वत् तथा त्रिपिटकोंके उल्लेखोंको सर्वथा प्रमाणीक मानकर प्रचलित वीर नि० संव-त्में १९ वर्ष बढ़ा देनेकी सम्मति देते हैं। अतः एक विद्वान बौद्ध भिक्षुकी दृष्टिमें बौद्ध ग्रन्थोंमें वर्णित कालपरम्परामें कितना ऐतिहासिक तथ्य है, यह बतला देना अनुचित न होगा।

मज्झिमनिकायके उपालिसुत्तमें लिखा है कि निगंठ नातपुत्त निगंठोंकी बड़ी परिषदके साथ नालंदामें विहार करते थे। उन्होंने अपने श्रावक गृहपति उपालिको बुद्धके साथ वाद करनेके लिये भेजा। गृहपति उपालि बुद्धके उपदेशसे बौद्ध श्रावक होगया। निगंठ नातपुत्त उपालिके न लौट-नेसे चिंतित हुए। और समाचार जाननेके लिए उपालिके घर गए। वहां उपालिके मुखसे बुद्धकी प्रशंसा सुनी और बुद्धके सत्कारको न सहन कर, वहीं मुँहसे गर्म लोहू फेंक दिया!

इसके बाद "सामगाम सुत्त" में निगन्ठ नातपुत्तका पावामें मरण, और उनके मरनेपर निगन्ठ साधुओंमें कलह-युद्ध होनेका विवरण है। यह घटना बुद्धके देहत्यागसे दो वर्ष पूर्व घटी थी, अतः प्रचलित मतके अनुसार बौद्ध सम्प्रदायमें जब बुद्धका निर्वाण ५४३ ई० पूर्वमें माना जाता है तब उसमें दो वर्ष बढ़ाकर ५४५ ई० पूर्वमें वीर प्रभुका निर्वाण मानना चाहिये, ऐसा लेखक महोदयका अभिप्राय है।

हम ऊपर लिख आये हैं कि प्रचलित बुद्ध सम्वतमें बहुत विवाद है। प्रतिवर्ष इतिहासज्ञोंके द्वारा उस विवादकी मात्रा बढती ही जाती है। गत जून और जुलाईके माडर्नरिव्यूमें श्री धीरेंद्रनाथ मुखोपाध्यायका "कृत गुप्त शक और दूसरे संवत्" शीर्षक एक महत्वपूर्ण लेख प्रकाशित हुआ है। उससे अबतक की हुई खोजपर पानी पड़जाता है। लेखकका मत है कि प्रचलित बुद्ध संवत् बुद्धका निर्वाण यानी बुद्धत्वप्राप्तिका संवत् है। परिनिर्वाण या मृत्यु संवत् नहीं है। उनके मतसे बुद्ध संवत्के ४५ वर्षतक बुद्ध जीवित रहे थे। इसके अलावा प्रच-लित बुद्ध संवत्को जब दूसरे ऐतिहासिक ई० सन्से ५४३ वर्ष ८ मास पूर्व गिनते हैं तब आपने उसमें एक वर्ष बढ़ा दिया है, इस तरह ५४४ वर्ष ८ मास पूर्व मानकर भी आप कहते हैं-कि ज्योतिषकी गणनाके आधारपर उसमें १ वर्ष और भी बढ़ा देनेसे तिथि वार तथा नक्षत्रका मिलान ठीक बैठ जाता है अतः बुद्धका निर्वाण सम्वत् ई० सन्से ५४५ वर्ष ८ मास पूर्व (५४६ ई० पू०) मानना चाहिए। आप लिखते हैं-

"Now according to Buddhist tradition in April A. D. 1931 the Buddha year 2476 will be completed. Therefore according to this tradition Buddha's Nirvana occurred in 2476-1931, or 545 B. C. On astronomical

calculation, from the previous year (546 B. C.) as the date of Buddha's Nirvana all other details are found to be exactly true Hence it is clear that 545 B. C. was year 1 of Buddha's Nirvana. the year o was 546 B. C. Calculations from other dates assumed by historians do not satisfy all the details."

इन विवादोंके रहते हुए कोई भी बुद्धिमान बौद्ध मान्यताओंको अपनी गणनाका आधार नहीं बना सक्ता। तथा यदि बौद्ध ग्रंथोंके अनुसार ही भगवान महावीरका निर्वाणकाल माना जाए तो श्वेताम्बर दिगम्बर भेदको निर्वाणके बाद ही मानना पड़ेगा, क्योंकि "सामगाम सुत्त" में जैन साधुओंकी पारम्परिक कलहका दिग्दर्शन करते हुए लिखा है

[1]निगंठके श्रावक जो गृही श्वेत वस्त्रधारी थे वह भी नाथपुत्रीय निगंठोंमें निर्विण=विरक्त=प्रतिवाण रूप थे।" बौद्ध ग्रंथोंका उक्त उल्लेख श्वेताम्बर तथा दिगम्बर दोनों आम्नायोंके मन्तव्यसे बाधित है। क्योंकि दोनोंके ग्रंथोंमें वीर निर्वाणसे कई सौ वर्ष बाद संघ विच्छेदका उल्लेख पाया जाता है। तथा श्वेताम्बरोंके "भगवती सूत्र" में अजातशत्रुके राज्यकालमें भगवानका बहुत दिनोंतक विहार करना प्रमाणीत है, जो प्रचलित वीर सं० के अनुकूल पड़ता है।

संयुत्तनिकायके जटिलसुत्तमें लिखा है-एकबार बुद्धकी भेंट कोसलाधिपति प्रसेनजितसे हुई। बुद्धने अपने सर्वज्ञ होनेका दावा किया। तब प्रसेनजितने कहा-हे गौतम! वह जो श्रमण-ब्राह्मण संघके अधिपति, गणाधिपतिगणके आचार्य, ज्ञान यशस्वी तीर्थंकर बहुत जनों द्वारा साधु सम्मत हैं जैसे-पूर्णकाश्यप मक्खली, गोशालक, निगंठ नाटपुत्त, संजय बेलट्ठिपुत्त, प्रकुध कात्यायन अजित केशकम्बली, वह भी पूछनेपर यह दावा नहीं करते, फिर जन्मसे अल्पवयस्क और प्रव्रज्यामें नये आप गौतमके लिये तो क्या कहना है। इसके उत्तरमें गौतमने अपनी आयु आदिके बारेमें कोई विरोध नहीं किया। इससे तो यही साबित होता है कि भगवान वीरसे कुछ अल्पवयस्क थे।

श्रेणिक पुत्र अजातशत्रु (कुणिक)के राज्यारोहणके आठवें वर्षमें बुद्धका देहावसान हुआ। इसमें प्रायः सभी इतिहासज्ञ एकमत हैं। दीघनिकायमें अजातशत्रुसे भेंटके समय भगवान महावीरको अद्धगतो वया लिखा है, जिससे ज्ञात होता है कि भगवानने अजातशत्रुके राज्यमें बहुत दिनों तक विहार किया है। बौद्ध ग्रन्थोंका यह उल्लेख पूर्वोक्त संयुतनिकायसे विरुद्ध पड़ता है और प्रचलित वीर नि० सं०की अनुकूलता करता है। बौद्ध ग्रन्थोंमें वर्णित ऐतिहासिक घटनाओंकी पूर्वापर विरुद्धताका यह एक उदाहरण है।

बुद्धके देहत्यागसे करीब पांचसो वर्ष बाद ईसाकी प्रथम शताब्दीमें, तत्कालीन बौद्ध भिक्षुओंके स्मरणके आधारपर उपलब्ध त्रिपिटक ग्रन्थ लंकामें लिपिबद्ध किये गये थे। इसलिये उनमें वर्णित घटनाओंकी कालपरम्परा अंकित करनेमें गड़बड़ी होना बहुत कुछ सम्भव है। उस समयतक जैनधर्ममें संघ भेद होचुका था। मेरा अनुमान है कि बुद्धके निर्वाणसे पूर्व वीर भगवानका निर्वाण और उसी समय निर्ग्रंथ साधुओंमें कलहका वर्णन, बौद्ध ग्रन्थोंको लिपिबद्ध करते समय बौद्ध भिक्षुओंके भ्रमसे जोड़ दिया गया है। ऐसी अवस्थामें बुद्ध निर्वाणसे दो वर्ष पूर्व वीर निर्वाण मान लेना युक्तिसंगत नहीं कहा जा सक्ता। अस्तु।

बुद्धसे अलावा भगवान महावीरके समकालीन पुरुषोंमें श्रेणिक और उसके पुत्र अजातशत्रुका नाम भी उल्लेखनीय है। ऊपर बौद्ध उल्लेखके

---

१ देखो-बुद्धचर्या पृष्ठ ४८१

आधारपर भगवान महावीर तथा अजातशत्रुका समकालीनत्व प्रकट किया जा चुका है। वीर भगवानके जीवनकालमे ही राजा श्रेणिकका देहावसान होगया था।

बा० कामताप्रसादजीको किसी हिन्दी श्रेणिकचरितकी प्रतिमें कुछ दोहे प्राप्त हुए हैं। जिनसे प्रगट होता है-श्रेणिकको १२ वर्षकी उम्रमें देश निकाला हुआ, मार्गमें किसी बौद्ध मठके स्थविरके उपदेशसे बौद्ध धर्म अंगीकार किया। दो वर्ष तक नन्दश्रीके साथ दाम्पत्य जीवनका सुख भोगा। जिससे १४ वर्षकी उम्रमें उनके अभयकुमार पुत्र पैदा हुए। २२ वर्षकी अवस्थामें राजगृहीमें राज्याभिषेक हुआ। और श्रेणिकके २६ वें वर्षमें भगवान महावीरको केवलज्ञानकी प्राप्ति हुई।

उक्त कथानकमें वर्णित कुछ घटनाओंके साथ श्रेणिककी जो उम्र निबद्ध की गई है उससे लेखक भी सम्मत नहीं हैं। आप लिखते हैं-" यह बात तनिक जीको खटकनी है कि श्रेणिकको देशनिकाल १२ वर्षकी अवस्थामें हुआ हो।" श्रेणिककी २६वर्षकी वयमें वीर प्रभुको केवलज्ञान होनेके उल्लेखको प्रमाणिक मानकर आप आगे लिखते हैं-" संभव है कि किसी प्राचीन आधारसे भगवानके केवलज्ञानके समय श्रेणिककी उम्र २६ वर्षकी जानकर शेष तिथिया लेखकने अपने आप लिख दी हों!" हमें तो यह सब तिथिया लेखकके दिमागकी ही उपज माल्लम होती है, क्योंकि घटनाक्रमके साथ उनका मेल नहीं बैठता है। इसके निर्णयके लिए हमें श्रेणिक चरितमें वर्णित कथानकके घटनाक्रमकी जाच करना आवश्यक प्रतीत होता है।

श्रेणिक चरितमें लिखा है कि वैशालीके राजा चेटकके सात कन्याएं थीं। बड़ी कन्या प्रियकारिणी कुण्डनपुरके महाराज सिद्धार्थकी पत्नी हुई, उनके गर्भसे भगवान महावीरने जन्म लिया था। सबसे छोटी कन्या चेलनाके रूपपर आसक्त होकर महाराज श्रेणिकने राजा चेटकसे उसकी याचना की। किंतु चेटक इस प्रस्तावसे सहमत न हुआ। पिताको निराश और दुःखी देख राजगृहीके मंत्री श्रेणिक पुत्र अभयकुमार व्यापारीका वेष बनाकर वैशालीके राजमहलमें पहुचे। उस समय चेटककी तीन पुत्रियोंका पाणिग्रहण कुण्डनपुर, कौशाम्बी तथा कौशल देशके राजाओंके साथ हो चुका था। शेष चार कन्या अविवाहित थी। जिनमेंसे छोटी चेलना अभयकुमारके साथ चली आई और श्रेणिककी पटरानी हुई। चेलनीके संसर्गसे राजा श्रेणिकने जैनधर्म धारण किया। इन सब घटनाओंके बाद विपुलाचलपर भगवान महावीरका समवशरण आया। जिसमें श्रेणिक तथा चेलनी सपरिवार सम्मिलित हुए और अभयकुमारने जिन दीक्षा धारण की। राजा श्रेणिकके चेलनीके गर्भसे कुणिक (अजातशत्रु) पैदा हुआ। जिसने अपने पिता श्रेणिकको लोहेके पींजरेमे बन्द किया।

अब, यदि वीर प्रभुके केवलज्ञानके समय श्रेणिककी अवस्था २६ वर्ष मानी जाये तो भगवानसे श्रेणिक १६ वर्ष छोटे हुए। भगवानकी माता प्रियकारिणीकी अवस्था-यदि उनकी १८ वर्षकी अवस्थामें भगवानने जन्म लिया हो तो ६० वर्षकी हुई। और भगवानके नाना राजा चेटक कमसेकम ७५ वर्षके तो अवश्य ही होंगे, तब उस समय चेलनीकी क्या अवस्था होनी चाहिए?

यदि चेटककी १५ वर्षकी अवस्थामें प्रियकारिणीने जन्म लिया हो तो ७ कन्याओंकी उत्पत्ति (मय अपने भाइयोंके) अधिकसे अधिक ४० वर्षकी अवस्था तक होजानी चाहिए। हा यदि तीन कन्याओंका जन्म चेटककी युवावस्थामें तथा शेष ४ कन्याओंका वृद्धावस्थामें माना जाये तो किसी

तरह ठीक बैठाया जासक्ता था, किन्तु घटनाक्रमका संयोजन करनेमें फिर भी बाधा उपस्थित होती है। सुनिए—यदि श्रेणिकचरित्रमें उल्लिखित अभयकुमारकी उत्पत्तिके समय श्रेणिककी आयु १४ वर्ष न मानकर १६ वर्ष मानी जाए तो वीरप्रभुको केवलज्ञान प्राप्तिके समय अभयकुमार १० वर्षके हुए और ८ वर्ष बाद श्रेणिककी ३४ वर्षकी अवस्थामें १८ वर्षके अभयकुमार द्वारा हरण की हुई चेलनाके साथ श्रेणिकका विवाह हुआ। यदि विवाहके एकवर्ष बाद ही कुणिककी उत्पत्ति मानी जाय, तो श्रेणिककी ५० वर्षकी अवस्थामें (लेखकके मतानुसार इसी ऊम्रमें श्रेणिककी करुणाजनक मृत्यु हुई) कुणिक १५ वर्षका हुआ। इस किशोर वयमें प्रौढवय पिताको पींजरेमें कैद करना संगत नहीं बैठता, पाठक विचार करें।

घटनाक्रमको देखते हुए हमारा अनुमान है कि मृत्यु समय श्रेणिककी वृद्धावस्था और कुणिककी युवावस्था होनी चाहिये, जो घटनाक्रम और प्रचलित वीर नि० सवत् दोनोंके अनुकूल बैठती है अत: केवलज्ञानके समय श्रेणिककी २६ वर्षकी उम्र मानना असंगत है।

इसके अतिरिक्त, जैन कथानकोंमें—श्रेणिकने देशनिकालेके समय बाल्यकालमें किसी बौद्ध मठके स्थविरके उपदेशसे बौद्धधर्म धारण किया, ऐसा उल्लेख पाया जाता है। जब कि बौद्धोंके "संयुतनिकाय" के आदिय परियाय सुत्त" से प्रगट होता है कि बुद्धने अपने बुद्धत्व प्राप्तिके बाद प्रथम वर्षमें राजगृहीमें राजा श्रेणिकको अपना अनुगत श्रावक बनाया। अस्तु।

ऊपर की गई आलोचनासे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि समकालीन पुरुषोंके घटनाक्रमके अनुसार प्रचलित वीर नि० सं०में कोई बाधा उपस्थित नहीं होती।

अब जरा कालगणनाको भी देखिये—

कालगणना।

दिगम्बर तथा श्वेताम्बर, दोनों आम्नायोंमें प्रचलित वीर नि० सम्वत्, शक सम्वत्से ६०५ वर्ष ५ मास पूर्व तथा विक्रम सं० से ४७० वर्ष ५ मास पूर्व वीरका निर्वाण मानकर प्रचारमें आता है। अर्थात् वर्तमान शक सं० १८५४ में ६०५ तथा वि० सं० १९८९ में ४७० जोड़ देनेसे इस दीपावलीसे प्रारम्भ होनेवाला २४५९ वीर नि०सं० आजाता है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति, त्रिलोकसार, हरिवंशपुराण, तित्थोगाली पइन्नय आदि प्राचीन जैन ग्रन्थोंमें वीरनि० सं० ६०५ वर्ष ५ मास बाद शक राजाका समय बतलाया गया है। प्राचीन आचार्योंने अपने समयनिर्देशमें भी शक सम्वत्का ही प्रयोग किया है। प्राय: १० वीं शताब्दीके बादके आचार्योंसे विक्रम सं०का उल्लेख किया है। उनमें भी अनेक मान्यतायें हैं—कोई वीर निर्वाणसे ४७० वर्ष बाद विक्रमका जन्म मानते हैं, कोई राज्यारोहण और कोई २ आचार्य मरण मानते हैं। किन्हींका मत है कि विक्रमके राज्यारोहण कालसे विक्रम सं० प्रचारमें आया और कोई कहते हैं कि मरनेपर प्रारम्भ हुआ। विक्रम कौन था? इसमें भी विद्वानोंको विवाद है। किन्तु प्रचलित विक्रम तथा शक सं०में आजतक किसीने भी कोई आपत्ति उपस्थित नहीं की।

श्रवणबेलगोलाके एक दो शिलालेखोंमें उक्त तीनों सवतका एक साथ उल्लेख पाया जाता है किन्तु वह भी बहुत अधिक विवादग्रस्त है। आचार्य रविषेणने अपने पद्मचरितमें वीर सं० १२०३ का उल्लेख किया है किन्तु उसके साथ किसी अन्य सम्वतका उल्लेख न होनेसे, वह वर्तमान विवादमें विशेष सहायता नहीं पहुंचा सक्ता। अस्तु।

त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें लिखा है—

णिव्वाणे वीरजिणे छव्वाससदेसु पंचवरिसेसु।
पणमासेसु गदेसु संजादो सगणिओ अहवा॥
"अथवा वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ मास बीत जानेपर शक राजा हुआ"।

आचार्य जिनसेनने भी इसी मतका समर्थन किया है—

वर्षाणा षट्शतीं त्यक्त्वा पञ्चाग्रा मासपञ्चकम्।
मुक्तिं गते महावीरे शकराजस्ततोऽभवत्॥
"हरिवंशपुराण"।

त्रिलोकसारके कर्ता भी इसी मतके पोषक है।

पण छस्सय वस्सं पणमासजुदं गमिय वीरणीव्वुइदो।
सगराजो तो कक्की चदुणवतियमाहिय सगमासं॥

"तित्थोगालीपइन्नय" नामक श्वेतांबर ग्रन्थके कर्ताका भी यही मत है—

पंच य मासा पंच य वासा छच्चेव होंति वाससया।
परिणिव्वुअस्सऽरिहतो तो उप्पणो सगो राया॥

दिगंबर संप्रदायमें वीर निर्वाणसे १००० वर्ष-बाद शक सं० ३९४-५ में प्रथम कल्किके राज्य-कालका अन्त माना गया है। त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें वीर निर्वाणसे कल्किके राज्यान्त तक १००० वर्षमें होनेवाले प्रधान २ राजवंशोंका क्रमवार उल्लेख किया है जो बहुत महत्वपूर्ण हैं उसे हम नीचे उद्धृत करते हैं—

जं काले वीरजिणो णिस्सेयससंपयं समावण्णो।
तक्काले अभिसित्तो पालयणामो अवंति सुदो॥
पालकरज्जं सट्ठिं इगिसय पणवण्ण विजयवंस भवा।
चालं ? मुरुदय वंसा तीस वस्सा दु पुस्समित्तम्मि॥
वसुमित्त अग्गिमित्ता सट्ठि गंधव्वया विसयमेकं।
णरवाहणो य चालं ततो भच्छट्ठया जादा॥
भच्छट्ठणाण कालो दोण्णि सयाइ हवंति बादाला।
तत्तो गुत्ता ताणं रज्जे दोण्णियसयाणि इगतीसा॥
तत्तो कक्की जादो इंदसुदो तस्स चउमुहो णाम।
सत्तरि वरिसा आउ विगुणिय इगवीस रज्जतो॥

"जिस समय (दिन) भगवान महावीरका मोक्ष हुआ उसी समय अवन्ति (चण्डप्रद्योत) का पुत्र पालक (उज्जैनी) में अभिषिक्त हुआ। पालकके ६०, विजयवंश ? के राजाओंके १५५, मौर्यवंशके ४० पुष्पमित्रके ३०, वसुमित्र अग्निके ६०, गंधर्वराजाओंके १००, नरवाहनके ४०, भृत्यान्ध्र राजाओंके २४२, गुप्तोंके २३१ वर्ष बीतनेपर इन्द्रका पुत्र चतुर्मुख नामक कल्कि राजा हुआ। उसकी आयु ७० वर्षकी थी। जिसमें ४२ वर्षतक उसने राज्य किया।

संभवतः इन्हीं गाथाओंके आधारसे श्रीमज्जिन-सेनाचार्यने भी अपने हरिवंशपुराणमें उक्त राज-वंशोंका उल्लेख किया है। पाठकोंके जाननेके लिये हम उन्हें भी उद्धृत करते हैं—

वीर निर्वाणकाले च पालकोऽत्राभिषिच्यते।
लोकेऽवातिसुतो राजा प्रजाना प्रतिपालकः॥
षष्टिवर्षाणि तद्राज्यं ततो विजयभूभुजाम्।
शतं च पञ्चपञ्चाशद्वर्षाणि तदुदीरितम्॥
चत्वारिंशन्मुरुण्डानां ? भूमण्डलमखण्डितम्।
त्रिंशत्तु पुष्पमित्राणां षष्टिर्वस्वाग्निमित्रयोः॥
शत रासभराजाना नरवाहनमप्यतः।
चत्वारिंशत्ततो द्वाभ्यां चत्वारिंशच्छतद्वयम्॥
भट्टवाणस्य[1] तद्राज्य गुप्ताना च शतद्वयम्।
एकत्रिंशच्च वर्षाणि कालविद्भि रुदाहृतम्॥
द्विचत्वारिंशदेवात. कल्किराजस्य राजता।
ततोऽजितं जयो राजा स्यादिन्द्रपुरसंस्थितः॥

१—त्रिलोकप्रज्ञप्तिके "भच्छट्ठणाण" शब्दका अनुवाद हरिवंश पुराणमें 'भट्टवाणस्य' किया है। हमने श्रीयुत प्रेमीजीके मतानुसार भच्छट्ठणाणके स्थानमें "भच्चट्ठणाण" कर दिया है जिसका अनुवाद भृत्यान्ध्राणां किया जासका है। क्योंकि इतिहासमें—शुंगवंशके बाद होनेवाले कण्ववंशके राजाको आंध्र-वंशी राजाओंने मारकर उसका राज्य छीन लिया था—ऐसा उल्लेख मिलता है। देखो भारतवर्षका इतिहास।
—[प्रो॰ ईश्वरीप्रसाद]

इन श्लोकोंका भाव पूर्वोक्त गणनाके बिल्कुल अनुकूल है। हां, एक दो राजवंशोंके नाममें कुछ भेद होगया है जिसका खुलासा हम आगे करेंगे।

अब जरा श्वेतांबर आचार्योंकी गणनापद्धतिपर भी दृष्टि देना आवश्यक है। 'तित्थोगाली पइन्नय' नामक ग्रन्थमें वीरनिर्वाणसे शक कालतक ६०५ वर्षमें होनेवाले राजवंशोंकी कालगणना इस प्रकार की गई है—

जं रयणि सिद्धिगओ अरहा तित्थंकरो महावीरो।
तं रयणिमवंतीए अभिसित्तो पालओ राया॥
पालकरण्णो सट्ठि पुण पणसयं वियाणि णंदाणम्।
मुरियाणं सट्ठिसयं पणतीसा पुस्समित्ताणम्॥
बलमित्त भाणुमित्ता, सट्ठा चत्ताय होंति नहसेणे।
गद्द भसयमेगं पुण पडिवन्नो तो सगो राया॥

"जिस रातमें अर्हन महावीर तीर्थंकरका निर्वाण हुआ, उसी रात्रिमें अवंति-उज्जैनीमें पालकका राज्याभिषेक हुआ। पालकके ६०, नन्दवंशके १५०, मौर्योंके १६०, पुष्पमित्रके ३५, बलमित्र भानुमित्रके ६०, नभःसेनके ४०, और गर्दभिल्लके १०० वर्ष बीतनेपर शक राजा हुआ।"

"तीर्थोद्धार प्रकरण" नामक ग्रन्थमें वीर निर्वाणसे विक्रमादित्यके राज्यारम्भ तक ४७ वर्षमें होनेवाले राजवंशोंकी कालगणना भी प्रायः उक्त गणनाके अनुकूल है। यथा—

जं रयणि कालगओ अरिहा तित्थंकरो महावीरो।
तं रयणिमवंति वई अभिसित्तो पालओ रायो॥
सट्ठी पालगरण्णो पणपण्णसयं तु होई णंदाणम्।
अट्ठसयं मुरियाण तीसं पुण पुस्समित्तस्स।
बलमित्त भाणुमित्ता सट्ठि वरसाणि चत्त नरवहणो।
तह गद्दभिल्लरज्जो तेरस वरिसा सगस्स चउ।

अर्थात्—पालकके ६०, नन्दोंके १५५, मौर्योंके १०८, पुष्पमित्रके ३०, बलमित्र भानुमित्रके ६०, नरवाहनके ४०, गर्दभिल्लके १३ और शकके ४ वर्ष बीतनेपर वीर निर्वाणसे ४७० वर्ष बाद विक्रमादित्य राजा हुआ।

दिगम्बर जैनाचार्योंने वीर निर्वाणसे कल्किके समय तक १००० वर्षमें होनेवाले राजवंशोंकी गणना की है और श्वेतांबराचार्योंने शक संवत् तथा विक्रम संवत्के प्रारम्भ तक क्रमशः ६०५ और ४७० वर्षमें होनेवाले राजवंशोंकी कालगणना की है। दोनोंने वीर निर्वाणके दिन उज्जैनीमें पालक राजाका अभिषेक तथा उसका राज्यकाल ६० वर्ष माना है।

उसके बाद दिगम्बराचार्य विजयवंशका उल्लेख करते हैं। जब कि श्वेताम्बराचार्योंने नन्दवंशको अपनी गणनाका आधार माना है। किन्तु दोनों वंशोंका समय समान है, अतः या तो दिगम्बराचार्योंको लिखनेमें कुछ भ्रम हुआ है या उन्होंने मगधके नन्दवंशको अपनी गणनाका आधार न मानकर, पालकके बाद उज्जैनके राज्यसिंहासनपर अभिषिक्त होनेवाले किसी अन्य वंशका उल्लेख किया है जो विजय नामसे ख्यात था। अस्तु, दोनोंका समय समान है अतः कालगणनामें कोई अन्तर नहीं पड़ सक्ता। "तित्थोगाली पइन्नय" में नन्दोंके १५० वर्ष लिखे हैं। शेष ५ वर्षकी कमी, पुष्पमित्रके ३५ वर्ष लिखकर पूरी कर दी गई है।

मौर्यवंशके ४० वर्ष।

त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें मौर्यवंशका राज्यकाल केवल ४० वर्ष लिखा है जब कि "तित्थोगालीपइन्नय" में १६० तथा तीर्थोद्धार प्रकरणमें १०८ वर्ष पाए जाते हैं। हमारा विश्वास है कि १६० वर्षका उल्लेख ही प्रमाणीक होना चाहिये। आधुनिक इतिहासलेखक भी मौर्यवंशका राज्यकाल ३२५ ई० पूर्वसे १८० ई० पूर्वके अनुमान मानते हैं। "तीर्थोद्धार" के कर्ताने १६०—१०८ शेष ५२

वर्षकी कमीको गर्दभिल्लोंके १५२ वर्ष मानकर पूर्ण कर दिया है। किंतु त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी गणनामें १२० वर्षकी कमी रह ही गई।

जैन हितैषी भा० १३ अंक १२ में प्रकाशित "गुप्तराजाओं काल, मिहिरकुल और कल्कि" शीर्षक प्रो० पाठक महोदयके लेखसे भी उक्त कमी प्रकाशित होती है। पाठक महोदयने मंदसौरके शिलालेख तथा हरिवंशपुराणकी उक्त कालगणनाके आधारपर गुप्त साम्राज्यके नाशक मिहिरकुलको कल्कि सिद्ध करनेका प्रयत्न किया है। आप लिखते हैं "कुमार गुप्त राजा विक्रम सं० ४९३, गुप्त सं० ११७ और शकाब्द ३५८ में राज्य करता था"। अत: ४९३ मेंसे ११७ वर्ष कम करनेपर वि० सं० ३७६ में गुप्तराज्य या गुप्त संवत्‌का प्रारम होना सिद्ध होता है अर्थात् डाक्टर फ्लीटके मतानुसार वि० तथा गुप्त स० में ३७६ वर्षका प्रसिद्ध अन्तर आता है। अब यदि वि० सं० से ४७० वर्ष ५ मास या ४७१ वर्ष पूर्व वीर निर्वाण माना जाय (जो वर्तमानमें प्रचलित है) तो वीर निर्वाणसे ४७१+३७६=८४७ वर्ष-बाद गुप्तराज्यका प्रारम्भ होना चाहिये। किंतु त्रिलोकप्रज्ञप्तिके पालकके राज्यसे गुप्तराज्यके प्रारभ तकके गणना अंकोंके जोड़नेसे (६०+१५५+४०+३०+६०+१००+४०+२४२) ७२७ वर्ष ही आते हैं। अत: (८४७-७२७) १२० वर्षकी कमी स्पष्ट होजाती है।

इसका कारण।

त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें शकराजाके बारेमें कई मतोंका उल्लेख किया है। जिनमेंसे एकमत यह भी है कि निर्वाणके ४६१ वर्ष बाद शक राजा हुआ माल्म होता है। ग्रन्थकारको यही मत अभीष्ट था। उन्होंने ६०५-४६१=१४४ वर्ष कम करनेके लिये, १२० वर्ष तो मौर्यकालमें कम किये, शेष २४ वर्ष शक कालके बादके गुप्तवंशके समयमें २३१ की जगह २५५ करके पूर्ण किये। क्योंकि वह लिखते हैं—

णिव्वाणगदे वीरे चउसद इगिसट्ठि वासविच्छेदे।
जादो च सगणरिंदो रज्जं वस्सस्स दुसयबादाला।
दोण्णिसया पणवण्णा गुत्ताणं चउमुहस्स बादालं।
वस्सं होदि सहस्सं केई एवं परूवंति॥

वीर निर्वाणके ४६१ वर्ष बीतनेपर शक राजा हुआ। उसके वंशजोंका राज्यकाल २४२ वर्ष था। उनके बाद गुप्तवंशीय राजाओंने २५५ वर्षतक राज्य किया। फिर चतुर्मुख कल्किने ४२ वर्ष राज्य किया, कोई २ इस तरह एक हजार वर्ष बतलाते हैं।

अत: ऊपरके विवरणसे स्पष्ट होजाता है कि ४६१ वर्षकी मान्यताको पुष्ट करनेके लिये मौर्य-राजाके समयमें इतिहासबाधित कल्पना करली गई थी। अस्तु।

मौर्योंके बाद पुष्पमित्र तथा वसुमित्र अग्निमित्र या बलमित्र भानुमित्रकी कालगणनामें दोनों संप्रदायोंके आचार्य एकमत हैं, हां अंतिममें नामभेद होगया है। वसुमित्र अग्निमित्रके बाद त्रिलोकप्रज्ञप्तिके कर्ता गर्धसेन और नरवाहनका उल्लेख करते है, जब कि श्वेताबराचार्य नभ:सेन या नरवाहनके बाद गर्दभिल्लका राज्य बतलाते हैं। हरिवंशपुराणके कर्ताने गन्धर्वसेनके स्थानमें गर्दभिल्ल मानकर गर्दभका पर्याय शब्द रासभ प्रयुक्त किया है।

बा० कामताप्रसादजी लिखते हैं कि गर्दभिल्लोंके बाद नरवाहन (नहपान) का राज्य होना इतिहाससे सिद्ध है। जैन कालगणनासे भी यही बात प्रमाणीत होती है। क्योंकि "तित्थोगालीपइन्नय" की गणनाके अनुसार मौर्योंसे १६० वर्ष मानकर यदि गर्दभिल्लोंसे प्रथम नरवाहनका राज्य-

काल ४०. वर्ष मान लिया जावे तो गर्दभिल्ल पुत्र विक्रमादित्यका काल वीर निर्वाणसे ५१० वर्षबाद पड़ेगा। अतः इस विषयमें दिगंबराचार्योंका मत ही ठीक प्रतीत होता है।

गंधर्वसेन या गर्दभिल्ल।

गत ज्येष्ठकी माधुरीमें एक लेख विक्रम सम्वतके सम्बन्धमें प्रकाशित हुआ था। उसमें लिखा था कि मालवामें अभीतक ऐसी किंवदन्ती प्रचलित है कि प्रसिद्ध विक्रमादित्य, राजा गन्धर्वसेनके पुत्र थे। इस किंवदन्तीके अनुसार त्रिलोकप्रज्ञप्तिका गन्धर्वसेन नाम सङ्गत प्रतीत होता है। हिन्दू धर्मके "भविष्य पुराण" में भी विक्रमको गन्धर्वसेनका पुत्र बतलाया है। यथा—

देवागना वीरमती शक्रेण प्रेषिता तदा।
गन्धर्वसेनं सप्राप्य पुत्ररत्नमजीजनत्॥
पूर्णत्रिंशशतेवर्षे कलौ प्राप्ते भयंकरे।
शकाना च विनाशार्थमार्यधर्मविवृद्धये॥
विक्रमादित्यनामान पिता कृत्वा मुमोदस.?॥

गर्दभी विद्या जाननेके कारण गंधर्वसेन "गर्दभिल्ल नामसे ख्यात हुआ। उसके पूर्वज बहुत पहिलेसे उज्जैनमें राज्य करते थे। किंतु मेरा अनुमान है कि उनकी गर्दभिल्ल संज्ञा नहीं थी। राजा गंधर्वसेनके समयसे उनके उत्तराधिकारी गर्दभिल्लवंशी कहलाने लगे। जैनाचार्योंने अपनी कालगणनामें उज्जैनके इस राजवंशको गर्दभिल्लके समयसे ही गिना है, उसके पूर्वसे नहीं।

पालकके राज्यकालके प्रारम्भसे वसुमित्र अग्निमित्र राज्यकालके अन्त समयतक ४६५ वर्ष पूर्ण हुए। उस समय उज्जैनके सिंहासनपर गंधर्वसेन थे। इस कामुक राजाने राज्यभार ग्रहण करते ही श्वेतांबराचार्य कालककी बहिनका अपहरण किया। जिससे क्रुद्ध होकर कालकाचार्यने शकोंकी मददसे वीर नि० स० ४६६ में गर्दभिल्लोंको राज्यच्युत किया और शकोंको उज्जैनका राजा बनाया। अभी शकराजाको उज्जैनमें राज्य करते हुए ४. वर्ष भी बीतने न पाये थे कि गर्दभिल्लके पुत्र विक्रमादित्यने शकोंको परास्त कर अपना राज्य छीन लिया। और उज्जैनके सिंहासन पर बैठकर शकविजयके उपलक्ष्में वीर निर्वाणसे ४७० वर्ष ५ मास बाद विक्रम सम्वत् चलाया। विक्रमादित्यने ६०, भाइलने ११, नाइलने १४, और नाहडने १० वर्ष राज्य किया। इसके साथ ही गर्दभिल्लोंके १०० वर्ष पूरे होगए।

गर्दभिल्लोंके बाद शकराज नरवाहन (नहपान) ने ४० वर्ष तक राज्य किया। अन्त समय भृत्यवंशके गौतमी पुत्र सातकर्णी (शालिवाहन) ने नहपानको जीतकर शकोंको जीतनेके उपलक्ष्में वीर निर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ मास बाद शालिवाहन शकाब्द प्रचलित किया। त्रिलोकप्रज्ञप्तिके कर्ता नरवाहनके बाद आन्ध्रभृत्य राजाओंका राज्य काल बतलाते हैं जो उक्त ऐतिहासिक मान्यताके बिलकुल अविरुद्ध पड़ता है। इस प्रकार दिगम्बर तथा श्वेतांबर मान्यताओंसे—जो कि इतिहाससे पूर्णतया सम्मत हैं—प्रचलित वीर निर्वाग सम्वत् बिलकुल ठीक बैठता है।

अब हम पुनः प्रकृत लेखके कालगगना संबन्धी अशोंपर भी विचार प्रारम्भ करते हैं।

बाबू कामताप्रसादजीने अपने लेखमें विक्रम प्रबन्ध, नन्दिसंघकी पट्टावली तथा वसुनन्दि श्रावकाचारका प्रमाण देकर यह सिद्ध करनेका प्रयत्न किया है कि वीर निर्वाणसे ४७० वर्ष बाद विक्रमका जन्म हुआ और १८ वर्ष बाद वीरनि० सं०

१ देखो—"कालकाचार्य"—अनेकान्त किरण ८-९-१०।

४८८ में विक्रम सम्वत्की प्रवृत्ति हुई। यहां हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उक्त तीनों उल्लेख भिन्न२ नहीं हैं। किन्तु विक्रम प्रबन्धकी गाथा नन्दिसंघकी पट्टावलीमें उधृत की गई है और वह पट्टावली वसुनंदि श्रावकाचारमें उठाकर रखदी गई है। इस तरहसे एक ही ग्रन्थका भिन्न२ स्थानोंमे उल्लेख होनेसे लेखकने उन्हे भिन्न२ मान लिया है। अस्तु। विक्रम प्रबन्धका उक्त उल्लेख ठीक नहीं है, क्योंकि जैनकालगणनासे वीर नि० सं० ४७० वर्ष बाद विक्रमका राज्यारोहण सिद्ध होता है। इसके अतिरिक्त धनेश्वरसूरीने अपने "शत्रुंजय महात्म्य" में वीर निर्वाणसे ४७० वर्ष बाद विक्रम सम्वतकी प्रवृत्ति होनेका उल्लेख किया है। प्रो० धीरेन्द्रनाथजी उन्हें वि० स० ४७७ में हुआ मानते है। मेरी दृष्टिमें विक्रम सम्वतकी मान्यताके संबन्धमें अबतक जितने उल्लेख प्राप्त हैं उनसे उक्त उल्लेख अति प्राचीन है। अत: उसकी प्रमाणिकतामें कोई सदेहकी संभावना दृष्टिगोचर नहीं होती।

आगे चलकर लेखकने तीर्थोद्धार प्रकरणकी भी गाथाए उद्धृत की हैं जो हम उपर कालगणनामें उद्धृतकर आये हैं। इन गाथाओंसे वीर निर्वाणके ४७० वर्ष बाद विक्रमका राज्यारोहण ही सिद्ध होता है 'जन्म नहीं' क्योंकि राज्यकालगणना राज्योंके जन्मसे नहीं की जाती, राज्याभिषेकसे की जाती है। बा० कामताप्रसादजी "सगस्स चउ" वाक्यके सगस्स शब्दसे विक्रमादित्य शकारिका ग्रहण करते हैं। यह असंगत है। क्योंकि श्वेताम्बर उल्लेखोंसे उज्जैनके सिंहासनपर गर्दभिल्लके बाद शकोंका राज्य चारवर्षतक होना सिद्ध होता है अत: यह उल्लेख शकराजके ही लिये किया गया है। शकारिके लिये नहीं किया गया।

हम ऊपर लिख आये हैं कि दोनों जैन आम्नायके ग्रन्थोंमें वीर निर्वाणसे ६० वर्ष ५ मास बाद शकराजाका समय बतलाया गया है। हमारा विश्वास है कि वीर निर्वाणके समयनिर्णयमें शक संवत् ही मूलाधार होना चाहिये। क्योंकि उपलब्ध जैनवाङ्मयमें पुरातन लेखकोंने शक सं० का ही आधार लिया है। विक्रम सं०की मान्यता तो दसवीं शताब्दीके बाद पट्टावलियोंके समयमें प्रचलित हुई है। दूसरे, इस उल्लेखके साथ ५ मासका भी उल्लेख है, जो अर्ध कार्तिकसे ५ मास बाद चैत्रार्धसे शक सम्वतकी प्रवृत्ति बतलाता है। मेरे जाननेमें अभी तक अन्य किसी भी उल्लेखके साथ मास गणना नहीं पाई गई। अत: इसकी समीचीनतामें एक यह भी विशेष कहा जासक्ता है, किन्तु लेखक महाशय इसको भी असंगत ठहराते हैं। आप लिखते हैं—"शक संवत प्रवर्तकका ठीक पता नहीं चलता। कोई कनिष्क द्वारा इस संवतको चला हुआ बतलाते हैं तो अन्योंका मत है कि नहपान अथवा चष्टनने इसको चलाया था ××× इसके प्रतिकूल प्राचीन मान्यता यह है कि शक सम्वत शालिवाहन नामक राजा द्वारा शकोको परास्त करनेके उपलक्षमें चलाया गया था×××रुद्रदमनके अन्धौवाले शिलालेखके आधारपर शक सम्वत्को चलानेवाला गौतमी पुत्र सातकर्णी प्रगट होता है। ××× अत: जैन शास्त्रोंमें जिस शक राजाका उल्लेख है वह शक सम्वत्का प्रवर्तक नहीं हो सक्ता। क्योंकि वह शक वंशका राजा था।" आदि।

इसके बाद लेखक महोदयने नरवाहन या नहपानको जैनोका शक राजा बतलाया है। और त्रिलोकपज्ञप्तिके विभिन्न दो मतोंके आधारपर वीर निर्वाणाब्द ४६१ से ६०५ तक उसका समय मानकर तथा अपनी कल्पनाके अनुसार प्रचलित वीर निर्वाण सम्वत्को ५२७ के स्थानमें ५४५

ई० पू० निर्धारित करके नहपानका समय ८४ ई० पूर्वसे ६० ई० तक माना है।

"नहपान ही जैनोंका शक राजा है" हम लेखकके इस मतसे सहमत है। किन्तु आपका यह लिखना—वह शक सम्वतका प्रवर्तक नहीं हो सक्ता, क्योंकि वह शकवंशका राजा था, बिल्कुल असंगत है। क्योंकि किसी भी जैन ग्रन्थमे शक राजाको "शकसंवतका प्रवर्तक" नहीं लिखा है। जैनाचार्य केवल इतना ही उल्लेख करते हैं कि वीर निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास बाद शक राजा हुआ। अतः आपकी उक्त आपत्ति निःसार है। त्रिलोकसारमें वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ मास बाद शक तथा १००० वर्ष बाद कल्किका समय बतलाया गया है।

जैन ग्रन्थोंमें वीर निर्वाणसे कल्किके राज्यान्त तक १००० वर्षमे होनेवाले राजवंशोंका क्रमवार उल्लेख किया है जो हम ऊपर लिख आये हैं। उसमें कल्किका राज्यकाल ४२ वर्ष भी शामिल है। इसी तरह शक राजा तक ६०५ वर्षमें शक राजाका काल भी शामिल समझना चाहिये। जैसा कि उक्त गणना अंकोंसे स्पष्ट होता है यथा ६०×१५५×१६०×३०×६०×१०० और नहपान ४० वर्ष, सबका जोड ६०५ वर्ष हुआ अतः नहपानका समय ई० स० ३८ से ७८ तक होना स्पष्ट है। इसे गौमतीपुत्रसातकर्णीने ई० स० ७८ में हराकर शक सम्वतकी स्थापना की। हमारी इस मान्यतासे जैनाचार्योंकी काल गणना, जैनग्रन्थोंमें शकराजाका उल्लेख, प्रचलित वीर निर्वाण संवत्, शक संवत्, बा० कामताप्रसादजीका नहपानको जैनोंका शक बतलाना, 'अंधौवाला शिलालेख' इन सबका सामञ्जस्य बिल्कुल ठीक बैठ जाता है।

एक वर्षकी भूल।

प्रचलित वीर निर्वाण सं० में समझके हेरफेरसे एक वर्षकी भूल पड़ गई है। वर्तमानमें वीर नि० सं० २४५८ है और गत दीपावलीसे २४५९ होगया है। प्रायः प्रत्येक व्यक्ति यही समझता है कि इस दीपावलीको वीर निर्वाण हुए २४५८ वर्ष पूर्ण होगए और २४५९ वा वर्ष प्रारम्भ हुआ। किंतु यथार्थ बात इससे विपरीत है। अर्थात् वीर प्रभुका निर्वाण हुए २४५९ वर्ष बीत गए और २४६० वा वर्ष प्रारम्भ हुआ।

इस बातको स्पष्ट समझानेके लिए हम ज़रा खुलासा करते है। जब शक सम्वत् प्रारम्भ हुआ उस समय वीर निर्वाण हुए ६०५ वर्ष ५ माह पूर्ण व्यतीत हुए थे अर्थात् वीर निर्वाण सम्वत् ६०६ प्रारम्भ था। गत चैत्रमें शक सम्वत्के १८५३ वर्ष वीत गये। यदि हम १८५३+६०५ वर्ष ५ मासको जोड़े तो २४५८ वर्ष ५ मास आता है अर्थात् गत चैत्रमें वीर निर्वाणके २४५८ वर्ष ५ मास वीत गये। पुराने समयमें पूर्ण संवत् लिखनेकी प्रथा थी। चालू सम्वत् लिखनेकी प्रथा विक्रम तथा शक सम्वत्के समयमें प्रारम्भ हुई ज्ञात होती है। क्योंकि उक्त दोनों सम्वतके चालू वर्ष ही लिखे जाते है, पूर्ण नहीं। इन्हींके भ्रमसे लोग वीर निर्वाण संवतके वर्षोंको पूर्ण वर्ष न मानकर चालू वर्ष मानने लगे, और इस तरह एक वर्षकी भूल पड़ गई। उक्त ट्रेक्टमें इसी एक वर्षकी भूलने प्रकाशक तथा लेखकके मन्तव्यमें एक वर्षका अन्तर डाल दिया है, और जब लेखक १८ वर्षकी कमी सिद्ध करते हैं तब प्रकाशक अपनी प्रस्तावनामें १९ वर्षकी कमी बतलाते हैं। अतः वीर निर्वाण ई०से ५२६ वर्ष २ मास पूर्व हुआ मानना चाहिये।

यही भूल बुद्ध निर्वाण संवतमें भी हुई है।

वर्तमानमें बुद्ध नि० स० २४७६ है जो वैशाखी पूर्णिमासे बदलता है। मुखोपाध्यायजीके मतसे गत वैसाखी पूर्णिमाको २४७६ वर्ष पूर्ण हो गए और २४७७ वां प्रारम्भ हुआ है। (हमने सारनाथ जाकर एक बौद्ध भिक्षुसे भी पूछा, तो उन्होंने इस बातका ही समर्थन किया।) किन्तु विन्सेन्ट स्मिथ आदि अंग्रेज लेखकोंके मतसे २४७५ पूर्ण होकर २४७६ वा चालू वर्ष आता है। इसीलिये उन्होंने बुद्धका निर्वाण, करीब ५४४ वर्ष ८ मास पूर्वके स्थानमें ५४३ वर्ष ८ मास पूर्व मान लिया है। जो असंगत है। आशा है पाठकगण इस एक वर्षकी भूलको समझने समझाने तथा सुधार करनेमें दत्त-चित्त होंगे।

अन्तिम निवेदन।

लेख कुछ बढ़ गया है, जिसका कारण विषयको सरल और स्पष्ट करनेका प्रयत्न है। जिससे साधारण पाठक भी वीर निर्वाण सम्वतमें प्रचलित विवादको समझ सकेंगे। हमें दिगम्बर तथा श्वेताम्बर कालगणनाओंके आधारपर तथा समकालीन व्यक्तियोंकी पर्यालोचनासे प्रचलित वीर सम्वत् ही ठीक प्रतीत होता है। यदि उसे गलत माना जायेगा तो उसके मूल आधार शक सम्वत्में भी कांटछाट करनी पड़ेगी, जिसमें विद्वानोंको कोई भी विवाद नहीं है।

अन्तमें लेखक महोदयसे हमारा नम्र निवेदन है कि वे क्षत-विक्षत बुद्ध निर्वाण सम्वत्की नींवपर वीर सम्वत्की भिति खड़ी करनेका प्रयत्न न करें। बुद्ध सम्वत्के विषयमें इतिहासज्ञोंके आजतक भी भिन्न२ मत प्रगट होते ही जाते है। इस विषयमें शीघ्रता करनेसे पीछे पछताना पड़ेगा। आशा है विद्वान लेखक मेरे नम्र निवेदनपर ध्यान देंगे।

नोट १—बुद्ध संवत्को ५४३ ई० पूर्वमें प्रारंभ हुआ मानकर उसमें दो वर्ष बढा देनेसे ५४५ ई० पूर्व होजाता है और वीर नि० स को ५२७ ई० पू० में विक्रमके जन्मसे ४७० वर्ष पूर्व हुआ मानकर उसमें विक्रमके राज्यारोहणके १८ वर्ष बढा देनेसे ५४५ ई० पू० होजाता है। किंतु जब बुद्ध सं० ५४४ ई० पूर्वसे प्रचारित हुआ माना जाता है तो लेखकके मतसे २ वर्ष बढ़ाकर ५४६ ई० पूर्वमें वीर निर्वाण मानना चाहिये। इस एक वर्षकी अधिकताको विक्रमके संबंधमें किस प्रकार पूर्ण किया जायेगा?

काल उद्यमको आयौ है।

(१)

चहुंदिशा ख्यात स्वाभिमान सुविशाल भारी,
चाहना न उसकी की व्यर्थ ही गमायौ है।
अपना अरु परका अतीवोपकारक जो,
शिक्षा परचारका कृष्णमुख करायौ है॥
वंश क्रम आगत विख्यात वीरवीरताको,
बिलकुल तिलांजलि दे कोंमो भगायौ है।
मारे विलासिताके धन सब विलाय गयौ,
अतएव दारिद्रय--महासाम्राज्य छायौ है॥

(२)

जबसे उपशांति हुई प्रेम—रसधाराकी,
द्वेषको अपनाना कर्तव्य मन भायौ है।
परिणाम दुखकर कुरीति प्रचार हुआ,
बाल व्याह और वृद्ध सुखसे रचायौ है॥
ऐसे अन्यायभूत मार्गवृत्ति करनेसे ही,
आके उस हामतीय रोगने सतायौ है।
एवं सोते वीरो! समय बहुत वीत गयौ,
अब तो कर्तव्य काल 'उद्यम' को आयौ है॥

राजकुमार जैन वि०—पपौरा।

भगवान महावीरका मिथ्यात्वनिषेध।

(लेखकः-श्रीमान बा० कामताप्रसादजी जैन-अलीगंज।)

गवान महावीरने दिवालीके रोज मोक्ष लक्ष्मीको पाया था। इस अटूट धनकी राशिको उन्होंने परमोत्कृष्ट सम्यक्त्वके बलपर प्राप्त किया था। उनके निकट मिथ्यात्वको जरा भी स्थान न था। जबतक मनुष्य मिथ्यात्वभावको छोड़कर सम्यक स्वभावको न पाले तबतक वह प्रभू वीरका भक्त नहीं हो सक्ता और न वह मोक्षमार्गका पथिक कहा जासक्ता है। सच्चे देव, सच्चे गुरू और सच्चे धर्मका ठीक-ठीक श्रद्धा करना मोटे तरीके पर मिथ्यात्व निषेध अथवा सम्यक्त्व है। भगवान महावीरकी दिव्य-ध्वनिमें उसका विशद विवेचन हुआ था। उस विवेचनमें वह प्रकरण ध्यान देने योग्य है जिसमें राजपुत्र अभयकुमारके पूर्व भवोंका वर्णन किया गया है। संक्षेपमें उस प्रकरणपर एक दृष्टि डाल-कर पाठकोंको हम बतायेंगे कि भ० महावीर किस-प्रकार मिथ्यात्वका निषेध करते थे।

राजकुमार अभयने तीर्थंकर भगवानसे पूछा कि "प्रभो! मैं पूर्वभवमें कौन था?" उनके इस प्रश्नका उत्तर भ० महावीरकी दिव्यध्वनिमें हुआ कि "इस भवसे तीसरे भवमें तू एक ब्राह्मणपुत्र था। वेदोंका पाठ करनेमें व्यस्त और पाखण्ड-मूढ़ता, देवमूढ़ता, तीर्थमूढ़ता और जातिमूढ़तासे सबको मोहित करनेमें लगा हुआ था। इन कार्योंको ही तू अच्छा समझता था। एकदफा तू परदेशको गया-रास्तेमें एक श्रावकका तेरा साथ होगया। मार्गमें पत्थरोंके ढेरके पास एक भूतोंका निवास-स्थान पेड़ था।

ब्राह्मणपुत्रने उसे अपना देव मानकर प्रणाम किया और प्रदक्षिणा की! श्रावक उसकी इस क्रियापर ढढाकर हस पड़ा। उसने पेड़परसे कुछ पत्ते तोड़े और उन्हें मींडकर फेंक दिये। तेरे कुदेव सम्बन्धी मिथ्यात्वको दूर करनेके लिये उसने तुझे यह भी बताया कि-देख, जिसे तू देव मानता है, उसमें कुछ भी सामर्थ्य नहीं है। वह ब्राह्मण-पुत्र उसपर खिसयानासा होगया और बोला-"मैं तेरे देवकी सामर्थ्य देखूँगा।" उसको सम्बोध-नेके लिये श्रावकने कहा-"अच्छा भाई! परीक्षा करनी है हमारे देवकी तो देख यह कपिरोमा बेल-वृक्ष हमारा पूज्य है।" ब्राह्मणपुत्रने झटसे उसे उखाड़ फेंका और हाथों-पैरोंसे उसे मींढने लगा।

उसके मींढते ही उसके हाथ पावोंमें जलन शुरू होगई। क्योंकि उस वृक्षका यह स्वभाव ही होता है। यह देखकर वह ब्राह्मणपुत्र डरा और अनु-भव करने लगा कि "सचमुच, यही सामर्थ्यवान देव है।" और उसने कहा भी यही! श्रावक फिर हस पड़ा और बोला-"इस संसारमें जीवोंको सुख दु:खको देनेवाला पहले किये हुए कर्मोंके सिवाय और कोई नहीं है। इसलिये तप, दान आदि सत्कार्योंको करके तू अपना कल्याण कर

और इस देवमूढ़ताको निकाल फेंक कि "देवता ही सब कुछ करते हैं।" +

देवमूढ़ताका निरसन इस उल्लेखमें किस अच्छे ढंगसे किया गया है। आजकल हमारे बहुतसे भाई बहिन भगवानके इस उपदेशकी ओर ध्यान न देकर मिथ्यात्वका सेवन करते हैं। 'भगवान करेंगे सो होगा,' 'भगवानकी मर्जी' इत्यादि शब्द तो रोजमर्राकी बोलचालमें जैनियोंके मुखसे सुने जा सक्ते हैं। भला भगवानको आपके अच्छे बुरेसे क्या मतलब ? यह मान्यता तो वेदानुयायियोंकी है, जिसका खण्डन भगवानने किया है। सम्यक्त्वी होकर उसको भला कैसे माना जा सक्ता है ? इसके अतिरिक्त आजकल पीपलको पूजना, देवी भवानी मानना, जिन्दा बकरा न सही तो नारियलको बकरा मानकर चढ़ाना इत्यादि रूपमें भी देवमूढ़ताका प्रचार जैनियोमें है। पीपल एकेंद्री जीव है। वह स्वय अपनी रक्षा भयादिसे नहीं कर सक्ता तो दूसरोंकी क्या करेगा ? देवी भवानी आदिका तो अस्तित्व ही नहीं है। वह किसीका भला कहासे करे ? उसपर हिंसा करनेसे किसीका भला नहीं हो सक्ता।

जैसे मनुष्यको अपने प्राण प्रिय हैं, वैसे ही अन्योंको भी हैं। फिर भला दूसरोंके प्राण लेकर-उनको महान् दु:ख पहुचाकर कोई जीव कैसे सुखी होसक्ता है ? एक सम्यक्त्वी जानता है कि इंद्रियजनित सुख और सामिग्री क्षणिक है। जब शरीर भी मेरा साथ नहीं देता तब दूसरे पदार्थ मेरा क्या उपकार करेंगे ? यह वह जानता है, इसलिये प्रत्येक कार्यको वह कर्तव्य जानकर करता है। जिनेन्द्र भगवानकी पूजा, दान और उपवास वह सासारिक ऐश्वर्यको पानेकी इच्छासे नहीं करता है। निदान करके धर्मकार्य करना निषिद्ध है। वह भी मिथ्यात्वभावका द्योतक है। 'महावीरजीकी बोली बोलना, कार्यसिद्धिके लिये छत्र चढ़ाना, घीका दीवा जलाना, रुपया उठाकर भगवानके नामपर रख देना, अपने सम्यक्त्वमें बट्टा लगाना है। यदि यही कार्य निदान करके इस भावसे कि हमारे इच्छित कार्यकी सिद्धि होजाय-न किये जांय, मात्र धर्मभावसे किये जाय तो विशेष फलको प्रदान कर सक्ते हैं। क्योंकि धर्मभावमें परिणाम विशेष समतारूप होते हैं और समभाव ही उपादेय है। अत: जैनियोंको ऐसे कार्य न करना चाहिये। जिससे व्यर्थ उन्हें मिथ्यात्व-सेवनका भागी होना पड़े!'

आगे उक्त प्रकरणमें कहा गया है कि "वह श्रावक जब उस ब्राह्मणपुत्रके साथ अगाड़ी बढ़ा तो गंगा नदीके किनारेपर पहुचा। ब्राह्मणपुत्रने गंगाको एक महातीर्थ समझा और बड़ी भक्तिसे उसने वहा स्नान करके अपनी तीर्थमूढ़ताका परिचय दिया। श्रावकको उसकी इस करनीपर खेद हुआ और उसने करुणा करके उसकी इस तीर्थमूढ़ताको नष्ट करनेका भी निश्चय कर लिया। अज्ञानतिमिरको मेंटना ही महाधर्म है। मिथ्यात्वी जीवोंको बोधिलाभ कराना श्रेष्ठ कार्य है। बस उस श्रावकने झटसे अपने खाये हुये भोजनके बचेखुचे भागमें गंगाजल मिलाकर उस ब्राह्मणसे कहा कि-" लो भाई, यह भोजन करलो!" ब्राह्मण इसपर बहुत बिगड़ा और बोला कि 'तेरा उच्छिष्ट भोजन मैं कैसे खाऊ ?' श्रावक मुस्कराया और उसे बताया कि "भाई, इसमें गंगाजल मिला है। यदि गंगाजल इस उच्छिष्ट भोजनके दोषको दूर नहीं कर सक्ता तो मनुष्योंके पापोंको कैसे धो देगा ? भाई, अपने मनसे यह मूढ़ताके विचार निकाल डाल। ' यदि जलसे ही बुरी वासनाओंके पाप दूर हो जाय तो फिर तप, दान आदि पुण्यकार्य करना व्यर्थ हैं। सब लोक जलसे ही पाप

+ देखो [illegible] पर लेख० ४६९-४८०

दूर कर लिया करें!' लेकिन ऐसा होता नहीं! मिथ्यात्व, अविरत, प्रमाद, कषायसे पापकर्मोंका बन्ध होता है और सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र, तपसे पुण्य कर्मोंका बन्ध होता है, तथा अन्तमें इन्हीं चारोंसे मोक्ष होती है। इसलिये तू अब श्री जिनेन्द्र देवका मत स्वीकारकर।''

इस उल्लेखसे (१) तीर्थ मूढ़ताका निषेध और (२) साथ ही अजैनोंको 'जैनधर्ममें दीक्षित करनेकी पुष्टि होती है। हिन्दूओंके 'पद्मपुराण' (भूमि खंड ६६ अ०) में एक कथा है जिसमें दिगंबर मुनि राजा वेणको जैनधर्ममें दीक्षित करनेके लिये उपदेश देते बताए गए हैं। उस उपदेशमें वह यह भी कहते हैं कि—

नद्यो जलप्रवाहास्तु तासु तीर्थं श्रुतं कथम्।
जलाशया महाराज तडागाः सागरास्तथा॥
पृथिव्या धारकाश्चैव गिरयो ह्यश्मराशयः।
नास्त्येतेषु च वै तीर्थं जलैर्जलदमुत्तमम्॥
दृष्ट्वा स्नानेन वै सिद्धिर्मीनाः सिध्यन्ति नान्यथा।

भाव यह है कि नदिया तो पानीको बहानेवाली नालिया हैं, उन्हे तीर्थ कैसे माना जावे? राजन्! जलाशय, तालाव, झील, समुद्र, पहाड़ और पृथिवीके धारक पत्थर यह कोई भी तीर्थ नहीं है! यदि जलके कारण यह पवित्र है तो इनके जलके उत्पादक बादल इनसे भी पवित्र मानने चाहिये। यदि स्नान करनेसे ही सिद्धि मिलती है तो मछलीको वह क्यों नहीं नसीब होती, क्योंकि मछली तो हरवक्त पानीमें रहती है। अतः गंगा या पुष्कर स्नानसे पापमोचन होना असंभव है। जिन लोगोंका ऐसा मिथ्या श्रद्धान हो उनका उस झूठे श्रद्धानसे पीछा छुटाकर जैनी बनाना प्रत्येक सम्यक्त्वीका कर्तव्य है। आगे उस श्रावकने एक तपस्वीको पंचाग्नि तपते देखा तो उसके इस हिंसामय कायक्लेशका निषेध किया; क्योंकि जबतक आत्माका सच्चा श्रद्धान और ज्ञान न हो तबतक कोरा कायक्लेश कुछ भी कार्यकारी नहीं है। सच्चा गुरु वही है जो रागद्वेषसे अपनेको बचाता हुआ जीव मात्रकी रक्षा करनेमें तत्पर हो। श्रावकने अपने ब्राह्मण साथीकी पाखण्डमूढ़ताका भी अंत कर दिया।

उपरात उस ब्राह्मणपुत्रकी जातिमूढ़ताका अन्त करनेका भी उद्योग उस श्रावकने किया। श्री गुणभद्राचार्य इस प्रकरणमें लिखते हैं कि—

"गोमांसभक्षणागम्यगमाद्यैः पतिते क्षणात्।
वर्णाकृत्यादिभेदानां देहेऽस्मिन्न च दर्शनात्॥
ब्राह्मण्यादिषु शूद्राद्यैर्गर्भाधानप्रवर्तनात्।
नास्ति जातिकृतो भेदो मनुष्याणां गवाश्ववत्॥
आकृतिग्रहणात्तस्मादन्यथा परिकल्पते।"

इन श्लोकोंका अर्थ श्री० पं० लालारामजीने इस प्रकार किया है कि "वह उसकी जातिमूढ़ता दूर करनेके लिये कहने लगा कि गोमांस भक्षण तथा वेश्यादि सेवन, न करने योग्योंका सेवन करनेसे मनुष्य क्षणभरमें पतित होजाता है। इसके सिवाय इस शरीरमें वर्ण वा आकारसे कुछ भेद भी दिखाई नहीं पड़ता और ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्योंमें शूद्रोंसे भी गर्भाधानकी प्रवृत्ति देख पड़ती है। इसलिये मनुष्योंमें गाय और घोड़ेके समान जातिका किया हुआ कुछ भेद नहीं है। यदि आकृतिमें कुछ भेद हो तो जातिमें भी कुछ भेद कल्पना किया जासक्ता है।" (उत्तरपुराण पृ० ६२) उक्त प्रकारके युक्तिपुरस्सर वचनोंके द्वारा श्रावकने ब्राह्मणपुत्रकी जातिमूढ़ताको मेट दिया! यह भ० महावीरकी दिव्य ध्वनिमें तत्र भव्य जीवोंको सुन पड़ा था!

किन्तु आजका जैनसंघ ठीक इसके विपरीत व्यवहार कर रहा है। वह जातिमदमें ऐसा मदांध होरहा है कि उसने धर्मको उठाकर ताकमें रख दिया है! उसपर आजकल जो लोग अपनेको जैनाचार्य कहते हैं, वह भी एक मात्र जातिमदको वृद्धि देनेका उद्योग करते मिलते हैं। जैनियोंमें

परस्पर रोटी-बेटी व्यवहारको, यह लोग धर्मघातक समझते हैं। किसलिये? महज कल्पित जातियोंके बरसे! जिन ८४ उपजातियोंका मोह इन लोगोंको है उनका पता निशान भी भ० महावीरके समयमें नहीं था। मुसल्मानी जमानेमें यह देशभेद आदिके कारण कल्पित कर ली गई हैं। इनको जन्म देने और पनपानेका श्रेय भट्टारक महाशयोंको है। उन्होंने अपनी स्वार्थसिद्धिके लिये, क्योंकि उन्होंने श्रावकोंपर राजाओंकी तरह शासन करना आरम्भ कर दिया था, और वे उनसे तरह २ के कर वसूल किया करते थे, अनेक जातियोंको उत्पन्न कर दिया। अब भला कहिये इन झूठी जातियोंके मोहमें धर्मका नाश क्यों किया जाय?

फिर जरा यह भी तो देखिये कि जिस ८४ संख्याका बखान इन जातियोंके विषयमें किया है, वह एक जमाना हुआ नष्ट हो चुकी है। पुराने जमानेमें जो जातियां कल्पित की गई थीं उनका अब कहीं नामनिशान नहीं है और जो उस समय नहीं थीं वह उत्पन्न होगई हैं। अब यदि यह जातियां प्राकृत होतीं तो उनमें भी पशु संसारकी तरह घोड़ा, बैल, बकरी आदि भेद होना चाहिये था; परन्तु यह बात नहीं है। इनमें तो क्या ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र—इन चार मुख्य जातियोंकी कल्पना की गई है, उनमें भी यह प्राकृत भेद नहीं है। उनकी कल्पना मात्र जीवनकी सुविधाके लिये कर्मकी अपेक्षा की गई थी। अत इस समय उनको उस रूपमें पलटा जासक्ता है जिससे हमारे वर्तमान जीवन सुविधामय बने और जिससे हम स्वस्थ्य व शक्तिशाली बनकर धर्मका पालन ठीक२ कर सकें। जातिके स्वास्थ्यके ह्रासके साथ२ धर्मका ह्रास होना अनिवार्य है। यदि यह बात न मानी जाय तो मोक्षप्राप्तिके लिए उत्कृष्ट संहननका विधान ही व्यर्थ होता है।

अत: जैन संघ व धर्मकी उन्नतिके लिये जाति-मदको दूर करके श्रावकाचारको पालनेवाले जन्मके जैनियोंकी एक वैश्य जाति बन जाना बहुत जरूरी है। उसमें परस्पर रोटी-बेटी व्यवहार खुल जानेसे वर-कन्याका योग्य सम्बन्ध हुआ करेंगे, जिनसे सन्तान भी हृष्टपुष्ट होगी और उसके धर्मानुरागी होनेसे सदाचारकी भी वृद्धि होगी। बस, जो लोग संघ और धर्मकी उन्नति चाहते हैं, उन्हें उक्त प्रकार संगठन करनेका उद्योग करना चाहिये।

कुछ त्यागी महानुभाव और पंडितजन शूद्र जातिके लोगोंसे घृणाका व्यवहार मात्र जातिमदके वश होकर करते हैं। उनका यह कार्य भ० महा-वीरके धर्मोपदेशसे उल्टा है। भगवानने शूद्रको धर्मसेवनका अधिकारी बताया है और आदिपुराण-जीमें यह कथन भी आया है कि श्रेष्ठ कार्योंके लिए एक राजाके शिबिरमें कहार पानी भरते थे। इन्द्र-भूति गौतम महाराज अपने पूर्वभवमें एक शूद्र थे और उन्होंने लब्धिविधानव्रत एक मुनि महाराजके उपदेश ग्रहण करके किया था। अब यदि शूद्र पास बैठाने लायक न होते तो जैन शास्त्रोंमें उपरोक्त प्रकार वर्णन नहीं मिल सक्ता था। पूर्वोल्लिखित हिन्दू पद्मपुराणमें दिगंबर मुनि यह कहते प्रकट किये गये हैं:—

दयादानपरो नित्यं जीवमेव प्ररक्षयन्।
चाण्डालो वा स शूद्रो वा स वै ब्राह्मण उच्यते॥

भाव यह है कि वह मनुष्य जो जन्मसे चाडाल व शूद्र है, परन्तु इसपर भी नित्य ही दयादान और जीवोंकी रक्षा करता है, तो निश्चय उसे ब्राह्मण कहना चाहिये अर्थात् वह अपने कर्मसे ब्राह्मण होगया है। जैनाचार्य श्री समंतभद्रस्वामी भी तो अपने रत्नकरण्ड श्रावकाचारमें यही कहते हैं—

'सम्यग्दर्शन सम्पन्नमपि मातंगदेहजं।
देवादेवं विदुर्भस्मगूढांगारान्तरौजसम्॥'

आप स्याद्वाद महाविद्यालय काशीके धर्माध्यापक व अच्छे लेखक और उच्च कोटिके विद्वान हैं।

सिद्धान्तशास्त्री पं० कैलाशचन्द्रजी जैन न्यायतीर्थ।

आप आयुर्वेद विद्यामें अच्छी उन्नति कर रहे हैं तथा अच्छे लेखक हैं।

आयुर्वेदविशारद पं० मनोहरलाल जैन वैद्यराज वैद्यशास्त्री–झांसी।

अर्थात्–" जो सम्यग्दृष्टि है वह चाहे नीच चाण्डालके पेटसे भी पैदा हुआ हो, पर उसे जिनदेव, देवतुल्य समझते हैं। उसके भीतर उसी तरहसे सम्यग्दर्शनका ओज या तेज छुपा हुआ है जिस तरह राखसे ढंके हुये अंगारमें ।"

इस धर्मविधानसे इस बातका उपदेश मिलता है कि जो सम्यग्दृष्टी जीव धर्मकी प्रभावना करना चाहते हैं उन्हें किसी मनुष्यसे, उसकी लोक कल्पित नीच जातिके कारण घृणा नहीं करना चाहिये, बल्कि उसे धर्मका उपदेश देकर जैनी बना लेना चाहिये । जब वह शूद्र जैनी होजायगा तब उसके साथ समुचित व्यवहार करना उचित ही है । क्योंकि साधर्मी जनकी अवज्ञा करना धर्मकी अवज्ञा है । अत. शूद्र जल त्यागकी बजाय यदि मिथ्यात्वका त्याग कराया जाय तो विशेष उपयोगी और शास्त्रसम्मत है ।

भगवान महावीरने इस प्रकार मिथ्यात्व निषेध और सम्यक्त्व प्रचारका विधान अपनी दिव्यध्वनिमें उक्त प्रकरणके द्वारा किया था । अत: वीर भक्तोंका कर्तव्य है कि वह उसीके अनुसार अपना मन, वचन, कायके वर्ताव रक्खें । इसीमें उनका और जगतका कल्याण है । इति शम् ।

-।- कहावेंगे । -।-

बनकर मतिमान शिक्षा पाकर अपार ।
अज्ञान निद्रासोती इस जातिको जगायेंगे ।।
देकर उपदेश सबै हितकर महान ।
सब जीवोंको जैन धर्म श्रेष्ठ, बतलायेंगे ।।
होकर बलवीर कृटप्रेमी मान्य जनोंको ।
ऐक्यके पाठको समझाकर जब आवेंगे ।।
तबही धीधारको? समाजनीच आप सब ।
सदो हम 'उपासक जैन धर्मके' कहायेंगे ।।

राजकुमार जैन 'विद्यार्थी'–पपौरा ।

सच्चा वीर ।

दु:ख-क्षुब्ध-जीवन अब्धिमें, छोड़े न जो मुसकानको ।
सुखमें न भूले भाग्य धनको, मौतके तूफानको ।।
मन इंद्रिया रखता सदा जो, आत्मके अधिकारमें ।
वह वीरवर आदर्श नर है, धन्य है संसारमें ।।१।।

× × ×

निज ज्ञानको जिसने न बेचा, स्वर्णके बाजारमें ।
जिसकी रमी है बुद्धि केवल, मुक्तिके सुविचारमें ।।
जो मानता है स्वार्थ अपना, अन्यके उपकारमें ।
वह वीरनर आदर्श नर हैं, धन्य है ससारमें ।।२।।

× × ×

अभिलाष जिस नर जन्मकी, सुरवृन्द भी करते सभी ।
उसको विनश्वर वस्तुओंमें, जो न खोता है कभी ।।
अमरेन्द्रसे जो है बड़ा, सद्ज्ञानयुक्त आचारमें ।
वह वीरनर आदर्श नर है, धन्य है संसारमें ।।३।।

× × ×

जो ना किसीको दास करता, ना किसीका दास है ।
है प्रेम जिसका अपरिमित, अविकार ज्यों आकाश है ।।
आनंदको जो खोजता है, आत्मके भण्डारमें ।
वह वीरवर आदर्श नर हैं धन्य है संसारमें ।।४।।

× × ×

जिसकी अपावन देह पावन, दीन सेवासे बनी ।
हितकर मधुर जिसकी गिरा है, प्रेम अमृतसे सनी ।।
मन, वचन, करम हैं एक जिसके, सत्यके दरबारमें ।
वह वीरवर आदर्श नर हैं, धन्य हैं संसारमें ।।५।।

" चंद्र " झालरापाटन ।

स्वार्पण।

लेखिका:- श्री० प्रभावतीबाई, आविकाश्रम-सोजित्रा।

रजनीकांत सेठ बम्बईके एक धनाढ्य वेपारी थे। उनकी पत्नीका नाम मृणालिनी था। उनको सुधा व किशोरी नामकी दो पुत्रियां थीं। सुधा बड़ी पुत्री थी, वह बालपनसे विधवा हुई थी। उसकी उम्र १८ वर्षकी थी व किशोरी १६ वर्षकी कुमारिका थी।

रजनीकांत सेठके यहा मधुकात नामका एक युवक रहता था। वह गरीब था इसलिये सेठने उसे छोटपनसे अपने पास रखा था और विद्याभ्यास करवाया था। मधुकात बड़ा नम्र व सरलस्वभावी था, इसीलिये वह सबका प्रियपात्र बना हुआ था।

एक दिन दुपहरमें मधुकात भरनिद्रामें सोता रहा था, उस समय उसके कमरेका द्वार खुला, धीरेसे एक व्यक्ति आई, उसके हाथमें एक पत्र था। मधुकांतके पलगके पास जाकर पत्र रखनेको हाथ लम्बा किया। उसका हृदय धड़कने लगा, हस्त काप उठा, नेत्रमें आसू भर आये। अचानक वे अश्रु मधुकातके कपोलपर गिर पड़े। मधुकात जग उठा, और ऊपरको देखा। "कौन सुधा?" उसने प्रश्न किया। वह सुधा ही थी। वह बोल सकी नहीं, हृदयमें प्रेमसे भरा बड़ा भारी बोझ था, उस बोझके मारे नीची गरदन कर खड़ी रही। मधुकातने उसके हाथसे पत्र ले लिया, उसे पढ़ा, थोड़ी वातचीत हुई। इतनेमें अचानक किशोरीने द्वार खोला। उसकी नजर सुधा व मधुकातपर पड़ी।

किशोरीने सुधाको कहा-सुधा बहिन ! मैं तो कबसे आपको ढूंढती थी।

सुधा-किस लिये बहिन ?

किशोरी-कलका अधुरा रहा गुंथन (ग्रंथन) काम सीखनेको।

सुधा-हा ! उस बातको तो मैं भूल ही गई, चल मैं सीखाऊं।

ऐसा कह सुधा और किशोरी दोनों वहासे चली गई। और वहा तो अकेला मधुकात विचार तरंगमें गोते लगाता पड़ा रहा।

× × ×

सुधा किशोरीको गुथनकाम सीखाती थी मगर उसका हृदय शात न था। किशोरीके हृदयमें भी प्रेमांकुरका उदय होरहा था, और उस छोटेसे पौधेको बड़ा करनेका काम मालीकी तरह जलसिंचन करनेका नहीं मगर उसे तो अपनी हृदयवाटिकामें पैदा हुये प्रेमांकुरको प्रेमजलसे सिंचन करनेका काम मधुकान्त मालिको सोंपना था, परन्तु लज्जाके मारे वह कुछ कह न सकती थी।

किशोरी धीरेसे सुधाके पाससे उठी, और मधुकान्तके कमरेमें गई। मधुकान्त पुस्तक पढ़ रहा था।

मधुकान्त-किशोरी, गुंथनकाम सीखी ?

किशोरी-उसको तो सीख चूकी, मगर एक नवीन गुथनकला सीखनेको आपकी पास आई हूं।

मधुकान्त-वह क्या ? किशोरी-स्नेहगुथनकला।

मधु-किशोरी ! उसको मैं सीखा नहीं सकता।

किशोरी-कारण ?

मधु-थोड़े दिनोंमें तुम जान जावोगी।

किशोरी-कल सुधा बहिनको आपकी पास देखी तबसे मुझे शका तो आई, मगर वह तो विधवा है।

मधुकान्त-क्या हुवा ? विधवा पुनर्लग्न नहीं कर सकती ? !

किशोरी—पिताजी संमति नहीं देवेंगे तो ?

मधुकान्त—तो मैं कुमारावस्थामें ही रहूंगा, मगर सुधाके विना कोईके साथ ब्याह नहीं करूंगा।

किशोरी—हाय, क्या मेरी उद्भवित आशा करमा जावेंगी ? क्या ! हृदयके प्रेमांकुरको मुरझाना पडेगा ? ऐसा कह वह वहासे चली गई।

× × ×

थोड़े दिन बाद एक वक्त रजनीकान्त और मधुकान्त दोनों बैठे थे। रजनीकान्तने कहा—मधुकान्त ! मुझे एक सलाह तुमसे पूछनी है।

मधु—कौनसी सलाह ?

रजनीकान्त—सलाह तुम दोगे या नहीं ?

मधु—सलाह देने जैसी होवेगी तो जरूर दूगा।

रजनी—मधुकान्त ! अब मेरी किशोरी उमरलायक होचुकी है, उसकी शादी तुम्हारे साथ करना चाहता हूं। बोलो इसमें तुम्हारी क्या सलाह है ?

मधु—क्षमा करो, मैं इसमें सहमत नहीं हू।

रजनी—कारण ?

मधु—मैं अन्य प्रथासे लग्न करना चाहता हू।

रजनी—कौनसी प्रथा ?

मधु—यदि आप आज्ञा देवें तो सुधाके साथ पुनर्लग्न करना चाहता हूं !

रजनी—सुधाके साथ पुनर्लग्न ? क्या तुमको समाजमें मेरी प्रतिष्ठाको कलंक लगाना है ?

मधु—आप तो दूसरोंको पुनर्लग्नमें सलाह देते हो न ? रजनीकान्त थोड़ी देर अबोल बैठे रहे। फिर बोले—तुम्हारी इच्छा मुजब नहीं हो सकेगा। तुम्हें किशोरीके साथ ब्याह करना पडेगा।

मधु—महाशय, यह मुझसे नहीं होगा।

रजनी—मधुकान्त ! यदि तुम नहीं मानोंगे तो तुमको मेरे घर बाहर जाना पड़ेगा।

मधु—मैं आनन्दसे आज्ञा पालन करूंगा।

रजनी—आजतक तुमको विद्याभ्यास करवाया, तुम्हारे पीछे पांच हजार रुपयेका पानी किया, वह क्या मेरे अपमानके लिये ?

मधु—मैं नौकरी करूंगा तब आपकी कौड़ी २ चुका दूंगा। रजनीकात इस उत्तरसे बहुत गुस्से होगए, और कह दिया कि कल सबेरे घरसे निकल जाना।

दूसरे दिन सबेरे मधुकातने सबसे विदायली। हृदयमें दुःख था तो भी पाव उठाए। इस समय रजनीकातके दुराग्रहसे सुधाका हृदय रो उठा। दूसरी ओर किशोरीके चक्षु रो रहे थे। रजनीकातकी पत्नी मृणालिनीने पतिको बहुत समझाया था। लेकिन उन्होंने न माना। आखिरकार मधुकातको जाना ही पड़ा।

× + ×

बहुत दिन बीत चुके। मधुकात राजनगरमें एक श्रीमंतके यहा नौकरी करने लगा। अपने सद्‌गुणोंसे सेठजीने सर्व कारभार मधुकातको सौंप दिया, जब जाना कि सेठजी अपनेपर प्रसन्न हैं, तब एकदिन अपनी पूर्वस्थितिका वर्णन कर, पांच हजार रु०) मागे। सेठको तो उसपर सपूर्ण विश्वास था ही। तुरंत पाच हजार रु० मधुकातको दे दिये।

एकदिन सवेरेका समय था दतधावनसे निवृत्त हो सब जन कुछ काम कर रहे थे, इतनेमें पोष्टमेन आया। उसने रजनीकातको एक पार्सल, पांचहजारका मनिआर्डर और एक लिफाफा दिया। रजनीकातने पार्सल खोला उसमेंसे मधुकातके अंतिम कपड़े जो बंबईसे पहिनकर निकला था वह थे उसे देख रजनीकानको बड़ा गुस्सा आया। फिर लिफाफा खोला तो उसमें पत्र था—

राजनगर। ता०—१—१२—३१

परमपूज्य महाशय रजनीकात व

माता तुल्य मृणालिनी देवी।

इसके साथ रु० ५०००) तथा मेरे कपडे भेजता हू ! ऐसा न समझें कि मैं क्रोधसे भेज

रहा हूं । मैं तो आपका ऋणि हूं। आपने मुझे पुत्र समान रखा था । प्रेमसे चाहते थे। उस भावको मैं कभी भूल नहीं सक्ता। आपन एक प्रमाणिकतासे अलग हुए हैं। इसमें आपका कोई दोष नहीं है, दोष तो केवल भाग्यका है। इसलिये पूर्ववत् स्नेह रखे। आपकी सद्गुणी पुत्रियोंकी ममता मैं भूल नहीं सक्ता। उन्होंको कहना कि मानवी विधिके गुलाम है तौभी पुरुषार्थ छोड़ना न चाहिये। द० मधुकातके प्रणाम।

× × ×

उसी दिन किशोरीको बडा बुखार आया, सुधा किशोरीके कमरेमें गई। उसकी मनोदशाके साथ शरीर प्रकृति देख सुधाको बडी चिन्ता हुई। सुधाने कहा–बहिन किशोरी! तेरे हृदयमें कुछ औ। ही व्यथा होरही है, इसीलिये तुझे बुखार आया है। क्या तेरा हृदय मेरेपास नही खोल सक्ती?

बड़ी देर तक किशोरी विचार-मग्न रही फिर बोली–बडी बहिन सुधा! तुम्हारी छोटी बहिनको जीलाना चाहती हो? तुम मुझे सौभाग्य सुख देना चाहती हो? यदि तुम मुझ सुखी ही करना चाहती हो तो मधुकातको बुला लावो, और समझा बुझाकर घरमें रखो। सुधाके विना उन्होंको कोई समझा नहीं सकता। कहो इतना काम क्या छोटी बहिनके लिये नहीं कर सकोगी?

दूसरे दीन सुधा राजनगर जाकर मधुकान्तके पास खडी होगई। मधुकान्त सुधाको देख अचभेमें पड गया। वह सुधाका सत्कार कर उसे घरमें ले गया। बहुत दिनोंके बाद दोनोका मिलाप हुवा। सुधा व मधुकान्तके नेत्रोंसे जल बरसने लगा। अन्तमें हृदयको मजबुत बनाकर मधुकान्त बोला–सुधा! कहांसे एकाएक दर्शन दिये? कहा है वह स्वर्गविमान कि जिसमेंसे यह देवी उतर आई।

सुधा–एक बहुत जरूरी कामके लिये आई हू।

मधु–क्या मेरी मदद चाहती हो?

सुधा–हां मधुकान्त, मुझे आपका ही काम है।

मधु–क्या?

सुधा–मधुकान्त क्या आप मुझे चाहते हो?

यह सिटर प्रश्न सुन मधुकान्त बोला–हां मेरा हृदय तुम्हे चाहता है और मैं हृदय-मंदिरमें स्थापित मूर्तिकी हमेशा पूजन करता हू।

सुधा–मधुकान्त! मै इसमें मेरा सद्भाग्य समझती हू। लेकिन आपके हृदयमें यदि प्रेम है तो आपको आत्म-समर्पण करना चाहिये।

मधु–मैं तुम्हारे कथनका रहस्य कुछ समझ न सकी।

सुधा मै तो विधवा हू। शियल (शील) धर्म पालना मेरा कर्तव्य है। लेकिन मेरी बहिन किशोरी मृत्युकी शय्यापर सोरही है। मधुकान्त! वह आपको तन मनसे चाहती है, आपको साथ व्याह कर उसे सुखी कीजिये। मेरा और आपका संबन्ध तो भाई बहिनके समान रहेगा।

मधु–सुधा, सुधा, तुमने यह क्या किया?

सुधा–मधुकान्त! आपने कहा कि "मै तुम्हे पूजता हूं" यदि आप मुझे पूजते हो तो फिर पूजनीयका कहना न मानना पडे?

मधुकान्त कुछ बोल न सका, लाचारीसे मधुकान्तने सेठके पास छुट्टी लेली, और सुधाके साथ बम्बई गया। थोडे दिन बाद किशोरीके साथ व्याह होगया। रजनीकान्तने पस्तावकर १०००) रुपये मधुकान्तको दे दिये। वह रुपये मधुकान्तने सेठजीको भेज दिये।

जब किशोरी और मधुकान्त प्रेमानंदमें लीन हो जाते थे तब सुधाकी मूर्ति उन्होके सामने आ खडी होती थी, वे कहने लगते कि सुधा! धन्य है तेरी स्वार्पण भावनाको।

स्त्री स्वभाव।

(ले०:—पंडिता चंदाबाईजी—आरा)

"वस्तुस्वभावो धर्मः" यह आर्षवाक्य जड़ चेतनात्मक समस्त पदार्थोंमें घटित होता है। परन्तु स्वभावमें भी विशेष और सामान्यताका भेद है, कोई स्वभाव तो ऐसा है जो समान ही पाया जाता है जैसे अस्तित्व वस्तुत्व इत्यादि और कई स्वभाव ऐसे हैं जो कि सब वस्तुओंके पृथक् २ रहते हैं। उनमें यदि भिन्नत्व न हो तो सब काम बिगड़ जाय और वस्तु मिलकर सबकी सब एक होजाय, इसीलिये अपना २ स्वभाव भिन्न २ ही रहना आवश्यक है, अन्य वस्तुओंको छोड़कर इस समय हमें अपने स्त्रीस्वभावात्मक धर्मपर विचार करना चाहिये।

मनुष्य होनेपर भी पुरुषसे भिन्न स्वभाव हमारे कौनसे हैं इसपर ध्यान देकर अपना कर्तव्य पालन करनेसे हम कृतकार्य होसकती हैं, अन्यथा नहीं।

प्रकृतिने पुरुषसे भिन्न प्रकारका शरीर और भिन्न प्रकारका स्वभाव स्त्रियोंको दिया है। किन्तु वर्तमानकी महिलासमाज इसको पसंद नहीं करती है, वह इसकी अवहेलना करती जाती है। सभ्य महिलाओंकी अभिलाषा इसी ओर झुकती जाती है कि पुरुषोंके समान हम बन जाएं, संतान उत्पन्न करना और भोजनादिका प्रबंध करना हमारे माथेसे उठजाय तो अच्छा होगा। इसीलिये विदेशी स्त्रियां विवाह तक नहीं करती हैं। तथा भारतीय महिलाएं गृहप्रबंध छोड़ती जाती हैं।

इस समय गरीब अमीर दोनो प्रकारके मनुष्योंकी गृहस्थी बिगड़ रही है, जो गरीब अशिक्षित ग्रामीण बहिनें हैं उनको तो अपनी सन्तान और घरको सभालनेका अवकाश और बोध ही नहीं है, खेतीबारीके काममें लगी रहती हैं, कुछ समय भी मिला तो अशिक्षाके कारण कलह विसम्वादमें चला जाता है। न उनको कपड़े सीना आता है न बच्चोको भलीभांति नहलाना आता है, इसलिये उनके बच्चे नग्न शरीर और मैले रहते हैं। न उनको पढ़ना पढ़ाना आता है न पाक विद्याका ही कुछ अधिक ज्ञान है, इसलिये किसीको कुछ सहायता नहीं पहुंचा सकती हैं। धर्मका बोध न होनेसे आत्मलाभ भी यथार्थ नहीं कर सकती है! तथा जो नागरिक शिक्षित महिलाएं हैं उनको इन बातोंका पर्याप्त ज्ञान होनेपर भी वे अपने कर्तव्यका पालन नहीं करती हैं।

उनको अब यह धुन सवार होगई है कि हम पुरुषोंके समान बड़े २ कार्य करें, नामवरी पैदा करें इसीसे वे घरके कामकाजोंको तुच्छ समझने लगी है।

रसोइयोंसे भोजन बनवाना और नौकरानियोंसे बच्चे पलवाना पसन्द करती है।

इसी प्रकार स्त्रियोचित दया धर्म और कोमल परिणामोंका ह्रास होता जाता है। तथा पातिव्रत और शीलव्रतमें महिलाएं नितान्त शिथिल होगई हो ये ही उनके विशेष स्वभावात्मक धर्म है इन्हींसे स्त्री पर्यायकी शोभा है, परन्तु अपने स्वभावका तिरस्कार करके वे समानाधिकारकी चेष्टामें लगी हैं।

यह नहीं समझतीं कि पतिव्रता स्त्रीको जो पतिप्रेमदान मिलता है वह क्या कभी बराबरी करनेवालीको मिल सकता है? कदापि नहीं। वह तो एक बन्धन है, प्रेमस्नेह नहीं।

अतएव यदि हमको सुखी बनना है तो पूर्वज महिलाओंके समान ही अपने धर्मका पालन करना होगा। पातिव्रत और शीलधर्मकी रक्षा करनी होगी, हृदयमें दया भावोंको जागृत करना होगा, यथार्थ शिक्षाका प्रचार करना होगा। प्रत्येक महिलाको चाहिये कि बाल्यकालसे ही पुत्रियोंमें पति-सेवाकी

भावना उत्पन्न करदे, तथा पुत्रियोंको भी पति-गृहमें जाकर केवल विलासमय जीवन न विताना चाहिये। वरन् कर्तव्य-पथका अनुसरण करना उचित है। अपने घरकी प्रत्येक वस्तुकी संभाल रखना, पतिदेवकी सेवा करना, उनकी आज्ञा पालन करना अपना स्त्री धर्म समझे। अपने व अन्य सब बहिनोंके बालकोंको उन्नत बनाने और धर्मशील बनानेकी चेष्टा करे तभी अपने कर्तव्यका पालन व सन्तानका कल्याण होगा।

पतिसे केवल वस्त्राभरणोंको प्राप्त करना ही मुख्य न समझकर उनसे गुणग्रहण करनेका प्रयत्न करे। वर्तमानमें प्राय देखा जाता है कि पुरुष तो विद्वान् है, शिक्षित है, पत्नी अनपढ रहती है, ऐसी दशामें स्त्रीको अपने पतिको बाध्य करना चाहिये कि वह घण्टा दो घण्टा स्वय पढ़ाए। इस तरह विना खर्च और दूसरोंके सहारेके ही स्त्री कुछ दिनोंमे विदुषी होजाती है, परस्पर सहानुभूति और सात्विक प्रेमका सचार होता है, कोई२ पति स्त्रीको पढ़ाना प्रारम्भ करते हैं। परन्तु महिलाए मन नहीं लगातीं, अपनी हीनताई समझी जाती है। इसलिये यह कार्य प्रारंभ हो कर ही बन्द भी हो जाता है। ऐसा न होना चाहिये, पतिदेवका केवल आमोद प्रमोदमें ही समस्त समय न लगाकर उसमेंसे १ घंटा भी शिक्षा लेनेमें अवश्य लगाना चाहिये। और स्वय जब शिक्षिता होजाय तब दूसरी अशिक्षित बहिनोंको उठाना चाहिये।

स्त्रीके हृदयमें प्रकृतितः पुरुषोंकी अपेक्षा दया अधिक दी है, उसको बढ़ाते रहना चाहिये, न कि कर्कश कठोर होकर अपने धर्मसे च्युत होना ठीक है। कदापि नहीं। वर्तमानकी जैनेतर समाज कैसे २ परोपकार कर रही है उनको लक्ष्य करके अपनी शक्तिके अनुसार स्वयं भी कुछ करना चाहिये। पारसी महिलाएं कितने ही ऐसे २ कार्य करती हैं जिनसे उनके अंदर गरीबी नहीं घुसने पाती। छोटे २ नगरोंमे जहां कि उनके दश पांच घर भी हैं उन्होंने एक सार्वजनिक स्त्रीसभा कायम कर रक्खी है। उसमें चन्दा करके वे कपड़े तथा सूत (ऊन) मंगाती है और उसको आपसमें बाटकर अपने २ घरमे स्वयं सीतीं हैं व अपनी बच्चियोसे स्वेटर बनियान छोटी २ बनवाती हैं। इन सबको वर्षभरमें इकट्ठा करके जाडेके दिनोंमें वहीं सभा गरीब लोगोंके बच्चोंको स्वेटर बांटती है। इससे हजारों बच्चोंका जाड़ा जाता है। वे स्वेटर पहनकर शीतके रोगोंसे बचते है। इधर अपना भी कल्याण होता है। छोटी २ बच्चियां बुनना सीख जाती हैं। उनका हाथ बैठ जाता है। वे बड़ी होकर अपने पति व बच्चोंको स्वय बनाकर पहनाती है। इसी प्रकार त्रियोचित सहस्रों उपकार शिक्षित महिलाए करती रहती हैं।

जैन महिलाओंको भी उचित है कि अपनी बालिकाओंसे कपड़े सिलाकर स्वेटर बुनवाकर गरीबोंको बाटें। इससे उपकार होगा, बालपनसे ही उपकारी भावना बच्चोंके हृदयमें जाग्रत होगी. पुण्य सचय होगा, तथा सीना पिरोना आजायगा. हाथ साफ होगा, प्रमादका नाश होगा।

सभाओंको भी ऐसे२ सच फलप्रद कार्य करने चाहिये तथा सब बहिनोंको स्त्री कर्तव्यका ध्यान रखना चाहिये। अपना स्वभाव छोड़कर परभाव पर आरूढ़ होकर यह आत्मा कभी सुखी नहीं होसकता है।

अपना स्वभाव तो परमात्माके सदृश है, इसीके समान जब होगा तभी पूर्ण सुखी होगा, परन्तु जब तक यह प्राप्त न हो तबतक जिस पर्यायमें जन्म हो उसके कर्तव्यको अवश्य पूरा करना चाहिये।

स्काउटिंग और जैनसमाज ।

[लेखक—श्री० देवकुमारजी जैन बी० ए०, स्काउट मास्टर सर स्व० हु० दि० जैन बोर्डिंग—इन्दोर ।]

विश्वस्त होकर भक्त हम, होवें सहायक भी सदा ।
भ्रातृत्वपूर्ण—विनीत हों, होवें दयामय सर्वदा ॥
आदेशकारी—स्मित वदन, होवें मितव्यय भी तथा ।
मनसे वचनसे कर्मसे, हों शुद्ध भी हम सर्वदा ॥

× × ×

स्काउटिंग क्या है ?

स्काउटिंग आधुनिक शिक्षा—प्रणालीका एक अंगसा होगया है । स्काउटिंगमें खेल, कूद द्वारा एवं अन्य मनोरंजक ढगोंसे बालकों एवं युवकोंके छिपे हुए गुणोंका विकास किया जाता है जिससे कि उनमें हिम्मत, सच्चरित्र तथा स्वावलंबन आजाय, जिससे कि वे समाज, धर्म व देशकी सेवा कर सके तथा उच्च कोटिके नागरिक बन सके ।

प्रत्येक देशकी उन्नति देशके ऊंचे दर्जेके नागरिकोंपर निर्भर होती है । भारतवर्ष इस उन्नतिकी दौडमें पिछडा हुआ है । अतः हम बालकों एवं नवयुवकोंका कर्तव्य है कि हम लोग सच्चे नागरिक बनकर अपने पिछडे हुए देशको अन्य देशोंकी बराबरीपर लाकर आगे बढ़नेका प्रयत्न करें । स्काउटिंग हमको योग्य नागरिक बनाकर सच्ची निस्वार्थ देशसेवा करना सिखाती है । समाज धर्म एवं देशसेवा करनेके लिये तैयारीकी आवश्यक्ता है । सेवा करनेके लिये स्काउटका शरीर स्वस्थ, मन शुद्ध एवं दृढ़ होना चाहिये तथा अनुकरणीय शुद्ध चारित्र होना आवश्यक है ।

स्काउटिंगका मुख्य सिद्धांत 'सावधान रहो' है । स्काउटको सदा सेवा करनेके लिये तैयार रहना चाहिये । स्काउट समयपर पहुंचकर घायलोंकी देखभाल करता है, डूबते हुए व्यक्तिको पानीसे निकालकर बचाता है, धधकती आगसे बच्चे, वृद्धों, रोगियों एवं पशुओंकी रक्षा करता है, प्राणरक्षा जो कि जैनधर्मके मूल सिद्धांतोंमेंसे एक मुख्य है, स्काउटिंगके उद्देश्योंमें प्रधान है । स्काउट, सेवा करनेके योग्य बननेके लिए किसी ट्रूपमें रहकर किसी योग्य स्काउट मास्टरकी आधीनतामें शारीरिक, मानसिक, एवं चारित्रकी उन्नतिके लिये शिक्षा ग्रहण करता है ।

स्काउट मास्टर स्काउट तथा उनके शिक्षण एवं मनोरंजक खेलोंमे दिलचस्पी लेकर उन्हें अच्छी बाते सिखाता है, जिससे कि स्काउटका भविष्यका जीवन उच्च तथा सेवापूर्ण हो जाता है ! स्काउट मास्टर अपने स्काउट तथा अन्य जनोंके लिए एक सच्चरित्र और आदर्श व्यक्ति होता है । यदि वह सब स्काउट बालक व युवकोंको अपना छोटा भाई समझकर शिक्षण देता है तो उसका प्रभाव उनपर अच्छा पड़ता है ! अच्छे स्काउटका बनना अच्छे स्काउट मास्टर पर निर्भर है !

इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि स्काउटिंग आधुनिक शिक्षा—प्रणालीकी कमीको पूरा करके, बालकों एवं नवयुवकोंके सर्वांगसुन्दर विकासमें सहायक हो रहा है । जहा २ स्काउटिंगका सद्-

पयोग हुआ है वहां बालचर्य (स्काउटिंग) की शिक्षा पानेवाले बालक स्वस्थ, सदाचारी, सेवा-भाव सम्पन्न, निडर, स्वावलंबी तथा चारित्रवान पाए गए हैं। सारांश यह है कि स्काउटिंग सहृदय स्काउट मास्टरों जो कि बालकों एवं नवयुवकोंपर भाईके समान प्रेमभाव रखते हैं, की देखरेखमें बालकों तथा नवयुवकोंको शरीर, मन, व चारित्रमें पक्का बनाती हैं तथा उन्हें अच्छी बातें सीखनेका अवसर देती हैं, जिन्हें वे हंसी खेलमें सीख लेते हैं और जिससे उनका खाली समय अच्छे कामोंमें लगता है। इन सबका फल यह होता है कि वे सच्चे देश धर्म व समाजके सेवक एवं अच्छे नागरिक बनते है।

× × ×

संक्षिप्त इतिहास–

बालचर विद्याका रूप किसी न किसी रूपमे प्राचीनकालमें प्राय. सभी सभ्य देशोंमें वर्तमान था! भारतवर्षमें भी यह चरकला उन्नतिके शिखर-पर पहुंच गई थी। वर्तमानकालमें इसको समयकी परिस्थितिके अनुसार नया आकार–प्रकार देकर इंग्लेण्ड निवासी लार्ड बेडेन पावलने संचालित कर यश प्राप्त किया है। पहिले इस स्काउटिंगका प्रचार फौजी सिपाहियोंमे हुआ करता था। जो सिपाही औरोंकी अपेक्षा अधिक चतुर, साहसी तथा चौकन्ना होते थे वे ही स्काउट बनाए जाते थे। उनका कार्य सेनाके आगे २ चलना, मार्ग ढूंढ निकालना, शत्रुदलका पता लगाकर सेनापतिको खबर देना, आहतोंकी प्राथमिक चिकित्सा करना, आदि होता था। यह स्काउट कभी २ पकड़े भी जाते थे तथा मृत्युदंड पाते थे किंतु वे कर्तव्यके आगे मृत्युका भी डर नहीं मानते थे। इन स्काउट नवयुवकोंको युद्धचर (War Scouts) कहते हैं। इन नवयुवक चरोंका कार्य देखकर रोबर्टबेडेन पावेल बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने सोचा कि जिसप्रकार युद्धके अवसरोंके लिये स्काउट होते हैं उसी प्रकार शांतिके दिनोंके लिये भी स्काउट होना आवश्यक है। और यदि यह स्काउटिंग बालकों एवं नवयुवकोंको सिखाई जाय तो उनमें परोपकार, समाजसेवा, देशसेवा तथा स्वावलम्बनके भाव जागृत होंगे जिससे कि उनके चारित्रमें उन्नति होगी जिसके फलस्वरूप वे सुयोग्य नागरिक बन सकेंगे। उन्होंने सन् १९०७ में बालचरोंका सबसे पहिला केम्प किया और १९०८ में अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "स्काउटिंग फोर बायज" (Scouting for Boys) प्रकाशित की। धीरे२ स्काउटिंग सारे संसारमें फैल गया। थोड़े समय पश्चात् भारत-वर्षमें भी महामना पंडित मदनमोहन मालवीय, डॉक्टर एनीबेसेंट और अन्य महानुभावोंका ध्यान इस ओर आकृष्ट हुआ। इसके फल स्वरूप थोड़े समयमें दो बड़े बालचर मण्डल स्थापित होगए। पहिले मण्डलका नाम "दी इंडियन बायस्काउट्स एसोसिएशन।" The Indian Boy [illegible] था। इसकी संरक्षिका डॉक्टर एनीबेसेंट हुई। दूसरा मण्डल 'सेवा समिति बालचर मण्डल' के नामसे प्रसिद्ध हुआ। इसके अध्यक्ष तथा प्रधान चर पं० मदनमोहन मालवीय हुए।

इन दोनों मण्डलोंने उत्साहके साथ भारत-वर्षमें बालचर्यका प्रचार किया! सन् १९२१ में संसारके प्रधान चर लार्ड बेडेन पावेलके भारतके आगमनके उपलक्षमें मद्रास, प्रयाग आदि स्थानों-पर बालचरोंकी रैली (Rally) सम्मेलन हुई! वर्तमानमें भारतवर्षके प्रत्येक भागमें बालचरोंकी संख्या अच्छी पाई जाती है। तथा संख्या दिनपर दिन बढ़ती ही चली जारही है।

स्काउट नियम—

जिस प्रकार जैनधर्मके मुख्य सिद्धांत प्राणी-मात्रकी रक्षा करना, उनपर दयाभाव रखना, एवं सत्य बोलना है उसी प्रकारसे स्काउटिंगके भी मुख्य सिद्धान प्राणी मात्रकी रक्षा करना, उनपर मैत्रीभाव रखना एवं सत्य बोलना है। इन्हीं सिद्धांतोंका ध्येय रखते हुए स्काउटिंगके जो दश नियम हैं वे यहा संक्षेपमें दिये जाते हैं.—

(१) स्काउटके वचनपर विश्वास होता है।

स्काउट जो कुछ कहे उसपर इसलिये विश्वास किया जाता है कि वह सदा सच बोलता है। वह आपत्ति पडनेपर भी झूठ नहीं बोलता और आपत्तिका सामना एक वीरकी भाति करता है। जो स्काउट झूठ बोलता पाया जाता है उसका बैज वापिस लेलिया जाता है।

(२) स्काउट अपने राजा, अपने अफसर, अपने माता पिता, अपने देश, अपने स्वामी, तथा अपने छोटोंका शुभचिंतक होता है। स्काउट इन सबकी भलाई हृदयसे चाहता है।

(३) स्काउटका कर्तव्य है कि वह दूसरोंकी सहायता करे तथा उनके लिये उपयोगी बने!

स्काउटको सदा दूसरोंकी प्राणरक्षाके लिये तथा चोट खाए हुए व्यक्तियोंकी सेवाके लिये तत्पर रहना चाहिये। प्रतिदिन उसे दूसरोंकी सेवाका कमसेकम एक कार्य अवश्य ही करना चाहिये। उसे किसी सेवाकार्यके लिये पुरस्कार नहीं लेना चाहिये।

(४) स्काउट सबका मित्र होता है तथा दूसरे स्काउटको भाईके समान मानता है, वे चाहे जिस जातिपातिके हों।

श्री महावीरस्वामीके आदेशके समान स्काउट प्रत्येक मनुष्यको मित्र समान मानता है तथा उनकी सहायता करता है। स्काउट किसीसे शत्रुता नहीं करता एवं किसीसे की गई बुराईका बदला भी नहीं निकालता है। वह दूसरी जातिके स्काउटको भाईके समान मानकर उसके कार्योंमें सहायता करता है। इसका यह अर्थ नहीं है कि एक वर्णका स्काउट दूसरे वर्णके स्काउटके साथ भोजन करे। स्काउटका भ्रातृत्व स्नेह मनसे, वचनसे हुआ करता है, खाने पीनेकी दिखावटसे नहीं।

(५) स्काउट नम्र और विनीत होता है।

स्काउट घर या बाहर, हरस्थानपर सुशीलता व नम्रताका व्यवहार करता है। वह सबसे, विशेषकर स्त्रियों, बच्चों, वृद्धों, निर्बल, रोगियों तथा अपाहिजोंसे मीठी वाणी बोलता है! स्काउटके रहन सहन चाल ढालसे नम्रता झलकती है।

(६) स्काउट पशु पक्षियों तथा पौधोंपर दयालु होता है।

वह पशु और पक्षियोंकी तकलीफमें सहायता करता है किसीको मारता भी नहीं है! वह व्यर्थमें पौधों व घासको भी नहीं उखाडता है। यह स्काउट नियम जैन सिद्धातके समान है।

(७) स्काउट अपने माता पिता, टोलीनायक तथा स्काउट मास्टरकी आज्ञा, विना प्रश्न किए हुए मानता है।

जब उसे कोई आज्ञा मिलती है, चाहे वह उसके मनके प्रतिकूल क्यों न हो, उसे पालन करता है, इसके पश्चात् यदि आज्ञा प्रतिकूल हो तो उसके कारण बता सक्ता है, किन्तु पहिले तो आज्ञाका पालन करना ही पड़ता है इसको निग्रह (Discipline) कहते हैं! आज्ञा देनेवाले स्काउटके शुभचिंतक होते हैं। अतः आज्ञा बहुत विचार कर देते हैं।

(८) स्काउट प्रत्येक दशामें प्रसन्नचित्त रहता है। वह जहा जाता है उसका मुख प्रसन्नतासे मुस्कराता हुआ रहता है। इसमें उसको भी आनन्द होता है तथा दूसरोंको भी आनन्दका

काम होता है, विशेषतः आपदाके समय इससे बड़ा साहस बंधता है।

(९) स्काउट मितव्ययी होता है। वह पैसेका व्यर्थ व्यय नहीं करता है। वह दिखावटी वस्तुओंको त्यागकर सादी व मजबूत वस्तुएं तथा कपड़ा खरीदता हैं तथा पैसा बचाकर आवश्यक्ताके समय काममें लाता है। इस नियमका यह अर्थ नहीं है कि स्काउट कंजूस व लालची होता है। वह पैसा सदुपयोग तथा आवश्यकीय वस्तुमें व्यय करता है।

(१०) स्काउट मन, वचन और कर्मसे शुद्ध रहता है। वह अपने मनमें कभी गंदे विचार नहीं आने देता है। उसकी भावनाएं शुभ हुआ करती है। वह अपने मुख गंदे व कठोर वचन नहीं निकालता है। वह अपने शरीरको स्वच्छ, स्वस्थ तथा पवित्र रखता है। उसके कार्य तथा व्यवहार शुद्ध होते है।

पाठक ! देखिए यह स्काउटके नियम कितने ऊँचे सिद्धांतको लिए हुए हैं। इनके पालन करनेसे एक व्यक्ति चारित्रवान बन कर दूसरोंके लिए उपयोगी एवं आदर्श व्यक्ति बन सक्ता है।

× × ×

स्काउट शिक्षाके मुख्य अंग।

वनोपसेवन—

स्काउट नगरके बाहर जाकर जंगलमें अपने डेरे लगाते हैं तथा झोंपड़ी बनाते हैं। वहां स्काउट खुले मैदानमें रहना, पहाड़ोंपर चढ़ना, प्राकृतिक दृश्योंका देखना, नदीमें तरना, आग जलाना, अपना भोजन आप तैयार करना, संकेतों द्वारा मार्ग ढूंढ निकालना, झंडी द्वारा समाचार देना, खेल खेलना, पशुपक्षियोंके विषयमें जानकारी प्राप्त करना, भील आदि बनवासी स्त्री पुरुषोंसे मिलना, उनके आचार विचार एवं व्यवहारका ज्ञान प्राप्त करना, रात्रिके समय मनोरंजनके लिये केम्पफायर (Kamp-fire) करना तथा रात्रिको केम्पका पहरा देना, वनोपसेवन एवं शिविर जीवनसे सीखते हैं।

वास्तवमें देखा जाय तो वनोपसेवन जीवनसे बहुत लाभ होते है। मनुष्यका खुले मैदानमें रहनेसे, पहाड़ोंपर चढ़ने, तैरने, एवं खेलोंसे स्वास्थ्य बहुत अच्छा होजाता है। प्रातःकाल प्राकृतिक दृश्योंके देखनेसे दृष्टिकी शक्ति बढ़ती है। जंगलमें इधर उधर भ्रमण करनेसे मनुष्यका स्वास्थ्य ही ठीक नहीं होता किन्तु उसमें स्वावलम्बन, धैर्य, वीरता, सहनशक्ति, एवं मैं कुछ कर सक्ता हूं, आदि भाव उत्पन्न होकर अधिक मात्रामें बढ़ते हैं और अपनेको एक समाजका अंग समझने लगता है। भोजन बनाने तथा झोंपड़ी बनानेसे स्काउटके स्वावलंबनका ज्ञान होता है। हमको विश्वास हो जाता है कि वह आपत्तिके समय जंगलमें भी रहकर घबरायगा नहीं तथा एक वीरकी भांति आपत्तियोंका सामना करेगा। संकेतोंद्वारा मार्ग ढूंढ निकालना तथा झन्डे द्वारा तथा अन्य संकेतोंद्वारा समाचार भेजना आदिसे पता चलता है कि स्काउट कितना चतुर, चौकन्ना तथा विचक्षण बुद्धिवाला होता है। स्काउट जंगलमें जाकर वनके पशु पक्षियों, जड़ीबूटियों एवं विषैले पोधोंके विषयमें जानकारी प्राप्त कर ज्ञान बढ़ाता है। स्काउट प्रसन्नचित्त तो सदा ही रहता है। किन्तु अन्य लोगों व स्वयंके दिल बहलावके लिए मनोरंजक नाट्य, गायन, प्रहसन तथा कहानियोंद्वारा दूसरोंका चित्त प्रसन्न करता है। वह जंगलमें रहनेवाले भील आदि निवासियोंसे मित्रताका व्यवहार करता है तथा उनकी सहायता भी करता है और अच्छी बातें बताता है। स्काउटको जंगलमें दिशाका ज्ञान प्राप्त करना तथा डंडे रस्सी व शाखोंकी गाठोंसे पुलका बनाना जानना आवश्यक है।

(२) तैरना व प्राणरक्षा —

स्काउट केवल तैरना ही नहीं सीखता है किंतु डूबते हुए व्यक्तियोंको किस प्रकारसे, स्वयं डूबते हुएके चंगुलमें न फँसकर, पानीसे बाहर निकाल कर बनावटी सांस देना चाहिये भी सीखता है। इसमें धैर्य, चालाकी व तैरनेकी शक्तिका होना आवश्यक है।

(३) अग्नि व प्राणरक्षा —

स्काउटको यह जानना भी आवश्यक है कि किस प्रकारसे जलते हुए घरके भीतर प्रवेश करना चाहिये। एवं भीतरसे निःसहाय बच्चों, वृद्धों व रोगियों एवं बछड़ोंका उद्धार करना चाहिये। इस उपकारके करनेके लिये स्काउटका मन एवं शरीर बहुत मजबूत होना चाहिये। जिससे कि वह धधकती अग्निकी लपटों व धुंएसे घबरावे नहीं और निस्सहाय प्राणियोंकी रक्षा भी कर सकते हैं। स्काउटको यह जानना भी आवश्यक ही है कि किस प्रकारसे बढ़ती हुई अग्निको वशमें करना चाहिए तथा बुझाना चाहिए। फायर इंजिनका उपयोग जानना भी लाभदायक होता है।

(४) प्राथमिक चिकित्सा—

आहत प्राणियोंकी जबतक डाक्टर न आवे, चिकित्सा करना स्काउटका कर्तव्य है। स्काउट चोट खाए हुए व्यक्तिका यदि रुधिर बाहर निकल रहा हो, रुधिर बंद करता है, सांसकी आवश्यक्ता होनेपर बनावट सांस देता है, बेहोशी दूर करता है, मरहम पट्टी करता है, भीड़को हटाकर रोगीको धैर्य बांधता है तथा उसकी पूर्णरूपसे शुश्रूषा करता है। यह प्राथमिक चिकित्साकी शिक्षा बहुत आवश्यक तथा उपयोगी है।

(५) सवारी, दौड़ना, पहचान—

स्काउटको आवश्यकता एवं जल्दीके समय सहायता करनेके लिए साइकलका चढ़ना जानना बहुत आवश्यक है। यदि वह घोड़ेकी सवारी व मोटर चलाना जानता है तो बहुत ही अच्छा है। स्काउटको दौड़नेका भी अभ्यास होना चाहिए जिससे कि वह ठीक समयपर पहुंचकर सेवा कर सके। उसे नगरके मुख्य व्यक्तियों, जैसे डाक्टर, स्काउट मास्टर एवं राज्याधिकारी व्यक्तियोंके मकान जानना, बड़े२ आफिस, जैसे तार, डाक, पुलिस, टेलीफोन, रेल्वे आफिस जानना आवश्यक है! नगरकी सड़कों, रेल व मोटरगाड़ियोंके आने जानेका समय जानना भी आवश्यक है।

(६) कला परीक्षा एवं दीक्षा -

स्काउट कलाओंमें प्रवीण होता है जिसमें बच्चोंके खिलौने बनाना, लकड़ीके चित्र बनाना, चित्र व नकशे बनाना मुख्य है। स्काउटको परीक्षा व योग्यताके अनुसार बैज तथा दक्षताके बैज उत्साहवर्धनके लिए दिये जाते हैं। स्काउट दीक्षा, जिस दिन कि वह स्काउटकी जातिमें भरती होता है, के समय अपने स्काउट भाइयोंके सम्मुख शुद्ध हृदयसे प्रण करता है कि मैं स्काउटकी मर्यादाकी शपथ खाकर कहता हूं कि मैं यथाशक्ति प्रयत्न करूंगा कि मैं—

(१) देश, महेश, और नरेशके प्रति अपने कर्तव्योंका पालन करता रहूं।

(२) सदा दूसरोंकी सहायता करता रहूं, और-

(३) सदा स्काउट-नियमका पालन करूं।

× × ×

जैन समाज व संस्थाएं।

पाठकों! आपने स्काउटिंग तथा स्काउटके देश, धर्म, व समाजसेवा भाव, उसकी मुख्य शिक्षाएं एवं उपयोगिताका पूर्णरूपसे दिग्दर्शन कर लिया है! अब आप अपनी दृष्टि जैनसमाजपर डालिये। दृष्टिपात करनेसे पता चलता है कि इस

एक प्रकाशवान भवनसे निकलकर एक अन्धेरी कोठरीमें जारहे हैं। अच्छा हो यदि अन्धेरी कोठरीमें प्रकाश आजावे। आजकल भारतवर्ष उन्नतिकी दौड़में पीछे दौड़ रहा है और उसमें भी हमारा जैन समाज उसके अंतिम मार्गमें ढकलतासा चल रहा है! जैन समाजकी जो व्यवस्था होरही है वह पाठकोंसे छुपी हुई नहीं है। समाजके व्यक्ति जब स्वयं अपनी ही रक्षा नहीं कर सकते है तथा अपने आपके लिए उपयोगी नहीं बना सकते हैं तो वह अन्य प्राणियोंकी किस प्रकारसे सेवा व प्राणरक्षा कर सकते हैं। इसका कारण यही है कि हम अच्छे नागरिक नहीं है। मुख्य कारण तो यह है कि एक तो समाजके बालकोंका लाड प्यारसे शिक्षण ही नहीं होता है और यदि कोई पढ़नेवाले भी होते हैं तो वे विचारें आर्थिक स्थितिकी चक्कीमें दबकर पिचल जाते है। यदि किसीका शिक्षण भी हुआ तो वह पर्याप्त नहीं होता है उन्हे आध्यात्मिक तथा लौकिक शिक्षासे शून्य रक्खा जाता है। इसका फल यह होता है कि वे अच्छे नागरिक नहीं बनपाते है और न उनके हृदयमें सेवा भाव ही उत्पन्न होते हैं। भाव उत्पन्न होकर करे ही क्या जब कि उनका मन व शरीर सेवाकार्य करनेके योग्य ही तैयार नहीं किया गया है। अब व्यर्थ पश्चाताप करनेसे कुछ नहीं हो सकता है। हमारा अब समाजके बढ़ते हुए छोटे छोटे बालकों एवं नवयुवकों, जो कि हमारी भविष्यकी सुसमाजके स्तम्भ होंगे, की ओर ध्यान देना आवश्यक है।

हमें इन समाजके नवीन पौधोंसे बहुत आशा है। अब समाजको इन बालकोंका शिक्षण सुचारुरूपसे करना चाहिये। जिससे कि वे सच्चे नागरिक बनकर देश धर्म एवं समाजसेवा कर उन्नति कर सकें। उन्हें इस प्रकारसे शिक्षण दिया जाय जिससे कि वे सत्यभाषी बनें, दूसरा निस्सहाय स्त्री बच्चों तथा रोगियोंकी सेवा-सुश्रूषा कर अपनी वीरता दिखा सके, जीवोंकी प्राणरक्षा कर सके, सहनशील बन सके, देशभक्त व सेवक बन सके, तथा इसके अतिरिक्त उनका स्वास्थ्य ठीक हो, शरीर हृष्टपुष्ट हो और वे मनसे दृढ़ हों। वे सदाचारी हो, उनका अनुकरणीय चारित्र व क्रियाए हो, वे सेवाभाव सम्पन्न हों। उनमें स्वावलम्बनकी मात्रा पूर्ण हों तथा नागरिकताकी योग्यता पूर्ण हो। सारांश यह है कि उनके शिक्षणके साथ २ उन्हें स्काउट शिक्षण दिया जाय। यदि बालकोंका शिक्षण इस प्रकारका हो तो हमें आशा करना चाहिए कि समाजके दिन बहुत शीघ्र अच्छे आनेवाले हैं।

मुझे आशा है कि समाजकी शिक्षा संस्थाए और विद्यालय इस स्काउट शिक्षाकी ओर अवश्य ध्यान देंगे। इससे विद्यार्थियोंका जीवन अधिक अच्छा होगा और वे सेवाभाव लेकर समाज, धर्म व देशकी सेवा करते हुए कार्यक्षेत्रमें पदार्पण करेंगे। श्री० रावराजा सर सेठ हुकमचंदजी जैन बोर्डिंग हाऊसमें यह स्काउट संस्था स्थापित हो-चुकी है और उसमें ४० स्काउट शिक्षण पा रहे हैं! मैं जैन संस्थाओंके अधिकारी वर्गोंसे निवेदन करता हूं कि वे इस बड़ी जैन संस्थाका अनुकरण कर किसी एक योग्य व्यक्तिकी अध्यक्षतामें स्काउट शिक्षा देना प्रारम्भ करदे। विशेष परिचय व पुस्तकें बालचर मंडल-प्रयागसे प्राप्त होसकती हैं। आशा है कि जैन समाजके हित चाहनेवाले सज्जनगण मेरे इस निवेदन पर ध्यान देकर समाजका भावी जीवन अच्छा बनावेंगे। इति।

भगवान महावीर और समाजव्यवस्था।

[लेखक:—पं० शोभाचन्द्रजी जैन भारिल्ल न्यायतीर्थ-ब्यावर।]

गवान् महावीरका उपदेश अध्यात्म-प्रधान है, यह सच है और यह भी सच है कि वह निवृत्तिप्रधान है। मगर इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि अन्यान्य विषयोंके लिए उसमे कोई स्थान ही नहीं है। भगवान्के उपदेशकी मुख्य एक धारा है, पर जैसे एक महानदीमेंसे अनेकानेक नहरें निकलतीं और वे विभिन्न क्षेत्रोंमें जीवन-जल पहूंचाती हैं, वैसे ही भगवान्के उपदेशसे अनेक उपधाराएं उत्पन्न होती हैं और वे विभिन्न क्षेत्रोंमें जीवन उंडेलती है। समाज, राजनीति आदि कोई विषय ऐसा नहीं, जिसे भगवान्ने अछूता छोड़ दिया हो। जैनोंकी दूषित शिक्षाप्रणालीके कारण ऐसे विद्वान् नहीं तैयार होते है, जो विशाल जैन साहित्यका मथन करके उसे आधुनिक शैलीसे सर्व-साधारणके समक्ष उपस्थित कर सकें और यही कारण है कि जनता भगवान् महावीरके अधिकाश सिद्धान्तोंसे अनभिज्ञ रह जाती है।

× × ×

यहा प्रत्येक विषयकी चर्चा करना असंभव है। इस छोटेसे निबंधमें हम भगवान् महावीरके समाज व्यवस्था सम्बन्धी ही कतिपय नियमोंका परिचय करानेका प्रयत्न करेंगे। यहां यह आशका की जा सकती है कि भगवान् महावीर धर्मतीर्थंकर थे। धर्मकी व्यवस्था करना ही उनका ध्येय था। तब वे समाजव्यवस्थाके पचड़ेमें क्यों पड़े? समाजकी व्यवस्थासे उन्हें क्या लेना-देना था?

इसका उत्तर सीधा सादा है। आचार्य श्री समन्तभद्रने अपने सुप्रसिद्ध वाक्य, न धर्मो धार्मिकै-र्विना' में इसका स्पष्टीकरण भी कर दिया है। धर्म ऐसी कई वस्तु नहीं है जो स्वतंत्ररूपसे रह सकती हो। वह धर्मात्माओंके आश्रित है। धर्मात्मा पुरुष समाजमेंसे ही होते हैं। जिस समाजकी व्यवस्था सर्वांगसुन्दर होती है, जिसमें दोषोका ही साम्राज्य न होकर सद्गुणोंका ही प्रचार होता है वही समाज धर्मकी ओर उन्मुख होसक्ता है। जो समाज अपनी दुर्व्यवस्थाके कारण शाति पूर्वक जीवन-निर्वाह नहीं कर सक्ता, जिसे उदर-देवकी अभ्यर्थना करतेर दूसरी ओर दृष्टिनिपात करनेका भी अवकाश नहीं मिलता वह धर्मकी क्या खाक चिन्ता करेगा? तात्पर्य यह है कि धर्म धर्मात्मा-ओंपर निर्भर है और धर्मात्माओंका अस्तित्व समाजकी सुव्यवस्थाके आधीन है। इस प्रकार धर्म और समाजका गहरा सम्बन्ध सिद्ध होता है और यही कारण है कि धर्म तीर्थंकर होनेपर भी भगवान्ने समाज व्यवस्था संबन्धी मौलिक एवं व्यापक नियमोंका निर्धारण किया है। ऐसा करना सर्वथा उचित है। समाज नींव है और धर्म उस नींव पर खड़ा किया जानेवाला विशाल प्रासाद है। जो धर्मप्रवर्तक समाजकी सुव्यवस्थाकी ओर ध्यान न देकर केवल धर्म ही धर्मके राग आलापता है, समझिए वह बिना नींवके हवामें महल खड़ा करनेका निष्फल प्रयत्न करता है अथवा विना जड़ोंके वृक्षको जमीनपर रोपनेकी चेष्टा करता है।

दूसरी बात यह है कि राज्यव्यवस्था, समाज व्यवस्था और धर्म व्यवस्थाकोहम शब्दोंद्वारा भले ही पृथक्-पृथक् कर दे। उन्हें विभिन्न श्रेणियोंमें विभाजित कर दे, परन्तु जीवनको इस प्रकार विभाजित नहीं कर सकते। जीवन एक ही अविभक्त वस्तु है और सामाजिक राजनैतिक आदि भांति-भांतिके समय संघर्ष उसी एकके साथ हुआ करते हैं। प्रत्येक व्यवस्था जीवनपर अपना प्रभाव डाले विना नहीं रहती और यही कारण है कि प्रत्येक विचारशील महापुरुष जीवनके एक अंगमें सुधार करनेके लिये दूसरे अंगोंकी ओर भी अवश्य ध्यान देता है। ऐसा किए विना कोई भी प्रयास सफल नहीं होसकता। इसके लिए एक प्रत्यक्ष उदाहरण पर्याप्त होगा। महात्मा गांधीजी राजनैतिक सुधारोंके लिए प्रधान रूपसे उद्योग करते हैं, पर इस सुधारके लिए क्या वे दूसरे विषयोंकी उपेक्षा करते हैं? कदापि नहीं। वे अन्यान्य क्षेत्रोंमें भी इतना अधिक काम करते हैं कि साधारण लोग जो इस रहस्यसे अनभिज्ञ हैं, गांधीजीको समझनेमें ही भूल कर बैठते हैं। वे समाजसुधारके अनेकों आंदोलन सदा करते रहे हैं फिर भी उन्हें जब यह अनुभव हुआ कि विशिष्ट सामाजिक शुद्धिके विना राजनीतिक्षेत्रमें दृढ़ता पूर्वक बढ़ना कठिन है तो उन्होंने इस ओर और अधिक ध्यान दिया; मगर हमें यह स्मरण रखना चाहिये कि उनका मुख्य कार्यक्षेत्र राजनीति ही है।

अब इस बातको हम आसानीसे समझ सकते हैं कि भगवान्ने समाजव्यवस्थाके मौलिक आधारोंको क्यों अपने उपदेशमें आश्रयण दिया।

इस कथनका यह आशय नहीं है कि भगवान् महावीरने समाजके आन्तरिक, क्षुद्रतर, एवं धर्मके साथ जरा भी संबंध न रखनेवाले, सामाजिक मामलोंमें भी अपनी मुहर लगादी है। उन्होंने केवल उन्हीं सामाजिक नियमोंका निर्देश किया है जिनके आधारपर समाज-संस्थाकी नींव डाली जाती है, वह फलती फूलती है, जिनकी बदौलत समाजमें धर्मात्मा उत्पन्न होते हैं। कुर्ता पहिनना चाहिये या कमीज, धोती पहनी जाय या पाजामा, टोपी लगाई जाय या पगड़ी, इसी प्रकार सवर्णा स्त्रीके साथ ब्याह किया जाय या असवर्णाके साथ भी, सजातियाका ही पाणिग्रहण किया जासकता है या विजातियाका भी; इत्यादि ऐसे विषय हैं जिनका धर्मके साथ कोई अविनाभाव नहीं है।

इन बातोंका एक मात्र ध्येय है विषयवासनाको केन्द्रित करना और धीरे२ उसका अंत कर देना। विवाहसंबंध चाहे सजातिया स्त्रीसे कीजिये या विजातियासे, सवर्णासे कीजिये या असवर्णासे, उक्त ध्येयकी हरएक हालतमें पूर्ति होसकती है। अतएव ऐसे नियमोंके विषयमें भगवानके फरमान पैदा करना एक प्रकारका उन्माद ही कहा जा सकता है। वस्तुतः ये ऐसी अप्राधान्य बातें हैं जो सामयिक परिस्थितिसे संबन्ध रखती हैं और समाजके प्रधान लोग ही एक मूल ध्येय समक्ष रखकर इनके सम्बन्धमें उचित निर्णय दे सकते हैं। वर्णव्यवस्था इसका उदाहरण है। जिसमें थोडासा भी विवेक है और वह विवेक किसी प्रकारकी कषायसे विकृत नहीं हुआ है, उसे यह बात समझनेमें कुछ भी कठिनता नहीं होसकती कि वर्णोंकी व्यवस्था सामाजिक सुव्यवस्थाके लिए ही कायम की गई है। धर्मके साथ उसका जरा भी प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है। यह बात स्पष्ट समझानेके उद्देश्यसे ही महाराज ऋषभदेवके स्थापित किए हुए तीन वर्णोंमें यथोचित परिवर्तन करके चक्रवर्ती भरतने एक नया वर्ण बना दिया। भगवान् ऋषभदेव, चक्रवर्तीके इस परिवर्तनकी आलोचना करते हैं, [illegible]

है। परन्तु यह नहीं कहते कि उसका यह कार्य सर्वोचित है!

वर्णव्यवस्था यदि धर्मके पायेपर अवलम्बित होती तो श्री ऋषभदेव केवलज्ञानी होनेसे पहले उसे कायम ही न करते और न भरत उसमें परिवर्तन करनेका विचार भी कर सकते। इन सब बातोंसे उसकी सामाजिकता स्पष्ट है फिर भी हम अपने सहज विवेकसे इस सम्बन्धमें विचार कर सकते हैं। अस्तु। सामाजिक बातें, जो सदाके लिए एक रूप नहीं रह सकतीं, समाजके नेताओंपर निर्भर हैं। वे ही उनका संरक्षण और विनाश करनेके अधिकारी हैं। अतएव ऐसी बातोंको किसी सर्वज्ञके सिर मढ़ना विवेकका दीवाला निकालना और सर्वज्ञ तीर्थंकरका अविनय करना है। इतनी प्रासंगिक चर्चाके बाद अब हम अपने मूल विषय पर आते हैं।

× × ×

समाजकी सुव्यवस्थाके लिए सबसे पहली शर्त जीवन-निर्वाहकी अनिवार्य आवश्यक सामग्री प्राप्त होनेकी समस्याका हल होना है। जिस समाजमें थोड़े या बहुत व्यक्तियोंको भरपेट रोटी नसीब नहीं होती, शीत आदिसे शरीरकी रक्षा करनेके लिए पुराने चीथड़े भी प्राप्त नहीं होते, उसमें कभी शांति नहीं रह सकती। ऐसे व्यक्तियोंकी आवश्यकताओंकी पूर्ति न होनेके कारण समाजमें उनके द्वारा भीषण संघर्ष उपस्थित होजाता है और शांति खतरेमें पड़ जाती है। विशेषकर ऐसे समय जब कि उसी समाजके थोड़ेसे व्यक्ति दोषपूर्ण सामाजिक संगठनके कारण जीवनोपयोगी साधनोंको अपने हाथोंमें ले लेते हैं और लालचके कारण उनका आवश्यकतासे अधिक संग्रह करते चले जाते हैं, तब भूखे और नंगे रहनेवाले वर्गमें प्रतिशोधकी तीव्र भावना पैदा होती है। वे सोचने लगते हैं कि—"समाजके प्रत्येक सदस्यके समान अधिकार हैं। फिर क्या कारण है कि एक सदस्य जीवन-सामग्रीका अनाप-सनाप दुरुपयोग करके चैनकी गुड्डी उड़ाता है, और इतनेसे भी संतुष्ट न होकर व्यर्थ संग्रह भी करता चला जाता है। दूसरी ओर वे नंगे और भूखे मनुष्य हैं, जो खूनका पसीना बना करके भी भरपेट भोजन नहीं पासके।" इस अनुचित वैषम्यके कारण प्रतिशोधकी जो ज्वाला प्रगट होती है उसमें सामाजिक शक्ति भस्म होजाती है और जीवन एक बला बन जाता है।

तात्पर्य यह है कि समाजमें अमन-चैन एवं धर्मभाव क़ायम रखनेके लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्तिके लिए अनिवार्य रूपसे उपयोगी जीवनकी सामग्री उपलब्ध हो। आजकल तो यह समस्या सबसे अधिक कठिन बन गई है और इसको हल करनेके लिए अनेक संस्थाओंका आविष्कार हुआ है। दूरदर्शी भगवान् महावीरने आजसे ढ़ाई हजार वर्ष पहले ही इस समस्यापर विचार कर लिया था। और उसका समाधान भी हमें बता दिया था। मगर अभागा संसार उस रहस्यको न समझा और अपने आप ही उसने अपने सिर पर विपत्ति बुलाली है। ठोकरें खाकर अन्तमें कोई 'साम्यवाद' का नाम देकर कोई 'कम्यूनिज्म' का जामा पहनाकर कोई 'फेसिज्म' का बाना बनाकर, कोई और किसी नामसे, आखिर भगवान् महावीरके आदेशको स्वीकार करनेके लिये बाध्य हुआ है।

× × ×

आइए, अब हम भगवान् महावीरके इस समस्याके समाधानको देखें। भगवानने श्रावकोंके लिये बारह व्रतोंका उपदेश दिया है। उनमेंसे परिग्रह परिमाण और भोगोपभोग परिमाण व्रतपर जरा विचार करें। इन दोनों व्रतोंमें स्थूल साम्यवाद

स्पष्ट है। दोनोंके विधानका एक ही उद्देश्य है। अगर भोगोपभोग परिमाण व्रत, परिग्रह परिमाणका पोषक है और परिग्रह परिमाण व्रत उसका पोष्य है। एकका पालन करनेसे दूसरेका पालन सुगम होजाता है। परिग्रह परिमाणव्रत, मूल व्रतोंमें हैं और भोगोपभोग परिमाण उत्तर व्रतोंमें है। यहांपर आशंका होसक्ती है कि मूल व्रत पांच हैं। उन सबके लिये ठीक इसी प्रकारके एकार्थक उत्तर व्रतोंका क्यों विधान नहीं किया गया है? इसके उत्तरमें ही प्रकृत विषय स्पष्ट होजाता है। भगवान् महावीरने इस विषयपर अपेक्षाकृत अधिक जोर दिया है और इसका कारण यही है कि यह सामाजिक सुव्यवस्थाका मूल आधार है।

प्राचीनकालमें इन व्रतोंका पालन किस प्रकार होता था, यह हम नहीं कह सक्ते परन्तु आजकल पालन करनेकी जो पद्धति हैं उसे देखते हुए यही कहना पडता है कि यह व्रत ही व्यर्थ हैं। लोग इस प्रकारकी मर्यादा करते हैं कि जीवनभर उस मर्यादाकी पूर्ति करनेके लिये धर्म–कर्मको तिलाजलि देदेनेपर भी, रातदिन आर्त्तध्यान और रौद्रध्यान करते रहनेपर भी, वह पुरी ही नहीं होती। इन व्रतोंका जो वास्तविक उद्देश्य है, वह जरा भी सिद्ध नहीं होता। जैसा कि हम पहले कह चुके हैं इन व्रतोंमें धार्मिकता और सामाजिकताका तत्त्व भरा गया है। अत. इनका पालक भी इसी प्रकार होना चाहिये जिससे उसी उद्देश्योंकी सिद्धि हो। इसके लिए मर्यादाकी 'मर्यादा' पर खूब ध्यान रखना चाहिए। मर्यादा ऐसी हो जिससे तृष्णामें न्यूनता आजाए और साथ ही साथ सामाजिक उद्देश्यकी भी पूर्ति हो। सामाजिक उद्देश्यकी पूर्तिके लिए परिग्रहकी मर्यादा करते समय कमसे कम अपने देशकी और अधिकसे अधिक समस्त संसारकी आर्थिक अवस्थाका विचार करना चाहिए। और उसकी औसत लगाकर एक व्यक्तिके हिस्सेमें जितनी संपत्ति आना संभव हो, उतनी ही या उससे भी कमकी मर्यादा रखनी चाहिये। यही भगवानका आशय है और इसके विना यह व्रत ही व्यर्थ होजाते हैं।

यदि प्रत्येक व्यक्ति इस प्रकार इन व्रतोंका पालन करे तो संसारके सिरपर मडरानेवाला भीषण संकट क्षणभरमें दूर होसकता है। चोरी, डकैती, लूट, खसोट बातकी बातमें दूर किये जासक्ते हैं। तब हम देखेंगे कि जैनधर्मके तत्त्व संसारके लिये कितने उपादेय हैं और उनका प्रचार होनेसे संसारमें कैसी अनुपम शान्तिका साम्राज्य होता है। यह स्पष्ट है कि साम्यवाद, कम्यूनिज्म, आदि संस्थाओंके मौलिक आधार भगवान् महावीरके उपदेशोंमें मौजूद है और भगवानने धर्मका एक खास अङ्ग बनाकर जगतके सामने उन्हें रखा था।

इतना ही नहीं जैनशास्त्रोंमें और भी इस विषयपर विवेचन किया गया है। जो प्राकृतिक वस्तुएं हैं और जिनका उपयोग प्रत्येक व्यक्तिको अवश्य करना पड़ता है, ऐसी वस्तुओं पर थोड़ेसे लोगोंका अधिकार नहीं हो सकता। इसीलिए जैन शास्त्रोंमें जंगलको खरीदकर लकड़ी कटाकर व्यापार करनेका और खानें खुदाकर व्यापार करनेका भी निषेध किया गया है। इस सम्बन्धकी सैकडों बातें हैं जिसका फिर कभी दिग्दर्शन कराया जायगा।

इस संक्षिप्त विवेचनसे हम भलीभांति समझ सकते हैं कि भगवान् महावीरने सामाजिक व्यवस्थाके आधारभूत सिद्धान्तोंको अपने उपदेशमें कितना अच्छा स्थान दिया है?

श्री बाबू कामताप्रसादजी जैन अलीगंज।

आप जैन समाजमें कई ऐतिहासिक ग्रन्थोंके सुप्रसिद्ध लेखक तथा 'वीर' पत्रके सुयोग्य सम्पादक हैं।

पं० गुणभद्रजी जैन कवि–अगास।

भोजन-विचार।

लेखक.—आयुर्वेदविशारद पंडित मनोहरलालजी जैन शास्त्री–झांसी।

यह बात तो निर्विवाद स्वतः सिद्ध है कि हमारे शरीरकी स्थितिमें एक मात्र–सहायक भोजन ही है, अत. भोजनके बिना प्राणोंकी रक्षा होना सर्वथा असभव है, जो कुछ हम खाते पीते है उसे "प्राणवायु" आमाशयमें लेजाकर पहुचाती है। जो खट्ट, मीठ, कडुव रसादि होते है वे ही "रस" आमाशयमे जाकर मीठे और झागदार रूपमें परिणत होजाते है, बाद पाचक पित्तकी उष्णतामे वह रस पककर खट्टा होजाता है। तत्पश्चात् खट्टे आहारका नाभिगत "समानवायु" ग्रहणीमें पहुंचा देती है, वहा पाचक पित्तरूप अग्निसे आहार पचता है। जो पचते समय कटु होजाता है, फिर वही अच्छी तरह पच जानेपर मीठा और स्निग्ध होजाता है। एव पचे हुये आहारके सार भागको "रस" कहते हैं, जो भोजनका सूक्ष्म सार है। निस्सार भागको मल (विष्ठा) कहते है, तथा जलीय भाग जो बस्त्याशय (पेडू) मे जाता है उसे मूत्र कहते है। मूत्र और मलको मूत्रेन्द्रिय और गुदा द्वारा "अपान वायु" बाहर निकाल देती है, "समान वायु" रसको हृदयमें ले जाती है, वह "रस" हृदयस्थ नाडियोंमे होता हुआ समस्त धातुओंको पुष्ट करता, शारीरिक अवयवोंको बढ़ाता, धारण करना और जीवित रखता है, किंतु जब यही रस मंदाग्नि (अजीर्ण)से अपक्व रहकर खट्टा और चरपरा होजाता है, तब विशूचिका (हैजा) आदि अनेक रोगोंको पैदा कर मनुष्यको विषके समान मार डालता है, अतएव आहारके भलीभांति पचनेसे ही रस बनता है, और रससे रक्त, रक्तसे मास, माससे मेद (चरबी), मेदसे अस्थि, अस्थिमे हड्डी, हड्डीसे मज्जा और मज्जासे शुक्र (वीर्य) बनता है। इन सातोंको ही "धातु" कहते हैं, इनमेंसे किसी एकके बिना शरीरकी स्थिति रहना सर्वथा असभव है, इनके क्षय होनेसे ही जीवन क्षय हो जाता है। अतएव यह बात सिद्ध होचुकी कि अन्य छहों धातुओंकी पुष्टि खाये हुये पदार्थ (भोजन) के सार भाग अर्थात् "रस" से होती है, इसीलिये कहा जाता है कि हमारे प्राणोंकी रक्षामें आहार ही सहायक है। यथा—

आहारः प्राणिनः सद्यो बलकृद्देहधारकः।
आयुस्तेजः समुत्साहस्मृत्योजोऽग्निविवर्द्धनः॥
(सुश्रुतः)

भोजन तृप्ति करनेवाला, शीघ्र बलदायक, देहको धारण करनेवाला, आयु, तेज, उत्साह, स्मरणशक्ति और जठराग्निको बढानेवाला है।

अतएव अब भोजनके विषयमें आयुर्वेद मतानुसार भोजन कैसा और कब करना योग्य है, इस बातपर ध्यान दिया जाता है जो मानव जीवनके लिये अत्युपयोगी है। यों तो भोजनका विषय इतना गम्भीर है कि जितना अधिक लिखा जाय उतना ही थोडा है, परन्तु यहांपर कुछ संक्षिप्त रीत्या बताया जाता है, भोजन देश काल (ऋतु) और प्रकृतिके अनुसार भूख लगनेपर नाति शीतल, नाति उष्ण सेवन करे, भोजन रुचिकर शुद्ध ताजा

और विश्वासपात्रका हो बना हुआ हो तथा भोजनमें आये हुये पदार्थोंको क्रमसे लघु गरिष्ट और अन्तमें द्रव (पतले-दुग्धादि) का सेवन करें, इसके विपरीत रूखासूखा, वासी, बाजारू विना भूख अविश्वासी जनका बनाया हुआ भोजन कदापि भक्षण करना उचित नहीं, क्योंकि ऐसे भोजनसे शारीरिक और मानसिक शक्तिया अधिक कमजोर होजाती है। ज्ञान शक्तिशून्य निस्तेज होजाती है लौकिक और पारलौकिक उन्नतिसे वंचित रहकर पशुवत् दुखमय जीवन निताना पडता है। वास्तवमें यह लोकप्रसिद्ध बात है कि—

"जैसा खावै अन्न वैसा होवे मन्न।"

अर्थात् जैसा अच्छा बुरा अन्न भक्षण किया जायगा वैसा ही आत्मापर प्रभाव पडेगा, इसमें रञ्च मात्र सन्देह नहीं। अत: भोजनोपयोगी चीजोंपर सदैव विचार-दृष्टि रक्खे, बहुतसी चीज तो स्वभावसे हितकारी और कुछ स्वभावसे अहितकारी होती हैं, ऐसी चीजोंका सेवन या तो कम किया जाय या उनका सर्वथा त्याग देना अच्छा है।

कुछ चीजें अकेली अमृतके समान गुणकारी हैं, और वही किसी अन्य चीजोंके साथ मिल जानेसे विष तुल्य होजाती हैं उनको "संयोग विरुद्ध" कहते हैं, जैसे दुग्ध मूलि आदि।

कुछ चीजें समान भाग सेवन करनेसे विषतुल्य होजाती हैं जैसे, घी, शहद (मध्वादि)

कुछ चीजे "कर्म विरुद्ध" होती हैं जैसे दश दिन तक कांसीके पात्रमें रक्खा हुआ घृत।

तथा भूख लगनेपर भोजन न करके केवल जलद्वारा पेट भर लेनेसे "जलोदर" और प्यास लगनेपर भोजन करनेसे जठराग्नि मंद पड जाती है, अत: भूखपर भोजन और प्यास लगनेपर पानी पीना ही उचित है, इसके सिवाय भोजन करनेके पश्चात् न तो कभी दौडे और न कभी शीघ्र भारी वजनदार वस्तुको ही लेकर चले इससे भी स्वास्थ्यको बडी भारी हानि पहुचती है। इस विषयमें भोजनोत्तर आयुर्वेद मतानुसार क्या करें सो कहते हैं। यथा—

भुक्त्वा शतपदं गच्छेत वामपार्श्वेन संविशेत्।
शब्दरूपरसस्पर्शास्तेनान्नं साधु तिष्ठति ॥

अर्थात् भोजन करके शान्तिसे शनैः शनैः सौ कदम चलै-(टहलै) बाद वाम करवटसे कुछ शयन करे जिससे अन्नकी पाचन क्रियाको बहुत अच्छी सहायता मिलती है जो कि हमारे शारीरिक स्वस्थताकी मुख्य विधायक है। साथमें इस बातका ध्यान रखना भी जरूरी है कि भोजनान्तर गीले मचिकण हाथोंको परस्पर रगडकर दोनों आंखोंपर लगाना चाहिये, ऐसा करनेसे आखोंको अच्छा लाभ पहुंचता है।

भुक्त्वा पाणितलं घृष्ट्वा चक्षुषोर्यदि दीयते।
अचिरेणैव तद्वारि सर्वान तिमिरान व्यपोहति ॥

(वृन्दमाधव)

अर्थात्-भोजन करके दोनो हाथोंको परस्पर रगडकर आखोंपर लगानेसे थोडे ही समयमें वह हाथोंका जल समस्त तिमिर (अर्थात् धुन्ध, दृष्टिकी कमजोरी, उष्णता आदि) को नाश कर देता है।

यद्यपि भोजनके विषयमें और भी कई बातोंकी लिखनेकी आवश्यक्ता है परन्तु विस्तार और समयाभावके कारण अधिक बढाना नहीं चाहता हूं। समय मिलनेपर फिर किसी समय कुछ और इस विषयमें अपने विचार प्रगट करूंगा।

प्रभावना।

(एक आदर्श ब्रह्मचारीका व्याख्यान)

[लेखकः -श्री० धर्मरत्न पं० दीपचन्द्रजी वर्णी-चौरासी।]

यह सम्यग्दर्शनके अंगोंमेंसे आठवां अंग है। जैन समाजमें इसका पालन भी जोरसे किया जारहा है। परन्तु वह सब प्रभावनाके असली स्वरूपको समझे विना केवल मृतकके शृङ्गारवत् होरहा है। प्रतिवर्ष प्रत्येक प्रांतमें प्रभावनाके नामसे लाखों रुपयोंका व्यय होता रहता है, परन्तु उसका फल तो दूर किनार रहा, आजतक व प्रभावना करने करानेवाले व उसमें सम्मिलित होनेवाले यह भी न समझ सके कि प्रभावना किस वस्तुका नाम है। वह कहां कैसे प्राप्त होसक्ती है? उसका फल क्या होना चाहिए? इत्यादि। बस यही कारण है कि इतना सब कुछ होनेपर भी वास्तविक प्रभावना न होसकी। लोगोंने अपना धन पानीकी तरह खर्च किया। शरीरसे भी अथक परिश्रम किया, परन्तु विवेकके विना लाभ न उठाया। रथयात्राएं कीं, प्रतिष्ठाएं कीं, पंचकल्याणक कराए, तीर्थयात्राके संघ भी निकले, बड़े२ जीमनवार भी किए, मंदिरोंमें सजावटें कीं, चित्राम कराए, चांदी सोनेके उपकरण भेंट किए, यह सब कुछ किया और कर रहे हैं, भविष्यमें भी करेंगे। परन्तु कितनी प्रभावना हुई? कितने नए जैनी बने? कितने पुराने जैनी अपने धर्मको समझकर उसमें दृढ़ हुए? कितने लोगोंपर जैनधर्मका प्रभाव पड़ा? जैन धर्मपर लगते हुए दूसरों द्वारा अपवाद कितने दूर किए गए? जैनधर्मके विरोधी लेखों तथा व्याख्यानोंका युक्तियुक्त प्रतिवाद कितना किया गया? जैनधर्मके प्राचीनत्व व समीचीनत्वको कितने व्यक्तियोंने स्वीकार किया इत्यादि प्रश्न तो अभी जैसेके वैसे खड़े हुए हैं, फिर भी प्रभावना तो होती जाती है।

× × ×

प्रतिवर्ष हजारों जैनी घटते जाते हैं, सैकड़ों धर्मविहीन होते जाते हैं, हजारों धंधेकी चितामें धर्मको भूल रहे है, हजारों द्रव्यादिके मदमें मस्त हुए सदा जुआदि कुव्यसनोंमें लग रहे हैं, हजारों पेटकी ज्वालामें जल रहे हैं, यदि सुबहसे शाम तक अपने आपका व कुटुम्बियोंका पेट भर सके, तो वह धन्य दिन उनके जीवनमें माना गया। हजारों नवयुवक होनहार हट्टे कट्टे विना विवाहे यत्रतत्र भटक रहे हैं। हजारों विधवाएं आजकलमें धर्मको जलांजुलि देनेकी तैयारी कर रही हैं, व कितनी कर चुकी हैं। हजारों मृत्युके महिमान (वृद्ध) धन और पक्षके मदमें वर बनने (लग्न करने) के अथवा यों कहो, कि होनहार नवयुवकोंके मुख आगे आए हुए ग्रासको छीनकर, निर्दोष अबलाओंको विधवा बनाने और उनको आजन्म नारकीय वेदना भुगाने, व धर्मच्युत करनेकी धुनमें लगे चले जारहे हैं।

बेचारी विधवाएं जिनका सर्वस्व छूट गया, या छोटे २ अनाथ बच्चे, या वृद्ध माता पिता कि जिनका पति, पिता या हृदयका लाल उठ गया कि जिनको जीवनके दिन काटना भी कठिन होरहा है, उनको भी सताकर पिट्ट लोग नुकतेके नामसे रहासहा धन धान्य भी साफ कर जाते हैं। समाजके

बालक द्रव्यके अभावमें शिक्षासे वंचित होरहे हैं। उनको पेटकी आग बुझानेके लिए, अपनी कोमल वयमें ही जब कि शिक्षा लेनेका समय होता है, लोगोंकी गुलामी करना पड़ती है। वे वहींसे चापलूसी व खुशामद करना सीख जाते हैं, अथवा किसी ऐरे गैरे रस्तेमें पड़ जाते हैं जिससे उनका जीवन ही नष्ट होजाता है। प्यारी बालिकाएं, धनके लोभमें बूढ़े कषाइयों या अयोग्य वरोंके साथ व्याह दी जाती हैं। जिससे वे सासारिक सुखके अभावमें (जो कि १ दम्पतिको होना चाहिए) गुप्त या प्रगट रीत्या मार्गच्युत हो जानेके सन्मुख कर दी जाती है। अनावश्यक व्यय, वेश्यानृत्यादि जैसेके वैसे कायम है।

× × ×

यदि कुछ कमी हुई है तो 'वृद्ध वेश्या महासती' की कहावतके अनुसार केवल उन लोगोंमें जिनके पास खर्चनेको दाम नहीं रहे और उधार भी नहीं मिल रहा है तब लाचार होकर बेचारे सुधारक बन जाते हैं। जो आदमी आजके जमानेमें कमाकर खाले और ज्यों त्यों छलबल आदिसे बच्चे बच्चियोंका विवाह ले, बस वह कृतकृत्य होगया, यही उसके जीवनका पूर्ण पुरुषार्थ है। अब चलिए धर्मकी ओर, तो हमारे पढ़े लिखे विद्वानोंको वैराग्य तो आता ही क्योंकि उनके पास ज्ञान है। इसलिए विना चारित्रके भी शायद वे अपना कल्याण कर सकेंगे! या कि वे वर्तमान द्रव्य क्षेत्र काल भाव चारित्र पालनेके अनुकूल नहीं समझते। जो हो किन्तु इससमय इनेगिने त्यागियोंके सिवाय शेष त्यागी संयमी कहलानेवाले व्यक्ति प्राय: अक्षर ज्ञान रहित पाए जाते हैं, और ज्ञानके अभावमें वैराग्य टिक नहीं सक्ता, यह सिद्धांत है, ऐसी परिस्थितिमें कितने ही अयोग्य व अज्ञानी व्यक्ति, घरकी झंझटो (कमाकर गृहीजनोंके पोषणादि करनेके झगड़ो) से कंटालकर त्यागी बन बैठते हैं, अनेक ऊँचे पदोंके नाम धरा लेते हैं तथा बाह्यरूप भी कुछ उससे मिलता जुलता बना लेते हैं, और जब वे उसका निर्वाह करनेमें असमर्थ होते हैं तो उस पदके विरुद्ध अनेक शिथिलाचारोंका प्रचार करते देखे जाते हैं। इनके इस कार्यके पोषक कितनेक स्वार्थी पंडित मिल जाते हैं, जो इनको दिखाकर अपनी जेबें भरते हैं, माल एठते हैं, जब कोई सुयोग्य धर्मका मर्मी विद्वान इनके विरुद्ध लेखनी उठाता है या कुछ वक्तव्य प्रगट करता है, तब ये लोग भोली जनताको जो केवल भेषके ही पुजारी हैं, भड़काकर झगड़े खड़े कर देते हैं, जिससे थोड़ी बहुत चलती हुई ज्ञानसस्थाओंको हानि उठाना पड़ती है।

जैसे एक बार जब मुनीन्द्रमण्डली मथुरा आई, तब पं० दीपचन्द्रजी वर्णी उनके निकट नहीं गये क्योंकि वे इस मंडलीके कुचारित्रोंसे पूर्ण वाकिफ थे, इसपर मुनीन्द्रसागरने जनताके बीचमें उनके नामसे गन्द फूल बरसाए, इतना ही नहीं, वे ब्रह्मचर्याश्रमको भी कोसने लगे, लोगोंको इसमें दान देनेमें मना करने लगे, जैन पत्रोंमें बुराई छपानेकी धमकी भी दिखाई इत्यादि। भला ऐसेर अयोग्य पुरुष भी जब समाजमें मुनि व आचार्यके नामसे पुज रहे हैं, व समाजका हजारों रुपया इनके लिए खर्च हो रहा है, तथा इनके कुचारित्रके कारण जैन धर्मकी हसी उड़ रही है, फिर भी लोग प्रभावना समझ रहे हैं यह कितने खेदकी बात है?

× × ×

एक ओर लोग धर्म व तीर्थंकरोंका अपवाद कर रहे हैं—वीर प्रभु सर्वज्ञ नहीं थे, वे एक सुधारक व विशेष विद्वान थे, ऐसे ही पार्श्वनाथ भी थे, उसके पहिले और कोई तीर्थंकर ही नहीं थे, मुनियोंको वस्तीमें वस्त्र पहिरकर आना चाहिए या वनमें ही रहना चाहिए और जो कोई कुछ दे आवे सो ही

ग्रहण करलेना चाहिए, इत्यादि अनेकों आघात हो रहे है, तौ भी हमारी समाजके गणमान्य विद्वान बिल्कुल चुप्पी लगाए बैठे हैं। और कहते है वह बहिस्कृत पत्र है, उसे हम पढ़ते ही नहीं, वाह कैसी अच्छी युक्ति है ? आपने न पढ़ा तो क्या उनका खण्डन होगया ? ससार तो पढ़ता ही है। और कहता है कि यदि ये लोग असत्य हैं तो कोई विद्वान क्यों नहीं सन्मुख आते ? क्यों नहीं युक्तियुक्त प्रमाणोंसे खण्डन करते है ? इससे स्पष्ट है, कि वे इसे स्वीकार करते है, उनके पास इनके खण्डनके लिए कोई युक्ति प्रमाण नहीं है इसीसे वे मौन है इत्यादि।

जो यत्र तत्र प्रभावनाकी मूलभूत कुछ शिक्षा-सस्थाएं चल रही है वे ज्यों त्यों करके अपना जीवन निर्वाह कर रही है। कोई भी सस्था सिवाय सर सेठ हुकुमचन्दजी सा० तथा स्व० सेठ माणिकचन्द्रजीकी संस्थाओंके ऐसी नहीं है, कि जो अपने वर्तमान खर्चकी चिन्तासे भी मुक्त हो, फिर उन्नति करना तो दूर ही रहा। इसके विपरीत जहा द्रव्य खर्च करनेकी बिलकुल भी जरूरत नहीं है, वहा हजारो रुपया बिना विचारे खर्च किए जाते है। जैसे किसी ग्राम व नगरमें मुनिराज पधारते है तो वहा डेरा तम्बू गेस बिजली आदि रोशनीमें व अन्यान्य बनावट सजावटोंमें बहुत रुपया व्यय किया जाता है, जहा एक भी पाईके खर्चकी जरूरत नहीं थी, क्योंकि जो भोजन हम अपने व अपने परिवारके लिए बनाते हैं, उसी शुद्ध प्रासुक भोजनमेंसे कुछ भाग मुनि ग्रहण करते हैं, और जैसे वे अनुद्दिष्ट भोजन लेते हैं वैसे ही अनुद्दिष्ट बस्तिकादि व मंदिरादिमें ठहर जाते है, तब उनके लिए कुछ भी गृहस्थका खर्च नहीं होता।

जब विहार करते हैं तो पाव पैदल ही चलते है, क्योंकि नवमी प्रतिमा जहासे हिरण्य सुवर्णादि परिग्रहका त्याग होजाता है, वहींसे सवारीमें चलना भी छूट जाता है, तथा उनके ऐसी कषाय ही नहीं रहती, कि अमुक मितीपर जैसे बने अमुक स्थानपर पहुंचना ही है कि जिससे उन्हें रेल मोटर आदिका आश्रय लेना पड़े; परन्तु हमारे भाई प्रभावनाका नाम लेकर उन्हें भी रेल मोटरों आदिमें घुमाया करते हैं और वे भी अपने सयमका घात करके पराधीन हुए घूमते है। वास्तवमें "वृथा वृष्टिः समुद्रेषु वृथा तृप्तेषु भोजनम्" वाली कहावत होरही है, तात्पर्य—जहा विवेक विना केवल रूढ़िया पोषी जाती है वहां प्रभावना कैसे होसक्ती है ?

× × ×

इसलिए ऐ प्रभावनाभिलाषी भव्य जीवो ! यदि वास्तवमें आपको प्रभावना करना है, तो आचार्य वाक्योंपर ध्यान दीजिए और द्रव्य, क्षेत्र, काल तथा भावानुसार उसकी पूर्तिमें दत्तचित्त हूजिए, तभी आप कृतकार्य होसकेंगे, अन्यथा नहीं। सुनिए, स्वामी समन्तभद्र आचार्य रत्नकरण्ड श्रा०मे क्या बता रहे है ?—

अज्ञानतिमिरव्याप्तिमपाकृत्य यथायथम्।
जिनशासनमहात्म्यप्रकाशः स्यात् प्रभावना॥

अर्थात्—जब मिथ्याज्ञानरूपी अंधकार व्याप्त रहा हो, उस समय जैसे होसके वैसे जिन शासनके महात्म्यको सबके हृदयोंपर अंकित कर देना अर्थात् प्रकाशित कर देना सो प्रभावना है।

इसका यह आशय है कि जिस क्षेत्र कालमें जिस कारणसे जैन धर्मका महात्म्य प्रगट होसक्ता हो कि जिससे ससारके मुमुक्षु जीव स्वात्महित साधनमें लग सके, वे सांसारिक दु:खोंसे छुटकारा पासकें, उस क्षेत्रकालमें वही प्रभावनाका कारण होगा जैसे जहा श्रावकोंकी यथेष्ट संख्या है परन्तु उनके

धर्म-साधनार्थ कोई भी आयतन नहीं है तो वहां जिन मंदिर बनवाना व सरस्वती भण्डार खुलवाना चाहिये, जहां अन्य धर्मोंके उत्सव होते हैं, रथ निकलते है परन्तु जैनियोंको रोका जाता है, वहां रथोत्सवादि निकलवाना जहां पढ़ने योग्य बालक बालिकाएं हो परन्तु उनका साधन न हो, वहां उनके योग्य पाठशालाएं खुलवाना, और केन्द्र स्थानोंमें महाविद्यालय, हाईस्कूल, कालेज आदि खुलवाना, उनके साथ दि० जैन छात्रालय भी खुलवाना ताकि बालक धर्माचरण व सदाचारके साथ२ शिक्षा प्राप्त कर सकें।

× × ×

इसके अतिरिक्त छात्रवृत्तियां नियुक्त करना, परीक्षोत्तीर्ण बालकोंके उत्साह वर्धनार्थ पारितोषक पदक आदि देना, जन तक स्वालकर गरीब भाइयोंको पूंजी देकर धंधेसे लगाना, समस्त शिक्षासंस्थाओंमें औद्योगिक शिक्षाका प्रबंध करना ताकि पढ़ कर आजीविका विहीन न रह सके, व सच्चे स्वावलम्बी धर्म, देश और समाजके सेवक होनहार सद्गृहस्थ या सच्चे स्वपरोपकारी त्यागी इन संस्थाओंसे निकल सकें। झगड़ेके कारण मंदिरोंके द्रव्यका सदुपयोग व हिसाब ठीक रखें ताकि झगड़े मिटकर ऐक्य होसके, अनाथ बालकों व असहाय विधवाओंके लिए अनाथाश्रम, श्राविकाश्रम खुलवावें, आर्षपद्धतिसे ब्रह्मचर्य पूर्वक आदर्श शिक्षा देनेके लिए गुरुकुल व ब्रह्मचर्याश्रम खुलवावें, देशविदेशोंमें नगर और ग्रामोंमें घूम फिरकर शिक्षा देनेवाले सदाचारी विद्वान उपदेशक भेजे जो अनेकों भाषाओंके जानकार होवें और जो उनको उन्हींकी भाषामें समझा सकें। पुरातत्त्वमंदिर खोले जिनमें जैनधर्मकी प्राचीनता व समीचीनताको सिद्ध करनेवाले प्राचीन स्मारक, शिलालेख, सिक्के तथा जैनेतर मतावलंबियोंके ग्रन्थ जिनमें जैन धर्मकी प्राचीनताके प्रमाण मिलते हैं संग्रह किये जाय। जीर्णोद्धार फंड खोले जाय, जिनसे प्राचीन जैन मंदिरादि स्मारकोंकी रक्षा की जासके।

जैनधर्मके प्राचीन व समीचीन ग्रन्थोंका संसारकी सब भाषाओंमें अनुवाद कराकर विना मूल्य या अल्प मूल्य या लागत मात्र मूल्यमें प्रचार किया जाय और संसारकी सभी प्रसिद्ध लायब्रेरियों (पुस्तकालयों) में वे ग्रन्थ विना मूल्य भेंट स्वरूप भेजे जाय। पाठशालाओंमें पढ़ानेवाले पंडितोंके अतिरिक्त ऐसे भी पंडित तैयार किए जाय, जो वैज्ञानिक रीतिसे जैनधर्म संसारके सन्मुख रख सकें तथा जैन धर्मपर मिथ्यारोप करनेवालोंको सयुक्तिक उत्तर देसकें।

इसलिए यदि हमारी समाजके श्रीमान दानी और विद्वान आगेवान इसपर विचार करके, यदि प्रभावनाके लिए कटिबद्ध होजायगे, और समस्त बाधक कारणोंको दूर करके साधनोंका आयोजन करेंगे, तो प्रभावना पासमें खड़ी पायगे।

इस प्रकार मार्ग प्रभावनाको कहकर आदर्श ब्रह्मचारी सुशीलकुमार बोले—हे भव्यों! यह बाह्य प्रभावना है, इसके सिवाय आप लोगोंको स्वात्म प्रभावना भी करना चाहिए, जो कि रत्नत्रयके तेजसे प्रभावित होती है। इसका विवेचन किसी अन्य समयमें करूंगा। आप लोगोंने इस समय अपना अमुल्य समय लगाया है उसके लिए मुझे हर्ष है। आशा है आप इस बातको सुनकर भूल न जायगे किन्तु बहुत शीघ्र कार्य रूपमें परिणत करेंगे। यदि आप लोग कुछ भी इस विषयमें कर सके तो आपका यह वीर निर्वाणोत्सव मनाना सफल समझा जावेगा। क्योंकि उत्सव मनानेका अर्थ यही है कि वीर प्रभूकी वाणी और उसकी सत्यताका प्रकाश आप सर्वोपरि फैलादें। यही निर्वाणका लड्डू है। ॐश्रीवीराय नमः शांतिः३।

उपलब्ध जैन ग्रन्थोंमें ज्योतिश्चक्रकी व्यवस्था।

(लेखक-पं० मिलापचंद्रजी कटारिया जैन-केकड़ी)

सम्पूर्ण जैन वाङ्मय प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग ऐसे चार अनुयोगोंमें गुंफित है। सृष्टिकी तमाम रचनाओंका हाल करणानुयोगमें पाया जाता है। आजकल करणानुयोगका अधिकांश विषय आक्षेपका स्थान बना हुआ है। सूर्यादिके भ्रमणसे रात्रि दिनकी जैसी कुछ व्यवस्था जैन ग्रन्थोंमें पाई जाती है उसपर तो हमारे कतिपय भाइयोंको विश्वास ही नहीं है। और एक इसी बातसे वे लोग सारे ही जैनधर्मको अश्रद्धाकी नजरसे देखते हैं। ऐसे लोग जितनी तत्परता शंकायें करनेमें दिखाते हैं उसकी शतांश भी कोशिस उनके दूर करनेकी नहीं करते। यह भी नहीं कि शंका करनेवालोंने उपलब्ध जैन ग्रंथोंको भी अच्छी तरह देख लिया हो। तत्व निर्णयके इच्छुकका काम केवल शंका खड़ी करनेका ही नहीं है किन्तु उसके समाधानका उद्योग करना भी है। पाठकोंको याद होगा कि बाबू जगरूपसहायजी वकीलने पहिले एक विज्ञप्ति निकाली थी थी-'जैन शास्त्रोंसे कोई छह मासका रात्रिदिन सिद्ध कर दे तो उसे मैं एक हजार रुपये भेटमें दूंगा।' उत्तरमें मैंने जैनगजटमें छपाया था कि वकील साहब, रुपये किसी मध्यस्थके यहां जमा करादे तो मैं सिद्ध करनेका प्रयत्न करूंगा। बस उसी दिनसे वकील साहब चुप है और अब जबानतक नहीं खोलते। इसी एक उदाहरणसे पता लगता है कि लोग इस मामलेमें कितने उच्छृंखल हैं और वे शंका उठानेकी कितनी जल्दी करते हैं। यह विषय कोई बच्चोंका खेल नहीं है जो चुटकियोंमें ही उडा दिया जावे। बड़ा गहन है और ऐसा गहन है जिसपर सम्मिलित विचारशील विद्वानोंके द्वारा गम्भीर दृष्टिसे बड़ी शांतिके साथ विचार होना चाहिये। इसकी गूढ ग्रंथियोंके सुलझानेके साधन भी वर्तमानमें बहुत ही विकट होचले हैं। अव्वल तो इस विषयके ग्रन्थ ही पूरे नहीं मिलते। अमितगति कृत चन्द्रप्रज्ञप्ति सुनी जाती है वह कहा है? सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिकमें समतलसे ज्योतिष्कोंकी ऊंचाई निरूपक उक्तं च गाथा आती है वह कहाकी है? त्रिलोकसार, त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें तो वह है नहीं। त्रिलोक-प्रज्ञप्तिकी निम्न दो गाथाओंमें भी 'लोकविभाग' और 'लोकव्युच्छित्ति' का उल्लेख मिलता है-

जो इट्ठणणयरीणं सव्वाणं संदमाण सारिच्छं।
बहलं तं मण्णंते लोगविभागस्स आइरिया॥ ११५॥
पण्णासाधिय दुसया कोदंडा राहुणयरबहलत्तं।
एवं लोयविछिण्णिय कत्ताइरिया परूवेदी॥२०३॥

ये दोनों गाथा पाठान्तर है जिनमें अन्य ग्रंथोंके मत दिये गये है।

'लोकप्रकाश' श्वेताम्बर ग्रंथके पत्र २८८ में भी इस विषयके 'कर्मप्रकृत्यादि' नामक दिगम्बर ग्रंथ तथा 'करणविभावना' ग्रंथ, एवं पूर्वाचार्योंकी कितनी ही गाथाओंका उल्लेख है। इत्यादि ग्रन्थ न जाने किस कालकोठडीमें अपनी आयु समाप्त कर रहे हैं।

इस तरह एतद्विषयक बहुतेरा साहित्य लुप्तप्राय: होरहा है। जो कुछ उपलब्ध अमुद्रित साहित्य है उसमेंसे भी कितना ही तो ऐसे अधिकारियोंके हाथमें है जिनके लिये काला

अक्षर भैंस बराबर होनेके साथ ही साथ ऐसे २ बुज्रक्षड़ भी हैं जो न तो उनसे स्वयं लाभ उठाते और न दूसरोंको उठाने देते। अतएव साहित्यका होना न होना बराबर ही है। कुछ साहित्य प्रायः ऐसी संस्थाओंके कब्जेमें है जो समाजभरको लाभ पहुंचानेका दम भरती हैं और सुव्यवस्थित समझी जाती हैं, परन्तु खरी कहना अगर गुनाह न हो तो कहना होगा कि उनका काम केवल ग्रन्थोंका संग्रह भर करना है। विद्वानोंको अध्ययनार्थ मिलनेको कोई सुभीता वहा नहीं है। यह बात मेरी अनुभूत है और इसीलिये ऐसा लिखनेको मुझे बाध्य होना पड़ा है। जयपुरके "सन्मति पुस्तकालय" से त्रिलोकप्रज्ञप्ति प्राप्त करनेको मैंने बहुतेरा अनुनय विनय किया, यहातक कि मुह मागे रुपये डिपाजिट देनेको भी मैं तैयार था। और जिसके लिये बहुत ही कुछ लिखापढ़ी मैंने कि पर आखिर ग्रन्थ न मिला सो नहीं ही मिला।*

बनारसको अमितगति निर्मित "त्रैलोक्यप्रज्ञप्ति" और "जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति" के लिये लिखा गया तो पं० कैलाशचन्द्रजी शास्त्रीसे कोरासा जवाब मिला कि ये ग्रन्थ बाहिर नहीं भेजे जासकते। एक दफे "बम्बई सरस्वती भवन" को भी किसी ग्रन्थके लिये लिखा था तो वहासे ग्रंथ तो क्या उत्तर तक देना मुनासिब नहीं समझा गया। ऐसी हालतमें इन सुव्यवस्थित समझे जानेवाले ग्रंथालयोंसे भी सिवाय तत्स्थानीय थोडोंसी जनताके, बाहरवालोंका कुछ काम नहीं निकलता। अगर बाहर ग्रन्थ जाते भी हों तो ऐसोंहीके पास जाते होंगे जो सचालकोंके इष्टमित्र हो या कोई धनी मानी हो। अतएव हम जैसोंके लिये तो उनका होना भी न होनेहीके बराबर है। मैं समझता हूं कि मेरी ही तरहसे अन्य कितने ही जिज्ञासु भाई भी शायद इसी तरह इन सुव्यवस्थित ग्रन्थालयोंके हस्तलिखित ग्रन्थोंको तरसते होंगे। यह अच्छा हुआ जो कितने ही ग्रन्थ छप गये वर्ना उनका भी मिलना हमारे लिये मुश्किल होजाता। छापेके विरोधियोंको यह एक बडा लाभ छापेका दिखाई नहीं देता। वे हस्तलिखित ग्रंथ हमारे क्या काम आये जो अनुनय विनय करनेमें नहीं मिलते, डिपाजिट रुपये देनेसे नहीं मिलते और जो बिक्रीके लिये भी नहीं रक्खे जाते। अस्तु।

इसके अलावे जैनभूगोलका ठीक २ ज्ञान न होनेका एक यह भी कारण है कि कई शताब्दियों पहिले हीसे यह विषय बहुत कुछ विच्छेद होचुका था। इस विषयके जो ग्रन्थ आज मिलरहे हैं उनके कर्ताओंके वक्त ही कोई इसका पूर्णज्ञानी न रहा था। यह आपको निम्न अवतरणोंसे मालूम होगा।

"त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें लिखा है कि–

संपइ कालवसेणं ताराणामाण णत्थि उवदेसो ॥३२
परिहीसु ते चरंते ताण कणयाचलस्स विच्चालं।
अण्णंपि पुव्वभणिदं कालवसादो पणट्ठ उवएसं।४५७
ताणं णामप्पहुदी उवएसो संपइ पणट्ठो ॥४५५॥
"ज्योतिर्लोकाधिकार"

अर्थ—कालवशसे ताराओंके नामोंका उपदेश वर्तमानमें नहीं रहा है। ग्रहोंकी परिधियें, उनका मेरुसे अन्तराल तथा अन्य भी पहिले सूर्य चंद्रका कहा हुआ जैसा कथन यह सब उपदेश कालवशसे नष्ट होगया है। उन ताराओंके नामप्रभृतिका उपदेश वर्तमानमें नष्ट होगया है।

श्वेताम्बरोंके 'लोकप्रकाश' नामक ग्रन्थके २८८ वें पत्रमें भी लिखा है कि–

---

*बादमें यह ग्रंथ भ्रदेय पं० पन्नालालजी गोधा इन्दौरसे विना ही प्रयास मुझे मिल गया है तदर्थ गोधाजीका मैं बड़ा ही आभारी हूं।

अनंतरं नरक्षेत्रात्सूर्यचंद्राः कथं स्थिताः ।
तदागमेषु गदितं सांप्रतं नोपलभ्यते ॥

अर्थ—मनुष्यक्षेत्रके आगे सूर्य चन्द्रमा किस तरह स्थित हैं, तत्प्रतिपादक आगम इस समय उपलब्ध नहीं है।

इसी ग्रन्थमें "तत्तु संप्रदायगम्यं" 'तत्तु बहुश्रुतगम्यं' 'वेत्ति तत्वं तु केवली' इस प्रकारके शब्दोंसे कितनी ही जगह एतद्विषयक ज्ञानकी कमी जाहिर की है।

ये सब अवतरण इस बातको सूचित करते हैं कि उस समय भी ज्योतिर्लोककी बहुतसी बातें लुप्त होचुकी थीं। 'त्रिलोकप्रज्ञप्ति' के ज्योतिर्लोकाधिकारके उपांतमें जो प्राकृत गद्य पाई जाती है उसके निम्न अंशको देखिये—

"एद वक्खाणं किंणरूज्झदेण (?) सह विरुज्झदि किंतु सुमेण सह ण विरुज्झदि। तेणेदस्स वक्खाणस्स गहण कायव्वं ण परियम्मसुत्तस्स सुत्तविरुद्धतादो ण सुत्तविरुद्धं वक्खाण होदि अदिप्पसंगादो"।

"एयंतपरिग्गहो ण असग्गहो कायव्वो, परमगुरु परपराग (द) उवगासजतिवलेण त्रिहदावेदुमसकियतादो अदिंदिएसु पदत्थेसु छुदुमत्थवियप्पाणमविसंवादणियमाभावादो तहा पुव्वाइरियवक्खाण परिचाएण एस विधि साहेदुवादाणुसारि अउप्पण्ण सिस्साणुग्गह अवप्पागजण उप्पायणद्ध च दरिसेदव्वा। तदो ण णत्थ संपदाए विरोधो कायव्वोत्ति"।

इन गद्य वाक्योंका पूरा २ अर्थ बतलानेको तो अभी हम असमर्थ हैं। हा, इसके खंड वाक्योंका जैसा भाव हमें झलका है वह इस प्रकार है—

यह व्याख्यान .. साथ विरुद्ध पड़ता है किंतु सत्यसे इसका कोई विरोध नहीं है इसलिये इस व्याख्यानको ग्रहण करना चाहिये न कि परिकर्म सूत्रको, क्योंकि वह सूत्र विरुद्ध है। सूत्र विरुद्ध व्याख्यान नहीं हुआ करता, नहीं तो अति प्रसंग दोष होगा।

"एकांत और मिथ्या आग्रह नहीं करना चाहिये............. अतींद्रिय पदार्थोंमें छद्मस्थोंके विसवादक अभाव नहीं हो सकता........ ..यह विधि सहेतुवादके अनुसार अव्युत्पन्न शिष्योंके अनुग्रहार्थ........दिखाई गई है। इससे यहा सम्प्रदायमें विरोध नहीं करना चाहिये।" जो अर्थ यहा निकाला गया है वह अगर सही है तो इससे यह बिल्कुल स्पष्ट होजाता है कि उस समय यह विषय बहुत कुछ संदिग्ध हो रहा था। आचार्योंकी धारणा एक दूसरेसे नहीं मिलती थी जिससे यह विषय तब विवादस्थ होरहा था और यही कारण है जो आज इस उपलब्ध ग्रंथोंमें यह बहुत कुछ मतभेदके साथ पाया जाता है जिसका कुछ दिग्दर्शन नीचे करा देना उचित होगा।

इस विषयके दिगम्बर श्वेताम्बर ग्रन्थ जो हमारे देखनेमें आये उनके नाम—दिगम्बर ग्रन्थ जैसे—त्रिलोकसार, त्रिलोकप्रज्ञप्ति, सिद्धान्तसारदीपक, सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक, और हरिवंशपुराण। श्वेताबर ग्रन्थ जैसे—सूर्यप्रज्ञप्ति, लोकप्रकाश, जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति, बृहत्क्षेत्रसमास टीका, और संग्रहणीसूत्र।

नीचेका जो कुछ वक्तव्य है वह इन्हीं ग्रन्थोंके आधारपर समझना चाहिये—

(१) त्रिलोकसार गाथा ३३२में समतल भूमिसे ज्योतिष्कोंकी ऊंचाई बताई है वहा चद्रमासे चार२ योजन ऊंचे नक्षत्र और बुध बताकर फिर उनसे तीन तीन योजन ऊंचे शुक्र, बृहस्पति, मंगल और शनिके विमान बताये हैं। किंतु राजवार्तिक, श्लोकवार्तिकमें कुछ फर्क है। वहा चंद्रमासे नक्षत्र, बुध, शुक्र और बृहस्पतिको तीन२ योजन ऊंचे बताकर फिर उनसे मंगल, शनिको चार२ योजन ऊंचे बताये हैं।

शेष सर्वार्थसिद्धि आदि सभी दि० ग्रन्थों और कुछएक श्वे० ग्रंथोंमें त्रिलोकसारवत् ही कथन है।+ राजवार्तिकादिमें जिस उक्तं च गाथाके आधारसे उक्त कथन किया है वही गाथा सर्वार्थसिद्धिमें भी उक्तं च रूपसे दी है। सिर्फ उसके दूसरे पादके थोड़ेसे अक्षरोंके उलटफेर होजानेसे कथनभेद होगया है।

(२) ज्योतिष्क विमानोंके नापमें भी मतभेद है। त्रिलोकसारमें राहुके विमानकी चौड़ाई कुछ कम एक योजनकी, बृहस्पतिकी कुछ कम १ कोशकी और तारोंके विमानोंकी जघन्य पाव कोश, मध्यम आधकोश, उत्कृष्ट पोन कोशकी बताई है। और जितनी जिसकी चौड़ाई है उससे आधी उसकी मोटाई निरूपण की है। किंतु ग्रन्थांतरोंमें इनका कुछ और ही प्रमाण लिखा है। राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक और हरिवंशपुराणमें राहुकी चौड़ाई पूरे एक योजनकी तथा मोटाई ढाईसो धनुषकी ही बताई है। हरिवंशपुराण और सिद्धांतसार दीपकमें बृहस्पतिकी चौड़ाई पौन कोशकी लिखी है। एवं हरिवंशपुराण और राजवार्तिकमें तारोंके विमानोंका विस्तार जघन्य पाव कोश, मध्यम कुछ अधिक पाव कोश, और उत्कृष्ट आध कोश प्ररूपण किया है। यहींपर राजवार्तिकमें लिखा है कि–"ज्योतिष्कविमानानां सर्वजघन्यवैपुल्य पचधनुः शतानि:"

ज्योतिष्क विमानोंका थोड़ासे थोड़ा विस्तार पांचसो धनुषका होता है। इससे कम किसीका नहीं होता। (हिंदी अनुवादमें जो यहां 'वैपुल्य' का अर्थ मोटाई किया है वह भी ठीक नहीं है। क्योंकि मोटाई तो पाचसोसे भी कम ढाईसो धनुषकी राहु, शुक्र आदिकी बतादी गई है) त्रिलोकसारमें शुक्रकी मोटाई आधकोश, बृहस्पतिकी कुछ कम आध कोश और बुध, मंगल, शनिकी पाव पाव कोशकी प्रतिपादन की है। (दोहजार धनुषका १ कोश होता है) इसीको राजवार्तिकमें देखिये तो वहां इन सबकी मोटाई मात्र ढाईसो धनुषहीकी लिखी है।

रही त्रिलोकप्रज्ञप्ति, सो उसमें भी त्रिलोकसारकी भांति ही कथन है। हां, पाठांतर जो दिये हैं उनमें कुछ और कथन है। पाठांतरकी ११९ वीं और २०३ वीं गाथामें लिखा है कि–"सभी ज्योतिष्क विमानोंका जो विष्कंभ है उतनी ही उनकी मोटाई है ऐसा लोकविभागके कर्ता आचार्य कहते हैं। राहुकी मोटाई ढाइसो धनुषकी लोकव्युच्छित्तिके कर्ताओंने कही है।' ये दोनों गाथायें ऊपर उद्धृत होचुकी हैं।

इस सम्बन्धमें श्वेताम्बर आगमोंमें निम्न प्रकार कथन मिलता है–

लोकप्रकाशमें लिखा है कि–"सर्वे ज्योतिर्विमाना हि निजव्यासार्द्धमुच्छ्रिता:" सभी ज्योतिष्क विमान अपने२ विस्तारसे आधे२ ऊंचे हैं। उत्कृष्ट आयुवाले तारोंके विमान अर्धकोश चौड़े और पाव कोश मोटे हैं। तथा जघन्यायुवाले तारोंके विमान पावकोश चौड़े और ढाईसो धनुष मोटे हैं। विदित हो कि शुक्र, बृहस्पति, बुध, शनि, मंगलकी चौड़ाई मोटाई किसी भी श्वे० ग्रंथमें उक्त दि० ग्रंथोंकी तरह नहीं बताई है। केवल सभी ग्रहोंकी चौड़ाई आध योजन और मोटाई पाव योजनकी वर्णन की है। इससे राहुकी चौड़ाई भी आध योजन की ही हुई क्योंकि राहुकी गणना ग्रहोंमें ही है! दि० ग्रंथोंमें राहुको एक योजन या उससे कम बताया है। दोनों संप्र-

+हरिवंशपुराणकी हिंदी टीकामें पं० गजाधरलालजी शास्त्रीने मंगलसे ऊपर शनिश्चरको चार योजन ऊँचा लिखकर शेष कथन त्रिलोकसारकी तरह बताया है सो गलत है। मूलग्रन्थमें इसतरह है ही नहीं।

दायमें कितना फर्क पड़ गया है।– शेष रहे सूर्य, चंद्रमा, और नक्षत्र सो इनके मापमें सभी जैनग्रन्थ एकमत हैं। सिर्फ ग्रह और तारोंहीके मापमें मत-भेद है।

(३) त्रिलोकसार गाथा ३४२ में चंद्रकलाकी हानि वृद्धि होनेमें आचार्योंके दो मत दिये हैं। एक मत तो यह है कि "चन्द्रमण्डल अपने सोलह भागमेंसे एक २ भाग प्रतिदिन स्वयमेव कृष्ण और शुक्लरूप पन्द्रह दिनतक परिणमता रहता है"। दूसरा मत यह है कि 'उसका शुक्र कृष्णत्व अधः-स्थित राहु विमानकी गति विशेषसे होता है।' यही दो मत त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें भी दिये है। प्रथम मतका श्वेताम्बरोंके किसी आगममें उल्लेख नहीं है। इस संबधमें उनके शास्त्रोंमें इस प्रकार कथन है–

राहुके विमान दो प्रकारके हैं–एक नित्य राहु और दूसरा पर्व राहु। उसमें नित्य राहु कृष्ण और शुक्लपक्षमें चंद्रमाके ६२ भागमेंसे चारभागको प्रतिदिन अपनी गतिसे क्रमसे ढाकता और उघाड़ता रहता है। होते २ एक पक्षमे अर्थात् अमावसको चंद्रमाके ६२ भागमें ६० भाग राहुसे ढक जाते हैं। शेष दो भाग सदैव प्रकट रहते हैं वे कभी नहीं ढकते। पर्वराहुके कारण ग्रहण होता है। पर्व राहुका विमान जब चंद्र सूर्यके नीचे आजाता है तो ग्रहण होता है। सूर्य चंद्र ग्रहण कमसेकम ६ मासमें होता है। तथा अधिकसे अधिक चंद्र-ग्रहण ४२ मासमें और सूर्यग्रहण ४८ वर्षमें होता है। सग्रहणी सूत्रमें लिखा है कि राहुके समान कभी २ केतुसे भी ग्रहण होता है।

दि० सम्प्रदायमें अमावसको सोलह भागमें एक भाग या यों कहो कि ६४ भागमें चार भाग चंद्रमाका अनावरण रहना बताया है जब कि श्वे० में ६२ भागमें दो भाग अनावरण रहना बताया है। इसके अलावा दि० में चंद्रमा ६४ भागमें ४ भाग प्रतिदिन कृष्णशुक्ल पक्षमें क्रमसे ढकता उघड़ता रहता है। किन्तु श्वे० में ६२ भागमें ४ भाग ढकता उघड़ता रहता है। यानी बनिस्पत दि० के श्वे० मतमें चंद्रबिंबका वृद्धिह्रास अधिक होता रहता है। दि० के किसी ग्रन्थमें चन्द्र सूर्यग्रहणका जघन्योत्कृष्टकालका व्याख्यान देखनेमें नहीं आया। सूर्यग्रहण भी पर्वराहुसे न बताकर केतुसे बताया है। त्रिलोकसारादिमें तो राहुके उक्त दो भेदोंका भी कथन नहीं है। हा तिलोकप्रज्ञप्तिमें दिन राहु और पर्व राहुका उल्लेख मिलता है।

(४) त्रिलोकप्रज्ञप्ति आदि दि० ग्रन्थोंमें तारा-ओंका अंतर (एक दूसरेसे फासला) जघन्य एक कोशका ७वा भाग, मध्यम ५० योजन व उत्कृष्ट एक हजार योजनका लिखा है।

श्वेताम्बरमतमें अन्तर दो प्रकारसे बतलाया है– एक व्याघात और दूसरा निर्व्याघात। किसी चीजके बीचमें आजानेसे जो अन्तर पड़ता है वह व्याघात अन्तर है इससे विपरीत निर्व्याघात अंतर है। निषध, नील, पर्वत चारचार सो योजन ऊंचे हैं। जिनपर पाच पांचसौ योजनकी ऊंचाई लिये नवनव कूट हैं, इससे कूट समेत ये दोनों पर्वत पृथ्वीसे नो सौ योजन ऊंचे होजाते हैं। इसीके कारण ताराओंमें व्याघात अन्तर पड़ जाता है। उन कूटोंकी अग्र-भागकी चौड़ाई २५० योजनकी है तथा कूटोंके दोनों तरफ आठ २ योजनकी दूरीपर तारोंके विमान विचरते है अतः उनमें २६६ योजनका फासला रहता है।

यह अन्तर त्रिलोकसारमें क्यों नहीं बतलाया? इसलिये कि उसकी गाथा ७२३ में उक्त कूटोंकी ऊँचाई केवल एकसो ही योजनकी बताई है। जिससे

+ एक बहुत बड़ा अन्तर दोनों सम्प्रदायमें यह भी है कि ज्योतिष्कोंका यह प्रमाण दोनोंमें प्रमाणांगुलसे होते भी श्वेता-म्बरोंके यहां चारसौ उत्सेधांगुलका एक प्रमाणांगुल माना है जब कि दिगम्बरोंमें पांचसौका माना है।

व्याघात नहीं पड़ता* किंतु आश्चर्य है कि राजवार्तिकमें उन्हीं कूटोंकी ऊंचाई श्वेतांबरवत् बतलाई है। उसके अध्याय ३ सूत्र ११ की व्याख्यामें न केवल निषध, नीलके ही वल्कि छहों कुलाचलोंके कूटोंकी ऊंचाई पाच पाचसौ योजन और अग्रभागकी चौड़ाई २५० योजनकी लिखी है। यह भी दि० आचार्योंमें बहुत बड़ा मतभेद समझना चाहिये। इससे भट्टारक अलंकदेवके मतसे ताराओंका अन्तर त्रिलोकप्रज्ञप्तिसे भिन्न होगा।

(५) सभी दि० ग्रंथोंमें पूर्व पश्चिम मध्यलोकके अंत घनोदधिवातवलयतक ज्योतिष्कोंका होना लिखा है। किंतु श्वेतावर ग्रन्थोंमें ऐसा नहीं है उनमें तिर्यक् मध्यलोकके अतसे ११११ योजन भीतर तक ही ज्योतिर्गण बताये हैं।

(६) त्रिलोकसारमें ज्योतिर्लोकाधिकारकी करीव १२५ गाथाओंमें इस विषयका वर्णन है। जबकि त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें यही विषय छहसौसे ऊपर गाथाओंमें निवद्ध किया गया है। तिसपर उसमें गद्यभाग फिर और है। इससे पाठक ! यह न समझे कि 'प्रज्ञप्ति' की अपेक्षा त्रिलोकसारमें थोड़ासा कथन है। गाथा संख्या कम होते भी त्रिलोकसारमें 'प्रज्ञप्ति' का कोई विशेष तात्विक कथन नहीं छूटा है। जिस किसी एक बातके कहनेमें 'प्रज्ञप्ति' में सौ पचास गाथायें भरी हैं उन सबका तात्पर्य त्रिलोकसारमें पाच चार गाथामें ही आगया है। वास्तवमें नेमिचन्द्राचार्यकी तमाम ही रचनाओंमें गागरमें सागर भरा हुवा है। उनके बनाये ग्रथोंको सूत्रग्रंथ कहने चाहिये और इसीलिये उनके ग्रन्थनामोंके अतमें सार शब्द लगा हुआ है। जैसे त्रिलोकसार, लब्धिसार, गोम्मटसार। कोई कोई बात त्रिलोकसारमें त्रिलोकप्रज्ञप्तिसे भी अधिक मिलती है। जैसे त्रिलोकसार गाथा ३७१-३७२ में जंबूद्वीपवर्ती कुलाचलों और क्षेत्रोंमें अलग२ तारासंख्या प्रतिपादन की है। यह बात त्रिलोकप्रज्ञप्ति तो क्या किसी भी दि० ग्रंथमे नहीं है और न श्वे० ग्रन्थोंमें ही है। इसके विपरीत कोई कथन त्रिलोकसारमें भी छूट गया है। ज्योतिष्कविमान किस मणिविशेषके बने हैं यह वर्णन प्रायः सभी दि० ग्रन्थोंमें है पर त्रिलोकसारमें है ही नहीं।

(७) निम्न कथन श्वेतावर शास्त्रोंमें पाया जाता है पर दि० शास्त्रोंमे नहीं मिलता—

(क) तत्वार्थाधिगमभाष्यकी टीकामें लिखा है कि—

"तत्रैव स्थाने स ध्रुवः परिभ्राम्यति, न तु मेरोः प्रादक्षिण्येन गतिं प्रतिपद्यते, तथाहि नद्यापि ध्रुवताराचक्रमाक्रातोत्तरदिक्कं परिवर्तमानमुपलभ्यते प्रत्यक्षप्रमाणेनैव।"

'चौथे अध्यायके १४ वें सूत्रकी व्याख्या'

अर्थ—उसी स्थानमे वह ध्रुवतारा घूमता है उसकी गति मेरुप्रदक्षिणा रूप नहीं है। आज भी उत्तर दिशाकी ओर घूमते हुए ध्रुव ताराकी प्रत्यक्षसे उपलब्धि होती है।

(ख) ठाणाग सूत्रादिकमें लिखा है कि—

'जंबूद्वीपके चतुर्दिग्वर्ती चार ध्रुवतारोंके निकट जो सप्तऋषी आदिक अन्य तारे हैं उनकी गति ध्रुवतारोंकी प्रदक्षिणारूप है न कि मेरु प्रदक्षिणा रूप।'

(ग) संग्रहणी सूत्रमें लिखा है कि—

लवण समुद्रकी शिखा सोलह हजार योजन ऊंची है और ज्योतिष्क विमान नवसो योजन तक ही ऊँचे हैं। अतः वहाके ज्योतिष्क विमान सब उदकस्फटिक रत्नके हैं जिससे जल फट जाता है ताकि उन विमानोंको फिरनेमें कुछ बाधा नहीं पडती।

(८) कुछ कथन ऐसा भी है जो दि० ग्रथोंमें

* त्रिलोक मतानुसार कूटोंकी ऊँचाई त्रिलोकसार जितनी ही लिखी होगी। अन्यथा ताराओंके अंतरका कथन दोनोंमें एक रूपसे नहीं हो सकता था।

तो मिलता है पर श्वे० ग्रंथोंमें नहीं मिलता। जैसे ज्योतिष्कोंकी किरण संख्याका कथन आदि।

और भी बहुतसी बातें हैं जो यहां संकीर्णस्थानमें नहीं लिखी जासकतीं। इतना सब कुछ होते भी वर्तमानमें जो कुछ बचा खुचा साहित्य उपलब्ध है वह भी एकदम कम नहीं है। बल्कि आज तो उसके भी जानकार विरले ही हैं। इस विषयकी सभी बातें किसी एक ही ग्रंथमें नहीं मिलतीं। इधर उधर बिखरी हुई हैं। साथ ही किसी एक ग्रन्थसे बहुतसी बातें स्पष्ट भी नहीं होतीं। अत मैं बहुत अरसेसे एतद्विषयक एक ऐसी पुस्तक निकलनेकी आवश्यक्ताका अनुभव कर रहा था जिसमें सारे ही ग्रन्थोंका सार [illegible] नवीन ढंगसे रख दिया गया हो। इसके लिये हमारे शास्त्री पंडितोंसे तो कुछ आशा करना फिजूल है। क्योंकि अव्वल तो उन्हें अन्य झगड़े बाजियोंसे ही फुरसद नहीं है, दूसरे वे इस प्रकारके कष्टसाध्य कामोंमें पड़ अपनी आराम तलबीमें खलल पहुंचाना नहीं चाहते। उनकी अकर्मण्यताका तो यह ज्वलंत उदाहरण है कि शास्त्रिपरिषदके मुखपत्र "जैन सिद्धांत" की कैसी दयनीय दशा है। तीसरे इस विषयसे उन्हें बहुत ज्यादह उपेक्षा भी है और उसीके कारण उनमें घोर अज्ञान छाया हुआ है।

समाजके एक प्रसिद्ध विद्वानका हाल सुनिये—न्यायतीर्थ पं० वंशीधरजी शास्त्री सोलापुरने तत्वार्थसारका हिंदी अनुवाद किया है। उसके पृ० ११८में सूर्य विमानका विस्तार बताते हुये लिखा है कि—

"अड़तालीस योजन तथा एक योजनका इकसठवा भाग इतना व्यास है, कुछ इससे अधिक तिगुनी परिधि है। चौबीस योजन तथा एक योजनका इकसठवा भाग इतनी मोटाई ऊपरकी तरफ है।" देखा शास्त्रीजीको कैसा अच्छा ज्ञान है? जैन ग्रन्थों चाहे वे श्वे० हों या दिगम्बर सभीमें सूर्यका एक योजनसे भी कम व्यास लिखा है तब न जाने यह अड़तालीस योजनका सूर्य शास्त्रीजीके दिमागशरीफमें कहासे आगया। हद होगई! जिन्हें इतनी मोटीसी बातका ज्ञान नहीं उनसे और क्या आशा की जासकती है? यही सब सोचकर मैं इस विषयकी एक पुस्तक लिख रहा हूं जिसका नाम रक्खा है—'जैन ज्योतिर्लोक प्रबोध।' यह आधीसे ऊपर लिखी जाचुकी है। और इसीके आधारसे यह लेख तैयार किया गया है। यह एक ऐसी पुस्तक होगी जिसमें मुद्रित या अमुद्रित जितने मुझे मिल सकेंगे, उन सभी दि० श्वे० ग्रन्थोंका निचोड़ रख दिया जायगा। और प्रश्नोत्तरोंसे ऐसा खोल खोलकर समझाया जायगा कि फिर किसीको दूसरे ग्रन्थ देखनेकी जरूरत ही न रहेगी। साथ ही उन सब आक्षेपोंका समाधान भी भले प्रकार किया जावेगा जो जैन भूगोलपर अबतक किये गये हैं। उसी प्रसंगमें सभवत: जैन शास्त्रोंमें छह महिनेका रात्रि दिन होना सिद्ध किया जायगा।

ऐसी पुस्तक किसी दिग्गज पंडितकी कलमसे लिखी जाती तो अच्छा था। पर क्या किया जावे। जब उनका इधर ध्यान ही नहीं तब विवश हो मुझ तुच्छ बुद्धिको ही 'अकरणान्मंदकरणं श्रेय:' की नीतिसे यह प्रयास करना पड़ा है। पाठकोंसे इस कार्यमें मैं इतनी ही मदद चाहता हूं कि छपनेपर तो वे इसे अवश्य खरीदेंगे ही किंतु उसके पहिले जितना जिससे होसके कोशिश कर इस विषयके अप्रकाशित ग्रन्थ मेरे पास भिजवादें तो मैं इसे अधिक स्पष्ट लिख सकूंगा। वे चाहेंगे तो डिपाजिट भी मैं देनेको तैयार हूं। खासकर ग्रन्थभण्डारोंके व्यवस्थापक महोदय मेरे इस नम्र निवेदनपर ध्यानदेते हुए ग्रन्थ भेजकर जैनधर्मकी सच्ची प्रभावनामें हाथ बटायेंगे।

जीवनकी सफलता।

लेखक:—
श्री० ब्रह्मचारीजी सीतलप्रसादजी–सूरत।

मानव जीवन सबसे श्रेष्ठ है; मानव जाति एक है, हरएक मानवको अपनी उन्नति करनेका अधिकार अपनीयोग्यताके अनुसार है। मानवको मानव बनाना शिक्षाके ऊपर निर्भर है। शिक्षा ही गुप्त ज्ञानकी शक्तिको व्यक्त कर देती है। जैसे खानसे निकला हुआ माणक व पन्नेका पाषाण रत्न बननेकी शक्तिको रखता है परन्तु सस्कार व शुद्ध किये विना उसकी रत्नपनेकी शक्ति प्रगट नहीं होती है। वैसे हरएक मानवमें पुरुषरत्न या स्त्रीरत्न बननेकी शक्ति है। शिक्षाकी कृपासे ही वे सच्चे पुरुषरत्न वा स्त्रीरत्न बन सक्ते हैं।

शिक्षा उसे कहते हैं जिससे आत्मा, मन, वचन, काय इन शक्तियोंको प्रकाश किया जासके व इनको दृढ़ सुसंस्कारित किया जासके। जबतक संसारमें आत्माका निवास है वहातक उसके उन्नति करनेके शस्त्र मन, वचन व काय हैं। इनहीके द्वारा धार्मिक सामाजिक व राज्यनतिक उन्नति होसक्ती है। आत्माकी उन्नतिके साधन भी इन तीनोंहीके द्वारा प्राप्त होते हैं।

शिक्षा देना एक पवित्र कर्तव्य है, महान परोपकार है। जैन तीर्थंकरोंका उपदेश प्राणीमात्रके लिये होता है। उनके उपदेशानुसार धर्मध्यानका एक भेद अपायविचय धर्मध्यान है। जिसका भाव यही है कि जगतके प्राणी किस तरह सच्ची सुख शांतिको पावें। किस तरह अज्ञानका नाश करें। किस तरह आत्माका विकाश करें ऐसी भावना भानी। यह भावना मात्र कल्पित ही नहीं होनी चाहिये किन्तु इस भावनाके अनुसार कार्य भी होना चाहिये।

एक सच्चे जैनीका कर्तव्य है कि वह जगतकी आत्माओंको उत्तम शिक्षाका दान करें। हरएक मानव चाहें जंगली हो, ग्रामीण हो, नागरिक हो कोई भी हो शिक्षा लेनेका व उसको शिक्षा देनेका अधिकार है। शिक्षा पा करके मानव सच्चा आर्य मानव बन सक्ता है। शिक्षा विना आर्य नामधारी मानव म्लेच्छ मानव होसक्ता है। क्या ही अच्छा हो यदि जैन धर्मके प्रेमी त्यागीगण चाहे दिगम्बर हों या श्वेताम्बर मूर्तिपूजक या स्थानकवासी हों सबका यह परम कर्तव्य है कि वे पतितोंका उद्धार करे। जहां२ असभ्य व जंगली जातिया रहती हों वहांपर शिक्षाके आश्रम खुलवावें तथा उनमें जैन धर्मकी शिक्षाके साथ लौकिक उपयोगी शिक्षा दिये जानेका प्रबन्ध करे। इसमें सहायता धनकी भी आवश्यक होगी। वे अपने उपदेशसे धनवानोंसे धन प्राप्त करके इस पवित्र सेवा धर्मको पूरा करें। नीच व ऊंचका ख्याल छोड़कर हरएक मानवको यदि पवित्र जिन धर्मकी शिक्षा दी जावे तो वे सब सच्चे जैन धर्मके अनुयायी बनकर अपने जीवनकी सफलता कर सक्ते हैं। यह पतितोद्धारक काम यदि हाथमें लिया जाव तो अनेक जीव वीतराग भगवान्के भक्त बन सक्ते हैं, मदिरा मांसके त्यागी हो सक्ते हैं, जीवदयाके प्रचारक हो सक्ते हैं। एक मानवको हिंसकसे अहिंसक बनाना जब महान् पुण्य है तब अनेकोंके उद्धारके होते हुए लाभ अपूर्व ही होगा। प्राचीन कालमें जैन साधुओंने अनेक अजैन जातियोंको जैनधर्मकी दीक्षा देकर उनका कल्याण किया है। ओसा नगरी भरको जैनी बनानेवाले आचार्यने क्या कम महत्वका भी काम किया था? जिन्होंने नगरके चंडाल व चमारों तकको जैनी बनाकर उनको वैश्यकर्म बताया तथा उनको वैश्य बनाकर उनका गोत्र चांडालिया

या चमारिया स्थापित किया। यही कारण समझमें आता है जिससे आजकल ओसवालोंमें उन दो गोत्रोंके नाम मिलते हैं। क्या ऐसा पतितोद्धारका काम आजकलके गृहत्यागी नहीं कर सक्ते हैं? अछूतोद्धारका काम शिक्षासे बढ़कर नहीं है। पतित जीवनको अपतित बनाना, नारकीको सम्यक्ती बनाना, पशुको श्रावक बनाना, मानवको जगत उपकारी बनाना यह सब बड़े परोपकारके काम हैं।

जीवनकी सफलताके लिये जैनधर्मकी शिक्षा बड़ी ही उपयोगी है। जैनधर्मका यह उपदेश है कि सम्यग्दर्शन-ज्ञानचारित्रमय धर्मका पालन करके सच्ची सुखशांतिका लाभ लेते हुए अपने आत्माको पवित्र किया जावे, कर्मबंधकी पराधीनतासे छूटकर आत्म स्वाधीनता प्राप्त की जावे। इस धर्मको हरएक नीच व ऊँच कहलानेवाला मानव पाल सक्ता है। सम्यग्दर्शन आत्मश्रद्धानको कहते हैं। मैं कौन हूं, इस प्रश्नका उत्तर अपने भीतर समझकर आत्माका यथार्थ विश्वास करना चाहिये। यह आत्मा स्वभावसे शुद्ध है, ज्ञानस्वरूप है, आनन्दमय है, वीतराग है। सर्व सांसारिक विकारोंसे रहित है। जैसे कादेसे जल भिन्न है वैसे रागादि विभावोंसे ज्ञानावरणादि द्रव्य कर्मोंसे शरीरादि नोकर्मोंसे यह आत्मा भिन्न है।

यही स्वयं परमात्मस्वरूप है, ईश्वरस्वरूप है, निरंजन निर्विकार है। यही मैं हूं, मैं मानव, पशु, देव नारकी नहीं हूं ये सब नाम शरीरोंके सम्बंधसे लिये जाते हैं। मैं तो सिद्ध सम शुद्ध हूं। केवल समदर्शीपना, ज्ञातादृष्टापना मेरा स्वभाव है। न मेरा स्वभाव रागद्वेष पूर्वक किसी मन, वचन, कायकी क्रिया करनेका है न संसारके पदार्थोंमें मोहित होकर उनके निमित्तसे सुखी या दु:खी होनेका है। मैं परमात्माके समान मात्र साक्षीभूत हूं। जबतक शरीरका संबंध है व जबतक क्रोधादि कषायोंका तीव्र मध्यम या जघन्य उदय है तबतक मुझे मन, वचन, कायसे क्रियाएं करनी पड़ती हैं। तथापि मेरा कर्तव्य यह है कि अपने आत्मबलसे मैं कषायरूपी रोगसे पीड़ित होनेसे बचनेकी यथाशक्ति कोशिश करूं। यदि कषायका बल अधिक हो व मेरा आत्मबल कम हो तब मेरे भावोंसे कषायकी रंगत अवश्य झलक जायगी व मुझे कषायोंके अनुसार कार्य करना भी पड़ेगा। तथापि उसे किसी भी मन, वचन, कायकी क्रियासे आसक्तबुद्धि न रखनी चाहिये। जैसा अच्छे या बुरे कर्मका उदय हो उसे समताभावसे भोग लेना चाहिये। यदि पापके उदयसे दु:ख पड़े तो अधीर व आकुलित न होना चाहिये। यदि पुण्यके उदयसे संपत्ति हो तो उससे लुभाकर कर्तव्य च्युत न होना चाहिये। जो सुख व दु:खकी बाहरी सामग्रीके मिलनेपर समताभावसे भोग लेते हैं वे ही सम्यग्दृष्टी हैं। वे इन सर्व शुभ या अशुभ क्रियाओंके अपने आत्माका निज कार्य नहीं समझते हैं। मात्र रोगवत् कर्मका उदय समझते हैं। हां, इस साम्यभावके प्रतापसे नवीन कर्मोंके बंधसे बहुत अंशमें सम्यक्ती बच जाते हैं व पुराने कर्मोंकी निर्जरा होजाती है।

सम्यक्ती होकर हरएक मानवको आत्मविचार करना जरूरी है। मैं ज्ञाता दृष्टा शुद्ध अविनाशी अमूर्तिक पदार्थ सिद्धवत् शुद्ध हूं, यही मनन परमकार्यकारी है। इस मंतव्यके लिये हरएक मानवको कमसेकम ५ मिनिटसे लेकर ४८ मिनटका किसी एकांत स्थानमें सबेरे शाम बैठकर व सर्व चिंताओंसे निवृत्त होकर उसके भीतर निर्जन जलके समान आत्माको देखकर उसके भीतर वार २ डुबकी लगाना चाहिये। इसीको सामायिक व आत्मध्यानका अभ्यास कहते हैं। इस अभ्यासको जबतक किया जायगा तबतक सर्व संसारकी चिंताओंसे निवृत्ति होगी, आत्मीक

आमंदकी प्राप्ति होगी, भीतरी कर्मका मैल कट जायगा। सच पूछो तो जीवनका खरा लाभ उसी समयपर होगा। इस ध्यानके अभ्यासके लिये आत्मध्यानका उपाय या सामायिक पाठ पुस्तकें दि० जैन पुस्तकालय—सूरतसे मंगालेना चाहिये।

इस मुख्य आत्मविचारको सबेरे या शाम करते हुए यथासंभव नीचे लिखे काम भी एक मानवको कर्तव्य हैं—(१) जैन शास्त्रोंका अभ्यास थोड़ी देर अवश्य करना। आत्महितैषियोंको नीचे लिखे हुए ग्रन्थ अवश्य पढ़ जाना चाहिये। (१) तत्वमाला (२) गृहस्थ धर्म, (३) आत्म धर्म, (४) इष्टोपदेश, (५) समाधिशतक, (६) तत्वभावना, (७) पंचास्तिकायदर्पण, (८) नवपदार्थकाय दर्पण, (९) मोक्षमार्ग प्रकाशक दोनों भाग, (१०) परमात्म प्रकाश, (११) ज्ञानार्णव, (१२) समयसार (१३) अर्थप्रकाशिका, (१४) भगवती आराधना, (१५) अमितगति श्रावकाचार, (१६) स्वामि कार्तिकेयानुप्रेक्षा—आदि२। पाच मिनिट भी प्रतिदिन किया हुआ स्वाध्याय परमोपकारी होता है। तीसरा काम यह है कि कहीं जिनवाणीका भाषण विचारशील वक्ताद्वारा होता हो तो उसको कुछ देर नित्य सुनना चाहिये। सुननेसे बड़ा लाभ होता है। चौथा काम है कि श्री जिनेन्द्रकी ध्यानमय मूर्तिका दर्शन करके स्तुति पढ़ना व पूजन करना चाहिये। जीवनकी सफलताके लिये मानवको न्यायपूर्वक धन कमाना चाहिये। असत्य व चोरीका पैसा कभी भी लेना उचित नहीं है। अन्तरंग जीवनको गंदा करके बाहरी जीवनको बनाना बड़ी भारी मूर्खता है। न्यायसे धन कमाकर आमदनीका कमसेकम दसवा भाग आहार, औषधि, अभय व विद्यादानमें लगाना चाहिये। ज्ञानकी उन्नति करना परमावश्यक है।

हरएक मानवको नीचे लिखे आठ मूलगुण अवश्य पालना चाहिये—(१) मादक पदार्थका त्याग, (२) मांसाहार व मांस मिश्रित आहारका त्याग, (३) मधुका त्याग, (४) संकल्पी हथा हिंसा न करना, (५) असत्य न बोलना, (७) चोरी न करना, (८) स्वस्त्री सन्तोष रखना, (९) जायदादका जीवन पर्यन्तको प्रमाण कर लेना। जब इच्छा पूर्ण होजावे तब नई आमदनीसे विरक्त हो, धर्म साधन व परोपकारमें जीवन बिताना चाहिये। गृहका भार पुत्रको सौंपकर आप निश्चित होजाना चाहिये।

जीवनकी सफलता निराकुल जीवनसे है, इसलिये अपनी आमदनीके भीतर अपना सब खर्च चलाना चाहिये। कभी भी कर्जदार नहीं बनना चाहिये। अपने पुत्र या पुत्रियोंके विवाहमें आमदके भीतर बहुत अल्प व जरूरी खर्च करना चाहिये। उनको पढ़ानेमें बहुत कुछ खर्च करना पड़े तो उसे दिल खोलकर करना चाहिये। विवाह शादी मरणादिकी खरचालु रसमोंको नहीं पालना चाहिये। नामवरीके लिये कर्ज लेकर खर्च करना अपने पैरोंमें आप बेड़ी डाल लेना है।

जीवनकी सफलता उत्तम ध्यान तथा परोपकारसे है। हरएक मानवको रोज कुछ न कुछ परोपकार करना चाहिये। धर्मसेवा, समाजसेवा, देशसेवा सब परोपकारमे गर्भित हैं।

धन्य हैं वे स्त्री व पुरुष जो गृहस्थकी कीचसे बचकर उदासीन रहकर अपना सर्व जीवन स्वपरके उपकारमें खर्च करदेते हैं। वेही सच्चे तीर्थंकरके भक्त हैं। जैन समाजमें निस्पृही, सच्चे परोपकारके धारी ऐसे हजारों नरनारियोंकी जरूरत है। जो गृहत्याग न कर सकें उन्हें कमसेकम एक घंटा परोपकारके कामोंके लिये निकालना चाहिये। उपसर्ग सहकर, गालियोंकी बौछार झेलकर, निंदाकी परवाह न कर, जो सच्ची सेवा एक प्रवीण

स्वर्गीय विद्याशास्त्री आयुर्वेदाचार्य
पं० अभयचंदजी जैन वैद्य काव्यतीर्थ-हरदा।

आप अनेक वर्षोंसे आयुर्वेद विषयक कार्य बड़ी ही निपुणताके साथ कर रहे हैं। तथा आप एक अच्छे लेखक हैं।

आप एक उत्साही युवक विद्वान हैं। तथा जैन स्कूल रोहतकमें प्रधानाध्यापक हैं। आपके लेख बहुत विचारपूर्ण होते हैं।

पं० रवीन्द्रनाथजी जैन न्यायतीर्थ-रोहतक।

आप जैनसिद्धान्तभवन आराके व्यवस्थापक हैं। तथा अनेक संस्कृत ग्रन्थोंके अनुवादक और ऐतिहासिक जैनसाहित्यके अच्छे लेखक हैं।

पं० के० भुजबली शास्त्री आरा।

आपकी कार्यकुशलताके कारण आपको सुवर्णपदक प्राप्त हुये हैं। आप अच्छे लेखक व कवि हैं।

विशारद पं० कमलकुमारजी जैन शास्त्री-हरदा।

जगतके कल्याण करते रहते हैं वे पूजनीय परोपकारी महात्मा हैं। वे ही अपने जीवनको सफल कर पाते हैं। जैन समाजमें विद्वान सुआचारी धर्म प्रचारकोंकी बहुत बड़ी आवश्यक्ता है, जो भारतके ग्रामोंमें जाकर व सीलोन, ब्रह्मा, नैपाल, तिब्वत, जावा, चीन, जापान, फ्रांस, आफ्रिका, आष्ट्रेलिया, यूरूप, अमेरिका आदि देशोंमें जाकर धर्मोपदेश करें। तीर्थंकरोंका संदेश संसारभरमें फैलानेकी जरूरत है। हमारा यह विश्वास है कि जैनधर्मका तत्वज्ञान जगत मात्रके लिये परम उपकारी है। यदि इसका प्रचार किया जावे तो मानव समाजको अपना जीवन सफल करनेका अवसर प्राप्त होजावे। जगतके मानव स्वतंत्रता प्राप्तिके लिये स्वात्म विचार कर सकें, परमानन्द भोग सकें व परस्पर उपकार करके अहिंसा धर्मका परम सुहावना रस भोग सकें। जो संसारसे विरागी हैं, आत्मीक-श्रद्धामें रुचिवान हैं वे ही मानव-जीवनकी सफलता कर सक्ते हैं।

स्वपर सुखदाई जीवन विताना ही जीवनकी सफलता है। जो धर्म रसका प्याला पीते हैं वे इहलोक व परलोक दोनोंमें सुखी रहते हैं। जैन धर्मका तत्वज्ञान जगतमें विस्तृत हो यही जीवन सफलताका उपाय है।

गांधी बाबा।

मूडको मूडाय छोड़ गेह सुनदार सबै.
व्यंजनको छोड़ लेन नीरस अहार हैं।
काम क्रोध छल लोभ स्वार्थके वशी न होय,
विश्वके बचायवेको करत विहार हैं॥
दया सत्य संयम स्वतंत्रता प्रचार करे,
फाँसी जेल मारपीट निन्दाको संहारि हैं।
वीर बुद्ध राम अनुयायी आज गांधी बाबा,
शत्रु मित्र जेल गेह एकसे निहारि हैं॥

रवीन्द्रनाथ जैन न्यायतीर्थ-रोहतक।

विनय-स्वदेशी।

बंधुओ विनय सुनो मेरी।
करो ना सोच समझ देरी॥
देश तुम्हारा होरहा, निशिदिन है पामाल।
भाई करोड़ों भूखों मरते, गैर उड़ाते माल॥
दुर्दशा लेओ तनिक हेरी॥१॥

कच्चा माल भिजाकर बाहिर, होते हैं खुश लोग।
कपड़ा, टीन, काँच आदिकको, लेहम भोगें भोग॥
बुद्धि क्यों गई हाय फेरी॥२॥

चीन, जर्मनी, लन्दन, फारस, अमेरिका, जापान।
उन्नति करते निज देशोंकी, हमीं बनें अज्ञान॥
स्वदेशी चाहें नहीं हेरी॥३॥

शब्द "अहिंसा" ही है प्यारा, नहीं सोचते सार।
है बस इसका मूल स्वदेशी, अब तो करो विचार॥
सभीसे कहता हूं टेरी॥४॥

सब उद्योग, कला बिनशाये, भूखों मरते कोट।
फिर भी मनमें बहुत खुशी है, लगा दीनको चोट॥
आगई सत पथकी बेरी॥५॥

"निर्मल"

भगवान महावीर और हम।

[ले०–विद्यारत्न पं० मूलचन्द्र जैन "वत्सल" काव्यकलानिधि–बिजनौर ।]

(१)

उनका अवतरण हुआ था, विश्वत्राण करनेके लिए ।

उन्मुख, व्यथित, दलित, अशांत, सत्यधर्म-शून्य, मायामरीचिका बने हुए मानवोंके हृदयोंमें सत्य ज्ञानका अविरल प्रकाश करनेके लिए ।

मानवी शक्तिका दृढ़ प्रभाव, आत्मोन्नतिकी चरमसीमा, शुद्धात्मतत्वका अचिन्त्य पराक्रम और इंद्रियनिग्रहकी अद्भुत महिमा दिखलानेके लिए।

सरल अहिंसाका [illegible] सदेश, विश्वसेवाका पवित्र भाव, धार्मिक [illegible]ताका उच्च आदर्श और विशाल कर्तव्यक्षेत्र दिखलानेके लिए ।

वे [illegible] थे, प्रगतिशील थे, और महावीर थे ।

(२)

[illegible] धार्मिकताकी ओटमें मनुष्यका गला घोंटने-वाले, [illegible] हुए दीन पशुओंके करुण [illegible] निर्दय [illegible] तलवारके नीचे [illegible] कलंकित करनेवाले, [illegible] हृदयविदारक चीत्कारने [illegible] हृदयको द्रवित कर दिया ।

[illegible] और धर्मके [illegible] हुए सत्य और [illegible] करनेवाले, प्रभुताशालियों द्वारा [illegible], और निर्बलोंपर कियेजाने-वाले [illegible] और अत्याचारोंसे वे [illegible] हो उठे।

दलित, पतित, धर्मसे वंचित प्राणियोंके धार्मिक भावोंने उनके हृदयको हिला दिया ।

धार्मिक सकीर्णता, मत अनैक्यता, तथा परस्परके घृणा और द्वेषभावोंने उनका मन विचलित कर दिया।

बाह्याडंबरपूर्ण आत्मज्ञानसे शून्य क्रियाकांडमें मग्न हुए रूढ़ियोंकी साकलोंमें दृढ़तासे जकड़े हुए "बाबावाक्यं प्रमाणं" को नेत्र बंदकर माननेवाले अविद्या संस्कारमें पले हुए अज्ञान जगतको सत्य-ज्ञानके उज्वल प्रकाशमें लानेके लिये उनका मन लालायित हो उठा ।

सेवाधर्मके पवित्र संस्कारोंको भरनेके लिये, 'सत्वेषु मैत्री'का मंत्र फूकनेके लिये, विस्तीर्ण धर्म-साम्राज्यमें मनुजलोकको विचरण करनेका सदेश सुनानेके लिये, अहिंसा धर्मकी दुंदुभि बजानेके लिये और आत्मिक रहस्य समझानेके लिये वे उत्सुक हो उठे ।

(३)

उन्होंने सर्व प्रथम अपनी आत्मा पर विजय करना, अपनी पूर्ण शक्तियोंको संगठित करना और सांसारिक वासनाओं–विषय प्रलोभनाओंसे मुक्त होना उचित समझा ।

संसारी मानवोंको मुग्ध, विमोहित और आत्म-ज्ञान-शून्य बना देनेवाले अनंत राज्य वैभवको,

कल्पित कामनियोंके ललित लीलाविलासको, स्वार्थकी दृढ़ सांकलसे सटे हुए बन्धुओंके स्नेहको और दु:ख-ज्वालासे जलते हुए जगतको उन्होंने इन्द्रजाल, मायामरीचिका जल, बुदबुद् और वड़वानल सदृश क्षणिक, विमोहक, नश्वर, दाहक और नि:सार समझा ।

उन्होंने तृण सदृश, जीर्ण गृह सदृश और दुर्जन मित्र सदृश सासारिक विभूतियोंसे अपने शरीरसे और स्वार्थी जगतसे सर्वथा स्नेह त्याग कर दृढ़ता-निश्चलतापूर्वक आत्मध्यानसे अपने आपको तन्मय कर दिया ।

वे दिगम्बर योगिराज, सुमेरु सदृश अचल, गगन सदृश शान्त, वज्र सदृश निश्चल और रत्नाकर सदृश गंभीर होकर मानवी सृष्टिको चकित कर देनेवाले, अचिन्त्यनीय और असहनीय तपश्चरण करनेमें दृढ़ता पूर्वक संलग्न होगए ।

अनेक बाधाओं, उपसर्गों और प्रलोभनोंने उनपर आक्रमण किया किन्तु उन्होने अपने आत्मबल, ध्यान, शक्ति और तपके प्रभावसे सबको विजित करते हुए आत्म गुण घातक कर्मसमूहको भस्म कर डाला ।

उन्हें विश्व प्रदर्शक दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ । दिव्यज्ञानकी अलौकिक शक्तिसे सम्पूर्ण द्रव्योंके वास्तविक रहस्यको समझकर उन्होंने संसारके आत्मतत्वके स्वरूपको समझाया ।

उनके दिव्य उपदेशामृतका पान करनेके लिए लोक समूह लालयित था, उन्हें प्रमाण और नयों द्वारा धर्मके गूढ़ तत्वोंको विस्तीर्णतापूर्वक समझाया, सबके पालन करनेको विश्वधर्मका निरूपण किया। उसे सबने समझा और अपनाया ।

उनकी गवेषणापूर्ण अकाट्य युक्तियोंके सम्मुख पाखंडी, मिथ्यात्वी और कुतर्की टिक न सके, वे परास्त होगए । सबने उनके धर्म-झंडेके नीचे अपना मस्तक झुका दिया ।

हिंसा ताडव भग्न हुआ, मिथ्यावादोंका किला चूर्ण हुआ, सकीर्णताकी दीवाले नष्ट हुईं और सारे संसारमें सत्य धर्मकी जयका गगनभेदी स्वर गूंज उठा ।

(४)

वह कौन थे ? भगवान् महावीर । वह कैसे थे ? स्वात्मलम्बी, दृढ़ पराक्रमी, अचिन्त्य आत्मविक्रमी, विश्व उद्धारक और हमारे हृदय-उपासक देवता ।

उनका हृदय कैसा था ? अविरल प्रेमधारासे परिप्लुत ज्ञानसे प्रकाशित सत्यतासे परिपूर्ण और विशाल ।

हम ? हम हैं उनके उपासक ! संकीर्ण हृदय, विद्वेषी, कायर, परावलम्बी और साहसहीन !

जहा उनका उपदेश विश्व मानवोंके प्रति सत्वेषु मैत्रीयता का था, वहा हम उनके नामपर दि०, श्वे०, रक्तांबर, शुद्धाम्नायी, त्रिशुद्धाम्नायी, पंडित, बाबू आदि२ अनेक दल और पंथ बनाकर, अपने२ विचारोंको वज्रकी लकीर समझते हुए, पक्षपातका चश्मा चढ़ाए हुए परस्परमें घोर विरोधका बीज बो रहे हैं ।

जहां उन्होंने गौतम जैसे मतद्वेषी, प्रगाढ़ मिथ्यादृष्टीको अपनी अकाट्य युक्तियोंके द्वारा, शंकाओंको निर्मूलकर उसे अपना उपासक बना लिया था, वहां हम अपने ही सहधर्मियोंके स्वतंत्र विचारोंको नहीं सुन सकते, उनकी शकाओंको न्यायपूर्वक निर्मूल नहीं कर सके, उनके हृदयको संतोषित नहीं कर सकते ! किंतु, अपनी इच्छाके विरुद्ध उनके उचित विचारोंको भी न सुनकर, हम उन्हे नीच, पापी और कृतघ्नी समझकर सर्व प्रकारसे पतित और पराजित करनेका उद्योग कर रहे हैं ।

जहां उन्होंने विस्तीर्ण धार्मिक क्षेत्रमें विश्वमानवोंको विचरण करनेका उपदेश दिया था, वहा हम पक्षपात, प्रभुता और दुरभिमानके नशेमें मत्त हुए अपने ही सहधर्मियोंको धर्मके पवित्र उपदेशोंसे, धार्मिक अनुष्ठानोंसे वचित रखकर अपने वडप्पनका परिचय देरहे हैं ! अपनी समाजके ही अङ्गोंको अपनेसे अलग कर रहे हैं ! उनके प्रति सहानुभूतिका भार तो दूर रहा, उन्हें सत्य पथपर, धर्मके सिद्धान्तोंपर दृढ़–निश्चल करना तो दूर रहा, उनके प्रति सहृदयताका व्यवहार तो दूर रहा, किंतु हम उन्हे धार्मिक संस्कारोंसे विलग करनेका प्रयत्न कर रहे हैं। और उन्हें धर्मसे सर्वथा विमुख होनेके लिए लाचार कर रहे हैं।

जहापर उन्होने समयानुकूल नवीन सस्कारों और कार्यप्रणालियोंके अनुष्ठानका सदेश सुनाया था वहापर हम "लकीरके फकीर बने, कूप–मडूक बने" रूढ़ियोंके कट्टर गुलाम बने हुए–पुरातन प्रणाली चाहे समाज और धर्मनाशिनी क्यों न हो, उससे हमारा सर्वनाश ही क्यों न होता हो, उसकी आवश्यक्ता भले ही न हो; किन्तु "बाबा-वाक्य प्रमाणं" की उक्तिको चरितार्थ करते हुए, हम उससे तनिक भी टससे मस नहीं होते !

जहांपर उन्होंने सम्यक् श्रद्धान और सत्यज्ञानके महत्वको बतलाते हुए, क्रियाओंके करनेका उपदेश दिया था, वहापर हम सम्यक्-श्रद्धान और सम्यक् ज्ञानसे शून्य बाह्याडम्बर, कोरे क्रिया–कलाप और अन्ध विश्वासमें मग्न हुए उसीका उपदेश अपने अज्ञान भोले भाइयोंको सुना रहे हैं, शून्य-क्रियाओंकी दृढ़ सांकलसे जकड़ रहे है।

जहा उन्होंने अपने धर्मके सत्य तत्वोंको संसारके सामने खोलकर रख दिया था, उनका व्यवहार करनेके लिए जगत प्राणियोंको जातिपातिके बंधनोंसे उन्मुक्त कर दिया था वहां हम उनके तत्वों–उपदेशोंको सर्वसाधारणके लिए प्रदान करनेकी निषेधाज्ञा निकाल रहे हैं, वीर वाणीसे वंचित कर रहे हैं और उसे संदूकोंमें सड़ा रहे हैं।

जहां उन्होंने घोर मिथ्यादृष्टि पाखंडियोंके असत् आक्षेपों–विरोधोंको सुयुक्तियोंसे नष्ट कर उन्हें पराजित कर धर्मका सिक्का उनके दिलपर जमा दिया था, वहापर हम अपने ऊपर विजातियों द्वारा नास्तिक, ढोंगी, कायर, और कोरे क्रियाकांडी आदि लगाए हुए अनेक असत् आक्षेपोंको श्रवण कर चुपचाप बैठे हुए संसारके सामने अपनेको उनके अनुयायी सत्यानुवेषी और धर्मोपासक होनेका दावा कर रहे है।

किंतु जबतक ससारके सामने अपनी सत्यताको सुयोग्य साधनों द्वारा प्रकट न किया जाय, नवीन आधुनिक प्रणालियों द्वारा उसके रहस्यको समझाया न जाय, उनके हृद्गत विचारोंको परिवर्तित न कर दिया, हमारी थोथी युक्तियोंका कोरी डींगका कोई महत्व नहीं ? सत्यताका कोई प्रमाण नहीं।

क्या हममें वह दिव्य चारित्रबल है ? वही आत्मसम्मान, सत्य दृढ़ता, विशाल प्रज्ञा और निःस्वार्थ सेवाभाव हैं। नहीं, कुछ भी नहीं। हम तुच्छ धन वैभवके नशेमें मत्त हैं, कोरी शानमें व्यस्त है।

(९)

वीर धर्मका अस्तित्व संसारसे नष्ट होरहा है। धर्म–सिद्धान्तोंपर घोर आघात होरहा है, धार्मिक आयतनों, उत्सवोका अपमान होरहा है, स्वतंत्र धार्मिक अधिकार छिने जारहे हैं, किंतु हम अपनी२ ठसकमें, आपसकी कटाकटीमें, एक दूसरेको नीचा दिखानेकी हवसमें, केवल मात्र शब्दाडम्बर और वाक्य विन्यासोंके गर्जनमें ही अपना बहुमूल्य समय, शक्ति, धन और जीवनका अपव्यय कररहे हैं।

यह पवित्र वीर निर्वाणपर्व प्रति वर्ष आकर

हमें अपने उच्च आदर्शोंकी स्मृति दिलाता है, हमारे कर्तव्योंका प्रबोध कराता है, किन्तु हमारी निद्रा भंग नहीं होती, हम नेत्र नहीं खोलते, स्वप्न मात्रमें अपनी भयानक स्थितिपर दृष्टि नहीं डालते, अपने भविष्य पर विचार नहीं करते।

क्या इसी प्रकार हम सुख समताका साम्राज्य प्राप्त कर सकेंगे? क्या इसी प्रकार हम वीर धर्मका प्रचार कर सकेंगे? क्या इसी प्रकार पवित्र धर्मको चिरकाल पर्यंत स्थिर रख सकेंगे? क्या इसी प्रकार अपनेको महावीर प्रभुके अनुयायी होनेका परिचय देंगे?

(६)

हम प्रतिदिन अपने सिद्धान्तोंसे च्युत होरहे हैं। आत्मोद्धारके मार्गसे उन्मुख होरहे हैं। विश्व प्रेमभावसे विरक्त होरहे हैं। वास्तविक अहिंसा तत्वके समझनेसे अनभिज्ञ होरहे हैं। अस्तु।

प्यारे बन्धुओ! उठो, हम इस कायरताके जालको तोड़दें, दिखलावटके जामेको फेंकदे, रूढ़ियोंके किलेको चूर्ण करदे और श्री वीर प्रभुकी निर्वाण स्मृतिमें वीर धर्मको अखिल विश्वमें फैलानेका दृढ़ संकल्प करलें।

श्री महावीर प्रभुके अनुयाइयो! अहिंसा धर्मके उपासको! आइए! हम सब एकमेक हो जाएं, पथ, मत, भेदभाव और आग्रहके कांटोंको कुचल डालें, विद्वेष भावोंको भूल जाए और एक होकर शक्तिको संगठित करलें, उत्साहको उद्दीप्त करलें, छिपे हुए वीर भावोंको जाग्रत करलें, सत्य सिद्धान्तोंसे अपने हृदयको पूरित करलें और वीर धर्मके झंडेके नीचे संसारको झुकानेका दृढ़ संकल्प करलें।

आओ! हां आज ही आओ!! हिचको मत!!! ऐसा पवित्र पुण्य समय और कब प्राप्त होगा? आओ! एक शक्तिसे, एक बलसे, एक स्वरसे सर्वस्व समर्पणके लिए कटिबद्ध होजाएं।

(७)

धर्मपिपासुओंके लिए चिरकालसे बन्द हुए धर्म सरोवरके घाटोंको खोलदें, विशाल धर्मक्षेत्रके प्रवेश-द्वारके कपाट उद्घाटित करदें।

सहधर्मियोंको प्रेरणापूर्वक अपनेमें मिलालें, उन्हें हृदयसे लगालें और धार्मिक उत्तेजनाके लिए उन्हें प्रोत्साहित करें।

संसारके साम्हने वीर वाणीको उन्मुक्त रखदें, वैज्ञानिक प्रकाशमें संसार उसकी अक्षीण सत्य प्रभाको देखे और अपने हृदयोंका पुन: संस्कार करे।

असमर्थ और दीन हीन भाइयों, दु:ख-दग्ध विधवाओं, अनाथ बालकोंकी रक्षाके लिए, धार्मिक सरक्षाके लिए सामाजिक और धार्मिक समस्याओंको हल करें, उनकी जीवन रक्षाके उत्तरदायित्वको अपने हाथमें ले, वह हमसे पृथक् न होसके ऐसी सुविधाए उपस्थित करदें। उदार बनकर उन्हें हम अपनेमें मिलालें। झूठी मान्यताओं, मिथ्या धारणाओंका मूलोच्छेदन करदें।

सामाजिक कुरीतियें जिसे हमने अपनी मिथ्या धारणाके बलपर अज्ञानतासे धर्म समझ रक्खा है और जिनसे सामाजिक तथा आर्थिक समस्याएं जटिल होरही हैं, अनेक गृह बरबाद होचुके हैं, युवक और युवतियें बलिदान होरहे हैं उनकी अनेक जड़ोंको खोद डालें और समयोचित सरल सुरीतियोंके पल्लवोंको आरोपित करदें।

एकबार संसारमें फिरसे धार्मिक क्रांति करदें। सच्चे आत्मश्रद्धानसे सत्यज्ञानकी दिव्य प्रभासे, सच्चरित्रताके अमूल्य अलंकारोंसे अलंकृत होकर अपने जीवनको परोपकारमें, जातिसुधारमें, धर्मोद्धारमें मानवी कर्तव्योंके पालन करनेमें लगादें।

आइए! श्री महावीर प्रभुके दिव्य पादपद्मोंमें अपनेको समर्पण करदें और 'श्रीवीरनिर्वाण' को चिरस्मरणीय तथा सफल बनादे।

भारतवर्षमें योगाभ्यासका अर्थ एक सम्मान प्रद शब्दोंमें लिया जाता है। जिसे लोग योगी समझलेते हैं उसकी ओर स्वयं श्रद्धा उत्पन्न हो जाती है यहातक कि उसे भूत, भविष्यत, वर्तमानका ज्ञाता भी समझने लगजाते हैं, उसकी सेवा करते हैं, जिससे नानातरहकी सिद्धिया प्राप्त होसकें और इनका योगबलसे प्राप्त होना असंभव भी नहीं। वर्तमान समयमें ऐसे विशिष्ट योगी या तो देखनेमें नहीं आते और हों भी तो क्वचित् विरले, किंतु आजकल जिसको कुछ आसन लगाते हुए या श्वास निरोधको करते हुए देखलेते हैं उसको ही लोग पहुचा हुआ साधु समझ बैठते हैं।

जब कि ससारमें यह विषय इतना अच्छा समझा जाता है तब क्या जैन शास्त्र इसे हेय समझते हैं? यदि नहीं तो इसके प्रतिपादन करनेवाले शास्त्र जैन सप्रदायमें क्यो नहीं मिलते? क्यों लोगोंको इसके लिये औरोंके शास्त्रोंको टटोलना पड़ता है? इसका उत्तर यही है कि लोगोंने हठयोगको ही योग समझ रक्खा है और हठयोगको ही योग समझना जैन सिद्धात अथवा अन्य सिद्धातसे विरुद्ध है। यदि योगका व्यापक अर्थ लिया जावे तो अवश्य जैन सिद्धांतोंमें जगह२ पर योगका वर्णन मिलेगा। यह बात अवश्य होसकती है कि जैन सिद्धातमें योगकी जगह ध्यान अथवा समाधि शब्द व्यवहृत किया गया हो। हा, हठयोगका भी विशेष रूपसे किन्हीं२ शास्त्रोंमें वर्णन किया है, पर हठयोग आत्मकल्याण है। कभी२ साधककी अपेक्षा बाधक होजाता है। अतएव या तो हठयोगका वर्णन ही नहीं है, अथवा है तो बहुत थोड़ा, किसी२ ज्ञानार्णव आदि शास्त्रोंमें कुछ विशेष वर्णन बताया भी है पर इसे वहींपर अश्रेयस्कर भी अंतमें बता दिया गया है। पर जनताका झुकाव शरीरको लाभप्रद होते हुये भी आत्माके लिये किन्हीं अंशोंमें अश्रेयस्कर हठयोगकी ओर ही होरहा है। अत' उन्हें जैनागममें योगाभ्यास नहीं मिलता है और उसके लिये विधर्मियोंके शास्त्र टटोलने पड़ते है।

योग शब्दका अर्थ श्री राजवार्तिकजीमें "युजे: समाधिवचनस्य ध्यानं समाधिः योग इत्यर्थः" समाधि अर्थ सूचक युज धातुका योग ध्यान समाधि यह अर्थ बताया है। अन्य अजैन शास्त्रोंमें भी युज धातु संगति करण अर्थमें है। उसका अर्थ जिससे आत्मा परमात्माका मेल होसके बताया है, जो जैन सिद्धांतकी समाधि सदृश ही है। हां समाधिमें आत्मा स्वय अपनेको शुद्धानुभवन करता है और संगतिमे एक मानेहुये परब्रह्ममें आत्मलय होता है। अंतर केवल इतना ही है। योगके अन्य शास्त्रोंमें १ ज्ञानयोग (ज्ञान विकाससे आत्मा वैराग्य एवं विवेकमें अपने अस्तित्वको भूल जाती है, वह अपने अस्तित्वके कण कणमें परमात्मरूप देखने लगता है उस समय मुक्तिमें अप्रकट सम्मेलन होने लगता है), २ हठयोग (वायु और अंगोंपर अधिकारकर परमात्म स्वरूप की ओर झुकता है), ३ राजयोग (मन एकाग्र कर परमात्माके दिव्य स्वरूपका वारवार चिंतवन करते हुये आत्माका समाधिस्थ हो परमात्मामें लीन हो जाना है)।

४ कर्मयोग (निष्काम सांसारिक इच्छारहित कर्म करते हुए आत्मामें लीन होना है), ५ भक्तियोग (ईश्वरकी भावनाओं एवं भावनाओंको प्रेमके साथ प्रभु-चरणार्पण कर उसको मनाना), ६ मंत्रयोग (आत्माके नाम या उससे संबंधित किसी मंत्रका उच्चारण करते हुए ध्यानमें निमग्न होजाना है), इस तरह मुख्य भेद बताए हैं। जैन सिद्धातमें इन्हीं नामोंसे भेद तो नहीं मिलते हैं पर नामान्तरसे उनका उल्लेख अवश्य पाया जाता है। ज्ञानयोगकी जगह रूपातीत ध्यानका संकेत अवश्य है।

चिदानंदमयं शुद्धममूर्तं परमाक्षरम्।
स्मरेद्यत्रात्मनात्मानं तद्रूपातीतमिष्यते॥
(ज्ञानार्णव)

अर्थ—जिस ध्यानमें ध्यानी मुनि चिदानंदमय शुद्ध अमूर्त परमाक्षररूप आत्माको आत्मा ही स्मरण करे अर्थात् ध्यावे सो रूपातीत ध्यान है।

हठयोग राजयोगकी ही पहिली अवस्था है। हठयोग साधनाके पीछे राजयोगपर अभ्यास सुगमतासे होसक्ता है। जैनसिद्धांतमें भी पहिले आसन, दृढ़ता, परीषहजय आदिके पीछे ध्यान पिंडस्थ या रूपस्थ बताया है। पिंडस्थ ध्यान-निर्दोष नये अमृतसे भीगी हुई चन्द्रमाकी किरण सदृश गोरावर्ण श्रीमत्सर्वज्ञ भगवान् समान तथा मेरुगिरिके शिखरके तटपर बैठा समस्त प्रपंचरहित समस्त ज्ञेयोंको जाननेवाला देवेन्द्रोंके समूहसे भी जिसका अधिक प्रभाव हो ऐसे आत्माका चितवन किया जाय उसे पिंडस्थ ध्यान कहते हैं।

रूपस्थ ध्यानमें सर्व अतिशयोंसे पूर्ण अरहंत सर्वज्ञका ध्यान करना कहा है। उसीके अभ्याससे तन्मय होकर उसके समान अपने आत्माको ध्यावना जिससे आत्मा वैसा ही होजाता है। मंत्रयोगकी जगह पदस्थ ध्यानका संकेत है।

पदान्यालम्ब्य पुण्यानि योगिभिर्यद्विधीयते।
तत्पदस्थं मतं ध्यानं विचित्रनयपारगैः॥
(ज्ञानार्णव)।

अर्थ—जिसको योगीश्वर पवित्र मन्त्रोंके अक्षर स्वरूप पदोंका अवलम्बन करके चितवन करते हैं उसको अनेक नयोंके पार पहुंचनेवाले योगीश्वरोंने पदस्थ ध्यान कहा है।

भक्तियोग—जो कुछ हमारा पहिली अवस्थामें पूजनपाठ आरती भक्ति विशेष है उसीका यह संकेत है।

कर्मयोग—इसकी जितनी अच्छी व्याख्या जैन सिद्धान्तमें बताई है, अन्यत्र नहीं है। यथा—

"मोक्षेऽपि यस्य नाकांक्षा स मोक्षमधिगच्छति"
—स्वरूपसंबोधन।

अर्थात्—मोक्षमें भी जिसकी इच्छा न हो वही मोक्षमें जाता है। तात्पर्य यह है कि आत्मा जब अशुभसे शुभावस्था और क्रमसे शुद्धावस्थामें जाता है तब उसकी परिवर्तन होते ही ३ अवस्थाएं होती हैं। १—'दासोऽहं' मैं परमात्माका दास हूं। यही भक्तियोग कहना चाहिये। इसके बाद 'दा' छूटकर २—'सोऽहं' जो परमात्मा है वही मैं हूं यह अवस्था रहजाती है, इसे या तो राजयोग, मंत्रयोग, कर्मयोग, ऊंचे दर्जेका कहना चाहिये या इनकी नीची अवस्थाको पहली अवस्थामें गणना करनी चाहिये। किसी प्रकारसे नीचे दरजेके ज्ञानयोगकी हालत इसमें आसक्ती है परंतु 'सो' छूटकर ३ 'अहं' मैं मात्रकी अवस्था रहती है उसे ही असली ज्ञानयोग कहना चाहिये। योगसे यदि आत्मकल्याण किया जासके तो बहुत लाभप्रद है। किन्तु सबसे पहिले मुमुक्षु पुरुषोंको संसारसे मन हटानेको संसारकी असारता और वैराग्य दृढ़ करनेको शरीरके भीतरी स्वरूपका विचार करना चाहिये। "जगत्कायस्वभावौ वा संवेग-

वैराग्यार्थम् ” उमास्वामि इस लोक और परलोकके फल भोगनेकी इच्छाका अभाव, शम, दम, तितिक्षा-परीषह सहन करनेकी शक्ति, गुरूपदेश श्रवणादर श्रद्धा तथा मुमुक्षुता रूप प्रवृत्ति करनेसे वैराग्य बढ़ता है। पर यह इस कहावतको चरितार्थ होते हैं—

सब सुखमय हैं योगीको ।
सब दु.खमय हैं रोगीको ॥

इसके बाद मनो निग्रहका अभ्यास करना चाहिये । क्योंकि—

चित्तं जानीहि संसारं बन्धश्चित्तमुदाहृतः ।
पादपः पवनेनैव देहश्चित्तेन चाल्यते ॥

ऋषियोंका कहना है कि मनही मनुष्यके बध और मोक्षका कारण है—

“मन एव मनुष्याणा कारणं बंधमोक्षयोः ।”

मनको ही संसार समझो, मन ही संसारका बंधन है। जैसे हवाके द्वारा वृक्ष हिलता है उसी प्रकार मनके द्वारा मानवोंका शरीर हिलता है, और जहां मनमें रागद्वेष पैदा होना बंद हुवा कि कैवल्य पद मिला। उसके बाद भी यद्यपि कुछ समयतक वचन और काययोग होता है, पर वह इतना बंधका कारण नहीं है, किन्तु इस मनका निग्रह कैसे हो ? उत्तर—अंतरंगमें शुभकर्मका उदय हो और फिर किसी श्रीगुरुसे देशनालब्धि प्राप्त हो, तब मुमुक्षुको एकात सेवन कर गुरुवचनानुसार योग्य रीतिसे मनोजय करना चाहिये। मनोजयके यद्यपि कई उपाय हैं पर वर्तमानमें लोग श्वासनिरोधके द्वारा मनोनिग्रह बताते है, किन्तु उसके द्वारा जो मनोजय होता है उसमें सिद्धिया अवश्य होती है, परन्तु मुक्ति अवश्य कर मिलती ही हो यह नहीं है ।

द्वौ क्रमौ चित्तनाशाय योगो ज्ञानं च राघव ।
योगश्चित्तनिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणं ॥

योग वा शिष्ट चित्त निग्रहके दो उपाय हैं— १ योग २ ज्ञान । योगचित्तके रोकनेको कहते हैं, और ज्ञान भली प्रकार आत्माको देखनेको कहते हैं।

अब यह जानना चाहिये कि मनोलयके जो दो उपाय बताए हैं उनमें उत्तम कौन है ? यद्यपि दोनोंका विषय (उद्देश्य) एक ही है फिर भी जिन पुरुषोंने दोनों रास्तोंका अनुभव प्राप्त किया है उनका कहना है कि भेदज्ञानसे जिस प्रकार मनोलयकी स्थिरता होती है उस प्रकार योगाभ्याससे नहीं, उसका कारण यह है—

प्राणस्यायमने पीडा तस्यां स्यादार्त्तसंभवः ।
तेन प्रच्याव्यते नून ज्ञाततत्त्वोऽपि लक्षितः ॥

अर्थ—प्राणायाममें श्वासके रोकनेसे पीड़ा होती है और पीड़ासे आर्त्तध्यान उत्पन्न होता है और उस आर्त्तध्यानसे तत्वज्ञानी मुनि भी अपनी समाधिसे भ्रष्ट करा दिया जाता है ॥ ९ ॥

पूरणे कुम्भके चैव तथा श्वसननिर्गमे ।
व्यग्रीभवहि चेतांसि क्लिश्यमानानि वायुभिः ॥१०॥

अर्थ—पवनके पूरक कुम्भक रेचक करनेमें चित्त व्यग्ररूप होता है क्योंकि पवन क्लेशित होनेसे खेद पाता है, इस कारण प्राणायामका यत्न गौण किया है ।

नातिरिक्तं फलं सूत्रे प्राणायामात्प्रकीर्त्तितम् ।
अतस्तदर्थमस्माभिः नातिरिक्तः कृतःश्रमः ॥ ११ ॥
ज्ञानार्णव ।

अर्थ—आचार्य कहते हैं कि इस प्राणायामसे सिद्धातमें कुछ भी अधिक फल नहीं कहा है। अत: इसके विशेष कथनका हमने प्रयत्न नहीं किया है ।

साराश यह है कि योगाभ्याससे मनोलय चिरस्थायी नहीं रहता। योग बलसे जबतक चित्तवृत्तियां निरोधित रहती हैं, तबतक मन एक प्रकारसे मूर्छित अवस्थामें रहता है, परन्तु

त्योंही चित्तवृत्तिका उत्थान होता है त्योंही मनका व्यापार पूर्ववत् होने लगता है। अर्थात् जगतकी असारताकी बजाय सारताका भास होने लगता है, जिसका होना ठीक नहीं। इस प्रकार जगतकी सारताका भास होते ही मनुष्य सुख दुखादि द्वन्दोंका अनुभव करके संसारचक्रमें फँस जाते हैं, पर यह परिणाम भेदज्ञानसे नहीं। अतएव जैनागममें योगाभ्यासपर विशेष जोर नहीं दिया है, बहुत ही कम शास्त्रोंमें मामूली श्वासनिरोध आदि योग प्राणायाम पर जोर दिया है।

हा यह बात अवश्य है कि साधक पुरुषकी बुद्धि यदि मंद होगी और चित्त अशुद्ध तथा मलिन होगा तो वह आत्मज्ञानको कदापि नहीं ग्रहण कर सकेगा। "आत्मा शुद्ध निर्विहार है" आदि-आत्मीक अनुभवके वाक्योंका अर्थ मलिन अंत.करणमें प्रवेश नहीं हो सकता। ऐसी अवस्थामें गुरुका उपदेश भी निष्फल जाता है। आत्मज्ञानके लिये तीक्ष्ण बुद्धिकी बहुत आवश्यक्ता है। गुरुमुखसे सुने हुये महा वाक्योंका अर्थ तीक्ष्ण बुद्धिमें ही प्रतिबिम्बित होसकता है। अतएव यह बात सिद्ध है कि साधक प्रज्ञावान नहीं होगा तो उसकी बुद्धिमें आत्मीकज्ञान प्रवेश नहीं होसकेगा। इसलिये पहिले योगाभ्यास करके मनोनिग्रह करना चाहिये। योगाभ्याससे जब चित्त निरोध हो जायगा और साधककी तीक्ष्ण बुद्धि होजावेगी तब उसमें ग्रहण कर विचार करनेकी योग्यता प्राप्त होजावेगी, यह आत्मज्ञानकी बाह्य तीसरी सीढ़ी है। पहली श्रवण दूसरी मनन है। योगाभ्याससे चित्त शुद्ध होनेपर गुरुपदेशका ठीक २ अर्थ बोध होगा, और तब उसपर बार २ विचारकर आत्मामें लगाना होगा।

मनोजयके विना ध्यान कदापि नहीं होसक्ता—

चित्तमेकं न शक्नोति जेतुं स्वातन्त्र्यवर्जित.।
ध्यानवार्तां वदन्मूढ: स किं लोके न लज्जते ॥

अर्थ—चित्त जितना बड़ा कठिन है, उसके विना मुक्ति नहीं। मनोजय विना ध्यानका नाम लेना ही अपनेको लज्जित करना है।

मनको जीतनेके लिये पहिले उसके सहायकोंको कमजोर बनाना होगा। जैसे किसी शूरवीरको मारना हो तो उसके सहायक तथा हाथ पैरोंको काट डालना चाहिये फिर पंगु बना शूरवीर क्या कर सक्ता है, इसी तरहके मनके सहायक उसकी पाच वृत्तियोंको काटकर पगु बना दिया जाय तो वह दौड़कर कहाको जायगा ? अवश्य ही निश्चल होकर स्वरूपमें लीन होजावेगा।

मनकी ५ वृत्तिया ५ इंद्रियाँ हैं। उन्हें जितना चाहिये अथवा अन्यत्र १ प्रमाण (सच्चे ज्ञानका होना), २ विपर्यय (उल्टा ज्ञान), ३ विकल्प (व्यवहार नयाश्रित विकल्प ज्ञान), ४ निद्रा, ५ स्मृति भी बताई गई हैं। इनमें ही मन अटका रहता है, इन्हींको नष्ट करना चाहिये।

हमें ३ बातोंका विचार करना चाहिये।

१—मनुष्य विषयासक्त क्यों ?
२—मन नियमनमें उदासिनता क्यों ?
३—यत्न करनेपर फलप्राप्ति क्यों नहीं ?

इनका उत्तर—१—वैराग्याभावमें विषयासक्ति होती है।
२—परमार्थमें अनादर होनेसे उदासीनता होती है।
३—निरतर अभ्यास न रहनेसे फलप्राप्ति नहीं होती है।

मनोजयके ४ उपाय हैं—

१ सत्संग, २ वासना त्याग, ३ आत्मज्ञान विचार, ४ प्राणस्पद निरोध। १ सत्संगसे कुत्सित विचारोंका उदय नहीं। २ वासना त्यागसे—चित्तका झुकाव संसारकी ओर नहीं होता। वासना रोकनेका उपाय परिग्रहमें अंतरंग बहिरंग इच्छाका हटाना,

संसारकी अनित्यता सोचना, शरीरके नाशका ख्याल करना! ३ आत्मज्ञान विचारसे—इस जीवका मन अनात्मीक वस्तुसे हट आत्मामें ही लीन होता है। इसे ही भेदज्ञान कहते हैं, इसीसे मुक्ति मिलती है, यही कार्यकारी है, ठीक है, चाहे वह दुनियाको फिर कैसा ही जाने ।

४ प्राणस्पंदनिरोधन—पहिले सर्व (आत्मान-भिज्ञ) मनमें जबरदस्ती आसनादि द्वारा जो मन या तत्सम्बंधित वायु ब्रह्मरंध्रमें प्रवेशकी जाती है यही हठयोगकी क्रिया है और यही पहिली हालतमें उपयोगी है ।

इसके ८ भेद हैं—१ यम, २ नियम, ३ आसन, ४ प्राणायाम, ५ प्रत्याहार, ६ ध्यान, ७ धारणा, ८ समाधि ।

यम—पाच पापोंको यावजीव त्याग करना ।

नियम—पाच महाव्रतोंके सहायक नियम, समिति, षडावश्यक, तप, १० धर्म आदि। अन्यत्र पतिव्रता, संतोष, तप, स्वाध्याय आत्मैकाग्रय आदि बताये हैं।

आसन—कुछ समयतक शरीरको किसी खास अवस्थामें रखना । ध्यानके योग्य है —

पर्यंकमर्धपर्यंक वज्रं वीरासनं तथा ।
सुखारविन्दपूर्वे च कायोत्सर्गश्च सम्मत ॥१०॥
येन येन सुखासीना विदध्युर्निश्चलं मन ।
तत्तदेव विधेयं स्यान्मुनि भिर्बन्धुरासनम् ॥११॥
कायोत्सर्गश्च पर्यंक: प्रशस्त कैश्चिदीरितम् ।
देहिनां वीर्यवैकल्यात् कालदोषेण संप्रति ॥१२॥
ज्ञानार्णव ।

अर्थ—पर्यंकआसन, अर्द्धपर्यंक, वज्रासन, वीरासन, सुखासन, कमलासन, ये ध्यानयोग्य आसन हैं । जिस२ आसनमे सुखरूप बैठकर मुनि अपना ध्यान जमा सके वही आसन ग्रहण करना चाहिये। कालदोष तथा शक्तिहीनतासे आचार्योंने कायोत्सर्ग और पद्मासन ये २ आसन कहे है।

आसनसे—परिषहजयशक्ति, और उपस्थ व लक्ष्य (लिंग और गुदाके बीच एक सियनसी होती है उसमेंसे नाड़ी द्वारा वीर्य निर्गमन कर उपस्थका बल बढ़ाकर इन्द्रियको कड़ा करता है, पर आसनसे न बल बढ़ता है, न इन्द्रिय कड़ी होती है) प्राण-वायु रोकनेकी शक्ति बढ़ाना, शरीरकी हवा धीरे२ चलनेसे जीवन शक्ति बढ़ना आदि अनेक लाभ हैं।

प्राणायामसे—श्वासपर अधिकार, स्नायुकेन्द्रोंपर अधिकार, श्वासोच्छास गति' नादयुक्त एवं नियमित हो मनैकाग्रय होता है ।

वायु—वायुनाड़ियोंपर अधिकार तथा चक्रोंपर अधिकार होता है। वायुनाड़िया शरीरमें ३५००० है। पर १० मुख्य हैं—१ इडा बाई ओर, २ पिंगला दाहिनी ओर, ३ सुषुम्ना मध्यमें, ४ गंधारी बाई आख, ५ हस्तजिह्वा दायीं आख, ६ पुष दाहिने कान, ७ यशस्विनी बायें कान, ८ अलम कुश मुखमें, ८ कुहू लिंगस्थानमें, १० शंखिना मूल स्थानमें । इनमें—१ इडा, २—पिंगला, ३—सुषुम्ना, बहुत कार्यकारी है । वायु मुख्य ५ हैं—१ हृदयमें प्राणवायु, २—गुदामें अपानवायु, ३—नाभिमण्ड-लमें समानवायु, ४—उदान वायु कण्ठमें, ५—व्यान वायु सब शरीरमें ।

इसी तरह शरीरमें ६ चक्र है.—

१ मूलाधारचक्र मेरु दण्डके नीचे गुदालिंगके बीच रक्तपीला, चार दलवाला जिसमें व श ष स की कल्पना करना चाहिये । इस चक्रस्थानमें त्रिकोणकार वस्तु कुण्डलिनी प्रवेश करती है जिसका आकार ३॥ वार बल खाये सांपकी तरह होती है ।

२ स्वाधिष्ठानचक्र—लिंगके मूलमें ६ दलवाला ब भ म य र ल की कल्पना करयुक्त है। इसके वश करनेसे अणिमादि सिद्धि व देवांगना वश होती हैं ।

३ मणिपूरकचक्र—नाभिमें १० दलवाला ड ढ ण त थ द ध न प फ की कल्पना कर सहित है ।

इससे दूसरेमें प्रवेश, गुप्तज्ञान, नीरोगता आदि लाभ होते हैं।

४ **अनाहतचक्र**–हृदयमें १२ दलवाला क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ की कल्पना कर युक्त है। लालरंग। आकाशगमन शक्ति तथा विशेषज्ञपना इसको वश करनेसे होता है।

५ **विशुद्धचक्र**–कंठमें, चमकते सोनेके रंगवाला दल १६–१६ स्वरयुक्त कल्पना। इसपर अधिकार करनेसे बाह्य विमुख हो आत्मा आनंद पाता है।

६ **आज्ञाचक्र**–भोंहोंके बीच त्रिकुटीमें, शुक्लवर्ण २ दल, ह क्ष की कल्पना कर सहित। इसके दोनो ओर इडा पिंगला नाड़ी है।

प्राणायाम–की सिद्धिको ३ बन्ध होते है। १ मूलबंध, २ उड्डियान बंध ३ जालंधर बंध।

मूलबंध–गुदा और लिंगके बीचकी सियनको एड़ीसे दबाकर अधोगति वायुको ऊपर खींच गुदा या लिंगेन्द्रियका आकुंचन करना।

उड्डियान बन्ध–रेचकपूर्वक प्राणवायुका प्राणायाम करते समय अपना पेट पीठकी ओर खींच नाभि ऊपरकी ओर खींचना। इसे रेचक प्राणायाममें करना चाहिये।

जालंधर बन्ध–गलेको संकुचित कर ठुड्डी हृदयस्थानपर स्थिरतापूर्वक टिकाना। यह कुंभक प्राणायामके समय की जाती है।

इन ३ बन्ध युत प्राणायामसे इडा नाड़ी मेरुदंडके बायीं ओरसे सुषुम्नाके साथ दायीं ओर, और पिंगला नाड़ी दायीं ओरसे बायीं ओर जाती है। सुषुम्ना नाभि प्रदेशसे निकल मेरुदंडमें होकर चक्रोंमें हो ब्रह्मचक्रमें प्रवेशकर कंठके पास २ भागोंमें विभक्त हो एक तो दोनों भोंहोंके बीच पहुच +ब्रह्मरंध्रमें मिल जाती है, दूसरी सिरके पीछेसे आकर ब्रह्मरंध्रमें मिलजाती है।

सुषुम्नाके सहारे ही कुण्डलिनी नाड़ी जागृत अवस्थामें होती है। सुषुम्नाके भिन्न २ चक्रोंसे होती हुई कुंडलिनी ब्रह्माण्डकी ओर आगे बढ़ती है। इसके आगे बढना ही मानसिक शक्तिका प्राप्त करना है। इस तरह सहस्त्रदल कमल (मुखस्थान) में पहुचते ही योगी मन और शरीरसे अलग हो स्वतंत्र हो जाता है।

सहस्त्रदल कमल तालुमूलमें है। यहीं सुषुम्नाका छिद्र है। ब्रह्मरंध्र भी तालुमूलमें है। इस रंध्रके ६ द्वार है, जिन्हे कुण्डलिनी ही खोलती है।

इस तरह मूलबंधसे अपान वायु ऊपर जलंधरसे प्राणवायु नीचे होती है। इस क्रियासे जठरानल प्रदीप्त होता है, कुण्डलिनी जागृत होती है, सुषुम्नाका द्वार खुलता है, सुषुम्नामें वायु प्रवेश होनेसे सब वायु ब्रह्मरंध्र तक पहुच जाती है और समाधि भली प्रकार हो सक्ती है। अतएव ही सुषुम्ना स्वरमें (जब वह संध्या समय चले या अन्य समयमें भी) सामायकादि शुभ कार्य करना चाहिये।

बायी नाड़ीका जीवनदान विशेष फल होता है।

अमृते प्रवहति नून केचित्प्रवदन्ति सूर्योऽत्यर्थम्।
जीवन्ति विषासक्ता म्रियते च तथान्यथामृने॥

(ज्ञानार्णव)

अर्थ–बायी नाड़ीसे अमृत झरता है उससे विषासक्त पुरुष भी जी जाता है। दायी नाड़ी चले तो मरजाता है। इस तरह यह जीवन दान देती है।

प्रत्याहारमे–इन्द्रिया मनोनुकूल हों तदनुकूल विषय उपस्थित करती हैं।

धारणामें–मन किसी वायुपर स्थित होकर वस्तुचित्रका दर्शन करने लगता है। यहांतक वह चित्र सन्मुख स्पष्ट प्रतीत होने लगता है।

+सम्यक् ललाटदेश–निरुद्ध करणग्राम, समस्तमवलम्ब्य च।
ललाटदेशसंलीन विदध्यान्निश्चलं मनः॥
[ज्ञानार्णव]

ध्यान—अन्यत्र ध्यानको छोड़ एक वस्तुका निश्चल होना, सब शक्तियां एकही जगह एकत्र करना।

समाधि—आत्म तन्मय होजाना।

इस तरह आजकल लोगोंके द्वारा माने जानेवाले योग (हठयोग), अन्तर्गत ८ अंगोंका (विशेषकर कुछ प्राणायामका वर्णन किया है। जैन शास्त्र ज्ञानार्णव आदिकमें पवनों और स्वरोंसे तत्वोंकी पहिचान और उनके अनुसार बाह्य चीजोंका ज्ञान होना बताया है—पर इस योगकी क्रियाका खास प्रयोजन अपने शरीरकी शुद्धि और मनको नियंत्रित करना है। जहांतक यह आत्मध्यानमें बाधक न हो वहांतक करना चाहिये। आत्मज्ञानके लिये भेदज्ञान ही कार्यकारी है और ये क्रियायें तो पहिली अवस्थामें निमित्तमात्र होजाती हैं।

वस्त्र मिलके।

(१)

चुरुट दबाये मुंह, चेन लटकाये घड़ी,
चश्मा चढ़ाये नैन, देख रहे खिलके।
धारे सिर फेल्ट केप, नेकटाइ गले डारि,
शर्ट, वेस्टकोट, और कोट लिये किलके॥
पेंट, बेल्ट, मोजे, बूट, छड़ी हाथ लिये चले,
ऊपरसे यूरोपीय काले पर दिलके।
ऋषियोंके बेटे करते है कैसे हेटे कर्म,
पेन्हते हैं चरबी लपेटे वस्त्र मिलके॥

(२)

मातृभूमि आपतिमें पडी सदियोंसे हाय!
ध्यान नहीं होता कुछ, बैठि रहे खिलके।
नित्य प्रति नूतन विपत्ति सिर आय रहीं,
लूटत विदेशी लोग हाय हमें पिलके॥
आर्य कहलानेवाले, काले गुलाम बनत,
फिर भी नहीं है लाज भीतर इस दिलके।
ऋषियोंके बेटे करते हैं कैसे हेटे कर्म,
पैन्हते हैं चरबी लपेटे वस्त्र मिलके॥

(३)

कहते हैं ऊपरसे हिंसा ना करहु वीर,
हिंसाकी बात सुनत, रहते हैं हिलके।
गर्भपात, शिशु घात, करें, नहीं वे लजात,
ऐंठि ऐंठ बात करें, सभा मध्य खिलके॥
भ्रातृ-द्रोह, द्वेष, दंभ, नीच कर्म सबै करें,
दीननके गले काटि, खाय रहे छिलके॥
ऋषियोंके बेटे करते है कैसे हेटे कर्म,
पेन्हते है चरबी लपेटे वस्त्र मिलके॥

(४)

शुद्ध चरखेसे कते और करघेके बुने,
उन्हें तजि मूरख, लुभाने दखि किलके।
हाथकी सिलाइ उन्हें नेक हू न भावती है,
आते है पसन्द वस्त्र पेरिससे सिलके॥
देशके न दास, दुराचार सो बढ़ाइ प्रीत,
ऐसे कापुरुष वृथा, भये भार जिलके।
ऋषियोंके बेटे करते है कैसे हटे कर्म,
पेन्हते है चरबी लपेटे वस्त्र मिलके॥

(५)

सत्य औ अहिंसा जप, तप छोड़ बैठे सब,
हिंसा दुराचारके, असत्य बोल किलके।
रीति जो पुरातनकी, ताते विपरीत भये,
भीत भये उनके कलंकी क्रूर दिलके॥
पूर्वजोंके कर्म पै निगाह करते हैं नहीं,
कन्द मूल खाते थे पहनते थे छिलके।
ऋषियोंके बेटे करते है कैसे हेटे कर्म,
पहिनते हैं चरबी लपेटे वस्त्र मिलके॥

शुकदेवप्रसाद तिवारी "निर्बल"—सुहागपुर।

हमारी इन्दौरसे अजंटाकी साइकिल यात्रा।

(लेखक:-श्री० टीकमचन्दजी जैन पंचोलिया-इन्दौर।)

" *Where there is will there is way.* "

उत्कट इच्छा होनेपर मार्ग मिल ही जाता है। मेरी कई दिनोंसे अभिलाषा थी भी कि मैं एक लंबी सफर करूं। कुछ दिन बाद निश्चय हुआ कि अजंटाकी यात्रा की जाय। हम आर्टिस्ट तो हैं ही। हमें वहां भारतीय प्राचीन कलाका दर्शन होगा और अपने (सब्जेक्ट) विषयमें विशेष सहायता मिलेगी तथा उसका अनुभव भी होगा। निश्चित किये अनुसार जब घरसे चलनेका समय आया उस समय हम केवल चार यात्री ही रह गये।

मैं और मेरे तीन साथी इन्दौरसे अजंटाके लिये ता० ३-१०-३२ के प्रातःकाल ५॥ बजे साइकलोंपर रवाना हो गये। इन्दौरकी म्यूनिसिपल एरिया छोड़नेके बाद जब दो तीन माईल आगे बढ़े तो मेरेको कुछ थकानसी माळूम हुई। एक विचार तो हुवा कि वापिस घर चलें परन्तु साथमें अपनी हंसी होगी इसका विचार आता था। खैर! आगे हम बढ़ते ही गये।। और हमने मानपुरका घाटा सुबह ९ बजे तक तय किया। वहां हमने भोजन वगैरा कर फिर यात्रा शुरू की तो खलघाट ५१ माइलपर पहुंच गये। मध्याह्नका समय था। १२ बज चुके थे। नर्मदाकी कल २ ध्वनि होरही थी। हम थक कर चूर भी होरहे थे। यहा थोड़ा विश्राम लेना उचित समझा। नर्मदामें स्नान किया और सभीने कुछ २ खाया और तीन बजेतक विश्राम लिया। यहांसे २८ माईल चलकर सन्ध्याके ६ बजे हम जलवानिया पहुंचे।

हम चारोंका ड्रेस एकसा (यूनीफार्म) था। खाकी-निकर, खाकी कमीज, खाकी मोजे और भगत.. हेट! जहां २ हम गये हमारे सबन्धमें कई कल्पनायें की गई। कोई तो हमें सी० आई० डी० समझते थे, कोई पुलिस, कोई क्रान्तिकारी तो कोई कांग्रेसवाले समझते थे। हमारे कहीं पहुंचते ही हम एक बड़ी भारी भीड़से घिर जाते थे। हम लोगोंका कई जगह सत्कार किया गया। कई जगह तो हमें खाने पीने और ठहरने तकको बहुत अच्छी सहूलियतें मिलीं। जलवानियामें तो एक सज्जनने अपने हाथसे पानी ला दिया, स्थान साफ कर दिया, हमें कुछ भी काम नहीं करने दिया।

जलवानियामें हमने रात्रिभर विश्राम किया। मैं सबसे अधिक थक गया था और मुझे नयी २ कई कल्पनायें आती रही थीं। इसलिये मुझे निद्रा नहीं आई। और मेरे साथियोंने तो खूब खुर्राटेकी नींद ली।

यहासे सुबह हम रवाना हुवे तो ९ बजे सेधवा पहुंचे। सेधवाके आगे एक नालेका निर्मल जल वह रहा था। वहां स्नान किया और खाया। यहासे चलकर शामको ४ बजे ५५ माईलपर सिरपुर

पहुंचे। यहींपर अपने हाथसे भोजन बनाया और रात्रिभर खूब सोये।

ता० २५-१०-३२ को सुबह हम दूध पीकर आगे बढ़े तो एक मजेदार घटना घटी। थोड़ी दूर जानेपर एक पोस्टमेन डाकका थैला लिये तर्राट जारहा था। धूपके कारण उसने छाता भी लगा रक्खा था। दूरसे हमें देखकर वहीं ठिठक गया। हमारे पास आनेपर एकदम उसने अपना थैला लकड़ी और छाता एकबाजू रख दिया और अटें-शन होकर सभीको सेल्यूट किया। मानों हम उसके आफिसर हों! इसी प्रकार हमें कई जगह समान मिले। सिरपुरके आगे खूब ऊंची नीची सड़क आती है। जिसपर सायकल चलानेमें बहुत कष्ट होता था। मेरा तो घुटना बड़े ही जोरोंसे दर्द होने लगा था। जैसेतैसे उसे पारकर हम लोग चोपडा होते हुए तापती तक पहुचे जो ३६ माईल थी। १० बज चुके थे। यहा कुछ विश्राम लिया। यहां कुछ खाकर नावसे तापती पार कर ५॥ बजे शामको धरणगाव जो कि १८ माईल था पहुंच गये। यहाकी पुलिस हमारा पूरा पता नोट करके लेगई। धरणगावमें एक जैन मंदिरमे हम ठहरे। वहा रात बहुत गहरी नींदके साथ निकाली। मैंने तो पहली नींदमें ही दिन निकाल दिया। यहा मेरे भाईके मित्र मि० सी० के० मालते रहते हैं। उन्हें मालूम होनेपर वे हमें घर लिवा लेगए। और वहीं हमने भोजन भी किया।

मुझे तो खानदेशके लोगोंका अनुभव यह हुआ कि वे बड़े भोले मिलनसार अपनी आनशानको रखनेवाले हैं तथा अतिथि सत्कारमें भी अव्वल दरजेके हैं। एक स्थानपर एक किशानसे हमने मूगफली मोललो। जब उसका मूल्य देने लगे तो उसने कहा कि आपको और चाहिये तो लो और खाओ, मगर मै आपसे पैसा नहीं लूंगा! हम जहां भी जाते वहीं हमें खाने, पीने, ओढ़ने, बिछौनेका पूरा प्रबंध मिल जाता था। जब हम किसीको उनकी मिहनतका पैसा देते तो वे हमें कहते कि क्या हम मगते हैं? हम आपसे क्या लें? बस, मुझे तो असली भारत यहीं नजर आया!

धरणगांवसे जलगांव २० माईल है। हम २६-१०-३२ को सुबह ८ बजे वहा पहुंच गए। जलगावमें फल आदि खानेके बाद अजटा शामको ५ बजे जो ३७ माईल था तय किया। अजंटाकी गुफा देखनेका समय सुबह ९ से शामके ४ तक का है। देरीसे पहुंचनेपर हमें खुदांपुर ठहरना पड़ा जो ५ माईल दूर था। क्योंकि अजटामें जंगली जानवरोंका भय अधिक रहता है।

ता. २७-१०-३२को हमने अजटाकी गुफाओंके दर्शन किये। यहाके प्राचीन चित्रोंको देखकर यही अन्दाज होता है कि जो चीज २२०० वर्ष बाद इतनी सुन्दर है तो उस समय उसमें कितनी सौंदर्यता और चित्ताकर्षण होगा, इसकी हम कल्पना ही नहीं कर सक्ते है। यदि वास्तविक चित्रकलाका दर्शन करना होतो यह स्थानही भारत है। यहींसे विदेशियोंने कलाओंको अपनाकर अपना नाम ऊंचा किया है। वहा सब दिवालोंपर बुद्धके जमानेके चित्र बने हुए है। इस पहाड़के पत्थरोंको कोर२कर ही मूर्तिया बनाई गई हैं। इस पहाड़में २४ बड़े२ हाल हैं। जिनमें एक२में २००, २०० आदमी तकके बैठनेकी जगह है। तथा एक२ हालमें एक२ बड़ी२ मूर्तियां महात्मा बुद्धकी हैं।

इनमें कुछ मुझे पद्मासन मूर्तियें जैनधर्माम्नायकी मालूम हुई। ये सब पद्मासनके साथ जैनधर्मानुसार हाथपर हाथ रखे हुए थीं। शेष सब बुद्धके समान थी। जो लोग जैन धर्मको बुद्ध धर्मका अनुयायी समझते हैं, उन्हें अजंटा जाकर देखना चाहिये।

तब उन्हें मालूम होगा कि जैन धर्म बुद्ध धर्मसे पुराना है। यदि पुराना नहीं होता तो वहां इन मूर्तियोंका होना संभव नहीं था। गुफायें और उनकी प्राचीन चित्रकलाको देखकर यह समझमें आगया कि चित्र कैसे बनाना।

पुराने आर्ट याने कलाको देखकर चित्त प्रफुल्लित हुआ और हमने अपने भाग्यको सराहा कि हमें प्राचीन कलाके दर्शन होगये। हमने अपनी लम्बी यात्राको सफल बनाया और अपने मनोरथको पूरा किया। इन गुफाओंमें ४ कमरे विशेष देखने योग्य हैं। इनमेंके चित्र कुछ२ दिखाई देते हैं और समझमें आता है कि विषय क्या है। चित्रोंके रंग भी सुना गया है कि उसी पहाड़के पत्थरोंसे बने हुए हैं। वह रंग आज भी ऐसा चमकदार दीखता है मानों चित्र आज ही बना हो। जैसे आगरेका ताजमहल भी ऐसा ही मालूम होता है मानों आज ही बनकर तैयार हुआ है।

यहांपर अंधेरा विशेष होनेसे सरकारने देखनेके लिये बिजलीका अच्छा प्रबन्ध कर दिया है। बिजलीसे देखनेका चार्ज सरकारने १॥ घंटेका ५ रु० रक्खा है। यह बहुत अधिक है, बड़ा अच्छा हो यदि फ्री कर दिया जाय।

गुफायें और उनमेंकी चित्रकला देखते२ हमें दुपहरका एक बज गया। जितना देखते उतनी ही देखनेकी अभिलाषा और बढ़ती जाती थी। परन्तु सुबहसे देख रहे थे तो अब पेटने तकाजा शुरू किया। भूख लगनेके कारण हमलोग वापिस लौट आये। स्थानपर आकर खाना बनानेका विचार किया, मगर जब सामान लेने गये तो कहीं भी नहीं मिला।

खुर्दापुरमें आकर हमें एक सज्जनने बड़े आदरभावसे सत्कार कर हमें जुवारीके भुट्टे आदि भूनके खिलाये। अब हम लोग यहांसे ४ बजे दोपहरको चलकर शामके ८ बजे शहर जलगांव पहुंचे। वहां भागीरथ मिलके आसिस्टेन्ट मैनेजर श्री बसंतीलालजी कासलीवालके घरपर ठहरे और वहीं भोजन करके ता० २८-१०-३२ के दोपहरके ४ बजे यहांसे हम चल दिये। हमने अब जिधरसे आये थे उधरसे न जाकर दूसरे रस्ते भुसावल, बरानपुर, खंडवा, आदि होते हुए घर लौटनेका विचार किया। और इसी अनुसार हम जलगांवसे भुसावल होते हुए शामके ७ बजे यावल पहुंचे।

रात्रि यहां काटनेके बाद ३०-१०-३२ के दिन रात्रिके ११ बजे खंडवा पहुंचे। बरानपुरसे खंडवा तक सड़क न होनेके कारण हमें इतनी दूरमें विशेष तकलीफ हुई। खंडवासे दूसरे दिन १२ बजे चलकर ४ बजे सनावद पहुंचे। यहां मेरा घर है।

रात्रि भर यहां विश्राम कर ता० ३१-१०-३२ के सुबह ७॥ बजे हम कुछ खा, पी कर यहांसे चले और रास्तेमें एक सिमरोलका बड़ा भारी घाटा पार करके ५०० मीलकी साइकिलसे यात्रा करके निर्विघ्न १२ बजे इन्दौर आगये।

ऋतुचर्या।

लेखकः—
वैद्यभूषण, वैद्यशास्त्री, आयुर्वेदाचार्य,
पं० अभयचन्द्जी जैन काव्यतीर्थ—हरदा।

१—ऋतु क्या है ?

२—ऋतुएं कितनी हैं ?

३—ऋतुओंका शरीर आदिपर प्रभाव ?

विश्व परिवर्तनशील है इसमें कोई भी ऐसा सजीव अथवा निर्जीव पदार्थ नहीं है जिसमें प्रतिक्षण कुछ न कुछ परिवर्तन क्रिया न होती हो फिर चाहे वह क्रिया दृश्य हो या अदृश्य। यद्यपि यह परिवर्तन क्रिया प्रत्येक पदार्थमें स्वभावतः ही मौजूद रहती है फिर भी व्यावहारिक दृष्टिसे इसका कर्ता काल माना जाता है। जैसा कि श्रीमान् आचार्य उमास्वामीने कहा है—

वर्तना परिणामक्रियापरत्वापरत्वे च कालस्य।

तत्वार्थसूत्र अ० ५ सू० २२

वर्तना, परिणाम, क्रिया, परत्व, अपरत्व, ये कालके उपकार हैं।

कालके दो भेद हैं—एक निश्चयकाल दूसरा व्यवहारकाल। निश्चयकाल अनादि और अनंत है, व्यवहारकाल सादि और सांत है।

व्यवहार कालके अनेक भेद हैं उनमेंसे कुछका दिग्दर्शन यहांपर कराया जाता है।

निमेष, काष्ठा, कला, मुहूर्त, दिन, रात्रि, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, वर्ष, युग आदि।

निमेष—जितना काल एक ह्रस्व अक्षरके उच्चारणमें लगता है उतने कालको १ निमेष कहते हैं।

काष्ठा—१५ निमेषकी १ काष्ठा होती है।

कला—३० काष्ठाकी १ कला होती है।

मुहूर्त—२० कला और ३ काष्ठाका १ मुहूर्त होता है।

दिनरात्रि—३० मुहूर्तकी १ दिनरात्रि होती है।

पक्ष—१५ दिन रातका १ पक्ष होता है।

मास—२ पक्षोंका १ मास होता है।

ऋतु—२ मासकी १ ऋतु होती है।

अयन—३ ऋतुओं अर्थात् ६ महिनोंका १ अयन होता है।

वर्ष—दक्षिणायन और उत्तरायण इन दो अयनोंका १ वर्ष होता है।

युग—५ वर्षका १ युग होता है।

---

(१)—सूर्य जिस समय दक्षिण दिशासे होकर गमन करते हैं उस समयको दक्षिणायन कहते हैं। इसमें श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, ये ६ मास होते हैं। इसका दूसरा सार्थक नाम विसर्गकाल है। इसमें सूर्य ठंडे पड़ आते हैं ग्रीष्म ऋतु सतप्त महीतल, जलसे भरे हुए बादलोंसे, आकाश मण्डलके छाजानेसे, वर्षासे और शीतल वायु (झंझावात) के बहनेसे क्रमशः अति शीतल होजाता है। पृथ्वी व प्राणियोंमें सौम्य गुणोंकी वृद्धि करके बल प्रदान करता है। (२) जिस समय सूर्य उत्तर दिशासे होकर गमन करते हैं उस समयको उत्तरायण कहते हैं। इसमें माघ आदि ६ महिना होते हैं इसका दूसरा सार्थक नाम आदानकाल है। इस कालमें सूर्य और पवन अत्यंत तीक्ष्ण, उष्ण और रूखे होते हैं। इसलिये पृथ्वीके मेद, शीतल और स्निग्ध आदि सौम्य गुण क्रमशः क्षीण होजाते हैं।

श्री० विदुषीरत्न पंडिता चंदाबाईजी–आरा।

आप एक उत्तम लेखिका, कवि, पंडिता और "जैन महिलादर्श" की सुयोग्य सम्पादिका तथा जैन बालाविश्राम आराकी संस्थापिका एवं संचालिका है।

आप [illegible] श्राविकाश्रम बम्बईकी संचालिका व मंत्रिणी हैं तथा "जैन महिलादर्श" की सम्पादिका है।

जैनमहिलारत्न श्री० ललिताबाईजी बम्बई।

कालके इन भेदोंमेंसे यहांपर सिर्फ ऋतुपर विचार किया जाता है।

ऋतुका अर्थ प्रकृति परिवर्तन कहा जाय तो अयुक्त नहीं होगा। मैं पहिले बता चुका हूं कि ऐसा कोई भी क्षण नहीं है जिसमें कि प्रत्येक पदार्थमें कुछ न कुछ परिवर्तन न हो परन्तु ऋतुरूप परिवर्तन स्थूल होता है, उसमें जो जो परिवर्तन होते हैं वे स्पष्टरूपसे दृष्टिगोचर होते हैं। इन ऋतुओंमें केवल बाह्य (जड़) जगतमें ही परिवर्तन नहीं होते हैं किंतु संसर्गसे अध्यात्म जगतमें भी महान परिवर्तन उपस्थित होते हैं। वसंत, ग्रीष्म, और वर्षाऋतुके अनंतर जब ग्रीष्म वर्षा और शरत ऋतुका आगमन होता है तब प्रकृति व प्राणियोंमें जो २ अपूर्व परिवर्तन होते है वे आबाल गोपाल प्रसिद्ध ही है। ये परिवर्तन प्रतिवर्ष होते हैं। इन परिवर्तनोंका कारण सूर्यकी गति विशेष आदि है जैसा आचार्य शार्ङ्गधरने लिखा है–

चयकोपशमा: यस्मिन् दोषाणां संभवन्ति हि।
ऋतुषट्क तदाख्यातं रवेः राशिषु संक्रमात्॥

ज्योतिषशास्त्रप्रसिद्ध सूर्यके १२ मार्ग हैं जिनको राशियां कहते हैं। प्रत्येक राशिपर सूर्य १ मास गमन करता है जिससे महिनाकी निष्पत्ति होती है। इसी तरह दो राशियोंपर गमन करनेसे २ महीनों अर्थात् एक ऋतुकी निष्पत्ति होती है। इन ऋतुओंमें स्वभावतः ही दोषोंका संचय, प्रकोप, और शांति होती है। अर्थात् यह सर्वत्रका नियम होता है कि थोड़ासा अपराध मामूली दंड, शिक्षा देकर माफ कर दिया जाता है और यदि उग्र अपराध हो तो फिर तदनुसार उग्र ही दण्डकी योजना की जाती है। यही नियम प्रकृतिका है। प्रकृतिके अनुकूल चलनेवाले न अपराध करते हैं और न दण्डके भागी ही होते हैं, सदा स्वस्थ रहते हैं। जो ग्रीष्मऋतुमें कालके प्रभावको दमन करनेवाले आहार विहारका सेवन नहीं करते हैं उनका वात दोषसंचित होजाता है, वर्षामें प्रकुपित होता है और शरत्कालमें अपने आप शांत होजाता है। इसी तरहसे पित्त और कफ भी वर्षा और हेमन्त ऋतुमें संचित होते हैं। शरत्काल और वसंत ऋतुमें प्रफुल्लित होते हैं और वसंत और प्रावृट ऋतुमें अपने आप शान्त होजाते हैं।

१२ राशियोंके नाम–

१ मेष, २ वृष, ३ मिथुन, ४ कर्क, ५ सिंह, ६ कन्या, ७ तुला, ८ वृश्चिक, ९ धनु, १० मकर, ११ कुंभ, १२ मीन।

इन दो दो राशियोंपर सूर्यके गमन करनेसे क्रमशः ग्रीष्म, प्रावृट्, वर्षा, शरत्, हेमंत, वसंत, ये ६ ऋतुएं होती हैं। इनमें नीचे लिखे क्रमशः दो दो महीनें होते हैं।

वैशाख, ज्येष्ठ, अषाढ, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ, फाल्गुन, चैत्र।

ऋतुओंमें मतभेद–

कोई२ आचार्य प्रावृट्ऋतु नहीं मान करके हेमंतसे आगे शिशिर ऋतु मानते हैं। इसका कारण यह है कि सूर्यकी पूरी सब जगहसे एकसी नहीं है अतः जहांपर जितनी दूरी है वहांपर उसीके अनुसार सूर्यकी मंद मध्य व तीक्ष्ण किरणे पड़ती हैं और इसीके अनुसार ऋतुओंमें भी भिन्नता है। इसके अतिरिक्त समुद्रकी सन्निकटता व दूरी बाहुल्य प्रदेशोंकी उच्चता व नीचता आदि बहुतसे कारण हैं। इन कारणोंसे जहांपर वर्षाका आधिक्य होता है वहांपर ४ मास वर्षा होती है। अतएव प्रावृट् और वर्षाऋतु होती है और जहांपर उपर्युक्त कारणोंसे शीत अधिक अर्थात् ४ महिने पड़ती है वहांपर प्रावृट् ऋतु न होकर शिशिर ऋतु अधिक होती है। इस विषयमें महर्षि काश्यपने भी प्रकाश डाला है–

[illegible] इस [illegible] [illegible] पर विचार किया जाता है।

ऋतुका अर्थ प्रकृति परिवर्तन कहा जाय तो अनुचित नहीं होगा। मैं पहिले बता चुका हूं कि ऐसा कोई भी क्षण नहीं है जिसमें कि प्रत्येक पदार्थमें कुछ न कुछ परिवर्तन न हो परन्तु ऋतुरूप परिवर्तन स्थूल होता है, उसमें जो जो परिवर्तन होते हैं वे स्पष्टरूपसे दृष्टिगोचर होते हैं। इन ऋतुओंमें केवल बाह्य (जड) जगतमें ही परिवर्तन नहीं होते हैं किंतु उसमेंसे अध्यात्म जगतमें भी महान् परिवर्तन उपस्थित होते हैं। वसंत, ग्रीष्म, और वर्षाऋतुके अनंतर जब ग्रीष्म वर्षा और शरत ऋतुका आगमन होता है तब प्रकृति व प्राणियोंमें जो २ अपूर्व परिवर्तन होते हैं वे आबाल गोपाल प्रसिद्ध ही हैं। ये परिवर्तन प्रतिवर्ष होते हैं। इन परिवर्तनोंका कारण सूर्यकी गति विशेष आदि है जैसा आचार्य शार्ङ्गधरने लिखा है–

चयकोपशमाः यस्मिन् दोषाणा संभवन्ति हि।
ऋतुषट्कं तदाख्यातं रवेः राशिषु संक्रमात् ॥

ज्योतिषशास्त्रप्रसिद्ध सूर्यके १२ मार्ग हैं जिनको राशियां कहते हैं। प्रत्येक राशिपर सूर्य १ मास गमन करता है जिससे महिनाकी निष्पत्ति होती है। इसी तरह दो राशियोंपर गमन करनेसे २ महीनों अर्थात् एक ऋतुकी निष्पत्ति होती है। इन ऋतुओंमें स्वभावतः ही दोषोंका संचय, प्रकोप, और शांति होती है। अर्थात् यह सर्वत्रका नियम होता है कि थोडासा अपराध मामूली दंड, शिक्षा देकर माफ कर दिया जाता है और यदि उग्र अपराध हो तो फिर तदनुसार उग्र ही दण्डकी योजना की जाती है। यही नियम प्रकृतिका है। प्रकृतिके अनुकूल चलनेवाले न अपराध करते हैं और न दण्डके भागी ही होते हैं, सदा स्वस्थ रहते हैं। जो ग्रीष्मऋतुमें कालके प्रभावको दमन करने-वाले आहार विहारका सेवन नहीं करते हैं उनका वात दोषसंचित होजाता है, वर्षामें प्रकुपित होता है और शरत्कालमें अपने आप शांत होजाता है। इसी तरहसे पित्त और कफ भी वर्षा और हेमन्त ऋतुमें संचित होते हैं। शरत्काल और वसंत ऋतुमें प्रकुपित होते हैं और वसंत और प्रावृट् ऋतुमें अपने आप शान्त होजाते हैं।

१२ राशियोंके नाम–

१ मेष, २ वृष, ३ मिथुन, ४ कर्क, ५ सिंह, ६ कन्या, ७ तुला, ८ वृश्चिक, ९ धनु, १० मकर, ११ कुंभ, १२ मीन।

इन दो दो राशियोंपर सूर्यके गमन करनेसे क्रमशः ग्रीष्म, प्रावृट्, वर्षा, शरत्, हेमंत, वसंत, ये ६ ऋतुएं होती हैं। इनमें नीचे लिखे क्रमशः दो दो महीनें होते हैं।

वैशाख, ज्येष्ठ, अषाढ, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अगहन, पौष, माघ, फाल्गुन, चैत्र।

ऋतुओंमें मतभेद–

कोई२ आचार्य प्रावृट्ऋतु नहीं मान करके हेमंतके आगे शिशिर ऋतु मानते हैं। इसका कारण यह है कि सूर्यकी दूरी सब जगहसे एकसी नहीं है अतः जहांपर जितनी दूरी है वहांपर उसीके अनुसार सूर्यकी मंद मध्य व तीक्ष्ण किरणें पडती हैं और इसीके अनुसार ऋतुओंमें भी भिन्नता है। इसके अतिरिक्त समुद्रकी सन्निकटता व दूरी पार्वत्य प्रदेशोंकी उच्चता व नीचता आदि बहुतसे कारण हैं। इन कारणोंसे जहांपर वर्षाका आधिक्य होता है वहांपर ४ मास वर्षा होती है। अतएव प्रावृट् और वर्षाऋतु होती है और जहांपर उपर्युक्त कारणोंसे शीत अधिक अर्थात् ४ महिने पडती है वहां पर प्रावृट् ऋतु न होकर शिशिर ऋतु अधिक होती है। इस विषयमें महर्षि काश्यपने भी प्रकाश डाला है–

फायदा न करके उलटा नुकसान पहुँचाता है। इससे यह सिद्धान्त स्थिर होता है कि द्रव्य, क्षेत्र, काल और अवस्था आदिके अनुकूल होनेपर विष भी क्यों न हो, हितकर होसक्ता है और प्रतिकूल होनेपर अमृत भी विषरूप परिणत होजाता है। ऋतुचर्या भी यही बात सिखलाती है कि द्रव्य, क्षेत्र, काल और अवस्थाके अनुकूल प्रवृत्ति करो। यदि इनके अनुकूल प्रवृत्ति न करोगे तो जो व्यवस्थायें तुम्हे किसी समय सुखप्रद, बलवर्द्धक और उत्साहजनक थीं वहीं दुःखप्रद, बलको नाश करनेवाली और उत्साहको घटानेवाली होगी। जो करेला शीतल, हल्का और तिक्त होनेकी वजहसे ज्वर, पित्तविकार, कफविकार, रक्तविकार, पाडुरोग, प्रमेह और कृमिको नाश करता था वही द्रव्यादिके अनुकूल न होनेसे कुवार मासमें ज्वर, पित्तविकार आदि रोगोंको उत्पन्न करके प्राणनाशक होजाता है। ऐसी प्रसिद्धि भी है कि-

"कुआर करेला कातिक महा, मरो नहि तो परो सही" आयुर्वेद शास्त्रके दो प्रधान उद्देश्य-लक्ष्य हैं। स्वस्थोंके स्वास्थ्यकी पूर्ण रक्षा और रोगोंके जालमे फँसे हुए प्राणियोंका परित्राण।

स्वास्थ्यकी पूर्ण रक्षा करनेके लिए आचार्योंने पद२ पर गम्भीर विवेचन किया है। आचार्य भावमिश्रजी लिखते हैं:—

दिनचर्यां निशाचर्यामृतुचर्यां यथोदिताम्।
आचरन् पुरुषः स्वस्थः सदा तिष्ठति नान्यथा॥

—भावप्रकाश चतुर्थप्रकरण श्लोक सं० १३।

जो मनुष्य आयुर्वेदीय शास्त्रोंमे कही गई दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्याको भलीभाति पालन करते हैं, वे हमेशा तन्दुरुस्त रहते है और जो नहीं पालन करते हैं वे हमेशा रोगोंके जालमे फँसकर अकालमें ही काल कवलित होजाते है।

ऋतुओंका परिज्ञान।

ऋतुचर्याका भलीभाति पालन करनेके लिये पहिले ऋतुओंके स्वरूपका परिज्ञान कर लेना अत्यावश्यक है। ऋतुओंका स्वरूप समझे विना यह ज्ञान नहीं होसक्ता कि इस समय कौनसी ऋतु चल रही है और वह पूर्णरूपसे (सम्यग्योगयुक्त) है या हीनरूपसे। जब ऋतुओंके स्वरूपका बोध ही नहीं हुआ तब उनकी चर्याका पालन करना सर्वथा असंभव है। इसीलिये आयुर्वेदज्ञ महर्षियोंने ऋतुओंका स्वरूप जाननेके लिये लक्षणोंका पूर्णरूपसे वर्णन किया है। आचार्य सुश्रुत कहते है—

स्वगुणैरतियुक्तेषु विपरीतेषु वा पुनः।
विषमेष्वपि वा दोषाः कुप्यन्त्यृतुषु देहिनाम्॥

अतियोग—प्रत्येक ऋतुके जो जो विशेष गुण शीत, उष्ण, वर्षा आदि है, ये गुण जिस ऋतुमें अधिक होते हो उसको अतियोग कहते है।

विपरीत योग—जिस ऋतुमें जो विशेष धर्म हैं उनकी विपरीतता होना। जैसे हेमन्त ऋतुमें ठंड न होकर गर्मी पड़ना, गर्मीमें ठंड पड़ना, बरसातमें पानी नही बरसना आदि।

विषम योग—जिस ऋतुमें जो२ खास गुण है उनकी विषमता (अनियमितता) होना। जैसे कभी शरदऋतुमे वर्षाऋतुके चिह्न, कभी ग्रीष्मऋतुके चिह्न और शरदऋतुके चिह्नोंका भी होना।

दोषोंका स्वाभाविक प्रकोप नियमित ऋतुओंमें ही होता है, परन्तु जब ऋतुए अतियोग, विपरीतयोग, और विषमयोगसे विकृत होजाती हैं तो ये दोष नियमित ऋतुओंको छोडकर अन्य ऋतुओंमें भी प्रकुपित होजाते हैं और अनेक रोग पैदा करते हैं, इसलिये इन ऋतुओंके अतियोग, विपरीतयोग, और विषमयोगसे पैदा होनेवाले रोगोंसे बचनेके लिये ऋतुओंका स्वरूप समझलेना बहुत ही आवश्यक है।

भूये वर्षति पर्जन्यो गंगायाः दक्षिणे जलम् ।
तेन प्रावृड् वर्षाख्यौ ऋतू तेषां प्रकल्पितौ ॥
गंगाया उत्तरे कूले हिमवदंबुसंगमे ।
भूयः शीतमतस्तेषां हेमन्तशिशिरावृतौ ॥

गंगाके दक्षिणी तटपर वर्षा बहुत, अधिक समय तक होती है इसलिये इन प्रदेशोंमें प्रावृट और वर्षा ये दो ऋतु होती हैं। वर्षाऋतुसे पहिले कालको प्रावृट् (प्रथम. प्रवृष्टः कालः,) (जिसमें पहिले जल बरसा हो) कहते है और उसका आधिक्य जिसमें हो उसे वर्षाऋतु कहते है।

गंगाजीके उत्तरीय तटपर जहापर हिमालय पर्वतके ऊपरका बर्फका जल पिघलकर वह आता है और इकट्ठा होता है वहापर शीतल जलकणोंसे भरी हुई वायुका प्रचार होनेसे शीत अधिक पडती है। इसलिये इन प्रदेशोंमे हेमन्त और शिशिरऋतु मानी जाती हैं।

एकवर्षकी तरह एक दिन रातमें भी ६ छहों ऋतुओंके चिह्न पाये जाते है। जैसे समरात्रि दिवकाल (जिसमें दिन और रात्रि १२-१२ घंटेकी होती है) में प्रातःकाल ६ बजेसे १० बजेतक वसंतऋतुके चिह्न, १० बजे से २ बजेतक ग्रीष्मऋतुके चिह्न, २ बजेसे ६ बजेतक प्रावृट ऋतुके चिह्न, रात्रिके ६ बजेसे १० बजे तक वर्षाऋतुके चिह्न, १० बजेसे २ बजेतक शरद ऋतुके चिह्न और २ बजेसे ६ बजे तक हेमन्तऋतुके चिह्न मालूम पड़ते है। यद्यपि प्रसिद्ध ऋतुएं तो वर्षा आदि ही है परन्तु उनका स्वरूप दिन रात्रिके इन भागोंमे भी पाये जानेसे ऋतुओंकी कल्पना करना असंगत नहीं है।

कोई भी कार्य विना पूर्ण सामग्रीके निष्पन्न नहीं होता, यही नियम ऋतुओंके ऊपर भी लागू है। ऋतुओंकी उत्पत्ति भी जबतक सूर्यकी गति विशेषसे तीक्ष्ण, मन्द, मध्य किरणोंका पड़ना व वायुकी तीक्ष्ण, मध्य, मन्दता आदि यथायोग्य सामग्रीका लाभ नहीं होता तबतक नहीं होसकती। बल्कि ऋतु बदल जानेपर भी नवागत ऋतुकी पूर्ण सत्ता १ सप्ताहके अनंतर होती है और जोर भी १ सप्ताहसे पहिलेसे ही घट जाता है। आचार्योंने इस कालका नाम ऋतुसंधि रक्खा है। आचार्य वाग्भट्टने लिखा है—

ऋत्वोरन्त्यादिसप्ताहावृतुसंधिरिति स्मृतः।
तत्र पूर्वो विधिस्त्याज्यः सेवनीयोऽपरः क्रमात्॥

पूर्वोक्त दो दो ऋतुओंके अंतिम और प्रथम सप्ताहको ऋतुसंधि[१] कहते है, उस ऋतुसंधिमें पूर्वऋतुकी चर्याका शनैः २ त्याग और आगामी ऋतुकी चर्याका शनैः २ सेवन करना चाहिये। ऐसा नहीं करनेसे अनेक असात्म्यज व्याधिया पैदा होती हैं।

ऋतुचर्या—

पूर्वोक्त ६ ऋतुओंमें जिन २ आहार विहारोंके आचरणसे स्वास्थ्यकी पूर्ण रक्षा हमेशा होती है उन्हीं आचरणोंको ऋतुचर्या कहते हैं। ऋतुचर्याका परिपालन करना प्रत्येक मनुष्यका कर्तव्य है। अहितकर वस्तु भी जो नित्य सेवन करनेसे हमारे शरीरमें सात्म्य (रुचप्रद) होजाती है वह विशेष बाधक नहीं होती। फिर हितकर समयानुकूल वस्तुका क्या कहना? वह तो बहुत जल्दी सात्म्य होकर हमारे शरीरमें बल व कान्तिकी वृद्धि करती है। परन्तु विश्वमे ऐसी कोई भी वस्तु नहीं है जो सबको सब कालोंमे फायदा ही करे। यद्यपि दुग्धके समान हितकर दूसरा पदार्थ नहीं है परन्तु वह भी किसी २ को

---

[१]-दो ऋतुओंका मेल अर्थात् जिसमें कुछ २ चिह्न दोनों ऋतुओंके पाए जाते जैसे जब शिशिरऋतु समाप्त होने लगती है और वसन्तका प्रारम्भ होता है तब दोनों ऋतुओंके मेलसे सूर्यका ताप तिल २ करके बढने लगता है तथा उतनी अधिक शीत या रूक्षता नहीं रहती है।

ऋतुओंकी विकृतिका प्रधान कारण पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, इन पांच महाभूतोंका विकृत दोषयुक्त होना ही है, और इनके भी विकृत होनेका कारण प्रत्येक प्राणीका पापकर्म हिंसा आदि अधर्म ही है।

जैसा महर्षि चरकने जनपदोध्वंसनीय अध्यायमें कहा है-"सर्वेषामप्यग्निवेश! वाय्वादीना यद्वैगुण्य-मुत्पद्यते तस्य मूलमधर्मः, तन्मूलंवाऽसत्कर्म पूर्व-कृतम्। महर्षि आत्रेय कहते हैं कि हे अग्निवेश! जो पांच महाभूतोंमें, सूर्यमें, ऋतुओंमें विकृति पैदा होती है उसका मूल कारण अधर्म है अथवा प्राणियोंके पूर्वकृत असत् पापाचरण हैं।

सम्यग् योगयुक्त-

अच्छी ऋतुओंकी पहिचान।

आयुर्वेदाचार्योंने प्रत्येक ऋतुकी पहिचानके लिये जो लक्षण लिखे हैं उनका यहापर दिग्दर्शन कराया जाता है।

प्रावृट् ऋतुकी पहिचान।

प्रावृट् ऋतुमें आकाशमें मेघ छाजाते है। वादलोंमें विजली चमकती है और बहुत जोरोंसे गड़गड़ाहट होती है। पश्चिमी हवा वहने लगती है। पृथ्वी कोमल और हरे२ घाससे रंगीन चादर ओढ़ लेती हैं, छोटे२ वीर वहूटी नामके मखमली रगके कीड़े स्थान स्थानपर नजर आते हैं। कदंब, दुपहरिया, कुटज, राल, केवड़ा आदि वृक्ष पुष्पित होजाते हैं।

वर्षाऋतु।

इस ऋतुमें वर्षा बड़े जोरोसे होती है, नदिया जलसे लवालव भर जाती हैं। इनका प्रखर प्रवाह कहीं२ पर तटस्थ वृक्षोंको उखाड़कर वहा लेजाता है। जलकी अधिकतासे जमीनके ऊँचे नीचे प्रदेश एकसे जलमय होजाते हैं। अर्थात् सर्वत्र जल ही जल दृष्टिगोचर होता है। बादल गर्जते तो बहुत कम हैं परन्तु वर्षते ज्यादा है। सूर्य-चन्द्रमा, तारागणोंका आकाशमें कहीं पता भी नहीं चलता है। तालाव, पुष्करिणी, (छोटी छोटी तलइया) डवरा, पर्वत, नाले, आदि सब छोटे मोटे जलाशय, वर्षाती मेंडकोंके शब्दोंसे गूँज उठते हैं। चारों तरफ अनेक तरहके हरे भरे धान्य दर्शकोंके नेत्रोंको वरवस अपनी ओर खींच लेते हैं। यह ऋतु ठंडी होती है, किसी पूर्व ग्रीष्मऋतुकी व्यापक गर्मीका कुछ२ असर रहनेसे संपूर्ण पदार्थोंका परि-पाक अम्ल होता है और जलन पैदा करता है जिससे इस ऋतुमें अग्निमांद्य, अतिसार, ज्वर आदि अनेक बीमारिया पैदा होती है।

शरद्ऋतु।

इस ऋतुमें आकाश अत्यत निर्मल होजाता है। कहीं २ पर सफेद परन्तु जल रहित वादलोंके टुकड़े दृष्टिगोचर होते हैं। सूर्यका ताप अत्यन्त प्रखर होजाता है। सरोवर, नदियों आदि समस्त जलाशयोंका जल अत्यन्त निर्मल होजाता है। जला-शयोंमें सर्वत्र कमल खिल जाते हैं और हस सारस आदि पक्षी किलोलें करते है। जगह२ का कीचड़ सूख जाता है। खेतोंमें कास अत्यन्त फूला हुआ दिखाई पड़ने लगता है। कटसरैया, सतौनी, विजै-सार आदि वृक्ष फूल जाते हैं।

हेमन्तऋतु।

इस ऋतुमें वायु क्रमशः अत्यन्त शीत होकर उत्तरकी ओर वहती है। दिशायें और सूर्य कुहरेसे ढके रहते हैं। जलाशयोंमें बर्फ जम जाता है। लोध, फूल प्रियंगु, पुन्नाग आदि वृक्ष फूल उठते हैं। कौआ, गेंडा, हाथी, भैंस और भेड़ आदि प्राणी मस्त होजाते हैं।

शिशिरऋतु।

इस ऋतुमें शीत अत्यन्त पड़ने लगती है, चारों दिशाओंमें झंझावात (जलकणोंसे भरी हुई

हवा) बहती है, चारोंतरफ कुहर बरसती है, वायु शीतल होनेपर भी रूक्ष बहती है, इससे मनुष्योंके कोमल अंगों (गला, कपोल, हाथों) आदिका चमड़ा फटने लगता है। इस ऋतुमें हेमन्तऋतुके भी संपूर्ण चिह्न पाए जाते हैं।

वसन्तऋतु ।

इस ऋतुमें सूर्यका ताप क्रमशः बढ़ने लगता है। शीतल, मंद, सुगंध, मलयानिल बहने लगती है, यह वायु अत्यन्त वृष्य होती है, दिशाएं निर्मल होजाती हैं, कानन हरेभरे मनोरम होजाते हैं, जहां देखो वहा ही टेसू, कमल, मौलसिरी, आम्र, अशोक आदि वृक्ष फूलोंसे लदबद होकर पुष्पित होजाते हैं। इनकी माधुरी वा सुगंधि क्या मनुष्य, क्या पक्षी सभीको उन्मत्त कर देती है। विद्वानोंका तो यहातक कहना है " यत्को किलः किलमधौ मधुरं विरौति, ताचाम्रचारु कलिकानि करकैहेतुः " वसतमें जो कोकिलाएं मधुर, और चित्तमें उत्कठा पैदा करनेवाले पंचमस्वरसे कूकती हैं उसका एक कारण आमोंके मौरोंका भक्षण ही है। वृक्षोंपर भ्रमरोंकी मधुर झँकार गूजती रहती है। अनेक वृक्षोंमें नवीन लाल२ पल्लवोंका उद्‌गम होता है।

ग्रीष्मऋतु ।

इस ऋतुमें सूर्य अयत्न्त प्रचंड होजाता है। वायु रूक्ष, उष्ण, और नैऋत्य दिशासे ईशानकी तरफ बहने लगती है, और शरीरमें लगनेपर सताप देती है। पृथ्वी अत्यन्त तृप्त होजाती है, नदियोंका जल सूख जाता है, दिशाएं प्रज्वलित सी मालूम पड़ती है। चकई चकवेके जोड़े जलाशयकी खोजमें यहा तहां घूमते फिरते हैं, हरिण चारोंतरफ पानीकी खोहमें भटकते फिरते हैं, पौधे, घास, बेलें सूख करके नष्ट भ्रष्ट होजाती हैं, पेड़ पत्तझड़ होनेसे ठूंठ होजाते हैं। इत्यादि लक्षण ग्रीष्मऋतुमें प्रकट होते हैं। (शेष फिर)

हमारा होगा कब उत्थान ?

विश्व चढ़ रहा अमित प्रगतिसे, उन्नतिके सोपान ॥ टे०॥
कहनेमें लज्जा आती है, हमें वीर संतान।
कहां वीर प्रभु कहा पतित हम, कायर कुटिल महान ॥
प्रबल क्रांतिकर किया विश्वका, प्रभुने अभ्युत्थान।
और कहां हम वञ्चक बनते, बगुले हंस समान ॥
आज विश्व कर रहा तत्वकी, पक्ष रहित पहिचान।
हम तत्वोंको किये जारहे, देखा ? अन्तर्द्धान ॥
तिसपर भी क्या दिखा रहे हैं, झूंठी सूखी शान।
मदमें चूर मूर्खता वश, कर रहे गरलका पान ॥
जड़ता तजकर तत्व प्रकाशक बन अकलंक समान।
युवक नवस्फूर्ति साहससे सहकर कष्ट महान ॥
हंसते २ करें धर्म हित प्राणोंका बलिदान।
तब इस जटिल प्रश्नका होगा, सत्वर ही अवसान ॥

नाथूराम डोंगरीय जैन—मुंगावली।

श्रद्धाञ्जलि ।

पूजाके हित तव चरणोंमें
आनेका जब किया विचार।
सहसा उथलित हुआ हृदयमें,
झंझावात अनेक प्रकार ॥

पहिन चीथड़े फटे पुराने,
क्या आऊंगा तेरे द्वार।
कैसे तू प्रसन्न होगा,
कैसे होगी पूजा स्वीकार ॥

उत्तर मिला तभी अन्तरसे,
इस प्रकार मुझको भगवान।
मैं उसपर ही मोहित हूं,
जो मैंने तुझे किया है दान !

दूर होगया भारी भ्रम वह,
नाथ क्षमा करदो इस बार।
अब इस पद सेवककी केवल,
श्रद्धाञ्जलि कीजे स्वीकार !

कल्याणकुमार जैन शशि—रामपुर।

कवि चक्रवर्ती हस्तिमल्ल।

(ले०–पं० के० भुजबली शास्त्री, श्री जैन सिद्धान्त भवन–आरा।)

इस कविका कुछ विशेष परिचय माणिकचन्द्र ग्रन्थमालामें प्रकाशित विक्रान्त कौरव तथा मैथिली-कल्याण नाटककी भूमिकामें मिलता है। इस भूमिकाके मूल लेखक पं० नाथूरामजी प्रेमी हैं। परन्तु इस भूमिकामें प्रतिपादित एक दो बातोंपर मेरा मतभेद है।

१–प्रेमीजीने लिखा है कि कविने अपने पूज्य पिताके नामके साथ स्वामी तथा भट्टार शब्दको जोड़ा है। इससे ज्ञात होता है कि इनके पिता साधु अथवा भट्टारक रहे होंगे। पर मुझे यह बात खटकती है। क्योंकि अगर इनके पिता गोविन्दभट्ट साधु या भट्टारक होते तो उनके दीक्षा नामका उल्लेख आवश्यक था। बल्कि कवि उस दीक्षा नामको गर्वके साथ उल्लेख कर सकते थे, परन्तु कवि अपनी कृतियोंमें 'भट्टारगोविन्दस्वामिसूनुना' केवल यही उल्लेख करते हैं। गोविन्द स्वामी या गोविन्दभट्ट यह नाम बहुधा दक्षिणके जैनेतर ब्राह्मणोंमें प्रचलित है।

इस बातको तो प्रेमीजी भी मानते हैं कि गोविन्दभट्ट पहले वत्सगोत्रीय हिन्दू ब्राह्मण थे। अब रहा भट्टार शब्द। भट्टार शब्द पूज्य अर्थमें प्रचलित है। जिन्हें सन्देह हो वे शब्दस्तोम महानिधि आदि कोष ग्रन्थोंमें देख सकते हैं। कविके लिये अपने पूज्य पिताके नामके पहले ऐसे प्रशंसा परक शब्दोंका प्रयोग करना सर्वथा स्वाभाविक है।

प्रेमीजीने अपने पक्षको पुष्ट करनेके लिये एक और प्रमाण उपस्थित किया है। वे लिखते हैं कि विक्रान्त कौरवीय प्रशस्तिमें वीरसेन, जिनसेन, गुणभद्रादि आचार्य–परम्परामें गोविन्दभट्टका उल्लेख मिलता है। मगर प्रेमीजीके इस प्रमाणके उत्तरमें भी मेरी पूर्वोक्त दलील ही काफी मालूम पड़ती है। क्योंकि यहा भी इनका पूर्व नाम अर्थात् जैन होनेके पहलेका नाम गोविन्दभट्ट ही दिया गया है, न कि जैन आगमानुसार परिवर्तित दीक्षानाम। किन्तु यह प्रश्न उठ सकता है कि जिनसेनादि गुरुपरम्परामें इनका उल्लेख गोविन्दभट्ट कहकर कैसे हुआ।

मेरी समझमें तो यही बात आती है कि उन दिनों दक्षिणप्रातमें जिनसेनादि गुरुपरम्पराकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। अत. गृहस्थ गोविन्दभट्टने भी इस आदर्शभूत गुरुपरम्पराको ही अपनी गुरुपरम्परा मान ली। इसके अतिरिक्त ' तच्छिष्यानुक्रमे या तेऽसंख्येये विश्रुतो भुवि। गोविन्दभट्ट इत्यासीत् विद्वान् मिथ्यात्ववर्जित: ॥' प्रेमीजीके जिनसेन गुरुपरम्पराको प्रमाणित करनेवाले इस श्लोकमें उनको (गोविन्दभट्टको) साधु या भट्टारक सिद्ध करनेवाला कोई पद कमसे कम मेरी स्थूल दृष्टिमें तो नहीं आता।

२–प्रेमीजीने विक्रात कौरवीय नाटकके प्रथमांकके अन्तमें प्रतिपादित " श्रीवत्सगोत्रजनभूषणगोपभट्ट प्रेमैकधामतनुजो भुवि हस्तियुद्धात्। नानाकलाम्बुनिधिपाड्यमहेश्वरेण। श्लोकै: शतैस्सदसि सत्कृतवान् बभूव ॥ और अञ्जनापवनंजय नाटकमें अंकित श्रीमत्पाड्यमहीश्वरे निजभुजादण्डावलंबीकृते। कर्णाटावनिमंडलं पदनतानेकोऽतिनीकोड्वती ॥ तत्प्रीत्या-

नुसरन्स्वबंधुविवहैर्विद्वद्विरातैस्समं। जैनागारसमेत-संतरनमे (?) श्रीहस्तिमल्लोऽवसत् ॥

इन श्लोकोंमें उद्धृत पाड्यनरेशको मथुराके निकटस्थ पाड्यदेशका शासक बतलाकर उल्लिखित हस्तिमल्ल कविको इसी पाड्य नरेशसे सम्मानित बतलाया है। किंतु राजावलि कथेमें देवचन्द्रने लिखा है कि यह कवि हस्तिमल्ल उभयभाषा कवि चक्रवर्ती थे। उसीके आधारपर प्रेमीजी भी लिखते हैं कि यह कवि हस्तिमल्ल कन्नड़के भी कवि प्रतीत होते हैं तथा इस भाषामें भी इनकी कोई रचना होगी। पर यह तो सर्वविदित है कि मदुराकी प्रातीय भाषा सदासे ही द्राविड़ (तामिल) चली आती है। इससे मैं अनुमान करता हूं कि यह पाण्ड्य नरेश पाड्यदेशके न होकर कारकल (दक्षिण कन्नड़) के होंगे जोकि इनका वंश भैरव पाड्यके नामसे विख्यात था। (देखो खण्डेलवाल हितेच्छुके वीर निर्वाण सम्वत् २४५७ का विशेषाक) सभव है कि भव्यानन्द शास्त्रके रचयिता विद्वान कवि कारकलके पाड्यक्ष्मापति ही इनके सम्मानक होंगे।

'श्लोकै. शतै' सदसि सत्कृतवान् बभूव' तथा " नानाकलम्बुनिधिपाड्यमहीश्वरेण " इन दो श्लोक चरणोंसे भी मेरा उपर्युक्त अनुमान पुष्ट पड़जाता है।

दूसरी बात यह है कि प्रेमीजी जिस पाड्यनरेशको हस्तिमल्ल कविके सम्मानयिता बतला रहे हैं वह सुन्दापाड्य प्रथमके उत्तराधिकारी हैं। किन्तु मुझे जहातक ज्ञात है कि यह सुन्दरपाड्य जैनधर्मके एकान्त शत्रु थे। ऐसी अवस्थामें उनके उत्तराधिकारी एक जैन विद्वान् कविको आश्रय दे यह बात मुझे बहुत ही खटकती है। कन्नड़ कवि चरित्रके मान्य लेखक श्रीमान् नरसिंहाचार्यने भी हस्तिमल्ल कविको कन्नड़ कवि लिखा है। बल्कि इन्होंने इस कविके रचित आदिपुराण नामक एक कन्नड़ग्रंथका उल्लेख भी दिया है। अतः इस कविको कारकलके पांड्य नरेशका आश्रित मानना अधिक समुचित ज्ञात होता है। इसके अतिरिक्त ऊपर उद्धृत 'श्रीमत्पाड्यमहीश्वरे' इस श्लोकके द्वितीय चरण 'कर्नाटावनिमंडलं पदनतानेकावनीशेऽवति' से भी मेरा कथन सर्वतोभावसे पुष्ट होता है कि यह पाड्यनरेश कर्नाटक देशके ही शासक थे और यह बात सर्वविदित है कि कारकल कर्नाटक प्रातके अंतर्गत है।

प्रेमीजी उक्त नाटकोंकी भूमिकाओंमें हस्तिमल्ल कविके परिचयोंमें "सम्यक्त्वम् सुपरीक्षितु मदगजे मुक्ते सरण्यापुरे। चास्मिन् पाड्यमहीश्वरेण कपटाद्धंतुं स्वमभ्यागते ॥ शैलूषं जिनमुद्रधारिणमपास्यासौ मदध्वंसिना। श्लोकेनापि मदेभमल्ल इति यः प्रख्यातवान् सूरिभिः ॥"

अय्यपार्यकृत जिनेन्द्र कल्याणाभ्युदयका जो कह रहे हैं यह श्लोक मुझे भवनकी प्रतिमें नहीं मिलकर बल्कि इसी कविके द्वारा रचित अमुद्रित नाटिका तथा इन्हींके वंशज ब्रह्मसूरी कृत प्रतिष्ठापाठमें मिलरहा है। ब्रह्मसूरीके प्रतिष्ठापाठमें हस्तिमल्लके परिचयमें उद्धृत और भी कुछ श्लोक मिलते हैं।

गाढ़ा गाढ़ काटेंगो।

नैनू. कामदानी, नैनसुखपै न फोर नैन,
कहँलौं बिलानी बन एती ठाठ ठाटैंगो।
जोड़ा जो सुपेत बेल सब्ज सुनहरी रंग,
ऐसी क्यों खरीदत जो दूब लगे फाटैंगो ॥
आंख खोल निरख नरेशोंके दिवाला भये,
सहत कसाला हैं दुशाला कौन बाटैंगो।
जर औ जमीन शेखी शानमें बिकानी सब,
आजके समैयामें गढ़ा गाढ़ काटैंगो ॥

" निर्बल "

कविता-कुंज।

[रचयिताः—पं० गुणभद्रजी जैन–अगास]

हे नाथ !

होती न दृगोंसे दूर तेरी कमनीय छवि,
अन्तरमें बसी मानों टाकीसे उकेरी है।
तेरी सद्भक्तिने हमारी मंत्रके समान,
चित्तकी समस्त वृत्ति एकसाथ फेरी है॥
भक्तिकेसिवाय मन जाता नहीं अन्य ठौर,
रटन लगी है दिनरात एक तेरी है।
अब तो दयालु आप हूजिये कृपा निधान,
पागलके तुल्य दशा तेरेलिये मेरी है॥

अपूर्व श्रद्धा।

जबतक रविमें तेज चंद्रमें शीतलता है,
अग्नीमें उष्णत्व तूलमें कोमलता है।
बहती है निर्बाध भूमिपर गंगा धारा,
तबतक प्रभु निर्विघ्न रहेगा ध्यान तुमारा॥
जबतक तनमें नाम मात्र भी श्वास रहेगा,
तबतक निस्संदेह हृदयमें वास रहेगा।
करता मुझको दुखित तीव्र स्मरण तुम्हारा,
तुमबिन मुझको नहीं यहांपर कोई सहारा॥
जब वह सुन्दर मूर्ति सामने आजाती है।
मनही मन उससमय शांति अद्भुत आती है॥
गिर पड़ती साश्चर्य हर्षकी दृगसे धारा।
त्रिभुवनमें हे नाथ तुही सर्वस्व हमारा॥
क्षणभर भी तेरा वियोग है दुस्सह मुझको।
रो उठता है हृदय देखता जब नहिं तुझको॥
कैसे करूं व्यतीत आज जीवन तेरे बिन।
भारी हा! हो रहा आयुका मेरा क्षण क्षण॥

संसारकी अनित्यता।

इन चक्षुओंके सामने जो वस्तुयें दिखला रहीं।
वे तो निरंतर काल सन्मुख शीघ्र गतिसे जा रहीं॥
जो आज है वह कल नहीं आश्चर्य यह कितना बड़ा।
बोलो जगतमें जन्म लेकर कौन इस यमसे लड़ा॥
जिसके कुशल वृत्तांतको हा आज ही हमने सुना।
कुछ देरमें सुनकर मरण बस शोकसे मस्तक धुना॥
प्रतिदिन बदलती हैं दशाएं चक्षुओंसे देखते।
फिर भी भयंकर खेद है मनमें न हम कुछ सोचते॥
क्या लाए थे परलोकसे क्या साथमें लेजायगे।
सब ही यहां रहजायगा करको पसारे जायेंगे॥
हा! हा! कफनका वस्त्र भी आता नहीं है साथमें।
जाने न फिर किसके लिये यह जीव पड़ता पापमें॥
देके सतत मिष्टान्न सुंदर देहका पालन किया।
साबुन लगा करके जिसे बहु वार प्रक्षालन किया॥
वह देह भी तो अन्तमें सम्बन्ध तज देता अहो।
सर्वस्व ही नश्वर यहां अपना भला किसको कहो॥
सर्वस्व देकर भी अहो मृत्यू न हमको छोड़ती।
थलमें गगनमे और जलमें नेह हमसे जोड़ती॥
उत्पन्न जो होता यहां वह नाश भी होता यही।
पर्यंकपर सोता कभी सोता चितापर भी वही॥

श्री गिरनार।

आते जो यहां हैं अवलोक तेरी सौम्य छटा।
पल भर वे ही अपनेको भूल जाते हैं॥
जिस ओर देखते दिखाते उस ओर दृश्य।

जो कि एक साथ चल चित्तको चुराते हैं ॥
देखो नेमिनाथका पवित्र मोक्ष धाम यही ।
आ-आ-जहां भव्यगण दिव्य गान गाते हैं ॥
गाते हैं बजाते हैं निज भक्ति प्रगटाते नित्य ।
हर्षके अपार अश्रु आप गिर जाते हैं ।

गुरुराज ।

जिनकी सुयशध्वजा फैल रही लोक बीच ।
काच और कंचनमें सम भाव वाले हैं ॥
जप, तप, संयममें निराबाध सौख्य जिन्हें ।
हृदयसे वासनाके भाव भी निकाले हैं ॥
सिंहके समान करते विहार देशों देश ।
कुंजर पिपीलिकाके भी तो रखवाले हैं ॥
उनके पदारविन्दमें सदैव ध्यान रहे ।
जो कि गुरुराज इस जगसे निराले हैं ॥

तेरा वियोग ।

माता घर द्वार नहीं और परिवार सब,
सुन्दर बगीचोंमें भी राग नहीं पाता हूं ।
रुचता न भोजन मधुर स्वादवाला अब,
छोडदिया काम सब कहीं भी न जाता हूं ॥
कोमल पलगपै भी नींद नहीं आती मुझे,
और मृदु कंठसे न गीत अब गाता हूं ।
पाता नहीं सान्त्वना तुमारे बिन एकपल,
तेरे ही विरहमें दुःख पाता अकुलाता हूं ॥
होकर सुमनके समान मृदु आप चित्त,
कौन दिन शांत निज मुख दिखलाओगे ?
कौन दिन आप ही हरोगे ये हृदयकी पीर ?
कौन दिन आप दुखियाको अपनाओगे ?
कौन दिन आप निजवाणीका कराके पान,
मनमें हमारे पूर्ण मोद प्रगटाओगे ?
कौन दिन देकरके हाथका सहारा हमें,
अपने समान कब हमको बनाओगे ? ॥

पार्श्वनाथस्तोत्रम् ।

[सम्पादक-पं० वीरेन्द्रकुमार शास्त्री, केकड़ी]

नमो देवनागेंद्रमन्दारमाला-
मरन्दच्छटाधौतपादारविंदम् ॥
परानन्दसदर्भलक्ष्मीसनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥१॥

शिवश्रीनिवासं नवाम्भोदनीलं ।
नतानां शिवश्रीनिदानेषु लीनं ॥
त्रिलोकस्य पूज्यं त्रिलोकैकनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥२॥

तमोरात्रिविध्वासने वासरेशं ।
हतक्लेशसंगं श्रिया सन्निवेशं ॥
कमालीनपद्मावतीप्राणनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥३॥

हतव्याधिवेतालभूतादिदोषं ।
कृताशेषभव्यावलीपुण्यपोषं ॥
मुखश्रीपराभूतदोषाधिनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥४॥

नृपस्याश्वसेनस्य वंशोऽवतंसं ।
जनानां मनोमानसे राजहंसं ॥
प्रभावप्रभावाहिनीसिंधुनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥५॥

कलौ भाविनां कल्पवृक्षोपमानं ।
जगत्पालने सततं सावधानं ।
चिरं मेदपाटस्थितं विश्वनाथं ।
स्तुवे देवचिंतामणिं पार्श्वनाथम् ॥६॥

× × ×

इति नागेन्द्रनरामरवन्दितपादाम्बुजः प्रवरतेजाः ।
देवकुलवाटकस्थः स जयति चिंतामणिःपार्श्वः ॥७॥

एक सामाजिक दृश्य।

(ले०—श्री० बाबू धर्मचंद्रजी श्रावगी B.S.C., कलकत्ता)

क्यों मां तबियत कैसी है ?

तबियत तो वैसी ही है। बेटी! तुम्हारे पिताजी क्या अबतक देवदर्शन करके नहीं आये ? पलगपर लेटी हुई एक रोगिनीने कहा।

देवदर्शन करके आये तो उन्हें देर होगई। परन्तु तुम्हें निद्रामें देख वे रोशनके कमरेमें चले गये। कहो तो अभी बुला दूं।

रहने दो आजायगे ! सहसा रोगिनीको कुछ याद पड़ा। उसने पूछा—शान्ती! तुमने कुछ नास्ता किया ? क्या रोशन और तुम्हारे पिताजी भी यों ही बैठे हैं ?

शांती—पिताजी और रोशनने तो कुछ कुछ खा लिया है, परन्तु मैं तो तुम्हे दवाई पानी देनेके पहिले कुछ भी न खाऊंगी।

रोगिनी जमुना इस बालक हठपर कुछ खिन्न हुई, परन्तु साथ २ उसे इस बालिकाकी जिदपर प्रसन्नता भी हुई। उसने दो एकबार ताको खानेके लिये और समझाया परन्तु वह राजी न हुई। उधर रोशन और बाबू रामकुमारजी जो पासहीके कमरेमें बैठे थे इसकी बातचीत सुनकर आगए।

जमुना शर्माकर चुप होगई।

रामकुमार—तुम दिनोंदिन सूखकर काटा हुई जारही हो फिर भी अपने शरीरकी तरफ कुछ ध्यान न देकर इन्हींके खानेपीनेकी फिक्रमें पड़ी हो। दवाई लो अच्छी होजाना, फिर लड़ झगड़कर इन्हे अपने हाथों दूना २ खिलाकर इतना मोटा करदेना कि इनसे अपने आप चला न जाय।

रोशनने हँसते हुए कहा—हाँ, मां ! तुम पहले अच्छी होजाओ फिर तुम अपने हाथोंसे जितना खिलाओगी हम खा लिया करेंगे। अगर न खाँय तो हमें चपते मार मारकर खिलाना। क्यों बहन शान्ति ठीक है न ?

शान्ति—इस शर्तको तो मैं भी माननेको तैयार हूं।

जमुना सबोंकी मीठी चुटकियोंसे बड़ी प्रसन्न हुई। पासके एक परिचित वैद्यजीने आकर दवा पानीका इन्तजाम कर दिया। बाबू राजकुमारजीके पूछनेपर वैद्यजीने रोगिनीकी अवस्था अच्छी ही बतलाई और कहा कि अगर इसी प्रकार अवस्था सुधरती रही तो १५–२० दिनोंमें अच्छी हो जायगी।

रामकुमारजी एक बड़े अच्छे खानदानके व्यक्ति है। उनके अन्य ३-४ भाई थे, परन्तु ये सब अलग होगये। उनके पिताने उन्हे अच्छी शिक्षा दी थी। इस कारण वे एक कुशल व्यापारी गिने जाते हैं। पञ्च पञ्चायतियोंमें भी इनकी पूछ थी। वे दूसरोंके दु:खोंमें हमेशा साथ बटानेके लिए तैयार रहा करते थे। उनके केवल एक पुत्र और एक पुत्री थी जिनकी उच्च शिक्षाका प्रबन्ध उन दोनोंने कर रखा था और जब कभी वे अपने मित्रोंमें बातचीत करते थे तो वे समाजकी आयव्ययकी प्रथापर घोर दु:ख प्रगट करते थे। उनकी पत्नी साध्वी पतिपरायण

जमुना भी एक अच्छे परिवारमें पली थी और इस प्रकारके सज्जन पतिको पाकर अपना गृहस्थ जीवन बड़े सुखके साथ विताती थी। परन्तु इधर लगभग दो महीनेसे अस्वस्थ होनेके कारण अपनी सन्तानके भविष्यकी ज्यादा चिन्ता किया करती है।

'अच्छा ही हाल है, आप लोग घवराये नहीं' कहते हुए एक हैट कोटधारी व्यक्ति अपनी फीसके रुपये जेबमें डालते हुए मकानसे निकल गया।

रोशन और शान्ती जल्दीमें कुछ न समझनेके कारण एक दूसरेका मुंह देखने लगे। बाबू रामकुमारने आकर कहा--घबरानेकी कोई बात नहीं। डाक्टर साहब कह गये हैं जल्दी अच्छा होजायगी।

रोशन और शान्तीने कुछ जवाब नहीं दिया। चुपचाप माताकी खाटके पास जाकर बैठ गये।

बाबू रामकुमारने बच्चोंको शान्त करनेके लिए उक्त बाते कहतो थीं परन्तु असलमें उनके हृदयमें भी जोरोंसे उथलपुथल मच रही थी, क्योंकि जमुनाको आज सारे दिनमें ५-६ वार मूर्च्छा आगई थी। लगभग ३-४ घण्टेबाद जमुनाको फिर मूर्च्छा आई। डाक्टर साहब फिर बुलाए गए। इसवार नब्जपर हाथ रखते ही वे चौंक पड़े और रामकुमारजीसे कहा Ca[illegible] है Nig[illegible]t निकलना मुश्किल जान पड़ता है। रामकुमारजी इस कडवी सूचनाको जहरकी घूंटकी तरह पीगए और डाक्टरकी बताई हुई रीतिसे दवा पानीकी व्यवस्था करने लगे। इस समय वे वार २ रोगिनीकी तरफ देखते जाते थे और बराबर उसकी अन्तिम इच्छा पूछनेका प्रयत्न करते थे। दवाईके खाते ही रोगिनीकी अवस्था कुछ सुधरीसी जान पड़ती परन्तु दैवको आज शाती और रोशनको अपनी मातासे अलग करना था। कुछ ही समयबाद जमुनाने एक निराशा भरी दृष्टि लाला रामकुमारजीकी तरफ की। लाला साहब उनकी खाटके पास जा बैठे। उस समय रोशन और शाती भी कातर दृष्टिसे अपनी माताओंका मुँह निहार रहे थे।

जमुनाने लड़खड़ाती जवानसे कहा--क्या आप मेरी एक इच्छा पूरी करेंगे?

रामकुमारजी--कहो क्या कहती हो? तुम्हारी इच्छाके विरुद्ध तो कोई काम नहीं किया गया फिर यह क्यों?

जमुना--आज मैं जाती हूं, इस कारण आपसे अन्तिम प्रार्थना है!

रामकुमार--ऐसा न कहो। तुम जल्दी ही अच्छी होजाओगी।

जमुना०--मेरी अन्तिम प्रार्थना यही है कि आप शान्ति और रोशनका ख्याल रखें, समाजकी रूढ़ियोंके फेरमे पड़कर इन्हे दुःख न पहुँचायें। उनके भविष्यको सुन्दर बनानेका पूरा प्रयत्न करें।

रामकुमार--तुम्हारी इच्छानुसार ही कार्य होगा। और भी कुछ इच्छा है?

जमुनाने कृतज्ञता पूर्ण नेत्रसे पतिकी ओर देखा और पासमें ही बैठे हुए रोशन और शान्ति पर अपनी दृष्टि स्थिर कर दी, मानों अपने शुभ मनोरथको पूर्ण देखकर अपने बच्चोंसे छुटकारा चाहती हो।

रोशन और शान्तीकी आखोंमें भी आंसुओंकी झड़ी लग गई!

× × ×

शान्तीकी सगाई उसी ग्रामके सेठ जगन्नाथजीके पुत्र मोतीलालजीसे तै हुई है। विवाह भी चैत सुदी २ का पक्का होगया। सगाई करते समय और उसके बाद भी लाला रामकुमारने कई लोगोंद्वारा सेठ जगन्नाथजीसे कहलाया कि आप विवाहमें और जेवर बनानेमें व्यर्थका धन खर्च न करें।

अगर लड़केकी शादीमें कुछ धन अपने खजानेसे खाली करना ही हो तो उसे ऐसे कार्मोंमें लगाइये जिससे कुछ लाभ भी हो। परन्तु सेठ साहब ये बातें क्यों मानने लगे? वे तो पुरानी रूढ़ियोंके पूर्ण भक्त थे। परन्तु दोनों सम्बन्धियोंके भिन्न विचार होते हुए भी सम्बन्ध छूट नहीं सकता था। एक दिन दोनों जने किसीकी पंचायतसे लौटते समय रास्तेमें मिल गये। बातों बातोंमें ही रामकुमारजीने दहेज और विवाहके व्यर्थ खर्चकी बात छेड़ दी।

जगन्नाथ—साहजी साहब! आपके कहनेका मतलब यह कि हमारे पूर्वज मूर्ख थे।

रामकुमार—जी नहीं! आप मेरे कहनेका मतलब नहीं समझे। असलमें समयके अनुसार ही सारी चीजोंका परिवर्तन हुआ करता है। हमारे पूर्वजोंके समय हमारी आपकी आवश्यक्ताएं इतनी बढ़ी हुई न थीं। वे लोग कम कमाते कम खर्च करते हुए सादा जीवन शांतिसे व्यतीत कर देते थे। हमारी आपकी तरह न तो (Chance) चान्सहीके फेरमें पड़ते थे न खाली हाथ व्यर्थका कर्जकर व्यय करते थे। वे तुच्छ क्षणिक नामवरीके भूखे न थे।

जगन्नाथ—अच्छा तो आप ही कहिये कि विवाहके खर्च और जेवरको छोड़कर किस कार्यमें रुपये लगाना अच्छा है?

रामकुमार—अगर आप मेरी सलाह मानें तो मैं तो यही कहूगा कि आप उन्हीं रुपयोंको अपने पुत्रको देकर अलग व्यवसाय खुलवाइये। जिससे उसको काम करनेका और ठोकर खाकर बचनेका अनुभव होजाय। गहनोंसे केवल तिजोरिया टूटेंगी, व्याजका नुकसान होगा, अन्य जातियोंको उतने गहने देखनेसे ईर्षा होगी। इसके अतिरिक्त स्त्रियोंका भी ध्यान अच्छे कामोंको छोड़कर उन्हींकी फिकरमें ज्यादा रहेगा। विवाहका व्यर्थ खर्च जैसे रोशनी (बिजली), बायस्कोप, तमाशे, आवश्यक्तासे ज्यादा लोगोंको बुलाकर खिलाना, इनसे न तो विवाहके बंधन मजबूत होते हैं न वर और वधूके भविष्य जीवनपर कुछ अच्छा प्रभाव ही पड़ता है। और न किसीका उपकार ही होता है। फिर न जाने क्यों लोगोंने इसे इतना महत्व दे रखा है।

जगन्नाथ—असलमें मेरे एक ही लड़का है। अगर मैं उपरोक्त बाते न करूँ तो लोग क्या कहेंगे। कहेंगे हमेशा कि लोगोंका खाकर मुफ्त कीसी हजम कर गया। अपनी वारी आते ही बहानेबाजी शुरू करदी। मेरी अकल कुछ काम नहीं करती।

रामकुमारजी—अच्छा आप बदनामीसे डरते है तो कोई हरज नहीं, आप जैसा चाहे कीजिये, परन्तु मै तो केवल बारातके समय पान सुपारीसे खुश करनेकी कोशिश करूंगा और फेरे होनेके बाद आप लोगोंको कुछ अपनी मिठाई और अपनी शक्तिके अनुसार रुपयेके Bank Paper अपनी लड़कीके नामसे देदूंगा। व्यर्थ जिमाना और कपड़ा लत्ता कुछ न दूगा। मुकाबलेमें भी लड़कीको ४, ५ धोतियों २-४ ओढ़नीको छोड़कर कुछ नहीं दूगा। केवल बैंकपेपर Bank Paper दूगा। इससे दो लाभ होंगे-एकतो व्यर्थके कपड़े पड़े सड़ा नहीं करेंगे—आवश्यक्तानुसार नये तर्जके तैयार होते रहेंगे। दूसरे अगर कोई खराब समय भी आजाय तो उन रुपयोंसे बहुत कुछ काम भी निकल सकेगा।

जगन्नाथ—लाला साहब, मैं तो इन बातोंको माननेके लिए तैयार नहीं। मेरे घर शादी तो पुराने तरीकोंसे होगी। मैं अपने घरसे यह प्रथा शुरू कर लोगोंकी अंगुलियोंपर चढ़ना नहीं चाहता। आप कृपया रीतिके अनुसार ही सारा कार्य करें।

लाला रामकुमार लड़कीके बापसे ज्यादा क्या कह सकते थे। अपना मन मसोसकर रह गये। विवाह पुराने रूढ़ियोंके अनुसार ठीक समय पर हो गया।

× × ×

रुक्मणी नई आई हुई 'गृहलक्ष्मी' को पढ रही थी कि किसीकी आहट सुन उसने उसे पास की टेबुलपर रख दिया और खड़े होकर दरवाजेकी तरफ ध्यान पूर्वक देखने लगी। आनेवाले हमारे परिचित रौशनलाल थे। उन्होंने आते ही रुक्मिणीके गालपर हल्कीसी चपत जमाते हुए कहा कहो "गृहलक्ष्मी" का लेख पढ लिया? कैसा मालूम हुआ?

बड़ा अच्छा है, किसने लिखा था?

बहन शान्तीने लिखा था।

इसवार कलकत्ते चलनेपर मैं तुम्हे उससे अवश्य मिलाऊँगा। परन्तु हा, कहो आज कुछ खिलाने पिलानेका इरादा है या कोई दुश्मनी अदा करनी है? रुक्मिणीने हसते हुए कुछ ताजा चीजे लाकर पतिदेवकी भेट की।

इसवार होलीकी छुट्टीमें रौशन कलकत्ते पहुंचा। बहिन शान्तिसे मुलाकात हुई। वह उसके उस परिवर्तनको देखकर बड़ा दु:खित हुआ। परन्तु उस विचारसे कि शायद वह लज्जाके कारण अपना दु:ख भाईसे न बतावे, रोशनने रुक्मिणीसे सारी बातें पूछनेके लिये कह खुद बाजार चला गया।

रुक्मिणीके पूछनेपर शान्तिने कहा—क्या कहूं, बहिन, व्यापारका हाल बहुत बुरा है। घाटेपर घाटा और खर्च किसी प्रकार चलाते २ आज इस अवस्थामें आपहुंचे। जिस व्यापारमें हाथ डाला जाता है उसीमें नुकसान। अन्तमें यह हालत हो चली है कि श्वसुरजीकी संचित सारी सम्पत्ति खतम होगई। मेरे गहने बेचकर जो थोड़े बहुत दाम उठे वे भी स्वाहा हो गये। क्या किया जाय और क्या न किया जाय, कुछ समझमें नहीं आता। पैसा पास न होनेके कारण नित्यप्रतिके आनेवाले लोग भी पास आते शर्माते हैं। जिस समाजकी रूढियोंके फेरमें पड पानीकी तरह धन गँवाया वे अब कुछ काम नहीं आतीं। जो पंचराजजी पैसा होनेपर ससुरजीको आगे बैठाते, उनके वगैर कोई पचायत तक नहीं करते, वे अब उनके लिये बाट जाहना तो दूर रहा बुलावा तक नहीं देते। क्या कहूं बहन, पिताजीके दिये हुए कपड़े पड़े२ आलमारी और बक्सोंका बोझ बढ़ारहे हैं। आज अगर परदेश जानेका विचार करते है तो इन वस्तुओंको छोड़कर जानेकी इच्छा नहीं होती। अगर साथ जाय तो काफी रेलकिराया चाहिये। परन्तु तुम लोग कलकत्तेसे जानेके बाद किस हालतमें हो?

रुक्मिणी—वहा बड़े मजेमें काम चलता है। आपके भाईने एक स्वदेशी मिल और पेट्रोल पंपकी एजेन्सी ले रखी है। इस कामके लिए तुम्हारे पिताजी और मेरे पिताजीके दिए हुए (बेक पेपरों) ने बड़ी मदद की, क्योंकि दोनो कम्पनियोंके जमानतकी एवजमें ये ही कागज देदिये गये। अब तो काम चल निकला है। उसके साथ ही कुछ लेनदेनका काम भी होता है। परन्तु यह तो कहो अगर मोतीलालजीको कलकत्ता छोड़ने कहा जाय तो राजी होंगे या नहीं?

शान्ती—वे तो कलकत्तेसे ऊब चुके है।

रुक्मिणी—तो फिर इन मोह करानेवाली वस्तुओंको होलीमें स्वाहा कर आप मेरे साथ चलो। वहीं कोई न कोई कामकी तजवीज बैठ जायगी। मैं समझती हूं आपको तो कोई आपत्ति होगी ही नहीं?

शान्ती—बिलकुल नहीं।

रुक्मिणी—मैं भी कैसी हूं जो आपसे ऐसा सवाल करती हूं। गृहलक्ष्मीमें आपका लेख पढ़नेसे मुझे तो आपके विचारोंका पता लग गया था।

शान्तीने उपरोक्त बातें सुनकर मुस्करा दिया।

× × ×

कलकत्तेसे आनेके बाद मोतीलालजीने रोशनकी सहायतासे एक (रु० ८५०) मोटर टायरका कारखाना खोल दिया। वे बड़े बड़े कारखानेवालोंसे अकलतरा खरीद उसे रोडटार बनाकर आसपासकी म्युनिसिपिल्टियों और [illegible] वालोंको बेचते थे। इस कार्यमें काफी लाभ होनेके कारण उपरोक्त उन्नति होती गई और साथ ही साथ अन्य अन्य छोटी छोटी चीजोंका बनाना भी शुरू कर दिया। देशमें स्वदेशीकी लहर जोरोंसे चल रही थी। ज्योंही चीजें तैयार होतीं थीं बिक जाती थीं। मोतीलालजीके दिन फिर चमके।

\+ + +

रोशन अपनी एक पंचवर्षीय कन्या अहल्या और रुक्मिणीके साथ पासके बगीचेमें वायुसेवन कर रहे थे। मोतीलाल और शांती भी अपने सप्तवर्षीय कुमार मदनको लिए आपहुंचे। कुछ इधर उधरकी बात होनेके पश्चात् मोतीलालने रोशनसे पूछा—कहिये इसबार अहल्याका विवाह किस तरीकेसे करेंगे?

रोशन—इसका जवाब तो आप दें कि मदनका विवाह कैसे करेंगे? हम तो पहलेसे ही बदनाम हैं। हमारे यहां तो इसका पहिले ही सुधार होचुका है। जिन बच्चोंके मां बापका विवाह बिना रूढ़ियोंके हुआ तो फिर उन बच्चोंका तो कहना ही क्या?

मोतीलाल—मेरा विचार तो इन रूढ़ियोंको कतई तोडनेका है। क्योंकि यह तो आप स्वयं सोच सक्ते हैं कि दोनों प्रकारके वर वधुओंमें कौन सुखी है।

दिगम्बर जैन।

(रचयिता—पं० सिद्धसेनजी जैन-कलोल।)

(१)

यह "दिगम्बर जैन" जगमें सर्वदा सन्मान्य हो।
प्रत्येक नर अरु नारीके, हृद पकजोंमें मान्य हो॥
लेखनकलासे नाम अपना, विश्वमें जिसने जिया—
भगवन्! अमर करदो इसे, उपकार जगका बहु किया॥

(२)

धर्मका जो मर्म सच्चा, वह सदा कहता रहे।
प्रेम—भावोंमें भरा यह, विश्वको भरता रहे॥
'आनन्द-उत्सव मग्न हो, पावें न कोई शोकको।'
ऐसी सुशिक्षाएं सदा, देता रहे यह लोकको॥

(३)

स्त्री—शिक्षा—अभ्युदयकी सर्वदा हो भावना,
जाति अरु निज देशउन्नतिकी रहे शुभ कामना।
'गोमूत्र, गोमय, श्राद्ध' आदिक बातका खण्डन करे!
'महावीर स्वामी देव थे, सर्वज्ञ थे' मंडन करे॥

(४)

निष्पक्ष होकर भी स्वयं जो सत्यका आग्रह करे,
होकर निडर, स्वाधीन जगमें पाप-भीति चित धरे!
पूज्य पुरुषोंके चरित वर्णन सदा करता रहे!
कर्तव्यताका ज्ञान मनमें सबके भरता रहे!!

(५)

है न इच्छा और कुछ बस, धर्मकी रक्षा करे।
शील, संयम, सत्य, तप, बल, ज्ञानकी वृद्धि करे॥
शुभ भावना जिनदेव! सबकी पूर्ण मंगलरूप हो!
यह "दिगम्बर-जैन सबको हित-प्रदर्शक-भूप हो!!

[लेखक—श्री० ब्र० प्रेमसागरजी पञ्चरत्न—रामपुर]

मित्र माणिकचन्द्रजी ! लोग कहते हैं कि मेवा, बदाम खानेमें स्वादिष्ट और बलिष्ट तथा गुणकारी होते हैं परन्तु मेरी समझमें तो लोगोंकी बात बिल्कुल उलटी जचती है। क्योंकि बदामका स्वभाव बाह्यमें अत्यन्त कठोर है । अतएव वह बलिष्ट और गुणकारी नहीं हो सकती, क्योंकि जो बाह्यमें कठोर होता है वह भीतर नरम नहीं होता। बाह्यके परिणाम भीतरके परिणामोंका प्रदर्शन कराते हैं, ऐसा मैं मानता हू ।

मित्र श्रीचन्द्र ! आपका कहना और समझना ठीक नहीं है क्योंकि आपकी बात प्रत्यक्षमें बाधित है । सुनिए, जो मानव-सज्जन होता है वह अपनी सत्य नीतिमें चाहे बाह्यमें कठोर रहा हो परन्तु अन्दर उसके परिणाम बड़े ही सरल एवं नरम होते हैं। अर्थात् वह बाह्य देखनेमें चाहे जैसा किसीको भासे परन्तु उसे हम असज्जन कदापि नहीं कह सकते । बदाम बाह्यमें कठोर है परन्तु भीतर जो उसके पास गुण है वह बेरमें नहीं है । बेर यद्यपि बाह्यमें नरम है परन्तु भीतर बड़ा ही कठोर है। ऐसा स्वभाव ठीक नहीं। इसीको मायाचारी कहते हैं । जो मनुष्य बाह्यमें नरमाईकी बातें करता है व नरमसा ज्ञात होता है वही हृदयका काला एवं कठोर होता है । इसे सदैव याद रखना चाहिए। देखोना, हीरालाल कपटीने उस दिन जयचन्द्रको कैसा ठगा ?

और सुनों, नारियल बाह्यमें बड़ा ही कठोर होता है परन्तु आप जानते हैं अन्दर कितना नरम और मीठा होता है इसी प्रकार ईख एवं गन्ना बाह्यमें कठोर पदार्थ है परन्तु अन्दर अत्यन्त मीठा है । इसपर भी उसमें बड़ी सहनशीलता है जो कि वह जितना काटा जाता है, छोला जाता है उतनी ही मिष्टता देता है । यही सज्जनोंका स्वभाव है । लोग कहते हैं कि केला और सकरकंदी ही अच्छे पदार्थ हैं क्योंकि वे बाह्य और भीतर एकसे स्वभाव वाले हैं । उन जैसे स्वभाव अन्य पदार्थोंके नहीं। मैं उनकी बातको मानता हूं। परन्तु मित्र श्रीचन्द्र ! आप तनिक मेरे विवेचनपर ध्यान दें। मेरा कहना है कि—केला और सक्करकंदी बाह्य और भीतर एकसे नरम पदार्थ हैं, परन्तु आप समझे कि वह जितने नरम हैं उतने गरिष्ट भी हैं, साधारण जठराग्निवाला उन्हे पचा नहीं सकता । इसका मतलब यह है कि जो मनुष्य बाह्यमें नरम मालूम होते हैं तथा अपने आचरणसे व मायाचारसे भोले लोगोंको यह विश्वास दिलाते हैं कि हम बाह्यके समान भीतर भी सज्जन हैं, वही नं० १ के मायाचारी एवं ठग और केलेके समान गरिष्ट और विकारी होते हैं ।

श्रीचन्द्र—मित्रवर ! आपका सारगर्भित विवेचन सुनकर तो मुझे बड़ी खुशी हुई । अब मैं यह जानना चाहता हूं कि मनुष्यके लिये सुख और शांति कैसे प्राप्त हो, क्योंकि वह एक ऐसा प्राणी है जो कि सारे दिन एवं सारी रात अनेक प्रकारकी आकुलताओंमें फँसा रहता है, उसे थोड़े समयके

लिये भी धर्मध्यान करनेको नहीं मिलता।

माणिकचंद्र—आपका प्रश्न बड़े ही महत्वका है, सुनिए मनुष्यके अंदर सुख एवं शांतिका निवास है परन्तु वह उसे बहुत समयसे भूल गया है। वह अपनी आदतोंसे अपनी सुख शांतिको नहीं पाता हुआ दुखी होरहा है। वह जितनी२ अपनी आदतोंको बढ़ाता जाता है उतनी२ ही सुखशांति उससे दूर होती जाती है। उसकी आदतें हैं पंचइंद्रियोंके भोग। यदि वह पंचेंद्रियोंको अपने वशमें रक्खे तो उसकी आदतें अधिक न बढ़े और न वह इतना अपने कर्तव्यसे च्युत होजावे कि अपनी सुखशांतिको आप न पासकें। पंचेंद्रियोंने मानव मात्रको बहुत ही तंग कर रक्खा है। पंचेंद्रियोंके वशमें पड़े मानव उनकी पूर्ति करनेके लिए अनेकानेक इच्छाएं उत्पन्न करते हैं। इच्छाओंका उत्पन्न होना ही अशांति है और उनको रोकना शांतिको बुलाना है।

पाचों इन्द्रियोंमें स्पर्शन इंद्री पहिली इंद्री है। उसकी सेवामें यह मनुष्य प्रतिक्षण लगा रहता है, उसे साबुनसे धोना, तेल लगाना, वस्त्राभूषणोंसे सजना आदि सेवा उसकी है। फिर भी वह एक दिनकी नहीं है हरदमकी है। उसकी सेवाकी सामग्री जुटानेकी चिन्ता मनुष्यको आकुलता उत्पन्न करती है। इसी प्रकार रसना इंद्री अच्छा अच्छा रस आस्वादन करना चाहती है। घ्राण इंद्री अच्छी सुगंध चाहती है, चक्षु इन्द्री अच्छेसे अच्छे दृश्य देखना चाहती है और कर्ण इन्द्री अच्छे अच्छे मिष्ट गाने सुनना चाहती है। इन्हीं इन्द्रियोंकी विषयपूर्तिमें मानवकी शांति भूली हुई है। अतः प्रथमतः इन्द्रियोंको वशमें करना शांति पैदा करनेका उपाय है।

शांति पैदा करनेके लिए मनुष्यको निम्न बातें उपयोगमें लानी चाहिए। जैसे—"सहनशीलता, शास्त्राध्ययन, आत्मध्यान, माध्यस्थपना, एकान्त, मौनावलम्ब और आपसका प्रेम।

१—क्रोध, मान, माया और लोभ इन चारों कषायोंसे बाकर बचना। दूसरा—इनके द्वारा चाहे जितना सतावें, परन्तु उसे अपनी आत्मीक शक्तिसे सहना। इसके सिवाय चाहे किसी भी प्रकारकी विपत्ति क्यों न आजावे, उसे भलीभांति समता परिणामोंसे सहन करना ही सहनशीलता है। इसके द्वारा मनुष्यके अन्दर शांतिकी झलक होने लगती है।

२—आध्यात्मिक शास्त्रोंका अध्ययन भी शांति उत्पन्न करनेके लिये प्रबल कारण है। अतः उसे दिन प्रति करना चाहिये। वैराग्यकी अपूर्व छटा और संसार भोगोंसे उदासीनता, आध्यात्मिक शास्त्रोंके अध्ययनसे होती है।

३—चाहिये तो तीनों समय परन्तु यदि तीनों समय न होसके तो प्रातःकाल अवश्य ही आत्मध्यान करना चाहिये। प्रातःकालका समय बड़ा ही शांतिमय है अर्थात् उपयोगी है। ऋषि मुनि आदि भी अधिकतर इसी समयमें आत्मध्यान करते हैं। आत्मध्यान करनेवालेको सामायककी पूर्व क्रियाको करके कायोत्सर्ग या बैठकर आत्मध्यान करना चाहिये और उस समय इसप्रकार आत्माका चितवन करना चाहिये—यह आत्मा ज्ञानका एक पिण्ड है। अमूर्ति और अविनाशी शुद्ध चैतन्य मूर्ति है तथा "अणुगुरुदेहप्रमाणो" शरीरके प्रमाण रहनेवाला है। इसका सम्बंध शरीरसे अनादिकालीन, तिलोंमें तैल जैसा तथा दूध और पानी जैसा है। मेरी आत्मा निश्चयनयकी अपेक्षा सिद्धोंके समान है इत्यादि चिंतवन करना चाहिये और प्रतिदिन करना चाहिये। ऐसा करनेसे आत्मअध्ययनकी आदत अच्छी पड़ जावेगी जो सुखशांति पैदा करनेमें अपूर्व एवं अद्वितीय कारण होगी।

४—सामायक पाठमें कहा है "माध्यस्थभावं विपरीतवृत्ती" अर्थात् जो अपने विपरीत रहते हैं उनसे माध्यस्थ रहना चाहिये। माध्यस्थभाव क्या? सुनिए एक सायर कहता है—

सोई खड़ा बजारमें, मनाता सबकी खैर ।
ना काहूसे दोस्ती, ना काहूसे बैर ॥

माध्यस्थ भाव भानेके लिए यही काफी है कि मानव स्वभाव किसीका किसीसे मिलता नहीं इसलिए विपरीत ख्यालमें विपरीत भाव अपनेमें पैदा नहीं करने चाहिए किन्तु वस्तुस्वरूपको विचारते हुए मध्यम भाव अपनेमें लाना चाहिए। क्योंकि—

जाको जोन स्वभाव जाय न जीसों ।
नीम न मीठे होय, खाय गुड़ घीसों ॥

५—एकान्तवास भी शांति पैदा करानेमें अच्छा कारण है। किसीने कहा है—

"एकान्त वासा, झगड़ा न झासा।"

किसीने यह भी कहा है कि "जहां चार वर्तन इकट्ठ होंगे वे खनखनावेंगे ही" एकान्तवासके समान दूसरा कारण शांति उत्पन्न करनेवाला नहीं हो सकता; इसीसे तो जितने भी सुखशांति चाहनेवाले साधु पहिले होगए हैं, वे सब एकांतवासी ही थे। वे जंगलोंमें रहा करते थे। सो इसके मायने यह नहीं, कि हम या आप जंगलमें जाकर बस रहें। नहीं ऐसा कोई कदापि नहीं कर सक्ता। हमको या आपको केवल इतना ही काफी है कि २४ घण्टोंमें कमसेकम २ घण्टे एकांतमें रहनेको ही निकालें। मेरी समझमें उसके लिये शामका वक्त हो सक्ता है।

६—अधिक बोलना, आवश्यक्तासे अधिक वचनोंका निकालना, बकवाद करना, किसीको अनुचित बाक्य कह देना, कलह या विसम्वादके वचन बोलना और भण्ड वचन बोल उठना ये सब एक मौनव्रतके बिना हुआ करते हैं। और इन्हींसे आत्माके अन्दर अशांति उत्पन्न होती है। अत: सुख शांति चाहनेवालोंको चाहिये कि वे नित्य ही कुछ समयके लिये मौनावलम्ब रहा करें।

मौनावलम्बव्रत बड़ा ही शांतिप्रदायक है। इसको पाकर मनुष्य अशांतिकारक कारणोंसे बच सकता है और प्रतिदिन थोड़ा थोड़ा मौन लेता हुआ एक दिन ऐसा उसका महावरा बढ़ जावेगा कि चाहे जिस दिन व जबतक वह मौनसे रह सकता है। यदि कोई मानव सप्ताहमें एक दिन भी मौनसे रहे तो उसे अपूर्व लाभ हो। महात्मा गांधीजी सोमवारको मौनसे रहते हैं।

७—सुख शांति चाहनेवालोंको आपसमें प्रेमपूर्वक रहनेकी बड़ी आवश्यक्ता है। उसे तो मानव मात्रसे क्या पशुओंतकसे सच्चा प्रेम करना चाहिए। प्रेमी मानवका कोई शत्रु नहीं रहता इसलिये उसके पास किसी प्रकारकी अशांति नहीं आती।

मानव मात्रसे मानवीय प्रेम रखनेवाला मानव शत्रुके ऊपर भी मित्रवत् प्रेम प्रगट करता है। उसके प्रेममें किसी प्रकारका कपट व स्वार्थ नहीं रहता। जहां कपट होता है वहां प्रेम नहीं होता किन्तु प्रेमाभास होता है। हमको चाहिये कि हम जब किसीसे मिलें तो प्रेम पूर्वक मिलें। और कपट रहित होकर मिलें। हमको कपट रहित प्रेम उत्पन्न कर अपनेमें सुखशांति उत्पन्न करनी चाहिये।

अपने मित्रका सारगर्भित उत्तर पाकर श्रीचंदको बड़ा ही संतोष हुआ और अंतमें सप्रेम अभिवादन कर निजसदनको चला गया किन्तु फिर कभी इसी प्रकारके शिक्षाप्रद उपदेश सुननेकी इच्छा प्रकट करगया।

जैनी गृहस्थका कर्तव्य !

[श्री० उदासीन श्रावक पं० पन्नालालजी गोधा–इन्दौर]

सर्व जीव सुखको चाहते, तथा दु.खसे डरते हैं तथा रात्रि दिन दोनोंके ही उपायोंमें कोल्हूके बैलकी तरह लगे रहते हैं। परन्तु कोई जीव आज-तक सुखी देखनेमें नहीं आता। यदि कोई सुखी होता तो वह शान्तिपूर्वक सन्तोषसे बैठकर अपनेमें सुखकी डींग मारता।

परन्तु राजा महाराजा सेठ साहूकार, करोड़-पती, लक्षाधिपती हजारपती वा अमीर गरीब जितने देखनेमें आते हैं वे सब नाना प्रकारकी चिंताओंसे ग्रसित होते हुए अपनेको दुखी ही प्रगट करते हैं। किसी कविने कहा भी है कि–" चिताज्वाल शरीरमें, दव लागी न बुझाय " इत्यादि। यदि वह चिन्ता एक ही प्रकारकी होती तो किसी प्रकार उसका शमन करके प्राणी सुखी होसक्ता था, परन्तु चिंताएं तो हजारों तथा लाखो क्या असंख्यात विकल्प लिये हुये हैं अर्थात् चिंताओंके असंख्यात भेद हैं।

मनुष्य पर्यायके दु:खोंका तो पार ही नहीं। जिनके पुण्यका उदय है उनका ही ऊपर वर्णन किया है। फिर पुण्यहीन पुरुषोंकी तो बात ही क्या है। और इसके सिवाय निर्धनोंके दु:ख तो प्रत्यक्ष ही दीखनेमें आरहे हैं। उनके दु:खोंका वर्णन करनेसे लेख बढ़ता है इससे लेखनीको रोकनी पडी। तथा नरकोंके दु:ख शास्त्रोंद्वारा प्रगट ही हैं। यद्यपि स्वर्गोंमें तीनो गतियोंकी अपेक्षा दु:खकर्म है परन्तु इंद्रियजन्य विषय–सुखकी विशेषता होनेसे मानसिक अत्यन्त दु:ख है। जिस मानसिक दु.खका अनुभव कोई भी प्राणी नही कर सक्ते तथा जो वचनातीत है। संसारमें ज्यादा दु:ख मरणका है परन्तु मानसिक दु:खसे मरण अच्छा समझकर प्राणी मरण कर जाते हैं। इस प्रकार संसारके दु:खोंको देखकर श्री गुरु उपदेश करते हैं कि ये दु:ख अनतकालसे धर्मके विना सहन कररहा है।

अब बड़ी दुर्लभतासे चौड़े रस्तामें कहीं रत्न पड़ा मिल जावे जो कि सैकड़ों मनुष्योंके चलते फिरते हुयेसे बचा पड़ा है तैसे मनुष्यपना सहज मिल गया। फिर इसमें भी दुर्लभ ऊंच कुल दुर्लभ है फिर इससे भी जैनधर्मका पाना अत्यन्त दुर्लभ है। यदि वह मिल गया तो अब इसको वृथा गमा देना बुद्धिमानोंका काम नहीं। इस वास्ते श्री गुरु कहते हैं कि क्रमसे तुम धर्मको धारण करके परम सुखरूप मोक्षस्थानको प्राप्त करो कि जिससे फिर तुमको ससारके दु:खोंमें न रुलना पड़े तथा उन दु:खोंसे छूटकर अविनाशी सुख जिस सुखका फिर कभी अन्त न हो ऐसे सुखको प्राप्त होजाओ। अब उस सुखके पानेके उपायके क्रमको बताते हैं।

श्री पूज्यपादस्वामीने अपने समाधिशतकमें लिखा है कि अव्रत जो हिंसादिक पाप उनको छोड़कर और व्रतोंमें आरूढ़ होवे, फिर व्रतोंको भी छोड़कर परमपद जो वीतराग चैतन्य स्वरूप मोक्षपदको प्राप्त होओ ॥८४॥ तथा प्रथम अव्रतीको व्रत ग्रहण करना चाहिये और व्रतीको आत्मज्ञान करना चाहिये। जब आत्मज्ञान पूर्ण रीतिसे होजाय तो आप स्वयं परमात्मा होजाता है ॥८६॥

तत्वज्ञान तरंगिणीमें अध्याय १८ में कहा है कि गृहस्थोंको प्रथम षट्कर्म पालनेकी शिक्षा देनी चाहिये, पीछे व्रतोंको अंगिकार करना, पीछे संयम ग्रहण करना ॥ २ ॥

यतिभ्यो दीयते शिक्षा पूर्वं संयमपालने।
चिद्रूपं चिंतने पश्चात् अयमुक्तो बुधैः क्रमात् ॥३॥

अर्थ–जो यति हैं, निर्ग्रन्थरूप धारणकर बनवासी हुये हैं उनको सबसे पहिले संयम पालनेकी शिक्षा देनी चाहिये, पीछे शुद्ध चिद्रूप ध्यानकी शिक्षा देना चाहिये। अर्थात् यहापर आचार्यने धर्मसाधन अर्थात् आत्मज्ञानकी प्राप्तिके लिये यह अनुक्रम बताया है कि पहिले गृहस्थोंको षट्कर्म पालन करना चाहिये फिर अणुव्रतोंको धारण करना चाहिये जो पाक्षिक रूप है। इसके पीछे ११ प्रतिमारूप उत्तरोत्तर चढ़ते चले जांय और आत्मज्ञानको निर्मल करते जावे। इसके पीछे मुनिरूप संयम ग्रहण कर पाले जोकि जिनकल्प स्थविररूप है अथवा अपहृत उपेक्षा संयम रूप है। जिसमें कि आत्मा जो चिद्रूपका पूर्णरूपसे चिंतवन करता है ऐसे करते २ पूर्ण आत्मज्ञान बारहवे गुणस्थानमें पहुंच जाता है तो तत्काल अंतर्मुहूर्तमें घातिया कर्मोंका क्षय करके तेरवें गुणस्थानको प्राप्त करके केवलज्ञानी परमात्मा हो जाता है। तथा चारघातियाका तो अत्यन्त क्षय होजाता है और चार अघातिया कर्म जो जली जेवरीके समान निर्बल रह जाते है।

इसके बाद चार अघातिया कर्मोंकी स्थिति यदि बराबर होती है तो स्थिति निषेकोंको पूर्ण कर–अ, इ, उ, ऋ, लृ, ये पाच लघु अक्षरके उच्चारणके काल प्रमाण चौदहमें गुणस्थानमें व्युपरतिक्रियानिवृत्ति चारित्रका अनुभव करता हुआ एक समय बाद सिद्ध भगवान् निरंजन परमात्मा हो जाता है।

यदि आयु कर्मकी स्थिति, बाकी तीन कर्मोंकी स्थितिसे ज्यादा होती है तो आयु कर्म स्थिति निषेकके बराबर तीन कर्मोंके स्थिति निषेक करनेके लिये दंड कपाट प्रतर लोकपूर्ण रूप समुद्घात करके आयु कर्म स्थिति निषेकके बराबर अन्य कर्म स्थिति निषेकोंके करके चौदहवें गुणस्थानको प्राप्तकर पाच लघु अक्षर प्रमाण ठहरकर एक समय वाली गतिसे सिद्धालयमे जा विराजते हैं और निरंजन अविनाशीपद पालेते हैं। जो चिद्रूप परमानन्द परब्रह्म आदि अनन्तगुणों द्वारा जिसके नाम हैं परम सुख-समुद्रम मग्न होजाते हैं। जो सुख फिर कभी अनन्तानन्त काल तक भी नहीं छूटते।

इस लेखके लिखनेका मेरा कुछ यह भी अभिप्राय है कि बहुतसे भाई केवल आत्मज्ञानकी कथनी समयसारादिमें देखकर तथा सुनकर जिसमें मुख्यता कर निश्चयनयकी कथनी है जिसमें व्यवहार धर्मको गौणकर व्रत तपको अकार्यकारी कहते हैं उसके अनुसार व्रत तपादिकको सर्वथा निष्फल मानकर आत्मज्ञानमे मगन रहते हैं और मनमाने हिंसादिकके कार्य जो अभक्ष्यादि सेवन करते हैं और संयमियोंकी निंदा करते हैं, उनको जानना चाहिये कि संसारमें जितने धर्म हैं वे सब अपने२ शास्त्रोंके अनुसार ही चलते हैं और चलरहे हैं, जैन पुराण, कुरान, बायबिल आदि। परन्तु जैनियोंमें कुछ ऐसे है कि केवलज्ञानको ही धर्म मानते हैं आचार धर्मसे धर्म ही नही समझते जोकि मुख्य धर्म है। और व्यवहारमें भी देखो कि जो देव पूजा आदि षट्कर्म है वा अहिंसादिक व्रत हैं उनको वा उनमेंसे कोई २ एक २ अंगोको जितनी विशेषतासे पालता है उसीको ज्यादा२ धर्मात्मा कहते हैं और विनयादिक भी उसीहीकी जादा की जाती है और चारित्रवान्‌को ही विनयवान् कहते तथा ज्ञानी कहते है। शास्त्र ज्ञानवान्‌को विद्वान् पंडित

कहते हैं। जैनधर्म और अन्य धर्ममें फरक है तो मुख्यतासे आचरणके फरकसे फरक है।

इस वास्ते "आचार: प्रथमो धर्म" तथा कुन्दकुन्दस्वामीने भी कहा है—"चारित्रं खलु धम्मो" परन्तु यहापर ऐसा न समझना कि आत्मज्ञानका निषेध किया है। नहीं, नहीं, आत्मज्ञान तो मुख्य कार्य है ही और चारित्रादि जितने अङ्ग हैं वे सब कारण रूप है। इस वास्ते आत्मज्ञानको लक्ष्यमें रखकर ही चारित्राचारको यथायोग्य पालना। आत्मज्ञानकी सदा भावना रखना चाहिये। क्योंकि गृहस्थीको पूर्ण आत्मज्ञान हो जाना सरल नहीं है।

मिथ्यात्व गुणस्थानसे लेकर अविरति चौथे गुणस्थान पर्यंत जीव शुद्ध चिद्रूपके ध्यानी नहीं होते हैं और व्रती भी नहीं होते किंतु देशविरत पंचम गुणस्थानसे अयोग केवली नामक चौदवें गुणस्थान तक ही जीव शुद्ध चिद्रूप के ध्यानी और व्रती होते हैं। इसलिये चिद्रूपका ध्यान व्रत बहुत थोड़े जीवोंमें होता है।

यद्यपि चौथा गुणस्थान सम्यग्दृष्टिके ही होता है परन्तु ज्ञान मात्र ही होता है, ध्यान नहीं होता। इसका अभ्यास ही होता है सो अभ्यास अवश्य ही करना चाहिये और जो भावनायें है सो ही अभ्यास है। सो वह कैसे करना चाहिये, इसका कुछ संक्षेप करि लिखता हूं। अपने व्रतोको पालते हुये मुमुक्षुओंको पुद्गलीक शरीरसे भिन्न चैतन्य शरीरी अजर अमर आदि अविनाशी आदि अनन्त गुणोंका अधिकारी आनंद घन चितवन करना। जैसे म्यानसे भिन्न तलवार होती है, जैसे सर्प काचुलीसे भिन्न होता है अथवा जैसे शरीरसे वस्त्र भिन्न होता है तैसे ही शरीरसे भिन्न आत्मा है। परन्तु जन यह नहीं जानते कि जीव आत्मा क्या वस्तु है, शरीरमेंसे कैसे निकल जाता है, देखनेमें क्यों नहीं आता। तथा जो चेष्टा जीवित अवस्थामें होती थी वह किसकी थी। शरीरसे आत्माकी या दोनोंकी इन बातोंको अज्ञानी नहीं जानते इसको सम्यग्दृष्टि पुरुष ही जानते है।

शरीरमें जो हलन-चलनादि चेष्टा होती है, उसमें उपादान कारण पुद्गल ही है और निमित्त कारण आत्माके रागादिक भाव हैं। इसी प्रकार रागादिक भाव होनेमें उपादान कारण आत्मा है और निमित्त कारण पुद्गलीक कर्मका उदय है। इस प्रकार आत्मा न तो पुद्गलकी क्रियाका कर्ता है और न कर्मोंका कर्ता है और न रागादिक भावोंका कर्ता है। जो रागादिक व पुद्गलीक क्रियाए होती हैं वे सब निमित्त नैमित्तिक सम्बन्धसे होती हैं। इस वास्ते ज्ञानी मुमुक्षुओ संसारमें मन, वचन, कायकी क्रिया होय वा रागादिक होय उसमें हमेशा उठते, बैठते, चलते, सोते तथा खाते, पीते, बोलते, बतलाते, देते, लेनदेन करते आदि अनेक कार्य करने और उनमें कर्मोके उदयसे रागादिक होते हरसमय विचार करते रहना चाहिये—भेद विज्ञान करते रहना चाहिये कि यह पुद्गलकी क्रिया है और इसमें आत्माके रागादिक भाव निमित्त हैं, और जो आत्मामें रागादिक भाव होते है उसमें निमित्त पुद्गल कर्म है, ऐसा विचार हरसमय करते रहना चाहिये।

परन्तु इस कथनको वाच सुनकर ही स्वच्छंद होकर ऐसा विचार नहीं पकड़ लेना कि ये क्रिया तो सब कर्मोदयकी है हमारा आत्मा न तो रागादिकका कर्ता है न पुद्गल कर्मोंका कर्ता है, तथा न बंध है न मोक्ष है। ये भाव मिथ्याभाव है। आत्मा तो अपना उपयोगका कर्ता है, पुद्गल कर्मोंका कर्ता यथार्थमे नहीं है। परन्तु संसारी आत्माका उपयोग तीन प्रकारका होता है। एक तो अशुभोपयोग दूसरा शुभोपयोग और तीसरा शुद्धोपयोग।

इनमेंसे अशुभोपयोग और शुभोपयोग इन दोनोंका नाम है। अशुद्धोपयोग सो हेय हैं और त्यागने योग्य हैं और जो शुद्धोपयोग है जो परम वीतराग रूप आत्माका परम शुद्ध स्वरूप है वही उपादेय है। उसीके उपायमें जीवोंको तत्पर होना चाहिये। वही कार्यकारी है परन्तु यह शुद्धोपयोग सहज हीमें नहीं होजाता।

इसके प्राप्त करनेको द्रव्यलिंगी मुनि हजारों भव तपस्या करते २ अनेकवार नौग्रीवक हो आये और ग्यारह अंग तथा नव पूर्वतक आगमज्ञान भी कर लिया परन्तु शुद्धोपयोगकी प्राप्ति न हुई और सुगम है तो ऐसा है कि तुषमात्र भिन्न यह शब्द भी शुद्ध बोलना नहीं जानते है उनको भी प्राप्त होगया अथवा नैगम नयकर कदाचित् तिर्यंचोंको भी होजाता है। यद्यपि शुद्धोपयोग पूर्ण रीतिसे बारहवें गुणस्थानके आदिमें ही होना है और प्रारम्भ सातवें गुणस्थानसे होना है इसवास्ते जबतक शुद्धोपयोग न हो तबतक अशुभोपयोगोंको छोडकर शुभोपयोगरूप प्रवृत्ति रखना चाहिये। क्योंकि जब आत्माका उपयोग स्वभाव है तो तीनों उपयोगोंमेंसे जीव किसी न किसी उपयोगरूप रहेहीगा। उपयोग विना एक क्षणमात्र भी नहीं रहेगा। सो शुद्धोपयोग तो सहज नहीं है, शुभोपयोग बड़े प्रयत्नसे करना पड़ता है और अशुभोपयोग विना ही प्रयत्न सहज ही रूप हुआ ही करता है। क्योंकि शुभोपयोगका प्रयत्न न किया जायगा तो अशुभोपयोग ही तो सदा ही होता रहेगा।

यह लेख बहुत बढ़ गया है। इस वास्ते सक्षेपसे इन तीनों उपयोगोंकी कुछ प्रवृत्ति बताये देता हूं। क्योंकि नहीं तो मुमुक्षु अनेक उपयोगको कैसे सुधारेंगे।

शुद्धोपयोग वह है जो परम वीतरागता है और शुक्लध्यान रूप मोह कर्मसे रहित अवस्था व अन्य कर्मोंसे रहित होना जो संसार वा संसारिक भावोंसे व उपसर्ग परीषह अनेक प्रकार होते संते उनको कुछ भी खबर नहीं, वह तो आत्मानुभव आनन्दमें मग्न रहते है। इत्यादि विकल्प जालसे रहित अवस्था है सो शुद्धोपयोग है ॥ १ ॥ और देव पूजा आदि षट्कर्म तथा बारह अणुव्रत तथा ११ प्रतिमा इत्यादि श्रावकव्रत तथा पंच महाव्रत, पंच समिति रूप तेरह प्रकार चारित्र तथा २८ मूलगुण रूप मुनिव्रत आदि अनेक प्राकार शुद्धोपयोग होता है और पाचों इन्द्रियोंके विषयोंमें प्रवृत्ति तथा क्रोधादि रूप प्रवृत्ति तथा हिंसादि पापोंरूप प्रवृत्ति इत्यादि अशुभोपयोग होता है ॥२॥ सो शुद्धोपयोगका पूर्व फल तो मोक्ष है और शुभोपयोगका फल स्वर्गादिक अभ्युदय है तथा चक्रवर्ति आदि राज्य व धनादिक सपदा पंचेन्द्रियोंके सुख और परंपरा शुद्धोपयोगका भी कारण होता है ॥३॥ और अशुभोपयोगका फल नरक तिर्यञ्चोंके दु खों तथा मनुष्य पर्यायके दारिद्र रोगादि और फिर शुभोपयोग और शुद्धोपयोग तो अत्यन्त दुर्लभ है जैसे रत्नकी कणी बीच समुद्रमें पड़नेसे दुर्लभ होजाती है।

आश्चर्य है कि दुर्लभसे दुर्लभ सामग्री जिन पुरुषोंको प्राप्त होगई अर्थात् श्रावककी ऊँची ऊँची प्रतिमाओंको धारणकर व मुनिव्रत धारणकर आगमके विरुद्ध प्रवृत्ति करना शिथिलाचारका पोषण करना है। प्रवृत्ति चलाना वचन पक्ष पकड़ना है।

इसलिये मुमुक्षुओंको चाहिये कि शुद्धोपयोगको लक्ष्यमें रखकर उसकी भावना सहित शुभोपयोगमें प्रवृत्ति करना, अशुभोपयोग रूप ही रहना योग्य नहीं। अशुभोपयोग रूप प्रवृत्ति स्वप्नमें भी नहीं लाना चाहिये। इस प्रकार क्रमरूप अव्रतसे व्रतादि शुभोपयोगरूप रहकर शुद्धोपयोगको प्राप्त होकर मोक्ष प्राप्त करें तो उत्तम अतीन्द्रिय सुखको प्राप्त होजाय।

जैन समाजका भयंकर चित्र!

[लेखक.—श्री० पं० परमेष्ठीदासजी जैन न्यायतीर्थ-सूरत ।]

एक दिन वह था कि जैन समाजमें स्वामी समंतभद्र, कुन्दकुन्दाचार्य, और अकलंक जैसे उद्भट विद्वान गुरु थे। सम्राट् चंद्रगुप्त, अशोक, खारवेल, कुमारपाल और अमोघवर्ष आदि महाराजा थे। खारवेलकी रानी, भैरवदेवी, सावियब्बे, जक्कमब्बे आदि वीरांगनाएं थीं। भामाशाह, तेजपाल, वस्तुपाल जैसे देशभक्त और दानी थे। तथा धन बल विद्यासंपन्न अनेक महापुरुष थे। किंतु आज हमारी जैन समाज सद्‌गुरुहीन, प्रभावविहीन, राज्याधिकारोंसे रहित, तथा वीर वीरांगनाओं और विद्वानोंसे शून्य सी है! हमारी समाज सर्वत्र अपमानकी दृष्टिसे देखी जाती है। उसका अब भारतीय समाज या राज्यदरबारमें न तो मान है और न प्रतिष्ठा। लोगोंकी धर्मश्रद्धा उठती जारही है, जातीय प्रेमका लेश नहीं है, उन्नति अवनतिका भाव नहीं है, और झूठा अभिमान, जातिमद तथा अहम्मन्यता बढती जाती है। तात्पर्य यह है कि जैन समाजकी परिस्थिति बहुत ही भयानक होरही है!

जैन समाजकी अंतरंग स्थितिपर विचार करते ही आखोंके आगे अंधेरा छाजाता है! हमारा धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय, शारीरिक, आर्थिक, और नैतिक पतन बहुत बुरी तरहसे होता जारहा है। किंतु स्वार्थ बुद्धिके कारण इस ओर कुछ भी ध्यान नहीं जाता है। प्रति दश वर्षोंमें पौनलाख, प्रतिवर्ष ८ हजार और प्रतिदिन दो दर्जनसे अधिक जैनोंका घट जाना हमारे विनाशका चिह्न नहीं तो और क्या है? हिसाब लगाइये कि इस प्रकार १२ लाख संख्यावाली जैन समाजकी स्थिति कितने दिन और रह सकती है?

सबसे बड़ा दुःख तो इस बातका है कि ऐसा भयंकर क्षय होते हुए भी हमारी सामाजिक कुरूढ़िया बराबर अक्षय हैं! जब भारतीय अन्य समाजोंमें अनेक सुधार होरहे हैं तब हमारी समाजमें बालविवाह, वृद्धविवाह, अनमेल विवाह, कन्याविक्रय, नुक्ता, अपव्यय, धर्म और जाति बहिष्कार तथा मिथ्यात्व, अन्धश्रद्धा एवं अनाचारका प्रचार होरहा है! हालांकि इन विषयोंपर प्रकारान्तरसे कईवार लेख लिखे गये हैं और यह विषय सर्वपरिचित है तथापि अपनी यह विषम हालत पुनः२ कहे विना चैन नहीं पड़ती है, इसीलिये पाठकोंके समक्ष जैन समाजका भयङ्कर चित्र उपस्थित कर रहा हू।

बालविवाहका परिणाम—

हमारी समाजमें बाल विवाहका विष खूब ही प्रसार कर चुका है। इसीसे सामाजिक और शारीरिक शक्तियोंका विनाश हो रहा है। बाल्यकालसे ही निर्दोष बालक-बालिकायें विवाह बन्धनमें फँसकर अपना जीवन बिगाड़ लेते हैं! उन्हें तद्विषयक ज्ञान प्राप्त करनेका अवसर तो मिलता ही नहीं है, साथ ही वे शारीरिक विकाश और बाह्य विवेकसे भी शून्य रह जाते हैं। जिससे उन्हें भले बुरेका ज्ञान प्राप्त नहीं होने पाता और वे कुकर्मों-विषयवासनाओंमें

फँसकर अपना जीवन बिगाड़ लेते हैं तथा अकाल मरण कर जाते हैं। डाक्टरी रिपोर्टके अनुसार २५ गर्भवती स्त्रियोंमेंसे १० तो मर जाती हैं, १२ जन्म रोगिणी होजाती हैं और मात्र ३ ही कुशल रह पाती हैं।

इसके साथ ही बालविवाहके कारण बालविधवाओंकी संख्या भी भयंकरताके साथ बढ़ती जारही है। सरकारी रिपोर्टसे आपको मालूम होगा कि सभ्य और उच्च कहलानेवाली जैन समाजमें बालविवाहका कैसा लज्जाजनक प्रचार है। इस समाजमें माताकी छातीका दूध पीती हुई एक वरससे भी कम उम्रकी ५१ बच्चिया विवाहित पाई गई हैं! तथा इसी उम्रकी १५ बच्चियां विधवा भी हैं।

आपको आश्चर्य होगा कि इतनी छोटी उम्रमें विवाह कैसे होते होंगे? किन्तु जब आप दक्षिणमें सैतवाल आदि कुछ जैनोंकी यह भयानक प्रथा देखेंगे तब आश्चर्यकी बात नहीं रहेगी, किन्तु लज्जासे मस्तक नत हो जायगा। देखिये, हमारी जैन समाजका विवाहित और विधवाओंकी अल्प आयुका कोष्टक इस प्रकार है:—

आयु	विवाहिता	विधवा
१ वर्षतककी	५१	१५
२ ,,	६५	४
३ ,,	१५६	२३
४ ,,	२०९	२६
५ ,,	३८२	५१
१० ,,	४१४५	४८५
१५ ,,	१८६१६	११३२
१ से १५ वर्षतक	२३६२४	१७३६

यदि आप बालविवाहके इस भयंकर परिणामको देखेंगे तो १५ वर्षतककी १७३६ जैन बाल विधवाओंका और २३६२४ बालविवाहिताओंका जीवन मिट्टीमें मिला हुआ ही है। इतना ही नहीं किंतु उन बालविवाहिताओंसे उत्पन्न हुई संतानें क्षीण, हीन और रोगी होकर समाजकी विनाशक ही होंगी। तथा उन बिचारी विधवाओंकी दुर्गतिका तो कहना ही क्या है? इतना भीषण चित्र सामने होते हुये भी हमारी समाज यदि बालविवाहसे घृणा न करे और उसे न रोके तो हमारा दुर्भाग्य ही समझना चाहिये।

बालविवाहकी राक्षसी प्रथाके कारण हजारों कुटुम्बोंका विनाश होगया है। युवावस्था प्राप्त होनेके पहिले ही वे बाल दम्पति वृद्ध होजाते हैं, अपने जीवनको बिगाड डालते हैं और जल्दी २ माता पिता बनकर भावी संतानका भी विनाश करते हैं। परिणाम यह होता है कि बालक बालिकाओंका प्रतिदिन रोमाचकारी मरण होता रहता है! भारतमें प्रतिवर्ष ६० लाख आदमी मरते हैं। इनमेंसे १५ लाख तो ऐसे बच्चे है जो पैदा होनेके एक वर्षके भीतर ही मर जाते है। इनमें भी ७॥ लाख पैदा होनेके एक माहके भीतर ही मर जाते हैं। तथा ७॥ लाखमेंसे भी ५ लाख बच्चे उसी सप्ताहके भीतर मरते है! तात्पर्य यह है कि बालविवाहके कारण भारतमें जब २५ प्रतिशत बालक मरते हैं तब बालविवाह विनाशक इंग्लैण्डमें १० फीसदी ही बालक मरते हैं! क्या जैन समाज ऊपरके अंकोंको देखकर आंखें नहीं खोलेंगी?

बालविवाह विवाह ही नहीं है—

स्वार्थी माता पिता अबोध बालक और बालिकाओंका गठजोड़ा करके निवृत्त होजाते हैं, पचलोग लड्डू खाकर संतोष मानते है, और पण्डितजी महाराज विवाह विधि कराके कलदार बनाते हैं। किन्तु वास्तवमें क्या यह विवाह है? यदि सच पूछा जावे तो विवाह एक समझपूर्वक अपनी जवाबदारीपर कीगई दोनों ओरकी अटल एवं धार्मिक प्रतिज्ञाका नाम है। लेकिन जहा इस बातका भाव ही नहीं होता क्या वहां विवाहबंधन हुआ माना जायगा?

व्यवहारमें देखा जाता है कि नाबालिग (कम उम्रके) बालक बालिकाओंके वचन प्रमाण नहीं माने जाते, तब फिर विवाहके समय नाबालिग वर-वधूके द्वारा बुलवाई गई सप्तपदी (सात प्रतिज्ञाए) प्रमाण कैसे कही जासक्ती हैं ! सबसे बड़े आश्चर्यकी बात तो यह है कि वह वर-वधूकी प्रतिज्ञायें विवाह विधि करानेवाले स्वार्थी पंडितजी महाराज बोल दिया करते हैं और उनकी जिम्मेवारी उस अबोध नव-दम्पतिपर लाद दी जाती है ! यह कितना भारी अन्याय है ?

असलमें विवाहका उद्देश्य समस्त वनिताओंको त्यागकर स्वदारसन्तोषी होना तथा अनादि प्रवाहरूप गृहस्थ धर्मका पालन करना है। इस उत्कृष्ट संस्कारसे सस्कारित होकर गृहस्थ अपने धर्मका पालन करता हुआ अन्तमें विरक्त होकर मुनिपदको ग्रहण करता है। यथा—

अन्यांगनापरिहृतेर्निजदारवृत्ते-
धर्मो गृहस्थजनताविहितोऽयमास्ते ॥
नादिप्रवाद इति संततिपालनार्थ-
मेव कृतौ मुनिवृषे विहितादरः स्यात ॥३॥
—जैन विवाहविधि।

यदि सच पूछा जाय तो बालविवाहमें न तो यह उद्देश्य ही रहता है और न अबोध वर-कन्याको अपने इस महान् उत्तरदायित्वका ज्ञान ही होता है। तब फिर जबरदस्ती उन दो प्राणियोंको बाध देना कितना भयंकर अन्याय है।

